आत्मा को परमात्मा में लय कर देना ही 'लययोग' कहलाता है। इसके अनेक भेद हैं। यथा—नाद-लय-योग, शब्द-सुरति-योग, सहज लय-योग। आनन्दघन में नादलय-योग से सम्बद्ध रहस्याभिव्यक्ति पाई जाती है। अनहदनाद की चर्चा उन्होंने अनेक स्थलों पर की है। अहनदनाद श्रवण नाद लय की पराकाष्ठा है। अनहदनाद से तात्पर्य है, जिसके द्वारा साधक अपनी आत्मा के गूढ़तम अंश में प्रवेश करता है, जहां पर अपने आपकी पहचान के सहारे वह सभी स्थितियों को पार कर अन्त में कारणातीत हो जाता है। जब अनहदनाद सुनाई पड़ता है तभी साधक को परमतत्त्व के दर्शन होते हैं। योग से प्रभावित होने के कारण आनन्दघन भी अनहदनाद के रूप में उसकी अनुभूति करते थे। इसका संकेत करते हुए उन्होंने कहा है :

> उपजी धुनि अजपा की अनहद जीत, नगारे वारी।
> झड़ी सदा आनन्दघन बरखत, बन मोर एकन तारी ॥[२]

---

१. आनन्दघन ग्रन्थावली, पद ७५।

२. वही, पद ८६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

सेष बेटा हता सागर रे जणे धरण सरी सकरी।
डगी जरे माय रीया उपर जोणे है कतरी।।
आठ पोर सायब ने रटना मत करणा फीकरी।
कहत कबीर सुणो भाई साधु रेहणा वे फीकरी।।

★ भजन ★

अरथ कर अपना में बेठा नाम पकड़ निरकल।
पड़ी पाँच तीना के ऊपर मणी एक दरसेला।।
टेर : संतो पार भ्रम पूगेलो जो।
कांई वेगम के वाटे जन्म मरण सुरेला।।
चड सुरत स्णास के ऊपर हरदा कमल खटकेलो।
बोलीयो बोल तोलकर ऊपर कंठ कमल खटकेलो।
तन का तार लगा त्रिकुटी में सुखमण काज सरेलो।
अनहद घर वेकरी बाजे गगन मंडल गाजेलो।।
लागी थाप नाबी के ऊपर झिल मिल भाण झलेकेलो।
पूरण पुरुष पाट पर बैठा अजर वाणी छटकेलो।।
बोलिया बोल वेखरी बारे सत री सत तरेलो।
चन्दन सा चेत का डंका गयानियां का ज्ञान थकेलो।।

★ भजन राग प्यारी ★

चालो सतगुरु री हाट, ज्ञान गुण लाईए।
लीजे सायब को नाम, पेम पद पाईए।।टेर।।
सायब सब कुछ दीन, देवन कछु ना रीयो।
तुही अभागिनी नार, अमृत तज विष पीयो।।1।।
गई थी पीयाजी के महल, पीया संग ना रमी।
तेरे ह्रदय कपट रह्यो छाय, कुमती लज्जावती।।2।।
जो गुरु रूठा होय, तुरंत, मनाईए।
हो रही दीन अदिन, धुक बकसाईए।।3।।

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

में पहुंच जाती है तब साधक को समाधि की स्थिति प्राप्त हो जाती है। इस समाधि अवस्था को प्राप्त करने के पश्चात् योगी अमर हो जाता है।

यद्यपि जैन-साधना में हठयोग को नहीं माना गया है, किन्तु सन्त आनन्दघन में इसके प्रारम्भिक तत्त्व पाए जाते हैं। किन्तु उनकी रचनाओं में हठयोग का बीभत्स रूप दृष्टिगोचर नहीं होता है। हठयोग की प्रारंभिक प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए आनन्दघन का कथन है :

> म्हारो बालूडो संन्यासी, देह देवल मठवासी।
> इडा पिंगला मारग तजि जोगी, सुखमना घरि आसी।
> ब्रह्मरन्ध्र मधि आसण पूरी बाबू, अनहद नाद बजासी ॥[1]

मेरा अल्पवयस्क संन्यासी शरीररूपी मन्दिर में निवास करता है और वह चन्द्रनाड़ी (इड़ा) तथा सूर्यनाड़ी (पिंगला) का परित्याग कर सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश करता है। तदनन्तर योगी अपना आसन स्थिर कर सुषुम्ना नाड़ी द्वारा प्राणवायु को ब्रह्मरन्ध्र में ले जाकर अनहदनाद बजाता हुआ चित्त-वृत्ति को उसमें लीन कर देता है।

लययोग

आत्मा को परमात्मा में लय कर देना ही 'लययोग' कहलाता है। इसके अनेक भेद हैं। यथा—नाद-लय-योग, शब्द-सुरति-योग, सहज लय-योग। आनन्दघन में नादलय-योग से सम्बद्ध रहस्याभिव्यक्ति पाई जाती है। अनहदनाद की चर्चा उन्होंने अनेक स्थलों पर की है। अहनदनाद श्रवण नाद लय की पराकाष्ठा है। अनहदनाद से तात्पर्य है, जिसके द्वारा साधक अपनी आत्मा के गूढ़तम अंश में प्रवेश करता है, जहां पर अपने आपकी पहचान के सहारे वह सभी स्थितियों को पार कर अन्त में कारणातीत हो जाता है। जब अनहदनाद सुनाई पड़ता है तभी साधक को परमतत्त्व के दर्शन होते हैं। योग से प्रभावित होने के कारण आनन्दघन भी अनहदनाद के रूप में उसकी अनुभूति करते थे। इसका संकेत करते हुए उन्होंने कहा है :

> उपजी धुनि अजपा की अनहद जीत, नगारे वारी।
> झड़ी सदा आनन्दघन बरखत, बन मोर एकन तारी ॥[2]

---

१. आनन्दघन ग्रन्थावली, पद ७५।

२. वही, पद ८६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

आज्ञाचक्रामाजीं चढे।' मात्र

जो कां ऋद्धिसिद्धिसी भुलला।
'मी सिद्ध' ये श्वाधे आला।
तो आज्ञाचक्रावरोनि चेवला। फेल्या मुकला कष्टासी॥

असा इशारा एकनाथांनी दिला आहे.
(बा.बो.२-४-९१-९९, वरद.५-१६७-१७७, ए.भा.१२-३४२-३६०)

इ

इडा-पिंगला : सुषुम्ना नाडीच्या डाव्या बाजूस इडा व उजवीकडे पिंगला. दोहोंच्या मधील ती सुषुम्ना अथवा ब्रह्मनाडी. कंठापर्यंत तिन्ही बरोबर असतात. पुढे सुषुम्ना वर मेंदूकडे जाते. इडा-पिंगला घशातून नासिकापुटाकडे जातात. इडा म्हणजे डाव्या नाकपुडीतील कर्मतंतु. तिला 'चंद्रनाडी' असेही म्हणतात. तिच्यातून शीतलता वाहाते. उजव्या नाकपुडीतून पिंगला नाडी उष्मा वाहवते म्हणून तिला अग्निनाडी किंवा 'सूर्यनाडी' असे संबोधतात. श्वास किंवा हवा ओढून आत घेणे व बाहेर सोडणे हे कार्य दोन्ही नाकपुड्यातून ह्या नाड्या करीत असतात. अंगात उष्णता वाढली तर इडा (चंद्रनाडी) चालू करावी. थंडी वाधली तर पिंगला (सूर्यनाडी) उपयोगात आणावी. हा रोगादिकांच्या परिहाराचा योगमार्गी उपाय आहे. यालाच सोमधारणा व अग्निधारणा म्हणतात.

देहीं शीतलता वाढल्या। तीस निवारी अग्निधारण।
देहीं उष्मा वाढल्या पूर्ण। सोमधारण उच्छेदी॥

(ए.भा.अ.२८-६००)

अष्टांगयोगातील 'प्राणायाम' या चौथ्या अंगाशी इडा-पिंगला या नाड्यांचा संबंध येतो. प्राणायाम करताना डावी नाकपुडी बंद करून उजवीने म्हणजे पिंगलेने श्वास आत घेतात व मग फक्त इडेने (डाव्या नाकपुडीने) तो सोडतात. मग इडेने श्वास घेऊन पिंगलेने तो सोडतात.

सर्वसंमत योगलक्षण। इडेने प्राण करावा पूर्ण।
तो कुंभकें राखावा स्तंभून। करावें रेचन पिंगल्या।

(ए.भा.१४-४२२)

श्वास नियंत्रणाच्या निरनिराळ्या पद्धती आहेत त्यांचा म्हणजे प्राणायामाचा स्वतंत्र अभ्यास वा सराव करावा लागतो. (ए.भा.१४-४१९-४२४)

इडा पिंगला व सुषुम्ना यांचा त्रिवेणी संगम भ्रुकुटीमध्यात आहे. हेचि त्रिस्थळी जननी। मोक्षरूपा।' असे सांगून 'बालबोध' कार लिहितात -

इडा वामे मंदाकिनी। विष्णुदेव चंद्रवाहिनी।
ते शक्ती नारायणी। चिदात्मक।
पिंगळा दक्षिण नाडी यमुना। ब्रह्मतत्त्व सूर्यवाहना।
ते ब्रह्माणि सगुणा। आनंदरूपा॥

मधली सुषुम्ना ही सरस्वती असून ती अग्निवाहिनी ईश्वराची भवानी (माया) होय. (बा.बो.२-५-३८-४१)

इंद्रिये: ज्ञानेश्वरीच्या १३ व्या अध्यायातील क्षेत्रविचारामध्ये ज्ञानेश्वरांनी ३६ तत्त्वे सांगितली आहेत. (ज्ञाने.१३-७२-१२०) त्यामध्ये त्रिविध अहंकारांपासून निर्माण झालेल्या सांख्यांच्या २५ तत्त्वांचाही समावेश झाला आहे.

सात्त्विक अहंकारापासून ज्ञानशक्तीच्या आधाराने अंतःकरणपंचक निर्माण झाले असून त्यामध्ये मन हे आंतरइंद्रिय प्रमुख आहे. मन बुद्ध्यादी इंद्रियांना कर्ता, भोक्ता म्हटले जाते. रजोगुणापासून क्रियाशक्तीच्या द्वारा पंचदश तत्त्वे निर्माण होतात. त्यापैकी दहांची इंद्रियात गणना होते.

तरि श्रवण नयन। त्वचा घ्राण रसन।
इयें जाणें ज्ञान। करणें पांचै।

(ज्ञाने.१३-९८)

राजसें अहंकारें जनितु। जो श्रोत्रादी तत्त्वांचा सांघातु।
तो साधन शब्दें बिल्यातु। सकळविषयीं॥

या साधनामध्येच 'वाचा पाणी आणि पांद। चौथे सिश्न पांचवे गुद।' हे कर्मेंद्रियपंचकही येते.

(वि.सि.३-८०-८५)

तमोगुणापासून द्रव्य शक्तीच्या आधाराने पंचमहाभूतें व पंचविषय निर्माण झाले.

तरी स्पर्शु आणि शब्दु। रूपरसगंधु।

निरूपण किया है।

श्रीयोगसंचरशास्त्र में कहा है कि दूसरों की देह में अपनी आत्मा को एवं दूसरों की आत्मा को स्वयं की देह में देखते हुए,हानाद-हाकार के उच्चारण के द्वारा गमागमन करते हुए (स्वदेह से परदेह एवं परदेह से स्वदेह में) नौ छिद्रों में प्रविष्ट एक ही नादयुक्त व्यापक धुव आत्मा का अनुसन्धान करते हुए योगी खचारी अर्थात् खेचरी मुद्राबन्ध से अनुविद्ध हो जाता है (तन्त्रा., ३२. ३०-३१)।

वीरावलिशास्त्र के अनुसार खेचरी मुद्रा के अन्तर्गत अणु, पशुप्रमाता के भीतर विचरण करती हुई तन्मयता को प्राप्त कुलकुण्डलिका अर्थात् मध्यप्राणशक्ति को बांधकर इस संसार में स्थित अज्ञानादि का संहार करने को उद्यत शक्ति को अपने स्थान शाक्ताधार में ऐक्यापत्तिरूप निर्वृत्ति प्राप्त कराई जाती है। साथ ही ज्ञानामृतरसात्मक कन्दपद में सर्वकाम स्वरूप वाले जीव को, मध्यविषधारादि प्रशान्तरूप कंदस्थान में, राव (नाद) करते हुए चिन्तामणि नामक चतुष्कोण जिसमें संजीवनीरूप अमृत स्थित है, तक एवं पिण्डाधार शरीर में पहुँचाया जाता है। उन आधारों को प्राप्त उस कुलकुण्डलिनी को प्रबुद्ध करके अर्थात् मूलस्थान से प्रारम्भ करके प्राणापानरूप चक्रद्वय से संयुक्त करते हुए द्वादशान्त तक पहुँचाया जाता है। योगी इस गति के ज्ञान से उत्पन्न माहात्म्य से ही दुर्भेद्य अज्ञानग्रन्थि एवं वज्र नामक मध्यनाड़ी को विदीर्ण करता है एवं प्राणापानात्मक दोनों शाखाओं के अन्त का आश्रय लेकर जन्माधाररूप त्रिकोण में से निकले हुए, मेढ्र के नीचे स्थित लिंगमूल का भेदन कर देता है। वहीं पर प्राणापानरूप चक्र से ऐक्यरूप होकर भासित होने वाली मध्यप्राणशक्ति का उदय होता है। पुनः विपरीत संचारपूर्वक,अधोगति से वह प्राणशक्ति द्विधाभाव ग्रहण करती है एवं ऊर्ध्व आद्य अंगुष्ठरूप कालाग्नि-पर्यन्त गमन अर्थात् तद्रूप ग्रहण करती है। वही कुण्डलिनी ऊर्ध्व एवं अधःसंचार को छोड़कर प्राणापानरूप लिंगों के द्वारा ज्ञात होने के कारण लिंगिनीरूप में उन - उन आधारों का भेदन करती हुई मध्य-धाम में पहुँचती है और वहाँ पर प्राण एवं अपान इन दोनों पदों के संयोग से संवित् को विकसित करती है। इन समस्त भावों में अनुस्यूत ऊर्मियों के उन्मीलन अर्थात् परासंवित् का विकास करने वाले स्थान के स्वरूप एवं प्रक्रिया का ज्ञान हो

जाने पर योगी में संवित् के रसादान एवं विसर्ग अर्थात् सृष्टि एवं संहार की सामर्थ्य उत्पन्न हो जाती है। प्राणशक्ति के संचार एवं परासंवित् के उदय का यह क्रम निश्चित नहीं है, इसका व्युत्क्रम भी हो सकता है। जब पराखेचरी योन्याधार से उदित होकर शूलमूलरूप में हठात् शक्ति-व्यापिनीसमनारूप अरात्रय से संयुक्त होकर द्वादशान्त पद को प्राप्त कर लेती है। इस स्थिति में समस्त बाह्य भावों का उच्छेद अथवा क्रोडीकार हो जाता है एवं स्वावमर्शरूप "अ" वर्ण में बाह्यामर्शरूप अन्य समस्त वर्ण लीन हो जाते है (तन्त्रा., ३२. ३२-४२)।

शुद्धात्मा देहस्थित कौलेश (योगी) सर्वप्रथम नादिफान्त - मालिनीरूप सर्वमन्त्रारणिस्वभाव नाद का अपनी देह से अभिन्नरूप में उच्चारण करता है एवं उसी गर्भयुक्त उच्चार्यमाण नाद का आधार लेकर जन्माकाशरूप मर्मस्थान में कौलिनी कुलकुण्डलिनी के पदरूप नाड्यात्मक प्रथम चक्र को पाद अर्थात् अंश से पीड़ित करते हुए, वहाँ किसी तरह प्राणशक्ति का निरोध करके, अवशिष्ट पाँचों चक्रों पर आक्रमण करके ब्रह्मादि कारण-पंचक (ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर व सदाशिव) का उल्लंघन कर देता है एवं हृदयस्थित नाडित्रयात्मक शूल एवं द्वादश ग्रन्थ्यात्मक ब्रह्मरन्ध्र के ऊपर स्थित शक्त्याद्यात्मक शूल के भेदन - क्रम से रुद्र शक्ति को प्रबुद्ध करता है जिससे यह जन्मपद से प्रारम्भ करके वायुचक्र के अन्त अर्थात् समीप में स्थित नाभिमण्डल और उनके संघट्ट के आधारभूत लम्बिकास्थान और उससे ऊपर स्थित बिन्दु नामक अमृत के आश्रयस्थल, भ्रूमध्य में स्थित विद्याकमल - संज्ञक, नाडियों के रहने के कारण द्वादशग्रन्थ्यात्मक (नाड़ियों के) आधारस्थल से निकल कर समस्त सम्बन्धों को पार करके द्वादशान्त पद पर्यन्त ऋजुक्रम से जाता है और वहाँ विश्रान्ति करता है। पुनः उसे चन्द्रचक्र अपानस्थान से प्रत्यावृत होते हुए विलोम क्रम से स्वशरीर में प्रवेश करके व्युत्थान दशा के अनुकूल व्यवहार करना चाहिये। इस प्रकारखेचरी - मुद्राविष्ट ज्ञानी अन्तर्बहिरुन्मेष व निमेष के माध्यम से सृष्टिसंहार करते रहते हैं (तन्त्रा., ३२. ४२-४७अब)।

कामिकागम के अनुसार खेचरीमुद्रा के अन्तर्गत योगी चुम्बाकार अर्थात् काक चंचुपुट की आकृति वाले मुख से अनच्ककलात्मा "ह" के द्वारा मध्यप्राणशक्ति का अवलम्बन करने वाले वक्त्र से इस प्रमाणप्रमेयात्मक विश्व को स्वात्मसात् कर लेता है एवं इसलिए परप्रमाता से एकरूप तत्त्व का चन्द्रार्कपुट अर्थात् प्राणापानयुग्म के मिलनस्थल मध्यधाम में साक्षात्कार करता है उसी से योगी का खचारित्व सिद्ध हो जाता है (तन्त्रा., ३२. ४७स-४८)।

देहादी उपाधींपासून आत्मा सर्वस्वी अलिप्त असतो. जीवात्मा हा प्रतिबिंब स्वरूप आहे.

प्रतिबिंबिला देव जीवशिवरूपें।'

(ए.भा. ३.१०२)

तोचि (आत्मा) अविद्येमाजीं प्रतिबिंबिला।
या लागीं जीव हे नाम पावला॥

(ए.भा.२८-१९५)

या जीवाला (चैतन्याला) क्षर पुरुष म्हटले जाते. याचे कारण जीव स्वत:चे आत्मत्व विसरून उपाधीशी-देहाशी तादात्म्य पत्करतो.

आणि क्षरपणाचा नाथिला। आव्रू यया ऐसेनि आला।
जे उपाधीचि आंतला। म्हणोनियां।

(ज्ञाने. १५-४९७)

पाण्यात पडलेले चंद्राचे प्रतिबिंब पाण्याबरोबर हेलावते आणि पाणी आटले की तेही नाहीसे होते. (मूळचा चंद्र मात्र जसाच्या तसाच असतो) त्याप्रमाणे उपाधीच्या योगाने जीवाला क्षणिकत्व, क्षरत्व (विनाशीपणा) प्राप्त झाले आहे. एऱ्हवी आत्मस्वरूप निरुपाधिक अक्षर, निर्गुण, निर्विकार असेच असते.

(पाहा : आत्मा, जीव)

उपासना : (उप+आसन) उपासना म्हणजे ईश्वर, गुरू यांच्या जवळ आपली बैठक असावी असे प्रयत्न करणे त्यासाठी उपास्य देवतेची प्रार्थना, पूजाअर्चा, सेवा, ध्यान इत्यादी मार्गाने भक्तीभाव व्यक्त करणे.

(पाहा : भक्ती, षोडशोपचार)

उल्हाटशक्ती : उल्हाटशक्ती म्हणजे कुंडलिनी. बहुधा ही संज्ञा 'आल्हादिनी शक्ती' या संज्ञेचे लोकात रूढ झालेले अपभ्रष्ट रूप असावे. आसन, प्राणायाम यांच्यामुळे जागृत झालेली ही शक्ती मूलाधार चक्रापासून निघून सुषुम्ना मार्गाने वरवर चढत जाऊन ही प्राणशक्ती ब्रह्मरंध्रापर्यंत जाऊन पोहोचली की, योग्याला मुक्तावस्था प्राप्त होते. ज्ञानेश्वरीच्या सहाव्या अध्यायात ज्ञानेश्वरांनीं या कुंडलिनीयोगाचे सविस्तर वर्णन केले आहे. नवव्या अध्यायात कीर्तनभक्तीच्या गौरवानंतर योगभक्तीचे रूपकात्मक चित्रण करताना 'उल्हाटशक्ती' ही संज्ञा ज्ञानेश्वरांनी उल्लेखिली आहे ती ओवी अशी-

तेथ उल्हाटशक्तीचेनि उजिवडें। मनपवनाचेनि सुरवाडें।
सतराविचेें पाणियाडें। बळियाविले।

(ज्ञाने. ९-२१४)

आत्मानुभवाचे राज्य मिळविण्यासाठी अष्टांगयोगाच्या आधारे योगी जी लढाई करितो, त्या सांग रूपकामध्ये असलेला उल्हाटशक्तीच्या पराक्रमाचा वाटा वरील ओवीत ज्ञानेश्वरांनी वर्णिला आहे. पंचप्राण आणि मन' या वाटाड्यांच्या मदतीने आणि उल्हाटशक्तीच्या प्रकाशामध्ये जीवाकडून सतराविचेें-चित्कलेचे अमृत-तळे काबीज केले जाते. तेव्हा 'प्रत्याहार' हा इंद्रियांना बांधून आणून हृदयामध्ये कोंडू शकतो.

एकनाथांनी याच प्रकारच्या रूपकामध्ये उल्हाटशक्तीचा उल्लेख केला आहे. वैराग्याच्या बळावर कुंडलिनीने काकीमुखाची अवघड वाट जिंकून वेगाने त्रिकूट शिखर (पश्चिम मार्गावरील एक चक्र) घेतले.

तेथ उल्हाटशक्तीचा लोट। वैराग्याचा नेटपाट।
जिणोनि काकीमुखाची वाट। सवेगें त्रिकुट घेतले।

(ए.भा.१४-४४६)

एकनाथी भागवताच्या विसाव्या अध्यायात अवघ्या वीस ओव्यात एकनाथांनी कुंडलिनी योगाचे संक्षिप्त वर्णन केले आहे. तेथेही एका ओवीत 'उल्हाटशक्ती' ही संज्ञा आली आहे. त्यातही चंद्रामृताच्या तळ्यातून सहस्र पाट वाहू लागल्याने त्या अमृतप्राशनाने कुंडलिनी बाळा संतुष्ट झाल्याचे वर्णन एकनाथ करतात.

साधता उल्हाट शक्तीचे उलट।
उघडे ब्रह्मरंध्रींचें कपाट।
तंव लोटले सहस्रदळाचे पाट। अति चोरवट चंद्रामृत॥
तें प्राशूनि कुंडलिनी बाळा। संतोषे सांडी गरळा॥
ते शरीरीं वोतली कळा।
... तेणें देहो दिसे अतिसोज्वळा॥

(ए.भा.२६०-२६२)

कामासक्ति है वही स्त्री संग की प्राप्ति के लिये कारणीभूत है। अगर वहीं विरक्ति उत्पन्न हो जाय तो फिर स्त्री की प्राप्ति कौन पूछता है? भगवान ने भाव विह्वल होकर उद्धव से यह बात कहीं। वह सुनकर उद्धव ने भी अंत:करण में विचार किया। जिससे प्रबल विरक्ति उत्पन्न होती है, विषयासक्ति की बाधा भी नहीं होती उस ध्यान के सम्बन्ध में उसने भगवान से पूछा। वैसा ध्यान लगने से स्त्री-पुरुष का भान ही नहीं रहता और जीव में ज्ञानजन्य संतोष उत्पन्न होकर जो संतोष प्राप्त होता है उसके सम्बन्ध में उसने भगवान से प्रश्न किया।

उद्धव उवाच

यथा त्वामरविन्दाक्ष यादृशं वा यदात्मकम्।
ध्यायेन्मुमुक्षुरेतन्मे ध्यानं त्वं वक्तुमर्हसि॥ ३१॥

उद्धव ने कहा, "हे कमलनयन! हे जगज्जीवन! मुमुक्षु जन तुम्हारा जो ध्यान करते हैं उसका लक्षण मुझे बताओ। वह ध्यान सगुण होता है या निर्गुण? उसका स्वरूप कैसा रहता है? वर्ण कैसा रहता है? सब कुछ यथासांग बताने की कृपा करो। जिसमें निमग्न होने पर वहाँ से मन हटता ही नहीं है, उसका माधुर्य इतना होता है कि वह तुम्हें भी अच्छा लगता है, ऐसे ध्यान के बारे में मुझे बताइये।" उद्धव का यह प्रश्न सुनकर भगवान उत्तम ध्यान के लक्षण के रूप में आसन और प्राणायाम का ही निरूपण करते हैं।

श्रीभगवानुवाच

सम आसन आसीनः समकायो यथासुखम्।
हस्तावुत्सङ्ग आधाय स्वनासाग्रकृतेक्षणः॥ ३२॥

अब आसन का लक्षण सुनो। पाषाण का आसन करने से व्याधि उत्पन्न होने की सम्भावना रहती है। केवल जमीन पर बैठना तो और भी कठिन और दु:खदायी है। लकड़ी का आसन बनाने से मन भी सूखी लकड़ी की तरह शुष्क एवं निर्दयी बनता है। तृण का आसन बनायें तो जिस प्रकार उसमें चित्र विचित्र अंकुर निकले रहते हैं उसी प्रकार मन में भी अनेक प्रकार के विकल्प उत्पन्न होते हैं। वृक्ष के पत्तों का आसन बनायें तो चित्त सदैव हिचकोले ही खाता रहता है। जारण, मारण अथवा स्तम्भन करना हो तो काले आसन का प्रयोग करना चाहिये। ज्ञानार्जन के लिये मृगचर्म उपयुक्त है। व्याघ्रचर्म का आसन मोक्षसिद्धि के लिये फलदायी है। श्वेत कम्बल का आसन बनाने से मोक्ष आदि अनेक प्रकार की सिद्धियाँ साधकों को प्राप्त होती हैं। जमीन निर्मल तथा समतल हो और वहाँ किसी के उपद्रव की सम्भावना न हो ऐसे स्थान पर आगे कहे गये ढंग से उत्तम लक्षणों से युक्त आसन तैयार करना चाहिये। कुशा, वस्त्र, कम्बल, चर्म आदि से तैयार किये गये आसन का प्रयोग करना चाहिये। वह अत्यधिक ऊँचा या नीचा नहीं होना चाहिये। चारों ओर से एक जैसा होना चाहिये। आसन ऊँचा होने पर वह डगमगाने लगता है और नीचा होने पर उसमें भूमिदोष की सम्भावना होती है। इसलिये आसन समतल तथा एक जैसा होना चाहिये। वह कोमल तथा मुलायम होना चाहिये। फिर शुद्ध मुद्रा के साथ वज्रासन अथवा कमलासन लगाना चाहिये अथवा जिसमें आनन्द प्राप्त हो ऐसा सहजासन लगाना चाहिये और फिर मेरुदण्ड को सीधा रखना चाहिये, शरीर को बिलकुल सीधा रखना चाहिये और मूलाधारादि जो तीन बंध हैं उन्हें ठीक तरह से साधना चाहिये। ऐसा आसन लगाने पर उस आसन पर दोनों हाथों के फैले हुए पंजे दोनों जाँघों पर उलट कर रखने से बहुत सुन्दर लगते हैं। फिर नाक का ऊपरी हिस्सा दूर रख केवल नाक के अग्रभाग पर दृष्टि केन्द्रित करनी चाहिये। उसी स्थान पर

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

घंटानाद की तरह अखण्ड चलता रहता है। कमलनाल के सूक्ष्म तंतु की तरह मूल से ब्रह्मरन्ध्र के अन्त तक प्राणायाम से प्रणव का आभास होता है। वहाँ अत्यन्त दीर्घ स्वर में नाद होता है इसलिये अत्यन्त सूक्ष्म रीति से प्रणव का भास होता है। उसे प्राणायाम से स्थिर, अखण्ड रूप तथा नादयुक्त करना चाहिये।

एवं प्रणवसंयुक्तं प्राणमेव समभ्यसेत्।
दशकृत्वस्त्रिषवणं मासादर्वाग् जितानिलः ॥ ३५ ॥

इस प्रकार स्वर, वर्ण और मात्रा इनसे भी निराला अत्यन्त श्रेष्ठ तथा अदृश्य ऐसा जो (ॐकार) है उसे कितने ही पुरुष अभ्यास के सामर्थ्य से स्वयं इन्द्रियों को वृत्तिगोचर कर लेते हैं। उस उच्चार का चमत्कार आश्चर्यजनक है। वह ऊर्ध्वमुख होकर अखण्ड अस्तित्व में रहता है। उसी झंकारयुक्त तथा नादमय प्रणव को अभ्यास के योग से स्थिर करते हैं। इस प्रकार आलस्य का त्याग कर प्रणव का त्रिकाल अभ्यास करते समय धीरे-धीरे दस आवृत्तियाँ करने से, जिस प्रकार कोई महासाध्वी पतिव्रता अपने पति के वचन का जरा भी उल्लंघन नहीं करती, उसी प्रकार एक माह पूरा होने के भीतर ही यह प्राणजप साध्य होता है। इस अभ्यास में सतत दक्ष रहने पर वह पुरुष योगाभ्यास का रहस्य सहज ही प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार प्राणनिरोध साध्य होने से भजन की स्थिति भी दो प्रकार की होती है। पहली शास्त्रोक्त विधि से सगुणोपासना तथा दूसरी योगाभ्यास से निर्गुणोपासना। लेकिन दोनों का समाधान निर्गुण में ही मिलता है, यह ध्यान में रखो। इन दोनों का उपलक्षण श्रीकृष्ण संक्षेप में बताते हैं। अरे! ॐकार का स्मरण ही जहाँ नष्ट होता है और यदि स्मरण किया ही तो स्वर के साथ प्राण ही प्रणव में भर जाता है और फिर अखण्ड आकार से उल्हास पाने वाला प्रणव ही स्फुरण करता रहता है। जहाँ से अक्षरों का उद्‌गम होता है और बोलने के बाद शब्द जिसमें समाविष्ट होते हैं और फिर जो स्फूर्ति शेष रहती है, उसी को सचमुच प्रणव कहते हैं। उस प्रणव के ही आधार पर छहों चक्र जीतने पर प्रणव आगे बढ़कर निश्चयपूर्वक चलने लगता है। तब कुण्डलिनी शक्ति के जोर और वैराग्य की प्रबलता के कारण वह सुषुम्ना नाड़ी (इडा और पिंगला के बीच सुषुम्ना नाड़ी है) के द्वार का मार्ग तत्परता से पार कर पश्चिम मार्ग के पहले स्थान को प्राप्त कर लेता है। उस समय दशनादों के घोष से विजय का निशान लहराने लगता है। तब आगे चलने का जो योगमार्ग है वह अपने आप ही आगे आता है। वहाँ औटपीठ और गोल्हार अत्यन्त आनन्द और उत्साह से दोनों चक्रों का मार्ग जीतकर तत्परता से आगे बढ़ने लगते हैं। पीछे का विस्मरण हो जाता है, विकल्प का भी नाश हो जाता है और जीने की कला प्राप्त हो जाती है। वहाँ सहस्त्रदल कमलों से छूटी धारायें नीचे की ओर आती रहती हैं और सीधे स्वानंदजीवन (जीवनकला के निकट) के पास आती हैं। वहाँ का जल आनन्दपूर्वक सेवन करने से संतप्त हुई जमीन हरी हो जाती है, इन्द्रियों की बेचैनी शान्त हो जाती है और गुणों की त्रिवेणी डूब जाती है। तब भ्रमर गुफा के अन्दर जीव और शिव की एकान्त में भेंट होती है। उससे जीवत्व के प्रान्त और वृत्ति इन दोनों का नाश होता है। यहाँ आत्मस्वरूप से ऐक्य हो जाने के कारण शिव और शक्ति का उत्कृष्ट तालमेल हो जाता है और परमानन्द से शरीर सौष्ठव बढ़ जाता है और सुख का उपभोग ही शेष रह जाता है। उस समय उद्देश्य, बोलना, दृष्टांत अथवा वेदवाद आदि की बातें समाप्त हो जाती हैं। 'मैं' और 'तू' का अन्त होता है और अकेला एकान्त शेष रह जाता है। लेकिन यह कहनेवाला भी कोई नहीं रहता इसे ध्यान में रखो। इस प्रकार जो मेरे योगसामर्थ्य से बलवान हुए उन्हें ही मेरा आत्मसुख प्राप्त हुआ। लेकिन योगमार्ग का यह रास्ता अत्यन्त कठिन है और उसमें कष्ट भी अनेक हैं। इसलिये इसमें योग की प्राप्ति एकआध को ही होती है। मेरा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करोति कामवशगः कर्माण्यविजितेन्द्रियः।
दुःखोदर्काणि सम्पश्यन् रजोवेगविमौहितः॥ ११॥

जब रजोगुण का आवेश उत्पन्न होता है, उस समय कामरूप ग्रह अद्भुत ढंग से बिफरता है और जो पुरुष काम से ग्रस्त होता है वह सदा काम का ही दास बन जाता है। जिसके मन में विचार नहीं है वह काम का जर खरीद गुलाम बनकर रहता है। काम उसे जैसे नचाता है उसी के अनुसार वह नाचता रहता है। काम का दास हो जाने पर उसका दुःख प्रतिदिन बढ़ता ही जाता है, सकाम कर्म करना ही उसे अनिवार्य हो जाता है और वह अत्यन्त अहंकारी हो जाता है। रजोगुण के कारण वह मोह में लिप्त रहता है इसलिये वह इन्द्रियों पर विजय न प्राप्त करने वाला तथा अयोग्य बना रहता है। वह जन्म-मरण के अधीन रह कर तदनुसार सारे कर्म करता है। रजोगुण की पीड़ा अत्यन्त भयंकर है। उसने सारे लोगों को विषयांध कर दिया है। उद्धव! रज पर लुब्ध होने वाले लोग अत्यन्त मूर्ख होते हैं, यह प्रसिद्ध ही है। रजोगुण से बद्ध होने पर महामोह का प्रवेश होता है तब भ्रम की आँधी चलती है और तमोगुण चारों ओर फैलता है। उद्धव! प्राणियों की बुद्धि सचमुच ऐसी होती है इसे ध्यान में रखो। इसीलिये वे काम का सेवन करते हैं। विषयों से उन्हें विरक्ति नहीं होती। अब शायद तुम सोचोगे कि तब तो तरने का कोई उपाय ही नहीं रहा और प्राणियों को सद्गति भी मिलने से रही। यह विषयासक्ति अनिवार्य है। जीव का तो अविद्या और विषय से सम्बन्ध रहता है। उनकी पीड़ा बहुत बड़ी होती है। अविद्या का सम्बन्ध अनादिसिद्ध है। इसके कारण अनेक प्रकार की कल्पनाएँ उठती हैं। अंतःकरण भी अनादि है और उसकी पूर्णता भी क्रमानुसार होती रहती है। इससे विषयबुद्धि भी दृढ़ हो जाती है और त्याग बिलकुल नहीं होता। अंतःकरण सत्व से उत्पन्न होता है यह सत्य है किन्तु यह कार्य माया का है इसे ध्यान में रखो। सुखभोग की आदत से जहाँ रजोगुण उफन उठेगा तो उसे कौन रोक पायेगा? जो विचारी पुरुष होते हैं वे भी विषय के अधीन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हुए रहते हैं। इसलिये इस लोक में विषय का त्याग नहीं हो पाता। उद्धव! तुम्हारी शंका यही थी न? तो उसका भी उपाय सुनो। जो विचारशील लोग हैं उनके मन में विषय वासना उत्पन्न ही नहीं होती। लेकिन इस पर भी यदि कभी ऐसा हुआ तो उन्हें अभ्यास करना चाहिये।

रजस्तमोभ्यां यदपि विद्वान् विक्षिप्तधीः पुनः।
अतन्द्रितो मनो युञ्जन् दोषदृष्टिर्न सज्जते॥ १२॥

रज और तम ये गुण यदि बुद्धि पर अपना प्रभाव जमाने में सफल हो जाएँ तो ज्ञाता को आलस छोड़ कर अपने मन को नियंत्रण में रखना चाहिये। स्त्री का शरीर हड्डियों और मांस का बना विष्ठामूत्र का भण्डार है और उसके सम्बन्ध में विचार करने पर भी घृणा हो आती है। उसका भोग तो नरक की यातना के समान है। इस प्रकार स्त्री भोग के दोष बता देने से मन विषयों से तत्काल दूर कर नियमों के नियंत्रण में रखना चाहिये। ऐसा करने से भी मन नियमों के बन्धन में नहीं बँध पाता। अभ्यास करने वालों को इसमें बड़ी कठिनाई होती है। अर्थात् साधारण लोग तो इसमें असमर्थ ही होते हैं। तो भाई! ध्यान से सुनो। तो जिससे मन नियंत्रित हो सके ऐसा मनोनिग्रह का लक्षण और साधन बताता हूँ।

अप्रमत्तोऽनुयुञ्जीत मनो मय्यर्पयञ्छनैः।
अनिर्विण्णोयथाकालं जितश्वासो जितासनः॥ १३॥

आलस और निद्रा का त्याग कर जो सावधान चित्त से ब्रह्मसाधना करता है, वही सचमुच मेरे चित्स्वरूप के अभ्यास में लग जाता है। इसमें पहला काम है आसन स्थिर करने का अभ्यास। मूलबंध व्यवस्थित नियमानुसार करने में आसन स्थिर होता है। आसनजय साध्य होते ही वह सहज ही योगमार्ग पर लग जाता है और अधिक अभ्यास करने पर प्राण और अपान की स्थिति भी सामान्य होने लगती है। विषय मन के अधीन रहते हैं, मन वायु के वश में रहता है इसलिये अभ्यास से वायु को ही वश में कर लेने से मन अपने आप स्थिर हो जाता है। इस प्रकार जो धीरे-धीरे अभ्यास कर समय को सार्थक करता है वह विरक्त भले ही न हो लेकिन महान सामर्थ्यवान बनकर परमार्थ के प्रति अत्यन्त व्याकुल रहता है। हरिचिंतन में मन को एकाग्र करने से प्राण और अपान ये दोनों वायु एकरूप हो जाते हैं। यही वायु की परिपूर्ण विजय है। उसे साधने से योगसाधन सहज ही साध्य हो जाता है। तब प्राणापान की समजोड़ी छः चक्र के परदे फाड़ देती है। तब चित्त विषयों को छोड़ देता है और विषय भी चित्त को छोड़ देते हैं। इस प्रकार इस अभ्यास के मार्ग से वासनायुक्त इच्छा का सम्बन्ध ही टूट जाता है। इसी मार्ग से मैंने सनकादिकों को आत्मज्ञान की ओर प्रवृत्त किया।

एतावान् योग आदिष्टो मच्छिष्यैः सनकादिभिः।
सर्वतोमन आकृष्यमय्यद्धाऽऽवेश्यते यथा॥ १४॥

देखो। इसी उपदेश से मेरे शिष्य सनकादिक आदि ने अपने अभ्यास के सामर्थ्य से अलौकिक आत्मज्ञान का सुख प्राप्त किया। ऐसा वह कौन-सा उपदेश है? वह चित्त और विषय के सम्बन्ध को तोड़ने के बारे में है। यही बात उन्हें बताकर मैंने उन्हें आत्मज्ञान के अभ्यास की ओर लगाया। मन जहाँ भी कहीं जाये वहाँ परब्रह्म ही भरा हुआ है यही भावना धारण करने की आदत लग जाने के कारण सनकादिक ब्रह्मस्वरूप हो गये। चित्त का विषयों से वियोग कराना यही योग सनकादिकों ने साध्य किया। उन्हें इसका उपदेश करने के लिये मैं श्रीकृष्ण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

बोल नहीं सकती। इस चक्र में प्राणवायु भी एकत्र रहता है किन्तु वह उसके आगे नहीं जा पाता। वहाँ प्राण और अपान का झगड़ा होकर दोनों ही रूठ जाते हैं। वहीं बहुत बड़ा गृहकलह मच जाता है और दोनों में अलगाव होने लगता है। इस प्रकार प्राण, अपान, व्यान, उदान तथा समान ये पाँच प्राण अलग-अलग रहने लगते हैं। जो पहले रूठ गया था उसे 'अपान' कहते हैं। गुस्से में जो आगे बढ़ा आता है उसे 'प्राण' कहते हैं। दोनों में जो समानरूप से नाभि में रहता है, उसे 'समान' कहते हैं। जो कंठ में रहता है, उसका नाम 'उदान' है। लेकिन व्यान को रहने का स्थान ही नहीं है इसलिये वह पूरे शरीर में परिभ्रमण करता रहता है। इनसे भी सूक्ष्म पंचप्राण होते हैं जो भिन्न-भिन्न स्थानों में रहते हैं। उन्होंने स्वयं ही अपने रहने के लिए अलग-अलग स्थान निश्चित कर लिया है। नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त तथा पाँचवाँ धनंजय यही वे पंचप्राण हैं। इनकी शरीर में जहाँ बस्ती रहती है वे स्थान तुम्हें निश्चित रूप से बताता हूँ। छींकर नाग का घर है, जम्हाई कूर्म का घर है और ढकार कृकल का घर है। हिचकी देवदत्त का निवास है। लेकिन धनंजय को कहीं भी बसेरा नहीं मिलता इसीलिये जीव और देह का संगम होने के स्थान पर (अर्थात् चिच्चडग्रंथि में) धनंजय रहता है। इससे जीव शरीर को छोड़ देता है तो भी कुछ समय के लिये यह शरीर को बचाकर रखता है। स्वाधिष्ठान नामक चक्र से प्रारम्भ कर क्रमानुसार प्राण के दस भाग होते हैं। उनका स्थान, मान और लक्षण ये सारी बातें मैंने तुम्हें बतायीं। मैंने तुम्हें पहले ही यह बात बता दी है कि प्राण और अपान ये दोनों रूठे हुए हैं। इसके बाद उन दोनों का कभी मिलन नहीं हुआ क्योंकि वे दोनों ही बहुत हठी तथा सनकी हैं। उन दोनों में जो मेल करा दे वही प्यारा दुलारा है, यह जान लो। उसे मैं स्वयं ही अपना सर्वस्व अर्पण करता हूँ। इसी का नाम योगसाधना है। हे उद्धव! प्राण के लक्षण बताते-बताते सहसा प्राण और अपान की साम्यस्थिति बताने का प्रसंग आया। इसलिये तुम भी उसे सुन लो। स्वाधिष्ठान चक्र से मणिपूर चक्र में आते समय जीव और मन की एकता होती है। वहीं सूक्ष्मप्राण का निवास होने के कारण पश्यंती परावाणी की एकता प्राप्त करती है। तब मन में खिलाड़ी प्रवृत्ति उत्पन्न होकर बाल्यदशा प्राप्त होती है, यह समझ लो। इसके बाद प्राण आराम से आगे बढ़ता है और अनाहत स्थान तक पहुँच जाता है। तब पश्यंती वाणी की कृपा से मध्यमा नाम की वाची उत्पन्न होती है। वह मौन का दामन छोड़े बिना अपने से ही गुनगुनाने लगती है। यहाँ मन को मुग्धावस्था (सोलह वर्ष के लगभग की अवस्था) प्राप्त होकर वह अनेक प्रकार के उपभोगों और सुखास्थिति की कामना करती है। लेकिन लज्जा के कारण कुछ कह नहीं पाती। फिर प्राण अत्यन्त तत्परता से विशुद्धि स्थान पर पहुँचता है और उच्छृंखल उदान का रूप धारण करता है। तब मन को भी परिपूर्ण यौवन प्राप्त होता है। उस विशुद्धि चक्र में भीतर से परावाणी भी आ मिलती है और पश्यंती और मध्यमा भी एक हो जाती हैं। इस प्रकार वे सब बड़ी शान से विचरण करने लगती हैं। उनके इस झटके के पीछे-पीछे तत्काल मुँह से वाणी प्रकट होती है। वह यौवन से उन्मत्त रहती है और मुँह से स्वर और वर्णों की व्यर्थ की बड़बड़ करती रहती है। आज्ञाचक्र की स्थिति भौहों में होती है और वह उनसे अलग है। वहाँ वाणी का प्रवेश नहीं होता। योगियों का हंस लक्षण यही है। ये क्रमानुसार छह चक्र हैं। चार मातृका, अट्ठाईस वर्ण तथा सोलहों सम्पूर्ण स्वर प्राप्त हो जाएँ तो यही योगियों का हंसलक्षण होता है। अब किस चक्र में कौन से वर्ण उत्पन्न होते हैं मातृका का क्या स्थान है सारे स्वर कहाँ उत्पन्न होते हैं उनके भी लक्षण सुनो। आधारचक्र में चार पंखुड़ियों की आकृति होती है और उन आकृतियों में चार मात्राएँ छूटी रहती हैं। व, श, ष तथा स इन अक्षरों को शास्त्रज्ञों ने मात्रा कहा है। स्वाधिष्ठान छह पंखुड़ियों का चक्र है। वहाँ छह वर्ण स्थापित हैं। 'ब' कार से 'ल' कार तक (ब, भ, म, य, र, ल) ये जो छह वर्षा हैं वे उन स्थानों पर निश्चित रूप से रहते हैं। मणिपूर चक्र में दस पंखुड़ियाँ हैं, जहाँ दस

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वर्ण स्थापित हैं। 'ड' कार से 'फ' कार तक (ब, ढ, ण, त, थ, द, ध, न, प, फ) ये दस वर्ण उस चक्र में रहते हैं। अनाहतचक्र बारह पंखुड़ियों का है। वहाँ 'क' कार से 'ठ' कार तक (क, ख, ग, घ, ङ, च, छ, ज, झ, ञ, ट, ठ) बारह वर्ण रखे हुए हैं। वे उस चक्र की शोभा बढ़ाते हैं। विशुद्ध चक्र सोलह पंखुड़ियों का होता है और उसमें अ, इ, उ, ऋ, लृ मिलाकर कुल सोलह स्वर हैं। उन सभी स्वरों की जमघट कंठस्थान में होती है। वेदों में उनका अगाध सामर्थ्य दिखाई देता है। लेकिन आज्ञाचक्र बहुत कठिन है। वहाँ काकीमुख नाम का जो द्वार है वह खुलता ही नहीं है। वहाँ प्राणों की छटपटाहट नहीं चलती। वहाँ का मार्ग अत्यन्त विकट होने के कारण वह उन्हें नहीं मिल पाता। वह आज्ञाचक्र दो पंखुड़ियों का होता है और वह शुद्ध रूप से हंस का मन्दिर है। वहाँ पहुँचने के लिये महान योगसामर्थ्य की आवश्यकता होती है। इस स्थान तक पहुँचने के लिये योगी अनेक प्रकार के हठयोग करते हैं लेकिन अनेक संकटों का सामना कर योगाभ्यास करते पर भी वे वहाँ तक नहीं पहुँच पाते। मेरा यह स्थान प्राप्त करने के लिये एक अत्यन्त गूढ़ अनुष्ठान है। 'सोहं हंसा' की साधना जो कोई अत्यन्त सावधानी से करेगा वही उस स्थान तक पहुँचेगा। प्राणायाम का निरोध और त्याग कर 'सोहं हंसा' का स्मरण कर जो सावधानी से यह अनुष्ठान करेगा वही यह स्थान प्राप्त करेगा। वही वायु का निरोध करने में सक्षम होता है और वही आज्ञाचक्र में प्रवेश करता है। इतना ही नहीं वह उससे भी आगे का मार्ग अचूक खोज निकालता है। वहाँ ऋद्धि सिद्धि के समुदाय उसे अनेक सुखसमृद्धि के फल उपलब्ध कराते हैं लेकिन वह उन सब को पीछे छोड़ अपने पवित्र मार्ग पर अग्रसर होता है। जो ऋद्धिसिद्धियों के भुलावे में आ गया या जिसमें सिद्ध होने का अभिमान जाग उठा वह उस आज्ञाचक्र से च्युत हुआ और उसके सारे परिश्रम व्यर्थ गये ऐसा समझना चाहिये। लेकिन जिसमें पूर्ण वैराग्य रहता है वह सिद्धियों के भुलावे में नहीं आता। सुखोपभोग तथा मानसम्मान पर लात मार कर वह मेरी प्राप्ति के लिये अपने मार्ग पर चलता रहता है। इसके उपरान्त औटपीठ (आज्ञाचक्र के बाद का स्थान) तथा गोल्हाट (औटपीठ के आगे का स्थान) पार कर भ्रमर गुफा के संकट को पार कर सहस्रदल कमल का प्रवाह सोख कर वे धैर्यवान पुरुष मत्स्वरूप होते हैं। आज्ञाचक्र की स्थिति बताते समय योगमार्ग का वर्णन रुचिकर लगा इसमें पिछली कथा सुनाना भूल गया। इसके लिये श्रोतागण क्षमा करें। आप कहेंगे कि मछली जब प्रवाह के साथ बहती है तो वह पीछे मुड़ कर नहीं देखती, उसी प्रकार तुम भी बिना पीछे मुड़े ग्रन्थनिरूपण में आगे बढ़ते चलो। व्यर्थ की बकवास क्यों करते हो? बच्चा गलती करता है तो माँ उसे सिखलाती है, उसी प्रकार आपका यह भाषण मेरे कल्याण का ही द्योतक है। चक्रों का निरूपण करते हुए मन योग की ओर मुड़ गया और इसीलिये पिछला निरूपण भूलकर आगे बढ़ गया। यह सुनकर श्रोतागण हँस पड़े और बोले, तुम इस ग्रन्थ के कर्त्ता नहीं हो यह हमें मालूम हो चुका है इसलिये उसका निराकरण करने के लिये व्यर्थ का प्रतिपाद मत करो। करोड़ों ग्रन्थों का अध्ययन करने पर भी योगज्ञान का माधुर्य समझ में नहीं आता। उसे तुमने अपनी ही रुचि से स्पष्ट करके बतलाया। श्रीमद्भागवत समझने में कठिन था उसे श्रीकृष्ण ने तुम्हारे ही मुख से स्पष्ट करके सुनाया। वह सचमुच हमें बहुत अच्छा लगा। यह बारहवाँ अध्याय अत्यन्त गूढ़ है। यह बात देवाधिदेव ने ही कही है। लेकिन तुमने तो उसका अर्थ भी स्पष्ट करके बतलाया। इस प्रकार संतों ने आदरभाव व्यक्त कर अभयदान दिया। यह देखकर एकाजनार्दन को भी अत्यन्त हर्ष हुआ और उसने संतों को नमस्कार किया। वैखरी, मात्रा, स्वर और वर्ण आदि पदों का व्याख्यान हुआ। उसका ही निरूपण श्रीकृष्ण दृष्टांत देकर उद्धव से कर रहे हैं। जीव और शिव का जो सूक्ष्म मूल है, वही आदिपुरुष वाणी के रूप में स्थूल आकार धारण करता है। इसी का सरल विवेचन करके बताता हूँ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद

निर्गुण

जोग जुगुत हम जानी साधो, जोग जुगुत हम जानी रे ।टेक।
१–मूलाधार में बन्ध लगाकर, उल्टी पवन चलाई रे,
षट् चक्कर का मारग सोंधा, नागन जाय उजारी रे ।टेक।
२--नाभि के पश्चिम के मारग, मेरुदंड चढ़ाई रे,
ग्रन्थी खोल गगन पर चढ़िया, दशवें द्वार समाई रे ।टेक।
३--भँवर गुफा में आसन मारो, काया सुध बिसरानी रे,
बिन चन्दा बिन सूरज चमके, जगमग ज्योत जगानी रे ।केक।
४--शिव शक्ति को मेल भयो जब, शून्य में सेज बिछानी रे,
'शिवानन्द' गुरू कृपा से, आवागमन मिट जानी रे, ।टेक।
जोग जुगुत हम जानो साधो, जोग जुगुत हम जानी रे ।।

निर्गुण

अनहद को ध्वनि प्यारी साधो, अनहद की ध्वनि प्यारी रे ।
आसन पद्म लगा करके वो, मूँद कान की बारी रे ।।
झीनी स्वर से सूरत लगावो, होत नाद झनकारी रे ।
पहिले-पहिले रलमिल बाजे, पीछे न्यारी-न्यारी रे ।।
घंटा, शंख, बाँसुरी, वीणा, ताल मृदंग नगारी रे ।
दिन-दिन सुनत नाद जब विकसे, काया कम्पत सारी रे ।।
अमृत बुंद झरे मुख माँही, योगी जन सुखकारी रे ।
तन की सुध सब भूल जगत है, घट में होय उजियारी रे ।।
"शिवानन्द" लीन मन होवे, देखो बात हमारी रे ।
अनहद की ध्वनि प्यारी साधो, अनहद की ध्वनि प्यारी रे ।।

भक्ति करने का मतलब है मन का मैल छुड़ाना।
मन का मैल छुटे ना जिससे वह भक्ति नहीं ज्ञाना॥
मन का मैल साफ होने पर भरम कभी ना परसे।
कहे 'शिवानन्द' सुन रे प्रानी अमृत धार नित बरसे॥

जो कुछ दुख दुविधा इस जग में मनोमैल मात्र है।
अभ्यास करे जो मन धोने का होय शुद्ध छात्र है॥
मैल साफ करने का साधन जग में उत्तम भक्ति।
मन कपड़े को धोय निरन्तर छोड़ कर्म आसक्ति॥
जो कुछ पढ़ा आज तक हमने इस सृष्टि के ग्रंथों में।
भौतिक या अध्यात्मवाद के सभी धार्मिक पंथों में॥

जितने सन्त हुए इस जग में सबका भाव भिन्न है।
जिस साधन को एक सही कह दूजा कहे अन्य है॥
लोक दृष्टि से भेद सभी में साधन सबका न्यारा।
ज्ञान उदय होते हो बनती एक अखंडित धारा॥

जैसे नदी बहुत सी जग में चलती न्यारी न्यारी।
सबका अन्त हुआ सिन्धु में भेद की सुरति बिसारी॥
एहि विधि साधन बहुत जगत में सबका पृथक करम है।
तौ भी मन बुद्धि का धोना सबका एक धरम है॥

अजपाजाप श्रेष्ठ साधन है श्वास में श्वास समावे।
नाद बिन्दु में सुरति लगाकर अन्तर्मुख होई जावे॥
उत्थान-पतन की छोड़ कल्पना समता सुदृढ़ बनाते।
जो जो मन में उठे कल्पना जड़ से काटी भगावे॥
अभ्यास काल में उत्थान पतन का अवश्य ध्यान रखना है।
देहासक्ति छोड़ निरन्तर निज स्वरूप लखना है॥

इस प्रकार एक तथ्य यह भी सामने आया है कि हरियाणवी संतों की 'सुरति शब्द योग' की साधना कहीं–कहीं योग की क्रियाओं का सहारा भी लेती है। संत राम रूप जी ने निम्नलिखित पद में इनका खुलासा किया है–

"गगन मण्डल में अलख जगाव रे।
जब जोगी जानूँ मैं तोकूँ, सुन सिखर पर जा मठ छाव रे।
पहले संजम साध जुगत तूँ, प्राण अपसन की संध मिलाव रे।
भूचरी, मुद्रा जासूँ कहिए, कमल कमध पर पव चढ़ाव रे।
चाचरी मुद्रा नैन मंझारी, दिष्ट नासिका पै ठहराव रे।
अचरज कौतुक बहु दरसावै, रिद्धि सिद्धि लखि कर ले चाव रे।
खेचरी मुद्रा रसन बढ़ावै, भंवर गुफा में जाय फिराव रे।
अमृत उतरे पीव मगन हो, जोति खुले जहाँ दर्शन पाव रे।
अगोचरी मुद्रा श्रवण बासा, शब्द सुरति की गाँठ लगाव रे।
परम हंस अनहद कूँ जानो, अनहद मिल अनहद हो जाव रे।

---

59. ग्रंथसाहिब, श्री जैतराम जी की बाणी, पृ. 36, दोहा–1

उन्मनी मुद्रा दशम द्वारे, लगे समाधि सकल बिसराब रे।
सिद्ध साधक दोऊ करनी त्यागें, रहे ना कोई दूँजा भाव रे।
पाँचों मुद्रा ये तुम पहिरो, झूठी मुद्रा खोल बगाव रे।
ज्ञान जटा सिर ऊपर राखो, मुक्ति पंथ को मन से धाव रे।
या साधन कूँ कर हित सेती, जीव ब्रह्म की दुई मिटाव रे।
रामरूप चरणदास कहते हैं, तब जोगेश्वर साँच कहाव रे।[60]

यहाँ संयम धारण करने, प्राणवायु, अपान वायु की सन्धि मिलाने, भूचरी, चाचरी, खेचरी, अगोचरी, उनमनी मुद्राओं का साधन करके सुरति शब्द की गाँठ लगाकर दशम द्वार पहुँचने की चर्चा की गई है, साथ ही उपदेश दिया गया है कि झूठी मुद्राओं का त्याग करके ज्ञान की जटा बढ़ाने से ही जीव–ब्रह्म का द्वैत भाव मिटता है। अतः यहाँ कुछ हठ यागियों की तथा नाथ योगियों की यौगिक–क्रियाओं के माध्यम से सुरति शब्द योग की चर्चा की गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये संत सुरत शब्द साधना को योग से समन्वित कर रहे हैं, जबकि दोनों में काफी अन्तर परिलक्षित होता है। हमारी दृष्टि में यौगिक–क्रियाएँ या योग 'सुरत शब्द साधना' की प्रथम सीढ़ी है।

संत गरीबदास भी सुरत शब्द साधना को योग से समन्वित करके ही देखते लगते हैं, क्योंकि जब वे सुरत निरत के अधर पंथ में पग रखने के साथ उलट खेचरी मुद्रा लगाने तथा कलश कुंभा (कुंभक प्राणायाम) की चर्चा करते हैं तो लगता है वे भी इन यौगिक क्रियाओं को 'सहज साधना' या 'सुरत शब्द साधना' में अनुस्यूत कर रहे हैं।

राग सोरठ।

म्हारे सतगुरु जुगति बताई हो।
औघट घाट चले बिन पैरों जहां काल नहीं खाई हो॥

प्रथम मूल बंध कसि दीनौ उलटी पवन चढ़ाई हो।
षष्टकवंल औंधे किये सूधे जब आगै गम पाई हो॥
इड़ा पिंगला मार्ग थाके सुखमन सहज समाई हो।
भँवर गुफा में अजब तमासा सोभा कही न जाई हो॥
कई कोट रबिसिस परकासे दीपमाल दरसाई हो।
झुक रही घटा दामिनी दमकैं अमृत झड़ी लगाई हो॥
सहस कंवल दल सेत सिंहासन तेज पुंज छवि छाई हो।
अनहद नाद झरै बहु भांती सुन्न धजा फहराई हो॥
जहां सतगुरु रामरूप बिराजैं सिद्धराम मिले जाई हो।
पाय अमरपद आनंद हूये आवागवन मिटाई हो॥ ४५॥

राग जैजैवंती।

गगन मंडल की सैल गुरु गम कीनी भाई॥
देखा अद्भुति खेला जीव सीव हुवा मेला॥
जहां नहीं राति द्यौस लखी छवि झीनीं॥
बाजै अनहद तूरा सुनैं कोई साधू पूरा॥
रागदोप नास भये ध्यान सुरति दीनी॥
इंद्री मन कैद किये बिषै भोग त्यागदिये॥
कर्म की काटी बेड़ी पैनी ज्ञान छैनी॥
जनम मरन नासो आपही में आप भासो॥
सोई रामरूप जानौं बोध बुधि भीनी॥
जीव भाव मिटा दूजा एक ब्रह्म सारै सूझा॥
सिद्धराम हूवा जब नित्य आतम चीन्हीं॥ ४६॥



लीलाओं की योगपरक व्याख्या

(चक्रों पर तीर्थों की प्रतिष्ठा)

फिर यों पाँच पाँच दिन जानों। ताड़ी लगे रहैं गलतानों ॥
छटवें दिनाँ सुरति में आवें। तब वे कछू औगरा खावें ॥
ऐसी भाँति दिनाँ दस दस ही। लै के माँहिं रहैं जो बस ही ॥
इक इक पख मास लों चढ़िया। फिर वहाँ ते आगे को बढ़िया ॥
जब समाधि पूरी बनि आई। गिनती जहाँ रही नहिं काही ॥

॥ दोहा ॥

मन मारा तन वश किया, तजे जगत के भोग।
सतगुरु राखा शीस पर, तब बनि आया योग ॥

॥ चौपाई ॥

यम अरु नियम पहिले आराधे। चौरासी आसन फिर साधे ॥
प्राणायाम किया विधि सेती। प्रत्याहार सँभाला हेती ॥
और धारना का अंग धारा। शून्य ध्यान में मन को मारा ॥
अठवीं अंग समाधि लगाई। पाप पुण्य की व्याधि मिटाई ॥
छहूँ कर्म शुद्ध करि साधा। तन में कोई रही न बाधा ॥
पाँचों मुद्रा भी सधि आई। तीनों बंध सधे सुखदाई ॥

महाबंध साधा बल जोधा। पाँचों वायु लई परमोधा ॥
प्राण जो और अपान मिलाई। सुषुमन मारग माँहिं चलाई ॥

॥ दोहा ॥

षट चक्कर को छेद करि, चढ़े गगन को धाय।
परमानंद समाधि में, दसवें रहे समाय ॥

॥ चौपाई ॥

ध्याता ध्यान ध्येय जहाँ नाहीं। सुरति लीन भई लय के माहीं ॥
जाना पड़े दिवस नहिं राता। इक रस मान षट ऋतु भाँता ॥
आपा गया आपदा नासी। एकै रहा आप अविनाशी ॥
चौबीसों भये लीन जु माहीं। जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति नाहीं ॥
जहाँ न तुरिया तत निरवाना। ज्ञान रहित वह पद विज्ञाना ॥
परले का सा समय भया है। लै धारी का सभी गया है ॥

॥ दोहा ॥

पिंडस्थ ध्यान प्रथम किये, सुरति निरति लौ लाय ।
कमल कमल को देखते, भँवर गुफा रहे छाय ॥

॥ चौपाई ॥

परम ज्योति जहाँ रूप लखाये । बंक सुधा रस पी छकि छाये ॥
ब्रह्म शब्द जहाँ अनहद बाजे । मन सों निज मन होकर राजे ॥
पाँचों इन्द्रिय भई निरोगी । पंच विषय की रही न भोगी ॥
ब्रह्म रन्ध्र तक पहुँचे जाई । अद्भुत ठौर जहाँ सुखदाई ॥
सहस्र कमल दल में जा छाये । जहाँ संतगुरु के दरशन पाये ॥
ता पर तेज पुन्ज छवि राशे । मानो सूरज कोटि प्रकाशे ॥
ता पर अमर लोक की शोभा । लखि उपजी परमानंद गोभा ॥
परम पुरुष जहाँ स्वेत सिंहासन । ताहि निरख नाशी भव वासन ॥
ऐसे चरणदास कहलाये । ध्यान माँहिं यों दरशन पाये ॥
ऐसे भक्तराज महाराजा । किये जु अपने पूरन काजा ॥

॥ दोहा ॥

भाँति भाँति साधन किये, सब ही देखन काज ।
कलियुग में दुर्लभ हुवा, सो कीना महाराज ॥
दोनों मारग देखिया, विहंगम और पिपील ।
पहुँचे तुरिया देश में, बहुत न लागी ढील ॥

योग युक्ति द्वादश बरस, कीन्हीं चाव लगाय ।
चरणदास बलवंत पर, जोगजीत बलि जाय ॥

(इति श्री योग साधन नाम चतुर्दशो विश्राम.)

चौपाई ॥

सात पहर रहैं गुफा मँझारी । एक पहर निकसैं अति बारी ॥ होतहोत पुन ऐसा होई । दो दो दिन निकसैं नहिं कोई ॥ फिर भयाआठ आठ दिन लागें । दिना नवें ताड़ी सों जागें ॥ फेर कछू गिनती नहीं रही । जब समाधि पूरी-ही भई ॥ चौदह वर्ष योग यों कीया । अपना मन जगओर न दीया ॥ पहिले आसन संयम साधे । छहों कर्म नीके आराधे ॥ नौनाड़ीसाधी दस वाई । सनइ सनइ बस में सब आई ॥ तीनों बँध साधे जो ठीके ॥ पांचौ मुद्रा साधी नीके ॥ सुरति निरति दोऊ परमोधे । फिरषट चक्करसबही सोधे ॥ ७२ ॥

दोहा ॥

सबही साधन साधिकै पायो घटको भेव ॥

मनराजाको जीतिकै संगलियो गुरुदेव ७३ ॥

चौपाई ॥

भँवर गुफा ब्रह्मरन्धर देखा । बंकनाल को लहा बसेखा ॥ सहस कँवलदल ऊपर राजै । तेज पुंज जहां अधिक बिराजै ॥ अमर लोक ताऊपर होई । कोटों मध्ये पावै सोई ॥ कुंभक आठ साध जो लीन्हा । फिर केवल कुम्भकही कीन्हा ॥ दसवें द्वार सुरति ले दीनी । देखी अचरज ठौर नवीनी ॥ अनहद शब्द जहां घन घोरै । चन्दन सूर नहीं निस भोरै ॥ निरगुन सेज महा सुखदाई । सोए महाराज लौलाई ॥ दसइन्द्री मन के वस करिया । मनको रोंक पवन में धरिया ॥ ७४ ॥

पद

[१]

मनरे निज वैरागी होना ।
राजा रंक एक करि जाणों ज्यूं कंकर ज्यूं सोना । टेक ।
तज पुर बास उदासी बिचरो मत कोई बांधो भवना ।
गिरि तरु मढ़ि मसाणां रहिये, कह कोई देवल सूना ॥ १ ॥
सीत निवारण जीरण कंथा जाके थे गल जूना ।
भूख लगै जब भिक्षा करणी करिहं कर लीया दूना ॥ २ ॥
आसा तृष्णा मेल निवारो हरि भज हिरदा धोना ।
तब दिल पाक दयानिधि पावो गावै बड बड मौना ॥ ३ ॥
तन मन जीत प्रीत सतगुरु सूं धरिहं ध्यान अखूना ।
रामजंन जन कहै वैरागी रामचरण का छौना ॥ ४ ॥

(२)

मनरे बिचरो होइ फकीरा
राम नाम निसवासर सुमरो सीस धरया गुरु पीरा । टेक ।
ह्याळ बिचारि डारी भव भार। मेटि जगत की भीरा ।
होय इकंत अकेला रहिये लहिये इम्रत सीरा ॥ १ ॥
नांहि पिछानि पडै ता तन की कहै कोइ कौन कंगीरा ।
गळ में फाटी कंथा पहर्‌यां जाकै लटके लीरा ॥ २ ॥
कोइ आदर तस्कार करत है आप रहै मन धीरा ।
भिक्षा काज नगर मधि फिरना जरना गहर गंभीरा ॥ ३ ॥
अलिपत सदा पवन ज्यूं गंधी यूं नहीं लिपै सरीरा ।
आतम ग्यान बिचारै जोगी नांहि जगतसूं नीरा ॥४॥
सबसूं एक दृष्टि करि बरतो कहा कंगाल अमीरा ।
रामजंन मन आनंद पाया हाथ चढ़्या हरि हीरा ॥ ५ ॥

आरती

आरती तेरी अन्तर जामी पूरण ब्रह्म राम घण नामी ॥ १ ॥
कारण सबको करुणा सागर ध्यावै ताहि मिटै दुख आगर ॥ २ ॥

तुलछी झूठो एक होय जहां नफो कुछ नांहि ।
परथम साचा साध होय सब लच्छ ताके मांय ।।

आरती

ऐसी आरती करो कोई ग्यानी, भरम तजो गहो सारंग पानी ।टेक।
प्रथम आरती रसना लीजै, राम राम रट इम्रत पीजे ।।१।।
दूसरी आरती हिरदै करिये, ध्यान अखंडित नहचल धरिये ।।२।।
तीसरी आरती नाभि उतारो, रूंम ही रूंम होत झुँणकारो ।।३।।
चौथी आरती गिगन चढ़ावो, परस त्रिकुटी निज घर जावो ।।४।।
परम ज्योति जहां अनहद तूरा, मानूं अनन्तक ऊग्या सूरा ।।५।।
सतगुरु जी सूं इण बिध पाई. तुलछीदास यह आरती गाई ।।६।।

श्री नवलरामजी की अणभै वाणी

साखी—गुरुदेव को अंग

अनंत कोटि जन सिर तपै, रामचरण उर मांहि ।
आन भरोसो आन बल, नवलराम कै नांहि ।।
काम निवारण कीजीये, लीजै नाम निधान ।
नवला नवला नेह करि, परम गुरू को ध्यान ।।
परम गुरु परमातमां, प्रगटै रामचरण्ण ।
नवल नैन मन जोरि कर, रहिये सदा सरण्ण ।।
सतगुरु कै सरणै सदा, राम नाम का ध्यान ।
नवल महर संता तणी, वेगि उदय होय ग्यान ।।
ग्यान उदय होय पलक में, खलक खपन्ता जान ।
नवला सतगुरु धार सिर, जगसूं उलटी तान ।।
सास उसासां सुमरिये, अन्तर में इकसार ।
नवल सदा सरणै रहो, गुरु उतारै पार ।।
नवल करै या जीवकूं, सतगुरु सीव समान ।
पीव मिलावै पलक में, खलक दिसा सूं तान ।।

06:15 Vo)) LTE1

राम राम रसना रट्या, मन में अधिक हुलास ।
कंठ हिरदा मधि होइ के, किया नाभि में बास ॥
नाभि कंवल सूं लांघिकर पिच्छम किया प्रकास ।
दसवें द्वारे मुक्तराम, जहां निरंजण बास ॥
ब्रह्म पद मिले मुक्तराम, सो बहुरिन जनमे आय ।
जैसे धूवां गिगन में, गिगन रूप होई जाय ॥
राम पीव जहां परसिया, सरया मनोरथ काम ।
मुक्तराम पिव सेज पर, सुष लूंटे अठ जाम ॥
पिव परस्या आनन्द भया, सरया मनोरथ काम ।
सून्य सिखर का महल में, सुरति सबद सुख धाम ॥
सुरति गिगन का महल में, वर परस्या केवल राम ।
काम कलपना बुझि गई, सरया मनोरथ काम ॥
सुरति सुन्दरि मुक्तराम, राम सबद भरतार ।
गिगंन महल विच जाइकै, निज सुख लूंट्या सार ॥
पास निरंजन राम कै, जहां अखंडत जोत ।
मुक्तराम वा देस में, नहीं पाप पुन्य की छोत ॥
एक निरंजन रम रह्या, ऐसा अगम अगाध ।
मुक्तराम वा देस में, नहीं कोई बाद विवाद ॥
आंथै ऊगै सो नहीं, नहीं बादल छिप जाय ।
जन मुक्तराम वा ज्योति को, नास कदे नहीं थाय ॥
अंमरापुर पद पहुंचिया, सुमरण लागा सोय ।
जन मुक्तराम संसार में, जनम धरै नहीं कोय ॥

सुरति सबद दोऊं मुक्तराम, हिल मिल खेले नित्त ।
जन्म मरण का दुःख मिट्या, कट्या चौरासी चत्त ॥
सुरति भँवर उलटाय कै, चली पिछम कूं आय ।
त्रिकुटी छाजै बैठकर, दसवें द्वारे थाय ॥
सील सिंगार तन ऊपरै, सुरति कन्या यह जान ।
चित्त चंवरी तन मन दिया, पति पायो भगवान ॥
राम बीन्द संग कर जुड़यो, फेरा सास उसास ।
मुक्ता वर प्रापति भयो, बैठी पिव के पास ॥
गुरु बाप दियो दायजो, सम दम साच संतोष ।
मुक्ता बैठी पीव संग, निस दिन करिहं जोष ॥
पीहर जाती दौडि जब, पिव सुख पायो नांहि ।
पिव सुख पायो मुक्तराम, अब नहीं पीहर कूं जांहि ॥
पीहर सोही मुक्तराम, लख चौरासी जूंण ।
सुरति रही अब सासरै, मिट गई आवागूंण ॥
पीहर तणूं मिट गयो, अब आवण जांण ।
मुक्तराम वर पाइयो, बर पाया भगवान ॥

सुरत पहूंती संतदास, चौथा घर कूं जाय ।
अब तो निरभै होइ कर, रही राम ल्यौलाय ॥
सन्त सुरत की जीभ सूं, राम ही राम कहंत ।
बंक नाळ का सन्तदास, इम्रत रस पीवंत ॥
सुरति शब्द दोउ रमत है, त्रिकुटी के छाजे ।
सन्तदास अनहद का, जहां बाजा बाजे ॥
द्वारे दसवें सन्तदास, रहे निरंजण राय ।
सतगुरु का इक शब्द सूं, कीधा दरसण जाय ॥
सुरति चली असमान कूं, मिली शब्द सूं जाय ।
खुली सुषमणां सन्तदास, ता बिच रही समाय ॥
लंघकर तीन मुकाम कूं, चौथे पहुँता जाय ।
सन्तदास वा सन्त कूं, काळ कहां होइ खाय ॥
सुरति निरंजण सूं मिली, रही निरंजण होहि ।
आवागमन का सन्तदास, मिटिया धोखा मोहि ॥
सुरति पकड़ रही शब्द कूं, शब्द सुरति हि मांहि ।
अरस परस भया संतदास, अब कुछ अन्तर नांहि ॥
राम नाम सूं संतदास, उड गया भरम अनेक ।
नवलख तारा छुप गया, ऊगा सूरज एक ॥
पवन नहीं पाणी नहीं, नहीं धरण आकाश ।
संतदास उस देस में, पूरण ब्रह्म प्रकाश ॥
सुरत छांडि तिहुं लोक कूं, ब्रह्म लोक रही जाय ।
जहां अंजण नांहीं संतदास, रहत निरंजण राय ॥

हाड चाम दीसै नहीं, सुपम जोत की देह ।
संतदास उस राम सूं, सुरति मिली कर नेह ॥
प्रम पुरी बिच संतदास, सुरति रही घर छाय ।
जहां राम का राज है, जम का जोर न थाय ॥
मिलना था सो मिल रह्या, सुरति शब्द को जोग ।
संतदास इस देह का, नहीं हरप नहीं सोग ॥
सुरति उलट कर संतदास, शुन बिच गई समाय ।
जाय पहुँची उस धाम कूं, जहां जन विरला जाय ॥
सुरति राधिका संतदास, शब्द गुरु का कान ।
शून्य मंडल बिच रहत है, देख भये हैरान ॥
पहुंता पहुंता एक मत, अण पहुंता मत और ।
अरहंट की घड़ संतदास, पडसी एकै ठौर ॥
धुर पहुंच्या फकरां तणी, शब्दां पारख होय ।
अगल बगल की संतदास, परख रखो मत कोय ॥

तृतीय ध्यान निज नाम हिरदै गयो भया जहाँ चांदणा तिमर न्हास्या ।
चतुर्थ ही ध्यान उर नाभि मधि जाइके अष्ट ही कंवळ मन भंवर परस्या ॥
भँवर जहाँ मन्न मस्ताक अति होयके पिछम के घाट होई गिगन वैठा ।
गिगन के गोप अरु जोप मोजां करै सुरति मन भँवर होई सेव सैठा ॥
सुरति सवद मन भँवर होई परसिया दरसिया सुक्ख मिलि सीव सागो ।
मुक्त ही राम नह काम होई सुरति संग राम वर परस के दुःख भागो ॥
गंग जहां जमन अरु सुरसती मेल होई खोई है कर्म तन मन्न केरा ।
त्रिवेणी न्हाइ के मन निरमल भया गया अब ब्रह्म घर किया डेरा ॥
गिगन का गोप पर जोप मोजां करै धरै जहां ध्यान नहीं तार टूटै ।
मुक्त ही राम नर काम मिलि ब्रह्म स्यूं सुख आनन्द नित सुरति लूटै ॥

सवैया

(१)

नूर लह्यो परमातम को जब आतम ब्रह्म सबै दरसाया ।
सूक्ष्म स्थूल सबै सचराचर व्यापक नूर निरञ्जण राया ॥
ज्यूं रवि ज्योत प्रकाशक कुंभ में है घट मांहि ज्यूं दूरि रहाया ।
दास मुकत्त कहे इम टेर के ब्रह्म को रूप अरूप समाया ॥

(२)

राम निरंजन आप विराजत बाजत कोट अनंत जु बाजा ।
कोट अनंत जहां सूर तपै जहां क्रोड तेतीस सिरे सिरजाता ॥
कोटि अनंत जहां सन्त विराजत साधत ध्यान सदा सुख साजा ।
दास मुकत्त मुकत्ति कूं पावत ध्यावत राम सरै सब काजा ॥

सवैया विरह

चंद की चाह चकोर करै पुनि दीपक ज्योति चहे जु पतंगा ।
चात्रग मोर चहे घनघोर कुं स्वाति की बूंद कुं सीप चहे जुं उतंगा ॥
प्रीतम होय ज्यों परदेस पधारत नारी को सुक्ख कबहु होय अंगा ।
मुक्त ही राम विलाप करै नित आप विना नहीं लागत रंगा ॥

हाड चाम दीसै नहीं, सुषम जोत की देह ।
संतदास उस राम सूं, सुरति मिली कर नेह ॥
प्रम पुरी बिच संतदास, सुरति रही घर छाय ।
जहां राम का राज है, जम का जोर न थाय ॥
मिलना था सो मिल रह्या, सुरति शब्द को जोग ।
संतदास इस देह का, नहीं हरष नहीं सोग ॥
सुरति उलट कर संतदास, शुन विच गई समाय ।
जाय पहुँची उस धाम कूं, जहां जन विरला जाय ॥
सुरति राधिका संतदास, शब्द गुरु का कान ।
शून्य मंडल विच रहत है, देख भये हैरान ॥
पहुंता पहुंता एक मत, अण पहुंता मत और ।
अरहंट की घड़ संतदास, पडसी एकै ठौर ॥
धुर पहुंच्या फकरां तणी, शब्दां पारख होय ।
अगल वगल की संतदास, परख रखो मत कोय ॥

रेखता

पगडंडी भर्म की सबै ही दूर कर शब्द की राह सतगुरु लगाया ।
तीन विसराम लंघ पछिम की दिशा हो पिंड का जाय ब्रह्मंड पाया ॥
सुरति जहां संचरै ध्यान अजपा धरै बजे अनहद घनघोर वाजा ।
असंख शशि शूर की कला ले विराजे जहां एक निरंजन राम राजा ॥
गंग जहां मुक्ति की चलत हैं सुषमना ब्रह्म का जहां अस्नान होई ।
कहत संतदास उस पद निरवांण कूं उलट कर पहुँचिया सन्त कोई ॥
अगम ही पन्थ है एक निज शब्द का सो ही कर महर सतगुरु बताया ।
अगम की चौकियां तीन विसराम कर अगम के उलट आकाश आया ॥
अगम अनहद वाजा जहां वजत हैं अगम ही ज्योति का दरस पाया ।
अगम ही गंग जहां चलत है सुषमना ब्रह्म जाय अगम के घाट न्हाया ॥
संत कोई ध्यान धर अगम कूं पहूंच कर देख कर अगम की खबर लावे ।
कहत संतदास कोई अगम का महरमी अगम का शब्द कूं सोहीज पावे ॥

[१]

रसना लिव्वसैं शब्द तब सरकिया कंठ कै ध्यान विश्वास पाया ।
इंगला पिंगला चलत दोउ एक रस कंठ हिरदा बिचै ध्वनी लाया ।।
शब्द परकाश हिरदै भया परम सुख प्रेम का चांदणा तिमिर भागा ।
बिरह की तपि शीतल भई पिवरूपी रोम ही रोम झड़ अधिक लागा ।
नाभि ही कमल जाइ शब्द फिर उलटिया मेरु कै दंड होइ गगनं आया ।
पर्शि कै त्रिकुटी न्हाय तिरवेणि तट गगन का गोख परि जाय छाया ।।
तीन ही लोक सैं अलध सुख देखिया सुरति अरु शब्द मिल करत केळा ।
राम ही चरण अब होय न्यारा नही अष्ट ही जाम नित रहत भेळा ।।

[२]

घोर अनहद की गगन गिरणाईया होत बहु सौर नहि कहत आवै ।
झालरी बीण मरदंग सहनाईयां बांसुरी ताल झुंणकार लावै ।।

भेरि रणसिंग करनाल वंक्या बजै चंग अरु उपंग गति करत न्यारी ।
एक इक नाद मैं राग नाना उठै मधुर स्वर मधुर स्वर चलत भारी ।।
मंजरी मान धधकार धोलक करै गिड़गिड़ी राय मोहोचंग बाजै ।
रुणझुंणूं रुणझुंणूं नृत्य ज्यूं घूघरू घंटा टंकोर ध्वनि अधिक गाजै ।।
रच्यो कोतूल अति काया अस्थूल में सुखमना नीर फुंव्वार बर्शै ।
परम ही ज्योति का चांदणा चहुं दिशा पुरुष भरपूर नहिं आन दर्शै ।।
पुरुष रक्कार जहां सुरति मिलि सुंदरी सुन्य से महल बिश्राम कीया ।
पूर्णानंद कूं पर्शि निर्भय भई पीव की सेझ सुख लूटि लीया ।।
अंग सूं अंग मिल संग छांडै नही सुणत जहां राग मस्ताक होई ।
राम ही चरण वै देश की सैंन कू. महरमी संत बिन लखै न कोई ।।

राम संतां का अंत न आवै, आप आपकी बुधि सम गावै ॥
राम प्रताप सुनो अब एसो, भजतां भयो कहूँ सो तेसो ।
राम रटत गुप्ता रस चाखै, संत शब्दां में प्रगट भाखै ॥
प्रथम राम रसना सूं गावै, मन कूं पकड़ि एक ग्रर लावै ।
राखे सुरति शब्द ही माहीं, शब्द छांडि कहुं अन्त न जांहीं ॥
तब रसना शिर छूटै धारा, चलै अखंड नहिं खंडै लगारा ।
जल पीवन की श्रद्धा नांही, मति यो अमृत दूरि होइ जांहीं ॥
रस पीवत छुधा सब भागी, कंठां शब्द टगटगी लागी ।
नाडि नाडि में चलै गिलगिली, सुख धारा अति बहै सिलसिली ॥
मुख सूं कछु न उचरे बैना, लग्या कपाट खुलै नहीं नैना ।
श्रवणां चर्चा सुणैं न कोई, कंठ ध्यान यह लच्छण होई ॥
कंठ के ध्यान कँमकँमी जागै, रोम रोम सीतंग सो लागै ।
हियो गद्गदे श्वास न आवै, नैणा नीर प्रवाह चलावै ॥
एक दिवस इक भया तमासा, कण्ठ हृदा बिच उठ्यो हुलासा ।
ज्यूं पाळ की डोर न छूटी, हिरदे सीर सुखम रस ऊठी ॥
शब्द ब्रह्म हिरदै किया वासा, ज्यूं रैण अंधेरी चंद प्रकाशा ।
भर्म कर्म सांशो गयो भागी, हिरदै ध्वनी अखंड लिव लागी ॥

कहा कहूं या सुख की महिमा, और सुख सब दीशे पलमा ।
हिरदै ध्यान ध्वनी जब होई, दूजो साधन रहै न कोई ॥
हिरदा सूं लै धरणी गई, नाभि कमल में चेतन भई ।
शब्द गुंजार नाड़ि सब जागे, रोम रोम में होइ रही रागे ॥
नौसे नारी मंगल गावे, तहां मन भँवरा अति सुख पावे ।
शीतल भई सबै ही काया, शब्द ब्रह्मरस अमृत पाया ॥
अब तो शब्द गगन कूं चढ़िया, पछिम घाटि होईकै अनुसरिया ।
घाटी बीस मेरु की छेकी, इक बीसै गढ़ गया विशेखी ॥
पहली बैठा त्रिकुटी छाजे, जाके ऊपर अनहद बाजे ।
त्रिवेणी तट ब्रह्म न्हवाया, निर्मल होय आगे कूं ध्याया ॥

इंगला पिंगला सुखुमणा, मिले त्रिवेणी घाट ।
जहां झाके जल झूलिके, निर्मल होय निराट ॥
अब त्रिवेणी न्हाइकै, कीया गगन प्रवेश ।
तीन लोक सूं अलध सुख, यो कोई चौथा देश ॥

अब चौथे घर पहुँता जाई, जहाँ का चहन मैं कहूं सुणाई ।
घरर घरर अनहद घररावे, परम ज्योति दामणि झलकावे ॥
सुषुमण नीर लूंब झड़िलाई, भीजत सुरति गर्क होइ जाई ।
अर्ध ऊर्ध जहां कमल प्रकासा, सुरति भँवर होइ करत बिलासा ॥
घुरै अखण्ड अनाहद बाजा, प्राण पुरुष जहां तख्त बिराजा ।
झिलिमिलि झिलिमिलि नूर प्रकासै, अनंत कोटि रवि प्रकट्या भास ॥
या तो बात अतौल है भाई, मुख सूं कह्यां तोल ह्वै जाई ।
पवन कहो कैसे गह हाथा, कैसे भरै गगन की बाथा ॥
रूप वर्ण कैसो तड़काको, ऐसो कहा बखानों जाको ।
हाक वाक रहे कहत न आवै, पहुंच्या होइ सोही भल पावै ॥
अनहद गरजै नभ झरै, दामिनी ज्योति उजास ।
रामचरण सनि सायराँ, हंसा करत निवास ॥

२१

ऐसा! मेरा सतगुरू आय जगाया।
मैं नहीं उसमें वोथा मुझमें, गुरू किरपा से पाया।।टेर।।
दया—धर्म—सत—शील शब्द है, वहां गुरू वास बसाया।
अर्ध—उर्ध बिच भेद जो लीना, सुन में राग—समाया।।१।।
पांच—तीन तहां पंछी रहता, तन—मन अन्दर थाया।
गुपती—गोता लह उस मांही, सारा भ्रम मिटाया।।२।।
ओहृम—सोहृम वहां में रहता, नहीं भूला विसराया।
सतगुरू दयाल किरपा के सागर, दीनी राह बताया।।३।।
पांच मुद्रा वो थी मुझमें, बिन द्वन्दकार रहाया।
सतगुरू ब्रिह जगी बिन अग्नि, पांचो युगति लखाया।।४।।
अब मैं कैसे ! उरण गुरु से, सब अवसाण बताया।
'नवल' रहत गुरु किरता मांही, तन मन भेंट चढाया।।५।।

।। इति श्री ।।

ऐसा माने सतगुरू कह समझाया।
जागी सुरत महर सतगुरू की, जब प्रीतम दरशाया।।टेर।।
सतगुरु सेन दया कर दीनी, मन का महरम बताया।
यो देश दिवाना जी पहुँचे कोई सन्त जना।
यहाँ अनहद बाजै जी चल रही सुखमना।
बरखे अमिरत बरखा जी पाया आनन्द घना।
होवै शब्द अखंडित जी बज रह्या रंग बिना।
झिलमिल ज्योति चमकती जी दरसा तारागणा।
'ईश्वरदास' सुख माने जी गुरु के मैं धन्यधना।

तुम जानत नाहीं रे कहाँ फिर जाओगे।
नाभि कमल से उठके तुम गगन घर पाओगे।
वहाँ अनहद बाजै जी अमर फल खाओगे।
चालैं सुखमन नदिया जी जहाँ मल मल न्हाओगे।
बाजै शब्द सोहगम जी सुन सुन विगसाओगे।
झिलमिल ज्योति चमकती जी सुन्न महल बसाओगे।
'ईश्वरदास' घर जाकर के तुम बहुड नहीं आओगे।

मेरा डेरा कोई नहीं मेरा डेरा एक।
उस डेरे में रम रहे हरदम उसकी टेक।
करना सो तो कर लिया अब करने का नाहि।
'ईश्वरदास' आनन्द पद पाया इस घर ही माँहि।

थोडा मिलना सुख घना मन मे रहै हुलास।
बहुत मेल मिलाप से होय प्रीत का नास।
होय प्रीत का नास बैर फिर होवै पैदा।
मुख देखन से जाइ पडे आपस मे वैदा।
कहैं 'ईश्वरदास' किसी से करै न जोडा।
असत फकीर की रीति मिलै इस जग से थोडा।

06:44
sufinama.org/shabad/sant-
तलाश कीजिए

साधो अवगत अलेख गाया काया नगर में पाया

घीसा साहेब

साधो अवगत अलेख गाया काया नगर में पाया

शील कमान समझ का तरकश सत्य का तीर चढ़ाया
निर्भय नाम का लगा मोरचा मन का भरम उड़ाया

पाँच पचीसों नगर बसाया मन राजा समझाया
तेरे शहर में पाँच चोरटे सतगुरु भेद लखाया

ऊँचो नीचो सेरी बाके रूप-रेख नहिं काया
इँगला पिंगला देख तमाशा सुसमन आन समाया

निर्भय होय अभय पद चीन्हा नाथ निरंजन गाया
'घीसा' सन्त पै कृपा हो रही सहजै सहज समाया

अगला शबद
देखो मेरे वाचा सन्त करें बादशाही
घीसा साहेब

ब्रह्म रूप अति झीना, रे मानवा ।

स्वामी आत्मप्रकाश

ब्रह्म रूप अति झीना, रे मानवा ।
स्वाँस स्वाँसा सुरत समोवो बजे सोह की वीणा ।
त्रिकुटी कमल का आसन लगाये, सो योगी परवीणा ।
उन्मुन तारी लगे शिखर मे आतम रस तिन पीना ।
चिन्मय ज्योनि रूप-रग बिन निज ही मे लख लीना ।
स्वामी बलजीत मे पद पाया सफल तिनों का जीना ।

Subscribe to Sufinama Newsletter to get all the latest updates

होरी खेल पिया सँग प्यारी

घीसा साहेब

होरी खेल पिया सँग प्यारी
तू तो सब रंग ले रही न्यारी

पाँच पचीसों होली खेलत हैं नगर धूम भई भारी
प्रेम रंग का पड़त फुवारा रोम रोम रँग डारी

इडा पिंगला देख तमाशा अर्घ उर्घ भई त्यारी
सुन्न महल में बाजे बाजें अवगत की गति न्यारी

त्रिकुटी महल में ध्यान धरत है दर्शा पुरुष अपारी
सुरत सिन्धु पर होरी हो रही लिख रहा फूल हजारी

सभी सुहागन मिल होरी खेलें जीवन की मतवारी
'घीसा' सन्त खेल रहे होरी कुंज गली निज न्यारी

गुरु मत्स्येन्द्रनाथ की वन्दना

श्रीगुरुं परमानन्दं वन्दे स्वानन्दविग्रहम्।
यस्य सान्निध्यमात्रेण चिदानन्दायतेतनुः॥

मैं अपने गुरु (मत्स्येन्द्रनाथ) की वन्दना करता हूँ जो साक्षात् परमानन्द हैं, जो सच्चिदानन्दरूप-आनन्दविग्रह अथवा मूर्तिमान् आनन्द हैं, जिनके सान्निध्य मात्र से ही यह शरीर चिदानन्द, चिन्मय और परमानन्द हो जाता है।

अन्तर्निश्चालितात्मदीपकलिकास्वाधारबन्धादिभि-
र्यो योगी युगकल्पकालकलनातत्व च जेगीयते।
ज्ञानामोदमहोदधिः समभवद्यत्रादिनाथ स्वयं
व्यक्ताव्यक्तगुणाधिकं तमनिशं श्रीमीननाथं भजे॥

जिन्होंने मूलाधार बन्ध, उड्डियानबन्ध, जालन्धरबन्ध, आदि योगाभ्यास द्वारा हृदय-कमल में निश्चल दीप की ज्योति-सरीखी परमात्मा की कला का साक्षात्कार करके युगकल्प आदि के रूप में चक्कर काटने वाले काल के रहस्यों को तथा समस्त तत्त्वों को (योगाभ्यास से) जय (अपने वश में) कर लिया है और स्वयं ज्ञान और आनन्द के महासमुद्र आदिनाथ के स्वरूप हो गये हैं, उन मीननाथ (गुरु मत्स्येन्द्रनाथ) को मैं प्रणाम करता हूँ।

तमस्कृत्य गुरुं भक्त्या गोरक्षो ज्ञानमुत्तमम्।
अभीष्ट योगिनां ब्रूते परमानन्दकारकम्॥

गोरखनाथ गुरु को भक्तिपूर्वक नमस्कार कर योगियों के अभीष्ट (रिद्धिदायक) उत्तम ज्ञान का वर्णन करते हैं, जो परम आनन्द प्रदान करने वाला है।

(विवेकमार्तण्ड-१,२,३)

■

ही जाता है ।

धारणा पञ्चनाडीभिर्ध्यानं षष्टिकनाडिकम् ।
दिनद्वादशकेन स्यात्समाधिः प्राणसंयमात् ॥ १ ॥

(गोरक्षपद्धति)

निर्गुणो ध्यानसम्पन्नः समाधिं च ततोऽभ्यसेत् ।
दिनद्वादशकेनैव समाधिं समवाप्नुयात् ॥ १ ॥

(मार्कण्डेयपुराण)

षट् श्वासा की एक पल, इसा सास सो खाय ।
छठे महीने खेतसी, सुरति मेरु चढ जाय ॥ १ ॥

(खेतसीयोगीराज)

ऐसी दशा प्राप्त होनेका मुख्य साधन योग है । इस विषयके सम्बन्धमें पहिले बहुत कुछ लिखा जा चुका है उससे जो कुछ अवशिष्ट रह गया है उसीका दिग्दर्शन संक्षेपसे यहाँ कराया जाता है ।

योगका सब खेल यथावत् मन और वायुके ऐक्य होनेसे ही सिद्ध होता है । क्योंकि जब इनकी एकता होगी तब चित्त एकाग्र होकर जिस काममें लगेगा वह कार्य अवश्य ही सफल होगा । भगवान् पतञ्जलिने भी योगदर्शनमें लिखा है—

१ योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः ।
२ युज्यतेऽसौ योगः ।
चित्तकी वृत्तिके निरोधको योग कहते हैं । १ ।
जो युक्त किया जाय उसको योग कहते हैं । २ ।

श्री १०८ ईश्वर मठ
पुस्तकालय
मुमुक्षु भवन अस्सी काशी

योग दो प्रकारका होता है—
एक हठयोग और दूसरा राजयोग ।

हठयोगमें आसनाभ्यासकी तथा आग्रहयुक्त और हठयुक्त नियमोंकी प्रधानता होती है ।

राजयोगमें ध्यान-धारणाद्वारा मनःसामर्थ्य बढ़ानेका महत्त्व विशेष है तथा आत्मशक्तिका अनुभव लेना मुख्यतया होता है । इन दोनोंमेंसे राजयोगकी प्रशंसा अधिक की है । राजयोगको ही सहजयोग, सहजावस्था और समाधि कहते हैं । सर्व हठयोगके उपाय राजयोगकी सिद्धिके लिये ही किये जाते हैं । जब राजयोग सिद्ध हो जाता है तो पुरुष मृत्युको भी जीत लेनेवाला हो जाता है ।

सर्वे हठलयोपाया राजयोगस्य सिद्धये ।
राजयोगसमारूढः पुरुषः कालवञ्चकः ॥ १ ॥

अतएव राजयोग ही योगोंमें प्रधान माना गया है ।

योगके अष्टाङ्ग

१ यम, २ नियम, ३ आसन, ४ प्राणायाम, ५ प्रत्याहार, ६ धारणा, ७ ध्यान, ८ समाधि ।

यम—१ अहिंसा, २ सत्य, ३ अस्तेय, ४ ब्रह्मचर्य, ५ अपरिग्रह ।
नियम—१ शौच, २ संतोष, ३ तप, ४ स्वाध्याय, ५ ईश्वरप्रणिधान ।

चौरासी कही हैं । ते सब देह की कसरत माफिक हैं । एक आसन मूलबंध मुखि है । सु मूल द्वार सौं एड़ी लगाइ बैठे । तरे कौ पवन न कढ़न पावे । तब तरे को पवन और ऊपर को एक होय ऊपर ही चलै, बीच की गांठि फूटि जाय अरु पवन पेट में जैसौ फेरें तैसौ फिरें । अरु जो जम नेम अन्न पानी के साधें बिना मूलबंध करै तौ पेट फूलि जाय, पीर होय । तातें मूलबंध नेम साधि कें करै । तब प्रत्याहार करै । अपनी नाक पर नजर राखै । इतें उतै नजर चलै तौ फिर नाक ही पै राखै चालीस दिन लौं । आँखें बहैं, पीर बहुत होय, क्रिया न छांड़ै । तब आंखिनि के आगें जुगुनू सी चमकत देखै । कछू दिननि में उजियारौ सौ होय । अंधियारे भौहरें गुफा में सब कछू सूझे । यह प्रत्याहार की रीति कही । अरु प्रानायाम कौ साधन ऐसौ कहत हैं । पहिलें दाहिने नकुवा हो पवन खैंचै तासौं पूरक कहत हैं । पुनि दोउ नकुवा मूंदि पवन रोकै, जौलौं सधै । तासौं कुंभक कहत हैं । फिर डेरे नकुवा तें बाहिर सांस चलावे । तासौं रेचक कहत हैं । ऐसेई फिर डेरे नकुवा तें पूरक करै । ऐसेई उलट फेरि करिबौ करै । इनके तीन अच्छिर हैं । तिनकी गिनती सौं प्रानायाम साधै । पूरक में यं यं यं यह कहै । कुंभक में रं रं रं यह कहै । रेचक में बं बं बं यह कहै । ये प्रानायाम के तीन बीज अच्छिर

हैं । सो इनकौ सुमिरन बढ़ावै । जब हजार बार लौं रं रं रं यह कहैं, तौलौं पवन रुकै, तब प्रानायाम सिद्ध होय । पुनि धारना कही । बीच में कैऊ बिघन होत हैं, कै कछू कुजरब तें पेट पीर होय, तौ धारना न छांड़ै । कै संसार मैं मानता होइ, नीकौ खैबे पहिरबे में मन आवे । कै बचन सिद्धि होइ, काहू सराप देय, काहू आसीरबाद देय, सो होय, कै काहू अस्त्री सौं मन लगै, मनसा सिद्धि की बांधी चली आवैं, वासौं आसक्त हो रहै । ऐसे ऐसे भले बुरे कैऊ बिघन आन होत हैं । तिनमें भूलै नहीं । वाही साधन सौं रहै, तासौं धारना कहत हैं । ऐसी धारना सौं रहै । अरु अजपा कौ सुमिरन करै । जब सांस भीतरी आवै तब 'सो' यह अच्छिर कहै, अरु बाहिर सांस आवै तब 'हं' यह अच्छिर कहै । ये दोई अच्छिर सांस ही सौं सोऽहं सोऽहं कहिबौ करै, जीभ सौं न जपै तातें अजपा कहाउत है । या अजपा को धारना करै । अरु छहू कमलनि में छहू देवतनि को ध्यान करै । पहिलैं मूल कमल है ताके चारि दल हैं तामैं गनेस जू को ध्यान करै । दूसरौ मनिपूर कमल है ताके छह दल हैं । पेसाब की जांगा जल में है तामें ब्रह्मा जू कौ ध्यान करै । तीसरौ नाभि कमल है टुड़ी के बीच, ताके आठ दल हैं तामें नारायन को ध्यान करै । चौथौ हृदय कमल है हिरदै में । ताके दस दल हैं । तामें आतमा जू को ध्यान करै । पाँचओ अग्या कमल है कंठ में, ताके सोरह दल हैं, तामें सरस्वतीजू को ध्यान करै । छटओं नेत्र कमल है, दोई नेत्र वा कमल के दल हैं, सु दुहूं नेत्रनि के बीच भौंहनि के मद्धि, सिव मूरति जोति लिंग को ध्यान करै । इन छहू कमलनि के ऊपर माथे में महापदम है, तामें जोगमाया भवानीजू को ध्यान करै । तब फिर मूल कमल तें याही भांति ध्यान कीबौ करै । एकांत बैठौ रहै । दूसरौ मानुष ढिग न रहै । पुनि समाधि करै, पवन माथें चढ़ावै । नाक कान मुख आंखें

उत्तर :—श्वास प्रश्वास की स्वतः गति को योग के नियमानुसार गति में बदलने का नाम स्वर योग है। योगाभ्यासी साधकों का श्वास दिन में बायाँ स्वर तथा रात्रि में दाहिना स्वर चलना चाहिए। इससे दिन के ताप का तथा रात्रि के शीत (ठंढ) का कोई असर उस साधक के शरीर पर नहीं पड़ता। जिसके लिए वेद शास्त्र एवं योगियों का ऐसा आदेश है कि "जो सूर्य स्वर में चन्द्र स्वर को तथा चन्द्र में सूर्य स्वर को प्रवेश करता है" वह साधक योगी प्राण वायु को जीत लेता है और कुछ ही दिनों में त्रिकालदर्शी हो जाता है।

बायाँ स्वर शीतल स्वर है इसमें गंगा की धार बहती है, यह चन्द्र स्वर है। दाहिना स्वर गर्म स्वर है इसमें यमुना का प्रवाह बहता है, यह सूर्य स्वर है। इस दोनों स्वरों के बीच में एक सुषुम्णा है जिसमें सरस्वती की धार बहती है जिसमें अति उत्तम ध्यान लगता है। इन तीनों स्वरों का मेल आज्ञाचक्र (भृकुटी) में है इसके सम्बन्ध में स्वामी जी का पद है कि—

पद :—ईगला पिंगला सुषुम्णा में बहता है त्रिवेणी का चक्कर।
गहरा श्वास दबा कर मारो कुण्डलिनी पर टक्कर ॥
जनम-जनम की सोई शक्ति अपनी निन्द तजेगी।
प्राणी मात्र के अंतस्तल से अनुपम ज्योति जगेगी ॥

दूसरापद:-ईगला पिंगला सुषुम्णा में, बहता है त्रिवेणीका संगम।
कर स्नान पान तन मन से, तो छुट जाय भव जंगम ॥
ईगला पिंगला सुषुम्णा में सोऽहं सोऽहं ध्वनि अहर्निश होती।
इस युक्ति को जो जन समझे वही श्रेष्ठ योगी है ॥
इसको भूला फिरे मूढ़ जो वही विषय भोगी है।
इस युक्ति को जान मनुष्य योग युक्त हो जाता।
कैवल्य देह हंस का पाकर भव भ्रम से छुट जाता ॥

संत श्री ज्ञानस्वरूप जी महाराज

जन्म: 1895 ई० गुरु: मोजीराम जी महाराज निर्वाण: 1990 ई०
स्थल: पीपाड़ आश्रम जोधपुर सम्प्रदाय: रामसनेही सम्प्रदाय
पुस्तक: श्री ज्ञान भजन प्रभाकर (1938 ई० प्रकाशन)

(1) करबन्ध मूल उड़ियान जलंधर आसण अचल जमावे
खेचरी भूचरी चाचरि उनमनि अगोचर उलटावे
पाँच पचीस पकड़ बस करले सुरत शब्द घर लावे
त्रिवेनी के अगम महल चढ़ दरश देव का पावे
(2) मन पवना उलटाय अपूठा, सुरत शब्द त्रिवेनी चढ़े
(3) श्रावन साधे सुखमणा, पीव बसे परदेश
आसौज आसण बाँध के, नागी नागन जीत
बंकनाल होय चढ़ गया, छेद मेरु की भीत
(4) मूल कमल से पवन चढ़ावे, प्राण-अपान समान मिलावे
चढ़ मेरु की भीत ढ़हावे, त्रिवेनी का निरख तारा
(5) प्यारी ये मन पवना को घेर पिछम घाटी चढ़ो
प्यारी ये मेरुकोट को छेद ध्यान त्रिवेनी धरो
(6) इड़ा पिंगला सेज सिंवारे, सुषमन सुरता हरष भरी
(7) सुरत शब्द का बेला बांधे, इड़ा पिंगला सुखमन साधे
सत सोहं का ध्यान सदा उर धारना रे
(8) मेरु दल छेद त्रिवेनी होके, सुन्न सिखर मन पवना रोके
(9) खींचा पवन मूल कस करके नाभ मंडल गरनाया
नागन जाग भई उलटे मुख सूर चक्र दरसाया
शब्द टकर दे पेठ सुखमण घर बंकनाल थरराया
मेरु दल छेद गमन कर जगना त्रिवेनी तट न्हाया
(10) चेतन होय त्याग मोह आलस आसण दृढ़ जमावे
मुद्रा बंध त्रिसाध सुखमणा सोहं सुरत लगावे
प्राण पवन को घेर शब्द से मेरु कोट ढ़हावे
तजकर फिकर सिखर गढ़ चढ़के शुन में सहर बसावे
(11) पलटे पवन पछिम दिशि धूमर दस में रास रचावे

Scanned by CamScanner

Date

(12) मूल को सोध हेर षट दल को नाभि नाग जगाना है
पलटे पवन बंक गरणावे त्रिवेणी चढ़ जाना है

(13) सोहं शब्द धर ध्यान तू मिटे भ्रम अंधेरा

(14) बेगमपुर चलिये परम पदारथ पाय
बंक टकोर लगे सत सोहं रोम रोम गरणाय
सुरता उलट चढ़ी असमाना पिया मिलन को धाय

(15) पहले सोध मूल षटदल को नाभी नाग जगाना
प्राण पवन को उलट अफूटा बिन पग चढ़ असमाना

(16) प्रथम पाँच-पच्चीसु बस कर सुरत शब्द धर लाना रे
नाम द्वादस पलट पवन को सुखमण सैज मिलाना रे
खोल कपाट झाट दे सूरा उलटे राह धुमाणा रे

(17) मूल कमल से पवना पलटो नाम निहार के चल नभ उलटा
बंक होय मेरु, ढायके खोल किंवारा
बेगम भोम की घाटी सकड़ी शब्द सांद चढ़ो तार ज्यूँ मकड़ी

(18) सिद्ध आसन ले मूल निरोधे खट दल जाँच नाभि धर सोधे
नागन जीत अमीरस पिवणा, ऊगे भान प्रकाशे भवना
सुखमन सेरी प्राण पियागे, सुरता चढ़ी शब्द के सागे
अजपा जपे तार नहीं टूटे,
बंकनाल विच तोवां(तोपका गोला) छूटे
उलटे पवन पिछम को मोड़े, मेरुकिला कोई शूरा तोड़े

(19) अगम पंथ बीधारे लगी सोहं तार
अधर ऊर्ध विच आसण साधे अला पिंगला ताण
सुखमण शिष्ट बंक तोल भरके छूटे शब्द धुर बाण
मेरु दल बींधारे पहुँचे त्रिवेनी द्वार

(२०) सुरत शब्द धर होवे मेला अगम भोम चढ़ जावेगा
चंद सूर को उलट अफूटे कर्म भ्रम की टाटी टूटे

Scanned by CamScanner

મેઘ જીવો કહે છે કે..'

'માતંગઋષિને ઘેર જમલો જગાવ્યો, પાટે પધાર્યા રૂપાંદે રાણી,

ખડગ લઇ માલદેવજી કોપ્યા ત્યારે ફૂલડે છાબ ભરાણા.'

દાસ કેશવ અનુસાર.'

'જમા જાગરણ કુંભ થપાણા મળીયા જતિ અને સતી ગરવા પાટે પધારો ગણપતિ.'

તથા ખીમડિયા કોટવાળ તેના પદમાં કહે છે કે.'

'વાયક જૂનાણે જાય, ગિરનારથી સિદ્ધચોર્યાશી આવ્યા,

ગતગંગા ભેળી થાય, એમાં રણશીને કાંકણ ખીમડે બાંધ્યા.'

આમ પાટ-ઉપાસનાની સાથોસાથ ગુરુબોધ આપવામાં આવે છે. આ પાટ-ઉપાસના બીજમાર્ગી છે. તેની ઉપાસના થકી નિજારી બની શકાય છે.

૫.૩. યોગસાધના (સંતોમાં):

સંતોના આધ્યાત્મિક જીવનમાં યોગસાધના રહેલી છે. અને સાથોસાથ નામ-વચન-શબ્દ સાધના પણ રહેલી છે. ઉપરાંત યોગમાં મનની એકાગ્રતા અને યોગમાં અંતરાય રૂપ એવા પાપ-પૂણ્ય -કામ-ક્રોધ-મદ-મમતાને ત્યાગવાની સાહેબ શબ્દ મીમાંસા વગેરેની રજૂઆત કરતાં પહેલાં યોગ એટલે શું તે જોઈએ. યોગ' શબ્દનો અર્થ છે, જોડાણ. યોગ એટલે ચિત્ત-વૃત્તિઓનો નિરોધ. જીવનું શિવ સાથેનું જોડાણ. યોગસાધના એ પ્રાચીન પરંપરા છે. "યોગવિદ્યાનું સૈદ્ધાંતિક વિવરણ સૌ પ્રથમ પતંજલિના યોગસૂત્રમાં જોવા મળે છે. યોગસાધના માટે અષ્ટાંગયોગ દર્શાવવામાં આવ્યો છે. તેમાં યમ, નિયમ, આસન, પ્રાણાયામ, પ્રત્યાહાર, ધારણા, ધ્યાન અને સમાધિ છે." (ગોહિલ ૧૩૮) સંતવાણીમાં

યોગસાધના પ્રગટ થયેલી જોવા મળે છે. આવી ઘણી બધી રચનાઓ સંભાળવા મળે છે. સંતોએ વિવિધ રીતે યોગરહસ્યને વાણીના માધ્યમથી અભિવ્યક્ત કરી છે. "વાણીમાં ઈંડા, પિંગલા ને સુષમણા સાધીને, ત્રિવેણીના ઘાટ ઉપર અલખ જગાવીને, કુંડલિનીને જાગ્રત કરી, ચક્રો ભેદવાની ક્રિયા તેમાં વર્ણવામાં આવી છે." (ગોહિલ et al. ૭૪) અનાહત નાદને સંતોએ મોરલી, નોબત, ઝાલરી, બંસરી, ઝાંઝ-પખવાઝ, જીણા જંતર તરીકે ઓળખાવ્યો છે. સંતોની વાણીમાં મંત્રયોગ, હઠયોગ. લયયોગ અને રાજયોગ જોવા મળે છે. "આ સંત સાધના આંતરશુદ્ધિ સાથે જોડાયેલી છે. તેને પતંજલિ યોગ, સિદ્ધિયોગ, નાથોનો હઠયોગ કે રાજયોગની પિંડ સાધનામાંથી પસાર થવાનું નથી." (ગોહિલ ૭૨) સંતોની યોગસાધના સહજ સમાધિનો માર્ગ છે. ભક્તિ સાધનામાં સહજનું અતિ મહત્વનું સ્થાન છે. સાધનામાં સહજ એટલે કે સ્વાભાવિક હોવું એનાથી મોટો કોઈ ઉદ્દેશ્ય હોઈ શકે નહિ. સૌરાષ્ટ્રના સંતો, રામાનંદ, કબીર સાહેબ, ગુરુ નાનક વગેરેએ સહજ સાધનાની રજૂઆત કરી છે. સહજયોગમાં તમસને છોડીને સાત્વિકગુણ દ્વારા જીવનને દિવ્ય કરી શકાય છે. તેના માટે આત્મ-કલ્યાણ અને સર્વ-કલ્યાણની ભાવના જાગ્રત થાય છે. આમ થવાથી સહજ સાધના કર્મ, ધર્મ, આચાર વગેરેના વમળમાં ન ફસાતાં જીવનયાત્રાને સહજ બનાવવી જોઈએ. દાદુ કહે છે કે, 'રોક ન રાખે ન ભાખે, દાદુ ખરચે ખાય, નદી પુર પ્રવાહ જ્યોં માયા આવે જાય.' અર્થાત્ જીવનયાત્રાને સહજ બનાવવાથી માયા ભેગી કરવાથી, ઘરમાં રાખવાથી કઈ ચાલવાનું નથી. માયા મિથ્યા પણ નથી અને માયા અસત પણ નથી. તે તો નદીના પ્રવાહ માફક છે, જે આવે અને જાય છે. આ જ માયા છે. માયા આવે અને જાય તે તેનો ધર્મ છે. માયા નિત્ય તેમ સમજી તે ભેગી કરવાથી અસત્ય બની જાય છે. માયાને જમા ન કરતા વ્યવહારમાં લાવવી જોઈએ. જયારે આ રીતે શક્ય બને છે ત્યારે તેમાં કોઈ દોષ રહેતો નથી. દાદુ કહે છે કે, 'વાદ-વિવાદ કાહુ સૌ નાહી, માહી જગત થે ન્યારા, સમદ્રષ્ટિ સુભાઈ સહજ મૈ આપહી આપ બિચારા'. અર્થાત્ કોઈ સાથે વાદ-વિવાદ કરવાની જરૂરિયાત નથી, સંસારમાં રહીને પણ નિર્લેપ થઇ રહેવું જોઈએ. પોતે પોતાનો આત્મ-વિચાર કરી

સહજની વચ્ચે સ્વભાવથી સમદ્રષ્ટિની સાધના કરી રહેવું જોઈએ. આ ઘટ-ભીતર કાયામાં યોગની વાત છે. જેવી રીતે ગંગા-યમુના અને સરસ્વતીને ત્રિવેણી સંગમ કહેવામાં આવે છે તેવી રીતે દેહમાં ઈડા, પિંગલા અને સૂક્ષ્મણાનો ત્રિવેણી સંયોગ થાય છે. જે પરમતત્વને લોકો અગમ-અગોચર, અપાર, અમૂર્ત કહે છે, તે સદગુરૂએ આપેલી સાન દ્વારા સન્મુખ જોઈ શકાય છે. તેનો પાર પામી શકાય છે. આ પ્રકારની સહજસાધના અથવા યોગસાધના સૌરાષ્ટ્રના દલિત સંતોની વાણીમાં જોવા મળે છે. સૌરાષ્ટ્રના દલિત સંતોની વાણીમાં યોગસાધનાનું લક્ષણ દર્શાવતી કેટલીક પંક્તિઓ નીચે મુજબ છે.

'ગંગા, જમના ને સરસ્વતી, મૂળ કમળનો અધિક છે મહિમા.' (સંત રોહીદાસ)

'બારા તાણાં બાર પૂંજો, નૂરત સાંધો સૂરત,

નૂરત માળા, સૂરત સમરો સુખમણાને ઘાટ.' (ખીમડિયો કોટવાળ)

'નાભિકમલથી ઉલટ્યો આવે, ગગન ધૂન ગરજાના,

ઇંગલા પિંગલા સુષ્મણા સાધી, ત્રિવેણી તાર મીલાના.' (ત્રિકમસાહેબ)

'ઇંગલા પિંગલા સુષ્મણા લાધી, ઝળહળ ઝળકે જોતી.' (ત્રિકમસાહેબ)

'ઝાંઝ-પખાઝ વીણા-જંત્ર વાગે, મોરલી કરે છે મલારા,

શબ્દ શીંગી વાગે સુનમાં, ગાજી રહ્યા માંય તુરા.' (ત્રિકમસાહેબ)

'નાભિકમલમાં નાવ ચલત હૈ, માંઈ ઝળહળ જોતું જાગી.' (ત્રિકમસાહેબ)

'અનહદ નાદ ગગનમાં ગાજે, નૂરત સૂરત કેરી લેર લાગે,

અણી અગર પર અધર દલીસા, રમતા રામ મારી નજરે આવે.' (ત્રિકમસાહેબ)

'નાભિકમલસે આવે ને જાવે, અંતરમાં હુવા ઉજાસા રે, દર્શન મૈ તો દેખ્યા.(ત્રિકમસાહેબ)

‘નૂરત સૂરતની સાધના પ્રેમ વિના નહિ પાવે,

અંધારું ટળે અંતરનું તો, નૂર નજરુંમાં આવે.’ (ભીમસાહેબ)

‘નૂરત-સૂરતની સાધના, પ્રેમી જન કોઈ પાવે રે,

અંધારું ટળે એની આંખનું, નૂર નજરે આવે રે.’ (ભીમસાહેબ)

‘ગંગા જમુના સરસ્વતી, તરવેણીને ઘાટે રે,

સુખમન સૂરતા રાખીએ, વળગી રઈયેં ઈ વાટે રે.’ (ભીમસાહેબ)

‘આસન વાળી સુરતાથી દ્રઢ કિયા, દિયા અગમ પર ડેરા,

ઇંગલા પિંગલા દોનું સાધકે, સુખમણા ચિત દ્રઢ ધાર્યા.’ (નથુરામ)

‘બક નાડેથી દમ ચાલીયો, બ્રહ્મ મધ્યે પર વારી,

ઇંગલા પિંગલા અને સુષુમણા, ત્રિકુટીમાં લાગી તાળી.’ (લક્ષ્મીસાહેબ)

‘જાગ્રત, સ્વપ્ન, સુષુપ્તિ, તુરીયા, ઉનમુની મુંદ્રા લાગી,

અક્ષરાતીત આપે નર ઓળખ્યા, તેની ભે ભરમના ભાંગી.’ (દાસી જીવણ)

‘નાભિકમળથી ચાલીયોને રે, બંકનાળે ઉલટાયો,

ત્રિવેણીના તીરમાં નિરત કરે ને, વિના પાંખે ઉડી ધાયો.’ (દાસી જીવણ)

‘ઉંચો જોયો આસમાનસે, ચોડો જોયો સવાયો,

માય કરું તો માયામાં નાવે, નેનકમળમાં સમાયો.’ (દાસી જીવણ)

‘અનભે નાદ અખંડ ધૂન ગાજે, ઝલમલ જ્યોતિ ઝાંઈ રે જી,

બંકનાલકી ખડકી ખોલી, ઉલટા રાહ ચલાયા રે.' (દાસી જીવણ)

'ઇંગલા ને પિંગલા રે સુખમના સાધી લે,

જાલમ જોગેશ્વરને તું, જોવાને જાને રે.' (દાસી જીવણ)

'નાભિકમળથી ચલી મેરી ઝાલરી, નિરાધાર ઠેરાઈ,

ઇંગલા પિંગલા સુખમના સાધી, ત્રિવેણી મોલમેં આઈ.' (દાસી જીવણ)

'ઇંગલા પિંગલા સુખમણ સાધી, ઉલટા પવન ચડાય,

આસન વાળી બેઠા અવધુ, તકિયા તિયાં ટકાય.' (દાસી જીવણ)

'અનહદ વાજાઓ ઘર વાગે, શોભા બની છે સારી,

નૂરતે સૂરતે આ ઘર નિહાળો, ત્રિવેણી એક તારી.' (દાસી જીવણ)

'ઇંગલા પિંગલા સુખમણા સાધી લે, માંઈ મેરમ સરખા દીસે છે માલરી,

વિના દીપક એક જ્યોતિ જલત હે, માંઈ ખન ખન દીસે છે ખ્યારી.' (દાસી જીવણ)

'ઇંગલા પિંગલા સુખમન નારી, તીનું તાર મિલાયા,

નૂરતે સૂરતે ગાવન લાગી, રાગ છતીસે લાયા.' (દાસી જીવણ)

'સુન મંડળમાં મારો શ્યામ બિરાજે, ત્રિકુટી મેં લાગી મુને તાળી.' (કરમણ ભગત)

'ઓહંગ સોહંગ ઘર તેને તાગી, ત્રિવેણીમાં ઝિલમિલ જ્યોતિ જાગી,

નૂરતે સૂરતે તું નિરખ લેને જોગી, મનવા જોને જાગી.' (દાસ વાઘો)

'શૂન્ય શિખર કેરી ધૂનમાં ઉન્મુની આસન લગાઈ,

અગમ નિગમ કેરી ઓથમાં, કોઈ વિરલા સંત જાઈ.' (બાળકસાહેબ)

'નેન-કમળ પર દીવડો જલત હૈ, નાભિકમળ ચિત્ત ધરજો,

કુબુદ્ધિ જ્યોત તમે અળગી કરીને, તમે અમર જ્યોત ધરજો.' (પીઠો ભગત)

'ગગન મંડલમાં વાંજા વાગે, રોમેરોમે રણુંકાર,

ત્રિકુટી મહેલમાં ખોલી દે તાળાં, તો મટી ગઈ ઘોર અંધેરી'. (માણંદ ભગત)

'યોગ યોગેન્દ્ર જોગ જોગેન્દ્ર, યોગ જોગ બેઉ મેળવિયા.' (મેઘ જીવો)

'ઇંગલા પિંગલા સુષ્મણા જ્યોત જાગી, ત્રિવેણી ઘટમાં' (મેઘ જીવો)

'વિવેકી સાધુ બુદ્ધિવંતા, જેને ત્રણ ગુણ લીધા તંતા,

હઠ સમાધિ હેમંતના, મુને નટ ખેલાવે નતના.' (અરજણદાસ)

'તાલ, તંબુરા, મૃદંગ, મંજીરાં ઝીણાં ઝાલર વાગે.' (દાસ કાળો)

'શૂન્યમાં સૂરતા હવે લાગી રે.......' (રૂખી રામદાસજી)

'ત્રિગુણ પર ત્રિવેણી તીરે, તારમે તાર મીલાવે,

ગગનમંડળમેં ગેબી ગાજે, સૂરતા ધ્યાન લગાવે.' (ઉગારામ)

'ડાબી ઇંગલા જમણી પિંગલા, વચ્ચે સહેજ સુખમણા કા વાસા,

પવન પરખ્યા તો મન પવના, બ્રહ્મ ના દેખ્યા એક જ અવાસા.' (ઉગારામ)

ઉપરોક્ત સૌરાષ્ટ્રના દલિત સંતોની વાણીમાં, મુખ્યત્વે નૂરત-સૂરત અને સુષ્મણાની સાધના અથવા ઇંગલા પિંગલા અને સુષ્મણાનો ત્રિવેણી સંગમ કરી, પરમ આનંદની પ્રાપ્તિ કરી તેનો નિર્દેશ કર્યો છે. "ઓહમ સોહમના શ્વાસોશ્વાસ દ્વારા નામનું સ્મરણ

કરતાં ડાબી ઇંગલા ચંદ્રનાડી અને જમણી પિંગલા સૂર્યનાડીની વચ્ચે આવેલ સુષુમણા નાડીને સાધતાં સુલટા પવન ઉલટા કરતાં સુષુપ્ત અવસ્થામાં પડેલી કુંડલિની જાગ્રત થતા બ્રહ્મરન્ધ્રમાં બ્રહ્મજ્યોતના દર્શન થતાં અક્ષરાતીત નરને આ દેહમાં ઓળખી શકાય છે." (ગોહિલ et al. ૭૮) ગંગા-જમના અને સરસ્વતી એ ત્રિવેણી પર ધ્યાન લગાવવાનું સંતો કહે છે. ત્રિકુટી એટલે કે, બંને આંખની વચ્ચે કપાળમાં ઈંડા-પિંગલા અને સુષ્મણા નાડીઓનું મિલન થાય છે તેને ત્રિકુટી કે ત્રિવેણી કહેવામાં આવે છે. એ શૂન્ય શિખર પર જ્યોત ઝળકે છે, તે જ્યોતના દર્શન કરવાનું સંતો કહે છે. જ્યાં અનહદ વાંજા વાગી રહ્યા છે, સંતોએ જે નાદ સાંભળ્યો કે અનુભવ્યો તે મુજબ જુદા જુદા નામો આપ્યા છે, જેમ કે, મોરલી, બંસરી, ઝાલર, શીંગી, નોબત, ઝાંઝ-પખાઝ, જંતર, તંબુરો વગેરે. "શિષ્યના પીંડ અને પ્રકૃત્તિની પાત્રતા જોઇને ગુરુ એની લાયકાત મુજબ જે પચાવી શકે, એવી સાધનાની કુંચીઓ બતાવે. સ્થૂળથી શરુ કરીને સૂક્ષ્મ અને સૂક્ષ્મતમ કેડીએ સાધકને દોરી જાય. સૌથી પહેલા તો આ શરીરની પિછાન કરાવે. આ પિંડનું બંધારણ, એની શક્તિ, એનું સામર્થ્ય, ને છતાં એની ક્ષણભંગુરતા બંગલો, ચરખો, રેટિયો, ચુંદડી, પટોળી, મોરલો, હાટડી નિસરણી, જંતરી, જેવાં રૂપકોથી કાયાની ઓળખાણ કરાવીને પછી આંતર પ્રવેશ કરાવે. સાથોસાથ પિંડશોધનનો ક્રિયાયોગ પણ શીખવતા રહે." (રાજ્યગુરુ ૩૦-૩૧) જ્યાં જપ, તપ, કે ધ્યાનની જરૂર રહેતી નથી. એક અનોખા તેજનો અનુભવ થાય છે. "નૂરત સૂરતનો દોર ત્રિકુટીમાં લાગી જતા અંજવાળું થઇ જાય છે." (ગોહિલ et al. ૭૮) આ અંજવાળું કરોડો સૂર્યના તેજ સમાન છે. ભીતરમાં પરમ તત્વના દર્શન થાય છે. અહીં અનહદ આનંદ અને શાંતિનો અનુભવ થાય છે. સંતોએ આ યોગસિદ્ધિ આપોઆપ પ્રાપ્ત કરી છે. આ માર્ગ કઠિન છે, છતાં સંતોએ તે માર્ગ અપનાવ્યો છે. સંતો માટે આ સહજ સાધના હતી. અગમ-અગોચર તત્વને જાણી સંતોએ પોતાને થયેલ અનુભવ ભજનો કે પદોમાં ગાયો છે.

જેને આપણે ઓહમ-સોહમ્ કહીએ છીએ અથવા તો જે શ્વાસોશ્વાસની પ્રક્રિયા છે. ઓહમ-સોહમ્ એટલે શ્વાસનું આવવું-જવું (શ્વાસ લેતાં અને બહાર કાઢતાં) તે બ્રહ્મ હું છું એવો અંદર થતો અવાજ. આ મુજબ નૂરત નો અર્થ શ્વાસ અને સૂરત નો અર્થ ઉચ્છવાસ. બીજો અર્થ એમ કરી શકાય કે, નૂર એટલે તેજ કે પ્રકાશ તે મુજબ નૂરત-સૂરતનો અર્થ થાય છે કે જ્યોત કે પ્રકાશ કે તેજમાં સૂરતા લગાવવી અથવા ધ્યાન કરવું કે તેમાં લીન થવું. ભીમસાહેબનાં શબ્દોમાં જોઈએ તો. નૂરત સૂરતની સાધના પ્રેમ વિના નહિ પાવે, અંધારું ટળે અંતરનું તો, નૂર નજરુંમાં આવે. જે ઉપરોક્ત અર્થ કર્યો છે તે ભીમસાહેબની વાણીમાં વ્યક્ત થયો છે. રવિસાહેબ 'નૂરતે સૂરતે નીરખો હે રામ કોણે બનાવ્યો પવન ચરખો' એટલે કે નૂરત અને સૂરત દ્વારા નીરખવાનું કહે છે. દાસી જીવણ પણ કહે છે કે 'નૂરત સૂરતની સાન ઠેરાણી, બાજત ગગનામે તુર, ખીમરો કોટવાળ પણ 'નૂરત માળા સૂરત સમરો સુખણાને ઘાટે' એટલે કે સૌરાષ્ટ્રના દરેક દલિત સંતોની વાણીમાં નાભિકમળથી આવે અને જાય છે, તે શ્વાસ હરદમ ચાલી રહ્યો છે તે નૂરત-સૂરતની સાધના કરવાનું કહે છે. અને જયારે નૂરત-સૂરત, ઇંગલા-પિંગલા, એક ઘર લાવવાની વાત છે તેમાં સૂર્ય ને ચંદ્રનાડી એક સાથે ચાલે તે સુષ્મણા કહેવાય, આ સુષ્મણામાં સંતો ધ્યાન કરવાનું કહે છે. શ્વાસોશ્વાસની પ્રક્રિયામાં ઉપર સંતો ધ્યાન રાખવાનું સુચન કરે છે. સાદી ભાષામાં કહીએ તો સૂર્યનાડી એટલે ગરમ અને ચન્દ્રનાડી એટલે ઠંડુ. નસકોરા વાટે જે શ્વાસ આવે ને જાય છે તેમાં બંને નસકોરામાં ગરમ પવન ચાલે તે સ્થિતિ સુષ્મણા કહેવાય. સંતોએ આ ઈડા-પિડા અને સુષ્મણાનાં ત્રિવેણી સંગમમાં સ્નાન કરવાનું કહ્યું છે.

આમ ઉપરોક્ત સૌરાષ્ટ્રના દલિત સંતો ખીમરો કોટવાળ- સુષ્મણામાં નૂરતની માળા અને સૂરતનું સ્મરણ કરવાનું કહે છે. ત્રિકમસાહેબ-જ્યાં જ્યોતિ ઝળકે છે ત્યાં ઇંગલા-પિંગલા અને સુષ્મણા એ ત્રિવેણી ઉપર તાર મિલાવાનું કહે છે. જ્યાં અનાહત નાદ વાગી રહ્યો છે અને જ્યોત ઝળહળી રહી છે તે દેવના દર્શન કરવાનું કહે છે. ભીમસાહેબ-નૂરત-સૂરતની સાધનામાં જે તેજ છે તે તેજ થકી બધા અંધારા દૂર થઇ જાય છે. આ સ્થિત પ્રેમ

વિના સંભવ નથી. એ તો કોઈક પ્રેમી જન જ પામી શકે છે. તેઓ ગંગા-જમુના અને સરસ્વતી (ઇંગલા-પિંગળ-સુષ્મણા) ના ત્રિવેણી સંગમ પર સૂરતા રાખવાનું કહે છે. નથુરામ-પણ ઇંગલા-પિંગલાને સાધી સુષ્મણામાં ચિત્ત લગાવાવનું કહે છે. લક્ષ્મીસાહેબ-બંકનાળથી પવન ચલાવીને બ્રહ્મરન્ધ્રમાં સ્થિર કરવાનું કહે છે, દાસી જીવણ- આત્માની જે ચાર અવસ્થા છે. (જાગ્રત-સ્વપ્ન-સુષુપ્તિ-તુરિયાં) તેની ઉપર ત્રિકુટીમાં ઉનમુની મુદ્રા લગાવી અક્ષરાતિતને ઓળખી ભય અને ભ્રમણા દૂર કરવાનું કહે છે. નાભિકમળથી જે પવન ચાલે છે તેને સુલટાવીને ત્રિવેણીના તીરમાં નૂરત સાધીને નેનકમળમાં સમાયેલાં અને બંકનાળની ખડકી ખોલીને જે અનાહત નાદ વાગી રહ્યો છે અને અખંડ વગર દીપકે જ્યોતિ ઝળહળે છે તે જણાવે છે. કરમણ ભગત-ત્રિવેણીમાં સૂરતા લગાડતાં જે શૂન્ય મંડળમાં શ્યામ બિરાજમાન છે તેના દર્શન અને જ્યોત પ્રકાશી રહી છે તેનું વર્ણન કરે છે. દાસ વાઘો-શૂન્ય શિખર પર ઉનમુની આસન લગાવીને ત્યાં બેઠેલાં જોગીને નીરખી લેવાની રજૂઆત કરે છે. બાળકસાહેબ-આ અગમ-નિગમ પંથ છે ત્યાં કોઈ મરજીવા જ પહોંચી શકે, જ્યાં નેનકમળ પર દીવડો ઝળહળી રહ્યો છે ત્યાં નાભિકમળમાં ચિત્ત લગાવવાનું કહે છે. પીઠો ભગત- કુબુદ્ધિરૂપી જ્યોતને દૂર કરી, અમરજ્યોત જગાડવાનું કહે છે જ્યાં સંગીત વાગી રહ્યું છે અને રોમેરોમમાં રણુંકાર થઇ રહ્યો છે. માણંદ ભગત-ત્રિકુટીનાં તાળા ખુલી જાય ત્યારે અંધકાર મટી પ્રકાશનાં દર્શનની વાત કરે છે. મેઘ જીવો-અરજણદાસ-દાસ કાળો- રૂખી રામદાસજી પણ બધા સંતોની સરખામણી એક સમાન અનાહત નાદ, ત્રિવેણી ઘાટ, શૂન્ય શિખરની રજૂઆત તેમની વાણીમાં કરે છે. ઉગારામ-પણ ત્રણ ગુણની ઉપર ત્રિવેણીમાં તાર મેળવી ગગનમંડળમાં ગેબી નાદ ગુંજી રહ્યો છે તેમાં ધ્યાન ધરવાનું કહે છે.

योगोपनिषदों में कहा गया है कि स्वाभाविक योग एक ही है, अनेक नहीं। वह महायोग नाम से ख्यात है। भूमिकाक्रम और अवस्था भेद के अनुसार यह महायोग ही मंत्र, हठ, लय एवं राजयोग के रूप मे उदय होता है।[1]

नाथसिद्धान्त ग्रन्थ 'योगबीज' में उपरोक्त कथन का अक्षरशः अनुमोदन मिलता है:

मन्त्रो हठो लयो राजा योगान्तर्भूमिकाःक्रमात्।।143।।

एक एवं चतुर्थाऽयं महायोगामिधीयते।।144।।

नाथ पंथ इस पूर्ण महायोग के ही पथ पर आरूढ़ होता है। लक्ष्य जब पूर्ण है तो उस तक पहुँचने का माध्यम और साधन, योग भी पूर्ण ही होना चाहिए। खण्ड साधनों को लेकर खण्ड की ही प्राप्ति संभव हैं, पूर्ण की नहीं।

मंत्रयोग का नाथ–सम्प्रदाय की विभिन्न साधना क्रियाओं में विशिष्ठ स्थान है। प्राणवायु हकार से बाहर जाता है और सरकार के भीतर प्रवेश करता है, श्वास प्रश्वास की इसी गति के मध्य जीव 'हंस' मंत्र का सर्वदा जाप करता है। गुरूकृपा से प्राण की विपरीत भावापन्न अवस्था में जब यह मंत्र 'सोहं' के रूप में परिणत हो जाता है, तब मंत्रयोग आख्या इसे दी जाती है।[2] इस मंत्र चेतना द्वारा जीव ऊर्ध्वगति को प्राप्त होकर शब्दातीत परम चैतन्य धाम में स्थिति प्राप्त करता है। 'बैखरी' शब्द से क्रमशः मध्यमा अवस्था

---

[1] योगशिखोपनिषद् 1/129

[2] हकारेण बहिर्याति सकरिण विशेन्मरूत।
हंस हंसेति मन्त्रो यं सर्व जीवा जपन्ति तम्।।146।।
गुरूवाक्यात्सुषुम्णायां वितरीतो भवेजंपः
सोंहं सोहमिति प्राप्तो मंत्रयोग सउच्यते ।।147।।

को भेदकर पश्यन्ती मे प्रवेश करना ही इस मंत्रयोग का प्रधान उद्देश्य है। पश्यन्ती शब्द स्वप्रकाशमान चिदानन्द मय है– चिदात्मक पुरूष की वही अक्षय और अमर षोडशी कला है। वही आत्मज्ञान, इष्ट देवता के साक्षात्कार अथवा शब्द चैतन्य का प्रकृष्ठ फल है। इस अवस्था मे पहुंचने पर जीव कृतकृत्य हो सकता है। इसके बाद अव्यक्त भाव अपने आप उदित होता है। वही शब्द की तुरीय अवस्था है। मूलाधार से निरन्तर शब्द श्रोत ऊपर की ओर उठ रहा है, यही शब्द समस्त जगत के केन्द्र मे नित्य विद्यमान है। बहिर्मुख जीव इन्द्रियो के अधीन होकर विषयों की ओर दौड़ रहा है, इससे उसे इनका पता नहीं लगता। जब किसी क्रिया कौशल से अथवा अन्य किसी उपाय से इन्द्रियों की बहिर्गति रूद्ध हो जाती है और प्राण तथा मन स्तम्भित हो जाते हैं, तब साधक इस चेतन शब्द को सुनने के अधिकारी होते हैं षण्मुखी मुद्रा द्वारा कृत्रिम उपाय से इस नाद के अनुसन्धान की चेष्टा की जाती है।[1] यही नाद महा अनाहतनाद में लीन होकर साधक जीव को आज्ञाचक्रमें ले जाता है। 'हंसमंत्र' का 'सौ ऽहम्' मे परिणत होना नाथमतोपदिष्ट मंत्रयोग की पूर्णाहुति यही है। गोरखबानी के निम्न पद में। इस मंत्रयोग का सम्पूर्ण क्रम बड़े सुन्दर उक्ति में कहा गया है :

ऐसा जाप जपो मन लाई, सोहं सोहं अजपा गाई।
आसण दिढ़ करि धरो धियानं, अहनिसि सुमरौ ब्रह्मगियानं।
जाग्रत न्यंद्रा सुलप अहरा, कामक्रोध अहंकार निवारं।
नासा अग्र निजु ज्यौ बाई, इड़ा प्युंगुला मधि समाई।

---

[1] योग का विषय परिचय, म०म०प०गोपीनाथ कविराज, कल्याण, योगांक, पृ० 51।

छसै सहंस इकीसों जाप, अनहद उपजे आपहिं आपि।

बंक नालि मैं ऊगै सूर, रोम रोम धुनि बाजै तूर।

उलटं कमल सहंसदल बास, भ्रमर गुफा महि जोति प्रकास।

सुणि मथुरा सिव गोरष कहै, परम तत ते साधू लहै।

हठयोग की प्रधानता नाथपंथ में समानरूप से है। यही नहीं, नाथाचार्यो ने सर्वप्रथम हठयोग मे निष्णत् होकर संसार में उसका व्यापक प्रचार किया, यद्यपि इसमें सन्देह नहीं कि हठयोग का प्रचलन उनसे पूर्व भी था।

पश्चिम पथ (सुषुम्ना द्वार) में गमन करने पर वायु योग की प्रतीति होती है, यह सूर्य चन्द्र एकीकरण पर सम्भव होता है। हकार से सूर्य तथा ठकार से चन्द्र कहा जाता है, यही हठयोग सर्वदोषसमुद्‌भूत जाड्‌य को ग्रसित करता है।[1]

हठयोगप्रदीपिका में कहा गया है :

"केवलं राजयोगाय हठविद्योपदिश्यते"[2]

अतएव हठयोग की चरम परिणति राजयोग है। इसकी नियमित साधना से राजयोग का सिद्धलाभ, साधक को होता है। राजयोग में योगारूढ़ होना ही काल के राज्य से मुक्त होना है। स्वात्माराम योगी ने हठयोग प्रदीपिका में समाधि, उन्मनी, लय, परमपद, अद्‌वैत, निरालम्ब, सहज, तुरीय को राज–योग का ह ीपर्याय कहा है। कुम्भक द्वार प्राण रूद्ध होता है और चित्त निरलम्ब अवस्था को प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार हठविद्या का मुख्य फल राजयोग है।

---

[1] प्रतीतिर्वायुयोगाच्च जायते पश्चिमे पथि।

[2] ह०यो०प्र०1 / 2

हठयोग के अन्तर्गत षटकर्म–नेति, धौति, वस्ति, नौलि, कपालमाति और वाटक आते है।[1] इनके द्वारा देह शुद्धि होती है।

नाथपंथ मे देहशुद्धि के इस कम को घटशुद्धि भी कहा जाता है। देह मे दृढ़ता तथा स्थैर्य आसन के अभ्यास से आता है। मुद्राओं का अभ्यास भी इसमें सहायक होता है। प्राणयाम प्राण की गति को रूद्ध करने मे बहुत सहयक होता है। इसके विधिवत् गुरूपदिष्ट–मार्गानुसार अभ्यास से नाड़ी शुद्धि एक से तीन मास में ही हो जाती है। मुद्रा और नादानुसन्धान का अभ्यास साधक जीव को लय की अवस्था में ले जाता है। साधारणतया आसन, प्राणयाम अथवा कुंभक, मुद्रा और नादानुसन्धान का अभ्यास ही हठयोग के प्रधान प्रतिपाद्य विषय है।

आसन और प्राणायाम का अल्प उल्लेख आ चुका है। मुद्राओं में मुख्य महामुद्रा, महाबंध, महाबेध, खेचरी, उड्डियान, मूलबन्ध, जालन्धरबन्ध, विपरीतकरणी, वज्रोली और शक्तिचालानी है। यह दश महामुद्राएं कहलाती है।[2] गौणरूप से अन्य कई अश्वी, योनि, षण्मुखी इत्यादि मुद्राओं का भी उल्लेख योगग्रन्थों में मिलता है।

उपरोक्त षटकर्म, विभिन्न प्राणायाम और मुद्रादि का विशद वर्णन और किसी अंश तक उनके अभ्यास की विधि का उल्लेख अमृतनाद, त्रिशिखिब्राह्मण, दर्शन, ध्याानबिन्दु, योगकुंडलि, योगचूड़ामणि, शांडिल्य आदि उपनिषदों[3] तथा योगयाज्ञवल्क्य, घेरण्ड संहिता, हठयोगप्रदीपिका, योगबीज

---

[1] ह०यो०प्र०2/22

[2] ह०यो०प्र०3/6–7

[3] यो०उ०(आड्यार संस्करण)

आदि विभिन्न योगग्रन्थों मे मिलता है। नाथपंथ देहतत्वप्रधान योगपंथ है अतएव हठयोग का उसमें इतना अधिक प्राधान्य कोई आश्चर्य का विषय नहीं।

लययोग, योबीज (150/ 51) के अनुसार जड़ता के नष्ट होने से क्षेत्रय और परमात्मा के एक्य पर होता है। इस दशा मे जीव शिव की एकता होने पर चित्त लय अथवा विलीन हो जाता है। पवन स्थिर हो जाने पर इस लय का फल स्वात्मानन्द परमपद रूप सौख्य है।[1]

प्राण के लय से पूर्व मन का लय भी नहीं होता और मन की वृत्ति ज्ञान की प्रतिबन्धक होतरी है। प्राण और मन का लय आत्यन्तिक स्वरूप में स्थिति लाता है। सहस्त्रार में प्राण की बिना व्यापार की स्थिति ही प्राण का लय कहलाती है। ब्रह्म में भिन्न विषयो में व्यापार रहित होना मन का लय कहलाता है। प्राण के लय से मन का भी स्वतः लय हो जाता है। ऐसी अवस्था मे सूर्य चन्द्र का एकीकरण सिद्ध कर, साधक काल जय कर लेता है। यही मनोलय अथवा उम्न अवस्था है।[2]

देह मे इड़ा और पिंगला, सूर्य और चन्द्र रूप कहलाती है। इन नाड़ियों में, प्रत्येक ढाई घड़ीमें, श्वास स्वर की क्रिया का परिवर्तन होता रहता है। ढाई घड़ी सूर्यस्वर चलता है और ढाई घड़ी चन्द्रस्वर। सूर्यस्वर का काल दिन कहलाता है और चन्द्रस्वर का रात्रि। इस प्रकार लौकिक अहोरात्र के मध्य में योगियों के बारह अहोरात्र होते है। रात्रि दिन रूप काल का अभाव होना ही

---

[1] दृष्टव्य योगशिखोपनिषत्, 1/134, 35

[2] यहु मन सकती यहु मन सीव। यह मन पांच तत का जीव।
यहु मन ले जे उनमन रहै। तौ तीन लोक की बाता कहै।।

कालजय है। प्राण के लय पर यह सूर्यचन्द्र एकीकरण हो जाता है क्योंकि स्वर तब सुषुम्ना पथ मे चला जाता है।[1] यही योगियों की काल जय अथवा कालवंचिणी मुद्रा है। इसमें साधक नित्य लय की अवस्था मे स्वात्मा–नन्द के चिद प्रकाश में अवस्थित रहता है। समष्टि में लययोग का परिचय यही है। वैसे तो अन्यान्य योगों की भॅति लय का विषय भी अत्यन्त विस्तृत रूप से योगग्रन्थों में आया है।

राजयोग के लिए पहले कहा जा चुका है कि वह अद्वैत, निरालम्ब, सहसज, तुरीय आदि अवस्थाओं का द्योतक एवं पर्याय है। इन अवस्थाओं के स्वरूप का ज्ञान समझ मे आ जााने पर राजयोग का स्वरूप समझ में आता है। स्वात्मारामयोगी ने कहा :

राजयोगः समाधिश्च उन्मनी च मनोन्मनी।।
अमरत्व लयस्तत्वं शून्या शून्यं परं पदम्।।
अमनस्कं तथाद्वैतं निरालांबं निरंजनम्।।
जीवनमुक्तिश्च सहजा तुर्या चैत्यैकवाचकाः।।[2]

राजयोग, समाधि, उन्मनी, मनोन्मनी, अमरत्व, लय, तत्व, शून्याशून्य, परमपद, अमनस्क, अद्वैत, निरालम्ब, निरंजन, जीवन्मुक्ति सहज, तुर्या सब एक ही समाधि तत्व के वाचक है।

---

[1] ह०यो०प्र०4 / 17
[2] ह०यो०प्र०4 / 3–4

स्वामी विवेकानन्द ने यम, नियम, आसनादि के अष्टांग योग साधन को राजयोग कहा है।[1] इसकी चरम परिणति भी समाधि है, अतः स्वात्माराम के कथन से इसका विरोध नहीं।

योगबीज में कहा गया है कि प्राणापान के योग से योगचुष्टय सम्पन्न होता है, तब अणिमादि सिद्धियों के पद को प्राप्त होकर योगी राजयोग से विराजमान होता है।[2]

योगशिखोपनिषत् में राजयोग–सिद्धि का एक और क्रम आया है। मनुष्य के योनिस्थान मे रज नाम का तरल पदार्थ विद्यमान रहता है। इसका रंग जवा और बन्धूक पुष्प की तरह होता है। देह यह दैवी तत्व का प्रती एउवं प्रतिनिध है। इस रज के साथ रेत्स का संयोग ही राजयोग है। यही शिव शक्ति का मिलन है। यह राजयोग अणिमादि पद पर आरूढ़ करने वाला है।[3] कहना न होगा कि इस क्रिया की चरम परिणति भी साधक को समाधि अवस्था मे ले जाती है। साधनों में वैचित्र्य हो सकता है, साध्य में नहीं। अतः जो भी साधना समाधि मे आरूढ़ कराती है, राजयोगान्तर्गत आ सकती है।

समाधि का विवेचन करते हुए स्वात्माराम योगी का कथन है, जिस प्रकोर लवण जल के संयोग से सजल की एकता को प्राप्त हो जाता है, उसी प्रकार आत्मा में धारण किया हुआ मन आत्माकार हो जाने से आत्मरूप को प्राप्त हो जाता है। आत्मा और मन की एकता ही समाधि है। मन का 'अमन' हो जाना भी है।

---

[1] राजयोग, कम्प्लीट वर्क्स आव स्वामी विवेकानन्द, जिल्द 1, मायावती 1950

[2] आणिमादि पदे प्राप्ते, राजाते राजयोक्तः
प्राणापान समायोगे, ज्ञेयं योगचतुष्टयम्।।152।।

[3] योगशिखोपनिषत 1/136–37

कहना न होगा कि प्राणलय पर मन भी लय हो जाता है। यह समरसावस्था ही समाधि है। जीवात्मा और परमात्मा की एकता भी यही है। इस समय सारे संकल्प विकल्पों का अन्त हो जाता है।[1] यही योगारूढ़ होना है।[2] इस महिमावान् योग का गान करते हुए स्वात्माराम कहते है :

राजयोगस्य महात्म्यं को वा जानाति तत्वतः।
ज्ञानं मुक्तिः स्थितिः सिद्धिर्गुरूवाक्येन लक्ष्यते।।
दुर्लभी विषयत्यागो दुर्लभं तत्वदर्शनम्।
दुर्लभा सहजावस्था सद्गुरौः करूणां बिना।।

राजयोग के महात्म्य को कौन जान सकता है? गुरू वाक्य से उसका संधान होता है, वह ज्ञान, मुक्ति, परमस्थिति का दाता है। विषयत्याग, तत्वदर्शन और सहजावस्थालाभ संसार में अत्यन्त दुर्लभ है, सद्गुरू की करूणा के बिना वह सब स्वप्न है, अप्राप्त और असंभव है।

समाधिजन्य समत्व भाव ही सामरस्यात्मक आनन्द है। भारतीय आध्यात्मिक साधना प्रणालियों का यही एक मात्र लक्ष्य है। इसकी सिद्धि के लिए विभिन्न उपाय हैं। प्राणायाम, अपानायाम, स्वरसंधान, मुद्रा अभ्यास, बिन्दुयोग, अग्नियोग, खेचरी, बज्रौली, अमरौली और सहजौली मुद्राएं, नादानुसंधान और इसी प्रकार के अन्यान्य अभ्यास साधक को योगारूढ़ करते है। समाधि के नाना भेद है, यहां समाधि से तात्पर्य निर्विकल्प अथवा पूर्ण समाधि से है।

---

[1] ह०यो०प्र०४/5, 6, 7

[2] यदा हि नेद्रियार्थेषु न कर्मस्वनुषज्जते।।
सर्व संकल्पसंन्यासी योगारूढ़स्तदोच्यते।।गीता 6/4

किन्तु योग का विषय परिचय इतने ही मे समाप्त नहीं हो जाता। योग अपने में पूर्ण एक वृहत् विज्ञान है।[1] योग का नाम आते ही विभूति की ओर भी स्वतः ध्यान चला जाता है, और विशेष कर जब नाथ पंथ के सम्बन्ध मे योग का उल्लेख हो रहा हो, तब यह बात और भी धनीभूत रूप में मस्तिष्क में आती है। नाथ योगियों की योगविभूति की गाथाएं, 'बूढ़ाबाल' 'गोरख गोपाल' का आज भी भाग्यशालियों को दर्शन दे जाने वाली बात के विश्वास का प्राचुर्य[2] और नाथों की चमत्कार सम्बन्धी गाथाएं भारत के प्रत्येक भूभाग, मण्डलो और ग्रामों मे आज भी सुनने को मिलती हैं। योग और योग–विभूति दो पृथक–पृथक वस्तुएं नहीं। योग हो जाने पर विभूति स्वतः ही आती है। बहुत लोगों का ऐसा विश्वास है कि विभूति वाच्चछनीय नहीं और वह योग–मार्ग में विघ्न पैदा करती है। परन्तु यह बात नहीं। प्रत्येक वस्तु का सत् और असत् दो प्रकार का व्यवहार होता है। व्यवहार के दोष से वस्तु सत्ता आक्रान्त नहीं होती। अग्नि का स्पर्श करने से अबोध शिशु की सुकुमार देह जल जाती है, इस कारण से अग्नि की निन्दा करना अथवप उसका त्याग करना बुद्धिमानी का काम नहीं। अग्नि अपने स्वभाव के अनुसार अवश्य कार्य करेगी। जो उसके स्वभाव को जानकर और उसे नियन्त्रित करके अपना अभीष्ट कार्य पूरा कर सकता है, उसे चतुर कहना उचित है। अग्नि से व्यवहारानुसार अच्छा–बुरा दोनो प्रकार का कार्य संपन्न होता है। परन्तु इसी कारण अग्नि को उन सब कार्यो का दायी मान लेने से काम नही चलता।

---

[1] पतंजली के योग सत्र के विभूतिपाद प्रकरण एवं योगोपनिषदों में अनेकानेक क्रियाओं का उल्लेख है जिनके द्वारा योगी में सर्वसाार्थ्य और ऐश्वसर्य आता है।

[2] 'नाथपंथ मे योग' डा० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल, योगांक कल्याण, पृ० 707

शक्तिमात्र को इसी प्रकार समझना चाहिए।[1] कहना न होगा कि विभूति शक्ति भी इसी के अन्तर्गत आती है।

साधना की आरम्भिक अवस्था और योग योगांगों के उपरोक्त संक्षिप्त विवेचन के पश्चात् अब कुछ विशेष साधना तत्वों की ओर दृष्टिपात करना विषय के बाहर की बात न होगी। सूक्ष्मवेद, नादानुसंधन, शून्य–तत्व, ब्रह्माग्नि साधन आदि तत्व इसी के अन्तर्गत आते हैं।

<u>सूक्ष्मवेद</u>

वेद का स्वरूप कुछ भी हो, यह स्थूल शब्दात्मक माना जाता है। साधारण दृष्टि से ऋग्, यजु, साम का त्रयी नाम से वर्णन किया जाता है और इस प्रकार वेद की संख्या तीन मानी है।

परन्तु कहीं अथर्व को भी वेदान्तर्गत मानकर यह संख्या तीन के स्थान पर चार मानी जाती है। शाखादी भेद से वेद के विभाग हैं। चरण व्यूह आदि ग्रन्थ से इसका साधारण परिचय मिल सकता है। परन्तु ज्ञानी तथा योगी इस वेद के ऊपर जोर नहीं देते। पौराणिक प्रसिद्धि ऐसी है कि मूलतः वेद अविभक्त एक ही हैं। व्यासदेव ने इसका विभाग करके इसे अलग–अलग कर दिया। योगी कहते है (नाथ सिद्ध भी इनके अन्तर्गत हैं) कि यह परिचित वेद वास्तव में वेद नहीं है। यह विल्म मात्र है; क्योंकि ये नित्य भी नहीं हैं, स्वयंप्रकाश भी नहीं है तथा अतीन्द्रिय भी नहीं हैं। प्राचीन काल मे श्रुति का तात्पर्य भी प्रायः ऐसा ही था। वाक्यपदीय के टीकाकार पुष्पराज ने

---

[1] 'योग का विषय परिचय' म०म०प०गोपीनाथ कविराज, योगांक, कल्याण पृ० 58–59

प्रसंगत

एक स्थान में श्रुति से समझाने की कोशिश है कि यथार्थ वेद अतीन्द्रिय तथा स्वयं प्रकाश है:

"यां सूक्ष्मां नित्यामतीन्द्रियां वाचमृषयः साक्षात्कृतधर्माणों मन्त्रदृशः पश्यन्ति। तामसाक्षात्कृतधर्मभ्यः परेम्य प्रतिवदयिष्यमारपाः बिल्म समामनन्ति। स्वप्ने वृत्तिमिव दृष्ट श्रुतानुभूतमाचिरख्यासन्ते हस्त्येष पुराकल्प माह विल्मः। वेद येदांगानि विल्मः"।

अतः यथार्थ वेद सूक्ष्म वाक् या श्रतीन्द्रिय वाक् है, नाद रूप, जो पश्यन्ति रूपा है वैखरी रूपा नहीं। यही सूक्ष्म वेद अथवा नाथों का 'ससंवेद' है। गोरक्षसिद्धान्त संग्रह में पद्मपुराण से अद्धृत निम्न श्लोक में सूक्ष्मवेद को चारों वेदों का अध्यक्ष कहकर सम्बोधित किया गया है:

ऋगवेदोयजजुर्वेदः सामवेदाऽह्यर्थ्वणः।

सूक्ष्मवेदोहिअध्यक्षः पंचवेदाः प्रकीर्तिताः।।

बैखरीरूपा चारों वेद के अध्यक्ष सूक्ष्मवेद को ही नाथ योगी एक मात्र सार वस्तु कहते हैं। यह पश्यन्ति रूपा शब्द ही बैखरी रूपा शब्द के ताले की कुञ्जी है जो उसे खोल कर परा शब्द के स्वरूपज्ञान का खजाना समाने रख देती है। सूक्ष्मवेद का यह ज्ञान इन्द्रियग्राह्य नहीं, स्वसंवेद्य एवं अनुभूति परक है। यह मार्ग के बिना चलने, अग्नि के बिना जलने और वायु से प्यास के बुझाने के समान है। वाक्यज्ञान की पंडिताई से यह वेद नहीं पढ़ा जाता।[1]

---

[1]–सबदहिं ताला सबदहि कूंची सबदहि सबद जगाया।
सबदहिं सबद सूं परचा हूआ, सबवहिं सबद समाया।
पथ बिन चलिबा अगनि बिन जलिबा, अनिल तृषा जहटिया।

'शिवसूत्र विमर्शिणी' के टीकाकार क्षेमराज ने एक स्थान पर कहा है कि बिन्दु के प्रथम कम्पन से नाद की उत्पत्ति किंवा सृष्टि का विकास प्रारम्भ होता है। यहीं ओंकार ध्वनि अथवा मतान्तर से स्फोटवाद या शब्द–ब्रह्मवाद के नाम से भी ख्यात है। यह शब्द सृष्टिव्यापी है तथा अविराम ध्वनित हो रहा है। जीवमात्र में ही यह शब्द नाद रूप में विद्यमान है। मनुष्य देह में वह अनाहत नाद रूप से विराजता है और नित्य क्रियाशील है। शास्त्र में नाद को अनेक स्तरों में विभक्त किया गया है, किन्तु एकमात्र ओंकार शब्द ही उपाधि भेद से रहित होने के कारण ब्रह्मभाव की स्फूर्ति का उन्मेषकर्ता कहा गया है। इस चैतन्यशक्ति के कारण प्राचीन साधु सम्प्रदायों ने उसे स्फोट कहकर सम्बोधित किया। नाद से कला और वर्णो की उत्पत्ति होती है। मनुष्य के व्यष्टि देहपिण्ड मे ये वर्ण रश्मियों के न्याय कमलों के दल रूप मे वर्तमान होते है। विभिन्न चक्रों के इस् प्रकार पचास दलों की कल्पना भी नाथमत में पायी जाती है। दल रूप इन वर्णो का अतिक्रमण चक्रभेद साधना द्वारा किया जाता हैं। आज्ञाचक्रके ऊपर बिन्दु रूप में सम्पूर्ण वर्ण समष्टि रूप में वर्तमान रहते हैं।

वर्णो का कुण्डलिनी में ज्योतिर्मात्रा रूप अवस्थान परावाक् कहलाता है। सुषुम्ना पथ में नीचे आकर यही वर्ण नाभि पथ में दल रूप उदित होते हैं और पद्म का अग्नितत्व उनकी दीप्ति को विकसित करता है। कुंडलिनी के मध्य सम्पूर्ण वर्ण एक ही ज्यातिर्मात्रा रूप होते हैं, किन्तु नाभि पद्म में अलग अलग वर्ण भिन्न दीप्ति से भासित होता हैं। यहां उसे स्वयंप्रकाश 'पश्यन्ति'

ससंवेद श्री गोरष कहिया बूझिल्यौ पंडित पढ़िया।
21-22 (गो०बा०पृ० 8)

आख्या दी जाती है। हृदय कमल में उदित होकर वर्ण नादयुक्त हो जाते है किन्तु वे अभी योगी के अतिरिक्त किसी अन्य साधारण पुरूष को श्रुतिगोचर नहीं होतें। इस अवस्था में उन्हे 'मध्यमा' कहा जाता है। हृदयकमल का त्याग कर वे जब फेफड़ों और अन्य श्वासमंत्रों से स्पन्दित होकर जिह्वामूल, कंठ तालु दन्त ओष्ठ इत्यादि स्थलों से संघर्षित होकर कर्णगोचर होते हैं तो 'बैखरी' रूपा कहलाते हैं।

नादानुसंधान अथवा लययोग एवं चक्रभेद साधना का यही उद्देश्य होता है कि मध्यमा वाक का संघान कर स्वप्रकाशमान पश्यन्ति भूमि में प्रवेश किया जाय। इसके बाद अव्यक्त भाव अपने आप उदित होता है। यह भाव, शब्द की परा अथवा तुरीय अवस्था है। नाथों के विचार से पश्यन्ति भूमि का प्रवेश ही यथार्थ सूक्ष्मवेद का पढ़ना है जिसमे विदात्मक पुरूष की अमर षोडशी कला का साक्षात्कार किया जाता है। जहां वर्णात्मक शब्द का विलयन प्रकाश रूप पश्यन्ति शब्द हो जाता है परन्तु विलय करने वाला कोई राहुरूप शत्रु नहीं, वह स्वयं ही है, बिना अग्नि के वहॉ दाह होता है– सम्पूर्ण मलापसरण हो जाता है, और आनन्दधन उमड़ आते है ; वह तत्व ऋग, यजु, साम और अथर्ववेद के पढ़ने वाले पंडितों से नहीं बताया जा सकता। वह स्वयंप्रकाश सूक्ष्मदेव है जिसका अवस्थान धरती, आकाश अथवा जल में, नहीं वरन् गंगा और यमुना (इड़ा–पिंगला) के बीच (सुषुम्ना–पथ) मे है। और यहां किसी गुरू मछिन्दर के प्रसाद से ही कोई गोरख उसमें नित्य रमण कर कृत–कृत्य होता हैं।

राह बिन गिलिया अगनि बिन जलिया, अंबर बिन जलहर भरिया।

यहु परमारथ कहां हो पंडित, रूग जुग स्यांम अथरबन पढ़िया।।

ससंमवेद सोहं प्रकासं, धरती गगन न आदं।

गंग जमुन बिन षेले गोरष, गुरू मछिद्र प्रसादं।।18।।

नाथ सिद्धों ने इस प्रकार चारो वर्णो (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र) को अपने मार्ग। पर लगाकर यह उपदेश दिया कि वेद के स्थान पर सूक्ष्मदेव को पढ़ो और परमावस्था का लाभ कर विधि निषेध से परे हो जाओ। यही परमभेद को जानना और सर्व आशाओं को पूर्ण करना है।[1]

<u>नादानुसन्धान और नाद की चार दशाएं</u>

शब्द अथवा नाद आकाश का धर्म है। आकाश एक विश्वव्यापी सत्ता है। पिंडोत्पति प्रकरण के अन्तर्गत हम कह आये है कि मूल सत्ता जब साम्यमय अवस्था में होती है तब सृष्टि नहीं होती। सृष्टि के लिए विषमता का भव अपेक्षित है। इस आदि बिन्दु अथवा आकाश में प्रथम शक्ति संघात से प्रथम कम्पन आरम्भ होता हैं। कम्पन के पश्चात साम्य भाव नष्ट हो जाता है और तब नाद अथवा शब्द की उत्पत्ति होती है। यहीं नाद फिर सृष्टि क्रम की रचना में प्रवृत्त होता है।[2] सानव देह मे कार्य भेद से इस नाद के दो स्वरूप होते हैं। स्थूल बाह्म नाद मन को बहिर्मुखी बनाकर अचिद् सृष्टि में उलझालये रहता है। यूक्ष्म आभ्यन्तर का नाद मन को अन्तर्मुखी बनाकर चिद्

---

[1] ऐसा रे उपदेस दाषे श्री गोष राया,
जिनि जग चतुर वरन रह लाया ।।
पढ़िले ससंवेद। करिले विधि नषेद।
जांणिले भेदांनभेद। पूरिले आसा उमेद।।1।।

[2] भर्तृहरि का तथा मंडन का 'शब्द ब्रह्मवाद' और बाइबिल का 'इन दी बिगनिंग वजवर्ड' सिद्धान्त इसी तथ्य को लिये हुए है।

की ओर अग्रसर कराता है और अन्ततः परम साम्यमय अवस्था मे अधिष्ठित करा है।[1]

साधारण जीव कालनाड़ी (इड़ा, पिंगला) का अतिक्रमण नहीं कर पाता। इससे उसकी चित्तवृत्तियॉ बहिर्मुखी रहती हैं। इस बहिर्मुखता के कारण जगत के अन्तस्तल में जो सूक्ष्म नाद निरंतर आकाश मण्डल मे ध्वनित हो रहा है, उसे वह नहीं सुन पाता। योग कौशल, गुरूकृपा, प्रबल पुरूषकार, तीव्र वैराग्य और पूर्व संस्कार आदि के प्रभाव से यह नाद अथवा अनाहित ध्वनि श्रवण गोचर होती हैं। अनाहत उसे इसलिए कहा जाता है कि स्थूल दृष्टि से यह बिना आहत किये ध्वनित हो रही है।

इस अनाहत ध्वनि के निरन्तर अनुसन्धान द्वारा देह शुद्धि और चित्त की निर्मलता बढ़ती जाती है। मन धीरे–धीरे शान्त और अचंचल होकर इस नाद मे रमता जाता है। अन्त मे मन इसमें पूर्णतया युक्त होकर लय हो जाता है, यही मन का अमन होना है। इस अवस्था मे नादध्वनि भी विलीन है, तब चिद् स्वरूप आत्मा स्वरूप में अवस्थित होकर साम्यावस्था को प्राप्त होती है और वाह्य प्रकृति के स्पर्श से मुक्त हो जाती है। संक्षेप में यही नादानुसंधान का विषय परिचय है।

साधना का काल में जब यह नाद श्रुति गोचर होता है तो अनन्त प्रकार से सुनाई पड़ता है। मर्दल, शंख, घंटा, वंशी, भ्रमरगुंजन, किंकिणि, वीणा आदि की ध्वनि के समान यह ध्वनित होती है, किन्तु इसकी ध्वनि के

---

[1] नाद हो तौ आछै बाबू सब कूछ निधाना
नाद ही थैं पाइये परम निरबांना।। गो०बा० 2/12/पद पृ० 99

प्रकार असंख्य हैं। अन्तिम नाद को दशम नाद अथवा महानाद कहते हैं और पूर्ण अवस्था में वह भी विलीन हो जाता हैं।

नाद की चार दशायें योग शास्त्र में आरम्भदशा, घटदशा, परिचय दशा, और निष्पन्तिदशा के नाम वर्णित है।

आरम्भ दशा में योगी एक सार होकर बहिर्मुख वृत्तियों को अन्तर्मुख करते हुए देहस्थ अनाहत चक्रमें वर्तमान ब्रह्म गन्धि का भेदन करके हृदयाप्रकाश में इस ध्वनि का श्रवण करता है। साधारणतया दाहिने कान में यह ध्वनि अधिक सुनाई पड़ती है। इस दशा मे साधक यदि ब्रह्मचर्य की पक्की तौर से रक्षा कर सके तो जानना चाहिए कि आरम्भ दशा पक्व हो गयी है।[1]

नाद की द्वितीय दशा मे कण्ठ देशस्थ विष्णु ग्रन्थि का भेद हो जाता है। इस दशा में प्राणापान का एकीकरण और नाद तथा बिन्दु मिलित भाव में आ जाते है। इस दशा मं प्रत्ययाहार की स्थिति आ जाती है और मन अक्षुब्ध होना आरम्भ कर देता है। निरन्तर नाद श्रवण से श्वास प्रश्वास क्षीण होकर कुम्भक दशा मे आ जाते है तब काल क्षय आरम्भ हो जाता है। यह घट दशा के लक्षण है।[2]

तृतीय परिचय दशा में आज्ञाचक्रस्थित रूद्र ग्रन्थि का भेद होता है। मन की उन्मन दशा हो जाती है और आत्म सुख की अहिर्निश प्राप्ति होती हैं।

---

[1] आरम्भ जोगिला कथीला एकसार। षिण षिण जोगी करै सरीर विचार।
तलबल व्यन्द धरिबा एक तोल। तब जांणिवा जोगी आरंभ का बोल।।

[2] घट ही रहिबा मन न जाई दूर । अह निस पीवै जोगी वारूणी सूर ।
स्वाद बिंस्वाद बाई काल छीन। तब जांनिबा जोगी घट का लछीन ।
(गो०बा० 137 पृ० 48)

इस दशा में योग विभूति का प्राकटय आरम्भ हो जाता है और अणिमादि नाना सिद्धियों का आश्रय बना हुआ योगी नाना रूपों को धारण करने की सामर्थ्य वाला हो जाता है।[1]

नाद की चतुर्थ निष्पत्ति अवस्था में योगी पूर्णतः निर्मल होकर पूर्णावस्था को प्राप्त हो जाता है। नादानुसन्धान साधना का कार्य देह और चित्त के मलांश को दूर करना है। लोहार जिस प्रकार लोहे को गरम करके कई बार ठंडे पानी में बुझाकर उसे शुद्ध करता है, नादानुसंधान भी इसी प्रकार साधक की शुद्धि करता है। इस पूर्ण निष्पत्ति दशा मे योगी सहज भाव से पूर्ण साम्यावस्था में अवस्थित रहता है। वह समदृष्टि वाला योगी तब राजा और प्रजा में भेंद नही देखता।[2]

नाथमतोपदिष्ट साधनाप्रणाली मे नादानुसन्धान का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। मनोलय के सवा कोटि उपाय श्री आदिनाथ द्वारा कहे गये है, उनमें भी नाथमतानुपायी नादानुसंधान को उत्तम मानते है।[3] इसके द्वारा प्राप्त होने वाला आनन्द अनिर्वचनीय कहा गया है। नादानुसन्धान वायु को मध्य मार्ग (सुषुम्ना पथ) में प्रविष्ट करके प्राण और बिन्दु को स्थिर कर देता है, यह स्थैर्य आकाश के समान स्वाभाविक तत्व की प्राप्ति कराता है।

---

[1] परचप जोगी उनमन षेला। अहनिसि इंछया करै देवता स्यूं मेला ।
षिन षिन जोगी नाना रूप। तब जानिंबा जोगी परचप सरूप।।
(गो०बा०138,पृ०48)

[2] निसपति जोगी जांनिवा कैसा। अगनी पाणी लोहा मनि ज़ैसा।
राजा परजा समि करि देष। तब जांनिबा जोगी निसपति का भेष।।
गो०वा० 139, पृ० 48

[3] श्री आदिनाथन सपादकोटि लयंप्रकाराः कथिता जयन्ति।
नादाानुसन्धान कमेकमेव मन्यामहे मुख्यतम लयानाम्।। 66।।
ह०यो०प्र० 197

नाद देह मे चिद्शक्ति की कियाशीलता का साक्षी है। गुरूपदिष्ट मार्ग का अवलम्बन लेकर नादानुसन्धान की अन्तिम साधना में महानाद का अनसंधान किया जाता है। यह महानाद अत्यन्त शक्तिसम्पन्न और कियाशील होता है। इसके संधान की पक्व दशा प्राप्त होने के साथ साथ शरीर में भी परिवर्तन होना आरम्भ हो जाता है। एक महाशक्तिशाली तड़ित का अवतरण देह मे हो जाता है, इसके बाद देह में रक्त नहीं रहता। देह का रक्त चिद् वैद्युतिक शक्ति में परिणित हो जाता है और काया सिद्धि हो जाती है। यह काया दोष, दुख, क्षुधा, निद्रा ; तृष्णा, व्याधि, जरा और मृत्यु से विवर्जित हो जाती है। नादानुसंधान की चरम परिणित यही है।[1]

<u>शून्य साधना</u>

महायान बौद्ध धर्म द्वारा प्रचारित शून्य साधना चौरासी सिद्धों और नाथों से होती हुई निर्गुण संतों तक पहुंची है। शून्य तत्व वैसे भी भारतीय वाङ्गय के लिए विदेशी नही। परन्तु साधना सम्प्रदायों मे सुषुम्ना मार्ग ही शून्य मार्ग कहलाता है। इसी मार्ग मे स्तर भेद से शून्य, महाशून्य और अतिशून्य–तीन शून्यों का अवस्थान है, जिनका अतिकमण करना पूर्णतत्व प्राप्ति के लिए अपेक्षित है।

मानव–शरीर को निम्न प्रकार से त्रिखंड माना गया है :

1– मूलाधार से मणिपूर तक (प्रथम खण्ड)

2– अनाहत से विशुद्धाख्य तक (द्वितीय खण्ड)

3– विशुद्वाख्य से आज्ञा चक्रतक (तृतीय खण्ड)

---

[1] मूलाधार से मणिपूर तक (प्रथम खण्ड)

आज्ञा चक्रसे पिंडत्व छूट जाता है। योग कौशल से आज्ञाचक्रका भेदन करके साधक पिण्ड छोड़कर ब्रह्माण्ड तके प्रवेश करता है, किन्तु प्रथमावस्था का यह प्रवेश ज्ञानरहित प्रवेश होता है। यही प्रथम शून्य में प्रवेश है। इसमे योगी का देहात्मबोध हट जाता है, इस कारण देह का कर्तृत्व भोक्तृत्व बोध समाप्त हो जाता है। साधक तब देह में द्रष्टा रूप रहता है। यही अवस्था नाथ में निरालम्ब अवस्था कहलाती है। देहात्मबोध के आलम्बन का छूटना निरालम्ब होना है। नादानुसन्धान की घट दशा भी इसी का दूसरा नाम है। इस प्रथम शून्य के भेदन मे नाद भी प्राकारान्तर से मिलता है।

ब्रह्माण्ड को छोड़कर चिन्मय जगत मे (ज्ञान सहित) प्रवेश महाशून्य भेद कर होता है। इस समय देह भी चिन्मय स्वरूप मे परिणित हो जाती है। महाशून्य के प्रवेश तक व्यक्तित्व का आभास रहता है। भक्तिमार्ग के साधक इसी चिन्मय देश तक पहुंचते है। इससे आगे वे नहीं जाना चाहते, क्योंकि इससे आगे व्यक्तित्व आभास नहीं रहता। भक्त–भगवान भाव को बनाये रखना चाहता है, इसलिए इससे आगे वाली पूर्ण एकीकरण की अवस्था की वह अपेक्षा नहीं रखता।

अतिशून्य को भेदन साधना की चरम परिणति है। महाशून्य को भेदकर चिन्मय जगत मे प्रवेश के पश्चात् इस चिन्मय जगत को छोड़ना होता है इसको छोड़ने पर अतिशून्य का भेद होता है। यह भेदन संतो की भाषा मे मानसरोवर स्नान भी कहलाता है। मानसरोवर स्नान याने मन की पूर्ण शुद्धि। इस अवस्था में साधक पूर्णत्व के अधिष्ठान पर आरूढ़ होकर शिव स्वरूप हो जाता है। तब वह स्व देश में ही सारे जगत, सम्पूर्ण विश्व को देखता है।

ऐसा योगी देश, काल, सीमा सब के परे हो जात है। वह सर्वसमर्थ तथा सब जगह विद्यमान रहता है। नादानुसन्धान की निष्पति दशा इसी अवस्था का पर्याय है। इस स्थिति मे नाद का विलय हो जाता है। शून्य साधना का नाथ साधनाप्रणाली में बड़ा गुणगान किया गय है।[1] पूर्ण रूप से नाथ पदवाच्य होने के लिए तीन शून्यो की रहनी जानना आवश्यक है, तब सम्पूर्ण पाप पुण्य से विवर्जित अवस्था की प्राप्ति होती है।[2]

ब्रह्मअग्नि–अग्नियोग

नाथ सम्प्रदाय में अग्नियोग अथवा ब्रह्मग्नि प्रज्वलन किया का विशष स्थान है।[3]

नाथ साहित्य और नाथ वाणियों में बार–बार ब्रह्मअग्नि का उल्लेख मिलता है। यह अग्नि साधन आध्यात्मिक जीवन का एक अविच्छिन्न एवं आवश्यक अंग हैं।

---

[1] सुंनि ज माई सुंनि ज बाप। सुंनि निरंजन आपे आप।
सुंनि के परचे भया सथीर। निहचल जोगी गहर गभीर।।
(गो०बा०231 पृ०73)

[2] तीनी सुन्यं की रहनी जानें, ता घटि पाप न पुनां।
– गो०बा० पृ० 92

[3] प्रजाले अगनि लगावै बंध। काया अजरावर थिर हवै कंथ। 3।
(घोड़ाचाली)–पौड़ी हस्तलेख
चालन चंदवा षिस षिस पड़े। बैठा ब्रह्म अगनि परजले।
आडे आसण गोटिकाबंध। जावत प्रिथिमी तावत कंध।। 49।। सबदी
(गो०बा०)
अगनि ही जोग अगनि ही भोग। अगनि ही हरै चौसठि रोग।।
जो इसि अगनि का जाणै भेव। सो आप ही कर्ता आप ही देव।।191।।
(सबदी–गो०बा०)

वैदिक युग में आर्यो के जीवन में अग्नि (देवता) का स्थान बहुत ऊंचा था। तीनों वर्ण तथा तीनों आश्रमों के मनुष्य विभिन्न अग्निहोत्रों तथा यज्ञों के रूप में किसी न किसी प्रकार से अग्नि की उपासना करते थें। ब्राह्मण भी अग्नि का आधान किये बिना आत्मशुद्धि और परमेश्वर भी उपासना अथवा योगकर्म का अधिकारी नहीं हो सकता था।

जरथ्रुस का ईरानी धर्म, अग्नि उपासना की ही भित्ति पर आश्रित था। पारसी धर्म आज तक भी अग्नि उपासना का धर्म है।

जैन योग साहित्य बौद्ध योगाचार मत में भी यत्र–तत्र अग्नि का उल्लेख मिलता है। किन्तु उनमे अधिकांशतः केवल शरीरस्थ अग्नि का ही संकेत है, जिससे अर्हत पद तथा प्रज्ञा में प्रतिष्ठित होने से पूर्व, साधक चित्त और शरीर के मलांश को दग्घ करने का कार्य लेता है।

इस प्रकार अग्निसाधना के दो रूप सामने आते है। एक तो यज्ञादि के वैज्जिक कार्य कलाप में अग्नि की उपासना और दूसरी योग मार्गीय देहस्थ अग्नि साधना।

नाथ सिद्धान्तों की साधना–पद्धति में केवल देहस्थ अग्नि की ही प्रकिया का उलेख मिलता है। शरीरस्थ ब्रह्मग्नि में नित्य काया को होम करना नाथ योगी का यज्ञकर्म है। वैदिक याग और तांत्रिक महाव्याहति होमों से नाथ योगी का होम सर्वदा भिन्न है। ऐसा होमकर्ता योगी स्वयं नाथ स्वरूप हो जाता है और महादेव भी उसके चरणों की वन्दना करते है।[1] नाथयोगी का यह अग्नि साधन उसे पूर्णत्व के लक्ष्य पर पहुंचा देता है।

---

[1] ब्रह्म अगिनि मे होमे काया।

योग मार्ग मे इस अग्नि–साधना का उलेख हमे अन्यत्र भी मिलता है। श्वेताश्वेतरोतनिषत् के अनुसार योग सिद्धि लाभ सोमपान, वाजुजय तथा अग्नि–अभिमंथन में है।[1] देह तथा प्रणव की अरणियों का निर्मथन इस क्रिया का कूल है। इस निमर्थन से प्रकट हुई अग्नि ही उस निगूढ़ देव का साक्षात्कार कराती है।[2] तब साधक योगाग्निमय शरीर को प्राप्त कर जरा, मृत्यु और व्याधि तीनों को खण्डित कर लेता है।[3]

'योगयाज्ञवल्क्य' में गार्गी को उसके परम योगी पति द्वारा दिये गये योगविद्या के उपदेश में भी इस योगाग्नि का उल्लेख मिलता है।[4] अतः साधक समाज अति प्राचीन काल से ही इस अग्नि से किसी न किसी प्रकार परिचित रहा है।

मध्ययुगीन इसाई साधकों में विशेषकर सेण्ट फिलिप्स नेरी तथा सेण्ट केथराहन औब सीना, इस योगाग्नि में निरन्तर काया को होम करते रहे।[5] मध्यपूर्व के प्रसिद्धि सूफी साधक वैजीद (विस्तून) ने जब कहा कि "बारह वर्ष तक मैं अपनी आत्मा के लिए लोहार बना रहा और साधना की अग्नि में

तास महादेव बन्दे पाया।। 18।। सबदी। (गो०बा०)

1 अग्निर्यत्राभिमध्यते वार्युत्राधिरूध्यते।
सोमो यत्रातिरिच्यते तत्र संजायते मनः।। 6।2 (श्वेताश्वेततर)

2 स्वदेहमरणिं कृत्वा प्रणयं चौत्तरारिणम्।
ध्यान निर्मथनाभ्यासादेवं पश्येनिगूढवत्।। 141।2 (श्वेता)

3 न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः
प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम् ।। 12।2 (श्वेता)

4 आयुर्विधःतकृत् प्राणो निरूद्धस्त्वासनेन तु।
याति गार्गि ! तदापनात् कुलं वन्है शनैश्शनैः।।
वायुना वातितौ वहिनरमानेन शनैः शनैः।
ततो ज्वलीते सवेषां स्वकूले देह मध्यमे।। (2, 3। 12 योगेयाज्ञवल्क्य)

5 हक्सले, पिरीनियल फिलौसफी, पृ० 321

उसका दाह करता रहा" तब उसका संकेत सम्भवतः कुछ इसी प्रकार की योगाग्नि की अनुभूति की ओर ही था।[1] इसका दाह प्रत्येक साधक को सहना पड़ता है। और सप्तधातुमय शरीर तथा उसके मल की आहुति उसमे देनी पड़ती है।

विचारपूर्वक यदि देखा जाय तो इन होम प्रक्रियाओ में चरम लक्ष्य की भिन्नता नहीं मिलेगी। चाहे वह वैज्जिक यॉग कर्म हो अथवा देहस्थ काया होम वैदिक काल की कर्मशील जीवन धारा मे जिन विभिन्न योगों का क्रिया कलाप देखने को मिलता है, पुरूषमेध यज्ञ उनमे से एक प्रधान यज्ञ है। जो पुरूष सब भूमियों का अतिक्रमण करने वाली स्थिति को प्राप्त करने की इच्छा करता है, उसके लिए ही इस यज्ञ का विधान है। पुरूषमेध यज्ञ करने वाला साधारणतः आत्मा में अग्नि का समारोपण कर वन में चला जाता है और फिर घर लौट कर नहीं आता क्योंकि आत्मा में अग्नि का समारोपण कर फिर गृहस्थ जीवन नही चलता। जो घर लौटने की इच्छा करता है वह अग्नि का समारोपण आत्मा मे न करके दो अरणियों में करता है। आत में अग्नि का समारोपण ही देह एवं मन की उस शुद्धता को प्राप्त होना है। जिसके बाद फिर गृहस्थ जीवन के शुद्धशुद्ध कर्मो के कर्ता होने का भार मन और देह नहीं वहन कर सकते। इस प्रकार वैज्जिक याग कर्म भी यज्ञकर्ता के शुभाशुभ कर्मो का दाह करता है और देहस्थ योगाग्नि अथवा कायस्थ होम प्रक्रिया भी यहीमल दहन कार्य अथवा शुभाशुभ कर्म दहन करती है।

---

1 हक्सले, पिरीनियल फिलौसफी, पृ० 317

परमतत्व की प्राप्ति के प्रतिबन्धक (शुभाशुभ कर्म) जब तक दग्ध न हो जायेंगे, तब तक वे तत्व की प्राप्ति नहीं होने देंगे। दाहिका शक्ति के अधिष्ठाता अग्निदेव ही है। अतः वैज्जिक यज्ञ कर्म हो अथवा देहस्थ अग्नियोग का होम, अग्निदेव की शरण जाना ही पड़ता है। वेद मे इस तथ्य की बड़ी ही सुन्दर व्याख्या प्रार्थना के रूप मे है–

अग्ने नय सुपथा राये अस्मान् विश्वानिदेव वयुनानि विद्वान।

युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठा ते नमउक्ति विधेम।।18।।

"हे अग्निस्वरूप परमेश्वर, आप ही मेरे धन हैं, सर्वस्व है, अतः आपकी प्राप्ति के लिए आप मुझे उत्तम मार्ग से अपने चरणों के समीप पहुँचाइए। मेरे जितने भी शुभाशुभ कर्म है, आप उन्हे जानते है, मैं इन प्रतिबन्धकों के होते हुए आपको नहीं पा सकता अतः आप उन सबको दूर कर दें और मुझे अपना लें। मै। बार–बार नमस्कार करता हूँ।"

देह में अग्निमण्डल कहॉ है? देहस्थ अग्नितत्व का कया स्वरूप है? एवं यह काया होम क्या वस्तु है? योग साहित्य एवं नाथों का देहतत्व प्रधान योग पंथ इन सबका सम्यक् उत्तर देता है।

देहस्थ अग्निमण्डल मनुष्य शरीर के 'मध्यभाग' में त्रिकोणाकार रूप मे ही वर्तमान है। उसका स्वरूप दिव्य आभामय तप्त कांचन की तरह है।[1] देह का यह 'मध्यभाग' गुदास्थान से दो अंगुल ऊर्ध्व तथा मेढ्रास्थान से दो अंगुल अतः भाग में स्थित है।[2] यह अग्निमण्डल सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त अग्नि का

[1] देहमध्ये शिखिस्थानंत्रिकोणं तप्तजाम्बूनदप्रभं मनुष्यांणाम्
(शांडिल्योपनिषते 4।4।1)

[2] गुदाद्दयगुंलादूर्ध्व मेढाद्दवयर्गुलादघौ देहमध्यं मनुष्याणां भवति ।

मूल श्रोत है। देह में कार्य भेद से इस अग्नि का उल्लेख भिन्न–भिन्न नामों से किया जाता है। नाथपंथ में इस तरह के पॉच नाम मिलते है–मूल अग्नि, भुयंगम–अग्नि, रूद्र, अग्नि, काल अग्नि तथा ब्रह्म अग्नि। इन पांच अग्नियां की साधना भरपूर रखना ही सिद्ध की पहचान का संकेत है।[1]

मूल अग्नि की साधना रक्त, पित्त, ऑव का शोधन करती हुई सम्पूर्ण शरीर की शुद्धि करती है। भुयगंम अग्नि प्राण को स्थिर कर प्रत्याहार मे स्थिति लाती है, तब साधक योगी भिक्षार्थ एवं भोजनार्थ ग्रामादि मे कही भी जाने की इच्छा नहीं करता। रूद्र अग्नि नव द्वारो की बहिर्मुखी वृत्तियों को रूद्ध कर मन का शोधन कर देती है। काल अग्नि की साधना तीनों भुवनों का प्रामाणिक ज्ञान योगी को देकर उसे विज्ञानमय बना देती है। ब्रह्मअग्नि की साधना ब्रह्मनाल के भीतर का कौतुक है, जहॉ से शक्ति सहस्त्ररस्थ शिव में सम्मिलित होकर योगी को अखण्ड आनन्द प्रदान करती है। इन सब पर अधिकार प्राप्त करना ही पंचाग्नि साधना है।[2]

(शांडिल्योपनिषते 5।4।1)

[1] पंच अगनि भरपूर रहै। सिध संकेत श्री गोरष कहै।

(गो०बा० 246)

[2] पंच अगनि (गो०बा०पृ० 246) मूल गो०बा० मे इन अग्नियों का कम भिन्न है। यथा मूलन अगनि, भुयंगम अगनि, ब्रह्म अर्गान, काल अगनि, रूद्र अगनि। यह कम पंचकोष और पंच नाड़ी साधना की दृष्टि से कुछ आगे पीछे लगता है। वाणियों के पद्यबद्ध रूप में कम इत्यादि की ऐसी सूक्ष्मताओं का ध्यान अधिकतर रखा भी नहीं जा सकता। दह में कार्यभेदानुसार शास्त्र में इन अग्नियों का नाम भिन्न–भिन्न रूप से भी आया है। योगशिखोपनिषत्, 5 अध्याय में उनका नाम कालाग्नि, मूलाग्नि, वाडवाग्नि, वैद्युताग्नि एवं सूर्याग्नि आया है। सुरेश्वराचार्य ने कालाग्नि, वाडवाग्नि, वैद्युताग्नि, पार्थिवाग्नि, एवं सूर्याग्नि नामों से उनका उल्लेख किया है। (दक्षिणामूर्ति वर्तिक 9।10) गर्भोपनिषद् में ज्ञानाग्नि, जठराग्नि, दर्शनाग्नि, आहवनीय, गार्हपत्य और दक्षिणाग्नि का विवरण मिलता है।

साधना पद्धति की सूक्ष्मता की दृष्टि से यह पंच्चाग्नि साधन अथवा काया होम प्रकिया क्या? इस विषय पर विचार करेंगे।

साधना का उद्देश्य जीव देहात्मबुद्धि को ऊपर के स्तरों मे पहुँचाकर उसे परमात्मबुद्धि मे परिणत कर देना है। साधरणतय मनुष्य दहाभिमान लेकर निम्न भूमि मे से ही शति का जागरण वाञ्छनीय है।[1] इसी निम्न भूमि से वह शक्ति रूप चिद अग्नि, दाह का कार्य आरंभ करती है और मलांश दग्ध प्रकिया शुरू हो जाती है।

देह ही स्थूल शरीर है। यही अन्नमय कोश भी है। जीव, जिन पंच–कोशों का खोल पहन कर शिव से जीव हो गया, इन कोशो का मन जब पूर्णतया दग्य हो जायेगा तब जीव में विशुद्ध सत्व की प्रतिष्ठा होगी। अन्नमय कोश का सर बिन्दु अथवा शुक्र है। शरीर से दोहन कर इस बिन्दु की आहुति यागाग्नि मे पड़ती है। कुंडलिनी का उद्बोध नही योगान्नि का प्रज्वलन है और आहुति पड़ना ही बिन्दु का ऊर्ध्व गमन करना है। और साधक का ऊर्ध्वरता बनने की प्रक्रिया का प्रारम्भ होना है। इस प्रथम आहुति के पड़ने पर वास्तविक साधना का आरम्भ होता है। सामान्य मनुष्यों के बिन्दु की गति बहिर्मुख होती है और इसीलिए वे मरण राज्य के अन्तर्गत है। साधक के बिन्दु कीगति ऊर्ध्व होती अतः वह वाव्तविक जीवन की ओर अग्रसर होता है, "मरणं बिन्दु पति जीवनं बिन्दु धारणात्" इसीलिए कहा गया

---

[1] प्राणपान समायोगोच्यन्द्रसूर्यकता भवेत्।
सप्तधातु भय देहमग्नितः प्रदहेद्बध ।।
।। 76।। योगवीजम् (प्र० गोरक्षटिल्ला, काशी वि०स०2008)

है। यहह पहली आहुति स्थूल शरीर–रक्त, पित्त, आंव सब का शोधन कर देती है। यही मूल अग्नि की साधना अथवा काया होम की प्रथम आहुति है।

बिन्दु के इस शोधन के पश्चात् उसकी द्वितीय आहुति पड़ती है। तब उसका ओज रूप बनक रवह प्राणमय कोश की पुष्टि करता है। इस द्वितीय आहुति के पश्चात् शनैः शनैः प्राणवायु स्थिरता को प्राप्त होने लगती है। भुयंगम अग्नि की साधना इसी का पर्याय है।

परन्तु यह ओज अभी शुद्ध नहीं कहलाता। अतः इस की पुनः तीसरी आहुति पड़ती है। तीसरी आहुति के पश्चात् ओज शुद्ध होकर मन के रूप में प्रकट होता है और मनोमय कोश की पुष्टि करता है। रूद्र–अग्नि–साधन इस तीसरी आहुति का ही पर्याय है।

इस तीसरी आहुति से मन मे सत्व की प्रतिष्ठा तो होती है किन्तु मनोमय सत्व भी सर्वथा निर्मल नहीं, क्योंकि मन का धर्म संकल्प एवं विकल्प है। इस विकल्पांश को दग्ध करने के लिए पुनः चतुर्थ अग्नि में आहुति देनी पड़ती है अथवा चाथी आहुति देनी पड़ती है। अब विशुद्ध संकल्प मात्र. शेष रह जाता है। इसे विज्ञान कहते है। यही विज्ञानमय कोश की पुष्टि करता है। यह चतुर्थ आहुति ही काल अग्नि की साधना है। यहरी योग भूमि है। और यहीं से ऐश्ववरिक जीव की भूमि का आरम्भ हो जाता है।

किन्तु विज्ञान मे भी द्वैत भाव है। अनुकूल ज्ञान एवं प्रतिकूल ज्ञान, विज्ञान का धर्म है। प्रतिकूल ज्ञान दुखः मूलक प्रतिकूल ज्ञान रूप मल को दग्ध करने लिए पच्चम अग्नि में उसकी आहुति देनी पड़ती है। पॉचवी आहुति में विज्ञान शुद्ध होकर आनन्द रूप में परिणत होता है और यही

आनन्दमय कोश का अमृत रूप है। इसकी फिर आहुति नहीं देनी पड़ती। अग्नि में आहुति की प्रक्रिया, मल दहन तक ही चलती है। दाह्य वस्तु जब शेष नही रहती तो दाहिका शक्ति का कार्य भी बन्द हो जाता है। तब अग्नि, अग्नि न रहकर विशुद्ध ज्योति अथवा आनन्द मात्र रह जाती है। तब अखण्ड रूप से अमृत का स्राव होता है।[1] नाथपंथ की पञ्चम अग्नि इस प्रकार ब्रह्म अग्नि की साधना का आनन्द है; शिवशक्ति का अहिर्निश मिलना[2] और काया होम[3] की पूर्णाहुति, जो साधक को पूर्णतत्व प्रदान कर शिव का सेव्य बना देती है।

दाहिका शक्ति का कार्य बन्द हो जाने के कारण इस स्थिति में अग्नि विशुद्ध ज्योति मात्र रह जाती है और हवि भी आनन्द रूप विशुद्ध ज्योति स्वरूप हो जाता है। अतः हवि, अग्नि, होम प्रक्रिया सब कुछ यहॉ उस परम ब्रह्म के निर्वाचय एक आनन्द तत्व के ही रूप हो जाते है। तब इस अग्नि का ब्रह्म के अतिरिक्त दूसरा नाम भी क्या रखा जा सकता है। गीता में इसी भाव का साम्य नीचे लिखे श्लोक में मिलता है:—

ब्रह्ममार्पणं ब्रह्महविर्वब्रह्माग्नी ब्रहह्मणा हुतम्।
ब्रह्मेप तेल गंतव्यं ब्रह्म कर्म समाधिना।।

---

[1] ब्रह्म अगनि सोषो सरीर।
तहां झरै अमी नीझर सुनीर।। (पृथ्वीनाथ—पौड़ी हस्तलेख)

[2] सिव धरि सकति अहैनिस रहै। ब्रह्म अगनि जती गौरष कहै।। (गो०बा०, पञ्च अग्नि पृ० 246)

[3] अवधू ब्रह्मम अगनि में होमे पंच, आतम जरै व लागें अंच।
पांचु जारि जीवता राषै, चन्दरनाथ जोगेसर भाषै।।
— चन्द्रनाथ जी की सबदी। श्रीनाथशतकम्
(प्रकाशक यो०प्र० समा, गोरक्षटिला काशी, वि०सं० 2010)

इस काया होम का भीतरी पर्याय पंच नाड़ी साधना है। अतः कुण्डलिनी का उद्बोधन यह होमाग्नि ही है। साधारण मनुष्यों का श्वास इड़ा और पिण्गला नाड़ियो में रहता है अतः वे देहाभिमान लेकर आत्म विस्मृति के अन्धकार में भटकते रहते है। जब तक कुण्डलिनी का उद्बोधन नहीं होता और ईड़ा, पिंगला का अतिक्रमण कर जीव का प्रवेश सुषुम्ना रूप मध्य नाड़ी में नहीं होता तब तक वह सामान्य देह बुद्धि से उपर नहीं उठ पाता। सुषुम्ना में प्रवेश ही दिव्य जीवन की भूमि का प्रथम सोपान है। उस समय अन्तर के प्रकाश का साक्षात्कार आरम्भ हो जाता है।

पुनः सुषुम्ना के अन्दर सिथत बजा नाड़ी में प्रवेश होता है और सूक्ष्म शरीर के द्वितीय स्तर में स्थिति प्रप्त होती है। इसके बाद चित्रिणी नाड़ी में प्रवेश होता है और विकल्प रहित ज्ञान का उदय होता है। इसी को साधकगण विश्रान्ति अवस्था भी कहते है। सूक्ष्म दे हके तीसरे स्तर में स्थिति अथवा कारण शरीर में स्थिति भी इसे ही कहते है। चित्रिणी नाड़ी के भीतर ब्रह्मनाड़ी में प्रवेश पाने पर स्वरूपवस्थिति अथवा शुद्ध कारण रेह में स्थिति प्राप्त होती है जो चैतन्यमय अथवा विशुद्ध अमृतानन्द की स्थिति है।[1] यही ब्रह्ममनाल में स्थिति नाथों की शब्दावली में, ब्रह्म अग्नि को ब्रह्म नाल में धरना है।[2]

---

[1] "अखण्ड महायज्ञ" भूमिका म०म०पं० गोपीनाथ कविराज।

[2] ब्रह्म अगनि ब्रह्म नाली धरि लेउ आंण।
उलटंत पवना रवि ससि गिगन संमान। गो०बा०, पृ० 246)

कबीर आदि मध्ययुगीन (निर्गुण) संतों को यह अग्नियोग अथवा साधन का यह कूट नाथों से ही दाय के रूप में मिला। नाथ वाणियों के पश्रात् संत वाणियों में ब्रह्म अग्नि का उल्लेख नाथपंथी अर्थ में देखने को मिलता है।[1]

कायसिद्धि

कायसिद्धि भारतीयों के लिए अपरिचित शब्द नहीं है। अश्वत्थामा, बलि व्यास, हनुमन्त, युधिष्ठिर, परशुराम आदि के अमर होने का विश्वास पुराणों के द्वारा भरतीय जनता में प्रचलित है। योगियों की अमर काया के सम्बन्ध में भी भारतीय जन हृदय अविश्वास नहीं रखता। "गोरख गोपालं बूढ़ा बालं" और "गोपीचन्द–भरथरी" का आज भी किसी किसी भाग्यशाली को दर्शन दे जाना सुना जाता है। अध्यात्म दर्शनकी साधना प्रणालियों में कायसिद्धि की अपेक्षा बाली बात अत्यन्त प्राचीन काल से चली आती है। भारत ही नहीं विदशों में भी कायसिद्धि का विषय परिचय उपलब्ध होता है। ईसाई सम्प्रदायों में पाया जाता है। ईशु खीष्ट के शरीर के सम्बन्ध में भी इसी तरह का विवरण मिलता है। 'रिसरक्शन' के पश्चात् वे सशरीर आकाश गमन कर गये थे। उनके इस आकाशगामी शरीर को ईसाई मत में 'एसेन्शन बौडी' आख्या दी जाती है।

बौद्ध मत में देह सिद्धि का उल्लेख मिलता है। अभिधर्मकोश में 'स्कन्ध सिद्धि' का विवरण विस्तार के साथ आया है। श्वेताश्वेतरोपनिषद् में भी सिद्ध देह का उल्लख मिलता है। योग कौशल के द्वारा जब पंच महाभूतों

प्रगट प्रकास ज्ञान गुरू गमि थें, व्रह्म अगनि परजारी।
ससिहर सूर दूर दूरतर, लागी जोग जुग तारी।। इविद, पृ० 907)

का उत्थान और उन पर अधिकार हो जाता है तब योग विषयक पांचों सिद्धियाँ प्रकट हो जाती है, तब योगी का शरीर योगाग्निमय होकर जरा, व्याधि और मृत्यु के प्रभाव से रहित हो जाता है।[1] प्रस्तुत निबन्ध–ग्रन्थ के आरम्भ में उल्लिखित विवकेयोगज्ञान सिद्धान्त वाले सभी सधना वम्प्रदायों मके कायसिद्धि का विवरण आया है। संक्षेप में कायासिद्धि के साधनो का परिचय निम्न प्रकार है।

वियोग तथा योग मार्ग

साधारण जीव स्थूल देहावच्छिन्न भाव में रमण करता है इसलिए देहस्थ चिद्स्वरूप आत्मा की प्रतीति उसे नही होती। वियोग मार्ग की साधना के द्वारा पहले स्थूल शरीर से चिद् सता को अलग करना होता है। इस कार्य के हो जाने पर देहाभिमान जाता रहता है। अब पृथक हुई चिद् आत्मसत्ता को योग मार्ग का अवलम्बन लेकर फिर स्थूल सत्ता से मिलाना होता है। उत्कट कर्म के पश्चात स्थूल देहसत्ता में चिद् एकीभूत हो जाती है। और देह अपनी पञ्चभूतात्मक प्रकृति को त्याग करके आत्मसत्ता के चिद् अमृत तेज में परिणत होकर काया को सिद्ध बना देता है।[2] यह काया जरा मृत्यु व्याधि से परे हो जाती है।

---

[1] पृथव्यप्तेजोऽनिलखे समुत्थिते पञ्चात्मके योगगुणे प्रवृते।
नातसय रांगी न जार न मृत्यु प्राप्तस्य योगाग्निमय शरीरम्।।

[2] यहु तन साचु साचु का ध्रवा। रूध्र पलट अमीरस भरवा।
अतीत पुत्स ज्ञान पद परसै। अवचल होई सरीर दरसै।
जरा मृतु काल का भछिण। निसपति जोगी जोगी का लछिण।

बिन्दुयोग

बिन्दु शोधन और तत्पश्चात् विन्दुजय इस कौशल के अन्तर्गत आते है। आदि विन्दु मनुष्य शरीर में शुक्र के रूप में वर्तमान है। यह शुक्ररूप बिन्दु अमरत्व और मरण दोनों का हेतु है। 'मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बन्दु धारणात्'' इसी लिए कहा गया है। दुरूपदिष्ट मार्ग द्वारा एवं मुद्रा विशेष के सम्यक अभ्यास से शुक्र शोधन होता है। शोधन की प्रथम अवस्था में यह शुक्र, दूसरी में ओज, तीसरी में बिन्दु, चाथीमें मर्ग, पांचवी में ब्रह् तेज, छठी में ब्रह्म और सातवी में अनामी कहलाता है। इस साधना से बिन्दु पूर्णतया स्थिर हो जाता है।[1]

कार्य भेद से मनुष्य देह में विन्दु दो प्रकार से विद्यमान रहता है। शिव बिन्दु और रजो बिन्दु। रजोबिन्दु नाभि और शिवबिन्दु मस्तक के मध्य भाग में रहता है। रजोबिन्दु का उर्ध्व निपात करके उसे शिवबिन्दु में मिलाकर शिवशक्ति का एकीकरण करके पूर्ण बिन्दुजय और बिन्दुयोग की सिद्धि होती है और जरा मृत्यु का निवारण हो जाता है।[2] कहना न होगा कि नाथ मतापदिष्ट साधनाप्रणाली में बिन्दुरोग का महत्वपूर्ण स्थान है।[3]

वायुयोग

यह भी कायसिद्धि का हेतु माना गया है। वायुशक्ति को प्राणशक्ति भी कहा गया है, परन्तु अपने साधारण रूप में जब वायु सामान्य जीव देह में

---

[1] बिन्दुयोग, महात्मा ओम्, पृ० 36

[2] वही, पृ० 38

[3] व्यन्द ही जोग व्यन्द ही भोग। व्यन्द ही हरे चौसठ रोग।
या बिंद का कोई जाणे भेव। से आपै करता आपै देव।
गो०बा० 148, पृ० 51।

क्रिया व्यापार रत रहती है ता`जीव की मृत्यु का हेतु होती है। साधारणतया वायु से यहां ततत्पर्य श्वास–प्रश्वास से लिय गया है। श्वास प्रश्वास जब तक इड़ा–पिंगला नाड़ियों की प्रधानता लेकर चलता है तब तक मनुष्य काल राज्यान्तर्गत रहता है। परन्तु इड़ा पिंगला का अतिक्रमण करके यदि वायु मध्य सुषम्ना पथ में सञ्चरित हो गयी तो आान आवरण परिच्छिन्न हो जाता है। यह संचार, योग कौशल से लम्बे काल तक स्थिर किया जाता है तब वायु एक अत्युत्कट तड़ित शक्ति में परिणत होकर शरीर की चौसठ सन्धियों में व्याप्त हो जाती है। व्याप्त होकर यह तड़ित शक्ति शरीर के रक्त को भी तड़ित में बदल देती है और काया सिद्ध हो जाती है। ऐसे योगी के देह की फिर छाया नहीं पड़ती।[1]

बनस्पति योग

नाग (सीसे का भस्म), वंग (टिन का भस्म) और वनस्पति के प्रयोग से काय पलटने का उल्लेख नाथ वाणियों में मिलता है।[2] गढ़वाल के प्रसिद्ध आयुर्वेद के शोधकर्ता पंडित भैरवदत्त अष्टवर्गीय को "नाथ निघटु" नामक एक ग्रन्थ प्रप्त हुआ था। इसमें विभिन्न पीठों में पायी जाने वाली अद्‌भुत वनस्पतियों का उल्लेख है, परन्तु भाषा के सांकेतिक होने के कारण इसमें वर्णित स्थानों का पता लगाना दुष्कर है। पंडित भैरवदत्त जी इस पर

---

[1] अवधू नव घाटी रीकि लै बाट। बाई बणिजै चौसठि हाट।
काया पलटै अविचल विध। छाया विवरजित निपजै सिध।।
गो०बा० 50, पृ० 19

[2] निचल धरि वैसिवा पवन निराधिवा कदै होईबा रोगी।
बरस दिन में तीनि बार काया पलटि या, नाग बंग वनासपती जोगी।
वही, पृ० 32

निरन्तर शोध में लगे थे और अष्टवर्ग आदि कतिपय लुप्त औषधियों का उन्होनें पता लगाया थ, किन्तु असमय मे उनका देहान्त होने के कारण यह कार्य अधूरा रह गया है।

उपरोक्त 'नाथ निघंटु' में काय कतिमय वनस्पतियों का उल्लेख निम्न प्रकार आया है :

'अचलेश्वर जी रा कुन्डरा अगाड़ी येक देवरा है। थारा दक्षिण दिसा तर्फ पीपल जैसी पेड़ है। पानीं का ऊपर भभूत जैसी है। तोडण से दूध निकलती है। दूध आंख्यों आजंणै भूमि निधान देखे, देवशरण ही सब रोग जांय, खावै तो तीन हजार बरस जीवै, बज्रकाया हो।'[1]

खेंचरी

खेचरी मुद्रा की पूर्ण सफलता काय सिद्धि की हेतु मानी गयी है। योगी सम्प्रदायों तथा योग शास्त्र में प्रचलित है कि सहस्त्रार से नरन्तर अमृतमय सोमरस का क्षरण होता है और वह अधोभाग में स्थिर कालाग्नि कुण्ड द्वारा सोख लिया जाता है। योग कौशल से यदि इस क्षरण को रोक कर उसका पान कर सके तो अमृामय परमतत्व की प्राप्ति होती है और इस सोमरस के प्रभाव से काया जरा, व्याधि और मृत्युविहीन हो जाती है।[2]

खेचरी योग ही एक कौशलयुक्त कर्म है। इसमें योगी जिह्ना की पलट कर तालूमूल में शंखिनी विवर के द्वार से ब्रह्मरन्ध्र के मुँह तक ले जाता है और यहॉ से क्षरित हो रहे अमृत का पान करके अपना कार्य साधन करता

---

[1] प्रष्टवर्ग सूची, भैरवदत, पृ० 18, लैन्सडाउन, 1949 ई०।

[2] न रोगी मरणं तन्द्रा न निन्द्रा न क्षुधा तृषा।
न च मूछां भवेतत्य यो मुद्रां वेति खेचरीम।।
ह०यो०प्र० 3/39

है। योग कुण्डल्युपनिषदत में खेखरी विद्या का विस्तार से वर्णन हुआ है। नाथ मत मकं खेचरी का बड़ा गुणगान किया गया है। खेखरी सिद्ध योगी तन्द्रा, निद्रा, क्षुधा, तृषा मूर्छा और मरण सबकी जीत लेता है। सृष्टिमय बीजों में एक ही बीज ओमृ है, मुद्राओं में एक खेचरी है, देवों में एक निरालम्ब देव है और अवस्थाओं में एक मनोन्मनी अवस्था है।[1] यही सार वस्तुएं है।

<u>रसवाद</u>

रसेश्वर सम्प्रदाय में कायसिद्धि पर विस्तार पूर्वक विवेचना हुआ है। नागार्जुन, गारक्ष आदि नाथों की गणना रस सिद्धों में भी होती है। आंशिक रूप से नाथ मत में भी रसायन के उपयोग से कायसिद्धि उपदिष्ट है।

रसवाद में रस का तात्पर्य प्रधान रूप से पारे लिया जाता है। पारा शिव बिन्दु कहा गया है। रसेश्वर मत में पारे को मारने की विभिन्न क्रियाओं का उल्लेख मिलता है। मारा जाने पर, पारे में मद्भुत रंग देने की क्षमता आ जाती और इसी प्रक्रिया द्वारा सामान्य धातुओं को पारा सुवर्ण में परिवर्तित कर देता है। पारे का यह पहला प्रयोग है और विस्वास किया जाता है कि यह प्रयोगविधि आज भी गुरू परम्परा द्वारा किन्हीं योगियों के पास सुरक्षित है।

पारे का दूसरा प्रयोग रसगुलिका अथवा रसमणियों के बनाने में है। यह गुलिकायें विभिन्न प्रकार की शक्तियों को देने में समर्थ समझी जाती है। मनुष्य शरीर के भीतर स्वप्रकाश आत्मा के उपर अनन्त कालसे संस्सार रूप

---

[1] एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्राच खेचरी।
एको देव निरालम्ब एकावस्था मनोन्मनी।।
ह०यो०प्र० 3/54

मापा के पड़े हुए आवरण को निमिष मात्र में छिन्न कर देने की क्षमता भी इन रसमणियों में होती है। इस विद्या को हेम विद्या, चामीकर विद्या, हरगौरी शास्त्र आदि नामों से भी सम्बोधित किया जाता है। रसवादियों का कहना है कि उनका रसदर्शन ही परवर्ती भारतीय षड़दर्शन और यूनानी चतुर्दर्शन धाराओं का रहस्यवादी मूल स्रोत है।

रसवाद के साधारणतया चार भाग माने गये है। (1) रसायन या कीमिया, (2) वैद्यक, (3) ज्ञान और (4) योग। प्रथम दो भागों को अन्त के दो भागों की प्राप्ति का साधन माना है। रसवादियों का लक्ष्य योग द्वारा अजर–अमर जीवन्मुक्ति ही रहा है।

रसायन अथवा कीमिया के अन्तर्गत साधारण खनिजों, धातुओं को वनस्पति आदि के प्रयोग द्वारा बहुमूल्य धातुओं में परिणत किया जाता है। वैद्यक में विभिन्न रसायनों से प्रस्तु की गयी औषधियों द्वारा असाम्य रोगों की चिकित्सा का विधान आता है। ज्ञान में रयि, प्राण और आत्मा का ज्ञान तथा मनुष्य का विश्वात्मा से विज्ञानमय सम्बन्ध आदि विषय आते है। योग के अन्तर्गत ब्रह्मविद्या आती है जो जीव को शिवत्व पद पर आरूढ़ करती है।

रसवाद में पारद से निर्मित कतिपय रसायनों का विधान है जिनके प्रयोग से शरीर तत्वों का पोषण किया जाता है। ये रसायन शरीर के प्रत्येक कोश और प्रत्येक तन्तु में पूर्णतः घुल–मिल जाते है। इससे शरीर प्रस्तरान्तरित होकर एक प्रकार की परदकाया में परिवर्तित हो जाता है। इस विधान में भी सूक्ष्म आत्मसत्ता और स्थूल देहसत्ता एकीभूत होकर सिद्धकाय रूप में मिश्र सत्ता हो जाती है। यह सिद्ध देह हरगौरीतनु नाम से ख्यात

है।[1] कहना न होगा कि नाथ मत में भी परद, प्रधान रसवाद के प्रयोगो की उपयोगिता मानी गयी है।[2] वायुवादी और मुद्रावादी हठयोगी गण, सहजयानी तथा बज्रयानी बौद्ध सि०, वैष्णव सहजिया, नाथसिद्ध और कतिपय निर्गुण संत ायिसिद्धि के विधान को मानते है। सिद्ध देह को इन विभिन्न मतो में पक्वदेह, सिद्धदेह, हरगौरीतनु, प्रणवतनु, शाक्त देह, भवदेश, सिद्ध काय और हंसदेह आदि कहा जाता है। लक्ष्य में अवन्तर भेद नहीं साधनों में भले ही विविधता हो। बौद्ध सहजीया "महासुख" द्वारा जिसका लाभ करते है, रसेश्वर सिद्ध उसे 'रस' से प्रप्ति करते है, इसी प्रकार नाथ सिद्ध सहस्त्रार से क्षरित अमृत पान अथवा चन्द्र सूर्य के एकीकरण द्वारा और वैष्णव सहजीया उसी को 'भाव' द्वारा पीते है।

नाथ मत की साधना प्रणाली में में कायसिद्धि का सबसे अधिक महत्व है। सप्त धातु के काया पिंजर में जीव सूबे की भॉति बद्ध पड़ा है।, सदगुरू ही योगयुक्ति से पार लगा सकते है।[3] काया से दूसरा आगत तत्व नहीं है।[4] योगी की काया यदि सिद्ध नहीं है तो वह योगी कहलाने के योग्य नही,[5]

---

[1] एन्सियन्ट इण्डियन केमिस्ट्री एण्ड एल्किमी आव दी कोमिको फिलासाफ्रिककल सिद्धान्त सिस्टम आव दी इंडियन मिस्टिक्स, सी एम० नारायण स्वामी ऐप्यर, थर्ड ओरिएन्टल कान्फ्रेन्स, मद्रास, १६२४ ई०

[2] भग मुषि व्यंद अगनि मुषि व्यंद अगति मुजि पारा। जो राषै सासे गुरू हमारा।।
गो०बा० पृ० 49

[3] सप्तु धात का काया पिंजराता मांहि जुगॉत बिन सूवा।
सतगुर मिले त उबरै बाबू, नहीं तो परले हवा।
गो०वा० पृ 115

[4] काया ते कछू अगम बतावै ताको मंडू भाई ।। वही, पृ० 32

[5] त्रिया न स्वाति वेद र रोगी रसायणी पर जाचि षाय।
बूढ़ा व जोगी सूरा न पीठि पाछे घाव यतना न मानै श्री गोरषराय।
वही, पृ० 32

साक्षात् अभेद आलाचन है तथा मूखरी शक्ति का गुण 'जगत सत्ता स्व सत्ता काही अंग' बोधमय है।

मूल चित्शक्ति (निष्कल अवस्था)

↓

बामेश्वरी (सृष्टि उन्मुख)

↓

खेचरीशक्ति (चिदाकाश में संचरण शील)

↓

गोचरीशक्ति (अविकल्पन, अभेद निश्ख्यात्मक बोध, निर्विकलप बोध एवं निरभिमान अवस्था मय)

↓

टिक्चरी शक्ति (साक्षात अभेद आलोचनशील)

↓

भूचरी शक्ति (जगल सत्ता स्व सत्ता का ही अंग बोध मय)

'यस्य ब्रहमाण्ड भांडे हि' के अनुसार मनुष्य देह ब्रहमाण्ड की एक लघु प्रतिमूर्ति है। इन सब शक्तियों का प्रसरण मनुष्य देह में भी आदि मूल सहस्त्ररस्थ शिव से इसी क्रम में हुआ है। परन्तु देह में इसी नाम के चार चक्रों से यह शक्तियाँ आच्छदित है, अतः परिच्छिन्न है। शकितयों के इस परिच्छिन्न हो जाने के कारण देहस्थ शिव को अपने शिवस्थ का ज्ञान नहीं और वह जीव अथवा पशु हो गया है।

खेचरी चिदाकाश में निरन्तर सञ्चरण करने की शक्ति है। मनुष्य देह में खेचरी चक्र द्वारा यह ढकी हुई रहती है और जीव चिदाकाश में संचरण नहीं कर पाता। खेचरी मुद्रा के अभ्यास द्वारा यह खेचरीचक्र भेदन होता है। इस तरह चक्र भेद हो जाने पर मूल शक्ति का साक्षात्कार होता है और पशु अपने पशुपति रूप को प्राप्त हो जाता है।

अब खेचरी से और नीचे के स्तर पर शिव अथवा मूल आत्मा का प्रसरण हुआ। इस प्रसरण के साथ उसमें मन, बुद्धि और अहंकार की शक्ति है, परन्तु शुद्ध मन, शुद्ध बुद्धि एवं शुद्ध अहंकार की शक्ति। गोचरी शक्ति के अन्तर्गत मन में निविकल्प बोध, बुद्धि में अभेद निश्चयात्मक बोध और अहंकार में निरभिमान अवस्था रहती है। गोचरी चक्र द्वारा जीव देह में यह गोचरी शक्ति ढक जाती है, तब मन में विकल्प ज्ञान, बुद्धि में भेद तथा अनिश्चयात्मक बोध व अहंकार में अभिमान अवस्था आ जाती है। अतः किसी प्रकार इस चक्र का भेदन कर मूल शक्ति का साक्षात्कार करने पर यह भेद ज्ञान दूर हो सकता है।

अपनी शक्तियों को परिच्छिन्न करते हुए स्वयं जीव दशा की ओर बढ़ते हुए शिव और भी नीचे के स्तर पर आकर दिक्चरी पर अवस्थित हुए। मूल शक्ति के अन्तर्गत उनमें साक्षात अभेद आलोचन का ज्ञान था। परन्तु दिक्चरी चक्र में उस शक्ति के ढक जाने से भेद आलाचन का जीवत्व प्राप्त हो गया। साधन विशेष से यह चक्र भी जाना आवश्यक है ताकि मूल शक्ति फिर से प्राप्त हो।

मूचरी शक्ति के अन्तर्गत वह ज्ञान आता है जिसके द्वारा सम्पूर्ण जगत सत्ता, अपनी ही देह का एक अंग मात्र प्रतीत होती है। मनुष्य देह में यह ज्ञान, भूचरी शक्ति के भूचरी चक्र में आच्छादित हो जाने के कारण, लुप्त हो जाता है और जगत सत्ता भिन्न वस्तु प्रतीत हाने लगती हैं इस भेद ज्ञान के निवारण के लिए मूचरी चक्र का भेदन वाञ्छनीय है।

मनुष्य देश में इन शक्ति चक्रों का प्रसरण निम्न प्रकार से होता है–

सहस्त्रारस्य शिव

↓

चिन्मय राज्य (आज्ञाचक्र से ऊपर अतिशून्य से परे)

↓

खेचरी चक्र (चिदाकाश में संचरण कीश शक्ति का परिच्छिन्न होना, शिव का जीव बनना)

↓

गोचरीचक्र (मनविकल्प शक्तिमय, बुद्धि भेद एवं अनिश्चयातमक बोधमय और विकल्प बोधमय, अहंकार अभिमान अवस्था मय)

↓

टिक्चरी चक्र (जगत सत्ता का स्व सत्ता एवं स्व देह से भिन्न बोध)

शास्त्र में साधारणतया उपरोक्त चार चक्रों अथवा मुद्राओं का ही विवरण अधिकांशतः मिलता है। परन्तु परवर्ती नाथों के हिन्दी साहित्य में

इनकी संख्या बढ़ गयी। गोरख बानी में अष्ट मुद्रा (पृ० 247) शीर्षक रचना के अन्तर्गत आठ नाम गिनाये गये है। उनमनी, अगोचरी, चाचरी, भूचरी, षेचरी, षीरनी, जलश्री और मूलनी। यथा, चार अन्य चक्रों का अवस्थान भूचरी के अतिरिक्त कहा गया है। जो चार मत्रअन्य मुद्रायें कही गयरी है, वह रूप, रस शब्द, स्पर्श और गंध गुणों का विवरण लेकर वर्णित है। परन्तु यह रचना किसी प्रकार उपरोक्त चार मुख्य (खेचरी, गोचरी, दिक्चरी, भूचरी) मुद्राओं के वर्ण्य विषय का विरोध नही करती। कहा जा सकता है कि भूचरी के बाद चैतन्य तत्व और भी नीचे के स्तरों पर अवस्थित होता गया और क्रमशः चक्रों से आच्छादित होता हुआ अपना शुद्ध ज्ञान विलुपत करता चला गया। यह शुद्ध ाान मूल शक्ति के आवद्ध हो जाने के कारण क्रमशः रूप, रस, शब्द, स्पर्श और गंध वाले पाशुत्वमय ज्ञान में परिणत हो गया। शक्ति के इस प्रसरण एवं शरीरस्थ चक्रों में उसके अच्छादन के इस क्रम को 'अष्टमुद्रा' में और बढ़ाकर निम्न प्रकार कर दिया गया है।

सहस्त्रारस्य शिव

↓

उनमनी (ब्रह्मण्ड असथांनि, परमजोति समो कृतव)

↓

अगोचरी (करणमध्ये, सबद कुसवद समाकृतव)

↓

चाचरी (चषि मध्ये, दिष्टि विदिष्ट समोकृतवा)

↓

भूचरी (नासिका मध्ये, गंध विगंध समीकृतवा)

↓

षेचरी (मुष मध्ये, स्वाद विस्वाद समीकृतवा)

↓

षीरनी (हदा मध्ये, ज्ञान दीप समीकृतवा)

↓

जलश्री (नाभीमध्यें, काल क्रोध समीकृतवा)

↓

मूलनी (यंद्री मध्ये, काम तृष्ण समीकृतवा)

संक्षेप में सेचरी आदि तत्वों का विषय परिचय यही है। अब इन परिच्छिन्न शक्तियों के पुनरोन्मीलन के साधन का विषय आता है। खेचरी मुद्रा ही यह गुह्यद्गुह्यतर साधन है।

इस मुद्रा में जिह्वा को उलट कर तालुमूल के के शंखिनी विवरर में प्रवेश कराय जाता है। फिर ब्रह्मरन्ध्र के द्वार से उसका संयोग करके खेचरी चक्र का भेदन होता है और जीव चिदाकाश में संचरणशीलता की शक्ति को प्राप्त कर लेता है। इस अवस्था में साधक सहस्त्रार से क्षरित अमृत स्राव का पान करता है और इसके प्रभाव से उसका शरीर अजर–अमर हो जाता है।

खेचरी मुद्रा के अभ्यास में चालन, और दोहन के अन्तर्गत जिह्वा को चालित कर तथा गा स्तनों की भांति दुह कर लम्बा किया जाता है। इस लमबाई को बढाने के लिए जिहवा मूल की नासाएँ काट दी जाती है, इसे छेदन कहते है। यह सब गुरूपदिष्ट प्रणाली के अनुसार होता है। बिना गुरू के इस अभ्यास में प्रवृत होने से लाभ के स्थान पर हानि ही होती है।

मेलन क्रिया मंत्र अपेक्षित है। यह मंत्र भी गुरूगम्य हैं। इसके पश्चात् मथन आता है। मथन में एक चांदी की शलाकाके अग्रभाग में रूई के तन्तु लपेट कर उसे गो दुग्ध में भिगा कर नासा मार्ग में प्रवेश करके ब्रह्मरन्ध्र के द्वारा का मथन किया जाता है।

यह सम्पूर्ण साधन बारह वर्ष की अवधि में पूर्ण होता है। खेचरी साधक की जिह्वा इतनी लम्बी हो जाती है कि मुख के बाहर से वह कपाल प्रदेश तक को दूने में समर्थ हो सकती है। खेचरी की पूर्ण सिद्धि होने पर एक नित्य योग युक्त अवस्था का उदय होता है। ऐसा येगी अजर–अमर काय वाला हो कर नित्य सामरस्यात्मक पूर्णत्व के पद पर आरूढ़ रहता है। स्वातमाराम योगी ने हठयोग प्रदीपिका में कहा है:

एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी।

एको देव निरालम्ब एकावस्था मनोन्मनी।।

"सृष्टिमय बीज एक है, मुद्राओं में खेचरी एक ही मुद्रा है, देवों में निरालम्ब ऐ देव है और अवस्थाओं में मनान्मनी एक ही अवस्था हैं, बस यही मात्र सार वस्तुएं है"

सर्व मुद्राओं की अधिष्ठात्री इस मुद्रा को सिद्ध विचारनाथ माय त्याग और काल वंञ्चना का एक मात्र उपाय कहते हैः

तजै संष बरचारे काया, षेचरी मुद्रा त्योंत माया।

माया तयागौ राषौ काल। इन उपदेसै बंचिये जम काल।।

<u>नाथ सम्प्रदाय की साधना पद्धति का रेखा चित्र</u>



એવું જ્ઞાનાત્મક પદ કુબેર સાહેબની વાણીને સંતસાહિત્યમાં આગવું સ્થાન આપે છે. નથુરામ સાહબેની વાણીમાં મનુષ્યનો અહંકાર કેવો છે.

''જે નર કરે અભિમાના પાણી કા હૈ પરપોટા ''

નથુરામ કહે છે સંસારના સંબંધીઓ સ્વાથના છે. પરોપકાર દયાભાવ અને નિર્મલ ચિત્ત હોય તો પરમ શાંતિની તૃપ્તિ થાય પરંતું અભિમાન તો પાણીનો પરપોટો છે. જેને ફૂટતા વાર લાગતી નથી. આમ જ્ઞાનભક્તિ અને વૈરાગ્યનો મહિમા આ લોકસંતોની વાણીનો પ્રમુખ સૂર છે. સંતસાહિત્યના કેન્દ્રમાં મનુષ્ય અવતાર અને તેનાં કર્મ ધર્મ છે. સંતોનીવાણી માનવમાં રહેલા વિકારા, વૃત્તિઓ, અનિષ્ટા, મનની મુરાદો, ભેદ, ભ્રમણા, લોભવૃત્તિ વગેરે નિરથક છે. પરંતુ સાચી તો પ્રભુભક્તિ છે. હરિભજન સત્સંગ કરતા કરતા ભક્તિરસ સાથ જ્ઞાન રસ અને તે દ્વારા માનવહૃદયમાં ઉદ્‌ભવતો વૈરાગ્યનો ભાવજીવનને સાથક કરનાર છે. આમ લોકસંતોની વાણીમાં જ્ઞાન ભક્તિ, વૈરાગ્યનો મહિમા અપરંપાર છે.

૪.૭ ગુરુબ્રાહ્મણ સંત ભક્ત કવિઓની વાણીમા યોગમાર્ગ :-

'યોગ' એટલે ચિત્તની વૃતિઓનો નિરોધ. જયાં સુધી આપણી ચિત્તની વૃતિઓ ભટકતી રહે ત્યાં સુધી પૂર્ણ સ્વરૂપનું દર્શન શકય નથી. આ ચિત્તવૃત્તિઓનો નિરોધ કરવો તે યોગમાર્ગ. આપણા લોકસંતોની ભજનવાણીમાં યોગસાધના ભારોભાર ભરી છે. મોટાભાગના સંતભક્ત કવિઓએ યોગ રહસ્યને જુદી જુદી રીતે અભિવ્યકત કરેલ છે. આ યોગવાણીને શિવમુખી વાણી પણ કહેવામાં આવે છે. રાત્રીના ત્રીજા પ્રહરમાં મોટા ભાગે યોગવાણી ગવાય છે. આ પ્રકારના ભજનોમાં ઇંગલા, પીંગલા અને સુષુમણા સાધી, ત્રિવેણીના ઘાટ ઉપર અલખ જગાવી કુંડલિની જાગૃત કરી, ષટ્‌ચક્રો ભેદભાવની ક્રિયા સમજાવી છે.

ભજનવાણી દ્વારા સંતસાધનામાં યોગમાર્ગને સ્થાન અપાયેલુ જોવા મળે છે. ગુરુ બ્રાહ્મણ જ્ઞાતિના આ સંતભક્ત કવિઓ યોગ સાધના માટે કોઇ ગુફામાં બેસી ગયા હોય તેમ જાણવા મળતું નથી. પણ કેટલાક સંતો યોગસાધના સાથ જ જોડાયેલા હતા. મોટાભાગના સંતોને ભજનવાણીના રંગે રંગતા સહજ યોગ સિદ્ધિ પ્રાપ્ત થઇ છે. આ સંતો સમાજ, સંસારની વચ્ચે રહી અનેક જવાબદારીઓ નિભાવીને પ્રભુનું ધ્યાન અને નામસ્મરણ કરેલ છે. તેમાં મુખ્ય છે ગુરુમંત્ર પ્રથમ ગુરુ શિષ્યને શ્વાસોચ્છવાસ સાથ સુરતાને જોડવાનું શીખવે છે. પછી ગુરુ શિષ્યને 'સોહમ' મહામંત્રની દિક્ષા આપે છે. સોહમ પદના જય પછી સહજયોગ

સિદ્ધિ થાય છે. ચિત્તવૃત્તિઓ પર સંયમ કેળવવાનો હોય છે. આ ચિત્તવૃત્તિઓને કાબુમાં લાવવા માટે સંતોએ ઓહમ-સોહમની નામસ્મરણની સાધના આપી છે. આ યોગમાર્ગ અનુસંગે ત્રિકમ સાહેબ કહે છેઃ

''ઈંગલા પીંગલા સુષુમણા સાધી માંઈ ઝળહળ જ્યોતિજાગી

ત્રિવેણીતાર મેળવ્યા, અનહદ નોબત ત્યાં વાગી ઘટડામાં જોયું મેં જાગી''

ભીમ સાહેબ પણ યોગવાણીમાં કહે છેઃ

''તખ્ત ત્રિવેણી અલોપ છે ગંગા જમનાને ઘાટે સુષુમણા જીવણ

સાધજો વળીજાગે ઈ વાટે અખંડ રણુંકાર હોઈ રહ્યા કર

બિન બાજા વાગે સુરતા રાખી જીવણ સાંભળો, ધૂન ગગનમાં ગાજે''

આ યાગપરક વાણીમાં મુખ્ય મંત્ર છે યોગ જેમાં કુંડલિની સુષુમણાના દ્વારને રુંધીને સૂતી છે. ત્યાં મેરૂદંડ-બ્રહ્મદંડમાં મુખ્ય ત્રણ નાડી-ડાબી ઈંગલા, જમણી પીંગલા, મધ્યમાં સુષુમણા યોગમાર્ગમાં પ્રાણની ગતિને આ સુષુમણા સંચારિત કરે છે. ત્યાંથી કુંડલિની જાગૃત થઈ ઉંચે ચડે છે. ત્રિકુટીભેદ અને કુંડલિની જાગૃત કરવા ત્રિકમ સાહેબ કહે છેઃ

''નાભિકમળથી ઉલટયો આવે, ગગન ધૂન ગરજાના

ઈંગલા પીંગલા સુષુમણા સાધી, ત્રિવેણીતાર મિલાના''

આણી અગર પટ આસન દીધા, અગમ ભેદ હૈ એના''

'આણી અગરે' અર્થાત નાકની દાંડી ઉપર એક વસ્તુ છે તેને વચનથી નૂરતે સૂરતે નિરખી લેને મૂર્તિ છે. 'મસતની' એમ ગાયું છે. ભીમ સાહેબ કહે છે ''સેજ સૂનમે ત્રિકુટી ધૂનમેં અખંડ જયોતગ્રહે સારી'' ઓહમ સોહમ ના શ્વાસથી સૂર્યનાડી વચ્ચે સુષુમણા નાડીને સાધના સુલટા પવન ઉલટા કરતા કુંડલિની જાગે છે. અને બ્રહ્મરંધ્રયાં બ્રહ્મજયોતના દર્શન થાય છે. નથુરામ સાહેબ કહે છેઃ

''અલખ નામ ધૂન લાગી, આસનવાળી સૂરત દઢ કિયા

દિયા અગમ ઘર ડેરા, જહાતંત અનહદક આગે અહોનિશ નાદ ઝણકારા''[૪૦]

નાનક સાહેબ કહે છેઃ

''ઉલટ સુલટ કરી જોવો, જપવા અજવા જાય, સુરતા દોરીને સાંધો, તેમ એક તાર''

પ્રાણ અપાન મિલવી, જોવો ગગનમાં, અગમથો આવીયો સગમ થઈ સમાય આમ સંતવાણીમાં સુષુમણા સાધી કુંડલિની જાગૃત કરવાનું આ સંત ભક્ત કવિઓએ જણાવ્યું છે. ઈંગલા, પીંગલા, સુષુમણાનું બંને ભ્રમર વચ્ચે કપાળમાં મિલનસ્થાન છે. તેને ત્રિકુટી કહે છે. કુંડલિનો શક્તિ આ ત્રિવેણી ભેદી બ્રહ્મરંધ્ર દ્વારા શૂનમંડલમાં પહોંચે છે. જયાં સહસ્રાર ચક્ર છે. આ ચક્ર ભેદન વખતે સંતોને-સાધકને અનુભવો અને સિદ્ધિઓ પ્રાપ્ત થાય છે. ''તેજાનંદ ત્રિવેણીના તીરમાં નાહ્યા નિરમળ નીર મનમેલા મટી ગયા, પહોચ્યા પેલે તીર''તેજાનંદ કહે તત્વ જાણ્યા વિના અખંડપદ ન ઓળખાય તે પદ પાવે વીરલા, આવગમન મટી જાય''.

તેજાનંદસ્વામી કહે છે ત્રિવેણી અર્થાત બંને નેત્રના મધ્યભાગનું સ્થાન છે એમ યોગી પુરુષો તેને ત્રિકુટો પણ કહીએ છીએ એવા ત્રિવેણીના તીરમાં નાહ્યા તો નિર્મળ નીર રૂપી જ્ઞાનપ્રાપ્તિ થઈ તત્વ જાણ્યા વિના અગ્નિ, વાયુ, જળ, પૃથ્વી, આકાશ આ પંચતત્વ જાણ્યા વિના આત્મજ્ઞાન મેળવી શકાતું નથો. અને અખંડપદ એવા પરમપદની પ્રાપ્તિ થતી નથો. આ ત્રિકુટી સુધીતો કોઈ યોગી વીરપુરુષ જ જઈ શકે. કુબેર સાહેબ કહે છેઃ

''સુષુમણા નાડી સાધજો પાર્વતી ન પડી મેલી,
પરમેશ્વરનો પદ પૂતળી મખા કમળમાં મેલીરે'' -કુબેર સાહેબ.
''ભમર ગુફા ભીતર દોબારી, સાંકડી શેરી માંઈ મેલી રે
ભ્રકુટીમાં ભજન કરી લેવા, મનની મોટપ મેલી રે
બંકનાળમાં બાગ બગીચા જોયું નજરે નિહાળી રે,
કહે કુબેર ગુરુનાનક ચરણે, દિયો સધ્ધ બુદ્ધ નિશાની રે''

આ યોગ સાધનામાં ભમર ગુફા, ભ્રકુટી, બંકનાળ, ઘટભીતર જેવા અનેક શબ્દોના અથ વસ્યાથ હોતા નથો. પરમતત્વરૂપ રહસ્ય સાથ તે સંકળાયેલા છે. આ સહસ્ય ગર્ભ પરિભાષાનાં અથન જાણી શકો નહીં ત્યાં સુધી ભજનવાણીનો મર્મ પામી શકાતો નથો. સંતભક્ત કવિના અંતરમાં સ્વયં સરસ્વતી ન બ્રહ્મજ્ઞાનનું ઉચ્ચારણ કરવા લાગે છે. એટલે જ ત્રિકમ સાહેબ કહે છે કે ''શબ્દરૂપી સ્વરૂપી શ્યામ હમારા, બોલે બોલવન દ્વાર'' અર્થાત સદગુરુની કૃપા થાય તો શબ્દ બ્રહ્મની સાધના કરી શકાય. લક્ષ્મી સાહેબ કહે છે.:

'' ઓહંગ સોહંગની જલમલ જયોતિવિના દીવેટ વિના કોડિયે ઘ્રંથ વિના જાગે છે જયોતું''

આ જયોત તે રહસ્યબ્રહ્મનું સ્વરૂપ હોય તેમ આ જયોત દલભીતર જાગે છે અને તેનો પ્રકાશ એ અખંડ જયોતિ છે. વિના દિવેટ, વિના કોડિયે અને વિના ઘીથો પ્રગટ થતી આ દિવ્ય જયોતિ છે. લક્ષ્મી સાહેબ એકબીજા પદમાં કહે છેઃ

''ઈંગલા પીંગલા અને સુષુમણા ત્રિકુટીમાં લાગી તાળીમુને મતવાલે પિયાલો પાયો''

આમ જેની સુષુમણા નાડી જાગૃત થાય છે, તેને જુદા જુદા યૌગિક અનુભવો થાય છે. આ બાબતનું પ્રમાણ ઉપયુર્કત સંતવાણીમાં જોઇ શકાય. ત્રિકુટીનો ભેદ, ત્રિકુટીમાં તાળી લાગી એટલે બીજું કંઇ નહીં પણ સ્થળ સૂક્ષ્મને કારણ ત્રણ સૃષ્ટિ વૈખરી મધ્યમા અને પશ્યંતી ત્રાણવાણી જાગૃત સ્વપ્ન અને સુષુપ્તિ ત્રણ અવસ્થા સત્વ, રજ અને તમ એ ત્રણ ગુણના પ્રકૃતિના રાજનો ભાંગીને ભુક્કો કરી નાખવો તેમ કુંડલિની સુષુમણા અને ષટચક્રોની વાત જાણી છે તેની પાછળ એક અદ્‌ભુત રહસ્યતત્વમય સૃષ્ટિ સર્જાયેલી છે. ત્રિકુટીએ પ્રકૃતિના રાજનું છેલ્લુ થાણું છે. અને તેનાં મૂળિયા છે. મન, બુદ્ધિ અને અહંકાર તેને જડમુળથી કાઢી નાખો તો ત્રિકુટી ભેદી એટલે પિંડ બ્રહ્માંડનો પડદો હટી ગયો સમસ્ત બ્રહ્માંડને ચલાવતી મહાશક્તિનો સીધો સ્પર્શ થયોને નાભિકમળથી પવનપુરુષને પલટાવવાની ક્રિયા પણ લોકસંતો યોગમાર્ગ દ્વારા દર્શાવી છે. અંતમાં અનાહતનાદ સંભળાય છે. જેને જુદી જુદી ઉપમાઓથી દર્શાવવામાં આવે છે. અક્કલદાસ કહે છેઃ

''ગગન મંડલમાં રહે ગેબી, વહાં હોઠ જીભ્યા નહીં હલે
ફલ અમૃત કોકને મળે, સાયર સંત કદીના છલે,
દશ દરવાજે હાટ હવેલી, લાખોખડકી પચાસ કરોડ માંય પ્રેમી,
ચંદ્રમાં તેજ અપાયા, જળહળ હીરણ ઝળકે રે
પારખનારા રતન પારખું, જોનારાને જડશે રે
સિદ્ધા અક્કલદાસ ભીમને ચરણે મથનારાને મળશે રે''[૪૧]

ગગનમંડળ ગેબી, દશ દરવાજા, હાટ હવેલી, ઝળહળહીરલા વગેરે રહસ્ય ગર્ભ શબ્દો દ્વારા બ્રહ્મતત્વના સુક્ષ્મ દિવ્ય સ્વરૂપનો મહિમા થયો છે. અજ્ઞાન અહંકાર કાઢી આત્મજયોત જગાડનાર ભીતરની જાગૃત જ્યોતિ એજ સંતભક્તને થતી અંતરતમ આહલાદક અનુમતિ જયાં કરોડો સૂર્ય ચંદ્ર અને દિપક પ્રકાશી રહ્યા છે આવું અક્ષરાનીત દર્શન યોગસાધનામા સંતભક્તોએ મન વિરલ ઘટના છે આ કાયામાં સંતોએ દશ દરવાજા કહ્યા છે.

દશ નાડીઓના દ્વાર તેમાં જે દશમું દ્વાર એટલે કે દાસી જીવણ કહે છે તેમ ''સોઇ મહેલમાં મેરમ બોલે'' એ દશમે દ્વાર પહેલમાં મેરમ વસેલા છે. આ સ્થાન સુધી પશોંચવા અહંકારનો ત્યાગ કરવો પડે, અઘરી યોગસાધના કરવી પડે આપણી સંતવાણી યોગસાધનાની વાહકબને છે.

સંત કવિઓ જ્ઞાન, ભક્તિ અને યોગનું ત્રિવિધ રસાયન એક સાથ વહેતું જોવા મળે છે. યોગનો માર્ગ કઠણ સાધનાનો માર્ગ છે. ગુઢ અને ગ્રહ્ય છે તેમાં સાત્વિક ભૂમિકાએ સહજ સાધના પણ છે. ભારતિય સંસ્કૃતિના પ્રાણસમા ઋષિમુનિઓની સાધના યોગમાર્ગની રહી છે. આ યોગસાધના એ આપણી પ્રાચીન પરંપરા છે. ઋષિમુનિઓ આશ્રમોમાં જે શિક્ષણ આપતાં તેમાં યોગ સાધના ખાસ શીખવવામાં આવતી તેથો આપણી ધર્મપરંપરામાં યોગ સહજ છે. સંતવાણીના આધારે યોગના અનેક પ્રકારો પાડી શકાય મંત્રયોગ, હઠયોગ, રાજયોગ, શબ્દયોગ, સમાધિયોગ, કુંડલિનીયોગ, ધ્યાનયોગ વગેરે આ કંડલિની યોગ અર્થાત કુંડલિની જાગૃત કરવાની સાધના જેમાં સંતકવિઓ યોગમાર્ગની સાધના સંસાર-સમાજ વચ્ચે રહી પ્રભુનું ધ્યાન ધરી નામસ્મરણ કરી નાડી સુદ્ધિની પ્રક્રિયા કરીને નિર્મળ ચિત્તે કરે છે. સંતભક્ત કવિઓ સદમાર્ગે ચાલ્યા છે કામ, ક્રોધ, લોભ જેવી વૃત્તિઓ પર કાબુ મેળવ્યો છે ચંચળ મન જીત્યું છે આમ સ્થ્ળદેહના વિકારો-ભોગવૃત્તિનો ત્યાગ કરી સૂક્ષ્માતી સૂક્ષ્મ બ્રહ્મતત્વને પામવા સંતોને યોગની અટપટી ક્રિયાઓ સહજ હતી. આવો યોગમાર્ગ વિકટમાર્ગ સંતોને મન રાજમાર્ગ જણાયા. અગમ-અગોચર તત્વને જાણી માણીને આ અનુભવ યોગવાણી દ્વારા સંતકવિઓએ પ્રગટ કર્યો છે. લોકસંતોએ સમાજમાં માનવજીવનને સાચી રાહ બતાવવાનો પ્રયત્ન કર્યો છ. શુદ્ધ ચારિત્ર્ય ઉભુ થાય અન લોક સમાજ માટે પ્રેરક થાય એ માટે યોગવાણી દ્વારા સત્સંગ, ઉપદેશ આપ્યો છે. કામ,ક્રોધ, લોભ,મોહ, મત્સર, મદ જેવા ષડરિપુને કાબુમાં લેવવા માટે શીલ સંતોષ, ધીરજ, ધારણા જેવા ગુણો જીવનમાં વિકસાવવા આવશ્યક છે. યોગ ચારિત્ર્ય, સદાચાર અને સત્યપાલનના અસ્ત્ર, શસ્ત્રો ધારણ કરીન લોકસંતો ભીતરના અહમ સામે યુદ્ધે ચડ્યા હતા. બહારના શત્રુઓ સામે લડવું સહેલું પણ આપણી અંદરના શત્રુઓ સમો લડવું અઘરું છે. સંતકવિઓ યોગવાણીમાં જણાવ્યા મુજબ યોગસાધના કરી જીવનમાં સાથકતા સિદ્ધ કરી આ અઘરું કાય જીવન સાધના પ્રક્રિયા દ્વારા યોગમાર્ગ સ્વીકાર્યો તેમાં આ સંતકવિઓનો મહિમા થયો છે. આ સંતોની વાણી જ્ઞાન, યોગ,

ભક્તિ અને અધ્યાત્મદર્શનની સાથ સમાજમાં જાગૃતિ લાવી સમભાવ પ્રગટાવવાનું કામ કરે છે. વેદ ઉપનિષદના ઋષિઓએ પોતાની અતઃપ્રજ્ઞા દ્વારા પરમતત્વનો જે સાક્ષાતકાર કરેલો અને દર્શનને પોતાની આર્ષવાણી દ્વારા વ્યક્ત કરેલું એવી જ રીતે આ સંતભક્ત કવિઓએ પોતાના આધ્યાત્મિક વિકાસ માટે યોગસાધના દ્વારા પરમતત્વ પરબ્રહ્મનો જે સાક્ષાતકાર કરેલો અધ્યાત્મપ્રેરિત અનુભૂતિ દ્વારા જે દર્શન કરેલું તેને પોતાની યોગવાણીમાં વ્યક્ત કરેલું છે. યૌગિક સ્વાનુભૂતિ કેવા અથબોધક ભાવે પ્રગટ થાય છે તે ત્રિકમ સાહેબના કેટલાક ભજનોમાં જોઈ શકાય છે

''મૂળને બાંધો સુખમણા સાધો દ્રઢ મન રાખો એક ઘડે જી,
સૂરત નૂરત સન્મુખ રે'વે ગર્જે ગગન ગઢ નિશાન ગડે હોજી''[૪૨]

શબ્દ વિચારી તમને વચને ચાલોતો આઠે કરમ તમને નહિ નડે હોજી ત્રિકમ સાહેબ વૈરાગ્યને વૈખરીમાં કેવી રીતે વ્યકત કરે છે. :

''કપડા બી ધોયા સંતો, અંચલા બી ધોયા જબલગ મનવો ન ધોયો
મેરે લાલ સાધુ તેરો સંગડો ન છોડું મેરે લાલ''[૪૩]

યોગ માર્ગમાં કુંડલિની જાગૃત કરવાની પ્રખર ઉંડી સાધના પડેલી છે.''ઇંગલા-પિંગલાને સુષમણામાં સોહમ નાદે નાગણ જાગે'' આ સંતોનીવાણીમાં મૂલાધારમાં સૂતેલી નાગણ સાડાત્રાણ આંટીવાળીને ચિર નિંદ્રામાં પોઢી છ. તેને જગાડવી એટલે સ્થળમાંથી સૂક્ષ્મ તરફની ગતિ યોગમાર્ગ દ્વારા અખંડ ઉર્જા શક્તિનું શુદ્ધિકરણ કરીને સાધક-સુવાર્ણ સમો બની જાય છે. આ સંતોએ ભોગવૃત્તિનું યોગવૃત્તિમાં રૂપાંતરણ કર્યુ છે. ત્રિકુટી દ્વારા વૈખરી, મધ્યમાં, પશ્યંતી અને ત્રાણ વાણીના સ્થાન પ્રાપ્ત કર્યા પછી ત્રિકુટી ભેદન પછી જે અંતરની નાભિમાંથી પ્રગટ થતી પરાવાણી આવે છે. તે જ યોગ સાધનાની ફલશ્રૃતિ સંતોની વાણી રૂપ પરાવાણીમાં જ્ઞાનધારા અને યોગધારાનું નિદર્શન નિજમુદ્રમંડિત ભાવે જોવા મળે છે. સંતો પરાવાણી દ્વારા અતિસુક્ષ્મ સચ્ચિદાનંદી પ્રદેશની દિવ્ય અનુભૂતિ પામ્યાનું યોગવાણી રૂપ ગાન કરે છે. બ્રાહ્મીચેતનાના પ્રામાણિક પુરુષાર્થો અને પ્રતિનિધિ આ સંતભક્ત કવિઓ ખરેજ યોગવિદ અને આત્મવિદ-બ્રહ્મવિદ સાધ્ય સંતવાણીના ઉપાસક અને ગાયક છે. તેમની યોગસાધના દ્વારા આ સંતોને પ્રાપ્ત થયેલી સિદ્ધ અને અનુભવની તેમની ભજનવાણી યોગમાર્ગના અઘરા પડાવો વચ્ચે પણ ભાવક્ષમ રહી છે. આ સંતભક્ત કવિઓએ વાણી,

પ્રાણ, બુંદ અને મન આ ચારેય તત્વોને વશકર્યા છે. યોગમાર્ગની કઠણ યાત્રાને સિદ્ધ કરવા સંતોએ જે સાધના – ઉપાસના કરી અને સમત્વ યોગસાધ્યો છે. તેની આધ્યાત્મિક ગહન અનુભૂતિને યોગમાર્ગ દ્વારા સિદ્ધ કરી વાણી રૂપે પ્રગટ કરી છે. યોગસાધનાને સહજ સાધનામાં પરિવર્તિત કરતા આ સંતભક્ત કવિઓની વાણી 'સમત્વયોગ' માં નિશ્ચળ બેઠેલા યોગી જેમ અપાર શાંતિનો અનુભવે છે તેમ આ વાણીનું ગાન નિતાંત શાંતિનલ અનુભવ કરાવે છે.

૪.૮ ઉપસંહાર :-

આ પ્રકરણમાં પ્રસ્તુત ગુરુ બ્રાહ્મણ સંત ભક્ત કવિઓની વાણીનું વિસ્તારથી દર્શન કરાવ્યું છે. આ લોકસંતો સામાન્યજન સમાજ વચ્ચે રહીને તેમણે કરુણા, દયા, ધર્મ, માનવતાનો સદાચાર જાળવીને લોકસેવા કરી છે. સમાજોત્થાન કાર્ય કર્યુ છે. આપણી સંતવાણી આપણો સંસ્કાર વારસો છે. એ એટલી જ હકીકતછે. આ સંસ્કાર વારસો સંતવાણીના રચયિતા સંતભક્ત કવિઓના જીવન સમયના આધારે તેનો ક્રમબદ્ધ ચરિત્ર આલેખ લખી શકાય. સમગ્ર મધ્યકાલીન સાહિત્યની મુશ્કેલી એ છે કે કેટલાક સર્જકો સંતભક્ત કવિઓના જીવન સમય વિશે પ્રમાણભુત માહિતી મળતી નથી. પરંતુ અહીં ગુરુબ્રાહ્મણ સંત ભક્ત કવિઓની ભજનવાણી પ્રાપ્ત કરવા જે તે સંતોના થાનકો, આશ્રમો સમાધિમંદિરો સુધી રૂબરૂ જઈ જે તે સ્થાનકોએ સંગ્રહિત સંતસાહિત્યને મેળવ્યું છે ઉપરાંત કેટલાંક સંદર્ભગ્રંથોને આધારે પ્રસ્તુત સંતકવિઓની વાણીનું દર્શન કરાવ્યું છે.

આ પ્રકરણની પૂર્વભૂમિકામાં ગુરુબ્રાહ્મણ જ્ઞાતિના પ્રતિનિધિ સંતભક્ત કવિઓની વાણીમાં મુદ્દાઓનું વર્ગીકરણ કરી તેનો વિસ્તારથી અભ્યાસ મૂકી આપવા શ્રદ્ધેય પ્રયત્ન કર્યા છે. સંતોની વાણીમાં ગણપતિ સ્તુતિ-વંદનાના ભજનો છે. તે વાણીમાં ગણપતિ વંદના, ગણપતિ ઉત્પતિકથા વગેરે પૌરાણિક પ્રેરિત ગણપતિના ભજનો ને વિસ્તૃત રીતે તપાસી તેની ચર્ચા મૂકી છે. વિઘ્નહર્તા, મંગલકારી ગણપતિના ભજનો ઉપરાંત સંતોની વાણીમાં ગુરુમહિમા અંગે અહીં ભાવત્મક ચર્ચા આપી છે. સદગુરુના દર્શનથી આનંદ પ્રાપ્તિ કરનાર સંતોની અનુભૂતિનું દર્શન તેમજ અધ્યાત્મ જીવનમાં સદગુરુનું સ્થાન અને માન કેવા ગારવ પ્રેરક છે તેનું વાર્ણન આ રીતે મૂકી આપ્યું છે કે ગુરુ તો પારસમણિ છે લોહને સ્પર્શે તો સવાર્ણ

भावार्थ–सन्त सम्बोधन देते है –

हे मानव ! सुरत–शब्द, मन–प्राण को साधकर द्रढ आसन से समता भाव जाग्रति पूर्वक अजपा जप की सिद्धि करके निर्गुणोपासना से स्वयंमात्म तत्व को निश्चय कर, वही अपना चेतन स्वरूप है। सोहमस्मि इति वृति अखण्डा 'अहंब्रह्मस्मि' महावाक्य का ''तत्वमशि ब्रह्म'' रहस्य से आत्मानुभव कर ले।

अपने आतम तत्व की अपरोक्षानुभूति स्मृति धारण कर देह में मिथ्यात्व बुद्धि की वृत्ति का त्याग कर दे। अज्ञान जनित पंच विकार (काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार) का नास–भगा (स्वभाव बदल) कर नित्य मुक्तमय निर्भय हो जा।

तू स्वयं शुद्धस्ववरूप स्वयं प्रकाशी परमतत्व है। अन्यान्य देवी–देव की मान्यता है, वह बिरानी अन्योपासना (कामना) है, उस भ्रम का आमूल चूल त्याग कर दे।

हे मूर्ख ! मिथ्या (नाशवान) देह (शरीर) के देहाध्यास में क्यों उलझ रहा है ? ऐसे जीवन से तो पेट (अन्तर्पट) में ज्ञान कटारी खा कर मर क्यों नहीं जाता ?

समीक्षा–इन्दव छन्द

मोह माया रू काट विकार सो, तन मन वाच को शुद्ध करो रे।
देह अध्यास को दूर करो नर, सतसंग सतगुरु संग मरो रे॥
अन्तस्थ दोष विकार हटा मन, परमार्थ साधन संग परो रे।
'रामप्रकाश' जो मोक्ष को चाहत, अध्यात्म चिंतन चित धरो रे॥28॥

जप ले आप को सोहम् सोहम्, आपनो रूप संभाल सदा रे।
तीन सो देह–अवस्था ते परे वह, चेतन शुद्ध को पाय सदा रे।
सतगुरु ज्ञानी की शरण में जायके, सतसंग मे चित धार सदारे।
''रामप्रकाश'' पद पाय परमार्थ, मोक्ष परमानन्द चित सदा रे॥29॥

सतगुरु शब्द को श्रवण द्वारते, हृदय ठीक ठहराय ले भाई।
मुख ते सुमिरण कण्ठ रू हौंठ ते, गिलगिली हृदय माहि लगाई॥
नाभि की साधना राम प्रभावित, जाप अजपा चित माहि समाई।
'रामप्रकाश' कर शम दम सतसंग, अन्तवेरी मार ले भाई॥30॥

मनोहर छन्द

शुद्ध हि विचार सोई, फौलाद कटारी करि।
गुरु जु लोहार पास, लीजिए घड़ाय के।

Scanned with Cam

मनोहर छन्द

बाहिर से वृति तेरी, खेंचि कर भीतर को ।
सोहं सोहं जाप सदा, रह्यो है जपाय के ।।
आम को उखाड़ पेड़, बबुल को बीज बोवे ।
ताको तू करत बाड़, चन्दन कटाय के ।।
हीरा सो तो मूठी भरि, फेंक देत द्वार बार ।
जूती को यतन करि, राखत छुपाय के ।।
कहै 'हरिसिंह' मिथ्या, देह में अध्यास करि ।
मरे क्यों ना ? मूढ तू, कटारी पेट खाय के ।।23।।

भावार्थ–हे मानव ! बहिरंग वृतियों को खेचिकर सात्विक भाव से लक्ष्यार्थ वृत्ति को अंतरंग जोड कर सोहम् सोहम् (त्वंपद–जीव, तत्पद–ईश्वर, असिपद–जीवेश्वर) के वाच्यार्थ का त्याग कर लक्ष्यार्थ ब्रह्मस्वरूप सोहमस्मि जप कर के स्वयं को जान ले !

हे बन्धु ! अपने अमूल्य नरतन को विषय–बबुल के आॅरोपन में वासना का बीज बोता और मुक्ति द्वार श्वासा चन्दन के वृक्ष को व्यर्थ खोता (काटता) हुआ जीवन चन्दन में विषय के बीज–वासना का संरक्षण कर रहा है, जो आगामी जन्म–मरण के कण्टक–शूल ही परिणाम में लगेंगे ।

अमूल्य हीरा जैसा मानव जीवन की श्वासा को सांसारिक विषय भोगों (क्षणिक सुख) में मूठी भर भर कर फैंकता जा रहा है और पांव की जूती के समान तुच्छ विषय वस्तु को अति यत्न पूर्वक नाना तरह से रक्षित उपाय के छुपा (गोपनीयता) कर रखता है ।

हे मूर्ख ! अज्ञान पल्वित क्रियाओं के ऐसे मिथ्या जीवन जीने से पेट में ज्ञान कटारी झोंप (खा) कर मर जाता क्यों नहीं ?

मनोहर छन्द

तूँ तो सच्चिदानन्द घन, आतमा अखण्डता को ।
जीव जानि देवे भव–सिन्धु में डुबाय के ।।
नाहि तीन देह तेरे, स्थूल शूक्ष्म कारण जो ।
कारण को साक्षी होय, दीजिये उडाय के ।।

Scanned with Cam

बाहिर वृति को उलट अन्दर,
सहजे ही सुमिरण सारणा जी ।।
हरदम तार तो हरदम चालत,
सोहं ॐ उच्चारणा जी ।
'उत्तमराम' कहै सुणो जिज्ञासियों,
हरदम हरि चितारणा जी ।।५।।

प्रथम ओट सत गुरू की आय के,
तन मन भेंट चढावणा जी ।
गुरू का वाक्य सत श्रवण सुण के,
सोहं मन मिलावणा जी ।।
गुरू के ज्ञान से आतम ओलखो,
आप में आप समावणा जी ।
उत्तमराम ! कहै सुणो जिज्ञासियों,
फेर पीछा नहिं आवणा जी ।।६।।

प्रभात को प्रेम से उठके जागिये,
शब्द रू सुरत मिलाविये जी ।
इडा रू पिङ्गला सुषमण तीनों ही,
शशि रू सूर रलाविये जी ।।
हरदम साधो जी सोहं सुमिरण,
त्रिवेणी में ज्योति जगाविये जी ।

Scanned with Cam

तोड़ दे तोड़ दे मोह को तोड़ दे,
विरह वैराग के तोर से जी ।।
फेर दे फेर दे वृति को फेर दे,
अपने आतम जोर से जी ।
'उत्तमराम' कह तर जा सागर,
गुरू की गम कर डोर से जी ।।१०।।

मोह की जड़ को मूल से काट दे,
निर्मोह निर्मल रेहणा है जी ।
फकर होय के फिकर को फकिये,
सुख दुःख ऊपर सेहणां है जी ।।
और एकान्त सत गुरू के आसरे,
सोहं सोहं केहणा है जी ।
'उत्तमराम' अवधूत फकर को,
सत ब्रह्मानन्द लेहणा है जी ।।११।।

शुद्ध विचार नित मन में राखिये,
कुब्द रु कूड़ को काटणा है जी ।
शील संतोष रू नाम को सुमिरण,
पांच विषय को दाटणा है जी ।।
आत्मानन्द को अमृत प्यालो ले,
नहिं विषय रस चाटणा है जी ।

Scanned with Cam

असम्भावना रू विपरीत न लेश जु.
नहिं को खोट को खतरो है जी ।।
है ज्यों जाण वो जाणी निर्वाणी है,
नहिं को काया में कतरो है जी ।
'उत्तमराम' अवधूत फकर को,
निश्चय निजानन्द सतरो है जी ।।५०।।

एक अखण्डी सु जाण लीयो निज,
सब में व्यापक ब्रह्म जी हैं रे ।
दशो दिशा सत पूर्ण एक सो,
नहिं लागे कछु कर्म जी है रे ।।
पांच कलेश को लेश न लागत,
भाज गयो सब भ्रम जी है रे ।
'उत्तमराम' अवधूत फकर के,
निर्भय परमानन्द परम जी है रे ।।५१।।

अर्ध रु उर्ध के बीच में झूलनो,
ओहम् सोहम् झोलता है जी ।
इक्कीस हजार रु छः सौ श्वास में,
ओ३म् रु सोहम् बोलता है जी ।।
इडा रु पिंगला सुषुमण सिद्ध में,
दशवें द्वार को खोलता है जी ।

कोऊक मांगत हारमोनि पर,
कोऊक मांगत ढोलक कूटी।
कोऊक मांगत खप्पर लेकर,
कोऊक मांगे टोपाली जु फूटी ॥
कोऊक मांगत लीर में चीर में,
कोऊक मांगे सरधाई की घूटी।
'उत्तमराम' विचार के बोलत,
गुरू से मांगी संजीवन बूटी ॥४॥
खोट की बात ले घट में घोटत,
मूढ घणों मांहि बात हलावे।
न्याय कारी कोई आन मिले जब,
मूढ प्रसाद को बोल न आवे ॥
लप्पर चप्पर में मन राखत,
साच बिना शठ आयु गमावे।
खण्डन मण्डन मेष ज्यों खोपरी,
पागल श्वान त्यों वाद बढावे ॥५॥

दोहा छन्द

सत सोहं सत सुमरिये, ओ३म् अलख उचार।
अन्दर बाहर आत्तमा, देख राम दीदार ॥६॥
उतम समझो आप में, करोजी उतम काम।
उतम रहणी आतमा, रात दिना जप राम ॥७॥

Scanned with Cam

यह जग मिथ्या सार ना काई,
भूल भ्रम में शठ भटकाई ॥५॥
झूंठ जान सब लीया शरणा,
भव दुःख काटो जनम रू मरणा।
यासे कष्ट बहू युग पाया,
सावधान हो शरणे आया ॥६॥
आप बिना जग में नहिं कोई,
जासे ज्ञान ब्रह्म का होई।
दया करो दया धर स्वामी,
आप सर्व के अन्तरयामी ॥७॥
कृपा करी दी युक्ति बताई,
सोजी पाय कहूं अब गाई।
तन मन शीश दीया गुरू आगे,
जम का जोर कछू नहिं लागे ॥८॥
सत गुरू हाथ दीया वर माथे,
सोहं शब्द गुरू दीया साथे।
'ॐ सोहं' निज आतम ज्ञाना,
मुक्त पट्टा यह गुरू बखाना ॥९॥
'अमर पट्टा' सत गुरू लिख दीना,
शिर साटे सत कर में लीना।
ताके साथ युक्ति इक दीनी,
जाने सन्त रेश महा झीनी ॥१०॥

Scanned with Cam

सत गुरू शब्द बखाना आदू,
रीत कही पुनि जाने सादू।
'अचलराम' गुरू सत पाया,
अमर पट्टा निज ज्ञान बताया ।।११।।

ब्रह्म वेता सत गुरू फरमाया,
सोहं सुमिरण करो सवाया।
सत शब्द सत गुरू उचारा,
सुन लो सत संग सार पुकारा ।।१२।।

श्री सत गुरू वाक्य ! शिष्य प्रति विश्वास !!
अमर पट्टा साधन व महिमा निरूपण !!!

प्रकट वचन साचो लख गाई,
भजन कीयों से काल न खाई।
नाम जपे सोई मुक्ति पावे,
अमर पट्टा बिन मुक्ति न थावे ।।१३।।

यामे फेर सार नहिं कोई,
नाम बिना निज मोक्ष न होई।
'अमर पट्टा' अचल निज ज्ञाना,
संत स्मृति दे परवाना ।।१४।।

ज्ञानी, आउम् रू सोहम् ध्यानी,
भक्त जपे सत राम निशानी।

Scanned with Cam

ओ३म् सोहम् राम जप तीनों,
गुरू गम मुक्ति पद को चीनो ।।१५।।
नाना संशय काम भ्रम मूरा,
डार टार कर चित ते दूरा।
रञ्चक भेद न विस्मत होऊ,
राम ओ३म् सों एक, न दोऊ ।।१६।।
'अमर पट्टा' निर्भय निर्वाणी,
मिटे चौरासी चारो खाणी।
'अमर पट्टा' से राखे हेता,
ताको यम दगा नहिं देता ।।१७।।
हंसा पकड़े सत का डोरा,
तब यम करे नहिं कुछ तोरा।
सोहं सुरती तार मिलावो,
त्रिवेणी तख्त में ध्यान लगावो ।।१८।।
इडा पिङ्गला सुषमण सोजो,
ओम सोहं संग स्वासा खोजो।
स्वासा सुमिरण ध्यान लगावो,
सहजे दर्शन ब्रह्म मिल जावो ।।१९।।
अब हंसा आवे ना जावे,
अगम देश में उलट समावे।
यथा साधना प्रकट सुनाई,
भव का भव व्यापे ना कोई ।।२०।।

Scanned with Cam

अथ हृदयोल्लास वाणी सुधा निरूपण

सत गुरू 'अचलराम' अनकरता,
जम जोरावर जासें डरता।
सत गुरू वचन निर्भय का भाखा,
'उत्तमराम' कहूं सत साखा ।।२१।।
सत गुरू स्वामी युक्ति बताई,
सत प्रतीत पलक में पाई।
सत गुरू दीवी युक्ति ऐसी,
करी साधना गाऊं तेसी ।।२२।।
सत गुरू देव दीया फरमाई,
करुं साधना मन चितलाई।
यह द्रढ धार करी द्रढ फेरी,
सोहं शब्द स्वास में टेरी ।।२३।।
'सत गुरू' सोहं नाम सुणायो,
सो निज सहजे हरदम ध्यायो।
युक्ति युत सोहं निज ध्याया,
जासे हंसा पार पठाया ।।२४।।
इड़ा पिङ्गला सुषमण सीधी,
सुरत शब्द तीनो में बींधी।
पांचो मिल एकता पाई,
सत नाम की फिरी दुहाई ।।२५।।

Scanned with Cam

नाभि कँवल में लागी डोरी,
स्वासा सुरत चढी तब मोरी।
गुरू प्रसाद खुली उर ताड़ी,
सुरती पकड़ त्रिकूटी चाड़ी ॥२६॥
पूरक कुम्भक रेचक भीना,
प्राणायाम युक्ति सब चीना।
त्रिवेणी कँवल में ज्योति जागी,
दर्शण होते दुर्मति भागी ॥२७॥
सत देश का दर्शण पाया,
उज्वल हंसा निर्मल थाया।
सत नाम की डोरी झेली,
हंसा खेलत निर्भय हेली ॥२८॥
'अमर पट्टा' कस कमर बाधा,
अगम देश का मार्ग लाधा।
यासे हंस चल्यो जब आगो,
अगम देश के रस्ते लागो ॥२९॥
अगम देश का रस्ता आढ़ू,
निगम देश में पहूंचे साढू।
गगन मण्डल का मार्ग बंका,
वहां भी जाय लगाया डंका ॥३०॥
गगन मण्डल में निर्भय पूगा,
सुन में भानू असंख्य ऊगा।

तामे लख चौरासी प्रधाना,
सिद्ध, पदमासन मुख्य बखाना ॥४॥

ता पीछे षट् क्रिया ठाना,
धोति, बस्ती, नेति गाना ।
त्राटक, नौलि, कपाल सु–भाति,
षट् कर्म साधन कर दिन राती ॥५॥

फिर कर साधन चतुर्थ पूरा,
प्राणायाम गुरू मुख शूरा ।
इडा पिङ्गला सुषुमण नाड़ी,
श्वास प्रश्वास की देखो बाड़ी ॥६॥

मन्त्र योग पूरक मन ठाना,
तामे मूल सु बन्ध लगाना ।
खेचरि मुख में करत बखाना,
ब्रह्म रंध्र धोय जिभ्या उलटाना ॥७॥

भूचरि नासा प्राण-अपाना,
चंचल मन ठहराय जपाना ।
करि उड्डियान बन्ध परवाना,
कुम्भक अष्ठ शीतली जाना ॥८॥

सूर्य भेदन, उजाई, सितकारी,
भस्त्रिका, भ्रामरि, मुर्छाधारी ।

Scanned with Cam

अष्ठ प्लाविनि कुम्भक जाना,
चोंचरी मुद्रा नैन ठिकाना ॥६॥
मुद्रा अगोचरी श्रवण द्वारा,
ज्ञान सुरत मिले सुख धारा ।
आगे बन्ध जालन्धर ठाना,
पंचम मुद्रा उन्मुनि ध्याना ॥१०॥

रेचक करके साधन श्वासा,
निश्चय होय काट मन आशा ।
प्राणायाम चक्र षट् साधे,
माग मुक्ति का तब ही लाधे ॥११॥

मूलाधार मूल रंग लाला,
चव दल अक्षर, गणपति, भाला ।
स्वाधिष्ठान, उपस्थ, अज, पीला,
(षट्) दल वर्ण बहु विधि लीला ॥१२॥
मणिपूर, विष्णु, नाभि वासा,
दश (षट्) दल वर्ण हरीया जासा ।
अनाहत, हृदय, शिव, रंग स्वेसा,
द्वादश दल में वर्ण महा भेसा ॥१३॥

विशुद्ध, कण्ठ सु चन्द्र देवा,
शोसन रंग शोड़ष दल भेवा ।

Scanned with Cam

आज्ञा चक्र त्रिकूटी जाना,
सूरज तेज दोय दल माना ॥१४॥

सहस्त्र दल भँवर गुफा पहिचाना,
सत्य देवाऽक्षर बावन भाना।
मूल में षट् शत श्वासा माना,
इतर सहस्त्र षट्, इक जप ठाना ॥१५॥

कर आसन पश्चिमोत्थाना,
नाभी नाग्नि का मुख पलटाना।
उलटा पवन त्रिकूटो सीधो,
दशवां चढो सुमेरू बींधो ॥१६॥

कर 'प्रत्याहार' साधन लख पूरा,
पंचम आचार शुद्धि संत शूरा।
वर लययोग 'धारणा' धारो,
षष्टम साधन कर सुविचारो ॥१७॥

सच्चिदानन्द 'ध्यान' सत माना,
सप्तम साधन है निरवाना।
ऋद्धि सिद्धि काटे सब फन्दा,
परम वैरागी पहूँचे बन्दा ॥१८॥

अष्टम 'समाधि' दोय प्रकारा,
निरविकल्प रू संकल्प धारा।

Scanned with Cam

भजन (४२) राग छन्द भैरवी पद ।

मन मगन भया गुणगाय के, वे मस्त फकर की फेरी ।टेर।
इडा पिंगला सुषुमण धारा,स्वासा संग में सुरति विचारा ।
गुरू का शब्द हृदय ला प्यारा,सब दुर्मति विकार नशायके ।
निज निर्गुण माला हेरी ।१।त्रिकूटी महल में ज्योतिजागी ।
दर्शन करके दुविधा भागी, रणंकार की चौकी लागी ।
सब घट में रही गररणाय के, दश बाजा अनुभव भेरी ।२।
सुरत शब्द पवना संग पूगा, सुन महल में सूरज ऊगा ।
कोटि भानु सम उज्वल मूंगा, सब देव बिराजे आय के ।
नहीं पाव पलक की देरी।३। 'रामप्रकाश' लख्या तत सोई ।
अजर अमर गुणराशी वोई, अपना आप और नहीं कोई ।
निज 'रामप्रकाश' लखाय के, सब मिट गई मेरी तेरी ।४।

भजन (४३) राग पद संगीत गाने का हरजस

नर भजले सिरजणहार, थोड़ी ऊमर में ।टेर।
बीतो स्वासा की नहिं कछु आशा, भूलो मत करतार ।१।
दम दम जावे फेर न आवे, नहीं जीना एक सूमार ।२।
मात पिता धन कुल बन्धु न्याती, सब ही रहसी लार ।३।
राम नाम धन साथी तेरा, तूं लोक परलोक सुधार ।४।
काया माया का नहीं भरोसा, क्षण में होवे छार ।५।
'रामप्रकाश' मुक्ति मन पावे, गुरू शरणे निस्तार ।६।

Scanned with Cam

भजन (४६) राग पद संगीत लुहर पद ।

ले गुरू गम खोज विचार, मुक्ति पावेला ।टेर।
शुद्ध साधन संग श्रवण करले, मनन निदिध्यासन सा· ।१।
स्वासा के संग सुरत रोधले, निज शब्द सोंह उरधार ।२।
शम कर तन मन बाणी शुद्धकर,लख परमानन्द उदार ।३।
'रामप्रकाश' उलट घर देखो, निज का निज दिदार ।४।

भजन(४७) राग आशावरी ,टोडी, आशा पद ।

सा ो भाई ! मानव वपु मैं पाई ।
गुरू कृपा साधन की पंगत, मुक्त भया मन माई ।टेर।
कुटुम्ब समझ जिन मोह बांधिया,सो गये नर्क सिद्धाई ।
भेदवाद मत वैर बांधिया, सो गये मूल ठगाई ।१।
पक्ष पात कर वैर साधिया, तिन पाया फल भाई ।
अपयश निन्दा चुगली ठानी, सो सब भये पछुताई ।२।
जैसा कर्म तैसा फल पाया, मोह मुकुर की झांई ।
सात्विक रूप अनूप पुरुषोतम,जाणिया मुक्ति में जाई ।३।
खर की लात रू धूड़ उछाले, रवि के लागे नाई ।
अपनी करनी पार उतरनी, जाति पाति विसराई ।४।
मेहरम जाणिया तिन पद पाया,युक्ति भक्ति गम लाई ।
सगुण रूप समझ्या कर डूबा, छल कपट चतुराई ।५।

Scanned with Cam

श्वासा सांग अनूप सुहाया, संतदास गूदड़ की माया।
कण्ठी सुमिरण रहनी चादर, श्रध्दा पाटी प्रतीति आदर।७।
ब्रह्म अंचला धारे अवधूता, शिवविभूति ब्रह्म अनुभूता।८।
कफनी मर्यादा पालन करनी, सुत संतोष भेष भ्रम जरनी।
जाप जांघियाँ लज्जा कर्ण कुण्डल, प्रेम पूजा यश तर्पण मुदग्ल
निर्भय नगरहै मठ निराशा, भोजन भाव जीव अविनाशा।९।
शर्त निर्लेप मोरछल लाया, द्वेष हीन जंग डोरा भाया।
गुण उडयनि स्वाँग सुहाया, अनाहत नादशृंगी नाद बजाया१०
हरि भक्ति मृगछाला प्यारी, गुरू पुत्र पहने सो ब्रह्मचारी।
त्रिगुण चकमक भाव भोजना, परम अमृतपेय परम योजना११
पात्र अपात्र विचार फरूहा, बहुगुणी तूम्बा कमण्डल किस्तूहा
गुरूज्ञान का दीपक पाया, ऋद्धि भण्डार स्थिरता माया।१२
अमरत्व दण्ड रू धैर्य कुदाली, तप खड्ग तत्व कर झाली।
वशीकार वैरागण टेका, समद्रष्टी चौगान विवेका।१३।
मन का घोड़ा विरक्ति का जीना, प्राणायाम पोलो में दीना
इडा पिंगला पागड़े फेरा, ईश्वर नाम कँवल से घेरा।१४।
सुषुमन से आ डेरा दीया, सीतल साधन भीतर लीया।
अभरा सभरा सतसंत गाया, जीवत ओढचा मूंआ बिछाया १५
तत्व जोड़ा वेश बनाया, निर्गुण ढाल बल बाण सजाया।
शम दम फर बाणों के लागा, बोद्ध ऋषि संयम शस्त्र जागा १६

Scanned with Cam

करणी कटार धार कर शूरा, फकर फिरिया विषम गढ़ पूरा
माया गढ़ जीतेगा बाला, ब्रह्म पद निज पावे लाला ।
स्वागत गुरू मय चेला पावे, निर्मलता धोती को लावे ।१८।
यज्ञोपवीत अखण्ड आनन्दा, सोहं माला सच्ची सन्दा ।
गुरू मंत्र की शिखा हमारे, हरि नाम गायत्री धारे ।१९।
स्थिर आसन कबहु न डोले, सोहं सोहं हरदम बोले ।
तिलक पूर्ण ब्रह्म का ध्याना, नहीं जहाँ ज्ञ ज्ञाता ज्ञाना ।२०।
सन्ध्या निर्वैरता धारी, ब्रह्मानन्द का भोग लयारी ।
ब्रह्म प्रीति पीताम्बर धारा, छाप साक्षात्कार सुधारा ।२१।
ममता की मृगछाल बिछाई, तापर बैठे सब गुरू भाई ।
पंचकेशी जब पास हमारे, पाँचों को बैरी कस कस मारे ।२२।
चिंतन चेतन साक्षी पूरा, उत्तमराम निरखे गुरू नूरा ।
घटे बढे नहीं नित सवाया, नौ का अंक स्थिर रहवाया ।२३।
कोई अकेला अंकगण लीजें, छः से गुण कर, नौ संग दीजे ।
भाग तीन के भजन फल आवे, तामे पन्द्रह अंक मिलावे ।२४।
जोड़ ताहि भागदो दीजे, भजन फल सुविधा लख लीजे ।
ताते लिया अंक कम कीजे, शेष अटल अंक नौ लखीजे ।२५।
रामप्रकाश उत्तम का शरणा, साधु जीवन भव से तरणा ।
योपूरे सतगुरूका बाला, एक सौ आठश्री का रखवाला ।२६।
नामाक्षर गनि चौगुन करना, पांच मिलाय दुगुना धरना ।
भाग आठ से शेष रहावे, रमता राम सो उत्तम लखावे ।२७।

Scanned with Cam

बनखंडी तेजे बन षंड मैं रहै । सुनि निरालंब बारता कहै ॥
घड़ी न मनसा आसा पास । ते बन षंड मैं रहै उदास ॥ ४ ॥१२९॥
अगमागम कै रैते गम । अहनिस काया राषै दम ।।
नाद बिंद का जाणैं भेव । अगमांगम करै ते देव ॥ ५ ॥१३०॥
आई पंथि मैं जे अनमै करै । उलटा बांण गगन कूं धरैं ॥
उलट बजाई बेध्या भूंरा । सिध बाल गुसाई[1] साध्या जूंरा ॥ ६ ॥१३१॥
पंषि सुंनि निरालंब देषै अंष । प्रंम सुंनि मैं जोति असंष ॥
बेध्या हीरा मांणिक पाया । तौ तब पंक पंथ मैं आया ॥ ७ ॥१३२॥
धूज ते धजा कूं जांणैं । उलटा पवन गगन कूँ तांणें ।
अहनिस नाद बजावै बीनां । तेई धूज सूं लीनां ॥ ८ ॥१३३॥
गोपाल ते जे बंचै काल । अहनिस अनमै जीत्या ब्याल ॥
काम क्रोध मेटै बिह्म की माया । ते गोपाल नाथ की काया ॥ ९ ॥१३४॥
बोलंत सिध घोड़ा चोली । हमें षत्रो षेत्र का सूरा ॥
गगन मंडल मैं रहनि हमारी । बाजै अनहद तूरा ॥ १० ॥१३५॥
हणवंत[2] पैसि रामायण कीता । दससिर छेदि बहौड़ी सीतां ॥
सारा सेत तहां बंध्या पांणो । दस सिर छेदि लच्छि घर आंणी ॥ ११ ॥१३६॥
गोरख ते जे रावै गोई । माया मनसा करै न मोही ॥
सदा अकलपत रहै उदासा । परचै जोगी सिंभ निवासा ॥ १२ ॥१३७॥
जोग आरंभ भए सिधा । द्वादस हंसा ग्यानहि बिधा ॥
सोहं सोहं सास उसासं । बोलै घोड़ा चोली मछिंद्र का दासं ॥ १३ ॥१३८॥
अचित पुराणं गगन गरासं । बोलै चोली मछिंद्र का दास ॥
अचित फुरै हाथ्यौ न आवै । तब घोड़ा चोली कहां तूं पावै ॥ १४ ॥१३९॥
नष सष पूरि रही जे पवनां । आयौ है दूध भात षाइगो कवनां ॥
षुध्या की अगनि मिटाई काल । चौष्टि संधि पवन की भाल ॥ १५ ॥१४०॥
मेर डड का गागरि बंध । बाई पेलै चौष्टि संध ॥
अमरा मरै कालु कै डंस । न पड़ै काया न उड़ै हंस ॥ १५ ॥१४१॥

---

१. ग—गुदाई ।

२. ग—हिणवंत ।

भावरि भोजन जोग की । अैसो भोग न और ॥
इजा रछ्या प्रांण की । बिंजन बासी कोर ॥६॥९४॥
सीतल जल तुम्ह अंचवते । उजल अमल अबेझ ॥
अब कह्यूं जौ नीर मिलि । उसन कि मलिन असोभ ॥७॥९५॥
अह निसि झूलै आत्मां । अमी सरोवर मांहि ॥
तीरथ गंगा आदि जल । तिन तनि तृषा बुझाहि ॥८॥९६॥
रतन जटित पर सेज परि । करते सदा बिलास ॥
दंपति संपति छाड़ि अब । घर परि रहै उदास ॥९॥९७॥
सेज सबद गुरदेव के । ब्यौरन बिबधि बिलास ॥
बनिता बुधि स्वासा बिभै । संचत सुषद आस ॥१०॥९८॥
मन मैं मढ़ी बनाइ करि । इहाँ रहौ तुम राज ॥
नित प्रति हम सेवा करैं । छाड़ि सकल कुल लाज ॥११॥९९॥
मुकति मढ़ी मैं हम रहैं । सेवग सुर नर और ॥
जोगी जन रमते भले । रवैं न एकै ठौर ॥१२॥१००॥
सतगुर शबद हमारा सिर परि । बाद बिबाद न कीजै ॥
हम जोगी परदेसी माई । भिछ्या होइ त दीजै ॥१३॥१०१॥
काम बिसरि अरु क्रोध तजीला । मोह छाड़ि निरदंद ॥
माया ममिता बिना गुर सरनैं । निरभै गोपीचंद ॥१४॥१०२॥
एकंत का बासा अलख उपासा । तेषंत परम उजासा ॥
गोपीचंद महन मन जपिबा । सोहं साधंत स्वासा ॥१५॥१०३॥
इड़ा आराधिये प्यंगुला प्रमोधिये । सुषमनां सोधि उभै थीरं ॥
सहश्र दल साधिए अलख अराधिए । रुधिर पलटि फिरि षीर नीरं ॥१६॥१०४॥
पवन कूं प्रेरिबा पछिम दिसि फेरिबा । अपांन प्रांण कौं उलटि मेलै ॥
नाद गगनैं बहै द्वंद अस्थिर रहै । जोग करि जनम नहीं गमै हेलै ॥१७॥१०५॥
पवन थिरं तां मन थिर । मन थिरं तां ब्यंद ॥
ब्यंद थिरंतां कंध थिर । यौं भापंत गोपीचंद ॥१८॥*१०६॥
मन राजा मन प्रजा । मन सयल[1] का बंध[2] ॥

---

*यह पद ग. प्रति में इस प्रकार है :—
मन थिरं ता पवन थिर । पवन थिरंता बिंद ॥
बिंद थिरंता जिंद थिर । यूं भाषै गोपीचंद ॥
१–ग. सकल; २–ग. में 'जी' अधिक ।

टलमल विंद निद्रा अघोर, एते कारणै जापता व्याकुलता स्वयं प्रतीति न पाया प्रमान, श्री गुरु मछिंद्र परसनें चौरंगी अमनतें मन त्रिभवनें थीरं ॥१२४॥३२०॥

एकांत कर लै राति दिनं, आसण बंध भेद मुद्रा जोग जुगति गुर बचन प्रति-पालला, प्यिंडरा मइला भोष्य मुक्ति ॥१२६॥३२१॥

जे जन बूझिबै सो जन बूझै दुतरतिरौ मृत माया गुर उपदेसे दिढ़ चित मनै सीलंत एक थूल काया ॥१२७॥३२२॥

श्री गुर बचने सिधि थाने आपना स्वयं प्रतीत करतव्या दोइ समतुल्या ॥१२८॥३२३॥

तिणै पिंडेरा मोष्य मुक्ति त्रिभवने बिसतार, अकुंठ काया बिसेस रघु गुर उपदेसै जानीयै ॥१२९॥३२४॥

दिढ़ चित मने कलेस न भावा प्रीति पालबा, सिध संकेत बानी अमन तैं मन अबह तै बहाई, आसन बंध्या तै ॥१३०॥३२५॥

एते एक संजोगे तीन भवन एकांति साधना सपत पाताल सपत पाताल ऊपर सपत दीप सपत दीप ऊपर सपत सुनकार ॥१३१॥३२६॥

सपत सुनकार ऊपर बसत निरालंब निरंजन निराकार ग्यांने मन पवन हेत बुध मति ॥१३२॥३२७॥

ए अपार श्री गुर मछिंद्रनाथ प्रसादे इह कौ सिध संकेत बोलीयै, इह कौ गुर उपदेश बोलीयै, इह की परम पर अपार अनुपम बोलीयै ॥१३३॥३२८॥

इह कौं ध्याईयैं कंद्रप जित्रा चाप त्रिबंध दाय जै सकति संकोच जै गांठि फुटै ब्रह्म अग्नि प्रजाले ॥१३४॥३२९॥

ब्रह्म मंडल फोड़ीयैं, त्रिवेणी संगम पवन संचारीये. षट्चक्र कौ फुटीयै ॥१३५॥३३०॥

सुमेर मध्ये बाट गगन भेदीयै, भंवर गुफा प्रवेसीयै, इहां कौ पिंड प्राण परस्वौ बोलीयैं इह कौं परम सिध बोलीयैं, ॥१३६॥३३१॥

इह कौं अगम बोलीयै, इह कौं परम परमार बोलीयैं, इह अहोनिस ध्यानैं चेतने च्यार तुटै न करता विंद ॥१३७॥३३२॥

परकंतो पवन कलपता मन अघोरता निद्रा इह कौं स्वयं प्रतीत बोलीयै, इह कौ पिंड प्राण परचौ साधन बोलीयै, इह कौ मृत्य जयंत सिध पंथ बोलीयैं ॥१३८॥३३॥

ए च्यार तुटै सो कायं अजरं अमरं निर विघन निष्पपत ॥१३९॥३३४॥

त्रिभवने पूजा ते ऊपर कोउ नाहीं दूजा अयं सो परम पद सो परम आसण ॥१४०॥३३५॥

अभ्यासी के, प्राणवायु, अपानवायु, वीर्य और चित्त समानचेष्टा हो जाते हैं तथा सुषुम्ना मार्ग से प्राणगति होने लगती है वह 'घटावस्था ' होती है । जो अभ्यासी घटावस्था को प्राप्त कर लेता है । वह स्थिर – आसन, विवेकी देवसदृश मेधावी हो जाता है ।[1]

3. <u>परिचयावस्था</u> :- जब प्राणवायु सुषुम्ना मार्ग से भृकुटी में पहुँच जाती है तथा मन भी समाहित हो जाता है । तब सम्प्रज्ञात् समाधि का भृकुटी स्थान में ही परिचय होने लगता है । भृकुटी में प्राण और चित्त के समाहित होने पर जो स्थिति बनती है, वह परिचयावस्था कहलाती है । उस अवस्था में अनेक प्रकार के शब्द श्रवण होते हैं तथा अणिमा आदि सिद्धियाँ प्राप्त होने लगती हैं ।[2]

4. <u>निष्पत्त्यवस्था</u> :- कुछ योगी भृकुटी को ईश्वर का स्थान मानते हैं । जब भृकुटी ध्यान करते हुए प्राणवायु भी वहाँ चली जाती है तब ''रुद्रग्रन्थि '' का भेदन माना जाता है ।

---

1) द्वितीयायां घटीकृत्य वायुर्भवति मध्यगः ।
दृढासनो भवेद्योगी ज्ञानी देवसमस्तदा ।। (यो. प्र. 4/72)

2) तृतीयायां तु विज्ञेयो विहायोमर्दलध्वनिः ।
महाशून्य तदायाति सर्वसिद्धिसमाश्रयम् ।। (यो. प्र. 4/74)

सुरति का अर्थ ईश्वरोन्मुख ध्यान लगाया है।[136] डॉ. राधिका प्रसाद त्रिपाठी ने सुरती का अर्थ 'ध्यान' बताया है।[137]

विद्वानों ने 'सुरति' शब्द के प्रसंगानुकूल जो भी अर्थ किए हों किन्तु संतों की साधना के सन्दर्भ में 'सुरति' का अर्थ 'आत्मा' तथा 'शब्द' का अर्थ 'ब्रह्म' निकलता है। संतों के साहित्य में भी 'सुरति' 'जीवात्मा' तथा निरति 'ब्रहम' के अर्थ में प्रयुक्त हुई मिलती है। कबीर के अनुसार–

सुरति समांणी निरति मैं, निरति रही निरधार।
सुरति निरति परचा भया, तब खुले स्वयं भू दुवार।।[138]

डॉ. गोविन्द त्रिगुणायत ने भी उपर्युक्त पंक्तियों में प्रयुक्त 'सुरति' और 'निरति' का अर्थ 'साधक आत्मा' और 'साध्य आत्मा' करते हुए कहा है "इन पंक्तियों का अर्थ उपनिषदिक परम्परा के अनुकूल 'साधक आत्मा' और 'साध्य आत्मा' भी लिया जा सकता है। निरति या साध्य, आत्मा का शुद्ध बुद्ध नित्यरूपणी होती है। सुरति 'साधक आत्मा' है जब वह उससे तादात्म्य स्थापित कर लेती है। तो शंभु अर्थात भगवान के दर्शन हो जाते है।"[139]

रेण–रामस्नेही संतों की वाणी में भी सुरति को 'जीवात्मा' तथा शब्द और निरति को 'ब्रह्म' के रूप में चित्रित किया गया है। संत दरिया साहब की निम्न पंक्तियां :–

जन दरियाव सोई बड़भागी जाकी सुरत ब्रह्म संग जागी।[140] 'सुरति' और 'निरति' का अर्थ संत दरिया साहब की निम्न साखियों से भी प्रकट होता है –

मन बुध चित अंहकार के, सुरत सिरोमन जान।
ब्रह्म सरोवर सुरत के, दरिया सन्त प्रमान।।[141]
सुरत उलट आठों पहर, करत ब्रहम आराध।
दरिया तब ही देखिए, लागी, सुन्न समाध।।[142]
सुरत ब्रह्म का ध्यान धर, जाय ब्रह्म में पर्स।
जन दरिया जहं एकसा, दिवस एक सौ बर्स।।[143]

ररंकार सतगुरु ब्रह्म, दरिया चेला सुरत।

जैसा मिल तैसा भया, ज्यों संचे माहि भरत।।[144]

स्पष्टतः सुरति 'आत्मा' तथा निरति 'ब्रह्म' के अर्थ में ही प्रयुक्त हुआ है। संत सुखराम ने भी सुरति को 'आत्मा' के रूप में ही चित्रित किया है।

रटो राम रसना अगम धाम धसना।

हरि हीर हलीया, सुरत पीव मीलीया।।[145]

नाभी नाम पेठा, सुरत संग सेठा।

चलत प्रेम धारा, पीवत संत सारा।।[146]

गगन नाद गाजे, सुरत ध्यान लागे।[147]

संत किसन दास ने भी 'सुरति' और 'निरति' को 'जीवात्मा तथा 'ब्रह्म' के रूप में ग्रहण किया है।

ग्यान गस्त गुरु शब्द ले, षट चक्र सुर माय।

सुरत पहुंची निरत घर, मिली प्राण बर जाय।।[148]

संत पूरणदास ने 'शब्द' और 'सुरति' को 'ब्रह्म' और 'जीव' के पर्याय रूप में माना है –

शब्द अखंडित ब्रह्म है, सब घट आतमराम।

सुरत जीव का नाम है, सो नहीं निगमागम।।[149]

उपर्युक्त संतों की वाणियों में 'सुरति–शब्द–योग' का अर्थ 'आत्मा' और ब्रह्म' का मिलन होता है संतों के 'सुरति–शब्द–योग' से अभिप्राय मंत्रयोग तथा लय योग पर आधारित उस साधना से है जिसमें साधक आत्मा गुरु प्रदत भगवान के नाम स्मरण रूपी शब्द को ग्रहण कर उसका विधि विशेष से लगातार रटन करती है, जिससे एक लय उत्पन्न होती है। इसी लय के सहारे साधक आत्मा 'शब्द' का रटन करते–करते अंततः ब्रह्मतत्व (शब्दतत्व) को प्राप्त हो जाती है।

रामस्नेही संतों की 'सुरति–शब्द–योग' नामक साधना–पद्धति का हठ योग साधना पद्धति के चक्र–भेदन (मूलचक्र कुंडलिनी) →मणिपुर (स्वाधिष्ठान) →नाभि → अनाहत (कंठ) → आज्ञा → ब्रहमरंध्र (सहस्रार) के क्रम से उलटा चलता है। इसमें सुरति 'कंठ–चक्र' से प्रारंभ होकर क्रमशः हृदय, नाभि, मणिपुर तथा मूलचक्र अर्थात पूर्व मार्ग के पांच चक्रों तक नीचे की ओर गमन करती है। मूलचक्र से यह शरीर के पृष्ठ भाग में स्थित मेरूदण्ड जिसे बंकनाल भी कहा जाता है कि बीस गाँठों, कुछ साधकों ने इनकी संख्या 21 बताई है। का छेदन करते हुए उर्ध्वगमन करती है तथा 'त्रिकुटी' (आज्ञाचक्र) से होते हुए 'ब्रह्मरंध्र' अथवा महाशून्य में प्रवेश करके शब्दत्व अथवा ब्रह्मरूप को उपलब्ध हो जाती है। क्योंकि इस साधना–पद्धति में सुरति 'शब्द' के सहारे 'शब्द' को ही उपलब्ध हो जाती है इसलिए इसे 'सुरति–शब्द–योग' कहते है। शरीर के पृष्ठ भाग में स्थित मेरूदंड को संतों ने 'पिछम का मार्ग' कहा है।

'उड़या हे आकाश, पिछम पार बासा।'[150]

सुरति के द्वारा 'पिदम मार्ग' से अनुसरण करने के कारण इस साधना पद्धति को पिछम का मार्ग' के नाम से भी जाना जाता है।

रेण–रामस्नेही संतों की साधना–पद्धति 'सुरति–शब्द के श्वासोंच्छवास ध्यानपर्वूक स्मरण पर ही अधिक बल दिया जाता है। इस सम्प्रदाय के संतों की वाणी में यद्यपि इला, पिंगला सुषुम्ना, त्रिकुटी, शून्य, गगन, कमलदल, बंकनाल, पीठबंध, मूलबंध आदि हठयौगिक शब्दावली का प्रचुरमात्रा में प्रयोग मिलता है, इसे पूर्ववर्ती निर्गुण संतों की वाणी का ही प्रभाव मानना चाहिएः–

साधना–पद्धति के सोपान :–

इस सम्प्रदाय की साधना पद्वति की शुरूआत सतगुरु के द्वारा शिष्य को 'राम–नाम' की महिमा सुनाने से ही प्रारंभ बताता है।

कहूँ शब्द का भेद, जा से भवसागर तिरे।
राम शब्द उपदेश, ता से चौरासी टरे।।[151]

इसके उपरान्त 'शब्द' को जिह्वा के द्वारा नाम – स्मरण करने का उपदेश देता है–

जन दरिया गुरुदेव जी, सब विधि दई बताय।
जो चाहो निजनाम को ,तो सांस उसांसौ ध्याय।।[152]

संत उमाराम ने भी साधना की इसी विधि का वर्णन करते हुए कहा है–

मूष में भूरकी मेला भाई, सास उसासा लागी घाई।[153] संतमत में इस 'भुरकी' को 'राख' या 'धुली' के स्थूल अर्थ में ग्रहण न करके गुरु–प्रदत 'राम–नाम' रूपी मूल मंत्र के प्रतीकात्मक अर्थ में ग्रहण किया गया है। संत दादूदयाल 'भुरकी' को स्पष्ट करते हुए कहते है कि–

दादु भुरकी राम की, सबद कहै गुरु ग्यान।
तिन सबदों मन मोहिया, उनमन लाग्या ध्यान।।[154]

संत दरिया साहब ने भी 'भुरकी' को राम–नाम रूपी उपदेश के रूम में इसके सुक्ष्म अर्थ को ही ग्रहण किया है–

लोक गये कूडर तारे, भजन भुरकी डारू।
जनम जनम का पाप सबेही, भजन प्रतापे जारू।।
रामनाम की भुरकी साची, सूरा को समजावे।
नूगरा देष दूर से भागे, जम पूर दोड़या जावे।।[155]

रेण– रामस्नेही संतों की साधना के अन्तर्गत यह 'भुरकी' रूपी 'राम–नाम' मंत्र मुख से प्रारम्भ होकर कंठ चक्र में प्रवेश करता है जहां चार पंखुड़ियों का कमल खिला हुआ रहता है –

मन पवना लिव बंध्या सासा, सबद कीया जाय कंठ में बासा।
च्यार पांख कंठ का है कंवला, सुरत उलट जहां किया संवला।।[156]

कंठ–चक्र के बाद साधक को विरहानुभूति होनी शुरू हो जाती है :–

बिरहन पिड़ के कारने, ढूढंन बन खण्ड जाय।
निस बीती पिउ ना मिला, दरद रहा लिपटाय।।

बिरहन का घर विरह में, ता घट लोह न मांस।

अपने साहिब कारने, सिसके सांसो सांस।।[157]

कंठ से गतिमान हो शब्द 'हृदय' में प्रवेश करता है जहां आठ दलों का कमल विकसित रहता है और प्रेम की वर्षा होने लगती है–

रसना सेती उतरा, हिरदे किया बास।

दरिया बरसा प्रेम की, पट् ऋतु बारहमास।।

जन दरिया हिरदा बिचे, हुआ ज्ञान परकास।

हौद भरा जंह प्रेम का, तंह लेत हिलोरा दास।।[158]

हृदय के बाद नाभि का स्थान आता है। 'नाभि' में 32 पंखुड़ियों का कमल खिला रहता है। यहां विष्णु का निवास है –

आगे सुरत चली जीव प्यारी, नाभी कंवल बिच आसन डारी

बत्तीस पंख कंवल नाभी में, विष्णु निवास जान ताहि में।।[159]

नाभि–चक्र में साधक को 'अनहद नाद' सुनाई पड़ने लग जाता है। इस बिन्दु पर पहुंचकर साधक का रोम–रोम झंकार करने लग जाता हैः–

एक दिन नाभ घर आया, गिगन नाद घन गाजे।

रोम रोम झालर झणकारा, तार अखंडित बाजे।।

रसणांमाय रस मीठा, अनंत स्वाद मोहि आया।

रोम चेतन जब हूवा, नाभ नाद गरणाया।।

नव सो नाड़ नाभ के मांहि, अमृत रूप सिंचाई।

नव सूं छिंकी नव सो नाड़ी, उलटी गंग हिलाई।।[160]

नाभी कमल के भीतर भ्रमर गुंजार करते है, जिनका न कोई रूप है न रंग। वह अगम और अपार है। यहां भंवरों के गुंजार से दरिया साहब का तात्पर्य शब्द की गुंजार से है –

नाभी कंवल के भीतरै, भंवर करत गुञ्जार।

रूप न रेख न वरन है, ऐसा अगम अपार।।[161]

दरिया साहब और अन्य संतों ने नाभि के पश्चात 'मूलचक्र की स्थिति का वर्णन अपनी वाणी में किया है। किन्तु दरिया साहब ने नाभी और 'मूलचक्र के मध्य एक स्थान का और वर्णन किया है। उन्होंने इस स्थान पर 'ब्रह्मा' का निवास मानते हुए सोलह दल के कमल की स्थिति को स्वीकार करते हुए कहा हैः–

अब तो शब्द पंयाला भागा, छै पांक दस वहां है जागा।
लाल रंग ब्रह्मा का देखा, सुरत सुन्दरी जानी रेखा।।[162]

इसके पश्चात शब्द मूलचक्र में पहुंचता है। दरिया साहब ने यहां 64 दलों वाले कमल की स्थिति बताते हुए गणपति का निवास स्थान बताया हैः–

चौसठ पंकदल गणपति बासा, मूलचक्र दल कंवल प्रकाशा।[163]

संत किसनदास ने इसे 'गुदाचक्र' मानते हुए कहा है।

गुदाचक्र के घाट में गंगा चले सुभाय।
किसनदास न्हावण किया, उलट अपूठा आय।।[164]

संत दरिया साहब के मतानुसार 'मूलचक्र' से सुरति मेरूदंड की बीस गांठों का छेदन करते हुए बंकनाल के मार्ग से ऊपर की ओर गमन करती है।

अब तो शब्द पिच्छम दिश चाल्या, मेरूदंड के मारग हाल्या।
बीसू गांठ मेरू की लांगी, बंकनाल होय सुरता जागी।।[165]

संत किसनदास ने मेरूदण्ड में 21 गांठों का वर्णन किया है। सुरति इन 21 गांठों का छेदन कर ऊपर की ओर चढ़ती है–

सुरत पलीता पवनसर, लगे उसासा धूण।
गांठ इकीसों छेदकर, मेर डंडी है तूण।।[166]

मेरूदंड के बंकनाल से होकर सुरति त्रिकुटी में प्रवेश करती है, जहाँ दो दलीय कमल होता हैः–

दोय पंख का कंवल त्रिकूटी, जाहा सुखमना धारा छूटी।[167]

संत दरिया साहब ने इसे गगन भी कहा है। यहां साधक को 'ररंकार' की धुन सुनाई पड़ती हैः–

सुरत गगन में बैठकर, पति का ध्यान सँजोय।
नाड़ि नाड़ि रूँ रूँ बिचे, ररंकार धुन होय।।[168]

यह त्रिकुटी ही 'अनुभव देश' कहलाता है। यहीं पर आकर साधक को सुख की प्रतीति होती है–

त्रिकुटी मांहि सुख घना, नांहि दुःख का लेस।
जन दरिया सुख दुख नहीं, वह कोई अनुभव देस।।[169]

संत दरिया साहब ने सुरति और शब्द के अलौकिक संयोग का बड़ा ही हृदयगाही वर्णन किया है। वहाँ अनन्त चन्द्रमा उदित हो रहे हैं और करोड़ों सूर्य प्रकाशित हो रहे हैं–

अनन्त हि चन्दा ऊगिया, सूर्य कोटि परकास।
बिन बादल बरसा घनी, छह ऋतु बारह मास।।[170]

त्रिकुटी ब्रह्म साक्षात्कार से पूर्व का अंतिम पड़ाव है। ब्रह्म से साक्षात्कार के पश्चात् साधक ब्रह्म हो जाता है, द्वैतभाव समाप्त हो जाता है। किन्तु त्रिकुटी तक साधक और साध्य का भेद बना रहता है। यहाँ से साधक का पतन संभव है–

दरिया मन निज मन भया, त्रिकुटी मन्झ समाय।
जो वहाँ से पाछा फिरै, ते मन का मन हो जाये।।[171]

त्रिकुटी सोपान से आगे 'शून्य समाधि' का अंतिम सोपान है। इसे 'ब्रह्मरंध्र', 'दसवांद्वार' भी कहा जाता है। यहाँ 'सहस्रदल कमल' खिला रहता है। इसलिए इसे 'सहस्रार' भी कहते है। त्रिकुटी तक साधक अपनी अखंड साधना, अटूट नाम स्मरण, अविराम ध्यान, लगन और सामर्थ्य से पहुँच सकता है, किन्तु 'शून्य समाधि' में पहुँचना साधक की क्षमता के भीतर की बात नहीं है। यह स्वयं ही घटित होने वाली एक सहज अवस्था है। जिसमें जीव और ब्रह्म एक हो जाते है। द्वैतभाव समाप्त हो जाता है। यहीं 'ररंकार' व 'अगम देश' है।

उत्तर :—श्वास प्रश्वास की स्वतः गति को योग के नियमानुसार गति में बदलने का नाम स्वर योग है। योगाभ्यासी साधकों का श्वास दिन में बायाँ स्वर तथा रात्रि में दाहिना स्वर चलना चाहिए। इससे दिन के ताप का तथा रात्रि के शीत (ठंढ) का कोई असर उस साधक के शरीर पर नहीं पड़ता। जिसके लिए वेद शास्त्र एवं योगियों का ऐसा आदेश है कि "जो सूर्य स्वर में चन्द्र स्वर को तथा चन्द्र में सूर्य स्वर को प्रवेश करता है" वह साधक योगी प्राण वायु को जीत लेता है और कुछ ही दिनों में त्रिकालदर्शी हो जाता है।

बायाँ स्वर शीतल स्वर है इसमें गंगा की धार बहती है, यह चन्द्र स्वर है। दाहिना स्वर गर्म स्वर है इसमें यमुना का प्रवाह बहता है, यह सूर्य स्वर है। इस दोनों स्वरों के बीच में एक सुषुम्णा है जिसमें सरस्वती की धार बहती है जिसमें अति उत्तम ध्यान लगता है। इन तीनों स्वरों का मेल आज्ञाचक्र (भृकुटी) में है इसके सम्बन्ध में स्वामी जी का पद है कि—

पद :—ईगला पिंगला सुषुम्णा में बहता है त्रिवेणी का चक्कर।
गहरा श्वास दबा कर मारो कुण्डलिनी पर टक्कर॥
जनम-जनम की सोई शक्ति अपनी निन्द तजेगी।
प्राणी मात्र के अंतस्तल से अनुपम ज्योति जगेगी॥

दूसरापद:-ईगला पिंगला सुषुम्णा में, बहता है त्रिवेणीका संगम।
कर स्नान पान तन मन ते, तो छुट जाय भव जंगम॥
ईगला पिंगला सुषुम्णा में सोऽहं सोऽहं ध्वनि अहर्निश होती।
इस युक्ति को जो जन समझे वही श्रेष्ठ योगी है॥
इसको भूला फिरे मूढ़ जो वही विषय भोगी है।
इस युक्ति को जान मनुष्य योग युक्त हो जाता।
कैवल्य देह हंस का पाकर भव भ्रम से छुट जाता॥

❀ दोहा ❀

गगन नगारा घुर रह्या, हरदम आठों पैर ।
गुरुमुख ज्ञानी कोउ चढ़े, करे अगम को सैर ।।

भजन नं० २ (राग आसावरी)

साधो भाई इस विध गगन सिधावो ।
मूल द्वार का मंजन करके, गणपति गुप्त मनावो ।।टेर।।
बांया पैर समेट मूलपर, एड़ी ठोक जमावो ।
दांया पैर लिंग के ऊपर आसन सिद्ध लगावो ।।१।।
रेचक पूरक कुम्भक भरके, प्राणायाम बढ़ावो ।
सोहं जाप उन्मुनी मुद्रा, नाम सुरत ठहरावो ।।२।।
इड़ा पिंगला सुमरण सेरी, सुखमण तार मिलाओ ।
गुदा द्वार से पवन उठाकर, षट चक्कर पर आओ ।।३।।
स्वयंम्बु लिंग पर नागिन बैठी खैंच अपान उठावो ।
प्राण अपान मिलाय दुहुन को नाभ कमल पलटावो ।।४।।
फण फटकार नागनी जागे नुरत मेरु ठहरावो ।
बंक नाल है अनुभव पैड़ी ग्रन्थि इकीस तुड़ावो ।।५।।
भृकुटि गगन बिच महल पियाको, सहस्त्र कमलमें आवो ।
तिरवेणी तीरथ प्रयाग यह शुख सागर में न्हावो ।।६।।
झिलमिल जोतजुगतसे निरखो, पीवपरस घर आवो ।
शिवमें जीव अमर घरवासा, सुण्य में जाय समावो ।।७।।
करके सुरता श्रुती कमलमें, आगे पांव बढावो ।

हंस मुखी है हंस कमल में, हंसा जाय मिलावो ॥८॥
श्वेत धार जलकी बहती है, हंसा स्नान करावो ।
धर्मराय दरबार तहाँ पर, अजगा मौन करावो ॥९॥
धर्मराय ढिग करो निवेड़ा, निर्बन्धन हो जावो ।
लेना देना खतम हमारा, यम को जाय बताओ ॥१०॥
तीन लोक का लेना देना, खाता खतम कराओ ।
काल पुरुष की रचना होकर, दशवां ऊपर जाओ ॥११
भँवर गुफा में होकर आगे सत्य लोक में आओ ।
सत्य लोकमें सत्य पुरुष है, ताको शीश निवाओ ॥१२
अगम लोक है अखै अनामी अलख पुरुष को ध्यावो ।
मोहनपुरी निर्मल चेतन में जाकर आप समावो ॥१३

भावार्थ--हे सज्जनों उपरोक्त दोहे में जहां पर चढ़
संकेत किया गया है, उस गगन स्थानी ब्रह्मरंध्र में चढ़
विधि यह है, मूल द्वार का शुद्धि करण करके गुप्त ग
की आराधना जैसे कि--हमने भजन नं० १ में बता
करो । प्रथम बायें पैर से मूल बन्द लगाकर दाहिना
लिंग स्थान के ऊपर लगावो इस तरह सिद्ध आसन ल
के मूलाधार से पवन को उठाकर आज्ञा चक्र में ठह
तथा फिर नासिका द्वारा धीरे २ वायु को बाहिर निक
इस भांति से रेचक, पूरक और कुंभक करके प्राणाया
अवधि को बढ़ावो । उठते हुए स्वांस में 'सो' और बैठ

10:45

श्री उत्तम हरि आरती

किशन सुथार
9892347434

(राग चौपाई, पद)

निशिदिन संत परम पद जोई, आरती करे सो केवल होई॥टेर॥
पहली आरती सतगुरु सेवा, तन मन भेंट धरूँ सिर देवा।
दूजी आरती रसना गाया, जल पलटाय अमी रस पाया॥१॥
तीजी आरती कण्ठ में वासा, भ्रम कर्म व्यापे नहीं आसा।
चौथी आरती हृदय हुलासा, रेण मिटी हुआ प्रकाशा॥२॥
पाँचवी आरती नाभि गुंजासा, अष्ट कली पर भंवर विलासा।
छट्ठी आरती पश्चिम दिशा सूं, दे परिक्रमा शीश नमा[illegible]॥३॥
सातवीं आरती त्रिकूटी में वासा, झिलमिल ज्योति हुआ प्रकाशा।
आठवीं आरती गगन घुराणा, अमी वर्षाय स्नान कराण[illegible]॥४॥
नवमीं आरती नौ दरवाजा, खिड़की बन्द करे सोई रा[illegible]।
दशमी आरती दशवें द्वारे, अरस परस मिले राम पिय[illegible]॥
ग्यारहवीं आरती परम प्रकाशा, रूप वर्ण बिन नाम निराशा।
बारहवीं आरती ब्रह्म विलासा, संत (कह) हरिराम निर्भय घर वासा॥६॥

(दोहा)

मन पवना पहुँचे नहीं, सुरता करत हुलास।

Shot on Vivo AI camera
12
Dislike
1
Share
Remix
@jayshreeram2990
स्वामी श्री हरिराम जी ,रचित आरती,,,लाइक शयेर जरूर करे,,
Add a comment...

ईश्वरोपासना—सन्त नेकीराम जी ने काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार से मुक्त होकर ईश्वर की उपासना को चार सोपानो मे विभाजित किया है। जिसका प्रथम सोपान है अन्त करण की शुद्धि। इस अवस्था मे उपासक का मन राग और द्वेष से मुक्त होना अनिवार्य है। इस स्थिति मे पहुँचते ही व्यक्ति उपासना के द्वितीय सोपान वैराग्य मे पहुँच जायगा। इस स्थिति मे उपासक को पाँच लुटेरे विकारो से विरक्ति हो जाती है और तृतीय सोपान मे उपासक मन की एकाग्रता तक आसानी से पहुँच सकता है क्योकि उपासक के मन की एकाग्रता मे बाधक यही सभी विकार होते हैं। अन्त मे भक्त अन्तिम मंजिल उपासना की परिधि पर पहुँच जाता है। जहाँ से उपासक ईश्वर के दर्शन कर सकता है जिस ईश्वर का स्वरूप इस प्रकार है

अष्ट कमल दल मेल साहेब हरदम खेल अनूप है।
रहता रमता आप साहेब ना छाया ना धूप है।
नाभि-कमल स्थान जाका तुरिय तत्त्व निज धाम है।
चल हंसा उस धाम पर सो सोहड़ना ऐसा दान है।

गगन मण्डल गलवाद गँयी सोहं रूप अपार है।
'नेकीराम' उस धाम पर से अवगत का दीदार है।[11]

सारांशत: हम कह सकते हैं कि सन्त नेकीराम परम योगेश्वर थे जिन्होंने अपनी योग-साधना के द्वारा पाखण्ड-पंक मे लिप्त जन-मानस मे अष्ट कमल दल की गन्ध सुवासित की और थोथे कर्मकाण्डो की कपाल-क्रिया करके मानव जाति को संकीर्ण विचार-परिधि से विमुक्त किया तथा अजस्र एवं अनन्त प्रकाश-पुंज द्वारा तिमिर-भ्रमित सहस्रो भक्तो का पथ-निर्देशन किया; जिसका अनुमान आज भी 'श्री सन्त आश्रम' नाहरी मे पावन पर्वो पर भक्तो की उमड़ती भीड़ से लगाया जा सकता है।

संदर्भ

१. (अ) चौ० स्वरूप सिंह जी, 'सन्त नेकीराम की स्वान-ए उमरी', पृष्ठ १।

(आ) नाहरी माजरे म दईया भइया दहीया का जग सारा।
दहीया मे कोई सहीया आवे, सोई मित्र हमारा।
नेकीराम भइया नहीं आवे, मैं मैं करता हारा।
दिल्ली माँहि दलाली कीनी, नफा नाम का मारा।

(सन्त जीतादास, श्री ग्रन्थ साहेब, २६६ । २००)

२. नाहरी ग्राम दिल्ली से ठीक २० मील दूर उत्तर-पश्चिम दिशा मे स्थित है। यह ग्राम उस समय दिल्ली जनपद म लगता था। प्रशासन की सुविधा के लिए जब दिल्ली प्रान्त बनाया गया तो यह गाँव जिला रोहतक म आ गया था। हरियाणा और पंजाब के विभाजनोपरान्त सम्प्रति यह गाँव सोनीपत जनपद मे आ गया है। यह ग्राम नरेला (दिल्ली-४०) से तीन मील की दूरी पर दिल्ली से रोहतक और सोनीपत जाने वाली सड़क पर दाएँ हाथ पर बसा हुआ है।

३. धर्मवीर कौशिक, 'जीवन-गाथा', पृष्ठ १।

आपने जालंधर जनपद की नवाँ शहर तहसील के ग्राम जगतपुरा के सत्-संगियो की बहुलता को ध्यान मे रखते हुए वहाँ पर भी एक डेरे की स्थापना की क्योंकि वहाँ के भक्त कई वर्षों से इस डेरे म आते थे।

अन्वेषण के उपरान्त हमको आपकी लगभग २०० वाणियाँ प्राप्त हुई हैं, जो गुरुमुखी लिपि म लिखी गई हैं। वैस अधिकाशत वाणियाँ हिन्दी म ही सृजित हैं जिनमे दोहा, पद, खयाल, कुडली, गजल आदि छन्दो का प्रयोग किया गया है। अन्य कुछ वाणियाँ सरल पजाबी म हैं। आपकी इन वाणियो का एक सग्रह, जिसम सन्त घीसादास की वाणियाँ समाविष्ट हैं, 'डेरा रामपुरा' द्वारा प्रकाशित किया जा चुका है , जिसे घीसापन्थी अपना पवित्र ग्रन्थ मानते हैं।

आपकी वाणियो मे गुरु महत्ता, ईश्वर की सर्वव्यापकता, ससार के साथ अनासक्ति, काम, क्रोध, माया, मोह और अहकार के प्रति वैराग्य तथा ईश्वर साधना पर विवेचन किया गया है। बाह्याडम्बवरो से आपको तनिक भी मोह नही था। ये आडम्बर विभिन्न रूप धारण करके दिग्भ्रमित करते रहते हैं। दुनिया इन आडम्बरो मे भटकती फिरती है। कोई कागज और पत्थर की पूजा करता है। कोई तीर्थों म स्नान करता फिरता है। कोई माया के पाश म कैद है। यह कोई नही जानता कि यह सारा ससार बेगाना है। यदि अपना है तो मात्र राम नाम, जो केवल साधना के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। वह इन तीर्थों की यात्रा म नही मिलता। वह तो इस मानव-तन म ही है जिसके दर्शन कोई-कोई सन्त ही कर पाता है वह भी गुरु की असीम कृपा से—

गुरु ऐसा ख्याल लखाया।
मोहि देख अचम्भा आया।
नाभि कमल से पकडा हमको दसवां द्वार लँघाया।
त्रिवेणी की धारा चाले तामें मल-मल न्हाया।
अमी बूंद का छुट्या फुहारा तन-मन सब सियलाया।
जिन्दा जोगी नाद बजावै सोहग पद को गाया।
ज्योति झिलमिली तारा गण दरसं दिल का भरम गँवाया।
उलट कमल अब सूधा हो गया सुन्न मडल घर पाया।
'ईश्वरदास' शरण सत् गुरु की आवन जान मिटाया।

९ नवम्बर सन १९४४ ई० को सुबह सात बजे आप इस पचभौतिक शरीर का परित्याग करके सत्यलोकवासी हो गए। आपके बाद डेरा रामपुरा का कार्य-भार आपके अनन्य शिष्य श्री निरजनदास सँभाल रहे हैं। डेरा रामपुरा मे एक साल मे बारह मेले लगते हैं जिनमे होली, दीवाली के मेले बहुत बडे होते हैं। इन भक्तो की रहत मर्यादाओ मे अन्य क्षेत्रो के भक्तो की रहत मर्यादाओ से कुछ वैषम्य है अत पजाब के लोग स्वय को पजाबी घीसापन्थी कहते हैं।

आई जम की फौजांवे भजन भजन गढ़ त्यार करो।
जम पकड़ ले जावंगा बहुत ही दुख भरो।
संग कोई ना चालेगा अकेले ही राह फरो।
साथ कौड़ी ना जावंगी जोड़-जोड़ क्यो धरो।
कोई रोज़ का मेला है क्यों क्रोध की अगिन जरो।
पकड़ो क्षिमा गरीबी तुम साहिब से सदा डरो।
'ईश्वरदास' घर खोजो तुम फेरि जनमो न मरो।

ऐसा देश हमारा है जहाँ कोई मरता नहीं।
वहाँ रंग तमाशे हैं शोक कोई करता नहीं।
वहाँ जोर ना जुल्मो है दण्ड कोई भरता नहीं।
वहाँ चोर ना डाकू हैं माल कोई हरता नहीं।
वहाँ राज ना राणा है, किसी से कोई डरता नहीं।
वह देश दिवाना है वेद कोई पढ़ता नहीं।
वहाँ अमृत वर्षा हैं अगन कुंड जलता नहीं।
वहाँ अनहद वाणी है भोग कभी पड़ता नहीं।
'ईश्वरदास' यहाँ पहुँचेगा जो, जन्म फेर धरता नहीं।

सन्त अवगतदास की वाणियाँ

गुरु दरबार मे जाना चलो चलिए जी !
आसन संयम साध पियारे सोहं स्वास मे आना।
सुरत निरत से चीन्ह बावरे, दसो नाद मिल जाना।
काल जाल के बंधन छूटें, पावै रे पद निरवाना।
धीसा सन्त दरबार विराजें ! दास प्रेम कर जाना।
'अवगतदास' शरण मे ठाडे, सतगुरु चरण लपटना।

मैंने बहुतों के बोल सहे सितमगर तेरे लिए।
चाचरी, भूचरी, अगोचरी मुदरा, मैंने त्रिकुटी ध्यान धरे।

अन्दर की गृहस्थी छूटे बिन सुख नहीं पावे कोई।
'स्वामी आत्म' पार होवे जब सतगुरु कृपा होई।

८

सुरत प्रभु नाम में अटकी।
स्वाँस बाँस घर भीतर रोप्या, प्रेम डोर छटकी।
सुरत कलाली चढी बाँस पर, कला करे नट की।
मैं मेरी का बोझ जबर था, तृष्णा की मटकी।
शब्द झकोला दिया घट भीतर, सब-की-सब झटकी।
सतगुरु दे उपदेश उभारी, जनम जनम भटकी।
शब्द सुरत का मेल कराया ममता घर पटकी।
घर ही घर मे जूझन लागी मन से जा खटकी।
उन्मुन तारी लागी गगन में, खबर हुई घर की।
आनन्द ही यहाँ बरस रह्यो है प्रेम बूंद गटकी।
'स्वामी आत्म' अपना घर पायो सुरत जाय लटकी।

९

घट ही मे उजियारा, रे साधो!
चेतन ज्योति जगे निरन्तर, नहीं वार नहीं पारा।
बिन नैनों ही दर्शन कीजे, आनन्द रूप अति प्यारा।
अन्तर्मुख मस्त हो रहिए, चले न यम का चारा।
अन्दर-बाहर सर्व निवासी, अखण्ड रूप निरधारा।
'स्वामी बलजीत' भ्रम भय भागे होवे ब्रह्म दीदारा।

१०

ब्रह्म रूप अति झीना, रे मनवा।
स्वांस स्वांसा सुरत समोवो बजे सोहं की बीणा।
त्रिकुटी कमल का आसन लगाये, सो योगी परवीणा।
उन्मुन तारी लगे शिखर मे आतम रस तिन पीना।
चिन्मय ज्योति रूप-रंग बिन निज ही मे लख लीना।
'स्वामी बलजीत' मे पद पाया सफल तिनों का जीना।

११

देखो ज्ञान उजियारा, रे साधो।
बिन ही तैल चसे दिन राती अखड रूप निराधारा।

सका। अतः योग क्रियाओं की साधना अत्यन्त कठिन या असत्य समझ कर जन समाज ने इस ओर प्रयाण करना त्याग दिया अर्थात् इस परमोपयोगी साधन में से विश्वास हट गया।

मैंने कठिन अनुभव से ज्ञान प्राप्त किया है कि कुण्डलनी सुरति का नाम है और आहार विहार की पवित्रता से, सुरति पवित्र होकर श्वास में तन्मय होती है और फलतः आत्म साक्षात्कार हो जाता है।

सुषुम्ना अंग

(प्रश्न)

नाम सुषुम्ना मैं सुना श्री मुख से बहुबार।
इसका भेद बताइये, गुरु वर शिष्याधार ॥१॥

(उत्तर)

शिष्य शान्त होकर सुनो, कहूँ सुषुम्ना भेद।
जो खोजे उसको मिले, दूर होय भव खेद ॥२॥

नाभि कमल के बीच अनोखा ठाठ है।
सब नाडिन का मूल यही एक घाट है ॥१॥

(४)

अजर अमर इक नाम है, सुमिरन जो आवै ॥
बिन मुखड़ा से जप करो, नहिं जीभ डुलाओ ।
उलटि सुरति ऊपर करो, नैनन दरसाओ ॥१॥
जाहु हंस पच्छिम दिसा, खिरकी खुलवावो ।
तिरबैनी के घाट पर, हंसा नहवावो ॥२॥
पानी पैवन कि गम नहीं, वोहि लोक मंझारो ।
वाही बिच इक रूप है, वोहि ध्यान लगावो ॥३॥
जिमी असमान वहां नहीं, वा अजर कहावै ।
कहै कबीर सोइ साधु जन, वा लोक मँझावै । ४॥

(५)

जीवन मुक्त सोई मुक्ता हो ।
जब लग जीवन मुक्ता नाहीं, तब लग दुख सुख भुगता हो ।
देह संग ना होवै मुक्ता, मुये मुक्ति कहाँ होई हो ।
तीरथ वासी होय न मुक्ता, मुक्ति न धरनी सोई हो ॥१॥
जीवत भर्म की फाँस न काटी, मुये मुक्ति की आशा हो ।
जल प्यासा जैसे नर कोई, सपने फिरै पियासा हारे ॥२॥
है अतीत बंधन तें छूटै, जहँ इच्छा तहँ जाई हो ।
बिना अतीत सदा बंधन में, कितहूँ जानि न पाई हो ॥३।
आवागवन से गये छूटि के, सुमिर नाम अविनासी हो ।
कहै कबीर सोई जन गुरु हैं, काटी भ्रम की फाँसी हो ॥४॥

Scanned with CamScanner

सेल नं० ७ :



सतलोक :—यहां शब्द सत सत वीणा की तरह होता तथा महान प्रकाश सा होता है। इसे सच खण्ड व झंझरी दीप भी संतों की भाषा में कहा जाता है। इसे हैपने का देश व आनन्द का देश अथवा कारण प्रकृति कहते हैं। सब रचना का

सन्त कबीर दास जी ने " कायानगर" मे "काया पुरुष" को प्राप्त करने एव वश के दृश्यो का जो वर्णन किया है, इससे इनकी कुण्डलिनी योग-साधना सम्बन्धी ज्ञान का आभास मिलता है। यथा.-

\+ + +

दिखलूं मै कायानगर मे, काया पुरुषवा खोजि के।
काहे सजनवा बिराजे भवनवा, दूनो नयनवा जोरि के।
इंगला पिंगला सुषमन साधो, मनुवा आपन रोकि के।
दसई दुवरिया लागी किवरिया, खोल शब्द से जोरि के।
रिमि झिमि रिमिझिमि मोती बरसै, हीरा लाल बटोरि के।
लौका लौके बिजुली चमकै, झिंगुर बोलै झनकोरि के।
कहे कबीर सुनो भाई साधो, यह पद है निर्वान के।।[1]
या पद के जो अर्थ लगावै, सोई पुरुष अनमोल के।।

1- कबीर शब्दावली भाग3, पृ0 26- बे0 लि0 प्रे0- इलाहाबाद

सन्त शिवनारायण ने भी इस योग साधना का यत्र- तत्र वर्णन किया है -

इगला पिगला दुइनारी सुधारी आठ पहर नौ नरिया।
गंगा यमुना बीच बहे सरस्वती प्रेम के उठत लहरिया ।।[1]

सन्त धरम दास के विचार से पाच और पच्चीस को वश में करने के साथ-साथ इगला, पिगला और सुषुम्ना को सोधने के बाद ही प्रभु का चरणोदक प्राप्त किया जा सकता है, जैसा कि अधोलिखित पक्तियो से प्रगट है -

पाचे पाच पचीसो बस करि साचे होइ ठहरावै।
इंगला पिंगला सुखमनि सोधै, तब चरनोदक पावै ।।[2]

सन्त पलटू दास ने अत्यंत ही प्रभाव शाली रूप में प्रतीकात्मक शैली के द्वारा इस योग-साधना का उल्लेख किया है -

इगला पिगला पलरा दूनौ, लागि सुरति की जोती।
सत्त सबद की डाडी पकरौ, तौलो भरि भरि मोती।
चाद सुरज दोउ करै रखबारी, लगी तत्त की ढेरी।
तुरिया चढि के बेचन लागे, ऐसी साहिबी मेरी ।।[3]

1- शब्दावली, चदवार की प्रति, पृ0 13, पद 32।

2- धरम दास की शब्दावली, पृ0 71

3- पलटू दास की बानी, भाग 3, पृ0 28

इसी प्रकार सन्त बुल्ला साहब,[1] धरनी दास,[2] मीखा[3],कीना राम[4], भिनक राम[5], सुवचन दासी,[6] शिवा राम[7] आदि सन्तों ने हठ योग-साधना का वर्णन किया है ।

1- मातल मनुवा घटहि समैबो हो ।

सहज सरुपे लिहले, हरिगुन गहबो हो।

तीरथ तिरबेनी नहबो, गगन मे जइबो हो ।

अनहद धुनि सुनि दीपक बरइबो हो ।।

-- बुल्ला शब्दसार, पृ04

2- अजब आवाज नगारा बाजत गगन गरज धुनि भारी ।

तह बरै बाती, दिवस न राती, अलख पुरुष मठधारी ।।

-- धरनी बानी, पृ0 5

3- मन में आनन्द फाग उठो री ।

इंगला पिंगला तारी देवै, सुखमन गावत होरी ।

बाजत अनहद डक तहा धुनि गगन मे ताल परोरी ।।- मीखा शब्दावली,पृ033

4- भिलमिलि जोत की ~~भ~~ भाई, तबै गति अलख दरसाई ।

बसी बजे सुर घोर से, गूंजि तिहूं पुर शौर से ।।

-- राम गीता, पृ020

5- अमर पुरी के ऐसा अनहद मुरली बजावे ।

ओमे गावत राग रागिन छत्तिसो हो राम ।।-हस्तलिखित संग्रह, पद 20

6- हरि मधुआ मद माती, गगना निरत करो दिन राती रे ।

छकि छकि पीवो प्रेम पियाला, रोमे रोम रंग छाई ।

जग बिचुरो धुई गगन में ताड़ी अखंड लगाती रे ।

इगला पिगला पवन को रोकी, सुखमन दौड़ लगावे ।

मकर तार डोरी को पकरी, नीच ऊच भूमि आती रे ।

-- प्रेम तरगिनी, भाग 3, शब्द 171

7- इगल पिगल नाडी साधे, तब सुचि सुषुमन नारी राधे ।

बाम इंगला ससि दुति पाई, दच्छ दिसा पिगल भलकाई ।

मध्य सुषुमना संदा जोती, ब्रह्म समीप अजब छवि होती ।

ताहि निरखि रिधि सिधि बस होई, राम कहत ससै अघ धोई।। [illegible]

इसी प्रकार नितानद के एक अन्य पद मे भी सुरत के जगाने का तथा प्रेम मगन होकर गगन मे चढकर अनहद बब बजाने का विवरण मिल जाता है। यहॉ सुरत हठयोगियो की कुण्डली की शक्ति के समतुल्य मानी गई है।[16]

सत रामसिह अरमान अपनी साखियो मे सुरत शब्द योग को स्पष्ट करते हुए लिखते है– भाइयो सुनो ! शब्द योग बडा अद्‌भुत साधन है। जब साधक गुरु की दया से तथा साध सगति से अपनी सुरत उलट कर ध्यान धरते है तो वहॉ मुक्ति भी छोटी पड जाती है। इस मार्ग मे लाखो चन्द्रमा तथा करोडो सूर्यो का प्रकाश दिखलाई पडता है, यह मार्ग करनी का मार्ग है। वाद–विवाद से बचकर बाहरी वेद को छोडकर अपने भीतर का वेद अर्थात् सूक्ष्म वेद पढना है। इसीलिए यह अदभुत निर्वाणी पद कहा गया है।[17]

---

16 स्वामी नितानद, सत्य सिद्धान्त प्रकाश, पृ॰ 461, 165

17 शब्द योग है अद्‌भुत साधन, सुन लो भाई बानी।
वेदशास्त्र घट मे बसते, घटकी अजब कहानी।। 1।।
सुरत उलट कर चढ गगन मे, ध्यान धरे जब ध्यानी।
गुरु की दया और साध की सगत मुक्ति भरे वहॉ पानी।। 2।।
लक्षकला ले चन्द्र प्रकाश, कोटिकला ले भाना।
वाचक भेद नही वाका जाने, छोडो खैचा तानी।। 3।।
क्या कहूँ कहने की नाही, आपे मे आप समानी।
वाद–विवाद नही कुछ प्यारे, जिन देखी तिन जानी।। 4।।
सूक्ष्म वेद पढो घट भीतर, न्यारी है राम कहानी।
राम सिह गुरु शिव व्रत लाल है, यह पद है निर्बानी।। 5।।
– मास्टर रामसिह अरमान, अरमान सागर, पृ॰ 120, पद–50

13:02
hindwi.org/hindi-dictionary/
खोजिए

मूलबंध

स्रोत : संस्कृत

शब्दभेद : संज्ञा, पुल्लिंग

मूलबंध का हिंदी अर्थ

- हठयोग की एक क्रिया जिसमें सिद्धासन या वज्रासन द्वारा शिश्न और गुदा के मध्यवाले भाग की दबाकर अपान वायु को ऊपर की ओर चढ़ाते हैं
- तांत्रिक पूजन में एक प्रकार का अंगुलि-न्यास
- हठयोग की एक क्रिया जिसमें सिद्धासन या वज्रासन द्वारा शिश्न और गुदा के मध्यवाले भाग को दबाकर अपान वायु को ऊपर चढ़ाते हैं, जिससे कुंडलिनी जागकर मेरु-दंड के सहारे ऊपर की ओर चढ़ने लगती है

हि

हिन्दवी डिक्शनरी पर 'मूलबंध' से संबंधित विस्तृत अर्थ खोजिए।

Prsent_by_सन्तवाणी lyrics
संत बालुराम जी की वाणी
साधो भाई
सतगुरु देश दिखाया
सोहम शब्द सुनाया
स्वर ds Kundan
साधो भाई सतगुरु देश दिखाया।
जन्म मरण का फंदा मेटिया, सोहम शब्द सुनाया।



आँख, कान, मुंह, नाक बंद करके, नाभी में सुरता लगाई।

तत्वों का प्रकाश देख के, मगन हुआ मन माही। 2

साधो भाई
भेद बिरला नें पाया
लाखो ध्यानी पच पच मर गये
स्वर ds Kundan
संत शीतलनाथ जी की वाणी
Prsent_by_सन्तवाणी lyrics
अनघड़ पुरूष बदेई रहता, अधर पधर ठहराया।
अचरज खेल अचम्भा खाली, सुखमन में दर्शाया ।। 3 ।।


KINEMASTER
सोहं शब्द परमात्मा भेद भ्रम नहीं
लेश
जाकी महिमा नित्य भजे वेद शारदा शेष

18:21

न्यारा देश हमारा/ ओहं सोहं का जाप नही/ गरीबदास जी की वाणी/ स्वर ds Kundan /सन्तवाणी lyrics garibdas

2.7K views 3 yr ago #PrakashGandhi ...more

Guru Kirpa DK 10.2K

Like | Share | Remix | Thanks | Dow

Comments 8

Add a comment...

Shorts





है उसका पता नहीं चलता। इसी अलौकिक शक्ति को विकसित करने के उपाय अनेक शास्त्रों में ऋषियों द्वारा बताए गए हैं और विभिन्न देव-देवी की मूर्ति एवं चित्र के माध्यम से उसे अभिव्यक्त किया है। प्राण, मन एवं बुद्धि को दैवी धर्म के अनुकूल परिचालित करने से ही धर्म, भक्ति एव ज्ञान की प्राप्ति होती है। योग, भक्ति एवं ज्ञान के अनुशीलन से मन एवं बुद्धि के स्तरों का जितना ही उत्तरोत्तर विकास होगा; वे उतने ही ईश्वराभिमुखी होंगे। प्राणशक्ति को दैवी सम्पदा के अनुकूल संचालित या क्रियान्वित नहीं करने से प्राण ही ईश्वर से युक्त होने के मार्ग में सब से अधिक बाधाएँ उपस्थित करता है।

बन्धुरात्मात्मनस्तस्य येनात्मवात्मना जितः।
अनात्मनस्तु शत्रुत्वे वर्तेतात्मैव शत्रुवत्॥
—गीता : ६।६

अर्थात् जिसने आत्म-कर्म के द्वारा अपने मन को वश में कर लिया अथवा उसे आज्ञाचक्र में स्थापित करने की शक्ति प्राप्त कर ली—आत्मा उस व्यक्ति का स्वयं बन्धु या मित्र है। इस प्रकार जो चंचल प्राण को ऊर्ध्व या आज्ञाचक्र में स्थिर कर लेता है। वस्तुतः वही ऊर्ध्वरेता है। रेत, शुक्र या वीर्य को कहते हैं—'शुक्रधातुर्भवेत प्राण' यह ज्ञानसंकलिनी तन्त्र का कथन है। अर्थात् शुक्र ही प्राण है। उस प्राण की चंचल गति को प्राणकर्म या प्राणायाम के द्वारा जो आज्ञाचक्र में स्थिर कर सकता है वही ऊर्ध्वरेता है। शरीरस्थ शुक्र या वीर्य-स्खलन होने के कारण स्त्री-संभोग का त्याग अथवा इन्द्रियों का निग्रह करने से व्यक्ति ऊर्ध्वरेता नहीं होता। क्योंकि उसका चंचल मन तो वश में हो नहीं पाता। जो प्राण को इस प्रकार ऊर्ध्व या आज्ञाचक्र में नहीं स्थिर करते। उन अ-जितेन्द्रिय व्यक्तियों का चंचल आत्मा ही अर्थात् वर्तमान मन ही हर प्रकार के दुष्कर्मों के रूप में शत्रु-भाव की सृष्टि करता है। प्राण-शक्ति का कार्य है स्पन्दन—और स्पन्दन के कारण ही इन्द्रिय, मन सभी विषय-भोग की ओर भाग रहे हैं। जिस प्रकार प्राण की गति में अविरामता और निरन्तरता है उसी प्रकार इन्द्रियों की गति विषयों को ग्रहण करने में भी विरामहीन है। इसीलिए प्राण जिससे स्पन्दित या चंचल न हो पाए, योगियों को पहले उसकी ही चेष्टा करनी होगी। (स्पन्द-दर्शन तंत्रयोग शास्त्र की एक विशेष शाखा है। जिसमें स्पन्द का स्वरूप, क्रिया आदि की वैज्ञानिक और योग सम्मत व्याख्या की गई है) जिस विद्या या कौशल के द्वारा प्राण स्पन्दित न हो सके और दिव्य भावना के साथ जिसे प्राप्त किया जाय, उसे ही ऋषियों ने योग-साधना की संज्ञा दी है। "तस्माद् योगाय युज्यस्व योगः कर्म्मसुकौशलम्"—(गीता : २।५०)

mScanner

स्वयं इन्द्रिय है, इसलिये इन्द्रिय द्वारा किया गया कर्म कभी निष्काम नहीं हो सकता। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने इसी निष्काम कर्म की चर्चा की है। क्योंकि जो प्राणवायु जीव-देह में गतिशील है वही जीव की वर्तमान अथवा अस्तित्वमान अवस्था है उसी को अजपा रूप हंस की संज्ञा दी गई है। उसकी बहिर्मुखी गतिशीलता में हंस की विपरीत क्रिया होने से विकार उत्पन्न होते हैं। जिससे जीव हमेशा विकारों से ग्रस्त रहता है। उसकी बहिर्मुखी गति आयुक्षय के साथ देह-क्षय का भी कारण है। किन्तु अजपा रूप हंस की अन्तर्मुखी गति के द्वारा विधिपूर्वक हंस क्रिया अथवा प्राण क्रिया करने से बहिर्मुखी गति रूप विरुद्ध क्रिया का निवारण किया जा सकता है और तब आत्मभाव अथवा स्वभाविक अवस्था प्राप्त होने पर सभी प्रकार के विकार दूर होते हैं। इसीलिये योगिराज ने २१ जुलाई १८७३ ई० को अपनी डायरी में लिखा है—"आज आउर बड़ा स्थिर घर का हाल मिला आख आप बन्द हुआ जाता हय आउर ब्रह्म साफ दर्शन होने लगा—त्रिकुटा याने जिह्वा मूल— ऊपर तालु का छेद बन्द करता हय आउर जिह्वा का अग्रभाग तालु मध्य में लगता हय आउर जिह्वा का मूल तालु के नीचे लगता हय इसि तरह से बिलकुल बाहर का श्वासा बन्द होता हय धन्य भाग उसका जिसको इहि होय"—अर्थात् आज और अधिक स्थिर घर का पता मिला—दोनों आंखें अपने आप बन्द होती जा रही हैं और ब्रह्म और भी साफ-साफ दिखने लगा। त्रिकूट का अर्थ है तीन श्रृंगों वाला पर्वत अथवा पवित्रतीर्थ। किन्तु योगिराज कहते हैं—त्रिकूट अथवा जिह्वा मूल—यह जिह्वा ऊपर उठकर तालुकुहर या विवर को बन्द कर देती है; जिह्वा का अग्रभाग तालु के मध्य भाग में प्रवेश करता है एवं जिह्वा मूल तालु के नीचे लगा रहता है, इस प्रकार खेचरी अवस्था में रेचक और पूरक प्राणायाम करते-करते आगमन-निर्गमन रूप श्वास-प्रश्वास सम्पूर्णतः बन्द हो गये हैं और 'केवल कुम्भक' की प्राप्ति हो गई है। इसीलिए वे कह रहे हैं कि उसका भाग्य धन्य हो जाता है जिसे इस प्रकार 'केवल कुम्भक' प्राप्त हो जाये। इस 'केवल कुम्भक' की सिद्धि कब प्राप्त होती है ? या यह कब सिद्ध होता है ? इसकी व्याख्या करते हुए उसका निर्दिष्ट प्रमाण देते हैं कि—"दशलाख एकसठ हजार प्राणायाम में केवल कुम्भक सिद्ध होता है।" योगी प्रतिदिन निरन्तर प्राणायाम करते-करते जब उक्त संख्यक प्राणायाम करने में समर्थ होंगे तभी उन्हें अपने आप ही 'केवल कुम्भक' की सिद्धि प्राप्त हो जाएगी। अर्थात् वह केवल कुम्भक अवस्था ही उसकी स्वाभाविक अवस्था होगी। उसे चाहे इस जन्म या जीवन में करो अथवा दो तीन जन्मों में करो। इस कर्म को कौन करेगा ? इस सन्दर्भ में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है—

CamScanner

स्थिति में साधक ने हिंसा-वृत्ति सहित सभी प्रकार से इन्द्रियों का दमन करके पूर्णतः अहिंस अवस्था प्राप्त कर ली है। शिव का वाहन वृषभ या बैल है जिसका अर्थ है धर्म। उसके चारों पाँव, धर्म, अर्थ, काम मोक्ष जो धर्म के चार मुख्य एवं श्रेष्ठ पद हैं। यह चतुष्पद रूप में धर्म का प्रतीक है—

चतुष्पात् सकलो धर्मः सत्यंचैव कृतेयुगे
नाधर्मेणागमः कश्चिन्मनुष्यान् प्रतिवर्त्तते ॥१

—मनु रहस्यः १।८१

इस प्रकार शिव शून्य तत्व के प्रतीक हैं। साधक शून्य तत्त्व में स्थिति प्राप्त करने के पश्चात् जीवन्मुक्त अवस्था प्राप्त करते हैं। शून्य यानी कुछ नहीं, इस कुछ नहीं की अवस्था ही ब्रह्म है। इस प्रकार समस्त देव-देवियों के तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त करने पर ही सिद्धि अथवा मुक्ति प्राप्त होगी।

योगिराज ने कहा है—**"हृदय में जब अपान वायु आवे दस प्रकार के अनहद सुनावे—चिं चिं चिं, क्षुद्र घन्टा, संख, विन, ताल, मुरली, पखावज, नहवत, दीर्घघन्टा।"** बाहर की स्थूल पूजा में जितने भी प्रकार के बाजे बजाए जाते हैं सभी इस अन्तर्वाद्य के प्रतीक हैं। योगी इसे सुनते हैं। उन्होंने और भी लिखा है—**"कांशर का आवाज हुआ—गले में चिनिके माफिक मीठा मालुम हुआ—आँख के सामने विजली चमकने लगा—ओंकार का ध्वनि बहुत देर तक सुना।"** काँसर की आवाज हुई, गले में चीनी जैसी मिठास का अनुभव हुआ। आँख के सामने बिजली-चमकने लगी। ओंकार की ध्वनि बड़ी देर तक सुना फिर लिखा है—**"रग के दोनों नेसतर के एक आवज निकसता उछिका नाम अनहद बाजा उचछे छोटा वाया जोकी उपरके कोटिछे गावापर चड़के**

---

१. धर्म चार पादों में विभक्त है—प्रथम पाद जिह्वा ग्रन्थि भेदन, द्वितीय पाद, हृदय ग्रन्थि भेदन, तृतीय पाद, नाभिग्रन्थि भेदन एवं चतुर्थ पाद मूलाधार ग्रन्थि भेदन—यह धर्म के चार पद या पाद हैं—उपरोक्त श्लोक में प्रयुक्त 'स क ल' शब्द के स का उच्चारण दन्त्य स की तरह, क—मस्तक मूर्द्धा ल वक्ष में जोर अर्थात् ध्वनि या शब्द सहित मूर्द्धा से ज़ोर देकर क्रिया करना; 'सत्य' अर्थात् कूटस्थ, फिर एकाकार, तत्पश्चात् विज्ञान और अन्त में समाधि। तब मन में मन मिल जाता है। चार प्रकार के इस सत्य के योग से ब्रह्म स्वरूप का बोध होता है। 'नाधर्मे'—अधर्म में, आगम-स्थिति, कश्चित् न—कभी भी नहीं, पुरुष—श्रेष्ठ कूटस्थदर्शी जिसे देख रहे हैं। अर्थात् अधर्म में यानी क्रिया से अलग उस कूटस्थ में स्थिति कदापि नहीं होती जिसे श्रेष्ठ क्रियावान देख रहे हैं।

/ CamScanner

श्री सन्मति पुस्तकालय

चले वायौ चलं चित्तं निश्चले निश्चलं भवेत्।

चित्तका श्वास प्रश्वासके साथ गहरा संबंध है। जितनाही जल्दी जल्दी श्वास चलता है चित्त भी उतनाही चञ्चल रहता है। चित्त जितनाही चञ्चल रहता है मन उतनाही अप्रसन्न रहता है क्योंकि चंचलतासे घबराहट और घबराहटसे अप्रसन्नता होती है।

'सोहम्' के जपसे श्वासकी गति अपने आप बहुत मन्द हो जाती है। उसीसे दिलकी धड़कन मन्द मन्द चलने लगती है और दिल जितनाही कम धड़कन करता है मन उतनाही शान्त रहता है—प्रसन्न रहता है।

इसके सिवा ॐ की उपासना घंटा नादसे दी गई है। घंटा नादके समान जप करनेके लिये ॐकारके एकमात्रिक-द्वि-मात्रिक-त्रिमात्रिक रूपके समझनेकी जरूरत है। त्रिमात्रिक घंटानादके समान होता है।

परन्तु 'सोहम्' की ध्वनिमें अपने आप घंटा नादके समान चक्र बँध जाता है। जिससे स्वाभाविक रूपमें 'ॐ' का जप होने लगता है। 'सोहम्' की ध्वनिमें वायुका एक घुम्मटसा बँध जाता है। ध्वनिका एक प्राकृतिक चक्र जैसा बंध जाता है। वैसा और किसीभी मंत्रसे नहीं बँधता। अर्थात् स्वास प्रश्वास के साथ 'सोहम्'का जैसा मेल बैठता है वैसा और किसी मन्त्र-के साथ नहीं बैठता।

और सब वेदोंका सार रूप ॐकार इसके गर्भमें है। इसके

अथ आत्म ध्यान

सोहंग, बताव, उनमुनि लाव, अनहद, बजाव, हात न लाव ॥२४॥
चंद सूर दोउ बताव निरखऽ परखऽ भेद जो पावऽ
बंक नाल मु आवऽ जावऽ , किली दे उलटा चेड़ावऽ
जीहां टीका तहाँ साहेब बैठा हात न पाँव रूप न रेखा
टाडवा दुद जो उलटा धाव, पछम दिसा का एकवीस मण का
एकवीस ब्रह्मांड ॥२६॥
तीहाँ भवर-गुफा है, उग्रह मुढ़ अरध उरध उपर त्रवेणी
दुवादस चल संत ऐह जाणी , दस दरवाजा प्रगट बताव ॥२७॥
तीन दरवाजा गुपुत न पावा, अठरा भार बनास्पति रोमावली
खिण मा सुपेत खिण म कालो, सकल हाड़ प्रवत्त है सवालाख ॥२८॥
सत शब्द जो सींघा भाखे ।

दोहा—

मोख का मूल सांच, ये थी और न दूजा
ऊच नीच बीच पुरी रहा, नहीं सेवा नहीं पूजा ॥२६॥
मूल दुवार गणेश देवता, रंग पीला पाखड़ी (४) जाप ६००१॥
सवा धी कथा नेक ।
ब्रह्म देवता रंग लाल पाखड़ी (६) जाप ६००२॥
नाभ कमल विस्न देवता रंग नीला पाखड़ी (१०) जाप ६००३॥
हिरदे स्थानेक सिव देवता रंग कालो पाखड़ी (१२) जाप ६००४॥
कंठ स्थानेक जीव आत्मा देवता, रंग सुपेत पाखड़ी (१६) जाप १०००५॥
नित प्रत आसमान सोहंग जिसषु रूप न रेखा ।
दुई दल कमल परमात्मा देवता जाप १०००६॥
सहस्य कमल दल गुरु देवता जाप १००००॥
जुमले जाप २१०००॥

ब्रह्मगीर के भजन

सोहंग बाळा हालरो नित निरमळो,
निरमळ थारी जोत, सोहंग बाळा हालरो।
नदी सुकता का घाट पर, बैठयो ध्यान लगाय,
आवत देख्यो पींजरो, लियो कंठ लगाय।
सप्त धातु को पींजरो, पाट्या तीन सौ साठ,
एक कड़ी हो जड़ाव की, वापर रचियो ठाट।
आकाश झूलो बांधियो, लाग्या त्रिगुण डोर,
जुगत सी झूलणा झुलाविया, हींचऽ मनरंग मोर।
नहीं रे बाळा तू सोवतो नहीं जागतो, बिन ब्याही को पूत
सदाशिव की शरण मऽ, झुलऽ बांझ को पूत।
अणहद घुघरूं बाजिया, अजपा का मेव,
अष्ट कमल दल खिली रहया, जैसा सरवर मेव।
सुखमण हिलमिल रहे, सोना सांकल दोर,
ब्रह्मगीर कहता हुआ, काया का हिंडोर।

●

हम परदेशी पावणां, दो दिन का मेजवान।
आखर चलना अन्त को, निरगुण घर जांणा।
नांद से बिन्दु जमाइया, जैसा कुम्भ का काचा।
काचा कुंभ न रहे, एक दिन होयगा विनासा।
खाणां पीणा सो आपणां, दिया लिया सो लाभ।
एक दिन अचरज होयगा, उठऽ लागोगे बाट।
ब्रह्मगीर ब्रह्म ध्यान में, ब्रह्म ही कियो देवा।
ब्रह्म ब्रह्म मिसरित भयो, करि ब्रह्म की सेवा।

07:31

पाँच रिपु तेरे संग चलत हैं, अरे वो जड़ा मूल से खोवे ।
मात पिता ने जलम दिया है, अरे वो त्रिया संग न जावे ।।२।।
भरम भरम नर जलम गंवायो, अरे ये आई बाजू खऽ खोवे ।
कहे जन सिंगा अगम की वाणी, अरे नर अन्त काल को रोवे ।।३।।

●

चढ़ी जा सोहंग सीधी धारा, मन रे चढ़ी जा सोहंग सीधी धारा
मन मछुवा माया की जाल में, उलझ रह्यो संसारा
ढीमर जाल झकोळई न नाखे, ऊ जम काळ तुखऽ घेरऽ
मन दरियाव उमकऽ जल गहरा, और जल सब खारा
एक पुरुष की मांड रची है, ऊ छिटक रह्या है न्यारा ।।
ताल पखावज बाजे झांझरी, जाजम राळया बिछौंणा
देखे कोई नाहीं दिखावे, अनऽ किस विध उतरूँ पारा
बंक नाल की सुधि पकड़ ली, त्रिकोटि संगम न्यारा
सुख मणि सास उसास भरत है, वाही म सिरजण हारा ।।
अलख में वारा पलख में पारा, पारा जग संसारा
वस्तु वचन पहिचान लेवो, ऊ कूद पड़े मझधारा
मन मछुवा मोह की जाल में, नदियाँ वहे जल सारा
कहे जन सिंगा सुणो भाई साधू, ऊ भक्त उतरऽ न पारा ।।

●

आवागमन मत कीजो, प्रभु म्हारा फिरी जलम मति दीजो !
एक साहूकार अनेक बैपारी, नेकी का सौदा कीजो रे
रीत का खाना घर ही रहना, बेफारक मत हुजो रे।
खारा जो खाई खाई सब जग मरिया, मछली का मेणा मत कीजो रे
ओछा जलम तड़फे मछली, हाथ दोष मत लीजो रे ।।
तन काया का पलंग कीजो, मन की सेजां कीजो रे
चाँद सूरज दोऊ तपे हिलोले, वहाँ भाई डेरा दीजो रे ।

बाहर मोती है। बाहर कर्ता पुरुष है।

जैसी रचना बाहर है, तैसी भीतर देख।
बाहर भीतर एक है, कहन को है अनेक॥

तैसी देह ज़िमी है। यामें परवत चाहिये। तो टोंगल्या वो हड्डी परवत है। यामें झिरना चाहिये। तो द्वार सब झिर हैं। तो यामें पाठा चाहिये। पांसू सब पाठा हैं। यामें चन्द्र सूर्य चाहिये। दोनों नैन चन्द्र सूर्य हैं। यामें नदी चाहिये। तीन गुण तीन नदी हैं। यामें बादल चाहिये। तो भय भ्रम बादल हैं। यामें बिजली चाहिये। तो उनमुनी का चमकारा बिजली है। यामें इक्कीस ब्रह्मांड चाहिये। पश्चिम दिशा के इक्कीस मण का इक्कीस ब्रह्मांड हैं। यामें आकाश चाहिये। तो आकाश शीश है। यामें गर्जना चाहिये। अनहद गर्जना है। यामें काल चाहिये। तो क्रोध काल है। यामें खटचक्र चाहिये। तो खटकमल खट-

चक्र हैं। यामें परमेश्वर चाहिये। तो सोहं परमेश्वर हैं।

बाहर भीतर जल भई, अन्तर नहीं लगार।
अपने नयन आपको देखे, न कछु वार न पार॥
सकल जीव एक कर लेखे, ऊँच-नीच कोई मत लेखे।
भूख प्यास आत्मा जाने, हर्ष शोक हृदय नहिं आने॥
देव देवी की नहीं करै पूजा, आठों पहर भाव नहिं दूजा
नर नारी से झूठ न बोले, सत्त न छांड़े घर-घर नहिं डोले
सांप बिच्छू कछु न मारे, तरण होय जो चले ऐसी चालें
अल्प अहार बहुतसा न खावे, तीसरे चौथे दिवस नदी तरफ जावे
जैसी अपनी तैसो पराई जाण, लोभ मोह मत करो।
होय मुक्त-मुक्त में हाण, शोभा मान अहंकार डारे॥
तो तरही गयो फिर साई क्या तारे।

07:12

exoticindiaart.com/book/details/kriya-yoga

(ङ) क्रियायोग की आवश्यकता 287

अष्टम अध्याय- क्रियायोग का अभ्यास **294**

(क) नाभि क्रिया 295

(ख) खेचरी मुद्रा 296

(ग) गुरु प्रणाम 298

(घ) हंस साधना 301

(ङ) ओम् प्रविधि 306

(च) महामुद्रा 312

(छ) मुख्य क्रिया प्रविधि (प्रथम) 317

(ज) ज्योति मुद्रा 329

(झ) शाम्भवी मुद्रा 331

(ञ) द्वितीय क्रिया प्रविधि 333

(ट) तृतीय क्रिया प्रविधि 346

(ठ) चतुर्थ क्रिया प्रविधि 347

(ड) क्रियायोग के लिये आवश्यक बन्ध और मुद्रा 350

परिशिष्ट 357

सुनो खेचरी बात साधो, सुनो खेचरी बात रे ।
सबसे बड़ी खेचरी मुद्रा, योगी जन की मात रे ।
जो जन साधन करत निरन्तर, भवसागर तर जात रे।।
जीभ तले की नाड़ कटे जब, तब पीछे उलटात रे ।
धीरे-धीरे गल के ऊपर, छेद माँहि ठैरात रे।।
पीछे ध्यान धरे भृकुटी में, काँपे सब ही गात रे ।
ब्रह्म-ज्योति का दर्शन होवे, झरे सुधा दिन-रात रे।।
दिन-दिन ध्यान करे जब योगी, काया सुध बिसरात रे ।
ब्रह्मानन्द स्वरूप समावे, फेर जन्म नहीं पात रे।।

uru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundati
n Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS

स्वाँसों की कर सुमरनी, अजपा को कर जाप ।
ब्रह्म तत्त्व को सार है, सोहं आप ही आप।। कबीर

नानक सोहं सारा । सन्तन का आधारा ।।
सोहं जाप जपो रे भाई । मिट जाये मन दर्पण की काई।।
स्वाँस स्वाँस सुमरो गोविन्द । मन अन्तर की उतरे चन्द ।।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सहजो सहज ही स्वाँसा तीरथ, जो कोई जाने नहाय।।
पाप पुण्य दोनों छूटें, हरि पद पहुँचे जाय।।
सोहं शब्द विचारो साधो, सोहं शब्द विचारो रे।
माला कर से फिरत नहीं है, जीभ न वर्ण उचारो रे।।
अजपा जाप होत घट माहीं, ताकी ओर निहारो रे।।१।।
'हं' अक्षर से स्वाँस उठाओ, 'सो' से जाय बिठारो रे।
'हंसो' उलट होत है सोहं, योगी जन निरधारो रे।।२।।
सब इक्कीस हजार मिलाकर, छः सौ होत सुमारो रे।
ऊठत-बैठत, सोवत-जागत, मन में जपो सुखारो रे।।३।।
जो जन चिंतन करे निरंतर, छोड़ जगत व्यवहारो रे।
ब्रह्मानंद परम पद पावे, मिटे जन्म संसारो रे।।४।।

निरंजन माला घट में फिरे दिन रात ।
ऊपर जावे, नीचे आवे स्वाँस-स्वाँस चल जात ।
संसारी नर समझे नाहीं, वृथा उमर विहात।।
सोहं मन्त्र जपे नित प्राणी, बिन जिह्वा बिन दाँत ।
अष्ट पहर में सोवत जागत कबहूँ न पलक रुकात।।
हंसा-सोहं, सोहं-हंसा बार बार उलटात ।
सद्गुरु पूरा भेद बतावै, निश्चल मन ठहरात।।
जो योगी जन ध्यान लगावे, बैठ सदा प्रभात ।
ब्रह्मानंद मोक्ष पद पावे, फेर जन्म नहिं आत।।

तेन तं ह बृहस्पतिरुद्गीथमुपासांचक्र एतमु एव बृहस्पतिं मन्यन्ते वाग्घि बृहती तस्या एष पतिः ।। (छा० १-२-११)

उसी साधन से, उस मुख्य प्राण द्वारा वृहस्पति महर्षि, नाम की उपासना करते थे। तभी से इस प्राण को ही ब्रह्मज्ञानी, वृहस्पति मानते हैं। क्योंकि परा वाणी ही वड़ी है और उस मुख्यस्थ वाणी का यह प्राण, पति है। यह मुख्यस्थ प्राण द्वारा जपा और बोला जाता है।

तेन तंहायास्य उद्गीथमुपासांचक्रे
एतमु एवायास्यं मन्यन्ते आस्याद्यदयते ।

(छा० १-२-१२)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

साक्षी पूरण एकरस, सच्चिदानन्द स्वरूप ।
सोऽहं ब्रह्म परमात्मा, गुरु-ईश्वर श्रुति रूप।।
RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

जाकी महिमा नित भजे, वेद शारदा शेष ।
सोऽहं ब्रह्म परमात्मा, भेद भ्रम नहिं लेश।। (शंकर्य त. ब.)
जो शब्द ब्रह्म को सुरत लगाय टटोले। ओ सोहं सोहं सोहं बोले।।
चढ़ पवन पै तीनों लोक में हंसा डोले ।
छवों चक्र वेधे दशम-द्वार को खोले।।
इस देश में हंसा, परमहंस बन जावे ।
फिर उसको पूर्ण ब्रह्म साफ दिखलावे।।

अभ्यासानन्तरं कुर्याद्गच्छस्तिष्टन्स्वपन्नपि ।
चिन्तनं हंसमन्त्रस्य योगसिद्धिकरं परम्।।

योगाभ्यास-काल में चलते, फिरते, सोते, जागते सब समय में योगी को 'हंस' मन्त्र का जाप करना चाहिए। इससे योग-सिद्धि शीघ्र प्राप्त होती है। मनुष्य और पशु-पक्षियों के शरीरों में श्वास-प्रश्वास की गति है, उसी से प्राण चलते हैं। वह हं करके बाहर निकलता है और सः करके अन्दर प्रवेश करता है।

हंसोहंसोहमित्येवं पुनरावर्त्तनक्रमात् ।
सोहंसोहं भवेन्नूनमिति योगविदो विदुः।।

प्रेम विलास जहाँ अतिभारी। राधास्वामी कहत पूकारी।।

जीवन के अन्दर एक खोज थी और अब भी है। किस बात की? इसका कुछ पता नहीं। जानता हूँ उस मन्तव्य को मगर उसका वर्णन नहीं कर सकता। छोटी आयु में मन्तव्य था पेट भरने का, मन की शान्ति का। जीवन में पेट का भरण पोषण चलता रहा, चाहे थोड़ा मिला या बहुत मिला। वह मन्तव्य तो इसलिये पूरा होता रहा है कि प्रतिमास तनख्वाह लेता रहा। मन की शान्ति केवल इस ख्याल से पूरी हुई कि यह मन है नहीं, मगर भासता है। जो विचार उठते थे वह मुझको तंग करते थे और अपनी ओर खींचते थे। दाता दयाल ने गुरु पदवी देकर दया कर दी।

20:20

(१६) गजल भैरवी वागेश्वरी

रटो सोहं सदा सोहं, सदा सोहं सदा सोहं सोहं।
भृकुटि में ध्यान धर करके, रटो सोहं सदा सोहं ॥१॥
करो चैतन्य नाभी से, चढो पथ मेरु हो करके।
जपो ब्रह्माण्ड में सोहं सदा सोहं सदा सोहं ॥२॥
दमन कर पांच रिपुओं का, पचीसों को विजय करके
शिखर की ओर को धाओ रटो सोहं सदा सोहं ॥३॥
कोटि दिनकर के सदृश तव विलक्षण ज्योति दरशावे।
अलौकिक नाद है. सोहं सदा सोहं सदा सोहं ॥४॥
इड़ा अरु पिंगला तज कर, रहो तन्मय सुषुम्ना में।
नयन को नासिका लाओ रटो सोहं सदा सोहं ॥५॥
मिला जिह्वा को दसनों से, सुधा का स्वाद लो निश दिन।
निराली शान्ति है इस में, रटो सोहं सदा सोहं ॥६॥
मिले आशा, छुटे तृष्णा, उनमनी ध्यान जब लाओ।
लखो निज रूप को तब ही, रटो सोहं सदा सोहं ॥७॥

भरा सागर है 'अमृत' का अनामी हंस रमता है।
यह उसका ध्यान है 'शंकर' रटो सोहं सदा सोहं ॥८॥

20:24

[११]

घटा शिरकाल की गाजे, तुझे क्या नींद आती है।
प्रमादी चेत कर अबतो, तेरी सब आयु जाती है ॥१॥
कनक अरु कामनी मिलकर, प्रबल सेना सजाई है।
उठाले शस्त्र शम, दम का, विजय जो तुझको भाती है ॥२॥
हृदय में दीनता धर के, अहं वृत्ती को वश करके।
हटा दे द्वेष मन से, जो तुझे शिक्षा सुहाती है ॥३॥
परम पावन चरण गुरु के, शरण हो नम्रता धर के।
सदा जप मंत्र अजपा को, यही ध्वनि रंग रानी है ॥४॥
अभय पद पायगा तब ही समाधि सहज जब लागे।
सदा कर पान 'अमृत' का, तेरा 'शङ्कर' सुसाथी है ॥५॥

[१२]

अरे नर ध्यान धर घट में, वृथा क्यों जन्म खोता है।
विषय के भूल भूले में, क्यों दुःख के बीज बोता है ॥१॥
गया तू भूल चेतनता, प्रपञ्ची बन गया जग में।
न जाने देह को नश्वर, सदा सुख नींद सोता है ॥२॥
सदा सत् संग कर प्यारे, दमन कर पञ्च विषयों का।
सजग हो आत्म चिन्तन में, समय सम्पूर्ण होता है ॥३॥

ही चलाते हुए-अर्थात् एक मिनिट में १५ श्वास इसमें तन्मय होने में ही आत्मानन्द मिल सकता है। यह तो प्रत्यक्ष बात है। अकारण श्वास की गति को रोकना और उससे आध्यात्मिक लाभ की आशा रखना अव्यवहार्य और अज्ञान है।

कुण्डलिनी शक्ति के सम्बन्ध में आपने जो अनुभूत एवं युक्ति संगत सारभूत विवेचन किया है वह तर्क संगत एवं प्राकृतिक है। आपके विवेचनानुसार चिरकाल से सोई हुई, विषयासक्त और बहिर्मुख वृत्ति को चैतन्य, दिव्य और अन्तर्मुखी बनाने से ही तो आत्मानन्द मिल सकता है, अमरलोक प्राप्त हो सकता है अमृतपान मिल सकता है। सुरति ठिकाने आना इसी का तो नाम है। यह बहिर्मुख वृत्ति ही तो सर्पिणी कुण्डलिनी है।

सुषुम्ना नाड़ी ही मेरु दण्डाश्रित मालाकार श्वास का आधार है। इसमें तन्मय होने से ही मन रुक सकता है, आत्मानन्द प्राप्त होता है और "जीवो ब्रह्मनंवा परैः" सूत्र साथक होता है।

योग—सहज योग की पूर्णावस्था ही तो आत्म साक्षात्कार है। आपका कथन है कि इसके बिना वेदान्त की बातें बनाना ढोंग है, प्रपञ्च है एवं मिथ्या है।

समाधि के सम्बन्ध में आपके विचार बहुत क्रान्तिकारी है इसमें आपका यह कथन है कि वास्तविक समाधि वही है

साधन

काया मन अरु वचन से झूठे जाने भोग।
क्षीण होय तब वासना, नष्ट होय सब रोग ॥

सत्य वचन सत् का व्यवहारा, शील स्वभाव कुमति से न्यारा।
क्षमा वन्त हो धीरज धारे, हो सन्तोषी लोभ निवारे।
दया, धर्म दृढ आसन धारी, होवे हृदय तितिक्षा भारी।
ब्रह्मचर्य का पालन करना, दीन विलोक दुःख को हरना।
हो निर्मोह मान को त्यागे, तजे दम्भ सत्पथ अनुरागे।
आत्म रूप सब जग को जाने, ऊँच नीच का भेद न माने।
रहे अहिंसक भय कुछ नाहीं, संशय रहित भाव चित माहीं।
सदा गुरु-मुखि आज्ञा कारी, योग युक्ति से भव भय टारी।
शत्रु मित्र सब को सम जाने, राग द्वेष का भाव न आने।
समदर्शी हो दृढ विश्वासी, सदा रहे निर्लेप उदासी।
मन को मार सुधार वचन को, समता हित कर सदा यतन को।
खान-पान व्यवहार सुधारे, कम सोवे निद्रा को मारे।
अजपा मंत्र जपे दिन रैना, रखे नासिका ऊपर नैना।
'अमृत' होय अमर गति उनकी, सुरति लगी सोहं में जिनकी।

आसन युक्ति से योग समाधि लगाय के ध्यान में लीन रहे।
मूल की वायु मिलाय के नाभि में वङ्क की राह् प्रवीण गहे॥
नयन को नासिका लाय के अमृत नादरु विन्दु का भेद लहे।
वज्र कपाट खुले तब 'शंकर' पाँच पचीस न तीन रहे॥

अर्थ—युक्त (उचित) आसन लगा कर मूल वायु अर्थात् अपान वायु को प्राण वायु में मिलावे। इस श्वास शक्ति को चतुर मनुष्य वङ्क नाल के द्वारा शून्य शिखर में ले जाय अर्थात श्वास की गती में तन्मयता प्राप्त करे। नेत्रों को नासिकाग्र भाग पर स्थिर करे। इससे नाद अर्थात् शब्द (सोहं) और विन्दु अर्थात् शिखर लोक से झरने वाले अमृत का भेद जान लेता है। अर्थात् सोहं शब्द अजपा जप के आधार पर अमृत प्राप्त कर लेता है। शून्य शिखर स्थित गुरु स्थान (भ्रमर गुफा) के वज्र के समान कपाट (किंवाड) लगे हुए हैं वह खुल जाते हैं। पाँच अर्थात् काम क्रोध, लोभ, मोह, और मद पच्चीस अर्थात् पाँचों तत्वों की प्रकृति और तीन गुण का उस पर प्रभाव नहीं पड़ता. इन सब के आघात को सहन करने की उसमें शक्ति उत्पन्न हो जाती है। यही योग समाधि है।

यहीं अधोमुख कूप श्वास की नेज है।
सुरति सुघर पनिहार अनोखा तेज है ॥१३॥
बङ्क नाल से चढे गगन की ओर है।
उतरे त्रिकुटी, कण्ठ हृदय की ओर है ॥१४॥
माला के आकार सुषुम्ना रूप है।
नाभि गगन सुमेरु भेद अति गूप है ॥१५॥
रमते हैं जो सन्त इसी घट माल में।
सोऽहं सोऽहं जपते हैं सब काल में ॥१६॥
कोटि भानु सम तेज शिखर में पावते।
अमृतताल अथाह तहां सरसावते ॥१७॥
रहो सदा ऋतु एक खेल निर्द्वन्द्व है।
रमते सुषुम्ना माहिं मिटे जग फन्द है ॥१८॥
तन का कुछ अभ्यास तनिक रहता नहीं।
सुख दुख व्यापे नहीं रहे समता वहीं ॥१९॥
केवल अपना रूप अन्य कुछ है नहीं।
तुरिया जागृत माहिं नहीं मैं, तू कहीं ॥२०॥
सुधरे अहार विहार वेग मन का थमे।
जन्म मरण की व्याधि मिटे सुषुमन रमे ॥२१॥
यह सुषुमन का भेद सन्त पूरा लहे।
मूल मिटे सुधि होय, 'नाथ अमृत' कहे ॥२२॥

पांच पचीस को प्रत्यक्ष विडारया, सर्व उपाधि विलाई ।
त्रिगुण नाना खेल पसारा, न्यारा निर्गुण गोसांई ॥ २ ॥
सतसंगत में नहिं त्रिगुण अंका, सत निर्णय कर पाई ।
सत को धार असत को त्याग्या, सतगुरू की गम लाई ।३॥
'गणेशराम' सतगुरू सतज्ञानी, युक्ति सत परसाई ।
'लाधूराम' शरण सतगुरू की, दुतिया भ्रम मिटाई ॥४॥

भजन संख्या (६) राग आशा–टोडी आशावरी पद ।

साधो भाई ! सतगुरू से पत आई ।
कृपा दृष्टि कर मो पर पूर्ण, ध्यान युक्ति दरसाई ॥ टेर ॥
समरथ सतगुरू शंस्य काढ्यो, सत की रमझ लखाई ।
सोहं भेद दियो गुरू स्वामी, हृदय ठीक ठहराई ॥ १ ॥
नाभी बैठ साधना सारी, झीणी तार संभाई ।
उलटा पवन पश्चिम को फेरया, प्राण अपान मिलाई ॥२॥
पांचो शमकर सहजे सहजे, बंक नाल उलटाई ।
प्राणायाम पवन गति जाणी, युगति कर उर लाई ॥३॥

भावार्थ–सन्त सम्बोधन देते है –

हे मानव ! सुरत–शब्द, मन–प्राण को साधकर द्रढ आसन से समता भाव जाग्रति पूर्वक अजपा जप की सिद्दि करके निर्गुणोपासना से स्वयंमात्म तत्व को निश्चय कर , वही अपना चेतन स्वरूप है। सोहमस्मि इति वृति अखण्डा 'अहंब्रह्मस्मि' महावाक्य का ''तत्वमशि ब्रह्म'' रहस्य से आत्मानुभव कर ले।

अपने आतम तत्व की अपरोक्षानुभूति स्मृति धारण कर देह में मिथ्यात्व बुद्धि की वृति का त्याग कर दे। अज्ञान जनित पंच विकार (काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार) का नास–भगा (स्वभाव बदल) कर नित्य मुक्तमय निर्भय हो जा।

तू स्वयं शुद्धस्वरूप स्वयं प्रकाशी परमतत्व है। अन्यान्य देवी–देव की मान्यता है, वह बिरानी अन्योपासना (कामना) है, उस भ्रम का आमूल चूल त्याग कर दे।

हे मूर्ख ! मिथ्या (नाशवान) देह (शरीर) के देहाध्यास में क्यों उलझ रहा है ? ऐसे जीवन से तो पेट (अन्तर्पट) में ज्ञान कटारी खा कर मर क्यों नहीं जाता ?

समीक्षा–इन्दव छन्द

मोह माया रू काट विकार सो, तन मन वाच को शुद्ध करो रे।
देह अध्यास को दूर करो नर, सतसंग सतगुरु संग मरो रे॥
अन्तस्थ दोष विकार हटा मन, परमार्थ साधन संग परो रे।
'रामप्रकाश' जो मोक्ष को चाहत, अध्यात्म चिंतन चित धरो रे॥28॥

जप ले आप को सोहम् सोहम्, आपनो रूप संभाल सदा रे।
तीन सो देह–अवस्था ते परे वह, चेतन शुद्ध को पाय सदा रे।
सतगुरु ज्ञानी की शरण में जायके, सतसंग मे चित धार सदारे।
''रामप्रकाश'' पद पाय परमार्थ, मोक्ष परमानन्द चित सदा रे॥29॥

सतगुरु शब्द को श्रवण द्वारते, हृदय ठीक ठहराय ले भाई।
मुख ते सुमिरण कण्ठ रू हौंठ ते, गिलगिली हृदय माहि लगाई॥
नाभि की साधना राम प्रभावित, जाप अजपा चित माहि समाई।
'रामप्रकाश' कर शम दम सतसंग, अन्तवेरी मार ले भाई॥30॥

मनोहर छन्द

शुद्ध हि विचार सोई, फौलाद कटारी करि।
गुरु जु लोहार पास, लीजिए घड़ाय के।

मनोहर छन्द

बाहिर से वृति तेरी, खैंचि कर भीतर को ।
सोहं सोहं जाप सदा, रह्यो है जपाय के ॥
आम को उखाड़ पेड़, बबुल को बीज बोवे ।
ताको तू करत बाड़, चन्दन कटाय के ॥
हीरा सो तो मूठी भरि, फेंक देत द्वार बार ।
जूती को यतन करि, राखत छुपाय के ॥
कहै 'हरिसिंह' मिथ्या, देह में अध्यास करि ।
मरे क्यों ना ? मूढ तू, कटारी पेट खाय के ॥23॥

भावार्थ–हे मानव ! बहिरंग वृतियों को खेंचिकर सात्विक भाव से लक्ष्यार्थ वृत्ति को अंतरंग जोड कर सोहम् सोहम् (त्वंपद–जीव, तत्पद–ईश्वर, असिपद–जीवेश्वर) के वाच्यार्थ का त्याग कर लक्ष्यार्थ ब्रह्मस्वरूप सोहमस्मि जप कर के स्वयं को जान ले !

हे बन्धु ! अपने अमूल्य नरतन को विषय–बबुल के ऑरोपन में वासना का बीज बोता और मुक्ति द्वार श्वासा चन्दन के वृक्ष को व्यर्थ खोता (काटता) हुआ जीवन चन्दन में विषय के बीज–वासना का संरक्षण कर रहा है, जो आगामी जन्म–मरण के कण्टक–शूल ही परिणाम में लगेंगे ।

अमूल्य हीरा जैसा मानव जीवन की श्वासा को सांसारिक विषय भोगों (क्षणिक सुख) में मूठी भर भर कर फैंकता जा रहा है और पांव की जूती के समान तुच्छ विषय वस्तु को अति यत्न पूर्वक नाना तरह से रक्षित उपाय के छुपा (गोपनीयता) कर रखता है ।

हे मूर्ख ! अज्ञान पल्वित क्रियाओं के ऐसे मिथ्या जीवन जीने से पेट में ज्ञान कटारी झोंप (खा) कर मर जाता क्यों नहीं ?

मनोहर छन्द

तूँ तो सच्चिदानन्द घन, आतमा अखण्डता को ।
जीव जानि देवे भव–सिन्धु में डुबाय के ॥
नाहि तीन देह तेरे, स्थूल शूक्ष्म कारण जो ।
कारण को साक्षी होय, दीजिये उडाय के ॥

Scanned with Cam

बाहिर वृति को उलट अन्दर,
सहजे ही सुमिरण सारणा जी ।।
हरदम तार तो हरदम चालत,
सोहं ॐ उच्चारणा जी ।
'उत्तमराम' कहै सुणो जिज्ञासियों,
हरदम हरि चितारणा जी ।।५।।

प्रथम ओट सत गुरू की आय के,
तन मन भेंट चढावणा जी ।
गुरू का वाक्य सत श्रवण सुण के,
सोहं मन मिलावणा जी ।।
गुरू के ज्ञान से आतम ओलखो,
आप में आप समावणा जी ।
उत्तमराम ! कहै सुणो जिज्ञासियों,
फेर पीछा नहिं आवणा जी ।।६।।

प्रभात को प्रेम से उठके जागिये,
शब्द रू सुरत मिलाविये जी ।
इडा रू पिङ्गला सुषमण तीनों ही,
शशि रू सूर रलाविये जी ।।
हरदम साधो जी सोहं सुमिरण,
त्रिवेणी में ज्योति जगाविये जी ।

Scanned with Cam

तोड़ दे तोड़ दे मोह को तोड़ दे,
विरह वैराग के तोर से जी ।।
फेर दे फेर दे वृति को फेर दे,
अपने आतम जोर से जी ।
'उत्तमराम' कह तर जा सागर,
गुरू की गम कर डोर से जी ।।१०।।

मोह की जड़ को मूल से काट दे,
निर्मोह निर्मल रेहणा है जी ।
फकर होय के फिकर को फकिये,
सुख दुःख ऊपर सेहणां है जी ।।
अोर एकान्त सत गुरू के आसरे,
सोहं सोहं केहणा है जी ।
'उत्तमराम' अवधूत फकर को,
सत ब्रह्मानन्द लेहणा है जी ।।११।।

शुद्ध विचार नित मन में राखिये,
कुब्द रु कूड़ को काटणा है जी ।
शील संतोष रू नाम को सुमिरण,
पांच विषय को दाटणा है जी ।।
आत्मानन्द को अमृत प्यालो ले,
नहिं विषय रस चाटणा है जी ।

Scanned with Cam

असम्भावना रु विपरीत न लेश जु,
नहिं को खोट को खतरो है जी ।।
है ज्यों जाण वो जाणी निर्वाणी है,
नहिं को काया में कतरो है जी ।
'उत्तमराम' अवधूत फकर को,
निश्चय निजानन्द सतरो है जी ।।५०।।

एक अखण्डी सु जाण लीयो निज,
सब में व्यापक ब्रह्म जी हैं रे ।
दशो दिशा सत पूर्ण एक सो,
नहिं लागे कछु कर्म जी है रे ।।
पांच कलेश को लेश न लागत,
भाज गयो सब भ्रम जी है रे ।
'उत्तमराम' अवधूत फकर के,
निर्भय परमानन्द परम जी है रे ।।५१।।

अर्ध रु उर्ध के बीच में झूलनो,
ओहम् सोहम् झोलता है जी ।
इक्कीस हजार रु छः सौ श्वास में,
ओ३म् रु सोहम् बोलता है जी ।।

इडा रु पिंगला सुषुमण सिद्ध में,
दशवें द्वार को खोलता है जी ।

कोऊक मांगत हारमोनि पर,
कोऊक मांगत ढोलक कूटी।
कोऊक मांगत खप्पर लेकर,
कोऊक मांगे टोपाली जु फूटी॥
कोऊक मांगत लीर में चीर में,
कोऊक मांगे सरधाई की घूटी।
'उत्तमराम' विचार के बोलत,
गुरू से मांगी संजीवन बूटी॥४॥
खोट की बात ले घट में घोटत,
मूढ घणों मांहि बात हलावे।
न्याय कारी कोई आन मिले जब,
मूढ प्रसाद को बोल न आवे॥
लप्पर चप्पर में मन राखत,
साच बिना शठ आयु गमावे।
खण्डन मण्डन मेष ज्यों खोपरी,
पागल श्वान त्यों वाद बढावे॥५॥

❀ दोहा छन्द ❀

सत सोहं सत सुमरिये, ओ३म् अलख उचार।
अन्दर बाहर आत्तमा, देख राम दीदार॥६॥
उतम समझो आप में, करोजी उतम काम।
उतम रहणी आतमा, रात दिना जप राम॥७॥

यह जग मिथ्या सार ना काई,
भूल भ्रम में शठ भटकाई ॥५॥
झूठ जान सब लीया शरणा,
भव दुःख काटो जनम रू मरणा।
यासे कष्ट बहु युग पाया,
सावधान हो शरणे आया ॥६॥
आप बिना जग में नहिं कोई,
जासे ज्ञान ब्रह्म का होई।
दया करो दया धर स्वामी,
आप सर्व के अन्तरयामी ॥७॥
कृपा करी दी युक्ति बताई,
सोजी पाय कहूं अब गाई।
तन मन शीश दीया गुरू आगे,
जम का जोर कछू नहिं लागे ॥८॥
सत गुरू हाथ दीया वर माथे,
सोहं शब्द गुरू दीया साथे।
'ॐ सोहं' निज आतम ज्ञाना,
मुक्त पट्टा यह गुरू बखाना ॥९॥
'अमर पट्टा' सत गुरू लिख दीना,
शिर साटे सत कर में लीना।
ताके साथ युक्ति इक दीनी,
जाने सन्त रेश महा भीनी ॥१०॥

Scanned with Cam

सत गुरू शब्द बखाना आदू,
रीत कही पुनि जाने सादू।
'अचलराम' गुरू सत पाया,
अमर पट्टा निज ज्ञान बताया ॥११॥

ब्रह्म वेता सत गुरू फरमाया,
सोहं सुमिरण करो सवाया।
सत शब्द सत गुरू उचारा,
सुन लो सत संग सार पुकारा ॥१२॥

श्री सत गुरू वाक्य ! शिष्य प्रति विश्वास !!
अमर पट्टा साधन व महिमा निरूपण !!!

प्रकट वचन साचो लख गाई,
भजन कीयों से काल न खाई।
नाम जपे सोई मुक्ति पावे,
अमर पट्टा बिन मुक्ति न थावे ॥१३॥

यामे फेर सार नहिं कोई,
नाम बिना निज मोक्ष न होई।
'अमर पट्टा' अचल निज ज्ञाना,
संत स्मृति दे परवाना ॥१४॥

ज्ञानी, ओउम् रू सोहम् ध्यानी,
भक्त जपे सत राम निशानी।

Scanned with Cam

ओ३म् सोहम् राम जप तीनों,
गुरू गम मुक्ति पद को चीनो ॥१५॥
नाना संशय काम भ्रम मूरा,
डार टार कर चित ते दूरा।
रञ्चक भेद न विस्मत होऊ,
राम ओ३म् सों एक, न दोऊ ॥१६॥
'अमर पट्टा' निर्भय निर्वाणी,
मिटे चौरासी चारो खाणी।
'अमर पट्टा' से राखे हेता,
ताको यम दगा नहिं देता ॥१७॥
हंसा पकड़े सत का डोरा,
तब यम करे नहिं कुछ तोरा।
सोहं सुरती तार मिलावो,
त्रिवेणी तख्त में ध्यान लगावो ॥१८॥
इडा पिङ्गला सुषमरण सोजो,
ओम सोहं संग स्वासा खोजो।
स्वासा सुमिरण ध्यान लगावो,
सहजे दर्शन ब्रह्म मिल जावो ॥१९॥
अब हंसा आवे ना जावे,
अगम देश में उलट समावे।
यथा साधना प्रकट सुनाई,
भव का भव व्यापे ना कोई ॥२०॥

Scanned with Cam

○ अथ हृदयोल्लास वाणी सुधा निरूपण ○

सत गुरू 'अचलराम' अनकरता,
जम जोरावर जासें डरता।
सत गुरू वचन निर्भय का भाखा,
'उत्तमराम' कहूं सत साखा ॥२१॥

सत गुरू स्वामी युक्ति बताई,
सत प्रतीत पलक में पाई।
सत गुरू दीवी युक्ति ऐसी,
करी साधना गाऊं तेसी ॥२२॥

सत गुरू देव दीया फरमाई,
करु साधना मन चितलाई।
यह द्रढ धार करी द्रढ फेरी,
सोहं शब्द स्वास में टेरी ॥२३॥

'सत गुरू' सोहं नाम सुणायो,
सो निज सहजे हरदम ध्यायो।
युक्ति युत सोहं निज ध्याया,
जासे हंसा पार पठाया ॥२४॥

इड़ा पिङ्गला सुषमण सीधी,
सुरत शब्द तीनो में बींधी।
पांचो मिल एकता पाई,
सत नाम की फिरी दुहाई ॥२५॥

Scanned with Cam

नाभि कँवल में लागी डोरी,
स्वासा सुरत चढी तब मोरी।
गुरू प्रसाद खुली उर ताड़ी,
सुरती पकड़ त्रिकूटी चाड़ी ॥२६॥
पूरक कुम्भक रेचक भीना,
प्राणायाम युक्ति सब चीना।
त्रिवेणी कँवल में ज्योति जागी,
दर्शण होते दुर्मति भागी ॥२७॥
सत देश का दर्शण पाया,
उज्वल हंसा निर्मल थाया।
सत नाम की डोरी झेली,
हंसा खेलत निर्भय हेली ॥२८॥
'अमर पट्टा' कस कमर बाधा,
अगम देश का मार्ग लाधा।
यासे हंस चल्यो जब आगो,
अगम देश के रस्ते लागो ॥२९॥
अगम देश का रस्ता आढू,
निगम देश में पहूंचे साढू।
गगन मण्डल का मार्ग बंका,
वहां भी जाय लगाया डंका ॥३०॥
गगन मण्डल में निर्भय पूगा,
सुन में भानू असंख्य ऊगा।

Scanned with Cam

तामे लख चौरासी प्रधाना,
सिद्ध, पदमासन मुख्य बखाना ॥४॥

ता पीछे षट् क्रिया ठाना,
धोति, बस्ती, नेति गाना।
त्राटक, नौलि, कपाल सु-भाति,
षट् कर्म साधन कर दिन राती ॥५॥

फिर कर साधन चतुर्थ पूरा,
प्राणायाम गुरू मुख शूरा।
इडा पिङ्गला सुषुमण नाड़ी,
श्वास प्रश्वास की देखो बाड़ी ॥६॥

मन्त्र योग पूरक मन ठाना,
तामे मूल सु बन्ध लगाना।
खेचरि मुख में करत बखाना,
ब्रह्म रंध्र धोय जिभ्या उलटाना ॥७॥

भूचरि नासा प्राण-अपाना,
चंचल मन ठहराय जपाना।
करि उड्डियान बन्ध परवाना,
कुम्भक अष्ठ शीतली जाना ॥८॥

सूर्य भेदन, उजाई, सितकारी,
भस्त्रिका, भ्रामरि, मुर्छाधारी।

Scanned with Cam

अष्ठ प्लाविनि कुम्भक जाना,
चोंचरी मुद्रा नैन ठिकाना ॥९॥
मुद्रा अगोचरी श्रवण द्वारा,
ज्ञान सुरत मिले सुख धारा ।
आगे बन्ध जालन्धर ठाना,
पंचम मुद्रा उन्मुनि ध्याना ॥१०॥

रेचक करके साधन श्वासा,
निश्चय होय काट मन आशा ।
प्राणायाम चक्र षट् साधे,
माग मुक्ति का तब ही लाधे ॥११॥

मूलाधार मूल रंग लाला,
चव दल अक्षर, गणपति, भाला ।
स्वाधिष्ठान, उपस्थ, अज, पीला,
दशा (षट्) दल वर्ण बहु विधि लीला ॥१२॥
मणिपूर, विष्णु, नाभि वासा,
दश (षट्) दल वर्ण हरीया जासा ।
अनाहत, हृदय, शिव, रंग स्वेसा,
द्वादश दल में वर्ण महा भेसा ॥१३॥

विशुद्ध, कण्ठ सु चन्द्र देवा,
शोसन रंग शोड़ष दल भेवा ।

Scanned with Cam

आज्ञा चक्र त्रिकुटी जाना,
सूरज तेज दोय दल माना ।।१४।।

सहस्र दल भँवर गुफा पहिचाना,
सत्य देवाऽक्षर बावन भाना।
मूल में षट् शत श्वासा माना,
इतर सहस्र षट्, इक जप ठाना ।।१५।।

कर आसन पश्चिमोत्थाना,
नाभी नागिन का मुख पलटाना।
उलटा पवन त्रिकूटी सीधो,
दशवां चढो सुमेरू बींधो ।।१६।।

कर 'प्रत्याहार' साधन लख पूरा,
पंचम आचार शुद्धि संत शूरा।
वर लययोग 'धारणा' धारो,
षष्टम साधन कर सुविचारो ।।१७।।

सच्चिदानन्द 'ध्यान' सत माना,
सप्तम साधन है निरवाना।
ऋद्धि सिद्धि काटे सब फन्दा,
परम वैरागी पहूँचे बन्दा ।।१८।।

अष्टम 'समाधि' दोय प्रकारा,
निरविकल्प रू संकल्प धारा।

Scanned with Cam

भजन (४२) राग छन्द भैरवी पद ।

मन मगन भया गुणगाय के, वे मस्त फकर की फेरी ।टेर।
इड़ा पिंगला सुषुमण धारा,स्वासा संग में सुरति विचारा ।
गुरु का शब्द हृदय ला प्यारा,सब दुर्मति विकार नशायके ।
निज निर्गुण माला हेरी ।१।त्रिकूटी महल में ज्योतिजागी ।
दर्शन करके दुविधा भागी, रणंकार की चोकी लागी ।
सब घट में रही गरणाय के, दश बाजा अनुभव भेरी ।२।
सुरत शब्द पवना संग पूगा, सुन महल में सूरज ऊगा ।
कोटि भानु सम उज्वल मूंगा, सब देव बिराजे आय के ।
नहीं पाव पलक की देरी।३। 'रामप्रकाश' लख्या तत सोई ।
अजर अमर गुणराशी वोई, अपना आप और नहीं कोई ।
निज 'रामप्रकाश' लखाय के, सब मिट गई मेरी तेरी ।४।

भजन (४३) राग पद संगीत गाने का हरजस

नर भजले सिरजणहार, थोड़ी ऊमर में ।टेर।
बीतो स्वासा की नहिं कछु आशा, भूलो मत करतार ।१।
दम दम जावे फेर न आवे, नहीं जीना एक सुमार ।२।
मात पिता धन कुल बन्धु न्याती, सब ही रहसी लार ।३।
राम नाम धन साथी तेरा, तूं लोक परलोक सुधार ।४।
काया माया का नहीं भरोसा, क्षण में होवे छार ।५।
'रामप्रकाश' मुक्ति मन पावे, गुरू शरणे निस्तार ।६।

Scanned with Cam

भजन (४६) राग पद संगीत लुहर पद ।

ले गुरू गम खोज विचार, मुक्ति पावेला ।टेर।
शुद्ध साधन संग श्रवण करले, मनन निदिध्यासन सा· ।१।
स्वासा के संग सुरत रोधले, निज शब्द सोंह उरधार ।२।
शम कर तन मन बाणी शुद्धकर,लख परमानन्द उदार ।३।
'रामप्रकाश' उलट घर देखो, निज का निज दिदार ।४।

भजन(४७) राग आशावरी ,टोडी, आशा पद ।

सा ो भाई ! मानव वपु मैं पाई ।
गुरू कृपा साधन की पंगत, मुक्त भया मन माई ।टेर।
कुटुम्ब समझ जिन मोह बांधिया,सो गये नर्क सिद्धाई ।
भेदवाद मत वैर बांधिया, सो गये मूल ठगाई ।१।
पक्ष पात कर वैर साधिया, तिन पाया फल भाई ।
अपयश निन्दा चुगली ठानी, सो सब भये पछुताई ।२।
जैसा कर्म तैसा फल पाया, मोह मुकुर की झांई ।
सात्विक रूप अनूप पुरुषोतम,जाणिया मुक्ति में जाई ।३।
खर की लात रू धूड़ उछाले, रवि के लागें नाई ।
अपनी करनी पार उतरनी, जाति पाति विसराई ।४।
मेहरम जाणिया तिन पद पाया,युक्ति भक्ति गम लाई ।
सगुण रूप समझ्या कर डूबा, छल कपट चतुराई ।५।

Scanned with Cam

श्वासा सांग अनूप सुहाया, संतदास गूदड़ की माया।
कण्ठी सुमिरण रहनी चादर, श्रध्दा पाटी प्रतीति आदर ।७।
ब्रह्म अंचला धारे अवधूता, शिवविभूति ब्रह्म अनुभूता ।८।
कफनी मर्यादा पालन करनी, सुत संतोष भेष भ्रम जरनी।
जाप जांघियाँ लज्जा कर्ण कुण्डल, प्रेम पूजा यश तर्पण मुदग्ल
निर्भय नगरहै मठ निराशा,भोजन भाव जीव अविनाशा।६।
शर्त निर्लेप मोरछल लाया, द्वेष हीन जंग डोरा भाया।
गुण उडयनि स्वाँग सुहाया,अनाहत नादश्रृंगी नाद बजाया।१०
हरि भक्ति मृगछाला प्यारी, गुरू पुत्र पहने सो ब्रह्मचारी।
त्रिगुण चकमक भाव भोजना,परम अमृतपेय परम योजना ११
पात्र अपात्र विचार फरूहा,बहुगुणी तूम्बा कमण्डल किस्तूहा
गुरूज्ञान का दीपक पाया,ऋद्धि भण्डार स्थिरता माया ।१२
अमरत्व दण्ड रू धैर्य कुदाली, तप खड्ग तत्व कर झाली।
वशीकार वैरागण टेका, समद्रष्टी चौगान विवेका ।१३।
मन का घोड़ा विरक्ति का जीना, प्राणायाम पोलो में दीना
इडा पिंगला पागड़े फेरा, ईश्वर नाम कँवल से घेरा ।१४।
सुषुमन से आ डेरा दीया, सीतल साधन भीतर लीया।
अभरा सभरा सतसंत गाया,जीवत ओढ़्या मूंआ बिछाया १५
तत्व जोड़ा वेश बनाया, निर्गुण ढाल बल बाण सजाया।
शम दम फर बाणों के लागा,बोद्ध ऋषि संयम शस्त्र जागा १६

करणी कटार धार कर शूरा, फकर फिरिया विषम गढ पूरा
माया गढ जीतेगा बाला, ब्रह्म पद निज पावे लाला ।
स्वागत गुरु मय चेला पावे, निर्मलता धोती को लावे ।१८।
यज्ञोपवीत अखण्ड आनन्दा, सोहं माला सच्ची सन्दा ।
गुरु मंत्र की शिखा हमारे, हरि नाम गायत्री धारे ।१९।
स्थिर आसन कबहुं न डोले, सोहं सोहं हरदम बोले ।
तिलक पूर्ण ब्रह्म का ध्याना, नहीं जहाँ ज्ञ ज्ञाता ज्ञाना ।२०।
सन्ध्या निर्वैरता धारी, ब्रह्मानन्द का भोग लयारी ।
ब्रह्म प्रीति पीताम्बर धारा, छाप साक्षात्कार सुधारा ।२१।
ममता की मृगछाल बिछाई, तापर बैठे सब गुरु भाई ।
पंचकेशी जब पास हमारे, पाँचों को बैरी कस कस मारे ।२२।
चिंतन चेतन साक्षी पूरा, उत्तमराम निरखे गुरु नूरा ।
घटे बढे नहीं नित सवाया, नौ का अंक स्थिर रहवाया ।२३।
कोई अकेला अंकगण लीजें, छः से गुण कर, नौ संग दीजे ।
भाग तीन के भजन फल आवे, तामे पन्द्रह अंक मिलावे ।२४।
जोड़ ताहि भागदो दीजे, भजन फल सुविधा लख लीजे ।
ताते लिया अंक कम कीजे, शेष अटल अंक नौ लखीजे ।२५।
रामप्रकाश उत्तम का शरणा, साधु जीवन भव से तरणा ।
योपूरे सतगुरुका बाला, एक सौ आठश्री का रखवाला ।२६।
नामाक्षर गनि चोगुन करना, पांच मिलाय दुगुना धरना ।
भाग आठ से शेष रहावे, रमता राम सो उत्तम लखावे ।२७।

Scanned with Cam

सोहं' शब्द उलट सुलट के,
तन मन को पलटाया।
आपा पलट आप को देखा,
आप ही अखंड अकाया ॥

भक्ति करी भरम ने त्यागो,
सुमिरो अलख निजारी।
सोहम् सूरज उगे घट भीतर,
मिटे अज्ञान अन्धारी ॥



PRSENT_BY_GURUKIRPADK

अब मैं अपने राम को रिझाऊँ

(कबीर जी के शब्द वाणी)

डाली छेड़ू न पत्ता छेड़ू

ना कोई जीव सताऊँ

KINEMASTER

चन्द्र सूर्य दोऊ समकर राख्यो निजमन सेज बिछाऊँ
कहत कबीर सुनो भाई साधो आवागमन मिटाऊँ । 6

चंद सूर दोउ सनमुख होई,
पीवे प्याला मरे न कोई ॥ 3 ॥

PRSENT_BY_GURUKIRPADK

गुरु सां ओल्यू आप री आये

पल-पल प्रेम सतावे

(दानीनाथ जी की वाणी)

KINEMASTER

सुरानाथ गुरु सामर्थ मिल्या,सोंग शब्द सुणावे
दानीनाथ शरण सतगुरू गी उनमुन ध्यान लगावे,,4

KINEMASTER

काम कोध रे लालच म्हारे,गाय कोनी व्यापे सोवंग शब्द घट गाय,अब डर ना ही भाई 1

रवि चन्द्र पहुँचे नहीं,अखण्ड ज्योति समाय ।
अहंब्रह्म अनुभव सदा,सोहं ब्रह्म रट गाय ॥ 1 ॥


हेली भूली
अपने आप को
क्यो फिर रही उदास
Prsent_by_GuruKirpaDK (संत जीवणराम जी की वाणी) स्वर ds Kundan
सैन बतावे सतगुरू, नाम जपावे श्वांस ।
अजपा जाप उर में धरे, भये पाप का नाश ॥3

सन्ता
बेगम
चार बताई
Prsent_by_GuruKirpaDK
विहारी साहेब की वाणी
स्वर ds Kundan
KINEMASTER
तीजी बेगम चाँद सूरज का चश्मा बिच ठेराई
आ नही तो और बतावो डूबत वास पोंहचाई 3

साधो भाई
अब सो मानो वचन हमारा
स्वर ds Kundan
संत तूम्बीनाथ जी की वाणी
prsent_by_GuruKirpaDK
ओ३म् सोहम् दोनों साधलो, जब पावो करतारा ।
तूम्बीनाथ गुरु गम कर निरख्या, हरि भज उतरो पारा 5
KINEMASTER

सन्तो उन से आगे मेरी नगरिया
अवगत गैबी का खोज लगादो
कुणसा निसाना धरिया
स्वर ds Kundan
संत शीतलनाथ जी की वाणी
Prsent by Guru Kirpa DK
अजापा जाप वो तेरा, ओंह-सोंह उचारिया
आठों पहर ध्यान धरत है, सासा में पच पच मरिया ।। 1 ।।

सब सन्ता कह्या अपार ॥ वेद यूं गाइये ॥
लख्या जिनीकूं ठाय ॥ कह्या नहिं जाइये ॥ ४ ॥
वनानाथ गुरू देव ॥ विगत समझाइये ॥
उमाराम लीवी जाण ॥ भर्म नहिं काइये ॥ ५॥१४ ॥

राग कानडा ।

आदू राय जोगका योई॥अगम अरु निगम साख कह दोई॥ टेर॥
सतगुरू मोपर कृपा कीजे ॥ पारब्रह्मकी सोजी दीजे ॥
भूला बहुत जुगनका प्यासा ॥ दया करे पूरो गुरू आशा॥१ ॥
सतगुरू दया करी अब ऐसी ॥ शब्द साधना कहिहै जैसी ॥
सोहं शब्द दिया तत् सारा ॥ सो निश्चै हम उरमें धारा ॥२॥
ज्यामे सुरत धरी एक सारा ॥ हरदम सास उस्वास संभारा ॥
मन पवनाका बेला बाधा ॥अरध उरध जुगती कर साधा॥३॥
द्वादश खोज सरोधे लाया ॥ इडा पिंगला दोनूं धाया ॥
चन्द सूर एकण घर लाया ॥ सुषमणके घर हंस मिलाया ॥४॥

ऐसे चढ्या त्रिकूटी घाटी ॥ अखंड जोत जले विन बाटी ॥
निरभै जाय गगन घर लिया ॥ बैठ गगन पर डंका दिया ॥५॥
सुंन मांय सहज मिल्या सुख धारा॥ज्यांतो जीव पीव नहि न्यारा॥
सधर सरोवर है इक सारा ॥ परसे गुरूमुख संत पियारा॥६॥
वनानाथ गुरू सार बताई ॥ निश्चै जाण परमपद पाई ॥
उमाराम भरम नहिं काई॥ कर महरम आसोजी गाई॥७॥१५॥

पद राग ॥

सॉभलो सन्त समझरी वातां ॥ हरी आप अदेख रहवाया ॥
सतगुरू जाण दीवी महा झीणी॥ कर निरणे दरसाया ॥ टेर ॥
अणघड अलख निरञ्जन देवा ॥ नहीं जहां जगत पसारा ॥
आपोई आप अलोगत स्वामी ॥ नहिं कोइ खिलका धारा॥ १ ॥

20:52

पलटद्या सब दीसे सो मिथ्या ॥ सागे वेण सुणाया ॥ ३ ॥
आपणी जाण आपही जाणे ॥ ज्यूं गूंगे सैन चलाया ॥
नहिं दूजा दूजाका पाईये ॥ आपोइ आप रहवाया ॥ ४ ॥
भेद आपका भेद नें कोई ॥ ऐसे जाण जणाया ॥
उमाराम आप बिन आपे ॥ सैनीसैन पजाया ॥ ५ ॥ १०५ ॥

राग आसा ।

साधो भाई कर मेहरम दरसाई ॥ उपजे रह मिटे मायाई ॥
भूल कहीजे आई ॥ टेर ॥
पारब्रह्म का सत शब्द है ॥ सो आतम है सांई ॥
शब्द ब्रह्मतें सबी फोरणा ॥ आप अफुर रहवाई ॥ १ ॥
शब्द ब्रह्मतें शब्द अनंता ॥ नाना भांत दिखाई ॥
आप अभांती भांत न राखे ॥ सोहं ब्रह्म अथाई ॥ २ ॥
सबी कलेश करमतें न्यारा ॥ सबमें रहत अचाई ॥
अकल स्वरूपी आप अनादी ॥ वेद संत आ गाई ॥ ३ ॥
सोहं शब्द निज ज्ञान कहीजे ॥ भेद नहीं ता मांई ॥
शब्द ब्रह्म पारब्रह्म एकहे ॥ सूर घाम दुइ नाई ॥ ४ ॥
सच्चिदानंद आनन्द अपारा ॥ मुखसूं कह्या न जाई ॥
आपोई आप अवर नहिं दूजा ॥ उमाराम लख थाई ५॥१०६॥

राग आसा ।

साधो भाई पागी पारख लाया ॥ प्रगट जाण कह्या परवाणा ॥
साचा खोज बताया ॥ टेर ॥

(९) जिम्या सुमरन हाथ जिभ्या नहीं रोके, ऐसा सुमरन सार ।
सुमरन कीजे सुरतसूं, हाथ जिभ्या करै कार ॥३
मुखसूं कहै सो थोतरा, हृदय धरे सो सार ।
कहै पानप संत पुकार कहत हैं, समझे नहीं गंवार ॥४
मुखसूं कहै सो थोतरा, अन्तर धरे सो सार ।
बिन जिह्वा पानप कहै, हर-हर नाम उचार ॥५
सुरत करै ररंकार धुन, नहीं जिह्वा को काम ।
पानप कहै सुनो भाई साधो, यह बिध सुमरो राम ॥६
रान नाम मुखसूं कहै, सुरत फिरे चहुँ देस ।
पानप कहै सुनो भाई साधो, यो सुमरन नहीं पेस* ॥७
अजपा सोई सुरतसूं सुमरे, मुखसूं कहना नाहि ।
अंतर धुन राचा रहे, कहै पानप मुक्ति समाई ॥८
परचा तुरत राम के सुमरे, जो हृदय में लौ लावे ।
कहै पानप जो मनसा लागे, तो हरि का दरसन पावे ॥९
(१०) भरम:—भरमसूं कारज ना सरे, भरम बूड़ा संसार ।
कहै पानप नाम हृदय धरे, पल में भवजल पार ॥१
हरि दर्शन होय पलक में, परदा तोड़ भरम को ।
कहै पानप निरखो अकलसूं, यो है भेद मरम को ॥२
जिनको आसा आनकी, ते नर प्रभु से दूर ।
पिता तजो पानप कहै तिनमें कहां सऊर[1] ॥३
आन तजे हृदय हरि भजे, ते जन प्रभु को प्यारा ।
पानपदास सत ही सत भाषे, तुम संतो लेहु विचारा ॥४
सोई अपना जो आपा खोजे, बाहर भटके नाहिं ।
आत्म खोजे सुरतसूं पानप, ते आपे माहि समाई ॥५
हरि को सुमरे सुरतसूं, आसा आनकी डार ।
हृदय सुमरे पानपा, तापे साहब करे प्यार ॥६

१=शऊर, सलीका *=स्वीकार

अरिल्ल

जो जन चीन्हे आत्मा, सांचा दरसन सोय ।
पानप सेवो आत्मा, तो तुरत मुक्ति फल होय ॥१
तुर्त मुक्ति फल होय, लोय[3] ताहि निर्मल सूझे ।
मन को करले थीर, संत वा पद को बूझे ॥२
पल पल सेवे सुरतसूं, भरम करे सब दूर ।
कहै पानप वा संत को, दरसन सदा हजूर ॥३

२

बिन ही आग मसाल[1] सी, सूझत बलंत अनन्त ।
कहै पानप अंतर अकलसूं, कोई निरखे हरि के संत ॥१
यो तत्व निरखा अकलसूं, भया कुटुम्ब का नास ।
पांच पचीसों मर गये पानप, तब नारी भई उदास ॥२
नारी भई उदास, थकित होय घर में बैठी ।
सुन मंडल की सेज जहां, आय निस-दिन लेटी ॥३
सदा उजाला रहत है, कभी न होय अंधेर ।
पानपदास कहै गुरु-गमसूं, टुक[2] सुख-मन को फेर ॥४

३

सोहं सोहं स्वांसा कहे, शब्द अनाहद कोई न लहे ॥१
सोहं ऊपर अलख मुकाम, संतो परस पाया बिसराम ॥२
सोहं चाल सुने सोइ कहै, सोहं चाल कोइ बिरला लहै ॥३
सोहं ऊपर आप बिराजे, कोइ बिरला आय अधर के छाजे ॥४
पानप सतगुरु सेती पाया, सुरत पकड़ के तहां समाया ॥५

१=मशाल २=तनिक ३=नेत्र

फ़ारसी

दिल तहकीक करे अपना, दिल में दिल दरावे ।
माला तसबीह छूट जाय, तब दीद नूर का पावे ॥
तसबीह रूह करे दिल दाना, हरदम फेरे ताहि ।
कहै पानप क्याफे में देखे, अल्लाह दीखे ताहि ॥
आशिक[१] चश्म चश्म महबूबा[२], चश्म[३] में रूह पहचाना ।
खालिक का दीदार[४] वही है, पानप गुफ़्त[५] दीवाना ॥

राग नट

नैना उरझ रहे दरसन में, उरझ रहे अब सुलझत नाहि ।
कर अकरन कषर्ण[६] में ।टेक
जा दर्शन को मैं बन बन हांडी, सोई दरसन नैनन में ।
आपा उलट निरख लियो आपा, सब संजम मेरे मन में ॥१
मैं दरसूं, दरसन है मेरा, दूजा नहीं और तन में ।
अजपा जाप महा सुख उपजे, सुरत धरे छिन-छिन[७] में ॥२
बाती, तेल, दिवे बिन ज्योती, झलकत रहत गगन में ।
त्रिकुटी मध्य गुरु लखाया, पानप रहत जतन में ॥३

२

गगन धुन हो लागी रहत, गगन धुन हो ॥ टेक ॥
तनका तँबूरा, सुरत के तार, तीन गुणन की लागी है ज्वार[८] ॥१
मन का मोरना[९] जतनसूं संवार[१०], अगम महल में तत झंकार ।२
पांच पचीस मिल खेलें खेल, अपने पिया के संग रसरंग मेल ३॥
कहै पानप गुरू-गम का खेल, दीपक बले बिन बाती बिन तेल ॥४

१=प्रेमी, २=प्रेमिका, ३=नेत्र ४=दर्शन, ५=कहता है ६=आकर्षण, खिंचाव
७=पल पल ८=उतार चढ़ाव ९=मोड़ना, १०=ठीक करना ।

बनखंडी तेजे बन षंड मैं रहै । सुनि निरालंब बारता कहै ॥
घड़ी न मनसा आसा पास । ते बन षंड मैं रहै उदास ॥ ४ ॥१२९॥
अगमागम कै रैते गम । अहनिस काया राषै दम ॥
नाद बिंद का जाणै भेव । अगमांगम करै ते देव ॥ ५ ॥१३०॥
आई पंथि मैं जे अनमै करै । उलटा बांण गगन कूं धरैं ॥
उलट बजाई बेध्या भूंरा । सिघ बाल गुसाई[1] साध्या जूंरा ॥ ६ ॥१३१॥
पंषि सुंनि निरालंब देषै अंष । प्रंम सुंनि मैं जोति असंष ॥
बेध्या हीरा मांणिक पाया । तौ तब पंक पंथ मैं आया ॥ ७ ॥१३२॥
धूज ते धजा कूं जांणैं । उलटा पवन गगन कूं तांणैं ।
अहनिस नाद बजावै बीनां । तेई धूज सूं लीनां ॥ ८ ॥१३३॥
गोपाल ते जे बंचै काल । अहनिस अनमै जीत्या ब्याल ॥
काम क्रोध मेटै विह्य की माया । ते गोपाल नाथ की काया ॥ ९ ॥१३४॥
बोलंत सिघ घोड़ा चोली । हमें षत्रो पेत्र का सूरा ॥
गगन मंडल मैं रहनि हमारी । बाजै अनहद तूरा ॥ १० ॥१३५॥
हणवंत[2] पैसि रामायण कीता । दससिर छेदि बहोड़ी सीतां ॥
सारा सेत तहां बंध्या पांणो । दस सिर छेदि लच्छि घर आंणी ॥ ११ ॥१३६॥
गोरख ते जे राषै गोई । माया मनसा करै न मोही ॥
सदा अकलपत रहै उदासा । परचै जोगी निभ निवासा ॥ १२ ॥१३७॥
जोग आरंभ मए सिधा । द्वादस हंसा ग्यानहि बिधा ॥
सोहं सोहं सास उसासं । बोलै घोड़ा चोली मछिंद्र का दासं ॥ १३ ॥१३८॥
अचित पुराणं गगन गरास । बोलै चोली मछिंद्र का दास ॥
अचित फुरै हाथ्यौ न आवै । तब घोड़ा चोली कहां तूं पावै ॥ १४ ॥१३९॥
नष सप पूरि रही जे पवनां । आयौ है दूध भात षाइगो कवनां ॥
षुध्या की अगनि मिटाई काल । चौष्टि संधि पवन की भाल ॥ १५ ॥१४०॥
मेर डड का गागरि बंध । बाई वेलै चौष्टि संध ॥
अमरा मरै कालु कै डंस । न पड़ै काया न उड़ै हंस ॥ १५ ॥१४१॥

---

१. ग—गुदाई ।
२. ग—हिणवंत ।

अवरि भोजन जोग की। असो भोग न और ॥
इजा रछ्या प्रांण की। बिंजन बासी कोर ॥६॥६४॥
सीतल जल तुम्ह अंचवतं। उजल अमल अबेझ ॥
अब कहूं जौ नीर मिलि। उसन कि मलिन असोझ ॥७॥६५॥
अह निसि झूलै आत्मां। अमी सरोवर मांहि ॥
तीरथ गंगा आदि जल। तिन तनि तृषा बुझाहि ॥८॥६६॥
रतन जटित पर सेज परि। करते सदा बिलास ॥
दंपति संपति छाड़ि अब। घर परि रहै उदास ॥९॥६७॥
सेज सबद गुरदेव के। ब्यौरन बिबधि बिलास ॥
बनिता बुधि स्वासा बिभै। संचत सुखद आस ॥१०॥६८॥
मन मैं मढ़ी बनाइ करि। इहां रहौ तुम राज ॥
नित प्रति हम सेवा करैं। छाड़ि सकल कुल लाज ॥११॥६९॥
मुकति मढ़ी मैं हम रहैं। सेवग सुर नर और ॥
जोगी जन रमते भले। रवैं न एकै ठौर ॥१२॥१००॥
सतगुर शबद हमारा सिर परि। बाद बिबाद न कीजै ॥
हम जोगी परदेसी माई। भिछ्या होइ त दीजै ॥१३॥१०१॥
काम बिसरि अरु क्रोध तजीला। मोह छाड़ि निरदंद ॥
माया ममिता बिना गुर सरनैं। निरभै गोपीचंद ॥१४॥१०२॥
एकंत का बासा अलख उपासा। तेथंत परम उजासा ॥
गोपीचंद महन मन जपिबा। सोहं साधंत स्वासा ॥१५॥१०३॥
इड़ा आराधिये प्यंगुला प्रमोधिये। सुषमनां सोधि उभै थीरं ॥
सहश्र दल साधिए अलख अराधिए। रुधिर पलटि फिरि षीर नीरं ॥१६॥१०४॥
पवन कूं प्रेरिबा पछिम दिसि फेरिबा। अपांन प्रांण कौं उलटि मेलै ॥
नाद गगनैं बहै ब्यंद अस्थिर रहै। जोग करि जनम नहीं गमै हेलै ॥१७॥१०५॥
पवन थिरं तां मन थिर। मन थिरं तां ब्यंद ॥
ब्यंद थिरंतां कंध थिर। यौं भाषंत गोपीचंद ॥१८॥*१०६॥
मन राजा मन प्रजा। मन सयल[1] का बंध[2] ॥

---

*यह पद ग. प्रति में इस प्रकार है :—
मन थिरं ता पवन थिर। पवन थिरंता बिंद ॥
बिंद थिरंता जिंद थिर। यूं भाषै गोपीचंद ॥

१–ग. सकल; २–ग. में 'जी' अधिक।

अभ्यासी के, प्राणवायु, अपानवायु, वीर्य और चित्त समानचेष्टा हो जाते हैं तथा सुषुम्ना मार्ग से प्राणगति होने लगती है वह 'घटावस्था' होती है। जो अभ्यासी घटावस्था को प्राप्त कर लेता है। वह स्थिर – आसन, विवेकी देवसदृश मेधावी हो जाता है।[1]

3. <u>परिचयावस्था</u> :- जब प्राणवायु सुषुम्ना मार्ग से भृकुटी में पहुँच जाती है तथा मन भी समाहित हो जाता है। तब सम्प्रज्ञात् समाधि का भृकुटी स्थान में ही परिचय होने लगता है। भृकुटी में प्राण और चित्त के समाहित होने पर जो स्थिति बनती है, वह परिचयावस्था कहलाती है। उस अवस्था में अनेक प्रकार के शब्द श्रवण होते हैं तथा अणिमा आदि सिद्धियाँ प्राप्त होने लगती हैं।[2]

4. <u>निष्पत्त्यवस्था</u> :- कुछ योगी भृकुटी को ईश्वर का स्थान मानते हैं। जब भृकुटी ध्यान करते हुए प्राणवायु भी वहाँ चली जाती है तब ''रुद्रग्रन्थि'' का भेदन माना जाता है।

---

1) द्वितीयायां घटीकृत्य वायुर्भवति मध्यगः ।
दृढासनो भवेद्योगी ज्ञानी देवसमस्तदा ।। (यो. प्र. 4/72)

2) तृतीयायां तु विज्ञेयो विहायोमर्दलध्वनिः ।
महाशून्य तदायाति सर्वसिद्धिसमाश्रयम् ।। (यो. प्र. 4/74)

पद 8 ☯ राग–प्रभाती ☯

हंसा अखण्डीं ब्रह्म कहाया सुरता चेतन माया।
आप में आप लुभाया, हंसा बेगम घर सुध पाया।।टेर।।
सून्न स्वतः महत्व उपाया गुण तीनों चेतन माया।
तत्व शक्ति बीज प्रकृति लख चौरासी रचाया।। 1।।
सुरती स्मरती शरीर स्वाँस बण सो ऽहं ध्यान लगाया।
रात दिवस अखण्ड धुन माँही अनहद हरदम छाया।। 2।।
तजदे नाम जाति नहीं गाँव घर लख चौरासी सून्न माया।
बीज वृक्ष की संधी अवगत निकलंक खास कहाया।। 3।।
मूर्ति धामा तीर्थ भटक्या सार सुकृत नहीं पाया।
हीरानन्द बेगम घर खोजा दुतिया भेद नहीं पाया।। 4।।

पद 9 ☯ राग–प्रभाती ☯

हम पूर्वला पंछी संतो राग द्वेष में नाहीं।
राग द्वेष में लोग अज्ञानी, अवगत दरसे नाहीं।।टेर ।।
अवगत जादू अजब तमासा जादू खेल रचाई।
छिन में बाग बाग में अग्नि, अग्नि में जल बरसाई।। 1 ।।
पग बिन पंथ मुखा बिन बाणी, बिन नैना मारग पाई।
अनहद सुन्न में अवगत दरसे शून्य में सैन समाई।। 2 ।।
अगम निगम की गमता नाहीं कवियों की कविता माँही।
शास्त्र पुराण वेद नहीं पूगे उन्हीं देश के माँही।। 3 ।।
दशों इन्द्रियों के पार परम गुरू आठों पहर कुदरत पाई।
हीरानन्द अवगत में बासा, उलटी सूरत शून्य माही।। 4 ।।

भक्त-बोध

हरि की भक्ति करो रे प्राणी, भ्रम साथ नहीं बहना ।
भव-सागर की धार तेज है, सुमरण सहित ऊभना[१] ।।१
हरि की भक्ति करे जो कोई, जरा मरनसूं छूटे ।
जिन संसय ने यो जग खाया, ता संसय को कूटे ।।२
भक्ति मुकाम दोऊ सुर ऊपर, चतुर विवेकी सोधे ।
चोरी करें चोर पाचों, जतन जतन प्रमोदे[२] ।।३
रहे निरन्तर खोजे अंतर, योही भक्ति है साँची ।
जप, तप, संयम, सेवा, पूजा, और सब मत कांची ।।४
नक सुध बाट घाट जहां औघट, सब संयम वहां ठाई ।
पहुँचे पवन जतन जतन कर, जीव साथ चढ़ जाई ।।५
जन्म जन्म के बिछड़े हंसा, दोऊ अमिल मिलाऊँ ।
अलख अरूपी ज्योति सरूपी, घट में दर्शन पाऊँ ।।६
सुन्न सरोवर संजम साधू, द्वादस तिलक चढ़ाऊँ ।
डोर पवन की जलका मनिया, कर बिन माल फिराऊँ ।।७
अलख पुरुष ले गगन अराधूं, आतम अंतर धाऊँ ।
अकरन करूं रैन दिन ऐसा, बहुर न भवजल आऊँ ।।
तन मन खोजे संसा भाजे, होय ब्रह्म प्रकासा ।
कहै पानप जो सुरत विचारे, छूटे जरा मरन की त्रासा ।।[३३]।।६

झूलने

सोहं सोहं निसानी अगम ही की, जिसके ऊपर तो भक्ति मुकाम है जी ।
सुरत बांध चढ़े हर दम सूरमा ही, नहीं दुनिया का यो तो काम है जी ।२
तन माहि अचंभा सा होय रहा, रोम रोम गरजे मानो घन है जी ।३
पानपदास भवजल के तिरने को, नहीं दूसरा जतन है जी ।४

१=उठाना, २=शुद्ध, नियमित, ३=डर, ४=स्वर ध्यान ।

है कि इन दोनो साधनाओं के केंद्र में मानव शरीर है। दोनो साधनाओं का अंतिम लक्ष्य महासुख की प्राप्ति है। यही कारण है की इन दोनो धाराओं के साधकों का एक दूसरे में आना जाना लगा रहता था। नाथों ने अपने गुरुओं की सूची में कई सिद्धों को स्थान दिया है तो सिद्धों की सूची में नाथ संत भी शामिल हैं। सबसे मशहूर उदाहरण मछेंद्रनाथ का है जब असम जाकर उन्होंने अपनी साधना पद्धति बदल ली तब उन्हें 'मुक्त' कराने के लिए उनके शिष्य गोरखनाथ को वहाँ जाना पड़ा।

---

143 छाड़िअ भय, शास्त्री और बागची।

144 दूर णिबारिउ, बागची और शाहिदुल्लाह।

'कुंडलिनी' को जागृत करना इन दोनो साधना पद्धतियों का लक्ष्य है। 'एकल साधक' या योगी इसके लिए 'प्राणा याम' का सहारा लेते हुए अपने स्वाँस पर नियंत्रण क़ायम करते हुए 'कुंडलिनी' को जागृत करने का प्रयास करते हैं, वही युगल साधक 'शक्ति साधना' का सहारा लेते हुए सम्भोग के द्वारा 'कुंडलिनी' को जागृत कर 'महासुख' की अवस्था को प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। सूफ़ी साधकों के द्वारा जो 'तसव्वुफ' का तरीक़ा अपनाया जाता है उसमें भी स्वाँस पर नियंत्रण करने की कोशिश की जाती है। सूफ़ी साधकों का यह तरीक़ा इस्लाम से पहले का है। और इसमें कोई शक नहीं की उस समय मध्य एशिया में बौद्ध धर्म उसकी शाखाओं का ज़बरदस्त प्रभाव था। सूफ़ियों का 'तसव्वुफ' बौद्ध तांत्रिक साधना पद्धति का ही एक रूप है[145]।

बाद में जब वैष्णव तंत्र का प्रभाव बढ़ा तो उसने युगल साधना का ब्राह्मणीकरन कर दिया। सबसे पहले वैष्णव तंत्र ने पंचमकारों (मद्य, माँस, मत्स्य, मुद्रा और मैथुन) पर रोक लगाया। फिर उसने यह शर्त लगायी की दिन में वैदिक कर्मकांड किए जाएँ और रात को तांत्रिक साधना की जाए। उसमें साधक और संगिनी साधक एक दूसरे के लिए समर्पित होने चाहिए। साधकों के लिए एक चक्र निर्धारित किया गया जिसमें किसी बाहरी साधक का प्रवेश वर्जित था। साधक अपनी संगिनी के रूप में अपनी पत्नी का चुनाव करने लगे जिसे वेश्या की तरह अपने साधक को संतुष्ट करना होता था। यह एक तरह से वैदिक आधार पर विवाहित पति पत्नी के सम्बंध की पुनःप्रतिष्ठा थी।

योगिनी के बिना सिद्ध संत साधना करने की सोंच भी नहीं सकते। गुंडरिपा अपनी योगिनी से गाढ़ालिंगन करते हुए साधना में रत हो जाते हैं -

तिअडडा[146] चापि जोइणि[147] दे अङ्कबाली
कमल कुलिश घाण्ट[148] करहूँ बिआली
योइणि ताइ बिणु[149] खणहिं न जिबमि
तो मुह चुम्बी कमलरस पीबमि
खेपहु जोइणी[150] लेप न जाअ
मणिकुले[151] बहिआ ओड़िआणे सगाअ

---

145 Religion in indian history, ed. Irafan Habib, page 114.

146 तियड़ा, शाहिदुल्लाह।

147 जोइनि, शास्त्री, बागची, शाहिदुल्लाह।

148 घण्टि, हरप्रसाद शास्त्री।

149 बिनु, शास्त्री, बागची।

150 जोइनि, शास्त्री, बागची, शाहिदुल्लाह।

151 मणिमूले, शाहिदुल्लाह।

वाणी

॥ टेर ॥ नाभ कमल से चाली रेल , रेल अमरापुर जा रही है॥ टेर ॥

(1) चौदह टेशन चौदह बाबू, त्रिगुण लग रही तार ,
पाँच पच्चीस रहे गाड़ी मैं, जिनका खेल अपार
रेल मैं सुगड़ खिलाड़ी हैं, रेल अमरापुर जा रही हैं,
नाभ कमल से चाली रेल, रेल अमरापुर जा रही हैं

(2) इक्कीस हजार छ सौ डब्बा, इंजन लग रह्या एक,
गार्ड साहब ने झण्डी दिखाई, लेई डरेवर देख
देख झट सिटी मारी हैं ,रेल अमरापुर जा रही हैं,
नाभ कमल से चाली रेल, रेल अमरापुर जा रही हैं

(3) सात रेलवी पाँच फिरंगी, चपड़ासी हैं चार ,
इन गाड़ी में धर्मराज, सबकी करे सभांल
टिक्ट बिना बड़ी इन्कारी हैं, रेल अमरापुर जा रही हैं,
नाभ कमल से चाली रेल, रेल अमरापुर जा रही हैं

(4) आड़ा–ऊड़द का सिग्नल झुक रह्या, सांसो का लग रह्या तार ,
छूटी रेल दीखण को जा रही हैं, खड़े रहे असवार
रेल असवारी ले रही हैं, रेल अमरापुर जा रही हैं,
नाभ कमल से चाली रेल, रेल अमरापुर जा रही हैं

(5) छः चक्कर नो दरवाजा, झांकी कहिए लाल,
कुदरत कला पर गाड़ी चाले, ब्रिम साहिब का ख्याल
रेल मैं तेरह बारी हैं, रेल अमरापुर जा रही हैं,
नाभ कमल से चाली रेल, रेल अमरापुर जा रही हैं

(6) रामनाथ जोगेश्वर बाबू, टिक्ट रहें हैं बांट ,
गुरू मुख चेला न टिक्ट बांट दी, कर–कर न्यारी छांट
केसर् रेल उचारी हैं, रेल अमरापुर जा रही हैं,
नाभ कमल से चाली रेल, रेल अमरापुर जा रही हैं

गुरूमंत्र

(1) ओउम सतगुरू जी थे हो एक औंकार खट चक्कर,
आड चक्कर,पद्त चक्कर, करले पंख निर्मल
निर्मल जोत हुई प्रकाश, गणेश देव सन्मुख हो,
हृदय जोत अगम कह द्यो

(2) ओंहग सोंहग जाय अजया जपो मन को ठोड सर लयाया,
त्रिकुटी में ध्यान लगाओ
फेर जुनी कला मिल जाओ फेर मोड़ जन्म नही आओ,
आओ हंसा मत डरो, सतगुरू जी से थे प्रीत लगाओ

(3) ई हंस कं पाँच नाम ओहंग सोंहग सत साहिब बोलता पुरुष,
गुरू के वचन सही कर के देख
गुरू मंत्र जाप सम्पूर्ण सही सत् की गद्दी पर बैठ के जति
राम नाथ जी महाराज आपो आप कही

रिद्धी–सिद्धि मंत्र

(1) ओंकार दो रूप उपाया, रेणुकार ओधर मै आया,
सोंहग नाम का ध्यान लगाया

(2) रामनाम मुखो से गाया, सेंसर नाम सेंस मुख गाया,
नरंजन नाम नैणा निरखाया

(3) शब्द रूप हो प्यांला आया, वहां कोई धरा गगन नहीं माया,
कछ–मछ कोरम परकाया

(4) अल्ख नाम का नाद बजाया, सतनाम का सींग बणाया,
पृथ्वी नाम का तबक ठहराया

(5) दया विचार बाहर को आया, दया सती धर्म जती,
नेच्छ कर पकड़, भूल मती

(6) कहे जती रामनाथ संत लुटा दिन रात खुटे नहीं एक रती
अक्ल रती एक तौला समझ पिछाण
बिन रती तुलता नहीं, कंचन भया पखाण तौला तो मौला भया,
बोल कहे सो मोल
जती राम नाथ कहें रती गी किमत है
शब्द का कोई तौल न मोल

को भेदकर पश्यन्ती मे प्रवेश करना ही इस मंत्रयोग का प्रधान उद्देश्य है। पश्यन्ती शब्द स्वप्रकाशमान चिदानन्द मय है– चिदात्मक पुरूष की वही अक्षय और अमर षोडशी कला है। वही आत्मज्ञान, इष्ट देवता के साक्षात्कार अथवा शब्द चैतन्य का प्रकृष्ठ फल है। इस अवस्था मे पहुंचने पर जीव कृतकृत्य हो सकता है। इसके बाद अव्यक्त भाव अपने आप उदित होता है। वही शब्द की तुरीय अवस्था है। मूलाधार से निरन्तर शब्द श्रोत ऊपर की ओर उठ रहा है, यही शब्द समस्त जगत के केन्द्र मे नित्य विद्यमान है। बहिर्मुख जीव इन्द्रियो के अधीन होकर विषयों की ओर दौड़ रहा है, इससे उसे इनका पता नहीं लगता। जब किसी किया कौशल से अथवा अन्य किसी उपाय से इन्द्रियों की बहिर्गति रूद्ध हो जाती है और प्राण तथा मन स्तम्भित हो जाते हैं, तब साधक इस चेतन शब्द को सुनने के अधिकारी होते हैं षण्मुखी मुद्रा द्वारा कृत्रिम उपाय से इस नाद के अनुसन्धान की चेष्टा की जाती है।[1] यही नाद महा अनाहतनाद में लीन होकर साधक जीव को आज्ञाचक्रमें ले जाता है। 'हंसमंत्र' का 'सौ ऽहम्' मे परिणत होना नाथमतोपदिष्ट मंत्रयोग की पूर्णाहुति यही है। गोरखबानी के निम्न पद में। इस मंत्रयोग का सम्पूर्ण कम बड़े सुन्दर उक्ति में कहा गया है :

ऐसा जाप जपो मन लाई, सोहं सोहं अजपा गाई।
आसण दिढ़ करि धरो धियानं, अहनिसि सुमरौ ब्रह्मगियानं।
जाग्रत न्यंद्रा सुलप अहरा, कामक्रोध अहंकार निवारं।
नासा अग्र निजु ज्यौ बाई, इड़ा प्युंगुला मधि समाई।

---

[1] योग का विषय परिचय, म०म०प०गोपीनाथ कविराज, कल्याण, योगांक, पृ० 51।

06:38

छसै सहंस इकीसों जाप, अनहद उपजे आपहिं आपि।

बंक नालि मैं ऊगै सूर, रोम रोम धुनि बाजै तूर।

उलटं कमल सहंसदल बास, भ्रमर गुफा महि जोति प्रकास।

सुणि मथुरा सिव गोरष कहै, परम तत ते साधू लहै।

हठयोग की प्रधानता नाथपंथ में समानरूप से है। यही नहीं, नाथाचार्यो ने सर्वप्रथम हठयोग मे निष्णत् होकर संसार में उसका व्यापक प्रचार किया, यद्यपि इसमें सन्देह नहीं कि हठयोग का प्रचलन उनसे पूर्व भी था।

पश्चिम पथ (सुषुम्ना द्वार) में गमन करने पर वायु योग की प्रतीति होती है, यह सूर्य चन्द्र एकीकरण पर सम्भव होता है। हकार से सूर्य तथा ठकार से चन्द्र कहा जाता है, यही हठयोग सर्वदोषसमुद्भूत जाड्य को ग्रसित करता है।[1]

हठयोगप्रदीपिका में कहा गया है :

"केवलं राजयोगाय हठविद्योपदिश्यते"[2]

अतएव हठयोग की चरम परिणति राजयोग है। इसकी नियमित साधना से राजयोग का सिद्धलाभ, साधक को होता है। राजयोग में योगारूढ़ होना ही काल के राज्य से मुक्त होना है। स्वात्माराम योगी ने हठयोग प्रदीपिका में समाधि, उन्मनी, लय, परमपद, अद्वैत, निरालम्ब, सहज, तुरीय को राज–योग का ह ीपर्याय कहा है। कुम्भक द्वार प्राण रूद्ध होता है और चित्त निरलम्ब अवस्था को प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार हठविद्या का मुख्य फल राजयोग है।

---

[1] प्रतीतिर्वायुयोगाच्च जायते पश्चिमे पथि।

[2] ह०यो०प्र०1/2

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

कहलाता है। प्राण के लय से मन का भी स्वतः लय हो जाता है। ऐसी अवस्था मे सूर्य चन्द्र का एकीकरण सिद्ध कर, साधक काल जय कर लेता है। यही मनोलय अथवा उम्न अवस्था है।[2]

देह मे इड़ा और पिंगला, सूर्य और चन्द्र रूप कहलाती है। इन नाड़ियों में, प्रत्येक ढाई घड़ीमें, श्वास स्वर की किया का परिवर्तन होता रहता है। ढाई घड़ी सूर्यस्वर चलता है और ढाई घड़ी चन्द्रस्वर। सूर्यस्वर का काल दिन कहलाता है और चन्द्रस्वर का रात्रि। इस प्रकार लौकिक अहोरात्र के मध्य में योगियों के बारह अहोरात्र होते है। रात्रि दिन रूप काल का अभाव होना ही

---

[1] दृष्टव्य योगशिखोपनिषत्, 1/134, 35

[2] यहु मन सकती यहु मन सीव। यह मन पांच तत का जीव।
यहु मन ले जे उनमन रहै। तौ तीन लोक की बाता कहै।।

कालजय है। प्राण के लय पर यह सूर्यचन्द्र एकीकरण हो जाता है क्योंकि स्वर तब सुषुम्ना पथ मे चला जाता है।[1] यही योगियों की काल जय अथवा कालवंचिणी मुद्रा है। इसमें साधक नित्य लय की अवस्था मे स्वात्मा—नन्द के चिद प्रकाश में अवस्थित रहता है। समष्टि में लययोग का परिचय यही है। वैसे तो अन्यान्य योगों की भँति लय का विषय भी अत्यन्त विस्तृत रूप से योगग्रन्थों में आया है।

राजयोग के लिए पहले कहा जा चुका है कि वह अद्वैत, निरालम्ब, सहसज, तुरीय आदि अवस्थाओं का द्योतक एवं पर्याय है। इन अवस्थाओं के स्वरूप का ज्ञान समझ मे आ जाने पर राजयोग का स्वरूप समझ में आता है। स्वात्मारामयोगी ने कहा :

का ही ध्यान और स्मरण करना चाहिए । नाम में ही सदैव ध्यान को स्थिर रखना चाहिए, यही संतों का मार्ग है :-

सिवरन मारग संत का, ताते भरम न साय ।
हरिरांमा हरि बंदगी, करीये चित लगाय ।।[१]

श्वास प्रश्वास के द्वारा जो मनुष्य रांम नाम का अजपा जाप करता है वह इस शरीर के भीतर ही निराधार, निराकार ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है । उस की आत्मा ब्रह्म में विलीन हो जाती है तथा उसके समस्त शोक संशय मिट जाते हैं :-

सास उसास में जाप अजपा जपे , जीत जोगेस्वर जिन जुगति जांणी ।।
उलटि आकार, निरकार पद परसीया, दरसीया दसवें देव द्वारी ।।
दास हरिराम जहां सोग संसा नहीं, जीव अर सीव की एक यारी ।।[२ ※]

यही सहज समाधि है । यही साधना का सहज मार्ग है । इसी मार्ग पर चल कर जीवात्मा सहज सुख को प्राप्त कर लेता है ।

सहज समाधि

अन्य संत सम्प्रदायों के समान रामस्नेही सम्प्रदाय में भी साधना के सहज मार्ग के अनुसरण का आदेश है । हठयोग की साधना की क्लिष्टता का अनुभव

१- आचार्य हरिरामदास की अनुभव वाणी - पृष्ठ ३८१।१५

२- वही० पृष्ठ ४०६।५

※ नाम स्मरण का विस्तृत वर्णन इसी अध्याय के आरम्भ में किया गया है ।

सीस खड़ी टोप दियो तिलक संवार कियो,
लियो हाथ चींपटो उपाड़ै वाल सिरका ।
डाढ़ी अरु मूंछ बनी घनी घनी चांपचूप,
संवारे सुधारे नित मोही मत नरका ॥
चोलो अर वोद दे प्रमोद झीणां झीणां बोले,
माला लिये हाथ मांही करै चाला करका ।
ऐसो सो बनायो भेष टेक नांही रामजी की,
भगवान ग्यान बिना ग्यारा डोले हरका ॥ ३ ॥

पद

(१)

मन रे स्वाद सनेह दुःखदाई ।
ताते इनको हेत छांडिके राम नाम ल्यो लाई । टेर ॥
स्वाद कियां भव जल में बूडे उंडे जाय वसाई ॥
पांचां का फंद मांही उलभयो सोतो निकसै नांही ॥ १ ॥
देखो मीन मरे रस सेती गंध से भंवर बिलाई ॥
कुंजर त्वचा पतंग मैन सूं सारंग सबद खपाई ॥ २ ॥
एक एक इन्द्रि के सागे पांचां की मृत्यु आई ।
सो सुख कहो किसी विधि पावे एक पांच सधाई ॥ ३ ॥
स्वारथ स्वाद मोह तजि भागो लागो जन सरणाई ॥
भगवानदास भव सागर भारी तब सहजै तिरजाई ॥ ४ ॥

[२]

सन्तों ऐसी विधि भव तरिये ।
मन पवना दोइ थिर राखो राम ही राम उचरिये ॥टेर॥
अगल बगल का छाडि पसारा ध्यान अखंडित धरिये ॥
पाइ समझ मिल्या गुरु पूरा इन पंचन कूं जरिये ॥१॥
सुरति सबद को सागो जोड़ो आसन अचलज करिये ॥
सास उसासां अरध उरध में ऐसी जुगति पकरिये ॥२॥

अधिक तत्त ते गुरु बोला ऐ । सम तत गुर भाई ।।
हीन तत्त ते चेला ऐ । सत्ति सत्ति भाषै बाल (गु) दाई ।।२३।।५८८।।

१६—भरथरी जी का सपत संष ग्रंथ (१)

आदि संख का मूलंकार । अनली बाई ऊंकार ।।टेक।।
पहला संख निरंजन देव । पाया ब्रह्म ग्यान का भेव ।।
उलटि उजाई गगन कूं चढ़ै । अनभै रहतां पिंड न पड़ै ।। १ ।।५८६।।
दूजा संष निरालंभ कथ्या न जांन । घरि सूरिज चंद कै आन ।।
चंद सूरिज एकै ले बहै । तौ इन उपदेसैं क्या रहै ।। २ ।।५९०।।
तीजा संख विचारह पाया । षेचरी मुद्रा त्यागंत माया ।।
माया त्यागी राषी काल । इन उपदेसैं बंचिये जम काल ।। ३ ।।५९१।।
चौथा संष संतोष भणीजै । द्वादस अंगुल पवना पीजै ।।
पीजै पवना बाजै बंस । तौ न पड़ै काया न उड़ै हंस ।। ४ ।।५९२।।
पंचमां संष बांधि लै बाई । षटचक्र वेधतो आई ।।
पाया कंवल सहस्रदल सुष । तो जनम जनम का गया दुष ।। ५ ।।५९३।।
छठा संष अकुलीन भणीजै । गुर परसादैं सिव सिव कीजै ।।
सिव सिव करि निरारंभ रहीजै । इन उपदेसैं जुगि जुगि जीजै ।। ६ ।।५९४।।
सातमां संष कंद्रप होई । निद्रा तजी काल कौं जोई ।।
काल तजी सिव सकती समि रहै । सो जोगी पंचमू आतमां गहै ।। ७ ।।५९५।।
सपत संख का जाणैं भेव । सोई होइ निरंजन देव ।।
सपत संख भणत भरथरी जोगी । थिर होई कंध काया होई निरोगी ।।८।।५९६।।❀

राग रामंग्री (२)

नहीं आऊं कामंणी नहीं आऊं लो । नहीं आऊं राजभार लेबा तोर ।।टेक।।
एवां नैरांकां कौंन बसेषू । मारिबा नायक जमागं ।।
हूं तोहि पूछूं मारहा पढ़िया रे पंडित । कांई मरिबा ना लो लागं ।।१।।५९७।।

❀ क प्रति से ।

संत श्री ज्ञानस्वरूप जी महाराज

जन्म: १८९५ ई॰ गुरु: मोजीराम जी महाराज निर्वाण: १९९० ई॰
स्थल: पीपाड़ आश्रम जोधपुर सम्प्रदाय: रामसनेही सम्प्रदाय
पुस्तक: श्री ज्ञान भजन प्रभाकर (१५३४ ई॰ प्रकाशन)

① कर बन्ध मूल उड़ियान जलंधर आसण अचल जमावे
खेचरी भूचरी चाचरि उनमनि अगोचर उलटावे
पाँच पचीस पकड़ बस करले सुरत शब्द घर लावे
त्रिवेनी के अगम महल चढ़ दरशा देव का पावे
② मन पवना उलटाय अफूटा, सुरत शब्द त्रिवेनी चढ़े
③ श्रावन साधे सुखमणा, पीव वसे परदेश
आसौज आसण बाँध के, नाभी नागन जीत
बंकनाल होय चढ़ गया, छेद मेरु की भीत
④ मूल कमल से पवन चढ़ावे, प्राण-अपान समान मिलावे
चढ़ मेरु की भीत ढ़हावे, त्रिवेनी का निरख तारा
⑤ थ्यारी ये मन पवना को घेर पिछम घाटी चढ़ो
थ्यारी ये मेरुकोट को छेद ध्यान त्रिवेनी धरो
⑥ इड़ा पिंगला सेज सिंवारे, सुखमन सुरता हरष भरी
⑦ सुरत शब्द का बेला बांधे, इड़ा पिंगला सुखमन साधे
सत सोहं का ध्यान सदा उर धारना रे
⑧ मेरु दल छेद त्रिवेनी होके, सुन्न सिखर मन पवना रोके
⑨ खींचा पवन मूल कस करके नाभ मंडल गरनाया
नागन जाग भई उलटे मुख सूर चक्र दरसाया
शब्द टकर दे पेठ सुखमण घर बंकनाल थरराया
मेरु दल छेद गमन कर जगना त्रिवेनी तट न्हाया
⑩ चेतन होय त्याग मोह आलस आसण दृढ़ जमावे
मुद्रा बंध त्रिसाध सुखमणा सोहं सुरत लगावे
प्राण पवन को घेर शब्द से मेरु कोट ढ़हावे
तजकर फिकर सिखर गढ़ चढ़के शुन में सहर वसावे
⑪ पलटे पवन पछिम दिशि घूमर दस में रास रचावे

Date

(12) मूल को सोध हेर षट दल को नाभि नाग जगाना है
पलटे पवन बंक गरणावे त्रिवेणी चढ़ जाना है
(13) सोहं शब्द धर ध्यान तू मिटे भ्रम अंधेरा
(14) बेगमपुर चलिये परम पदारथ पाय
बंक टकोर लगे सत सोहं रोम रोम गरणाय
सुरता उलट चढ़ी असमाना पिया मिलन को धाय
(15) पहले सोध मूल षटदल को नाभी नाग जगाना
प्राण पवन को उलट अफूटा बिन पग चढ़ असमाना
(16) प्रथम पाँच-पचीसु बस कर सुरत शब्द धर लाना रे
नाम द्वादस पलट पवन को सुखमण सैज मिलाना रे
खोल कपाट झाट दे सूरा उलटे राह घुमाणा रे
(17) मूल कमल से पवना पलटो नाम निहार के चल नभ उलटा
बंक होय मेर, ढायके खोल किंवारा
बेगम भोम की धाटी सकड़ी शब्द सांद चढ़ो तार ज्यूँ मकड़ी
(18) सिद्ध आसन ले मूल निरोधे खट दल जाँच नाभि धर सोधे
नागन जीत अमीरस पिवणा, ऊगे भान प्रकाशे भवना
सुखमन सेरी प्राण पियागे, सुरता चढ़ी शब्द के सागे
अजपा जपे तार नहीं टूटे,
बंकनाल बिच तोवां(तोपका गोला) छूटे
उलटे पवन पिछम को मोड़े, मेरुकिला कोई शूरा तोड़े
(19) अगम पंथ सीधारे लगी सोहं तार
अधर ऊर्ध बिच आसण साधे अला पिंगला ताण
सुखमण शिष्ट बंक तोल भरके छूटे शब्द घुर बाण
मेरु दल बींधा रे पहुँचे त्रिवेनी द्वार
(20) सुरत शब्द धर होवे मेला अगम भोम चढ़ जावेगा
चँद सूर को उलट अफूटे कर्म भ्रम की टाटी टूटे

ल्याण भारती संतां शरणे सो निजरूप पिछाना।। सा

।। श्लोक ।।

ज्ञश्चाऽश्रद्धानश्च संशयात्मा विनश्यति।
यं लोकोऽस्ति न परो न सुखं संशयात्मनः।। गीता। ४। ४

।। दोहा ।।

जो मूरख श्रद्धा बिना ताको होय विनाश।
जाके मन संदेह सो दोहू लोक विनाश।।

शब्द नं० २ राग–आसावरी

साधो भाई झूंठी करे बड़ाई।
भूल्या जीव भटकता डोले वस्तू मिलती नांई।। टे
आंख कान मुख बन्द करके नाभी पै सुरत लगाई।
तत्वों का प्रकाश देख के मगन हुआ मन मांई।। साधो
स्वास उस्वास में सब कोई उलझया सोहं धुन ठहराई।
ये सब जाप काल का कहिये इनमें बचे न राई।। साधो
नाभ द्वाद्वश त्रिकुटि गगना सकल काल बस भाई।
इनमें अटक रह्या सब कोई आगे की गम नांई।। साधो

18:52

॥ श्लोक ॥

यावश्यकं कृत्वा कृतशौच समाहितः ।
संध्या जपमस्तिष्ठे काले चापरां स्थिरम् ॥

॥ दोहा ॥

शौच से निवट के पीछे करिये स्नान ।
गायत्री गुरुमंत्र का करो निरंतर ध्यान ॥

शब्द नं. ३ राग-प्रभाती

यम सीखिये पीछे साधन साधिये ।
ध्र लगाय के स्वासा ने आरोधिये ॥ टेर ॥
अपात खैंच षट कमल ढिग लाइये ।
गौ नाड़ी जगे उलट पश्चिम धाइये ॥ पहिले. ॥
गी नाद लागे कंठ लागे टकटकी ।
ज्योति झिलके पर्संसी कोई गुरुमुखी ॥ पहिले. ॥
सन अलख मूरत जगमगत दीदार है ।
आदि अनुभव अनन्त रूप अपार है ॥ पहिले. ॥
जी सतगुरुमिलिया दीनो अनुभव ज्ञान है ।
रती बोलिया पाया पद निर्वाण ...

साधो भाई झूठी करे बढ़ाई,,,स्वामी श्री कल्याण भारती जी महाराज जी की वाणी,लाइक शयेर करे हरि ॐ

442 views 10 hr ago ...more

Jay Shree Ram 🚩 2.69K

24 | Share | Remix | Download | Clip

Comments 15

वाणी

॥ टेर ॥ गुरू सां ओल्यू आप री आवे,

याद करूं जद बसौ म्हारे हृदय, पल–पल प्रेम सतावे ॥ टेर ॥

(1) जेठ आषाढ धर्म का महीना, कुण म्हारे जल बरसावे

जल बीना जीव बहुत दु:ख पावे तड़प–तड़प मर जावे

गुरू सां ओल्यू आप री आवे, याद करूं जद बसौ म्हारे हृदय,

पल–पल प्रेम सताव

(2) गिरधारी राम महारे प्रेम का प्याला, बेही म्हारे जल बरसावे

विरह बादली चढ़ी आकाशा गहरी–गहरी घोर सुणावे

गुरू सां ओल्यू आप री आवे, याद करूं जद बसौ म्हारे हृदय,

पल–पल प्रेम सताव

(3) प्रेम बादली चढ़ी आकाशा झिणीझिणी बिज चमकावे

इमरत बुन्दा बरसे प्रेम गी कली–कली रस ल्यावे

गुरू सां ओल्यू आप री आवे, याद करूं जद बसौ म्हारे हृदय,

पल–पल प्रेम सताव

(4) सुरानाथ गुरू सामर्थ मिल्या, सोंग शब्द सुणावे

दानीनाथ शरण सतगुरू गी उनमुन ध्यान लगावै

गुरू सां ओल्यू आप री आवे, याद करूं जद बसौ म्हारे हृदय,

पल–पल प्रेम सताव

ऐसो कुँण जो कीरति गावे । हरि हरि जन को पार न पावे ॥ ४१ ॥
सायर कहो एसो कुँण थागे । जितो पियो अपनी तृष भागे ॥
राम संतां का अंत न आवै । आप आप की बुधि सम गावै ॥ ४२ ॥
राम प्रताप सुनो अब एसो । भजताँ भयो कहूं सो तेसो ॥
राम रटत गुप्ता रस चाखै । संत शब्दां में प्रगट भाखै ॥ ४३ ॥
प्रथम राम रसना सूं गावै । मनकूं पकडि एक घर लावै ॥
राखे सुरति शब्द ही माहीं । शब्द छाँडि कहुँ अंत न जांही ॥ ४४ ॥
तब रसना शिर छूटै धारा । चलै अखंड नहिं खंडै लगारा ॥
जल जीवन की श्रद्धा नांही । मति यो अमृत दूरि होई जांहीं ॥ ४५ ॥
रस पीवत क्षुधा सब भागी । कठाँ शब्द टगटगी लागी ॥
नाडिनाडि में चलै गिलगिली । सुखधारा अति बहै सिलसिली ॥ ४६ ॥
मुखसूं कछू न उचरे बैना । लग्या कपाट खुलै नहीं नैना ॥
श्रवणाँ चर्चा सुणैं न कोई । कंठ ध्यान यह लक्षण होई ॥ ४७ ॥

कंठ के ध्यान कँमकँमी जागै । रोम रोम सीतंग सो लागै ॥
हियो गद्गदे श्वास न आवै । नैंणा नीर प्रवाह चलावै ॥ ४८ ॥
एक दिवस इक भया तमासा । कंठ हृदा बिच उठयो हुलासा ॥
ज्यूं पाला की डोरणि छूटी । हिरदे सीर सुखम रस उठी ॥ ४९ ॥
शब्द ब्रह्म हिरदै किया वासा । ज्यूं रैंण अंधेरी चंद्र प्रकाशा ॥
भर्म कर्म सांशो गयो भागी । हिरदै ध्वनी अखंड लिव लागी ॥ ५० ॥
कहा कहूं या सुख की महिमा । और सुख सब दीशे पलमा ॥
हिरदै ध्यान ध्वनी जब होइ । दूजो साधन रहे न कोई ॥ ५१ ॥
हिरदासूं लै धरणी गई । नाभिकमल में चेतन भई ॥
शब्द गुंजार नाडि सब जागे । रोम रोम में होइ रही रागे ॥ ५२ ॥
नौसे नारी मंगल गावे । तहाँ मन भँवरा अति सुख पावे ॥
शीतल भई सबै ही काया । शब्द ब्रह्मरस अमृत पाया ॥ ५३ ॥
अब तो शब्द गगन कूं चढिया । पछिम घाटि होइकै अनुसरिया ॥

घाटी बीस मेरु की छेकी । इकबीसै गढ गया विशैखी ॥ ५४ ॥
पहिली बैठा त्रिकुटी छाजे । जाके उपर अनहद बाजै ॥
त्रिवेणी तट ब्रह्म न्हवाया । निर्मल होय आगे कूं ध्याया ॥ ५५ ॥

दोहा

इंगला पिंगला सुखुमणा, मिले त्रिवेणी घाट ।
जहां झाझे जल झूलि के, निर्मल होय निराट ॥ १ ॥
महादेव की ताडी छुटकी भूल गई सभ सेवा ॥
ब्रिद्रावनि में रास रचाया मोहनि कौरि कन्हाई।
भुजा पकरि संग गोपी षेले सतनि का सुषदाई ॥
चंद सूर्ज सकले वनि छाए अैसी जोति प्रकासी।
तीन लोक मै भओ उजाला सोहे सिर अविनासी ॥
हरि की लील्हा जाइ नि वर्णी सुमती कहा बषाने।
अविरदास नरिहरि नाराइण अमरा पदि को माने ॥

दो०—तिमुरु गिआ रवि देप के कुमत गई गुर ज्ञान।
गुमति गई अति लोभ ते भगत गई अभमानि ॥

रामकली—

अगिम अगोचरि अनिहद नांनी।
क्या कछु कहो कहन की नाही अनिभै गति हैरानी ॥—रह
पांचो मारि करे अपुने वस सो एह ज्ञानि विचारे।
दह दिस गविन कर्न ते थाका आप तरे मोह तारे ॥
सहजि समाधा सुनि लिव लागी मनु लै तहा चढावे
पसरी किर्ण तिमर तवि फूटा सोहं सवद सुनावे
त्रिगुण अतीति रहत गति उपजी तति पद माह विल्हावे
गंग जमन के भीतिर पैठा अगिमो निगम नि आवे
ससि नही सूर पवन गति तहा पुर्ष को वासा
जनिम मर्ण की सका नासी तहा वसवो सांईदासा

एह् धरिती केतक मरण माटी केलक बीच अकासा।
जलि परि घर्न घर्न धर्न[1] परिवर्षा, एह् जलु कहा ते आवे।
आपो अपिनो बूद परित है मेरा सतिगुरु एही बतावै।
एका रकत बूद फुन एक सुति दुह्ना किन साजी।
करिम कर्तूत कीए सभ उनि के वीचारो एह्वाजी।
क्या मैं लिपो तूं अलिप कहावे लिष मै परित भुलाना।
जैसी सूझ फुनि तैसी जो काहूं मन माना।
ओह्‌ अविगति नाथ अगोचरि कहीए कह्वो सांईदासा।
जवि लगि ह्‌स मुआद सभ तवि लग पाछे भओ विनासा।

रामकली

अनिल अनील अतीति वानी।
तहा मनु रचना आवागौनी भरम चूका, सारि गुरवचना।
कोई जनु जोग का अरमु साजे, सदा षोजे अनहा वाजे।
अगम सपी सुनि लावे, षोजता अगति पावै।
एडा पिगुला सुषमननाडी जोग की इक विध सारी।
सविद गुर्के[2] श्रोत्र ताडे पूरिवो पश्चम चाडे।
नादि विद कला चाई तत्त वस तिसु कटि आई।
अन्हा धरि जब भैओ वासा ता अकथ कथयो सांईदासा।

रामकली

विरिथा नवारणा भजु सरिणा।
तेरी कौण चुकावत चितवति मन ते क्या करना।
जवि लग बूंद परी गर्भ अंनर सहज देहा उरि धाई।
नपि सिष नेत्र विधाता कीने लेषु न मेटओ जाई।
विहु लिषआ दुषु सुप तपु संजम सील सुमति दुष्टाई।
चंद सूर्ज ब्रह्मड टलेगो लेषु न मेटओ जाई।

---

1. एक धर्न शब्द लिपिकार का दोष।
2. गुर्के=गुरु के।

पौड़ी—

उलिटि कौल जवि ऊपरि जाइ।
नाडी नाडी स्वास वताइ।
सूषम नाड सूषम गति पाई।
कर्मचंदि गुरि सदा सहाई।

अष्ट कौल है जांके पात।
पाति पाति फूल विन सोहं जाप।
इसि सोहं का करो वीचारु।
कर्मचंद गुर चर्न अपार।

पौड़ी—

अपारि कला को जो कोई लागे।
जाके भागि सोइी निसि जागे।

कमचदि तुम जागो भाई
सोआं सोइआ किउ रैन गवाई।

उलिटि पौन गगनतरि जाइ।
चर्न कोल मै रहउो समाइ।
अइसा दर्सुन देपो भाई।
कर्मचंदि मिल जोति सवाई।

दो०—गगिनि मार्ग मै जोति झिलमिली तहा अंवृत रसु पीजे।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि चितु चेतिन करि दीजे॥

पौ०—गगनि मडिल मैं अंवृत कूआ तहा जाइ लिवि लागे।
तहा जोत झिल मिल हरिसे मोहं सविद मिला जागे॥
कर्मचदि गुरि चर्न धूरि परि स्वास स्वास चित लागे।
सुर्त समानी सविद मै सवदि चढिओ अकास।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि लागी वहुति प्यास॥
इही प्यास लागी रहे निस वासरि अरि भोरि।
कर्मचदि गुरि चर्न धूरि परि होए नैनि चकोरि॥
चकोर दिष्ट अकास की आनि नि कितिहूं जाइ।
कर्मचदि गुरि चर्न धूरि परि रहियो सर्व समाइ॥
अकास चादना सविद है चंदि चकोरि के भाइ।
कर्मचंदि गुरि चर्न धूरि परि अनेक वारि वलि जाइ॥
अग्नि चुगे चितु ना जले सीतिल ब्रह्म वीचारि।
कर्मचंदि गुर चर्न धूर परि अनिक वारि वलहारि॥

अतीत मार्ग अपारि है अगम पथ को सारि।
कर्मचन्दि गुरि चर्न धूरि परि पाए प्रेम अपारि।।
प्रेम पुर्ष अपारि हे निरजन की हय जोति।
कर्मचन्दि गुरि चर्न ते आतम निर्मल होति।।

गगे अगे अगे रिजाइ। रोम रोम विच रह्यो समा
गपि सिषि पूर्न आतम ज्ञानि। तहा चर्न कौल का लागा ध्या
चर्न कौल कैसे है भाई। ताकी महिमा कही नि जा
तेन चर्नन का करो प्यारि। तवि ही पावो मुक्त द्वा
ाधनि मुक्त तहा कछु नाही। प्रेम पदार्थ हे घटि माहे

अचिव अवृत छक रहे पाइओ पदि निर्बानि।
कर्मचन्दि गुरि चर्न धूरि परि सदा सदा गलितानि।।
अयसा दाता को नही जैसे संत उपिकारी।
सति चर्न की धूरि परि जाउ सदा वलिहारी।।
संनि जवी किरिपाल होइ तवि मिले मुरारी।
चर्न कौलि की धूरि परि कर्मचन्द वलिहारी।।
सांई देवल देवता आत्म देवल होइ।
आत्म देवल स्वास है मनुआ लेहु परोइ।।
मनु मनिसा मिल षेलु है देबल कहीए सोइ।
कर्मचन्दि गुरि चर्न धूरि परि तहा जनिम मिर्त होइ।।
जनुमु मिर्तु एक वाति है इहि वाति मै नाहि।
वाति समानी बाति मै एह अचरजि रूप अपारि।।
कर्मचन्दि गुरि चर्न धूड परि पाए अलिष अपारि।
अतिरि लिवि लागी रहे गर्जे सविद गंभीरि।।
चहु दिस चमिकै दामनी सोहं पुर्ष रघुबीरि।
कर्मचन्दि गुरि क्रपा ते उतिरे बेनी तीरि।।
गुणु को ग्राहु जु कीजिए औगिण देहु बहाइ।
गुण औगण ते परे है तहा कर्मचन्द ठहिराइ।।
भगित भय को दूरि करि निर्भौ गावो गीति।
कर्मचन्दि गुरि क्रपा ते होए नैनि अतीति।।

17:17

भिख्या मागी नाम की सति गुरि सदा क्रपाल।
कर्मचन्दि गुरि क्रपा ते एह स्वासनि की माल ।।
एह माला है नाम की मका मनुग्रा गाह।
कर्मचन्द गुरि क्रपा ते सोह हसा गाह।।
कांटा लगियो प्रेम का अतिर घसता जाइ।
जाता जाना तहा गया जहा सबदि सुर्त मिल पाइ।।
एह वाति है प्रेम की नपि सिग्र रहयो समाइ।
कर्मचन्दि गुरि चर्न धूड परि अनिक वारि वलि जाइ ।।
प्रेम प्रकासयो सहिज मैं सति गुरि दीउौ वताइ।
नषि सिप ग्रातमु प्रगटियो अतिर गति लिव लाइ।।
अतिर लिव लाइी रहे सतिगुरि दीयो वताइ।
कर्मचन्दि गुर चर्न परि अनिक वारि वल जाइ।।
सतिगुरि विरिहो जागिग्रा जनिम जनिम सुषु पाइ।
कोटि जनिम का पशु था पल मै पहुचे जाइ।।
स्वास स्वाम भजु नाम कों बिरिथा स्वास नि षोइ।
रतिन स्वाम जवि जवि जान्या मनु माने सुषु होइ।।
अयमे स्वास तां बलि वलि जाईए। चर्न कौल चितु द्रिढ करि लाइ
चर्न कौलु मै कौतिक देष्या। निज सरूप मिल आनंद पेष्या ।।
आनदि कला वढती ही जाए। कर्मचंदि चितु चर्न समाइ।
रा रा ममा भगतु है सोहं गावां गीति।
कर्मचदि चितु गुरि चर्न धूरि परि होए नैन अतीति।।
भानु प्रकासयो जगित मै तिमर गियो विवहाइ।
कर्मचन्दि गुरि चर्न धूड पर अचिरजि भानि चढाइ।
कुसंगि कविहूं नि कीजिए सदा रहो सति संगि।।
कुसंगि मार्गु अज्ञानु है सति संगु सदा बीचारु।
दुषु सुपु कविहूं न लागही इहि संतिन का उपकारि।।
सत सदा अरोग है रोगी सदा कुसगि।
इसि कुसगि को त्यागि देह सतिनि मो लिव लाइ।।
कर्मचन्द गुरि चर्न धूड परि जनिम मर्न दुष जाइ।

जोग छतीसाँ औंर वतीसाँ, पैलाँ अन्त न पारा ।
सेनर जाणै तहाँ पर वाणै, परलै धंधुकारा ।
माय न होंती वाप न हुँता, पूत नहीं परवारा ।
जामण मरण विछोह न होंता, ना कोई हेत पियारा ।
गिगन मण्डल में छतर न हुँतों, आभ न हुँता तारा ।
चन्द न सूर न पून न पाणी, न धरती गेणारा ।
सातुँ सायर अै न हुँता, नौंसे नदी झलारा ।
अठकळ परवत अै न हुँता, वणी अठारै भारा ।
तंत न मंत न जड़ी न बूँटी, न दीसँत दीदारा ।
चोये चकेनो ये खण्डे इक्कीसे विरमण्डे, एकै वचन उधारा ।

छत्तीसों प्रकार के योग और वत्तीसों प्रकार के साधन[1]— अन्त नहीं पा सकते. जिसने आत्मा को जान लिया है वही सब कुछ समझता है, अन्यथा सर्वत्र प्रलयकालीन अन्धकार ही है ।

जब माता नहीं थी, पिता नहीं था, पुत्र और परिवार नहीं था, जन्म-मरण और वियोग नहीं था, न कोई स्नेही था न प्यारा, गगन-मण्डल में छत्र नहीं था, नभ में तारे नहीं थे, चन्द्र, सूर्य, पानी, धरती, आकाश इनमें से कोई नहीं था— और ये सातों समुद्र भी नहीं थे, नौ सौ नदियाँ भी नहीं थीं— अष्टकुली नाग और आठों पर्वत नहीं थे, अठारह भार वाली वनस्पतियाँ नहीं थीं, तंत्र, मन्त्र जड़ी-बूटी आदि कुछ भी दिखलाई नहीं पड़ती थीं— तब भी चतुर्दिक् नौ खण्डों और इक्कीस ब्रह्माण्डों में ॐकार रूप एक शब्द-ब्रह्म ही सबका आधार भूत था ।

(१) 'जोग छतीसां (३६+३२) अर्थात् ३६ और ३२ का योग अर्थात् ६८ तीर्थ भी जिसके भेद को नहीं पा सकते, यह भी अर्थ हो सकता है । ३६ (वाम मार्गी) और ३२ (दक्षिण मार्गी) संख्या से इस प्रकार का कूट तात्पर्य भी निकल सकता है ।

दोहा— ऐसी गोप्य जू खेचरी कही प्रगट करि सोय ।
जयतराम गुरुक्रिपाते याको साधन होय ॥८९५ ॥

॥इति खेचरी मुद्रा ॥

अथ षटचक्र वरनन ।

ध्यान अजपासहित कहिये है ।

चौपाई— प्रथमही अजपा सो मन लावै ताकै जपै सकल सिध पावै ।
विनही जाप होत है जोई [३११] अजपाजाप कहावै सोई ॥८९६ ॥
सोहं सोहं सासोसास घटमै करैं निरंतर वास ।
षट सत सहश्र इकीस जु आवै गुरुकी क्रिपा भेद सो पावै ॥८९७ ॥
सो पुनि ले घटमै उलटावै षटचक्रनमधि आनि मिलावै ।
क्रमसौ जाप करै मन लावै जाविधि आग्या गुरुतै पावै ॥८९८ ॥

॥इति अजपा ॥

अथ षटचक्रवरनन ।

चौपाई— प्रथम चक्र आधार बखानू स्वर्न वर्न तासकौ जानू ।
सक्ति गणेश चतुर्दल सोई वंशंषंसं अक्षर होई ॥८९९ ॥
तपत स्वर्णमय ध्यान जु धारै षटसत तामधि जाप उचारै ।
सोई जाप गणपति को दैवै निर्भय होय चरण पुनि सेवै ॥९०० ॥

॥इति आधारचक्र ॥

अथ स्वाधिष्ठान चक्र ।

स्वाधिष्ठान चक्र पुनि दूजा तेजमनो विजुरी को पूजा ।
षटदल षट तहा अक्षर राजत बंभंमंयंरंलं सहित विराजत ॥९०१ ॥
ब्रह्मासावित्री पुनि जहां षटसहस्र जप जपिये तहां ।
सो पुनि अजपा अजहि चढावै तिनके चरन सीसकौ नावै ॥९०२ ॥

॥इति स्वाधिष्ठान चक्र ॥

अथ मणिपूरक चक्र ।

त्रितीय चक्र मणिपूरक जोई नीलवरनमय जानो सोई ।
लक्ष्मीसहित विष्णु तहां राजत पीत वरन अति सोभा साजत ॥ ९०३ ।

३११. अजपानाम (भां)

अजपा -

वृत्तीला अंतर्मुखी करण्यासाठी तु. महाराजांनी 'अजपा' साधनाचे वर्णन केले. अजपा कसा साध्य करावा? आणि त्याचे परिणाम वर्णन करतांना पुढील भजनात तु. महाराज म्हणतात-

ऐक उद्धवा । तुला सांगतो खुणचि अजपाची ।
लागे जेणे सहज समाधी, सत्य जाण साची ।।धृ.।।
भ्रुकुटिस्थानी महेश वसती 'सोहं' तया म्हणती ।
नाभिकमली जीवापासुनी 'हं' शब्दची निघती ।।
म्हणती हो उच्छवास जयाला त्यातचि हंकार ।
कंठी येऊनि निघे सत्वरी सोहं उच्चार ।।१।।
श्वास खेचता 'सो' ये कंठी, नाभी मुक्कामी ।
उठते गदगद 'हं' अक्षर ते मणिपूराहूनी ।।
ऐसा चाले 'सोहं-हंसा' चोविसही तास ।
जप होतो एकविस हजार सहाशे सावकाश ।।२।।
सत्य टाकूनी लोक पूजिती असत्य पाषाण ।
विशुद्ध 'ओहं-सोहं' त्यांनी दिधला टाकून ।
पुऱ्या मातृका बावन फिरती, घेऊनिया त्यास ।

तुकड्या सांगे, सत्य मंत्र हा, तारि जाणत्यास ।।३।।[६२]

अर्थात हे उद्धवा! तू आता ऐक मी तुला अजपा करण्याची विधी सांगतो आहे जे साधन केल्याने सहज समाधी लागते आणि सत्य कळून येते. याठिकाणी उद्धवा हे संबोधन तु. महाराजांनी अजपा करु इच्छिणाऱ्या साधकासाठी वापरलेले दिसून येते. अजपाची विधी सांगतांना तु. महाराज म्हणतात की, भ्रुकुटिच्या ठिकाणी महेशाचा वास आहे त्याला सोहं म्हणतात. नाभिकमलाच्या ठिकाणी जीवात्म्यापासून 'हं' शब्द निघतो त्याला उच्छवास म्हणतात. त्यातच हंकार आहे. हा 'हं' कार कंठापर्यंत आला की 'सोहं' उच्चार निघतो. श्वास वर खेचला की 'सो' चा प्रवास कंठाकडून नाभीकडे येतो, गदगद होऊन मणिपूर चक्रापासून हं अक्षर उमटते. अशाप्रकारे सोहं हंसा जप चोविस तासात एकविस हजार सहाशे वेळा सावकाशपणे होतो. लोक हे सत्य टाकून असत्य अशा पाषाणाचे पूजन करतात आणि विशुद्ध ओहं-सोहं याला बाजूला सारतात. सोहं जपाने सहस्त्रार चक्रावरील ५२ मात्रा या सोहं च्या जपाने फिरायला लागतात. तु. महाराज म्हणतात की, हाच सत्य मंत्र आहे हे ज्याने जाणले तो निश्चितच तरुन जातो. अशाप्रकारे याच मंत्राच्या जपाने शरीरातील सप्त चक्रेही जागृत होतात असे तु. महाराज म्हणतात -

दोन अक्षरांचा जप करुनी रत्ने सातहि पाही रे ।।[६३]

यावरुन हे लक्षात येते की सदगुरुची कृपा अजपा साधन याने वृत्ती अंतर्मुखी करुन साधनेत इच्छित ध्येय प्राप्त करता येते. म्हणूनच तु. महाराजांनी पुढील भजनामध्ये अजपा साधनाला मुक्तिचा सोपा मार्ग म्हणून संबोधले आहे.

मुक्तिचा मार्ग होईल सोपा, ही अजपां जपी निश्चये पां ।

सोहं ध्वनि लक्षी घे लाऊनी , चालतो श्वासी जो नित्य खेपा ।।धृ.।।

चालता बोलता कर्म करिता, होऊ दे या मनासी सुलभता ।

ध्वनी अंतरी नासिकेच्या खरी, मग्न होऊनी पाही स्वरुपा ।।१।।

मुनी-संत जे योगी झाले, साधने शांति स्वरुपी मिळाले ।।

देवादिके ही पादुके, सच्चिदानंद हा पां ।।२।।

मानवासी दुजा मार्ग नाही, साधकासी दुजे स्थान नाही.

तुकड्या म्हणे पूर्ण पूर्णातूनी,जन्म मरणाचिया चुकती खेपा ।।३।।[६५]

मुक्तीचा मार्ग सोपा करण्यासाठी अजपा जप करण्याचा उपदेश तु. महाराजांनी उपरोक्त भजनामध्ये दिला आहे. अजपा साध्य करण्यासाठी जो सोहं ध्वनी आपल्या श्वासाबरोबर नित्य चालतो. त्यावर लक्ष केंद्रित करावे असेही तु. महाराजांनी स्पष्ट केले आहे. अजपा साधनाला अधिक स्पष्ट करण्यासाठी महाराज म्हणतात की, चालता, बोलता आणि कर्म करतांनाही हे मन त्या श्वासाकडेच वळले पाहिजे अशी सुलभता त्याला उपलब्ध करुन द्यावी. नासिकेच्या खरी म्हणजे नासिका मार्गात ज्याठिकाणी श्वास स्पर्श करीत जातो तेथून ध्वनी अंतरंगात नेवून त्याठिकाणी मग्न होऊन आपले स्वरुप पाहण्याचा प्रयत्न कर.

आजपर्यंत जे कोणी मुनी, संत, योगी झाले ते अजपा साधनेने शांती स्वरुपाला प्राप्त झाले आणि देवादिकांनी सुद्धा याचमार्गाने हा सच्चिदानंद पाहिला आहे. याशिवाय साधकाला दुसरे कोणते स्थान आणि मार्ग नाही. अजपाच्या या मार्गानेच पूर्णातून पूर्ण प्राप्ती होवून जन्म-मृत्युच्या फेऱ्यातून सुटका होईल, असे तु. महाराज साधकाला निक्षून सांगतात. म्हणजेच अजपा साधन हे पूर्णत्व प्राप्त करण्यासाठी आवश्यक आहे आणि याच मार्गाने अखंड शांतीची अनुभूती करुन घेता येईल असे महाराजांनी स्वानुभव युक्त कथन या भजनांच्या माध्यमातून केले आहे. समाधी हे अष्टांगयोगातील अंतिम अंग आहे. या स्थितीचा अनुभवसुद्धा तु. महाराजांनी घेतला आणि त्यांना त्या आलेल्या अनुभूतीचे वर्णनसुद्धा काही भजनांमध्ये केले आहे.

योगानुभव कथन -

आवश्यकता नहीं पड़ती है।[1] आचार्य क्षेमराज ने भी अपने श्लोक के माध्यम से *"कथा जपः"*[2] में जप की व्याख्या की है। वाचिक, उपाशु और मानसिक ये तीन प्रकार के 'जप' वैखरी के आवान्तर भेद है। इन तीनों भेदों में जप करने का भाव रहता है जिस प्रकार मानस कर्म है उसी प्रकार मानस जप भी मानस जप करने के मूल में और कर्ता के रूप में अहं भाव अक्षुण्ण रहता है मैं जप कर रहा हूँ यह भाव स्फुट अथवा अस्फुट रूप में विद्यमान रहता है बाद में धीरे–धीरे दूसरी अवस्था का उदय होता है। कण्ठरोध प्रयत्न द्वारा जप नहीं बनता। कर्मकारिणी नाड़िया कुछ अंश में विरूद्ध हो जाती है तब अपने आप ही भीतर ही भीतर 'जप' चलता रहता है यह स्वभाव का 'जप' है इसके तीन भेद होते प्राप्त होते है–पहले भेद में हृदय में जप होता है, उसके बाद द्वितीयावस्था में नाभि में होता है एवं अन्त में मूलाधार में होता है। हृदय 'जप' को ही मध्यमा–मार्ग 'जप' कहते है। इस अवस्था में नाद अपने आप चलने लगता है मध्यमा में प्रवेश न होने पर केवल बाह्य 'जप' से नादश्रुति होती है। बाह्य 'जप' में मन्त्राक्षरों का अलग–अलग उच्चारण होता है इसलिए वह विकल्पमय है अतः यह यथार्थ मन्त्र नहीं है। मध्यमा भूमि में जब नाद के साथ मन्त्र स्वभावतः ध्वनित हो उठता है तो उसे आभ्यन्तर 'जप' कहते है। अपने–अपने विषयों से इन्द्रियों का संचार रोककर

[1] ईश्वर प्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी, भाग–दो, पृ० 26–262।
[2] शिवसूत्र विमर्शिनी 3/37।

आभ्यान्तर नाद का उच्चारण करना चाहिए।[1] पराभाव की जो पुनः पुनः भावना है उसे आन्तर 'जप' अथवा नाद की प्रकटावस्था कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चित वृत्ति को रोकिये, सूर्य चन्द को शोध।
मध्य सुषुम्ना ध्यान से, करहिं ब्रह्म का बोध।। ६०३

माया प्रबल प्रचण्ड है, भाग सके तो भाग।
राम नाम की गारुणी, सर पे नाचे नाग।। ६०४

।। चौपाई ।।

योगी योग जतन करि पावा,
जीव ब्रह्म निर्भेद कहावा। ६०५

दिव्य ज्ञान बिनु कृपा न होई,
सत्य वचन नर पावइ सोई। ६०६

।। दोहा ।।

मन विकार को साधिये, लोभ मोह मद क्रोध।
चित में रूप अरूप हो, होंहि ब्रह्म का बोध।। ६०७

रसरी रामहि नाम की, मन की बांधइ डोल।
ब्रह्म कूप जल लाइके, पीजै रस अनमोल।। ६०८

अँजन आंजिय ओ३म का, अलख निरंजन जान।
जड़ चेतन मँह देखिये, सब जग ब्रह्म समान।। ६०९

मन की आँखे खोल कर, देखहु चारउ वेद।
ओ३म् ओउम् रटि ओ३म तुम, ॐ ब्रह्म निर्भेद।। ६१०

जग का क्षर तो होत है, अक्षर का क्षर नाहिं।
ओ३म ब्रह्म एकाक्षरी, जाप करे क्षर जाहि।। ६११

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सोवत से जागे जगत, कुण्डलि ताकी जाग।
मृग कस्तूरी ढूढ़ता, जग में भागम भाग।। ६६३

ज्ञान मिले निज ज्ञान से, भक्ति मिले प्रभु प्रेम।
योग समाधी लीजिये, जानि चक्र के नेम।। ६६४

मूलाधार के मूल में, गण पति जी महाराज।
स्वाधिष्ठान में देखिये, अजहू कमल विराज।। ६६५

मणिपुर बैठी शारदा, अन-हत काली माय।
बिशुद्ध शुद्ध में लक्ष्मी, आज्ञा विष्णु समाय।। ६६६

सह सहस्त्र में ब्रह्म शिव, सहस कमल में देख।
षट-विकार को त्यागिये, छः चक्रों को पेख।। ६६७

पंच तत्व की देह में, अमृत कलश प्रमान।
जो नहिं करता पान रस, पंडित मूर्ख समान।। ६६८

साधक करते साधना, चाहत बनना सिद्ध।
भौतिक इच्छा पूर्ति में, हो जाते हैं गिद्ध।। ६६६

कथा राम की होत है सुन लो चतुर सुजान।
राम कथा हिय धारिये जीवहिं मुक्ति विहान।। ६७०

।। चौपाई ।।

अगम अथाह अनन्त अपारा,
राम नाम नहिं पावहिं पारा। ६७१

राम नाम सुमिरहुं दिन राती,
तीन ताप नहिं जारइ छाती। ६७२

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

कव्वाली

मनुष्य जन्म वृथा नहीं खोना, नाम सुमिर ले दो घड़ी।
सुबह शाम भगवान को तू, याद करले दो घड़ी ॥ टेर ॥
कीना कवल तैने प्रभू से, गर्भ में जब झूलता।
बाहिर निकालो करु भजन, उस कवल को क्यों भूलता।
गौर कर मन में जरा तू, याद करले वो घड़ी ॥ १ ॥
नर जन्म साधन धाम, मुक्ति द्वार पुनि पुनि ना मिले।
भूमि गिरा टूटा पुष्प पुनि वृक्ष के वो न खिले।
मोह ममता को छोड़ जरा, शुभ कर्म करले दो घड़ी ॥ २ ॥
बैठ कर एकान्त दृढ़ आसन जमा ले तू जरा।
बहिरंग वृति अंतर करो, तन मन को बस में कर जरा।
हो रहा अजप्पा जाप, सोऽहम् ध्यान कर ले दो घड़ी ॥ ३ ॥
पंच कोश परे त्रय देह अवस्था, त्रय का साक्षी आत्मा।
नित्यानन्द स्वरूप तेरा, भ्रम द्वैत कर खातमा।
ब्रह्म निष्ठा संत लखावे, तू सतसंग में जाना दो घड़ी ॥ ४ ॥

(६९)

राग पूर्व पदानुसार

इस तन मन्दिर माई नित ही, हो रहा सोऽहम् जाप रे।
सतगुरु से पहिचानो, मन का मेल होय सब साफ रे ॥ टेर ॥
हिलता नहीं है होठ, दाँत वो जीभ भी नहीं हालती।
बिन हाथ माला फिरत है, इकसार निशि दिन चालती।
संसारी नर समझत नाही, मिटे नहीं संताप रे ॥ १ ॥
एकान्त आसन दृढ़ जमा कर, तन को सीधा कर जरा।

मन इन्द्रि स्थिर करके, बहिरंग वृति अंतर कर जरा।
उठत बैठत श्वास परखले, कटे जनम के पाप रे ॥ २ ॥
जब नाभी से श्वासा उठे, हं शब्द बाहिर आवता।
पुनि बैठ श्वासा नाभी में, सो शब्द अन्दर जावता।
हंसो सोहं उलट पलट कर होवत सोऽहम् जाप रे ॥ ३ ॥
जिमि लट भ्रंग का ध्यान करते, भ्रंग ही हो जाय रे।
यूं ध्यान सोऽहम् करत नित नर, ब्रह्म माय समाय रे।
नित्यानन्द कटे भव बन्धन, मिट जावे त्रय ताप रे ॥ ४ ॥

(७०)

राग रामकली अथवा सोहीनी

सतगुरु बचनराम है सोई । ॐ मंत्र दिना मोई ।
नित्यानन्द सुख होई । हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ ॥ ७ ॥

(५५)

राग शब्द झड़ लागो रे बरसण लागो रंग

बोले रे काया मन्दिर माय, सोऽहं शब्द विचार ॥ टेर ॥
दांत जीभ बिना होठ हिलाई
बिना कर माला फिरत सदाई ।
अजप्पा जाप जपाय, लगी रहे धुन इकतार ॥ सोऽहं ॥ १ ॥
बैठ एकान्त लगाकर आसन,
बस में कर इन्द्रियाँ अरु तन मन ।
ध्यान श्वांस में लाय, अर्ध अरु ऊर्ध संभार ॥ २ ॥
हं से श्वासा बाहिर आवे
सो मे श्वासा अन्दर जावे ।
हं से सो उलटाय, लखो तब सोहं सार ॥ ३ ॥
सो का अर्थ वही परमात्मा
हं का अर्थ सोई मैं आत्मा ।
निशिदिन यहि लिवलाय, द्वैत भ्रम भेद निवार ॥ ४ ॥
अजर अमर अक्षय सतरुपा,
निर्मल नित्यानन्द अनूपा ।
सो नहीं आवे नहीं जाय, सेन सतगुरु की धार ॥ ५ ॥

(५६)

राग पूर्व पदानुसार

सुनो रे काया मन्दिर माय, अनहद का झनकार ॥ टेर ॥
पद्मासन एकान्त लगावो,
बहिरंग वृति अन्दर लावो ।

दोऊ कर अंगुली लगाय, रोक दोय कान के द्वार ॥ अनहद ॥ १ ॥

21:59

नित्यानन्द कटे भव बन्धन, मिट जावे त्रय ताप रे ॥ ४ ॥

(७०)

राग रामकली अथवा सोहीनी

रणुकार धुन लाई, ऐसे रणुकार धुन लाई रे ॥ टेर ॥
बैठ एकान्त गुफा के माई, आसन सिद्ध जमाई रे ।
सरल शरीर दृढ़ इन्द्रियाँ करके, नाशा दृष्टि जमाई रे ॥ १ ॥
रणुकार की धुनि लगाई, मन को तहाँ लगाई रे ।
शने शने अभ्यास बढ़ा कर, मन गलतान कराई रे ॥ २ ॥
फिरता को थिरता कर दीना, गरक ध्यान के माई रे ।
आनंद उमंग उठत उर अन्दर, तन की शुद्धि विसराई रे ॥ ३ ॥
बचनराम गुरु दया दृष्टि कर, साची सेन लखाई रे ।
नित्यानन्द भया मस्ताना, फेर जन्म नहीं पाई रे ॥ ४ ॥

(७१)

राग धुन ताल केहरवा अथवा देश

सतगुरु ने मुझको साधन सरल बताया ॥ टेर ॥
पास बैठा कर युक्ति लखाई, भिन्न भिन्न कर समझाया ।
गुरु आज्ञा से इहि विधि हमने, साधन में चित लाया ॥ १ ॥

बैठ एकान्त गुफा में दृढ़ होय, आसन सिद्ध जमाया ।
तन मन इन्द्रिया बस में करके, अन्तर ध्यान लगाया ॥ २ ॥
भूख प्यास मिटी अन्न जल तज कर दूध पाव नित पाया ।
रणुकार की धुन्न लगाई, तामें मन ठहराया ॥ ३ ॥
अजप्पा जाप जपा घट अन्दर, सोहं परिचय थाया ।
जीव ईश भ्रम भेद विलाई, जल में तरंग समाया ॥ ४ ॥
कल्पा माना भूल भरमना, दुतीया भाव मिटाया ।
निर्विकल्प नित्यानन्द निर्मल, अपना आप रहाया ॥ ५ ॥

(७२)

तर्ज प्राणी राम सुमिर ले रे

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

॥ तर्ज हरी कीर्तन हरी ॐ ॥

धन धन बचनराम महाराज तुमको लाखों प्रणाम,
तुमको लाखो प्रणाम ॥ टेर ॥
निरगुण से सरगुण घर काया, जगत उधारण जग में आया,
सन्त का रूप धारने वाले, तुमको लाखों प्रणाम ॥ १ ॥
मींढा गाँव मरुधर के भाई, जहाँ पर प्रगट भये तुम आई,
क्षत्रिय कुल उजियारन वाले, तुमको लाखों प्रणाम ॥ २ ॥
छः महिना का साधन करिया, बैठ एकान्त गुफा में रहिया।
अन्न जल त्यागने वाले, तुमको लाखों प्रणाम ॥ ३ ॥
आठों अंग योग कर लीना, षट् चक्र को छेदन कीना।
पाँचु मुद्रा साधने वाले, तुमको लाखों प्रणाम ॥ ४ ॥
अनुभव ज्ञान हुआ घट माई, जब हीं आतम की शुद्धि पाई।
सब भरम मिटाने वाले, तुमको लाखों प्रणाम ॥ ५ ॥
बने सन्त अलमस्त फकीरा, दे उपदेश बंधावो धीरा

तन की तपत बुझाने वाले तुमको लाखों प्रणाम ॥ ६ ॥
महिमा तुमरी किस विध गावूं, अगम अपार पार नहीं पावूं।
त्रिगुण ताप मिटाने वाले तुमको लाखों प्रणाम ॥ ७ ॥
जो प्रभू तुम मिलता नहीं आई, लख चौरासी में गोता खाई।
यम फन्द छुड़ाने वाले, तुमको लाखों प्रणाम ॥ ८ ॥
भाग पुखला उदय हुआ है, नित्यानन्द को शरण लिया है।
ब्रह्मज्ञान सुनाने वाले, तुमको लाखों प्रणाम ॥ ९ ॥

(८८)

॥ राग बिहार ताल ॥

श्री बचनराम महाराज शरण मैं तोरी

उम्मेद आनन्द बोध प्रकाश (द्वितीयावृति)

यह पुस्तक श्री बनानाथजी महाराज के परम शिष्य श्री स्वामी उम्मेदरामजी महाराज कृत रचना-भजन हैं, जो संवत् १९९१ में प्रथमावृति छपी थी। सुदुर्लभ द्वितीय संस्करण की कुछ प्रतियां पड़ी है पाठक मंगवा कर लाभ उठाऐं।

विशेष सूचना–

उत्तम आश्रम द्वारा सम्पादित अन्य बाहरी सन्तों की विभिन्न पुस्तकें जैसे-संत रणछोड़रामजी, सन्त दुर्बलदासजी, संत लहरीरामजी, संत मलूकादासजी, संत किशोरदासजी 'सूफी', भक्त बीजाराम वेदांती

Scanned by CamScanner

संत खेतारामजी, संत भूमारामजी, संत शकररामजी, संत चन्दनशाहजी, संत कबीररामजी, संत छोगारामजी एवं सूरजरामजी, संत नवलरामजी, संत चन्द्रारामजी, संत भवानीरामजी, संत निर्मलपुरीजी, इत्यादि सन्तों के रचना ग्रन्थ भी मंगवा कर पढ़ने का लाभ उठावें।

सुगम चिकित्सा (प्रथम भाग)

यह पुस्तक स्वामी अचलरामजी द्वारा संकलित एवं स्वामी अचलनारायणजी द्वारा सम्पादित का परिवर्तित तथा परिवर्द्धित संशोधित दुर्लभ संस्करण है जो वर्षों से अप्राप्य था। इसमें अनेक रोगों के लक्षण एवं विभिन्न प्रकार, उनकी देख-भाल, बचने के उपाय, निदान-पथ्यापथ्य सहित अनेक तरह के इलाज विविध यन्त्र, मन्त्र और तन्त्र सहित देशी जड़ी-बूटियों का विवरण देकर मनुष्य के स्वास्थ्य को सबल-आरोग्य बनाने के उपाय लिखे हैं।

सुगम चिकित्सा (द्वितीय भाग)

यह पुस्तक उपर्युक्त श्री स्वामी अचलरामजी द्वारा संकलित एवं स्वामी अचलनारायणजी द्वारा सम्पादन का परिवर्तित तथा परिवर्द्धित संशोधित दुर्लभ संस्करण है। इसमें स्त्री पुरुषों के अनेक गुप्त/प्रकट समस्त रोगों के लक्षण, पथ्यापथ्य सहित अनेक इलाज लिखे हैं। साथ ही नशा-रोग, अनिद्रा, चर्मरोग, बालकों के रोग, विषघात इत्यादि में काम आने की अतीव सुगम चिकित्सा का कथन है

उत्तम प्रकाशन के अधिकृत विक्रेता :—

आर्य ब्रॉदर्स बुकसेलर पुरानी मण्डी अजमेर (राज.)

Scanned by CamScanner

किस नगरी में अलख जगाते, कैसी भस्म चढ़ावो।।४।।
बूझूँ-साच साच-दो उत्तर, निरणे कर दरशावो।
कह 'मङ्गलगिरि' सुनलो अवधू, साची खोल बतावो।५।

उत्तर:-।। राग :- आशा।। नं.१४

साधो भाई! ऐसे भजन कमाऊँ।
साच कहूँ सब गुप्त न राखूँ, निरणेकर दरशाऊँ।। टेर।।
चन्द सरोधे भजन करूँ मैं, येही सरोधा लाऊँ।
सूर सरोधे व्यवहार करत हूँ, सुषमण घर में नाऊँ।।१।।
मिताहार मैं नित्य करता, प्राण समान मिलाऊँ।
सोहं शब्द धुनतार लगाके, पिच्छम दिशाको धाऊँ।।२।।
काया नगरी अलख जगाकर , अमृत भिक्षा पाऊँ।
अगम अखाडे तापूँ अबधू, आनन्द भस्म चढ़ाऊँ।।३।।
साच कही में पूछी सोई, सतगुरू भेद बताऊँ।
कह 'मङ्गलगिरि' सुनलो अबधू,या विध भजन कमाऊँ।४।

प्रश्न:-।। राग :- आशा।। नं.१५

अबधू कौन? नगर का वासी।
सतगुरू कौन-जप करता, किसके हो अभिल
कैसा नाम तुम्हारा आदू, किनसे रहो
कौन तुम्हारा प्रिय जगत् में, किस[illegible]ीं विल

कैसा धर्म बतावो आदू, काटत किम चवरा
करणी-कौन कौन- लिव लावो, धावो कुँण सु
कैसे लिया नगर सत अपना, कैसे जोत प्रकाशी
कहो तुम्हारी मस्ती अवधू, किसके हो तुम
'मङ्गल' कह उत्तर सत देना, मेटो सर्व उदासी

उत्तरः- ।। राग :- आशा ।। नं.१६

साधो भाई! सत्य नगर का वासी।
सदगुरु साच सोहं जप करता, मैं मेरा अभिलाषी
आदू-नाम अमर बेनामी, जग से रहूँ
मम ज्ञाता सो है प्रिये मेरा, सत्य ज्ञान विला
जीवों-हित जग में देह धारी, तिरगुण मे
सदोपदेश बताऊँ आदू, काटूँ भव चवरा
करणी साच अगम लिवलाऊँ, धाऊँ निज
निरभे लिया नगर सत अपना, सहजे सहज प्र
प्रमानन्द मस्ती है मेरे, निज निर्गुण व
'मङ्गलगिरि' उत्तर सत देवे, मेटे सर्व उद

वह चित्त में स्थिर रहता है। शब्द अनाहद नाद है जो विशुद्धाख्य तथा आज्ञाचक्र में सुन पड़ता है।"[१]

'श्री रामस्नेही सम्प्रदाय' के लेखकों ने सुरति को राजस्थानी शब्द 'सुरतां' का पर्याय बताते हुए लिखा है कि—'राजस्थानी भाषा में आज भी 'सुरतां' शब्द का प्रयोग ईश्वरोन्मुख ध्यान के लिए प्रचलित है। 'सुरतां' का प्रचलित अर्थ ऊर्ध्वगामिनी चित्त-वृत्ति है।"[२] सन्त साहित्य के अन्य अनेक विद्वानों ने इस शब्द के कई सामान्य एवं विशेष अर्थ ग्रहण किये हैं। जैसे—स्मृति, स्रोत, आध्यात्मिक किरण आदि।

'श्री रामस्नेही सम्प्रदाय' के लेखकों ने 'सुरति शब्द योग' का निरूपण इस प्रकार किया है। यह मत स्वामी रामचरण के सुरति शब्द योग सम्बन्धी निरूपण में सहायक सिद्ध होगा। "संत मत का दूसरा नाम सुरति शब्द योग है। यह शब्द योग संतमत का प्राण है, मर्म है, उसका सार है, सर्वस्व है। यह संतमत का मध्यम मार्ग है, इसमें न तो सिद्धों जैसी महामुद्रा की साधना है और न हठयोगियों जैसी कृच्छकाय साधना। यह लय योग है, यही सहज समाधि है। सभी सन्तों ने 'परचे' के अंग में इस अपरोक्षानुभूति का बड़ा ही प्राणवन्त, हृदयस्पर्शी और उल्लासपूर्ण वर्णन किया है।"[३]

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि सन्तों की योग-साधना न तो सिद्धों का कमल कुलिश का सुरत विलास है, न हठयोगियों का हठ योग। मन्त्र योग का 'सोऽहं' भी सन्तों को अग्राह्य हुआ। उन लोगों ने 'सोऽहं' के स्थान पर 'राम' का भजन करना उचित समझा। वस्तुतः यह वैष्णव प्रभाव था। वैष्णवों में रामभजन की बड़ी महिमा है और रामभजन को ही मुक्ति का साधन भी बतलाया गया है।

स्वामी रामचरण की दृष्टि में योग

स्वामी रामचरण ने हठ योग, लय योग, सुमिरन के मिस मन्त्र योग, एवं सुरति शब्द योग की चर्चा की है। यहाँ इन सभी पर स्वामी जी के दृष्टिकोण की संक्षिप्त चर्चा हमारा अभीष्ट है।

हठ योग

स्वामी जी ने 'हठ जोग को अंग' के कवित और कुण्डलिया शीर्षकों में हठ योग की समीक्षा की है। हठ योग में आसन, प्राणायाम तथा षट्कर्मों का विधान है। हठयोगी प्राणवायु का निरोध करता है। प्राणवायु के निरोध से कुण्डलिनी का जागरण होता है।

---

१. डॉ० धर्मवीर भारती : सिद्ध साहित्य, पृ० ४१०।
२. वैद्य केवलराम स्वामी तथा अन्य : श्री रामस्नेही सम्प्रदाय, पृ० १०२।
३. वही।

कुण्डलिनी षट्चक्रों का भेदन करके, ब्रह्मरन्ध्र में पहुँचकर ब्रह्म से मिल जाती है। प्राण-वायु निरोध, कुण्डलिनी का जागरण और षट्चक्रों के भेदन की प्रक्रिया सहज नहीं।

स्वामी जी कहते हैं कि योगी पवन का निरोध करके काल से बदला चुकाता है, वह रात दिन इसी क्रिया में लीन रहता है पर राम का स्मरण कभी नहीं करता। कवि योगी को सम्बोधित करते हुए कहता है कि रामभजन के बिना तुम्हारे योग को ब्रह्म में ठिकाना नहीं—

"जोगी पवन चढ़ाय काल सूं दाव चुकावै।
निशिदिन पवन उपाय राम कबहू नहि गावै॥
ज्यूं चाकर होय अमांन धणीं सूं गढ सजि राखै।
जब आवै फुरमांन वचन सब उलटा नांखै॥
रामचरण ब्रह्मा कल्प रहै आपणै जोर।
तोहि रामभजन बिन जोग कूं नहीं ब्रह्म में ठोर॥"[1]

योगी अष्टांग योग की साधना करता है, शरीर, मन एवं इन्द्रियों का निग्रह करता है, प्राणवायु को पकड़कर रखता है किन्तु भजन बिना उसके ये सभी धन्धे व्यर्थ हैं और वह आँख रहते अन्धा है—

"नहीं ब्रह्म में ठोर और साधन जो साधै।
करै जोग अष्टांग देह मन इन्द्री बाँधै।
प्राणवायु कूं पकड़ि पंचै निशिवासर अंधा।
करि है कूड़ी खेद भजन बिन सबही धंधा॥"[2]

कवि का विचार है कि स्वर-साधना, जलपान आदि यौगिक क्रियायें निरोग रहकर सोने के लिये की जा सकती हैं पर इससे मुक्ति नहीं मिल सकती। बिना रामस्मरण के मुक्ति सम्भव नहीं। इस प्रकार की योगसाधना से न तो परमात्म-सुख ही मिल सकता है और न मन का भ्रम (माया अंधकारादि) ही दूर हो सकता है।

"सुर साधन करि जल पिवै रहे निरोगा सोय।
रामचरण इक राम बिन वाको मुक्ति न होय।
वाको मुक्ति न होय झूठ के सागै लागा।
परमातम सुख त्याग भर्म उर का नहि भागा॥"[3]

---

१. अ० वा०, पृ० १२५।
२. वही।
३. वही, पृ० १७४।

यद्यपि स्वामी रामचरण ने रामस्मरण के सामने हठ योग की क्रियाओं की व्यर्थत प्रतिपादित की है, किन्तु सुरति शब्द योग के वर्णन में इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना, त्रिवेणी, त्रिकुट अनहद नाद, मेरु की घाटी आदि हठ योग सम्बन्धी शब्दों का प्रयोग किया है। जैसा कि पहले क जा चुका है कि सन्तों ने योग को भी स्वानुभूति का विषय बना लिया था और उसी आधा पर उन लोगों ने योग का ग्रहण किया था। अतः स्वामी रामचरण ने भी यदि हठ योग व परिष्कार कर लिया तो वह सन्त परम्परा के अनुरूप ही था। इस सन्दर्भ में डॉक्टर राधिकाप्रसा त्रिपाठी का यह मत समीचीन है—"उनका हठ योग प्रेम की डगर में चलते-चलते नाथयोगि का हठ योग न रहकर संतों का सुरति शब्द योग हो गया।"[१]

लय योग

डॉक्टर बड़थ्वाल लिखते हैं कि " 'लय योग' वह है जिसे निर्गुणी 'लौ' की संज्ञा दे हैं।"[२] स्वामी रामचरण ने 'लै को अंग' में 'लै,' 'ल्यो' और 'ल्यौ' शब्दों का प्रयोग 'लय' के लि किया है। लय योग पिण्ड में ब्रह्माण्ड निरूपित करता है। जो ब्रह्माण्ड में है, वह सब पिण में भी है। प्रकृति का पुरुष में लय होना ही लय योग है। कुण्डलिनी ही वह प्रकृ है जो जाग्रत होकर सहस्रार मे स्थित पुरुष में लय होती है।[३]

स्वामी रामचरण कहते हैं कि लय पहले 'रसना' में लगती है, फिर रसना से चलक हृदय में पहुँचती है। लय जब हृदय से लग जाती है तो वही अजप्पा जाप कहा जात है। इस स्थिति में पाप-पुण्य का भय सदा के लिये मिट जाता है—

"प्रथम लै रसना लगै, रामचरण निसि बास।
रसना सूं हिरदै गई, बाझ नहीं परकास।
हिरदै लै लागी रहै, सोही अजप्पा जाप।
रामचरण तब ना रहै, पाप पुण्य की ताप॥"[४]

वस्तुतः रसना से लय लगने का अर्थ नामस्मरण की आरम्भिक अवस्था है जिसे जा कहा गया है और 'अजप्पा जाप' का तो स्वामी जी स्वयं नामोल्लेख कर देते है। इस लय व लग जाने पर भ्रम की निकम्मी आदत छूट जाती है और तब राम-मिलन होता है और ल का निवास [ल्यो की धाम] का दर्शन हो जाता है।

---

१. डॉ० राधिकाप्रसाद त्रिपाठी : रामसनेही सम्प्रदाय [अप्रकाशित शोध प्रबन्ध गोरखपुर विश्वविद्यालय ग्रन्थालय, गोरखपुर]।

२. डॉ० बड़थ्वाल : हिन्दी काव्य में निर्गुण सम्प्रदाय [नया संस्करण], पृ० २५५

३. डॉ० राधिकाप्रसाद त्रिपाठी : रामसनेही सम्प्रदाय [अप्रकाशित शोध प्रबन्ध गोरखपुर विश्वविद्यालय ग्रन्थालय, गोरखपुर]।

४. अ० बा०; पृ० १२।

"रामचरण भ्रम ऊठतो, बाहर मिलसी राम।
गई खोड़ली बांण यह, दरसी ल्यो को धाम।"[1]

स्वामी जी कहते हैं कि जब तक भ्रम (माया) से मुक्ति नहीं मिलती, समझना चाहिए कि लय नहीं लगी क्योंकि लय लगते ही आनन्द प्रकट हो जाता है—

"हिरदै लै लागै नहीं, जब लग भरम न जाय।
रामचरण लैकै लग्यां आणंद प्रगटै आय।"[2]

लय लगने की पहचान यह भी है कि रातदिन, सोते-जागते कभी छूटे नहीं, सदा एकरसता बनी रहे। इस एकरसता से काल का जाल छूट जाता है और प्राणी कालातीत हो जाता है—

"लै लागी तब जाणिये, निशिदिन छूटै नांहि।
रामचरण रहै एक रस, सोवत जागत मांहि।
सोवत जागत एक रस, तो मार सकै नहि काल।
रामचरण लै कै लग्यां, कटी काल की जाल।"[3]

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि स्वामी रामचरण ने लय योग की शास्त्रीय परिभाषा से अलग हटकर लय पर विचार किया है। उन्होंने लय को लगन या 'लौ' के अर्थ में उस सीमा तक लिया है जब 'अजपा जाप' की स्थिति निर्मित हो जाती है। किन्तु जैसा डॉक्टर हजारीप्रसाद द्विवेदी कहते हैं कि लय योग से आत्मानन्द का सुख मिलता है, स्वामी जी भी कहते हैं कि लय लगने से आनन्द प्रकट होता है। निष्कर्ष यह कि स्वामी जी लय में भी नामस्मरण या मन्त्र योग को महत्त्व देते हैं।

मन्त्र योग

मन्त्र योग नाम-साधना है। सभी सन्त नामोपासक रहे हैं पर उन्होंने मन्त्र योग के 'सोऽहं' को अपनी स्वीकृति नहीं दी। उन्होंने इसका भी अपने ढंग से परिष्कार किया और 'सोऽहं' के स्थान पर राम की प्रतिष्ठा की। स्वामी रामचरण 'साखी सुमरण को अंग' में स्पष्ट लिखते हैं कि 'ओम् सोऽहं' शब्द माया के विस्तार हैं, केवल 'रकार' माया रहित है—

"ॐ सोऽहं शब्द का, सब माया विस्तार।
रामचरण माया रहित, अखर एक रकार।"[4]

---

१. अ० वा०, पृ० १२।
२. वही।
३. वही।
४. वही, पृ० ८।

स्वामी रामचरण की यह साखी सोऽहं के स्थान पर राम की प्रतिष्ठा ही न करती, वरन् सोऽहं के समक्ष राम शब्द की श्रेष्ठता भी यह कहकर प्रतिपादित करती है। 'ओम् सोऽहं' दोनों माया युक्त हैं और राम शब्द माया से परे है। यह राम-स्मर इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि यह शब्द तारक मन्त्र है। ग्रन्थ 'शब्द प्रकाश' में स्वामी ने बहुत ही स्पष्ट कहा है—

"रामनाम तारक मंत्र है, सुमिरै शंकर शेष।
रामचरण साचा गुरू, दैवै यो उपदेश।"[1]

कवि 'हरिनाम' पर इसलिए न्योछावर है क्योंकि उसके स्मरण से काया-नगरी प्रियतम से परिचय हो गया। नामस्मरण से ही सुरति शब्द संयोग भी होता है—

"रामचरण हरिनाम की में बलिहारी जांहि।
सुमर्‌या पिव परचै भया काया नगरी मांहि।
प्रथम शब्द श्रवणां शुणै, रसना रटण लगाय।
सुरति समावै शब्द में, तब चित की चितवन जाय।"[2]

स्वामी जी रामस्मरण को 'मोक्ष पन्थ' घोषित करते हैं—

"सुमरै रमता राम कूं, गुण इन्द्री मन जीत।
रामचरण यह मोख पंथ, और सकल विप्रीत।"[3]

और 'सवैया सुमरण को अंग' में तो वे रामस्मरण को 'निर्मल धर्म' की संज्ञा दे डाल हैं, इससे 'परमपद' की प्राप्ति हो जाती है—

"रामचरण्ण ये निर्मल धर्म है,
होय पुनीत परमपद पावै।"[4]

इतना ही नहीं, जाने अनजाने भी यदि नित्य नामस्मरण किया जाय तो मुक्ति मि जाती है—

"जानि अजानि रटै नित राम कूं,
रामचरण्ण तिरैं ही तिरैंगे।"[5]

---

१. अ० वा०, पृ० २०८।
२. वही, पृ० ७।
३. वही, पृ० ९।
४. वही, पृ० ८६।
५. वही।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि स्वामी रामचरण ने राम के नामस्मरण को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण माना है। उन्होंने इसे मन्त्र योग से और भी श्रेष्ठ नाम 'मोख पंथ' और 'निर्मल धर्म' दिया है। यह राम-नाम का स्मरण ही सुरति शब्द योग का द्वार भी उन्मुक्त करता है। वस्तुतः यह सभी योगों की कुञ्जी है। सभी योग इसी में समाहित हैं। डॉ० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल ने उचित ही कहा है—"भक्ति योग, राज योग, मंत्र योग, लय योग, हठ योग एवं ज्ञान योग भी उसी के विविध रूपान्तर कहे जा सकते हैं। सभी के आधारभूत सिद्धान्त इसके भीतर आ जाते हैं।"[1] स्वामी जी 'नाम निरणा को अंग' में 'नाम का भेद कहो कूंण भाई ?' यह प्रश्न प्रस्तुत करके 'राम' नाम के स्मरण की स्पष्ट घोषणा करते हैं—

"और सब नाम जुग जुग्ग उपजै खपैं,
एक रक्कार रहै, अखण्ड जोई।"[2]

स्वामी रामचरण का सुरति शब्द योग

स्वामी रामचरण ने सुरति शब्द योग का वर्णन अंगबद्ध वाणी के 'परचा को अंग' के विभिन्न छन्द शीर्षकों, 'नाम प्रताप' एवं 'शब्द प्रकाश' नामक लघुग्रन्थों तथा 'अणभो-विलास', 'जिज्ञास बोध' एवं 'विश्वास बोध' आदि बड़े ग्रन्थों में किया है। अन्य सन्तों की भाँति ही सुरति शब्द योग स्वामी रामचरण का स्वानुभूतिपरक योग है जिसे नाम योग की सिद्धि के सहारे प्राप्त होने की बात वे कहते हैं। 'स्वामी रामचरण की दृष्टि में योग' के अन्तर्गत यह स्पष्ट किया जा चुका है कि नामस्मरण ही सब योगों का योग है। यह सभी योगों का मूल है। 'सुरति शब्द संयोग' इसी साधना से सम्भव है। इसे ही सहज योग भी कहा गया है।

भजन प्रताप की चार चौकियाँ

स्वामी जी ने सुरति शब्द योग की बड़ी स्पष्ट कल्पना प्रस्तुत की है। इस साधना के चार अवस्थान उन्होंने निरूपित किये हैं जिसे वे भजन प्रताप की चार चौकियाँ कहते हैं—

"चोकी भजन प्रताप की, संत कह गए च्यार।
रामचरण या सत्य है, दूजा भरम असार।"[3]

---

१. डॉ० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल : हिन्दी काव्य में निर्गुण सम्प्रदाय (नया संस्करण), पृ० २५५।

२. अ० वा०, पृ० १९२।

३. वही, पृ० १३।

इन चार चौकियों के मुकाम क्रमशः कण्ठ, हृदय, नाभि और ब्रह्माण्ड हैं—

"रसना कण्ठ रस पीय कै, हिरदै सुख विलास।
नाभि कमल सें उलटि कै, सुरति गई आकास।"[१]

सुरति शब्द योग की साधना की इन चारों अवस्थाओं का वर्णन स्वामी जी ने 'नाम प्रताप' एवं 'शब्द प्रकाश' में बहुत स्पष्ट किया है। यहाँ कवि के अनुसार चारों चौकियों का विश्लेषण प्रस्तुत किया जाता है—

प्रथम अवस्थान

सुरति शब्द योग की साधना का प्रारम्भिक अवस्थान नाम जप है। यह 'राम-नाम' है जिसे स्वामी जी ने तारक मन्त्र कहा है। जिज्ञासु या साधक को इस रामनाम की उपलब्धि गुरु से होती है—

"प्रथम नाम सतगुरु सूं पाया।
श्रवणां सुनि कै प्रेह उपजाया।"[२]

सतगुरु से प्राप्त रामनाम का श्रवण कर जिज्ञासु को शब्द के प्रति प्रेमानुभूति होने लगती है और तब वह रसना की श्रद्धा का जागरण करके निशिवासर 'राम-रटन' में लीन होता है।

"पुनि रसना की श्रद्धा जागी।
राम रटनि निशिवासर लागी।"[३]

नाम के प्रति अनुराग भाव का जागरण ही रसना की श्रद्धा के जागरण का कारण होता है। तब अपर आशाएँ समाप्त हो जाती हैं और सुरति रामनाम में लग जाती है। मन एकाग्र हो जाता है और सुरति शब्द छोड़कर अन्यत्र नहीं जाती—

---

१. अ० वा०, पृ० १३।

२. वही। यथा
"राम राम रसना रट्या रामचरण इक धाय।
रहना सूं सरक्या शब्द कण्ठ होय हिरदै ध्याय।
कण्ठ होय हिरदै ध्याय तृतीये नाभि निवासा।
नाभिकमल सूं उलटि गगन जाय किया विलासा।
चौकी च्यारूं पर्शि कै सहज समाधि समाय।
राम राम रसना रट्या रामचरण इक धाय।"—वही, पृ० १४१।

३. वही, पृ० २०८। तथा
"प्रथम नाम रसना सूं गावै।
मन कूं पकड़ि एक घर लावै।—वही, पृ० २०६।

"दूजी आशा सकल बुहारी।
तब रामनाम में सुरति ठहारी।"[1]

इस समय साधक पद्मासन लगाकर मन को निश्चल कर लेता है और साँस-उसाँस के साथ राम-जप में तन्मय हो जाता है। जप करते-करते नाम के प्रति जगी आसक्ति नामी राम के वियोग में परिणत हो जाती है।[2] नामोच्चारण करते-करते रसना की श्रद्धा उसके शिरोभाग से रसधार के रूप में स्रवित होने लगती है। यह स्राव अखण्ड होता है। इस स्राव का नीर दुग्धवत् होता है—

"तब रसना शिर छूटै धारा।
लगै अखण्ड नहिं खण्डै लगारा।"[3]

इसकी मिठास का क्या कहना! हर्ष और विश्वास की अनुभूति होने लगती है—

"रटतां रटतां भयो मिठास।
हर्ष भयो आयो विश्वास।"[4]

इस रसधार की मिठास से जल पीने की श्रद्धा समाप्त हो जाती है। साधक इस अमृत-पान से पल भर भी विलग नहीं होना चाहता। इस रस-पान से भूख नहीं लगती। प्रत्येक नाड़ी में गिलगिलो के चलने का अनुभूति होने लगती है और सुखधारा की अनवरतता शिराओं को मुदित कर देती है—

"जल पीवन की श्रद्धा नांही।
मति यो अमृत दूरि होइ जांही।
रस पीवत क्षुधा सब भागी।
कण्ठाँ शब्द टगटगो लागी।
नाड़ि नाड़ि में चलै गिलगिली।
सुख धारा अति बहै सिलसिली।

---

१. अ० वा०, पृ० २०८। तथा—
"राखे सुरति शब्द ही मांही।
शब्द छाँडि कहुं अनत न जांही।"—वही, पृ० २०६।

२. "श्वास उश्वांसा धवंण लगाई।
आरति करिकै विरह जगाई।"—वही, पृ० २०९।

३. वही, पृ० २०६। तथा—
"रसना अग्र खुली इक सीरा।
प्रथम वाको पय सो नीरा।"—वही, पृ० २०९।

४. वही, पृ० २०९।

मुख सूं कछू न उचरै बैना।
लग्या कपाट खुलै नहीं नैना।
श्रवणां चर्चा सुणै न कोई।
कण्ठ ध्यान यह लक्षण होई।"[1]

उपर्युक्त अवस्था को कवि 'कण्ठ ध्यान' की संज्ञा देता है। इस अवस्था में शिरायें तो आनन्दानुभव करती ही हैं, मुख से वाणी नहीं फूटती, नयन-कपाट बन्द हो जाते हैं, कान बाह्य चर्चा नहीं सुन पाते। शब्द जिह्वा से सरक कर कण्ठ-स्थान में आ जाता है। 'कण्ठ ध्यान' में कम्पन की अनुभूति होती है और रोम-रोम में शीतलता आ जाती है, हृदय गद्‌गद् हो जाता है, श्वास अवरुद्ध हो जाता है और नयनों से अश्रुधारा प्रवाहित होने लगती है—

"कण्ठ के ध्यान में झँमझँमी जागै।
रोम रोम सीतंग सो लागै।
हियो गद्‌गदे श्वास न आवै।
नैणां नीर प्रवाह चलावै।"[2]

यह कण्ठ-ध्यान विरहानुभूति की स्थिति है। कण्ठस्थान पर साधक की सुरति नामी राम का वियोग अनुभव करने लगती है। यह बड़ी कठिन अवस्था होती है। मुख से बोला नहीं जाता, खान-पान की रुचि नहीं रह जाती, शरीर क्षीण हो जाता है, त्वचाएँ सिकुड़ जाती हैं, नसें नीली पड़कर झलकने लगती हैं, चेहरा पीला पड़ जाता है, नेत्रों में लाली छा जाती है और ललाट आइने की ज्योति सदृश दीप्त हो उठता है, कम्पन और सिहरन चलने लगती हैं, छाती रुँध जाती है। विरहिणी की जैसी दशा हो जाती है। इस अवस्थान को या तो गुरु ही जानता है (जो विरह जगाता है) या फिर विरही स्वयं जो इसे झेलता है।[3]

---

१. अ० वा०, पृ० २०६। तथा
"केई दिवस रसना रस गटक्यो।
पीछे शब्द कण्ठ में अटक्यो।"—वही, पृ० २०९
२. वही, पृ० २०६।
३. "कण्ठ स्थान बहुत कठिणाई।
मुख सूं बचन न बोल्यो जाई।
खान पान में रुचि रहे थोरी।
मारग रुक्यो जाय कह वोरी।
क्षीण शरीर त्वचा सकुचानी।

द्वितीय अवस्थान

कण्ठस्थान की कठिनाई पारकर शब्द ने हृदय में प्रवेश किया।[1] यह साधना का द्वितीय अवस्थान है। कण्ठस्थान से चलकर हृदय-देश में शब्द के प्रवेश की क्रिया का वर्णन करते हुए कवि कहता है कि एक दिन एक तमाशा हुआ, कण्ठ और हृदय के बीच 'हुलास' जगा। स्रवित होकर हृदय मे 'सीर सुखम रस' प्रवाहित होने लगा और 'शब्द ब्रह्म' हृदय में बास करने लगा। अन्धेरी निशा में शशि के आलोक-सा अनुभव होने लगा—

"एक दिवस इक भया तमासा।
कण्ठ हृदा बिच उठ्यो हुलासा।
ज्यूं पाला की डोरणि छूटी।
हिरदे सीर सुखम रस ऊठी।
शब्द ब्रह्म हिरदै किया बासा।
ज्यूं रैण अंधेरी चंद प्रकाशा।"[2]

परमसुख से हृदय आलोकित हो उठा जैसे रवि ने अन्धकार को विनष्ट कर दिया हो—

"परम सुक्ख हिर्दै परकाशा।
ज्यूं रवि कीनो तम को नाशा।"[3]

इस अवस्थान को कवि 'हृदय ध्यान' की संज्ञा से अभिहित करता है। इस अवस्था में भ्रम, कर्म, संशय सभी दूर जा पड़े और हृदय में अखण्ड जाप होने लगा। जब हृदय-

---

नीली नस दीसै झलकाली।
पीरो बदन नेतरां लाली।
मुकुर ज्योति ज्यूं दिपै कपाली।
चले कँमकँमी रूं थररावै।
छाती रुँधै स्वास न आवै।
ऐसी विधि विरहनि की होई।
विरहि जांणै कै सतगुरु सोई।"—अ० वा०, पृ० २०९।

१. "एक दिवस ऐसी बनि आंही।
शब्द सरक गयो हिर्दा मांही।"—वही, पृ० २०९।

२. वही, पृ० २०६।

३. वही, पृ० २०९।

ध्यान की ध्वनि होने लगती है तो सभी अन्य साधन लुप्त हो जाते हैं। इस सुख की महिमा अवर्णनीय है।[1] हृदय के भीतर होने वाले इस सहज सुमिरन का रहस्य बाहर कोई नहीं जान पाता—

"सहजै सुमरण हिरदै होई।
बाहिर भेद न जांणे कोई।"[2]

सोते-जागते हर अवस्था में यह सहज सुमिरन चलता रहता है। वन-बस्ती की शंका नहीं रह जाती। यह कवि की दृष्टि में 'अजपा जाप' की स्थिति है। इस अवस्था में बाहरी साधन बिला जाते हैं।

"सोवत जागत डोरी लागी।
बन बस्ती की शंका भागी।
रसना जप्यां अजप्पा पाया।
बाहिर साधन सकल बिलाया।"[3]

प्रेम का जागरण हो जाने पर सांसारिक मर्यादाओं के नियम बन्धन समाप्त हो जाते हैं। इस प्रेम साधना[4] द्वारा ही साधक को शरीर में 'राम धाम' मिल जाता है—

"जाग्यो प्रेम नेम रह्यो नांही।
पाई रामधाम घर मांही।"[5]

तृतीय अवस्थान

उर-स्थान में विश्राम कर शब्द नाभिप्रदेश में पहुँचता है। यह तीसरा मुकाम है—

---

१. "भर्म कर्म सांशो गयो भागी।
हिरदै ध्वनी अखण्ड लिवलागी।
कहा कहूं या सुख की महिमा।
और सुख सब दीशै पल मा।
हिरदै ध्यान ध्वनी जब होई।
दूजो साधन रहै न कोई।" —अ० वा०, पृ० २०६-२०७।

२. वही, पृ० २०९।

३. वही।

४. "सुमिरन एक प्रकार की प्रेम साधना है।"
—डॉ० बड़थ्वाल : हिन्दी काव्य में निर्गुण सम्प्रदाय (नया संस्करण), पृ० २५३।

५. अ० वा०, पृ० २०९।

"उर अस्थान पाय विश्रामा।
शब्द किया जाय नाभि मुकामा।"[1]

'नाम प्रताप' में 'शब्द' को कवि 'लै' कहता है। यह 'लय' नाभिकमल मे जाकर चैतन्य हो जाती है—

"हिरदै सूं लै धरणी गई।
नाभिकमल में चेतन भई।"[2]

यहाँ पहुँचकर शब्द गुञ्जन करने लगता है जिससे सभी नाड़ियां जागृत हो जाती हैं। रोम-रोम से राग ध्वनित होने लगते हैं और नौ सौ नाड़ियों का मंगलगीत सुनायी पड़ता है। यहाँ मन-मधुप को अतीव सुख मिलता है—

"शब्द गुंजार नाड़ि सब जागे।
रोम रोम में होइ रही रागे।
नौ से नारी मंगल गावे।
तहाँ मन भँवरा अति सुख पावे।"[3]

काया शीतल हो जाती है, क्योंकि शब्द को ब्रह्मरस का अमृत प्राप्त हो जाता है।[4] रोम रोम ताँत यन्त्र की तरह झंकृत होने लगता है—

"रोम रोम झणकार झुणंकै।
जैसे जंतर तांत ठुणंकै।"[5]

चतुर्थ अवस्थान की ओर

नाभि-प्रदेश में ब्रह्मरस की अनुभूति करने के बाद शब्द गगन[6] की ओर अपनी यात्रा आरम्भ करता है। गगन का रास्ता मेरुदण्ड की घाटी से होकर है। इस मेरु में

१. अ० वा०, पृ० २०९।
२. वही, पृ० २०७।
३. वही। तथा
"नाभिकमल में शब्द गुंजारे।
नौ से नारी मंगल उचारे।"—वही, पृ० २०९।
४. "शीतल भई सबै ही काया।
शब्द ब्रह्म रस अमृत पाया।"—वही, पृ० २०७।
५. वही, पृ० २०९।
६. "गगन शरीर के भीतर का वह आकाशवत् अन्तराल जिसमें ज्योतिर्मय ब्रह्म

बीस गाँठें हैं। शब्द के वेग से बीसों गाँठें फट जाती हैं और गगन का मार्ग खुल जाता है।[1]

"अब तो शब्द गगन कूँ चढ़िया।
पछिम घाटि होइ कै अनुसरिया।"[2]

घाटी के मार्ग से होकर शब्द त्रिकुटी[3] पर पहुँचता है। इसके ऊपर 'अनहद' बजता है। यह त्रिकुटी इड़ा, पिंगला, और सुषुम्ना का त्रिवेणी संगम है। इस त्रिवेणी घाट पर स्नान करके जीव गगन में प्रवेश करता है—

"पहिली बैठा त्रिकुटी छाजे।
जाके ऊपर अनहद बाजे।
त्रिवेणी तट ब्रह्म न्हवाया।
निर्मल होय आगे कूं ध्याया।

इंगला पिंगला सुखमणा, मिले त्रिवेणी घाट।
जहाँ झाझ जल झूलि के, निर्मल होय निराट।
अब त्रिवेणी न्हाइ कै, कीया गगन प्रवेश।
तीन लोक सूँ अलघ सुख, यो कोई चौथा देश।"[4]

चतुर्थ अवस्थान

अभी तक जिन तीन लोकों के सुख की चर्चा हुई है उससे बिल्कुल भिन्न सुखों वाला यह कोई चौथा देश है। 'श्री रामस्नेही सम्प्रदाय' के लेखकों ने इस अवस्थान पर टिप्पणी करते हुए लिखा है कि "यह साधना की अंतिम भूमिका है जहाँ सुरति शब्द को पकड़कर

का प्रकाश दीखता है और जहाँ से अनाहत की ध्वनि सुन पड़ती है। इसको कभी-कभी 'शून्य' भी कहा करते हैं।"—पण्डित परशुराम चतुर्वेदी, संत काव्य, पृ० ५७१।

१. पश्चिम दिशा मेरुकी घाटी।
बीसूं गांठि घोर से फाटी।—अ० वा०, पृ० २०९।

२. वही पृ० २०७।

३. त्रिकुटी—भ्रूमध्य में स्थित वह बिन्दु है जहाँ इड़ा, पिंगला एवं सुषुम्ना योग नाड़ियों का मिलन होता है और जिसे इसी कारण 'त्रिवेणी' भी कहा जाता है।"
—पं० परशुराम चतुर्वेदी : संतकाव्य, पृ० ५७२।

४. अ० वा०, पृ० २०७।
त्रिकुटी संगम कीया स्नाना।
जाइ चढ्या चौथे अस्थाना। —वही, पृ० २०९।

पुरुष ररंकार का यह मिलन और तज्जन्य आनन्द का विस्मयकारी वर्णन—यही संत साधना का अनर्घ अक्षय कोष है।"[1]

इस गगन लोक (चौथा घर) में निरंजन सिंहासनासीन है जिसकी ज्योति के प्रकाश से अनन्त सूर्य शोभा पाते हैं। जहाँ अनहद नाद अगणित रागों में ध्वनित होता रहता है। जहाँ सुषुम्ना नीर की फुहार निरन्तर स्रवित होती रहती है जिससे सुरति भींग कर गर्क हो जाती है। जहाँ अर्द्ध-उर्ध्व कमल विकसित है और सुरति भँवरा बनकर विलसती है। जहाँ अनहद की 'घरर-घरर' सुन पड़ती है और परम ज्योति का विद्युत् प्रकाश दीख पड़ता है—

"जहाँ निरंजन तख्त बिराजै।
ज्योति प्रकाश अनन्त रवि राजै।
अनहद नाद गिणत नहि आवै।
भाँति भाँति की राग उपावै।
स्रवै सुषुम्णा नीर फुहारा।
शून्य शिखर का यह विह्वारा।"[2]

'कुण्डल्या को अंग' में स्वामी जी इसे 'ब्रह्म सभा' कहते हैं। इस ब्रह्म-सभा का विस्मयकारी वर्णन उन्हीं की पंक्तियों में प्रस्तुत है—

"बिन रसना गुण गाइये बिन कर बाजै तूर।
बिन श्रवणां अनहद सुणें जहाँ ब्रह्मसभा भरपूर।
जहाँ ब्रह्मसभा भरपूर और कोई निजर न आवै।
सुरति रही मठ छाय देह तहां जांण न पावै।
रामचरण वै देश में बहु परकाशे सूर।
बिन रसना गुण गाइये बिन कर बाजै तूर।"[3]

---

१. वैद्य केवलराम स्वामी तथा अन्य—श्री रामस्नेही सम्प्रदाय, पृ० ११०।
२. अ० वा०, पृ० २०९ तथा।
"घरर घरर अनहद घहरावे।
परमज्योति दामणि झलकावे।
सुषुमण नीर लूंब झड़िलाई।
भीजत सुरति गर्क होइ जाई।
अर्ध ऊर्ध जहां कमल प्रकासा।
सुरति भंवर होइ करत विलासा।"—वही, पृ० २०७।
३. वही, पृ० १४१।

अपने ग्रन्थ 'जिज्ञास बोध' के पञ्चम प्रकरण में स्वामी जी उस अगम स्थान में सुरति-शब्द संयोग का दृश्य-वर्णन करते हैं—

"जागी ज्योति जगत गुरु दर्श्या, पर्श्या अगम सथाना वे।
रसना बिना रामधुन लागी, जानै संत सुजाना वे।
गगन मण्डल में बाजै अनहद, सुणि है बिनही काना वे।
चरण बिना जहां नृत्य करत हैं, देखत है ब्रह्म दांना वे।
भांति भांति सुखदाई नाटक, प्रेम मगन गलतांना वे।
रीझ रमइया मोजां बकसी, जांमण मरण मिटांना वे।"[1]

उस अगम लोक के अनाहद नाद का अलौकिक स्वर संगम का एक चित्र 'रेखता प्रचा को अंग' में स्वामी जी ने प्रस्तुत किया है—

"घोर अनहद की गगन गिरणाईयां होत बहु सौर नहिं कहत आवै।
झालरी बीण मरदंग सहनाईयां बांसुरी ताल झुणकार लावै।
भेरि नरसिंग करनाल बंक्या बजै चंग अरु उपंग गति करत न्यारी।
एक एक नाद में राग नाना उठै मधुर स्वर मधुर स्वर चलत भारी।
मंजीरा मान धधकार धोलक करै गिड़गिड़ी राय मोहोचंग बाजै।
रुणझुणूं रुणझुणूं नृत्य ज्यूं घुघरू घटा टंकोर ध्वनि अधिक गाजै।"[2]

इसी सन्दर्भ में स्वामी जी कहते हैं कि संसार में ३६ रागों का वर्णन किया गया है पर संतजन गगन में 'बेपरमाण अनहद' सुनते हैं—

"रामचरण संसार में, राग छतीस बखांण।
संत सुनत है गिगन में, अनहद बेपरमांण।"[3]

उस चौथे देश की बात अतुलनीय है, मुख से उसका वर्णन सम्भव नहीं। प्रत्यूष-वेला के अरुणालोक सदृश उस अगम देश का अवर्ण्य आलोक है। जहाँ अनहद गरजता रहता है, गगन झरता है, दामिनी चमकती है, वहीं सागर के तट पर हंस निवास करता है। हंस में सागर समा गया। द्वैत की यहीं समाप्ति है।[4]

---

१. अ० वा०, पृ० ५४०।
२. वही, पृ० १९२-९३।
३. वही, पृ० १४।
४. "या तो बात अतोल है भाई।
मुख सूं कहा तोल ह्वै जाई।
... ...

सुरति शब्द का संयोग बूंद और समुद्र का संयोग है। जैसे बूंद समुद्र में मिल जाती है, फिर उसे पकड़ा नहीं जा सकता वैसे ही जीव और ब्रह्म का मिलन अभिन्न है। स्वामी जी कहते हैं कि जब तक यह स्थिति न आ जाय, ध्यान नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि राम के बिना सारा ज्ञान ही फोकट है—

"जैसे बूंद मिली सायर में।
कैसे पकड़ि सके कोइ कर में।
जीव ब्रह्म मिली भया समाना।
ब्रह्म मिल्याँ कर्म करै न आना।

एह चहन दर्श्यां बिनां, मति कोइ छोड़ो ध्यान।
रामचरण इक राम बिन, सबही फोकट ज्ञान।"[1]

यही स्वामी रामचरण के सुरति शब्द योग की संक्षिप्त समीक्षा है। वैसे अपने विभिन्न ग्रन्थों एवं फुटकर पदों में उन्होंने सुरति शब्द योग का वर्णन विभिन्न प्रतीकों द्वारा भी किया है।

भक्ति

यह एक सर्वविदित तथ्य है कि निर्गुण सन्तों की भक्ति पर वैष्णव सिद्धान्तों का प्रभाव रहा है। यद्यपि सन्तमत के मूल में नाथों की योग-साधना आबद्ध है, फिर भी सन्तमत के विकास के समय वैष्णव-भक्ति की भावधारा इतनी प्रबल थी कि वह सन्तों की साधना की एक प्रमुख भूमिका बन गयी। शनैः शनैः योग की कठिन प्रक्रियाओं का सन्त-साधना से एक प्रकार से बहिष्कार-सा हो गया। अब वे सुरति-शब्द योग के अभ्यासी बन गये थे, जिसकी सहजता की भावभूमि में वैष्णवों के रामभजन की प्रमुख भूमिका रही है। डॉ० रामकुमार वर्मा का निम्नलिखित मत इस विचार की पुष्टि करता है। वे लिखते हैं—"रामानन्द के प्रभाव से राम और उनकी भक्ति का प्रसार इतना अधिक था कि सन्त सम्प्रदाय में भी राम और उनकी भक्ति का रूप स्वीकार किया गया। यह बात दूसरी

रूप वर्ण कैसो तड़का को।
ऐसो कहा बखाँनो जाको।
अनहद गरजै नभ झरै, दामिनि ज्योति उजास।
रामचरण सुनि सायरां, हंसा करत निवास।
सायर तट हंस बैठा जाई।
सायर हंस में रह्या समाई।" —अ० वा०, पृ० २०७।

१. वही, पृ० २०८।

सकते हैं। यह समाधि क्षणिक नहीं, जो व्युत्थान काल में जाती रहे। यह सन्तों की स्थायी समाधि है, यह उनकी सुरतां की शब्द ब्रह्म में मिलकर एकाकार हो जाने की अद्वय स्थिति है। सभी सन्तों में 'परचा या प्रचा' अंग में अपनी इस अपरोक्षानुभूति का बड़ा ही उदात्त व अवदात्त वर्णन किया है। यह वर्णन सन्त-वाणी का उत्तुंग गिरि शिखर है, जहाँ से उनकी रसानुभूति रजतोज्ज्वला निर्झरिणी की तरह शतधा फूट पड़ी है। यह विषय अनुभव गम्य है। वाणी व मन का विषय नहीं। फिर भी अनन्त कृपालु सन्तों ने अपनी विमल वाणी द्वारा उस पीयूषधारा के कतिपय कणों को इतस्ततः विकीर्ण करने की असीम अनुकम्पा की है।

सुरति शब्द योग की चार चौकियाँ

राम ही चरण वै देश की सैन कूं
मरहमी संत बिन लखै न कोई।

सचमुच मर्मी व रहस्यदर्शी सन्तों का यह अगम्य प्रदेश है, उसे कैसे जाना जा सकता है, कैसे कहा जा सकता है! वह अनुभवैकगम्य है।

● पहली चौकी ●

प्रथम नाम सत गुरु से पाया।
श्रवणां सुन के प्रेम उपजाया।

संसार की नश्वरता से अभिभूत साधक किसी अमर आनन्द की खोज के लिये निकलता है। जिज्ञासा लेकर वह गुरु की खोज करता है। सद् गुरु जब साधक को पात्र जानता है तो उसे 'राम नाम' मंत्र देता है। गुरु से नाम श्रवण करके उसके साथ साधक प्रेम का नाता जोड़ लेता है। यह प्रेम निष्काम व वासना गन्ध हीन होता है। प्रेम के द्वारा साधक में नाम-जप के प्रति रुचि उत्पन्न होती है। अब साधक रात दिन उठते-बैठते, सोते-जागते, खाते-पीते, जीवन की प्रत्येक क्रिया में नाम-जप को चालू रखता है। साधक को अनुभव है कि इस प्रकार रात दिन नाम-जप में लगे रहने से जिह्वा के अग्रभाग से अमृत रस की धारा प्रवाहित होने लगती है। साधक

अब एकान्त चाहने लगता है और सांसारिक भीड़-भाड़ तथा वार्तालाप से दूर हट जाता है।

नाम-जप करते करते उसके हृदय में नामी से मिलने की उत्कट लालसा जाग्रत हो जाती है। उसके न मिलने के कारण साधक के हृदय में वियोग जाग पड़ता है। यह वियोग-साधना सन्त साहित्य की अमर देन है।

साधक के हृदय में विरह की आग रात दिन जलती है, उस जलन में आनन्द का अनुभव होता है। सन्तों की विरहिणी आत्मा पिय मिलन के लिए तड़पती रहती है। विरक के भुजंग ने डस लिया है, अब राम गारड़ु मिले तो विष उतरे।

रामचरण बिरहा भवंग, डस्यौ कलेजो आय।
राम गारड़ू बिष हरै, जे कोय देत मिलाय ॥[1]

विरह की आग में लहू जल गया है, शरीर सूख कर कांटा हो गया। दूसरा दुःख तो सहलूँ, मुझ से विरह का दुःख सहा नहीं जाता।

बिरह अग्नि सब तन दह्यौ, लोही रह्यो न मांस।
राम पियारे दरस बिन, नाभि न बैठे सांस ॥
दूजा दुख सबही सहूं, पिव दुख सह्यो न जाय।
रामचरण बिरहनि कहै, बेग मिलो हरि आय ॥[2]

सभी सन्तों ने विरह का मर्मभेदी वर्णन किया है। कबीर, दादू आदि सन्तों की विरहानुभूति बड़ी तीव्र थी। सूफी साधकों ने तो सारी सृष्टि को ही विरह की आग में जलता देखा है। महाराज रामदास जी ने भी विरह की व्यथा का हृदय द्रावक वर्णन किया है—

अन्तर दारुण अति घणी, पिंजर करै पुकार।
नैण रोय राता किया, तो कारण भरतार ॥

(१) अणभै वाणी; पृष्ठ १०
(२) „ „ „ ११

कुंजर झूरै बन्न कूं, सूवा अंबा काज।
विरहिन झूरै पीव कूं, कबै मिलो महाराज॥
रैण विहाणी जोवतां, दिन भी वीतो जाय।
रामदास विरहिन झुरै, पीव न पाया मांय॥[1]

विरह को छुरी बताया है, जिसने हृदय को काट दिया है। विरह की घटाएँ उमड़ रही हैं, नेत्रों से अश्रु वह रहे हैं और चित बिजली की तरह चौंक पड़ता है।

बिरह घटा घररात नैंण नीझर झरै।
चित चमंकै बीज कि हिरदो ओल्हरै।
बिरहनि है बेहाल दयाकर न्हालियो।
परिहां रामचरण कूं राम वेग संम्हालियो॥

बिरहा कर ले करद कलेजा काटि है।
पीव न सुणै पुकारिकि हिरदा फाटि है।
सबै वटाऊ लोग न पूछै पीड रे।
परिहां रामचरण विन राम करै कुंण भीडरे॥[2]

यह विरह की तीव्र व्यथा साधक के हृदय में राम मिलन की उत्कट प्यास जाग्रत कर देती है। वह रात दिन सुमरण करने लग जाता है। उसको न अन्न अच्छा लगता है, न पानी भाता है और न ही नींद सुहाती है। वह केवल अपने प्रिय से मिलने को छटपटाता है, रोता है, तड़पता है। उसकी व्यथा को कौन जानता है; या तो वह या रमैया। यही तीव्र विरह व्यथा उसकी साधना को अग्रसर करती है और यही 'सुरति' को जाग्रत करके उसे 'शब्द' की ओर उन्मुख करती है।

---

(१) श्री रामस्नेही धर्म प्रकाश; पृष्ठ १६१, १६६

(२) अणभै वाणी; पृष्ठ ७७

सन्त चरणदासजी ने विरहिणी का सच्चा चित्र अंकित किया है—

गद गद बाणी कंठ में, आँसू टपकै नैन।
वह तो विरहिन राम की, तल्लफति है दिन रैन ॥

दादूजी ने विरह के महत्व को दिखाते हुए बताया है कि मूल में विरह ही सुरता को जगाता है—

विरह जगावै दरद को, दरद जगावै जीव।
जीव जगावै सुरत को, पंच पुकारै जीव ॥

रामचरणजी महाराज ने इस अनुभूति का मार्मिक वर्णन करते हुए लिखा है कि—

रसना व कंठ से जब साधक राम नाम का सुमरण करता है तो साधक को अमृत-पान जैसी अनुभूति होने लगती है, वह अनुपम मिठास का अनुभव करता है। साधक को पानी पीने तक की इच्छा नहीं होती, इस भय से से कि कहीं यह अमृत दूर न हो जाय। नस नस आनन्द के मारे नाचने लगती हैं, उनमें एक सिहरन का अनुभव होने लगता है। मुख से वाणी का निकलना वन्द हो जाता है। आँखें मुँद जाती हैं, पलक-कपाट खुलते नहीं! कण्ठ ध्यान की यही पहचान है कि फिर साधक संसार की कोई चर्चा नहीं सुनता। रोम रोम शीतल हो जाते हैं, हृदय गद् गद् हो जाता है, श्वास प्रवाह रुकने सा लगता है और आँखों से आँसू झरने लगते हैं। साधक ऐसी विचित्र स्थिति में अपने को पाता है—

तब रसना शिर छूटै धारा, चलै अखंड नहि खंडे लगारा।
जल पीवन की श्रद्धा नांही, मति यो अमृत दूरि होइ जांहीं।
रस पीवत क्षुधा सब भागी, कंठाँ शब्द टग टगी लागी।
नाड़िनाड़िमें चलै गिलगिली, सुखधारा अतिबहै सिल सिली।
मुख सूं कछू न उचरे बैना, लग्या कपाट खुलै नहीं नैना।
श्रवणां चर्चा सुणैं न कोई, कंठ ध्यान यह लक्षण होई।

कंठ के ध्यान कंमं कंमो जागै, रोम रोम सीतंग सो लागै।
हियो गद् गदे श्वास न आवैं, नैणा नीर प्रवाह चलावैं।[1]

●दूसरी पैड़ी●

इस प्रथम सोपान को तय करने के बाद साधक के हृदय प्रदेश में शब्द ब्रह्म का प्रकाश जाग पड़ता है। प्रेम का प्रकाश हो जाता है, अन्धकार गल जाता है, विरह की जलन शान्त हो जाती है। भ्रम, कर्म व संशय सब विदूरित हो जाते हैं। हृदय में अखण्ड ध्वनि जाग उठती है—

शब्द ब्रह्म हिरदै किया वासा,
ज्यूं रैण अंधेरा चंद प्रकाशा।
भर्म कर्म सांसो भयो भागी,
हिरदै ध्वनी अखंड लिवलागी।[2]

शब्द परकाश हिरदै भया परम सुख,
प्रेम का चांदणा तिमिर भागा।
विरह की तृपि शीतल भई पिवत्र पी,
राम राम ही राम झड़ अधिक लागा।[3]

●तीसरी पैड़ी●

अब वह ध्यान ध्वनि हृदय से परगणों की ओर—नाभि-प्रदेश की ओर—जाती है। शब्द गुंजार से नस नस जाग उठती है, रोम रोम गाने लगते हैं, नसें नाड़ियाँ मंगल गीत गाने लगती हैं। वहाँ मन-भ्रमर बहुत आनन्द पाता है—

(१) अणभै वाणी पृष्ठ २०६
(२) ,, ,, ,, २०६
(३) ,, ,, ,, १६२

हिरदा सूँ लै धरणी गई, नाभि कमल में चेतन भई।
शब्द गुंजार नाड़ि सब जागे, रोम रोम में होई रही रागे।
नौसे नारी मंगल गावे, तहां मन भंवरा अति सुख पावे।[1]

बीच का मार्ग

नाभि के बाद शब्द उलट कर मेरुदण्ड होकर गगन [सहस्रार-कमल] की ओर यात्रा प्रारंभ करता है। मेरु की बीस घाटियों को लांघना पड़ता है। वही मार्ग त्रिकुटी का स्थान है, यहाँ इडा, पिंगला व सुषुम्ना का संगम त्रिवेणी है; यहाँ पर स्नान कर निर्मल होकर शब्द सुरति के साथ सुषुम्ना के झीणें पथ (पिपीलिका-मार्ग) से गगन के गवाक्ष की ओर जाता है।

अब तो शब्द गगनकूं चढ़िया।
पछिम घाटि होइ कै अनुसरिया॥
घाटी बीस मेरू की छेकी।
इकबीसै गढ़ गया बिशेखी॥
पहिलो बैठी त्रिकुटी छाजे।
जाके ऊपर अनहद बाजे॥
त्रिवेणी तट ब्रह्म न्हवाया।
निर्मल होय आगे कूं ध्याया॥[2]

इंगला पिंगला सुखुमणा, मिले त्रिवेणी घाट।
जहां झाझे जल झूलि के, निर्मल होय निराट॥

---

(१) अणभै वाणी; पृष्ठ २०७

(२) " " " "

अब त्रिवेणी न्हाइ कै, कीया गगन प्रवेश।
तीन लोक सूं अलध सुख, यों कोइ चौथा देश ॥[1]

चौथी चौकी

यह साधना की अन्तिम भूमिका है, जहाँ सुरति शब्द को पकड़ कर एकमेक होकर शाश्वत सुख लूटती है। सुरति–सुन्दरी के साथ शून्य-महल में पूर्णानन्द-पुरुष ररंकार का यह महा-मिलन और तज्जन्य आनन्द का विस्मयकारी वर्णन—यही सन्त-साधना का अनर्घ अक्षय कोष है। उस लोक के वर्णन में सन्तों की लौकिक भाषा भी एक नई झंकृति व वर्णच्छटा के साथ जैसे किसी अप्सरी के रूप में कंकणों के क्वणन, नूपुरों के रणन से झण झणायमान होकर नर्तन कर उठी है।

गगन मण्डल 'घोर अणहद नाद' से गूँज उठा है। झालरी, वीणा, मृदंग, सहनाई, बांसुरी का मधुर निःस्वन; चंग, उपंग, भेरी, नरसिंहे की मेघ-गर्जन; मंजीर, ढोलक, गिड़गिड़ी की गड़गड़ाहट घुंघरू का रुणझुणु रुणझुणु शब्द तथा अनेक प्रकार के वाद्यों की समवेत ध्वनि ने महामिलन के उपयुक्त वातावरण सृजन कर दिया है। चारों ओर प्रकाश है, जहाँ न सूरज है न चाँद और न तारे; यह ध्वनि न श्रवण ग्राह्य है और न प्रकाश चक्षु ग्राह्य।

'गगन गोख' में एक अचरज हुआ। यहाँ एक ही पुरुष है, वह वपुहीन है, पंचतत्व रहित है, वहाँ पाला पानी में मिल गया है, नदी सागर में मिल गई है, झिलमिल नूर प्रकाशित है। अनन्त कोटि सूर्यों का प्रकाश है।

पर, यह बात अतोल है। मुख से कहने पर उसका तोल हो जायगा! बस, रहने दो उस बात को। वह जैसी है वैसी है। पवन को हाथ में कौन पकड़ सकता है, आकाश को अपने बाहु-पाश में कौन आबद्ध कर सकता है।

अनहद की गर्जना हो रही है। आकाश से रस झर रहा है।

(१) अणभै वाणी; पृष्ठ २०७

विजली चमक रही है। परिपूर्ण सागर है, तट पर हंस बैठा है। हंस समुद्र में मिल रहा है, हंस में सागर समा रहा है। दोनों ओत प्रोत हैं, यहाँ द्वैत का नाम तक नहीं।

सभी परिपूर्ण हैं। सागर भरा है, गागरी भरी है, नागरी भरी है और उसकी गागरी भरी है! कहीं रिक्तता नहीं। परिपूर्णानन्द का एकच्छत्र अखण्ड शासन है!

इसी प्रसंग में सन्तों ने सुरति व शब्द के मिलन के प्रसंग में होली का भी खूब वर्णन किया है। मेंहदी रचाकर नव-वधू सुरति का शब्द के साथ पाणिग्रहण और 'गगन के गोन' में मिलन का महानन्द— इसके वर्णन में सन्तों की वाणी कहीं कुण्ठित नहीं हुई। पर, अन्त में उन्हें लगा, यह सारा प्रयास व्यर्थ है! उस अतोल अमाप को तोलने व मापने का वाल-प्रयास मात्र है। उसके बाद उनकी वाणी एकदम खामोश हो जाती है! आनन्द, आनन्द, आनन्द! पूर्ण आनन्द!!

कवीरजी ने 'अणहद' तूर का बेहद वर्णन किया है—

अणहद वाजे नीझर झरै, उपजै ब्रह्म गियान।
आवगति अंत्तरि प्रगटै, लागे प्रेम धियान॥

कवीर कवल प्रकासिया, ऊग्या निर्मल सूर।
निस अंधियारी मिटी गई, वाजे अनहद तूर॥[१]

दादूजी की वाणी भी उस महानन्द में ओत प्रोत है—
ऐसा अचिरज देखिया, विन वादल वरसै मेह।
तहं चित चातृग ह्वै रह्या, दादू अधिक सनेह॥

दादू सहज सरोवर आतमा, हंसा करै कलोल।
सुख सागर सूभर भरया, मुक्ता हल अनमोल॥[२]

---

(१) —कवीर ग्रन्थावली; पृष्ठ १६
(२) —स्वामी दादू दयालजी की वाणी; पृष्ठ ६५

स्वामी रामचरणजी ने इस अपरोक्षानुभूति का बड़ा ही हृदयग्राही वर्णन किया है, उल्लास साकार हो उठा है।

[रेखता][1]

घोर अनहद की गिगन गिरणइया, होत बहुसीर नहीं कहत आवै।
झालरी वीरण मरदंग सहनाईयां, बांसुरी ताल झुंणकार लावै ॥
भेरि रणसिंग करनाल वंक्या वजै चंग अरु उपंग गति करत न्यारी।
एक इक नाद में राग नाना उठै मधुर स्वर मधुर स्वर चलत भारी ॥
मंजीरा मान धधकार धोलक करै गिड़गिड़ी राय मोहो चंग वाजै।
रुणझुंणूं रुणझुंणूं नृत्य जूं घूघरु घंटा टंकोर ध्वनि अधिक गाजै ॥
रच्यो कोतूल अति काया अस्थूल में सुखमना नीर फुम्वार वर्षे।
परम ही जोति का चांदणा चहुं दिशा पुरुष भरपूर नहि आन दर्षे ॥
पुरुष रंकार जहां सुरति मिली सुन्दरी सुन्य से महल विश्राम किया।
पूर्णानन्द कूं परसि निर्भय भई पीव की सेभ सुख लूटि लीया ॥
अंग सूं अंग मिल संग छांडै नहीं सुणत जहां राग मस्ताक होई।
राम ही चरण वै देश की सैंन कूं महरमी संत विन लखै न कोई ॥
गगन का गोरव परि जोख ऐसी वणी संतकोइ ध्यान धरि सुक्ख लूटै।
अगमही शब्दकी ध्वनी जहां होइरही अखंडभुंणकार नहितारटूटै ॥
वात कासूं कहूं कोण मांनै यहै, भर्म की भूलसैं तर्क ऊठै।
रामहीचरण यह घोर सुण खुसि भया मिल रही सुरति अब नांहि छूटै॥
गगन ही मण्डल में एक अचरज भया वपु विना पुरुष इक रमत देखा।
पांच ही तत्व सूं रहित वो पुरुष हैं नांहि कोइ तासकै रूप रेखा ॥
अगम अगाध अतोल अम्माप है, वार नहि पार नहि गम्म लेखा।
रामहीचरण वा देश में राम रहे, उलटि नहीं बहुर कोइ वरत भेखा ॥

---

(१) अणभै वाणी; पृष्ठ १६२-१६३।

सुरति शब्द योग



रामसनेही सम्प्रदाय की सुरति शब्द-योग साधना मे 'सुरति' के 'शब्द' मे लय होने की अवधारणा राजयोग प्रणाली से गृहीत जान पडती है।

सुरति-शब्द-योग

निर्गुण पथी साधना को 'सुरति शब्द-योग' की सज्ञा दी गई है। यह सिद्धों की अश्लील एव गुह्य महामुद्रा साधना तथा हठयोगियों की क्लिष्ट काया-साधना से पृथक् मानव स्वभाव सिद्ध अथवा सहज साधना के नाम से जानी जाती है। यही उनकी लयसिद्धियोग समाधि है। इस साधना मे किसी प्रकार के बाह्य विधि-विधान की आवश्यकता नहीं पडती। इसकी उपलब्धि सात्विक एव सरल जीवन-यापन से हो जाती है। इसका लक्ष्य जीव को सासारिक बन्धन सुत वित्त, वनिता आदि से अलग करके उसके आराध्य राम से मिलाना है। सन्तो ने 'परचा' के अग मे इस समाधि की अनुभूतियो का बडा ही मनोरम और जीवन्त वर्णन किया है।

इसका श्री गणेश नामस्मरण से होता है। रात दिन नाम जपते-जपते उसके प्रति हृदय मे एक सहज आकर्षण उत्पन्न हो जाता है। फिर तो भक्त के हृदय मे नाम के प्रति एक लव सी लग जाती है। परिणामस्वरूप साधक श्वास प्रश्वास के साथ नाम का जप करने लगता है। यही 'अजपाजाप' है। इस अवस्था मे माला आदि साधना के बाह्य उपादान छूट जाते हैं। इसके अनन्तर अनाहत चक्र का द्वार खुल जाता है, फिर सुरति और शब्द का मिलन होता है। यही है सन्तो की सहज साधना, यही है उनका मन्त्रयोग, यही लययोग भी है और इसी को सुरति-शब्द योग भी कहा जाता है।

रामसनेही सम्प्रदाय के सुरति-शब्द योग का विवेचन करने से पूर्व थोडा 'सुरति' शब्द पर भी विचार कर लेना अपेक्षित है। 'सुरति' शब्द की व्युत्पत्ति के सम्बन्ध मे विद्वान् एक मत नही है। डा० बडथ्वालने सुरति को सस्कृत के 'स्मृति' शब्द से निकला हुआ बताकर इसका प्रयोग 'वहाँ की स्मृति के अर्थ मे किया है'[1]। डा० सम्पूर्णानन्द ने सुरति को 'स्रोत' से व्युत्पन्न मानकर इसका अर्थ चित्तवृत्ति का प्रवाह किया है[2]। आचार्य क्षितिमोहन सेन ने सुरति का अर्थ प्रेम और निरति का वैराग्य किया है[3]। डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी के शब्दों मे साधारणत 'रति' प्रवृत्ति का पर्याय है। निरति बाहरी प्रवृत्ति की निवृत्ति और सुरति अन्तर्मुखी वृत्ति को कहते हैं[4]। प० परशुराम चतुर्वेदी सुरति को जीव का निर्मल रूप मानते हैं, जिसमे हमारे

---

१ योग प्रवाह, पृ० २३-३३
२, विद्यापीठ (त्रैमासिक), भाग २, पृ० १३५
३ कबीर, पृ० २४४
४ वही, पृ० २४३

सत्य का निर्मल रूप बराबर झलकता रहता है[1]। डा० रामकुमार वर्मा इसे 'सूरत इ-इलहामिया' का रूपान्तर बताते हैं[2]। श्री तारकनाथ सायाल ने इस शब्द की युत्पत्ति 'श्रुति' से मानी है[3]। कुछ विद्वान् सुरति का सम्बन्ध 'स्वरति' से बताते हैं, जिसका तात्पय है अपने में लीन हो जाना अर्थात् अपने मूल स्वरूप की ओर उन्मुख होना। 'सुरति का अर्थ (सु + रति) श्रेष्ठ रति भी किया गया है जिससे निकृष्ट लौकिक रति के विपरीत आध्यात्मिक रति का अर्थ लेते हैं[4]। डा० गोविन्द त्रिगुणायत ने बहुत से विद्वानों की मान्यताओं का खंडन करते हुए सुरति का अर्थ 'अन्तर्मुखी आत्मा' किया है। उनका विश्वास है कि उन्होंने वास्तविक अर्थ खोज लिया है। वस्तुतः उनकी भी यह अटकल बाजी ही है, क्योंकि आत्मा को अन्तर्मुखी अथवा बहिर्मुखी जैसे विशेषणों से विशिष्ट करना समीचीन नहीं प्रतीत होता। 'श्री रामस्नेही सम्प्रदाय' के सम्पादकों ने राजस्थानी भाषा के 'सुरता' शब्द के आधार पर सुरति का अर्थ ईश्वरोन्मुख ध्यान लगाया है[5]। लोक स्वर को पकड़कर सत्य तक पहुँचने का जो प्रयास विद्वान् सम्पादकों ने किया है, वह हर प्रकार से सराहनीय है किन्तु थोड़ी सी असावधानी के कारण वे भी सत्य से दूर रह गये हैं। वास्तव में सुरता' शब्द का अर्थ ध्यान ही होता है, किन्तु विद्वान् सम्पादकों ने साधक के ईश्वरोन्मुख ध्यान सम्बन्धी पदों के आधार पर इसका अर्थ ईश्वरोन्मुख ध्यान अथवा चित्त की ऊर्ध्वगामिनी वृत्ति कर दिया अन्यथा ईश्वरोन्मुख ध्यान लोकोन्मुख ध्यान आदि तो ध्यान के भेद मात्र हैं। हमारे यहाँ गाँवों में सुरति शब्द का प्रयोग केवल ध्यान अथवा याद या सुधि के अर्थ में होता है। वियोगिनी नारियों के अपने पति की सुरति कर-करके रोने की चर्चा से लोक-साहित्य भरा पड़ा है। अवधी प्रदेश में प्रचलित एक गीत में वन के लिए प्रस्थान करते हुए राम के सम्बन्ध में कहा गया है कि उन्होंने घर को त्याग दिया और उनको सुरति वन को लग गयी अर्थात् उनका ध्यान वन की ओर चला गया—'तजि दीनो भवन सुरति लागी बन के'। सूरदास ने भी 'सुरति' शब्द का प्रयोग सुधि या ध्यान के अर्थ में ही किया है —

जबहिं सुरति आवत वा सुखकी
जिय उमगत तनु नाहीं[6]।

निर्गुण सन्त नाम के साधक थे। नाम साधना वस्तुतः शब्द साधना है, और

---

१ उत्तरी भारत की सन्त परम्परा, पृ० २०४
२ कबीर का रहस्यवाद परिशिष्ट पृ० ८२
३ सरस्वती भवन स्टडीज, भाग ८ (श्री रामस्नेही सम्प्रदाय, पृ० १०१)
४ निर्गुण धारा, पृ० २३७
५ श्री रामस्नेही सम्प्रदाय, पृ० १०२
६ सूरसागर (ना० प्र० स०), पृ० १६४४

शब्द साधना में ध्यान को ही प्रधानता दी जाती है। अत साधनागत दृष्टि से भी सुरति का अर्थ ध्यान ही अधिक समीचीन प्रतीत होता है।

यों तो रामसनेही सम्प्रदाय के साहित्य में 'सुरति-शब्द-योग' का उल्लेख यत्र-तत्र सर्वत्र देखने को मिल जाता है किन्तु सन्तो ने इस साधना का विस्तृत वर्णन 'परचा' के अग मे किया है। उनका 'परचा' वस्तुत 'सुरति और 'शब्द' का परिचय है।

साधना के चार सोपान.

सन्तो ने 'सुरति शब्द-योग' को चार सोपानो म विभक्त किया है जिसे वे साधना की चार चौकियो के नाम से पुकारते हैं[१]। इन सोपानो के स्थान हैं कठ, हृदय, नाभि और ब्रह्माड[२]। साधना के प्रथम सोपान में साधक संसार की अनित्यता और मायाकृत बधन से व्याकुल होकर परमानन्द की खोज म निकलता है। उसका सद्गुरु से भेंट होती है। गुरु उसे नाम का महत्व बताते हुए 'रामनाम' की दीक्षा देता है। गुरु से नाम का परिचय पाकर वह उस स्मरण करने लगता है। स्मरण करत करते उसके साथ साधक का रागात्मक सम्बन्ध स्थापित हो जाता है। फिर तो वह प्रतिक्षण, प्रतिपल श्वास-प्रश्वास के साथ तन और मन को उसी में तल्लीन करके अविच्छिन्न रूप से नाम जाप करने लगता है[३]। नाम जप करते करते साधक के जिह्वाग्र पर अमृत रस का सा स्वाद आने लगता है[४]। इस स्थिति में साधक पानी पीने की इच्छा नहीं करता। उस इस बात का डर रहता है कि कहीं जलपान करने से यह अमृत उससे दूर न हो जाय। इस रस को पीने से साधक की क्षुधा भी समाप्त हो जाती है। उसकी नसों मे आनन्द का स्रोत प्रवाहित होने लगता है।

१ चौकी भजन प्रताप की सन्त कह गये च्यार।

अणभै वाणी, पृ० १३

२ रसना कठ रस पीयके हिरदै सुख विलास।
नाभि कवल मै उलटि वे सुरति गई आकास।।

—वही पृ० १३

३ तन मन कर हेती रहना सेती रामहि राम राम रटदा है।

—घघर निसाणी (हरिराम), छ० २

४ (क) प्रथम शब्द रसना से रटिये, स्वासो स्वाम अमीरस गटिये।

—रामस्नेही सतवाणी, पृ० ८४

(ख) रस अग्र खुली इक सीरा प्रथम वाको पयसो नीरा।
रटता रटता भयो मिठास, हृप भयो आग विश्वास।।

—शब्द प्रकाश (रामचरण), छ० ४

उसका मन मयूर आनन्द-विभोर होकर नाचने लगता है। आनन्दानुभूति के इन क्षणों में उसके नेत्र बन्द हो जाते हैं। जिह्वा वाग्व्यापार से विरत हो जाती हैं। श्रवण किसी प्रकार की बाह्य चर्चा सुनना ही नहीं चाहते। हृदय इतना गद्गद् हो जाता है कि श्वास लेना भी दुष्कर हो जाता है। आंखों से आंसू के निर्झर झरने लगते हैं[1]।

प्रथम सोपान को पार करके शब्द आगे बढ़ता है किन्तु कंठ प्रदेश में पहुँच उससे अटक जाता है। यहीं से वियोग दशा आरम्भ होती है, साधक विरह की आग में जलने लगता है उसका शरीर पीला पड़ जाता है, मन सूख जाता है। न तो उसे दिन में भूख लगती है और न रात में नींद[2]। रामचरण साधक की विरह दशा का वर्णन करते हुए कहते हैं —

कंठ स्थान बहुत कठिणाई मुख स बचन न बोल्यो जाई।
खान पान पै रुचि रहै थोरी मारग स्यों जाय कहूं थोरी।।
क्षीण शरीर त्वचा सकुचानी नीली नस दीसै झलकानी।
पीरो वदन नेतरा लाली मुकुर ज्योति ज्यूं दिये कपाली।।
चलै कंप कंपी रुं थररावै छाती रुधै श्वास न आवै।
ऐसा विधि विरहिनि की होई विरहिन जाणै कि सतगुरु सोई[3]।।

कंठ से आगे चलकर शब्द-ब्रह्म साधना के द्वितीय सोपान अर्थात् हृदय प्रदेश में प्रवेश करता है। हृदय में प्रवेश करते ही शब्द अनन्त प्रकाश से युक्त होकर

---

१ तब रसना सिर छूटे धारा, चलै अखंड नहिं खंडै लगारा।
जल पीवन की श्रद्धा नाहीं मति भी अमृत दूरि होइ जाहीं।।
रस पीवत क्षुधा सब भागी कंठा शब्द टगटगी लागी।
नाडि नाडि में चलै गिलगिली सुख धारा अति बहै लिसलिली।।
मुख सूं कछू न उचरै बैना लग्या कपाट खुले नहिं नैना।
श्रवणां चर्चा सुणै न कोई कंठ ध्यान यह लक्षण होई।।
कंठ के ध्यान कम कभी जागै रोम रोम सीतल सो लागै।
हियो गद्गदै श्वास न आवै, नैणा नीर प्रवाह चलावै।।
—नाम प्रताप (रामचरण), छं० ४५-४८

२ दरिया विरही साधु का तन पीला मन सूख।
रैन न आवै नींदडी दिवस न लागै भूख।।
—रामस्नेही सन्तवाणी, पृ० ४९

३ शब्द प्रकाश (रामचरण) छं० ४-७

अज्ञानाधकार को दूर कर देता है। भ्रम कम और सशम का नाश हो जाता है[1]। भवताप से उद्विग्न साधक मानसी गगा की हिलोरो मे तृप्त हो जाता है[2]।

सुरति-शब्द योग का तीसरा सोपान नाभि प्रदेश में है। नाभि कमल के भीतर भ्रमर गुजार किया करते हैं जिनका न कोई रूप है न वर्ण। वह अगम और अपार है[3]। यहा 'भवरो' की गुजार से दरिया साहब का तात्पर्य सम्भवत शब्द की गुंजार से है। रामचरण के अनुसार शब्द की गुजार से साधक की रग रग मे जागृति आ जाती है। उसके रोम रोम से अनेक प्रकार की राग रागिनियां निकलने लगती हैं। नौ सौ नाडियां एक साथ ही मंगल गाने लगती हैं। इसी स्थान पर मन भ्रमर को परमानद की प्राप्ति होती है[4]।

नाभि के पश्चात् शब्द इडा पिंगला वा सुषुम्ना के त्रिवेणी सगम पर स्नान करके निर्मल हो तीनो लोको से पृथक् चौथे देश मे प्रवेश करता है[5]। वह मेरुदण्ड के नीचे उतरकर नाद को खिड़की खोलता है, और ब्रह्म में लीन हो जाता है[6]। संतों

---

१ शब्द ब्रह्म हिरदे किया वासा।
ज्यू रैण अंधेरी चद प्रकाशा॥
मम कम सांसो गयो भागी।
हिरदे ध्वनी अखड लिव लागी॥
—नाम प्रताप (रामचरण), छ० ५०

२ जन दरिया हिरदा बिचे, हुआ ज्ञान परकाश।
हौद भरा जह प्रेम का, तह लेत हिलोरा दास॥
—रामस्नेही सन्तवाणी पृ० ५४

३ नाभि कंवल के भीतरे, भवर करत गुजार।
रूप न रेख न बरन है, ऐसा अगम विचार॥
—रामस्नेही संतवाणी, पृ० ५४

४ शब्द गुजार नाडि सब जागे, रोम रोम मे होई रही रागे।
नौसै नारीमगल गावे तहां मन भंवरा अति सुखपावे।
—नाम प्रताप छ० ५२-५३

५ इडा पिंगला सुषुम्ना, मिले त्रिवेणी घाट।
जहां माझे जल झूलिके, निर्मल होय निराट॥
अब त्रिवेणी न्हाइ के, किया गगन प्रवेश।
तीन लोक सू अलग सुख यो कोइ चौथा देश॥
—अणभै वाणी (नामप्रताप) पृ० २०७

६, नाभि कवलसे उतरा, मेरुदण्ड तल आय।
खिड़की खोली नाद की, मिला ब्रह्म स जाय॥
—रामस्नेही सन्तवाणी, पृ० ५४

ने सुरति और शब्द के अलौकिक संयोग का बड़ा ही विशद और हृदयग्राही वर्णन किया है। वहां अनन्त चन्द्रमा उदित हैं। करोड़ों सूर्य प्रकाशित हो रहे हैं[1]। वहां झाल, वीणा, मृदंग, शहनाई, बांसुरी, चंग, उपंग, भेरी, नरसिंह, मञ्जीर, ढोलक, गिड़गिड़ी, घुंघरू आदि अनेक प्रकार के वाद्यों की मधुर ध्वनि से वातावरण मुखरित रहता है[2]। इसी रम्य स्थलो पर सुरति और शब्द का मिलन होता है। दोनों एक दूसरे से एकमेक हो जाते हैं[3]। हरिरामदास ने सुरति और शब्द के इस मिलन की उपमा नीर-नीर के मिलन से दी है[4]। तात्पर्य यह कि दोनों इस प्रकार मिल जाते हैं कि किसी प्रकार का द्वैत नहीं रह जाता। रामचरण कहते हैं कि शब्द रूपी अमर पिय को पाकर सुरति सुहागिनी बन गयी[5]। अब वह ररकार पति के साहचर्य में निवास करते हुए गगन मण्डल में केलि करती रहती है[6] दोनों सुख की सेज पर परस्पर

---

१ अनन्तहि चंदा ऊगिया, सूर्य कोटि परकाश।
बिन बादल बरसा घनी, छह ऋतु बारह मास ।।

रामस्नेही सन्तवाणी, पृ० ५५

२ घोर अनहद्द की गिगन गिरणाइया होत बहु सोर नहीं कहत आवै
झालरी वीण मिरदंग सहनाईया, बांसुरी ताल झंणकार लावै।।
भेरि रणसिंग करनाल ववया बजै, चंग अरु उपंग गति करत न्यारी ।।
एक इक नाद मै राग नाना उठै, मधुर स्वर मधुर स्वर चलत भारी ।।
मंजीरा मान धधकार ढोलक करै, गिडगिडी राग मोहीचंग बाजै।
रुणझुंणं रुणझुंणं नृत्य जूं घूघरूं, घण्टा टकोर ध्वनि अधिक बाजै ।।

अणभै वाणी, पृ० १६२

३ सुरति शब्द परचा भया, ब्रह्म निरन्तर बास।

श्री रामस्नेहधर्मप्रकाश, पृ० ६२

४ हरिया हरिजन एक है जीव सीव नहिं दोय।
नीर मिलाना नीर में फिर न्यारा नहिं होय ।।

वही, पृ० ६३

५ मिलवै शब्द अक्ल सूं भया जीव सूं सीव।
सुरति सुहागणि होय रही परसि अमर वर पीव ।।

अणभै वाणी पृ० १५

६ ररकार पति परसिया सुरति सुन्दरी नारि।
रामचरण केला करै मिलवै गिगन मझारि ।।

वही, पृ० १४

हिलमिल कर विश्राम करते हैं और उन्हें जगत् के कार्य-व्यापार फीके दिखाई पड़ते हैं। प्रियतम को पा जाने के बाद उनको दृष्टि में दूसरा कोई नहीं आता। जो सुख उसे पिय की सेज पर मिलता है अन्यत्र दुर्लभ है[1]। रसिक राम के साथ सुरति सुन्दरी की बसन्त लीला निरन्तर चलती रहती है —

> राम रमीले से रग रच्यो म्हारे आज बसन्त को खेल ।।टेर।।
> प्रेमनीर पिचकारी दिल से छूटत चहुँ उर झेन ।।
> अध ऊर्ध्व बिच खेल मड्यो है सुरत शब्द को मेल ।।
> धुन बिच ध्यान ज्ञान जहा अनुभव जनम मरण दु ख पेल ।
> धालबाल रस राम रमैयो रामदास गुरु खेल[२] ।।

सूफी प्रेम-साधना और रामसनेही सम्प्रदाय

मध्ययुगीन सन्तो की प्रेमानुभूतियो पर कदाचित् सूफी प्रेम साधना का भी प्रभाव है। निर्गुणोपासना के आधारभूत तत्वो की व्याख्या करते हुए आचार्य शुक्ल ने लिखा है कि भारतीय भक्ति-मार्ग साकार और सगुण को लेकर चला है निर्गुण और निराकार ब्रह्म भक्ति और प्रेम का विषय नहीं हो सकता[3]। इस सम्बन्ध मे उनका अभिमत है कि मुसलमानी अमलदारी मे रहस्यवाद को लेकर जो निर्गुण भक्ति की बानी चली वह बाहर से—अरब और फारस की ओर से आयी थी[४]। प० चन्द्रबली पाण्डेय भी इसी प्रभाव की ओर सकेत करते हुए कहते हैं कि अध्यात्म की दृष्टि से तसव्वुफ में भारत के लिए कोई नई बात भले ही न रही हो पर उसमें प्रेम का प्रतिपादन और मादन भाव का प्रदर्शन कुछ नवीन अवश्य था। निम्न भारतीय भक्ति-भावना को सूफियों ने जो योग दिया उससे एक सन्त धारा फूट निकली[५]। यह कथन सर्वांश में सत्य नहीं है। प्रेम-प्रतिपादन और मादन भाव का प्रदर्शन भारतीय अध्यात्म-साधना

---

१ पिव पवनी सुख सेझ पर हिलमिल करत निवास।
रामचरण तब ही लगे फीको जगत विलास ।।
रामचरण पिव पाईया तब निजर न आवै और।
जो सुख पिव की सेझ पर सो नहीं दूसरी ठोर ।।

अणभैवाणी, पृ० १४

२ निर्गुण भजन माला, पृ० ११

३ द्रष्टव्य, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ० ७८ (१९९७)

४ चिन्तामणि, द्वितीय भाग (काव्य में रहस्यवाद) पृ० १२५

५ तसव्वुफ अथवा सूफी मत, पृ० २२७

सुरत पहूंती संतदास, चौथा घर कूं जाय।
अब तो निरभै होइ कर, रही राम ल्यौलाय॥
सन्त सुरत की जीभ सूं, राम ही राम कहंत।
बंक नाळ का सन्तदास, इम्रत रस पीवंत॥
सुरति शब्द दोउ रमत है, त्रिकुटी के छाजे।
सन्तदास अनहद का, जहां बाजा बाजे॥
द्वारे दसवें सन्तदास, रहे निरंजण राय।
सतगुरु का इक शब्द सूं, कीधा दरसण जाय॥
सुरति चली असमान कूं, मिली शब्द सूं जाय।
खुली सुषमणां सन्तदास, ता बिच रही समाय॥
लंघकर तीन मुकाम कूं, चौथे पहुँता जाय।
सन्तदास वा सन्त कूं, काळ कहां होइ खाय॥
सुरति निरंजण सूं मिली, रही निरंजण होहि।
आवागमन का सन्तदास, मिटिया धोखा मोहि॥
सुरति पकड़ रही शब्द कूं, शब्द सुरति हि मांहि।
अरस परस भया संतदास, अब कुछ अन्तर नांहि॥
राम नाम सूं संतदास, उड गया भरम अनेक।
नवलख तारा छुप गया, ऊगा सूरज एक॥
पवन नहीं पाणी नहीं, नहीं धरण आकाश।
संतदास उस देस में, पूरण ब्रह्म प्रकाश॥
सुरत छांडि तिहुं लोक कूं, ब्रह्म लोक रही जाय।
जहां अंजण नांहीं संतदास, रहत निरंजण राय॥

हाड चाम दीसै नहीं, सुपम जोत की देह।
संतदास उस राम सूं, सुरति मिली कर नेह॥
प्रम पुरी बिच संतदास, सुरति रही घर छाय।
जहां राम का राज है, जम का जोर न थाय॥
मिलना था सो मिल रहा, सुरति शब्द को जोग।
संतदास इस देह का, नहीं हरष नहीं सोग॥
सुरति उलट कर संतदास, शुन बिच गई समाय।
जाय पहुँची उस धाम कूं, जहां जन विरला जाय॥
सुरति राधिका संतदास, शब्द गुरु का कान।
शून्य मंडल बिच रहत है, देख भये हैरान॥
पहुंता पहुंता एक मत, अण पहुंता मत और।
अरहंट की घड़ संतदास, पडसी एकै ठौर॥
धुर पहुंच्या फकरां तणी, शब्दां पारख होय।
अगल बगल की संतदास, परख रखो मत कोय॥

संतो संतन का घर न्यारा।
जिस घट भीतर अमीं झरत है, एक अखंडित धारा ॥टेर॥
जहां घर नहीं अंबर दिवस नहीं रजनी, चन्द शूर नहीं तारा।
जहां नहीं वेद पवन नहीं पाणी, जहां न यो संसारा ॥१॥
जहां काम न क्रोध मरे नहीं जामे, नहीं काल का सारा।
जत सत तपस्या सो भी नांही, नहीं कोई आचारा ॥२॥
सुर तेतीसूं सो भी नांही, नहीं दसों अवतारा।
संतदास दीसत इस घर में, संत के सिरजण हारा ॥३॥

आरती

एसी आरती करो मेरे मन्ना, राम न विसरूं एक ही छिन्ना।
देही देवल मुख दरवाजा, वणिया अगम त्रिकुटी छाजा।१॥
सतगुरुजी की मैं वलि जाई, निस दिन जिह्वा अखंड लिवि लाई॥२॥
द्वितीय ध्यान हृदय भया वासा, परम सुख जहां होय प्रकाशा ॥३॥
तृतीय ध्यान नाभि मधि जाई, सन्मुख भये सेवक जहां सांई॥४॥
अब जाइ पहुंता चौथी धामा, सब साधन का सरिया कामा ॥५॥
अनहद नाद झालर झुणकारा, परम ज्योति जहां होइ उजियारा॥६॥
कोई कोई संत जुगति यह जाणी, जन संतदास मुक्ति भये प्राणी ॥७॥

सवैया—भेष को अंग

थोड़ो सो त्याग कै चोगुणो घेरियो, बूडि रह्यो घर का धंध में।
शठ छूटण हेत उपाय करी, पुनि आय फस्यो जम का फंद में॥
कर दांतलो जेली गंडासी गही, नित फेरत भोर रई दधि में।
कह रामचरण वंध्यो घरटी, गल नांहि रहै गुरु का वंध में॥१॥
ऐसे जीवन सूं मरवो ही भलो, शठ छोड़ि संसार खराब भयो।
तन ऊपर सांग फकीर को दीसत, धंध में आयु वदीत गयो॥
कभू गोबर थापत पीसत पोवत, साध सूं नारि सो होय रयो।
कहै रामचरण ऐसो धिक् जीवन, सांग लजावण कांहि लयो॥२॥
पीवत भांग तिजारो तमाखू हि, खाय अफीम रहे रंग भीना।
कर्म अशुभ करै केई कुकृत, सुकृत शुभ सूं होय पछीना॥
राम को नाम कह्यां खिज ऊठत, दांम कै काम गलाम अधीना।
रामचरण ये भेष लजावत, ऐसे कूं संत कहै मति हीना॥३॥

रेखता परचा

[१]

रसना लिव सैं शब्द तब सरकिया कंठ कै ध्यान विश्वास पाया।
इंगला पिंगला चलत दोउ एक रस कंठ हिरदा बिचै ध्वनी लाया॥
शब्द परकाश हिरदै भया परम सुख प्रेम का चांदणा तिमिर भागा।
बिरह की तप्ति शीतल भई पिवरूपी रोम ही रोम झड़ अधिक लागा।
नाभि ही कमल जाइ शब्द फिर उलटिया मेरु कै दंड होइ गगनं आया।
पर्शि कै त्रिकुटी न्हाय तिरबेणि तट गगन का गोख परि जाय छाया॥
तीन ही लोक सैं अलध सुख देखिया सुरति अरु शब्द मिल करत केळा।
राम ही चरण अब होय न्यारा नही अष्ट ही जाम नित रहत भेळा॥

[२]

घोर अनहद की गगन गिरणाईया होत बहु सौर नहि कहत आवै।
झालरी बीण मरदंग सहनाईयां बांसुरी ताल झुंणकार लावै॥

प्रथम राम रसना सूं गावै, मन कूं पकड़ि एक घर लावै।
राखे सुरति शब्द ही माहीं, शब्द छांडि कहुं अन्त न जांहीं ॥
तब रसना शिर छूटै धारा, चलै अखंड नहिं खंडै लगारा।
जल पीवन की श्रद्धा नांही, मति यो अमृत दूरि होइ जांहीं ॥
रस पीवत क्षुधा सब भागी, कंठां शब्द टगटगी लागी।
नाडि नाडि में चलै गिलगिली, सुख धारा अति बहै सिलसिली ॥
मुख सूं कछु न उचरे बैना, लग्या कपाट खुलै नहीं नैना।
श्रवणां चर्चा सुणैं न कोई, कंठ ध्यान यह लक्षण होई ॥
कंठ के ध्यान कँमकँमी जागै, रोम रोम सीतंग सो लागै।
हियो गद् गदे श्वास न आवै, नैणा नीर प्रवाह चलावै ॥
एक दिवस इक भया तमासा, कण्ठ हृदा बिच उठ्यो हुलासा।
ज्यूं पाळा की डोर न छूटी, हिरदे सीर सुखम रस ऊठी ॥
शब्द ब्रह्म हिरदै किया वासा, ज्यूं रैण अंधेरी चंद प्रकाशा।
भर्म कर्म सांशो गयो भागी, हिरदै ध्वनी अखंड लिव लागी ॥

कहा कहूं या सुख की महिमा, और सुख सब दीशे पलमा।
हिरदै ध्यान ध्वनी जब होई, दूजो साधन रहै न कोई ॥
हिरदा सूं लै धरणी गई, नाभि कमल में चेतन भई।
शब्द गुंजार नाड़ि सब जागे, रोम रोम में होइ रही रागे ॥
नौसे नारी मंगल गावे, तहां मन भँवरा अति सुख पावे।
शीतल भई सबै ही काया, शब्द ब्रह्मरस अमृत पाया ॥
अब तो शब्द गगन कूं चढ़िया, पश्चिम घाटि होईकै अनुसरिया।
घाटी बीस मेरु की छेकी, इक बीसै गढ़ गया विशेखी ॥
पहली बैठा त्रिकुटी छाजे, जाके ऊपर अनहद बाजे।
त्रिवेणी तट ब्रह्म न्हवाया, निर्मल होय आगे कूं ध्याया ॥

इंगला पिंगला सुखुमणा, मिले त्रिवेणी घाट।
जहां झाझे जल झूलिके, निर्मल होय निराट ॥
अब त्रिवेणी न्हाइकै, कीया गगन प्रवेश।
तीन लोक सूं अलध सुख, यो कोई चौथा देश ॥

अब चौथे घर पहुँता जाई, जहाँ का चहन मैं कहूं सुणाई।
घरर घरर अनहद घररावे, परम ज्योति दामणि झलकावे ॥
सुषुमण नीर लूंब झड़िलाई, भीजत सुरति गर्क होइ जाई।
अर्ध ऊर्ध जहां कमल प्रकासा, सुरति भँवर होइ करत बिलासा ॥
घुरै अखण्ड अनाहद बाजा, प्राण पुरुष जहां तख्त बिराजा।
झिलिमिलि झिलिमिलि नूर प्रकासै, अनंत कोटि रवि प्रकट्या भास ॥
या तो बात अतौल है भाई, मुख सूं कह्यां तोल ह्वै जाई।
पवन कहो कैसे गह हाथा, कैसे भरै गगन की बाथा ॥
रूप वर्ण कैसो तड़काको, ऐसो कहा बखानों जाको।
हाक वाक रहे कहत न आवै, पहुंच्या होइ सोही भल पावै ॥

अनहद गरजै नभ झरै, दामिनी ज्योति उजास।
रामचरण सनि सायराँ, हंसा करत निवास ॥

राम भजन करि सहज में, लंघिया तीन मुकाम।
कह चेतन अब रह गयो, सुरति सबद को काम ॥
वहाँ सबद एक रकार है, नहीं ममां सूं काम।
चेतन हरि किरपा भई, त्रिकुटी किया मुकाम ॥
तीन देस में राम भजि, चढ़ि चोथा कूं जाइ।
चेतन ररंकार ध्वनि वहां सुणै, सुख में रहे समाय ॥
मुख हिरदै अरु नाभि लग, रसना रटिये राम।
कह चेतन ताकै परै, सुरति सबद को काम ॥
चेतन सुरति भारी करी, रती सबद सूं जाय।
अब राम भजन बिन दूसरी, खारी लगैं उपाय ॥
सुरति सुखी भइ गिगन में, सुणि अनहद की घोर।
कह चेतन तिहुं लोक में, ऐसी नहीं काइ ठोर ॥

जल बरसै ज्वाला जलै, गिगन मण्डल के मांहि।
चेतन देखे सुरति सूं, बाहिर मालूम नांहि ॥
जल के मांहि धूं वळै, ररंकार भुंणकार।
चेतन वहां अणभै खुलै, सो ही बाणी सार ॥
ररंकार की घोर सुणि, मनवा थिर रह जाय।
चेतन सन्त यों सुळझिया, धुनि में ध्यान लगाय ॥
सुन्न मंडल में सुरति ने, पायो प्रेम भंडार।
निस दिन पीवे ध्यान धरि, चेतन इम्रत सार ॥
राम भजन को है खरो, चेतन के बिसवास।
सुमरण कर सुनि कूं चढ्या, जहां सब संतन का बास ॥
राम नाम कूं रैंण दिन, सुमरयो सांचे मन्न।
जन चेतन साची कहै, घट में लागी धुन्न ॥

(३)

आन को दास सो आन कूं चाहत, दान को दास सो दान करावै ।
तिरिया को दास तिरिया पख ल्यावत, माया को दास सो माया कुमावै ॥
राम को दास सो राम रटै नित, हुँ नह काम सबै छिटकावै ।
चेतनदास विचारि कहै जाको, सेवगहै ताकी धाम में जावै ॥

कुण्डलया

सतगुरु सब संत राम कूं है मेरी परणांम ।
सब ही किरपा राखियो ज्यूं सरै हमारो काम ।
ज्यूं सरै हमारो काम मन रहै तुम्हारा चरणां ।
तुम विन सुख कहुं नांहि भरम चौरासी मरणां ।
कहै चेतन या तीन सूं विमुख सो बड़ा हराम ।
सतगुरु सब संत राम कूं है मेरी परणांम ॥

आरती

आरती राम निरंजण स्वामी, तुम पत राखो अन्तरजामी । टेक ।
तुमरी किरपा सतगुरु पाया, राम भजन का भेद बताया ॥ १ ॥
सुमरण साधि सुधि हम पाई, रसना सूं ले हिरदै आई ॥ २ ॥
उरसूं ध्यान नाभ किया वासा, रोम रोम जहां ध्यान प्रकासा ॥ ३ ॥
अब जा चढ़या त्रिकुटी छाजै, जहां अनहद का वाजा वाजै ॥ ४ ॥
सुरति सबद दोऊ भेळा हूवा, पल एको नहीं होवे जूवा ॥ ५ ॥
ररंकार मिली करत अनंदा, चेतन यो पद परसै कोई वन्दा ॥ ६ ॥

[श्री देवादास जी का रामद्वारा, चांद पोल, जोधपुर की हस्त लिखित वाणी, पृष्ठ-४६२ से उद्धृत ।]

भजन किया जन सोय लही सुख धाम जी।
आन भरम तजि दूरि भज्यो इक राम जी॥
राम बिना सब ओर सकल धरम कूर है।
परिहां मुक्ता राम भज राम सकल भरपूर है॥ ४॥

रेखता— परचा को अंग

राम हि राम निज नाम रसना रट्या कट्या सब कर्म तन मन्न केरा।
द्वितीय ध्यान निज नाम कंठ में जागिया भागिया भरम सब भूठ फेरा॥

तृतीय ध्यान निज नाम हिरदै गयो भया जहाँ चांदणा तिमर न्हास्या।
चतुर्थ ही ध्यान उर नाभि मधि जाइके अष्ट ही कंवळ मन भंवर परस्या॥
भँवर जहाँ मन्न मस्तक अति होयकै पिछम के घाट होई गिगन बैठा।
गिगन के गोप अरु जोप मोजां करै सुरति मन भँवर होई सेव सैठा॥
सुरति सबद मन भँवर होई परसिया दरसिया सुक्ख मिलि सीव सागो।
मुक्त ही राम नह काम होई सुरति संग राम वर परस के दुःख भागो॥
गंग जहां जमन अरु सुरसती मेल होई खोई है कर्म तन मन्न केरा।
त्रिवेणी न्हाइ के मन निरमल भया गया अब ब्रह्म घर किया डेरा॥
गिगन का गोप पर जोप मोजां करै धरै जहां ध्यान नहीं तार टूटै।
मुक्त ही राम नर काम मिलि ब्रह्म स्यूं सुख आनन्द नित सुरति लूटै॥

सवैया

(१)

नूर लह्यो परमातम को जब आतम ब्रह्म सबै दरसाया।
सूक्ष्म स्थूल सबै सचराचर व्यापक नूर निरञ्जण राया॥
ज्यूं रवि ज्योत प्रकाशक कुंभ में है घट मांहि ज्यूं दूरि रहाया।
दास मुकत्त कहे इम टेर के ब्रह्म को रूप अरूप समाया॥

(२)

राम निरंजन आप विराजत बाजत कोट अनंत जु वाजा।
कोट अनंत जहां सूर तपै जहां क्रोड तेतीस सिरे सिरजाता॥

❋ नाद परचे का अंग ❋

दरिया सुमिरै राम को, आठ पहर आराध ।
रसना में रस ऊपजे, मिसरी जैसा स्वाद ।।१।।

रसना सेती ऊतरा, हिरदे किया बास ।
दरिया बरसा प्रेम की, षट् ऋतु बारह मास ।।२।।

दरिया हिरदे राम से, जो कबहु लागे मन ।
लहरें उठैं प्रेम की, ज्यों सावन बरसा घन ।।३।।

जन दरिया हिरदा बिचे, हुआ ज्ञान परकास ।
हौद भरा जहँ प्रेम का, तहँ लेत हिलोरा दास ।।४।।

हिरदे सेती ऊतरै, सुखम प्रेम की लहर ।
नाभि कँवल में सँचरै, सहज भरीजै डेहर ।।५।।

नाभि कँवल के भीतरै, भँवर करत गुञ्जार ।
रूप न रेख न वरन है, ऐसा अगम अपार ।।६।।

नाभि परचा उपजै, मिट जाय सभी विवाद ।
किरनैं छूटैं प्रेम की, देखैं अगम अगाध ।।७।।

नाभि कँवल से ऊतरा, मेरु डण्ड तल आय ।
खिड़की खोली नाद की, मिला ब्रह्म से जाय ।।८।।

दरिया चढ़िया गगन को, मेरु उलध्या डण्ड ।
सुख उपजा साँई मिला, भेंटा ब्रह्म अखण्ड ।।९।।

बंकनाल को सुध गहै, मेरु डण्ड की बाट ।
दरिया चढ़िया गगन को, लांध्या ओघट घाट ।।१०।।

दरिया मेरु उलग कर, पहुँचा त्रिकुटी सध ।
दुख भाजा सुख ऊपजा, मिटा भर्म का धुंध ।।११।।

अनन्त हि चन्दा ऊगिया, सूर्य कोटि परकास ।
बिन बादल बरषा घनी, छह ऋतु बारह मास ।।१२।।

बकनाल को सुध गहै, कोई पहुचै बिरला सन्त ।
अमो झरै जोति झिल मिलै, नौबत धुरै अनन्त ।।१३।।

दरिया मन परसन भया, बैठा त्रिकुटी छाजै ।
अमी झरै बिगसै कँवल, अनहद धुन गाजै ।।१४।।

दरिया त्रिकुटी सन्ध में, मन ध्यान धरै कर धीर ।
अवस चलत है सुषमना, चलत प्रेम की सीर ।।१५।।

चलै सुरसरी अगम की, हिरदे मन्झ समाय ।
जन दरिया वा सुषमना, रोम रोम हो जाय ।।१६।।

दरिया नाद प्रकासिया, सो छबि कही न जाय ।
धन्य धन्य वे साधवा, वहाँ रहे लौ लाय ।।१७।।

दरिया नाद प्रकासिया, पूरी मन की आस ।
घन बरसै गाजै गगन, तेज पुञ्ज परकास ॥१८॥
दरिया नाद प्रकासिया, किया निरन्तर बास ।
पारब्रह्म परसा सही, जहँ दरसन पावै दास ॥१९॥
जन दरिया जाय गगच में, परसा देव अनाद ।
असुध बीसरी सुध भई, मिटिया वाद विवाद ॥२०॥
घुरे नगारा गगन में, बाजे अनहद तूर ।
जन दरिया जहँ थिति रचो, निस दिन बरसै नूर ॥२१॥
जन दरिया जाय गगन में, किया सुधा रस पान ।
गंग बहै जहँ अगम की, जाय किया अस्नान ॥२२॥
अमी झरत विगसत कँवल, उपजत अनुभव ज्ञान ।
जन दरिया उस देस का, भिन भिन करन बखान ॥२३॥
सुरत गगन में बैठकर, पति का ध्यान सँजोय ।
नाड़ि नाड़ि रुँ रुँ बिचे, ररंकार धुन होय ॥२४॥
विन पावक पावक जलै, बिन सूरज परकास ।
चाँद विना जहँ चाँदना, जन दरिया का वास ॥२५॥
नौवत बाजै गगन में, बिन बादल घन गाज ।
महल बिरजै परम गुरु, दरिया के महाराज ॥२६॥
कञ्चन का गिरी देखकर, लोभी भया उदास ।
जन दरिया थाके बनिज, पूरी मन की आस ॥२७॥

ब्रह्म अगनी ऊपर जलै, चलत प्रेम की बाय ।
दरिया सीतल आतमा, कर्म कन्द जल जाय ॥२८॥

कहा कहै किरपा करी, कहै रहै कोई रूठ ।
जन दरिया बानक बना, राम ठपोरी पूठ ॥२९॥

दरिया त्रिकुटी महल में, भई उदासी मोय ।
जहँ सुख है तहँ दुख सही, रवि जहँ रजनी होय ॥३०॥

दरिया मन रञ्जन कहे, सुखी होत सब कोय ।
मीठे औगुन ऊपजै, कड़ुवा से गुन होय ॥३१॥

मीठे राचे लोग सब, मीठे उपजै रोग ।
निरगुन कड़ुवा नीम सा, दरिया दुर्लभ जोग ॥३२॥

त्रिकुटी के मन्झ बहत है, सुख की सलिता जोर ।
जन दरिया सुख दुख परे, वह कोई देस जो ओर ॥३३॥

त्रिकुटी मांहि सुख घना, नांहि दुख का लेस ।
जन दरिया सुख दुख नहीं, वह कोई अनुभव देस ॥३४॥

※ ब्रह्म परचे का अंग ※

दरिया त्रिकुटी सन्धि में, महा जुद्ध रन्न पूर ।
कायर जन पूटा फिरै, सुन पहुचे कोई सूर ॥१॥

दरिया मेरु उलघिया, त्रिकुटी बैठा जाय ।
जो वहाँ से पूठा फिरै, तो विषयों का रस खाय ॥२॥

दरिया मन निज मन भया, त्रिकुटी मन्झ समाय ।
जो वहाँ से पाछा फिरै, तो मन का मन हो जाय ।।३।।
दरिया देखे दोय पख, त्रिकुटी सन्धि मन्झार ।
निराकार एकै दिसा, एकै दिसा आकार ।।४।।
निराकार आकार विच, दरिया त्रिकुटी सन्ध ।
परे अस्थान जो सुरत का, उरे सो मन का बन्ध ।।५।।
मन बुध चित अहकार को, है त्रिकुटी लग दौड़ ।
जन दरिया इनके परे, ब्रह्म सुरत की ठौड़ ।।६।।
मन बुध चित अहकार यह, रहै अपनी हद मांहि ।
आगे पूरन ब्रह्म है, सो इनको गम नांहि ।।७।।
मन बुध चित अहंकार के, सुरत सिरोमन जान ।
ब्रह्म सरोवर सुरत के, दरिया सन्त प्रमान ।।८।।
मन बुध चित अहकार यह, रहै सुरत के मांहि ।
सुरत मिली जाय ब्रह्म में, जहँ कोई दूजा नांहि ।।९।।
ममा मेरु से बावड़ै, त्रिकुटी लग ओंकर ।
जन दरिया इनके परे, ररंकार निरधार ।।१०।।
दरिया त्रिकुटी हद्द लग, कोई पहुंचै सन्त सयान ।
आगे अनहद ब्रह्म है, निराधार निरबान ।।११।।
दरिया त्रिकुटी के परे, अनहद ब्रह्म अलेख ।
जहाँ सुरत गैली भई, अनुभव पद को देख ।।१२।।

रतन अमोलक परख कर, रहा जौहरी थाक ।
दरिया तहँ कीमत नहीं, उनमुन भया अबाक ।।१३।।

इड़ा पिंगल सुषमना, त्रिकुटी सन्धि मन्झार ।
दरिया पूरन ब्रह्म के, यह भी उल्ली वार ।।१४।।

सुरत उलट आठों पहर करत ब्रह्म आराध ।
दरिया तब ही देखिये, लागी सुन्न समाध ।।१५।।

सुरत ब्रह्म का ध्यान धर, जाय ब्रह्म में पर्स ।
जन दरिया जहँ एकसा, दिवस एक सौ बर्स ।।१६।।

ररंकार धुन हौद में, गरक भया कोई दास ।
जन दरिया व्यापै नहीं, नींद भूख और प्यास ।।१७।।

जन दरिया आकास लग, ओंकर का राज ।
महासुन्न तिसके परे, ररकार महाराज ।।१८।।

दरिया सुरति सिरोमनी, मिली ब्रह्मसरोवर जाय ।
जहँ तीनों पहुंचै नहीं, मनसा वाचा काय ।।१९।।

काया अगोचर मन्न अगोचर, सब्द अगोचर सोय ।
जन दरिया लवलीन होय, पहुँचेगा जन कोय ।।२०।।

धरती गगन पवन नहीं पानी, पावक चन्द न सूर ।
रात दिवस की गम नहीं, जहँ ब्रह्म रहा भरपूर ।।२१

ररंकार सतगुरु ब्रह्म, दरिया चेला सुर्त ।
जैसा मिला तैसा भया, ज्यों संचे माँहि भर्त ।।२२।।

दरिया सूरति सर्पनी, चढ़ी ब्रह्म के मांय।
जाय मिली परब्रह्म से, निरभय रही समांय ।।२३।।

दरिया देखत ब्रह्म को, सुरत भई भयभीत।
तेज पुञ्ज रवि अगनी बिन, जहँ कोई उष्न न सोत ।।

पाप पुन्न सुख दुख नहीं, जहँ कोई कर्म न काल।
जन दरिया जह पड़त है, हीरों की टकसाल ।।२५।।

सुरत निरत परचा भया, अरस परस मिल एक।
जन दरिया बानक बना, मिट गया जन्म अनेक ।२६।

तज विकार आकार तज, निराकार को ध्याय।
निराकार में पैठकर, निराधार लौ लाय ।।२७।।

सुरत मिली जाय ब्रह्म से, अपनो इष्ट संभाल।
जन दरिया अनुभव सब्द, जहँ दीखै काल विसाल ।२८।

सुरत मिली जाय ब्रह्म से, मन बुध को दे पूठ।
जन दरिया जहँ देखिये, कथनी बकनी झूठ ।।२९।।

दरिया जहँ लग गगन है, जहँ लग सुरत निवास।
इनके आगे सुन्न है, जहँ प्रेम भाव परकास ।।३०।।

दरिया अनहद अगनी का, अनुभव धूवाँ जान।
दूरा सेती देखिये, परसे होय पिछान ।।३१।।

मान बड़ा अनुभव सब्द, दूर देशान्तर जाय।
अनहद मेरा साइयाँ, घट में रहा समाय ।।३२।।

❋आरती संग्रह❋

ऐसी आरती करो मेरे मन्ना ।
राम न बिसरू एको छिन्ना ॥१॥

देही देवल मुख दरवाजा ।
बन्या अगम त्रिकुटी छाजा ॥२॥

सतगुरुजी की मैं बलिजाई ।
निश-दिन जिव्या अखंड लिवलाई ॥३॥

द्वितीय ध्यान हिरदे भया वासा ।
परमसुख जहाँ होय प्रकासा ॥४॥

तृतीय ध्यान नाभी मधि जाई ।
सनमुख भये सेवक जहाँ सांई ॥५॥

अब जाय पहुँचा चोथी धामा ।
सब सन्तन का सरिया कामा ॥६॥

अनहद नाद झालर झँणकारा ।
परम जोत जहां होय उजियारा ॥७॥

कोई कोई सन्त जुगत यह जाणी ।
जन संतदास मुक्ति भये प्राणी ॥८॥

❋——❋

आनन्द आरती आतम देवा ।
जन दरियाव करे जहाँ सेवा ॥६॥

——

तन मन आरती करूँ नित सेवा ।
जन दरियाव मिल्या गुरुदेवा ॥टेर॥

सद्‌गुरु शब्द दिया सुख धारा ।
निस दिन रसना राम उचारा ।
कण्ठ हिरदा विच भया परकासा ।
ब्रह्म मिलन की भई मन आशा ।
नाम कंवल विच शब्द गुंजारा ।
रग रग रोम रोम रंरंकारा ।
पेस पयांल आकास सिधाया ।
चढ्या त्रिकुटी परम सुख पाया ।
ईडा पिंगला सुखमण मेला ।
चान्द सूरज एकण घर मेला ।
शुन्न सिखर जहँ अनहद वाजे ।
अनन्त कोटि जहँ सन्त विराजे ।
अनघड़ रूप अखण्ड अविनासी ।
जन पूरणदास जहाँ के वासी ।

——

कर मन आरती देव निरंजन ।
आवागमन सकल दुख भंजन ॥१॥
प्रथम सेव सतगुरु की कीजै ।
तन मन अरप चरण चित दिजै ॥२॥
राम राम रसना लिव लागी ।
हिरदे जोत ब्रह्म की जागी ॥३॥
नाभ कमल बिच नाद बजाया ।
गरज्या शहर गगन गरणाया ॥४॥
शहर आनन्द घर मंगलचारा ।
चढ्या त्रिकुटी में प्राण हमारा ॥५॥
आदि अनादि राम वर मेरा ।
जन किसनदास चरणों का चेरा ॥६॥

आरती सुणज्यो सिरजन हारा ।
पलक न बिसरूं नाम तुम्हारा ॥१॥
सरगुण सेवा ओंम्कारा ।
निरगुण नाम सकल विस्तारा ॥२॥
वेद कतेब सुणै सब कोई ।
राम भज्यां बिन मुक्ति न होई ॥३॥

वेदांत – लोकप्रसिद्ध । २१. महमाया–महत्तत्व । जोती–सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण ।

जम की पासी सकल पसारा स्वर्ग रु मध्य पयाला ।
या मू को निकसण नहिं पाय, बंधे भ्रम्म के जाला ॥ १४
तीन-लोक पर जबरो डाणी सब सू डाण उगावे ।
भवन चवर दस जम के सारा, पकर जमपुरी लावे ॥ १५
तीरथ बरत जोग जिग दाना, क्या आचार विचारा ।
एता किया ब्रह्म नहिं पावै रहे वार के आरा ॥ १६
कोट उपाय करै जो कोई सतगुरु बिन नहिं छूटै ।
सत का सबद जानिया नांही काल निरंतर लूटै ॥ १७
हद के मांहि काल का फेरा, जह तह पकड मंगावे ।
पाप पुन्न सू भव लग लागा सुरग नरग में जावे ॥ १८
हद का जीव हद सू राजी बेहद सू दुख पावे ।
बेहद गया जके नर सुखिया जह जम-जाल न जाय ॥ १९
प्रथम मिल्यां पूरब की पोलां, रसना नाम रटाया ।
कंठ-कमल में जीव आगिया हिरदे प्राण समाया ॥ २०
हिरदे मांहि मन का वासा मन सू जूझ मचाया ।
सूर बीर सो मन सूं जूझै सत का खड़ग समाया ॥ २१
मन कूं जीत चल्या हम आघा नाभि-कमल मे आया ।
मन पवना एके घर मिलिया, अंतर नाद बजाया ॥ २२
रूम रूम में अजपा होई बिन रसना लिव लागी ।
सुनिया मा‍ हुवा जन सुखिया सुरत सुदगी जागी ॥ २३
नाभी जीत चल्या हम आघा सप्त पताला आया ।
उलट पवान अगम दिस लागा पिछम दिसा कूं ध्याया ॥ २४
पछिम घाट मन पवन समूझे, अरधे उरध पयाना ।
गूग्यीर गा गिर भिम जूझ अजरा अमर भराना ॥ २५

---

१. हद – माया । बेहद – निर्गुण परब्रह्म ।

सौ म र

[illegible]

त्रिगुटी घाट मे सतजन सापड्या, कटिया कर्म अरु ब्रह्म हूवा ।
गुरुदेव परताप तै दास रामा कहे, दसवे द्वार तुम बोल सूवा ॥ ४

रेखता ३

प्रथम मुख द्वार हम सार सिंवरण किया, आठ ही पहर हरि नाम ध्याया ।
दूसरे कठ मे प्रेम परकासिया, गला मे गद सुख स्वाद आया ॥ १
तीसरा ह्रिदा मे वासा लिया, मन्न ही मन्न मिल झीण गाया ।
बाज मुरली सुणी जोर नीका गुणी, सत कू बहुत इतबार आया ॥ २
चतुरथै नाभि मे सबद परकासिया, भवर गुजार हुय एक बाजा ।
छेद पाताल अरु उलट पछिम दिसा, देखिया गैब का अगम छाजा ॥ ३
उलघिया मेरु आकास मे घर किया, सहज विरखा बणी एक धारा ।
इला पिंगला सुषमणा गग चले, बन पीवत नख-सिख सारा ॥ ४
गगन अंबर गजै अनत बाजा बजै, धिन्न अब धिन्न सत भाग तेरा ।
सत्तगुरु महर तै दास रामा कहै, जनम अरु मरण भव मिट्या फेरा ॥ ५

रेखता ४

मन को वास निज नाभि मे रोपियो, धुन की वरत सुन बाध छाजै ।
पवन को नटवौ[1] ध्यान डाको लगै, अनहद डेंबकी खूब बाजै ॥ १
चित्त के चौहटै ख्याल आछा मड्या, अरध अरु उरध विच खेल बाजी ।
चेतिया सहर समसत[2] ही आविया, देखिया ख्याल अब जोर राजी ॥ २
पाच पचीस मिल वरत कू भूमिया, सुरत नटणी चढी अगम आघी ।
सील सिणगार सतोष का सेहरा, हद वेहद विच धूस[3] लागी ॥ ३
नाच आकास मे राम रिझाविया, जाय महाराज कू सीस न्याऊ ।
गुरुदेव परताप तै दास रामा कहे, मुगत का देस की रीज पाऊ । ४

---

१ **नटवौ** – ढोल बजाने की पतली चीपटी । **डेंबकी** – ढोलक । **डाको** – डका ।
२ **समसत** – समस्त । ३ **धूस** – अनेक वाद्यो की सम्मिलित ध्वनि ।

क कबहू नहिं छूटै, सतगुरु बिना काल सब लूटे ।। २
क मे काल पसारा, सब जीवन का करे अहारा ।। ३
मा हरि गुरु तें पाया, दिल भीतर दीदार कराया ।। ४

[२]

राग विलावल

जाग जाग रे जोगिया, क्यू नी नगर जगावै ।
आठ पहर जागत रहो, सुन्य सहर बसावै ।। टेर
मुख सेती सिंवरण किया, कठ में चल आया ।
गदगद लहरा सुषम की, सूता जीव जगाया ।। १
हिरदे मे हरि आविया, चेतन तन सारा ।
बुध कमल परकासिया, जग सेती न्यारा ।। २
नाभ कमल मे सतजन, सहजा चल आया ।
नाद अनाहद साभल्या, सुरत रास मडाया ।। ३
सुरग मरत पाताल मे, एको धुन होई ।
तीनलोक चेतन भया, जाग्या सब कोई ।। ४
उलट पयाल अकास चढ, उलघे मेरा ।
इला पिंगला सुषमणा, तिरवेणी डेरा ।। ५
त्रुगटी सू आगे भया, सुन्य माहि समाया ।
सुख-समाधि सहजा लगी, निरभै पद पाया ।। ६
मन पवना पहुचे नही, बुध जाण नहिं पावे ।
रामदास धिन सतजन, ता घर मे लिव लावे ।। ७

[३]

राम सिंवर रे प्राणिया, भूलै मत भाई ।
सिंवरण बिन छूटै नही, जम द्वारै जाई ।। टेर

[३१]

ऐसी आरती अतर कीजै, अतर कीया जुगे-जुग जीजै । टेर
पहली आरती मुख सू करावौ, सास-उसास राम रस पावौ ॥ १
दूसरी आरती हिरदै माही, सरवन मुरली टेर सुनाई ॥ २

तीसरी आरती नाम मझारा, झुम-झुम झालर झणकारा ॥ ३
चौथी आरती त्रुगटी ध्याना अनहृद बाजै उपज ज्ञाना ॥ ४
पांचमी आरती सुन्य समाई सता समाध अखंड लिय लाई ॥ ५
पांचू आरती जन कोइ साजै, रामदास के सीस बिराजै ॥ ६

[१२]

ऐसी आरती जन कोई साजै भव दुख भजन राम निवाजै । टेर
सास-उसास राम रस पीजै हिरदै मांहि उजाला कीजै ॥ १
नाभि-कमल में प्राण विराजै झालर ताल सख धुन बाजै ॥ २
अरध-उरध बिच झिलमिल जोती, तिरवेणी बिच ओतर पोती ॥ ३
बिना नींव एक देवल दख्या देह बिना एक देव अलेखा ॥ ४
रामदास यह सेवा लागा, जुरा-मरण का भव डर भागा ॥ ५

[११]

निरगुण आरती राम कूं भावै सत-सबद नित सतगु ध्यावै । टेर
प्रथम ज्ञान गुरु कान सुनाया सतगुरु सेती सीस नवाया ॥ १
दुतीये रसना राम धियाया, कंठ-कंवल में प्रेम मिलाया ॥ २
त्रितीये नाम हृदे घर आया, दिल भीतर दीपक दरसाया ॥ ३
चौथे परम गुरु नाभि पधारे, रूंम-रूंम में मंगल उचारे ॥ ४
उलटा अजपा जाप अपाया हद कूं जीत बेहद मे आया ॥ ५
अनहद नाद अखंडत बाजै रामदास जहां आरती साजै ॥ ६

[१४]

राग कनड़ा

राम सरीसा और न कोई जिन सिंवरयां सुख पावै सोई । टेर
राम नाम सू अनेक उधरिया, अनत-कोट का कारज सरिया ॥ १
जो हरि सेती लावै प्रीता राम-नाम ताही का मींता ॥ २

१२(३) ओतर पोती — ओतप्रोत ।

18:06
Shri Ramdasji Maharaj Ki Ba...

राम नाम जिनही जिन लीया , जिन-जिन वास ब्रह्म मे कीया ॥ ३
रामदास इक राम धियाया , परम-जोति के माहि समाया ॥ ४

[३५]

ऐसी जडी मोय सतगुरु दीनी , तन-मन अरप अंतर मे लीनी । टेर
श्रवणा सुनत बहुत सुख पाया , निरखत जडी नैण खुल आया ॥ १
सूघत मगन भया मन मेरा , चाखत मिटग्या भरम अंधेरा ॥ २
पीवत जडी हृदा मे ऊगी , चलत लहर नाभि जाय पूगी ॥ ३
रूम-रूम मे सरव वियापी , उलटी जाय अगम घर थापी ॥ ४
उर-अंतर एको धुन लागी , इला पिंगला सुषमण जागी ॥ ५
मुगत-द्वार मे ाण समाया , जनम-मरण दोय रोग मिटाया ॥ ६
ब्रह्मादिक सनकादिक जाणै , राम जडी सिव सेस बखाणै ॥ ७
अनंत कोट संता या पाई , रामदास गुरुदेव बताई ॥ ८

[३६]

मेरे राम रसायण बूटी , पीवत रोग गया सब तूटी । टेर
मुख तै भ्रम गया सब भागी , कंठ मे विषै-वासना त्यागी ॥ १
हिरदा माहि किया परकासा , मनवा मूवा हुवा निज दासा ॥ २
नाभ-कमल मे प्राण समाये , पांच सरपणी पकड मराये ॥ ३
उलटा चढ्या पिछम की वाटी , कलह कलपना ले भुय दाटी ॥ ४
सूरा संत मेरु मे मंडिया , ढाया काल करम सब छंडिया ॥ ५
चढ आकासा त्रुगटी न्हाया , सासा सोग'रु रोग गमाया ॥ ६
त्रिगुण ताप मोह दुख गलिया , काम क्रोध सहजा पर जलिया ॥ ७
नव तत पांच पचीसू मूवा , रामदास पी निरभै हूवा ॥ ८

[३७]

आवौ राम हमारै माही , तुम आया बिन जीऊ नाही । टेर

३६(४) भुय दाटी – धरती मे दबा दिया ।

किरपा करो करम सब कापो , आदि अंत अपनो कर थापो ॥ १

ा समरथ हो केवल रामा , भनस कोट का सारे कामा ॥ ३३
स रामियो बालक तेरो भजहु दुख न मेटो मेरो ॥ ३४

[४]

मने जन की बाहिर ध्यावो कृपा करो पल मांहि छुडावो । टेर
ग में होय जनांदा हाबा , विडद तुमारो लाजे बाबा ॥ १
ग में होय जनां की हासी सांई विड़द तुमारो जासी ॥ २
न क और आसरो नांई एको शरण तुमारी सांई ॥ ३
रज हमारी सुनिय देवा नीतर जाय भगति का भेवा ॥ ४
हरिजन की न्याय न होई जग में भगति कर नहिं कोई ॥ ५
म समरथ हो केवल रामा , भगति कराय सारो सब कामा ॥ ६
मदास को जोर न कोई बालक के बल रोवण होई ॥ ७

[४१]

राग विहाग

गुरु मेरे ऐसी कदर बताई तातें सुरत सबद घर आई । टेर
रसना नाम नेम कर लीया, निस-दिन प्रीत लगाई ।
हिरदा मांही पेम परकासा आतम की गम पाई ॥ १
नाभी मांही नाद परकासा सबही बन गूंजाणा ।
पिछम दिसा की घाटी खूली मेरु-मंड हुय आणा ॥ २
सहजां उलट आदि घर आया तिरवेणी को तीरा ।
रामदास सुन सागर मांही चुगत हंस जह हीरा ॥ ३

[४२]

धिन जाके साधु समागम होई जाके विघन न व्याप कोई । टेर
सब तीरथ साधां के चरनां सरब देवता लारे ।
राम निरंजण राय पधारे साधू आवत द्वारे ॥ १

(टेर) बाहिर ध्यावो – रक्षा के लिये आवो । (१) हाबा – हल्ला (अपवाद) ।

साधु राम एको ही कहिये, जा बिच अंतर नाही ।

18:08

रामदास साचा इक साइँ, जहा संत किया वासा ॥ ५

[४४]

सतो सतगुरु भेद बताया, राम सिंवर घर पाया । टेर
परथम सबद सरवना सुनिया, सुणत भरमना भागी ।
सिष हुय लग्या सतगुरु के चरनां, बुध चेतन हुय जागी ॥ १
सतगुरु दिया एक निज नामो, रात-दिवस हम ध्याया ।
चतुर पख का कमल छेदिया, कठ में जीव जगाया ॥ २
चेतन भया जीव अब जाग्या, गदगद होत निवासा ।
षष्ट पख का कमल छेदिया, हृदे लिया निज वासा ॥ ३

धम-धमकार हृदा विच लागी पेम लहर दरसाई ।
फुरका चल सब पिंड चेतन मन की रटण जगाई ॥ ४
अष्ट-पख का कमल हृदा बिच छेद नाभि में आया ।
मन पवना एके घर मिलिया सहजां नाच नचाया ॥ ५
नाड-नाड एको धुन लागी, रूम-रूम परकासा ।
रग रग मांही भया अभभा, सिंवरण सास-उसासा ॥ ६
सोलै पंख कमल नाभी का छेद पीठ सध लाया ।
उलटा चढ्या पछिम के मारग, मेरु डंड में आया ॥ ७
पख बतीस मेरु का कमला, छेद चढ्या आकासा ।
इला पिंगला सुषमण मेला त्रिवेणी में वासा ॥ ८
गरज आभ गिगन घन घोरा नाद अनाहद वाया ।
बीज भलाभल चमकण लागी अखंड एक मड लाया ॥ ९
पंख हजार कमल तहा फूल्या, कली कली रस छूटा ।
उलटी सुरत मिली सुख-सागर हीर अमोलक बूठा ॥ १०
कंमल छाड मवे जाय विलम्या, भवर रह्या लपटाई ।
रामदास मुक्ताहल पाया ब्रह्म बाग के मांई ॥ ११

[४५]

संतो एसा औषध पाया (मोहि) सतगुरु भद बताया । टेर
औषध एक दिया गुरु भरे खायां भेद न जाई ।
ताव तेजरो और त्रिषा सब पच गूबड गडवाई ॥ १
खांसी कफ जरा तन खाई रोग छतीसूं दूरा ।
रोम रोम मे औषध रमिया उर-अंतर निज नूरा ॥ २
आवागवण बहुरि नहि आऊ, जामण-मरण मिटाया ।
त्रिगुण-ताप नास भव मांई, सुन्न में जाय समाया ॥ ३

18:11

दरसण दीठा रामिया, आज जाय सब भ्रम ।
ऐसा गुरु हरिरामजी, परस्या काटै क्रम ।। ६९

पूरण ब्रह्म विराजिया, गाव सिंहथल माहि ।
रामदास जन जानसी, दूजा को गम नाहि ।। ७०

इति श्री गुरु महिमा सम्पूर्णम्

*

अथ ग्रंथ भक्तमाल

साखी

मैं अबला हू रामदास, आधौ अती अचेत ।
तुम सतगुरु हो सीस पर, हम कू करो सचेत ।। १

रामदास की वीनती, तुम हो अगम अपार ।
भक्तमाल का भेव दौ, सतगुरु करू जुहार ।। २

चौपाई

सतगुरु मिल्या नाम निज पाया, सत्त सबद कू निस दिन ध्याया ।
हृदय-कमल घर लीया वासा, बीज भगति मोय उपजी आसा ।। ३

नाभ कमल मे राम मिलाया, रूम-रूम मै रग लगाया ।
उलटा सबद पिछम दिस फिरिया, अरधे-उरध प्रेम रस झरिया ।। ४

मनुवा उलट अगम घर आया, सब सतन का दरसन पाया ।
सब सत मेरे सीस बिराजे, सत्त सबद सता मुख छाजे ।। ५

---

७० सिंहथल – बीकानेर राज्यान्तगत आचार्य श्री का गुरुधाम ।
२ भेव – रहस्य । जुहार – नमस्कार ।

सब सतां कू राम पियारा, भक्तमाल का करू उचारा ।
रामनाम सपत सुख दाई, सब सतां मिल साख बताई ।। ६

राम नाम ध्यावे कुल माँई सो वंदय मेरा है भाई ।
राम नाम कू निस दिन ध्यावे आवागवण बहुरि नहीं आवे ।। ७

रेखता :- आकाश सूं पंच पंयाल कूं उतरिया, चोकिया चार विश्राम पाया।
पांच पचीस दिन नाम रसणा लिया, हिरदे मास हरि अेक गाया॥
नाभ के बीच में जुग सो रम रयो, गुरां के भेद पाताल आया।

मूल द्वार में गम ऐसी पडी। पवन के फेर कोई भंवर खाया॥
नाड चोबीस का बंद एक लग्या, उथे जालंधरी बंद लागा।
धरण आकाश मध्य होत झणकार रे। थाल कूं छेड कोई देत भाया॥
भेद की बात निज फेर अैसे कहूं, मूण में भंवर कोई गीत गाया।
पांव हर पंख बिना चलत आकाश कूं। पिछम देश का भेद पाया॥
पिछम के देश का सूत अेसे लग्या, कूप में कुम्भ कोई खींच लाया।
मेर के ऊपरे बंध बोह भांत का, धर्म कूं जीत आकाश आया॥
अला हर पिंगला दोय काने लगी, त्रिवेणी घाट सो आन नहाया।
मध्य से सुखमणा आन भेली हुई, चन्द्र हर सूर घर एक लाया॥
अरध हर उरध ज्यां कमल दोय फूलिया, शब्द की घोर गिगनार छाया।
दास सुखराम गुरूदेव प्रताप सुं, गढ़ पर चढ़ निसाण बाया॥ १॥

शब्द आकाश याने ब्रह्म बैराट से उतरकर पंयाल याने शरीर में प्रवेश करता है। सतगुरू विधि से भजन करने पर कंठ हृदय नाभी दशवां द्वार याने पारब्रह्म इन चार चोकी पर शब्द ठहरता है। एक महिना जीभ से राम राम किया, एक महिना हृदय में रखकर भजन किया। नाभी मे बारह वर्ष तक भजन कर सतगुरू विधि से गणेश शेष के स्थान पर आया, गणेश स्थान से पिछम में उलटना ही स्वांसा के फेर में भंवर खाना है। जहां चौबीस नाडिया मिलती है। उस नाभी स्थान पर जालंधरी नाम का बंध लगा। धरण गणेश स्थान मध्य नाभी व आकाश ब्रह्मण्ड तक शब्द की ध्वनि होने लग गई । जैसे थाल को किसी के छेड देने पर होती है। उस शब्द भेद की बात ऐसी है जैसे मूण में हवा घुस जाती है। तब ऐसा मालूम होता है कि भंवरे गुंजार कर रहे हो। बिना पांव बिना पंख के ब्रह्मण्ड की ओर जा रहा है तो बीच में पिछम याने बंकनाल का भेद मिल गया। शब्द जब मेरूस्थान पर आता है जब ऐसा मालूम पडता है कि कोई कुए में से घडे को खींच रहा हो। मेरूदण्ड पर कई तरह के बन्ध लगते है। इस तरह धर्मराज के स्थान को जीत कर ब्रह्मण्ड में आया, बांयी तरफ ईड़ा, दायीं तरफ पिंगला, दोनो तरफ से त्रिकुटी में पहुंची। मध्य से सुखमणा आकर शामिल हो गई। ईडा पिंगला शामिल हो गई। अर्ध उर्ध में सतगुरू विधि से भजन करने से शब्द गिगन में छा गया। म: फ: है कि सतगुरू केवली भगवंतो के प्रताप से शुन्य में के: पद में गढ पर चढकर निसान बाया याने अखण्ड ध्यान लगा।

नाभ रसणा बिचे एक धारा लगी, गदगद कंठ अलेख ध्यावे।
अरट आकाश में रात दिन बह रहयो, बेल पाताल कूं नीर जावे॥
सांस ऊसांस बीच बारा ढुले, रोम ही रोम संभाल पावे।
गुरूदेव प्रताप भेद कर उलटिया, पिछम देश आकाश आवे॥
शब्द का भेद कोई संत जन जानसी, मुक्त की राह दिल खोज पावे ।
दास सुखराम जहां रीत निरभय बणी, पहुंचिया संत जिण गेल ध्यावे॥ २॥

नाभी रसणा के बीच सांस उसांस में भजन होने लगा। कंठ में गदगदी बिरह प्रेम से भजन कर अलेख याने परमात्मा जो लखने में नहीं आता। उसका सतगुरू विधि से भजन किया। ब्रह्मण्ड में शब्द का अखण्ड अनुभव होना ही पाताल कूं बेल जाना है । सांस उसांस में भजन करना बारा

ढुलना है। रोम रोम में उसका असर होता है। केवली सतगुरू के प्रताप से भेद को कोई कोई संत ही जानते है। दिल खोजने पर ही मुक्ति का रास्ता मिलता है। म: फ: है कि जब ऐसी निरभय रीति बनती है जिस रीति को धारण कर पहले सन्त पहुंचे है उसी रास्ते पर चलकर उस पद की प्राप्ति करे।

अथ ग्रंथ नाम परचा प्रारंभः ।

सत गुरु के सत शब्द तें, उपज्यो मन विश्वास ।
राम नाम छाँड़ूं नहीं, धरूं न दूजा पास ॥ १ ॥
प्रथम राम रसना सुमर, द्वितिये कंठ लगाय ।
तृतिये हिरदै ध्यान धरि, चौथे नाभि सिलाय ॥ २ ॥

चौपाई ।

अध मध उत्तम त्रय घर ठानू । चौथे अति उत्तम अस्थानू ॥
यह चहुँ भिन देखे आसरमा । रामभक्ति को पावै मरमा ॥ १ ॥
अध सुमरन जू ऐसें कहिये । रसना राम राम कूं गहिये ॥
निशिदिन रसना राम उचारा । ज्यौं द्'र बंदीवान पुकारा ॥ २ ॥
ज्यौं रसना तन यौं तृण वेली । तन तृण संग तंतु वा मेली ॥
वेली पान फूल फल लागा । रसना राम सुमिरि भव भागा ॥३॥
अध सुमरन रसना से करिया । करताँई मुझि पार उतरिया ॥
रसना राम सुमर अध तालू । मध सुमरन की आया नालू ॥४॥
मध सुमरन जू ऐसा भाई । मुख सुमरन हालत रह जाई ॥
गदगद कंठहि कमल विकासा । पाया प्रेम भया परकासा ॥ ५ ॥
ज्यौं घायल उर सालैपीरा । त्यौं त्यौं व्यापे राम सरीरा ॥
घायल की घायल सो जानै । राम भजै सोई मन मानै ॥ ६ ॥
निश्चय रामनाम लिव लागी । भ्रमना कंठ कमल की भागी ॥
मध सुमरन की ये परतीति । अब उत्तम सुमरन की रीति ॥ ७ ॥
उत्तम सुमरन हृदय स्थानू । माँहो माँहि भया धरि ध्यानू ॥
रसना लेत राम का नामा । उर भीतर पाया विश्रामा ॥ ८ ॥
सहजाँ सासा शब्द पिछानी । रसना सहत नाम निर्बानी ॥
उत्तम सुख सुमरन हिरदामें । यूं नारी पुरुषा मन कामें ॥ ९ ॥
उत्तम सुमरन की सुधि आई । ढुकि इक ध्यान रह्या ठहराई ॥
अध मध उत्तम सुमर सुजाना । अति उत्तम के माँहि सिलाना ॥१०॥
अति उत्तम सुमरन जू ऐसा । या उपमा बरनूं मैं कैसा ॥
अति उत्तम सुमरन परकारा । रोम रोम लागा रँकारा ॥ ११ ॥
अति उत्तम नाभी अस्थानू । मन संकल्प विकल्प न ठानू ॥
अति उत्तम सुमरन सरवंगा । अक्षर एक भया अणभंगा ॥ १२ ॥

---

१ दरवाजा ।

साखी।

सतगुरु शरणै ऊबऱ्या, नरिये सुमऱ्या राम।
नहिं तो भरस्या जावता, दुख पड़ता वे काम ॥ ३ ॥

छंद जाति ऊधोर।

शरणै संत के आयाक। भावरु भक्ति ही भायाक।
सेवा ध्याल की लागाह। दुबिधा दोष ही भागाह ॥ ५८ ॥
रसना नाम ही लीयाह। अमृत कंठ ही पीयाह।
हिरदै ध्यान ही धरियाह। तन मन सहज थरहरियाह ॥ ५९ ॥
नाभी नाम ही निरधार। सुमरण सहज ही उच्चार।
संगी साँचही धाऱ्याह। झूठा पास ही डाऱ्याह ॥ ६० ॥
पति सूं प्रेम ही लायाह। हरि गुण हेत सूं गायाह ॥
सहजाँ ज्ञान ही आयाह। मनवै शान्ति ही पायाह ॥ ६१ ॥

उलटा पछिम कूं ध्यायाह। ऊंचा मेरु करि थायाह।
वाजा गगन ही वायाह। निरँजन शून्य ही पायाह ॥ ६२ ॥
सुन में शब्द ही निरकार। लागी सुरत ही इकतार।
शुन में सुक्ख ही भइयाह। दूजा दुःख ही गइयाह ॥ ६३ ॥
पूरण ब्रह्म ही कूं पाय। सहजाँ रहे सुख सम्माय।
मिटिगे जनम अरु मरणाक। अब तन फेर नहिं धरणाक ॥६४॥
मिलिया नीर में हुय नीर। हंसा चुगत है हरि हीर।
पाया राम ही महाराज। सरिया सहज जनका काज ॥ ६५ ॥

साखी।

सतगुरु के परताप तें, नरियै नाम पियाह।
प्यासा प्राण पिलाइया, पीवत ही जीयाह ॥ ४ ॥
और सकल कूं छाँडि करि, परस्या आतमराम।
नरिया साँसा को नहीं, जाय मिल्या निजधाम ॥ ५ ॥

इति चेतावनी।

अथ प्राण-परचा प्रारंभः।

साखी।

जन्म जन्म जिव भरमियो, माया मोह लगाय।
भवसागर में डूबताँ, सद्गुरु लियो रखाय ॥ १ ॥

चौपाई।

सद्गुरु न्यारा है निर्बाणी। दे दे ज्ञान तारिया प्राणी ॥
सद्गुरु पूरण ब्रह्म पियारा। दर्शन पायाँ विले विकारा ॥ १ ॥

चौपाई ।

राम राम रसना से लीया । प्रेम प्रकाश कंठमें कीया ॥
मनवा माहिं नाम से लाया । हिरदै सुमरण हेत लगाया ॥ १ ॥
नाभी भजन किया अधिकारा । पिंड सारेमें रमै पियारा ॥
रोम रोम में अर्ध उचारा । अंग अंग में है विस्तारा ॥ २ ॥
सहजाँ सुरति शब्द उलटाया । छांड्या देश विदेशां ध्याया ॥
वंकीनाल चलै इक धारा । मेरुदंड में हुआ करारा ॥ ३ ॥
वर्षा सहज वणी, चहुँ खंडे । उलटा नीर चढ्या ब्रह्मंडे ॥
सुनसागर के माहिं समाया । अनहद गाज गगन गणणाया ॥ ४ ॥
पहुँता सन्त अमीरस पीया । तृष्णा घटी जिके नर जीया ॥
परब्रह्म से प्राण पिलाया । निशिदिन चरणे ध्यान लगाया ॥ ५ ॥
जित्थे काल कर्म नहिं काया । जित्थे विषय विघ्न नहिं माया ॥
राम निरंजन जग से न्यारा । दिया नरैकों सुक्ख अपारा ॥ ६ ॥

साखी ।

मैं हौं प्राणी आपका, कहां न कीजै दूर ।
प्रेम भक्ति नरैकों दिवो, राखो नित्य हजूर ॥ ३ ॥

चौपाई ।

शरणै आइ दीनता दाखे । सद्गुरु मोकों चरणाँ राखे ॥
सो गुरु दीया ज्ञान विचारा । भर्म कर्म तें कीया न्यारा ॥ १ ॥
सद्गुरु मेरे किरपा कीनी । भाव भजन की आज्ञा दीनी ॥
सद्गुरु सतका शब्द सुणाया । मुखते रामनाम सुमराया ॥ २ ॥
रामनामसा नाम न कोई । भावे मँाड सकल फिर जोई ॥
राम राम कहि राम सिलावै । लख चौरासी कबहु न जावै ॥ ३ ॥
सद्गुरु ऐसा तत्त्व बताया । निश्चय एको राम कहाया ॥
सद्गुरु ऊपर प्राण अँवारी । तन मन शीश चरण में डारी ॥ ४ ॥
रसना रटत जु नेह लगाया । कंठ कमल में सुमरण आया ॥
गद्गद होइ प्रेमरस पाया । पी पी प्राणी कर्म नसाया ॥ ५ ॥
मन इकतार नाम निज भाया । हिरदै ध्यान धणी का आया ॥
दया दीनता ज्ञान विचारी । दिलकी दुर्मति दूर निवारी ॥ ६ ॥

चेतन चलकरि नाभि सिधाया । श्वास उश्वासे सुमरण लाया ॥
तन मन सब ही सहज नचाया । भाँति भाँतिका नृत्य कराया ॥ ७ ॥
रग रग भीतर सहज पसारा । रोम रोम में है ररकारा ॥
नाड़ि नाड़ि में जीव जगाया । सारशब्द के संग लगाया ॥ ८ ॥
जीव पलटिया ब्रह्म जु होई । और विकार लिपे नहिं कोई ॥
विरहनि झूरी अती अपारा । अब तो पाया पीतम प्यारा ॥ ९ ॥
दया करी मोहि दुःख मिटाया । चरणकमल के बीच रखाया ॥
ररंकार सहजाँ लिव लाया । प्राणी बहुत परम सुख पाया ॥ १० ॥
पीया ऐसी कृपा जु कीनी । शरणै सदा आपमें लीनी ॥
सहाय करी अरु सुलटा थाया । पातोत्ताने बंध लगाया ॥ ११ ॥
शिख्खर चढ़िया पूरब ध्याना । ठाम ठाम का पाट खुलाना ॥
खूला ध्यान धरणि कों आया । पातालां में पन्थ जु पाया ॥ १२ ॥
उलटा शब्द पछिम कों ध्याया । मन पवनाका बंध लगाया ॥
वंकनाल में सहजाँ वहिया । मेरु मंझि मेवासा दहिया ॥ १३ ॥
अधः ऊर्ध्व विच राह चलाया । आकाशाँ में अनहद वाया ॥
चंद रु सूर गगन घर लाया । नाद बिन्दु के माहिं समाया ॥ १४ ॥
गहरी गाज गगन गणणाया । वर्षे अमृत प्राण पिलाया ॥
पी पी सन्त शुन्य में आया । चित शान्ती घर सहज मिलाया ॥१५॥
मन पवना स्थिर दशम द्वारा । पांच पचीसों बंध्या सारा ॥
इड़ा पिंगला सुषमण मेला । सुरति शब्द जहँ हुआ मेला ॥ १६ ॥
शब्द निरंजन काज सुधारा । भवसागर ते पार उतारा ॥
शब्द नकेवल ऊपर वारी । अपना जान रु लिया उबारी ॥ १७ ॥
उत्तर दक्षिण ध्यान मिलाना । पूर्व पश्चिम माहिं समाना ॥
परम शून्य है सरजनहारा । सहजाँ मिलिया प्राण हमारा ॥ १८ ॥
सुखसागर है निर्गुण राया । दर्शन किया परम सुख पाया ॥
त्रिबेणी में पीव निवासा । मिली पियारी लील विलासा ॥ १९ ॥
पत्नी ऐसी प्रीति लगाई । झिलमिल ज्योती से लिपटाई ॥
भव कों वीसर चरणाँ आई । सहजाँ रहे अखँड लिवलाई ॥ २० ॥
संशय शोक सकलही मेटा । निर्भय निराकार कों भेटा ॥
पूर्ण भया परम सुख पाया । तातें अंतर ध्यान लगाया ॥ २१ ॥

रेखता ।

(१)

गुरू परताप तैं राम हम पाविया । गुरू परताप तैं भर्म भागा ।
गुरू परताप तैं काल दूरै गया । गुरू परताप तैं रटण लागा ॥
गुरू परताप तैं कंठ परकासिया । गुरू परताप तैं जीव जागा ।
गुरू परताप तैं चाल हिरदै गया । गुरू परताप तैं ध्यान लागा ॥
गुरू परताप तैं नाभिमें संचऱ्या । गुरू परताप अजपाजु होई ।
गुरू परताप तैं उलट ऊँचा चढ्या । गुरू परताप तैं अगम जोई ॥
गुरू परताप तैं वंक नाली वहै । गुरू परताप तैं मेरु आया ।
गुरू परताप आकासमें रम रह्या । गुरू परताप ब्रह्मांड छाया ॥
गुरू परताप तैं तीन धारा मिली । गुरू परताप असनान होई ।
गुरू परताप तैं गंग जमुना वहै । गुरू परताप सब कर्म खोई ॥
गुरू परताप तैं जोति सूं मिलगया । गुरू परताप जम हाथ जोड़ै ।
गुरू परताप रिधि सिद्धि दासी भई । गुरू परताप चढज्ञान घोड़ै ॥
गुरू परताप तैं अखंड नोबत वजै । गुरू परताप तिहुं लोक जीता ।
गुरू परताप तैं राज निर्भै भया । गुरू परताप सबमें वदीता ॥
गुरू परताप तैं जगत चरणाँ पड़ै । गुरू परताप सुर असुर वंदै ।
गुरू परताप की संत महिमा करै । गुरू परताप सब वात खंदै ॥
गुरू परताप की कहा महिमा कहूँ । गुरू परताप तैं ब्रह्म हूवा ।
गुरू परताप तैं रामिया राम मिल । गुरू परताप तैं नाहिं जूवा ॥ १ ॥

(२)

प्रथम मुख द्वार हम सार सुमरण किया । आठ ही प्रहर हरि नाम ध्याया ।
दूसरै कंठ में प्रेम परकासिया । गला में गदगदी स्वाद आया ॥
तीसरै हृदामें जाय वासा किया । मन्त्रहीमन्त्र मिल झीण गाया ।
वाज मुरली सुणी जोर नीकाँ गुणी । संतकूं बहुत इतबार आया ॥
चतुर्थै नाभिमें शब्द परकासिया । भँवर गुँजार होय एक वाजा ।
छेद पाताल अरु उलट पश्चिम दिसा । देखिया गैबका अगम छाजा ॥
उलँघिया मेरु आकाशमें घर किया । सहज वरषा वणी एक धारा ।
इला अरु पिंगला सुषम गंगा चलै । पीवता वन्न नखसिक्ख सारा ॥
गगन अंबू गजै अनँत बाजा वजै । धिन्न अब धिन्न सँत भागतेरा ।
सद्गुरु महरतें दास रामा कहै । जन्म अरु मरण भव मिट्याफेरा ॥ २ ॥

(३)

राम ही आदि अरु अंत मध राम है । राम ही घरे अरु माहिं बारै ।
रोम ही रोममें राम ही रम रह्या । राम ही राम मिल मुक्ति द्वारै ॥

पद १

जाग जाग रे जोगिया, क्यों नहिं नगर जगावै ।
आठ प्रहर जागत रहो, सुन शहर वसावै ॥ टेक ।
मुख सेती सुमरण किया, कंठ में चल आया ।
गद गद लहरां सुषम की, सूता जीव जगाया ॥ १ ॥
हिरदै में हरि,आविया, चेतन तन सारा ।
बुद्धि कमल परकासिया, जग सेती न्यारा ॥ २ ॥
नाभि कमलमें संत जन, सहजाँ चल आया ।
नाद अनाहद संभल्या, सुख रास मँडाया ॥ ३ ॥

स्वर्ग मृत्यु पाताल में, एको धुन होई
तीन लोक चेतन भया, जाग्या सब कोई ॥ ४ ॥
उलट पयाल आकासमें, चढ उलंघे मेरा ।
इला पिंगला सुषमणा, तिरबेणी डेरा ॥ ५ ॥
त्रिकुटी सूं आगै गया, सुन माहिं समाया ।
सुख समाधि सहजाँ लगी, निरभै पद पाया ॥ ६ ॥
मन पवनां पहुँचे नहीं, वुधि जाण न पावै ।
रामदास धिन संतजन, ता घर लिव लावै ॥ ७ ॥

पद २

राम सुमर रे प्राणिया । भूले मत भाई ।
सुमरण विन छूटै नहीं । जम द्वारै जाई ॥ टेक
सब दुनियाँ भरमी फिरै । तीरथ अरु वरता ।
जैसा पाणी ओसका । कोइ काज न सरता ॥ १ ॥
तपसी त्यागी मुनीश्वरा । पढिया अरु पंडिता ।
नाम विना खाली रह्या । सिध उडता अरु गडता ॥ २ ॥
क्या आचार विचार है । क्या साधन सेवा ।
सतगुरु विन पावै नहीं । आतम निज देवा ॥ ३ ॥
जगत भेख एको मता । एकै दिस जावै ।
तत्त नाम जाणै नहीं । फिर गोता खावै ॥ ४ ॥
साधु संगति निशि दिन करै । एक राम धियावै ।
रामदास धिन संतजन । निरभै पद पावै ॥ ५ ॥

पद ४

मनरा तीरथ न्हायलै, क्या भटकणसूं काम ।
अठसठ तीरथ सब किया, एक कह्या मुख राम ॥ टेक ।
मन माहीं मथुरा बसै, दिलहि द्वारका जान ।
काया काशी न्हायलै, आठों पहर सिनान ॥ १ ॥
बारै सोलै सहेलड़ी, मिलकर न्हावण जाय ।
तिरवेणीके घाटमें, नित्य स्नान कराय ॥ २ ॥
पाँचों पाखर पहरके, चढ़े पचीसूं लार ।
नोबत वाजै गैबकी, मारलियो अहँकार ॥ ३ ॥
हद छाँडी वेहद गया, अगम रह्या लिव लाय ।
जीवँ सीव मेला भया, सुखमें रह्या समाय ॥ ४ ॥
दसवै देवल परसिया, जागी अंदर ज्योति ।
रामदास जहाँ रमरह्या, पाप पुण्य नहिं छोति ॥ ५ ॥

पद ५

चालो मन उणदेस में । जहाँ संतां का वास ।
जहाँ पहुंच्याँ निरभय हुवै । लगै न जमकी त्रास ॥ टेक ।
पूरब दिशिसूं चालिया । कंठ किया परकास ।
उर भीतर वासा लिया । मगन भया निजदास ॥ १ ॥
अधः कमल परकासिया । खुली वंक की वाट ।
वंकनाल हुइ चालिया । वस्या पछिमके घाट ॥ २ ॥
मेरुदंड उलंघिया । ऊर्ध्व कमल परकास ।
चँदसूर मेला भया । गगन किया जाय वास ॥ ३ ॥
पाँच पचीसों एक हुय । मिल्या त्रिकुटी माँय ।
अनहद वाजा घुर रह्या । हंस मिल्या जहँ जाय ॥ ४ ॥
हंस मिल्या परहंसमें । लागी शून्य समाधि ।
रामदास निर्भय भया । मिल्या पूर्व घर आदि ॥ ५ ॥

पद ६

चलो संताँ जहां जाइयै । गुरु गोविंदके पास ।
दर्शनसूं सब दुख मिटै । हिरदै भक्ति प्रकास ॥ टेक
श्रवणाँ सुणिया सतगुरू । मनमें उठ्या हुलास ।
सुणत समय पैंडे चल्या । अति दर्शन की प्यास ॥ १ ॥
दर्शनसूं दुविधा मिटै । नैणा बँध्या सनेह ।
रोम रोम आनँद भया । दूठाँ वूठा मेह ॥ २ ॥

19:05 Vo)) LTE1

राग विहागड़ो।

पद ११

गुरु मेरे ऐसी कदर बताई। तातें सुरत शब्द घर आई। टेक
रसना नाम नेम करि लीया। निशि दिन प्रीति लगाई।
हिरदै माहिं प्रेम परकास्या। आतम की गम पाई॥ १॥
नाभी माहिं नाद परकास्या। सबही बन गूँजाणा।
पछिम दिसा की बाटी खूली। मेरु दंड हुय जाणा॥ २॥
सहजाँ उलट आदि घर आया। तिरबेणीके तीरा।
रामदास सुनसागर माहीं। चुगत हंस जहँ हीरा॥ ३॥

पद १२

धिन जाके साधु समागम होई, जाकै विघ्न न व्यापै कोई। टेक
सब तीरथ सन्तनके चरणाँ, सबै देवता लारै।
राम निरंजन राय पधारै, साधू आवत द्वारै॥ १॥
साधू राम एक ही कहिये, जा विच अंतर नाहीं।
दर्शन कियां सबै अघ जावै, भक्ति उदै घट माहीं॥ २॥
साधुसंगति सत है जग माहीं, जे कोई शरणै आवै।
रामदास साधाँ के चरणा, साधू राम मिलावै॥ ३॥

इत्यंसकलम्।

अथ श्रीसुंदर साखी।

सुंदर सुमरो नाम कूँ, रात दिवस लिव लाय।
हरिरामदास सतगुरु मिल्या, एक अखंडी ध्याय॥ १॥
रामराम रसणा किया, हिरदै किया प्रकास।
नाभि कमल अस्थानमें, सुंदर श्वास उश्वास॥ २॥

समस्त वाणी श्लोकमेधा ४२८४।

रोम रोममें रम गयो, नाड़ नाड़ निज नाम।
सुंदर सुख मैं पाविया, जहँ अजपा की धाम॥ ३॥
पाँचों उलटा एक घर, पश्चिम दिशि की बाट।
सुंदर सहजाँ साँपड़े, तिरबेणीके घाट॥ ४॥
ॐ नहीं अजपा नहीं, नहि कहण सुनन की बात।
सुंदर मिल्या समाधिमें, कर सतगुरुको साथ॥ ५॥

घट विच अघट प्रगट रट रमता, सत्त शब्द सुखदायक।
आगै अबै भया सँत जेता, सिद्ध शिरोमणि वायक ॥ १ ॥
लायक लगन कहै गुरु शिख रत, मति गति मूढ़ विचारं।
काष्ठ मथत प्रगट हुय अग्नी, यों आतम तत निरकारं ॥ २ ॥
सद्गुरु उक्ति युक्ति रस नेता, श्वासोच्छ्वास चलाया।
सूतर दोय रसण सिल आतम, भाव सभाव सिलाया ॥ ३ ॥
तब तत्काल प्रगट दरशाणा, एक अखंडित धारा।
अध मध उत्तम भया प्रकाशा, कारज करण हमारा ॥ ४ ॥
विरह प्रजल उर नीर सु सोख्या, शब्द प्रगट दरशाना।
धम धमकार टेर सुन मुरली, फुरक फुरक फुरकाना ॥ ५ ॥
पीत वदन श्वासा जु सिरानी, नागरवेल शरीरा।
प्रेम नीर विन पेसे सूकत, नख शिख विचै अधीरा ॥ ६ ॥

मधुरे वैन श्वास शर घायल, अन्दर विरहनि तीरा।
आदि रु अन्त तलब तत सुमिरण, मन वच कर्म सधीरा ॥ ७ ॥
अवके मिलीं परम परमानँद, जीवनप्राण अधारा।
निर्मल करण महा सुखसागर, विरहनि का भरतारा ॥ ८ ॥
ऊणत एक पिया भव भंजन, रंजन राम सनेही।
फीका लग्या सर्व रस रसना, प्रेमा भई विदेही ॥ ९ ॥
लघु निद्रा आलस मिट अंगा, पंथी पंथ अवादै।
धाय वधाइ देऊँ मुझ साँईं, हरिवृत साधन साधै ॥ १० ॥
इकदिन प्रगट अजव अति अचरज, कला अनेक सवाई।
गोला दग्या शब्द गैतूला, श्वास उश्वासा माँई ॥ ११ ॥
ररर रोम थरर थरराटं, नाभिकमल सुलटाणा।
नगर उछाह नारि तरु सरजल, जन्तर तार वजाणा ॥ १२ ॥
चार हजार नाड़ि घरनाभी, ररर शब्द रसाणा।
नख शिख विचै एक ध्वनि रमता, मनवा पवन सिलाणा ॥ १३ ॥
लेजु सधीर भया ध्वनि डंका, गगन नाद घरराणा।
आतम भया साध घर परचा, चरचा राम ठिकाणा ॥ १४ ॥
कै दिन रह्या नाभि घर माहीं, इकदिन करण पयाणा।
मन अरु पवन मिले लिव प्रेमा सुरति शब्द दरसाणा ॥ १५ ॥
भिन भिन भेद लह्या घर निश्चय, आतम तत्त्व प्रकाशा।
छेदत इला सत्त पाताळूँ उलटा पलट तमाशा ॥ १६ ॥
परा समीप शब्द गत रेला, रसिया सप्त पताळूं।
पूरव उलटि पछिम दिशि आया, चढ उरधा वँकनाळूं ॥ १७ ॥
अमृतधार वंक झर झरणा, नाद विन्दु इक होई।
शब्द वेग पंखाँ विन उडणा, जाणेगा जन कोई ॥ १८ ॥
लंबा माग अचंभा भारी, श्वास वेग ततकाळू।
प्रकट इकीसूं मणिया छेद्या, सुरति शब्द उजवाळू ॥ १९ ॥
पंगा चढ्या मेरु की घाटी, सब वैराट उँचाया।
पाँचों प्राण सुई के नाके, सूधे रस्ते लाया ॥ २० ॥
सब ले उड्या गगनके माहीं, अद्भुत प्रगट अनन्दा।
इन्द्र आदि अष्ट सुर जातक, नमस्कार कह वन्दा ॥ २१ ॥
गूंगा वायक अविरल बोल्या, राग अनेक उचारू।
गगन घोर वाजा तहँ अनता, कहिये कौन विचारू ॥ २२ ॥
वारै मेघ लगी झड़ वरषा, नीर विना सर भरिया।
वरषी धरणि गगन हुय सरजल, परम पन्थ जन परिया ॥ २३ ॥

पद ६

रमै संत जहाँ वसंत फाग। मिले पीव जन वडे भाग। टेर.
प्रथम मुक्ख पीउ शोर गाय। रमत रमत हिरदा में जाय।
जहाँ मुरली की टेर सुणाय। बंधी प्रीति अब प्रेम अघाय ॥ १ ॥
नाभि कमल में नाद घोर। यक डंके पर लागत टोर।
रोम रोम में सुख अपार। पीव पधारे नाभि मंझार ॥ २ ॥
वंकनाल पिचकार कीन। पांच पचीसों संग लीन।
अधः ऊर्ध्वं विच मंड्यो ख्याल। पिवजु पधारे महल चाल ॥ ३ ॥
अनहद वाजा घुरै अपार। जहाँ अलख निरंजन अमर मुरार।
मिले संत ता माहिं जाय। अनत कोट रहे फाग रमाय ॥ ४ ॥
रमत नारद सनकादि शेष। ब्रह्मा विष्णु रु आदि महेश।
सुखदेव अरु ध्रुव प्रह्लाद। सुखसागर जहाँ सुख समाद ॥ ५ ॥
जनक विदेह मिले तहाँ आय। वालमीक पांडुता माय।
गोरख भरथरी गोपीचंद। सुखसागर मिलकर आनंद ॥ ६ ॥
नामदेव अरु रामानंद। नामा कवीर तिलोकचंद।
पींपा धना सजन रैदास। रंका वंका सैना रव्वास ॥ ७ ॥
नानग दादू हरीदास। केवल कूवा संतदास।
जनदरिया अरु महर रंग। किसनदास सुखराम संग ॥ ८ ॥
अनत कोटि रहे फाग रमाय। जन हरिराम मिले तहां आय।
रामदास जहां चरण निवास। गुरुगोविंद मिल पूरी आस ॥ ९ ॥

पद ७

देखो देखो संतो नर की भूल। सींचत शाखा तजत मूल। टेर.
राम निरंजन देह समान। ताहि छोड़ पूजै पखान।
जल पीवै पाषाण धोय। सो तो आदि अंत पाषाण होय ॥ १ ॥
आकाश शीस पाताल पाय। सो संपुट में कैसे समाय।
राम निरंज आवै न जाय। सो दियो तुमारो कैसे खाय ॥ २ ॥
वार वार मैं कहुं पुकार। सो शब्द न माने करत रार।
कहै कबीर कोइ लहै न खोज। भटक मरे जैसे वनके रोझ ॥ ३ ॥

पद ८

कहां जाइये घर लागो रंग। मेरो चित न चलै मन भयो पंग। टेर.
इक दिन मनमें भयो उमंग। घस चोवा चंदन चरच अंग।
पूजन लागे ठाँय ठाँय। गुरु ब्रह्म बतायो आप माँय ॥ १ ॥

सद्गुरु के मिलने से (साक्षात्कार हो जाने से) जीवात्मा में जो भेद्भाव का अंतर था वह सब मिटगया और अभेद (अद्वैत) भाव होकर सारशब्द जो ब्रह्मवाचक राम नाम है जिसकी श्रुति, स्मृति, उपनिषद्, इतिहास, पुराण, आप्तवाक्य (महापुरुषवाक्य) संस्कृत प्राकृत सर्व ग्रंथों में मुक्तकंठ से प्रशंसा की है उस रामनाम की ओलखान हो गई।

तन मन कर हेती [१]रसना सेती रामहि राम रटंदा है ॥ २ ॥

तब तन मन उसी में तल्लीन होगया और अनन्य प्रेमपूर्वक रसना (जिह्वा) से राम ही राम शब्द की रटना अहर्निश (दिनरात) होने लग गई ॥ २ ॥

---

१ रसना से राम नाम रटन—

राम नाम को कीजिये, आठों पहर उचार।
हरिया बंदीवान ज्यों, करिये कूक पुकार ॥ १ ॥ (श्रीहरि० वाक्यम्)
रसना सों रटिवो करै, आठों पहर अभंग।
रामदास उण संत को, राम न छांडै संग ॥ १ ॥ (श्रीराम० वाक्यम्)
कबीर राम राम कहि कूकिये, ना सोइये असरार।
रात दिवस के कूकने, कबहुक लगे पुकार ॥ १ ॥
राम नाम जपते रहो, जब लग घटमें प्रान।
कबहुक दीन दयालुके, भनक परेगी कान ॥ १ ॥
रामनामको नित भजो, रसना होट समेत।
हरिया जोग रु जुगति बिन, सहज न को सिवरेत ॥ १ ॥
राम नाम रसना रटै, सोई जग में साध।
हरिया सुमिरन सहज का, वांका मता अगाध ॥ २ ॥

स्मरण के स्थान—१ रसना २ कंठ ३ हृदय ४ नाभी।
स्मरण के भेद—१ अधम २ मध्यम ३ उत्तम ४ अत्युत्तम।

प्रथम राम रसना सुमरि, द्वितिये कंठ लगाय।
तृतिये हिरदै ध्यान धरि, चौथे नाभि मिलाय ॥ १ ॥
प्रथम सो प्रथम अध नाम रसना लिया, दूसरे नाम मध कंठ धारा।
तीसरे उत्तम सो नाम हिरदै कह्या चतुरथै नाभि अतिउत्तमयारा ॥
(श्रीहरि० वाक्यम्)
तुरसी अध सुमरिण यौं एह, रसना राम राम जपिलेह।
यह आलंबन तोलों करै, मध सुमिरण की सोझी परै ॥ १ ॥

19:18

वरस्या है प्रेमा दरस्या नेमा कंठ कमल फूलंदा है।
भँवरा[2] गुंजारू खुल्ला बारू मुरली टेर सुणंदा है॥ ३॥

और प्रेम की वर्षा होने लगी, जिससे स्वयं ही (आपोआप) योगशास्त्रोक्त षट्चक्र भेदन तथा क्रमानुसार राम नाम रटने (जपने) के नियम (विधि) जान पड़ने लग गये और राम नाम की रटना अहर्निश अखंड होती रहने से प्रथम ही प्रथम कंठस्थ कमल का विकास हो गया (कंठ-कमल फूलगया), जब कंठ में स्मरण होने से कंठ कमल फूला तब जैसे भ्रमर (भँवरा) शब्द करता है उसके समान कंठ में (राम नाम रटन) गुंजार शब्द होने लगा और कंठ कमल का द्वार खुलगया जिससे उस नाद की टेर बांसुरी की टेर के सदृश सुनाई पड़ने लगी॥ ३॥

श्वास रु उच्छासा हिरदै[3]वासा सुमिरेण ध्यान धरंदा है।
नाभी[5] घर आया नाच नचाया सहँजाँ[4] मुख सुमरंदा है॥ ४॥

तुरसी मध सुमिरण जु यह, कंठ कमल अस्थान।
राम नाम उच्चार हुय, घायल करै सो प्रान॥ १॥
उत्तम सुमिरण हिरदा में, आरंभै धरि ध्यान।
श्वासोच्छ्वास रव्यो करे, तुरसी नाम निर्बान॥ २॥
तुरसी अति उत्तम भजन, कापें वरण्या जाय।
लख्यो ज कापे परै, भाग हुवै तो पाय॥ १॥ (जन तुरसी)
आठ पहर चौसठ घड़ी, रहै राम से रत्त।
जब जाय फाटै संतदास, चौरासी का खत्त॥ १॥ (संतदासजी)

१ विशुद्धिचक्र।

२ गदगद सुमरण कंठ में, अमृत की सी धार।
एक अखंडी होत है, भवर पंख भणकार॥ १॥ (श्रीहरि० वाक्यम्)

३ रसना कंठ और हृदय इन तीन स्थानों में स्मरण क्रम से पहुँचने में श्रीहरिरामदासजी महाराज को ७ वर्ष और २ मास की अवधि लगी थी।
राम राम रसना किया, मास दोय विश्राम।
हरिया हिरदै कंठ बिच, सागर वर्ष मुकाम॥ १॥ (श्रीहरि० वाक्यम्)

४ गुण तारे माया तिमिर, शीत भरम मन चन्द।
रज्जब सुमिरण सूरतें, सहज पड़े सब मन्द॥ १॥

५ हृदि प्राणो गुदेऽपानः समानो नाभिमंडले अर्थात् हृदयमें प्राणवायु, गुदामें अपानवायु और नाभिमें समानवायु रहता है एवम् उदानः कंठदेशे स्यात् व्यानः

तदनंतर हृदयस्थान (अनाहत चक्र) में श्वास और उच्छ्वास की गति का ठहरना हुवा और मन ही मनमें स्मरण का ध्यान धरने लगा, हृदय में स्मरण होने के पश्चात् नाभिस्थान (मणिपुरचक्र) में स्मरण करता हुवा प्राणवायु समानवायु में आकर मिला (प्राणवायु समानवायु के घर में अर्थात् नाभिस्थान में जब आया) तब अनेक प्रकार के नाच नचाने लगा और सहज में ही आपसे आप मुखसे रामनाम का स्मरण होने लग गया ॥४॥

रग रग आरंभा भया अचंभा छुच्छम वेद भणंदा है।

और व्यानवायु जो सर्व शरीर में व्यापक हो रहा है उससे प्राण और समानवायु का योग होनेसे रग रग में (नस नसमें) आश्चर्यजनक एक क्रिया का आरंभ हुवा जिसका भेद वर्णन करना बडा सूक्ष्म है।

ओऊँ अरु सोऊँ देख्या दोऊँ पारब्रह्म परसंदा है ॥ ५ ॥

ऐसी स्थिति होने के पश्चात् ओऊँ=हंसः और सोऊं=सोहं इन दोनों

सर्वशरीरगः इति अर्थात् कंठ में उदानवायु और सर्व शरीरमें व्यानवायु निवास करता है।

६ नाभि स्थान में जब स्मरण होने लगता है तब सहज स्मरण होता है।

रंकार सुमरण सहज, नाभि कमल अस्थान।
हरिया पच्छिमदेशकों, पहुँचन का परमान ॥ १ ॥
ज्यूं जल सेझै सिंधुका, बाका थाह न कोय।
हरिया सुमिरन सहजका, निशिदिन घटमें होय ॥ २ ॥

सोरठा।

हरिया मुख ममकार, जब सहजाँ सुमिरण नहीं।
मरै धरै आकार, मेला जीव रु शीव बिन ॥ १ ॥

अर्थात् सहज सुमिरण नाभिस्थान में जब रकारका स्मरण होने लग जाय तो पश्चिम देश को पहुंचने का प्रमाण समझना। सहज सुमरण में मकार का स्मरण बंद होकर केवल ररंकार शब्द की रात दिन रटना होने लग जाती है तभी जीव और शिव एक हो जातें हैं।

१ छुछम वेदः—यह महात्माओंका सांकेतिक शब्द है जिसमें सूक्ष्म भेद (वार्ताओं) का वर्णन है अथवा स्वसंवेद्य गुण को भी कहते हैं अथवा भगवानके श्वासोच्छ्वास रूप वेदको भी कहते हैं अथवा छंदांसि यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित् इसको भी कहते हैं।

के "हंसः सोहं सोहं हंसः" इस अजपा नाम गायत्री के जप का ज्ञान प्राप्त होने से परब्रह्म परमात्मा के दर्शनकी प्राप्ति होतीहै वह हुई ॥ ५ ॥

---

१ अजपा के जप से परब्रह्म परसता है—

ओऊं सोऊं जाप अजप्पा, घटमें कीया संप असंपा। (श्रीहरि० वाक्यम्)

ओऊं सोऊं अर्थात् हंसः सोहं अजपा जप है इसने घट में असंप (जीव ब्रह्मका भेद) का संप (अभेद) करदिया ठीक वाच्यार्थ सफल कर दिया।

उलटा अजपा जाप जपाया। हद को जीत वेहदमें आया ॥

(श्रीराम० वाक्यम्)

नासापथसमाकृष्टः पवनः फुप्फुसं गतः।
शोधयेच्छोणितं दुष्टं तेन जीवंति जंतवः ॥ १ ॥
सोहंशब्देन जीवानां श्वासोच्छ्वासौ निरंतरम्।
स्यातां वा हंसशब्देनोच्छ्वासश्वासौ विपर्य्ययात् ॥ २ ॥
इत्ययं द्व्यक्षरो मंत्रो जीवजप्योऽजपा मता।
जपारंभो हि जननं मरणं तत्समापनम् ॥ ३ ॥

इसी अजपा मंत्र को अजपा गायत्री कहते हैं।

एकविंशतिसाहस्रं षट्शताधिकमीश्वरि।
जपते प्रत्यहं प्राणी सान्द्रानन्दमयीं पराम् ॥ ४ ॥
विना जपेन देवेशि जपो भवति मन्त्रिणः।
अजपेयं ततः प्रोक्ता भवपाशनिकृंतनी ॥ ५ ॥ (दक्षिणामूर्तिसंहिता)
अजपा नाम गायत्रीं जीवो जपति सर्वदा।
षट् शतानि दिवारात्रौ सहस्राण्येकविंशतिः ॥ १ ॥
एतत्संख्यान्वितं मंत्रं हंसः सोहं क्रमेण वै। (कुलार्णव)
जातः स इति वैशब्दमुच्चार्यारभते जपम्।
महाप्रयाणसमये हमुच्चार्य समापयेत् ॥ १ ॥ (दक्षिणामूर्तिसंहिता)

यह अजपा जप तो स्वाभाविक रीत्या अहर्निश होता ही रहता है, परंतु यही अजपा जप राममंत्र के सहित जपने से फलदायक होता है।

ओऊं सोऊं ऊंबरा, दोऊं खाली ओड़।
नाम विना ऊगै नहीं, पच पच मरो करोड़ ॥ (रजबजी)
ओऊं सोऊं देह लग, निशि दिन आवे जाय।
एक अखंडी शब्द में, हरिया सुरति समाय ॥ १ ॥

अर्थात् हंसः सोहं यह श्वासोच्छ्वास शब्द, शरीर है तबतक रात दिन आता जाता रहता है, इसी के द्वारा एक अखंडी शब्द जो ररंकार आत्मा स वाचक शब्द है उसमें सुरति समाय दो यानी समावेश करदो—

मम्मा हुय पासै कमल विकासै अर्ध नाम आखंदा है।
ऊ नामज केवल बडे महाबल रोम रोम उचरंदा है ॥ ६ ॥

जिससे राम राम शब्द जो मैं जपताथा उसमें से मकार बोलना बंद होगया अर्थात् माया से रहित अद्वैतरूप अर्धनाम जो केवल रकार है उसी रकार का (राँ राँ राँ राँ राँ राँ) स्मरण होने लग गया नाभिकमल का विकास होगया जिससे शुद्ध निर्गुण (मायारहित) पार परब्रह्म का दर्शन हुवा तब महाबलशाली अर्धनाम रकार जो अद्वैतरूप है केवल उसी का उच्चारण रोम रोम में होरहा है ऐसा मालूम होने लगा ॥ ६ ॥

रहता से रत्ता है निज तत्ता न्यारा हुय निरखंदा है।
ऐसा अविनासी आय न जासी भाग वडे भेटंदा है ॥ ७ ॥

यह रकार का स्मरण इस शरीर में रहनेवाले आत्मामें रत (लवलीन) होने से निज तत्व रूप होजाने के कारण न्यारा होकर देखने लग गया अर्थात् द्रष्टा होकर अपने आपको देखने लगा, जिस परब्रह्मको अलग होकर देखने लगा वह परब्रह्म ऐसा अविनाशी है जो न तो कहीं से आता है न कहीं जाता है अपने में ही सदा सर्वदा विराजमान रहता है उस परब्रह्म की भेट बड़े महाभाग्य होते हैं तब ही होती है ॥ ७ ॥

ओऊं सोऊं शब्द की, सहजाँ सुणी अवाज।
जन हरिया इन ऊपरै, ररंकार का राज ॥ १ ॥
ओऊं सोऊं शब्द की, तीन लोक लग सोय।
जन हरिया ररंकारका, आर पार नहिं कोय ॥ २ ॥ (श्रीहरि० वाक्यम्)

अजपाजपनिष्कृष्ट लक्षण—

मन पवना अरु सुरति से, आतम पकड़े आप।
रज्जब लावे सुरति सो, एहै अजपाजाप ॥ १ ॥ (रज्जबजी)
अजपाजाप लगावे हेत, नीरक्षीर न्यारा करिदेत।
विष छांडे अमृत कूं पीवे, समझ पिछाणै सुमरिण साच।
अन्तर एक राम सुख राखे, और सकल सुख मानै काच ॥
(श्रीजैमलदासजी महाराज)

१ मनुष्याणां सहस्रेषु कश्चिद्यतति सिद्धये।
यततामपि सिद्धानां कश्चिन्मां वेत्ति तत्त्वतः ॥ १ ॥
बहूनां जन्मनामंते ज्ञानवान्मां प्रपद्यते।
वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः ॥ २ ॥ (गीता)

साथ मिलकर सुषुम्णा नाड़ी के मार्ग में चढा तब अरसघर (शून्यस्थान) में जाकर ठहरा।

फिरिया मन पूरब चले अपूरब ठांम ठाम ठमकंदा है ॥ ९ ॥

तत्पश्चात् पूर्व से मन फिरकर कंठ हृदय नाभि में क्रमसे ऊपर से नीचे स्थान २ पर श्वास ठहरता हुवा (स्थिर होता हुवा) पश्चिम के तरफ याने सुषुम्णा मार्ग के द्वार की ओर चलने लगा ॥ ९ ॥

जालंधर बंधा उरधे कंधा मन अरु पवन मिलंदा है।
उलट्या है आसण पलट्या वासण सुरत शब्द परसंदा है ॥ १० ॥

कंधे के ऊपर का जालंधर बंध करने से प्राणवायु की ऊर्ध्वगति रुक जाती है और पश्चिमतानसे ब्रह्मनाड़ी में जाने लगता है। तथा मूलबंध करने से अपानवायु उलटकर ऊर्ध्व गामी होता है एवं जालंधरबंध और मूलबंध करने पर प्राण अपान वायु.के आसन उलट पुलट होने के कारण दोनों मिलजाने से सुरत शब्द का स्पर्श हुवा।

इस प्रकार सुषुम्ना के स्वरूप का वर्णन योगशास्त्र में किया हुआ है। इस परसे सुषुम्ना का मार्ग कितना अधिक कठिन है यह सहज ही ध्यान में नहीं आसकता है। इसी अति कठिन मार्ग की घाटी को अर्थात् गांठें बीच बीचमें जो आडमारनेवाली हैं उन को लांघ के छेदन करके प्राण की गति जब सुषुम्ना में होती है तब शनैः शनैः ठहरता हुवा ब्रह्मद्वार पर त्रिकुटी में पहुंचता है।

प्रथम ध्यान पूरब दिशा, गगन गर्जिया जाय।
ठाम ठाम पाताल कूं, पछे पिछम कूं थाय ॥ १ ॥

१ बंध तीन प्रकार के होते हैं जालंधर, मूल, और उड्डियान।

१ जालंधर बंधः-

कंठको सिकोड़ कर मजबूती से चिबुक अर्थात् ठोडीको हृदय में जमा के सीधा बैठने को जालंधर बंध कहते हैं।

कंठमाकुंच्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम्।
बंधो जालंधराख्योऽयं जरामृत्युविनाशकः ॥ १ ॥
है जालंधर बंध में, मन पवना की गांठ।
हरिया मिल्या उतान में, सुरत शब्द की सांठ ॥ १ ॥
सुरत चली आकाश कूं, दे जालंधर बंध।
जन हरिया जहां जाणिये, हद बेहद की संध ॥ २ ॥

जिनकी कृपा हम निधि पाई, राम नाम की कीरति गाई।
ऐसो कुण जो कीरति गावै, हरि हरिजन को पार न पावै।।41।।

सरलार्थ : स्वामी श्री रामचरण महाप्रभु फरमाते है कि उन्हीं श्री कृपारामजी महाराज की कृपा से मैनें राम-नाम का अमूल्य खजाना प्राप्त किया। ऐसा कौन प्राणी है जो भगवान और भक्तों के गुणों का वर्णन अपनी वाणी द्वारा कर सके।

सायर कहो ऐसो कुण थागै, जितौ पियौ अपनी तृष भागै।
राम-संतां का अंत न आवै, आप आपकी बुद्धि सम गावै।।42।।

सरलार्थ : मान सरोवर में अथाह पानी भरा है, किन्तु जिसकी जितनी प्यास होगी वह उतना ही जल पी सकेगा। अतः भगवान और भक्त के गुण भी अनन्त है, किन्तु भगवद् भक्त अपनी बुद्धि के अनुसार भगवान एवं भक्त तथा रामनाम के गुणगान गाते है।

राम प्रताप सुनौ अब ऐसो, भजतां भयौ कहूं सो तेसो।
राम रटत गुप्ता रस चाखै, सन्त शब्दां में प्रगट भाखै।।43।।

सरलार्थ : राम नाम का प्रताप ऐसा है जो जिह्वा द्वारा स्मरण करते ही अपना प्रभाव दिखा देता है, और राम नाम को रटते रटते गुप्त रस की प्राप्ति हो जाती है। इन्हीं भजनानन्द सन्तों के प्रभाव का वर्णन शब्दों द्वारा प्रगट करता हूं।

प्रथम राम रसना सूं गावै, मन कूं पकड़ एक घर लावै।
राखे सुरति शब्दहिं मांहि, शब्द छांडि कहूं अन्त न जाहिं।।44।।
तब रसना शिर छूटै धारा, चलै अखण्ड नहिं खण्डै लगारा।
जल पीवन की श्रद्धा नांहि, मति यो अमृत दूर होई जाहि।।45।।

सरलार्थ : स्वामी श्री रामचरण महाप्रभु नाम जप की विधि एवं उससे प्रगट होने वाले ब्रह्मानन्द का प्रभाव अनुभव जन्य परावाणी द्वारा दिग्दर्शन कराते है।

पद्मासन में बैठकर मन को एकाग्र करके सर्वप्रथम रसना द्वारा नाम जप करें। सुरति को राम नाम शब्द में ही लगाये रखें। शब्द को छोड़कर क्षणिक मात्र के लिये भी विषयाकार मनोवृत्ति न बनावें।

इसी प्रकार रसना (जिह्वा) द्वारा स्मरण करते करते जिह्वा के अग्र भाग से नाड़ी द्वारा धारोष्ण दुग्ध की भांति रस का फुंवारा छूटता है और वह अखण्ड तेज धारा की तरह चलता रहता है। जो थोड़ा सा भी खण्डित नहीं होता है। उस रसामृत पान का प्रभाव यह होता है कि जल पीने की इच्छा नहीं होती। क्योंकि डर रहता है कि यह अमृत धारा कहीं खण्डित न हो जाय।

CamScanner

CamScanner

रस पीवत क्षुधा सब भागी, कंठा शब्द टगटगी लागी।
नाड़ी नाड़ी में चले गिलगिलि, सुख धारा अति बहे सिलसिली।।46।।

सरलार्थ : मन की एकाग्रता से प्राणों का निरोध हो गया, इससे उस अमृत धारा द्वारा प्राणों के धर्म, भूख–प्यास की निवृत्ति हो गई। कंठ स्थान में शब्द द्वारा टगटगी लग जाती है। तत्पश्चात् प्रत्येक नाड़ी में गिलगिलि चलने लगती है। अर्थात् सरिता के प्रवाह की तरह सुख की धारा बहने लग जाती है।

मुख सूं कछु न उचरै बेना, लग्या कपाट खुलै नहिं नैना।
श्रवणा चर्चा सुणै न कोई, कंठ ध्यान यह लक्षण होई।।47।।

सरलार्थ : लौकिक विषय वार्ता यदि कोई चलाता है तो वीतरागी को वह वार्ता विष के समान प्रतीत होती है, तथा उसके प्रत्युत्तर के लिये मुख से एक भी शब्द का उच्चारण नहीं हो पाता और ब्रह्मानन्द में इतना मग्न हो जाता है कि नेत्रों की पलकें भी बन्द हो जाती है, और नेत्र लौकिक रूप को देखने के लिए तनिक भी तैयार नहीं होते। अर्थात् मन और मस्तिष्क ज्ञान मग्न हो जाने से नेत्र एवं श्रवण द्वार भी बन्द हो जाते है।

शब्द के रसना से सरकने पर कंठ में ध्यान होने लगता है। ये उसके मूल लक्षण है।

कंठ के ध्यान कंप कंपी जागै, रोम रोम सीतंग सो लागै।
हियौ गद्गदे श्वांस न आवै, नैणां नीर प्रवाह चलावै।।48।।

सरलार्थ : जब कंठ स्थान में ध्यान होने लग जाता है तब शरीर में कंपकपी जाग्रत हो जाती है, रोम रोम में शीतलता का उद्भव हो जाता है, अर्थात् रोम रोम में से राम राम राम की अव्यक्त ध्वनि होने लग जाती है। हृदय गद्गद् होने के साथ ही साथ श्वांसो का अवरोधन होने लग जाता है और प्रभु प्रेम प्रवाह से नेत्रों से प्रेम के आंसू बहने लगते है।

एक दिवस इक भया तमासा, कंठ हृदा बिच उठयौ हुलासा।
ज्यों पालाकी डोरणि छूटी, हिरदे सीर सूखम रस ऊठी।।49।।

सरलार्थ : रसना से शब्द कण्ठ में प्रवेश करने के पश्चात् हृदय में प्रवेश करता है उस अवस्था के लक्षण इस प्रकार है कि एक दिन ऐसा आश्चर्य जनक तमाशा होता है कि कंठ और हृदय के मध्य हर्षोद्रैक होने लगता है।

जैसे हम वन क्षेत्र में जल को रोकने के लिए एक पाल बांध देते है, किन्तु जल प्रवाह की तेज गति होने के कारण जल पाल को तोड़कर तेजी से बहने लग जाता है, इसी भांति कंठ और हृदय के मध्य में सूक्ष्म अमृत रस की धारा प्रवाहित होने लग जाती है।

शब्द ब्रह्म हृदय किया वासा, ज्यों रैण अंधेरी चन्द्र प्रकाशा।
भर्म कर्म सांशो गयो भागी, हिरदै ध्वनि अखण्ड लिव लागी।।50।।

सरलार्थ : शब्द ब्रह्म का हृदय रूपी आकाश में ऐसा प्रकाश होता है कि मानों अंधेरी रात्रि में चन्द्रमा का प्रकाश होता है। इस प्रकाश से शुक्ति रजतवत्, रज्जु सपर्वत् सांसारिक भ्रमनाए जितनी भी है तथा उनकी लौकिक कर्मो की निवृत्ति तुरन्त हो जाती है।

हृदय में अजपा जाप की ध्वनि तेज धारावत् अविछिन्न रूप से लगने लगती है।

कहा कहूं या सुख की महिमा, और सुख सब दीशे पलमा।
हिरदै ध्यान ध्वनि जब होई, दूजो साधन रहे न कोई।।51।।

सरलार्थ : स्वामी श्री रामचरण महाप्रभु फरमाते है कि मैं इस ब्रह्मानन्द के सुख की महिमा का वाणी द्वारा क्या वर्णन कर सकता हूं? क्योंकि उस ब्रह्मानन्द से अन्य जागतिक वैषयिक–पञ्चाशब्दादि विषयों के क्षणिक सुख अल्प प्रतीत होते है तथा हृदय में ध्यान करते अजप्पा जाप की ध्वनि सूक्ष्मरूप से जब होने लगती है तो अन्य लौकिक साधन स्वतः निवृत्त हो जाते है।

हिरदा सूं लै धरणी गई, नाभि कमल में चेतन भाई।
शब्द गुंजार नाड़ि सब जागै, रोम रोम में होई रही रागै।।52।।

सरलार्थ : जब हृदय से ध्यान बढ़कर चौथी–चौकी–नाभि–स्थान में पहुंचता है, तब नाभि कमल में कुण्डलिनी की जागृति हो जाती है। शब्द के गुंजन द्वारा सम्पूर्ण सूक्ष्म स्थूल नाड़ी जाल झंकृत होने लगते है। रोम रोम में नाना प्रकार विधि की राग–रागनियों का उद्भव हो जाता है।

नौसे नारी मंगल गावै, तहां मन भंवरा अति सुख पावै।
शीतल भई सबै ही काया, शब्द ब्रह्म रस अमृत पाया।।53।।

सरलार्थ : नौ सो नाड़ियां जब मंगल गान गाने लगती है तब मन रूपी भंवरा ब्रह्मानन्द रूपी सुख सागर में निमज्जित हो जाता है। सुरति शब्द के संयोगजन्य ब्रह्म रस रूपी अमृत प्राप्त कर लेता है तब सम्पूर्ण काया शीतल हो जाती है।

अब तो शब्द गिगन कूं चढ़िया, पछिम घाटि होइ कै अनुसरिया।
घाटी बीस मेरु की छेकी, इक बीसै गढ़ गया विशेखी।।54।।

सरलार्थ : इसके पश्चात् शब्द पश्चिम घाटी होकर ब्रह्माण्ड में चढ़ जाता है, अर्थात् बीसों कशेरूकाओं के मध्य में सुषुम्ना नाड़ी रहती है और उसके आजु–बाजू में इंगला–पिंगला नाम की नाड़ियां रहती है। मेरूदण्ड की बीसों मणिकाओं को छेककर त्रिकुटी संगम में शब्द पहुंच जाता है।

पहली बैठा त्रिकुटी छाजे, जाके ऊपर अनहद बाजै।
त्रिवेणी तट ब्रह्म न्हवाया, निर्मल होय आगे कूं ध्याया।।55।।

सरलार्थ : भौंहों के बीच में त्रिकुटी स्थान है, उसके ऊपर सहस्त्रार दल चक्र में अनहद बाजे बजते है, उसी त्रिवेणी में शब्द सुरति के साथ निमज्जित होकर अत्यन्त निर्मल बन आगे को प्रस्थान करता है।

दोहा

इंगला पिंगला सुखमणा, मिले त्रिवेणी घाट।
जहां झांझै जल झूलि के, निर्मल होय निराट।।3।।
अब त्रिवेणी न्हाइके, किया गगन प्रवेश।
तीन लोक सूं अलध सुख, यह कोई चौथा देश।।4।।

सरलार्थ : इंगला (इड़ा) पिंगला, सुषुम्ना रूपी त्रिवेणी संगम घाट पर ब्रह्माल्हाद में झूलकर निर्मल बना हुआ शब्द सुरति के साथ गगन में प्रवेश करता है। स्वर्ग मृत्यु एवं पाताल तीनों लोकों से भिन्न यह कोई अवर्णनीय सुख है। और यह चतुर्थ देश कहलाता है।

चौपाई

अब चौथे घर पहुंता जाई, जहाँ का चहन मैं कहूं सुणाई।
घरर–घरर अनहद घररावे, परम ज्योति दामणि झलकावे।।56।।

सरलार्थ : अब चौथे घर में प्रवेश हुए महात्मा का–तुरीयपद का निर्विकल्प समाधि का, अनिर्वचनीय कथन करता हूं –

जिस प्रकार मेघ (बादल) ध्वनि करते है ठीक इसी प्रकार घर्र घर्र का अनहद अव्यक्त नाद होता है और उसमें परम आनन्द की ज्योति चमकती है।

सुषमण नीर लूंब झड़िलाई, भीजत सुरति गर्क होई जाई।
अर्ध ऊर्ध जहां कमल प्रकासा, सुरति भंवर होई करत बिलासा।।57।।

सरलार्थ : उस तुरीय पद में सुषुम्ना नाड़ी से निकले अमृतमयी नीर के बूंदों की झड़ी लग जाती है–उसमें शब्द के साथ सुरति भींजकर ब्रह्मानन्द में मग्न हो जाती है। अर्ध्व–ऊर्ध्व भाग में सहस्त्रार दल कमल विकसित हो जाता है और शब्द के साथ सुरति वहां पर भ्रमर बन विलास करने लगती है।

by CamScanner

19:34

by CamScanner

घुरै अखण्ड अनाहद बाजा, प्राण, पुरुष जहां तख्त विराजा।
झिलमिल, झिलमिल नूर प्रकासै, अनन्त कोटि रवि प्रगट्या भासै।।58।।
या तो बात अतौल है भाई, मुख सूं कह्या तोल व्है जाई।
पवन कहो कैसे गह हाथा, कैसे भरै गगन की बाथा।।59।।
रूप वर्ण कैसो तड़का को, ऐसो कहा बखानो जाको।
हाक बाक रहे कहत न आवै, पहुंच्या होई सोही भल पावै।।60।।

सरलार्थ : बांसुरी, वीणा, शंख, पटह, मेघ आदि की तरह अनहद दिव्य वाद्ययंत्रों की अव्यक्त ध्वनि होती है, वहां पर प्राण पुरुष अलौकिक दिव्य सिंहासन पर आरूढ़ रहता है, उस प्राण पुरुष का झिलमिल, झिलमिल नूर प्रकाश होता है। अनन्त कोटि रवि के प्रकाश को भी लजाने वाला है।

तुरीय पदारूढ़ महात्मा निर्देश करते है कि यह वार्ता तो अलौकिक, पारमार्थिक सत्ता वाली, अतुलनीय है, मुख से उच्चारण करने पर तो उसका मूल्यांकन हो जायेगा। जैसे वायु को मुट्ठी में बन्द नहीं किया जा सकता तथा आकाश को वस्त्र में नहीं बांधा जा सकता। यह तुरीय पद की समाधि की वार्ता भी वैसी ही है।

प्रात:कालीन उषाकाल अरूणोदय का प्रकाश दिव्य होता है वैसा ही उस परम धाम का प्रकाश अत्यन्त तेजस्वी है। अर्थात् सागर में डुबकी लगाने पर शरीर के चारों ओर जल ही जल हो जाता है, जैसे सूर्य की किरणों में प्रकाश ही प्रकाश है। ऐसा ही यह अत्यन्त अचरज भरा, अकथनीय परमतुरीय पद है। जो, महात्मा, ईश्वर की कृपा, गुरुकृपा, शास्त्रकृपा एवं अन्त:करण की कृपाओं से तुरीय पद को पहुंच गये है वहीं इसकी परिभाषा को समझ सकते है।

दोहा

अनहद गरजै नभ झरै, दामिनि ज्योति उजास।
रामचरण सुनि सायरां, हंसा करत निवास।।5।।

सरलार्थ : ब्रह्माकाश में अनहद नाद की दिव्य गर्जना होती है, अमृतरस के झरने झरते है, असीम विद्युत प्रकाश होता है। त्रिविध शरीरों से परे, पञ्चकोषातीत तीनों अवस्था रहित अविद्या काम्य कर्मो से विमुक्त हुआ जीव ही शिव रूप से निर्मल हंस बनकर ब्रह्म समुद्र के तट पर निवास करता है।

by CamScanner

जूवा खेल न खेलो भाई। जन्म जुवा ज्यूँ जात बिलाई॥
दूत कर्म से दूरे रहिये। कुगती कपटी संग न बहिये॥
अनछान्यो जल पीजे नाहीं। सूक्षम जीव नीर के माँही॥
गाढा पट्ट दुपट्ट करीजे। निर्मल नीर छानकर पीजै॥
चार वर्ण का उत्तम धर्मा। राम नाम निश्चे निहकर्मा॥
लालच लोभ वेश तज देवै। अनन्त भाँति संतन कूँ सेवै॥
चार वरण में भक्ति कराओ। सो सतगुरु के शरणै आओ॥
सतगुरु बिना भक्ति नहीं सूझै। भरम कर्म में जीव अलूझै॥
यह सब कुपच किरीकर टाले। पलपल अमृत जड़ी सँभाले॥
सतगुरु वैद्य कहे ज्यूँ कीजे। अग्या मेटि पाँव नहीं दीजे॥

पच सच राखे परसराम, चाखे प्रेम प्रकाश।
यूँ अठ पहरी साधतों, सकल कर्मका नाश॥

भरम करम कछु रहन न पावे। नाम जड़ी का निश्चा आवे॥
राम नाम औषध तत सारा। पीवत पीवत मिटे विकारा॥
कंठ कमल तें हृदै प्रवेशा। तीन ताप मिट काम कलेशा॥
उर आनँद हुय गुण दरसावै। नाभि कमल मन पवन मिलावै॥
नाभी रग रग रोम रकारा। नख सिख बिच औषध विस्तारा॥
बंक पछिम हुय मेरु लखावे। दसवें द्वार परम सुख पावे॥
तिरबेनी तट अखँड आनंदा। सून्य घर सहज मिटै दुख द्वंदा॥
सून्य समाधि आदि सुख पावै। सद औषध गुरु भेद बतावै॥

सब घट में सुख ऊपजे, दुःख न दरसे कोय।
परसराम आरोग्यता, जीव ब्रह्म सम होय॥
महा रोग जामण मरण, फिर नहिं भुगते आय।
अमर जड़ी का परसराम, निरणा दिया बताय॥

उपदेश

(छप्पय)

सूरा तन को काम, राम भज लाहा लीजे।

रामदास सुमरण तणा, विवरा देउँ बताय।
घट माँहीं अजपा हुवै, सुणो सकल चित लाय॥ १८॥
रामदास सुमरण कियाँ, प्रथम जगी इक नार।
सहस्र एक चौबनमही, शब्द करत गुँजार॥ १९॥
कंठ में प्रेम प्रकासिया, हृदै होत धमकार।
नाड़ि नाड़ि चेतन भई, मन आयो इतबार॥ २०॥

नाभि कमल में संचऱ्या, सहस्र चार परकास।
नाड़ि नाड़ि न्यारी घुरै, सुणत रामिया दास॥ २१॥
बहत्तर नाड़ी वंक की, मिली वंक में आय।
रामदास सब घेरकै, उलटा अभर भराय॥ २२॥
नाड़ि सवासै एक ही, सहस्र पांच परवाण।
रामदास घट भीतरै, ए वडि नाड़ि बखाण॥ २३॥
मही नाड़ि दूजी घणी, तीन लोक विस्तार।
रामदास तन सोझकर, सब का करो विचार॥ २४॥
नाड़ी बहत्तर हजार है, सब ही तनके माहिं।
सबहि मिलाणी तीनसूं, त्रिवेणी में जाहिं॥ २५॥
इड़ा पिंगला सुषमणा, त्रिवेणी के तट्ट।
रामदास ता ऊपरै, मंड्या सहज ही मट्ट॥ २६॥
वाँसे चल आघा गया, परम सून्य के माँय।
गगन कूप में रामदास, अमृत भरभर पाँय॥ २७॥
नाड़ि नाड़ि अमृत झरै, पीवत सबै सरीर।
रोम रोम विच रामदास, चलत सुखम की सीर॥ २८॥
साढ़ा तीन करोड़ में, एक होत ररकार।
सहजे सुमरण रामदास, ताका अंत न पार॥ २९॥
उर अंतर नख सिख विचै, एक अजप्पा होय।
राम दास या संत गति, साधू जाणै कोय॥ ३०॥
जाप कियाँ मुख द्वार तें, रसना चाली सीर।
अजपा सुमरण घट विषै, को जाणै गुरु पीर॥ ३१॥
गगनमंडलमें रामदास, अनहद घुरिया नाद।
रोम रोम साँई मिल्या, सुमरण पायो स्वाद॥ ३२॥

इति।

अथ विरह को अंग।

नैण हमारा रामदास पिव विन रह्या विसूर।
अंतर दारुण विरह की तन इंद्रिय मनझूर॥ १॥
अंतर दारुण अति घणी, पिंजर करै पुकार।
नैण रोय राता किया, तो कारण भरतार॥ २॥

राम रा

ऐसो कुँण जो कीरति गावे । हरि हरि जन को पार न पावे ॥ ४१ ॥
सायर कहो एसो कुँण थागे । जितो पियो अपनी तृष भागे ॥
राम संतां का अंत न आवै । आप आप की बुधि सम गावै ॥ ४२ ॥
राम प्रताप सुनो अब एसो । भजताँ भयो कहूं सो तेसो ॥
राम रटत गुप्ता रस चाखै । संत शब्दां में प्रगट भाखै ॥ ४३ ॥
प्रथम राम रसना सूं गावै । मनकूं पकडि एक घर लावै ॥
राखे सुरति शब्द ही माहीं । शब्द छाँडि कहुँ अंत न जांही ॥ ४४ ॥
तब रसना शिर छूटै धारा । चलै अखंड नहिं खंडै लगारा ॥
जल जीवन की श्रद्धा नांही । मति यो अमृत दूरि होई जांहीं ॥ ४५ ॥
रस पीवत क्षुधा सब भागी । कठाँ शब्द टगटगी लागी ॥
नाडिनाडि में चलै गिलगिली । सुखधारा अति बहै सिलसिली ॥ ४६ ॥
मुखसूं कछू न उचरे बैना । लग्या कपाट खुलै नहीं नैना ॥
श्रवणाँ चर्चा सुणैं न कोई । कंठ ध्यान यह लक्षण होई ॥ ४७ ॥

राम रा

कंठ के ध्यान कँमकँमी जागै । रोम रोम सीतंग सो लागै ॥
हियो गद्‌गदे श्वास न आवै । नैंणा नीर प्रवाह चलावै ॥ ४८ ॥
एक दिवस इक भया तमासा । कंठ हृदा बिच उठयो हुलासा ॥
ज्यूं पाला की डोरणि छूटी । हिरदे सीर सुखम रस उठी ॥ ४९ ॥
शब्द ब्रह्म हिरदै किया वासा । ज्यूं रैंण अंधेरी चंद्र प्रकाशा ॥
भर्म कर्म सांशो गयो भागी । हिरदै ध्वनी अखंड लिव लागी ॥ ५० ॥
कहा कहूं या सुख की महिमा । और सुख सब दीशे पलमा ॥
हिरदै ध्यान ध्वनी जब होइ । दूजो साधन रहे न कोई ॥ ५१ ॥
हिरदासूं लै धरणी गई । नाभिकमल में चेतन भई ॥
शब्द गुंजार नाडि सब जागे । रोम रोम में होइ रही रागे ॥ ५२ ॥
नौसे नारी मंगल गावे । तहाँ मन भँवरा अति सुख पावे ॥
शीतल भई सबै ही काया । शब्द ब्रह्मरस अमृत पाया ॥ ५३ ॥
अब तो शब्द गगन कूं चढिया । पछिम घाटि होइकै अनुसरिया ॥

घाटी बीस मेरु की छेकी । इकबीसै गढ गया विशैखी ॥ ५४ ॥
पहिली बैठा त्रिकुटी छाजे । जाके उपर अनहद बाजै ॥
त्रिवेणी तट ब्रह्म न्हवाया । निर्मल होय आगे कूं ध्याया ॥ ५५ ॥

दोहा

इंगला पिंगला सुखुमणा, मिले त्रिवेणी घाट ।
जहां झाझे जल झूलि के, निर्मल होय निराट ॥ १ ॥
अब त्रिवेणी न्हाई कै, कीया गगन प्रवेश ।
तीन लोक सूं अलध सुख, यो कोई चौथा देश ॥ २ ॥

चौपाई

अब चौथे घर पहुँता जाई । जहाँ का चहन मैं कहूं सुणाई ॥
घरर घरर अनहद घररावै । परम ज्योति दामणि भलकावे ॥ १ ॥
सुषुमण नीर लूंब झडि लाई । भीजत सुरति गर्क होइ जाई ॥
अर्ध उर्ध जहां कमल प्रकासा । सूरति भवंर होइ करत बिलासा ॥ २ ॥

घुरै अखण्ड अनाहद बाजा । प्राण पुरुष चहां तख्त बिराजा ॥
झिलिमिलि झिलिमिलि नूर प्रकासै । अनंत कोटि रवि प्रकटया भासै ॥ ३ ॥
यातो बात अतौल है भाई । मुख सूं कहयां तोल व्है जाई ॥
पवन कहो कैसे गह हाथा । कैसे भरै गगन की बाथा ॥ ४ ॥
रुपवर्ण कैसो तडका को । ऐसो कहा बखानो जाको ॥
हाक वाक रहे कहत न आवै । पहुंच्या होइ सोही भल पावै ॥ ५ ॥

दोहा

अनहद गरजै नभ झरै । दामिनि ज्योति उजास ।
रामचरण सुनि सायराँ । हंसा करत निवास ॥ १ ॥

चौपाई

सायर तट हंस बैठा जाई । सायर हँस में रह्या समाई ॥
ओत पोत भया द्वैत न दर्शै । संत गरक, ब्रह्म सुख कूं पर्शै ॥ १ ॥
ब्रह्म पर्श्याकी दशा बताऊं । बाहिर के लक्षण पिछनाऊं ॥
जाके रंक एक ही राउ । माया सेती करे न भाउ ॥ २ ॥

अथ ग्रंथ शब्दप्रकाश लिख्यते ॥

स्तुति

रमतीत राम गुरुदेवजी, पुनि तिहूंकाल के संत।
जिनकूं रामचरण की, बन्दन बार अनंत (१)

दोहा

राम नाम तारक मन्त्र। सुमिरै शंकर शेष॥
रामचरण साचा गुरु। देवे यो उपदेश॥ १ ॥
सतगुरु बकसे राम नाम। शिख धारै विश्वास॥
रामचरण निशि दिन रटै। तो नहचै होय प्रकाश॥ २ ॥

चौपाई

अब सुँणियो सब साधु सुजाना। राम भजन का करुं बखाना ॥
प्रथम नाम सतगुरु सूं पाया। श्रवणां सुनिके प्रेह उपजाया ॥ १ ॥

पुनि रसना की श्रद्धा जागी। राम रटनि निशिवासर लागी ॥
दूजी आशा सकल बुहारी। तब राम नाम में सुरति ठहारी ॥ २ ॥
पद्मासन निश्चल मन कीया। नासा निरत धारि घर लीया ॥
श्वास उश्वासां धवँण लगाई। आरति करिकै विरह जगाई ॥ ३ ॥
रसना अग्र खुली इक सीरा। प्रथम वाको पयसो नीरा ॥
रटतां रटतां भयो मिठास। हर्ष भयो आयो विश्वास ॥ ४ ॥
केई दिवस रसना रस गटक्यो। पीछे शब्द कण्ठ में अटक्यो ॥
कण्ठ स्थान बहुत कठिणाई। मुख सूं वचन न बोल्यो जाई ॥ ५ ॥
खान पान पैं रुचि रहे थोरी। मारग रुक्यो जाय कह वोरी ॥
क्षीण शरीर त्वचा सकुचानी। नीली नस दीसै झलकानी ॥ ६ ॥
पीरो वदन नेतराँ लाली। मुकुर ज्योति ज्यूं दिपै कपाली ॥
चलै कँमकँमी रुं थररावे। छाती रुँधै श्वास न आवे ॥ ७ ॥
एसी विधि विरहनि की होई। विरहि जाणै कै सतगुरु सोई ॥

एक दिवस ऐसी बनि आंही । शब्द सरक गयो हिर्दा मांही ॥ ८ ॥
परम सुक्ख हिर्दै परकाशा । ज्यूं रवि कीनो तम को नाशा ॥
सहजै सुमरण हिरदै होई । बाहिर भेद न जानै कोई ॥ ९ ॥
सोवत जागत डोरी लागी । वन वस्ती की शंका भागी ॥
रसना जप्यां अजप्पा पाया । बाहिर साधन सकल बिलाया ॥ १० ॥
जाग्यो प्रेम नेम रहयो नांही । पाई राम धाम घट मांही ॥
उर अस्थान पाय विश्रामा । शब्द किया जाय नाभि मुकामा ॥ ११ ॥
नाभिकमल में शब्द गुंजारे । नौसे नारी मंगल उचारे ॥
नाभिहोद काया वन पीवे । ता रस साधू जुग जुग जीवे ॥ १२ ॥
रोम रोम झुणकार झुणं कै । जैसे जंतर ताँत ठुणंकै ॥
माया अक्षर यहां विलाया । ररंकार इक गगन सिधाया ॥ १३ ॥
पश्चिम दिशा मेरु की घाटी । बीसूं गांठि घोर सें फाटी ॥
त्रिकुटी संगम कीया स्नाना । जाइ चढया चौथे अस्थाना ॥ १४ ॥
जहां निरंजन तख्त विराजै । ज्योति प्रकाश अनंत रवि राजै ॥

अनहद नाद गिणत नहिं आवे । भांति भांति की राग उपावे ॥ १५ ॥
स्रवै सुषुम्णा नीर फुँहारा । शून्य शिखर का यह विव्हारा ॥
झरि पणंग मोती सा ढलकै । जाकी ज्योति अरुण सी भलकै ॥ १६ ॥
सागर जहां बिना धर भरिया । हंसै वास तास मधि करिया ॥
सुखमण मोती करै अहारा । निज हंसा का एही चारा ॥ १७ ॥
शुँन सायर हंस का वासा । भव सागर सुख भया उदासा ॥
दरिया सुख को अंत न आवै । छीलर काल बाज झपटावै ॥ १८ ॥
सुख सागर मिलि सुख पद पाया । सो शब्दां मैं कहि समझाया ॥
बिन देख्यां परतीत न आवै । तासूं कैसे भेद बतावै ॥ १९ ॥
अर्ध उर्ध कमला चहां फूल्या । भँवररुप होई हंसा झूल्या ॥
भंवर गुंजार गगन गिर्णाया । होय मस्त अलि तहां लुभाया ॥ २० ॥
ऐसो पद विरला जन पावै । सो भवसागर नाहीं आवै ॥
राम रटयां का यह प्रकाशा । मिल्या ब्रह्म पद भव भया नाशा ॥ २१ ॥
रामचरण कोई राम रटेगा । सो जन एही धाम लहेगा ॥

श्रीरामस्नेही-सम्प्रदायकी उपासना-पद्धति

(लेखक—दैवज्ञप्रवर स्वामी श्रीमनोरथरामजी रामस्नेही शास्त्री, साहित्यभूषण)

भक्तिके पथको सुगम और प्रशस्त करनेके लिये महाप्रभु स्वामी श्रीरामचरणजी महाराजने शाहपुरामें श्रीरामस्नेही-सम्प्रदायकी स्थापना की, साथ-ही-साथ भक्तियोगके प्रतिपादनार्थ स्वकीय अनुभवयुक्त वाणीद्वारा दोहा-चौपाइयोंमें 'शब्दप्रकाश' नामक ग्रन्थका निर्माण किया तथा उसपर ब्रह्म रामकी उपासना-विधि बतलायी, जिनके ध्यानमें शङ्कर तथा शेषजी सदा लीन रहते हैं तथा जिनके नामकी महिमा महर्षि अगस्त्यजीने अगस्त्यसंहितामें सुतीक्ष्णजीके प्रति इस प्रकार वर्णन की है—

सप्तकोटिमहामन्त्राश्चित्तविभ्रमकारकाः ।
एक एव परो मन्त्रो राम इत्यक्षरद्वयम्॥

अर्थात् महामन्त्र तो सात करोड़ हैं, परन्तु वे चित्तमें [यह मन्त्र श्रेष्ठ है या वह—इस प्रकारका] विभ्रम उत्पन्न करनेवाले हैं। 'राम' यह दो अक्षरोंका महामन्त्र ही सबसे श्रेष्ठ है। इसी प्रकार अथर्ववेदके रामरहस्योपनिषद्में भी कहा है—

एतेषु चैव सर्वेषु तत्त्वं च ब्रह्मतारकम्।
राम एव परं ब्रह्म राम एव परं तपः।
राम एव परं तत्त्वं श्रीरामो ब्रह्मतारकम्॥

अर्थात् समस्त धर्मग्रन्थोंका तत्त्व तारक ब्रह्म ही है। और वह तारक ब्रह्म राम है। राम ही परब्रह्म है, राम ही परम तप है और राम ही परम तत्त्व है।

इस प्रकार परब्रह्म रामकी महिमासे धर्मग्रन्थ भरे पड़े हैं। यहाँ अधिक वचनोंका उल्लेख करना सम्भव नहीं है। इसलिये अब हम परब्रह्म रामकी उपासना-पद्धतिरूप 'शब्दप्रकाश' नामक ग्रन्थके मूल वचनोंको ही उद्धृत कर लेख समाप्त करेंगे। उस ग्रन्थमें महाप्रभु स्वामी श्रीरामचरणजी महाराजने परब्रह्म रामकी उपासना-पद्धति इस प्रकार बतायी है—

रामनाम तारक मंत्र, सुमरै संकर सेस।
रामचरण साँचा गुरु देवै यह उपदेस॥ १॥
सतगुरु बकसै रामनाम, सिष धारैं बिस्वास।
रामचरण निसिदिन रटै तो निस्वय होय प्रकास॥ २॥

अब सुनियो सब साधु सुजाना। रामभजनका करूँ बखाना॥
प्रथम नाम सतगुरु से पाया। श्रवणा सुनके नेह उपजाया॥ १॥
पुनि रसना की श्रद्धाजागी। राम रटन निसिबासर लागी॥
दूजी आसा सकल बुहारी। (तब) राम नाम मैं सुरत ठहारी॥ २॥
पद्मासन निस्चल मनकीया। नासा निरत धार घर लीया॥
स्वास उस्वासा ध्वनीलगाई। आरत करके बिरह जगाई॥ ३॥
रसना अग्र खुली इक सीरा। परथम वाको पय सो नीरा॥
रटताँ रटताँ भयो मिठास। हर्ष भयो आयो बिस्वास॥ ४॥
कई दिवस रसना रसगटक्यो। पीछे सब्द कंठमें अटक्यो॥
कंठ स्थान बहुत कठिनाई। मुख सूँ बचन न बोल्यो जाई॥ ५॥
खान पान पै रुचि रहै थोरी। मारग रुक्यो जाय कह बौरी॥
छीन सरीर त्वचा सकुचानी। नीली नस दीसै झलकानी॥ ६॥
पीरो बदन नेतराँ लाली। मुकुर ज्योति ज्यां दियै कपाली॥
चले कमकमी रूँ थर्रावै। छाती रुँधै स्वास नहिं आवै॥ ७॥
ऐसी बिधि बिरही की होई। बिरह जान कै सतगुरु सोई॥
एक दिवस ऐसी बन आई। सब्द सरक गयो हिरदय माईं॥ ८॥
परम सुक्ख हिरदै परकासा। ज्यूँ रबि कीन्हों तम को नासा॥
सहजै सुमिरन हिरदै होई। बाहिर भेद न जानै कोई॥ ९॥
सोवत जागत डोरी लागी। बन बस्ती की संका भागी॥
रसना जपा अजप्पा पाया। बाहिर साधन सकल बिलाया॥ १०॥
जाग्यो प्रेम नेम रह्यो नाहीं। पाई राम धाम घट माहीं॥
उर अस्थान पाय बिश्रामा। सब्द किया जाय नाभि मुकामा॥ ११॥
नाभि कमल में सब्द गुँजारै। नो सै नारी मंगल उचारै॥
रोम रोम झुणकार झुणक्कै। जैसे जंतर ताँत ठुणक्कै॥ १२॥
माया अच्छर इहाँ बिलाया। रंकार इक गगन सिधाया॥
पस्चिम दिसा मेरु की घाटी। बीसों गाँठ घोर सें फाटी॥ १३॥
त्रिकुटी संगम किया सनाना। जाय चढ़्या चौथे अस्थाना॥
जहाँ निरंजन तख्त बिराजै। ज्योति प्रकास अनंत रबि राजै॥ १४॥
अनहद नाद गिणत नहिंआवै। भाँति भाँति की राग उपावै॥
स्त्रवै सुषुम्ना नीर फुँहारा। सून्य सिखर का यह बिवहारा॥ १५॥
झरै पणंग मोती-सा ढलकै। जाकी ज्योति अरुन-सी भलकै॥
सागर जहाँ बिना घर भरिया। हंसा बास तास मध करिया॥ १६॥
सुखमण मोती करे अहारा। निज हंसा का यह ही चारा॥
सुन सायर हंसा का बासा। भवसागर सुख भया उदासा॥ १७॥
दरिया सुखको अंत न आवै। छीलर काल बाज झपटावै॥
सुखसागर मिल सुख पद पाया। सो सब्दाँ में कह समझाया॥ १८॥
बिन देख्याँ परतीत न आवै। तासूँ कैसे भेद बतावै॥

अर्ध उर्ध कमला जहाँ फूल्या। भँवर रूप होय हंसा झूल्या॥ १९॥
भँवर गुँजार गगन गिरणाया। होय मस्त अलि तहाँ लुभाया॥
ऐसो पद बिरला जन पावै। सो भवसागर नाहीं आवै॥ २०॥
राम रट्याँका यह परकासा। मिल्या ब्रह्मपद भव भया नासा॥
रामचरण कोइ राम रटेगा। सो जन एही धाम लहेगा॥ २१॥
रामनाम निसिबासर गासी। सो नर भवसागर तिर जासी॥
रामनाम बिन आन उपाई। ज्यूँ दूल्याँ का खेल कराई॥ २२॥
बालक बेळू मँदिर बणाया। तामें बस कूने सुख पाया॥
रामभजन बिन खाली करणी। ज्यूँ बिन बीज सुधारी धरणी॥ २३॥
राम बीज साधन हल हाँकै। तो रामचरण खेती फल पाकै॥ २४॥

बरणि कह्यो संछेप से दरिया के सो पार।
निज परसी या धामकूँ (सो) लीज्यो संत बिचार॥ १॥
रामचरण रट रामनाम पाया ब्रह्म बिलास।
ईं साधन कोइ लागसी (जाके) होसी सब्द प्रकास॥ २॥

—इत्यादि। इन वचनोंका अर्थ भलीभाँति समझकर जो बुद्धिमान् पुरुष उपर्युक्त उपासना-पद्धतिके अनुसार परम पुनीत भक्तियोगकी साधना करेंगे, वे निश्चय ही मायाके समस्त बन्धनोंसे मुक्त होकर संसारसागरको गोपदकी तरह अनायास पार कर जायँगे और परब्रह्म श्रीरामरूप होकर उनकी सायुज्य-मुक्तिको प्राप्त करेंगे। फिर उनको श्रुतिके **'न च पुनरावर्तते, न च पुनरावर्तते'** इस वचनके अनुसार कभी भी संसार-चक्रमें फँसकर जन्म-मरणादिके कष्टोंका अनुभव नहीं करना पड़ेगा। यद्यपि 'शब्दप्रकाश' में ईश्वरोपासनाका विस्तार बहुत है और ग्रन्थका अर्थ समझाना भी आवश्यक था, परन्तु विस्तारभयसे इस लेखको यहीं समाप्त किया जाता है। श्रीरामस्नेही-सम्प्रदायकी उपासना-पद्धतिका संक्षिप्त स्वरूप यही है।

श्रीरामस्नेही-सम्प्रदायकी उपासना-पद्धति

(लेखक—दैवज्ञप्रवर स्वामी श्रीमनोरथरामजी रामस्नेही शास्त्री, साहित्यभूषण)

भक्तिके पथको सुगम और प्रशस्त करनेके लिये महाप्रभु स्वामी श्रीरामचरणजी महाराजने शाहपुरामें श्रीरामस्नेही-सम्प्रदायकी स्थापना की, साथ-ही-साथ भक्तियोगके प्रतिपादनार्थ स्वकीय अनुभवयुक्त वाणीद्वारा दोहा-चौपाइयोंमें 'शब्दप्रकाश' नामक ग्रन्थका निर्माण किया तथा उसपर ब्रह्म रामकी उपासना-विधि बतलायी, जिनके ध्यानमें शङ्कर तथा शेषजी सदा लीन रहते हैं तथा जिनके नामकी महिमा महर्षि अगस्त्यजीने अगस्त्यसंहितामें सुतीक्ष्णजीके प्रति इस प्रकार वर्णन की है—

सप्तकोटिमहामन्त्राश्चित्तविभ्रमकारकाः ।
एक एव परो मन्त्रो राम इत्यक्षरद्वयम् ॥

अर्थात् महामन्त्र तो सात करोड़ हैं, परन्तु वे चित्तमें [यह मन्त्र श्रेष्ठ है या वह—इस प्रकारका] विभ्रम उत्पन्न करनेवाले हैं। 'राम' यह दो अक्षरोंका महामन्त्र ही सबसे श्रेष्ठ है। इसी प्रकार अथर्ववेदके रामरहस्योपनिषद्में भी कहा है—

एतेषु चैव सर्वेषु तत्त्वं च ब्रह्मतारकम्।
राम एव परं ब्रह्म राम एव परं तपः।
राम एव परं तत्त्वं श्रीरामो ब्रह्मतारकम्॥

अर्थात् समस्त धर्मग्रन्थोंका तत्त्व तारक ब्रह्म ही है। और वह तारक ब्रह्म राम है। राम ही परब्रह्म है, राम ही परम तप है और राम ही परम तत्त्व है।

इस प्रकार परब्रह्म रामकी महिमासे धर्मग्रन्थ भरे पड़े हैं। यहाँ अधिक वचनोंका उल्लेख करना सम्भव नहीं है। इसलिये अब हम परब्रह्म रामकी उपासना-पद्धतिरूप 'शब्दप्रकाश' नामक ग्रन्थके मूल वचनोंको ही उद्धृत कर लेख समाप्त करेंगे। उस ग्रन्थमें महाप्रभु स्वामी श्रीरामचरणजी महाराजने परब्रह्म रामकी उपासना-पद्धति इस प्रकार बतायी है—

रामनाम तारक मंत्र, सुमरै संकर सेस।
रामचरण साँचा गुरु देवै यह उपदेस॥ १॥
सतगुरु बकसै रामनाम, सिष धारैं बिस्वास।
रामचरण निसिदिन रटै तो निस्चय होय प्रकास॥ २॥

अब सुनियो सब साधु सुजाना। रामभजनका करूँ बखाना॥
प्रथम नाम सतगुरु से पाया। श्रवणा सुनके नेह उपजाया॥ १॥
पुनि रसना की श्रद्धाजागी। राम रटन निसिबासर लागी॥
दूजी आसा सकल बुहारी। (तब) राम नाम मैं सुरत ठहारी॥ २॥
पद्मासन निस्चल मनकीया। नासा निरत धार घर लीया॥
स्वास उस्वासा ध्वनीलगाई। आरत करके बिरह जगाई॥ ३॥
रसना अग्र खुली इक सीरा। परथम वाको पय सो नीरा॥
रटताँ रटताँ भयो मिठास। हर्ष भयो आयो बिस्वास॥ ४॥
कई दिवस रसना रसगटक्यो। पीछे सब्द कंठमें अटक्यो॥
कंठ स्थान बहुत कठिनाई। मुख सूँ बचन न बोल्यो जाई॥ ५॥
खान पान पै रुचि रहै थोरी। मारग रुक्यो जाय कह बौरी॥
छीन सरीर त्वचा सकुचानी। नीली नस दीसै झलकानी॥ ६॥
पीरो बदन नेतराँ लाली। मुकुर ज्योति ज्यां दियै कपाली॥
चले कमकमी रूँ थर्रावै। छाती रुंधै स्वास नहिं आवै॥ ७॥
ऐसी बिधि बिरही की होई। बिरह जान कै सतगुरु सोई॥
एक दिवस ऐसी बन आई। सब्द सरक गयो हिरदय माईं॥ ८॥
परम सुक्ख हिरदै परकासा। ज्यूँ रबि कीन्हों तम को नासा॥
सहजै सुमिरन हिरदै होई। बाहिर भेद न जानै कोई॥ ९॥
सोवत जागत डोरी लागी। बन बस्ती की संका भागी॥
रसना जपा अजप्पा पाया। बाहिर साधन सकल बिलाया॥ १०॥
जाग्यो प्रेम नेम रह्यो नाहीं। पाई राम धाम घट माहीं॥
उर अस्थान पाय बिश्रामा। सब्द किया जाय नाभि मुकामा॥ ११॥
नाभि कमल में सब्द गुंजारै। नो सै नारी मंगल उचारै॥
रोम रोम झुणकार झुणक्कै। जैसे जंतर ताँत ठुणक्कै॥ १२॥
माया अच्छर इहाँ बिलाया। ररंकार इक गगन सिधाया॥
पस्चिम दिसा मेरु की घाटी। बीसों गाँठ घोर सें फाटी॥ १३॥
त्रिकुटी संगम किया सनाना। जाय चढ्या चौथे अस्थाना॥
जहाँ निरंजन तख्त बिराजै। ज्योति प्रकास अनंत रबि राजै॥ १४॥
अनहद नाद गिणत नहिंआवै। भाँति भाँति की राग उपावै॥
स्त्रवै सुषुम्ना नीर फुँहारा। सून्य सिखर का यह बिवहारा॥ १५॥
झरै पणंग मोती-सा ढलकै। जाकी ज्योति अरुन-सी भलकै॥
सागर जहाँ बिना घर भरिया। हंसा बास तास मध करिया॥ १६॥
सुखमण मोती करे अहारा। निज हंसा का यह ही चारा॥
सुन सायर हंसा का बासा। भवसागर सुख भया उदासा॥ १७॥
दरिया सुखको अंत न आवै। छीलर काल बाज झपटावै॥
सुखसागर मिल सुख पद पाया। सो सब्दाँ में कह समझाया॥ १८॥
बिन देख्याँ परतीत न आवै। तासूँ कैसे भेद बतावै॥

अर्ध उर्ध कमला जहाँ फूल्या। भँवर रूप होय हंसा झूल्या॥ १९॥
भँवर गुँजार गगन गिरणाया। होय मस्त अलि तहाँ लुभाया॥
ऐसो पद बिरला जन पावै। सो भवसागर नाहीं आवै॥ २०॥
राम रट्याँका यह परकासा। मिल्या ब्रह्मपद भव भया नासा॥
रामचरण कोइ राम रटेगा। सो जन एही धाम लहेगा॥ २१॥
रामनाम निसिबासर गासी। सो नर भवसागर तिर जासी॥
रामनाम बिन आन उपाई। ज्यूँ दूल्याँ का खेल कराई॥ २२॥
बालक बेळू मँदिर बणाया। तामें बस कूने सुख पाया॥
रामभजन बिन खाली करणी। ज्यूँ बिन बीज सुधारी धरणी॥ २३॥
राम बीज साधन हल हाँकै। तो रामचरण खेती फल पाकै॥ २४॥

बरणि कह्यो संछेप से दरिया के सो पार।
निज परसी या धामकूँ (सो) लीज्यो संत बिचार॥ १॥
रामचरण रट रामनाम पाया ब्रह्म बिलास।
ईं साधन कोइ लागसी (जाके) होसी सब्द प्रकास॥ २॥

—इत्यादि। इन वचनोंका अर्थ भलीभाँति समझकर जो बुद्धिमान् पुरुष उपर्युक्त उपासना-पद्धतिके अनुसार परम पुनीत भक्तियोगकी साधना करेंगे, वे निश्चय ही मायाके समस्त बन्धनोंसे मुक्त होकर संसारसागरको गोपदकी तरह अनायास पार कर जायँगे और परब्रह्म श्रीरामरूप होकर उनकी सायुज्य-मुक्तिको प्राप्त करेंगे। फिर उनको श्रुतिके **'न च पुनरावर्तते, न च पुनरावर्तते'** इस वचनके अनुसार कभी भी संसार-चक्रमें फँसकर जन्म-मरणादिके कष्टोंका अनुभव नहीं करना पड़ेगा। यद्यपि 'शब्दप्रकाश' में ईश्वरोपासनाका विस्तार बहुत है और ग्रन्थका अर्थ समझाना भी आवश्यक था, परन्तु विस्तारभयसे इस लेखको यहीं समाप्त किया जाता है। श्रीरामस्नेही-सम्प्रदायकी उपासना-पद्धतिका संक्षिप्त स्वरूप यही है।

19:31

जाकी सुरति शून्य में लागी, छकित भयो छकि नैना।
अविगति अकह अलख अन उपमा, काह कहै मुख बैना।
मन पायो री चैना।।
जिन्हिं देखा तिन्हिं सुना सबन्हिं के, आपन बात कहै ना।
ज्यों कृपनी धन अधिक प्रान ते, राखत कोई लखै ना।
मन पायो री चैना।।
मंजिल मोकाम दूरि है जाना, बिनु सतगुरु पहुँचैना।
सत जहाज सुकृत कनहरिया, भवजल शोक रहे ना।
मन पायो री चैना।।
सुर दुर्लभ तन पाय जगत में जो यह लाभ लहै ना।
कहे 'दरिया' धृक जीवन जगत में, नाम बिमुख पठतैना।
मन पायो री चैना।।

(३)

जाके अनुभव आगी लागी।
कस मर सभे जरेव तन भीतर, ऐसो प्रेमहिं पागी।।
बिनु मसि लिखे कलम बिनु कागज, अगम निगम तत्वसारा।
ब्रह्म निरुपन भेद बिचारे, ज्ञान रतन को धारा।।
ज्यों मराल नीर क्षीर विवरण, करि ऐसी बुद्धि शरीरा।
हंस दसा कुल बंस है उज्जवल, सभ मति भई गयो थीरा।।
अमृत बुन्द परे फुहकारा, परिमल बास सुबाशा।
गगन मध्य सुरति तहाँ रोपो, देखो अजब तमाशा।।
विमल विमल पद करु अनुरागा, निर्मल निरखत मोती।
कहे 'दरिया' सतगुरु की महिमा, जगमग झलके ज्योति।।

(४)

जाके एऊ गगन झरि लागी।
बिना घट घन वर्षन लागे, सुरति सुखमना जागी।।
अजपा जाप जपे निसि बासर, रहे जगत में बागी।
मूल अकह में गमि बिचारे, सोई सदा जन भागी।।
अष्ट दल कमल झरोखा जहवाँ, नाम विमल रस पागी।
तिल भर चौकी दने दरवाजा, ताहि खोजो अनुरागी।।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

(४)

अरु का छव चक्र में चित चलावत, काहे के चंद चकोर की राति।
अरु का दल कमल कला वृगसे भौ, काहे के घ्राणि लगे चहु पाँति।।
अरु काहे के जावन जानि जमावत, का घृत काढ़ि के लेसल बाती।
'दरिया' जो कहे जब हुआ, तब काहे के खोजत जाति औ पाँती।।

(५)

अरु काहे के भँवर गोफा मंह पैठत, का कसि काम के लावत तारी।
अरु का ब्रह्मंड अखण्ड विराजित, का गृहि त्यागी सुता सुत नारी।।
अरु का पढ़ि वेद पुरान परायन, काहे के निर्गुन सगुन विचारी।
'दरिया' जो कहे जब ज्ञान नहीं, अपने पगु हाथ कुल्हारिन मारी।।

(६)

अरु त्यागत लोन अलोन जो खात है, कै तप तेजत सो गृहि नारी।
अरु काहे के डंड कमंडल लेत है, काहे के योग भये ब्रह्मचारी।।
अरु का गले कंथ जो पंथ के जोहत, का मनि मुन्द्रा कान के फारी।
'दरिया' जो कहे जब ज्ञाल नहीं, अपने पै आप सो आप बिसारी।।

(७)

अरु त्यागत चारिऊ वेद विचारी सो, त्यागत डंड कमंडल सोई।
नाहिं न राग विराग विवेकित, नाहिं न तीर्थ मंजन धोई।।
नाहिं न हेला न मेला न खेलत् नाहिं न पंथ में प्रीति समोई।
'दरिया' जो कहे जब ज्ञान हुआ, अपने मँह आपु चीन्हे सत सोई।।

(८)

अरु काहे के तत्व निःतत्व के खोजत, काहे के सुरति निरति न्यारी।
काहे के इंगला पिंगला फेरत, काहे के पाँच पचीस बिचारी।।
का हठ निग्रह निगम नेति है, क्या षट कर्म करे अधिकारी।
'दरिया' जो कहे जब ज्ञान नहीं, तबही यम फंद पसारी के मारी।।

(९)

अरु काहे के चौका चंदन चर्चित, काहे के दीप लेसे बहु भाँति।
अरु काहे के आरती शंख सुधारत, मुनि मत भेद सुने सब भाँति।।
सोई है गाफिल गमी न जानत, कहत फिरे हम संत की जाति।
'दरिया' जो कहे जब ज्ञान नहीं, यह लिखि देवे सब पान की पाति।।

19:41

जरबा ना मरब रहब नाहिं कबहिं।
अरी जबहीं अमरपुर जाइब रे की।।
कहे 'दरिया' दया सतगुरु की।
अरी नीति नई प्रेम लगाइब रे की।।

(४)

हमहु चलब रहब नाहिं युग-युग।
अरी या जग जीति घर जाइब रे की।।
तन करु मटुकी प्रेम करु पानी।
अरी सुरति निरति नेता लाइब रे की।।
दधी बिलोइब छांछि अलोइब।
अरी तब घृत घ्रानि सोहाइब रे की।।
साहब साँचा आपन दिल काँचा।
अरि साँच कहले पतियाइब रे की।।
जाकर हम हउई ताकर या जग।
अरी निरखि परखि गुन गाइब रे की।।
कहे 'दरिया' जग हित नाहिं मित कोई।
अरी साहब से चित्त लगाइब रे की।।

(५)

गंग यमुन बीच अवघट घटिया, अरि तहँवा योगिया मठ छावल रे की।
अवन भवन करे निसु अधियरिया, अरि कारी नागिनिया उठि आवल रे की।।
मोहिं देहु साहब पान के बीरवा, अरि योगिया के रुप देखि आइब रे की।
कहे 'दरिया' धन्य भाग सोहागिनि, अरि बहुरि मंदिर न आइब रे की।।

शब्द विदापद राग तिरहुतिया

(१)

अरी सुनु सखी री हे, भँवरा बिमती गइलें मोर।
जो मैं जनिती भँवरा चोरियहिं जैबहु हे, चितवों नयनवाँ के कोर।।
मालती के फूलवा पर भँवरा लोभइलहु हे, चरन कमल किन्हों भोर।
लीखि लीखि पतिया मों बिनती बिनय करूँ हे, प्रेम धागा जनि तोर।।
ढूँढ़त-ढूँढ़त सकल बन ढूँढ़लो हे, मधुपति मधुवा की ओर।
कहे 'दरिया' कामिनि योग युक्ति करु हे, चितवत चंद चकोर।।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

शब्द हिंडोलवा

(१)

जगत हिडोलवा झूलता है चौयुग।।
मेरु मंडल खम्भवा गाड़ेव हो दसो दिसा तान।
चाँद सूरज दोनो भे मचवा हो, झूलहिं साँझ बिहान।।
गगन उड़िगन घटा छायो, पवन को प्रकाश।
निगम चारु बुन्द वर्षे, पाप पुन्य निवास।।
प्रथ्माम झूले शिव सारद, नारद औ सुकदेव।
सनकादि आदि जो ब्रह्म झूले, गौरी गन पतिदेव।।
मारकन्डे कल्प झूलें, अकथ किन्हों जान।
झूले अहिपति सहस्त्रबानी, ब्यास वेद बखान।।
राम झूले नौ बार नीके, शक्ति सीया के पास।
झूले रावन गर्व गामी, जगत किन्ह उपहांस।।
गोपिय के संग कान्ह झूले, मुख मुरली रंग।
काया धरि कबीर झूले, ज्ञान को प्रसंग।।
बाल्मिक वशिष्ठ झूलें, वेद को मत आय।।
औरि ऋषि सभ सकल झूले, अपनी मति ठान।
कहें 'दरिया' दया सतगुरु, ज्ञान लिजै मान।।

(२)

मुक्ति हिंडोलवा झूलहू बिवेक बिचार।।
सत सुकृत खम्भ गाड़े, सुरति डोरि लाय।
प्रेम पटरी बैठ के यह, झूलहु संत समाय।।
इंगला पिंगला सुषमना, जहाँ बहत पवन सुधार।
अर्ध अर्ध द्वादस आवे, चरन चित सम्भार।।
तहाँ जलज झलकत पुहुँप, विकसित भँवर बास समाय।
तहाँ मोह माया निकट नाहिं, अग्रघ्रानि रहु छाय।।
तहाँ फुंही झंम झंम झरत निर्गुन, रहेव गंग समाय।

19:44

तहाँ मनि मुक्ता निरखि निर्मल, प्रेम पंथ सुहाय।।
तहाँ रहत कह-कह अकथ कथ है, कहे को पतिआय।
तहाँ झूलहिं जन प्रेम बसि होय, आवागमन नसाय।।
छोड़ो सभ भर्म कर्महिं, नाम निश्चय पाय।
अटल पद के लागिहु सब, सकल भर्म बिहाय।।
सुमिरत वेद पुरान पंडित, पूजा कर्म बखानि।
भर्म कर्म ले झूलन लगे, अन्त बिगुरन हानि।।
आदि अन्त ओ मध्य मंडल, झूलहिं मुनि महेश।
कहे 'दरिया' सत महिमा, ज्ञान गुरु उपदेश।।

(३)

कथिके दोनों खम्भवा हो, कथिके लागल डोरी।
कथिके दोनों मंचवा सन्तों, कवन झकझोरी।। हिंडोलवा हो०।।
सत सुकृत दोनों खम्भवा हो, सुषमनि लागलि डोरी।
अर्धउर्ध दोनों मँचवा सन्तों, इंगला पिंगला झक झोरी।।
कवन सखी सुख बिलसे हो, कवन कर्म दुःख साथ।
कवन सखिया सुहागिन सन्तों, कवन कलम गहे हाथ।।
संत सनेही सुख बिलसे हो, कपट कर्म दुःख साथ।
पिया मुख सखिया सुहागिन संतों, राधे कलम गहे हाथ।।
जिन्हिं गहल तिन्ह पावल हो, निर्गुन नाह अधार।
कहे 'दरिया' सुनु कामिनि संतों, उतरहु भवजल पार।।

(४)

कवन रे झूलावे कवन झूलहिं हो, कवने बैठे पाट।
कवन पुरुष नहिं झूलहिं संतों, कवन रोकत है बाट।।
मन रे झूलावे जीव झूलहिं हो, शक्ति बैठ लि पाट।
सत पुरुष नहिं झूलहिं संतों, कुमति रोकत बाट।।
सुर नर मुनि सभ झूलहिं हो, झूलहीं तीनो देव।
गनपति फनपति झूलहिं संतों, योगी यती सुकदेव।।
जीव जन्तु सभ झूलहिं हो, झूलहिं आदि गनेश।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

19:46

ऐनक मूल शब्द है सार, चहुँ ओर दिसे रंग करार।
झरति झरि तहाँ झमकत नूर, चित चकमक गहि बाजत तूर।
झलकत पदुम गगन उजियार, दिव्य दृष्टि गहु मकर तार।
द्वादस इंगला पिंगला जाय, परिमल अग्र बास तहाँ आय।
बंक कमल मध्य हीरा अमान, श्वेत बरन भौंरा तहां जान।
खोजिये सतगुरु सत निशान, युक्ति जानि जिन्हि कथे ज्ञान।
कहे 'दरिया' यह अकह मूल, आवागमन के मेटे शूल।।

(२)

संतो मन चिन्हिं खेलो ऋतु बसंत, बिन परिचय नहिं मिलहिं कंत।।
गिरिवर चढ़िगौ मीन बिनु जल, सिंह सियार के देखिये बल।
कौन लड़े कौल छोड़े खे, सिंह ठनकु भाजु कुन्जर खेत।
सुखि गया सागर अगम नीर, सिधरी सब सुखि मोटि गो पीर।
बगुला रोवहिं सीस उतानी, किमि करि जीवहिं भैगौ हाँनि।
वेद बाट कथि कहनी जान, ताकी जग में बहुते मान।
गुरु शिष्य संग बाजी भाव, अवसर परिगौ यम के दाव।
योगी यति सब भेष अलेख, सब मिलि सुमिरहिं रुप ना रेख।
या तन तेजि जीव चलिहैं भाग, तीनि लोक में लागि आग।
कर्म काट खोजु शब्द हिं सार, समुझ परे तब वारे पार।
मनि दीयरा नहिं होत छिन्न, कहे 'दरिया' छपलोक है भिन्न।।

(३)

संतो खेलहु बसंत सुख सरब ज्ञान, ज्यों जल कमल भँवर भान।।
जैसे परिमल प्रेमहिं घ्रानि, जैसे पारस कंचन खानि।
जैसे भृंग कीट कह कीन्ह, जैसे चुम्बक लोहा लीन्ह।
जैसे केदली कपूर अंग, जैसे मोती सीपहिं संग।
जैसे हीरा पंक्षी पास, ऐसे जग में भयो दास।
जैसे तिल महँ फूल बास, जैसे मृग मद नाभी पास।
जैसे जल मह मिलेव रंग, नाम बिमल गुन जीव के संग।
जैसे दधी मह घृत घ्रान, ऐसे लीजे वेदहिं छान।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

बिनु बसाये कहाँ बसे गाँव, को कर्ता है काकर नाव।
रज और बीन्द होय एक संग, मूल मंगल धाये जीव ले संग।
खोजत बीते तेहि युग चार, थाके मुनि सब बैठे द्वार।
मुक्ति महातम सतगुरु मंत कहे 'दरिया' तेजु फंद अनंत।।

(११)

चलु चलु रे भँवरी संग, बिनु भँवर तोर कवन रंग।।
काया कमल बन फूले सुबास, दवना, मरुवा चंपा बास।
बेइल, चमेली ग्रीव गुथहीं हार, सुधा चर्चि करु श्रृंगार।
सेज सफेद सुख बना बिवान, नाना रंग जहाँ कृपा निधान।
परम आनन्द सुख भयो बिलास, सोई सुहागिन पिया के पास।
अजर अमर बर मिलेव कंत, मेटेव कल्पना दुःख अंत।
भँवरा भँवरी भयो आनन्द, ज्यों जल कुमुदिनि उदित चन्द।
कुसुम फूले बन बिबिध फूल, द्रुम लता फूले प्रेम मूल।
भँवर भँवरी करू आनन्द, परसु पिया पद तेजहु द्वन्द।
नाम सुमिरु जग अमर सार, वेद विहित सब करो निरुवार।
ज्ञान पुरुष भक्ति है नार, कहे 'दरिया' तन मत सब वार।।

(१२)

मैं जानत हों तुम्हें दीन दयाल, तुम सुमिरत मेटे तप्त काल।।
ज्यों जननी प्रति पालवे सुत, गर्भ बास जिन्ह दियो अकुत।
जठर अगिनि से लियो है काढ़, ऐसी वाकी ठवर गाढ़।
गाढ़े जो जन सुमिरन किन्ह, परगट जग में तेहि गति दिन्ह।
गर्वीहि मारेव गैब बान, संत के राखेव जीवन जान।
जल में कुमुदुनी इन्दु अकाश, प्रीति सदा गुन चरन पास।
जैसे पपिहा जल से नेह, बुन्द एक विस्वास है तेह।
स्वर्ग पताल महि मंडल तीन, तुव हो साहब मैं आधीन।
जानि आयो तब सरन पास, निजु मुख बोले की कहे दास।
सतपुरुष बचन नहिं होहिं आन, बलु पूरब से पश्चिम उगेव भान।
कहे 'दरिया' हमें तुमहिं एक, ज्यों हारिल की लकड़ी टेक।।

जब दुर्योधन चढ़िया खेत, लिन्ह लपेट सब रखा समेत।
उग्रसेन सुत कांस काल, धरि के पटके जबर माल।
और नृप केते भया निखेत, बहु बिधि मरिगौ गनिये केत।
है यह साँच झूठ नहिं हो, साखी पुरातन शब्द विलोय।
साधु द्रोह जो करहीं को, महा नरक जीव पातकि होय।
मीठा फल किमि लागत तीत, कहे 'दरिया' गुरु ज्ञान हीत।।

(१६)

सुख सागर जियरा करु अनंद, प्रेम मगन खेलो तेजो द्वन्द।।
छुटिगौ तिमिर उदित भान, स्वेत मंडल बीच शोभे निशान।
गगन गरजि घन होत तरंग, सिंचत गुलाब शीतल भौ अंग।
विकसित कुमदुनि उदितज चंद, भूले भँवर तहाँ खिलेव रंग।
गगन मंडल बीच भया बास, चित चकोर तहाँ चुंग सुबास।
अकह कमल के ऊपर मूल, सहस कमल तहवां रहु फूल।
झरि झरि परत सुरंग रंग फूल, प्रेम अगम होय समतूल।
भौ निर्मल पायो शब्द सार, सत सरन गहि होहू पार।
अजर अमरपुर भया बास, कहे 'दरिया' मेटा यम के त्रास।।

(१७)

संतो मानु शब्द जो करे बिबेक, अगम पुरुष जहाँ रुप रेख।।
अष्टदल कमल सुरति लवलाव, अजपा जपि के मन ठहराव।
भँवर गोफा में उलटि जाय, जगमग ज्योति रहे छवि छाय।
बंक नाल गहि घैंचु सुत, चमके बिजली मोती बहुत।
स्वेत घटा चहुँ ओर घनघोर, अजरा ज्योति तहाँ होत अँजोर।
अमिय कमल निजु करु बिचार, चुवत बुन्द तहाँ अमृत धार।
छव चक्र खोजि करहु निवास, मूल चक्र जहाँ जीव के बास।
काया खोजि-खोजि योगी भुलान, काया बाहर पद निर्बान।
सतगुरु शब्द जो खोजे लोग, कहे 'दरिया' तब पूरन योग।।

(१८)

सोई बसंत खेलहू हंस राज, जहाँ नभ कौतुक सुर समाज।।

अक्षय वृक्ष तहाँ डार पात, सखा सघन घन लपटि जात।
मधुर मनोहर राग रंग, अनहद ध्वनि, ताल ना भंग।
बेइली चमेली विविध फूल, सुधा अग्र गुलाब मूल।
भँवर कमल में भाव भोग, पदुम पदारथ करिये योग।
बुन्द अखण्डित वर्षे नूर, गगन गरजि घन बाजे तूर।
चमकि छटा चहुँ ओर अँजोर, झींगुर के झनकार है सोर।
नहिं दिन दिवाकर रैनि चंद, कला सम्पूरन होत ना भंग।
उड़िगन मणि-मीन तहाँ दृष्टि पेख, आदि अन्त मध्य मूल देख।
उदित उजागर हंस सार, नहीं दुःख दारुन यम के जार।
मुक्ति महातम सतगुरु मंत, 'दरिया' दरसन मिलेव कंत।।

शब्द होरी

(१)

होली रंग रचो है, ज्ञान निर्गुन नाम की।।
अंगला पिंगला सुषमनि सुन्दर, जूथे बनी हैं बाम की।
गंधीरा गंध छिरकन लागे, फोज टरी है काम की।।
महल-महल रंग बैठु झरोखे, मुख जोहत सब श्याम की।
लागी झरि झाकरि सारेधन्ह की, सुधि बिसरी है धाम की।।
ऐन अजीर अबीर सो छायो, घेरि आयो सब ग्राम की।
कहे 'दरिया' ऐसो फागु खेलो, बजत किन्नर तान की।।

(२)

होली खेलत नाम सुगंध अवसर आइया।।
त्रिकुटी के तट पर रास रचो, स्वर सुनि सखी सब धाइया।
अग्र गुलाब कुँमकुँमा केशरि, सुधा चरचि चढ़ाइया।।
उन्मुनि पीचुका केशरि भरि लिए, छिरिकत प्रेम सोहाइया।
बर्षत सुमन सुगंध सुहासित, गगन मगन झरि आइया।।
मंदिर मगन मनोरथ मन के, बाजत मुरली छाइया।
कहे 'दरिया' कमल दल फूले, भँवर बास लोभाइया।।

19:54

भया निःशंक यह चढ़ा गढ़ बंक, तहाँ रून्ध-धुन्ध भव भर्म जारा।
तहाँ गर्जि निशान अविगति अमान, अडोल अमोल पर ध्यान धारा।
तहाँ चौक के चांदना मूल के साधना, गगन में मगन है शब्द सारा।
कहे 'दरिया' कोई संत जन जौहरी, ब्रह्म बिचार के वार-पारा।

(५)

संत की चाल तुम समुझ बाँकी बड़ी, सुरति कमान कसि तीर मारा।
पाँच के मेटि पच्चीस के दलि मलि, छव के छेद पीव शब्द सारा।
साधि ले मेरुडंड बैठु ब्रह्मंड खण्ड, पवन परिचय लिए काम जारा।
काल जंजाल ते काम निकुताय ले, योग गहि युक्ति तुम समुझ यारा।
उलट ले पवन तुम गवन करु गगन में साध ले त्रिकुटी दिव्य दृष्टि बारा।
तहाँ रोग नहिं सोग निर्दोष निर्बान, सर्वज्ञ सभ मांह तुम देखु यारा।
कहे 'दरिया' दिल पैठु दरियाव में, पाव तुम लाल अनमोल प्यारा।

(६)

भक्त भेष मीलि कंत खोजता फिरे, मता अनन्त भौ बिबिध बानी।
काल के फाँस में दास केते परे, वेद बिरंचि सम जेते ध्यानी।
कंठी कहे कंठ में मठ इहई रचा, बचे कोइ लाख में केते ज्ञानी।
काक का कर्म यह भर्म मंडा रहे, खण्ड ब्रह्मंड ले कथा भानी।
हंस के वंस नहिं बग है बापुरे, नीर औ क्षीर कहु कवन छानी।
नीर अव क्षीर का भेद बीचे परा, काक बग अंध का यहि खानी।
गर्व गामि बोल गर्द से मिलिया, मर्द कोई एक है लाल खानी।
कहे 'दरिया' दर उलटि के देखिये, पेखिया शब्द के सोई ज्ञानी।

(७)

काल के जाल ते लाल देखे नहिं, भुल के भवन में पैठ कागा।
सिंह औ स्यार से युद्ध कैसे बनी, सुधि सभ जायेगा देखत भागा।
गीध का ध्यान यह ज्ञान बहुते कथे, उड़े का सिद्ध भव जिमि लागा।
भिंडी यह जानि के पिंड पर बैठ के, ऐंठ मेटे नहिं झुठ पागा।
निगम का बोझ यह द्रूम सिर ऊपरे, रक्ष कहता फिरे भच्छ माँगा।

191
Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

19:54

कहे 'दरिया' तुम ध्यान करु धनिका, मानु सत शब्द सुन संत ज्ञानी।

(१४)

जीव औ शिव ते जगत माया बनी, जीव औ शिव ते भिन्न बातें।
योग औ भोग का सोग सागर भरा, योग औ भोग में जगत माँते।
ज्ञान औन ध्यान सभ सुरति कंची देखो, ज्ञान और ध्यान में बहुत राते।
निर्गुन निरास यह सगुन तो खपि गया, निर्गुन औ सगुन में विविध ज्ञाते।
घाट औ वाट सभ हाट झूठी देखो, घाट औ वाट में जले आते।
एक अमान वाये ज्यों का त्यों है, ज्यों का त्यों छोड़ि कहाँ जाते।
भगत और भेष अलेख मता बनी, भेष अलेख में धक्का खाते।
कहे 'दरिया' जग जाल झीनी बनी, छीन८ होय झीन में पैठ जाते।

(१५)

काया में जीव औ शिव संग शक्ति है, काया में काम औ क्रोध छावे।
काया की खाँनि अनमोल निर्वान है, काया नव नाटिका बाट आवे।
काया पिन्ड प्रान में भानु चन्दा ऊगे, काया की सुरति यह साफ धावे।
काया में त्रिवेणी लहर तरंग है, काया में अमिय सुखधार पावे।
काया में मूल यह फूल प्रगट है, काया छव चक्र दिव्य दृष्टि लावे।
काया के अग्र यह गगन गढ़ झाँक है, काया कोट पैठि के घाट आवे।
सोई सिद्ध सोई साधु सोई संत है, पीवे पहचान सत शब्द पोवे।
कहे 'दरिया' सतवर्ग सत सोई है, मरे नहिं जीवे नहिं गर्भ आवे।

(१६)

एक वोय एक है टेक गहे कोई, समुझ के पाव दे राह बाँकी।
सत का टोप सिर शब्द की सांगि ले, ज्ञान की तुरिया तेज रांकी।
तहाँ काम औ क्रोध का फौज सब घेरि के, पैठ मैदान में राखु ताकी।
तबल निशान यह बान आगे खड़ा, जगत में सोर नहिं रही बाँकी।
संत सिपाही दिन रैनि खड़ा रहे, काया गढ़ कोट में देत झाँकी।
मन मस्त गयंद जंजीर आंकुस दिये, रहत ताबीन सभ बात बाकी।
जिमि आकाश के बीच में सुरति हो, गगन में मगन धुनि कृत जाकी।
कहे 'दरिया' दल संत सोभे सोई, सिंह की ठवनि कर रहनि एकी।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

19:55

(२३)

ज्ञान के जागते जगमग बरे, अमि रस प्रेम सुख भर्म भागा।
दया के दृष्टि में प्रेम सागर भरा, झरत है लाल दह कमल लगा।
थाके कहीं वेद चतुरानन चार मुख, शेष सहस्त्र मुख ज्ञान पागा।
अलख अपार कोई दृष्टि ज्ञानी लखै, मूल प्रकास झरि गगन लागा।
सुरति साँचा बसे ब्रह्म पूरा हुआ, दया के महल नहिं कुबुद्धि कागा।
अर्ध औ उर्ध जहाँ मध्य मानिक बरे, काया के सोधि सब विषय त्यागा।
ब्रह्म निरुप जहाँ सुरति चौरी रचि, शिव औ शक्ति गहि गाँठि लागा।
कहे 'दरिया' कोई संत जन जौहरी, मुक्ति मैदान में देत डागा।

(२४)

मूल है मूल यह फूल देखा करे, तुले नहिं ताहिं यह वेद सारा।
मुरति है मुरति यह सुरति में देखिए, गगन में मगन दिव्य दृष्टि बारा।
निरति है निरति यह प्रीति पायन परी, गया यम जीत यह विविध धारा।
त्रिगुण है त्रिगुण यह त्रिविध तीन ताप है, तिमिर सभा नासिया निरखि न्यारा।
ज्ञान है ज्ञज्ञन तुम गर्व के दूर कर, सर्व व्यापा रहे संत प्यारा।
योग है योग भर्म भागा फिरे, रोग व्यापे नहिं शोक मारा।
अक्षय है अक्षय तुँ प्रेम मेंछका रहु, देखि छविं ब्रह्म यह उदित तारा।
कहे 'दरिया' दयिाव ग्रकाब है, गहिर गुलजार तहाँ जलज झारा।

(२५)

मूल जाने बिना शूल सागरा परा, हरे बुद्धि ज्ञान बलि छरन चाहे।
वेद के उक्ति से युक्ति दानी हुआ, बाँधि पताल में दुःख दाहे।
हरिश्चन्द यह मंद नहिं भर्म बाजी रचा, जीव को दान तेहिं काह डाहे।
नीच घर बेचिया काम कच्चा किया, सत में बिपति यह तन डोहे।
ठग ठाकुर यह जानि जीव ठगिया, माँगिया मुक्ति नर अजब आहे।
इन्द्र जाल का ब्याल यह पेखना, डारिया जाल नर साँच काहे।
माया मन मंचिया बाँचिया कोई नहीं, त्रिगुण के धार में जान वाहे।
कहे 'दरिया' दिल दगा तै छोड़ दे, गहो सतनाम सर्वज्ञ साहे।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

(२६)

अमर वोय वृक्ष है पँवरि जाकी फूली, मातिया भँवर निजु घ्राणि पाई।
अमि सतनाम है प्रीति पीवता रहे, जीति यम धार नहिं निकट आई।
उन्मुनि के बीच यह चित चुभा रहे, चौक है चाँदनी देखि पाई।
अर्ध अमान निर्बान झलकत रहे, स्वेत सुगंध छबि छत्र पाई।
मगन माशुक यह गगन गर्जत रहे, झरत झरि बुन्द घन घटा छाई।
आदि अनादि देख वादि मिथ्या तेजो, दरस हर घरी निजु पलक पाई।
गहो गुरु ज्ञान तुम ध्यान करो धनीका, तेजि दे मान नहिं दोजक जाई।
कहे 'दरिया' दिल दगा तैं दूर कर, डगा दे ज्ञज्ञन सुनो संत भाइ।

(२७)

घना मोती झरे ज्योति जगमग बरै, घटा घन घेर चहु ओर फेरा।
बुन्द अखण्ड स्वर चले ब्रह्मंड के, काम के फौज सभ घेरि टेरा।
त्रिवेणी मध्य तहाँ सुरति सनमुख कियो, सुषमना घाट कहाँ दृष्टि हेरा।
पलक में झलक चहुँ मंदिल छवि छाइया, ब्रह्म पुनित नहिं बहुरि फेरा।
भेद बंका बड़ा काल संका नहिं ज्ञान घट खुलीत सभ कर्म जेरा।
ध्यान लगा रहे गगन घन गर्जिया, कुमति कुबुद्धि होय रहत चेरा।
बैन विचार यह लगन लागा रहे, मगन सभ दिन कियो गगन डेरा।
संत सुजान जिन्हि शब्द बिचारिया, कहे 'दरिया' सोई दारस मेरा।

(२८)

अगम गुरु ज्ञान ते ब्रह्म पहचान ले, बिना पहचान क्या कथे ज्ञानी।
बिना पहचान अंजान कहाँ जाइहो, बिना ठहराव कहाँ ठौर ठानी।
बिना दिव्य दृष्टि यह जीव कहाँ जाइहें, उर्ध मुख ध्यान धरि विकल बानी।
अर्ध अधियार तहाँ चोर चारी मुंसे, बिना सत शब्द जीव होत हाँनि।
बिना मगु देखि यह भेष भर्मत फिरे, नहिं योग युक्ति रस रोग आँनि।
खालि सभ खलक है पलक मूँदे रहे, खोल दिव्य दृष्टि सोई सिद्ध ज्ञानी।
सोई साधु भरि पूर है शूर सनमुख सही, आपने आपू जिन्हिं उलट आनी।
कहे 'दरिया' सत शब्द बिनु पार नहिं, वार भटकत फिरे मुढ़ प्रानी।

नव गुन बिचारि नव नाटिका है, संझा तरपन दरस कीजै।
अजपा जपे जिभ्या बिना, एह मूल परगास परस लीजै।
ब्रह्म आप हुआ भरम क्यों भूला, नहिं ज्ञान तुलें जो प्रीति भीजै।
कहे 'दरिया' तेजु दूरि धोखा, हरि है हिये नहिं प्रेम छीजै।

(२१)

जरबक्स जरकस जरबुंद, दिल जाक दिल जाक रब पावंदा रे।
कर्दान कर्दान फरमोस एह कैद करी, गैव काफुल झरि आवंदा रे।
कादिर कादिर एह नाजीर नाजीर, हाजिर हजुर इशिक भावंदा रे।
कहे 'दरिया' चाहु ग्रीद गरकाव, कोई इशिक दरवेश दर जावंदा रे।।

(२२)

इस झूलने में दिल झुलदा रे, जाहां गुलरंगी लदा पावंदा रे।
इस गुल का फूल तुलंदा रे, जाहां चम्पकली झरी आवंदा रे।
आशिक दीदार दरस देखंदा रे, एह प्रेम कली चीत सोहंदा रे।
कहे 'दरिया' दल कमल फूले, अलि आए जो बास लोभावंदा रे।।

(२३)

झक झक लगा झक झक लगा, एह झारि झरोखे झांकिया रे।
झरि झरि परा झरि झरि परा, एह लगु गुलाब की आँखिया रे।
पिया प्रेम चाखे पिया प्रेम चाखे, लजीत भली दिल राखिया रे।
दर सेइये रे दर सेइये री दरगाह भला, 'दरिया' कहे सत साखिया रे।

(२४)

मस्तान भला मस्तान भला, महबूब मिया दिल जान्दा रे।
झोके झोक लगा झोक झोक लगा, एह लव लगन में सानदा रे।
आशिक हुआ आशिक हुआ, देखि दर्स सो सानदा रे।
दरिया कहे लहरि घनी, देखि तहकीक आमन्दा रे।।

(२५)

लागी लागी लगन ललना, सबुर सफा जहुर है रे।
माशुक माशुक माशुक वोये, दरश दीदार जहुर है रे।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

पिया प्रेम चाखे पिया प्रेम चाखे, लजीतो वोइल कलक जुबा सभ दूरी है रे।
कहे 'दरिया' दम दम लगा, जाहां दम लगा भरपुर है रे।

(२६)

झक झक लगा झक झक लगा, राम रहीम का नूर बरिसावंदा है।
दस्तगीर जो पीर रहम किया, फहम की बात कहंदा है।
चिराक रोशन महल हुआ, फूल गुल घनेरे आवन्दा है।
कहे 'दरिया' दरस दीदम, कर सम दिल में भावंदा है।

(२७)

एक ज्योति का नूर छवि छाया, चौदह तबक गुलजार हुआ।
खाक अव बाब एह आब आतस, बीच बोलता एक अजब सुआ।
जाहिर बातु ना जिकिरि फिकिरि, हिरिस हवाह सभ दूरी मुआ।
कहे 'दरिया' परवर दिगार, हाका हरदम फकर दुआ।

(२८)

घट घट में बोलता डोलता है, इस बोलते को पहचान्दा रे।
हिन्दु नहीं मुसलमीन नहीं, काफिर नहीं कोई जान्दा रे।
आया कहाँ जायेगा कहाँ, सैल सिकिल में सान्दा रे।
'दरियाव' में दिल तहकीक करो, हम तुम नहीं आमानदा रे।।

(२९)

आया काहां जायेगा काहां, तहकीक तारीक के कीजिये रे।
नेकी बदी दोये दर खड़े, कदम समुझ के दीजिये रे।
दलक पेखो खलक देखो, पलक में प्रेम के दीजिये रे।
कहे 'दरिया' बहर कहर, दोजक बीच का भींजिये रे।

(३०)

दुई सुर चले एक भाव से, नाभी से उलटि के आवता है।
बीच इंगल पिंगल तीनि नारी सुखमान, मान से भाव बतावता है।
उगम करो पूरो भरो, रंज कली ए झरि लावता है।
एह झूलना 'दरिया' साह कहा, कोई जोग जुगुति से पावंदा है।

जैसे कीट से भृंग किन्हो, सर्व गुण निवास।
काया केदली बहुत सुन्दर, किन्ह कपूरे बास।।
जैसे सीप से मोती उपजे, बुन्द को विश्वास।
नख पंक्षी हीरा कीन्हों, ज्योति को प्रकास।।
जेसे भुजंग मणि आगे, सिद्ध विषि को नास।
जतन बहुते युक्ति जानत, लीलत उगिलत ग्रास।।
तैसे साहब हंस किन्हों, काया को प्रकास।
कहें 'दरिया' पारस को गुण, छपलोक में बास।।

(५४)

हमके आतम राम पियारा।।
अबुझा लोग कहाँ तक बूझे, बूझे हंस हमारा।
मच्छ कच्छ बराह स्वरूपी, निगम कहे अवतारा।।
जानि बूझ नर खून करत है, परे नरक के धारा।
महिषा मारि के चरण पुजावहि, पूजा मान तोहारा।।
लेके खरग ताहि सिर झारहिं, ऐगुण भै गो सारा।
आन के राम है हँसी खेलवना, मेरो प्राण अधारा।।
अजया धैचि पत्थर पर मारहिं, पाप भया सिर भारा।
साँच झूठ का करो बिचारा, जाते भला तुम्हारा।।
केता कहों कहा नहिं माने, भूले मूढ़ गँवारा।
कहें 'दरिया' दर यम ने छेका, मुगदर सिर पर मारा।।

शब्द जग शरह

(१)

या जग पारख बिना भुलाना।
निर्गुण सर्गुण यह दुई करि थापहिं, अजपा धरि-धरि ध्याना।।
अद्वैत ब्रह्म सकल घट भीतर, त्रिगुन में लपटाना।
आवे जाय उपजि फेरि बिनसे, जरि मरि गर्द समाना।।
छवो चक्र अरू चारि चतुर दल, वेद मते अरूझाना।
बंकनाल की डोरी धैंचे, योगियन युक्ति बखाना।।
सहस पंखुरी दल कमल बिराजित, मन मधुकर लपटाना।
जल के सुखे कमल कुम्हिलाना, तब कहु कहाँ ठेकाना।।

माया रंग रंगेवो सभानि के, उजला मैला होई।।
उनके रूप रेख उजियारा, बिना रूप किमि गावे।
कहे 'दरिया' मून अनन्त कला है, भेद कोई जन पोवे।।

शब्द योग और योगी शरह

(१)

योग जागे काल भागे कर्म कलि कवलेश छूटे,।
युक्ति योगी जानी।
मेरू डंड के साधि साधे अर्ध लेके उर्ध बाँधे,।
जाप अजपा ठानि।
उन्मुनि मुन्द्र शुन्य मेले, पाप पुन्य ते न्यारा खेले,।
पेलु यम की कानी।
गगन गोफा मन्दिर छायो, त्रिकुटि के महल आयो।
सुरति सुषमनि चिन्हि के ले ब्रह्म को पहचानि।
नाम निर्मल निरखि ले तैं तेजु कुल की कानि।
सत्य शेली संतोष झोरि, कर कमंडल सिद्ध पूरा बोलत अमृत बानी।
गहि ज्ञान डंड नौ खण्ड डोले, अबोल भिच्दा सत्य बोले दरस दया मनि।
कहे 'दरिया' ऐसो योगी युक्ता, युक्ति जानि अचेत चेते समुझि बूझे आनि।।

(२)

सोई योग योगा न भोगा न भोगी, विषय रस त्यागि, युक्ति जानु योगी।
धरे दृढ़ आसन पवन को उसासन, गगन भवन जागे न रोगा न रोगी।।
लिए गढ़ बंका देखत काल कंपा, सकल भर्म त्यागी बिरह राग रागी।
अजपा जाप जपि ले कमल दल उलटि ले, फेरे मूल मुन्द्र सुरति योग जागी।।
सुरति सुन्य पेखा तहाँ शब्द देखा, गगन झरि, झारू झमके जो मोती चमकन जो लागी।
सोई जन जाने जौहरि पहिचाने, सोई दिल सच्चा जगत जन बागी।।
भया थीर थक्का कहो भेद बंका, कोई मर्द कसि ले माया मोह त्यागी।
कहे 'दरिया' पुकारे जगत ढोल मारे, सोई जन जागे बिरह लगन लागी।।

(३)

यह सब योग करते अवर।
पवन के नहिं मरम जानहिं बसत कौनि ठवर।।
पैठि गोफा पवन साधे, करे सबकी जवर।
मूल मंगल काम थाना, कहाँ वाकी पवन।।
बाँधि आसन निन्द साधे, सुरति सुषमनि मवर।
प्रकृति झालरि लागु पलकहिं, जहाँ जाकी दवर।।

योग भोग विकार गुण सब, करे वाकी गवर।
भवन भीतर बसे कामिनि, अजब बिल्ली बवर।।
प्रपंच पाँचो मेटत नाहीं, घटत काया तवर।
मंदिर एक केवाड़ बिना, दसो द्वारा लवर।।
पिपिलक और विहंगम, उड़त आपनी ठवर।
कहें 'दरिया' ज्ञान बिना, भयो बावरि बवर।।

(४)

त्रिवेणी त्रिकुटी भँवर गुॊ में, द्वादस उलटि चलावंता।
चक्र छव काया प्रगट है, सुषमनि सुरति जगावंता।।
अष्ट दल कमल भँवर तेहिं भीतर, उन्मुनि प्रेम लगाबंता।
जगमग ज्योति झलामलि झलके, गगन मगन झरि झावंता।
मोती मणि मुक्ताहल मगु में, सिन्धु लहरि तहाँ आवन्ता।
हंसा चुंगहिं चोच मोतिन गहि, सरवर में सुख पावंता।।
अटल धनी तहाँ मणि उजियारा, निर्भय पद को गावंता।
कहे 'दरिया' सुख सागर बासा, बहुरि न भवजल आवंता।।

(५)

योग युक्ति तेजि भोग न करिये, सोक सागर भुकतावंता।
ज्यों जल कमल लोभे मन मधुकर, घ्रानि सदा सुख पावंता।।
चन्द चकोर चुभुकि चित लागे, दृष्टि में दृष्टि लगावंता।
चातृक प्रीति स्वाति के जल, औ सखर नहिं भावंता।।
ज्यों मृग नाद सुने श्रवण से, सर्वस प्रान चढ़ावंता।
पिया से प्रीति करे सुहागिनी, अनल में तनहिं जरावंता।।
सूरा सनमुख मुख नहिं फेरे, ज्यों खाड़ी झरि झावंता।
कहे 'दरिया' कोई संत सिपाही, ज्ञान घोड़ा चढ़ि आवंता।।

(६)

गुरू दिन्हों चिनगी बार पलिता, चकमक चित करू चेतनियाँ।
ज्यों ज्यों झारे त्यों-त्यों जागे, झारि झपटि रहु उन्मुनियाँ।।
लागी ताड़ी गगन बीच डोरी, जरगुण सत्वगुण तमगुण तीन तनियाँ।
उलठि द्वादस जोह सोहं कोहं कह कह सो सुनियाँ।।
जलज कमल दल मधुकर बासा, अजब तमासा है मुनियाँ।
अमृत सागर संशय भागर, रस की पागि सो चुनियाँ।।

काया कर्म यह भस्म कर, ब्रह्म अगिनि में सोहुनियाँ।
कहे 'दरिया' करू दर्शन परसन, तरक किया जिन्हिं यह दुनियाँ।।

(७)

ऐसो योगी योग युक्ति जानहिं, भजहिं निर्मल ज्ञान।
सुनत ध्वनि उन्मुनि पलटे, विमल ब्रह्म अमान।।
जाप अजपा जपहु ज्ञानी, सुरति सुषमनि तान।
इंगला पिंगला दोनों नाड़ी, रहत एक ठेकान।।
बंकनाल तहाँ षोड़स कमल, भँवर बास अमान।
चुवत अमि ज्योति जगमग, भँवर बास अमान।
चुवत अमि ज्योति जगमग, भँवर गोफा ध्यान।।
अर्ध-उर्ध गगन गरजत, बुन्द सिन्धु समान।
झरत झरि तहाँ अगम निर्मल, परम पद निर्वान।।
खूले मूल सुबास परिमल, दिव्य दृष्टि एकान।
कहें 'दरिया' भेद जानु सतगुरू, दूजा कोई न आन।।

(८)

संतो सीप्ति कहाँ तक कीजे।
गुंगा होय गुंगा सो बूझे, सोई अमि रस पीजे।।
सोई चन्द सूर्य है अम्बुज, सोई उन्मनि फूला।
सोई अजपा दर्शन देखो, दर्पण दरसे मूला।।
सोई त्रिकुटी भँवर गुा है, सहस्र पंखुरी लागा।
सोइ इंगला पिंगला कहिये, सोई सुषमना जागा।।
सोई छव चक्र काया प्रगट है, योगी खोजि खोजि हारे।
सोइ नवो नाटिका कहिए, दसवें काम पुकारे।।
प्रेम पत्र अमि जहाँ चूभे, षटरस बीजना चाखे।
का भव वेद कथे बहु बानी, जब तक साँच न भाषे।।
जल में डार फूल हे बाहर, मन मधुकर जहं बासा।
कहें 'दरिया' विरला गमि पावे, पहुँचे "पुरूष" के पासा।।

(६)

ऐसो रावल योगी भाई।
सार शब्द बुझो सभ हंसा, कहे सुने बनि आई।।
योगी के घर योग नहीं है, योगिनि के घर भाता।
चीबा के किछु पात नहीं है, मृगा चुनि चुनि खाता।।

(१०)

एही विधि रमें अकेला योगी।
सिद्ध हुआ तब साधक खोजे, दुःख सुख ब्यापे न रोगी।।
आसन बासन पासे राखे, झोरि झारंग साफा।
जग में डोले आपुहिं बोले, कतल करे सभ काफा।।
दस बीस घुँघर बाँधे कोइ, झून-झून बाजन लागा।
तोरते तोरते एक रहा तब, विषि तेजि अमृत पागा।।
वासर सोवे रैनि में जागे, चोर मूसे नहिं गोटी।
ताला कुंजी लागु केवाड़ा, कसि के बाँधु लँगोटी।।
जहाँ बैठे तहाँ सिंह ठवनि होय, चले सुरति के साथा।
मस्त हुआ तब रस्त छूटा है, ज्ञान गुरू गहि हाथा।।
मुक्ति जाने तो मुक्ति सदा है, जब चाहे तब पावे।
कहे 'दरिया' कोई वलि फकीरा, रण जीते सो जावे।।

(११)

है कोई योगी जग में युक्ता।
पांजी देखि बाजीगर चिन्हे, बिनु चिन्हें नहिं मुक्ता।।
पहिले चिन्हे काया गढ़ भीतर, को मौनी को वक्ता।
तब चिन्हे दसो दरवाजा, चिन्हि परा तब भक्ता।।
द्वार बंद कर कसे कमाने, तीर अचूक न होई।
चढ़ि मैदान खोवे ममिता के, वा मद पीवे सोई।।
सुरति साँगि अव ज्ञान घोड़े पर, मंद कबहिं नहिं होई।
चाबुक चारू चटाक है सुन्दर, लाँघि परा भव सोई।।
भया हजूरी निकट दूरि नहिं, विकट कबहिं नहिं जावे।
सोवत जागत नाम धनी का, एहि विधि पद कहाँ पावे।।
मगु में मगन आनन्द सदा हैं, मंद कबहिं नहिं होई।
कहें 'दरिया' कोई बली फकीरा, जिन्हिं दुर्मति कहँ खोई।।

(१२)

20:15

(१२)

योगी तेजु हठ निग्रह योग।
ज्ञान भक्ति बिचार देखो, मीन मांस न भोग।।
पीयत बारून बूड़न चाहत, विषम सागर सोय।
कहर है दरियाव आगें, बहुरि चलिहो रोय।।

सतनाम सतनाम सतनाम सतनाम सतनाम सतनाम सतनाम

सतनाम सतनाम सतनाम सतनाम सतनाम सतनाम सतनाम

नयन तो दुर्बिन करि ले, चिन्ह देवता प्रेत।
खण्ड खण्ड ब्रह्मांड जेते, सर्व स्वर्ग है स्वेत।।
ज्ञान अंकुश हाँथ करि मन, जंजीर जकरे बाँधि।
हंस की गति निर्मल दासा, मान सरवर खानि।
चोंच खोले जहाँ मुक्ता, नीर क्षीरहिं छान।।
युक्ति जाने मुक्त सोई, भुक्ति सदा साथ।
देखि 'दरिया' दया कीजै, परखु हीरा हाथ।।

(१३)

योगी तौला तखनी पूर।
चारि मुन्द्र निन्द चारो, हरफ है ममूर।।
मेरू एके डंड एके, खम्भ है दोय रूप।
अजपा में अजब देखो, बैठु गोफा चूप।।
वायें के तुम उलटि पेखो, बीर बाँके बाँधि।
सपने नहिं वीर्य झरते, निन्द के तुम साधि।।
खाक ते यह पाक हुआ, नूर झलके फूल।
फूल फूले भँवर भूले, शब्द है समतूल।।
तेजि गोफा बाहर खेले, जैसे रण महँ सूर।
हद में बेहद देखो, जहाँ बाजत तूर।।
नहिं वोय जोगी नहिं वोय भोगी, भेष नहिं भगवान।
कहें 'दरिया' दरस देखो, पुरूष हें अमान।।

(१४)

संतो योगी ज्ञान बिचारे।
अपने उलटि आपु में देखे, ऐसी सुरति सुधारे।।
वेद पढ़ि ते पंडित बूझे, काया परिचय सोधे।
पाँच तत्व का भेद बतावे, तब यह मन के बोधे।।
नव ग्रह बारह सक्रांति, कहि देव सातो बारा।
जवना घर में ग्रहण लागे, ताको करो बिचारा।।
बिनु कर पत्र कूँआ बिनु पानी, बिनु डोरी के भरिया।
ऊपर मूल साखा है नीचे, कवन युक्ति से ढरिया।।
कहें 'दरिया' सतगुरू की महिमा, युग युग संत है सोई।
ऐसा बचन अपेल ना करिये, बुझो मुनिवर लोई।।

सतनाम सतनाम सतनाम सतनाम सतनाम सतनाम सतनाम

(१५)

योगी मोसे पुछहु आई।
जो तुम्हारे घर ज्ञान नहीं है, झूठे योग कमाई।।
मन की युक्ति काम नहिं आवे, उल्टा पल्टा जोरे।
बिनु कनहरिया नाव न चलिहें, औघट ले के बोरे।।
पाँच तत्व का भेद बतावों, जल थर अग्नि आकाशा।
काया परिचय सोधि देखावों, तब तुम होइ हो दासा।।
सुषमनि नाड़ी भेद बताओं, कहों अमि का घाट।
ऊपर मूल साखा है नीचे, ताकर कहि देव वाट।।
कहें 'दरिया' यह योग युक्ति है, सतगुरू भेद बताया।
सूई अग्र द्वार जहवाँ है, तहवाँ सुरति समया।।

(१६)

है कोई योगी यह मत पावे।
प्रेम पीवे वलि मस्त कहावे।।
मेरू डंड आसन के साधे, पाँच भुजंगम विषि धर राधे।
गगन मंडल बीच आसिक यारा, योग न जाय तेरी युक्ति पियारा।।
मन गयंद ज्ञान के अंकुश, युक्ति जंजीर लगावे।
नाम अमल ते भै मतवाला, झोक में झोक सो आवे।।
अगम पंथ पगु धीरे-धीरे, ज्ञान रतन लिए आवे।
काम क्रोध दुष्ट भयो हीना, जग जीते सो जावे।।
सतगुरू सनदि लखि जब आवे, सोवत जागत पावे।
कहें 'दरिया' किछु संसय नाहीं, बहुरि न भव जल आवे।।

(१७)

निर्गुण भेद लखे कोई साधो, सर्व संसय बिसरावे।
नेम धर्म षट कर्म पूजा, क्षण मँह सभे दुरावे।।
इंगला पिंगला सूर्य चन्द्रमा, मूल गगन में छावे।
देखि-देखि दर्शन मन मगन हुआ है, बिनु दीपक ज्याति बरावे।
जपु माली माला नहिं डारे, पल-पल अमि दुहावे।
तैं मैं मेटि गया मद ममिता, दोविधा दूरि बोहावे।।
गुरू के वचन राखो सिर ताजे, राजित अनुभव गावे।
अनहद मुरली किन्नर बाजे, बेहद मता बतावे।।

(१७)

निर्गुण भेद लखे कोई साधो, सर्व संसय बिसरावे।
नेम धर्म षट कर्म पूजा, क्षण मँह सभे दुरावे।।
इंगला पिंगला सूर्य चन्द्रमा, मूल गगन में छावे।
देखि-देखि दर्शन मन मगन हुआ है, बिनु दीपक ज्याति बरावे।
जपु माली माला नहिं डारे, पल-पल अमि दुहावे।
तैं मैं मेटि गया मद ममिता, दोविधा दूरि बोहावे।।
गुरू के वचन राखो सिर ताजे, राजित अनुभव गावे।
अनहद मुरली किन्नर बाजे, बेहद मता बतावे।।

अखण्डित ब्रह्म पंडित सो ज्ञाता, सोहं सुरति समावे।
ज्ञान रतन लिए डोलता फिरता, अचल मुक्ति सो पावे।।
ज्ञानी ज्ञाता सतगुरू खोजो, निरखि निरंतर ध्यावे।
कहें 'दरिया' दधी मथे जो माखन, बास बिमल तब पावे।।

(१८)

योगीया मेरो प्रान अधार हो, आय मिले योगी रावला।
जटुवा बटुवा गेरूवा योगी, नाहिं डाले ग्रीव माल हो।।
बाल न भोला न तरूण-वृद्ध योगी, बोलत बैन रिसाल हो।
प्रेम की गाँसी मारिया योगी, निफर गया उर पार हो।।
जो रे जूझा सो तो निमरा, कोई घायल घुमरत वार हो।
गुरू न चेला न शिव शक्ति योगी, आपहिं अगम अपार हो।।
हेला न मेला न तीरथ ब्रत योगी, योगी जगत से न्यार हो।
जो आया सो तो मोहि गया, कोई संत विवेक जागि हो।।
कहें 'दरिया' सुनु योगिनि, तुह योग करू पिया लागि हो।

शब्द संत शरह

(१)

संतो यह मत वेद बिचारी।
निर्गुण कहे गुण वाके नाहीं, सब विधि सिकिलि सँवारी।।
रूप न रेख बिना मुख बोले, बिनु चक्षु दृष्टि पसारी।
बिनु करताल बिना पगु धावे, यह मन की अनुहारी।।
पुरूष नहीं तब नरि कहाँ ते, त्रिदेवा अधिकारी।
वह गुण रहित तो यह गुण कैसे, पाँच तत्व उजियारी।।
येही मता जगत सब माँते, योगी यती सभ झारी।
आवत जात परे भव चक्र में, चढ़ी चरख पर हारी।
वह तो अजर जरे नहिं कबहीं, ऐसो काया करारी।
सत स्वरूप अमरपुर बासी, जल थल दृष्टि पसारी।।
संशय सागर सो नहिं परिहें, जिन्हिं निजु निरखि निहारी।
कहें 'दरिया' सतगुरू गुण ज्ञाता, वा गुरू की बलिहारी।।

(२)

20:17

संतो लाल फूल बिस्वासी।
सेमर सेई सुगना पछताना, सोई तीर्थ है काशी।।
जाके फंद अनंत वाण है, पाहन परसि उपासी ।
ऊपर योग भीतर दहु कैसा, तपसी औ सन्यासी।।
मन नहिं अटके तन नहिं छटके, घट में शक्ति निवासी।
टक-टक मौनी महा सिद्ध है, कठिन कर्म की फाँसी।।
बनिता बनी बनारस की यह, नयन बान सर गाँसी।
भेष अलेष घायल सभ घुर्महिं, नयन लगी नव लासी।।
ममिता बेइलि लता लपटाना, भटकि परा चौरासी।।
सरबस हरहीं सोक नहिं हरहीं, गृहि तेजि होहिं उदासी।
कहें 'दरिया' नहिं इतते उत है, अगिली पछिली नासी।।

(३)

संतो युहु अमर घर जइये।
तन मन वारि चढ़ो श्रद्धा से, सो फल अमृत पइये।।
नारि पुरूष स्वाद बिसरावे, सतगुरू शब्द समइये।
काम क्रोध मद लोभ त्रिष्णा, यह सभ मैलि छोड़इये।।
बंकनाल उलटि अजपा करू, गगन गोफा घर छइये।
अर्ध उर्ध सोहं सुरति, दिव्य दृष्टि में दृष्टि लगइये।।
स्वेत घटा घन मोती झरी है, निर्मल ज्योति बरइये।
पुरण ब्रह्म पुनीत उदित भै, बहुरि न भव जल अइये।।
तहाँ सुख राज बिलास पुहुप पर, अमृत पोषन पइये।
कहें 'दरिया' दया सतगुरू को पास "पुरूष" के रहिये।।

(४)

संत मत जनि जानहु ऐसा।
कंद्रप उलटि टीका ब्रहमंडे, ज्योति प्रकाशे तैसा।।
मन गयन्द ज्ञान के अंकुश, युक्ति जंजीर लगावे।
सिंह ठवनि यह बोले ठनकि के, रण जीते सो जावे।।
राव रंक वीर होय बाँके, कड़ी कमान चढ़ावे।
लड़े लड़ाकू लाखन महँ एका, तीर अचूक चलावे।।
झरे अमि यह पीवे प्रेम रस, मलक बीते भरि आवे।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

सुन्य ही के सभ ध्यान धरतु है, पढ़ि पंडित औ काजी।
कहे 'दरिया' संत शब्द बिचारो नाहिं तो काल के बाजी।।

(९)

है कोई संत विवेकी शब्द बिचारा।
नाम अमल ते भै मतवाला, प्रेम पीवे तसो प्यारा।।
अर्ध उर्ध के मध्य मानिक है, करे दृष्टिअ उजियारा।
बंकनाल नाभी मे लागा, भँवर गुफा की राह सुधारा।।
खिंचरी भोंचरी चँचरी अगोचरी, उन्मुनि मुंद्रा धारा।
सरिता तीन मिलि एक संगम, सुघट भरि भरि सारा।।
निरा आलम्ब निर्बान मई है, निरबिकार निरधार।

बरे मणि अमि झरे चहुँओर, पीवे प्रेम रस सारा।।
अनहद ताल पखाऊज किन्नर, स्रोता सुमति बिचारा।
झिन-झिन जंतर तहँवा बाजे, यम जालिम पचि हारा।।
सोवत जागत उठत बैठत, टूटे कबहिं नहिं तारा।
कहे 'दरिया' कोई संत विवेकी, निर्भय लोक सिधारा।।

(१०)

संतो देखो ज्ञान बिचारी।
आप स्वारथ सीा कहँ मीठा, परमारथ है भारी।।
पंडित ज्ञाता पोथी पढ़ि पढ़ि, मागहिं हाँथ पसारी।
सर्वस लेई मंदिर में डारहिं, कर्म काण्ड विस्तारी।।
काजी मौलाना पढ़े कोराना, करि ततबीर सँवारी।
करी मुरीद दिल दर्द न जाना, नाहक गाय पछारी।।
बड़े ब्राह्मण काँध जनेऊ, अजया सूत कहँ मारी।
आनि सगौती भरि पेट खाया, उन्ह बैकुन्ठ बिसारी।।
करि बैराग तिलक औ माला, एता भेष भिखारी।
जटा बढ़ाय बाघम्बर ओढ़े, उन्ह भी बात बिगारी।।
माथ मुड़ाय घोटावहिं नीके, ग्रीहि त्यागे औ नारी।
मन के कारण डम्भ ना छूटे, बोझ लिए सिर भारी।।
तपसी मौनी दुधाहारी, ऐहु कल्पना कारी।
पाखण्ड छूटे न मिले गोपाला, जन्म जूआ जग हारी।।
बूड़े भेष अलेष स्वांग धरी, बिरला सके सम्भारी।
कहें 'दरिया' कोई ज्ञान सुधारे, सतगुरू गमि बिचारी।।

(११)

20:19

(८)

धन्य सतगुरू जिन्हिं अलख लखाई।
सो मम मनसा ध्यान लगाई।।
उल्टा पवन चढ़ा ब्रह्मंडे, अनहद ध्वनि सुनि मोहे।

पाँच पचीस मिलि गोहन लागे, पाप जूदा होय रोहे।।
उल्टा बुंद चूवे अमृत को, हंसा सो मुख जोहै।
मूल फूल सींचेव नव नाड़ी, माली के घर सोहै।।
तिल भर चौकी दने दरवाजा, चित्रगुप्त में वो है।
कहें 'दरिया' प्रेम प्रगट देखो, ऐसा पंडित को है।

शब्द अहैत शरह

(१)

साधो ! ऐसा ज्ञान सुधारा।
पीयत प्रेम सुधा रस बानी, सुरति बाँधि महि सिरा।
आवत जात दिसे पल माहीं, कनक पात्र में हीरा।।
यह तो दृष्टि अगम के धावे, वह तो पुरूष निनारा।
वह त्रिगुन ते रहित अचल है, पार ब्रह्म है न्यारा।।
है वह श्वेत फिटिक निर्वाना, उन्मुनि दीसे तारा।
श्वेत घटा घन मोती झलके, बिना दीप उजियारा।।
हे वह अकह कहबे योग नाहिं, कहि कवि कथा पसारा।
कहें 'दरिया' गुरू ज्ञान पलीता, चमकम चित गहि झारा।।

(२)

जो सत शब्दहिं करे बिचारा।
औ बहु शब्द कहा साखिन में, निर्गुण सगुण बिस्तारा।।
यह रूप देखो वह रूप देखो, दिव्य दृष्टि उजियारा।
चाँद सूर्य दोऊ दीदम देखो, अद्भुत कला पसारा।।
पीन्ड ब्रह्मंड एक करू मेला, अविगति आपु निनारा।
दर्पन टूक-टूक में टक-टक, पट खोले भव पारा।।
शिव शक्ति भये गेंठि बंधन, युगल कोई नहिं मारा।
नर अकेला होय रहा तब, पल-पल घाव सम्भारा।।
वह जामा ते यह जामा है, शक्ति कहे तीन बारा।
भूले वाट चली भयो अवघट, मानहु बचन हमारा।।
एक श्रवण सुना एक देखि परा, अदेख सोई अँधियारा।
कहें 'दरिया' जन मिले जौहारी, परखि लीजै तत्व सारा।।

(३)

साधो ! गति में अनहद बाजे।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

भव के बीच कबहिं नहिं बुड़िहो, 'दरिया' कहें पुकारी।।

(२)

पंडित घट-घट बोलनिहारा।
अनबोले से कैसे बनिहें, शब्दहिं करो विचारा।।
पाहन काटि मुरति जो किन्हों, को तुम काटनि हारा।
हाथ पाँव तुम सभे बनाया, बोलता बिना नकारा।।
तासो विनय करो कर जोरे, तुम मेरो करतारा।
वोय मौनी तुम बोलनिहारा, भलि मति गई तुम्हारा।।
अजया सुत चढ़ावहु तापर, रक्षा करहु हमारा।
पर सुत मारि पुत्र के कारन, करम चढ़ा सिर भारा।।
जीव मारन के धर्म कहतु हो, अधरम का संसारा।
वेद पुरान पढ़ा तुम पंडित, करि दोविधा जीव मारा।।
ऐसे बूड़ि मुवे भवसागर, फेरि पशुआ अवतारा।
कहें 'दरिया' जेहिं दया दरद नहिं, परे नर्क के धारा।।

(३)

चरि वेद बिचारू पंडित कया मद्धे सार।
काया में सार पढ़ो सास्तर, वेद महिमा इन्हते पार।।
चारि नाड़ी षोड़स दल है, चक्र छव निषेद।
पाँच मुन्द्रा जुक्ति जानहिं, जोगिया निजु भेद।।
महा मुन्द्रा सुन में जहाँ, सुरति सुषमनि घाट।
सहश्र दल के खुलेव, जहाँ मुक्ति को निजु बाट।।
सेंधु सरगे जोति जगमग, उदित भये चंद।
कहें 'दरिया' भेद एतना, करम काल निकंद।।

(४)

पंडित बूझो शब्द बिचारं।
आवे जाय खपे सो दूजा, माया को बिस्तारं।।
मोय दशरथ के कुल नहिं अवतरिया, नहिं सीता पति प्यारं।
बावन रूप नहिं बलि के छरेव, नहिं हरिनाकुश फारं।।
जल परवान कबहीं नहिं बाँधिया, नहिं लंका को जारं।
कौन बुड़ा कहु काके तरिया, कवन भया भव पारं।।
नहिं गोपिन के नाँच नचायो, नहिं मुरली मुख धारं।

पंडित तेजहु बाद विवादं।
खोजु सजीवन जो जग मूलं, सोई सदा सुख नादं।।
त्रिवेणी के मध्ये त्रिकुटी जो कहिये, त्रिकुटी के मध्ये मूलं।
मूल के मध्ये फूल जो कहिये, तहाँ भँवर स्थूलं।।
गगन के मध्ये मगन जो कहिये, मगन के मध्ये ईशं।
ईश के मध्ये मोती झलके, मोती के मध्ये दीशं।।
ज्ञान के मध्ये ब्रह्म जो कहिये, ब्रह्म के मध्ये चितं।
चित के मध्ये प्रीति समानी, मेटि गौ गीत कबितं।।
अर्ध के मध्ये उर्ध जो कहिये, उर्ध के मध्ये साधं।
साध के मध्ये सिद्ध जो कहिये, तहाँ पवन पति राधं।।
अखण्डित ब्रह्म पंडित सो ज्ञाता, जो जाने यह भेदं।
सोरह शक्ति समानी तन में, 'दरिया' ज्ञान निषेदं।।

(२१)

वेद पढ़े का गुन पंडित।
एके ब्रह्म सकल घट भाषत, अब कहिये किमि खंडित।।
ब्राह्मण क्षत्रीय वैसय सूद्र सभन्हि, हिन्दु तुर्क किमि कहिए।
मिट्टी एक नाना बिधि बासन, एक जिमि पर रहिये।।
एक जल पुरइनि है एके, एके पाँवरि बहु भाँती।
एके कँवल भँवर है एके, को महि जाति अजाती।।
अस्ति एक मेद है एके, एके त्वचा तीनि गुन लागा।
एक रंग रूधिर है एके, एके आतम जागा।।
एक भूख प्यास है एके, एके दुःख सुख व्यापा।
एके दया धर्म है एके, एके पुन्य औ पापा।।
एके कलम कागज है एके, एके कोरान पुराना।
कहें 'दरिया' जब दोबिधा तेजिहो, तब प्रभू के मनमाना।।

(२२)

पंडत छीर दुनों है मीठा।
गाय महिषी बीच कछु नहीं, महा पदारथ दीठा।।
एके चाम रूधिर है एके, दूनों त्रेन अहारी।
यम शासन यह आगे होगा, कहि कहि बात बिगारी।।
गाय के कैसे हत्या भै गौ, भइसि के कहे अनिथ्या।

प्रेम प्रीति करि येहि ब्रत निति, ज्ञान बिना दुःख दारूण दिन्हेवो।
कहें 'दरिया' दर छेकेव काल नें, लाल बिसारि हारि पंगु दिन्हेवो।

(२)

गुरू बिनु ज्ञान दीप बिनु मंदिर दया दरश बिनु मिलहिं ना संजन।
भाव बिनु भक्ति प्रेम बिनु ज्ञानी, जल बिनु तृषा भूख बिनु भोजन।
जल बिनु पदुम घ्राणि बिनु चम्पा, विद्या चतुर घोड़ बिनु तंजन।
हंस बिनु सरोवर सभा पंड़ित बिनु, बिना तेग दुर्जन दल भंजन।
गुण बिनु धनुष प्रात बिनु दान, पिया बिनु सेज लोचन बिनु अंजन।
'दरिया' दरश योग बिनु जागे, भोग पान प्रीति पंथ नाम निजु मंजन।

(३)

गिरि बिनु वृक्ष, वृक्ष बिनु चन्दन, काया बिनु चरचित पिया बिनु भुलेवो।
सूर्य बिनु किरण, किरण बिनु कला, बिना कर्म कर्ता कहिं तुलेयो।
चुम्बक बिनु लोहा, लोहा बिनु चुम्बक, चलि भौ पन्थ नयन बिनु भुलेवो।
दुःख बिनु सुख, सुख बिनु सम्पति, सत्संगति बिनु मेटेबो न सुलेवो।
जड़ बिनु डार, डार बिनु पल्लव, पात बिनु फूल, फूल बिनु फलेवो।
कहें 'दरिया' दर्शन बिनु देखे, दर्पण हाथ शिकिल बिनु भुलेवो।

(४)

ज्ञान न गुरू गोपाल लाल भजु, भर्म बिकार तीर्थ करि भुलेवो।
चन्द मन्द शूर ग्रहण ग्रासेवो, दिन मणि बिना कमल कहाँ फुलेवो।
मुद्रा चारि चतुर दल तहवाँ, उनमुनी गगन मगन नहिं मिलेवो।
त्रिकुटी तीनसंगम तहाँ सरिता, मिलेवो ना प्रेम पर्वत धरि खिलेवो।
शिखर सुखमना चढ़ेवो मीन जीव मन फिरंग करि काल न हिलोवो।
कहें 'दरिया' सब भेष भक्ति करि संत पंथ बिनु डगमग ढिलेवो।

(५)

जब उगेवो सूर तब चन्द मन्द भव, चका चकई चित एक घर मिलेवो।
छूटि गौ त्रिमिरि तम सब नाशो, उड़िगन गगन कहाँ दल खिलेवो।
छायो छवि सब कंज पुंज पर अलि मन मगन तबे दल फुलेवो।
निशाचर चुप चतुर चित्त, ज्ञाता, पंछी प्रेम अमृत मुख खुलेवो।
एहि विधि योग भोग जग सालेवो, सरिता सुखेवो मीन जीव भुलेवो।
कहें 'दरिया' जग राज काज में, बाँझ छुअेवो बटेवो बटई जीव हुलेवो।

(६)

तप बिनु दान योग बिनु ज्ञानी, पिया बिनु भूषण मान किमि कीजै।

चौपाई

यम जालिम जग करे बेकारा। पाखंड धर्म करे संसारा।३४।
जब निजु भेद पावे जन कोई। ताहि देखि चले यम रोई।३५।
चौदह चौकी यम के होई। बिनु सतगुरू नहिं पहुंचे कोई।३६।
चौदह मंत्र भेद जो पावे। जाय छप लोक बहुरि नहिं आवें।३७।
तांमह सार शब्द है एका। ताहि जानहु निज काया बिलोका।३८।
काया परिचै निजु कहों बुझाई। गुरु-गमि ज्ञान बुझो चितलाई।३९।
अष्ट दल कमल रंग है सोई। मध्य बीच तेहि बसता होई।४०।

छव चक्र तहं मनि उजियारा। अझर झरे तहं जोति निजुसारा।४२।
छव चक्र तहं परिचै पावे। मूल चक्र दृढ़ आसन लावे।४३।
पाँच तत्व तहं देखु विशेषा। पल-पल करहिं अनुपम भेषा।४४।
तामह निरति सुरति की बानी। तामे निरखु माया की खानी।४५।
पचीस प्रकृति तहं निरति कराई। दशवें द्वार रहे वोय जाई।४६।
मूल शब्द मणि मानिक देखा। निरति करें तहं ताल विशेषा।४७।
पचीस प्रकृति के भेद कहि दीजे। होय गुरू ज्ञान बुझि यह लीजै।४८।
पचीसो के यह कथा सुनाई। तामे सार पवन हे भाई।४९।
इँगला पिंगला सुखमनि नारी। सार पौन तंह करे पुकारी।५०।
वोही पवन षट चक्रहिं छेदा। होय गुरू ज्ञान बुझो यह भेदा।५१।
ता त्रिकुटी महं रहा समाई। तहवां काल सके नहिं जाई।५२।
अजपा जपे सूर चन्द ज्ञानी। दरिया गगन वरीषे पानी।५३।
अमृत बुन्द तहां झरि लावे। पियत हंस अमर पद पावे।५४।

साखी - ५

अमी तत्व घर अमृत पीवे, देखो सुरति लगाय।
कहत सुनत किमि बनि परे, जौं गति काहु लखाय।।

चौपाई

नाम बाण जब हृदये लागा। निफरि निरन्तर सूरति जागा।५५।
कोटि तीर्थ तहं जल परगासा। कोटि इन्द्र मेघ घन बासा।५६।
कोटिन तेज जोति परगासा। कोटिन पंडित वेद नेवासा।५७।

छन्द - २

कोटि ज्ञानी ज्ञान गावहिं, शब्द बिना नहिं बाचहीं।
शब्द सजीवन मूल ऐनक, अजपा दर्श देखावहीं।।
सत शब्द सन्तोष धरि धरि, प्रेम मंगल गावहीं।
मिलहीं सतगुरू शब्द पावहिं, फेरि नहिं भव जल आवहीं।।

सोरठा - २

ज्ञान रतन की खानि, मनि मानिक दीपक बरे।
शब्द सजीवनि जानि, अमरपुर अमृत पिवे।।

चौपाई

एक पवन जब गगन समाई, पियत प्रेम अमर होय जाई।५८।
सत साहब दरियहि समुझाई, जाय छपलोक बहुरि नहिं आई।५९।

प्रेम प्याला पिवे जन कोई, बिना शीश का चीन्हे सोई।६०।
सकल जीवन कह खाय चोराई, जिन नहिं नाम परम पद पाई।६१

साखी - ११

अष्ट दल कमल भंवर तहं गूंजे, देखहु शब्द विचारि।
कहें दरिया चित चेतहू, देहु भर्म सब डारि।।

चौपाई

मूल शब्द ध्वनि होत अंजोरा। सुरति साधि राखे एक ठौरा।१६५।
सुरति डोरी चेतो चित लाई। मूल शब्द की यही उपाई।१६६।
सूर चन्द एक घर आवे। तबहीं डोरी ले बिलमावे।१६७।
मूल शब्द ध्वनि होत उचारा। तहवाँ जाई करो पैसारा।१६८।
अकह कमल के ऊपर मूला। सहस्र कमल तहवां रहु फूला।१६९।
परिमल उग्र वास तहं आवे। हंसा पियत बहुत सुख पावे।१७०।
होय दास सतगुरू के पासा। सेवा भक्ति प्रेम परगासा।१७१।
मैं तो साहब तुम कंह जाना। मेरो मन तुमसे मन माना।१७२।
भर्म छुटे सो करो उपाई। जाहि से हंस छपलोकहिं जाई।१७३।
सुरति लगाई के करो सम्हारा कुल कर्म छोड़ो ब्यौहारा।१७४।
जो सत शब्दहिं करे विचारा। सो हंसा भव सिन्धु उबारा।१७५।
अकह बात कहि नहीं जाई। अगम गमि तहं सुरति लगाई।१७६।

छन्द - ५

आगे मार्ग झीन अति है, शब्द सुरति विचारहीं।
अजर जोति अनूप बानी, देखि तहां सुख पावहीं।।
अगम गमि तहं ज्योति झलाझलि, नेकु मन ठहरावहीं।
सत सुकृत के सीढ़ी पगु दे, अमृत फल तंह चाखहीं।।

सोरठा - ५

अजरा ज्योति बराय, मूल शब्द निजु सार है।
गहो सुरति चितलाय, कहें दरिया भव रहित है।।

चौपाई

अगम सुरति चेतहु चित लाई। सुरति कमल रहु सुरति लगाई।१७७।
चकमक चित चुभुकि जब लागे। निर्मल जोति प्रेम तहं जागे।१७८।
गहिर ज्ञान निजु करे बिचारा। झलके पदूम होय उजियारा।१७९।
अगम कथा बहुते हम कहिया। धरती अकाश रचित यह जहिया।१८०।

जग में आय कहेव सत बाता। प्रेम युक्ति बिरला जन राता।१८१।
बीरा देई तब हंस मुक्ताई। मूल शब्द बिरला कोई पाई।१८२।
यह बीरा पाय सत्त जो गहई। सो हंसा भव सागर तरई।१८३।
निजु गहि सुरति लगावहु भाई। सोऽहं ठीका मांह समाई।१८४।
ठीका आगे है गा मूला। प्रेम शब्द जहवां स्थूला।१८५।
स्वेत ध्वजा निसिदिन फहराई। अमृत झरि तहं बहुत सोहाई।१८६।
हीरा मानिक है परगासा। शंखानि मनि रहे चहुँ पासा।१८७।
ऐसो निजु है लोक नेवासा। झरे गुलाब मुख अमृत बासा।१८८।
अमी तत्व सुरति लव लावे। सहजे लोक पयाना पावे।१८९।
शीतल शब्द निजु प्रेम बढ़ावे। सन्त साधु का सेवा लावे।१९०।
चोर साहु चिन्हे चितलाई। ताहि से प्रेम करब कछु भाई।१९१।
गुंगा गहिरा ज्ञान बिचारा। दिव्य दृष्टि का करो अनुसारा।१९२।

सांखी - १२

ज्ञान काहु के नावे न माथा। जो जन बूझे सो होय सनाथा।३०५।
सर्व ज्ञान बखानो तोहीं। एकर अर्थ सुनावहु मोहीं।३०६।
बंक नाल कौने घर बासा। कौन पवन जोति परगासा।३०७।
छह चक्र के कहिये भेदा। अष्ट दल कमल के करहु निखेधा।३०८।
सार पवन के कहिये भेदा। कौन पवन षट चक्रहिं छेदा।३०९।
अष्ट दल कमल रंग है भीना। तामे कौन सुरति लवलीना।३१०।
कहवां बोलता प्रेम अधारा। कौन शब्द ते हंस उबारा।३११।
एकर भेद कहो तुम आई। कहें दरिया करू योग दृढ़ाई।३१२।
एकर भेद नहीं तुम जाना। पंडित पढ़ि के वेद पुराना।३१३।
एकर भेद पूछहु तुम मोंही। एकर अर्थ सुनावों तोंही।३१४।

साखी - २३

कौन घरा वोय हंस है, कौन घरा वोय नाम।
कौन घरा वोय जोति है, कौन सुरती निजु धाम।।
अग्र घरा वोय हंस है, मनि मुक्तावलि नाम।
अजर अनुपम जोति है, कमल सुरति निजु धाम।।

चौपाई

पंडित नाम अजहूं नहिं चिन्हा। सुरति लगाय रहे लौ लिन्हा।३१५।
चिन्हहु पंडित शब्द निर्वाना। निर्गुण नाहीं चिन्हहू अज्ञाना।३१६।
मूल चक्र निजु हीरा खानी। अष्टदल कमल रहु निर्मल बानी।३१७।
छप लोक सत वोय ज्ञानी। जगमग जोति तहां निरमल बानी।३१८।
मुक्ति पदारथ सतगुरू दाता। योग बिराग प्रेम रस माता।३१९।
काया अग्र दृष्टि स्थाना। अगम निगम खाबरि जो जाना।३२०।
बाके योगी जगत बखाना। जाके गगन मंडल स्थाना।३२१।
मनही में माला प्रेम रस भिन्हा। पंडित सो जो शब्दहिं चिन्हा।३२२।
सतगुरू बिना करहिं जीव हानी। कहें दरिया तेजु चतुर सयानी।३२३।
सतगुरू की गति अगम अपारा। खोजि देखहु शब्द निजु सारा।३२४।

साखी - २४

ज्ञान सम्पूरण प्रेम रस, बिबरन करो विचारि।
हंस बंस सुख पावहिं, भव जल जाहि न हारि।।

चौपाई

छह आठ के पावे भेदा। तब निजु करिहें शब्द निखोदा।३२५।
निरंजन चीन्हि करहिं सुख चैना। बिनु चीन्हें नहिं शीतल बैना।३२६।
चीन्हहु वेद कहां ते आया। आदि चीन्हहु प्रेम पद पाया।३२७।
कहां ते जोति निरंजन राई। जे रचा तेहिं चीन्हहु भाई।३२८।
समुझि परिहें शब्द निजु सारा। मिला ज्ञान होय निस्तारा।३२९।
झूठ कहन सभे हितकारी। साच कहत नर पारे गारी।३३०।

07:09

साखी - ३३

छप लोक वोय अजर हहिं, जिन्दा कहा बुझाय।
धोखा धन्धा त्यागि के, शहर अमरपुर जाय।।

चौपाई

मेरो कहा माने नहिं कोई। आवत जात बहुत दुख होई।३८४।
दुख दारूण है यम जंजाला। सतगुरू शब्द करे प्रतिपाला।३८५।
जिन जिन मानु शब्द निजु सारा। दिव्य दृष्टि भई उजियारा।३८६।
सत शब्द शिष्य जो पावे। वीरा दे तब दर्श देखावे।३८७।
जन्म जन्म के पाप कटाई। जाय छप लोक बहुरि नहिं आई।३८८।
पचीस प्रकृति और तीनों नारी। पांच तत्व है आतम धारी।३८९।
योग जाप युक्ति प्रधाना। कौन धरा जहं हंस स्थाना।३९०।
योगी सो जो करे बखाना। कौन धरा जहं उपजे ज्ञाना।३९१।
कौन धरा जहं पीवे पानी। कौन धरा जहं सुरति समानी।३९२।
कहवां पचीस प्रकृति के डेरा। कहवां पांचो भूत निमेरा।३९३।
पाप पुन्य भोग कहं करई। कौन धरा जहं शून्यहि रहई।३९४।
उन्मुनि मूल कमल रहु फूला। उपजे प्रेम होय स्थूला।३९५।
गुप्तचर में प्राण समाना। त्रिकुटी शुन्य पवन स्थाना।३९६।
अमी तत्व तहं पीवे पानी। कमल नाल तहां सुरती समानी।३९७।
इन्द्री काम भोग यह करई। नासा बास आपु सब हरई।३९८।
सो योगी यह जग में राधे। पवन साधि जो मन के बांधे।३९९।
आलस निन्द्रा बसि सब करई। सोग सन्ताप आपु सब हरई।४००।
आलस निन्द्रा कबहिं न राता। काम बिन्द कबहिं नहिं पाता।४०१।

साखी - ३४

जोगिया सो जोगहीं मातल, माते भेद बिचारी।
पांच तत्व अपने बस करे, दुरमती सभ दुरीडारी।।

चौपाई

घर में आवे सिरजनि हारा। अमर होय पावे कर्तारा।४०२।
ऐसन योगी होखे कोई। गोरखा तुल्य यह गनिये सोई।४०३।
जब लगि योग तब लगि सुख पावे। काया पतन बहुत दुःख दावे।४०४।
ज्ञान मत है सबते भीना। पुरूष नाम निजु हृदये चीन्हा।४०५।
जग में योगी जटा धारी। नाच नचावे दोजक भारी।४०६।
भक्ति ज्ञान जो जाने कोई। प्रेम रूचित तब हृदये होई।४०७।
अनभो अनहद करे विचारा। सूझि परे तब उतरे पारा।४०८।
सूझे तीनि लोक ते न्यारा। पुरूष पुरान निजु नाम अधारा।४०९।
अभय लोक तहं भय के नासा। युग-युग अमर करे बेलासा।४१०।
सुरति बांधि चेतनि जो ठाने। पहुंचे सो जो मन के जाने।४११।
मूल शब्द तहं ले पहुंचावे। जो कोई सतगुरू होय लखावे।४१२।
स्वप्ने भर्म न ताके होई। पहुंचे जाय सबेरा सोई।४१३।
अभय लोक तहं भय ना होई। अमृत प्रेम पिवे सब कोई।४१४।
दिव्य दृष्टि ज्ञान लौ लावे। जाय छप लोक बहुरि नहिं आवे।४१५।
भव बूड़त अमर होय जाई। सतगुरू शब्द प्रेम पद पाई।४१६।
ताको घट सदा उजिआरा। अमर पावे सिरजनि हारा।४१७।
अमृत बचन सभनि ते बोले। प्रेम युक्ति कबहिं नहिं डोले।४१८।
झूठ कहे नर दुर्मति सोई। साच कहे आमृत रस होई।४१९।

साखी - ३५

बारह मंडल नौ खण्ड पृथ्वी, तामे शब्द निनार।
उलटि पवन षट चक्रहीं छेदे, देखहु काया विचार।।

चौपाई

चारि कमल जो परसे भाई। भोर करे पुनि सभ रस जाई।६४५।
छः चक्र के भेद है सारा। जो बूझे सतगुरु का प्यारा।६४६।
सतगुरु विना होहिं नहिं पारा। और गुरू पाखण्ड पसारा।६४७।
गुरू सोई जो शिष्य बुझावे। शिष्य सोई साहब लौ लावे।६४८।
बहुत गुरु करहिं गुरुवाई। शब्द बिना उन भेद न पाई।६४६।
शब्द पाई बलु देई दमामा। अभय निशान पाय सुख धामा६५०।

साखी - ५३-५४

अभय निशान बजाबहु सन्तो, परखहु भेद निजुसार।
यम के मान मर्दि के, जिन्दा सत करतार।५३।
दरिया सूरा सोई सराहिये, जो बूझे दिल मनि खोलि।
कायर कादर विचलि चले, ना मिला वचन अनमोल।५४।

चौपाई

बिनु मुख वचन शब्द एक बोला। बिनु पगु निरति जगत में डोला।६५१।
वोय अनहद जग लगे ताला। सूर चढ़ाय चन्द मनि माला।६५२।
यह झिंझीं यंत्र बाजे भाला। पीवे प्रेम होय मस्त मतवाला।६५३।
अजपा के यह भेद बताई। पांच तत्व तहं परगट पाई।६५४।
तत्व पाय निःतत्व में जाई। तत्व में तत्व रहा छवि छाई।६५५।
तत्व कियारी जोते किसाना। तत्वहिं गहे शब्द निर्वाना।६५६।
सतनाम परिचय नहिं पाई। सुर नर मुनि सभ चले भुलाई।६५७।

साखी - ५५

सतगुरु साहब साच है, देखो शब्द विचारी।
डोरी गहो शब्द की, तन मन डारो वारी।।

चौपाई

सतगुरु आगे तन मन दीजै। प्रेम प्रीति रस कबहिं न छीजै।६५८।
मन की ममिता सभे दूरि डारा। परखि लेहु शब्द निजु सारा।६५६।
शब्द एक मैं कहों बुझाई। जो तुम पंडित बूझो आई।६६०।
मूल बिहंगम डोरी भाई। रवि शशि पवन जो शून्य समाई।६६१।
सतगुरु शब्द तबहिं लखि आवे। मूल फूल अमृत मुख पावे।६६२।

होय निरति तब सुरति देखावे। सार शब्द तब परगट पावे।६६३।
गगन मंडल बिच सुरति संवारी। इंगला पिंगला सुखमनि नारी।६६४।
साधहु शब्द जीवन जग मुक्ता। पाप पुण्य कबहिं नहिं भुक्ता।६६५।
ऐसी युक्ति जो जाने कोई। कहे दरिया निजु योगी सोई।६६७।

कौन तत्व ले सुरति समाई। कैसे प्रेम चुवे मुख लाई।७३०।
कौन पवन गर्जे ब्रह्मण्डा। कौन काल राय कर डंडा।७३१।

साखी - ६२

सार पवन और चौदह मंत्र, लीजै ज्ञान बिचारि।
छः चक्र अष्ट दल कमल, जाल कर्म सब डारि।।

चौपाई

एक पवन सार निजु बानी। सोई भेद निरखो तुम ज्ञानी।।७३२
निरति सुरति में आवे जाई। जाते जोतिहिं जोति समाई।७३३।
दुई कर पवन सूर औ चन्दा। चढ़े गगन सब कर्म निकन्दा।७३४।
अभय नाम निजु जाने सोई। पीवे प्रेम सुधा रस वोई।७३५।
इंगला पिंगला सुखमनि फेरे। लाय कपाट गगन गहि घेरे।७३६।
छः चक्र निजु करे निमेरा। सो योगी घर पहुंचु सबेरा।७३७।
सत शब्द जो करे बखाना। स्वेत ध्वजा निश दिन फहराना।७३८।
आठवें अनुभव देखु बिचारी। आठ कमल दल भीतर बारी।७३९।
नौ नाटिका करहु निमेरा। पीवे प्रेम स्थिर घर डेरा।७४०।
दशवें द्वार रन्ध्र करू बन्दा। जहं कामिनि निति करे अनन्दा।७४१।
इगरहवें ज्ञान क्षत्र सिर धरई। पुरूष होय जग में औतरई।७४२।
बरहवें भीतर बाहर धावे। पांच तत्व तहं परिचै पावे।७४३।
तेरहवें तीन गुण ते न्यारा। सत पुरूष निजु ज्ञान बिचारा।७४४।
चौदहवें आवा गवन न होई। निकट सिंगासन पहुंचे सोई।७४५।
महिमंडल सब रचा बनाई। दीप-दीप सुगन्ध सोहाई।७४६।
चांद सूर्य नहिं मणि उजियारा। नहिं उड़गन गगन के तारा।७४७।
अक्षय वृक्ष सुख सुन्दर सोई। अजर अमर बैठे सब कोई।७४८।
तीन लोक नष्ट जब होई। ऐसा वेद कहे सब कोई।७४९।
तब यह जीव कहां रहि जाई। सो जगह मोहिं देहु देखाई।७५०।
साचो पंडित मानहु भाई। पढ़ि-पढ़ि गीता अर्थ बुझाई।७५१।
सब छोड़ो जग की चतुराई। अन्तकाल फेरि यम धरि खाई।७५२।

साखी - ६३

पंडित पढ़ि जनि भूले कोई, खोजु मुक्ति के भेव।
शास्त्र गीता ज्ञान बिचारहु, करहु यम के सेव।।

सत पुरुष वोय विमल विरोगा। प्रेम प्रीति छीजै नहिं योगा।८७९।
मनसा मालिनि आपु देखावे। कामदेव तहं मंगल गावे।८८०।
आतमदेव की दर्शे बानी। सींचहिं प्रेम सुख बहुत बखानी।८८१।
सतगुरु आगे सुख बहुतेरा। सतपद का जौं करे निमेरा।८८२।
बूझहु पंडित सत की बानी। निरखि निरंतर निर्गुण ठानी।८८३।
पंडित सो गुण होय जनेऊ। जौं करता के जाने भेऊ।८८४।
जौं निर्गुण सूझे विस्तारा। पंडित तेजहिं वेद के भारा।८८५।

साखी – ७५

शास्त्र गीता भागवत, पढ़ि के पावे नहिं मूल।
प्रेम प्रीति जब निश्चय लागे, तब पावे स्थूल।।

चौपाई

निश्चय नाम प्रेम लौ लावे। सो हंसा छपलोक सिधावे।८८६।
जाय छपलोक बहुरि ना अवना। जन्म-जन्म के मेटु कल्पना।८८७।
ऐसे बूझहु पंडित भाई। संग लेहु सतनाम सहाई।८८८।
काया अन्दर है ब्रह्म निजु बासा। ताहि चीन्हे प्रेम परगासा।८८९।
कहों बानी सुनहु सुजाना। बिना भेद हंस नहिं जाना।८९०।
सुनहु भेद पंडित हंस की आदी। साच बात कहे सो बादी।८९१।
ब्रह्म फूटि अंश भौ तीना। सत पुरूष इन सबते भीना।८९२।
प्रतिविम्ब घट प्रगट अहई। पुरुष तेज इमि कर जग लहई।८९३।
देखहु ज्ञान यह काया बिलोई। अपने आपु में जाय समोई।८९४।
सुरति कमल कहों निजु बानी। सुखमनि घाट करो पहचानी।८९५।
घेरि गगन धन बरसे घ्रानी। दरिया दिल बिच सुरति समानी।८९६।
निश्चै सुरति ज्ञान रस सानी। पीवे प्रेम तहां अमृत बानी।८९७।

साखी – ७६

इतना ज्ञान भक्ति का भेव, दिल सागर मन लाय।
पंडित बारह बानी होखे, काल कबहिं नहिं खाय।।

चौपाई

धन्य वोय पंडित धन्य वोय ज्ञानी। धन्य वोय सन्त जिन पद पहचानी।८९८।
धन्य वोय योगी युक्ता मुक्ता। पाप पुन्य कबहिं नहिं भुक्ता।८९९।
धन्य वोय शिष्य जो करे विचारा। धन्य वोय सतगुरु जो खेवनिहारा।९००।

साखी - ८७

पदुम प्रगास मधुपति मद पावन, लगेव चरण चितमोर।
बिलगि बिहरि फिरि उलटिकंज पर, फणि मणि करत न भोर।।

चौपाई

कर्म योग यम जीते चहई। चढ़ि पपीलक फेरि भव अहई।१०२०।
बिहंगम चढ़ि गयो अकाशा। बैठि गगन चढ़ि देखु तमाशा।१०२१।
महा मुद्रा उन्मुनि पेखो। अनवन भांति मोती तहं देखो।१०२२।
छटा चमकि वर्षै घन घानी। परिमल अग्र वास रस सानी।१०२३।
इंगला पिंगला सुखमनि घाटा। तहां बंकनाल रस पीवे बाटा।१०२४।
षोडश दल कमल वृगसाना। लै लपटि लगे मधुकर ललचाना।१०२५।
सरिता तीन संगम तहं भैयू। वारि बयारि अमृत रस पैयू।१०२६।
चन्द्र सूर दूवो करे बेलासा। उदय अस्त फेरि होंहिं प्रगासा।१०२७।
वोय इंगला चन्द्र वाहिनी कहिया। पिंडाला भानु प्रकाशित रहिया।१०२८।

साखी - ८८

चारि अवस्था तीनि गुन, पांच तत्व है सार।
प्रेम तेल तूरी बरे, भया ब्रह्म उंजियार।।

चौपाई

यह दुई चक्र भर्मित तिहुं लोका। कामिनि कनक महा बड़ शोका।१०२९।
उभय त्यागि समरथ है दूजा। ताको कमल चरण का पूजा।१०३०।
तेजि कंदर्प कामिनि नहिं साथा। सुमिर नाम निजु होहिं सनाथा।१०३१।
सो जन सामर्थ सदा सहाई। मुक्ति सनीप सदा फल पाई।१०३२।
वोय परिचै नाम भजे ब्रह्मण्डा। दनुज दावन पाप शत खंडा।१०३३।
नाम प्रताप युग-युग चलि आवे। सकल सन्त गुण महिमा गावे।१०३४।
संत रहनि भौ वारिज वारी। सदा सुखी निर्लेप विचारी।१०३५।
जल कुकुही जल मंह जो रहई। पानी पर कबहिं नहिं लहई।१०३६।
दधि मथे घृत बाहर आवे। फेरि घृत नहिं उलटि समावे।१०३७।
फूल वास से तिल भया फूलेला। बहुरि तिल्ली तेल नहिं मेला।१०३८।
इमि करि सन्त असन्त गुण लहई। भौ निकलंक नाम गुण गहई।१०३९।

औघट घाट लखे सो सन्ता। सो जन जानि सदा गुणवन्ता।१०४०।
अजपा जाप अनाहद नादा। तेजे भौ भर्म सो वाद विवादा।१०४१।
अमृत बूंद तहां झरे निकन्दा। ऐन अंजीर मगन मन चन्दा।१०४२।

साखी - ८९

मणि मानिक दीपक बरे, उन्मुनि गगन प्रकाश।
मन मोदक मद तेजि के, मेटा जरा जम त्रास।।

07:24

चौपाई

मन परमेश्वर मन है राजा। मनहिं तीन लोक महं छाजा।१११६।
यह मन कर्ता विष्णु कहावे। मनहिं विश्वम्भर विश्व पर आवे।१११७।
मनहिं अनल अकाश प्रकाशा। मनहिं पांच तत्व काया करू वासा।१११८।
मनहिं समीर वारि घन घेरे। मनहिं छटा गर्जि घन फेरे।१११९।
मन जनमे नौ बार गोसाईं। मन अनन्त रूप कला देखाई।११२०।

छन्द - १७

मन चलावे खंज मीन जौ, मन उड़िगन गगन सोहावहीं।
मन अनल अनिल मन भंवर भर्मित, कंज पुंज पर आवहीं।।
मन कर्म कर्ता काम कामिनि, बाम धाम छवि छावहीं।
मन निशु वासर सोवत स्वप्ना, सर्वरूप बनि आवहीं।।

सोरठा - १७

मन संशय सागर भयो, बूड़त अगम अथाह।
सतगुरु दया तरनी दियो, उतरि जाय भवपार।।

चौपाई

जिन्हि सत शब्द खोजा चितलाई। निकट नाम निजु ज्ञान समाई।११२१।
आतम दर्श ज्ञान जब बूझे। प्रेम मग्न हो अपनहिं सूझे।११२२।
तत्व तिलक मणि मुन्द्रा फेरे। अनहद ध्वनि मुरली तहं टेरे।११२३।
यह अजपा संध्या तर्पण करई। गायत्री ज्ञान गमि मति लहई।११२४।
पल-पल सुमिरि प्रेम रस पीजै। मणि मुक्ता तहवां चित दीजै।११२५।
चन्द्र सूर द्वै परिचै भैयू। सरिता तीनि संगम तहं रहेऊ।११२६।
कूपपत्र तहवां भरि पीवे। ब्रह्म दृढ़ाय तहवां सुख जीवे।११२७।
मंगल मूल है रहनि विशोका। धर्म राय दर कबहिं न रोका।११२८।
अनन्त एक महं रहा समाई। सतगुरु ज्ञान जबे होय जाई।११२९।

साखी - ६६

वारिज वारि के उपरे, अलि मंदिर में बास।
दिन मनि दिन भव पत्र में, फूलेव कंज सुवास।।

चौपाई

मातु पिता सुत बन्धौ भग्नि। अपना मत में सब कोई मगनी।११३०।
घटत छण-छण जात ओराई। हृदय विवेक ज्ञान नहिं आई।११३१।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

चौपाई

ऐनक सुरति चन्द ज्यों सूरा। झलके पदुम गगन भरि पूरा।७०।
मुरली टेरि गगन में आवै। बोलनिहार सो इहई बजावै।७१।
जब लगि काम काबू नहीं आवै। तौ लगि मुरलि न टेर सुनावै।७२।
सोहंग सुरति शून्य में पेखौ। अजपा मूल दृष्टि महँ देखौ।७३।
अविगति रुप अर्ध महँ राखौ। पुहुप बास अमृत रस चाखौ।७४।
सुरति सोहंगम मूल में जाई। दर्शन देखि कमल बृगसाई।७५।
बिनु सत्तगुरु को भेद बतावै। गुप्त नाम यह प्रगट दिखावै।७६।
जीव के मूल नाम जो पावै। काल फाँस के दूरि बोहावै।७७।
काल फाँस जबहिं ले आवै। ज्ञान खर्ग ले ताहि देखावै।७८।

साखी - ९

ज्ञान खडग दृढ़ के गहो, सत्तगुरु चरण निवास।
शीश पटकि यम जाइहें, छपलोक में बास।।

चौपाई

तेजहु कल्पना दुर्मति दूरी। जीवन थोर काहें मुख मोरी।७९।
जीवन थोर संशय महँ भूला। नाम समीप रहो समतूला।८०।

गहे विश्वास तो आस पुरावै। पपीहा बूंद स्वाति झरि लावै।८१।
पिये बूंद जो सुरति लगाई। नाम निरखि ऐसे पद पाई।८२।
बरिषे बूंद गगन असमाना। जल में सीप सुरति जो ठाना।८३।
स्वाति सीप की एही प्रीति। सुपट खोलि मिले बूंद सो रीती।८४।
बूंद समाने निरमल मोती। निरमल ज्ञान बरे तहां जोती।८५।
सीप के आस पुरावनिहारा। पुजै आस जो रहे करारा।८६।
अवरि संत सब सीप समाना। सत्तगुरु पारस मूल ठेकाना।८७।
पारस परसे मोती होई। कहे दरिया सत्तगुरु हहिं सोई।८८।
सीप चेला थिर रहे इमाना। स्वाती गुरु जो आये तुलाना।८९।

साखी - १०

बिनु पारस मोती नहिं, स्वाती गुरु है ज्ञान।
सीप पारस जबहिं मिले, तब माती होय अमान।।१०।।
सकुच मीन पारस कही, मोती परसे सोय।
चारि चरण दुइ मुख है, बूझे बिरला कोय।।११।
गजमुक्ता विरला कहीं, कुंजल बहु संसार।
केहि पारस से उपजे, पण्डित करहु विचार।।१२।।

चौपाई

गजमुक्ता मस्तक जेहि होई। मस्त गयंद कहावै सोई।९०।
स्वाती झरि बरषन जब ठाना। मस्तक बूंद जो आय तुलाना।९१।
चुंगल चिड़िया तेहि अवसर आई। मस्तक पारस दीन्ह लगाई।९२।
उपजे मुक्ता निर्मल सारा। है कोई पण्डित करे विचारा।९३।
सत्तगुरु ज्ञान बुझहु निजु सोई। बिनु पारस मुक्ता नहिं होई।९४।
मूल सोहंगम शब्द है सारा। सत्तगुरु सोई जो हंस उबारा।९५।
जाके पारस मूल ठेकाना। दिव्य दृष्टि जो गहे निशाना।९६।
सोहंग सुरति सून्य महं पेखौ। मोती झरिय गगन महं देखौ।९७।
सोई सत्तगुरु खोजहु ज्ञानी। मनमत ज्ञान तेजहु जड़ प्रानी।९८।
तन के त्रास जो बहुंत देखावै। पंच अग्नि में तनहिं जरावै।९९।
उर्धमुख झूलहिं दिन औ राती। जल के निकट सैन बहु भाँति।१००।
पय पीवहिं फल करहिं अहारा। नंगा फिरे तन रहे उधारा।१०१।

निगम नेति तिहु लोक बखाना। कथिके वेद नाहि पहिचाना।६६।
वेद चतुर है चारिउ भांति। तेहि महंबीता देवस अवराती।७०।
तामे उडिगन[1] मनि सब अहइ। तामे दिन मनि इन्दु जो कहइ।७१।
पांचो मुन्द्रा तामे अहइ। ईगला[2] पिगला[3] सुखमनि कहइ।७२।
छवो चक्र के कहिए भेदा। जोगीनिस दिन करे निखेदा।७३।
जोग करे फिरि भोग मे आवै। ज्ञान गमि विरला कोइ पावै।७४।
मन कंदर्प दोउ बड़ है बीरा। एक निमिखि तन राखु न थीरा।७५।

साखी - ६

दरिया अगम गंभीर है, सत्तनाम है सार।
कवि थाके मुनिवर कहै, वेद ना पावहिं पार।।

छन्दतोमर - २

सुरबैठु त्रिकुटी तीर, यह बड़े बांके वीर।
यह कनककामिनि जोर, तुमज्ञान जनि कर भोर।।
तैजागु जोग सम्भारि, यह पांच बैठे हारि।
जब काम को प्रकास, तुम अवटु अनल अकास।।
मदजरे ममिता झारि, तहां दुइ दीपक वारि।
तब ब्रह्म भयो प्रकास, इह मेटिजम को त्रास।।
तहां लाल हीरा खानि, मनिसंत ले पहचानि।
नहिं काल कुबुधा चोर, भव हंस वीमल तोर।।
चुंगुमोती मुकता जानि, जहां मान सरवर खानि।
जहां पुहूप सेज सुगंध, एहलप्ट परी मल गंध ।।
जहां अमि वरषत नीर, यह दया सिंघु गंभीर।
अखंडित ब्रह्म परकास, भव अमर लोक में बास।।
नहिं बहुरि भव का चिन्त, जब मिलेउ सतगुरु मीत।
गुन कहत नाहीं ओराय, एह शेष सहस्त्र गाय।।
मुख एक किमि कही भाव, गुन प्रेम सुखद सुभाव।

07:49
Vo)) LTE1

←

साखी - ५८

मन प्रचे नहिं पाइया, बहु विधि कहे बनाय।
चोर साहू चीन्हे नहिं, सरबस मूसे[१] जाय।।

छन्दतोमर - १४

इमि मेरु[२] डंड संभारि, ले डगर डोरी सुधारि।।
इमि अरध उरध खंभ, जिमि प्रथम[५] कीजे।।
भरी भवंर गोफा[६] घाट, इमि उलटि चीन्हे बाट[७]।।
चहि चित चकमक झारि, तहां निर्मल बातो बारि।।
तहां गंगा जमुना नीर, तट तिर्कुटी के तीर।।
तहां सरस्वती[८] सुभधार, इमि पियत प्रेम उदार[९]।।
तहां गंगन गरजु गंभार, चहुं छटा[१०] बर्खत नीर।।
तहां परत बूंद अघात, इमि उलटि जिमि तेजात।।
तहां झींगुर की झनकार, इमि झींझी जंत्र अपार।।
तहां सुन सिखरा जाय, तब तान तार बजाय।।
निसि देवस बाजन तूर, कोई संत पहुंचे सूर।।
दिव्य दृष्टि धाजा सेत, सब भर्म होत-निकेत।।
वह ब्रह्म पुरुष पुरान, इमि ज्ञान गुन पहचान।।
निरा लेप निरगुन नाम, निजु बैठ अमरा धाम।।
गुन ज्ञान सतगुरु संत, इमि मिला सब का अन्त।।
मम जोग जागेव जाये, सब अगम गमि इमि पाये।।

छन्दनराच - १४

ज्ञान निखेदा सब कहि भेदा, भर्म छुटा भव किमि परिअं।।
पाप ना पुन्य वेद बिहूना, निरगुन गुन सो धरिअ।।
अजर जरे नहिं झलकत निस दिन, पलकहिं अजपा सो कहिअं।।
सुनु संत स्त्रोता कथै निरोता, निरखि परखि पद इमि लहिअं।।

सोरठा - १४

कुम्भज बचन बिचारि, भए बिछछन ज्ञान में।
कर्म भर्म सब जारि, जरा मरन ते रहित भयो।।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

07:51

साखी - ६३

यहि प्रकार जक्त में, जाहिर कीन्ह पुकार।
कोई बूझे कोई भरमें, वेद मता संसार।।

चौपाई

काया भेद निज कहो सुधारी। पंडित जन निज करहीं बिचारी।६३६।
काया प्रचये इमि कहो बुझाई। ज्ञानी जन निज लेहिं अरथाई।६३७।
नवो नाटिका[3] कहो बिचारी। दसवें द्वार इमि कहों सुधारी।६३८।
त्रिकुटी[4] मध्य काम कर थाना। नाल[5] पवन धरि करे पयाना।६३९।
मेरु डंड[6] होय पैठे जाई। दसवें द्वार मार[7] चलि आई।६४०।
याते बीज परा संसारा। उपजे हीरा लाल सुधारा।६४१।
सिखरा चढ़े सुखमन अहई। इंगला पिंगला नीचे बहई।६४२।
को है चंद सूर केहि कहई। दहिने सूर चंद यह अहई।६४३।

सातों बार[1] यह करो बिचारा। को है चंद सूर बिस्तारा।६४४।
तीन सूर चंद यह कहई। चारि हैं चंद सूर तिनि अहई।६४५।

साखी - ६४

सुर सनीचर जानिऐ, मंगर अव एतवार।
चारि दिन है चंद का, पंडित लेहु सुधार।।

चौपाई

छव चक्र[2] औ पांचों मुन्द्रा। खिचरी भोचरी कहि अनुकरा।६४६।
चचरी चारिउ कही बिचारी। कर्म जोग यह कीन्ह बिस्तारी।६४७।
पपिलक[3] छोड़ि बिहंगम[4] कहेउ। मुंद्रा मांह उन मुनी रहेउ।६४८।
सुइ अग्र[5] तहां द्वार संवारी। झलके मनि तहां जोति उजियारी।६४९।
अजपा मूल दरस तहां देखो। सोंह सुरति दृष्टि महं पेखो।६५०।
सोरह दल कमल बिर्ग साई। मधुकर ध्यानि रहा लपटाई।६५१।
गंधारी सुपट खाले जब आई। अग्र बास नासिका पाई।६५२।
कुंभ पत्र अंमि अस्थाना। चुवे प्रेम पीवे संत सुजाना।६५३।
इमि पंडित बूझा छितकारीं ग्यान गमि कछु कहे बिचारी।६५४।
मम जाना जो बाउर अहई। यह तो प्रेम भक्ति गुन कहई।६५६।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

अमर लोक ले ताहि पठावो। भवसागर के दाग मिटावो।१६४२।
अच्छा अबेहा जो जन होई। लोक पयाना करिहैं सोई।१६४३।
सिर खुला सिर जमा जो राखा। असल ज्ञान दुनहूँ के भाखा।१६४४।
जो दाफा जन होय हमारा। समुझि लिहैं निज ज्ञान करारा।१६४५।
भांग अफीम पान नहिं खाई। अमृत प्रेम तत्व लव लाई।१६४६।
कड़ी कमान[१] खींचै दिन राती। तेहि नहिं काल करे उत्पाती।१६४७।
ताके पास कामिनि नहिं जाई। मस्त हाल देखि दूरि पराई।१६४८।

साखी - १६३

शब्द सांगि सम सेर है, गहि लीजे जन सोय।
सिकिलि करे मुर्चा छुटे, ऐना दरसन[२] होय।।

चौपाई

ऐना दरसन मूल है सोई। काया अक्षर निजु नाम समोई।१६४९।
अक्षर बिना भेद नहिं पावै। कतनो पढ़ि पढ़ि रचि गुन गावै।१६५०।
जीव सोहंगम सुरति है न्यारा। दिव्य दृष्टि का सकल पसारा।१६५१।
सोइ सुरति गहो चित लाई। मकर तार डोरी तहँ पाई।१६५२।
आवत ज्ञात है सुरत संजोगा। तेजहु मन मत पाखंड जोगा।१६५३।
मन के रंग चिन्हें चित लाई। अवघट घाट लखे इमि पाई।१६५४।
खग[३] औ मीन जो पंथ में आवै। पीछे दृष्टि बाट नहिं पएउ।१६५५।
घट घट सब में ब्यापक अहई। मुनि पंडित कहं इमि कर दहई।१६५६।
आवत जात जौ परिचै[५] पावै। दूरि के निकट दृष्टि में धावै।१६५७।
इमि करि मन करबे पहचानी। खग औ मीन दुवो पथ जानी।१६५८।

साखी - १६४

इमि करि मन परिचे करो, खगमिन पंथ सुधारि।
झीन बाट[६] मन मीन है, इमि गमि करा बिचारि।।

चौपाई

इमि करि अर्ज करो सिर नाई। यह गमि ज्ञान लखे किमि पाई।१६५९।
मन के चरित्र जो कहा बिचारी। काम क्रोध तन गर्ब है भारी।१६६०।
किमि करि जग यह करहिं बिचारा। कैसे पंथ चलिहिं संसारा।१६६१।
सब के तेजि ज्ञान महं रहई। मन परिपंच नहिं तन में लहई।१६६२।
सत्य पुरूष गुन समुझे जानी। इमि करि मन करिहें पहचानी।१६६३।

16:46

हंस गंभीरा सब बुधि थीरा, नीर छीर, बिबरन करिअं।।
निरमल सारा गुन गहि पारा, सर्व जोग इमि करि लहिअं।।
सो बंस हमारा करे बिचारा, चर्चा सतगुरु पद गहिअं।।
सब ते न्यारा पथ बिचारा, तेजि अचारा इमि रहिअं।।

छन्द तोमर - ५०

बिबरन कियो बिचारि, इमि दाफा जन जानिए।।
इमि लेहु ज्ञान संभारि, सतगुरु दोष न दीजिए।।

चौपाई

दलदास कानगोय हमारा। परखि लीजे भेद ततु सारा।२१२६।
जो परखो सो दफा हमारा। पारख बिना बुड़ा संसारा।२१२७।
जोजन[८] चारि शृंग[६] जो अहई। ताके मध्य मूल जो कहई।२१२८।
चंद सुर दोउ झलके आई। दुई पवनारी निचे चलि जाई।२१२६।
सिखारा चढ़े सुखामन अहई। इंगला पिंगला नीचे बहई।२१३०।
गंधारी[१] बृग से गंध सुबासा। अभी कमल प्रेम परगासा।२१३१।
एहि में मुंद्रा एहि में मूला। एहिमें सहस्र कमल दल फूला।२१३२।
एहि में उछिले सिंधु अपारा। एहि में मोती लाल पसारा।२१३३।
एहि में उड़िगन भान है चंदा। दिब्य दृष्टि करू परम अनंदा।२१३४।
नओ नाटिका[२] कहों बिचारी। निरमल प्रेम निजु लेहु सुधारी।२१३५।
कहि कहि कवि सब बहुत बनाई। दसो द्वार की मर्म न पाई।२१३६।
दसौ द्वार मीन[३] जहं जाई। गहिर भेद बिरला केहु पाई।२१३७।

साखी - २१०

इमि गहिर गरकाव[४] है, गंगू गहिरा ज्ञान।
आपु चखे औरनि दिये, मीठा प्रेम बखान।।

चौपाई

अहे शृंग एक दृष्टि अमाना। इमि करि कहिये ध्रुव ठिकाना।२१३८।
जब यह दृष्टि देखो महं आवै। तब हंसा अस्थिर पर पावै।२१३६।
जब नहिं दीसे करे पयाना। कमल से भंवर विलगि करिजाना।२१४०।
मकर तार सुरति है सारा। तेहि चढ़ि हंसा लोक सिधारा।२१४१।
वोहं सोहं कह कह पारा। दिव्य दृष्टि का अहे पसारा।२१४२।
गृहस्थ फकीर दोउ दफा हमारा। छापा बिन किमि उतरे पारा।२१४३।
छोड़े कपट गिरह नहिं डारी। बिमल प्रेम भव कवहिं ना हारी।२१४४।
इमि करि हीरा होय ना खोटा। जो यह तजै कपट कर मोटा।२१४५।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

16:47

आदि अन्त जो पूछहू, सो सब देउ देखाय।
घट परचे परतीत करि, अमर लोक को जाय।।

चौपाई

अन परचै से सब कछु कहेऊ। अब मोपे कछु कहि नहिं अयऊ।२१९५।
तुम तौ तेज अधिक कछु कीन्हा। उदित ब्रह्म तुम जगसे भिन्न।२१९६।
पारख कीन्ह सतगुरु तुम सांचा। तुम्हारी तेज मोहि लागत आंचा।२१९७।
दाया करहु कछु पूछों ज्ञाना। सत्य शब्द जो अहे अमाना।२१९८।
पांचो मुन्द्रा कहो विचारी। ईगला पिंगला कहो सुधारी।२१९९।
कहो सुखमना कहवा रहई। यह गुन जानि प्रगट यह कहई।२२००।
कहिये अक्षर निअक्षर डोरी। कबन कमल में अमृत बोरी।२२०१।
कहिये अजपा दरसन सारा। किमि करि दृष्टि होय उजियारा।२२०२।
दसवें द्वार कहो निरुआरी। खोजत ज्ञानी सब केहु हारी।२२०३।
मैं बूझा तुम सब विधि ज्ञाता। अचरज तुमके किमि यह बाता।२२०४।
पूछे बिना भरम नहीं जाई। संसै दिल की जात मेटाई।२२०५।

साखी - २१६

कहे भीखल कर जोरिक, साहब सुनुचित लाय।
अहे परस्पर प्रेम यह, तब मिलेतुम आय।।

चौपाई

खिचरी भोचरी अंगोचरी अहई। चचरी मुन्द्रा उन मुनि कहई।२२०६।
इँगला चन्द्र बाहनी अहई। पिंगला भान प्रकासित कहई।२२०७।
ताके बीच सुखमना कहई। उलटि चले गिरवर तहां रहई।२२०८।
ताके मध्य कमल कर बोसा। अजपा दरसन देखो तमासा।२२०९।

अक्षर कया निअक्षर झलके। तामें चाँद सुर्ज निज पलके।२२१०।
अमिय पत्र प्रेम जहँ पीवै। दसवें द्वार मार चलि जीवै।२२११।
मिला भेद जो सब कछु अहई। एहि में खोड़स किछु नहिं कहई।२२१२।
जो पूछा सो कहा बिचारी। धन साहब गुन सब निरुवारी।२२१३।
अर्ज एक करो कर जोरी। साहब विनय सुनो यह मोरी।२२१४।
पुत्री पुत्र जो मम गृहि भयऊ। एहि में जियत न एको रहेऊ।२२१५।
दुध पियत तन त्यागे आई। ऐसन विष छीर उन्हि पाई।२२१६।

साखी - २१७

बहुत जोग जुक्ति करि, थकित भए सब लोग।
बालक एको न जीवहीं, यह मम तन में सोग।।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

अधरस भेद यह शब्द है, सुनहु संत सुजान।
पारखी जन को काम है, गहिर जो गहि ले ज्ञान।।

चौपाई

बंक नाल नाभि ठिकाना। षोड़स कमल ताहि परवाना।७५।
मूल चक्रदृष्टि जो आना। श्वेत वर्ण भँवरा तहाँ जाना।७६।

श्वेत ध्वजा शून्य महँ देखा। यह भेद बिरला केहु पेखा।७७।
झलके नूर होय उजियारा। दुई बाती तहाँ निर्मल बारा।७८।
शून्य गगन जहाँ सुरति संयोगा। मीठा खट्टा तेजा रस भोगा।७९।
त्रिकुटि महल की खबरि जो जाना। त्रिवेणी संगम आय समाना।८०।
इंगला पिंगला द्वादश धावे। परिमल वास अग्र जहाँ आवे।८१।
अमृत कूप ताहि के हेठा। अमृत हंस चाखहि भरि पेटा।८२।
अमृत चाखहिं हंस भौ सारा। त्यों त्यों दृष्टि भई उजियारा।८३।
हंस के पारस अमृत चाखा। नाम सनीप सुरति जो राखा।८४।
कहें दरिया साँच यह ज्ञाना। सतगुरु से पावे परवाना।८५।
सतगुरु बिना मुक्ति नहिं पावे। सतगुरु से पारस बिलगावे।८६।

साखी - ४

घर घर सतगुरु ना कहि, ज्ञान कथे विस्तार।
सुकृत के सतगुरु कहि, हंस उतारहिं पार।।

चौपाई

भुजंग सोई जाके मणि बरे राति। बिना मणि नहीं भुवंग की जाति।८७।
बिना मणि नहीं होय उजियारा। औरि जगत् सब केचुआ पसारा।८८।
जाके होय मूल मणि माला। सोई सन्त है ज्ञान रिसाला।८९।
बिना मूल ज्ञान है खाली। सुरति करे अजपा जपे माली।९०।
जो यह निरखे निर्मल मोती। निर्मल ज्ञान बरे तहाँ ज्योति।९१।
सोई सन्त साधु की जाती। जाके ब्रह्म भेद यह भाँती।९२।
सोई सन्त साधे यह ज्ञाना। पारस के पावे परवाना।९३।
रहे ऊँच नीच होय जाई। कुल की कानि राखे नहिं भाई।९४।
जैसे भृंग कीट कहँ कीन्हा। अपनि सुरति सो पालि जो लीन्हा।९५।
जो नर सुरति सम्मुख राखा। सामर्थ्य आपु सरीखे भाषा।९६।
जैसे चमेली फूल जो आना। बास तिल में जाय समाना।९७।
तिल में वास केहु न जाना। कोई अकूफहिं से पहिचाना।९८।
तिल पेरे तेल जब आना। वास फुलेल बसे केहु जाना।९९।
सब घट नाम सजीवन गावे। बिनु परिचय कोई बास न पावे।१००।
सतगुरु शब्द खोजो दिल लाई। मिटे कुवास सुवास समाई।१०१।

साखी - ५

तिल को तेल फुलेल भौ, मेटा तिल को नाव।
सतगुरु वास समानेवो, बसे अमरपुर गाँव।।

साखी - ४६

गया अमरपुर लोक में, अमर सुगन्ध सोहाय।
पुहुप पलंग तहाँ पाइया, आवागमन मेटाय।।

चौपाई

मुद्रा चारि चतुर दल सोहे। त्रिकुटी साधि पवन के जोहे।३६६।

निद्रा साधि आतम कहँ साधे। पाँचो इंद्री निग्रह बाँधे।३६७।
इंगला पिंगला सूर चढ़ावे। घैंची डोरि गगन में आवे।३६८।
बंक नाल औ अंक संयोगा। ब्रह्माण्ड अखंड विरोगा वियोगा।३६९।
पाँच तत्व तौले दिन राती। छन छन पल पल गुने यह भाँती।३७०।
मोतांगी पवन उलटि जब लावे। उलटा कुंभ नीर नहिं आवे।३७१।
यहि विधि तारीक तर्क है योगा। पवन संयोग प्रेम रस भोगा।३७२।
नरक स्वर्ग ते होखो न्यारा। की भवचक में परे बेचारा।३७३।

साखी - ४७

एतना योग युक्ति करि, मुक्ति भुक्ति बैराग।
अमर लोक के जावहीं, कि लगा करम का दाग।।

चौपाई

सुनौ बचन मैं कहों बिचारी। निरखि परखि कोई ज्ञान सुधारी।३७४।
यह सब करम काल के योगा। कठिन काल नहिं होई विरोगा।३७५।
तन साधत फिर भया असाधी। मन नहिं चिन्है उलटि फिरि बाँधी।३७६।
योग युक्ति योगी सब भाखे। त्रिकुटी पवन तहाँ ले राखे।३७७।
इंगला पिंगला पवन का खेला। पाँच तत्व सुख मनि का मेला।३७८।
चारिउ मुंद्रा मत तेहि भयऊ। असंख योग युक्ति नहिं अयऊ।३७९।
तीन लोक जिन्ह तन के जाना। साढ़े तीन हाथ परवाना।३८०।
जरा मरन फिरि भव में आवे। मन परचै बिनु यह दुःख पावे।३८१।

साखी - ४८

मन करता कहँ सुमिरहिं, सो मन करै विनाश।
रूपरेखा देखे बिना, डारत है ग्रिव फाँस।।

चौपाई

रूप देख यह किमि कर देखे। कौन ज्ञान यह गमि में पेखे।३८२।
वाकी सनदि साधु किमि पावे। कैसे विवरण दुई देखावे।३८३।
मन और ज्ञान रंग बिलगावे। निःअक्षर किमि अक्षर पावे।३८४।
नाम निःअक्षर इमि कहँ कहई। मने निःअक्षर जीव कहँ दहई।३८५।
बिना रूप कैसे लखि आवे। आदि दृष्टि सो कैसे पावे।३८६।
यह सब संकट विकट की बाता। औघट घाट सबनि में राता।३८७।

17:12

आदि भवानी जिन्ह किया, किया निरंजन देव।
अगम कथा यह जो मथे, सो जाने यह भेव।।२३६।।
बाहर कहा विवेक करु, घट परिचय कहि दिन्ह।
बुद्धि जन सुधि वोय जानहिं, मन माया को चिन्ह।।२४०।।
नवग्रह औ संक्राति, काया ग्रहन फेरि होय।
सूरचंद गयो मूल में, उलथ्अ परा है सोय।।२४१।।
अहो रात अहो दिन में, द्वादश है संक्रान्ति।
इंगला पिंगल सुखमना, इन्ह की चिन्हिए जाति।।२४२।।
इंगला चंद वाहनी कहिए, पिंगला भानु प्रकाश।
सगुन विचार ही साधुजन, अहे पंडित के पास।।२४३।।
चारि तत्व काया कही, एक तत्व रहे आकास।
सुरति डोरी रहे मूल में, अहे अमर के पास।।२४४।।
छित पावक पानी पवन, आदि अंतगुन एक।
पंच भौतिक यह भवन है, तामे बहुत विवेक।।२४५।।
अनंत कहि तो अनंत है, एक कहि तो एक।
जागृत स्वप्न सुषुप्ति, तुरी तेल विवेक।।२४६।।
पांव पताल शीश नभ हैं, सिकमसिन्धु है अंत।
पच्चीस प्रकृति पांच तत्व है, तीनि गुन को अंत।।२४७।।
तामे ग्रहन ग्रास है, परवत ऊंच अरु नीच।
तंतु विचारे देखिए, आमृत बसे औ मीच।।२४८।।
अमि कमल आमृत वसे, स्रवन विषी को वास।
की ज्ञानी कोई जानहिं, की सतगुरु को दास।।२४६।।
उत्पत्ति परलै पेड़ यह, तामे कर्ता किन्ह।
अक्षय वृक्ष वोय पुरुष हंही, सो त्रिगुन ते भिन्न।।२५०।।
तलफत मीन यह जल बिनु, कवल सुखा बिनु वारि।
परे भवन में भग्ति बिनु, चारों वेद विचारि।।२५१।।
अक्षय वृक्ष वोय पुरुष हंही, डार पात फूल छांह।
सहस अट्ठासी मुनि भए, गुरु सिख पकरी वांह।।२५२।।
आदि भवानी शक्ति है, अनंत कहो तो शिव।
शिव पीव करि मानहिं, अनंत परा है जीव।।२५३।।

110%
Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

बीजक बतावे बीत के, जौ बीत गुप्ते होय।
शब्द बतावे पीव को, बुझै विरला कोय।।५३६।।
बीजक राखे जीव के, चीज बड़ा है ग्यान।
उलटि आपु आपु कंह देखिए, मुल बड़ो है ध्यान।।५४०।।
काम बीज है उरध कमल में, मेरुडंड कसि जोग।
सुख मनि सापिनि ना डसे, मेटा कल्पना सोग।।५४१।।
सहस दल और सहस पुखंरी, खुला गगन में ऐत।
सदा सर्वदा बुंद घन, मनि मोती तहां सेत।।५४२।।
अउधी खोपरी उलटी देखु, झीन झीन जंतर होय।
सोवत जागत धुनि तहां, उन मुनि पलटी वोय।।५४३।।
ग्यान हुआ तब ध्यान है, भक्ति हुआ तब योग।
जहां दया तहां धरम है, बृगस प्रेम संयोग।।५४४।।
विमल विरोग विराग है, राग रहित है ध्यान।
दीवाकर छवि देखिए, या झरि पलक अमान।।५४५।।
रंझा रंझे वो जगत में, भक्ति केते भगवान।
उदधि लहरि जब आवई, उलटत सांझ बिहान।।५४६।।
ब्रह्मण्ड खंड ले नभ कला, कला करे प्रकाश।
ताहि भजन के भजत है, भजन करे निजु पास।।५४७।।
भक्ति भली है जगत में, सक्ति बड़ी है जोर।
भगते आये भगता हुआ, चितवत चंद चकोर।।५४८।।
सिंह ठवनि ठनकत रहे, पलक न करिए भोर।
कसे कमाने बान गहि, निकट ना आवहिं चोर।।५४९।।
विरह भेआवरि धमार की, पद अपने सभ पास।
बिलगि बिलगि होई जीइहें, ज्यों ग्रीव डारिहें फांस।।५५०।।
मन माया ते बांधिया, राधे परे अचेत।
जम दारुन दावा करे, डारि दिया कुखेत।।५५१।।
आपु स्वारथ यह स्वाद, परमारथ की चूकि।
स्वारथ संग्रह साथ में, मुआ भवन में भूंकि।।५५२।।
परमारथ जो पर के दीजै, पर आतम की चीत।
भौ भागर यह भर्म है, नाहिं जमाना हीत।।५५३।।

17:19

ग्रन्थ रामेश्वर गोष्ठी

(गोष्ठी दरिया साहब और रामेश्वर पंडित से काशी में अस्सीवरना के तीर)

रामेश्वर वचन

गोफा सोफा में आसन मंडे शुन्य में ध्यान लगावे।
आतम साधि पवन जो पीवे, योनि संकट नहिं आवे।।
यह मत जाना ब्रह्म दिढ़ाना, सोई सिद्ध कहावे।
कर्म योग बिनु युक्ति न पावे, सतगुरु शब्द लखावे।।
वाय बिन्दु ले गगन समाना, त्रिकुटी है स्थाना।
शास्त्र गीता यह मन भाषे, सोई शब्द परमाना।।
रोम-राम सींचे जो जोगी, अमृत झरि जब आवे।
कहे रामेश्वर सुनो स्वामी, तब वा पद के पावे।।

दरिया वचन

का गोफा सोफा में पैठे, का तारी के लावे।
का आसन बासन के बाँधे, का भौ पवन चढ़ावे।।
का आतम के जारे मारे, का भौ त्रिषा मिटाये।
जब लगी युक्ति जानि नहिं आवे, का भौ योग कमाये।।
का श्रृंगि शेली के डारे, क्या मुख टेरि सुनावे।
क्या नाँचे झालर झनकारे, क्या मृदंग बजावे।।
झिली मिली झगरा झूठा झूलते, औंधा ध्यान लगावे।
कहे 'दरिया' सुनो ज्ञान रामेश्वर, जग में जीव जहड़ावे।।

रामेश्वर वचन

सनकादिक सुकदेव जो कहिए, जाको ब्रह्म दृढ़ाना।
अखंडित ब्रह्म अगोचर अविगति, एहि ठहराना।।
बशिष्ठ ज्ञान जो श्रेष्ठ जगत में, औ मुनि बहुत बखाना।।
जाकी बचन अमर है युग-युग, निरालेप निर्बाना।।
एके ज्योति सकल घट व्यापक, अद्वैत ब्रह्म कहावे।
अगम अपार पार नहिं पावे, निगम नेति जेहि गावे।।
चार वेद ब्रह्मा मुख भाषा, ब्यासहिं ग्रंथ बनाई।
कहे रामेश्वर सुनो स्वामी, या छोड़ि दुजा ना गाई।।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

दरिया वचन

हरिहर ब्रह्मा और त्रिपुरारी, बहुते योग कमाते।
नवो नाथ चौरासी सिध्या, गोरख पवने खाते।।
इंगला पिंगला सुखमनि जाने, मेरू दण्ड के साधे।
बंकनाल की डोरी घैंचि, उलटि द्वादस बाँधे।।
मारकन्डे और शंकर योगी, जग में प्रगटे ज्ञाना।
मुनि बशिष्ठ राम के गुरु, उन्ह भी ज्ञान बखाना।।
वेद गर्व ते पंडित भूला, आपु मर्म नहिं जाना।
एहु जीव जहड़ायो जग में, पढ़ि पढ़ि वेद पुरान।।
ज्योति स्वरूपी जाके कहिए, करे जीवन को घाता।
दान पुण्य बलि राजे किन्हा, बाँध पताले चाँता।।
उत्पत्ति प्रलय या जग करई, सो मन चाहे हाँथा।
मृतक अंध नजर नहिं आवे, रहे सबन के माथा।।
जग लगि मन परिचय नहिं पावे, किमि उतरे भव पारा।
कहे 'दरिया' सुनो ज्ञान रामेश्वर, करि लेहु शब्द बिचारा।।

रामेश्वर वचन

खेचरी भोचरी चँचरी, अगोचरी यह योगी जब पावे।
इंगला पिंगला सुषमनि घाटे, अष्टदल कमल दृढ़ावे।।
पाँच तत्व की बाती लेसे, परम ज्योति परकासा।
शुन्य मंदिर में मुंद्रा जागे, कर्म भर्म सब नासा।।
नाद बिन्द जाके घट जरई, सहज समाधि लगावे।
आपुहिं गुरु आप हैं चेला, कहु काको गुन गावे।।
आपन अन्त पावे जब जोगी, कौन, बूडे को तरई।
कहे रामेश्वर सुनों स्वामी, यह पद निश्चय धरई।।

दरिया वचन

खेचरी भोचरी चँचरी अगोचरी, झिलि मिलि मुद्रा त्यागे।
छोड़ पपिलक गहे विहंगम, उन्मुनि मुद्रा जागे।।
छव चक्र काया प्रगट है, वाका भेद जो पावे।
शब्द सजीवन हैगा मूला, काया अग्र, झलकावे।।
बरे दृष्टि करे उजियारा, शुन्य गगन में पेखे।
जाके सतगुरु पूरा मिलिया, सोई शब्द वह देखे।।
बाहर भीतर एके लेखा, हनै शब्द निशाना।।

सोरठा—सोभा अगम अपार, हंस बंस सुख पावहीं।
कोई ज्ञानी करै विचार, प्रेम तत्तु जा के बसे ॥

॥ चौपाई ॥

जम जालिम जय करै बिकारा। पाखँड धरम करै संसारा ॥
जब निजु भेद पाय जन कोई। ताही देखि चला जम रोई ॥
चौदह चौकी जम के होई। बिनु सतगुरु नहिं पहुँचे कोई ॥
चौदह मंत्र भेद जो पावे। जाइ छपलोक बहुरि नहिं आवे ॥
ता में सार सब्द है एका। तेहि जानहु निजु कया[१] बिलोका ॥
कया परचै निजु कहीं बुझाई। गुरुगमिज्ञान बुझौचित लाई ॥
अष्ट कँवल दल रँग है सोई। मधि बिच तेहि बोलता होई ॥
अग्रनख[२] तहँ बैठे जाई। तिल भरि चौकी बिलसै भाई ॥
छय चक्र तहँ मनि उँजियारा। अझरझरै तहँ जोति निजु सारा[३] ॥
छय चक्र का परचै पावे। मूल चक्र दृढ़ आसन लावै ॥
पाँच तत्तु तहँ देखु बिसेखा। पल पल करहि अनूपम भेखा ॥
ता में निरति सुरति की बानी। ता में निरखु मया की खानी ॥
पचिस प्रकृति तहँ निरति कराई। दसौ दुवार रहे ये जाई ॥
मूल सब्द मनि मानिक देखा। तिरति करै तहँ ताल बिसेखा ॥
पचिस प्रकृति के भेद कहि दीजे। होय गुरु ज्ञान बुझि यह लीजे ॥
पचिस के यह कथा सुनाई। ता में सार पवन है भाई ॥
इँगला पिंगला सुखमनि नारी। सार पवन तहँ करै पुकारी ॥
ओही पवन षट चक्रहि छेदा। होय गुरु ज्ञान बुझै यह भेदा ॥
तहँ त्रिकुटी में रहा समाई। तहवाँ काल सकै नहि जाई ॥
अजपा जपै सूर चँद ज्ञानी। दरिया गगन बरीसै पानी ॥
अमृत बुन्द तहाँ झरि आवे। पीयत हंस अमर पद पावे ॥

---

(१) काया। (२) सूक्ष्म रूप। (३) "गहि भेद इमि करै बिचारा"—दूसरी पुस्तक में ऐसा पाठ है।

साखी—अठ दल कँवल भँवर तहँ गुंजे, देखहु सब्द बिचारि ।
कह दरिया चित चेतहू, देहु भरम सब डारि ॥

॥ चौपाई ॥

मूल सब्द धुनि होत अँजोरा । सुरति बाँधि राखो एक ठौरा ॥
सुरति डोरि चेतो चित लाई । मूल सब्द की यही उपाई ॥
सूर चंद एक घर आवै । तबही डोरी ले बिलमावै ॥
मूल सब्द धुनि होत उचारा । तहवाँ जाय करो पैसारा ॥
अकह कँवल के ऊपर मूला । सहस कँवल तहवाँ रहु फूला ॥
परिमल अम्र बास तहँ आवै । हंमा पियत बहुत सुख पावै ॥
होय दास सतगुरु के पासा । सेवा भगति प्रेम परगासा ॥
मैं तो साहब तुम कहँ जाना । मेरो मन तुम सों मनमाना[१] ॥
भरम छुटै सो करो उपाई । जा ते हंस छप लोके जाई ॥
सुरत लगाइ के करो सँभारा । कुल कै करम छोड़ बेवहारा ॥
जो सत सब्दहि करै बिचारा । सोइ हंसा भव सिंधु उबारा ॥
अकह बात कहा नहिं जाई । अगम गम्मि तहँ सुरति लगाई ॥

छंद—आगे मारग भीन अति है, सब्द सुरति बिचारही ।
अजर जोति अनूप बानी, देखि तहँ सुख पावही ॥
अगम गमि तहँ अति झलाझलि, नेकु मन ठहरावही ।
सत सुकृत की सीढ़ि पग्र दे, अमृत फल तहँ चाखही ॥

सोरठा—अजरा जोति बराय, मूल सब्द निजु सार है ।
गहो सुरति चित[२] लाय, कह दरिया भव रहित है ॥

॥ चौपाई ॥

अगम सुरति चेतहु चित लाई । सुरति कँवल रहु सुरति लगाई ॥
चकमक चित्त चुभुकि जब लागै । निर्मल जोति प्रेम तहँ जागै ॥
गहिर ज्ञान निजु करै बिचारा । झलकै पदुम होय उँजियारा ॥
अगम कथा बहुतै हम कहिया । धरति अकास रचि नहिं अब जहिया ॥

(१) लगा । (२) दूसरे पाठ में "लाव" है ।

॥ चौपाई ॥

जेहि खोजत सुर नर मुनि हारे । बोलहु पंडित बचन बिचारे ॥
बचन कठोर बोलहु जनि बैना । ए नहिं मिलिहै पुरुष अमाना ॥
सीतल सब्द जो करहि अपाना । सार सब्द तेहि मिलहि निदाना ॥
बादिहि जनम गया सठ तोरा । अंत कि बात किया तैं भोरा[१] ॥
पढ़ि पढ़ि पोथी भौ अभिमानी । जुगति और सब म्रिथा बखानी ॥

साखी–खरच खजाना मालवर महल करे बहु स्याल ।
सतगुरु के परचे बिना, (जौं) काग कुबुद्धी ब्याल[२] ॥

॥ चौपाई ॥

जौ न जानु छप लोक कै मरमा । हंसन पहुँचिहि एहि षट कर्मा ॥
सार सब्द जब दृढ़ता लावै । तब सतगुरु किछु आपु लखावै ॥
दरिया कहै सब्द निरबाना । अवरि कहों नहिं बेद बखाना ॥
बेदै अरुझि रहा संसारा । फिरि फिरि होहि गर्भ अवतारा ॥
चार चरन सींघ दुइ होइहैं । जोनि संकट चौरासी जइहैं ॥

साखी–चौरासी के भवन में, कलप कोटि बहि जाहिं ।
ज्ञान बिना नहिं बाचिहैं, फिरि फिरि भटका खाहिं ॥

॥ चौपाई ॥

सत्त नाम निजु करो निमेरा । जौ चाहो छप लोकहि डेरा ॥
सत्त सब्द नहिं मानहि बानी । जोति अस्थापि रहा सब ज्ञानी ॥
जोति पुरुष की कामिनि अहई । बिना पुरुष कामिनि नहिं लहई ॥
कामिनि भगति सबै जग जाना । पुरुष ज्ञान निर्लेप बखाना ॥
ज्ञान कहौ केहि नावै माथा[३] । जौ जन बूझै सो होइ सनाथा ॥
सबद ज्ञान बखानौं तोही । एकर अर्थ सुनावो मोहीं ॥
बंक नाल कवने घर बासा । कवन पवन जोती परगासा ॥

---

(१) भुलाया । (२) तीसरी पुस्तक में यह साखी ऐसे है—
"कोठा महल अटारिया, सुने स्रवन बहु राग ।
सतगुरु सब्द चिन्हे बिना, ज्यौं पंछिन महँ काग" ॥
(३) दूसरा पाठ—"ज्ञान काहू के न नावै माथा" ।

LIBRARY
Accession No.
Classification No.
CENTRE FOR ... OF DEVELOPING ...

छय चक्र के कहि दे भेदा। अठदल कँवल के करहु निषेधा ॥
सार पवन के कहि दे भेदा। कवन पवन खट चक्रहि छेदा ॥
अठदल कँवल रंग है भीना। तामें कवन सुरति लवलीना ॥
कहवाँ बोलता प्रेम अधारा। कवन सब्द से हंस उबारा ॥
एकर भेद कहो तुम आई। कह दरिया करु जोग दृढ़ाई ॥
एकर भेद नाहिं तुम जाना। पंडित पढ़ि का बेद पुराना ॥
एकर भेद पुछहु तुम मोहीं। एकर अर्थ सुनावों तोहीं ॥

साखी—कवन घरा ओइ हंस है, कवन घरा ओइ नाम।
कवन घरा ओइ जोति है, कवन सुरति निजु धाम ॥
अग्र[1] घरा ओइ हंस है, मनि मुक्तावलि नाम।
अजर[2] अनूपम जोति है, कँवल सुरति निजु धाम ॥

॥ चौपाई ॥

पंडित नाम अजहुँ नहिं चीन्हा। सुरति लगाम रंग नहिं भीना ॥
चीन्हहु पंडित सब्द निर्बाना। निर्गुन नाहि चिन्हहु अज्ञाना ॥
मूल चक्र निजु हीरा खानी। अठदल कँवल रहो निरबानी ॥
छप लोक सत्त ओइ ज्ञानी। जगमग जोति जहँ निर्मल बानी ॥
मुक्ति पदारथ सतगुरु दाता। जोग बिराग प्रेम रस माता ॥
कया अग्र दृष्टि अस्थाना। अगम निगम खबरि जो जाना ॥
वा को जोगी जगत बखाना। जा के गगन मँडल अस्थाना ॥
मनहिं में माला प्रेम रस भीना। पंडित सो जो सब्दहि चीन्हा ॥
सतगुरु बिना करहि जिव हानी। कम दरिया तजु चतुर सयानी ॥
सतगुरु की गति अगम अपारा। देखहु खोजि सब्द निजु सारा ॥

साखी—ज्ञान सँपूरन प्रेम रस, बिबरन[3] करो बिचारि।
हंस बंस सुख पावही, भवजल जाहि न हारि ॥

॥ चौपाई ॥

छय आठ के पावे भेदा। तब ही करिहै सबद निषेदा ॥

---

(१) सब से आगे, श्रेष्ठ। (२) दूसरे पाठ में "अक्षर" है। (३) निर्णय।

घटहि में सेली घटहि में मुंद्रा । घटहि में पाति फूल इक सुंद्रा ॥
सुरति अनूप जहँ नैन झरोखा । कँवल नाल से पवन सुरेखा ॥
छिन छिन होखै अनहद बानी । देखि सरूप मवन[१] रहु ठानी ॥
गुरु ज्ञानी जौ होखै कोई । सत्त नाम निजु पावै सोई ॥
सब्द पाय के दृढ़ करि धरई । जाय छप लोक नरक नहिं परई ॥

साखी—छप लोक ओइ सत्त है, जिदे कहा बुझाइ ।
धोखा धंधा तेजि के, सहर अमरपुर जाइ ॥

॥ चौपाई ॥

मेरे कहे जो माने कोई । आवत जात बहुत दुख होई ॥
दुख दारुन है जम जञ्जाला । सतगुरु सब्द करै प्रतिपाला ॥
जिन्हि जिन्हि मानु सब्द निजु सारा । दिव्य दृष्टि भयो उँजियारा ॥
सत्त सब्द सीख जो पावै । मीठा[२] दे तब दरस दिखावै ॥
जनम जनम के पाप कटाई । जाय छपलोक बहुरि नहिं आई ॥
पचिस प्रकृति औ तीनिउ नारी । पाँच तत्तु है आतम धारी ॥
जोग जाप जुगुती परधाना । जोगी सो जो करै बखाना ॥
कवन घरा जहँ उपजे ज्ञाना । कवन घरा जहँ हंस अस्थाना ॥
कवन घरा जहँ पीवै पानी । कवन घरा जहँ सुरति समानी ॥
कहाँ पचीस प्रकृति के डेरा । कहवाँ पाँचो भूत निमेरा ॥
पाप पुन्न भोग कहँ करई । कवन घरा जहँ सूनहि रहई ॥
उनुमुनि[४] मूल कँवल रह फूला । उपजै प्रेम होइ अस्थूला[५] ॥
गुप्त चरन[६] में प्रान समाना । त्रिकुटी सुन्न पवन अस्थाना ॥
अमी तत्तु तहँ पीवै पानी । कँवल नाल तहँ सुरति समानी ॥
इंद्री काम भोग एक करई । नासा वास आपु सब हरई ॥
सोइ जोगी एह जग में राधे । पवन साधि जो मन के बाँधे ॥

---

(१) चुप । (२) दूसरे पाठ में "बीरा" है । (३) नाड़ी । (४) जोग की पाँचवीं मुद्रा जिस में समाधि का अभ्यास किया जाता है । (५) स्थिर । (६) गुप्त पद ।

साखी—बारह मंडल नौ खँड पृथवी, ता में सबद निनार।
उलटि पवन षट चक्रहि छेदै, देखहु कया विचार॥

॥ चौपाई ॥

चारि कँवल जब परसै भाई। भोर[1] किये पुनि सब रस जाई॥
छव चक्र कै भेद है सारा। जो बूझै सतगुरु का प्यारा॥
सतगुरु बिना होइ नहि पारा। और गुरू पाखंड पसारा॥
गुरु सोई जो सीख बुझावै। सीख सोई साहब लौ लावै॥
बहुत गुरू करहीं गुरुवाई। सबद बिना उन्ह भेद न पाई॥
सबद पाय चलु देइ दमामा[2]। अभय निसान पाय सुख धामा॥
साखी—अभय निसान बजावहु संतो, परखहु सबद निज सार।
जम कै मान मरदि कै, जिंदा सत करतार॥
सूरा सोई सराहिये, जो जूझै दल मन खोल।
कायर कादर बीचले, मिला न सब्द अमोल॥

॥ चौपाई ॥

बिनु मुख वचन सबद इक बोला। बिनु पगु निरति जगत में डोला॥
ओइ अनहद जब लागै ताला। सूर चढ़ाय चंद मनि माला॥
यह झिनझिन जंतर बाजे भाला[3]। पीवै प्रेम होय मतवाला॥
अजपा कै यह भेद बताई। पाँच तत्तु तहँ परगट पाई॥
तत्तु पाय निहतत्तु में जाई। तत्तु में तत्तु रहा छवि छाई॥
तत्तु कियारी जोत किसाना। तत्तुहि गहै सबद निर्बाना॥
बिना तत्तु नहिं सबद समोई। कह दरिया समझै जन कोई॥
सत्त नाम परचै नहि पाई। सुर नर मुनि सब चले भुलाई॥
साखी—सतगुरु साहब साँच हहिं, देखो सबद विचारि।
गहो डोरि यह सबद की, तन मन डारो वारि॥

॥ चौपाई ॥

सतगुरु आगे तन मन दीजै। प्रेम प्रीति रस कबहि न छीजै॥
मन ममता सब दुर्मति डारा। परखि लेहु सबद निज सारा॥

(१) भूल। (२) डंका। (३) यह झनकार का शब्द अन्तर मस्तक में होता है।

॥ चौपाई ॥

सब्द एक मैं कहौं बुझाई । जो तुम पंडित बूझहु आई ॥
मूल विहंगम डोरी भाई । रवि ससि पवन जो सुन्न समाई ॥
सतगुरु सब्द जबहिं लखि आवै । मूल फूल अमृत मुख[1] पावै ॥
होय निरति तब सुरति देखावै । सार सब्द तब परगट पावै ॥
गगन मँडल बिच सुरति सँवारी । इँगला पिंगला सुखमन नारी ॥
साधहु सब्द जिवन जग मुकुता । पाप पुन्न कबहीं नहिं भुगुता ॥
ऐसी जुगति जो जानै कोई । कहि दरिया निजु जोगी सोई ॥

साखी—दरिया सब्द विचारिये, झलकै सेत निसान ।
जो सत सब्द न पाइये, तो कहा कथै गुरु ज्ञान ॥

॥ चौपाई ॥

परखहु सत्त सब्द यह बानी । करै बिवेक सो निर्मल ज्ञानी ॥
बिनु परखे नहिं मूल भेंटाई । पारखि जन सो सब्द समाई ॥
सब्दहि तत्तु बिचारहु भाई । पानी पय ज्यों हंस बिलगाई ॥
संसित[2] जल पय भीतर रहई । बिबरन[3] बरन सो इमि कर लहई ॥
हंस दसा सदा सुख पावै । काग कुबुद्धि निकट नहिं आवै ॥
पारस परसे मोती होई । मान सरोवर अवर न कोई ॥
अवरि सीप बहुते जग अहई । बिनु पारस मोती नहिं लहई ॥
सतगुरु मिलि तो ब्रह्म पुनीता[4] । सास्तर ज्ञान पढ़ा निजु गीता ॥
भव संसय में कबहिं न भटकै । ज्यों जल कँवल कबहिं नहिं अटकै ॥
हठ निग्रह करि भूले जोगी । आसन बाँधि पवन रस भोगी ॥
तन साधत फिरि भये असाधी । पाँच पचीस बहु कैसे बाँधी ॥
छुछम ज्ञान निजु करो बिचारा । मूल विहंगम निर्मल सारा ॥
जैसे पपिहा बुन्द असमाना । भेद निरखि के उलटि समाना ॥
सत्त सब्द कै करहु बखाना । ज्यों तरकस कसि कसै[5] कमाना ॥
सब्द बिलोय खेलहु चौगाना । सोई संत है निर्मल ज्ञाना ॥

---

(१) दूसरे पाठ में "सुख" है । (२) मिला हुआ । (३) रंग या जाति से रहित । (४) पवित्र । (५) दूसरे पाठ में "लीजै" है ।

सतगुरु के गति पावै कोई । जाय छप लोक सिधारै सोई ॥
गहै प्रेम होय निर्मल सरीरा । मेटि जाय सब जम कै पीरा ॥
साखी–सुमिरहु सत्त नाम गति, प्रेम प्रीति चित लाय ।
बिना नाम नहिं बाचिहो, मिथ्या जनम गँवाय ॥

॥ चौपाई ॥

सुमिरहु साँझ सकेर सवेरा । ज्ञान गुरू गति करहु निमेरा ॥
भवजल जल है अगम अपारा । कवन केवट गहिहै करुवारा[१] ॥
जौं अबहीं करि लेहु निमेरा । ज्ञान गुरू गति गहो सवेरा ॥
जौं लेवहु सतगुरु कै बानी । लाँघि सकौ तब भवजल पानी ॥
बिना सब्द नहिं होय उबारा । बिनु सतगुरु उतरै नहिं पारा ॥
काया परचै मूल जब पावै । सतगुरु मिलै तो सब्द लखावै ॥
कवन सब्द छप लोक ले जाई । कवन सब्द से परचै पाई ॥
कवन तत्तु ले सुरति समाई । कैसे प्रेम चुवै मुख लाई ॥
कवन पवन गरजै ब्रह्मंडा । कवनै कालराय कँह डंडा ॥
साखी–सार पवन औ चौदह मंतर, लीजै ज्ञान बिचारि ।
छय चक्र अठदल कँवल, कर्म काल सब जारि ॥

॥ चौपाई ॥

पवन एक सार निजु बानी । सोई भेद परखो निजु ज्ञानी ॥
निरति सुरति में आवै जाई । जा तें जोतिहि जोति समाई ॥
दुइ कर पवन सूर औ चंदा । चढ़ै गगन सब कर्म निकंदा[२] ॥
अभय नाम निजु जानै कोई । पीवै प्रेम सुधा रस सोई ॥
इँगला पिंगला सुखमनि फेरै । लाय कपाट गगन गहि घेरै ॥
छय चक्र निजु करै निमेरा । सो जोगी घर पहुँचु सवेरा ॥
सत्त सब्द जौं करै बखाना । सेत धजा निसि दिन फहराना ॥
आवै अनुभौ देखु बिचारी । आठ कँवल घर भीतर बारी ॥
नवो नाटिका करहु निमेरा । पिवै प्रेम अस्थिर घर डेरा ॥

(१) लग्गी । (२) निर्मूल हो जायँ ।

॥ चौपाई ॥

सतगुरु सबद प्रेम रस पीजै । काल कुबुद्धि दूर सब कीजै ॥
सबदै निर्गुन नाह[१] हमारा । ता के खोजहु ज्ञान करारा ॥
बेद लोक सब कहैं बनाई । सपने निर्गुन नाह न पाई ॥
तत्तपुरुष ओइ बिमल बिरोगा[२] । प्रेम प्रीति कीजै नहिं जोगा ॥
मनसा मालिनि आपु दिखावै । कामदेव तहँ मंगल गावै ॥
आतमदेव कि दरसै बानी । सिंचहिं प्रेम सुख बहुत बखानी ॥
सतगुरु आगे सुख बहुतेरा । सत पद का जो करै निमेरा ॥
बूझहु पंडित सत कै बानी । निरखि निरंतर निर्गुन ठानी ॥
पंडित सर्गुन होय जनेऊ । जो करता कै जानै भेऊ ॥
जौ निर्गुन सूझै बिस्तारा । पंडित तजहि बेद कै भारा ॥

साखी–सासतर गीता भागवत, पढ़ि पावै नहिं मूल ।
निहचै लागै प्रेम जब, तब पावै अस्थूल ॥

॥ चौपाई ॥

निहचय नाम प्रेम लव लावै । सो हंसा छप लोक सिधावै ॥
जाइहिं लोक बहुरि नहिं अवना । जनम जनम कै मेटि कलपना ॥
ऐसे बूझहु पंडित भाई । संग लेहु सतनाम सहाई ॥
काया अंतर ब्रह्म निजु बासा । चीन्हहु ताहि प्रेम परगासा ॥
कहौं बानी निजु सुनहु सुजाना । बिना भेद हंस नहिं जाना ॥
सुनहू पंडित हंस कै आदी । झूठ बात कहै सोइ बादी ॥
ब्रह्म फूटि अंस भौ तीना । सत्तपुरुष इन्ह सब तें भीना[३] ॥
प्रतीबिम्बु[४] घट परगट अहई । पुरुष तेज जग इमि कर लहई ॥
देखहु ज्ञान एह कया बिलोई[५] । अपने आपु में जाइ समोई ॥
सुरती कँवल कहो निजु बानी । सुखमनि घाट करो पहिचानी ॥
घेरि गगन घन बरिसै पानी । दरिया दिल बिच सुरति समानी ॥
निहचय सुरति ज्ञान रस सानी । पियै प्रेम तहँ निर्मल बानी ॥

(१) पति । (२) निर्दोष । (३) भिन्न । (४) छाया । (५) मथन करके ।

इँगला पिंगला सुखमनि घाटा । (तहँ) बंकनाल रस पीवै बाटा ॥
खोड़स दल कँवल बिगसाना । लपटि लगै मधुकर ललचाना ॥
सलिता तीनि संगम तहँ भयऊ । बारि बयारि अमृत रस पयऊ ॥
चंद सूर दुइ करहिं बिलासा । उदय अस्त फिरि होय प्रगासा ॥
इँगला चंद्र बाहनी कहिया । पिंगला भानु प्रगासित अहिया ॥
साखी–चारि अवस्था तीनि गुन, पाँच तत्तु है सार ।
प्रेम तेल तुरी[1] बरी, भयो ब्रह्म उँजियार ॥

॥ चौपाई ॥

एदुइ चक्र भरमते लोका । कामिनि कनक महा बड़ सोका ॥
उभय[2] त्यागि समरथ है दूजा । ता को चरन कमल का पूजा ॥
तेजि कंदर्प[3] कामिनि नाहिं साथा । सुमिरु नाम निजु होइ सनाथा ॥
जो जन समरथ सदा सहाई । मुक्ति समीप सदा फल पाई ॥
ओइ परचै नाम भजे ब्रह्मंडा । दानव दनुज पाप सतखंडा ॥
नाम प्रताप जुग जुग चलि आवै । सकल संत गुन महिमा गावै ॥
संत रहनि भव बारिज बारी । सदा सुखी निरलेप बिचारी[4] ॥
जल कुकुही जल माहिं जो रहई । पानी पर कबहीं नहि लहई ॥
दही मथे घृत बाहर आवै । फिरि के घृत नहिं उलटि समावै ॥
फुल बासे तिल भया फुलेला । बहुरि तील तेल नहिं मेला ॥
इमि कर संत असँत गुन कहई[5] । भौ निकलंक नाम गुन गहई ॥
औघट घाट लखै सो संता । सो जन जानु सदा गुनवंता ॥
अजपा जाप अनाहद नादा । तजि भव भर्म सो बादि बिबादा ॥
अमृत बुन्द तहँ झरै निकंदा । औन[6] अँजीर[7] मगन मन चंदा ॥
साखी–मनि मानिक दीपक बरे, उनमुनि गगन प्रगास ।
मन मोदिक[8] मद तेजि के, मेटु जरा मरन जम त्रास ॥

(१) एक अवस्था का नाम । (२) दोनों । (३) कामदेव । (४) संत संसार में ऐसे निर्लेप रहते हैं जैसे कँवल पानी में । (५) दूसरे पाठ में "लहई" है । (६) घर । (७) आँगन । (८) हर्ष ।

एह मन करता बिस्नु कहावै । मनहिं बिसंभर बिसु[1] पर आवै ॥
मनहीं अनल अकास प्रगासा । मनहीं पाँच तत्तु का बासा ॥
मनहिं समीर[2] बारि धन फेरै । मनहीं छटा गरजि घन घेरै ॥
मन जनमे नव बार गोसाँईं । अनँत रूप मन कला देखाई ॥
छंद—मने चलावै खंज मीन ज्यों, मन उड़गन[3] गगन सोहावही ।
मन अनल अनिल मन भँवर भर्मित, कंज पुंज पर आवही ॥
मन कर्म कर्ता काम कामी, बाम धाम छबि छावही ।
मन निसि बासर सोवत सपना, सर्ब रूप बनि आवही ॥
सोरठा—मन संसय सागर भयो, बूड़त अगम अथाह ।
चढ़ु सतगुरु सब्द जहाज,[4] उतरि जाय भव पार ॥

॥ चौपाई ॥

जिन्ह सत पद खोजा चितलाई । निकट नाम निजु ज्ञान समाई ॥
आतम दरस ज्ञान जब बूझै । प्रेम मगन होइ अपने सूझै ॥
तत्तु तिलक मनि मुद्रा फेरै । अनहद धुनि मुरली तहँ हेरै ॥
(एह) अजपा संध्या तरपन करई । गयत्री ज्ञान गम्मि मति लहई ॥
पल पल सुमिरि प्रेम रस पीजे । मनि मुकुता तहवाँ चित दीजे ॥
चंद सूर दुइ परचे भयेऊ । सलिता तिनि संगम तहँ रहेऊ ॥
कुंभ पत्र[5] तहवाँ भरि पीवै । ब्रह्म द्दाय तहाँ सुख जीवै ॥
मंगल मूल है रहनि बिसोका[6] । धरमराय दर कबहिं न रोका ॥
अनन्त एक महँ रहा समाई । सतगुरु ज्ञान जबै होय जाई ॥
साखी—बारि उपर बारिज कही, अलि कलि देखि लोभाय ।
(जब) भानु कला परगट भया, कंज सुबास सोहाय ॥

॥ चौपाई ॥

मातु पिता सुत बंधो भगिनी । अपने मगु में सब कोइ मगनी ॥
घटत छिनहिं छिन जात ओराई । हृदय बिबेक ज्ञान नहिं आई ॥
(सब) भूले सँपति स्वारथ मूढ़ा । परे भवन में अगम अगूढ़ा ॥

(१) संसार । (२) हवा । (३) तारा । (४) तीसरी पुस्तक में पाठ यह है—"सतगुरु दया तरिनी कियो" । (५) पात्र, बर्तन । (६) बिना शोक के ।

प्रेम धगा* यह टूटता नाँ।
    गरे† टूटि कंठी फिर बाँधना क्या ॥ १ ॥
यह तत्त तिलक सत नाम छापा करु।
    और बिबिधि है देखना क्या ॥ २ ॥
ज्ञान का दंड न डगमगे कर।
    दंड लिये काहू मारना क्या ॥ ३ ॥
यह झूलना दरिया साहेब कहा।
    सत नाम सही बहु पेखना क्या ॥ ४ ॥

(३)

दुइ सुर चाले एक भाव से।
    नाभि में उलटि के आवता है ॥ १ ॥
बिच इंगला पिंगला गले तीन नाड़ी,
    सुखमनि से भेद बतावता है ॥ २ ॥
उमँग करो अरु पूरो भरो।
    गंधर्ब लिये झरि लावता है ॥ ३ ॥
यह झूलना दरिया साहेब कहा।
    कोइ जोगी जुगुत से पावता है ॥ ४ ॥

(४)

झक झक लगा झक झक लगा।
    यह झरि झरोखे झाँकिया रे ॥ १ ॥
झरि झरि परा झरि झरि परा।
    यह फूल गुलाब के आँखिया रे ॥ २ ॥

---

* धागा, डोरा। † गला।

पिय प्रेम चखो पिय प्रेम चखो ।
उज्जत[*] भला दिल राखिया रे ॥ ३ ॥
दरसे हियरे दरगाह भला ।
दरिया कहैं सत साखिया रे ॥ ४ ॥

(५)

नाफ़[†] तख़्तगीर है दिल के बीच में ।
कुदरत मसजिद बनाइ दीता ॥ १ ॥
दोय बिच लाल अजब लागे ।
तहँ जोति का नूर परगट कीता ॥ २ ॥
यह चित्त के चाम में बाँग[‡] देवे ।
यह नाम नीशान नजर लीता ॥ ३ ॥
कहैं दरिया दाना दिल के बीच ।
अलफ़ अलह को याद कीता ॥ ४ ॥

॥ रेख़ता अष्ट पदी ॥

(१)

काया मैं जिव औ सिव संग सक्ति है ।
काया में काम औ क्रोध छावै ॥ १ ॥
काया की खानि अमोल निर्वान है ।
काया नवो नाड़िका[§] बाट आवै ॥ २ ॥
काया पिंड प्रान तैं भानु चन्दा उगै ।
काया की सुरति यह साफ पावै ॥ ३ ॥
काया मैं त्रिबेनी की लहरि तरंग है ।
काया मैं अमी सुख धार आवै ॥ ४ ॥

[*] स्वाद । [†] नाभी, ढोंढ़ी । [‡] आवाज़, शब्द । [§] नाड़ी ।

काया में मूल यह फूल परचह है।
काया छव चक्र दिव* दृष्टि लावे ॥ ५ ॥
काया के अग्र यह गगन गढ़ झाँकि है।
काया कोट पैठि यह घाट आवे ॥ ६ ॥
सोई सिध सोई साध संत जुग जुग जिये।
पिवे पहिचानि सत सब्द पावे ॥ ७ ॥
कहैं दरिया सत धर्म सत सोई है।
मरे ना जिवे ना गर्भ आवे ॥ ८ ॥

(२)

एक यह एक है टेक कोई गहै।
समझि के पाँव दे राह बाँकी ॥ १ ॥
सत्त का टोप सिर सब्द का साँगि† ले।
ज्ञान का तुरिया‡ तेज हाँकी ॥ २ ॥
काम औ क्रोध की फौज सब सोधि के।
बैठु मैदान में राखु ताकी ॥ ३ ॥
सबल नौसान यह थान§ आगे खड़ा।
जगत में सोर नहिं रही बाकी ॥ ४ ॥
संत सीपाह दिन रैन ठाढ़ा रहै।
कायागढ़ कोट में देत झाँकी ॥ ५ ॥
मन मस्त गयन्द जंजीर में दुहि रहत।
रहे ताबीन‖ सब बात वा की ॥ ६ ॥
जमीं और असमान के बीच में।
गगन में मगन धुनि किरति जा की ॥ ७ ॥

* दिव्य। † भाला। ‡ घोड़ा। § साज, ठाठ। ‖ ताबे।

साधि ले मेरुदंड बैठु अखंड खँड ।
पवन परिचेति* ले काम जारा ॥ ३ ॥
काल जंजाल का मनी कूताइ ले ।
जोग गहि जुगुत तुम समझ यारा ॥ ४ ॥
उलटि पवन तुम मगन करु गगन में ।
साधि ले त्रिकुटि दिय दृष्टि धारा ॥ ५ ॥
जहँ होत झनकार सत सब्द उँजियार ।
तहँ छूटि गो तिमिर उदोत सारा ॥ ६ ॥
तहँ रोग ना सोग निर्दोष निर्वान है ।
सर्बज्ञ सब माहिं तुम देखु यारा ॥ ७ ॥
कहै दरिया दिल पैठु दरियाव में
पावो तुम लाल अमोल प्यारा ॥ ८ ॥

(५)

नाम निर्बान तें कर्म कलिविष छुटै ।
खुलै कपाट मद मोह टारा ॥१॥
काल का फाँस जो कटि कत्तल† किया ।
ज्ञान गुरु खड़ग ले काटि यारा ॥ २ ॥
अनुराग बैराग हिय छेद बिरह भेद ।
सत धर्म सत नाम तुम समझु प्यारा ॥ ३ ॥
होइ आधरन सब काम करिथो छुटै ।
खुलै मूल दृष्टि पर अगम डेरा ॥ ४ ॥
काया के अग्र जहँ अगम झलकत रहै ।
झरत झरि अगम सब फहम तेरा ॥ ५ ॥

---

* जगाना । † मार डाला ।

ब्रह्म का तेज यह भेद बाँका बड़ा ।
गहिर गरकाब गहि अगम गाई ॥ ६ ॥
सुरति औ निरति सब थीर थाका हुआ ।
बास सुबास रस रहत छाई ॥ ७ ॥
कहैं दरिया सत वर्ग सब माहिं है ।
संत जन जौहरी भेद पाई ॥ ८ ॥

(१०)

घना मोती झरै जोति जगमग बरै ।
घटा घन घेरि चहुं ओर फेरा ॥ १ ॥
बुन्द आखंड सुर चलै ब्रह्मंड के ।
काम की फौज सब घेरि टेरा ॥ २ ॥
तिरबेनी मध्य तहँ सुरति सनमुख कियो ।
सुखमना घाट को दृष्टि हेरा ॥ ३ ॥
पलक मैं झलक चहुं मँदिर छबि छाइया ।
ब्रह्म पुनीत नाहिं बहुरि फेरा ॥ ४ ॥
भेद या का बड़ा काल संका नहीं ।
ज्ञान घट खुला सब कर्म जेरा ॥ ५ ॥
ध्यान लागा रहै गगन घन गरजिया ।
कुमति कुबुद्धि हू रहै चेरा ॥ ६ ॥
बैन बिचारि यह लगन लागी रहै ।
मगन सब दिन कियो गगन डेरा ॥ ७ ॥
संत सुजान जिन सब्द बीचारिया ।
कहैं दरियाव सो सदा मेरा ॥ ८ ॥

(२)

काया परिचै नहीं पवन के साध करि ।
पवन के साधि जम बाँधि मारे ॥ १ ॥
इंगला पिंगला की यह नाडिका ।
भूख की प्यास तजि तने जारे ॥ २ ॥
भया तन छीन बलहीन जोग जुगति बिनु ।
आपने मूढ़ कहु काहि तारे ॥ ३ ॥
साँपिनी डाइनी मूसे दिन रैन यह ।
बिना तप तेज नहिं समुझि पारे ॥ ४ ॥
पिंड की प्रान कछु काम के हैं नहीं ।
झूठ साखी कथै कुफुर धारे ॥ ५ ॥
चाल बेचाल चले सील संतोष नहिं ।
अवर सों अवर कहि अवर टारे ॥ ६ ॥
छोडु परपंच तुम फंद काहें रचे ।
फंद जंजाल का काम सारे ॥ ७ ॥
काया के अग्र यह अगम पहिचानि ले ।
कहैं दरिया सत सब्द धारे ॥ ८ ॥

(३)

घट परवह पर मीन परमान है ।
दिव दृष्टि की बात का दूरि जानी ॥ १ ॥
दुरग दीखा परे भरमि काहे मरे ।
निकट नीसान नहिं फहम आनी ॥ २ ॥
दीद बर दीद परतच्छ निर्वान है ।
निरखु निज नाम चढु गगन ज्ञानी ॥ ३ ॥

जहाँ भूख प्यास है दया समेत।
बोइये बीज जो मिले सुखेत ॥ ७ ॥
जहाँ सुरसरि महँ बसहिं जीव।
दरद बिना कहु का को पीव ॥ ८ ॥
ता की सरन कहु कैसे जाय।
धीमर सो जिव धरि के खाय ॥ ९ ॥
सतगुरु कहा सब्द उपदेस।
अगम निगम सब सुनु संदेस ॥ १० ॥
सत तरनी* भवसिन्धु पार।
दरिया दरसन गुन है सार ॥ ११ ॥

(२)

मानु सब्द जो करु बिबेक।
अगम पुरुष जहँ रूप न रेख ॥ १ ॥
अठदल कँवल सुरति ठो लाय।
अछपा जपि के मन समुझाय ॥ २ ॥
भँवरगुफा में उलटि जाय।
जगमग जोति रहे छबि छाय ॥ ३ ॥
बंक नाल गहि खैंचे सूत।
चमके बिजुली मोती बहुत ॥ ४ ॥
सेत घटा चहुँ ओर घनघोर।
अजरा जहवाँ होय अँजोर ॥ ५ ॥
अमिय कँवल निज करो बिचार।
चुवत बुन्द जहँ अमृत धार ॥ ६ ॥

---

*नाव।

छव चक्र खोजि करो निवास।
मूल चक्र जहँ जिव को बास ॥ ७ ॥
काया खोजि जोगी भुलान।
काया बाहर पद निर्बान ॥ ८ ॥
सतगुरु सब्द जो करे खोज।
कहँ दरिया सब पूरन जोग ॥ ९ ॥

(२)

सुख सागर जियरा करु अनन्द।
प्रेम मगन खेलु तजि दुंद ॥ १ ॥
छुटिगो तिमिर उद्दोत भान।
सेत मंडल बिच सोहं निसान ॥ २ ॥
गगन गरजि झरि होत तरंग।
सींचत गुलाब सीतल भी अंग ॥ ३ ॥
बिगसित कुमुदिनि उदित चन्द।
भूल भँवर तहँ खुली तरंग ॥ ४ ॥
गगन मँडल बिच भयो है बास।
सींचत चकोर तहँ चुगे सुवास ॥ ५ ॥
अकह कँवल के उपर मूल।
सहज कँवल जहवाँ रहु फूल ॥ ६ ॥
झरि झरि परत सुरँग रँग फूल।
प्रेम अगम गम हो समतूल ॥ ७ ॥
मै निर्मल पायो सब्द सार।
संत सुरत गहि होहु पार ॥ ८ ॥

अनक मूल है सब्द सार, चहुँ ओर दीसै रँग करार ॥३॥
झरत झरी तहँ झमकै नूर, चितचकमक गहि बाज तूर ॥४॥
झलकत पदुम गगन उँजियार, दिव्य दृष्टिगहु मकर तार ॥५॥
द्वादस इंड़ा पिंगला जाय, परिमल बास अग्र सो पाय ॥६॥
बंक कँवल मध हीरा अमान, सेत बरन भौंरा तहँ जान ॥७॥
खोजहु सतगुरु सत निसान, जुक्ति जानि जिन कथहिं ज्ञान ॥८॥
कहैं दरिया यह अकह मूल, आवा गवन के मिटे सूल ॥९॥

(७)

मैं जानहुँ तुम दीन-दयाल ।
तुम सुमिरे नहिं तपत काल ॥ १ ॥
ज्यौं जननी प्रतिपाले सूत* ।
गर्भ बास जिन दियो अकूत ॥ २ ॥
जठर अगिनि तें लियो है काढ़ि ।
ऐसो या की ठयर गाढ़ि ॥ ३ ॥
गाढ़े जो जन सुमिरन कीन्ह ।
परघट जग में तेहि गति दीन्ह ॥ ४ ॥
गरवी मारेउ गैब बान ।
संत को राखेउ जीव जान ॥ ५ ॥
जल में कुमुदिनि इन्दु† अकास ।
प्रेम सदा गुरु चरन पास ॥ ६ ॥
जैसे चाँपहा जल से नेह ।
बुन्द एक बिस्वास तेह ॥ ७ ॥
स्वर्ग पताल मृत मद्दल तीन ।
तुम ऐसा साहेब मैं अधीन ॥ ८ ॥

*पुत्र। †चन्द्रमा।

छिरकत अगर गुलाल कुमकुमा, नाम केशर रँग घोरी।
उनमुनि की पिचुकार बनी है, सतगुरु रंग कमोरी,
भली हैं सोहागिनि गोरी ॥ ५ ॥
घर घरवा सतसंगत में, मन मानस व्याह करोरी।
दरिया साहेब अमर पति दूलह, गवने के दिन थोरी,
चलो किन देखन बौरी ॥ ६ ॥

॥ मलार ॥

(१)

हरि जन प्रेम जुगुति ललचाना।
सतगुरु सब्द हिये जब दीसे, सेत धुजा फहराना ॥ १ ॥
हृदे कँवल अनुराग उठे जब, गरजि घुमरि घहराना।
अमृत बुन्द बिमल तहँ झलके, रिमि झिमि सघन सोहाना २
बिगसित कँवल सहसदल तहवाँ, मन मधुकर लपटाना।
बिलगि बिहरि फिर रहत एकरस, गगन मधे ठहराना ॥३॥
उछरत सिन्धु असंख तरँग लहि, लहरि अनेक समाना।
लाल जवाहिर मोती ता में, किमि करि करत बखाना ॥४॥
बिछरन बिलगि हंस गुन राजित, मानसरोवर जाना।
मंजन मेलि भई तन निर्मल, बहुरि न मैल समाना ॥ ५ ॥
एक से अनँत अनँत से एक है, एक में अनँत समाना।
कहँ दरिया दिल चसमाँ करिले, रतन झरोखे जाना ॥६॥

(२)

जा के हिये गगन झरि लागी।
बिना घटा घन बरिसन लागी, सुरति सुखमना जागी ॥१॥

अजपा जाप जपै निस वासर, रहै जगत से बागी* ।
मूल अकह में गम्मि बिचारै, सोई सदा जन भागी ॥२॥
कंठदल कँवल झरोखा महवाँ, नाम बिमल रस पागी ।
तिल भरि चौकी दना† दरवाजा, ताहि खोजु बैरागी ॥३॥
जोरे जारे सब्द बनावै, राग गावै सो रागी ।
अलख लखै कोइ पलक बिचारै, सोई संत अनुरागी ॥४॥
थकित भये मन गीत कबित्तन, भौ बिषया के त्यागी ।
सब्द सजीवन पारस परसेउ, सीतल भो तन आगी ॥ ५ ॥
इत उत कहे काम नहिं आवै, सारहिं लेवै माँगी ।
कहैं दरिया सतगुरु की महिमा, मैंटे करम के दागी ॥६॥

(२)

अमर पति प्रीतम काहे न आवो ।
तुम सत बर्ग हौ सदा सुहावन, किमि नहिं उर गहि लावौं १
बरषा बिबिधि प्रकार पवन अति, गरजि घुमरि घहरावो ।
बुन्द अखंडित मंडित महिपर, छटा चमकि चहुं जावो ॥२॥
झींगुर झनकि झनकि झनकारहिं, बान बिरह उर लावो ।
दादुर मोर सोर सघन बन, पिया बिनु कछु न सोहावो ॥३॥
सरिता उमड़ि घुमड़ि जल छावो, लघु दिर्घ सब चढ़ियावो ।
याके पंथ पथिक नहिं आवत, नैनन मैं झरि लावौं ॥४॥
केहि पूछौं पछितावत दिल में, जो पर होइ उड़ि धावौं ।
जो पिया मिलैं तो मिलौं प्रेम भरि, अमि भाजन‡ भरि लावौं ५
है बिस्वास आस दिल मेरे, फेरि दृग दर्सन पावौं ।
कहैं दरिया धन भाग सोहागिनि, चरन कँवल लपटावौं ६

---

* खिलाफ़ । † दाना के बराबर । ‡ बरतन ।

॥ झूलना ॥

(१)

मुक्ति के हींडोलना, झूलहिं विवेक विचार ॥ टेक ॥
सत सुकृत दोउ खंभ गाड़े, सुरति डोरि लगाय ।
प्रेम पटरी बैठि के, यह झुलहिं संत समाय ॥ १ ॥
इंगल पिंगला सुखमना, जहँ चलै पवन सुधारि ।
अर्ध उर्ध आवै दुवादस, चरन चित्त सम्हारि ॥२॥
जहँ जलद* झलकित पुहुप बिगसित, भँवर बास समाय ।
तहँ मोह माया निकट नाहीं, अग्र ज्ञान रहु छाय ॥३॥
फूहि झमझम झरत निरगुन, रहो गगन समाय ।
तहँ मनी मुक्ता निरखु निर्मल, प्रेम पंथ अपार ॥४॥
तहँ रह अकह कह अकथ कथ है, कहे को पतियाय ।
तहँ झूलहीं जन प्रेम बसि होय, अवा गमन नसाय ॥५॥
छोड़िहैं सब भर्म कर्महिं, नाम निश्चै पाय ।
अचल पद कहँ लागिहैं सब, सकल भर्म मिटाय ॥६॥
सुमिरत वेद पुरान पंडित, पुजा करम बखानि ।
भर्म कर्म लै झुलन लागे, अंत बिगुरचन हानि ॥७॥
आदि अंत औ मध्य मंडल, झुलहिं मुनी महेस ।
कहँ दरिया सत्त महिमा, ज्ञान गुरु उपदेस ॥८॥

(२)

सत्त सुकृत दुनौं खंभा हो, सुखमनि लागलि डोरि ।
अरध उरध दुनौं मचवा[†] हो, इँगला पिँगला झकझोरि ॥१॥

---

* बादल । † मचिया या खटोला जिस पर बैठ कर हिंडोला झूलते हैं ।

सौदा सुलफ करो बहु भाँति,
जा तें सोहु न डंडे ।
कहैं दरिया सुन योगी ज्ञनियाँ,
कबहुँ न करो पखंडे ।

(५)

कोइ संत बिबेकी सब्द बिचारा, प्रेम पिये सो प्यारा ॥
अर्ध उर्ध के मद्धे मानिक, करै दृष्टि उँजियारा ।
बंक नाल नाभी के कहिये, भँवर गुफा के राह सुधारा ॥१॥
खेचरि भूचरि तजे अगोचरि, उनमुनि मुद्रा धारा ।
सरिता तीनि मिले इक संगम, सुमति करि मरि धारा ॥२॥
अनहद ताल पखाउज किंगर[*], सोता सुमति बिचारा ।
झिनझिन जंतर निस दिन बाजे, जम जालिम पचिहारा ॥३॥
सोवत जागत ऊठत बैठत, टुक बिहीन नहिं तारा ।
कहैं दरिया कोइ संत बिबेकी, निरमै लोक बिचारा ॥४॥

(६)

जन कोइ आनँद मंगल गावे ॥ टेक ॥
बिरक्त[†] फिरै भवन के भीतर, पदुम पदारथ पावे ।
मैन मजीठ[‡] मैल सब छूटा, घटा बदल घन छावे ॥१॥
रोमरोम जाके पद परगासित, बिहरि बिहँसि मिलि जावे ।
भूमि बीरानी भर्म न राखे, पग नाहीं अटकावे[§] ॥२॥
बीज बोवे नहिं पेड़ पुरातन, फल फूल सबहिं मिटावे ।
कुरिया तत्त उड़ा बिनु ताजन[||], इहि बिधि तर्क बतावे॥३॥

---

* शब्द को ध्यान से सुनिये। † साधक। ‡ मजीठ का रंग जो कभी छूटता नहीं।
§ यह संसार ऊसर ज़मीन के समान है इस में भ्रम वश कोई पाँव न अटकावै।
|| कोड़ा।

मिला हमार वहा बिनु डोरी, डगमग कबहुँ न आवे ।
निरखहिं मुक्त भया मुक्ताहल, मलि दुख अंजन लावे ॥४॥
पिया प्रेम हुआ मस्त दिवाना, गूँगा बैन बुलावे ।
कहैं दरिया धन धन वे सतगुरु, बहुरि न भौजल आवे ॥५॥

(७)

संतो एहू अमर घर जैये ।
तन मन वारि चढ़ो सर जा से, सोइ फल अमृत पैये ॥१॥
काम क्रोध मद लोभ तिरिस्ना, यह सब मेटि बहैये ।
नारी पुरुष स्वाद बिसरावो, सतगुरु सब्द समैये ॥२॥
बंक नाल उलटि अजपा के, गगन गुफा घर लैये ।
अर्ध उर्ध औ सोहं सूरति, दिव्य दृष्टि गहि लैये ॥३॥
सेत घटा घन मोती झरि हैं, निरमल जोति समैये ।
पूरन ब्रह्म पुनीत उदित भौ, बहुरि न भवजल ऐये ॥४॥
तहँ सुखराज बिलास पुहुप पर, अमृत चाखन पैये ।
कहैं दरिया दासा सतगुरु के, पास पुरुष के रहिये ॥५॥

(८)

तुम मेरो साईं मैं तेर दास, चरन कँवल चित मेरो पास ॥१॥
पल पल सुमिरौं नाम सुवास, जीवन जग में देखो दास ॥२॥
जल में कुमुदिनि चन्द अकास, छाइ रहा छवि पुहुप बिलास ॥३॥
उनमुनि गगन भया परगास, कहैं दरिया मेटा जम त्रास ॥४॥

(९)

तुम सब ऐगुन मेटनिहारा ।
जा के हाथ जगत की डोरी, गुन गहि खैंचो पारा ॥१॥
पूत कपूत पिता कहँ लज्जा, जो मैं बुधि बिगारा ।
जैसे मनि मन्दिर के भीतर, निसि बासर उजियारा ॥२॥

(५०)

जहँ तक दृष्टि लखन में आवै, सो माया का चीन्हा ।
का निरगुन का सरगुन कहिये, वै तो दोउ तें भीना ॥१॥
दीपक जरै प्रकासु जहाँ तक, बाती तेल मिलाया ।
जा की जोति जगत में जाहिर, भेद सो बिरले पाया ॥२॥
परस पखान पारस जो कहिये, सोना जुगुति बनाई ।
जेहि पारस से पारस भयउ, सो संतन ने गाई ॥३॥
परिमल बास परासहिँ बेधे, कह वो चन्दन हूआ ।
जेहिँ पारस से परिमल भयऊ, सो कबहीं नहिँ मूआ ॥४॥
जो पारस भृंगी यह जाने, कीट से भृंग बनाई ।
वा का भेद लखै नहिँ कोई, अपने जाति मिलाई ॥५॥
सनद परी सतगुरु के पासै, भरमि रहा सब कोई ।
बिरला उलटि आप को चीन्हा, हंस बिमल मल धोई ॥६॥
जल थल जीव जहाँ लग व्यापक, बेद किलेबे भाखा ।
वा की सनद कबहुं नहिँ आहै, गुप्त खजाने राखा ॥७॥
सतगुरु ज्ञान सदा सिर ऊपर, जो यह भेद बतावै ।
कहैँ दरिया यह कथनी मथनी, बहु प्रकार से गावै ॥८॥

(५१)

यह जग पारख बिना भुलाना ।
अगुनसगुनजग दुइ करि थापहिं, अजपाधरिधरि ध्याना ॥१॥
अद्वैत ब्रह्म सकल घट व्यापक, तिरगुन में लपटाना ।
आवै जाय उपजि फिर बिनसै, जरि मरि कहाँ समाना ॥२॥
कथे चक्र को चारि चतुरदल, बेद मते अरुझाना ।
बंक नाल को डोरी खींचे, जोगी जुगुति बखाना ॥३॥

सहस पाँखरी कमल बिराजित, मन मधुकर लपटाना ।
जल के सुखे कँवल कुम्हिलाने, तब कहु कहाँ ठिकाना ॥४॥
घट में करता लोक कहतु है, पाँच तत्तु बिलगाना ।
सगुन बिनसि निरगुन रहित है, गुन बिन कहाँ समाना ॥५॥
करहु बिचार सकल मिलि ऐसे, भेष बिबिधि है थाना ।
कहैं दरिया सतगुरु गमि जाने, पहुँचे हंस ठिकाना ॥६॥

(१५)

भीतर मैलि चहल* के लागी, ऊपर तन का धोवे है ॥१॥
अविगति मुरति महल के भीतर, वाका पंथ न जोवे है ॥२॥
जुगुति बिना कोइ भेद न पावै, साधु संगति का गोवे है ॥३॥
कहैं दरिया कुटने के गोटी, सीस पटकि का रोवे है ॥४॥

गोष्ठी

दरिया साहेब की रामेश्वर जोगी की गोष्ठी में

(रामेश्वरदास)

गुफा सुफा में आसन माँड़े, सुन में ध्यान लगावै ।
आसन साधि पवन जो पोवै, जोनि संकट नहिं आवै ॥
यह मन जाना ब्रह्म ठिकाना, सोई सिद्ध कहावे ।
कर्म जोग बिनु जुगति न पावे, सतगुरु सब्द लखावे ॥
वायु बिन्दु लै गगन समाना, त्रकुटी है अस्थाना ।
सास्तर गीता यह मति भाखे, सोई सब्द प्रमाना ॥
रोम रोम सोंचि जो जोगी, अमृत झरि जो आवै ।
कहैं रामेश्वर सुनु हो स्वामी, तब या पद के पावै ॥१॥

---

* कीचड़ ।

(दरिया साहेब)

का गोफा सोफा में बैठे, का इक तारी लाये ।
का आसन बासन के बाँधे, का भौ पवन चढ़ाये ॥
का आतम के जारे मारे, का भौ तृषा मिटाये ।
जब लग जुगुति जानि नहिं आवे, का भा जोग कमाये ॥
का सींगी सेल्ही के डारे, का मुख टेरि सुनाये ।
का नाचे झालरि झनकारे, का मिरदंग बजाये ॥
झिलिमिलि झगरा झूठा झलते, औंधा ध्यान लगाये ।
कहैं दरिया सुनु ज्ञान रमेसर, जग में जिव जहँड़ाये ॥२॥

(रामेसरदास)

सनकादिक सुकदेव जो कहिये, जा के ब्रह्म दिढ़ाना ।
अखंडित ब्रह्म अगोचर अविगति, यही मता ठहराना ॥
वशिष्ट ज्ञान जो स्रेष्ट जगत में, औ मुनि बहुत बखाना ।
जा को बचन अमर है जुग जुग, निराछेप निरबाना ॥
एकै जोति सकल घट ब्यापेउ, अद्वैत ब्रह्म कहावे ।
अगम अपार पार नहिं पावे, निगम नेति जो गावे ॥
चार बेद ब्रह्मा मुख भाखा, ब्यास गरंथ बनाया ।
कहैं रामेस्वर सुनिये स्वामी, यह छोड़ि दुजा न आया ॥३॥

(दरिया साहेब)

हरि ब्रह्मा औरौ त्रिपुरारो, बहुते जोग कमाते ।
नवो नाथ चौरासी सिद्धा, गोरख पवने खाते ॥
इंगला पिंगला सुखमनि जाने, मेरु दंड को साधा ।
बंक नाल की डोरी खींचे, उलटि दुवादस बाँधा ।
मारकंडे वो संकर जोगी, जग में परघट ज्ञाना ।
मुनि वशिस्ट राम के जो गुरु, उन भी ज्ञान बखाना ॥

वेद गरब तें पंडित भूला, आपन मरम न जाना।
ये जीवै जहँड़ाये जग में, पढ़ि पढ़ि वेद पुराना॥
जोति सरूपी जा के कहिये, करै जिवन के घाता।
दान पुन्य बलि राजा कीन्हा, बाँधि पताले जाता॥
उतपति परलै यह जग करई, सो मन चाहै हाथा।
मिरतक* अंध नजरि नहिं आवै, रहै समनि के माथा॥
जब लगि मन परिचै नहिं पावै, किमि उतरै भवपारा।
कहैं दरिया सुन ज्ञान रमेसर, करिलै सब्द बिचारा॥१॥

(रामेस्वरदास)

खेचरि भूचरि चाचरि अगोचरि, यह जोगी जो पावै।
इँगला पिंगला सुखमनि घाटै, अठदल कमल दिढ़ावै॥
पाँच तत्त को बाती लेवै, परम जोति परगासा।
सुन्न मँदिर में मुद्रा जागी, करम भरम सब नासा॥
नाद बिन्द जाके घट अरई, सहज समाधि लगावै।
आपुहिं गुरू आप है चेला, कहु का को गुन गावै॥
आपन अंस पावै जो जोगी, कवन बुड़े को तरई।
कहैं रामेस्वर सुनो सुवामी, यह पद निरचै धरई॥२॥

(दरिया साहेब)

खेचरि भूचरि चाचरि अगोचरि, मुद्रा झिलमिलं† त्यागै।
छोड़ि पपीलक गहै बिहंगम, उन मुनि मुद्रा जागै॥
छवो चक्र काया परघट है, वा का भेद जो पावै।
सब्द सजीवनि हैगा मूला, काया में भलकावै॥

* मीत। † प्रकाश।

08:21

INTERNET ARCHIVE

(1 of 290)

Favorite Share Flag

Parag Lalleshwari Vakh Pushkar Nath Raina

by bhushan kaul deambi

11:04

जग से रहे उदास मरहमी[1] अंत के।
अरे हाँ पलटू ऐसी रहनि रहै सो लच्छन संत के ॥
(भाग २, अरिल १३)

संत संत सब बड़े है, पलटू कोऊ न छोट।
आतम-दरसी मिहीं है, और चाउर सब मोट ॥
(भाग ३, साखी १)

गगन कि धुनि जो आनई, सोई गुरु मेरा।
वह मेरा सिरताज है, मैं वा का चेरा ॥
सुन में नगर बसावई, सूतत भे जागै।
जल मे अगिन छपावई, संग्रह में त्यागै ॥
जंत्र बिना जन्त्री बजै, रसना बिनु गावै।
सोहं सबद अलापि कै, मन को समुझावै ॥
*सुरति डोर अमृत भरै, जहँ कूप उरधमुख।
उलटै कमल हि गगन में, तब मिलै परम सुख ॥
भजन अखंडित लागई, जस तेल कि धारा।
पलटूदास दंडौत करि, तेहि बारम्बारा ॥
(भाग ३, शब्द १)

बूझि विचारि गुरु कीजिये, जो कर्म मे न्यारा।
कर्म-बन्ध हरि दूरि है, बूड़ह मँझधारा ॥
काम क्रोध जिनके नहीं, नहि भूख पियासा।
लोभ मोह एको नहीं, नहि जग की आसा ॥

---

१. भेदी।

*कबीर साहिब भी कहते हैं कि आन्तरिक मुन्न मे नाम रूपी अमृत का उलटा है, परन्तु कोई विरले गुरमुख या साधू उस अमृत को पी सकते है। निगुरे इस अमृत को पी सकते :

गगन मडल बिच उर्धमुख कुइआ,
गुरमुख साधू भर भर पीया।
निगुरे प्यास मरे बिन कीया,
जा के हिरे अंधियारा है। (सन्तों की बानी, २

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

बंगला अजब दिया करतार ।
जिस में झलकै जोत अपार ।।टेक।।
करम गाल कर कंचन गारा, कदे न लागै काई ।
पुन पारष से चिने चनावट, मेहर छावनी छाई ।।1।।
हीरा हेत सुबुद्धि जवाहर, लौ के लाल लगाए ।
मन मनसा मोतिन की झालर, रतन जड़ाव जड़ाए ।।2।।
जलें असंख्य तेज के दीपक, रोम रोम रली कीन्हा ।
चित में चन्द करोड़ों चमकैं, दरसै दिल दुरबीना ।।3।।

त्रिगुण तिमर की द्वन्द न ब्यापै, निर्गुण नूर नजारा ।
आठों पहर अखंड रोशनी, धन्य बनावन हारा ।।4।।
स्वामी गुमानी सतगुरु मिल कर, जो जो चरणों लागे ।
नितानन्द तन बंगले भीतर, भाग तिन्हों के जागे ।।5।।

卐 शब्द 157 卐

बंगला अजब बनाया खूब, अवगत पार ब्रह्म महबूब ।।टेक।।
गैब माहिं से गुप्त प्रेम धर, फेर प्रकट कर लाया ।
नाद की ईट बिन्द की गारा, ऐसा चरित्र दिखाया ।।1।।
भांति भांति के झुके झरोके, शोभा भली बनाई ।
चौदह लोक द्वार पर चमकैं, चेतन करी चितराई ।।2।।
जाग्रत स्वप्न सुसोपति तुरिया, डयौढी चार लगाई ।
पिंजर पांच पचीसों खिड़की, सुख मन सेज बिछाई ।।3।।
सीढ़ी शब्द मुक्त दरवाजा, तीन देव दरवाना ।
भीतर निर्गुण नूर बिराजे, निराकार निरबाणा ।।4।।
परा पश्यंती मध्य बैखरी, छुटैं चार फव्वारा ।
शब्द कुलावे अमृत उतरे, कौतुक करे पियारा ।।5।।
बंगले अन्दर साहेब सुन्दर, बंसी सुघर बजावै ।
आठों पहर अखंड एक रस, सोहंम सोहंम गावै ।।6।।

हे ग्वरा परमीश्वरा ।
बावतम च़्यय छुय अंतर ब्यो'द ।
द्वशवय व्वपदन कंद पुरा ।
हूह कव् तुरुन तू हाह कव् तो'त ।। २७।।

क-६५। चि-८६। ग्रि-५६। शि-५२। पा-६७।

हे ग्वरा	परमीश्वरा	बावतम	
हे गुरु	परमेश्वर	बताओ मुझे	(क्योंकि)
च़्यय	छुय	अंतर	ब्यो'द
आप को	है	(इन के बीच) अंतर	(का) ज्ञान
द्वशवय	व्वपदन	कंद	पुरा
दोनों	उत्पन्न होते हैं	देह	नाभिसे
हूह कव्	तुरुन तू	हाह कव्	तो'त
श्वास क्यों	ठंडा तथा	उश्वास क्यों	गर्म (होता है)

अर्थात, ललीश्वरी अपने गुरु से प्रश्न करती हैं कि एक ही शरीर में नाभिस्थान से दोनों प्राण उत्पन्न होते हैं फिर सांस लेते समय ठंडा तथा छोडते समय गर्म क्यों होता है? आप ही बताएं क्योंकि आपको इनका अंतर विदित है।

इसके उत्तर में गुरु ने कहा,

ना'बिस्थान् छ'य प्रकरथ ज़लव्नी ।
हिडिस ताम ये'ति प्रान वत्गो'त ।
ब्रह्मांडस प्यठ् सूत्य नदि वहवनी ।
हह तव् तुरुन त् हाह तव् तो'त ।। २८।।

क-६६। च-४५। ग्रि-५७। बी-१५०। शि-८१। पा-६८।

ना'बिस्थान्	छय	प्रकरथ	ज़लव्नी	
नाभि (देश) में	है	प्रकृति की	जठर अनल (अग्नि)	
हिडिस	**ताम**	**ये'ति**	**प्रान**	**वत् गो'त**
कंठ देश	तक	जहां है	श्वासोश्वास का	आना जाना
ब्रह्मांडस	**प्यठ्**	**छय**	**सूत्य नदि**	**वहवनी**
ब्रह्मांड	में	है	शीतल नदी	बहती
हह	**तव्**	**तुरुन त्**	**हाह तव्**	**तो'त**
श्वास	इसी लिए	ठंडा है तथा	उश्वास	गर्म है

अर्थात, नाभि में जठरानल अग्नि है। कंठ तक सांस का आना जाना होता है। उससे सांस गर्म होकर बाहर निकलती है और ब्रह्मांड में प्राण वायु की शीतल नदी बहती है इसी लिए सांस लेते समय ठंडी होती है।

अगम ज्ञानी ब्रह्ममूर्ति, कर्म सर्व विवर्जितम्।

विमल वाणी रूचिर शोभा, सत्य सोई दिगम्बरम् ॥ 1॥

विभूतिभूषण ज्योति लौके, पद्मासन राजतम्।

उन्मुनी में लागि तारी, परम सोई सन्यासनम्॥2॥

जटा जूटि ज्योति जगमग, गंगा यमुना निवासनम्।

गगन गुफा में रहत उन्मुनी, यह लक्षण सन्यासनम् ॥ 3॥

चन्द्र-सूर्य बाँधे सुर-साधे विकसित कमल सोहं चढ़ग।।

त्रिकुटी आसन शून्य वासन सत्य सोई अवधूतम् ॥ 4॥

वैराग्य ब्रह्म का भेद जाने सहज शून्य निवासनम्।

ज्ञान ध्यान न नियम पूजा सो वैरागी साहेबंग ॥ 5॥

सत्य कंठी जाप मुद्रा प्रेम सेहली हिय गलंग।

तत्वता के तिलक शशि दिये, ज्योति झिलमिल नित नरंग ॥6॥

ज्ञान गुदरी मौज बनी, बैराग्य रूप बीच राजतंग।।

नयन भरि भरि अधर परखे, कोटि चन्द्र सुधा झरंग ॥7॥

वैराग्य रूप ओंकार अद्भूत, परमपद पर चित्त धरंग ।।

शिवनारायण अस सहे नर, पाप-पुण्य तजि भव तरंग ॥8॥

भावार्थ:- ओहं, मोहं, क्षर, अक्षर, परा-पश्यन्ति से परे

सिपाही मन दूर खेलन मत जैये

संत शिवनारायण

सिपाही मन दूर खेलन मत जैये॥टैक॥
घट ही में गंगा घट ही में जमुना, तेहि बिच
बैठि नहैये।
अछेहो बिरिछ की शीतल जुड़ छहिया, तेहि तरे
बैठि नहैये॥
मात-पिता तेरे घट ही में, निति उठि दरसन
पैये।
शिव नारायन कहि समुझावे, गुरु के सबद
हिये कैये॥

स्रोत :

पुस्तक : संत काव्य-धारा (पृष्ठ 303) **संपादक** : परशुराम चतुर्वेदी
रचनाकार : संत शिवनारायण **प्रकाशन** : किताब महल, इलाहाबाद
संस्करण : 1981

किया। मन मत लाई=एकमत हो गई। देस चंद्रबार=ब्रह्मांड का वह स्थान जहाँ से अमृत-स्राव होता है। संत शिवनारायण के जन्म-स्थान का नाम भी चंद्रबार है।

अनाहूत-श्रवण (६)

वृन्दाबन कान्हा मुरली बजाई ॥धुवा॥
जो जैसहि तैसहि उठि धाई, कुल की लाज गंवाई ॥१॥
जो न गई सो तो भई है बावरी, समुझि समुझि पछिताई ॥२॥
गौवन के मुख नेन बसत है, बछवा पियत न गाई ॥३॥
शिवनारायन श्रवण सबद सुनि, पवन रहत अलसाई ॥४॥

गौवन...बसत है=गायें चरते समय अपने मुख की घास मुख में ही लिए रह गई।

विरह (७)

गगन तार गनत गइ रतिआ ॥टेक॥
गगन गहागह अनहद बाजत, बरसत अमृत धार।
जो जन पीवै सोइ जन जीवै, मान गुमान हकार किरतिआ ॥१॥

गगन बीच भरि मकर तार धरि, चढ़ि गए चतुर सुजान।
अजपा जाप जाहिर भयो जबते, बिसरि गये दारा सुत नतिआ ॥२॥
करनी काम किए जग जबते, करता तीनि सुभाव।
इंगला पिंगला सुषमना सुरते, कटि गए काल कराल कुमतिआ ॥३॥

पिय परदेस उदेस न पावों, पिय बेलमे केहि भाव।
का करौं लोभी पिया जैसो रहि गयो, राखि पराई थतिया ॥४॥
जो पिय पावों अंक भरि लावों, निज परतीत बढ़ाय।
तबहीं सुहागिनी प्रान पुरुषकी, चढ़ि मैदान लड़ी सुरा छतिआ ॥५॥

जो आया सो जात न देखा, कहां वार कहां पार।
जनमत मरत हाट एक देखा, बकता सांच झूठ दुइ बतिआ ॥६॥
बेद पुरान बरन बहु बरनत, भिन भिन करि भाग।
सो सुनि भूले मुरुख गंवारा, भटकत फिरहिं जगत भलिमंतिआ ॥७॥

केहु नाहिं हीत बंधु एहि जगमें, सभै बिराना लोग।
जात न बनै अकेला जाना, खोजत मिलै न केहु संगतिआ ॥८॥

शीवनरायन सुरति निरंतर, निरखि आपनो लीन्ह।
बैठ तखत अमल करि अपना, कहि दिन चलहु मुक्ति की गतिआ ॥९॥
गगन तार गनत गइ रतिआ ॥

तार=ताराओं को। मकतार=बादले का कामदानी का तार। नतिआ=पोता। उदेस=पता। बेलमे=रुके। अमल=अधिकार।

शब्दानुवाद

शुद्धयोक्त=शुद्ध संकल्प के साथ ; **गौरी मण्डली**=सफेद रंग तथा गोलाकार ; **कुण्डली**=कुण्डलिनी चक्र को ; **मूलाधारी**=मूलाधार से जाग्रत कराके (और) ; **संदं अरथं**=सही पारमार्थिक कामना से ; **सूख्मं सोष्पती**= जाग्रति, स्वप्न, और सुषुप्ति के सूक्ष्म अभ्यास से ; **ऱखूरं विरख्त**=मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्धि और आज्ञाचक्र अथवा नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु और भ्रूमध्य, इन छः चक्रों से विरक्त होकर; **शान्ताधारी** =शान्त आधार का स्थान प्राप्त होता है। **तोरियातीत ईश्वरी**=जागृत, स्वप्न और सुषप्ति इन तीनों के ऊपर ईश्वर-तत्त्व की ; **नेतिसत्तस्थी**=जो ईश्वर अवस्था परमार्थ अथवा आध्यात्म के वास्तविक स्वरूप में संलग्न — है ; **परमानन्दी**=यही अपार आनन्द को देने वाला है ; **अन्तरमोखी**=इस प्रकार के ईश्वर की सत्ता को जानने के उपरान्त जो भी साधक चिन्तन शक्ति से ; **द्रेष्ठी** (इस प्रकार की) दृष्टि (नज़र) प्राप्त करता है ; **परमंगती** =ऊँची अवस्था के मोक्ष की ; **रहस्य**=गहराई को ; **तती**=वहीं उसी अवस्था में प्राप्त करता है ॥२॥

व्याख्या

प्रथम श्लोक में सिद्धा-भवानी ने मनन चिन्तन के द्वारा मुक्ति का मार्ग दिखाया है। वस्तुत: जो मुक्ति चिन्तन से प्राप्त होती है वही मुक्ति योग-मार्ग से भी प्राप्त हो सकती है। इसी आशय को स्पष्ट करती हुई श्री भवानी कहती हैं कि योग-मार्ग में मनुष्य निरन्तर अभ्यास के द्वारा अपनी चेतना को छ: स्थानों, मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनहत विशुद्धि और अज्ञाचक्र (इनको क्रमश: नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य और सहस्रार कहते हैं) में पहुँचाकर, उस अलौकिक प्रकाश का साक्षात्कार करता है। कुण्डलिनी शक्ति का निवास मूलाधार (रीढ़ की हड्डी के ठीक नीचे) में होता है, इसका तेज अपार है, कुण्डलिनी का स्वरूप गौर (सफेद) है और आकार मण्डलाकार (गोल) है। जब योगी प्राणायाम के माध्यम से मन को स्थिर करके अचल और अटल होकर

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

बैठता है तो धीरे-धीरे यह महाशक्ति जागृत होती है। कुण्डलिनी को जागृत करने के उपरान्त दो अवस्थाएँ बनती हैं **प्रथम** :— जगत के व्यर्थ प्रलोभनों में पड़कर (अर्थात् कामिनी-कंचन—"Lust and Gold" के फेर में पड़कर) इसका स्वाभाविक प्रवाह केवल मनुष्य के जीव-भाव में ही सीमित रहता है अत: सीमित (Limit) अवस्था में ही घूम सकता है, इसके आगे जाना असम्भव हो जाता है। **द्वितीय** :—मुक्ति को चाहने वाला योगी इस शक्ति के सहारे एवं अभ्यास के द्वारा कालातीत होकर "अकुल" बनता है।

इस कुण्डलिनी शक्ति का बायाँ कुण्डल[1] (बाली) इला (इड़ा) है और दाहिना कुण्डल पिंगला है। इन दो कुण्डलों के बीच सुषुम्ना[2]-नाड़ी का प्रवाह है। सुषुम्ना नाड़ी के अतिरिक्त सूक्ष्मतम (बारीक या महीन) चित्रिणी नाड़ी से होकर ही कुण्डलिनी-शक्ति का मार्ग प्रवाह-शील[3] बनता है। शैव-दर्शन के अनुसार कुण्डलिनी को "शिव स्वरूप निवासिनी" कहा गया है और इसी से समस्त विश्व-चेतना का धन्धा चलता है।

पड़ती है और न उसके लिए मुख से मंत्र का ही उच्चारण करना आवश्यक होता है, **आसा नं**=किसी प्रकार की आशा इसके मन में नहीं रहती है ; **गुत्री नं बाशी**=इसके लिए अपने गोत्र में रहना आवश्यक नहीं रहता है ; **नं कुली नं कत्यं**=इस साधक का न तो कोई कुल (वंश) होता है और न उसे बर्हिपूजा आदि ही करनी पड़ती है ; **शेंयुम् थानं वासी**=यह सदा ही आज्ञा-चक्र में निवास करता है, अर्थात् सहस्रार में ध्यान मग्न होकर निवास करता है ; **आदि सर्व मध्यम्**=यही कारण है वह सब ब्रह्माण्ड में ओतप्रोत रहता है, **जिता सांज्यासी**=इस प्रकार का यह जितात्मा साधक, **बेन्दं नादी** =नाद और बिन्दु के ; **नं बेंउन**=अर्थात् अभेद स्वरूप से नाद-बिन्दु में निवास करता है ।।७।।

(अन्तिम पंक्ति का अर्थ पहले ही दिया जा चुका है ।)

व्याख्या

यह मुक्तात्मा साधक सांसारिक दिखावे के कारण न तो रुद्राक्ष माला ही धारण करता है न ही मुख से किसी मंत्र का उच्चारण करता है । इसके लिए किसी सम्प्रदाय (Cult) में अथवा किसी प्रकार के गोत्र-क्रम में रहना आवश्यक नहीं रहता । वह, माया के बन्धन से मुक्त साधक, पूर्ण-स्वातंत्र्य में रहता है । इस साधक को अपने कुल के कर्मों का पालन करना आवश्यक नहीं होता है क्योंकि वह सदा आत्मानन्द में विहार करता रहता है । वह साधक अपनी सारी चेतना को नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु और भ्रूमध्य के ऊपर लेकर, ब्रह्मरन्ध्र में सदा परमब्रह्म के सत्, चित् और आनन्द में मग्न रहता है । इस प्रकार से यह योगी प्राणायाम (श्वास-प्रश्वास) की सत्ता का विजेता बनकर अलौकिक आनन्द का स्वाद चखता है ।

यथार्थ में कुण्डलिनी शक्ति के प्रादुर्भाव होने पर, एक प्रकार का वेग उत्पन्न होता है, उसका जो प्रथम स्फोट (Explosion) होता है उसे 'नाद' कहते हैं । नाद से प्रकाश का विस्तार होता है अत: प्रकाश के इस प्रकट-रूप को बिन्दु कहते हैं । योग-शास्त्र के

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

अनुसार नाद की तीन अवस्थाएँ होती हैं— (क) महानाद, (ख) नादान्त, (ग) निरोधिनी । बिन्दु के भी तीन भेद हैं—(क) इच्छा, (ख) ज्ञान, (ग) क्रिया । सिद्धा-भवानी के "**शेंयुम् थान**" (छटवें स्थान पर) कहने का तात्पर्य नाद-बिन्दु भी हो सकता है और उनके कथन का तात्पर्य यह भी हो सकता है कि साधक आत्मा की चेतना को (१) मूलाधार, (२) स्वाधिष्टान, (३) मणिपूर, (४) अनाहत, (५) विशुद्ध, (६) आज्ञाचक्र के ऊपर ले जाकर सदा ब्रह्मरन्ध्र में निवास करता है । इस प्रकार की अलौकिक दृष्टि के सम्पर्क से मुक्तात्मा साधक निर्वाण के रहस्य को प्राप्त करता है ।।७।।

अम्रेत्=अमृत ; **नदी**=नदी में ; **संप्रीता**=तृप्त कराके ; (तथा) **अनीख्**= अनन्त अथवा अनेक ; **प्रवाही**=प्रवाहशील ; **समंनय**=समरसता अथवा भेद रहित रस को ; **षोडशचन्द्र कल**=सोलहवीं चन्द्र-कला में विलीन होता है ; अर्थात् अमावस्या की पन्द्रह और पूर्णिमा की एक कला को प्राप्त करके षोडशकला से पूर्ण होता है ; **स पण्डिता**=यही साधक वास्तव में सही पण्डित है ; **समदंर्शग्यंनी**=यह सब प्राणीमात्र में समान दृष्टि रखता है ; **अरचनीदीवं**=यही सही अर्थों में पूजा करने के योग्य देवता है, अर्थात् मन, बुद्धि और अहंकार से सर्वथा शुद्ध होता है ; **तोत्री**=यही वास्तव में स्तोत्र का गायन एवं ; **सथ् तवं पांठि**=सत्यता से स्तवण कर सकता है ; (अर्थ इस प्रकार से भी स्पष्ट हो सकता है—यह साधक तल्लीन होकर समाधि के अखण्ड आनन्द में स्पष्ट रूप से सात स्वरों का गायन करता है ।) **सर्वत्रं जगद् ग्वरू**=यही साधक प्रत्यक्ष रूप में समस्त जगत को मोक्ष का मार्ग बताने वाला गुरु है ; **सीवा अनन्त पूजनी एंक**=इस प्रकार का साधक लाखों में एक होता है जो वास्तव में सारे संसार में अपार सत्कार और पूजा के योग्य होता है ॥१०॥

व्याख्या

ऐसा साधक साक्षात् ज्ञानरूपी वेद-वाक्य के अर्थ को अमृत रूपी नदी में तृप्त कराके तथा अनेक प्रकार की (सर्वव्यापी) प्रवाहशील षोडश कलाओं का समन्वय करके अन्ततः अमा-कला और पूर्णिमा-कला को आत्मसात् करता है । कथन का अभिप्राय है :—वेद-वाक्य अनन्त है और मतमतान्तरों के कारण उनके (वैदिक ऋचाओं के) अर्थ, भाष्य, टीकाओं और टिप्पणियों में बड़ी विभिन्नता (फर्क) दिखाई देती है, जिससे साधारण व्यक्ति बड़ी भ्रान्ति में पड़ जाता है । परन्तु इस तत्त्ववेत्ता (Who has realised his self) साधक के लिए जब भिन्न-भिन्न प्रवाहपूर्ण ज्ञान-गंगाएँ अभिषेक के लिए आतीं हैं तो यह साधक अपनी निर्द्वन्द (Non-dual) दृष्टि से उनकी सारपूर्ण बातों को ग्रहण करके निस्सार तथ्यों को फेंक देता है । अतः उनका अनेकाकार मिटकर ऐक्याकार बन

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

उठता है । इस प्रकार से भी अर्थ संभव हो सकता है :—"केवल शब्दवादी 'ब्रह्म' के कथन से मुक्ति की कामना कभी भी सम्भव नहीं हो सकती है । अपितु जब शब्द (शिव) और अर्थ (शक्ति), इन दोनों ही तत्त्वों का सम्मेलन होता है तब अवश्य ही अमृत-पूर्ण नदी का आविर्भाव होता है । तभी तो अमाकला (पन्द्रह) और पूर्णिमा कला (सोलह) का समन्वय होता है । अमाकला—"**अमा-पूर्णकलशहस्तश्च**—अर्थात् अमाकला अमृतपूर्ण कलश से संयुक्त है और पूर्णिमाकला (सोलहवीं) में साधक इस अमृत का आस्वादन करता है । अमाकला और पूर्णिमाकला इन दोनों को साधक "प्राणापान" करके काकिनी[1] नाड़ी को जागृत करता है और अमृत का पान करता है । वास्तव में अमाकला (अमावस्या) "काल मंजरी" है[2] और षोड़शीकला "कालातीत"[3] है । साधक अमारूपी कालक्रम को पूर्णिमा रूपी नित्यकला से कालातीत बनाता है जिसके फलस्वरूप साधक पूर्ण अवस्था को प्राप्त करके वास्तविक पण्डित, समदर्शी, पूज्य, प्रशंसनीय और यथार्थ परमार्थ का पात्र बनता है । वह निषाद-धैवत आदि सात स्तरों के माध्यम से निर्मल स्तोत्र का गायन कर सकता है । इस अवस्था का साधक प्रत्यक्ष रूप में जगत का गुरु बनकर अपार जन समूह का आराध्य बनता है । इस प्रकार की अन्तः (भीतर की) दृष्टि प्राप्त करने के उपरान्त साधक स्वाभाविक रूप से मोक्ष का अधिकारी बनता है ॥१०॥

इति, निर्वाणदशकी समाप्त

---

१. रीढ़ की हड्डी के ऊपर गर्दन और सिर के जुड़ने के स्थान पर जो अमृत प्रवाहिनी नाड़ी है ।

२. भूत, वर्त्तमान और भविष्य तीनों कालों को एक साथ देखने वाली आर्थात् त्रिकालज्ञ ।

३. जहाँ दिशा और काल समाप्त हो जाते हैं । साधक इन दोनों से परे हो जाता है अर्थात् इनकी सीमा में नहीं बंधता ।

टिप्पणी

भवानी अलक्ष्येश्वरी के कथन का अभिप्राय यह है कि ब्रह्मा, विष्णु, और शिव इन तीनों कारणों को अखण्ड कृष्ण-रूपी ब्रह्म-स्वरूप में एकाकार करके अद्वितीय साधना के द्वारा जो-ब्रह्म-प्रकाश उत्पन्न हुआ, उस अलौकिक चमत्कार से मैं झूम उठी।

ग्वरं मोखु व्याना दारे
चरणा हृदय् कमल
तुलं[1] पवनं मूल शून्या[2]
ऊंर्द् मोंखी गगन मण्डल ॥२०॥

व्याख्या

अपने आराध्य गुरु-मुख से दीक्षा लेने के उपरान्त साधक को उसका अनुसरण करना चाहिए। जिस प्रकार से भी गुरु से ध्यान-समाधि आदि का उपदेश दिया हो, उसी प्रकार साधना का क्रम होना चाहिए। उस गुरु-चरण को हृदय कमल में धारण करके, अपने सन्नियमित (Controlled) श्वास-प्रश्वास के पवन को मूलाधार (लिङ्ग स्थान) से जागृत कराके, कण्ठ (गले) के ऊपर भ्रूमध्य (भौंहों के बीच) के द्वार से सहस्रार के अखण्ड आनन्द में लीन होना चाहिए। यही साधक की सिद्धि का रहस्य है ॥ २० ॥

टिप्पणी

'तुल पवन् मूल शून्या' इस पंक्ति का अर्थ इस प्रकार से भी स्पष्ट होता है—मूलाधार (गुदा और लिङ्ग के बीच का स्थान) से आकार हीन प्राणवायु को उभारकर नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु और भ्रूमध्य से होते हुए

---

१. तुल मूल पवन् ग पाठ।
२. मूल शून्याह ख पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

सहस्रार की तरफ ले जाना चाहिए। ब्रह्मरन्ध्र ही "गगन-मण्डल" है जहाँ उसके पहुँचने पर व्यक्ति की इकाई समाप्त हो जाती है ॥

पूरिथ् सहज़ सिपर तैय्
तोरंगस् आसीना[1] लोग रव्
पोशनूल[2] तैय् वीना वज़े
करन् शंख सदा[3] तैय्
गंटा वायान् क्रैयनद बुज़े[4]
दिवान् छैस् शंकरस् गोड ।।२५।।

व्याख्या

सहज-समाधि (Natural trance or outo-trance) रूपी भाले को सान पर चढ़ाकर, श्वास-प्रश्वास रूपी घोड़े पर बैठकर अब ब्रह्मरन्ध्र की गूँज सुनाई पड़ने लगी है। पुष्प-उन्मीलन (प्रभात-पक्षी Oriole) वीणा के वर से मधुरतम झंकार देने लगा है [पोशनूल पक्षी ब्राह्म-मुहूर्त्त में मीठी तान में गाता है। कहा जाता है, यह पक्षी अपने मीठे स्वर से फूलों को रात की नींद से जगाता है। इसकी स्वर-लहरी "श्रीकृष्ण-गोंपियों" के गान की तरह गुँजार देती है।] ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो पूजा के निमित्त शंख-ध्वनि (आवाज़) गूँजने लगी है। इसके साथ-साथ ही क्रिया-रूपी बहने वाली नदी के समान घंटे का स्वर भी गूँज उठा है। मैं इस प्रकार सूक्ष्म-रूप की पूजा से, शंकर का अभिषेक कर रही हूँ ।। २५ ।।

---

१. ज़ीना क, ग, घ पाठ।
२. पोशनूलन् क, ख, ग पाठ ; [संस्कृ० पुष्प उन्मीलन (पुष्पों को जगाने वाला प्रभात के समय चहकने वाला पक्षी, कश्म० पोशनूल]
३. शब्द क, ग, घ, घ पाठ [संस्कृ० शब्द; प्राकृत-सद्दा, कश्म० सदा]
४. बुज़े—क, ख, च, पाठ।
५. हिन्दी में उसे **पीलक** कहते हैं। भारत सरकार ने उसके चित्र के सहित एक ५० पै० का डाक टिकिट १९७५ में जारी किया है। —**सम्पादक**

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

टिप्पणी

यहाँ आत्मा ही मानो पुष्प-उन्मीलन पक्षी के समान सचेत (जागरूक) होकर अखण्ड-आनन्द की फुलवारी के प्रसुप्त (माया की नींद से) फूलों को अपनी, ब्रह्मरन्ध्र-रूपी, वीणा के मधुरतम स्वरों से जगाकर अपार आनन्द समस्त संसार के हित के लिए प्रस्तुत कर रहा है। इस अवस्था में क्रियाशील नदी अपने जल के उद्गम से घण्टे का स्वर दे रही है अर्थात् चिद्, आनन्द, इच्छा, ज्ञान और क्रिया एक ही प्रवाहमान समरसता में ओतप्रोत दिखायी दे रहे हैं। इस प्रकार से "शम्"=कल्याण, कर=करने वाले उस ब्रह्म-स्वरूप (शंकर) को अपने आत्म-रस से मैं सींच रही हूँ ।।

नाव् तारा वाव् सवारा
ना रंग ना वरण तं नं गुथ़ूर
ब्रोंह् अन् अन्तर[1] पतं करि वारय्[2]
कंहून्दं[3] दारि तं कस दारे ॥३२॥

व्याख्या

प्रथम दो पंक्तियों में श्लेष (एक शब्द के दो अर्थ) है अतः इसके अलग-अलग अर्थ हैं।

जिस नौका पर बैठकर हमें पार होना है उस पर वायु सवार होकर बैठा है। वायु जब तक नौका पर हावी रहेगा तब तक नदी के दूसरे किनारे पर जाना कठिन ही नहीं अपितु असम्भव है। यदि साहस बटोरकर पार जाने की हिम्मत भी करें तो भी मँझदार में डूबने का खतरा बना रहता है। अतः जब तक यह हवा रूपी सवार इस नौका पर बैठा है पार होने का प्रयत्न करना खतरे से खाली नहीं है। इस वायु रूपी सवार को वश में करना पड़ेगा। परन्तु इसे वश में कैसे करें? क्योंकि इस वायु रूपी सवार का न तो कोई रंग है, न कोई वर्ण है और न इसका कोई गोत्र ही है। अतः इस प्रकार के सवार को वश में करना बड़ा ही कठिन है।

इस मनुष्य शरीर में नव द्वार हैं (दो आंखें, दो कान, दो नकुए (नाक के), एक मुख, मल एवं मूत्र द्वार)। इन नवों द्वारों पर प्राणवायु (श्वास) का स्वाभाविक शासन है। जिस प्रकार सवार घोड़े पर चढ़कर उसे अपनी इच्छा के अनुसार घुमाता

---

१. न्यन्दय् क पाठ।
२. वारिथ् घ पाठ।
३. क-हन्दूय दार-तं कस् चारे क पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

चलाता है, ठीक उसी प्रकार प्राण शक्ति इन सब द्वारों को घुमाती चलाती है। परन्तु यह प्राणशक्ति रूपी सवार बड़ा ही विचित्र है क्योंकि न तो इसका रूप है, न रंग है, और न इसके गोत्र के बारे में कुछ पता है अतः इसको जान लेना बड़ा ही कठिन है।

अन्ततः सम्या भवानी इस अनाम और अवर्ण सवार को जानने का उपाय बताती हुई स्पष्ट करती हैं "इस बाहिर छूटते हुए प्राणवायु को अभ्यास आदि के द्वारा पकड़कर (वश में करके) अन्तर हृदय में बिठाओ अर्थात् प्राणायाम के द्वारा अपने प्राणवायु को मूलाधार से जगाकर स्वाधिष्टान, मणिपुर अनाहत विशुद्धि और आज्ञाचक्र तक लेकर इसे सहस्रार में बिठाना (स्थित करना) चाहिए। इसके उपरान्त जीव अथवा साधक संसार के लेन देन क्रिय-विक्रय और जन्म-मरण से छूटकर मुक्त हो जाता है ॥३२॥

दियि असि ति तारा वीड़ औतारे
यसुड़ गारान् सुअ् सूतीयं छुह्
ब्रोंह् ब्रोंह् पकित्[1] द्वैय्हा[2] लोसे
नेथूय पोशि तं सुय् छुय् साथ ॥३३॥

08:27

WG1183-1977 -Shri Roop B...

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

तथा इस अलौकिक मार्ग पर चलने का मुझे साहस और सहारा दिया। पितृ-श्री माधव और लल्लेश्वरी के अपार अनुग्रह के कारण ही परंब्रह्म के साकार और निराकार गूढ-रहस्यों की पहेली मेरी समझ में आई। इन्हीं सन्तों की कृपा से मुझे अन्तः अवस्थित आत्म-स्वरूप का ज्ञान पुनः उपलब्ध हुआ है ॥३९॥

अहम् पद् सतंसूत्य[1] ओवुरुम्[2]
शिवं रव् हंसा पानस्[3] अंनुम्
में चेंङ्[4] प्यालं बरिथं हा मद्कीय्
में चव्[5] हाल प्योम सूय्[6] आख ॥४०॥

व्याख्या

सत्य के अमोघ अस्त्र से मैंने "अहं-पद" को खोज निकाला अर्थात् सत्य-ज्ञान के प्राप्त होने के उपरान्त ही मैंने अहं परामर्श ब्रह्म (Supreme being) की उपलब्धि की और कल्याण स्वरूपा अपनी आत्मा को प्राणायाम आदि के द्वारा अपने में ही जगाकर मेरी चेतना प्रकाशित हो उठी। तब ही मैंने भगवत्-स्वरूप के मद (शराब) के प्याले निरन्तर पिए। निरन्तर भगवत्-रस की शराब को पीने के कारण मुझमें आत्मानन्द का अंकुर जागृत हो उठा जिसके फल-स्वरूप मैं भगवत् भक्ति के नशे में सदा चूर रहती हूँ ॥४०॥

टिप्पणी

"शिवं रव् हंसा पानस् अंनुम्" इस पंक्ति का अर्थ इस प्रकार से भी संभव हो सकता है—मैंने निरन्तर विमर्श (प्रतिभिज्ञा द्वारा) के बल से अपने

१. सदा माधव क, ग, घ, च पाठ।
२. केवल मार्तण्ड और पिंगलेन् पाण्डु लिपि में।
३. केवल मार्तण्ड और पिंगलेन् पाण्ड लिपि में।
४. दाव क, ख, ग, ङ पाठ।
५. दाव क, ख, ग, ङ पाठ।
६. दाव क, ख, ग, ङ पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

में "शिवोऽहम्" की गूँज लगा कर यथार्थ अहम्-पद (Supreme being) को प्राप्त किया।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

में "शिवोऽहम्" की गूँज लगा कर यथार्थ अहम्-पद (Supreme being) को प्राप्त किया।

दीह[1] आनन्द नद मया
लूचन प्याला मुचर
साकयं पिलाओ हुह्-हा
बेयि बेयि हा हा मतवाला ॥४१॥

व्याख्या

ज्ञान प्रवाह-रूपी बहती मदिरा (शराब) की नदी में शरीर को डुबोकर आनन्दमय बना दिया। इस अपार उन्माद (नशे) से आँखों पर इतना नशा छा गया है कि ये आँखें प्रिय-रस से पूर्ण प्याले के समान उन्मेष (खुलना) कर रहीं हैं और अखण्ड साधना रूपी मधुबाला (साकी) से आत्मा बार-बार आग्रह कर रही है कि 'फिर से पिलाओ'। उन्माद की स्थिति में यह नर्तक-आत्मा पी-पीकर इतनी विस्मृत बन उठी है कि अब यह ज़ोर से ठहाके लगा-कर बार-बार पीने का हठ कर रही है ॥४१॥

टिप्पणी

शैवदर्शन के "शिव-सूत्र" में "नर्तक-आत्मा" सूत्र के अनुसार, जब साधक चिदानन्द के अपार आनन्द में पूर्ण रूप से डूब जाता है तब उस स्थिति में रागात्मक अनुभूति इतनी तीव्र और उत्कट होती है कि साधक सर्वथा (सब प्रकार से) उसी में मग्न रहता है।

आगरं ग्रेजिथ् तैय् नदं सें दुम्[2]
बानं बरिथ् तैय् पूरिम्[3] खा़सि

१. देहानन्द क, ख पाठ।
२. सांत्री—क, ख, घ पाठ।
१. फिरिथ्—क, ग, घ पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

द्राव् वुफे वाव-रूपी[1] गुर्
ग्वर ईश्वर आव अविनाशी
पानं मशे तं ध्याना तोशे
स्वमनं परमानन्द् वोत तथ् राशे ॥५१॥

व्याख्या

यह श्वास-प्रश्वास रूपी घोड़ा अपनी चंचलता को छोड़कर प्राणायाम आदि के सहारे सीधे उड़ान भर कर सहस्रार पर पहुँच जाता है। अर्थात् वह चंचल मन, जो अपने चैतन्य-पद (State of Consciousness) से भ्रष्ट होकर (अथवा नीचे उतरकर) और शारीरिक-संकोच गृहण करने के कारण केवल श्वास-प्रश्वास रूपी घोड़े पर चढ़कर चंचलता में ही जीवन गुजार रहा था, अब फिर से चैतन्य-पद (State of Consciousness) पर पहुँच गया है। इस चेतना (Consciousness) की प्राप्ति के फलस्वरूप ही अविनाशी गुरु (अर्थात् अज्ञान के अन्धकार को दूर करने वाले आत्म-स्वरूपी ईश्वर) का साक्षात्कार हुआ। अब शरीर की चिन्ता से मुक्त होकर, संतुष्ट होकर, ध्यान में निवास करता है। वह मन; जो मन की अवस्था में रहने के कारण खोया-खोया तथा भटका हुआ रहता था, अब चैतन्य-पद (Consciousness) की प्राप्ति के उपरान्त महान आनन्द की अवस्था में पहुँच गया है ॥५१॥

टिप्पणी

"चितिरेव चेतनपदादवरूढा चेत्य संकोचिनी चित्तम्"

—प्रत्यभिज्ञा-हृदय, सूत्र ५

साधारण अवस्था में मनुष्य संकल्पों और विकल्पों (Alternatives) में भटकता रहता है क्योंकि संकल्प और विकल्प मन के गुण हैं। किन्तु शैव दर्शन में "मन" नामक कोई अलग सत्ता नहीं है अपितु आत्मा ही जीवभाव

१. वावं रूपैय गुर् क, ख, ग पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

(Limited form) में आकर तथा शारीरिक-संकोच के कारण अपने वास्तविक स्वरूप को छिपाकर मन नामक तत्त्व से जगत का व्यापार करती है। महायोगी अरविन्द का दर्शन (Philosophy) भी यही है कि मन (Mind) वास्तव में चैतन्य (Super mind) के अतिरिक्त कुछ नहीं है केवल जीवभाव में आने के कारण इसमें स्वाभाविक संकोच (Limit) आ जाता है। अतः साधक का कर्म यह होना चाहिए कि वह मन (Mind) को साधना, परामर्श और चिन्तन के बल से पुनः चैतन्य-पद (State of Consciousness) पर पहुँचाकर, अपने वास्तविक स्वरूप का साक्षात्कार करे॥

महा[1] सु मौंदुर द्याना सारे[2]
छ़क समाद् नाद् बिन्दं च्रट्
दान अखण्ड[3] मिलावे मखन
सादिकारस्   द्रवे   गेंव् ॥५८॥

१. मुन्दं क, ख पाठ।
२. सानी क, ग पाठ।
३. मिलाओ क, ख, च पाठ।
४. द्रायाम् क, ख पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

व्याख्या

साधक निरन्तर मनन-चिन्तन करके उस अलौकिक और अनिर्वचनीय (जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता) भगवत्स्वरूप के मिठास का ध्यान प्राप्त करने के उपरान्त, समाधि के द्वारा नाद और बिन्दु, अर्थात् शिव और शक्ति अथवा ज्ञान-कला को एक साथ प्राप्त करता है। कहने का अभिप्राय यह है कि इस प्रकार का साधक समाधि के द्वारा नाद और बिन्दु के रहस्यमय पद को युगपत् (एक साथ) प्राप्त करके अपने अखण्ड दान को अर्थात् परमार्थ साधना से प्राप्त ज्ञानरूपी मक्खन को पुनः चेतना (Consciousness) की आँच पर चढ़ाकर (उस ज्ञान रूपी मक्खन की सारी खोट को दूर करके) घी रूपी बनाई हुई अपनी आत्मा को परमात्मा रूपी महाग्नि में स्वाहा करता है ॥५८॥

टिप्पणी

सभ्या-भवानी का यह पद अत्यन्त गूढ़ है। अन्तिम दो पंक्तियों का अर्थ इस प्रकार से होता है—साधक अपनी साधना के द्वारा, (भगवान से) दान के रूप में प्राप्त अपने ज्ञान-रूपी मक्खन से ही संतोष नहीं करता है। (ज्ञान रूपी मक्खन ही मानो अपना आत्मस्वरूप है जिसको साधक ईश्वर से दान के रूप में प्राप्त करता है) अतः बुद्धिमान साधक मक्खन रूपी अपने आत्म-स्वरूप को चेतना (Consciousness) की आँच पर चढ़ाकर उस मक्खन के सारे मैल को दूर करके उसे शुद्ध घी बनाता है। घी बनने के बाद फिर कोई अवस्था प्राप्त करने के लिए शेष नहीं रहती है। फिर उस घी रूपी अपने आत्मस्वरूप को परमात्मा रूपी महा-अग्नि में होम करता है। अर्थात् उसी में लय होकर आवागमन के चक्र से छूट जाता है।

तव रूप येग्ञा ह़ूमा करिथ्
आहोंतं दिच़ूस अंगन् ह़ूंज़

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

इ़होय् कुल् मूल तं श्वाह्[1] तुल
यवैय् शाख पन तं फूल
दातं पेंइ़व स मुद्रा पान
रसे स्वाद् तं ननेंस् जाथ[2] ॥५७॥

व्याख्या

इस शरीर रूपी वृक्ष का अस्तित्व इसका मूल ही है। मूल के अस्तित्व के कारण ही वृक्ष जीवित रह सकता है। अतः शरीर का होना मात्र संयोग नहीं अपितु मौलिक अनादि परम्परा का क्रम है। प्राण-शक्ति ही इसकी पूरक है अर्थात् प्राण-अपान ही इसके विकास का कारण है। उसीसे इसकी शाखाएँ, पर्ण (पत्ते) और फूलों का विकास होता है। सामान्य रूप से मनुष्य का शरीर

१. शाह् क, ख पाठ।
२. बोय क, ख पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

श्वास-प्रश्वास (अथवा प्राण-शक्ति) के कारण ही जीवित और विकासशील बनता है। परमार्थ-मार्ग में जीव के लिए श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान तथा इच्छा, ज्ञान और क्रिया—शाखा, पत्ते और फूलों के समान है। वृक्ष के फूल जब फल के आकार में उभरने लगते हैं तो मुद्रा अथवा रूप का पान करने लगते हैं। साधक भी ज्ञान-मार्ग के द्वारा वास्तविक बोध प्राप्त करने के उपरान्त अपने आत्म-स्वरूप के रस में अपना अभिषेक करता है। वृक्ष में भी फल उभरने के उपरान्त रस का अभिषेक होता है, फिर धीरे-धीरे रस के पकने पर फल के स्वाद का मिठास आता है; जिससे उस वृक्ष की जाति का ज्ञान होता है। साधक भी स्वात्म-स्वरूप के फल की प्राप्ति के उपरान्त ब्रह्मानन्द के रस की अनुभूति प्राप्त करके अलौकिक परिपक्वता (पका हुआ रस) को प्राप्त करता है जिसके फलस्वरूप उसकी वास्तविक जाति पहचानी जाती है ॥५७॥

टिप्पणी

रूपक अलंकार के माध्यम से भवानी ने शरीर और वृक्ष को एक स्तर पर लाकर दोनों का सामञ्जस्य स्थापित किया है। जिस प्रकार वृक्ष का आधार मूल है उसी प्रकार साधना का केन्द्र-बिन्दु शरीर है। मूल जिस प्रकार रस से सिंचित होकर रसात्मक अनुभूति की स्थिति तक पहुँचाता है उसी प्रकार शरीर भी साधना की भिन्न-भिन्न अवस्थाओं से आत्म-स्वरूप का साक्षात्कार करके उसके द्वारा भगवत् प्राप्ति के फल को, (आनन्द-रस से भरकर) परिपक्वता पर पहुँचाता है।

मह्[1] सु मोंदुर ध्याना सारे[2]
छ़क समाद् नाद् बिन्दं च्रट्
दान अखण्ड[3] मिलावे मखन
सादिकारस् द्रवे गेंव् ॥५८॥

१. मुन्दं क, ख पाठ।
२. सानी क, ग पाठ।
३. मिलाओ क, ख, च पाठ।
४. द्रायाम् क, ख पाठ।

से कुछ समय के लिए प्राप्त हुई थी। सिद्धाभवानी भी इसी प्रकार की दृष्टि प्राप्त थी।

पेंवान्[1] स्वादस् तं यिवान् नादस्
वादस् अति[2] च़ाखं[3] छुनं कुनेह[4]
चवान[5] प्याल तं छिवान् पानैय्
वंवान्[6] पानैय् तं दिवान्[7] टूखं ॥६३॥

व्याख्या

यह परंब्रह्म स्वयं ही साधना में प्रवेश करके स्वयं ही नाद और बिन्दु का साक्षात्कार करता है अथवा स्वयं ही साधना की परिपक्वता का स्वाद करता है और स्वयं ही आनन्दमग्न होकर ब्रह्मरन्ध्र की अनाहत ध्वनि का मधुर गुंजार करता है। इस रहस्य की थाह पाना छः दर्शनों (सांख्य दर्शन, न्याय-दर्शन आदि

---

१. प्यायान् क, ग, घ, पाठ।
२. अथं क, ख, पाठ।
३. चास क, ख, ग, पाठ।
४. व्यारय ख, ग, घ, पाठ।
५. दीवान् क, ख, ग, पाठ।
६. ब्ववान् क, ख, च, पाठ।
७. चगन क, ग, घ, पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

छः दर्शन) के बस की बात नहीं है। यह परंब्रह्म ही स्वयं ज्ञान-रूपी मदिरा (शराब) का पान करके स्वयं ही उन्मत्त हो उठता है; स्वयं ही इस सृष्टि का निर्माण करता है और स्वयं ही इसका विनाश भी करता है। अर्थात् यही स्वयं "कर्तुम् अकर्तुम् और अन्यथा कर्तुम्" (करना, नहीं करना और इनके अतिरिक्त कुछ और ही करना) में समर्थवान है ॥६३॥

टिप्पणी

सभ्या रूपभवानी परंब्रह्म की अद्भुत क्रीड़ा के चमत्कार एवं उसके उत्कर्ष स्वरूप तथा शक्तिमंत्ता को प्रस्तुत करके इस बात का संकेत करती हैं कि भगवान के इस दिव्य अलौकिक प्रभाव को छः दर्शन (सांख्य दर्शन, वैशेषिक दर्शन, न्याय दर्शन, योग दर्शन, पूर्व मीमांसा दर्शन, और उत्तर मीमांसा दर्शन) कह नहीं पाते हैं या इन दर्शनों (Philosophies) में इतनी सामर्थ्य नहीं है कि इस अपार रहस्य को समझ सकें।

रंगिथ रूप[1] द्रायस संगकूय
मौक्तं मंचिथं[2] ग्ज्ञान अकुय
बय् बखचून[3] रोफि, गारान नं कं'ह
न[4] कुनि बय् न कुनि तं वेहं ॥६४॥

19:27
WG1183-1977 -Shri Roop B...

आराम ही राम बोलो पावन्[1]
बु[2] तं बेंइ मेंमंज़ छुय हा इहु ॥८१॥

व्याख्या

वह अपने से अभिन्न परंब्रह्म ही ज्ञान, आकाश (शून्य) और मोक्ष में छाया हुआ है। वही स्वयं प्रत्येक स्थान पर सहायता करने वाला भी है—अथवा वही परंब्रह्म मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्धि और अज्ञाचक्र के छ: स्थानों पर भिन्न-भिन्न रूपों से विराजमान होकर योग-साधना में लगे हुए साधक की सहायता करता है। भवानी अलक्ष्येश्वरी अपने स्वरूप को उद्बोध देती हुई कहतीं हैं:—मेरे आत्मस्वरूप ! पवित्र राम-नाम का स्मरण कर क्योंकि मैं और वह परंब्रह्म वास्तव में मुझ में ही है, अर्थात् मेरे ही आत्मस्वरूप से मुझ में ही वह निवास कर रहा है ॥८१॥

टिप्पणी

उक्त पद्य में "पानैय् सहाय थान थानैय छुय्" के संदर्भ में दर्शनीय है कि मूलाधार का देवता ब्रह्म है, स्वाधिष्टान का देवता विष्णु है, मणिपूर का देवता रुद्र है, अनाहत का देवता ईश है, विशुद्धि का देवता सदाशिव है और आज्ञा का देवता शम्भु है किन्तु भवानी अलक्ष्येश्वरी के कथन का अभिप्राय है कि वास्तव में वही एक परंब्रह्म "एकोऽहं बहुस्याम्" के न्याय के अनुसार भिन्न-भिन्न रूपों में स्वयं ही इन स्थानों में विराजमान है।

शये आयेस् शये छस्
मरे[3] पान् बेंयें छस्

---

१. पवन् क, ख, ग पाठ।
२. ब्वह ब्वय ता म्यानिय छ्यु यह् क, ख, ग पाठ (ऊपर का पाठ मार्त० और पिंगले० पाण्डुलिपि का है)।
३. लये क, ग, घ पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

नाद बेन्द पद् छि परम्
मदुय[1] मारिथ्[2] प्रकटुय्[3] छिस्
वेंष्णु ब्रेंह्मा तं महेश्वरा
क्रेष्ण बेंङ् शामसोन्दुर छुस् ॥८३॥

व्याख्या

निस्संदेह नाद और बिन्दु के पद महान् अवस्था और उपलब्धि के स्थान हैं किन्तु इन्हें प्राप्त करना दुर्लभ और कठिन नहीं है क्योंकि यदि साधक अपने कृत्रिम (Vain) अहंकार को पूरी तरह वश में कर सकता है तो नाद और बिन्दु स्वयं ही उसके सामने प्रकट होते हैं। उसके उपरान्त तीनों कारण—ब्रह्मा, विष्णु और शिव, तथा अन्य अवतारों की अनन्त परम्परा (राम कृष्ण आदि) स्पष्ट रूप से सामने प्रकट होते हैं। अर्थात् साधक विश्व-चेतना और ब्रह्माण्ड-चेतना से प्रफुल्लित हो उठता है ॥८३॥

टिप्पणी

वायवी-संहिता में नाद और बिन्दु का उल्लेख इस प्रकार से दिया है—

आसीद्बिन्दुस्ततो नादो नादाच्छक्तिसमुद्भवः
नादरूपा महेशानि चिद्रूपा परमा कला ॥

(वायवीय-संहिता)

१. मदुय क, ख, ग पाठ।
२. मारि ख, ग, घ पाठ।
३. फतुकुय क, ग, घ पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

(सृष्टि के आरम्भ में पहले बिन्दु का अस्तित्व था फिर नाद की सृष्टि हुई। नाद से फिर समस्त ब्रह्माण्ड की शक्ति (Energy) का विकास हुआ। अतः विश्व-चेतना की सर्वोच्च कला नाद रूप ही है) भवानी ने नाद और बिन्दु को शिव-शक्ति के स्वरूप में ग्रहण किया है।

गोम्[1] औवतार सु महादीव
सु हा बु हा सूय अंख् छु
पूरा तोले तं रामा बोले
ब्रह्म स्वामी पानैय मन्दोरे छुअ
ङ्ह केंह कांछि तीह केंह दिये
दुकान त्रेपिथ् समुद्रय छस् ॥८४॥

व्याख्या

हे उत्कृष्ट आनन्ददाता ! कौन तुम्हारे स्वभाव को जान सकता है। जो भक्त अथवा साधक तुम्हारे अलौकिक दिव्य स्वरूप का ध्यान-मनन करता है उसके हृदय में अवश्य ही तेजस्वी सूर्य के समान तुम्हारी ज्ञान-ज्योति प्रकाशित हो उठती है ।।९३।।

सारी तत्व् आहारिम् गार च़ोपुम्
ब्रमंवोवुम् अखण्ड मण्डल तं पाताल्
हा-हू सूत्यैन गेंव वेंगंलोवुम्
अङ्ग' वोपंज़ावुम्' पानैय गंगं ।।९४।।

व्याख्या

मैंने पृथ्वी तत्त्व से लेकर माया तत्त्व तक के सारे तत्त्वों (Main elements of the material world) को अपनी गहन तपस्या से अपने स्वरूप में विलय किया और इस गह्वर (गुफा) रूपी शरीर को अपने मनन एवं चिन्तन से भक्षण किया (खाया)। मैंने अपनी उग्र तपस्या से इस खण्डहीन अखिल ब्रह्माण्ड और अदृश्य पाताल को (जो विभिन्न तत्त्वों में बिखरे हुए थे) अपने आत्म-स्वरूप में

१. नावुम् विशेषा गंग—क, ख, ग पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

विलीन किया और प्राण-अपान के प्राणायाम के द्वारा जमे हुए घी के समान ठोस अपने शरीर को पिघलाया और शंकर के समान स्वयं अपने आत्मस्वरूप में ज्ञान-गंगा को उत्पन्न किया ।।९४।।

टिप्पणी

भवानी अलक्ष्येश्वरी अपनी उग्र तपस्या का विवरण देती हुई कहती हैं—

(अ) पृथ्वी-तत्त्व से लेकर माया-तत्त्व तक के ३१ तत्त्वों का अपने ज्ञान-बल से आहार किया, अर्थात् अपने में उन्हें विलीन किया और ब्रह्माण्ड और पाताल को भी अपनी ज्ञान-कला से अपने स्वरूप में लीन किया।

(ब) घी के समान ठोस बने हुए तीन मलों (१) **आणवमल,** (अणु के समान अपने शरीर के मल को); (२) **मायामल** (अपने से जगत को अलग और जगत से अपने को अलग, इस प्रकार के भेद [Duality] का मल); (३) **कार्ममल,** (यह अच्छा कर्म किया था इसी कारण अच्छा फल मिला, वह बुरा कर्म किया था, इस कारण बुरा फल मिला इस प्रकार की भ्रान्ति में डालने वाला कार्ममल) को प्राणायास के "हा—हू" से पिघला दिया।

(स) भगवान शंकर के समान स्वयं समाधि के मनन और चिन्तन से अपने आत्मस्वरूप में ज्ञान-गंगा को उत्पन्न किया जिसका अभिषेक पाकर आत्मस्वरूप ब्रह्मानन्द के सहज स्वरूप में मग्न हो गया।

वाव् रठं दादंशान्त[1] रव संगटे
मायाऍयि त्रैष्णायि मारे मन्
ब्रांथ् त्राव नाथ छुअं पमने गरे
साथ रठं इहौंय्[2] छुय् ग्जानै दीह ॥९६॥

व्याख्या

जब साधक प्राणायाम के द्वारा हृदय से प्राणशक्ति को उठाकर द्वादशान्त (अर्थात् ब्रह्मरन्ध्र) में पहुँचाएगा, तब अनाहत ध्वनि का स्वर फूट पड़ेगा और मन तब ही माया और तृष्णा को मार सकेगा। अर्थात् जब साधक समाधि की अवस्था में पहुँचेगा तब ही मन माया और तृष्णा से छूटेगा। ऐसी अवस्था की प्राप्ति होने के उपरान्त साधक बहिः पूजा (साकार पूजा) आदि की भ्रान्ति या भटकन से छूट जाता है। क्योंकि समाधि में साधक को अपने आत्मस्वरूप का साक्षात्कार होता है उसके उपरान्त इस साधक को किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं रहता है। यहाँ साधक को बड़ी चौकसी बरतनी पड़ती है क्योंकि समाधि में आत्मसाक्षात्कार होने के उपरान्त इस साधक को बड़े यत्न से इस अपार तेजस्वी (तथा अपने से अभिन्न) आत्मस्वरूप को ग्रहण करना पड़ता है। यही ज्ञान-रूप परंब्रह्म का स्वरूप है ॥९६॥

टिप्पणी

साधक को समाधि की अवस्था तक पहुँचने के लिए बारह चक्रों से होते हुए अपनी प्राण-शक्ति को यत्नपूर्वक और सावधानी से वहाँ तक ले जाना पड़ता है। ये चक्र इस प्रकार से है—जन्माग्र, मूल, कन्द, नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य, ललाट, ब्रह्मरन्ध्र, शक्ति और व्यापिनि।

१. द्वादश रव् क, ख, ग पाठ।
२. सुय तं क, ग, घ पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

जहाँ इन बारह चक्रों तथा बारह स्वरों का ["अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, लृ, लॄ, ए, ऐ"] अन्त होता है उसी को द्वादशान्त कहते हैं। "विज्ञान भैरव" ग्रन्थ में इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार से किया है—"कन्द-चक्र से ब्रह्मरन्ध्र-चक्र तक प्राण शक्ति कड़कड़ाती बिजली सा तेज लेकर बढ़ती है। ब्रह्मरन्ध्र-चक्र के ऊपर चार अंगुल मुट्ठी के माप के उपरान्त द्वादशान्त का स्थान आता है। इसके उपरान्त "अहं विमर्श" का स्थान है।"

19:32
WG1183-1977 -Shri Roop B...

प्राणशक्ति के नाम भिन्न-भिन्न हैं जैसे—प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान। किन्तु पाँचों प्राणों में शक्तिस्वरूप प्राण एक ही है। अष्टांग-योग साधना में एक ही प्राणशक्ति—"यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा और समाधि में ओतप्रोत है।" जब साधक इस प्राणशक्ति को अपने आत्मस्वरूप में लय करता है तब उसे "अहं" स्वरूप परंब्रह्म का साक्षात्कार होता है। सभ्या-भवानी आतमा के अहं-स्वरूप का संकेत देती हुई कहती हैं—"तुम यह स्वीकार करो कि परंब्रह्म का अस्तित्व केवल आत्मस्वरूप में ही सन्निहित है ॥९७॥

टिप्पणी

मनुष्य शरीर में प्राणशक्ति का बहुत ही महत्व है। शैव-दर्शन में "प्राक् संवित्प्राणे परिणता (संवित्-शक्ति प्रथमतः प्राण-अपान के रूप में बदलती है, प्रकट होती है)" सिद्धान्त बड़ा ही महत्वपूर्ण है। इसके अनुसार

---

१. क्रेठान् क, ख, घ पाठ।
२. म्वय क, ख, ग पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

माना जाता है कि आत्मा का शरीर में आविर्भाव होते ही आत्मशक्ति प्राण-अपान का स्वरूप धारण करती है, अतः प्राणशक्ति ही आत्मा है। मनुष्य शरीर में प्राणशक्ति का बँटवारा इस प्रकार से है—हृदय में **प्राण**, गुदा में **अपान**, नाभि में **समान**, कण्ठ **उदान** और सारे शरीर में व्याप्त **व्यान**। भवानी अलक्ष्येश्वरी के कथन का अभिप्राय यह है कि नाम-वैभिन्य (अलग-अलग नाम) होने पर भी मूल में प्राणशक्ति एक ही है। यही प्राणशक्ति अष्टांग-योग (Eight-fold yoga) में यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा और समाधि तक ले जाने वाली प्रमुख शक्ति है। इसी शक्ति के जागरण से (आत्मस्वरूप और परंब्रह्म स्वरूप का साक्षात्कार होकर) योगी को निर्वाण प्राप्त होता है।

मूर्थाह् करिथ् तं अमूरथ् पछीह्
खाखं गछ्छीह्[1] क्या पछीह
पांछ्[1] महाबूत् करिम[2] फछीह्
हीनछ्[3] माया तं कौरुन[4] स्वरूप[5] ॥९८॥

इडा नं पिंगला सत्र ब्रह्मनाडी
स्वयं सु उपाया सुषुम्नाहमेव

१. जीविता क, ग, घ पाठ।
२. वार्ता क, ग, घ पाठ।
३. सह्योकार क, ख, घ पाठ।

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

अनाहत अनामय सु तोरियॉवस्था
आनन्द पद् सु परंब्रह्म सोहम् ॥१०॥

व्याख्या

योगशास्त्र उस "सोऽहम्" स्वरूप को नाड़ी-चक्र जगाकर जान नहीं सकता है, अतः इड़ा, पिंगला का जागृत स्वरूप वह (परंब्रह्म) नहीं है। मध्य-नाड़ी के विकसित होने पर ही उस परंब्रह्म के तात्त्विक-स्वरूप का ज्ञान संभव है किन्तु वही परंब्रह्म सुषुम्ना नाड़ी के अहंस्वरूप में निवास करके स्वयं ही उपाय बनता है। वास्तव में वह स्वतंत्र और सूक्ष्म है। वह सोऽहम् स्वरूप जागृत, स्वप्न और सुषुप्ति से परे तुरीय-रूप है। उस परंब्रह्म का सोऽहम् स्वरूप मेरे ही स्वरूप का आनन्द पद है ॥१०॥

इति स्वानुभवोल्लास दशकम्

CC-0 S.P. Dhar Collection. Digitized by eGangotri

1. चक्रधर स्वामी

महानुभाव संप्रदाय के संस्थापक चक्रधर स्वामी का जन्म गुजरात में सन् 1194 में हुआ। इनका मूल नाम हरपाल देव था। ये गुजरात के विशालदेव राजा के पुत्र थे। ये महाराष्ट्र आकर रहे और उन्होंने महानुभाव पंथ का प्रचार किया। इनके द्वारा रचित दो चौपदी हैं—

मूल स्थानी भिउ बंध बांधो हो जोई ना काल कलाई।

गुरुवचने उठीयाना दृढ़ बंधाई जे बीना चंचल नाहीं।

सुती बंधी स्थिर होई जेणे तहमी जाई॥

***   ***   ***

पाँचे पंचायत पावै जन हो धावती आप आण स्थानी।

पवण पुरो हो मनि स्थिर करो हो चन्द्र मैली वा भान।

अयागमन दुई जे वारो बुद्धि राखो अपन ये।

झाटिये जाता निवारो हो भिडे न वायो जाई।

आँखें निरंजन लो लो करी हो भाव अभाव दोन्ही नाही॥

महदायिसा

महदायिसा को महदंबा, उमांबा और रूपाई भी कहते हैं। इन्हें मराठी की आदि कवयित्री भी कहा जाता है। इनके जन्म और मृत्यु के बारे में निश्चित जानकारी नहीं मिलती है। 'नागदेव स्मृति' ग्रंथ से इतना ही ज्ञात होता है कि इनके पूर्वज़ वामनाचार्य देवगिरि के यादव राजा महादेव राय के यहाँ पुरोहित थे। महदायिसा बाल विधवा थीं। नागदेवाचार्य के साथ इन्होंने चक्रधर स्वामी का अनुसरण किया। इनका एक हिन्दी पद उपलब्ध है—

नगर द्वार हो भिच्छा करो हो, बापुरे मोरी अवस्था लो।

जिहाँ जावो तिहाँ आप सरिसा कोउन करी मोरी चिंता लो।

हाट चौहाटा पड़ रहूँ हो माँग पंछ घर भिच्छा।

बापुड लोक मोरी आवस्था कोउ न करी मोरी चिंता लो॥

2. दामोदर पंडित

बीच भक्ति के घरीया फोड छे॥'' [25]

एकनाथ की विचारधारा

संत एकनाथ के तात्विक विचार 'अद्वैतवाद' पर आधारित है। सामान्य लोगों को उनका तत्त्वज्ञान समझना मुश्किल हो जाता है। एकनाथ इस समस्या से भलीभाँति परिचित थे। अपने विचार सामान्य लोगों तक पहुँचाने के लिए उन्होंने अद्वैतवादी सिद्धांत को भक्ति की व्यावहारिकता के साथ जोड़ दिया, ज्ञान और भक्ति का अपूर्व संगम साध लिया। अपने तत्त्वज्ञान को समझाने के लिए उन्होंने मराठी के समान ही हिन्दी में भी सरल और व्यावहारिक उदाहरणों का सहारा लिया। संत एकनाथ के विचारों पर उपनिषद और शंकराचार्य के विचारों का प्रभाव मिलता है। उन्होंने भक्ति में कर्म की प्रधानता को स्वीकार करते हुए सगुण-निर्गुण परब्रह्म का वर्णन किया है।

संत एकनाथ के अनुसार विट्ठल स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण पूर्णब्रह्म हैं। भगवान ने सामान्य लोगों के हित के लिए सगुण रूप धारण किया है। परब्रह्म का वास्तविक रूप निर्गुण-निराकार है, लेकिन प्राणिमात्र का पालन-पोषण करने के लिए उसने सगुण-साकार रूप धारण किया है। उसके मूर्त रूप में ही अमूर्त रूप समाविष्ट है। उनके अनुसार ब्रह्म का स्वरूप अनंत, अनादि, निर्गुण, निराकार, सर्वव्यापी और सच्चिदानंद हैं। वे सगुण और निर्गुण रूप को एक समान मानते हैं। दोनों में कोई भेद नहीं मानते। अपने इन विचारों का समर्थन हिन्दी रचनाओं में भी किया है—

''नित्य निरंजन निरामय परिपूर्ण व्यापक एक।

सोहं बुद्धि बिन नहीं पाऊ मिथ्या भ्रम भेद॥

तद्रूप चिद्रूप रूपी अरूप। ना तहाँ आदि ना अंतरे।

जनदिन पूता अभिन्न एका। स्वये भया निज नित्य रे॥

एका जर्नादनी चिदानंद घन। सगुण निर्गुण समान दिखावै॥'' [26]

अपने हिन्दी काव्य में उन्होंने परब्रह्म के विभिन्न रूपों में विट्ठल, शिव, राम, गणेश, दत्तात्रेय, जगदंबा आदि हिन्दू देवताओं को ही नहीं अपितु मुसलमानों के अल्ला, खुदा का भी समावेश किया है।

सत्यामलनाथ परंपरा

सत्यामलनाथ : संत ज्ञानेश्वर के शिष्यों में से ये एक प्रमुख शिष्य हैं। इनके नाम पर सिद्धांत

रहस्य', 'नवरत्नमाला' और 'अभंग रचना' उपलब्ध हैं। 'नवरत्नमाला' ग्रंथ में सत्यामलनाथ ने अपने महान गुरुदेव संत ज्ञानेश्वर के चरित्र का वर्णन किया है—

''ज्याच्या मंदहास्यें। सुमनें झरतीं।

पदस्पर्शे होती। जीव ब्रह्म॥

षडैश्वर्याद्धुत। रसाचे हे लिंग।

पाहुनी अनंग। आर्तभूत॥''[75]

(जिसके मंद हास्य से पुष्पवर्षाव होता है, जिसके पदस्पर्श से जीव को ब्रह्म प्राप्ति होती है, ऐसे ऐश्वर्ययुक्त ज्ञानेश्वर हैं।)

सत्यामलनाथ के शिष्य गैबीनाथ की चरित्र विषयक जानकारी नहीं मिलती। गैबीनाथ की शिष्या गुप्तनाथ यह एक स्त्री थी। इसका पूर्व नाम गंगाबाई था। अल्पायु में ही वैधव्य प्राप्त होने के बाद वे परमार्थ मार्ग में आ गई। काशी यात्रा को जाते समय इन्हें गैबीनाथ से दीक्षा मिल गई। गुरु ने इनका नाम गुप्तनाथ रखा। इनके साथ उद्धव नाम का लड़का विरक्त होकर रहने लगा। गुप्तनाथ ने उसे दीक्षा देकर अपना शिष्य बनाया।

केसरीनाथ : ये उद्धोवनाथ के प्रमुख शिष्य थे। उद्धोवनाथ के प्रवचनों से प्रभावित होकर इन्होंने नौकरी छोड़ दी और उनसे दीक्षा प्राप्त की। केसरीनाथ ने 'सिद्धांतसार' ग्रंथ और पदों की रचना की। इन्होंने आलंदी में संत ज्ञानेश्वर की समाधि के पास ही समाधि ले ली।

275/408

केसरीनाथ का एक शिष्य बालमुकुंद था। उन्होंने आलंदी महात्म्य पर 'अलका महात्म्य' नाम का ग्रंथ लिखा है। केसरीनाथ के प्रमुख शिष्यों में शिवदीन केसरी भी थे। पैठण के रहने वाले शिवदीन केसरी को आयु के आठवें साल में ही केसरीनाथ का अनुग्रह मिला।

महाराष्ट्र में नाथपंथ की प्रायः चार परंपराएँ मिलती हैं। चारों की सूची 'नाथ संप्रदाय उदय

सिपाही से पुन कहा—"परचा तू तेरे पर माँगना चाहता है या राज्य पर।"

सिपाही ने कहा—"यदि तुम समर्थ हो तो मेरा ही अनिष्ट करो।"

अमीनाथजी बोले—"तुम्हारी यह घोडी और ऊँट बीकानेर पहुँचने से पूर्व ही मर जायेंगे, घर पहुँचने पर तुम्हें अपने पुत्र की अर्थी सामने मिलेगी और तुम्हारी स्त्री पागल हो जायेगी।" सिपाही को यह कहकर अमीनाथजी पृथ्वी के गर्भ में सदैव के लिए समा गये।

इस घटना तथा समाधिस्थ होने की तिथि-मिति का कोई पता अब तक नहीं चल सका है।

(५) चौधरी केशोजी गोदारा—केशोजी के बारे में ऐसी कथा प्रचलित है कि केशोजी ने जब जीवित समाधि लेने की सोची तब मालासर ग्राम के समस्त लोगों को एकत्र करके कहा—'जिस किसी को मुख से परचा—वरदान माँगना हो, समाधि में बैठने से पूर्व ही माँग ले। जब मैं समाधि में बैठ जाऊँ तब कोई कुछ न माँगे।'

कहते हैं आकांक्षी लोगों ने अपने मनवाञ्छित फलों की प्राप्ति के

वरदान माँगे। समाधि में बैठने के पश्चात् लोगों ने राजस्था-नवीकानेर का अमृतफल 'मतीरा' केशोजी को भेंट किया. उस समय एक व्यक्ति मजाक में केशोजी से पूछ बैठा—"केशो दादा, थानैं कीं दीसै ही है?" अर्थात् आपको कुछ दिखता भी है?

केशोजी ने कहा—"दीसै है थारी बीस गुवाड्याँ की उत जाँती।" अर्थात् तुम्हारे कुल के बीस घरों का अन्त होता हुआ दिखाई दे रहा है।"[1]

केशोजी ने वि० सं० १८८५ में समाधि ली थी।

(६) देवाराम नाई—इनके विषय में कहा जाता है कि इन्होंने मालासर में समाधि लेने के पाँच दिन बाद गंगा स्नान करके आनेवाले मालासर के कुछ लोगों को इन्होंने कतरियासर में सदेह दर्शन दिया एवं अपने हाथ से रोटी बनाकर खिलाई। अन्यान्य कई सिद्धों के समाधिस्थ होने की तिथि जिस प्रकार अज्ञात है, उसी प्रकार इनकी समाधिस्थ होने की तिथि भी अज्ञात है।

पाँचला सिद्धों का[2]—

सती प्यारलदे की आज्ञा से सिद्ध बोयतजी ने यहाँ आकर और मुण्ड नाल का कूँआ प्राप्त कर इस ग्राम को बसाया था। यहाँ यशोनाथ पुराण के अनुसार ८ आठ जीवित समाधियाँ हैं, पर वर्तमान सिद्ध के कथनानुसार यहां केवल तीन जीवित समाधियाँ ही हैं:—

(१) बोयतजी—ये सतीजी (काळलदे तथा प्यारलदे) के छोटे भाई थे। सुना जाता है कि बोयतजी जन्मजात पंगु थे, किन्तु जब सतीजी का चूड़ीखेड़ा से कतरियासर आगमन हुआ. उस समय सतीजी की अनुकम्पा से इनके पैर स्वस्थ हो गये।[3]

---

(१) मालासर के लोगों के कथनानुसार यह समस्त कुल नष्ट होगया है।

(२) यह ग्राम नागौर शहर से जोधपुर जानेवाले मोटर मार्ग (सड़क) की खींवसर स्टेशन से लगभग ४-५ कोस पश्चिम दिशा में स्थित है। मारवाड़ प्रदेश में पांचला नाम के कई ग्राम हैं; किन्तु इसमें जो सिद्धों का विशेषण लगा है यह स्पष्ट ही ऐतिहासिक तथ्य प्रकट करता है। अतः इस ग्राम के नाम के साथ भी 'सिद्धों का' नाम जुट गया है।

(३) बोयतजी के विषय में भी किंवदन्ती है कि जब महासती काळलदे तथा

मारवाड में सिद्धाचार्य श्री जसनाथजी के प्रचारक के रूप में सर्व प्रथम—इन्होंने ही प्रवेश किया था। जसनाथ-सम्प्रदाय में बोयतजी का बड़ा

6. जप अर मंत्र

जसनाथी–संप्रदाय मांय जाप अर मंत्र आपरी ठावी ठौड़ राखै अर अै जप अर मंत्र घणा चावा अर महताऊ है। आं रै सागै श्री जसनाथजी रो झाड़ो ई घणो महताऊ है। आं मांय सूं कीं जाप अर मंत्र इण भांत है [12]–

भगवे रा जाप

ऊं ब्रह्मोती विचार लखाया–अनहद वाणी सबद सुनाया
जो भाट् भग भगवान उपाया–कर भगवां भगवान दिराया
ऐश्वर्य जश धरम सूं पाया–लिछमी ज्ञान वैराग्य लखाया
ऐश्वर्य चादर जश–जळ धोई–ज्ञान गेरूं कर रंगत होई
लिछमी विद्या रू सुवाई–त्याग वैराग जोग सूं पाई
श्री गुरू गोरखनाथ सुणाया–इण भग सूं भगवां सिद्ध होया
जे सिद्ध योग जुगत कर जोया–श्रीदेव जसनाथ गुरु लखाया
।।भगवां जाप संपूरण भया, अणंत कोटि सिद्धां में श्रीदेव जसनाथजी कया।।

निसाण जाप

सत रा नेजा सबद नगारा, सिंवरत सुरतां ज्ञान विचारा
झालर शंक तुरंगी सारा, चंवर ढुळै गुरु रै लख च्यारा
गुरज बडी राखण हकदारा, धूप दीप कर जोत पसारा
होम जिगन रा जाप उचारा, गोरख वचने जसवंत धारा
।।निसाण का जाप संपूरण भया, श्रीदेव जसनाथजी सिद्धां तणा कया।।

दीक्षा-मंत्र (गृहस्थ)

ॐ शब्द गुरू सूरत चेला, पांच तत्व में रहै अकेला
स्हजे जोगी शून्य में वास, पांच तत्व में लियो प्रकाश
न मेरे माई ना मेरे बाप, अलख निरंजन आपो ही आप
गंगा जमुना बहे सरस्वती, कोई कोई न्हाये विरला यती
तारक मंत्र पारकी राम, गुरु बतायो निश्चय नाम
जो कोई सुमरै उतरै पार, बहुरि न आवै मेली धार

07:39

दीक्षा-मंत्र (साधु)

ॐ शब्द सोहं आप, अंतर्जपे अजपा जाप
सत्य शब्द ले लंघै घाट–बहिरि न आवै योनि बाट
परसै विष्णु अमृत पीवै–जरा न व्यापै युग युग जीवै
विष्णु मंत्र है प्राणाधार–जो कोई जपै सो उतरै पार
ॐ आदि विष्णु युगादि विष्णु तत्व स्वरूपी तारक विष्णु[13]

7. झाड़ा या झाड़ो

ॐ रिख्या आप भणीजै, दाणू भूत सिंधार कीजै
सिंगी बाजै रवि तपै, सोसै सात समंदर
में सासुर सो दाणू निरदळयो
देई देवी चांवडा की रिख्या
सबद साचा पिंड काचा–चलो मंतर ईसरो वाचा
गुरु गोरखनाथ जसनाथ का वचन सदा साचा

झाड़ा अर मंत्र जाप ई जसनाथी–साहित री साख, रचनावा है। मंत्र सूं रोगां अर कस्टां रो निवारण हुवै। मंत्र जाप सूं आत्मा रो कळेस मिटै। श्री जसनाथजी रै झाड़ा अर मंत्रां सूं गळै रा रोग अर सरीर रै रोगां रो निवारण हुवै। श्री जसनाथजी रै नांव री आस्था सूं भी कस्टां रो निवारण हुवै, ईस्वर री आराधनां सूं मुगति री कामनां पूरी हुवै।

जसनाथी–साहित मांय श्री जसनाथजी रै रचियोड़ै ग्रंथां रै अलावा करमोजी री 'हरकथा', सिद्धश्री दूदोजी री 'पांडवां री जाठ', 'पांडवा री कथा', सिद्धश्री देवोजी रो 'देसूंठो', सिद्धश्री सोमोजी सोनी रो 'गोपीचन्दो', सिद्धश्री पांचोजी री 'करणकथा', सिद्धश्री श्रवणजी भूकर री 'सीत पुराण' अर सिद्धश्री रामनाथजी, परमहंस जी री रचनावां घणी महताऊ है, जिका जसनाथी–साहित रा हीरामोती है। आं रचनावां सूं जसनाथी साहित भंडार रै सागै राजस्थानी संत अर भगती–साहित भंडार मांय ओपतो अर सुवावणो सरूप बण्यो है।[14]

प्रस्तुत किया गया है। यह प्रयोग अत्यन्त रूचिकर एवं मनोरंजक प्रतीत होता है। यहां उनका विवरण दिया जा रहा है।

नाथ गुरू उत्तमनाथ के शिष्य योगी वैराग्यनाथ ने एक वाणी में लिखा है।[1]

साधे भाई ऐसी सुरता जागी रे, गुरू का शब्द सुना जब उर में, मूल अविद्या भागी रे।

जाग के जोय लियो घर सागी, इत उत नहीं अभागी रे।

शुद्व सरूप में ऐसी लागी, कियों होवे नहीं आगी रे।

अज्ञान दसा में आपो भूली कुटुम्ब कियो बहु नागी रे।

गुरू शब्दों का लगा चमेटा, सीधे मारग लागी रे।

सीधो रस्तो सोहं को है, उलटे रस्ते को त्यागी रे।

उलटे रस्ते में दुख बहु भोग्यो, सुख सोहं में पागी रे।

शुद्व रूप सांचो पति पायो, नकली को अब त्यागी रे।

नकली के संग नाथ बहु नाची, इत उत फिरी मैं भागी रें।

---

[1] विविध संग्रह विवेक प्रकाश – (80)

08:07

बीकानेर संभाग में नाथ साहित्य का एक समृद्ध इतिहास है, जो मुख्य रूप से **जसनाथी संप्रदाय** के उदय और प्रभाव से जुड़ा हुआ है। नाथ संप्रदाय के कई महत्वपूर्ण स्थल इसी क्षेत्र में स्थित हैं, जो यहाँ के साहित्य और संस्कृति को प्रभावित करते हैं।

बीकानेर संभाग और नाथ साहित्य

- **जसनाथी संप्रदाय का केंद्र**: बीकानेर जिले का **कतरियासर** गाँव जसनाथी संप्रदाय की प्रधान पीठ है। हालांकि जसनाथी संप्रदाय एक विशिष्ट शाखा है, यह व्यापक नाथ परंपरा से प्रभावित है और इस क्षेत्र में इसकी शिक्षाएं व साहित्य बहुत लोकप्रिय हैं। जसनाथजी महाराज के अनुयायी उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करते हैं, जो आध्यात्मिकता और नैतिकता पर केंद्रित हैं।
- **प्रमुख नाथ स्थल**: बीकानेर संभाग के विभिन्न स्थानों पर नाथ योगियों से जुड़े कई प्राचीन स्थल और मठ हैं। इनमें कतरियासर, बम्बलू, पुनरासर, लिकमादेसर, पांचला और बालिलिसर (अंतिम बाड़मेर में) प्रमुख हैं।
- **स्थानीय साहित्यकार**: बीकानेर संभाग से संबंधित घनश्याम नाथ कच्छावा जैसे कवि भी हुए हैं, जिनकी राजस्थानी कविताएँ मिलती हैं, जो संभवतः स्थानीय नाथ परंपराओं से प्रभावित हो सकती हैं।

नाथ साहित्य की विशेषताएँ

सामान्य नाथ साहित्य, जिसका प्रभाव बीकानेर संभाग में भी देखा जाता है, हठयोग, गुरु भक्ति और आत्मज्ञान पर बल देता है।

- इस साहित्य में ज्ञान निष्ठा को महत्व दिया गया है।
- यह भोग-विलास की निंदा करता है और संयम तथा

तातै आत्म प्रकाशको चम्पा लखि है मित्त ॥ १५१॥
शब्द रूप रस गंधको जो करि है पहिचान ॥
ता आत्मा देवे सही चम्पा ब्रह्म तु जान ॥ १५२ ॥
जामें रहत सवै कछू जाकरि उपजत जात ॥
ता आत्माको जान तूं चम्पा आनन्द गात ॥ १५३ ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सो सो जुगति न डारिदे जो जो जान्यो जात ॥
ा॰सा॰ सोहं सोहं ध्यान करि चम्पा चिन्मय वात ॥ १५४ ॥
॥३२॥ ज्ञान ज्ञेयते नाहिजुदो ज्ञेय ज्ञान इक पोत ॥
यांते और हि कछु नहीं चम्पा भेद न होत ॥ १५५ ॥
जो जो ये कछु करत हैं ब्रह्म विष्णु रुद्रादि ॥
चिन्मयते हि हौं करो चम्पा वात यह आदि ॥१५६॥
हौं सव जग यह विश्व हूं हौं परमात्मा वानि ॥
भूत न भावी होत नहि चम्पा और न जानि ॥१५७॥
चिन्मय एकहि ब्रह्म है और अखंड विज्ञान ॥
अचल वहुत घन सकल यह चम्पा कीजे ध्यान १५८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ँ नाहीं नहिं और हैं ब्रह्म निरंतर आहि ॥
ा॰सा॰ सोवै आनन्द रूप है चम्पा समुझो याहि ॥ १५९ ॥
गहि वेलायक सव कछू गाहक है सव कोइ ॥
॥३३॥ योगी जानत तत्वको चम्पा पूजा सोइ ॥ १६० ॥
तनमन इंद्रिय आदि दै यामें आपुहि होय ॥
हौ मेरो अभि मान यह चंपा मलिनता सोय ॥ १६१ ॥
चिदा कास परब्रह्म है यह निश्चय मन मेलु ॥
मिटत जीवकी जीवता चंपा दीप गतेलु ॥ १६२ ॥

देर सहज रूप से हो सके सांस को ऊपर रोकना होता है। अंगूठे और अनामिका से दोनों नथने बन्द करके वायू को रोकें। (प्रवेशितस्य धारण कुम्भः)। इस से मन शान्त बनता है। मन की एकाग्रता तथा परमानन्द की प्राप्ति के लिए प्राणायाम का भी बहुत कुछ योगदान होता है। इसका अभ्यास सुयोग्य गुरु से सीखना होता है। यह मात्रिका तथा मालिनि का काम भी निभाता है। हमारे सत्गुरु महाराज परम् दयाल स्वामी गोविन्द कोल जी ने इस का वर्णन अपने भजन द्वारा इस प्रकार किया है:-

"सत् चित् आनन्द गूव्यन्द गू।
प्राण छिय करान सू हम सू।।°°

प्राण-अपान यलि मेलि मंज़सिय छु हर।
मन गछ़ि पानय ईकागर।।
सोरुय छू पानय शिवुऽ शम्भू।।°°

प्राण ग'व ज़ीव तय अपान ईश्वर।
दो'ऽशवि'ऽन्य कुन कर रोज़ अज़र।।
ब्रह्म मय छु सोरुय ज़ीव छुय कू।।°°

स्वप्रकाशुऽ दो'ऽहस करतुऽ करार।
अविद्यायि रा'ऽछ़िय रोज़ हुशियार।।
प्यठ ब्रह्माण्ड़स छुय वज़ान हू।।°°

पर तुऽ पान कुन व्यन्द कर दूर दुय।।
गूव्यन्दुऽ वीदव गच्यो'ऽवमुत छुय।।
गूव्यन्दुऽ स्वरतो गूव्यन्दुऽ गू।।°°

इसी प्रकार दूसरे एक और भजन में इसका विवरण इस प्रकार हैं:-

"सत्गो'र च्वलमय सुलि वुज़ुना'ऽ विथ।
मस गोम च्या'ऽविथ खो'ऽत खुमार।।°°

तन मन थाव्याम जान पा'ऽठ्य ना'ऽविथ।
पूरक कुम्भक बारम्बार।।
यछ़ि पछ़ि भावुऽ जामुऽ रूदय पा'ऽ
रा'ऽविथ।।°°

वारुऽ गूव्यन्दुऽ ह्यक्तुऽ पान प्रज़ुना'ऽविथ।
प्रज़ुऽनाव तोर नो बो'ऽज़्य रफ्तार।।
न्यशुऽ वय तापिय रूदय शेहलुऽविथ।।°°

19:15
ARCHIVE

कामनाओं से विलगकर चित्त को स्व में प्रतिष्ठित करना तथा प्राण तथा अपान के बीच मध्यम मार्ग का ध्यान करने से ललाट में बोधिचित् प्रज्ञापूर्ण होने पर और उपायआलिंगन से परमानन्द प्राप्त होता है। तत्पश्चात् इस आलिंगन से

There is no greater sin than discharge and no greater merit than bliss (arising from the motionless Bodhichit). Discharge is the progenitor of detachment and from ditachment (विराग) arises Sorrow and from Sorrow is the loss of Vital element and from the loss of Vital element Comes death.

Anintroduction to Tantric Buddhism—S. B. Das Gupta.

इस तथ्य से स्पष्ट है कि गुह्य-साधना में साधक अधिक से अधिक समय तक अस्खलित अवस्था में युगनद्ध रहकर, आंतरिक चित्तवृत्ति को क्षोभ रहित रखने का प्रयत्न करते थे। इसमें सफलता प्राप्ति के लिए ज्ञान एवं हठयोग दोनों की आवश्यकता है।

(२) कायिकं मानसं दुःख नावकाशं प्रदापयेत्।
सर्वसौख्यसमायुक्तः सिध्यते नात्रसंशयः—ज्ञानसिद्धिः—इन्द्रभूति

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ज्वलित होकर चन्द्रनाड़ी स्रवित होती है, यही विरमानन्द है। तत्पश्चात् काय वाक्, चित्त और बिन्दु के अवसारन के समय—ज्ञाता-ज्ञेय भेद नष्ट होने पर 'सहजानन्द' प्राप्त होता है। कबीर आदि इसी को 'रामनाम का रस' कहते हैं। उपर्युक्त आनन्दों में प्रत्येक चार प्रकार का है।



Page १२८ (132/368)
Favorite
Share
Flag
Madya Kaleen Hindi Kavya Ki Tantrik Prushta Bhumi By Vishwambhar Nath

भ्रू के मध्य में आज्ञा पद्म है, उसमें हं क्षं दो बीज हैं। सुन्दर श्वेत वर्ण के दो पत्र हैं। उस स्थान में महाकाल सिद्ध है। हाकिनी अधिष्ठात्री देवी और परमात्मा देवता है।

यह छः चक्रों की साधना हठयोग में निर्धारित की गई है। कालान्तर से ६ चक्रों के स्थान पर ९ चक्रों का प्रतिपादन भी किया गया तथा दोनों की मान्यता प्रतिष्ठित हो गई। हठयोग में प्राणायाम की महत्ता सर्वोपरि है। प्राणायाम की अनेक विधियां तथा प्रकार निर्दिष्ट किये गये। रेचक, पूरक और कुंभक प्राणायामों के कई भेद निरूपित किये गये। किन्तु इस प्रसङ्ग में इन सब का विवेचन अपेक्षित नहीं है। यौगिक क्रियाओं की पृष्ठभूमि के रूप में अति सामान्य विवेचन के पश्चात् प्रस्तुत प्रसङ्ग में यह देखना आवश्यक है कि रज्जब जी की साधना में योग के दो मूल प्रकार हठयोग तथा राजयोग का कहां तक प्रभाव है? निर्गुण भक्ति-साधना के संतों की प्रवृत्ति स्थूल के विसर्जन और सूक्ष्म के ग्रहण में विशेष रही है। उन्होंने सगुण उपासना में प्रतिपादित ब्रह्म के नाना अवतारों का खण्डन किया परन्तु अवतारों के नामों को सहर्ष स्वीकार किया। वे अव्यक्त ब्रह्म को नाना संज्ञाओं से सम्बोधित करते हैं परन्तु उसे रूपात्मक अथवा स्थूल बनाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने मन और इन्द्रियों के निग्रह पर विशेष बल दिया, बाह्य कर्मकाण्डों एवं वेद-रचना की स्थूलता का निराकरण किया। उनकी साधना अन्तर्वर्तिनी तथा अन्तर्मुखी थी। यह निर्गुणोपासक संत बाह्याडम्बर अथवा उपासना की स्थूल पद्धतियों के पक्ष में नहीं थे। रज्जब जी उपासना के बहिरंग साधनों का निरसन करते थे। हठयोग की क्रियायें चूंकि योग के बहिरंग साधन हैं, इसीलिये रज्जब जी साधना में हठयोग को पूर्णतः न अपना सके। उनकी हठयोग सम्बन्धी आस्था अधिक से अधिक इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना अथवा चन्द्र-सूर्य मिलाप तक, चक्रों में केवल षट्-चक्र शब्द के प्रयोग तक ही सीमित रही। रज्जब जी हठयोग के यम, नियम, आसन, मुद्रा, बन्ध के ब्यौरे में नहीं गये और न इन कृत्रिम असहज साधनाओं में उनका विश्वास ही था। वे तो सहज साधना को प्रश्रय देते थे। हठयोग की जिन विशेष धाराओं का प्रभाव रज्जब जी के साहित्य में लक्षित होता है वे निम्नलिखित हैं—

(क) इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना के संयोग से अमृतत्व की प्राप्ति
(ख) पिण्ड में ही ब्रह्माण्ड की अवस्थिति
(ग) संयम एवं इन्द्रिय-निग्रह
(घ) ब्रह्म-रंध्र अथवा शून्य में प्राणारोपण

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

हठ्योग प्रदीपिका में इसी सिद्धान्त का समर्थन किया गया है।

मनःस्थैर्ये स्थिरो वायुस्ततो बिन्दुः स्थिरो भवेत्।
बिन्दुस्थैर्यात् सदा सत्वं, पिण्डस्थैर्यं प्रजायते॥

उपदेश ४, श्लोक २८

मन की स्थिरता होने पर प्राण भी स्थिर होता है। तथा प्राण की स्थिरता से बिन्दु की स्थिरता होती है। बिन्दु के स्थिर होने पर सदैव बल होता है और उससे देह की स्थिरता होती है। बौद्ध साधना में काय, वाक् और चित्त की दृढ़ता को साधना में अत्यन्त उपयोगी माना गया है। तांत्रिक साधना के अनुसार यह चित्त-तत्त्व शुक्र या बिन्दु है। सामान्यतः यह सांसारिक चित्त या शुक्र महाबलिष्ठ और चंचल होता है इसलिये चित्त की साधना की प्रारम्भिक क्रिया उसके शोध की होती है। निर्मल चित्त का स्थिरीकरण दूसरी क्रिया है।[1] प्रश्न यह उठता है कि नाद उत्पन्न किस प्रकार होता है। योग में कुण्डलिनी शक्ति का विशेष महत्व स्वीकार किया गया है। यह शक्ति सामान्य व्यक्तियों में अधोमुखी होती है। यौगिक क्रियाओं द्वारा इस शक्ति को ऊर्ध्वमुखी बना कर ऊपर चालित किया जाता है। कुण्डलिनी के उद्बुद्ध होने पर जब वह ऊपर की ओर प्रस्थान करती है तो उसमें स्फोट होता है उसी को नाद कहते हैं। नाद से प्रकाश होता है और प्रकाश ही व्यक्त-रूप महाबिन्दु है। यह बिन्दु तीन प्रकार का होता है—इच्छा, ज्ञान, क्रिया। पारिभाषिक शैली में योगी लोग इन्हीं को सूर्य, चन्द्र और अग्नि कहते हैं और कभी ब्रह्मा, विष्णु और शिव भी कहते हैं। अब यह जो नाद और बिन्दु है यह वस्तुतः निखिल विश्व में व्याप्ति अनाहत नाद का व्यष्टि में व्यक्त रूप है। अर्थात् विश्व में व्याप्त अनाहत नाद व्यक्ति में पड़ कर नाद और बिन्दु बन जाता है।[2]

नाथपंथी योगियों में हठ्योग तथा लययोग दोनों के प्रति आस्था लक्षित होती है। नाद बिन्दु साधना पर गोरखनाथ ने बड़ा बल दिया है। स्थान-स्थान पर नाद बिन्दु साधना की चर्चा गोरख बानी में मिलती है।

गोरख :—

स्वामी कवं उतपन्यो नादं, कवं नाद समभवते।
कौन के चालते नादं, कवं नादं विलीयते॥

---

१ – तांत्रिक बौद्ध साधना और साहित्य, पृष्ठ १६५
२ – कबीर – ले० हजारीप्रसाद द्विवेदी, पृ० ४६

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

ओ३म्

निर्वाण दशश्लोकी

श्री गुरवे नमो नमः।

सहस्र सर्वत्र व्यापी स्वहृथ् विचार्यम्
बहुबल संबाहु एकतं स्वयंबू परमाकारी।
अन्तर्मुखी दृष्टी निर्वान-रहस्य् तती परम्गती ॥1॥

अनंत, सर्वत्र विराजमान, स्वयं देदीप्यमान, सर्वशक्तिमान, एक मात्र व्यापक आकार वाले ईश्वर की रचना अपार है। भीतर मन पर दृष्टि डालने से परमगति का रहस्य दृष्टांत होता है और निर्वाण के रहस्य की जानकारी मिलती है।

शुद्ध युक्त-मूलादारी क्वण्डली मण्डली गौरी।
स्यद्द अर्थ सूक्ष्मू सुष्वप्ती चक्र विरक्त शान्तादारी।
ईश्वरी तुर्यातीत परमानन्दी।
अन्तर्मुखी दृष्टी निर्वान-रहस्य् तती परमगती ॥2॥

शुद्धता का प्रतीक मूलाधार है। जिसके नीचे कुंड़िलिनी है। कुंड़िलनी के मध्य गौरी विराजमान है। सूक्ष्म सुष्वप्ती का सीधा अर्थ अलौकिक शांति है। ईश्वरीय तुर्यातीत स्थिति परम आनंद स्वरूप है। भीतर मन पर दृष्टि डालने से परम गति का रहस्य दृष्टांत होता है और निर्वाण के रहस्य की जानकारी मिलती है।

CC-O. Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh

पाता-छ़ाल फीरिथ़् तां खाडुम्
म्यचि़-न्त कञ़न मन्ज़ि अनुम् पय।
अद नद्‌ वुदुम्-न्त गल-मद प्यवम्
प्रबातुं साथ स्वथु प्रज़ांलु–तां ना किंह् ॥5॥

आकाश पाताल छान कर मैंने उसे ढूंढ़ा। मिट्टी तथा पत्थर के बीच से उसका पता ले आई। दैनिक पूजा अर्चना करती रही और मुझे अमृत रस पीने को मिला। प्रभात के सूर्य के समान सत्य चमकता है–इसे कोई फर्क नहीं पड़ता।

हिञ़ि अनि पाताल गगन गमे
मूरत् ना मूरत् पाँच तत्त्व्।
च़ीतन मले शून्य तिह् गले
शन वूनिय सा छयस सत् ॥6॥

धीरे-धीरे (साधक) पाताल से गगन की ओर पहुंच जाता है। मूर्त और अमूर्त पांच तत्वों से ऊपर। चेतनावस्था भी शून्य के समन्दर में विलीन हो जाती है। चेतना की छः दशाएं भी वस्तुतः परम सत्य है।

CC-O. Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

सुह माह शमाह प्रज़लानी
तमाह्-ब्यन् ज़लानी ब्वह्।
अव-रूप् प्रयम छुय मेलानी
यिमय् पद कैंसि मलानी क्याह् ॥ 45 ॥

'सो-अहम' की शमा प्रज्ज्वलित हुई है। पूरी इच्छा से मैं उसे जला रही हूं। इसी रूप में प्रेम-तत्व प्राप्त होता है। यह पदवी तो किसी-किसी को ही प्राप्त होती है।

मथुरा पथ ब्रोंह सत-रूप्
मेलुयौ सथ-गथ् त् तत्त्व्।
तेलुयौ रोय-रगे हर्-रंग
मेलुयौ आत्म-संग-रव् ॥ 46 ॥

मथुरा के इर्द-गिर्द सत्य रूप ही है। वहां पहुंचने पर तुम्हें सद्गति और तत्त्व ही प्राप्त होगा। वहां ही से सब रंग प्राप्त किए है। आत्मा का मेल परमात्मा से तभी संभव है।

CC-O. Agamnigam Digital Preservation Foundation Chandigarh

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

इह्वयं कुल मूल-त् श्वह तुल्
यवा शाख पन–तां फूल्।
दात पप्यव् स मुद्रा पान
रसे सवाद त् नन्यस् बोय् ॥ 57 ॥

यही वृक्ष की जड़ है और यही शहतूत का वृक्ष। यही शाखाएं है और यही फूल है। रस पड़ जाने पर फल मीठा हो जाता है। रस से ही प्रकृति के स्वाद का पता चलता है।

मन्द् स-मुदुर् दोनु सानी
छ्वकु समाद् नाद-विन्द च्रट्।
दान अखंड मिलायो मखून
सादिकारिस द्रायाम् ग्यव् ॥ 58 ॥

समन्दर मंथन का अमृत प्राप्त करो। मंथन से नाद-बिन्दु प्राप्त होता है। अखंड दान, साधक मक्खन को मिलाकर भी प्राप्त कर लेता है।

CC-O. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

नादुय़् बिन्द पदुय़् परम
मदुय मारि–फतुकुय़् छुयस् ।
विष्णु-ब्रह्मा महेश्वरा
कृष्ण ब्यय़् श्याम-सुन्दर् छुस् ॥ 83 ॥

नाद-बिन्दु परम स्थिति है। यह मादकता ईश्वरीय मिलन से ही प्राप्त हो सकती है। वही ब्रह्मा, विष्णु महेश्वर, कृष्ण और श्याम सुन्दर है।

गोम औवतार सुह् महादीव्
सुह् वा सुह वा सुयय़् छ्युस् ।
पूरा तोले रामा बोले
ब्रह्म-स्वामी मन्दोरि छुस् ।
यिह् किंह काँछि तिह–किंह् दिये
दुकान् त्रपित समुद्रुय छस् ॥ 84 ॥

जो अवतार दिखाई दिया वही महादेव का था। वही था–वही था–वही है। पूरा तोल कर राम का नाम लो। भगवान ब्रह्मा उदारमना है, जो उसकी 'इच्छा' होती है उसी हिसाब से वह बांटता है। उसकी दुकान पूरी तरह भरी है जैसे समन्दर में पानी।

CC-O. Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

रूपं न रस् न, स्पर्श् गन्द् न देहो
दुयी दयस् न छुस् केवलोहम्
ज़ीवो जीवता न वर्ता न वार्ता
कर्ता सहोकार् परं ब्रह्म सोहम् ॥9॥

न रूप न रस, न स्पर्श न गंध, न देह, न वास, केवल मात्र मैं ही हूं। न जीव और न जैविक क्रियावाला, न वार्ता न वार्ताकार, न कर्त्ता न अकर्त्ता। समस्त कारकों सहित रूप में मैं ही परमब्रह्म हूं।

इडा न पिंङ्गला नच ब्रह्मनाड़ी
स्वयिय् सुषुम्ना पायाहमेव।
अनाहत् अनामय तुरायाऽवस्था
आनन्दरूपंद् परं ब्रह्म सोहम् ॥10॥

न इड़ा न पिंगला, न ही ब्रह्मनाड़ी सुषुम्ना से प्राप्त शक्ति, अनाहत, अनामय, तुरायवस्था हूं। आनन्द रूप में परम ब्रह्म मैं ही हूं।

॥ इति स्वानुभवोल्लास दशकम् ॥

CC-O. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Gandhi Memorial College Of Education Bantalab Jammu

माता रूपभवानी ने निर्वाण दशश्लोकी और वाक्य मंजरी में योग के सहजतम तरीकों की व्याख्या की है। भवानी साहिबा ने राजयोग को सर्वोच्च योग माना है।[1] इस राजयोग में ज्ञान और भक्ति का समावेश है, पीड़ादायी हठयोग नहीं। यह राजयोग कश्मीर के शैव-दर्शन का पोषण करता है। कीचड़ में रहकर कमल की तरह पवित्र रहने का रहस्य ही राजयोग है। रूपभवानी ने अपने वाखों में कुंडिलिनी योग का भी उल्लेख किया है। यहां मूलाधार चक्र शुद्धता का प्रतीक है। जिसके नीचे कुंडलिनी है। ईश्वर प्राप्ति में तुर्यातीत अवस्था आन्नददायी है।[2] षट्चक्र सिद्धी असंख्य कार्य करवा सकती है। ईश्वर महानंद स्वरूप है और उसका स्थान षट्टचक्र के मध्य है।[3] रूपभवानी के अनुसार योगसिद्धी और सिमरन से देव को प्राप्त किया जा सकता है।[4] भवानी साहिबा के अनुसार व्रत, सत्य, तत्वबोध एवं शुद्ध आचार ही वेद और योग का प्रमुख आधार है।

साधना पक्ष

कश्मीरी संतों का साहित्य गुरु की महिमा से भरा पड़ा है। रूपभवानी साहिबा ने भी अपने पूर्ववर्ती संतों की भांति गुरु को प्रमुख माना है। माता रूपभवानी के गुरु लल्लेश्वरी सहित पिता माधव जू दर थे। रूपभवानी गुरु को ज्ञान का प्रबल प्रकाश देने वाला मानती है। वही कुल का उद्धार करने वाला भी है, वही ब्रह्म है, वही गुरु है।[5] रूपभवानी के लिए गुरु का नाम अन्तर्मन से पवित्र और शुद्ध है। गुरु चाहे लल्लेश्वरी हो, शिव अथवा माधव हो, सभी एक समान हैं और परम ब्रह्म स्वरूप हैं।[6] भवानी साहिबा के अनुसार ईश्वर स्वयं आकर गुरु का महत्व समझा जाते हैं। इसी से गुरु की महानता का बोध होता है। इसी गुरु की कृपा से सत्य के तत्त्व ज्ञान की

---

1. पवित्र नेत्र पश्यत मुखी अन्तर्
बाहो बहु-दनाड़ी असंख्य कांमू कर्द्।
यिहुय् राज़-यूगी दाता पिता सुय।
सर्व कांख्या सु अर्थ पूरनी
अन्तर्मुखी दृष्टी निर्वान-रहस्य तती परमगती ॥
रहस्योपदेश : पृष्ठ 4 (5)

2. शुद्ध युक्त-मूलादारी क्वण्डली मण्डली गौरी।
स्यद् अर्थ सूक्ष्मू सुष्वप्ती चक्र विरक्त शान्तादारी
ईश्वरी तुर्यातीत परमानन्दी।
अन्तर्मुखी दृष्टी निर्वान-रहस्य् तती परम .गती ॥
रहस्योपदेश : पृष्ठ 2 (2)

3. शयुम्-थान् वासी सर्वमध्यं
जिता सन्यासी ब्यन-बिन्दु-नांदी
अन्तर्मुखी दृष्टी निर्वान-रहस्य तती परमगती
रहस्योपदेश पृष्ठ 4(7)

4. रहे निशाना ईश्वर-सुन्दु नावा
कति आयाव्–तु कतु-सन् गव्।
समरियृ–त साादिय् तमि कज़ाव
दीव स्यत मुखी त सीव् करहास्।
रहस्योपदेशपृष्ठ 41(109)

5. युसुह ग्वर पिता सुय् छुह मोल्
सुह् इह् प्रबल् दीप-प्रकाश।
सुह् इह् सर्व क्वलस उदार् रखुन्
सुह् इह ईश्वर सुह छुह ग्वर् ॥
रहस्योपदेश : पृष्ठ 22 (48)

6. ओम ग्वर अन्तर् तय निर्मलम्
शद्धं अत्यन्त विद्याधरम्।
लल्-नाम लल् परमा ग्वरम्
शिव-माधव नाहं परं ब्रह्म सोहम् ॥
रहस्योपदेशः पृष्ठ 6 (1)

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation,Chandigarh

08:07 Vo)) LTE1 4G

का उपभोग किया जाता है।

रसात्मक निजचन्द्र को ऊपर खींचकर आकाशस्थित चन्द्र के साथ उसको मिलाना चाहिए। ऊर्ध्वगति से रस अमृत के रूप में परिणत हो जाता है। आकाशस्थित चन्द्र का तथा सहस्रार से सम्बद्ध गरलचन्द्र का योगी पान करे। वायु के साथ मन का बन्धन करना चाहिए। मन, वायु और अमृत की दशम द्वार से ऊपर स्थापना करनी चाहिए। निरन्तर ध्यान करना चाहिए। अमृत-प्रवाह की अधोगति रोकने के लिए त्रिवेणीद्वार पर ध्यान रखना आवश्यक है। उसके अनन्तर गरलचन्द्र का पान और प्रणव का ध्यान करना चाहिए। गरलचन्द्र से देह और मन का शोधन तथा संजीवन होने पर सिद्ध देह की प्राप्ति होती है और अन्त में जीवन्मुक्ति होती है।

इस मत में सिद्धदेह द्वारा चन्द्रभेदपूर्वक चन्द्रामृतपान जीवन्मुक्ति का साधन है। किन्तु, परममुक्ति का साधन है प्रणव-ध्यान और शून्य तत्त्व में प्रतिष्ठा। पहली प्रक्रिया से कायसिद्धि प्राप्त होती है और काय की चिन्मयता निष्पन्न होती है। दूसरी प्रक्रिया से शून्यता की प्राप्ति होती है।

[६]

महायान के बौद्धों ने भी अपने अभीष्ट मार्ग से कायसिद्धि का उपदेश दिया है। श्रावकयानों की अभिमत अधिक उत्कृष्ट प्रज्ञा से प्रज्ञा की प्राप्ति के लिए बोधिसत्त्व-भूमि में प्रवेश कर तत्-तत् भूमियों का क्रमशः भेद करना चाहिए। अन्त में प्रज्ञापारमिता की प्राप्ति होती है, वही बुद्धत्व-सम्पादक महाज्ञान है। अक्लिष्ट अज्ञान के क्षय के बिना पूर्णत्व की प्राप्ति नहीं हो सकती और सम्यक्सम्बुद्धत्व भी नहीं हो सकता। बोधिसत्त्व की कायसम्पत् हेतु-अवस्था में ही होती है, यह पहले ही कहा जा चुका है।

तान्त्रिक बौद्धमत में देहरस-रूप बिन्दु ही 'बोधिचित्त' कहा जाता है। चतुर्दल कमल से उसे उठाकर ऊपर उष्णीष-कमल में स्थापित करना ही योगसाधना का फल है। षट्चक्र-भेदन के समान यह उत्थापन-क्रिया भी बड़ी कठिन है। उसमें सबसे पहले देहरस-रूप बिन्दु की मेरुमार्ग में सबसे निचले चक्र में स्थिति होना आवश्यक है, तदनन्तर निर्माणचक्र से महासुखचक्र-पर्यन्त उसे चढ़ाना चाहिए। बोधिचित्त के उद्भव, निरोध और ऊर्ध्वगमन निर्माणचक्र में ही कर लेने चाहिए। यही कर्ममुद्रा का स्थान है, जिसमें बोधिचित्त का उद्भव होता है। उद्भव क्षोभरूप है,

CC0. Vasishtha Tripathi Collection. By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

Page २७८ (322/440)

Favorite Share Flag

Tantrika Vangmaya Main Shakta Drishti By Dr. Sri Gopinatha Kaviraja Patna 1978 Bihar Rashtriya Parishad

by Bihar Rashtriya Parishad

दर्शनी योगी बन सकते हैं। (पूर्वकाल में योगी को जोगी कहने की प्रथा थी)

(२४) घर का जोगी या जोगी घरका—जन्मता जोगी या नाथ घरके

(२५) बिन्दु—पारा—बिन्द—पुरुष वीर्य (पुष्ट) को कहते हैं तथा कुण्डलीनी उत्थान को भी कहते हैं।

(२६) कुण्डलीनी उत्थान—कुण्डलीनी शक्ति जाग्रत करना यह प्रत्येक पुरुष के मूलाधार चक्र में सर्पाकृति मण्डल डालकर बैठी हुई होती है तथा वीर्य उध्वरेता क्रिया को भी कुण्डलीनी कहते हैं।

(२७) खडदर्शन—६ चक्रों की जाग्रती तथा छह चक्र दर्शन

(२८) दर्शनी योगी शिव की काया—शिव स्वरुप जो दर्शनी योगेश्वर होते हैं उनको कहते हैं।

(२९) इन्द्रि के जती—वाचा के सती (या जती सती) अखण्ड ब्रह्मचारी एवं सत्यवादी

(३०) शक्ति पात—सद्गुरु स्पर्श द्वारा तथा अपने योग शक्ति द्वारा शिष्य को कृपा कटाक्ष शक्ति देते हैं। वह शक्ति पात तथा शक्ति सन्क्रमण भी कहते हैं।

(३१) स्थान मकान—मठ, मंदिर, टिल्ला, दरगाह, दलीचा, समाधि धूना (यज्ञकुण्ड) नाथ सम्प्रदायिक इष्ट देवी देवता के मूर्ति या चरण पादुका स्थापित स्थान।

(३२) दर्शन मेला—भेंट मुलाकात तथा धार्मिक यात्रा स्थान भेंट

(३३) मत्था टेक—नाथ सम्प्रदायिक पंथों के मुख्य गद्दी स्थान में जाकर दर्शन करना। इसे सिर मत्था टेक भी कहते हैं।

(४०) फक्कड़—त्यागी अवधू (पूर्ण विरागी)

(४१) राजी खुशी—हालचाल

(४२) जुकती—मुकती—साधु वृत्ति से रहना। (आचरण शुद्ध)

(४३) लेखा—जोखा—हिसाब किताब (लेन देन)

(४४) धूनी चेतन करना—धूना (यज्ञ) जागृत करना।

(४५) अखण्ड धूना—पूर्व काल से चेतन (प्रज्वलित) धूना रखना और

चक्र जाग्रति से समस्त शरीर में रक्त संचार में उष्णता निर्माण करता है और यह शक्ति हृदय गति को संग्रही करके संयम की जाती है। इस प्रकार अनहद चक्र जाग्रति के पश्चात् साधक को महाआनन्द की प्राप्ति होती है काया तेजस्वी होती है। समस्त काया शुद्ध-पवित्र होती है। प्राकृतिक महाज्ञान की प्राप्ति एवं ईशत्व सिद्धि मिलती है। साधना में साधक का शरीर हल्का होता है, हवा में, या आकाश में उड़ रहे हैं, ऐसा अनुभव आता है। माया रुपी दादा मत्स्येन्द्रनाथजी ॐकार शिव का हृदयस्थ इसी अनहद चक्र में ध्यान (तपस्या) करने पर उन्हें परकाया प्रवेश की सिद्धि प्राप्त हुयी थी।

अतः साधक विशेषतः उज्जयी प्राणायाम (कुम्भक) का अभ्यास करता है यहां प्राण नाक से कण्ठ में और कण्ठ से हृदय से जाकर स्थिर किया जाता है यहां जालन्धर बन्ध लगाने से (मृत्युजंय) मृत्यु वश में किया जाता है। वही हृदय में संचित की हुयी प्राण शक्ति भाव (भावना) शक्ति और उदान व्यान वायुओं की शक्तियाँ संक्रमित होकर यहां महाभाव (आर्तभाव) की शक्ति परिवर्तित होती है। क्योंकि यहां कुण्डलिनी (वीर्य) शक्ति उदान वायु में संघर्ष करती है और यहां का विशुद्ध चक्र जाग्रत होता है। जब साधक जालन्धर बन्ध अर्थात् कण्ठ गले के विवर को संकोचित करके ठोड़ी को वक्ष पर स्थिर करने पर कण्ठमूल का निरोध होता है और सहास्त्रागार का द्रवित अमृत नाभि स्थान सूर्य (अग्नि) मुख मे गिरकर भस्म होने से बचाते हैं और साधक उसका पान करके अमरत्व प्राप्त करता है। यहां इडा, पिंगला का भी निरोध हो जाता है और कुण्डलिनी (वीर्य) शक्ति सुषुम्ना में ऊर्ध्वरेता होकर प्रवाहित होती है। यहां साधक अमृतरस पीकर अमरत्व पाता है तथा इसे भूख नहीं सताती, दूरी श्रवण सिद्धि, आकाश गमन सिद्धियां प्राप्त होती है जो गोरक्षनाथजी को प्राप्त थी।

है।[1] हठात् मोक्षद्वार खोलने की विधि बताने के कारण भी इस योग को 'हठयोग' कहते हैं। इस कुण्डली-उद्बोध की कई विधियाँ हो सकती हैं।

शरीर में तीन ऐसी चीजें हैं जो परम शक्तिशाली हैं पर चंचल होने के कारण वे मनुष्यों के काम नहीं आ रही। पहली और प्रधान वस्तु है। (१) बिंदु अर्थात् शुक्र। इसको यदि ऊपर की ओर उठाया जा सके तो बाकी दो भी स्थिर होते हैं। बाकी दो हैं, (२) वायु और (३) मन। हठयोगी का सिद्धान्त है कि इनमें से किसी एक को भी यदि वश में कर लिया जाय तो दूसरे दो स्वयमेव वश में हो जाते हैं। एक-एक संक्षेप में विचार किया जा रहा है। यहाँ इतना और कह रखना उचित है कि कभी-कभी एक चौथी वस्तु की भी चर्चा शास्त्र में आ जाती है। यह है, वाक् या वाणी।

'अमरौघ शासन' में (पृ० ७) लिखा है कि मेरुदण्ड के मूल में सूर्य और चन्द्र के बीच योनि में स्वयम्भू लिंग है जिसे पश्चिम लिंग कहते हैं। यही पुरुषों के शुक्र और स्त्रियों के रज. स्खलन का मार्ग है। यही काम, विषहर और निरञ्जन का स्थान है। वीर्य स्खलन की दो अवस्थाएँ होती हैं। इन दोनों के पारिभाषिक नाम प्रलय-काल और विषकाल हैं। इन दो अवस्थाओं में जो आनन्द होता है वह घातक है। एक का अधिष्ठाता काम है और दूसरी का विषहर। तीसरी अवस्था नानाभाव विनि-र्मुक्त सहजानंद की अवस्था है, इसमें बिंदु ऊर्ध्वमुख होकर ऊपर उठता है, तब यह सहज समाधि प्राप्त होती है जिसमें मन और प्राण अचचल हो जाते हैं।[2] ब्रह्मचर्य और प्राणायाम के द्वारा इस बिन्दु को स्थिर और ऊर्ध्वमुख किया जा सकता है। परन्तु इसके लिए आवश्यक है कि नाड़ियों को शुद्ध किया जाय। हठयोग षट् कर्म के द्वारा यही कार्य करता है। इन शुद्धि की क्रियाओं का साधन ग्रन्थों में विस्तृत रूप से उल्लेख है। इनमें धौति है, वस्ति है, नेति है, त्राटक है, नौलि है, कपालभाति है—इन्हीं को षट्कर्म कहते हैं। नाड़ी के शुद्ध होने से बिन्दु स्थिर होता है, सुषुम्ना का मार्ग साफ हो जाता है, प्राण और मन क्रमशः अचचल होते हैं और प्रबुद्ध कुण्डलिनी परमेश्वरी सहस्रार चक्र में स्थित शिव के साथ समरस हो जाती हैं और योगी चरम माहत्म्य पा

---

१. उद्घाटयेत् कपाटं तु यथा कुञ्चिकया हठात्।
कुण्डलिन्या तथो योगी मोक्षद्वारं प्रभेदयेत् ॥—वही ३।१०१।

२. इस प्रसंग में 'अमरौघ शासन' में निम्नलिखित श्लोक हैं जिसमें वज्रयानी साधकों के पारिभाषिक शब्दों का व्यवहार जान पड़ता है। इन शब्दों के सावृत्तिक और पारमार्थिक अर्थ की बात हम कृष्णपाद (कानिपा) के प्रसंग में जान चुके हैं—

शक्तित्रयविनिर्भिन्ने चित्ते बीजनिरञ्जनात्।
वज्रपूजापवनाद् य. करोति स मन्मथ ॥
चित्ते सुप्ते मनोवृत्ति ऊर्ध्वमार्गाश्रितेऽनले।
उदामचलित रेतो मृत्युरेखामिव विदुः ॥

डांह डोम्बीघरे लागलि आगि (नी) ।
शशधर लइ (ए) सौँचह पानी ॥
न ओ खरज्वाला धूम न देख (ा)इ ।
मेरुशिखर लइ (ए) गगन पइसइ ॥
डाहइ हरि-हर ब्राह्म (ब्रह्म) भट्टा ।
फाटल होइ नवगुण शासन पट्टा ॥
भनइ धाम स्फुट लेहु रे ! जानो (नि) ।
पञ्चनालेँ उठि गेल पानी (नि) ॥

कमल कुलिशसँ तन्मध्यमे संयुक्त भेल अर्थात् शरीरस्था शक्ति शिवक मध्यविन्दुमे (ताहि परमतत्त्वक सङ्ग) संयुक्त भेलीह (कमल योनिक प्रतीक आ' कुलिश लिङ्गक प्रतीक, योनि लिङ्गक मध्य भागमे संयुक्त भेल, किन्तु योनि-लिङ्ग कुण्डलिनी-स्वयम्भूलिङ्ग अर्थात् शक्तिशिवक स्थूल सङ्केत मात्र अछि)। एहि (कुण्डलिनी-) योग द्वारा चण्डालीक, अर्थात् कुण्डलिनीशक्तिक तेजोमय शरीर जाग्रत भए गेल। हुनक निवास, अन्तःस्थ अङ्गुष्ठप्रमाण मात्र पाञ्चभौतिक शरीर, ओहि (कुण्डलिनीक) तेजसँ विनष्ट भए गेल, वासनादिक दृष्टिएँ। ओकर प्रखर ज्वाला शान्त कोना भेल ? शरीरस्थ चन्द्रमण्डलक शीतल अमृतसँ। आब ओ ज्वाला प्रखर नहि रहल, कालिम विकारक लेश धूमो नहि नयनगोचर रहल'-मेरुशिखरक आश्रित भएकेँ ओ प्राणशक्ति शून्यगगनमे प्रविष्ट भए गेलीह (आ' पुनः गगनस्वरूप महाशक्तिस्वरूप धारण कए लेलन्हि)। आब तँ ओहि शक्तिक तेजसँ हरि-हर-ब्रह्मा, सभ विग्रहवान् देवतागण (वा मूत्रशुक्रविष्ठानाड़ी), दग्ध भए गेल छथि [भेदभाव जाइत रहल, एक मात्र तत्त्व बँचि गेल परमशिव (शिव-शक्ति, परस्पराश्लिष्ट आ' परस्पराभिन्न)] नवपवनरूप नवगुणक एवं इन्द्रियशासनक पट्ट फाटि गेल । धाम कहैत छथि—हे योगिन् ! स्फुट (रूपमे) जानि लएह, उक्त पाँचो तत्त्व वा व्यक्ति, हरिहरब्रह्मा (वा मूत्रशुक्रविष्ठानाड़ी), पवन आ' इन्द्रिय पाँच नाल (नहरि, द्वारा)क काज कएलक, जकर सहायतासँ अद्वैतक शीतलभावना-जल, सामरस्यक शीतल आह्लाद दैत, प्रवाहित भेल। ई सभ हरिहरादि तत्त्व प्रारम्भमे सहायक भेल, द्वारा भेल, किन्तु परिणाममे शक्ति संयुत शिवतत्त्वक आ' पुनः तद्रूपत्व-अभेदक वा सामरस्यक अनुभव शीतल आनन्द देलक। सएह अभिप्राय।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

(discriminative consciousness) रहता है, इन सभी अवस्थाओं से उच्चतर स्थिति की प्राप्ति निर्माण या सहजावस्था में होती है।[१] यह स्थिति ही 'महासुख' दातृ है। प्रथम और अंतिम स्थिति को एक मानने का कारण यह है कि 'सहजावस्था' प्रथम अर्थ में आत्यंतिक स्थिति है, सृष्टि के पूर्व यह सहजावस्था (उपनिषद् का ब्रह्म या आत्मा) ही अपने को विषय और विषयी के रूप में विभाजित करती है और विषय एवं विषयी के नाश के बाद साधक शुद्ध स्वरूप में स्थित होकर 'सहज' हो जाता है। अतः इस दृष्टि से 'सहजावस्था' या 'सहज-काया' अंतिम स्थिति हुई = चतुर्थकाया।

द्वितीय अर्थ में सहजकाया ही निर्माणकाया है, 'कायावज्र' की प्राप्ति सहजसाधना द्वारा ही होती है, अतः साधक साधना के प्रारम्भ में किसी स्त्री (प्रज्ञा) के साथ योग प्रारम्भ करता है। इस साधना में मस्तक में स्थित बिन्दु = वीर्य = बोधिचित् = पुरुष-शक्ति को प्रज्ञा के मिलन द्वारा (रति—क्रिया) द्रवित किया जाता है, साधक का बोधिचित् (वीर्य) द्रवित होकर वज्रमणि (लिङ्ग) तक आता है और प्रज्ञा (योनि) में गिर कर न केवल बाह्य सृष्टि करता है अपितु साधक द्वारा बोधिचित् एवं प्रज्ञा के मिलन का यह आध्यात्मिक लक्ष्य समझ लेने पर, बाह्य रति-क्रिया आंतरिक शक्ति को जाग्रत कर देती है और इस शक्ति द्वारा मस्तक से स्खलित बिन्दु (वीर्य-बोधिचित्) को पुनः मस्तक पर ही पहुँचा दिया जाता है (ऊर्ध्व-रेतस्-योग) और योगी इस प्रकार 'सहज' (सम्भोग) साधना द्वारा शरीर स्थित शक्ति को ऊर्ध्व-संचरित करता है और अंतिम स्थिति (सहज काया—चतुर्थ अवस्था) को प्राप्त कर नित्य निर्द्वन्द्व हो जाता है। यही सहजानन्द है, प्रथम एवं अंतिम काया का ऐक्य यही है, स्खलन तथा ऊर्ध्व-संचरण, अधोमुख विकास (involution) तथा विकास (evolution) की एक साथ अनुभूति ही तांत्रिक बौद्धमत की विशेषता है। बाह्य और आंतरिक की एकता 'सहजयोग' के बिना असम्भव है, तंत्रों की यह घोषणा है, शैव एवं शाक्ततंत्र भी इसे स्वीकार करते हैं।

वज्रयोग—वज्रयान में 'वज्र' शब्द की बड़ी महिमा है। हिब्रू-ग्रीक रहस्यवाद में भी 'आदम' Adam शब्द का प्रयोग मिलता है। इसके दो

(१) दुर्वाररागमलावलिप्तोभयेन्द्रियात्मकतुर्यांतमोऽभिभूतसुषुप्तप्राणोत्पादितसदसत्स्वप्नानेकविकल्प भावसंज्ञात्मक जाग्रदवस्थाध्वंसके:............वही—पृष्ठ ५

कामनाओं से विलगकर चित्त को स्व में प्रतिष्ठित करना तथा प्राण तथा अपान के बीच मध्यम मार्ग का ध्यान करने से ललाट में बोधिचित् प्रज्ञापूर्ण होने पर और उपायआलिंगन से परमानन्द प्राप्त होता है। तत्पश्चात् इस आलिंगन से

There is no greater sin than discharge and 10 greater merit than bliss (arising from the motionless Bodhichit). Discharge is the progenitor of detachment and from ditachment (विराग) arises Sorrow and from Sorrow is the loss of Vital element and from the loss of Vital element Comes death.
Anintroduction to Tantric Buddhism—S. B. Das Gupta.

इस तथ्य से स्पष्ट है कि गुह्य-साधना में साधक अधिक से अधिक समय तक अस्खलित अवस्था में युगनद्ध रहकर, आंतरिक चित्तवृत्ति को क्षोभ रहित रखने का प्रयत्न करते थे। इसमें सफलता प्राप्ति के लिए ज्ञान एवं हठयोग दोनों की आवश्यकता है।

(२) कायिकं मानसं दुःख नावकाशं प्रदापयेत्।
सर्वसौख्यसमायुक्तः सिध्यते नात्रसंशयः—ज्ञानसिद्धिः—इन्द्रभूति

ज्वलित होकर चन्द्रनाड़ी स्रवित होती है, यही विरमानन्द है। तत्पश्चात् काय वाक्, चित्त और बिन्दु के अवसारन के समय—ज्ञाता-ज्ञेय भेद नष्ट होने पर 'सहजानन्द' प्राप्त होता है। कबीर आदि इसी को 'रामनाम का रस' कहते हैं। उपर्युक्त आनन्दों में प्रत्येक चार प्रकार का है।



इसी प्रकार ये आनन्द, चार काया, चार योग, चार अवस्थाएँ (जागृत, स्वप्न-सुपुप्ति, तुरीय) चार मुक्तियों आदि से भी सम्बद्ध हैं।

इन सोलह आनन्दों को सृजन का आनन्द कहा गया है। मैथुन जन्य आनन्द में इनकी प्रतीति होती है।[1] इनमें 'सहजानन्द' प्रथम और अंतिम है। अभिव्यक्ति के पूर्व यह विषय एवं विषयी के रूप में विभक्त हो जाता है। यही सारे गुणों का कोष है। यह स्वतः अभिव्यक्त होकर अपना आनन्द लेता है। शैवों का 'परमशिव तत्व' यही है।

दूसरी दृष्टि से 'सहजानन्द' योग-साधना का प्रथम सोपान है। अभिषेक के समय शिष्य को प्रज्ञा (स्त्री) के पास गुरु ले जाता है और शिष्य मैथुन में रत होता है। 'सहजानन्द' बिन्दु के रूप में मस्तक में स्थित रहता है, वह द्रवित होकर निम्नगामी बनकर वज्रमणि (लिङ्ग) तक आ जाता है। योगी इसी क्षरण-काल में बिन्दु (वीर्य) की पुनः उष्णीश (मस्तक) तक पहुँचाता है।

---

(1) Sixteen Anandas, which are creative joys appearing

IV मूत्रत्यागकारिणी नाड़ी	अमोघसिद्धि	(वायुतत्व)
V मध्यनाड़ी (अवधूती या सुषुम्णा)	अक्षोभ	(शून्यतत्व)
VI वीर्य-नाड़ी (ज्ञानवाहिनी)	वज्रसत्व	

रेचक, पूरक, कुम्भक आदि योग से चन्द्र (ललना) सूर्य (रसना) नाड़ियों की शुद्धि के बाद इन्हें छोड़कर मध्यमार्ग (अवधूती) का अवलम्बन करने से प्राणयोग सिद्ध होता है। इस नाड़ी योग में चार चक्रों को पार करना पड़ता है। नाभिस्थान में निर्माण चक्र है, हृदय स्थान में सम्भोग चक्र, कंठ में धर्म और शीश में उष्णीश चक्र है। इस प्रकार बौद्ध तंत्र षट्चक्रों में चार चक्र ही मानते हैं। सेकोद्देश टीका में ललाट एवं उष्णीश में अलग-अलग चक्र माने गए हैं। उष्णीश ही बिन्दु स्थान है। यहीं मध्यमार्ग द्वारा प्राण को चढ़ाकर रोका जाता है। इसी को 'धारणा' कहते हैं। प्रत्याहार एवं प्राणायाम दोनों में ध्यान सम्मिलित है। ध्यान से ही 'धारणा' प्राप्त होती है। 'जप' भी साथ-साथ चलता है, इसी को 'वज्रजप' कहा है। 'वज्रजप' की अवस्था में प्राण वायु का ललना एवं रसना में संचरण निषिद्ध है। प्राणायाम धारणा का उपसाधन है। धारणा के बल से नाभिस्थल में ज्वलित 'चण्डाली' (शक्ति-देवी) को देखता हुआ योगी बार-बार इस महामुद्रा का 'अनुस्मरण' करता है।[1] यही अनुस्मृति है अर्थात् धारणा के अन्त में चण्डाली की भावना की जाती है। इस अवस्था में ज्ञान की अग्नि से स्कन्ध, धातु, आयतन आदि दग्ध हो जाते हैं। चण्डाली की ज्ञान-शिखा से ललाट में चन्द्रस्थान में स्थित बोधिचित् बिन्दुरूप में द्रवित होकर कण्ठ, हृदय, नाभि और गुह्यकमल (लिंग) तक आ जाता है। इसी बिन्दुपात अनुभूति कराने के लिए मैथुनान्त में वीर्य-क्षरण का दृष्टान्त दिया गया है। मैथुन जन्य आनन्द से यह योगजन्य 'बिन्दुपात' का आनन्द करोड़ों गुना अधिक होता है।

जिस प्रकार तत्वज्ञानी मैथुन रत होकर वीर्य को इच्छानुसार रोक सकता है, उसी प्रकार प्राण-योग द्वारा 'बिन्दु' को पुनः उष्णीश तक पहुँचा कर योगी 'अक्षर' हो जाता है। मैथुन सुख से योगज सहजानन्द महत्तर है। योगज आनन्द

(१) प्रारम्भिक अनुभूत सोपानों का स्मरण भी अनुस्मृति कहलाता है।

भी 'सहजानन्द' कहलाता है, क्योंकि इन्द्रियों का आनन्द तो इसी का एक रूप मात्र है।[1]

21:13

भी 'सहजानन्द' कहलाता है, क्योंकि इन्द्रियों का आनन्द तो इसी का एक रूप मात्र है।[१]

शून्यता का नाम ही समाधि है। ग्राह्य-ग्राहक भाव विरहित, सभी आवरणों से अतीत अवस्था ही शून्यतावस्था है। चित्त की एकता के कारण यह अक्षयसुखावस्था है। अक्षरसुख का नाम ही समाधि है।[२]

इस हठयोग में प्रत्याहार आदि से नाद के अभ्यास से प्राण को मध्यमार्ग में प्रवाहित कर उष्णीश में बोधिचित्त बिन्दु को निरुद्ध कर अक्षर क्षण की साधना की जाती है।

हिन्दूतंत्रों में कुंडलिनी शक्ति मूलाधार चक्र में स्थित मानी गई है, परन्तु यहाँ शक्ति नाभि में स्थित मानी जाती है, प्राणायाम द्वारा यहीं से यह दण्डरूप में ऊपर उठती है। मध्यनाड़ी में होकर यह शक्ति चक्रों को पार करती हुई है, मृदु ललित गति से ऊर्ध्व-गमन करती हुई उष्णीश तक जाती है।

खसमावस्था : उष्णीश को भेदकर 'खेचरत्व' प्राप्त होता है, गगनवत् चेतना निर्मल होकर स्वरूप में स्थित हो जाती है, द्वन्द्व मिट जाते हैं। कल्मष बादलों के समान नष्ट हो जाते हैं, निरभ्र आकाशवत् 'चेतना' अक्षय शांति को प्राप्त होती है। बाह्य विश्व इस अवस्था में स्वप्नवत् प्रतीत होता है, भूत, वर्तमान भविष्य का ज्ञान अकस्मात् होता है। स्वर्गादि लोक स्पष्ट दीखते हैं। संकल्पमात्र से सृष्टि करने की शक्ति उत्पन्न होती है। 'महासुख' प्राप्त होता है। इसी ज्ञान को 'ताथागत' ज्ञान कहा गया है। अप्रकम्प्यस्वभावी होने से यही ज्ञान, अक्षोभ्य, ज्ञान सत्वार्थ होने से, रत्न सम्भव, अलिप्त एवं असंख्य गुण संयोगी होने से अमिताभ, बन्धन

---

(१) ततश्चण्डाल्या ज्ञानार्चिषा चन्दे द्रुते सति यद्बोधिचित्तं बिन्दुरूपेणाधोगतं कण्ठे हृदि नाभौ गुह्यकमल आनन्दपरमविरमस्वभावेन। ततो वज्रमणि यावत्सहजानन्द स्वभावेनेति। अथवा विचित्र विपाक विमर्द विलक्षण स्वभावेनेत्येवं षोडशकलापूर्णं मण्यन्तर्गतं यदा सुखं ददाति भावनाबलेन............सदृशमिति दृष्टान्तमात्रं स्वरूपतो द्वीन्द्रियजं.........कोटीसहस्रतमीमपि कला नार्हति परमाक्षर सुखस्येति। (सेकोद्देशटीका, पृष्ठ ४२)

(२) इह ग्राह्यग्राहक चित्तयोरेकत्वेन यदक्षर सुखं भवति तत्सुखं समाधिरुच्यते—वही, पृष्ठ ४५

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि वज्रयान में सभी बौद्ध सम्प्रदायों एवं सिद्धान्तों का समन्वय प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया गया है। इसीलिए तंत्र को धर्म का सार कहा गया है। शैवधर्म में काश्मीर सम्प्रदाय जिस प्रकार प्रत्येक कार्य त्रिक सिद्धान्तानुसार तीन तत्वों से निकालता है उसी प्रकार वज्रयान चार तत्वों द्वारा साधना-पद्धति को समझाता है।

'हेवज्रतंत्र' में चक्रों के स्थानों में कुछ अंतर दिखाया गया है। निर्माणचक्र योनि या लिङ्ग के निकट, धर्मकाया हृदय एवं सम्भोग काया चक्र कंठ के पास बतलाया गया है।[1]

वज्रजप : प्राणवायु के शासन के द्वारा, वायु को मध्यममार्ग में प्रविष्ट कर चक्रों का भेदन किया जाता है और उष्णीष चक्र में वायु पहुँचाकर योगी 'खसमावस्था' को प्राप्त होता है। प्राणवायु के इस शासन को ही 'वज्रजप' कहा गया है, शब्दों का उच्चारण वास्तविक जप नहीं है। ओ३म् के तीन भाग पूरक, कुम्भक एवं रेचक हैं। प्राणवायु के अनुशासन की क्रिया साथ-साथ जो जप किया जाता है। वही फल देता है।

प्रत्याहार, ध्यान, धारणा, अनुस्मृति एवं समाधि द्वारा यह षडङ्ग योग पूर्ण होता है। मुद्रा, बन्ध तथा आसन भी इसी में सम्मिलित हैं। आसनों में वज्रोली, सहजोली तथा अमरोली आदि हैं। मुद्राओं में खेचरी, महामुद्रा आश्विनमुद्रा आदि हैं। बन्धों में मूलबन्ध, महाबन्ध, जालंधर बन्ध आदि हैं, नाड़ियों व मांसपेशियों का आंकुचन, विकोचन ही बध है। खड़ङ्गयोग में कुशल हो जानेपर वीर्य का स्खलन नहीं होता और बोधिचित के निम्न प्रवाह को योगी इच्छानुसार उलट कर ऊपर चढ़ा सकता है, यही अर्ध्व रेतस् योग है।

बौद्ध तंत्रानुसार भुक्ति एवं मुक्ति दोनों एक साथ प्राप्त होती हैं। योग द्वारा शक्ति जाग्रत हो जाने पर योगी नाना चमत्कार कर सकता है।

सिद्धि-प्राप्ति : प्रज्ञोपाय द्वारा सम्बुद्धि प्राप्ति के अतिरिक्त चमत्कारक सिद्धियों की प्राप्ति भी बौद्ध-योग से होती है। वस्तुतः इन लौकिक सिद्धियों के कारण बौद्ध योगी 'सिद्ध' कहलाये। तांत्रिकों में भुक्ति एवं मुक्ति को एक साथ प्राप्त करने के

---

(1) An Introduction to Tantric Buddhism. Dr S. B. Das Gupta.

सुषुप्ति : वेदितावस्था के परे सुषुप्ति है।

अमावस्या प्रतिपदा : प्राण सूर्य है, अपान चन्द्र है, प्राण के आक्रमण से चन्द्र एक एक कला को छोड़ता चलता है, अन्त में अमावस्या को चन्द्र सूर्य में विलीन हो जाता है, पुनः चन्द्र उदित होता है, चन्द्र में १६ कलाएँ हैं जिनमें केवल १५ ही विलीन होती हैं, 'षोड़शी कला' क्षीण नहीं होती, 'प्रतिपदा' में पक्षों की संधि होती है।

अमृत : सूर्य जब चन्द्र को निगलता है तो चन्द्र अमृत छोड़ता है, राहु इसी अमृत को पीता है। रवि के बिम्ब में स्थित चन्द्र बिम्ब के पास ही 'राहु' रहता है। राहु अमृत को पीकर चन्द्र बिम्ब को छोड़ देता है, यही 'ग्रहण-मुक्ति' कहलाती है। इन तीनों के संघट्ट से अद्वय-स्थिति प्राप्त होती है। सूर्य प्रमाता है और चन्द्र प्रमेय है, इन दोनों को राहु आच्छादन करता है, क्योंकि राहु माया है, इन तीनों का संघट्ट ज्ञान-शक्ति द्वारा, प्राण शासन के उपरान्त हो सकता है, यही 'महाग्रहण' है यही 'पुण्यकाल' है।

सूर्य-ग्रहण अमावस्या को होता है, शुद्ध प्रतिपदा को भी कभी-कभी होता है, सूर्य से चन्द्र का अलग हो जाना ही मोक्ष है। अर्थात् अपान के प्राण से अलग हो जाने पर ही मोक्ष होती है। ग्रहण(चन्द्र—अपान) ही प्रमेय है और ग्राहक (सूर्य-प्राण) ही प्रमेय है, दोनों के क्षय से मुक्ति सम्भव है। इस समय में जपादिका फल अवश्य होता है।

ज्योतिष : स्वरोदयशास्त्र का सम्बंध ज्योतिष से भी है, प्रत्येक अंगुल में पाँच तिथियाँ होती है, ३० तिथियों का एक मास होता है। तालु में प्राण का प्रवेश ही चैत्र मास है, मंत्र-ग्रहण का श्रेष्ठ समय यही है।

तुटि से लेकर कल्पादि तक का ज्ञान होने पर योगी काल का ध्यान करता है। प्राणानुशासन से क्रमशः तुटि से कल्पादि पर्यन्त ध्यान होता है। योगी सहज ही तुटि से लेकर १२ वर्ष तक की तिथि, मास, वर्षादि को ध्यान में ला सकता है परन्तु सहसा दीर्घकाल का ध्यान फल नहीं देता। पराकाष्ठा को प्राप्त योगी दीर्घ-काल का भी ध्यान कर सकता है। ऐसा योगी शिवी-भाव में लीन हो जाता है, काल-विजय करके 'महाकाल' हो जाता है। नियति, काल, राग, विद्या, कला सबका लय हो जाता है।

चमत्कार-सृष्टि : सुषुम्णा में प्राण के संचार एवं निर्गम के साथ मानस जप ही सृष्टि के लय एवं प्रलय का कारण है, सारे वैचित्र्य का कारण यही क्रिया है। अतः शरीर का वैचित्र्य यही कुछ भी उपयोगी नहीं है, सारे चमत्कारों का स्रोत यही आंतरिक-क्रिया है।

मानस जप में प्राण-शक्ति के उदय, संगम और शान्ति में जप किया जाता है अर्थात् प्राण शक्ति के उदय-स्थान कुंडलिनी स्थान में हृदय देश में तथा प्राण शक्ति जहाँ शांत होती है उस ऊर्ध्व प्रदेश में जप होता है। जप में प्राण दो बार चक्कर काटता है। प्राण का विकास एवं आकुंचन दोनों होता है। प्राणों की साम्यावस्था सुषुम्ण में होती है। जप के सात स्थान भी कहे गए हैं उदय, संगम, शांत के अतिरिक्ति प्राणापान प्रवाह रूप में, अक्ष नाड़ी-चक्र के सूत्रों में, हृदय देश के 'हंस' नामक स्थान में, सहस्रार में अतः सप्त प्रकार जप भी कहा गया है। यही मानस जप है। अजपा जाप है। इसमें प्रत्येक क्रिया करते रहने पर भी अंतस् में जप चलता रहता है।[1]

देशाध्वा : शैव-शासन में सारा ध्यान चैतन्य पर केन्द्रित है, सारी साधनाएँ चैतन्य से रहित व्यर्थ मानी जाती हैं, चैतन्य के अतिरिक्त अन्य किसी की सत्ता यहाँ स्वीकृत नहीं है। अतः शैवों का दृढ़ मत है कि भुवनों का वर्णन कल्पित है, शिष्यों को समझाने के लिए ही केवल लोकादि की कल्पना है। तंत्र शब्द का अर्थ ही विस्तार है, भुवनादि के वर्णन का विस्तार कर शिष्य को वस्तुतः चैतन्य का ज्ञान ही कराया जाता है, अतः इस प्रकार के वर्णन गौण हैं। इसके अतिरिक्त 'ध्यान' के लिए भी लोकादि की कल्पना की जाती है।

अतः भुवनादि का ज्ञान प्राप्त कर उनका ध्यान करना चाहिए। इस प्रकार का ध्यान करने से 'सालोक्य' मुक्तिप्राप्त होती है, जिस देवता का ध्यान जिस भुवन में होता है, श्रीकंठ शिव उसी लोक में, उसी देवता के रूप में व्यक्त होते हैं। अतः विभिन्न लोकों में स्थित ईशों की उपासना भक्ति-भाव से विधेय है, इससे साधक लोक विशेष के ईशविशेष में लीन होगा और क्रम-क्रम से अन्य ईशों में लीन होता हुआ अंत में 'महेश' में लीन हो जायगा।

---

१. द्रष्टव्य-तंत्रा० ३१ आ०

भूल परी भवसागर आई, मन रह्या मोहन मांहीं।
मुरली टेर सुनी दूलह की, दध मटकी फोर गवाहीं।। ३३।
घरौं लरैगी सास सखी री, और ननदी को भैया।
कांठै खरी गुजरिया कूकै, ल्यारे मलहा नैया।। ३४।
गहरा समंद बली नहीं लागै, कैसे ल्याऊँ नौका।
भँवर परत भै मानत हंसा, गहरा सरवर औखा।। ३५।।
मैं दधि बेचन गई सखी री, मन मोहन कूँ लूटी।
मुरली मधुर अधर धुनि मोही, सास नणद से छूटी।। ३६।।
दधि का मोल देत हैं हम कूँ, मटकी का नहीं लेखा।
तुम्हरै भी घर तांगा तुरसी, देख्या कान्हा देख्या।। ३७।
शून्य शिखर में सूरति नगरी, जहां मुझ कान्ह बुलावै।
अजब रंगीला निर्गुण लीला, मधुरे बैंन सुनावै।। ३८।।
गगनि हमारे बाजे बाजै, नौ दस में पर ध्यानं।
मानसरोवर हंस हिरंबर, सुखसागर अस्नानं।। ३९।।
त्रतीजन पर तारी लागी, तन खोजे मन पाया।
बाय बिंद उलटि ब्रह्म ज्ञानी, निज मन घर में आया।। ४०।।
निज मन की है निरभै नगरी, संख कला शशि भाना।
दोजख बहिश्त नहीं जहां दोऊ, पाया पद निरबाना।। ४१।।
शून्य समाधि अगाध अगोचर, मुनिवर महल न पावैं।
शिव शंकर से द्वारे ठाढे, नेति नेति यश गावैं।। ४२।।
ब्रह्मादिक सनकादिक नारद, शेष सहंस फुनि गावै।
विष्णु बिश्वंभर भक्ति हिरंबर, ररंकार धुनि ध्यावै।। ४३।।
ररंकार निज मूल मंत्र है, जाप अजपा सोई।
मूल चक्र और सहंस कँवल दल, पूर रह्या निरमोही।। ४४।।
राम रहीम करीमा केशो, अलह अलेख अनाथा।
बाजीगर करतार विश्वंभर, जामें भिन्न न भांता।। ४५।।
बेचगूंनि चिन्तामणि स्वामी, मौले मगन मुरारी।
साहिब समरथ चोखा अमृत, रहता शून्य अधारी।। ४६।।
निर्गुण सरगुण दहूँ से न्यारा, गगन मंडल ग लतानं।
निर्गुण कहूँ तो गुण किन्ह कीने, सरगुण कहूँ तो हानं।। ४७।।
निर्गुण सरगुण से है न्यारा, शब्द अतीत अमोलं।
निर्गुण मन माया ब्रह्म ज्ञानी, सरगुण काया खोलं।। ४८।।
केते सुर नर मुनि जन अटके, धर निर्गुण का ध्यानं।
कथा कीर्तन गावन ध्यावन, निर्गुण सरगुण हानं।। ४९।।
मूल मंत्र का भेद लखाऊँ, जिन निर्गुण सर्गुण कीन्ह्या।

गरीब, प्रपट्टन की पीठ में, सतगुरु ले गया मोहि। सिर साटे सौदा हुआ, अगली पिछली खोहि ।।६७।।
गरीब, प्रपट्टन की पीठ में, सतगुरु ले गया साथ। जहां हीरे मानिक बिकैं, पारस लाग्या हाथ ।।६८।।
गरीब, प्रपट्टन की पीठ में, है सतगुरु की हाट। जहां हीरे मानिक बिकैं, सौदागर स्यूं साट ।।६९।।
गरीब, प्रपट्टन की पीठ में, सौदा है निज सार। हम कूँ सतगुरु ले गया, औघट घाट उतार ।।७०।।
गरीब, प्रपट्टन की पीठ में, प्रेम प्याले खूब। जहां हम सतगुरु ले गया, मतवाला महबूब ।।७१।।
गरीब, प्रपट्टन की पीठ में, मतवाले मस्तान। हम कूँ सतगुरु ले गया, अमरा पुर अस्थान ।।७२।।
गरीब, बंकनाल के अंतरे, त्रिवैणी के तीर। मानसरोवर हंस हैं, बानी कोकिल कीर ।।७३।।
गरीब, बंकनाल के अंतरे, त्रिवैणी के तीर। जहां हम सतगुरु ले गया, चुवें अमीरस छीर ।।७४।।
गरीब, बंकनाल के अंतरे, त्रिवैणी के तीर। जहां हम सतगुरु ले गया, बंदी छोड कबीर ।।७५।।
गरीब, भँवर गुफा में बैठ करि, अमी महारस जोख। ऐसा सतगुरु मिल गया, सौदा रोकम रोक ।।७६।।
गरीब, भँवर गुफा में बैठ करि, अमी महारस तोल। ऐसा सतगुरु मिल गया, बजर पौलि दई खोल ।।७७।।
गरीब, भँवर गुफा में बैठ करि, अमी महारस जोख। ऐसा सतगुरु मिल गया, ले गया हम परलोक ।।७८।।
गरीब, पिंड ब्रह्मंड से अगम है, न्यारी सिन्धु समाध। ऐसा सतगुरु मिल गया, देख्या अगम अगाध ।।७९।।
गरीब, पिंड ब्रह्मंड से अगम है, न्यारी सिन्धु समाध। ऐसा सतगुरु मिल गया, दिया अखै प्रसाद ।।८०।।
गरीब, औघट घाटी ऊतरे, सतगुरु के उपदेश। पूर्ण पद प्रकासिया, ज्ञान जोग प्रवेश ।।८१।।
गरीब, सुंनि सरोवर हंस मन, न्हाया सतगुरु भेद। सुरति निरति परचा भया, अष्ट कँवल दल छेद ।।८२।।
गरीब, सुंनि बेसुंनि से अगम है, पिंड ब्रह्मंड से न्यार। शब्द समाना शब्द में, अविगत वार न पार ।।८३।।

गरीब, सतगुरु कूँ कुरबान जां, अजब लखाया देश। पारब्रह्म प्रवान है, निरालंब निज नेश ।।८४।।
गरीब, सतगुरु सोहं नाम दे, गुज बीरज बिस्तार। बिन सोहं सीझै नहीं, मूल मंत्र निज सार ।।८५।।
गरीब, सोहं सोहं धुन लगै, दरदबंद दिल मांहि। सतगुरु परदा खोल हीं, परालोक ले जांहि ।।८६।।
गरीब, सोहं जाप अजाप है, बिन रसना होइ धुंनि। चढ़े महल सुख सेज पर, जहां पाप नहीं पुंनि ।।८७।।
गरीब, सोहं जाप अजाप है, बिन रसना होइ धुंनि। सतगुरु दीप सनीप हैं, नहीं बसती नहीं सुंनि ।।८८।।
गरीब, सुंनि बसती से रहित है, मूल मंत्र मन मांहि। जहां हम सतगुरु ले गया, अगम भूमि सत ठांहि ।।८९।।
गरीब, मूल मंत्र निज नाव है, सुरति सिन्धु के तीर। गैबी बानी अरस में, सुर नर धरैं न धीर ।।९०।।
गरीब, अजब नगर में ले गया, हम कूँ सतगुरु आन। झलकै बिंब अगाध गति, सूते चादर तान ।।९१।।
गरीब, अगम अनाहद द्वीप है, अगम अनाहद लोक। अगम अनाहद गवन है, अगम अनाहद मोख ।।९२।।
गरीब, सतगुरु पारस रूप हैं, हमरी लोहा जात। पलक बीच कंचन करैं, पलटैं पिंड रु गात ।।९३।।
गरीब, हम तो लोहा कठिन हैं, सतगुरु बनै लुहार। जुगन जुगन के मोरचे, तोड़ि घड़ैं घनसार ।।९४।।
गरीब, हम पशुवा जन जीव हैं, सतगुरु जाति भिरंग। मुरदे से जिन्दा करैं, पलट धरत हैं अंग ।।९५।।
गरीब, सतगुरु सिकलीगर बने, यौह तन तेगा देह। जुगन जुगन के मोरचे, खोवै भरम संदेह ।।९६।।
गरीब, सतगुरु कंद कपूर है, हमरी तुनका देह। स्वांति सीप का मेल है, चन्द चकोरा नेह ।।९७।।
गरीब, ऐसा सतगुरु सेईये, बेग उधारै हंस। भौसागर आवै नहीं, जौरा काल विधंस ।।९८।।
गरीब, पट्टन नगरी घर करै, गगन मंडल गैंनार। अलल पंख ज्यूं संचरै, सतगुरु अधम उधार ।।९९।।
अलल पंख अनुराग है, सुंनि मंडल रहै थीर। दास गरीब उधारिया, सतगुरु मिले कबीर ।।१००।।

अथ सुमिरन का अंग

गरीब, ऐसा अविगत राम है, आदि अंत नहीं कोय। वार पार कीमत नहीं, अचल हिरंबर सोय ।।१।।
गरीब, ऐसा अविगत राम है, अगम अगोचर नूर। सुंन सनेही आदि है, सकल लोक भरपूर ।।२।।
गरीब, ऐसा अविगत राम है, गुन इन्द्रिय से न्यार। सुंन सनेही रमि रह्या, दिल अंदर दीदार ।।३।।
गरीब, ऐसा अविगत राम है, अपरम पार अल्लाह। कादर कूँ कुरबान है, वार पार नहीं थाह ।।४।।
गरीब, ऐसा अविगत राम है, कादर आप करीम। मीरां मालिक मेहरबान, रमता राम रहीम ।।५।।
गरीब, अलह अविगत राम है, बेचगूंन चित्त मांहि। शब्द अतीत अगाध है, निर्गुण सरगुन नांहि ।।६।।
गरीब, अलह अविगत राम है, बेचगूंन निरबान। मौले मालिक है सही, महल मढ़ी नहीं थान ।।७।।
गरीब, अलह अविगत राम है, निराधार आधार। नाम निरंतर लीजिये, रोम रोम की लार ।।८।।
गरीब, अलह अविगत राम है, निरबानी निरबंध। नाम निरंतर लीजिये, ध्यान चकोरा चंद ।।९।।

सुरति निरति के लगे बंधाना, गहरौ बांस गड्यौ रे। तिहरी ऊपरि नाच हमारा, ज्ञान का ढोल मढौ रे ॥१॥
ताता थेई ताना नाना, चूकत खंडत हडौ रे। अधर धार पर कला लगावै, जो विद्या भगल पढ्यौ रे ॥२॥
अभैदान सतगुरु मुझ दीन्हा, नाच को दान कढ्यौ रे। दास गरीब अमर जहां गदली, बहु विधि लाड लड्यौ रे ॥३॥५॥

घट में अविगत लाल लखे री ॥टेक॥

ऋग यजु साम अथरवन गावै, शिव ब्रह्मा विष्णु थके री। अर्श खुमारी फूल चवंते, प्याले प्रेम छिके री ॥१॥
भीतर बाहरि बाहरि भीतर, ढकनैं नाहि ढके री। अर्श अंगूरी बाग लगे हैं, फल बेदान पके री ॥२॥
गगन मंडल गुलजार गलीचा, धूंनी ध्यान सुखे री। हम सौदागर सतगुरु भेजे, दास गरीब मुके री ॥३॥६॥

अथ राग बसंत

अमरपुरी जहां अगर दीप, सतलोक काया सनीप ॥टेक॥

शुन्य मंडल का कहूँ भेव, सुर नर मुनि जन भूले देव। निश्चल नीम करौ इक ठाम, बारू में नहीं बसै गाम ॥१॥
मूल कँवल काया कुदली चीन्ह, गुदा कँवल थिरि कंदर्प सीन। नाभ कँवल कूँ निश दिन सोध, कहा पढ़त है ठारा बोध ॥२॥
रवनपुरी में राग अनूप, ध्यान धरौ नहीं छाया धूप। हिरदे कँवल अजपा जाप, बिन रसना गुण सोहं लाप ॥३॥
कण्ठ कँवल त्रिबैनी तीर, अठसठ तीरथ निर्मल नीर। शब्द महोदधि गरजें सिंध, रतनागर सागर अति आनन्द ॥४॥
मानसरोवर मुकता मेल, जहां हंस कतूहल करते केल। जगमग जोती झिलमिलाट, हंसा उतरैं औघट घाट ॥५॥
अगम भूमि जहां अगम ठांम, ध्यान धरो जहां आठौं जाम। दास गरीब जहां पद निवास, जिस तखत कबीरा है खवास ॥६॥

अविगत आनन्द अति बसंत, जहां पारब्रह्म है दूलह कंत ॥टेक॥

सतपुरुष एक निराधार, आदि अंत नहीं वार पार। निरगुण निरभै निज अनूप, सार शब्द है सत सरूप ॥१॥
जहां कोटिक शेष महेश जानि, पारब्रह्म का धरै ध्यान। ब्रह्मा विष्णु रहै कर जोरि, गिनती लेखा नाहीं और ॥२॥
नारद सनकादिक सनीप, ध्यान धरत हैं अगर दीप। अगरदीप में पौहप गंध, भँवर परै हैं बिरहै फंध ॥३॥
धू प्रहलाद समाधि सेव, जहां गोरख दत्त दिगम्बर देव। सुलतानी बाजीद बिलास, सूजा सैंन रंगे रैदास ॥४॥

भरथरी गोपीचंद विनोद, खेल्या चाहै तो काया सोध। जहां पीपा धन्ना धरत ध्यान, नानक नामा पद समान ॥५॥
जनक बिदेही शुकदे संगि, अनंत संत जहां रंगे रंग। दादू दावा किया दूर, गगन मंडल में बाजैं तूर ॥६॥
उड़त अबीर गुलाल लाल, जहां संख झालरी बजैं टाल। केसर की पिचकारी पाख, पारब्रह्म जहां बैठ्या ताख ॥७॥
बाजैं झालरि अधक झांझि, दो फारै निश बासर सांझ। दास गरीब निज पद जुहार, जिस तखत कबीरा चौंरा ढार ॥८॥

कोई है रे हमरे देश का। जो ध्यान धरै सुंनि शेष का ॥टेक॥

तन मन मंजन करै पाख, सुनि सांई सतगुरु की साख। सुरति कँवल परि ध्यान धारि, मीन खोज जैसे सिंधि फारि ॥१॥
दिव्य दृष्टि देवा दयाल, सोहं बानी अति रिसाल। अनरागी अनहद बसंत, तत्तदर्शी कोई लखै संत ॥२॥
पद परसी परवर दिगार, गगन मंडल में निराधार। सुरग रिसातल है अखण्ड, चढ़ि देखो संतो पवन दण्ड ॥३॥
संख भुजा मौले मुकंद, चलि देखो संतो शब्द सिंध। जहां बरषै नूर अखण्ड धार, लखि मौले मुरशद का दीदार ॥४॥
शब्द सिंध में शब्द गाज, अनहद बाजै अति आवाज। सतपुरुष सरवर शरीर, जहां दास गरीब खेवट कबीर ॥५॥

कोई है रे हमरे गाम का। पद चीन्हैं रमता राम का ॥टेक॥

जहां अछै बिरछ आनंद रूप, सुरति निरति सोहं सरूप। गगन मंडल दिवान आम, चलि देखो संतो अगम धाम ॥१॥
तरुवर शाखा गहबर गंध, जहां झिलकैं सूरजि कोटि चंद। समाधान संगीत सोय, जहां बिन सतगुरु नहीं मिलन होय ॥२॥
सेज सुरंगी सबज भांति, जहां बिन ऋतु बरषैं सदा स्वांति। दामनि दीरघ अजब ख्याल, जहां छह ऋतु बरषत है दयाल ॥३॥
बिना सीप मोती मुरार, बिन चिसम्यौं देखो अति निहार। जहां मानसरोवर मुक्ति धाम, भुजा दण्ड पौंनी बियांम ॥४॥
हंस करीला अलल अंग, जहां अनहद बानी अति उपंग। छत्र सिंघासन सेत जानि, जहां पीतांबर चिक रहै तानि ॥५॥
पल पलड़्यौं मोती जुहार, चलि अगमी ऐंनक देखि यार। चिक अंदर मंदिर मुकाम, दास गरीब बसै शुन्य गाम ॥६॥

उत्पत्ति मानते हैं। वही आदि है, मूल है।[१] कबीर के ओंकार सम्बन्धी विचारों पर नाथों से तुलना करते हुए डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने कहा है कि 'स्थूल वेद यज्ञ-याग का विधान करते हैं, योगियों को इससे कोई वास्ता नहीं। उनका मतलब समस्त वेदों के मूलभूत ओंकार मात्र से है। क्योंकि ओंकार ही वेद का सार है। कबीरपंथ में भी स्थूल वेद और सूक्ष्म वेद की कल्पना की गई है।......'ज्ञानचौंतीसा' के आदि में कबीरदास ने मानों इसी मत का समर्थन करते हुए कहा है कि जो ओंकार या प्रणव को जानता है, वह उस पराशक्ति को जानता है जो लिखकर मिटा सकती है अर्थात् जो सब कुछ करने में समर्थ है। और इसके बाद ही शायद ओंकार पर बहुत अधिक जोर देनेवाले इन योगियों को लक्ष्य करके कहा है कि ओंकार की बात तो सभी किया करते हैं, पर इसे समझ सकनेवाले बिरले ही हैं।[२] संतों के साहित्य में, विशेषकर कबीर के साहित्य में प्रणवसाधन का विस्तृत निरूपण उपलब्ध नहीं। अजपाजाप का वर्णन पहले ही हो चुका है। 'सोऽहं' वस्तुतः हंसपवन का ही सिद्ध रूप है। 'हंस' का 'सोऽहं' में परिवर्तन अथवा विपरीतकरण भी साधन है और इसके साथ भी साधक की भावसाधना संबंधित है। अद्वैतानुभूति के लिये इसकी व्याख्या में कहा जाता है कि हं और स दो प्रकार के पवनों की ओर संकेत करते हैं। हंस पवन का 'लौ' में क्रीड़ा करना 'सोऽहं' में परिवर्तन है जिसमें प्रपंच, प्रसारित हाट का संहार होता है, मेल होता है।[3] श्वास की दोनों क्रियाओं में 'हं-स' की ध्वनि होती है किन्तु साधन करने पर इसी ध्वनि का परिवर्तन अथवा दिव्यान्तर होता है। 'हंस' सांसारिक प्रक्रिया की ओर संकेत करता है और 'सोऽहं' पारमार्थिक प्रक्रिया की ओर। पलटू ने 'सोहंगम' शब्द की ध्वनि का उदय आठवें महल में माना है। यह आठवाँ महल सात चक्रों से भी ऊपर परमपद का स्थान प्रतीत होता है। अन्यत्र उन्होंनें 'सोऽहं' वाणी का उदय भँवर गुफा में माना है।[४] कबीर ने इसी 'सोऽहं' का जप करने के लिये कहा है। सुंदरदास (छोटे) ने प्राणायाम के साथ 'सोऽहं' साधना का उल्लेख गोरख के मत के अनुसार किया है।[५]

---

[१] क० ग्रं०, पृ० १२६-१२७ पद १२१; पृ० २४४।

[२] कबीर, पृ० ३४; बीजक, पृ० २४६, टीका भी द्रष्टव्य।

[3] क० ग्रं०, पृ० १८८-१८९ पद २९६।

[४] संतकाव्य, पृ० ५२७,५२९।

[५] संत कबीर, पृ० २२६-२२७, पद १९ तथा उसकी टीका; सुंदर ग्रंथावली, भाग १, पृ० ४७-४८।

राम नाम का मिणका कीजै

फूलीबाई

राम नाम का मिणका कीजै।
सुरत तार में पोय'र लीजै॥
सांस उसास सिंवरीयै रामा।
तो बाबो सारै सबही कामा॥
राम नाम सूं बांणक बण्या।
राम नाम चूको मत ठाणा॥
राम नाम बिन झूठी करणी।
ज्यूँ बीज बिना सुधारी धरणी॥
माला मिणकां सूँ क्या होई।
यूँ तो राम न पावो कोई॥
सांचै मन सूँ सिमरण कीजै।
फूली सिर बाबै कूं दीजै॥

स्रोत :

है, वैसे ही सत्संग से पदोन्नति होती है। साधु लोग स्वच्छ सफेद रुई की भांति इस प्रकार के रंग ग्रहण करने वाले होते हैं किन्तु काली ऊन के समान दुष्ट पुरुषों पर दूसरा रंग हो नहीं चढ़ता[1]। साधु पुरुषों की संगति से चंचल मन भी शांत हो जाता है[2]। भगवद्-प्रेम के बिना भौतिक वस्तुओं का संग्रह-राग-रहित भूमि के समान है[3]। सब दिशाओं में भगवान का वास है, इसलिए कृष्ण-नीर और "छोत" की भावना निस्सार है[4]। सुकृत करते हुए सदा भगवद्-प्रेम में रत रहना चाहिए[5]।

अध्यात्म-क्षेत्र में भगवद्-कृपा होना परमावश्यक है, यह कह आये हैं[6]। ध्यातव्य है कि जाम्भोजी को प्रेमाभक्ति या गलदश्रु भावुकता बिल्कुल ही स्वीकार्य नहीं है।

१६—साधना, योग, दिव्य दृष्टि —

आत्मतत्त्व-प्राप्ति के लिए सबदवाणी में हठयोग साधना का उल्लेख मिलता है किन्तु सर्वाधिक बल उन्होंने मन्त्र-योग या जप-योग पर दिया है। विष्णु नाम जप आत्मोपलब्धि का सर्वश्रेष्ठ साधन है। पात्र-भेद से हठयोग साधना के संकेत भी यत्र-तत्र मिलते हैं जिनके कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं —प्राणवायु निरोध से परमात्मा पिंड में ही प्राप्त किया जा सकता है। इससे गगन-मण्डल से झरता हुआ अमृत-पान संभव है, जिससे भूख प्यास मिट जाती जाता है[7]। शरीर में प्राणायाम से सूर्य-चन्द्रमा का संयोग कराना चाहिए[8]। सूर्य-चन्द्रमा घट में हैं और अनाहतनाद हो रहा है, इसको समझना चाहिए[9]। पवन, पानी (रतस), दस इन्द्रियाँ नव द्वार, वश में करने चाहिएँ। "बंकनाल" साध कर त्रिकुटि पर ध्यान लगाना, माया के बंधन तोड़ कर सत्य की साधना करने वाला ही पूर्ण योगी है और वही "शून्य मंडल" में खेलता है[10]। ऋद्धि-सिद्धि पिंड में प्राप्त की जा सकती है[11] किन्तु इसके लिए योगाग्नि से विषय-वासनाओं को भस्म करना आवश्यक है[12]।

जाम्भोजी ने सहज-मार्ग पर ही चलने का आदेश दिया है। इसके लिए उन्होंने बौद्ध-सिद्धों द्वारा प्रयुक्त शब्द "ओजू की वाट"[13] का उल्लेख किया है। तत्त्वप्राप्ति के मार्ग पर विरले ही चलते हैं क्योंकि इसके लिए अपने आप को मारना पड़ता है, अतः 'निगुरे'

१—२५।
२—पाहळ मन्त्र।
३—७६ ६।
४—३६ १—७।
५—३७।
६—१२ १४ ३, ४, १, ३० ८, ६।
७—४०।
८—६६।
९—५३ ५—११, ८६।
१०—१०६।
११—१०९।
१२—६६।
१३—२२ ३, ११४ ४।

पाळ पुरांणी जळ नुंवों, हुसा केळ करांय ।
बाळापण री प्रीतड़ी, चुण चुंण हरि चुगाय ॥ ४ ।
गिगन मंडळ मा कोठड़ो, घुरै दमामा घोर ।
मन मधकर सूं मिल रह्यो, छेद्या कंम कठोर ॥ ५ ।
बकनाळ नीसर झुरै, अमर मरै नहीं जीव ।
पलटि जोगणि जोगी हुवै, सून्य महारस पीव ॥ ६ ।
गंग जमनां सुरसती, त्रवणी तटि असनान ।
चंद सूरिज अभ अंतरै, अठसठि तीरथ थान ॥ ७ ।
रणि ओ सूंथलो गावियो, किण अह त्रिया वखाण ।
जा घटि अंणभै उपजै, जाका अह इहनांण ॥ ८ ।
अरध उरध बसेर हो, भुंवर गुफा एक ठाव ।
पांच पचीसूं वसि करै, संभू जाको नांव ॥ ९ ।
अगम निगंम जहां गम नहीं, वरंन बिवरजत दीठ ।
आसानंद अैसो कहै, पीयो अमी रस मीठ ॥ १०

- अज्ञात : (विक्रम १६ वीं शताब्दी) : "जम्भे" की स

। को प्रस्तुत साखी अज्ञात हजूरी कवि द्वारा रचित है
प्रथम साखी होने से इसका विशेष महत्त्व है । साखी से
म्भोजी की विद्यमानता में, पंथ चलाने के बाद हुई है ।
म्भे में जाम्भोजी शंका–समाधान और ज्ञानोपदेश वि

४–विष्णु या गुरु मन्त्र :

ओं सबद सोह आप, अंतर जपै अजप्या जाप।
सत्य सबद ले लघै घाट, बहुरि न आवै जोनी धाट।
परसै विष्णु अमीरस पीवै, जरा न व्यापै जुग जुग जीवै।
विष्णु मन्त्र है प्राण अधार, जो जपै सो उतरै पार।
ओं विष्णु सोहं विष्णुं, तत्त सरूपी तारक विष्णु ॥–प्रति २१८, ३४६।

५–तारक या गुरु मंत्र :

ओं सबद गुरु सुरत चेला, पांच तत्तर मे है अकेला।
सहजे जोगी सुन धास, पांच नत्त मैं लियो प्रकास।
न मेरै माई न ,अलख निरंजन आप ही आप।
गंगा जमना बहै सरसती, कोई कोई न्हावै बिरला जती।

तारग मंत्र पार गिरांय, गुरु वतायो नहचळ ठांय।
जो कोई सुमिरै उतरै पार, वहुरि न आवै मैली घार ॥–प्रति २१८, ३४६।

६–वाळक मंत्र :

ओं सवद देव निरंजण, ता इछ्या ते भये अंजण।
पांच तत्त मैं जोत प्रसनु, हरि दिल मिल्या हुकम विष्णु।
हरि के हाथ पिता के पिष्ट, विष्णु माया उपजी सिष्ट।
सपत घात को उपज्यो पिंड, दस मास वालो अघोर कुंड।
अरध मुख ता उरध चरण हुतास, हरि हुकम तै भयो खलास।
जळ सै न्हाये त्यागे मल, विष्णु नाम सदा निरमल।
विष्णु मंत्र कांन जळ छूवा, गुर फुरमांण विष्णोई हूवा ॥–प्रति ५५, २२८।

७–धूप मंत्र :

इनमें तेजोजी, वील्होजी, सुरजनजी, साहवरामजी आदि के छन्द प्रसिद्ध हैं जि
उल्लेख यथास्थान कर आए हैं। अज्ञात कवि (संख्या ३५) कृत दो छप्पय, "वसन्दर वे
नाम" और "विवरस" भी धूप मंत्र के रूप में प्रसिद्ध हैं। 'विवरस' नीचे उद्धृत है :—

ओं नमो सांमी सिस्ट करता निरतार ले फासिव सार।
सतिगुरु सहदेव वार गुर थट मालवै आसोप देस गुजरात।
जंबू दीपे भरथ खंडे थांन मुकांम।
ओह निज तीरथ ताळवो विवरस एह विचारणी।
दया तां धरंम, भाव तां भगति,
हेत तां प्रात, जोग तां जुगति,
छिमां तां तप, सील तां संतोष।
नहीं छै जुग पंचमूं, ग्यारवों नहीं अवतार।
वारै पुरप न ओळख्या गया जलमंतर हारि।
सीखिया सुधारियो भार धोरी ज्यूं झलै।
मंन का भांणा मनहठी फिटा पंचां मांहि।
कायम राजा वाड़ी वाहो सींच्यो सतगुर नूर।

Scanned by AAKASH ASSWANI (pa

शिव का वासा, निशदिन ताहिं करे प्रकाशा। तीनों मिल त्रवेणी कहिये, ग्वाला त्रकुटी ज्योति जगइये ।४८। कबहूँ इड़ा भये ग्रथाहा, कबहूं पिंगला का प्रवाहा। दोनों मध्य बहे सरस्वती, ग्वाला ताहिं नहावे जती।४६। दश नाड़ी में तीन प्रधानो, इड़ा पिंगला सुषुम्न जानो। ग्वाला तिसका करूं विस्तारा, शिष्य सुनो तुमही निर्धारा।५०। इड़ा पूरक दिन को कीजे, कुम्भक माहिं तांका रस पीजे। पिंगला रेचक ताहिं त्यागे, ग्वाला तिसको ताप न लागे।५१। पिंगला पूरक निशा में कीजे, इड़ा रेचक ताहिं तजीजे। कुम्भक तीस ग्रक्षर ठहरावो, ग्वाला इस जग बहुर न ग्रावो।५२। ॐ सोहं पहिला भागा, इड़ा पूरक खिञ्चे सुहागा। चतुर्थ भाग मिन्ट का खिञ्चे, ग्रपान वायु कम्भक सिञ्चे ।५३। एक मिन्ट कुम्भक ठहरावो, तांमे श्रुति नृति मिलावो। ग्वाला पिंगला मिन्टजु ग्राधा, रेचक करजु निजमन बाधा।५४। ग्रासन सिद्धकर मूल बंधावो, बाई एड़ी गुदा डिग लावो। दहिनी एड़ी लिंग पर ठाने, ग्रपान वायु प्राण घर ग्राने।५५। दृग कान पुन मुख ही मूँदे, सीधा बैठ नाक को नूँधे त्रकुटीमें पुन ध्यान लगावो, ग्वाला ज्योति में नृति समावो, ।५६। दो घण्टा उठ भोर जु कीजे, ग्रक्ष ग्रनन ग्रमीरस पीजे। दो घंटा सो सायं सुमरे, ग्वाला कार्य सिद्ध हो तुमरे।५७। षष्ट मास ऐसा धुनि लावो, श्रुति नृति तां संग मिलावो। क्रम क्रम सें तांहि बढावो, पूरक ग्राधा मिन्ट चढावो।५८। कुम्भक दोय मिन्ट पुन कीजे, रेचक एक मिन्ट तज दीजे। ग्वाला बहुत काल धुनि लावे,

Scanned by AAKASH ASSWANI (pa

० शून्य पर यानी ऊपर की तरफ़ है। बग़ैर शून्य के इस ॐकार के कुछ मानी नहीं। शून्य से ही इसका सब चमत्कार है। गो कि शून्य वास्तव में इससे न्यारा है ताहम उसी का सब ज़हूर है। ॐकार का चित्र और उसकी कैफ़ियत किताब के शुरू में दी हुई है। उसको बग़ौर समझकर अपने अन्दर गुरुमुख होकर देखोगे तब उसका पूरा फैलाव मालूम होगा।

७१--अत्तर गोरख नारद बूझा।
बिन अच्छर वह पंथ न सूझा ॥

(भावार्थ)

गोरखनाथजी वा नारदजी भी अत्तर ही की अमलदारी वा हद के भीतर ही भीतर रहे। अपने निज रामरूप यानी अच्छर मुक़ाम का रास्ता न पाकर माया में ही फँसे रहे।

७२--ररंकार गुप्ता परमाना।
अदली अच्छर रहा अमाना ॥

(भावार्थ)

माया से परे जो मुक़ाम "रङ्कार" है उस मुक़ाम से भी अदली अच्छर गुप्त और अमाना है यानी महफ़ूज़ है अथवा उसमें मरना जीना नहीं है।

७३--जेहि घट में अच्छर उजियारा।
सो हंसन का करे उबारा ॥

(भावार्थ)

होता है । बक़ौल तुलसीदासजी साहब के :—

दोहा—"राम राम सब कोइ कहैं, ठग ठाकुर औ चोर ।
बिना प्रेम रीझै नहीं, तुलसी नन्दकिशोर ॥"

...

७७—बिन अच्छर अच्छर जो होई ।
सो अच्छर बूझै नहिं कोई ॥

(भावार्थ)

बावन अक्षरों के भीतर न आने वाला अथवा ज़बान के ज़रिये से न कहा जा सकने वाला "अच्छर" मुक़ाम जो जीव का निज रामरूप तुरियातीत पद है उस अच्छर पद को कोई बिरला ही गुरुमुख होकर परखता है । वह मायाकृत त्रैगुणी जीव की मन्मुख अवस्था से परे है, गुरुमुख होकर प्राप्त होता है ।

साखी

दोहा

७८—शब्द शब्द सब कोई कहे, वह तो शब्द विदेह ।
जिह्वा पर आवे नहीं, निरख परख कर लेह ॥

(भावार्थ)

"शब्द" "शब्द" तो सब कोई कहते हैं । खली कहने से कुछ हासिल नहीं क्योंकि शब्द तो विदेह है यानी सब सूक्ष्म और स्थूल आकारों से बरी है, इस वजह से ज़बान के ज़रिये से ज़ाहिर नहीं किया जा सकता । अपने भीतर निरखने और परखने के ही पुरुषार्थ से उसकी प्राप्ति होती है ।

मायाकृत त्रैगुणों से परे जो जीव का वास्तव रूप है सोई "शब्द" है । ज़बान से नहीं कहा जा सकता ।

चौपाई

१००—अच्चर काया अच्चर माया।
अंच्छर जग सतगुर होइ आया॥
(भावार्थ)
यह स्थूल काया भी अच्चर है और सूक्ष्म मायाकृत त्रैगुण, मन तथा गुणों को आदि लेकर कुल शारीरिक सूक्ष्म रचना भी अच्चर हैं। इसके भीतर "अच्छर" यानी इस जीव का निज रूप ही सत्गुरुदेव है।

१०१—ओहं सोहं नहीं पहिचाना।
तत्त्व काल गुप्त परमाना॥
(भावार्थ)
ॐ और सोऽहं को जब तक गुरुमुख यानी अन्तर्मुख हो कर नहीं चीन्हँता तब तक इनका पूरा भेद नहीं लख पड़ता। "अच्छर" मुक़ाम जो इन्हीं में है बहिर्मुख रहने से गुप्त रहता है। साखी नं० ७० तथा उसका नोट सफ़ा १५७ पर देखो। भावार्थ

१०२—अदली अच्छर रहा अमाना।
सो अंच्छर कोइ बिरला जाना॥
(भावार्थ)
"अदली अच्छर" यानी इन दोनों महावाक्यों के ऊपर की तरफ़ इनसे परे वाला शून्य ही इस शरीर के भीतर का "अच्छर" मुक़ाम है जो तुरियातीत पद है, जिस पद को बिरला ही कोई प्राप्त होता है। मायाकृत त्रैगुणों से परे है।

१०३—अंच्छर में है वास हमारा।
जो बूझे सो उतरे पारा॥
(भावार्थ)
कबीर साहब फ़रमाते हैं कि हमारा क़ायम अच्छर में है जो कोई उस मुक़ाम को लखेगा भवजल से पार होगा यानी मायाकृत त्रैगुणों से परे अपने वास्तव रूप को प्राप्त होगा।

कहत है।

20:18

१५--एक ब्रह्म वह सत्य है, तन मन माहीं सोय ।
तन मन के भीतर बसे, सुरत निरत से जोय ॥

(भावार्थ)

परमेश्वर एक ही है जो सत्य है और ब्रह्म है, सोई तन और मन के भीतर हर दम के साथ क़ायम रहता है। चूंकि वह अपने ही तन और मन के भीतर है, इसलिये सुरत लगा के प्रेम करने से ज्ञानी को नज़र आता है। मायाकृत त्रैगुणों की सकल रचना इस त्रैगुणी मन की कल्पना से होती है जिनका आधारभूत जीव का इन सब से परे रामरूप है जिसको जीव गुरुमुख होकर प्राप्त होता है। वह गुरुमुख अवस्था में तन और मन से परे भासित होता है। तथा मन्मुख अवस्था में भी उसी का आधार है।

१६--ऊपर तरे दो जाप जो, तन मन से सब खोय ।
ताड़ी दसों लगाय के, उनमुन के संग जोय ॥

(भावार्थ)

यह "सोऽहं जप" यानी जो प्राण और अपान की ऊपर नीचे की आमद रफ़्त है, इसको तन और मन से दूर कर दे यानी अपनी दशों ताड़ी अथवा अपनी सुरत को उनमुन की ओर यानी सत्, रज, तम से बाहर करके तुरी की ओर करके अपने निज तुरियातीत पद में लय हो जा जहाँ प्राणों का गुज़र ही नहीं है। पाँचों ज्ञान इन्द्रियों और पाँचों कर्म इन्द्रियों तथा मायाकृत त्रैगुणों से गुरुमुख अवस्था में परे होकर के अपने निज वास्तव रूप की तरफ मुख़ातिब होकर जीव को प्राणों से परे होकर अपने तईं अपने वास्तव रूप से जीते जी मिला देना चाहिये।

शिष्योवाच

५८—एक भेद कहो और, समरथ श्री गुरुदेव तुम।

भीतर रूप केहि ठौर, कौन बरन वह पुरुष है॥

(भावार्थ)

शिष्य दरियाफ़्त करता है कि हे समर्थ! यानी सर्व शक्तिमान्, आप दया करके यह बतलाइये कि इस शरीर में भीतर किस मुक़ाम पर इस जीव का निज रामरूप है और उसका रंग क्या है।

सतगुरूवाच

दोहा

५९—दसवाँ द्वार गुप्त है, ब्रह्म रन्ध्री ठौर।

तहवाँ सुरत लिप्त करो, देह तजो फिर और॥

(भावार्थ)

श्रीसतगुरुदेवजी साहब फ़रमाते हैं कि इस शरीर में नव दरवाज़े ज़ाहिर हैं यानी १—मल त्यागने का, २—मूत्र त्यागने का, ३—मुख, ४ और ५—दो 'सूराख़' नाक के, ६ और ७—दो नेत्र, ८ और ९—दो सूराख़ कानों के, और इन सब से ऊपर की तरफ़ एक गुप्त दशवाँ दरवाज़ा है जिसको ब्रह्मरन्ध्री ठौर कहते हैं। उसी मार्ग से तुम संसार में नीचे की तरफ़ गिरे हो। जब तुम फिर उसी मार्ग से ऊपर की तरफ़ जावोगे तब अपने निज रामरूप को प्राप्त होगे। तुमको चाहिये कि श्रीसतगुरुदेवजी के उपदेशों पर अमल करके अपनी सुरत को त्रैगुण से परे तुरी में लगाकर तुरियातीत पद को प्राप्त हो जावो।

सोरठा

६०—टिकटिकीत्रिकुटी ध्यान, जोति निरंजन जानले।

माया केर तमाश, यहू देख मत भूलियो॥

(भावार्थ)

तुरी अवस्था में क़याम करने से कुछ रोज़ के जोग अमल के बाद त्रिकुटी मुक़ाम का ज़हूर होता है। यहाँ माया का भारी तिलस्म है। इसमें न फँसना चाहिये।

६१—तेहिके आगे अंस, खोडस रवि परकास है।

यहू काल को सेस, यहू झूठ तू मान ले॥

(भावार्थ)

त्रिकुटी मुक़ाम से ऊपर सोलह सूर्यों के बराबर रोशनी है। इससे भी बचना चाहिये।

उसको गुरुमुख होकर प्राप्त हो जावो।

२--आसन पद्म मारि दृढ़ बैठे;

प्रथम पवन परचाई।

(भावार्थ)

पद्म आसन को भी तुमने लगा लिया और पवन को भी क़ाबू में कर लिया।

३--बंक नाल गहि फेर मूल;

सर अष्ट कमल बिकसाई।

(भावार्थ)

बङ्कनाल (यानी एक रग होती है) में भी प्रवेश किया, अष्टदल कमल के भीतर की भी लीला को देखते रहे।

४--नऊँ नाटका बन्द किहो;

सर मारग पवन चढ़ाई।

(भावार्थ)

नवों नाड़ियों को रोक कर सिर के रास्तों में पवन को भी चढ़ा दिया।

५--अनहद सुनि आनन्द भये;

छवि जोत देखि हरखाई।

(भावार्थ)

अनहद बाजे को भी सुना और ज्योति की खूबसूरती वा माया का फैलाव देखकर खुश भी हुये।

६--जौन जोत से जोत प्रगट भई;

ताकी खबर नहिं पाई।

(भावार्थ)

लेकिन जिस दिव्य ज्योति यानी तुम्हारे निज रामरूप से इस मायारूपी ज्योति का ज़हूर हुआ उसका पता न मिला, जिस वजह से ये सब हरकतें फ़ज़ूल होगईं। बहिर्मुख अवस्था में चमत्कारों में फँसे रहे।

७--जुगल जोत जब जोत पछाड़ी;

तब जोत कहाँ समाई।

(भावार्थ)

युगल ज्योति यानी तुम्हारा निज रामरूप जो इन सब मुक़ामों से परे है जब उसको प्राप्त हो जावोगे तब इन सब उपाधियोंसे बचोगे। इनतमाशोंके द्रष्टा तुम हो इनसे परे हो।

८--बाजीगर की सुरत बिसर गई;

बाजी देख भुलाई।

(भावार्थ)

बाजीगर यानी सब सृष्टियों का कर्त्तार तुम्हारा निज रामरूप है। उसको बहिर्मुख रहकर बिसरा दिया और

जाता है। यही हकार षोडश स्वरों तथा विभिन्न प्राणियों के रूप में आविर्भूत होता है। लोग इस हकार (ह्रीं) शक्ति को ही 'कुण्डलिनी' कहते है। आचार्य शंकर का कहना है कि कुछ लोग इस परा शक्ति कुण्डलिनी को हृदय में स्थित मानते हैं, लेकिन यह बात सत्य नहीं है। कुण्डलिनी मूलाधार में निवास करती है तथा यह निश्चित रूप से सुषुम्ना–पथ का अनुगमन करती है।"

अजपा मन्त्र

यह 'ह' ध्वनि समस्त ब्रह्माण्ड तथा प्राणियों में 'तत' अर्थात् व्याप्त हो रही है। इस मूल 'हकार' के साथ बिन्दु के योग अर्थात् 'हं' से ब्रह्मा की उत्पत्ति हुई। इसी मूलबीज हकार से अन्वित रकार के साथ अकार का योग (ह र् अ) होने पर 'हर' तथा हकार से अन्वित रकार के साथ इकार (ह र् इ) का योग होने से 'हरि' की उत्पत्ति हुई। क्योंकि, मूलाक्षर हकार की उत्पत्ति 'बिन्दु' से हुई है, अतः बिन्दु से युक्त 'ह' को 'हं' कहा जाता है। यह 'हं' अजपा मन्त्र (हंसः) का प्रथम बीज है।

समस्त संसार पुं–प्रकृत्यात्मक या बिन्दु–विसर्गात्मक है। बिन्दु सूर्यात्मक होने से पुरुष तथा तथा विसर्ग सोमात्मक होने से प्रकृति है। पुरुष और प्रकृति के मिलन से ही समस्त विश्व का आविर्भाव होता है। बिन्दुयुक्त हकार अर्थात् 'हं' पुरुष है तथा

'सः' प्रकृति है। इन दोनों का योग ही 'हंसः 'अर्थात् जीव है। 'हंसः' को अजपा या आत्म महामन्त्र कहा जाता है। इनमें पुरुष रूप बिन्दु का स्थान दांया तथा स्त्रीरूप विसर्ग का स्थान बांया है। इसी कारण व्यावहारिक जगत् में पुरुष का स्थान दाएं तथा स्त्री का बाएं माना गया है। इस महामंत्र के देवता 'अर्धनारीश्वर' हैं। यह 'हंसः' प्राणियों के प्रत्येक श्वास (हं) तथा निश्वास (सः) के साथ बिना किसी प्रयास के स्वाभाविक रूप से निरन्तर उच्चरित होता रहता है। इसीलिये इस महामन्त्र को 'अजपा' के नाम से जाना जाता है।"

परमात्म मन्त्र 'सोऽहम्'

जब प्रकृति रूप 'सः' पुरुष रूप 'हं' के साथ तादात्म्य का अनुभव करती है, तब वह 'सः हम्' 'सोहम्' (मैं वह पुरुष हूं) की अनुभूति करती है। यह 'सोऽहम्' भी एक महामन्त्र है, जिसे 'परमात्म महामंत्र' कहा जाता है। परमात्म महामन्त्र 'सोऽहम्' के प्राणात्मक पुरुंतत्त्व 'हकार' तथा प्रकृति तत्त्व 'सकार' का लोप कर देने पर केवल 'ओ+अम्' शेष रहता है। फिर 'एङः पदान्तादति' (पाणिनि सूत्र के नियम) से पूर्वरूप सन्धि कर देने पर केवल् 'ओम्' शेष रह जाता है। यह 'ओम्' पुरुष और प्रकृति से परे पूर्ण परमात्मन् है।"

शक्ति के सात भेद

परेश वाचक ओं और परा वाचक ह्रीं में तत्त्वतः कोई भेद नहीं है । विश्वोतीर्ण और विश्व के तारक होने के कारण ओम् को 'तार' भी कहा जाता है और विश्व की

पिङ्गलेडा पथे गत्वा पीत्वाऽयं गगनामृतम् ।
निवृत्त्य जीवं संतृप्य पुनः कण्ठे प्रवर्त्तते ॥५०॥

अर्थ - (पिंङ्गलेड़ा पथे) पिंङ्गला नाड़ी एवं इडा नाड़ी के स्थान से (गत्वा) जाकर (अयम्) यह प्राण वायु (गगनामृतम्) प्रकाशयुक्त अमृत का (पीत्वा) पान करके (जीवं संतृप्य) जीव का तृप्त करके (पुनः कण्ठे प्रवर्त्तते) फिर से कंठ में प्रवेश कर जाता है ।

व्याख्या - यह प्राण अपने कर्मानुसार पिंङ्गला नाड़ी एवं इडा नाड़ी के स्थान से जाकर यह प्राण वायु, प्रकाशयुक्त अमृत का पान करके जीव का तृप्त करता हुआ फिर से कंठ में प्रवेश कर जाता है ।अर्थात् अपने स्थित में आ ठहरता है ।

प्राणापानवशादेव अधश्चोर्ध्वं प्रसर्पति ।
वामदक्षिणमार्गेण चंचलत्वान्न लक्ष्यते ॥५१॥

अर्थ - (प्राणापानवशात् एव) प्राण और अपान के वशीभूत होकर (अधश्चोर्ध्वम्) नीचे से ऊपर की तरफ़ (प्रसर्पति) विहरण करता रहता है ।(वामदक्षिणमार्गेण) बायें और दायें भाग में विचरण करता हुआ (चंचलत्वात्) अत्यधिक गतिमान होने के कारण (न लक्ष्यते) दिखाई नहीं देता है ।

व्याख्या - यह जो प्राण वायु है स्थित है यह शरीर में प्राण और अपान के वशीभूत होकर शरीर के ऊपरी भाग और नीचे भाग में विचरण करता रहता है तत्पश्चात् बायें और दायें भाग में विचरण करता हुआ चंचलता वशात्,अत्यधिक गतिमान होने के कारण दिखायी नहीं देता है ।क्युकी की शरीर के स्थान से दूसरे स्थान पर गति करने पर अस्थिरता वश देखाई देने में असमर्थ होता है ।

अपानेन पुनः कन्दात्प्रेरितः कालरूपिणा ।
निश्वासोच्छ्वास हृद्वाति जपन्हंसेत्यहर्निशम् ॥ ५२ ॥

अर्थ - (पुन: कालरूपिणा) फिर से कालरूपी शक्ति के माध्यम से (कन्दात्प्रेरित:) कंद से निकली हुई (अपानेन) अपान वायु (हृद्वाति) हृदय प्रदेश में वायु विचरण करती है (निश्वासोच्छ्वासः) श्वास और प्रश्वास के रूप में (अहर्निशम्) दिन रात (हंस इति) "ह" तथा "स" हंस का (जप) जाप करता है ।

व्याख्या - तदनन्तर पुनः प्राण वायु तक कंद से निकलने के बाद अपान वायु अपने स्थान से ऊपर उठने के बाद हृदय प्रदेश में अपान वायु विचरण करता है तथा श्वास और प्रश्वास के रूप में दिन रात "ह" तथा "स"हंस का जाप करता है ।सोहम का जाप प्राण वायु अपान वायु से संबंधित है ।

हंसश्च द्वादशे [पर्णे], जीवात्माहृदयाम्बुजे ।
अपानः कर्षति प्राणं प्राणोऽपानं च कर्षति ॥५३॥

अर्थ - (हंसश्च द्वादशेदलेः) हंस द्वादश दलों से युक्त है जो (जीवात्मा) जीव के (हृदयांबुजे) हृदय के मध्य में स्थित है ।(अपानः) अपान वायु (प्राणं कर्षति) प्राण का आकर्षण करता है (च) और (प्राणोऽपानम्) प्राण वायु अपान वायु का अपनी और कर्षण करती है ।

व्याख्या - हृदय प्रदेश में स्थित अनाहत चक्र १२ दलों से युक्त है और वह दल जीव के हृदय के मध्य भाग में स्थित है जिसमें प्राण वायु अपान को अपनी ओर ऊपर की तरफ़ खीचती है और अपान वायु प्राण वायु को नीचे की ओर अपनी तरफ़ खिचती है दोनों एक दूसरे को अपनी और कर्षण करती है ।हंस का जाप करते हुए ।

(7)

गगन मंडल का बासा सन्तो,
जहाँ देखौ अजब तमासा ।
गढ़ मेरो गगन सुरत मेरो चौक,
चेतन कँवर ढुलावे ।
इंगला पिंगला सुखमन नारी,
अनहद बैन बजावे ।। 1. ।।
अष्ट कमल दल पंखुरी राजे,
उलटा ध्यान लावे ।
पाँच पचीस एक घर लावे,
तब धुनि की सुध पावे ।। 2. ।।
त्रिकुटी घाट असनान जो करते,
रवि राशि सुखमन होई ।
ऐसा खेल करत साजन संग,
एक महल में दोई ।। 3. ।।
बिना बादल जहाँ बिजली चमके,
बिना सीप के मोती ।
कहे कबीर सुनो भाई साधो,
निरखहु निर्मल जोती ।। 4. ।।

साखी :- जापर बसे निअक्षर, ताहि पवन को नाम ।
शब्द सुधा रस खान है, हम तुम ताही धाम ।।

शब्दावली, पृष्ठ 18-19.

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

§24§

आरती साजहु दुलहिन,

आवहिं कंथ सबेर ।

निर्गुन मंगल गावहु,

अब जिन लावहु बेर ।

तन रूइया कर बातियाँ,

मन तिलको कर तेल ।

सुरत हाथ दियना धरो,

निरत चली करवेल ।

अठे पलंग जहाँ पंचरंग,

सेरे बिछावो झार ।

सुषुम्ना सेज संवारहु,

सुकृत गद्द वा धार ।

हँसि के प्रीतम आइया,

बिहँसि के लीन्हो पाय ।

मुख देखत सुख उपजे,

सुमिरत कर्म कराय ।

इँगला लियेकर झारी,

पिंगला पंख हाथ ।

सतगुरु शब्द सहायक,

पहुँच पिया के पास ।

हियरा गह भर भेटिया,

कुफत पलोरि पाय ।

मुख देखत सुख उपजे,

तन की तपन बुझाव ।

कहे कबीर धर्मदास सो,

जम जीतो मैदान ।

शब्दावली, दोहल ।। पृष्ठ 58-59

(30)

सत सुकृत खेले होरी,
अभय नगर स्थान ।।
इत सो आये ज्ञान लड़ले,
उत सो आई मन बौरी ।।
त्रिवेनी तट खेल रचो है,
खेलत हो हो होरी ।।
इत सो पाँच सखी उठ धाई,
कोई श्यामल कोई गोरी ।।
त्रिगुण पिचकारी हाथ लिये सब,
खेलत हो हो होरी ।।
इत सो क्षमा सखी उठि धाई,
शील सुमति दोऊ जोरी ।।
प्रेम पिचकारी रंग रोशन हित,
झगरत खेलत होरी ।।
ताल मृदंग झाँझ डंक बाजे,
अनहद शब्द करोरी ।।
सुषुम्न नारी राग अलापत,
गावत मंगल होरी ।।
मेरु दंड के छाजे गढ़ के,
खेलत हो हो होरी ।।
मूल कमल के रंग बढ़ो है,
बंक नाल निज ठोरी ।
सुरति नाल चढ़ बहिर आये,
खेलत जहाँ गई है हो हो होरी ।।
खेलत खेलत जहाँ गई है,
सत गुरु शब्द कियो शोरी ।।
साहब कबीर दया निधि सागर,
खेल हो हो होरी ।।
सुरति निरति द्वै मता बनाये ,
चलो अगम संग होरी ।।

शब्दावली, होरी 33, पृष्ठ 33-34

07:56 Vo)) 4G+ LTE1

§ 45 §

गुरु के बने है अटारिया,
चल हमन देखे ल जाबो ।
चढ़त अटारिया साहेब सुरत सम्हारिया,
गहिले नाम के डोरिया हो ।।
चन्दा सूरज दुठन तम्बू तने है,
बीच म गमकते है डगरियाँ ।
आठ हवेली नौ दरवाजा हावे,
जिहाँ कुन्त के परिया हो ।
सुरति काढ़ि के देख घर भीतर,
उपर झुलकत है लहरिया हो ।
पाँच पचीस तीस घर बनिया,
जामे लगे है चौ फेरिया हो ।
मन मुन्शी कोतवाल बड़े है,
जीव चहुँ दिसी लगे बजरिया हो ।
साहेब कबीर गुरु के मंगल गावे,
गुरु के चरण चित धरिया हो ।

{62}

होना फकीर बजुर देव छतिया।

नखरा लगाय म राम नई मिल ही,

खोजो बंदे तुमन अपन शरीर ।

धन दौलत अउ माल खजाना,

छोड़ गये सुल्तान फकीर ।

गगन के मंदिर म जोत जलत है,

गंगा जमुना सरसती के तीर ।

धरमदास के आमिन बिनती,

साँच बचन कह गये है कबीर

07:58

§63§

बंगला अजब बनाया हो अवलिया बाबा ।

ओ बंगला के नव दरवाजा,
बीच म पवन के खम्भा ।

आवत जात कोनो नई देखे,
लागे बड़ा अचम्भा ।

पाँच तत्व के ईंट बने है,
तीन गुनन के गारा ।

रोम रोम के सज्जा बनाये,
बुझ न वाला न्यारा हो ।

तीन सौ साठ चाँद लगे है,
चौसठ लगे है खम्भा ।

नौ नारी बहत्तर कोठा,
उपर चमड़ा छाया हो ।

वा मंदिर में जाय बिराजे,
वाही मन के है राजा ।

सुखमति के सेज बिछे है,
आमिन बजावे बाजा हो ।

कहत कबीर सुनो धर्मदा,
सो सन्त को लिए उबारा ।

सो हंसा चढ़े सतलोक म,
बहुरी न आवे संसारा हो

2. सुन्न महल में होत कुतुहल, करहिं राग अनुराग ।
अपने पिया के दरसन पाऊं, पूरन प्रेम सोहाग ।। [1]

निराकार रूप में :-

इहै तमासा देखहु रे भाई ।
जहवाँ शून्य तहाँ चलि जाई ।।
शून्य हि छाड़ि शून्य हि आयऊ ।
हाथ छोड़ि के हाथा भयऊ ।। [2]

(5) अजपा जाप

योग में किया जाने वाले जाप करने की क्रिया को अजपा जाप कहा गया है । इस जाप में माला आदि की सहायता न लेकर, साधक को अपने शरीर की सुषुप्त आत्मा को जागृत करना पड़ता है । आत्मा की इस जागृत अवस्था में साधक का अंतःकरण प्रतिक्षण प्रत्येक श्वास में नाम का जाप करते रहता है ।

इस जाप को "सहज जाप" भी कहा जाता है । साधक को बाह्य साधन जैसे उंगलियों पर नाम का गिनना, अस्पष्ट नामों का उच्चारण आदि करने की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती । बौद्ध सिद्ध ने अपनी साधना पद्धति में अपने श्वासों को निरुद्ध करके चौंसठ प्रज्ज्वलित करते थे । उनमें एवं ओंकार को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की साधना-क्रिया करते थे, जिसमें यह शब्द प्रत्येक श्वास में स्वतः निकलते रहें । इसे "अजु जाप" कहा करते थे । बाद में नाथ पंथियों ने इसे ही "अजपा जाप" का नाम दिया और श्वास निरोध के अंतर मन को शून्य में केन्द्रित करते हुए उनके स्थान पर "सोहं" का ध्यान किया । और निर्दिष्ट किया गया कि यही "सोहं" क्रमशः शब्द ज्योति में रूपायित होकर शून्य के अंधकार को दूर कर देता है और परम तत्व के रूप में प्रकट होता है ।

---

1. शब्दावली, धामनि-2, पृ० 150.
2. गुरु ओजक, रमैनी, 19, पृ० 15.

बाह्याडिम्बरों से मनुष्य मुक्ति के मार्ग से भटक जाता है, इसी लिए उसे एकाग्रचित होकर ऐसे जाप करना चाहिए जिससे उसका अजपा जाप सुरति सार शब्द मिल जाय । जुड़ जाना या युगबद्ध हो जाना को ही अजपा जाप कहते है ।

शब्द की सुई सुरति की डोरा ।
ज्ञान की टोमन सिर जन जोरा ।। [1]

शब्द की सुई सुरति की डोरा और ज्ञान दोनों पार को जोड़ने वाला है । सिरजन हार ने इस ज्ञान गुदड़ी का निर्माण किया है । इसे "अजपा जाप" से भी नाप रखा जा सकता है । इसमें मैल नहीं लगता । संतों ने अजपा के प्रति अपनी श्रद्धा अगाध रूप से प्रकट की है---

"अजपा जाप जपै मुनिनामा ।"[2]

यह सहज जाप अन्तर्जाप है । इसमें माला फेरने की कोई आवश्यकता नहीं है । मन को फेरना भी है---

1• माला फेरत जुग गया, गया न मन का फेर ।
कर का मनका डारि दे, मन मन का फेर ।।

2• मन माला तहं फेरिये, जहाँ दिवस न परसे राति ।
तहां गुरु बाना दिया सहजे जपिये तात ।[3]

चौका गीतों में भी नाम-स्मरण के माध्यम से अजपा जाप की ओर इंगित किया गया है । नाम-स्मरण भक्ति और योग का प्रारंभिक आधार है । यह नाम स्वास-स्वास पर लेते रहे---

श्वास श्वास पर नाम है, वृथा श्वास मत खोय ।
न जाने यह श्वास को, आवाज न होय न होय ।
श्वासा की कर सुमरनी, अजपा को कर जाप ।
परम तत्व को ध्यान धर, होई आपै आप ।[4]

1• संध्यापाठ, सरोफ, पृ० 41•

2• श्री गुरु ग्रंथ साहब, पृ० 840•

3• दादू दयाल की बाणी, भाग-1 गुरुदेव को अंग, पृ० 66•

4• संध्यापाठ, पृ० 7•

प्रिय के अलौकिक रूप का वर्णन कर पाना असंभव है। उसका देश भी अजर-अमर है। फूलों का रोज सत पुरुष का सिंहासन है जहाँ करोड़ों सूर्य का प्रकाश प्रकाशित है, वहाँ का सिंहासन, वहाँ का छत्र श्वेत है जो परम पद देने वाले हैं उसे प्राप्त करने के लिए अजपा जाप की आवश्यकता है---

करो अजपा के जाप प्रेम उर लाइये।
मिलो सत पीव तो मंगल गाइये ।।[1]

युगों तक समाधि लगाने से सत्य पुरुष रूप का दर्शन असम्भव है। कपट को छोड़कर सत व्यौहार पूर्वक गुरु की शरण जाने से, काम से बच जाने से और अजपा ध्यान लगाने से वह सबसे न्यारा पुरुष का दर्शन हो सकता है---

कही हमारो मानो भाई या मति कोरि भ्रम सो न्यारा।
जीवत बसा लोक समाने, जे यह शब्द बिचारा ।।
अजपा जाप ध्यान गगन में दरसे है सब ही सो न्यारा।
कहे कबीर सुनो हो संतो, मेरो निज कर तारा ।।[2]

माया का त्याग कर देने से और इन्द्रासन के सुख पा जाने से भी सार वस्तु की प्राप्ति नहीं हो पायी। बड़े-बड़े मुनि-महात्मा, गंधर्व-किन्नर ने माया का त्याग कर परमात्मा का ध्यान दिया। पर भी उस परम पुरुष को नहीं प्राप्त कर सके। अजपा जाप से व्यक्ति को काल का भय नहीं रहता।[3] यह अजपा और जाप दो अक्षर का है जिसमें काल, भ्रम सभी दूर हो जाते हैं---

अजपा जापो दोय अक्षर,
काल गर्भ सब उबरे।[4]

अजपा जाप सहज योग का ही रूप है जिसमें व्यक्ति चित को एकाग्र कर परमानंद में लीन हो जाता है। उसमें किसी प्रकार से जटिल यौगिक क्रियाओं का भेद नहीं, वह निर्बन्ध है। बन्धन उसे स्वीकार्य नहीं। यह स्वास-स्वास पर जपने की विधि है---

---

1. धनी धर्मदास और आमिन माता की शब्दावली, पृष्ठ 20.
2. शब्दावली, शब्द-2, पृष्ठ 180.
3. शब्दावली, शब्द-40, पृष्ठ 224.
4. वही,

गुरु गोरखनाथ ने इस अनहद नाद के सुनाई पड़ने की स्थिति का वर्णन सुन्दर ढंग से किया है। जिसका समर्थन कबीर साहब की रचनाओं में भी होता है। योगियों का कथन है कि ब्रह्मरन्ध्र के पास एक सहस्र

---

1. अनाहतनाद-डॉ0 जयदेव सिंह (श्रीपरे और स्मृति ग्रंथ माला) पृ० 3।

दल कमल है वहीं पर चन्द्रमा है जिससे निरंतर अमृत की वर्षा होती है। वह अमृत नीचे की ओर बहता है और मूलाधार के निकट स्थित सूर्य तक आते-आते सूख जाता है। अभ्यास करके इसे जल पर ऊपर रोक लेता है और सूर्य को चन्द्र से मिलाने का अभ्यास कराया जाता है। गोरखनाथ ने इसका वर्णन किया है।[1] कबीर साहब कहते हैं "हे अवधूत नाद में बिन्द के स्थिर होने ही गगन में अनहत का शब्द उठता है।[2] कबीर साहब के अनहद नाद कि यह विशेषता है कि यह उनके भक्त हृदय की तृप्ति के लिए जगत गुरु की किंकरी का शब्द तथा हरि की कथा के भी रूप ग्रहण कर लेता है। इसी प्रकार वह सम्भवत: शब्द ब्रह्म की अनुभूति में निपुण बनकर अंततोगत्वा उस परब्रह्म को भी प्राप्त कर लेता है।[3]

चौका गीतों में अनाहद शब्द का प्रयोग विशिष्ट अर्थ में हुआ है। जो सिद्ध और नाथ योगियों के बाद संत परम्परा को गति देता है। इसमें प्रयुक्त अनहद शब्द कबीर साहित्य के ही समान है। यह शब्द गगन मण्डल से उठता है। यह काया ही उनका गढ़ है सुरति ही चौका है, इंगला, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ी जो शरीर में है वहीं से अनहद नाद की ध्वनि निकलती है। यह ध्वनि शरीर को एकाग्रचित, उल्टा ध्यान लगाने से तथा पाँच तत्व और उनकी पच्चीस प्रकृति को एकमेव करने पर निकलती है।

गगन मंडल का वासा संतो, जहाँ देखो अजब तमासा।
गढ़ मेरो गगन सुरत मेरो चौका, बैठत चँवर डरावे।
इंगला पिंगला सुषुम्न नारी, अनहद बैन बजावे।
अष्ट कमल दल पंछी, विराजे, उल्टा ध्यान लगावे।

---

1. अमावस के घरि झिलमिल चंदा, पूनम के घरि सूर।
   नाद के घरि व्यंद गरजे, बाजत अनहद तूर।।
2. अवधू नादे व्यंद गगन गाजे, शब्द अनहद बोले।
   - कबीर ग्रंथावली पद, 196.
3. ससि हर सूर मिलावा। तब अनहद बेन बजावा।।
   जब अनहद बाजा बाजे। तब साईं संग बिराजे।।

"होरी" के प्रसंग में कहा गया है कि होरी खेलने के लिए कहीं जाने की आवश्यकता नहीं इसका क्षेत्र शरीर है, और खेलने वाला मन है। सुरति लगाने से ज्ञान की डफली बजती है जहां से अनहद नाद का घोष होता है।[1] जहां ज्ञान की गेंद तथा सुरति को डंडा बनाकर खेला जाता है। त्रिगुण पिचकारी है ---

त्रिगुण पिचकारी हाथ लिये सब, खेलन हो हो होरी।
इत सों क्षमा सखी उठि धाईं, शील सुमति दो जोरी।
प्रेम पिचकारी रंग रोसन लिय, झगरत खेलत होरी।
ताल मृदंग झांझ डफ बाजे, अनहद शब्द करो री।
सुषुम्न नारी राग अलापत, गावत मंगल होरी।
सुरति निरति दै मता बनायो, चलो अगम संग होरी।
मेरुदंड के छाजे चाद के, खेलत हो हो होरी।
मूल कमल से रंग बढ़ो है, बंकनाल निजठौरी।[2]

इस अनहद ध्वनि को कोई सुजान ही सुन सकता है। यह ध्वनि शब्दों की झनकार से उत्पन्न होती है जो इंगला, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ी के संगम स्थल पर सुरति का स्थायी करन करने से सुनाई देती है।[3]

होली गीतों में प्रयुक्त अनहद शब्द का विशेष महत्व है। एक ओर जहां पूर्व परम्परा को आगे विकसित करते हुए जान पड़ता है वहीं दूसरी ओर कबीर पंथी विचार धाराओं को प्रकाशित करता है। इसमें प्रयुक्त शब्दों की रूप का अभिव्यक्ति के कारण पदों की शोभा बढ़ती है। कहीं सुरति को सुहागिन कहा गया है, कहीं पिया संग होरी खेलने के बहाने सुरति को ध्यानस्त किया जाता है तो कहीं ज्ञान, ध्यान क्षमा, संतोष, विवेक और वैराग्य को अनाहत ध्वनि के उच्चारण में सहायक माना गया है

---

1. शब्दावली, होरी 31, पृ० 131.
2. वही, होरी 33, पृ० 133.
3. वही, विज्ञोरी, पृ० 735.

कबीर काव्य की तरह चौका गीतों में भी ध्यान की उन्मुनि ध्वनित करती है। सुषुम्ना नाड़ी के छः चक्रों में अंतिम चक्र आज्ञा चक्र है। यहाँ पहुँच कर साधक अमृत रस का पान करता है तथा कुंडलिनी जागृत कर ब्रम्हरन्ध्र में पहुँचाता है। यह ब्रम्हरन्ध्र का बिन्दु (0) रूप है, जिसे गगन कहा जाता है। यहीं प्राण शक्ति संचित की जाती है। इसी बिन्दु में आत्मा शरीर से स्वतंत्र होकर सोहं का अनुभव करती है। यहाँ आत्मा काल जाल से मुक्त हो जाती है। उन्मुनि अवस्था मूल साधना मानी गयी है। जिसमें मन और पवन दोनों को बाँधने की बात कही गई है---

उनमुनि मूल साधि, मन पवना दोउ बाँधि।
ताहि साह अधर दर से, पीयूष द्वीप देहरा।
त्रिकुटी बंधा बोरी जहाँ लगी शब्द की डोरी।[1]

सुषुम्ना नाड़ी के अंतिम अवस्था आज्ञा चक्र पर साधक को अनहद नाद सुनाई पड़ती है तथा सुरति-निरति के उल्टी होने पर शब्द की डोरी के सहारे उन्मुनि अवस्था की प्राप्ति होती है यह छः दल कमल का स्थान है

संध्या आरती करो बिचारी।
काल दूर जम रहो झखमारी।
खुल गये सुषमन कूँची तारा।
अनहद शब्द उठे झनकारा।
सुरत निरत दोउ उलट समावे।
मकर तार तिह डोर लगावे।
उन्मुन शब्द अगम घर होई।
अगाह देवल में रहे समाई।[2]

साधक इंगला, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ी के पार कर उन्मुनि की अवस्था तक पहुँचता है। बंक नाल से अमृत रस की वर्षा होती है। जिसे कोई-कोई योगी ही चख पाता है---

---

1. शब्दावली, जै जै वन्ती 5, पृष्ठ 705.
2. शब्दावली, आरती 15, पृष्ठ 761.

इंगला पिंगला सुषम्ना नारी, उन्मुन के घर लाना।
बंकनाल से अमी रस झरिया, चाखे संत सयाना ॥[1]

इंगला पिंगला सुष्मना नारी, उन्मुन के घर लाना ।
बंकनाल ते अमी रस झरिया, चाखि संत सयाना ।। [1]

इससे योग साधना की सम्पूर्ण प्रक्रिया स्पष्ट परिलक्षित होती है । शिव संहिता एवं घेरंड संहिता के समान यहाँ योग के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण नहीं मिलता फिर भी उन्हीं का सामान्य अनुकरण हुआ है ।

सोजन मतवाला । जिन पिया पूर्ष का प्याला ।।
मूल कँवल पर बंद लगावे । उल्टा पवन चढावे ।।
अमृत दिसे मगन होय बैठे । बिन रसना गुण गावे ।।
बिना धरती के मंदिर दीसै । बिन सखर जहाँ पानी ।।
षट दल चक्र एक कँवल विराजे । जहाँ पुरुष अलबेला ।।
चंद सूर जो घर को लावे । सुषुमन सुर्त समावे ।।
कहे कबीर माया की बातें । रात गुरु मिले लखावे ।। [2]

स्पष्ट है कि भारतीय योग साधना में जो नाड़ियों की स्थिति है एवं योग सम्बन्धी धारणाएं है उनका पालन चौका गीतों में हुआ है । फिर भी कबीर पंथी साहित्य से प्रभावित इन गीतों की अलग-अलग पहचान है । जैसे :- नि:अक्षर, पुरुष का नाम (परमतत्व) पौन द्वीप (शरीर) एवं मझदार है, जो साधक का साध्य एवं साधना स्थल है ।

उन्मुनि अवस्था प्राप्त होने के बाद साधक के मन में स्थिरता आती है । द्वैत भाव नहीं रह पाता । वह ब्रम्ह के सर्वव्यापक तथा विभिन्न रूप धारक मानता है । अहंभाव के नाश होने पर ब्रम्ह ज्ञान रूपी दीपक का प्रकाश होने लगता है । सत्य की स्थिरता होती है । प्रपंच इसमें लेशमात्र नहीं रहता । निर्मल ज्ञान एवं ऐश्वर्य की चमक इसमें होती है । कल्याण का द्वार खुल जाता है । शून्य अवस्था में पहुँच जाने पर साकार और निराकार रूपों का एकीकरण हो जाता है और आत्मा की ज्योति का दर्शन होने लगता है ।

---

1. शब्दावली, असरके शब्द 246, पृष्ठ 412.
2. वही, शब्द 269, पृष्ठ 433.

योग साधना में अमृत :-

योग साधना की अंतिम परिणति अमृत रस
जिसे साधक आनंदित हो पान करता है । इसकी विस्तृत
जा चुकी है । इस अमृत को प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन
फेरनी पड़ती है ---

रवि राशि बांध मन धागा करे ।
गह गह तार सोहंगम धरे ।
उलट नाल चढ़ गिरवर तरवरे ।
जब टक सार गगन गढ़ परे ।
अर्ध उर्ध बिच [illegible] रंग करिए ।
कहे कबीर सुनो भाई साधु ।
ऐसा ध्यान कोई बिरला धरे ।।

चौका-आरती में दल प्रसाद के रूप में :-

चौका आरती की सामग्री में अष्ट मेवा [illegible]
पर रखी जाती है उन्हें "दल प्रसाद" अथवा "अमी दल" [illegible]
चौका-विधि योग का ही प्रतिरूप है । योग साधकों के
कमल के पास मान सरोवर में अमृत होता है । सम्भवतः
दल प्रसाद अथवा "अमी दल" कहा जाता हो । जिस प्र[illegible]
अंतिम परिणति अमृत रस का पान करना होता है उसी [illegible]
की समाप्ति पर अमीदल दीवान द्वारा वितरित किया [illegible]
भक्त जन ग्रहण करते हैं ।

§18§ पंजी

11:04

उस भगवान (पूर्णब्रह्म) को पाने का मन्त्र सत्यनाम (स्वासों द्वारा किया जाने वाला अजपा जाप) व फिर सारनाम व सारशब्द की प्राप्ति पूर्णब्रह्म की सच्ची नाम साधना व उसका परिणाम समझो। देखें - कबीर पंथी शब्दावली पृष्ठ नं. 51, 52, 53, 55, 56, 57 इनमें स्पष्ट लिखा है कि कबीर साहेब ने धर्मदास जी को सत्यनाम (ओ3म-सोहं) दिया है। कहा - "ऊँ-सोहं भजो नर लोई" फिर कहा है - "सोहं शब्द अजपा जाप, साहेब कबीर सो आपै आप" ।

(प्रमाण के लिए सतगुरु की वाणी) (पृष्ठ नं. 51)

(कबीर पंथी शब्दावली से सहाभार)

चितगुण चित बिलास दास सो अंतर नाहीं। आदि अंत में मध्य गोसाई अगह गहन में नाहीं। गहनीगहिए सो कैसा, सोहं शब्दसमान आदिब्रह्म जैसेका तैसा।। कहें कबीर हम खेलैं सहज सुभावा, अकह अडोल अबोल सोहं समिता। तामो आन बसा एकरमिता।। वा रमता को लखे जो कोईं। ता को आवागमन न होई।।

ऊँ-सोऽहं, सोहं सोई ऊँ-सोऽहं भजो नर लोई।।
ऊँ कीलक सोहं वाला। ऊँ-सोहं बोले रिसाला।।
किलक, कमत, कंमोद, कंकवत, ये चारों गुरु पीर।।
धर्मदास को सत शब्द सुनायो, सतगुरु सत्य कबीर।।
बाजा नाद भया पर तीत। सतगुरु आये भौजल जीत।।
बाजबाज साहब का राज मारा कूटा दगाबाज।।
हाजिरको हजूर गाफिलको दूर, हिंदूका गुरु मुसलमानका पीर।।
'सात द्वीपनौखंड में, सोहं सत्यकबीर"।।

(पृष्ठ नं. 55)

पल जब पीव से लागा। धोखा तब दिलों का भागा।।
चेतावनी चित विलास। जबलग रहे पिंजर श्वास।।
सोहंशब्द अजपाजाप साहब कबीरसो आपहिं आप।।
जागृत रूपी रहत है, सतमत गहिर गंभीर।
अजरनाम बिनसे नहीं , सोऽहं सत्य कबीर।।

11:04
Vo)) 4G+ LTE1

आरती चैंका

प्रथमहिं मंदिर चैक पुराये। उत्तम आसन श्वेत बिछाये।। धन्य संत जिन आरति साजा। दुख दारिद्र वाके घरसे भागा।। कहें कबीर सुनो धर्मदासा। ओहं-सोहं शब्द प्रगासा।।

आरती चैकें (प्रथम मंदिर चैं पुराये ---) में लिखा है "कहै कबीर सुनों धर्मदासा। ऊँ सोहं शब्द प्रगासा।।" यह सतनाम (ऊँ-सोहं) है।

(शब्द: "अवधू अविगत से चल आए")

अवधु अविगत से चल आया, कोई मेरा भेद मर्म नहीं पाया।।टेक।।
ना मेरा जन्म न गर्भ बसेरा, बालक ह्वै दिखलाया।
काशी नगर जल कमल पर डेरा, तहाँ जुलाहे ने पाया।।
माता-पिता मेरे कछु नहीं, ना मेरे घर दासी।
जुलहा को सुत आन कहाया, जगत करे मेरी है हांसी।।
पांच तत्व का धड़ नहीं मेरा, जानूं ज्ञान अपारा।
सत्य स्वरूपी नाम साहिब का, सो है नाम हमारा।।
अधर दीप (सतलोक) गगन गुफा में, तहां निज वस्तु सारा।
ज्योति स्वरूपी अलख निरंजन (ब्रह्म) भी, धरता ध्यान हमारा।।
हाड चाम लोहू नहीं मोरे, जाने सत्यनाम उपासी।
तारन तरन अभै पद दाता, मैं हूं कबीर अविनासी।।

(शब्द: "होत अनंद अनंद भजन में")

होत अनंद अनंद भजनमें, बरषत शब्द अमीकी बादर, भींजत हैं कोई संत।।
अग्रबास जहँ तत्त्वकी नदियां, मानो अठारा गंग।
कर अस्नान मगन ह्वै बैठे, चढत शब्दके रंग।।
पियत सुधारस लेत नामरस, चुवत अग्रके बुंद।
रोम रोम सब अमृत भीजे, पारस परसत अंग।।
श्वासा सार रचे मोरे साहब, जहां न माया मोहं।
कहें कबीर सुनो भाई साधू, जपो ओ3म-सोहं।।

(शब्द)

तीन लोक जम जाल पसारा। नेम धर्म षटकर्म अचारा।।
आचारे सब दुनी भुलानी। सार शब्द कोउ विरले जानी।।1।।
सत्तपुरुषको जानै कोई। तीन लोक जाते पुनि होई।।
करम भरमतजिशब्दसमावे। इस्थिरज्ञानअमरपदपावे।।2।।
सत्यशब्द को करे विचारा। सो छूटे जमजाल अपारा।।
कहैकबीरजिन तत्त विचारा। सोहंशब्द है अगम अपारा।।3।।
नाम हमारा आदिका, सुनि मत जाहु सरख।
जो चाहे निज मुक्तिको, लीजो शब्दहिं परख।।4।।

उपरोक्त शब्द में कहा है (तीन लोक यम जाल पसारा ---। कोई शब्द सार निःअक्षर सोई में) सत्यनाम का अभ्यास भली प्रकार हो जाने पर पूरा गुरु आपको सार शब्द देवेगा। इस सार शब्द को प्राप्त करने योग्य बहुत कम भक्तजन होते हैं। प्रमाण है कि साहेब कबीर के चैसठ लाख शिष्यों में से केवल धर्मदास साहेब ही सारशब्द के अधिकारी हुए थे अन्य नहीं। जिस समय साहेब कबीर ने धर्मदास जी को सारशब्द प्राप्त कराया उस समय कहा था "धर्मदास तोहे लाख दुहाई, सार शब्द कहीं बाहर न जाई"।सार शब्द पूरा (पूर्ण) गुरुदेवेगा।

(शब्द)

नाम अमल में रहे मतवाला। प्रेम अमीका पीवे प्याला।।

फिर (नाम अमल में रहै मतवाला -----) इसमें कहा है कि पूर्ण गुरु (कड़िहार) जो जीव को काल के लोक से निकाल कर सतलोक (सत्यनाम व सारनाम-सारशब्द के आधार) ले जाता है वह कड़िहार (काड़ने/निकालने वाला) कहलाता है। यदि सत्यनाम (ॐ-सोहं) नहीं देता तथा फिर सारनाम नहीं देता वह काल का स्वरूप गुरु (कड़िहार) है अर्थात् काल साधना करवा कर नरक भिजवा देगा, वह काल का ऐजेंट है। नाम देने का अधिकारी वही है जिसको गुरु जी ने आदेश दे रखा है तथा सत्यनाम व सारनाम साधना बताता है।

(शब्द)

तथा सत्यनाम व सारनाम साधना बताता है।

(शब्द)

सतगुरु सो सतनाम सुनावे। और गुरु कोइ काम न आवे।।
तीरथ सोई जो मोछै पापा। मित्र सोई जो हरै संतापा।।1।।
जोगी सो जो काया सोधे। बुद्धि सोई जो नाहि विरोधे।।
पण्डितसोईजोआगमजानै।भक्तसोईजोभयनहिंआनै।।2।।
दातै जो औगुन परहरई। ज्ञानी सोइ जीवता मरई।।
मुक्तासोईसतनामअराधे।श्रोतासोईजोसुरतिहिंसाधै।।3।।
सेवक सोई गहै विश्वासा। निसिदिन राखै संतन आसा।।
सतगुरुकालोपैनहि बाचा। कहैकबीरसोसेवकसांचा।।4।।

‘‘सतगुरु सो सतनाम सुनावै‘‘ इसमें कहा है कि वही सतगुरु है जो सत्यनाम देता है अन्य नाम देने वाला गुरु कोई काम नहीं आवेगा। उल्ट काल के मुख में ले जावेगा। वह शिष्य पार होएगा जो गुरु वचन को मान कर गुरु जी के अनुसार चलेगा।

(कबीर पंथी शब्दावली पृष्ठ नं. 353)

दुनिया अजब दिवानी, मोरी कही एक न मानी।।टेक।।

‘‘दुनियां अजब दिवानी ------‘‘ में कहा है कि भक्तजनों ने मेरे द्वारा बताई गई भक्ति की विधि नहीं मानी। गुरु रूपी प्रत्यक्ष परमात्मा को छोड़कर तीर्थ यात्र, पत्थर पूजा, पित्र पूजा आदि पूजन करते हैं। श्री मदभगवत गीता अध्याय 7 श्लोक 12 से 15, 20 से 23 में स्पष्ट किया है कि तीनों गुणों (रजगुण ब्रह्मा, सतगुण विष्णु, तमगुण शिव) की उपासना करने वाले मूर्ख हैं वे राक्षस स्वभाव को धारण किए हुए मनुष्यों में नीच दुष्कर्म करने वाले हैं वे मेरी (गीता ज्ञान दाता ब्रह्म की) पूजा भी नहीं करते। फिर गीता अध्याय 7 श्लोक 18 में ब्रह्म साधना को अनुत्तम (अश्रेष्ठ) कहा है क्योंकि पूर्ण मोक्ष नहीं होता। इसलिए ऋषि-मुनि जन ब्रह्म साधना करके भी काल जाल में जन्म-मृत्यु में ही रह जाते है। इसलिए गीता अध्याय 18 श्लोक 62 में कहा है कि पूर्ण मोक्ष के लिए उस पूर्ण परमात्मा की शरण ग्रहण करो। काल के दबाव में आकर सच्चाई को तो झूठ मानते हैं और झूठ को सच। सच्चाई बतावें तो मारने दौड़ते हैं। कबीर परमेश्वर जी स्वयं परमात्मा आए थे।

Media | Devices

(कबीर पंथी शब्दावली के पृष्ठ नं. 271 से 275 तक)

स्वासा सुमिरण होत है, ताहि न लागै बार।
पल पल बन्दगी साधना, देखो दृष्टि पसार।।173।।
सत्य नामको खोजिले, जाते अग्नि बुझाय।
बिना सतनाम बांचे नहीं, धरमराय धरि खाय।।184।।
आदि नाम निज सार है, बूझि लेहु हो हंस।
जिन जाना निज नामको, अमर भयो स्यों बंस।।205।।
आदि नाम निज मूल है, और मंत्र सब डार।
कहै कबीर निज नाम बिन, बूडि मुआ संसार।।206।।
आदि नामको खोजहू, जो है मुक्ति को मूल।
ये जियरा जप लीजियो, भर्म मता मत भूल।।207।।
कहै कबीर निज नाम बिन, मिथ्या जन्म गवांय।
निर्भय मुक्ति निःअक्षरा, गुरु विन कबहुँ न पाय।।208।।
सबको नाम सुनावहू, जो आवे तव पास।
शब्द हमारो सत्य है, दृढ राखो विश्वास।।220।।
होय विवेकी शब्दका, जाय मिलै परिवार।
नाम गहै सो पहुँचिहैं, मानहु कहा हमार।।221।।
आदि नाम पारस (सारनाम) है, मन है मैला लोह।
परसतही कंचन भया, छूटा बंधन मोह।।222।।
सुरति समावे नामसे, जगसे रहै उदास।
कहै कबीर गुरु चरणमें, दृढ राखै विश्वास।।223।।
ज्ञान दीप प्रकाश करि, भीतर भवन जराय।
बैठे सुमरे पुरुषको, सहज समाधि लगाय।।229।।
अछय बृक्षकी डोर गहि, सो सतनाम समाय।
सत्य शब्द (सारशब्द) प्रमाण है,सत्यलोक महं जाय।।230।।
कोइ न यम सो बाचिया, नाम बिना धरिखाय।
जे जन बिरही नामके, ताको देखि डराय।।232।।
कर्म करै देही धरै, औ फिरि फिरि पछताय।
बिना नाम बांचे नहीं, जिव यमरा लै जाय।।233।।

11:07

ऊँ और सोहं का इकट्ठा जाप 'सत्यनाम' कहलाता है। यह स्वांसों द्वारा जपा जाता है। इसे 'अजपा जाप' भी कहते हैं। इसी का प्रमाण कबीर साहेब की वाणी में है जिसमें धर्मदास को नाम दिया है। कबीर पंथी शब्दावली में पृष्ठ नं. 51 पर वाणी में लिखा है "ओ3म-सोहं भजो नर लोई", यही सत्यनाम है।

फिर कबीर पंथी शब्दावली के पृष्ठ नं. 52-53 पर लिखा है।

श्रोता वक्ता की अधिक महिमा, विचार कुण्ड नहाईए। सारशब्द निबेर लीजे, बहुरि न भवजल आईए।।

सर्वसाधु संत समाज मध्ये, भक्ति मुक्ति दृढाईए। सुमिरण कर सतलोक पहुँचे, बहुरि न भवजल आईए।।
सोहं शब्द अजपा जाप, साहेब कबीर सो आपही आप।
सोहं शब्द से कर प्रीति, अनभय अखण्ड घर को जीत।।
तन की खबर कर भाई, जा में नाम रूसनाई।।

फिर "ज्ञानगुदरी" कबीर पंथी शब्दावली के पृष्ठ नं. 55 पर।

इसमें लिखा है:-- मन को मारने का साधन सत्यनाम (ऊँ-सोहं) है केवल ऊँ मन्त्रा नहीं। सत्यनाम स्वांसों से सुमरण होता है। ऊँ शब्द का जाप काल लोक पार करने के बाद अपने आप बन्द हो जाता है तथा सोहं का प्रारंभ रहता है। सार शब्द सत्यलोक में ले जाता है। परब्रह्म के लोक से पार होते ही भंवर गुफा है वहां तक सोहं मन्त्र ले जाता है।

निहचे धोति पवन जनेऊ, अजपा जाप जपे सो जाने भेऊ।।
इंगला, पिंगला के घर जाई, सुषमना नीर रहा ठहराई।।
ऊँ-सोहं तत्त्व विचारा, बंकनाल में किया संभारा।।
मनको मार गगन चढिजाई, मानसरोवर पैठ नहाई।।

इसी का प्रमाण महाराज गरीबदास साहेब जी (छुड़ानी, हरियाणा) ने अपनी वाणी में दिया है। सतग्रन्थ साहिब पृष्ठ नं. 425 पर ।

राम नाम जप कर थीर होई। ऊँ-सोहं मन्त्र दोई।।
कहा पढो भागवत गीता, मनजीता जिन त्रिभुवन जीता।
मनजीते बिन झूठा ज्ञाना, चार वेद और अठारा पुराना।।

बिन्दुयोग

बिन्दु शोधन और तत्पश्चात् विन्दुजय इस कौशल के अन्तर्गत आते है। आदि विन्दु मनुष्य शरीर में शुक्र के रूप में वर्तमान है। यह शुक्ररूप बिन्दु अमरत्व और मरण दोनों का हेतु है। 'मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बन्दु धारणात्" इसी लिए कहा गया है। दुरूपदिष्ट मार्ग द्वारा एवं मुद्रा विशेष के सम्यक अभ्यास से शुक्र शोधन होता है। शोधन की प्रथम अवस्था में यह शुक्र, दूसरी में ओज, तीसरी में बिन्दु, चाथीमें मर्ग, पांचवी में ब्रह् तेज, छठी में ब्रह्म और सातवी में अनामी कहलाता है। इस साधना से बिन्दु पूर्णतया स्थिर हो जाता है।[1]

कार्य भेद से मनुष्य देह में विन्दु दो प्रकार से विद्यमान रहता है। शिव बिन्दु और रजो बिन्दु। रजोबिन्दु नाभि और शिवबिन्दु मस्तक के मध्य भाग में रहता है। रजोबिन्दु का उर्ध्व निपात करके उसे शिवबिन्दु में मिलाकर शिवशक्ति का एकीकरण करके पूर्ण बिन्दुजय और बिन्दुयोग की सिद्धि होती है और जरा मृत्यु का निवारण हो जाता है।[2] कहना न होगा कि नाथ मतापदिष्ट साधनाप्रणाली में बिन्दुरोग का महत्वपूर्ण स्थान है।[3]

वायुयोग

यह भी कायसिद्धि का हेतु माना गया है। वायुशक्ति को प्राणशक्ति भी कहा गया है, परन्तु अपने साधारण रूप में जब वायु सामान्य जीव देह में

---

[1] बिन्दुयोग, महात्मा ओम्, पृ० 36

[2] वही, पृ० 38

[3] व्यन्द ही जोग व्यन्द ही भोग। व्यन्द ही हरे चौसठ रोग।
या बिंद का कोई जाणे भेव। से आपै करता आपै देव।
गो०बा० 148, पृ० 51।

अन्न — खावे जो अरु बाजरा, चावल, चना, जुवार।
मूँग, मोठ चोला सु पचे, अमृत का निर्धार ॥१॥
गेहूँ पचता देर में, करता अपच विकार।
उड़द इसी सम जानिये, मक्कई धान सुधार ॥२॥
साधारण आटा रखे, लेवे करड़ा गूँध।
सम रोटी सेके भली, खाये चित नहीं रूँध ॥३॥

अन्न के विषय में मेरा अनुभव है कि जो, बाजरा, मूँग, मोठ, चोंला मक्कई, चावल, जुवार सरलता से पचने वाले हैं। गेहूँ और उड़द गरिष्ठ हैं, कठिनाई से पचते हैं, अपच करते हैं। आटा साधारण अर्थात् न ज्यादा महीन हो और न मोटा हो, इसे करड़ा गूँध कर साधारण रोटी बनाकर अच्छी तरह सेंक कर और घृत युक्त करके खाना चाहिये। ऐसा करने से चित प्रसन्न और शरीर निरोग रहता है। देश काल के अनुसार अन्न खाना चाहिये। जिस प्रान्त में जो अन्न अधिकता से उत्पन्न होता है उसे ही खाना अच्छा होता है।

बाजरा गर्म अन्न है चना दस्त साफ लाने वाला तथा मोठ और चोंला वायु को साफ रखने वाले हैं।

फल और मसाले

मिर्च, मसाले, मिठाई, तेल और अमचूर।
आचारादिक त्यागे से रोग रहत है दूर ॥१॥
आम गरम फल है महा, खरबूजा दुःख रूप।
इनको कभी न खाइये, निर्णय मेरा अनूप ॥२॥
गाजर, मूली, मतीरा, नारंगी, अंगूर।
दाड़ू, सेवरु जामफल, करते हैं दुःख दूर ॥३॥

मिर्च आदि नाना प्रकार के मसाले (जीरा और धनिया नहीं) तेल अमचूर और कई तरह के आचार (नींबू, आँवला नहीं) इनको न खाना चाहिये, क्योंकि यह गरमी करते हैं उत्तेजक हैं वीर्य आदि धातुओं को दूषित बनाते हैं। इसी प्रकार मिठाई भी (आवश्यकता पड़ने पर गुड़, शक्कर का सामान खाया जा सकता है) रोग उत्पन्न करती है। इन चीजों के खाने से इन्द्रियाँ चटोरी बनती है पाचन शक्ति खराब हो जाती है और रोगी होना पड़ता है। फलों में गाजर मूली, मतीरा, नारंगी, अंगूर, जामफल-अमरूद इनको खाने से शरीर स्वस्थ्य रहता है। खरबूजे और आम बहुत गरमी करते हैं इन्हें नहीं खाना चाहिये। इसी प्रकार अरंड ककड़ी,

07:37
Vo)) LTE1 4G
facebook ऐप खोलें लॉग इन करें

अरूणिमा सिंह
16 सितं 2025 ·

सतुआ!
मां कहती हैं कि सतुआ तब तक सतुआ नहीं कहलाता जब तक वो सात अनाज से मिलकर न बना हो।
सत्तू में मक्की, जौ, ज्वार, मटर, चना, बाजरा और गेहूं मां डालती थी। इन सभी अनाज को भिगो कर सुखाती थी और फिर भाड़ में भूनने के लिए भिजवा देती थीं।
भुजैइन काकी की पारिश्रमिक अलग से चावल बांध कर देती थीं। अगर उन्हें अलग से मेहनताना नहीं दिया जाता था तो काकी भूनने के लिए आए अनाज का कुछ हिस्सा भुजाई के मूल्य के रूप में रख लेती थीं।
भाड़ में पहले से ही भीड़ लगी रहती है। कोई पसर भर मटर ले आया है तो कोई चना लाया है, किसी के पास एक सिकौहुली मकई के दाने हैं तो कोई भुजिया चाउर लाया है।
काकी जिसका भूजा भूजती थी उससे ही भाड़ झोकवाती थीं। बगिया के पेड़ो से गिरी पत्तियां बहार कर खांची में दबा दबा कर भर लाती थीं और यही उनके भाड़ का ईंधन होता था।
भाड़ जलते ही भाड़ से हवा के सर पर सवार हो कर उड़ती आती सोंधी सुगंध जब नाक में चढ़ती थी तो फिर मन गर्म गर्म भूजा चबाने के लिए बेताब हो उठता था।
मां फिर कुछ न कुछ देकर भुजाने भेज देती थीं।
जो आनंद गर्म गर्म भूजे भूजा का होता है उतना स्वाद रखे हुए में नहीं आता है।
खैर सतुआ से चले थे भूजा पर आ अटके तो सतुआ की तरफ वापिस चलते हैं।
सतुआ जब भुजा कर आ जाता था तब जांता धोया जाता था आस पास चिकनी मिट्टी से लीप कर साफ किया जाता था और फिर मां, काकी मिलकर सतुआ पीसती थीं।
दोपहर जब तीन बजे वाली भूख लगती थी तब भोजन के बजाय हमारे गांव का दो मिनट वाला चटपटा, स्वास्थ्य वर्धक, पौष्टिक आहार तैयार होता था।
फटाफट नमक डाल कर घोल लिया चटनी, प्याज, सिरका, हरी मिर्च संग खा कर आनंद लिया।

लालगिरि जी की वाणी

साहिब बरसै सुंन में अजर अमर निरवांण
रूंम रूंम व्यापक सकल (कोई) विरला करै पिछांण
विरला करै पिछांण सोइ बिन सतगुर भेट्या
करम करया सब दूर सार गहि आपा मेट्या
कहै गुसांई लाल कीया जिन पांचू गायब
अजर अमर निरवांण सुंन में बरसै साहिब ॥ १ ॥

ऊं सोईं हंस है सोहं हंसा सोय
मह अच्छर ता ऊपरै अर्द्ध–चंद्रवत् जोय
अर्द्ध–चन्द्रवत् जोय भरया घर सुंना मांही
अजर अमर निरवांण निरंजण सोहं सोई
कहै गुसांई लाल पिछांणे विरला कोई
सोहं हंसा सोय हंस है उ हं सोई ॥ २ ॥

यो ही यो ही अलष है धरा गिगन के बीच
स्वेत फटिक मणसार सा ना कोई ऊंचा नीच
ना कोई ऊंचा नीच अखंड व्यापक जग सारै
बाहिर भीतर मांहि नहि कोई तारै मारै
कहै गुसांई लाल नहीं जहाँ एको बोई
करो संत परतीत अलष है यो ही यो ही ॥ ३ ॥

उं हं उं हं अधर है धरणा गिगनी मांहि
अहं अहं यो भरया हूं सोहं सब ठांहि
हूं सोहं सब ठांहि अथग जीणा अत भारी
थावर जंगम मांही नहीं कोई पुरुषा नारी
कहै गुसांई लाल विचारं हंसा सोहं
सो पावै निज रूप हंस है उ हं उ हं ॥ ८ ॥

ॐ कं ऊरध सीस, धरा कै अधर बीच
इत उत नां ही हीच समंद ज्यूं भरचौ है
निकट न नडौ दूर वसूं दिसा भरपूर
असंष चंवर सूर अधरन धर्‌यो है
अषंड अनूप रुप नांही छाया नां (हि) धूप
वचन न वणं चूप, कैसं कहि वषांणीये
कहत है गुसांई लाल हम देख्यो ऐसो ष्याल
चौडे चौक पड़ो माल गुरु मुष जांणीये ॥ ९ ॥

गरज नांहि वरमा अरु विसनऊ की गरज नांहि
गरज नां ही संभु ईस गिरजा गणेस की
गरज ना ही इन्द्र अरु कुमेर हूं की गरज नांही
गरज नाहो धरमराय वरण अरु सेस की
गरज नांही राणा अरु राव हू की गरज नांही
गरज नांही दुनियां मीर सेष ऊ नरेस की
कहत है गुसांई लाल और सिरट कोण माल
संत हू न राखे गरज मुक्त हूं से वेस की ॥ १० ॥

करूँ पुरुष से मेला रे, अवधू करूँ पुरुष से मेला रे।
सुरत निरत मन पवना इक कर, कर्‌या चतुर्दश मेला रे ॥ आ॰ ॥
सुन सा सहर गिगन सा किहला, जहां वो पुरुष अकेला रे।
गुरु मम संग चढू ब्रह्मांडा, वहां जाय बांधू बेला रे ॥ १ ॥
बांध्या बेल मिल गया मेला, ना कोई एको दूजा रे।
भया प्रकाश निरन्तर मेला, नहि सेवक या पूजा रे ॥ २ ॥
है सो नांही, नहि सो नांही, समझ समझ मुसकाई रे।
गूंगा कहै कोण के आगे, माया मिश्री खाई रे ॥ ३ ॥
ऐसा पुरुष अलख अविनासी, जासे ताली लागी रे।
कहत लाल गिर सुण रे पूता, मन की दुबध्या भागी रे ॥ ४ ॥ ॥१७॥

सुन्न में अलख लखाऊ रे अवधू, सुन्न में में अलख लखाऊ
सावधान गाफल नहीं रहणा, गूंगा होय बतलाऊ ॥ आ॰ ॥
मुख बिन शब्द कान बिन सुणना, कर बिन ताल बजाऊ।
देखिने नेत्र बिन बास नाक बिन, पग बिन पंथ चलाऊ ॥ १ ॥
धरणि गगन बिच हाथ हलाऊ, तामें सेंन कराऊ।
हुआ गरकाव उलट घर आऊ, हंसो हंस मिलाऊ ॥ २ ॥
बाहिर भीतर सुन्न हि सुन्नं, सुन्न भर्‌या इकसाऊ।
सुन्न सकल विधि अगम अनादि, सुन्नहि सुन्न विलाऊ ॥ ३ ॥
सुन्न साधन है निरांजनेसा, पार कोऊ नहि पाऊ।
कहत लाल गिर सुण रे पूता, आजा पार पठाऊ ॥ ४ ॥ ॥१८॥

सहजा मुक्त बताऊँ रे अवधू, सहजा मुक्त बताऊँ रे।
पहली मोको तन मन सौंपे, पीछे फिर बिलमाऊँ रे ॥ ध्रा: ॥
सोहं हंसा सास हुलासा, करे चार चक मेला रे।
ऐसा जाप जपे निशि बासर, होय ब्रह्म सौं मेला रे ॥ १ ॥
निकलंक देख निरन्तर बासा पैठत मध्य प्रकाशा रे।
थिर होय सोजी बाहिर भीतर, सो निर्माण निवासा रे ॥ २ ॥
जीवन मुक्त सन्त जन कहिये, मुवा मुगत संसारा रे।
एक हि जीव ब्रह्म हि एक हि, कोण वार कुण पारा रे ॥ ३ ॥
मैं ही मुकत मुक्त मुझ मांही, आद अन्त इक सारा रे।
कहत लाल थिर सुण रे पूता, मैं हूं अगम अपारा रे ॥ ४ ॥ ॥१९॥

:

गगन घुर्‌यो सहनांनि रे अवधू, गगन घुर्‌यो सहनानी।
उनमनि बाजा बजने बाजा, उमड्या इन्द्र मेवानी ॥ ध्रा: ॥
उमग्या इन्द्र गगन की घाटी, सो मेरे मन मानी।
हुये मतवाले पीकर प्याले, अरस परस कर जानी ॥ १ ॥
इन्द्र धनुष उत्तर दिसि तणिया, दक्षिण दिसि बीज चमकिया रे।
पूरब पवन पर बाई बाजे, पश्चिम धरा धमकिया रे ॥ २ ॥
अमृत उलट गगन में फली, गंग जमन बिच फैली रे।
भया प्रयाग त्रिवेणी मेला, सुख सागर में रेली रे ॥ ३ ॥
भर्‌या सुख बिच सुख का सागर, हंस चुगे जहाँ मोती रे।
कहत लाल गिर सुण रे पूता, घट घट पूरण ज्योति रे ॥ ४ ॥ ॥२०॥

है सो नांही नांहि रे अवधू, है सो नांही नांही रे।
नांही है के मध्य निरन्तर, अकल अमूरत ताई रे ॥ आ: ॥
धर जल तेज पवन नहीं पाणी, नांही पिंड ब्रह्मांडा रे।
चन्द्र सूर नक्षत्र जहूं वां, नांही द्वीप नव खंडा रे ॥ १ ॥
नांही नांही में ही मांही, तू देखे सो नांही रे।
अगम अतीत अगोचर मारग, कहि समझाऊं कांई रे ॥ २ ॥
नांही नांही कह्यो ना जाई, है है कहे न नांही रे।
अलख दरियाव भर्‌या नहीं खाली में वहीं आपू कांई रे ॥ ३ ॥
अभेद अखेद-अछेद अडोला, वचन कहूं कहा ताई रे।
कहत लालगिर सुण रे पूता, समझ मूल कछु नांही रे ॥ ४ ॥ ॥२३॥

जमराजा से डाऊ रे संतो, जमराजा से डाऊ।
झूंठे विप्र डरावत जग को, बाल डरावत माऊ ॥ आ: ॥
ज्यों सुसिये सिर शृंग कहीजे, यह न शास्त्र अनुकूला।
त्यों जमराज मिथ्या जग मांही, भ्रम करि दुनियां भूला ॥ १ ॥
ज्यों बन्ध्याघर पुत्र कहीजे, ज्यों मृग तृष्णा भूला।
ओस बूंद मोती जग मिथ्या, मिथ्या भूत बघूला ॥ २ ॥
गन्धर्व नगर सीसगढ किल्ला, को कुण वास बसाणा।
ऊगा सूर तेज जब प्रगटा, देखत दृष्टि बिलाणा ॥ ३ ॥
ना कोई सरग नरक नहि जाणा, ना कोई जूंण चौरासी।
ना धर्मराज न जम की बेड़ी, नहीं काल नहि फांसी ॥ ४ ॥
धरती मिली तोय के अम्बर, तोय तेज के मांही।
तेज वायु मिल वायु गगन मिलि, गगन मिल्या गम नाहीं ॥ ५ ॥
ज्यों दरियाव लहर उपानी, नीर लहर बिन नांही।
ज्यों जग बण्या अलख के भीतर, उलट मिल्या ता मांही ॥ ६ ॥
जीवन ब्रह्म जगत नहि माया, रंग रूप नहि काया।
नभ के बीच निरंतर भरिया, सोहं सहजा पाया ॥ ७ ॥
अविगत अलख अमर अविनासी, लालगिरि लख पाया।
सतगुरु शरण भरम भव भागा, फेर न दूजे आया ॥ ८ ॥ ॥२४॥

सन्तो लो रे हरी को नामा ।
रोकारोक उधार न करहू, सिर सठ सूंगा दामा ॥
सोहं हंसा सासो सासा, जपे जाप निज नामा ॥
ऐसा विणज करे कोई मोसे, ताही करों निकामा ॥१॥
ब्रह्म माल अपार भवन में, भरया अथाह अथोई ।
तोल न मोल माप नहि वां का, लोरे पजा सो कोई ॥२॥
निराकार आकार विवर्जित, घट-घट पूरण सांई ।
जो कोई मोको तन मन सौंपे, ताहि दिखाऊ माई ॥३॥
ऐसा रतन अमोल पदारथ, ले लो सनमुख आई ।
स्वयं प्रकाश महा सुन भीतर, शोभा बरणि न जाई ॥४॥
धरणि गगन बिच हाट मंडाणी, वणिजे लाल गुसांई ।
मैं मेरे सिर साटे लीना, पड़त तरपद छांई ॥५॥ ॥२५॥

हमारे अलख लखो मेरा भाई, आवो संगत के माई ।
निरमल आभा जिसा निरंजन, नहि धूप नहि छांई ॥अः॥
ना कोई देव न देवी दरसे, ना कोई सेव न पूजा ।
ना कोई जगत ब्रह्म इक माया, ना कोई एक न दूजा ॥१॥
दूर कहूं तो नेड़ा दरसे, निकट कहूं तो दूरा ।
निकट न दूर दूर नहि नेड़ा, अकल सकल भरपूरा ॥२॥
ना कोई गांव नाम नहि पैंडा, ना कोई धरणि अकासा ।
अर्ध उर्ध्व के अधर बिम्ब में, अवगत अखंड प्रकाशा ॥३॥
मन बुध चित पसमा नहि दरसे, श्रुति चारों मिल गाई ।
कहत लालगिर सुण रे पूता, सतगुरु सेन लखाई ॥४॥ ॥२६॥

अलख घर खोज गिगन घर माही, भंवर भवन बिच सोध ।
कुण घर उतपत सास उसासा, कुण घर प्रलय सोध ।
कुण घर हंसा है निर संसा, कुण घर मन परमोध ॥१॥
नाभी उतपत सासो सासा, सुन घर प्रलय सोध ।
मन घर हंसा मेरे संसा, शिव घर मन परमोध ॥२॥
कुण चालत कुण बोलत माही; कोण सुणत श्रुति वेण ।
कोण नासिका लेत वासना, कौन निरखता नेण ॥३॥
चेतन चालत बोलत माही, सोहि सुणत श्रुति वेण ।
सोहि लेत सुगन्ध वासना, सो हि निरखत नेण ॥४॥
कुण घर अलख कोण सा मारग, कोण गगन घर लेख ।
कहत जीव मैं किस विधि निरखूं, रंग रूप नहि रेख ॥५॥
मन घर अलख विख ध्रुव मारग, अगम गगन घर पेख ।
कहत लाल थिर सुण रे पूता, सर्व वर्ष में देख ॥६॥ ॥२९॥

प्रस्तुत किया गया है। यह प्रयोग अत्यन्त रूचिकर एवं मनोरंजक प्रतीत होता है। यहां उनका विवरण दिया जा रहा है।

नाथ गुरू उत्तमनाथ के शिष्य योगी वैराग्यनाथ ने एक वाणी में लिखा है।[1]

साधे भाई ऐसी सुरता जागी रे, गुरू का शब्द सुना जब उर में, मूल अविद्या भागी रे।

जाग के जोय लियो घर सागी, इत उत नहीं अभागी रे।

शुद्व सरूप में ऐसी लागी, कियों होवे नहीं आगी रे।

अज्ञान दसा में आपो भूली कुटुम्ब कियो बहु नागी रे।

गुरू शब्दों का लगा चमेटा, सीधे मारग लागी रे।

सीधो रस्तो सोहं को है, उलटे रस्ते को त्यागी रे।

उलटे रस्ते में दुख बहु भोग्यो, सुख सोहं में पागी रे।

शुद्व रूप सांचो पति पायो, नकली को अब त्यागी रे।

नकली के संग नाथ बहु नाची, इत उत फिरी मैं भागी रें।

---

[1] विविध संग्रह विवेक प्रकाश – (80)

वज्रयान की योगसाधना में प्राणायाम की भी उपयोगिता है। इस साधना के लिए हिन्दू तन्त्रों की ही तरह बौद्ध तन्त्रों में नाड़ियों की संख्या बहत्तर हजार बताई गई है। इनमें भी बत्तीस नाड़ियाँ मुख्य हैं। उनमें भी तीन प्रमुख हैं – ललना, रसना और अवधूती। इन्हें ही हिन्दू तन्त्रों में क्रमशः इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना कहते हैं। नाड़ियों की संख्या में यह भेद नाड़ियों के उप विभाजन के कारण हो सकता है। नाड़ियों के

विभाजन का केवल एक ही प्रकार नहीं है। अपितु इनका अनेक सूक्ष्म और स्थूल प्रकारों से विभाजन किया गया है कुछ नाड़ियाँ तो इन्द्रियों के द्वारा दृष्टिगोचर होती हैं किन्तु कुछ ऐसी भी हैं, जिनका ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा कथमपि सम्भव नहीं है। स्थूल शरीर में इन नाड़ियों का जाल सा बिछा रहता है। शरीर का कोई भी अंग चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, नाड़ियों से रहित नहीं है। शरीर की सम्पूर्ण क्रियाएँ इन नाड़ियों द्वारा ही संचालित होती हैं। नाड़ियों के द्वारा सम्पूर्ण शरीर के विभिन्न अवयवों में पारस्परिक सम्बन्ध बना रहता है। इन नाड़ियों का कृत्य बाह्य जगत की संवेदनाओं को भीतर लाना तथा भीतर की प्रतिक्रियाओं को बाहर ले जाना है।[65] लालना नाड़ी वाम भाग में स्थित रहती है और रसना दक्षिण भाग में।

बौद्ध तन्त्रों में वर्णित ललना (प्रज्ञा, आलि) ग्रीवा के पास से निकलती है और बाई ओर से नाभि प्रदेश में प्रवेश करती है। नाभि प्रदेश से रसना (उपाय, कालि) आरम्भ होती है और ग्रीवा के पास दक्षिणी ओर से प्रवेश करती है। इन दोनों के बीच से हत्कमल से निकलती हुई अवधूती से बोधिचित्त प्रवाहित होता है। यह अवधूतिका ही सहजानन्द प्रदायिका है यह स्वयं सहजानन्दरूपिणी है यह अवधूति बोधिचित्त है, भगवती नैरात्मा है, सहजसुन्दरी है।[66]

इसी नाड़ी के माध्यम से बोधिचित्त साधन (बिन्दु साधन) सम्भव होता है, नाड़ियों का उपयोग प्राणायाम की साधना के लिए किया जाता है। प्राण और अपान की साधना मन्त्रयोग की सहायता से की जाती है। उसमें पूरक, कुम्भक और रेचक नाम की तीन क्रियाएँ होती हैं। प्राणायाम में नियन्त्रण के लिए मन्त्र का प्रयोग विहित है। इस वज्रजाप से प्राण–अपान के नियन्त्रण से चित्त की अधोगति बाधित होती है तथा वह ऊर्ध्वमुख होकर उष्णीषकमल में महासुख रस का पान करता है। इस साधनात्मक और आध्यात्मिक यात्रा को महायान में बोधिचित्त की दस भूमियों की यात्रा के रूप में कल्पित किया गया है। चित्त की अधोगति के नियन्त्रण के लिए हठयोग की मुद्राओं, बन्धों, आसनों और प्राणायाम का विधान भी है। गुह्यसमाजतन्त्र ने इस हठयोग को प्रारम्भिक साधन के लिए उपकारक माना है।[67]

वज्रयान की विधियों में लक्षण, आयुध आदि को आलम्बन बनाकर क्रमशः भावना करने की विभिन्न प्रकार की विधियाँ हैं जिनके कारण तन्त्रों के क्रिया, चर्या, योग और

नाम निरंतर ध्यान धरो, आत्म दीप स्वरूप।

आप आप में लख लेवो, आपही आप अनूप।।"[41]

इन्होंने अपने ग्रंथ के 'बारहखड़ी' अध्याय में नाम–स्मरण की भावना को पर्याप्त विस्तार दिया है, नाम–स्मरण इनकी भक्ति का एक अति महत्त्वपूर्ण अंग है। जैसे कि पहले ही बता दिया गया है कि यह नाम कहीं राम, कहीं कृष्ण, कहीं ब्रह्म तो कहीं अलख निरंजन एवं ओंकार आदि के नाम में प्रयुक्त हुआ है। एक स्थान पर ओंकार नाम का स्मरण करने का उपदेश देते हुए ये कहते हैं:–

'ऊँकार का सुमरण कर ले, प्राणायाम साधो भाई।'[42]

इनका नाम–स्मरण में गहन विश्वास है। नवधा भक्ति में ईश्वर के गुण कथन का भी बड़ा महत्त्व माना जाता है। इन्होंने भी अपने प्रभु के गुण कथन विषयक उक्तियाँ स्थान–स्थान पर व्यक्त की हैं। अपने सगुण–निर्गुण के गुणों का बखान करते हुए इन्होंने कहा है:–

"बेनामी सत्य स्वरूप, सच्चिदानंद आनन्दमय।

हरत सकल दुख द्वन्द्व, जेही परसत सुख सहज में।।

नमो अलख आनन्द, नमो निःष्कलंक विदेही।

नमो सगुण गुण रहित, नमो निज व्यापक देही।।"[43]

अतः अपने गुणों से रहित सगुण के गुणों का बखान इन्होंने अपनी वाणी में किया है। अपनी भक्ति की इस कड़ी में इन्होंने साधु सेवा को भी पर्याप्त स्थान प्रदान किया है। ये मानते थे कि साधु सेवा के अभाव में भक्ति करना संभव नहीं। इसी कारण इन्होंने साधु सेवा को भक्ति की अनिवार्य कड़ी बताया है। ये लिखते हैं:–

"जो सुख चाहे जीव सन्त सेवा करो।

तिनके बचन बिलास, ज्ञान उर में धरो।।"[44]

भक्ति ग्रंथों में भक्ति के लिए कई विधियों को बतलाया गया है। श्री बेनामी जी ने इन सभी विधियों को अपने ढंग से अपनाया है। ये अपनी भक्ति के भिन्न–भिन्न उपायों के माध्यम से अपने ब्रह्म को प्रसन्न करके उनसे मुक्ति की कामना करना चाहते थे। अपने इस चरम लक्ष्य की प्राप्ति हेतु इन्होंने भक्ति को अत्यावश्यक माना है। नवधा भक्ति की कड़ी में दैन्य एवं विनय का भी पर्याप्त महत्त्व स्वीकार किया जाता है। विनय

06:25

benami sampraday hin...

का जो स्वरूप दिखाई देता है, वह भी हृदय की रागात्मक वृत्ति को ही दर्शाता है। योगात्मक भक्ति–साधना का उद्देश्य भी अपने ब्रह्म का अनुग्रह प्राप्त करके ब्रह्ममय ही हो जाना है। श्री बेनामी जी की भक्ति चाहे जिन भी पदों के माध्यम से अभिव्यक्त होती हो, उसकी परिणति ब्रह्म में एकाकार होने की ही रहती है। इसमें किसी काम को साधने की प्रवृत्ति कत्तई नहीं है। ये लिखते हैं:–

"सतगुरू सोवे सुन्य में, अनहदपुर के बीच।
सुरत निरत कर खोज ले, उलट पवन दृग मीच।।[56]

अतः योगात्मक साधना के पदों से भी इनकी निष्काम भक्ति के ही दर्शन होते हैं। सर्वप्रथम जीवात्मा अपना यह दृढ़ मत कर लेती है कि वह परमात्मा से भिन्न है ही नहीं। जब दोनों अद्वैत हैं, तो फिर माया की उपस्थिति के कारण जो द्वैतभाव है, उसे समाप्त हो जाना चाहिए। यही प्रेरणा इनकी भक्ति का मूल स्त्रोत है। 'आरती–अद्वैतज्ञान' में श्री बेनामी जी ने अद्वैत दर्शनाधारित भक्ति को ही प्रकट किया है:–

"शब्द ज्ञान अंजन दिया, नैना लिया सार।
ज्ञान अद्वैत प्रगट किया, गुरूचरण चित्त धार।।"[57]

अपनी प्रेमा शक्ति में इन्होंने ईश्वर को अजपा मानकर ही अपना जाप प्रारम्भ किया है। अपनी इस भक्ति के लिए उन्हें किसी बाह्य पदार्थ अथवा वस्तु की कोई आवश्यकता नहीं है. प्रभु से अगाध प्रेम की भावना जो है। इनका आने–जाने वाला प्रत्येक श्वास ही उस अजपा का जाप करता है। इनका प्रत्येक श्वास उस परमतत्त्व को समर्पित है। इनका कथन है:–

"स्वासां की कर सुमरनी, कर अजपा को जाप।
परमतत्त्व का ध्यान धर, सोहंग आपै आप।।"[58]

यह इनकी परा भक्ति की ही महिमा है कि इन्होंने अपने अज्ञात अनदेखे प्रीतम के ही साथ अपनी होली खेलना चाहते हैं:–

"होरी खेलन दैरी ननदिया"
जो तू कहेगी सोई मैं करूँगी, अनहद की धुन लैरी ननदिया।।

06:26
benami sampraday hin...

है। कबीर का ईश्वर निर्गुण–निराकार है, उसी प्रकार इनका ब्रह्म भी बेनामी अर्थात् 'बिना नाम का' बनकर सामने आता है, जिसे निर्गुण का पर्याय मान लेने में कोई आपत्ति नहीं हो सकती। इनका यह बेनामी ब्रह्म अद्वैतवाद की पराकाष्ठा का पर्याय रहा है। इनका निम्न कथन भी इनके इस भाव की पुष्टि ही करता है। ये लिखते हैं:–

"सब ग्रंथन को सार है, सबको मथकर देख।
एक ब्रह्म व्यापक सकल, द्वैत भाव मत लेख।।"[4]

ये मानते हैं कि जीव, जब साधना के कठोर मार्ग पर चल पड़ता है, तो इस मार्ग पर चलते ही जीव का सम्पूर्ण अज्ञान लुप्त हो जाता है। उसका मार्ग ज्ञान के प्रकाश की लौ से आलोकित हो उठता है और अन्तोत्तगत्वा जीव ब्रह्ममय हो जाता है। इसी का नाम परमानंदमयी साधना स्वीकार किया गया है। मंत्रयोग से प्रारम्भ होने वाली यह साधना अपने चरम तक कैसे पहुंच पाई है, इसे इनके शब्दों द्वारा बड़े ही सहज ढंग से हृदयगंम किया जा सकता है। इन्होंने अपनी भावोक्ति को कुछ यूं अभिव्यक्ति प्रदान की है:–

"गुदा नेत्र को ढ़क लिया, ढ़के कान के साल।
रसनाते सुर खैंच कै, ब्रह्मंरन्ध्र रूध्र को चाल।।
प्राण पवन के मेल ते, भँवर गुफा के बीच।
अनहद के बाजे बजे, ये हँसन की रीत।।
ज्योत झिलमली खुदरती, तख्त ज्योति के बीच।
बेनामी बैठक करें, सतगुरु की बकसीस।।"[5]

बेनामी जी ने अपनी साधना में ज्ञान योग को एक परमावश्यक तत्व के रूप में स्वीकार किया है। इनका मानना है कि जब तक जीव ज्ञान को प्राप्त नहीं लेता तब तक मन की साधना पूर्ण नहीं हो सकती है। अपनी साधना के इस क्रम में इन्होंने भक्ति योग को भी पर्याप्त महत्व प्रदान किया है। यदि ध्यान से परखा जाए तो यह स्पष्ट हो जाता है कि ध्यान, नाम–स्मरण, भक्ति आदि सभी साधना के ही हेतु हैं। ये साधना से पृथक् नहीं आंके जाते। बेनामी जी भी मानते हैं कि भक्ति और साधना

06:27
benami sampraday hin...

स्वीकार किया है। इनकी साधना में भक्ति मूलतः समाई हुई है। इनका ब्रह्म प्रेम इनकी भक्ति योग–साधना का मूल है। इनकी साधना का स्वरूप इतना व्यापक है कि इसे उपर्युक्त अध्ययन के अधीन नहीं किया जा सकता। मूलतः इसमें सत्संगति नाम स्मरण, ध्यान, भजन–कीर्तन एवं योग आदि का अद्भुत मिश्रण दृष्टिगत है। इनका दृढ़ विश्वास है कि जब तक जीव संसार की भीड़ में विषयी जीवन का उपभोगी बना रहता है, तब तक वह साधना से विमुख एक दुर्जन के समान पृथ्वी का बोझ ही बना रहता है। इनकी धारणा है कि साधना इत्यादि के पथ पर चलकर ही ब्रह्म प्राप्ति का स्वप्न साकार हो सकता है। इनका मानना है कि मानव शरीर धारण करके भी यदि ब्रह्म से मिलन नहीं हुआ तो समझो यह जीवन व्यर्थ ही गंवा दिया। साधना के द्वारा ही मनुष्य का जीवन ब्रह्ममय हो सकता है, दूसरा कोई और उपाय नहीं है। वे लिखते हैं:–

"जब लग दम नाभी बसे, तब लग खलग जहान।
जब नभ में दम लय हुई, हो गया ब्रह्म समान।।"[9]

आत्मज्ञानपरक एक उक्ति इनकी वाणी में ही प्रस्तुत है:–

"जहाँ बसेरा बाज का, पंछी रहे न और।
ब्रह्म ज्ञान जा घट बसे, नहीं काम का ठौर।।
सिंहन के लहड़ै नहीं, ना दूजे को साथ।
आत्म ज्ञान बिके नहीं, साधु रहे न साथ।।"[10]

अतः यह स्पष्टतः उद्घोषित किया जा सकता है कि इनकी ज्ञान–साधना में आत्मज्ञान–साधना को संत प्रवृत्ति के वांछित ही स्थान प्राप्त हुआ है। इस आत्मज्ञान परक साधना को इन्होंने उस मुकाम तक पहंचा दिया है, जहाँ से ये ईश्वर का साक्षात् परमानंद से करते हैं। इस परमानन्द की अनुभूति ही एक सच्चे साधक का ध्येय होता है। अतः बेनामी जी अपनी ज्ञानपरक साधना में पूर्णतः सफल रहे हैं।

5.3.3 योग–साधना

निर्गुण–पंथीय ज्ञान मार्गी साधना में सभी संतों ने योग मार्ग को स्वीकार किया है। इन्होनें हठयोग, शब्दयोग, मंत्रयोग, भक्तियोग, ज्ञानयोग एवं कर्मयोग आदि सभी योग

"सुरत शब्द निश्चय करो, जब आतम सुध होय।
चार तत न्यारे करे, अनहद की धुन होय।।[28]
"कागद पै नहीं करोड़ा, अक्षर पै नहीं ज्ञान।
शब्द विचार सुरत ते, आपा ब्रह्म समान।।"[29]

अर्थात् अपनी चेतना को पूर्णतः ब्रह्म पर केन्द्रित करके ही इन्होंने अपनी साधना को आगे बढ़ाया। इस प्रकार बेनामी जी की यह साधना अपनी साधना–पद्धति के अनेक मार्गों से होकर शब्द सुरत की अवस्था तक पहुँच पाई है। ये कहते हैं कि ब्रह्म का निवास तो प्रत्येक मनुष्य के घट के भीतर ही होता है, परन्तु जीव (मनुष्य) अपनी अज्ञानता के कारण उसे पहचान नहीं पाता। जीव उसे कैसे पहचान सकता है, इसकी ओर संकेत करते हुए इन्होंने लिखा है:–

"बेनामी घट–घट बसे, व्योम तत्त्व निर्धार।
प्राण पवन को बस करे, तब पावे कछु पार।।"[30]

यहाँ पर प्राण, पवन का उल्लेख करके इन्होने अपनी हठयोग साधना की ओर ही संकेत किया है। अतः प्राण, पवन को नियंत्रित करके ही अभिष्ट मार्ग पर आगे बढ़ा जा सकता है। इन्होंने अपनी साधना में इड़ा–पिंगला एवं सुषुम्ना नाड़ियों का भी उल्लेख किया है। निर्गुण मार्गीय संतों ने हठयोग पर आधारित साधना–पद्धति के अनुसार ही इड़ा–पिंगला तथा सुषुम्ना नाड़ियों का प्रयोग किया है। इसी योग–साधना के परिणामस्वरूप इन्होंने भी इसी साधना–पद्धति को अपनाया है। इड़ा–पिंगला का उल्लेख करते हुए ये लिखते हैं:–

"ये इड़ा पिंगला फेर बदल घट मांही।
यह काया कासी खोज मिलैगा सांई।।"[31]

यहाँ इनकी साधनास्थ उस अवस्था का बोध होता है, जब साधक शब्द की साधना में पूर्णतः समर्पित हो जाता है। इनका मानना है कि इड़ा–पिंगला नाड़ियों को जाग्रतावस्था में लाकर उन्हें सुषुम्ना में मिलाया जाता है, तभी इस देह रूपी काशी में शब्द (ब्रह्म) रूपी शिव की दिव्यानुभूति की जा सकती है। इन्होंने सुरतावस्था की स्थिति में इन तीनों नाड़ियों के महत्व को प्रमुख माना है। ये कहते हैं जब ये दोनों नाड़ियाँ तीसरी अथवा सुषुम्ना में जाकर मिल जाती है, तभी अनहद की ध्वनि जीव को सुनाई पड़ती है। इनका कथन है:–

"इड़ा पिंगला शोच समझकर सुषुमन में चल बासा कर।
अजपा जाप जपै निशि वासर, अनहद की धुन सुनकर तर।।"[32]

इन्होंने सुरत योग हेतु यह स्पष्ट किया है कि रात–दिन उस अजपा का जाप एवं योग–साधना का संयोग जब इन दोनों का मेल हो जाता है, तो अनहद की ध्वनि सुनाई देने लग जाती है। परन्तु इससे पूर्व कुण्डलिनी तक पहुँचा जाना अनिवार्य है। कुण्डलिनी तक जाने का उल्लेख भी इन्होंने किया है। ये कहते हैं:–

06:30 Vo)) LTE1

benami sampraday hin...

कुण्डलिनी तक जाने का उल्लेख भी इन्होंने किया है। ये कहते हैं:–

"औंधा पुष्प पड़ा घट भीतर, धस के इसको सीधा कर।
फेर पुष्प को कर हृदय पै, नारायण का दर्शन कर।।"[33]

औंधा पुष्प जोकि औंधे कुंए का प्रतीक है। इसी के साथ–साथ इन्होंने अपनी शब्द साधना में कुण्डलिनी को ऊपर चढानें की स्थिति का भी संकेत किया है। इन्होंने संकेत किया है कि कुण्डलिनी के ऊपर चढ़ने की अवस्था में साधु गुणातीत महात्मा बन जाता है और शब्द की साधना की यह अन्तिम सुरतावस्था है। ब्रह्मरन्ध्र के आगे की अवस्था को तुरीयावस्था कहा जाता है। इन्होंने अपने पदों में तुरीयावस्था का भी उल्लेख किया है। वे कहते हैं:–

"गुदा नेत्र को ढ़क लिया, ढ़के कान के साल।
रसना ते सुर खैंच के, ब्रह्मरन्ध्र को चाल।।"[34]

इनकी सुरतावस्था शब्द की अनुभूति तक पहुँचने ही वाली है। यहाँ पर पहुँचकर इनको साधना के चरम लक्ष्य की प्रतीति होने लगती है। अब इनको शून्य शिखर की अनुभूति होने लगती है। शून्य की अवस्था में ही अनहदनाद की दिव्य एवं चमत्कारी ध्वनि सुनाई देने लग जाती है। ये कहते हैं:–

"प्राण पवन के मेल ते, भंवर गुफा के बीच।
अनहद के बाजे बजैं, ये हंसन की रीत।।"[35]

अब इन्हें अनहदनाद की ध्वनि सुनाई देने लगी है। इस स्थिति में ब्रह्म जोकि ज्योतिस्वरूप है, की ज्योति झिलमिलाती हुई प्रतीत होने लगती है। इस अनुभूति का चित्रण करते हुए ये लिखते हैं:–

"ज़्योत झिलमली खुदरती देखो मस्तक मांहि।
कोई कोई साधू चढ़ गये, समता मांहि समांहि।।"[36]

इन्होंने बताया है कि इस दिव्य ज्योति का अनुभव किसी विरले साधु को ही हो पाता है। अब इन्हें शब्द की दिव्य अनुभूति हो जाती है। इसके पश्चात् उस दिव्य लोक अर्थात् ब्रह्मलोक में कैसी अनुभूति होती है, उस अनुभूति का चित्रण भी इन्होंने किया है। ये लिखते हैं:–

"आकाश की सैल अजब दरिया, फरके निशान सरारे में।
जहाँ बेनामी दुरवेश खड़े, एक शून्य शिखर के तारे में।।"[37]

यहाँ पहुँचकर इनकी शब्द (ब्रह्म) की साधना का सफर सम्पन्न होता है। इनकी सुरत की अवस्था यहाँ पहुँचकर पूर्णरूपेण सुसम्पन्न हो जाती है। यहाँ पर इन्हें ब्रह्म की अनुभूति मात्र नहीं होती अपितु ये यहाँ पर दिव्य होली खेलने लग जाते हैं। इनका कथन है:–

"जब लग घट का भ्रम है, तब लग मठ में देख।
जैसे मठ में तू रहे, ऐसे घट में देख।"[3]

इनका सामाजिक चिंतन स्पष्ट पुकार करता है कि जब तक आत्मज्ञान की प्राप्ति नहीं होती, तब तक किसी भी सार्थकता को मनुष्य प्राप्त नहीं कर सकता। जीव और जीवन की सार्थकता के लिए नाम–स्मरण, भजन–कीर्तन, सत्संगति आदि वांछित

कर्म अपेक्षित हैं। सांसारिक लोगों के जीवन में इनके काव्य का कहीं हस्तक्षेप यदि हो पाया है तो बस इतना कि लोगों को ईश्वर ने जीवन प्रदान किया है, वह इसीलिए कि मनुष्य अपने जीवन का उद्धार कर सके। मनुष्य जीवन का उद्धार यदि किसी में निहित है, तो बस ईश्वर सानिध्य में ही है। अपने इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु मनुष्य को चाहिए कि वह समय रहते पूर्ण प्रयास करके अपने लक्ष्य को पाने में सफल सिद्ध हो सके अन्यथा ऐसी अवस्था भी उसके जीवन में आने ही वाली होती है:–

"श्रवण गये नेतर गये, गुदा उलट गई स्वास।
अब अंधे ऐसे हुए, दृष्टि पड़ा आकाश।"[4]

इनका काव्य पूर्णतः सामाजिक सरोकार का काव्य है। उनके काव्य में स्थान–स्थान पर सामाजिकों की चेतना को जाग्रत करने वाली उक्तियां पढ़ी जा सकती हैं। इनके समय में भी तथाकथित पण्डित, ज्योतिषाचार्य आदि लोग अपने–अपने ढंग से लोगों को गुमराह किए रहते थे। बेनामी जी ने ऐसी–ऐसी घटनाओं को जब–जब देखा, तब–तब उन पर प्रहार किए बिना नहीं रह सके। ऐसा ही संकेत निम्नलिखित पद्यांश से भी झलकता प्रतीत होता है। वे लिखते हैं:–

"जा दिन से पैदा हुआ, मस्तक लिख दिया लेख,
काहे पूछो ज्योतषी, होती जाय सो देख।"[5]

यहाँ पर बेनामी जी ने आँखों देखी पर विश्वास करने का ही आग्रह किया है। अपने सामाजिक संदेश में बेनामी जी ने इतना ही संदेश जन–मानस में देना चाहा है कि मनुष्य को चाहिए कि वह अपने शुभ कर्मों के द्वारा, शुद्ध आचरण द्वारा, आत्मज्ञान के द्वारा एवं सद्गुरु की शरणादि के द्वारा उस परमपद को प्राप्त करें, जिस हेतु उसे यह मानव जीवन मिला है।

6.1.1. लोक विश्वास

प्रत्येक साहित्य में कुछ लोक रूढ़ियों का प्रयोग न्यूनाधिक मात्रा में अवश्य होता है। इन लोक रूढ़ियों के प्रयोग द्वारा कविजन अपने–अपने कथ्य को रोचक, विश्वसनीय और मनोरंजक बनाने का प्रयास करते हैं। ये मान्यताएँ अथवा लोक रूढ़ियाँ ही 'लोक विश्वास' कहलाती हैं। लोक विश्वास के संदर्भ में जब बेनामी जी के काव्य का

06:35
benami sampraday hin...

दृष्टि के आलोक में जांचा व परखा है। यदि सांसारिक क्षुद्रताओं एवं अवांछित अवस्थाओं पर ध्यान दें तो ज्ञात होगा कि इन्होंने एक समाज सुधारक के रूप में भी स्वयं को स्थापित किया है। इनके अनेक पदों में समाज सुधार से संबंधित उक्तियां दिखाई दे जाती हैं। इनके समय में भी समाज में ऐसे लोग विद्यमान थे, जो नशे की लत का शिकार होकर अपने जीवन को तबाह कर रहे थे। ऐसे लोगों को सचेत करते हुए इन्होंने लिखा है:–

"नशे की नाहक व्याधि लगावें, नर जन्म कैद हो जावे।
भाँग पीय के भोंदू होवे, बेसुध खाना खावे।।"[98]

इनकी चेतना का वास्तविक स्वरूप इनकी मोक्ष की साधना संबंधी पदों में दृष्टिगोचर होता है क्योंकि इनकी साधना की पराकाष्ठा मोक्ष की प्राप्ति एवं साहब के दीदार की है। अपने इस लक्ष्य की प्राप्ति की ओर संत जी ज्यों–ज्यों अग्रसर होते हैं त्यों–त्यों इनकी चेतना का दृढ़ स्वरूप सामने आता है। इनकी साधना में अब उनकी वाणी शब्द की सुरतावस्था तक पहुँच चुकी है। इन्होंने इड़ा–पिंगला को जाग्रत कर सुषुम्ना में मिला दिया है। वे ब्रह्मरंध्र तक पहुँच चुके हैं। अब शून्य शिखर में अनहद की ध्वनि इन्हें सुनाई पड़ती है। इस अवस्था तक बेनामी जी कैसे पहुँचे इसका चित्रण इन्होंने इस प्रकार किया है:–

"इड़ा–पिंगला शोच समझ के सुषमन में चल बासा कर।
अजपा जाप जपै निशि वासर अनहद की धुन सुनकर तर।।"[99]

अब इन्हें ब्रह्म जो कि ज्योतिस्वरूप है, की अद्भुत एवं दिव्य ज्योति का सुखद अनुभव होने लगता है। दिव्य ज्योति के चकाचौंध कर देने वाले प्रकाश का चित्रण करते हुए इन्होंने लिखा है:–

"तख्त बिछायो चाँदन चौक में, जहाँ अनहद की है झनकार।
ज्योति कुदरती जहाँ झिलमिली, असंख्य सूर्य जहाँ करें प्रकाश।।"[100]

शब्द अर्थात ब्रह्म की अनुभूति करके वे धन्य हो गए हैं। अब ब्रह्मलोक के अद्भुत दरिया की सैर श्री बेनामी जी करते हैं:–

06:36
benami sampraday hin...

इनका मानना है कि योग–साधना इत्यादि द्वारा अभीष्ट की प्राप्ति हेतु निर्वेद का होना अत्यावश्यक है। जब तके वैराग्य नहीं होगा, तब तक एकाग्रचित्त होना संभव नहीं। इन्होंने मूलाधार से इड़ा–पिंगला की ओर चलने का संकेत किया है। इड़ा एवं पिंगला

नाड़ियों का सुषुम्ना नाड़ी में एक हो जाने की तरफ भी इन्होंने संकेत किया है। ये लिखते हैः–

" इड़ा–पिंगला शोच समझ कर सुषमन में चल बासा कर।
अजपा जाप जपै निशि वासर, अनहद की धुन सुनकर तर।।"[103]

इनकी चेतना अनहदनाद सुनने के लिए पूर्णतः एकाग्र हो गई है। अपने उद्देश्य की पूर्ति इन्होंने सभी सिद्वांतो को अपनी साधना में, अपनी चिंतना में गड्ड–मड्ड कर दिया है। ब्रह्म को संपूर्ण ज्ञान मार्गी निर्गुण साहित्य में निराकार माना है। इन्होंने भी ब्रह्म को निराकार ज्योतिस्वरूप माना है। जब कोई योगी ध्यानावस्था में पूर्णतः लीन हो जाता है तो उसे शून्य की अवस्था में अपने मस्तिष्क में दिव्य ज्योति की अनुभूति होने लगती है। ऐसी ही अनुभूति का चित्रण इन्होंने भी किया है :–

"ज्योति झिलमली कुदरती, देखो मस्तक मांहि।
कोई कोई साधू चढ गये, समता मांहि समांहि।।"[104]

इसी ज्योति के दर्शन पाने हेतु तो श्री बेनामी जी कब से तरस रहे थे। अन्ततः अपनी योग –साधना द्वारा ये अपने लक्ष्य तक पहुंच जाते हैं एवं जन्म–मरण के चक्र से मुक्ति ही इनके दर्शन का मूल है। मृत्यु के भय से पूर्णतः मुक्त बेमानी जी मानते हैं कि मृत्यु का प्रसंग तो मेरे लिए परमानन्द का विषय है। इससे डर कैसा? ये लिखते हैंः–

"जा मरने से जग डरे, सो मेरे आनन्द।
कब मरिहूँ कब देखिहूँ, पूरण परमानन्द।।"[105]

ये मृत्यु को परमानन्द का विषय इसलिए मानते हैं क्योंकि परमानंद की अनुभूति के पश्चात् जीवन–मरण के बंधन से मुक्ति मिल जाती है। इनका कहना हैः–

"आना जाना ना बने, यही ब्रह्म की टेक।
आना जाना देह का, ज्ञानी करो विवेक।।"[106]

इनका स्पष्ट है कि जीवन –मरण के बंधन से जब आत्मा मुक्त हो जाती है तो ब्रह्म के देश में पहुँचकर आत्मा और परमात्मा दोनों एक हो जाते हैं। ऐसी अवस्था को प्राप्त बेनामी जी आकाश की सैर कुछ इस प्रकार करते हैंः–

06:39

benami sampraday hin...

इनके सांकेतिक प्रतीक का यह एक अच्छा द्रष्टांत माना जा सकता है। इस पद में प्रयुक्त 'सूर्य' और 'चंद्र' क्रमशः पिंगला और इड़ा के हेतु के रूप में प्रयुक्त हुए हैं। इन दोनों का घर सुषुम्ना में होता है। जब इड़ा व पिंगला दोनों सुषुम्ना में मिल जाती हैं तो संभवतः पद में बताई गई अवस्था का बोध होने लगता है। इसे योग की एक अवस्था विशेष माना जाता है। इस तरह के अनेकों प्रतीक इनकी वाणी में प्रायः उपलब्ध होते रहते हैं।

अब दूसरी तरफ परिभाषिक प्रतीकों की यदि बात करें, तो इसके ध्यानार्थ यह कहा जा सकता है कि इनकी वाणी में सहज, अजपा, अलख, निरंजन, शून्य, हरि, नाद, बिंदु आदि ऐसे ही परिभाषिक प्रतीक हैं। निर्गुण निराकार ईश्वर को इन्होंने पंचम् तत्त्व के रूप में चिह्नित किया है। ये लिखते हैं:–

"बेनामी आकाश पांचवां, कोई अनुभव कर लेय पिछानी।
बिन अनुभव कबहूं नहीं पावे, लाख बैखरी कथो कहानी।।"[22]

इसी प्रकार सूरति–शब्द आदि प्रतीकों का प्रयोग बेनामी जी ने बारम्बार किया है। ऐसे ही प्रयोग का एक नमूना दृष्टव्य है:–

"पांचू इन्द्री बस कँरू रे, मन राखूं समझाय।
घट भीतर खेला करूँ रे, सुरति शब्द में लगाय।।"[23]

ऐसे –ऐसे प्रतीकों की हठयोग आधारित साधना–पद्धति में एक विशिष्ट परिभाषा होती है, जिसे योगी अथवा सिद्ध पुरुष ही परिभाषित करने में सक्षम होते हैं। इसका कारण यह है कि वे एसे प्रत्यक्ष अनुभवों से गुजरे होते हैं। बेनामी जी भी ही एक उदाहरण हैं, जिन्होंने योग–साधना द्वारा 'शब्द' इत्यादि की अनुभूति की थी।

वास्तविक रूप में यदि हम इनकी वाणी में प्रतीकों का सौंदर्य देखना चाहते हैं तो इनके रूपकों में ही सर्वाधिक देखा जा सकता है। ऐसे रुपकों मे काव्य–माधुर्य और प्रतीकों का उत्कर्ष दोनों एक ही साथ अभिव्यक्त हुए हैं।इस प्रकार के रुपक आधारित प्रतीकों में आध्यात्मिक अनुभवों के दिव्य आह्लाद की अभिव्यक्ति से हृदय गद्गद हो उठता है। आह्लाद की ऐसी ही अवस्था का द्रष्टांत बेनामी जी की वाणी में देखिए जो कबीर की भावधारा के पूर्णतः निकट है। वे लिखते हैं:–

06:41
benami sampraday hin...

काव्य में भाव की एकता उनकी रागात्मकता से पुष्ट होती हुई संगीत की सृष्टि करती चली गई है। इनके अनेकों पदों से संगीत की मधुर ध्वनि प्रस्फुटित होती है। इसी के परिणामस्वरूप इनके काव्य में स्थान–स्थान पर संगीत के अनुकूल कोमलकांत शब्दावली का प्रयोग हुआ है जो संगीत की सृष्टि की मूल मानी गई है। इनके पदों को बेनामी पंथ के डेरों में भक्तजनों द्वारा गाया जाता है। मैंने स्वयं' अलवर (राजस्थान) स्थित 'भूरा सिद्व का बाड़ा' में जाकर देखा कि वहाँ उपस्थित अनेक भक्तजन इनकी आरतियों का गान कर रहे थे। अद्वैत ज्ञान से परिपूर्ण ये आरतियां इनके ग्रंथ, 'बेनामी आत्मबोध' में संकलित ग्रंथ का महत्त्वपूर्ण अंग हैं। इन्होंने अपने ग्रंथ के अंतर्गत 'होरी' शीर्षक का आयोजन किया है। इस शीर्षक में इनकी आध्यात्मिक होली खेलने के पदों में संगीत का सौंदर्य सहज ही देखा जा सकता है:–

"बाजत ताल मृदंग झांझ ढ़प,
डिमक डिमक डैरू बाजै अनहद में।।
नाचत कृष्ण गोपी ग्वाल बाल संग।
ताता थेई ताता थेई हो रही तन मे।
उड़त गुलाल अबीर कुमकुमा,
चंद्र सूर्य छिपे हैं गगन में।।
इड़ा पिंगला ताल बजावत,

गन गन्द्रव गावत सुख मन में।।
करत बेनामी सैल याही तन में,
मन को पकर बस किया एक छन में।।"[55]

इनके इन पदों में संगीत की सृष्टि सहज सुनाई पड़ती है। इसी प्रकार इनके अन्य पदों में भी संगीतात्मकता का गुण देखा जा सकता है। ग्रंथान्तर्गत्त आए 'पद' शीर्षक के प्रायः सभी पद संगीत के गुण से परिपूर्ण हैं। इन पदों में इन्होंने मनुष्य को सांसारिक विषय–वासनाओं से सचेत करने का संगीतमय उपदेश दिया है। उदाहरणार्थ कुछ पद प्रस्तुत हैं:–

"अपन पो आपही विसर्‌यो रे।। टेक।।
तन की आयु देख तनक सी, अब जी कहा कियो रे।।
जग झूठा सुपने की माया, भरम के जाल परयो रे।।
जैसे स्वान काँच के मन्दिर, आपहि भूस मरयो रे।।
लख चौरासी उबरयो चाहे, सतगुरू वगे करो रे।।
बेनामी सतगुरू अविनासी, आपे में आप गरो रे।।"[56]

कर रही है। एक ऐसी शक्ति जो सृष्टि सृजन का कारण है।

गोरखनाथ ने शब्द के विषय में कहा हैः

वेद कतेब न खांणी बाणीं।
सब ढंकी तलि आंणी ।।
गगनि सिशर महि सबद प्रकास्या।
तहं बूझै अलष बिनांणीं ।।

{परमात्मा का वर्णन वेद, कतेब, चारों खानियों का कोई जीव और वाणी- इनमें से कोई नहीं कर पाया है। इन सबने तो केवल उस पर पर्दा ही डाला है। उस अलख की समझ तो तब आती है जब अंतर में गगन के शिखर पर शब्द प्रकाशित होता है।}

संत कबीर ने इसी शब्द की ओर संकेत करते हुए कहा हैः

गगन मँडल के बीच में, जहाँ सोहंग डोरि ।
सबद अनाहद होत है, सुरति लगी तहँ मोरि।।

प्रायः सभी संतों ने नाम या शब्द का एकस्वर में गुणगान किया है। वास्तव में सभी संतों का उपदेश मूलतः एक ही है। भेद-दृष्टि तो अपूर्णता की द्योतक होती है। संत कबीर के अनुसार जब कोई व्यक्ति शब्द साधना द्वारा प्रभु से अभेद हो जाता है तो वह बाहरी तौर पर जिस भी धर्म को क्यों न मानता हो, उसका आंतरिक अनुभव सभी पहुंचे हुए संतों के समान एक जैसा ही होता हैः

हिलि मिलि खेलौं सबद से, अंतर रही न रेख।

जोगारंभ भजन

दश अवतार ज्यांरे एक मेरे दाता, मारम विरला जाणी है।
सब सृष्टि में एक मेरे मालिक, मारम विरला जाणी है ॥ टेर ॥

हिन्दू कहते राम-राम, मुसलमान कहे मेरी है। (२)
नही है मेरी नही है तेरी,(२) जाणे जिनकी शेरी है ॥ दश अवतार ज्यांरे....

नाभि कमल में रहत हमारी, वंक-नाल उलटाणी है ।(२)
स्वासे स्वास भजन की माला, (२) आ हर की ओलखाणी है ॥ दश अवतार ज्यांरे...

जद सतगुरु मौपर कृपा कीनी, जदुणी वात विचारी है ।(२)
मोर मुगट पर हुआ प्रकाशा,(२) आ हर की ओलखाणी है ॥ दश अवतार ज्यांरे....

भवानीनाथ गुरु पूरण मलिया, दी हर की ओलखाणी है ।(२)
दोय कर जोड़ अनुपदास बोले,(२) अगम निगम ओलखाणी है ॥ दश अवतार ज्यांरे...

प्राणायाम

अगले तीन श्लोकों से प्राणायाम संक्षिप्त वर्णन करते हैं।

वायुं शक्त्येडयाऽऽपूर्य हृदि स्थाप्य हनुं जपन्। हंसं शक्त्या कुंभयित्वा पश्चादाकर्षितोदरः।।
शनैर्विरयचेदेष प्राणायामः सुसिद्धिदः। पंचर्ध्याह्नन्यह्नन्यशीत्यंत्यैः प्रतिसंध्यसुयामकैः।।12।।

अपनी शक्ती के अनसार वायु को इडाद्वारा पूरण कर के शक्त्यनुसार कुंभक करना चाहिए। कुंभक करते समय हनु सीने को (**जालंधर बंध**) लगा कर गायत्री या सोऽहं का जप करना चाहिए। अर्थात् यह प्राणायाम **सबीज** होता है। कुंभक के बाद पेट अंदर खींच कर (**उड्डियान बंध**) धीरे धीरे पिंगला नाडी से वायु का रेचन करना चाहिए। इस प्राणायाम से उत्तम प्रकार की सिद्धि प्राप्त होती है। यहाँ तीसरा **मुलबंध** उपलक्षित जानना चाहिए। इस प्रकार के तीन बंधों सहित प्राणायाम दिन में तीन संध्याकाल में करने चाहिएँ। उन की की संख्या प्रतिदिन पांच से बढा कर अस्सी करने को कहा है। हठयोगप्रदीपिका के अनुसार ये तीन संध्याकाल के अतिरिक्त मध्यरात्री में भी प्राणायाम करना चाहिए। द्वादश मात्रा का प्राणायाम कनिष्ठ, चौबीस मात्रा का मध्यम और छत्तीस मात्रा का उत्तम माना गया है। निद्रावस्था के श्वासोछ्वास के काल की एक मात्रा समझी जाती है।

नाडीशुद्धि

गंतव्यमार्गस्थशक्तिचालनाद्भस्रया भवेत्। नाडीशुद्धिस्त्रिमासोर्ध्वं प्राणो याति लयं सहृत्।।13।।

ऊपर बताए हुये प्राणायम, भस्रिका से तथा इष्ट मार्ग में शक्ति चालन करने से तीन महीनों में नाडीशुद्धि हो कर प्राण और मन दोनों का लय होता है ऐसा महाराजश्री का कहना है। भस्रिका और शक्तिचालन का वर्णन आगे आता है। प्रतिदिन त्रिकाल 80 प्राणायाम करने से तीन महीने में **21600** प्राणायाम होते हैं। अर्थात् हमारे एक दिन के श्वासोछ्वास की संख्या पूरी होती है। यह प्राणायाम का एक **पुरश्चरण** हो जाता है।

प्राण और अपान की एकता होने से वह्निमंडल में अग्नि प्रदीप्त होता है। उसी से संतप्त हो कर सोई हुई कुंडलिनी जग जाती है और सीधी हो कर ब्रह्मनाडी में प्रवेश करती है। यह सब वर्णन हठयोगप्रदीपिका में विस्तार से देखने में आता है। शक्ति का चालन सुषुम्णा में करने से वह धीरे धीरे मध्यममार्ग को शुद्ध करते हुए तालू में ब्रह्मरंध्र में प्रविष्ट होती है।

लीनः सपंचविपलद्विपलं सोऽसुयामकः। ब्रह्मरंध्रे वर्धमानः प्रत्याहारादयः स तु।।14।।
स्वकालद्वादशगुणोत्तरकालावधिः स्मृतः। समाधिर्द्वादशदिनसाध्यः परमदुर्लभः।।15।।

ब्रह्मरंध्र में दो पल और पांच विपल (**50 सेकंद**) तक जब प्राण लीन होता है तो **प्राणायाम** सिद्ध हुआ माना जाता है। यही काल बढ कर पचीस पल (**10 मिनट**) प्राण के लीन होने से **प्रत्याहार**, पांच घटी (**दो घंटे**) होने से **धारणा**, 60 घटी अर्थात् **एक अहोरात्र** होने से **ध्यान**, और **12 दिन** होने से **समाधि**, सिद्ध होते हैं। यह द्वादश दिन का समाधि बहुत दुर्लभ है। योग के पाँच अंगों की यह व्याख्या स्कंदपुराण में पायी जाती है। हठयोगप्रदीपिका की टीका में ब्रह्मानंद भी इसे दोहराते हैं।

भस्रिका प्राणायाम

आगे चार श्लोकों में महाराजश्री भस्रिका प्राणायाम का वर्णन करते हैं।

समासीनो यतास्योऽन्तः प्राणं दक्षिणया त्यजेत्। सारं लगति हृत्कंठकपोलावध्यसौ यथा।।1
लोहकारस्य भस्रावच्छक्त्याश्वापूर्य रेचयेत्। वामां मध्यानामिकाभ्यां धृत्वा जाते श्रमे विधेः।।
पीत्वा प्राणं कुम्भयित्वा धृत्वांगुष्ठेन दक्षिणम्। वामया रेचयेन्मंदं तथाऽथ प्राग्वदाचरेत्।।18।।
द्विनाड्यभ्यासाद्यामार्धं शक्तिर्मार्गं ददात्यरम्। भस्रेयं सर्वदोषघ्नी रुक्पापघ्न्यपि सिद्धिदा।।19।।

हठयोगप्रदीपिका में आठ प्रकार ते कुंभक बताये हैं। **सूर्यभेदनमुज्जायी सीत्कारी सीतली तथा। भस्रिका भ्रामरी मूर्छा प्लाविनीत्यष्ट कुंभकाः।।** महाराजश्री ने यहाँ भस्रिका का ही वर्णन विशेष स्वरूप से

किया है। यह प्राणायाम दोनों नाडीयों से प्रतिदिन अर्धप्रहर (डेढ घंटा) करने से शक्ति शीघ्र मार्ग देती है। यह भस्रिका वात, पित, कफ दोषों का, व्याधियों का तथा पापों का नाश कर के सिद्धि प्राप्त करानेवाली है।

शक्तिचालन

आगे शक्तिचालन का विधि स्पष्ट किया है।

शिश्ननाभ्यंतस्थकंदं सति वज्रासने पदौ। धृत्वा दृढं प्रपीड्यारं भस्रां सिद्धासनस्थितः।।20।।
समाकुंचितनाभिर्द्राक्कुर्याच्छक्तिश्चलत्यतः। यामार्धाभ्यासतो धैर्यान्मध्यनाड्यां समुद्गता।।21।।
ऊर्ध्वाकृष्टा भवेत्किंचिच्छक्तिर्नाडीमुखं त्यजेत्। ततः स्वतो व्रजत्यूर्ध्वं प्राणोऽतस्तां विचालयेत्।।
चालनात्सर्वसिद्ध्यासिमंडलाद्योगिनो न तु। रुग्भ्यो भयं यमाच्चापि नेतोऽन्यन्नाडिशोधनम्।।

इन श्लोकों में लिंग और नाभी के बीच स्थित कंद का वज्रासन में बैठ कर पैरों से ताडन करने को कहा है। उसके पश्चात् सिद्धासन पर बैठ कर नाभी के आकुंचन के साथ द्रुत गती से भस्रा करने से शक्ति का चालन होता है। अर्धप्रहर तक यह अभ्यास करने से सुषुम्ना में प्रविष्ट कुंडलिनी शक्ति ऊपर की ओर खींची जाती है और वह नाडी का मुख खोल देती है। इस से प्राणवायु अपने आप ऊपर उठ कर ब्रह्मरंध्र में प्रवेश करता है। इस लिए शक्ति को चलाना चाहिए। शक्तिचालन से योगी चालीस दिन में सभी सिद्धियों की प्राप्ति कर लेता है। ऐसे योगी को रोगों से या यम से तक भय नही रहता। शक्तिचालन जैसा नाडीशुद्धि का कोई अन्य साधन नही है।

हठयोगप्रदीपिका में दस मुद्राओं का उल्लेख है।

महामुद्रा महाबंधो महावेधश्च खेचरी। उड्डयानं मूलबंधश्च बंधो जालंधराभिधः।।
करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम्। इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशकम्।।

इन में तीन बंध और शक्तिचालन अब तक हम देख चुके हैं। आगे खेचरी और विपरीतकरणी का वर्णन

'अं' की, हृदय स्थित श्वेत अष्टदल कमल के मध्य में नील वर्ण वज्र राहुस्वभाव नील 'हूँ' की तथा चार नाड़ी कमलों में भ्रूं आं ज्रीं खां और सोमा के चार नाड़ी दलों में अधोमुखी 'एवं मया' की भावना की जाती है। कण्ठ स्थित षोडशदल चक्र के मध्य रक्त वर्ण सूर्यस्वभाव रक्त ॐ की और चारों दिशाओं में रक्त वर्ण ऊर्ध्वमुखी ॐ लं अ लं की तथा 32 दलों वाले श्वेत वर्ण उष्णीषचक्र के मध्य में चन्द्रस्वरूप अधोमुखी तिलकनाद से विभूषित 'हं' नाद से अलंकृत की भावना की जाती है। प्रश्वास (रेचक प्राणायाम) के समय प्रत्येक वर्ण से पाँच रश्मियाँ निकल कर सम्पूर्ण जगत् को व्याप्त कर लेती हैं और श्वास (पूरक प्राणायाम) के समय सभी प्रभामय वायुमण्डल में विलीन हो जाती हैं। कुम्भक प्राणायाम के वर्णों सहित नाड़ीचक्रों में आदर्श में प्रतिबिम्बित होने की भाँति स्पष्ट ध्यान लगाना चाहिये। उसके बाद मातृदेव को प्रभा में विलीन चन्द्र 'ओं' में और फिर अपने हृदयस्थित बीज में एक बार विलीन कर ज्ञान अग्नि को प्रज्वलित किया जाता है। पुनः उसे नाभिक्षेत्र के बीज में विलीन करने पर यह अग्नि ऊर्ध्व की ओर बढ़ कर हृदयचक्र में पहुंच कर पाँच तथागतों[1] और पाँच मामकी[2] आदि को जलाती है, वहाँ से क्रमशः ऊर्ध्व कण्ठ आदि नाडियों और अक्षरों को जलाती हुई उष्णीष में स्थित हं को जला कर अक्षर महासुख का स्राव करती है। जैसा कि हेवज्रतन्त्र में कहा गया है—

चण्डाली ज्वलिता नाभौ दहति पञ्च तथागतान् ।
दहति च लोचनादीन् दग्धेऽहं स्रवते शशी ॥ (1.1.31)

चण्डाली को अभिधानोत्तरतन्त्र में ज्ञानाग्नि, वज्रमाला में अग्नि, महामुद्रातिलक में कर्मवायु और चक्रसंवर में तिलक कहा है। संवृति में हम इसे तिलक ही कह सकते हैं, जिसका कि स्वरूप अग्निवत् है। चण्डाली के पूर्व कर्म (योग) में मात्र नाभिचक्र से चार अंगुल नीचे ललना, रसना और मध्यमा नाड़ी के मिलन स्थान पर 'अ'प्लुताकार परचित्त को एकाग्र कर कुम्भक किया जाता है। यहाँ प्रज्वलित अग्नि के समान इसका ध्यान कर नाभि में 50 बार कुम्भक किया जाता है। क्रमशः अग्नि ऊर्ध्व गति करता हुआ हृदय में, कण्ठ में और अन्ततः उष्णीष में पहुँचता है। उष्णीष में पहुँचने पर सम्पूर्ण अंग-प्रत्यंग ज्ञानाग्नि से भर गया है, बोधिचित्त शुक्र से अभिन्न हो गया है और अनास्रव महासुख की अनुभूति हो रही है, ऐसा ध्यान किया जाता है। कालचक्र आदि अद्वय तन्त्र-ग्रन्थों के अनुसार इस प्रकार सम्पूर्ण शरीर के अनास्रव सुख से व्याप्त होने पर वह शरीर में स्थित आस्रव तिलक का नाश कर देता है। जैसे लोहे में रखा पारा लोहे को जला कर नाश कर देता है, उसी प्रकार

1. पञ्चस्कन्ध ही पाँच तथागत हैं।
2. पंचभूत ही पांच मामकी आदि देवियां हैं।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

मेँहीँ दासजी त्रिकुटी पर अवस्थित ब्रह्मलोक के दर्शन हेतु चन्द्र और सूर्य का मिलन अनिवार्य मानते हैं -

"सुरत त्रिकुटी चढ़े , सूर्य ब्रह्म देखो अहो ,
बहुरी अगम ब्रह्मलोक , लीजिये दामा दरियो रे की ।।"[358]

---

354. महर्षि मेँहीँ पदावली - पृ.सं.- 36
355. महर्षि मेँहीँ पदावली , पृ.सं.- 91
356. मोक्ष - दर्शन , पृ.सं.- 29 - 30
357. मोक्ष - दर्शन ; पृ.सं.- 30 [358] महर्षि मेँहीँ पदावली - पृ.सं.- 34

योग तथा सन्त - सम्प्रदायों द्वारा इड़ा , पिंगला और सुषुम्ना नाड़ियों के लिये गंगा , यमुना , सरस्वती तथा चन्द्र , सूर्य , अंकनालि आदि सांकेतिक शब्दों का प्रयोग किया जाता रहा है । सन्तकवि मेँहीँ ने भी इसीतरह इड़ा , पिंगला और सुषुम्ना को क्रमशः गंगा , यमुना और सरस्वती के रूप में वर्णन किया है -

"पिंगल दाहिन गंग सूर्य इंगल चन्द्र यमुन बाईं ।।
सरस्वती सुखमन बीच चेतन जलधार नाईं ।।"[359]

इन्होंने सुषुम्ना शब्द के लिये कहा है -

"सुखमनियाँ में मोरी नजर लागी ।।
अगल बगल कहुँ दृष्टि न डोले ,
सन्मुख बिन्दु पकड़ी लागी ।।"[360]

सन्त कवि मेँहीँ ने संसार - सागर से पार होने के लिए अनहद के सत् - धुन को एकमात्र उपाय बतलाया है , परन्तु इसके लिये न तो वे शास्त्रानुमोदित किसी हठयोगिक - क्रिया की ओर संकेत किया है न कहीं कुंडलिनी योग की ओर ही प्रवृत्त दीखते हैं ।

"अनहद में धुन सत सो सार ।
भव जल तरिबो यही उपाय ।।"[361]

इन्होंने "ज्योति" को लखने , "शब्द" को पकड़ने , अनुपमेय धुन को आत्मसात् करने तथा शून्य , महाशून्य और भँवर गुफा को भी पार करने की बात कही है ।

---

359. महर्षि मेँहीँ पदावली - पृ.सं.- 62
360. महर्षि मेँहीँ पदावली - पृ.सं.- 61
361. महर्षि मेँहीँ पदावली - पृ.सं.- 59

होता है ।

बिन्दु - ध्यान से दृष्टि का सिमटाव होता है । सिमटाव से हुए व उर्ध्वगमन में अन्धकार का भेदन होता है और ब्रह्म - प्रकाश का दर्शन होता है । स्थूल जगत के केन्द्र पर साधक की पहुँच हो जाती है , साधक को स्थूल संसार पर अधिकार हो जाता है । उसको शीघ्र - सिद्धि की प्राप्ति हो जाती है ।

475· ध्यानबिन्दूपनिषद् , (सामवेद का) , मंत्र - 2

अब प्रश्न उठता है कि बिन्दु - ज्ञान कैसे होगा ? तो पूज्यपाद सन्त मेँहीँ दास जी महाराज की वाणी में इसका उत्तर हमें यूँ मिलता है । यथा -

"दोउ नैना बिच सन्मुख देख ।
एक बिन्दु मिले दृष्टि दोउ रेख ।।"[476]

बिन्दु की प्राप्ति कहाँ होती है , तो कहते है -

" सुखमन झाँके तिल तारा ।
निरखो सुरत पसारी तारा ।।"[477]

बिन्दु - ध्यान से ही सुषुम्ना में प्रवेश होता है और साधक को अपने अन्तर का धाम द्वार दरसने लगता है । उसकी गति प्रकाश में हो जाती है , जहाँ आश्चर्यमयी ज्योति होती है , और उसके बाद शब्द - मण्डल में साधक की पहुँच हो जाती है । उस शब्द - मण्डल में अनहद - ध्वनि होती है ।

"ज्योति मंडल में अपरम जोत ।
शब्द मंडल अनहद शब्द होत ।।"[478]

अनहद - ध्वनि विविध भाँति की होती है । यहाँ साधक की सुर - धुन से सारशब्द अर्थात् सार - शब्द में लौ लग जाती है । संसार - सागर से उद्धार होने का एकमात्र उपाय यही है ।

"अनहद में धुन सत लौ जाय ।
भवजल तरिबो यही उपाय ।।"[479]

यहाँ यह स्पष्ट हो जाता है कि बिन्दु - ध्यान करनेवाले को दिव्य - दृष्टि की प्राप्ति होती है , जो दूर - दर्शन का कारण है । उपनिषद् में भी आया है ।

476· महर्षि मेँहीँ पदावली - पृ० सं० - 58
487· महर्षि मेँहीँ पदावली - पृ०सं०- 59
478· महर्षि मेँहीँ पदावली - पृ०सं०- 59
479· महर्षि मेँहीँ पदावली - पृ०सं०- 59

492 कबीर साहब-जीवन वृत्तावली स्टोक [डॉ॰ गोविन्द त्रिगुणायत] पृ॰सं॰-18

493· कबीर साहब की शब्दावली, भाग - 1, पृ॰सं॰- 68

494· कबीर [डॉ॰ रामेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी, पृ॰सं॰- 152

बिन्दु - ध्यान को शून्य - ध्यान भी कहते हैं इसलिये कि अपने अन्तर के आकाश में यह ध्यान किया जाता है। सन्त गुलाल साहब की बानी में आया है -

" उलटि देखो घट में जोति पसार ।
बिनु बाजे तहँ धुनि सब होवै, बिगसि कमल कचनार ।
पैठि पताल सूर ससि बाँधो, साधो त्रिकुटी द्वार ।।
गंग जमुन के वार - पार बिच, भरतु है अमिय करार।।
ईंगला पिंगला सुखमन सोधो, बहत सिखर मुख धार ।।"[495]

सन्त गुलाल साहब कहते हैं कि बाहर नहीं अपने अन्दर देखो। इस प्रकार देखने से बिना किसी बाजे की आवाज अपने अन्दर में सुनाई पड़ेगी। साथ ही विविध प्रकार के प्रकाश भी देखने में आयेंगे। अपने अन्दर में प्रवेश करने के लिये दृष्टि की दायीं धार [सूर्य] और बायीं धार [चन्द्र] को एक कर त्रिकुटी यानी प्रकाश के द्वार में प्रवेश करो। प्रकाश की ओर गमन तब होगा, जब ईंगला पिंगला को सुषुम्ना में स्थिर करोगे। जब सुषुम्ना में दृष्टि स्थिर होगी, शून्य की धार यानी प्रकाश और शब्द की धार, जो बह रही है, पकड़ में आयगी। यह अमृतमय है।

इसी को सन्त चरणदास जी की शिष्या सहजोबाई ने हरिरस कहा। यह हरि: रस प्राप्त कैसे हुआ ? तो वे कहती हैं -

" इड़ो पिंगला उपर पहुँचे, सुखमन पाट उघारा ।
पीवन लगे सुधारस जब ही, दुर्मति पकड़ी पिछारा ।।
गंग - जमुन बीच आसन मार्यो, चमक - चमक - चमकारा।
भँवर गुफा में दृढ़ ह्वै बैठे, देख्यो अगम अपारा ।।"[496]

दृष्टि की दोनों धारें, जिसे गंगा और यमुना कहा, को एक बिन्दु पर मिलाने से सुषुम्ना का पाट खुल गया। जब वहाँ अमृतरस पान करने लगी, तभी कोई दुष्ट वृत्ति वाले ने उनकी उस समय की साधना में विघ्न डाला, जिससे उनकी

495· गुलाल साहब की बानी, सत्संग - योग, भाग-2, पृ॰सं॰- 195

496· सहजोबाई की बानी, पृ॰सं॰- 49

सन्तकवि मेँहीँ ने विहंगमार्गी साधक के लिये लिखा है - " यह आवश्यक नहीं है कि पिण्ड में नीचे के चारों चक्रों में होकर पिपीलिका मार्ग पर श्वास की कसरत या प्राणायाम से चलकर तब आज्ञाचक्र में पहुँचकर विहंगममार्ग को पकड़ा जाय । उसकी सुरत आज्ञाचक्र में सिमटकर विहंगमार्ग को पकड़ती है ।[321] यह सुषुम्ना में शून्य - ध्यान या दृष्टियोग द्वारा विन्दु ग्रहण करती है और ऊर्ध्वगति प्राप्त कर सूक्ष्म मण्डल के सूक्ष्माकाश के ब्रह्म - प्रकाश में वह विहंगम की तरह विचरण कर आनन्द - मग्न होती है । यही विहंगम - मार्ग है ।[322] इन्होंने लिखा है -" शून्य - ध्यान से पंछी या विहंगम की तरह शून्य - पथ पर चला जाता है ......। इस पर दृष्टियोग द्वारा यात्रा की जाती है । चकित् देखना और आकाश में गमन होना , इस यात्रा में होता रहता है, इसीलिये यह विहंगमार्ग कहलाता है ।"[323]

मीन मार्ग :

मीन का अर्थ मछली होता है । वह छोटी मछली किसी नदी की तेज धार में आसानी से भाटा से सिरा में जाती है । इसीप्रकार पिण्ड में ऊपर से नीचे की ओर प्रवाहित ब्रह्म - शब्द धारों पर सिमटी हुई सुरत छोटी मछली की तरह शब्द - धारों के के सम्मुख चलती है ।

" सुखमन के झीनाघाट से अमृत की धारा बहि रही ।
मीन सुरत धार धर भाठा से सीरा चढ़ि रही ॥"[324]

यह अन्ततः पिण्ड के सबसे ऊपर वाले मण्डल की केन्द्रीय शब्द - धार पर चलकर पिण्ड और ब्रह्माण्ड से मुक्त हो जाती है - ब्रह्मनाद में समा जाती है । यही मीन - मार्ग है ।[325]

---

321. विनय - पत्रिका सार - सटीक , पृ.सं.- 35 - 36
322. सन्त कवि मेँहीँ : व्यक्तित्व और कृतित्व , पृ.सं.- 329
323. सन्तवाणी सटीक , पृ.सं.- 54 |324| महर्षि मेँहीँ पदावली - पृ.सं.- 62
325. सन्त कवि मेँहीँ : व्यक्तित्व और कृतित्व , पृ.सं.- 330

सुरत - शब्द - योग और मीन - मार्ग में कोई अन्तर नहीं है । अपनी रचनाओं के एक स्थल पर सन्त कवि मेँहीँ ने नादानुसन्धान या सुरत - शब्द -योग को ही मीन - मार्ग कहा है । " जैसे मछली भाटा से सिरे की ओर जल की उलटी धारा पर सुगमता से चलती है , इसीतरह शब्द - धारों पर सुरत नीचे से , ऊँचे - से - ऊँचे की ओर अर्थात् स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर सुगमता से चल सकती है । इसीलिये नादानुसन्धान या सुरत - शब्द - योग को मीन - मार्ग कहते हैं ।[326]

" महर्षि मेँहीँ पदावली " में विहंगम - मार्ग और मीन - मार्ग का इन्होंने बड़ा स्पष्ट उल्लेख किया है -

" उदित सेतह विन्दु में , पिलि चलो चाल विहंग ।
तहाँ अनहद नाद धरि चढ़ि, चलो मीनी ढंग ॥
विहंग मीनी मार्ग दोउ से , चलो हे मन मीत ।

18:56

अनहद शब्द को प्रगट करने के लिए आसन लगाकर पूर्व को मुँह करके एकान्त में ऐसे स्थान पर बैठना चाहिये जहाँ किसी प्रकार का शोर न हो । यदि भीड़भाड़ वाली जगह पर ही बैठना पडे तो समय ऐसा चुनना चाहिये जब वातावरण शान्त हो । ऊपर नीचे के जबडों (दांतों) को मिलाकर होंठ श्री मिलाकर मुँह बंद करना चाहिये। गर्दन को झुकाकर ठोड़ी को छाती पर लगावें तथा जिह्वा को उलट कर तालू पर लगावें, स्वास को नाक से लेकर, सुषुम्ना में चलाना चाहिये । हंस शब्द (जो गुरु ने बताया हो) को उलट-पलट कर प्राण के साथ मिलाकर, सुन्न में चलाना चाहिये । मुँह में जो लार (लब) आये उसे बाहर फेंकें, पीना नहीं चाहिये । चौबीसों घंटे ऐसा जाप हो सकता है। ऐसा अभ्यास करने से सुर्ति गगन में चढ़ती जाती है । याद रखना चाहिये कि बिना अभ्यास के नाद का साक्षात्कार नहीं हो सकता, इसलिए अनन्य मन से ध्यान लगाकर अभ्यास करना चाहिये । ऐसा करने से नाद की अनुभूति उत्तम साधक को एक सप्ताह में ही हो जाती है यदि देर लगती है तो एकाग्रता की कमी समझना तथा दृढ़ निश्चय रखकर अभ्यास करते जाना । योग्यतानुसार समय लेकर भगवद कृपा अवश्य ही होगी। शुरू में यह नाद मिली जुली आवाज में सुनाई देता है। बाद में अभ्यास बढने पर साफ-साफ अलग अलग दस प्रकार से प्रगट होता है।

1. **चिन चिन टिड्डी तथा चिडियों की आवाज** – इसे सुनकर रोमांच तथा कम्पन होने लगता है

2. **झीगर या भुग जैसी आवाज**– इसको सुनने से आलस्य तथा तन्द्रा जैसी मस्ती का अनुभव होता है।

3. **घंटी-घड़ियाल –** इसे सुनने से भक्ति, ईश्वर प्रेम तथा उत्साह बढ़ता है।

4. श ... टी से आता है। त्रिकु ... टप ... र से सुगन्ध आने लग ...

WhatsApp
Call Us Now

18:58

शरीर में बहत्तर हजार नाडियाँ हैं जिनमें तीन मुख्य हैं-इड़ा, पिंगला और तुम्ना। प्राण प्रवाह इडा में वाम पथ से पिंगला में दक्षिण पथ से तथा सुषुम्ना में मध्य पथ से होता है। प्राण के सुषुम्ना में प्रवेश बिना शक्ति जागृत नहीं होती। सुषुम्ना का बड़ा महत्व है क्योंकि यह काल नाशक है। या मूलाधार चक्र से कपाल की ओर गई है। इसके नीचे कुण्डलिनी पद्म है जिससे साढ़े तीन लपटे देकर लिपटी, अद्याशक्ति सुषुप्त अवस्था में पड़ी है। इस शक्ति के जागरण से सूर्य के समान अद्भुत ज्योति प्रगट होती है। सुषुम्ना के अन्दर बज्रा, बज्रा के अन्दर चित्रणी, चित्रणी के अन्दर ब्रह्म नाड़ी है। इसी में सुर्ति चढ़ती है। ज्यों-ज्यों ब्रह्म नाड़ी में सुर्ति ऊपर चढ़ती है, त्या-त्यों मलावरण साफ होते जाते हैं। मनुष्य के पाप समूह सुषुम्ना में प्रविष्ट होते हैं जिससे अद्याशक्ति को रोक लगती है परन्तु प्राणों के संयम से या अद्याशक्ति सुषुम्ना को शुद्ध करती हुई आगे बढ़ती है और सुर्ति ऊपर बढ़ती जाती है। इससे चित्त के संस्कार जलते हैं और योग शक्ति का स्रोत बढ़ता है। जब योगी के ध्यान की उत्तम गति हो जाती है तब अनगिनत शक्तियाँ प्रगट होती हैं तथा देवताओं के दर्शन होने लगते हैं जिन्हें देखकर योगी बड़ा प्रसन्न होता है। ये देवता तरह-तरह के प्रलोभन देकर योगी का ध्यान डिगाना चाहते हैं। उनके भ्रम जाल में न आना चाहिये तथा दृढतापूर्वक अपने लक्ष्य की ओर बढते रहना चाहिये। देवताओं के व्यवहार स्तुति, प्रशंसा से तथा ऋद्धि-सिद्धियों से अभिमान आ जाने का भय रहता है। इसे घातक तथा समाधि में विघ्न समझ कर सतर्क रहना चाहिये

पग-पग पर योगी को विरोधी लोगों से पाला पड़ता है जो हर समय योगी । की निन्दा करते रहते हैं। यहाँ योगी को कोध न करना चाहिये संयम रखना चाहिये तथा नीचे लिखी बातों को ध्यान में रखना चाहिये।

1. निन्दक साधु का हितैषी होता है क्योंकि वह साधु के सब दोषों को एक-एक करके खोजता है और उन दोषों को खुद ही खा जाता है तथा संत का पुण्य भण्डार सुरक्षित बना रहता है।

2 ... ोगी के दोषों को अप ... में जात ... ष्ठ बनाता है।

WhatsApp
Call Us Now

3. साधु का निन्दक रात दिन अपना दाँव खेलता रहता है परन्तु ईश्वर

19:08

कहै पानप हर हाजिर तासूँ, एक पल बिछड़े नाहि।।

अजपा जपे बिना मुख माला, यो समरै हरिपावे।

पानप कहे भरम में समरे, राम हाथ नहीं आवै।।

घर के आंगन आवै-जावै द्वादस अंगुल माला।

कहे पानप भजते मुक्ता होई है कोई फेरन वाला।।

द्वादस अंगुल माला है कोई संत सयाना फेरे।

कहे पानप संसार न माने, संत कहत है टेरे।।

द्वादस अंगुल माला है फेरै, अजर-अमर घर पावै।

कहे पानप बिन जिह्वा सुमिरे, सुन्न मंडल लौ लावै।।

जाकी सुन्न मंडल लौ लागी, दर्शन भया प्रकासा।

कहै पानप अलख अरूप दरसाया, मिट गई यम की त्रासा।।

पाँच तत्त की डोरी करके, मनका मणिया पोवै।

सहज सुमरन होये सूरत सूँ, कहे पानप मुक्ता होवै।।

सुमरन हाथ जिभ्या नहीं रोके, ऐसा सुमरन सार।

सुमरन कीजे सुरत सुँ, हाथ जिभ्या करे कार।।

मुख सुँ कहै सो थोतरा, अन्तर धरे सो सार।

बिन जिह्वा पानप कहे, हर-हर नाम उचार।।

सुरत करै रंकार धुन, नहीं जिह्वा का काम।

पानप कहे सुनो भई साधो, यह विध सुमरो राम।।

अजपा सोई सुरत सूँ सुमरै, मुख सूँ कहना नाहि।

अंतर धुन राचा रहे, कहे पानप मुक्ति समाई ।।

माला जपू न कर जपू, मुख से कहूँ न राम।

सतगुर अंतर ठांव बताई, तहाँ रटू अष्टयाम ।।

अष्टयाम वहाँ रहूँ, जहाँ दो पर्वत की संध।

वहाँ आसन चढ़ पानपा, होत सदा आनन्द ।।

WhatsApp

Call Us Now

19:08

हर जन ऐसी युक्ति उपावे, चंदा सूर एक घर लावे।।

पानप शब्द करो विचारा, समझत होवे भव जल पारा।।

अनहद धुन सुनत रहूँ बिन काना।

योही समझ है मूल भक्ति को, ना जिभ्या से कहना।।

सोधे नाथ निरतसू अंतर, सुरत गगन को ताना।

सुरत गगन चढ़ अनहद बाजे, कोई सुने संत सुजाना।।

मंडल आकाश अंध मुख कुँआ, चूए अमी रस धारा।

पिवे योग युक्त का योगी, चहुँ दिस भया उजारा।।

पिवत अमी जन भया मदमाता, अनुभव बानी गावे।

गूंगे ने गुड़ खाय बखाना, सैन कोई जन पावे।।

आवे जाय मरे न जीवे, गुरु खोजी खोजा।

आवत जात अगम समावै, ताको त्रिभुवन सूझा।।

कहै पानप सुनो भई साधो, यह विधि किस तू कहिये।।

साँच कहै सब जग खीजे, समझ चुप ही रहिये।।

सोहं सोहं स्वासा कह, शब्द अनाहद कोई लहे।।

सोहं ऊपर अलख मुकाम, संतो परस लाया विसराम ।।

सोहं चाल सुने सोई कहे, सोहं चाल कोई बिरला लहे।।

सोहं ऊपर आप विराजे, कोई बिरला जाय अधर में छाजे।।

पानप सतगुर सेती पाया, सुरत पकड़ के तहां समाया।।

कहै पानप नाम प्रचंड है, जो कोई धारै हृदय माहिं।

चार वर्ण और तीन लोक से, ऊँचे दै चढ़ाहिं।।

कहै पानप नाम प्रचंड है, धरा सबके सीस।

सुरत विचारे दसवें द्वारे, तब पावै जगदीस ।।

सतलोक सतगुरु से पावै, मनसा धर मन सेव लावै।।

[illegible] बिना फंद जाय, अधर अल[illegible]

WhatsApp
[illegible]न लागी सुनके धून[illegible]
Call Us Now

पानप कहै संत होय ऐसा, भव से पार मिटे यम त्रासा।।

19:10

आँठों पहर रहै लौलीना, हरि सुमरन से मन थिर कीना ।।

जन पानप विनती करें निज दासन के दास।

मन पहचान सुरत जब लागी, तब वाणी भई प्रकास ।।

कहन सुनन की गम नहीं, जो प्रभु करे सोई होय।

करण हार और नहीं दूजा, घट में सूझा सोय ।।

साँच बिना सुख नाहीं भाई साधो साँच बिना सुख नाहीं ।।

साची कहूँ न मानै कोई, मिथ्या सूं सिर मारै।

भव जल माहिं जिहाज नाम बिन कहो कौन पार उतारै ।।

साँची संत विचार कहत है बिरला चित बसावै।

चन्दा सूर इक कर राखे तो अलख पुरूष दरसावै।

साँची मूरत लाय मन राखे, पल थिर ठहराई।

सहजै प्रगटै उजियारी, तिमर सब नस जाई।।

एक भवन जाके दस दरवाजे नौंवे खुले सोई छारा।

नौ खंड खोज दसों दिस खेले, सोई गुरु हमारा।।

सुन्न सरोवर निर्मल तीरथ, नहाय सो उज्जवल होई।

सेवा पूजा सनमुख आत्म, और न दूजा कोई।।

शब्द हमारा ना पहचाने, भ्रम में जन्म गवाँवै।

कहै पानप बिन शब्द गुरु के, जन्म-जन्म दुख पावै।।

आठों पहर युक्त सो योगी, गगन गुफा में रहना।

पानप कहें यो साँची, भ्रम साथ नहीं बहना।।

करना हो सो सब कर लीजो, अकरन भरी बात।

कहै पानप अकरन यो ही, मन में सुरति समात ।।

करनी करे सो करम है, यम सूँ जीव न छूटे।

अकरन करे कहैं जन पानप, तब यम का जाला टूटे।।

[illegible] सुरत भटके, मुर्ख न [illegible]

WhatsApp

[illegible] रम भुलाना, गल प[illegible]

Call Us Now

[illegible]

19:12

सुन्न कहा मस्तकरूँ नीचे, नैन नाससूँ ऊँचे।
कहै पानप वहाँ हरिजन नहाय, पलपल नहाय सूँचे ।। ३०॥
दो नेत्र बिच नासिका, जहाँ सरोवर मान।
कहै पानप सतगुरु मिले, सुरतसूँ लेत पहिचान।।३१।।
सुन्न देस में राखे बंद्य, निसदिन ताके सत् की संघ।
सत् की संघ तके सुख होय, अलख दरस बिछड़े नहीं कोय।।
३२॥
मन थके मनसा थके, सहज स्वाँस थक जाय।
चाल पलटे पानपा, यम न सतावे ताय।। ३३।।
घट-घट अमृत सर भरे, पीवे कोई नाहि।
कहै पानप अमृत तजो, जगत प्यासा जाहि ।।३४।।
निकट नीर प्यासा मरे, यही अचंभा मोहि।
भर-भर दृष्टि सुरत पीवे पानप, बहुरि प्यास नहीं होहि ।। ३५॥
मन धोय तन निर्मला, तन धोय मन मैला।
कहै पानप तन कहाँ लग धोऊँ, विषम मैल तन फैला।। ३६।।
मन मैला तो सब तन मैला, तन धोवे सब कोय।
तन धोय मन उज्जवल नहीं, पानप मन धोवे न कोय ।। ३७।।
जब लग भटके सुरत मन तब लग गंदम-गंदा।
कहै पानप निर्मल तब ही जानो, थिर होय सूरज चन्दा।।३८॥
कर स्नान सुरत के जलसूँ, मन सागर में नहावै।
पानप कहँ जुगत कर ऐसी, आवागमन नसावै ॥ ३९॥
निर्मल नाका नाम का, सत्गुरु दिया बताय।
चितवन के तो निकट ही, पानप जिनकी सूरत समाय।।४०।।

WhatsApp ग देव गंध Call Us Now

काया सोध

गंगा जमुना और सरस्वती, बरसे झिलमिल धारा।
बिना नयन कोई कोई परखे, रूप अरूप अपाारा।।१।।
निकट नाक सुध सुधी लाई, सुरत भई पटरानी।
सज्जा मिली बहुत सुख देखे, तब बहती थीर ठहरानी ॥२॥
साधो सब सुरत के खेल, सुरत बिना नहीं पावे ।
दीपक बले तेल बिन बाती, जब मन में मुरत समावे।।३।।
धुन उपजी मन से मन खोजा, धुन में रहा समाई।
वह धुन लागी बहुत प्यारी, पलक न बिसरी जाई।।४।।
पाँच पचीस सुन्न में सिमटी, लगी ब्रह्म की पूजा।
काया सोध यो तत्व पाया, सब घट एक ही सूझा।।५।।
भँवर गुफा में आसन माँडा, मनसा मंडप ताना।
धुनी ध्यान तपे मन तामें, तब सीतल भये प्राणा।।६।।
सीतल भया मिटी जब तपना, मूल मन्त्र आराधूं।
सुमरन करूँ बिना ही रसना, सुखमन पिंगल साधू ।।७।।
हर-हर रटन रैन दिन लागी, बिसरे ते मर जाऊँ।
काया सोधत आत्म सूझा, घट में दरसन पाऊँ ।।८।।
योग युक्ति का अधर सिंहासन, अलख पुरूष की पूजा।
भ्रम बिलाया घट में पाया एक, और नहीं दूजा ।।९।।

WhatsApp
Call Us Now

आत्म बोध साधना

The Yogi does not care about the posture, food and dress but observes patience, contentment and compassion and thus he is not charmed by Maya. He having burnt the three qualities intertia तमोगुण mobility (रजोगुण) and harmony (सतोगुण) attains the fourth goal where the angel of death torture him not.

मनो जीतं योग युक्ता, रिपु-वायू[१] रोकन्त मूल बंधं ।
षट-चक्र बेधन्तं बुद्धस्य मानवी, वास[२] स्वांस[३] सनो[४] सन्धं[५] ॥३०
सतो सन्धं पवन बन्धं, रवि शशि करत इकतरं[६] ।
जस्य स्थानं जोतस्य जोती, तस्य दर्शनं भवातिरं ॥ ३१
भवातिरं मजग[७] जरं, पंच इन्द्रिय विष तजन्तं ।
हर हर धुनि जिह्वा नासतं[८], एवं सत्यं[९] तत फलं ॥ ३२

मन को वश में रखने वाला योगी योग-युक्त कहलाता है । वह योगी मूलबंध क्रिया द्वारा अपान वायू को स्थिर करता है । मूलाधार-चक्र में कुण्डलीनी शक्ति विराजमान है । प्राणायाम से जागृत होकर यह शक्ति मेरुदण्ड के भीतर प्रविष्ट होकर ऊपर को चलती है, जहां प्रकाश दिखाई पड़ता है । इस लिए ज्ञानी पुरुष अपने शरीर में छः चक्रों को शुद्ध करते हैं और अपान व प्राण वायू को ठीक रीति से निरोध करके उनको मिलाते हैं ।

इस प्राण व अपान वायू के मेल से शुद्धि व स्थिरता प्राप्त होती है इडा, पिंगला नाड़ियां सुषमना में लीन हो जाती हैं । फिर उस स्थान का जहां ज्योति का प्रकाश फैला हुआ है दर्शन मिलता है; जिसके दर्शन से मुक्ति हो जाती है, मन का निग्रह हो जाता है, पांचों इन्द्रियों के विषय व काम, क्रोध, लोभादि छूट जाते हैं और राम-नाम धुन जिह्वा से न होकर स्वांस द्वारा स्वतः होती रहती है । इस योग साधन का ऐसा वास्तविक फल है ।

१=अपान वायू २=अपान, ३=प्राण, ४=ठीक प्रकार, ५=युक्त करना ६=इकट्ठा करना, ७=मन, ८=नहीं होता, ९=वास्तविक ।

दुखो सुखो एक नामं, आई गई न चिन्तते ।
सोहं सोहं अहं नित्यं, सो जोगी चरण बन्धते ॥४०

जो योगी दुःख-सुख में सम भाव रखता है, लाभ, हानि से अधीर नहीं होता है और जिसके अन्तर में सोहं जाप निरन्तर होता रहता है, वह ईश्वर के चरणों को प्राप्त कर लेता है।

The yogi, for whom pain and pleasure are equal; who minds not gain and loss, and in the innerself of whom "Soham" is being constantly chanted, is united to the Supreme.

—:•:—

देहा परमात्मा अगम स्थानं, गुरू मन्त्र बुद्धि संयमं¹ ।
परमात्मा बुद्धिं संयुक्त² भवेत, जीव गता³ परम दर्शन ॥४१

शरीर में परमात्मा का स्थान 'अगम' है गुरु-मन्त्र से बुद्धि शुद्ध होकर परमात्मा से जुड़ जाती है; और जीव को अपने वास्तविक स्वरूप के दर्शन हो जाते हैं।

AGAM in the body is the seat of God. Guru-mantra harmonises reason and thereby Braham-gyan is gained and Jiva gets the vision of his "Atman"

१=शुद्ध, २=जुड़ना, ३=पाता है।

नमोः देव देवं नमोः ब्रह्म ज्ञानी ।
नमोः सेव सेवं नमोः तत्व ज्ञानी ॥
नमोः संत सतगुरु जिन्हों तत्व चीन्हा ।
नमोः दास पावन जिन्हों तत्व चीन्हा ॥
ॐ लिखंतं पढंतं सुनंतं शब्द विचार करंतं, मुक्ति फल पायंतं ।
गुरु के चरणारविंदं नमस्कारं-नमस्कारं ॥

शब्द विवेकी आत्म-ज्ञाना,
अकल कलासूँ लह्यो ठिकाना।
आत्म अकल अन्तर में लागे,
तंत झंकार अनाहत जागै।।5।।
सुनके धुन भाजा सब सांसा,
पांचों चोर गये चढ़ं बांसा।
इड़ा पिंगला सुषमन आवै,
आनन्द रुप बधाई गावै।।6।।
तू करता तोसे सब होई,
तुम बिन दूजा और न कोई।
जहां-जहां संत कसौटी ताया,
तहां-तहां देह धरै धर-धाया।।7।।
देह गृह नहीं रुप न रेखा,
क्या कोई तुम्हरो करै विवेका।
कहै पानप मैं जीव विचारा,
तू करता सब करने हारा।।8।।

अकल कला षट चक्र बेधे,
सोधे नाभि कमल उधरे।
मूल द्वारा दृढ़ कर बांधे,
वायु अपावन जानन दे।।4।।
कर विचार पानप जन बोले,
सतगुरु भेंटे खबर पड़े।
सन्त की संघ मान मन मनसा
दर्शन परसन कभी न टरे।।5।।

8- राग बिलावल

हूँ याचक दरबार को, पड़ो द्वार तुम्हारे,
हूँ सकीम द्वारे पड़ो, अब टरत न टारे टेक।
रीझ करो प्रभु आपनी, मांगू नहीं माया।
बड़े-बड़े मुनिजन, देवता, इन सब चुनखाया।।1।।
रिधि सिधि याचू नहीं, और मुक्ति ए चारों।
नाम-दान मोहि दीजिए, यो रीझ हमारो।।2।।
अष्टसिद्धि नवनिधि बापड़ी, अपनी धर राखो।

मंडल अखण्डित यंतर बाजै,
निराकार आकारा।
संसारी स्वप्नै नहीं पावै,
पहुँचै संत प्यारा।।13।।
नक सुध बाट घाट जहां औघट,
सब संयम उस ठाई।
पहुँचै पवना यतन-यतन कर,
जीव साथ चढ़ जाई।।14।।
नाभि कमल सूं लहर उठाऊं,
ररंकार ध्वनि वाणी।
बंधु मूल शूल मिट जाई,
सुरत उर्ध की तानी।।15।।
जन्म जन्म के बिछुड़े हंसा,
दोऊ अमिल मिलाऊ।
अलख अरूपी ज्योति स्वरुपी,
घट में दर्शन पांऊ।।16।।

पिंगली नाल अलल मै राखू,
सुख मन लेके धाऊं।
योग युक्त कर युग को बांधू,
तब साचा हरि गुण गाऊं।।17।।
बूझ अबूझ सोई हम बूझा,
है अदेख सोई देखा।
अन्तर यामी अन्तर माहीं,
पूरण तत्व विशेषा।।18।।
नवला घाटी मन समझाऊँ,
सुरत अधर लटकाऊं।
पांच पच्चीस घेर के मारू,
तब हरि का दास कहाऊं।।19।।
द्वादस कमल सहज थिर किया,
फेरी दृष्टि पछाई।
ररंकार ध्वनि रोम रोम मैं,
मैं झणकारा झण नाई।।20।।

नाद बिंदु के घर में रहै,
योग युक्ति से योगी लहै।।3।।
ज्ञान फावड़ी धूनी ध्यान,
तपता योगी परम सुजान।
ब्रह्म अग्नि दिन रैन जगावै,
सो योगी फिर योनि न आवै।।4।।
चित कर चकमक मनसा पथरी,
लावत ब्रह्म अग्नि प्रजरी।
तामें त्रिविध ताप जरावै,
मस्तक वही भभूत चढ़ावै।।5।।
सुन्य सरोवर निस दिन न्हाय,
चेले पाँच लिये लड़ लाय।
चेले पाँच लिये कर एक,
योगी मिटै कर्म की रेख।।6।।
संशय सिंह योगी कोई मारै,
कर बारंबार आसन धारै।

भजन ।। राग राम कली।।

गाऊं गो गुण गाऊंगो,
मैं सुमर सुमर गुण गाऊंगो।
जो कोई जीव भ्रम सों छूटे,
मैं हरि यश गाय सुनाऊंगो।टेक।
पाँच पच्चीसो पवन बांध कै,
अधर में अधर झुलाऊंगो।
आत्मराम निरन्तर सेवा मैं,
अनहद बीन बजाऊंगो।।1।

मान सरोवर मौनी हंसा,
हंस सो हंस मिलाऊंगो।
मिल के हंसा एक भये जब,
ममता नीर बहाऊंगो।।2।।
चौड़े मांहि ब्रह्म की माटी,
पवन को झोंक लगाऊंगो।
टपके अमी पीऊं निस बासर,
देह बिकार मिटाऊंगो।।3।।
तीर्थ जाऊं न नीर झकोरूं
झूठी प्रतीत न लाऊंगो।
गंग यमन बिच मिली सरस्वती,
मैं घर ही भीतर न्हाऊंगो।।4।।
कहै पानप मिल साधु संगति,
तब युक्ति भक्ति को पाऊंगो।
सांची भक्ति करुं मनसा सों,
मैं बहुर न भव जल आऊंगो।।5।।

पौराणिक युग में मन्त्र योग का नाद–योग के रूप में और भी अधिक विकास हुआ । हिन्दी साहित्य के भक्ति काल में नामस्मरण या जाप ने सभी कवियों को प्रभावित किया । विधिविधानों का खंडन करने वाले कबीर और वैदिक मर्यादा के प्रबल समर्थक तुलसीदास – दोनों नामस्मण को महत्वपूर्ण मनाते हैं।

सन्तों ने अपने साहित्य में अजपा जाप का महत्वपूर्ण उल्लेख किया यह मन्त्र साधना का ही एक स्वरूप है। श्वासोच्छवास के साथ मन्त्र का सम्बन्ध

1. भरतीय साधना और सूर साहित्य , डा० मुंशीराम शर्मा, पृ० 11,12
2. श्रीमद् भागवद् गीता, पृ० 11,16,15
3. आचार्य वल्लभ ब्रह्म सूत्र,1–1–24 के अणुभाष्य पृ० 251,252

जोड देने से जाप होने लगता है। दिन रात मे 21600 बार जो श्वास – प्रश्वास चलता है, उसके साथ सोऽह का जाप निरन्तर होता रहता है। इसी सोऽह का उलटा हस है। यदि इसे स्मरण का केन्द्र बना दिया जाय , तो चित्त अपने आप स्थिर हो जाता है।

ध्यान योग :-

मन्त्र साधना की सिद्धि ध्यान साधना मे होती है। इसी का दूसरा नाम राज योग है। गीता मे ध्यान योग को एकात मे अकेले ही स्थिति हो, सब प्रकार की आशा और परिग्रह भावना का परित्याग करके शरीर और मन का निग्रह करते हुए निरन्तर योग का अभ्यास करने का आदेश है।[1] योग साधना मे लगा हुआ वह पापहीन योगी सुगमता से ब्रह्म साक्षात्कार रूप अत्यन्त उत्कृष्ट सुख को प्राप्त कर लेता है।[2] श्रीमद्भागवद् मे ध्यान–योग के लिए मन का सयम, लोभ, दभ, पाखड से बचना और शास्त्रो का अभ्यास करना परमावश्यक माना गया है।[3]

श्वेताश्वर उपनिषद के द्वितीय अध्याय मे प्राणायाम को ध्यान – योग की सहायता मे सहायक कहा गया है। इस उपनिषद् मे ध्यान–योग की विधि इस प्रकार वार्णित है –

स्वदेहमरणि कृत्वा प्रणाव चोत्तरारणिम्।
ध्यान निर्मयनाभ्यासाछेव पश्येन्निगूढवत।।[4]

(ध्यान योगी को चाहिये कि वह अपने शरीर को नीचे की अरणि और प्रणव को ऊपर की अरणि बना कर ध्यान के द्वारा निरन्तर मन्थन करे और अपने ही अन्दर छिपी हुई अग्नि की भाति परम देव परमेश्वर को देखे। जैसे तिलो मे तेल

1 श्रीमद् भागवद् गीता 13,14
2 श्रीमद् भागवद् गीता, 6–10,28,29

॥ ॐ ॥

॥ श्री परमात्मने नमः ॥

-॥- श्री स्वामी मगनीराम जी सहाय, श्री स्वामी पानपदेव जी सहाय -॥-

सर्व संतों की दया

ब्रह्म-विद्या तृतीय बाणी

नाम स्तोत्र

श्री पानपदास जी ने नाम-स्तोत्र अंग में अपने उपदेशों को संक्षेप में रख दिया है इसको ग्रंथ का सार कहा जा सकता है:—

ईश्वर ओंकार स्वरूप है; वह पूर्ण है; सब चराचर में ओत-प्रोत है; जन्म रहित, अविनाशी, तेजोमय है; अपने आत्म-बल से अपनी प्रतिष्ठा का आधार है; माया व प्रकृति का रचने वाला है; मन व बुद्धि की पहुँच से बाहर है। जीव ईश्वर का अंश है। आत्मा ईश्वर का प्रकाश रूपी प्रतिबिम्ब है। संत इस ज्योति का ध्यान करके आत्मा का साक्षात्कार करते हैं। जो मनुष्य इस आत्म रूपी ईश्वर को अपने अंतर में न खोज कर बनों में घूमते हैं, काया को त्रासते हैं, अन्य देवों में भ्रमते हैं, वह संशय युक्त हैं; मनुष्य योनी को वृथा गवांते हैं और आवागमन के दुख सहते रहते हैं।

गुरू दीक्षा व सत-संग से आत्म-ज्ञान प्राप्त होता है। संत इस परम तत्व को पाने के लिये सुरत-शब्द-योग का साधन करते हैं। ब्रह्मांडी मन ब्रह्मांड के हृदय में रहता है जिसको ओंकार कहते हैं इसका स्थान त्रिकुटी है यह ध्यान का प्रथम स्थान है यहां तीन नाड़ियां—इड़ा, पिंगला, सुषमना मिलती हैं। यह त्रिकुटी सुमेरू पर्वत है; इसकी चोटी को ब्रह्मरन्ध्र अथवा दसवां द्वार कहते हैं; यहां करोड़ो सूर्य व चन्द्रमा के सदृश प्रकाश फैला हुआ है और ब्रह्म की पहचान हो जाती है। सुमेरू पर्वत की चोटी पर दो स्थान सुन्न व महा सुन्न हैं, संतजन यहां "सोहं" जाप में ध्यान-मग्न हो जाते हैं और परमात्मा का साक्षात्कार करते हैं।

राग बिलावल

रूप अरूपी राम हमारो, रूप अरूपी राम ।
देह धरे जो राम कहावे, तासूं न मेरो काम ।।टेक।।
बिनसन-हार[1] देह धर आयो, साहब केह विध कहिए ।
साहब को दूजा कर जानें, तो नरक-कुंड में जइए ।।१
खोजी खोजे, खोज तब पायो, व्याप रह्यो सर्व माहि ।
निपट निकट हरजन कोई जानें, ताको सीस नवाहि[2] ।।२
देखत अकल-कलासूं दीखे, ताहि भजूं अष्टोयाम ।
पाचों को गुरु पकड़ लिया, तब मन पायो बिसराम ।।३
अंतरयामी अंतर देखा, उलटी दृष्टि समान ।
कहे पानप जब सुरत बिचारी, परसो निर्मल धाम ।।४

●:—:●

ज्ञान-सुखमनी

दोहा:—घट में देखा नयन भर, सतगुरु के प्रताप ।
कहे पानप गुरु कृपा कीन्हीं, जपा अजपा जाप ।।१
अजपा जपे बिन मुख जिभ्या, अधर धार में खेले ।
कहे पानप मनसासूं सुमरे, तो यम जालिम कों पेले ।।२
पावे युक्ति अतक को ताके, हर दम चोट नाम के नाके ।
औघट घाटी लगा रहे, जोरे नाम के काल को दहे ।।
उलटे अंतर चाले घात, वह विधि रहे नामसूं रात ।
हरजन ऐसी युक्ति उपावे, कहे पानप भवजल नहीं आवे ।।

१=नाशवान, २=झुकाना ।

राग आसावरी

ऐसो कोई मिलो ना नाम सवादी,
मानुष-देह मिली बहुतेरी, जो मिलया सो बकवादी ।।टेक
नाम सवादी बिरला हरजन, जिन सुषमन पिंगल साधी ।
मन को पलक चलन ना देई, सुनत अनहद-नादी ।।१
मूल कँवल को ड़िठ कर बांधे, नाम निरतसूं शोधी ।
अजपा जपे बिन मुख जिम्या, सहज पांच परबोधी[१] ।।२
अलग देहसूं अगम अगोचर, अकल-कला आराधी ।
पल पल में लवलीन ब्रह्मसूं, लागी सहज समाधी ।।३
हृदय याद बिसारे नाहीं, हर-हर धुन सो लागी ।
सुन्न मंडल में परम जोति को, निरखे ते बड़ भागी ।।४
अष्ट-कवँल-दल अंतर वासा, षट-चक्री कस राखे ।
उलटी दिष्ट पछमकू देखे, अधर निसाना ताके ।।५
आसन मांडे, स्वांसा सोधे, संसारी परमोधे[२] ।
देह निरन्तर परमात्मा, ताकू पलक न सोधे ।।६
कह पानप दर्शन का लोभी, दर्शन बिना न जीवे ।
नौ खंड खोज धरे जहां मनसा, दिष्ट भर भर पीवे ।।७

राग भैरों

ऐसे घट धोव प्राणी ऐसे घट धोवरे, घटके धोय तत् दरसन होय रे ।टेक
सहज[३] की कुम[४] तीन गुण बेगर[५], दे दे मरोड़ी ममता-जल खोवरे ।।१
ज्ञान कर नीर ध्यान कर सिलबा, तामें साबुन सुरत समोवरे ।।२
कहै पानप ऐसे घट को धोवे, घटके धोय गमन न होय रे ।।३

१=सतर्क, प्रबोध, २=प्रमोध, हर्ष, ३=स्वभाव, ४=भट्टी, ५=पृथक ।

राग कल्याण

अजपा जाप जपो रे भाई, ताते अनहद देत सुनाई ॥टेक॥
अजपा जपये जिभ्या हीन, चतुर विवेकी कोइ पावैं चीन्ह॥ १
पांच पवन एक कर राखे, अकल कला ले मन को ताके ॥ २
मन के तके उजाला होय, भ्रम तिमिर मिट जाय है सोय॥ ३
हर जन ऐसी युक्ति उपावे, चंदा सूर एक घर ल्यावे ॥ ४
पानप शब्द करो बिचारा, समझता होय भवजल पारा ॥ ५

२

पूंजी रे साहू की मूरख गवांवे, ऐसो बनज न मोहि सुहावे ।टेक
सुन्न-शहर के साहूकार, तिनके मुक्ता-हल ब्योहार ॥ १
हर हर रटन गिनती करे सिभांल, आड़त संतन के संग डार ॥ २
योही तेरी पूंजी होय अपार, गगन के घर में जाय संचार ॥ ३
सोई साह मेरे मन भावे, कहै पानप पूंजी धुर पहुँचावे ॥ ४

राग देव गंधार

चलो हो तो अगम झूपड़िया छावें,
राजा राना छत्रपति भूपत, यहाँ कोई रहन नहीं पावे ।टेक
कैसा अगम कौन विध जाइए, गुरुसों मारग पावे ।
पवन की डोर लगाय सुन्न में, ता लग चढ़ जावे ॥ १
जहां नहीं धूप छां नहीं ता घर, ज्ञान सहित ठहरावे ।
जहां कुछ काल जिजाल न व्यापे, हरिपुर वतन बनावे ॥ २
बिन करताल पखावज बाजें, बिन रसना गुन गावें ।
कहै पानप निर्मल-पद परसत, बहुर न भवजल आवें ॥ ३

राग सोरठा

भौंरा कँवले खोज ताहि में रहिए, तजकर कँवल अनंत न जइऐ॥टेक
वाही कँवल माहि घर तेरा, ताका करले तू खोज सवेरा।
अबके कँवल न पावे, तो तू जन्म जन्म भरमावे ॥१
वोह तो कँवल नीर बिन फूला, अरे नर मूरखता की तू भूला।
उलट कँवल बस माहीं, तेरा जुरा मरन मिट जाई ॥२
नाभि माहि जाकी नाली, लाव अर्ध ऊर्ध्व मध्य ताली।
जिन ऐसी जुगत विचारी, ताको सहज मिले बनवारी ॥३
जन पानप कहत विचारा, वाही कँवल में सकल पसारा[1]।
वाही कँवल ब्रह्म अरुपी, बिन सूरज धूप प्रकासी ॥४

१=प्रपंच २=दूसरी जगह,

राग गौरी

राम धुन सुनत रहूँ बिन काना,
योंही समझ है मूल भक्ति को, ना जिभ्या से कहना ॥टेक
सोधे नाम निरतसूं अंतर, सुरत गगन को ताना।
सुरत गगन चढ़ अनहद बाजे, कोई सुने संत सुरज्ञाना ॥१
मण्डल अकाश ऊर्ध्व मुख कुआ, चूए अमी की धारा।
पीवे योग-युक्त का योगी, चहुँदिस भया उजारा ॥२
पीवत अमी जन भया मद माता, अनुभव बानी गावे।
गूंगे ने गुड़ खाय बखाना, सैन कोई जन पावे ॥३
आवे जाय मरे न जीवे, गुरमुख खोजी खोजा।
आवत जाता अगम समावे, ताको त्रिभुवन सूझा ॥४
कहैं पानप सुनो भाई साधो, यह विधि काहसूं कहिये।
सांच कहे यह सब जग खीजे, समझ चुपहीं रहिये ॥५

सुरत सधी न मन सधा, यो भक्ति की हान
साध सुरत मन अन्तर राचे, सोई भक्ति परमान ॥१३
कैसी भक्ति करी यो बन्दे, जो दरसा नहीं राम।
कहै पानप बिन मन बांधे, सरा न एको काम ॥१४
सुरत बांध मन में धरे, अलख पुरुष दरसावै।
कहै पानप सांची भक्ति यो, मेरे साहब के मन भावै ॥१५
भक्ति जहां कलजुग नहीं, और कलियुग सबको मारै।
हरि की सरन गह[१] रहो पानप, सकल विघन[१] सो टारै ॥१६
साहब मेरा बाज़ीगर है, माया आज्ञाकारी।
राम कहन की आपा छूटी पानप, रही भक्ति जगतसूं न्यारी ।१७
मोहि दीखे जगत एकसारा, को मलीन को सूंचा।
सबका हाल एकसा मरते, पानप कौन नीच कौन ऊँचा ॥१८
नहचै हरकी भक्ति कर, कर जीव का उपकार।
कहै पानप और सब धंध है, तू धन्धा सब विसार ॥१९
हरि की सरन गह रहो, सबसूं रहो निर्वैर[२]।
कहै पानप प्रभुसों मिलो, मन को अंतर फेर ॥२०
सब आत्मा एकसी, सबसूं कीजे मेल।
एकसूं मिले एकसूं ना मिले, इस दुरमत को पेल ॥२१
सर्व आत्मा एकसी, मित्र सत्रु[३] कौन।
पानप सेवो आत्मा, घट घट गह रहो मौन ॥२२
स्वांस स्वांस हरि चर्णों लागे, अंतर धुन मन माहि।
कहै पानप हरि भक्ति योही है, और सब जग योंही जाई ॥२३
या जग में हरि भक्ति नहीं, भरम भक्ति जग लागा।
कहै पानप सोई मुक्त भया, आत्मसूं मन पागा ॥२४॥
जहां भरम तहां भक्ति नहीं, भरम भूला सब कोय[४]।
कहै पानप सतगुरु बिना, भक्ति न पावै कोय ॥२५

१=बाधा, २=द्वेष रहित, ३=शत्रु ४=लागे, ५=ग्रहण

(नाम लीला)न्यारा होय सतसंगत करे, जन बानी हृदय में धरे।
अगम अपार संत की बाणी, निकट कहै मुक्ति की खानी ॥१
खानी खोजे ते तत सार, सुषमन का घर अगम अपार।
हरिजन देखे दृष्टि पसार, निसदिन बहै मुक्ति की धार ॥२
भर भर दृष्टि उलट कर पिया, चाख अमी-रस युग-युग जिया।
हर-जन हरि रस चाख बखाना, बिरले बिरले शब्द पहचाना ॥३
रोम रोम उचरे ररंकारा, आत्म मन[3] रहना इकसारा।
आतम-तत्व सुरतसूं खोजा, घट घट दरसन अन्तर सूझा ॥४
घट घट एको दूजा नाहीं, मिल सतगुरू यह मति पाई।
जो कोई अपना घट खोजे, अलख पुरुष वाही को सूझे ॥५
मन दीपक मनसा कर बाती, ज्योति बलै सूझे दिन राती।
तिरगुन तेल तामें पूरे, सिर पे निर्मल ज्योति हजूरे ॥६

दोहा—अकल कला को खेल है, देखे उलट कर कोय।
जिन देखा सोई मुक्ता हुआ, ताको आवागमन न होय ॥ १

जो हरजन हरि-रस की चाह, बिखरी सुरत एक घर लाव।
बिखरी सुरत भक्ति नही होई, झूठे भ्रम न भूलो कोई ॥१
एक सुरत पांचों संग वहै, बिन गुरू—यत्न न राखी रहै।
यही सुरत गुन लाग बहानी, तबलग कारज सरै न प्राणी ॥२
जबलग कारज एक ना सरे, सुरत काज और और करे।
सुरत समेट ले मेरे भाई, ठौर सुरत की है घर माहिं ॥३
दो पर्वत बिच सत की संध, योग युगतसूं तहां राखो बंध।
तहां बसे पल चलन न पावे, तब सांचा हरि भक्त कहावे ॥४
सुरत युक्ति कर वहां ठहराई, सो जन दर्शन माहि समाई।
दर्शन कर मन स्थिर हुआ, पाई मुक्ति जीवत मुआ ॥५

दोहा—जो जन जीवत ही मूआ, और सुनी अनहद बानी।
मुक्ति हुआ तब जानिये, योनी न आवे प्राणी ॥१

सांची भक्ति करो हरि केरी[1], तासे जीव मुक्ति हो तेरी।
बिन सतसङ्ग नहिं भक्ति उपचारा[2], भ्रम में भूला सब संसारा ॥२

१=की, २=उपाय, प्रयोग ३=स्तब्ध, मग्न।

भक्त-बोध

हरि की भक्ति करो रे प्राणी, भ्रम साथ नहीं बहना।
भव-सागर की धार तेज है, सुमरण सहित ऊभना[1] ॥१
हरि की भक्ति करे जो कोई, जरा मरनसूं छूटे।
जिन संसय ने यो जग खाया, ता संसय को कूटे ॥२
भक्ति मुकाम दोऊ सुर ऊपर, चतुर विवेकी सोधे।
चोरी करें चोर पाचों, जतन जतन प्रमोदे[2] ॥३
रहे निरन्तर खोजे अंतर, योही भक्ति है साँची।
जप, तप, संयम, सेवा, पूजा, और सब मत काँची ॥४
नक सुध बाट घाट जहां औघट, सब संयम वहां ठाई।
पहुँचे पवन जतन जतन कर, जीव साथ चढ़ जाई ॥५
जन्म जन्म के बिछड़े हंसा, दोऊ अमिल मिलाऊँ।
अलख अरूपी ज्योति सरूपी, घट में दर्शन पाऊँ ॥६
सुन्न सरोवर संजम साधू, द्वादस तिलक चढ़ाऊँ।
डोर पवन की जलका मनिया, कर बिन माल फिराऊँ ॥७
अलख पुरुष ले गगन अराधूं, आतम अंतर धाऊँ।
अकरन करूं रैन दिन ऐसा, बहुर न भवजल आऊँ ॥
तन मन खोजे संसा भाजे, होय ब्रह्म प्रकासा।
कहै पानप जो सुरत विचारे, छूटे जरा मरन की त्रासा ॥[3] ॥६

झूलने

सोहं सोहं निसानी अगम ही की, जिसके ऊपर तो भक्ति मुकाम है जी।
सुरत बांध चढ़े हर दम सूरमा ही, नहीं दुनिया का यो तो काम है जी ।२
तन माहि अचंभा सा होय रहा, रोम रोम गरजे मानो घन है जी ।३
पानपदास भवजल के तिरने को, नहीं दूसरा जतन है जी ।४

१=उठाना, २=शुद्ध, नियमित, ३=डर, ४=स्वर ध्यान।

७

दोहा–पंच अगन[1] धुनी तपे, और रहै बैठा मौन ।
मन मनसा भटकती फिरे, कहो सुमरन लागा कौन ॥१
मन मनसा भटकती फिरे, सुमरन हृदय नहीं किया ।
कहै पानप अमृत संग तजो, मूढ़[6] विष-रस पिया ॥२
मौनी सोई बोलता रहै, ताकी बोली कोई न लहै ।
आप माहि निरखे आप, निस-दिन जपै निरंजन जाप ।
मौनी हंस खोज कर-पावै, मानसरोवर अमिल मिलावै ।
अमिल मिल तब मुक्ता पाय, वह हंसा नहीं आवै जाय ।
लखपाई सत्गुरु की सैनी, कहै पानप सोई सच्चा मौनी ।

८

दोहा–जती सोई राखे रती, सती जीवत होय ।
कहै पानप पिया प्यारी तेई, ऐसे लच्छन[2] सोय ॥
यती सो जोहै[3] आत्मा, सोई यती परमान ।
कहै पानप नर्की जीवड़ा, जो नहीं आतम पहचान ॥२
जतन बिन जती कहावै, जत-मत[4] का कोई मर्म न पावै ।
पाहन पूजै करै अभिमान, ते नहीं पावै ब्रह्म-ज्ञान ।
ब्रह्म-ज्ञान बिन भक्ति न होई, भक्ति बिना भ्रमा जग लोई ।
जतमत साधै सोई जती, कहै पानप सोई राखै रती[5] ।

९

दोहा–करता हरता एक है, ताही का प्रकास ।
पानप ताको देखले, तू क्यों होय उदास ॥१
चाह भई हरि दरस की, जगसूं भया उदास ।
कहै पानप जीव तब, पावै चरण निवास ॥२
सोई उदासी रहै उदास, मनसा राची चर्ण–निवास ।१
सुरत बांध के मनसूं अड़ै, पिंगल कलाधर[7] मझ[8] धरै ।२
अनहद-नाद अनन्त धुन बाजें, परम पुरुष जहां आप बिराजें ।३
प्रेमी होय चर्णों चित लावै, तब परम पुरुष का दर्शन पावै ।४
गुरु प्रतापसूं दुरमति[9] नासी, कहै पानप है सोई उदासी ।५

१=आग, २=लक्षण, ३=खोजे, ४=पंथ, यतन, ५=प्रेम, ६=मूर्ख, ७=इड़ा, ८=मध्य, ९=दुर्मती, कुमति ।

नाड़ी शोधन का विधान

सर्वप्रथम योगी पद्मासन लगाकर चन्द्र (बाईं) नाड़ी द्वारा प्राण वायु का पूर्ण करे तथा फिर सामर्थ्य अनुसार कुंभक करते हुए बाद में सूर्य (दायीं) नाड़ी से रेचन कर देवें । तत्पश्चात् दायीं नाड़ी से वायु को खींचकर उदर को शनै:शनै पूरित करें तथा कुंभक करते हुए फिर चन्द्र नाड़ी से छोड़ देवें, जिस नाड़ी से वायु का त्याग करें उसी नाड़ी से धारण करें तथा यथाशक्ति उदर में रोके रखें[11] जिससे धारण करें उससे विपरीत नाड़ी से शनैः शनैः छोड़ देवें, तेजी से नहीं। इस प्रकार विधिपूर्वक दायीं व बाई नाड़ी से निरंतर अभ्यास करते हुए तीन मास में या कुछ अधिक समय में नाड़ियां शुद्ध हो जाती है। यह नाड़ी शुद्धि का वर्णन दीपिकाकार ने प्राणाायाम के फल के रूप में दिया है। मलों से व्याप्त सभी नाड़ियां जिस समय शुद्ध हो जाती हैं, उस समय योगी साधक सम्यक् प्रकार से प्राणवायु को रोकने में समर्थ होता है। जैसे कहा भी है-

चले वाते चलं चित्तं निश्चले निश्चलं भवेत्।
योगी स्थाणुत्वमाप्नोति ततो वायुं निरोधयेत्॥ [12]

---

11. बद्धपद्मासनो योगी प्राणं चन्द्रेणपूरयेत्।
धारयित्वा यथाशक्तिः भूयः सूर्येण रेचयेत्॥
प्राणं सूर्येण चाकृष्य पूरयेदुदरं शनैः।
विधिवत्स्तमकं कृत्वा पुनश्चन्द्रेण रेचयेत्॥
प्राणं चेदिड्या पिबेन्नियामितं भूयोऽन्यया।
रेचयेत् पीत्वा पिंगलया समीरणमथो बद्धवात्यजेद्वामया ।7
सूर्याच्चंद्रमसारेनेन विधिनाभ्यासं सदा तन्वतां।
शुद्धा नाड़ी गणा भवति यामिमनां मासत्रयादूर्ध्वत ॥ (ह.यो. प्र. 2.7-10)

12. ह.यो. प्र. 2.2

05:49

...थ शरीर का एक विशेष योग है, उन्हें ये अकस्मात् एक बार में ही नहीं हो जाती; कुछ समय लगता है। अनेक कारणों से अनेक दशाओं में देह का वीर्य मथित होकर प्रशस्त मार्ग में हो उपस्थ की ओर जाता है। वीर्य को ऊपर की ओर जाने के लिए भी एक सँकरा मार्ग है। नीचे के मार्ग का मुख बिल्कुल बन्द हुए बिना वीर्य कभी ऊपरी मार्ग में नही जा सकता। वीर्य के स्रोत को ऊपरी मार्ग में न कर पाने से और किसी उपाय से उसको शरीर में नहीं रोका जा सकता। वीर्य कभी एक स्थान में रहने वाली वस्तु नहीं है। उसे अधोगामी न होने देने के लिए कितने ही लोग कितने ही काम करते हैं। शरीर की गर्मी को घटाने के लिए कोई शिरा काट डालते हैं; कोई मन की उत्तेजना को घटाने के लिए अङ्ग आदि का छेदन करते हैं किन्तु इससे वास्तविक कुछ भी लाभ नहीं होता। ऐसे उपायों का अवलम्बन करने से धर्मजीवन का भी कुछ कल्याण नहीं होता। संयम द्वारा चित्त को स्थिर रखकर नाम का जप करते हुए कुम्भक द्वारा वीर्य को ऊपर की ओर आकर्षित करना

पड़ता है। कुम्भक करने से वीर्य के नीचे वाले मार्ग पर दबाव पड़ता है और ऊपर का रास्ता प्रशस्त हो जाता है; अतएव वीर्य की गति नीचे की ओर न होकर ऊपर की ओर हो जाती है। एक बार वीर्य की गति ऊपर की ओर पलट जाने पर फिर वह नीचे नहीं जाता। जब मुझे ऐसा हुआ था तब ऐसा प्रतीत हुआ कि मुझे एक अमृत के सागर में डुबा दिया है। चेष्टा करके किये गये कुम्भक करने से ही यह सब होता है। अस्वाभाविक कुम्भक से कुछ लाभ नहीं। नाम के साथ साथ थोड़ा थोड़ा इसी रीति से कुम्भक का अभ्यास करो। इन मामलों में सदा खूब चेष्टा भी करनी चाहिए। दृढ़ता न हो तो अधिक समय तक चेष्टा भी नहीं हो सकती।

✽ ॐ–हरि ✽

शिष्य - "नाम का जप करते-करते जो कुछ प्रकट होता है

128 of 540

Favorite Share Flag

Shri Shri Vijay Krishnan Vachnaamrit

Topics Shri Vijay Krishna Vachnaamrit,Vachnaamrit,Jati

(109)
(109-110)
(110)
(111)
111-112)
112-113)
(113)
113-114)
(114)
(115)
115-116)
(116)
(117)
17-118)
(118)
(119)
19-120)
(120)
(121)

बाणी प्रकाश

(1)

आरती करूँ अमरनाथ हरि की, गुरूदेवा सिवराम कृष्णा की टेर

गणपत बाला खोलो ताला, अन्तरजामी सूँड-सूडांला,

रिद्धि सिद्धि का भण्डार भरै की ।। 1 ।।आरती.)

साँझ सबेरे नर नारी गावै, सुख संपति घर लक्ष्मी आवै,

रोग पीड़ा दुख जावे परै की ।।2 ।।आरती।।

निराकार की माला फेरी सुन्नमण्डल की खोली सेरी,

झिगर मिगर वहाँ ज्योति जरै की ।।3 ।।आरती।।

ओ३म सो३म शीतल सासा सुख सागर में हँसे का बासा

लाधुनाथ जोगी ध्यान धरै की ।।4 ।।आरती।।

(2)

[illegible] देव मेरे मन भावे, देवी देवताओं करें बंदगी तीनों

लोक गुण गावै ।।टेर)

मूल महल के रंग झरोखे गणपति आसन लावे ।

रिद्धि सिद्धि नारीअ करत आरती, अमर ज्योति जगावै ।।1।।ग.।

सुंडाला विनायक स्वामी, तेरा पार नही पावै,

एक मास में सिद्धि-प्राप्ति के उपाय

गुरुप्रदत्त नाम का श्वास-प्रश्वास के साथ जप करना विजयकृष्ण-कुलदानन्द की नाम-साधना है। यहाँ गुरुनिष्ठा एवं सद्गुरु को भगवान् मानना भी उपदिष्ट है।

गोस्वामी विजयकृष्ण द्वारा उपदिष्ट पद्धति—एक मास काल-व्यवस्थानुरूप नियम में रहकर निर्दिष्ट प्रणाली द्वारा साधन करने पर साधक को सिद्धि अवश्य प्राप्त हो जाएगी। नियमों का पालन आवश्यक है। नियम हैं—

१. लोक-सङ्ग, स्त्रियों को देखना, उनका स्पर्श, उनके विषय में कुछ भी सुनना या चिन्तन—सभी का त्याग। पूर्ण ब्रह्मचर्य।

२. एकान्त में शुद्ध भाव से, दिन में केवल एक बार, स्वपक्व एवं बिना उबले

चावल का भात खाना एवं भोजन अपने से बनाना।

३. भूमि-शयन करना चाहिये। हाथ का तकिया लगाना चाहिये।

४. यथानियम मुद्रा-बंध, अहर्निश सिद्धासनस्थ होकर प्राणायाम (कुंभक) के साथ नाम-साधन करणीय है।

५. कम से कम तीन दिन भी यह साधना कर ली जाय तो अन्य लोगों के लिये दुर्लभ विशिष्ट अवस्था प्राप्त हो जाएगी।

६. किसी भी सम्प्रदाय का कोई भी व्यक्ति अपनी कुलक्रमागत रीति-नीति के अनुसार अजपा नाम का साधन कर सकता है।

श्रीविजयकृष्ण स्वयमेव वैष्णव थे। उनका संन्यासाश्रम का नाम अच्युतानन्द सरस्वती था।

Breathe the name of God ईसाइयों में भी प्रचलित है। बौद्ध धर्म के 'विशुद्धि मग्ग' एवं त्रिपिटकों के 'कायगतासति' की पद्धति में 'अनापानासति' (श्वास-प्रश्वास में मन:संयोग द्वारा साधना करना) की साधना अजपा जप का ही एक रूप है।

बुद्धदेव की दृष्टि क्या है? बुद्धदेव कहते हैं—एकायनो अयं भिक्खवे निव्वानस्स....... सच्छि किरियाय यदिदं चत्तारो सति पट्ठानो (निर्वाणार्थ यही एकमात्र पथ है)।

विजयकृष्ण की नाम-साधना की विशिष्टता यह है कि यहाँ विदर्शन-भावना के स्थान पर गुरुप्रदत्त अप्राकृतिक शक्तिसंयुक्त नामजप किया जाता है।

'सुखमनी' में नानक कहते हैं—नानक सो सेवक श्वास-श्वास समारै। भगवान् के प्रति श्वास-प्रश्वास में स्मरण करने का यह विधान सिक्ख धर्म में भी है—श्वासि ग्रासि हरि नाम समाल। प्रतिश्वास एवं प्रतिग्रास नामस्मरण करना चाहिये।

सूफियों की साधना-पद्धति—सूफियों की साधना-पद्धति में सुल्तानुल अज़कार' नाम-साधना की उस पद्धति को कहते हैं, जिसमें श्वास के साथ 'अल्लाह' मस्तिष्क में श्वासस्थापन के समय 'हूँ' के जप का विधान है। विधि है—

१. आँख, कान, नाक एवं मुख को हाथ की ऊँगलियों से बन्द करके श्वास नाभि से खींचे एवं मस्तक तक ले जाय। वहाँ श्वास रोककर कुंभक करे।

२. श्वास को नाभि के नीचे से ऊपर ले जाते समय 'अल्लाह' कहे एवं श्वास को मस्तिष्क में स्थापित करते समय 'हू' कहे। 'हू' करते समय आँख को हृदय की ओर स्थिर करे। अन्त में नाक के द्वारा श्वास निकाल दे।

इस साधना के अनेक रूप हैं। यह साधना भी अजपात्मक नाम-जप के श्वास-प्रश्वास द्वारा नाम-जप से मिलती-जुलती साधना है।

विसुद्धिमग्ग की दृष्टि एवं बौद्ध ध्यानयोग—विसुद्धिमग्ग नामक ग्रन्थ के ७-८ परिच्छेदों में ध्यान की एक विशिष्ट पद्धति की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है

और १० अनुस्मृतियों में उसे 'आनापानानुसति' (प्राणायाम) की आख्या दी गई है। दीघनिकाय में भी 'अनुसति' का वर्णन किया गया है।

गोस्वामीजी निद्रा तो लेते ही नहीं थे, पूरा स्नान भी नहीं करते थे। साल में शारदीय पूजा के समय महाअष्टमी के समय स्नान करते थे । एक दिन गर्मी अधिक पड़ने पर शिष्य ने उनसे पूछा -

शिष्य - आप अच्छी तरह नहाते क्यों नहीं हैं ? स्नान करने से शरीर स्निग्ध होता है । मैं तो एक दिन भी बिना स्नान के रह नहीं पाता ।

गोस्वामीजी - मुझे स्नान की जरूरत नहीं पड़ती ।

शिष्य - ऐसा क्यो ?

गोस्वामीजी - रोज सुधा का क्षरण होता है, इसलिए स्नान की आवश्यकता नहीं होती, शरीर सर्वदा स्निग्ध रहता है ।

शिष्य - ''सुधा'' क्या वस्तु है ?

गोस्वामीजी - **भक्ति की अधिकता में मस्तिष्क से जिह्वा में एक प्रकार का रस टपकता है, उसे ''सुधा'' कहते हैं । इस सुधा (अमृत) की ऐसी मादक शक्ति है कि एक बूँद खाने से, चार - पाँच बोतल ब्रान्डी (शराब) से ज्यादा नशा सा होता है । इसे पान करने से शरीर अचल सा हो जाता है परन्तु पूर्ण ज्ञान रहता है। अनेक दिन तक अनाहार में भी रहा जा सकता है। तन्त्र शास्त्र में इसे ही ''सुरा'' कहा गया है ।**

शिष्य - यह सुधा मस्तिष्क से किस प्रकार जीभ में टपकता है ?

गोस्वामीजी - तालुदेश की अस्थियों के बीच अति क्षुद्र छिद्र हैं, उन छिद्रों में सुधा टपक कर जिह्वा में गिरता है ।

शिष्य - इस सुधा का स्वाद किस प्रकार का होता है ?

गोस्वामीजी - भक्ति के भाव के साथ इसका स्वाद बदलता है। कभी खारा, कभी खारा-मीठा, कभी कड़्वा, कभी केवल मीठा होता है ।

शिष्य - इस सुधा में यदि मादक-शक्ति है तो क्या इससे शरीर में कोई अनिष्ट नहीं होता ?

गोस्वामीजी - नहीं, इससे शरीर में अनिष्ट तो होता ही नहीं है बल्कि शरीर स्वस्थ रहता है । भूख भी नहीं लगती एवं शरीर गरम रहता है ।

शिष्य - इस ''सुधा पान'' करने का क्या उपाय है ?

गोस्वामीजी - केवल श्वॉस-प्रश्वाँस में नाम करना पड़ता है। इसे छोड़कर दूसरा कोई भी उपाय नहीं है।

यारी साहेब की चौपाई

घट में पान अपान दुई भाई। अर्ध उर्ध आवैं अक जाई।।
लेके पान अपान मिलावै। वाही पवन गगन गरजावै।।
गरजै गगन औ दामिन दमकै। मुक्ताहल रिमझिम तहँ वर्षै।।
ता मुक्ता महँ सुरति पिरोवै। सुरति शब्द मिल मानिक होवै।।
मानिकजोति उहुत उँजियारा। कहै 'यारि' सोई सिरजन हारा।।
साहेब सिरजनहार गोसाई। जामे हम सोई हम माही।।
जैसे कुम्भ नीर बिच भरिया। बाहर भीतर खालिक दरिया।।
उठै तरंग तहँ मानिक मोती। कोटिन चन्द सूर कय जोती।।
एक कीर्ण कै सकल पसारा। अगम पुरुष सबई ते न्यारा।।
उलटि कीर्ण जब सूर समानी। तब आपन गति आपुहिं जानी।।
कहै यारि कोउ और न दूजा। आपुहिं ठाकुर आपुहिं पूजा।।
पूजा सत्य पुर्ष की कीजै। आपा मेटि चरम चित दीजै।।
उन मुनि रहनि सकल का त्यागी। नवधा प्रीति बिरह बैरागी।।
बिनु बैराग भेद नहिं पावै। केतो पढ़ि-पढ़ि रचि रचि गावै।।
जो गावै वाको अर्थ बिचारै। आपु तरै औरहुँ को तारै।।
तारनहार समर्थ है, और न दूजा कोय।
कहै 'यारी' सतगुरु मिलै, अचल अमर तब होय।।930।।

चौपाई

सतगुरु सत्य पुरुष है अकेला। पिण्ड ब्रह्माण्ड ते बाहर मेला।।
दूरि ते दूरि ऊँच ते ऊँचा। बाट न घाट गली नहिं कूचा।।

आदि अन्त मध्य नहि दूरा। अगम अपार अति गहिर गँभीरा।।
कच्छ दृष्ट तहँ ध्यान लगावै। पल में कीट भृंग ह्व जावै।।
जस चकोर चन्दन कै पासा। दीखै धरती बसै अकासा।।
कहै 'यारी' ऐसे मन लावै। तब चात्रिक स्वाती रस पावै।।
निर्मल सन्त कन्त हम पाया। कोटि सूर्य जेहि, निर्मल काया।।
प्रेम बिमल अमृत रस भरिया। अनभव चँवर रैन दिन ढरिया।।
आनन्द मंगल सोहं गावै। सुख सागर प्रभु कंठ लगावै।।
स्वेत पुरुष धनि अति उँजियारी। कोटि भानु शशि छबि पर वारी।।
तेज पुँज निरगुन उँजियारा। कहै 'केशव' सोई कन्त हमारा।।
है हम मैं हम हूँ ते न्यारा। हम बिनु हमरे सकल पसारा।।
हमहीं स्वर्ग नर्क कैलासा। हमहीं ठाकुर हमहीं दासा।।
हमहीं पंडित बेद पुराना। हमहीं काज़ी कुतुब को राना।।
हमहीं राम रहीम कहाई। गुप्त प्रगट है हमहीं आई।।
हमहीं ब्रह्म बिश्नु महेशा। हमहीं बलि बावन धरि भेषा।।

हमहीं चाँद सूर अवतारा। हमरइ रूप है सकल पसारा।।
हमहीं आदि अन्त मधि सोई। हम बिनु दूसर और न कोई।।

राग होरी

हौंतो खेलों पिया सँग होरी।
दरस परस पतिबर्ता पिया की। छबि निर्खत भई बौरी।।टेक।।
सोरह कला सम्पूरन देखो, रबि अरु ससि यक ठौरी।।
जबते दृष्ट परो अविनासी, लागो रूप ठगौरी।।
रसना रटत रहत निशु बासर, नयन लगौ यहि ढौरी।
कहै 'यारी' भक्ति करु हरि की, कोउ कहै ऐसो कहोरी।।1035।।

बिना बन्दगी इस आलम जनि, खाना तुझे हराम है रे।
बन्दा करै सो बन्दगी, ख़िदमत में आठोयाम है रे।।
'यारी' मौला बिसारि के, क्या तू लगा बेकाम है रे।
कछु जीवते बन्दगी कर ले, आख़िर गुरु मोकाम है रे।।1151।।

आँखों से तू जो देखिए रे, सो आलम सफ़ानी है रे।
कानों से जो तू सुनिए रे, सो ऐसी कहानी है रे।।
इस बोलते को उलटि देखै, सोई आरिफ सोई ज्ञानी है रे।
'यारी' कहै यह बूझि देखा, और सबै नदानी है रे।।1152।।

दोऊ मूंदि के नयन अन्दर देखा, नहिं चाँद सूर्य दिन राति है रे।
रोशन शमा बिनु तेल बाती, उस जात सों सब सिफ़ात है रे।।
गोता मारि देखो आदत्त मुनि, कोऊ और नहिं संग साथ है रे।
'यारी' कहै तहक़ीक़ किया, मुतलक़ मोती की जात है रे।।1153।।

आँखों चितै के पाग बाँधा, और साधा गगन को रे।
उत्तर दिशा गौन किया, फिर जाय देखा उस बन को रे।
सागर के बी में बुन्द को लाय के, उलटि मारा इस मन को रे।
'यारी' कहै अकल कला बिनु, नयन देखा दर्शन को रे।।1154।।

जहँ रूप न रेख न रंग है रे, बेरंग सिफ़ात में आपु फूला।
फूल बिना जहँ बास है रे, निर बास के बास भँवर भूला।।
वहाँ दह बिना कमल है रे, कमल की जोति अदल तूला।
'यारी' अल्त मलूल नहिं तहँ फूल देखा बिनु डार मूला।।1155।।

धरती-मिली अकाश को रे, ऊँचे महल में बास पाया।
समुन्द्र में केलि करै, मच्छी पहार ऊपर जाय घर छाया।।
फूल सेती कली भई, मिलि चाँद सूर्य दोऊ घर आया।
'यारी' कहै देखो जीभ बिना, अनहद को तान गगन गाया।।

ज़मीन बरषै असमान भीजे, बिनु तेल बाती जलाइए जी।
वहाँ नूर तजल्ली बीच है रे, बेरंगी रंग देखलाइये जी।।
फूल बिना यदि फल होवै, तदि हीर की लज्जत पाइए जी।
'यारी' कहै यह कौन बूझै, यह कासों बात जनाइए जी।।

इस दरे में मात मात है रे, तहकीक करै आरिफ सोई।
पूरब मलकूत पश्चिम जबरूत, उत्तर के रुख़ लाहूत सोई।
दक्षिण तरफ नासूत है रे, जुलमति में मति रहै कोई।
मते मात सबै अवश्य 'यारी' वह जात सोई जो खुद जोई।।

सूली के ऊपर-मेहर पेखा, मलकूत जबरूत लाहूत तीनों।
लाहूत सेती नासूत है रे, याहूत के रस के रंग भीनों।।
धुआँ होय के ऊपर चढ़ो, मुतलक़ मोती का नूर चूनो।
आँखों चितै के बैठ 'यारी' माते माते माते बीनो।।

गुरु की चरन रज लेइ के, दोउ नयन बिच अंजन दिया।
मिटा तिमिर उँजियार हुआ, निरंकार पिया को देखि लिया।।
तहँ कोटि सूर्य छपे छूने, तिहुँ लोक धनि धनि पा पिया।
सतगुरु कृपा किया मरि के, 'यारी' फेरि से युग युग जिया।।

रूह हमारो आफ़ताब, आफ़ताब के सामने होते हैं।
कल्प नाम को एक रूख है, उसकी ताई बहते हैं।।
आशिक और माशूक बनाय के, 'यारी' दुई न भनते हैं।
नूर तजल्ला खुद बाखुद है, ऐन अल्लाह उसे कहते हैं।।

हम तो एक हुबाब हैं रे, साकिन बहर के बीच सदा।
दरिया के बीच दरिया है रे, मौज बहू नहिं गैर खुदा।।
उठने के हुबाब है रे, मिटने में मुतलक सौदा।
हुबाब तो ऐन दरिया है, 'यारी' नाम धरो है बुदबूदा।।

जहाँ मूल नहिं डार पात है, बिनु सींचे बाग़ सहज फूला।
बिनु डाँडी का फुल फुलो, निर बास के बास भँवर भूला।।

आँधेरे को हाथी हरि हाथ जाको जैसे आयो,
बूझो जिन जैसो तिन तैसोई बतायो है।
टकाटोरि दिन रैन हियहूँ को फूटै नयन,
आँधेर को आरसी में कहाँ दर्शायो है।।
कुल सों खबरि नाहिं जासों यह सब भयो,
मूल को बिसार भोंदू डारि अरुझायो है।
आपनो स्वरूप रूप आपु माहिं देखै नाहिं?
कहै 'यारी' आँधरे ने हाथी कैसे पायो है।।

गावै गगन तान सुनियत बिना कान,
बिनु नयनन देखियत अलख मकान है।
सुरति चढ़ी कमान छेदि गयो आसमान,
ला मकान का मकान उदै अस्त भान है।।
कहै 'यारी' सुजान मेरो कहौ लीजै मान,
सोई सुर ज्ञानी जाके हृदय सदा ध्यान है।
आँख कान नाक मुँह को निहार देखु,
शुन्य में प्रगट जोति याही गुरु ज्ञान है।।

त्रिकुटी में ध्यान धरि देखु तहाँ दामिन दमकै,
चाँचरि मुद्रा को तब याही स्थान है।
भोचरी मुद्रा सोहाग जागै मस्तक भाग,
पाय्रो है सकल निरन्तर की खान है।।
पदुम झलकै शीश जगमग जगदीश आगे,
गोचरि मुद्रा गावै अनहद तान है।
गगन गुफा में पैठि अधर आसन बैठि,
खेचरि मुद्रा आकाश फूलै निर्बान है।।1179।।

बूला साहेब

कीने द्वारा देखैं आपू। कीने द्वारा सुमिरै जापू।
कीने द्वारा आवैं जायँ। कीने द्वारा रहैं समायँ।।
त्रिकुटी द्वारा देखै आपू। शुष मन द्वारा सुमिरै जापू।
इंगला पिंगला आवैं जायँ। दसयें द्वारा रहैं समायँ।।

भजन

गोविन्द सों करु प्रीत मन गोविन्द सों करु प्रीत।।
स्रवन सुनि लो नाद प्रभु को नयन दर्शन पेखु।।
उपनिषद् अरु वेद गावत अचल अमर अलेखु।।
भाव से तू भक्ति करि ले प्रेम सों लवलीन।।
सुरति सों तुम बेड़ा बाँधो, मुलुक तीनों छीन।।
अधम अघिन अजाति 'बूला' नाम सों लवलीन है।।1।।

अर्थ धर्म अरु काम मुक्षहुँ अपनो पद मोहिं दीन।।
सतुगुरु युक्ति बतावल पावलि जिव कर भूल।
सुमिर-सुमिर सुख वेलसहिं सुक्षम गुन स्थूल।।2।।

एसन अद्भुत बुन्द है जुग-जुग अचल अपार।
आवै जाय न बिनसय सदा रहै यकतार।।
मन माने की कहिए तौ लहिए औतार।
अपने-अपने रंग में रंगि रहा संसार।।
मनसा बाचा कर्मना दूजा नाहिंन भाव।
जन 'बुला' गुन गावहीं आनद मँगल बधाय।।3।।

मंगल

मोतियहुँ की झरि झलकत फूलन फुलि फुलवारि।
प्रान भँवर होय बेलसहिं अनहद उठै झंकार।।
बिनु बारिहिं बिनु मालिहु बिन सींचे रंग होय।

बिन नयनन तहँ दर्शन अस अँचरज यक सोय।।
ना वह टूटै ना वह फूटै ना कबहीं कुम्हिलाय।
सर्ब कला गुण आगर सो मों पै बर्नी न जाय।।
अस मंगल यक उतरल सुतरल कर्म हमार।
जन 'वूला' जनि बोसहिं छूटल यह संसार।।4।।

धनि गुरु धनि गुरुदेव जिन्हों गति लाइया।
पर्म जोति निरकार ताहि गुन गाइया।।
मिलि जुलि सखिया सहेलरि चौक पुराइया।
अर्ध उर्ध के मध्य तो कलस धराइया।।
त्रिगुन गुन कर तेल कया तन जारिया।
अष्ट यामु बरै जोति कबहुँ न बुझाइया।।
एसन अद्भुत रंग साधु जन रंगिया।
जन 'बूला' सवधान' ताहि अँग अंगिया।।5।।

शब्द

काया काशी घट करहु नहान। युग-युग पावहु पद निर्बान।
काशी बासी पाँच निवासी, तिर्गुन तामें बसत देवान।।
इनको जानि करिए स्नान, होय मुक्ति मिटै आवा जानि।
गुरु विद्या अक्षर परमान, साधु सँघति मिलि शब्द पिछान।।
'बूला' बोलै ब्रह्म ज्ञान, राम मिलन को याही ध्यान।।6।।

राम रइया लवल फुलवार।
मूल सींच सिंच बाग लगाया। कलियाँ भई तब चूनन आया।।
एक फूलते अनेक कहाया। फूल झरिय झरि फिर कुम्हिलाया।।
यहि फुल कर कोई मर्म न पाय। सर्गुन मध्ये रहल समाय।।
जन 'बूला' सत्गुरु बलिहारं। स्वेत फूल जिन्ह लिहल बिचार।।7।।

का किया पाँडे गीता जपि-जपि। तेरे घट ही बसै नवनीता जपि जी।।
श्रीमुख बचन ते भयो पाँडे गीता। पूछैं अर्जुन फहमीता जपि-जपि।।
जो उलटै सो जपि-जपि गीता। गीता है भ्रम भीता जपि-जपि।।
गीता मीता ब्रह्म पलीता। जोगियैं कहूँ जीता जपि-जपि।।
जन 'बूला' जी चरममहि लीता। साधु चरन गहि लीता।।8।।

शब्द

महबूब दिवाना पियत पियाला निर्गुन खाना।
निर्गुन खाना त्रिकुटी जाना साधु सँगति पहिचाना।।

निरगुन खाना हरदम जाना, अष्ट धाम मस्ताना ।
निर्गुन रूप बोलहिं जन 'बूला' खुला गगन हरखाना।।9।।

राग विहाग

हरी हिये नहिं जाना हे नर, हरी हिए नहिं जाना।
ताके समुझ न परै ब्रह्म ज्ञाना।।
दूध पियाय रिझा मन राखहिं भापहिं वेद पुराना।
आतम राम न नीके जानहिं भूला फिरत दिवाना ।।
करहिं शिष्य आसा गठियावहि तापर करिहिं गुप्तानी ।
कहत फिरै हम सबते ऊपर चौरासी लपटाना।।
बीज एक अंकुर है एकै फल फुल रहत समाना।
उपजत विनसत केते होत हैं, अन्त काहु नहिं आना।।
राम प्रताप की महिमा सुनि लो तीज लोक धरै ध्याना।
जन 'बूला' राम जी को सेवक, बोलहिं शब्द निदाना ।।10।।

हरि चर्नन लगों तेहारो। ममिता मान जान तन वारों।।
ब्रह्मा विष्णु समाधी धारो। त्रिवेनी तिर घाट सँवारों।।
गमन जगमग मनि मनि वारों। भाग बड़ों जिन यह गति सारो।।
पवन पीये थी नागिन मारो। विष उतरो। तब भयो उँजियारो।।
जन 'बूला' जी सदा हुशियारो।।11।।

राग कान्हरा

उतही रहो इतै जनि आव। निर्गुन स्वामी सों मन लाव।।
जन्म मरन का संसै मिटाव। इत उत मन कतहूँ न चलाव।।
जो जन गगन मण्डल घर छाई। ताको आवा गवन नसाई।।
यारी सत्गुरु दिया लखाई। 'बूला' निरखि परम पद पाई।।12।।

शब्द

दरस दियो आपुहिं गोपाल। मग्न भयो छबि निरखि निरंजन।।
भँवर गुफा के द्वाल। सकल भुवन जाको जोति बरतु है।।
ब्रह्म बिष्नु शिव गनो न जायँ। आदि अन्त अरु मध्य सर्व में।।
आपुहि राजत ठाकुर राय। यारी दास अगाधि परम पद कहँ लगि।
धरनों उनकी बात। जन 'बूला' जी चरम गहि लीन्हों।।
जोतिहि जोति समात।।13।।

मोर मनुआँ मनावै ध्यावै पिया नहिं अइलैं हो।
सासु मोरि दारूणि ससुर मोर भोला।

तिरथ त्रिवेणी नहैइबों गगना में जैबों हो।।
अनहद धुनि सुनि दिपक बरैइबों हो।
बारो दिया देखो हिया शुन्य उँजियारो हो।।
यारी सत्‌गुरु पूरो जिन भेद सारो हो।
देखि दर्शन मन तन छोड़ि दिया हो।।
जन 'बूला' बाँणी बोलै मरि के फिर जीया हो।।15।।

रामजी हौं तब चरण अधारी, तुम काटहु कर्म केवारी।।टेक।।
माँगत कछू न चाहत हौं कछु चाहौं दया तुम्हारी।
तुम प्रतिपाल दोऊ कुल तारन केतकि लाज हमारी।।
जौं प्रभु राज सिंगासन देवै मेरे काम न कोई।
हमरे राम नाम सों मिलना होनी होय सो होई।।
चरण प्रताप रहों जग माडे छाड़ों तन मन दोऊ।
सहजहिं दर्शन दिया नरायन अविगति लखै न कोऊ।।
भई है प्रति मेरे मन महियाँ बहियाँ गुर गम होऊ।
जन 'बूला' तहँ चले मगन होय रैन दिवस नहिं दोऊ।।16।।

गुरु बोलै अधर धरेइँया।।
गुरु मेरा हो चेरा। सत्‌गुरु अधर बसेरा।।
गुरु जगमग योति जगावै। तासे जन 'बूला' तहँ सच पावैं।।
जोगी बोलैं गगन गुफैयाँ।।60।।

अर्ध उर्ध की बटिया में कहि गैइला जोग जोगैइयाँ।
गंग यमुन रबि शशि मँह योगी एकै राह चलैइयाँ।।
जोगी को घर अगम है कोऊ जानै साधु संगैइयाँ।
जन 'बूला' होय निर्भय बोलै देख लों राम दोहैइयाँ।।17।।

हरि नाम निशानी हौं जानी।
यदि जानी तदि भई दिवानी। लोग कहैं यह भर्म भुलानी।।
जन 'बूला' कै इहै निशानी। सुरति निरति लिए जोति समान

रव डोला रव डोला रव क्यों करिया नीके बोला।
पाँच पचीस तीन खुटिया में ता विच करत कलोला।।
क्या जोगी क्या मौनी तपिया डोला बिच-बिच सबई भोला।
जन 'बूला' जी के इहै मलोला बिनु दर्शन हिय रहत अलोला।।

राम पढ़न को या तन पावै। बाँचत अंक-अंक नहिं आवै।।
आदि अन्त मध्य अंक बहूता। कोई पढ़ा कोई रहत है सूता।।
जोई पढ़ा सोई नर जीता। बहुरि जन्म नहिं लेता।।
यह अक्षर अब धरो सम्हारी। ॐकार ब्रह्म औतारी।।
'बूला' बोलै हृदय बिचारी। चारि वेद को अंक उघारी।।

बूझहु पंडित अचरज एक। स्वेत बरण जहँ सदा अलेख।।
साधि पवन षट चक्र छोड़ाओ। त्रिवेनी के घाटे आओ।।
उन मुनि मुद्रा लगी समाधी। रबि शशि पौनहिं राखो बाँधी।।
चाचरि मुद्रा प्रीति लगावै। भोचरि मुद्रा प्रीति बढ़ाई।।
गोरी मुद्रा अनभव गाओ। खेचरि मुद्रा दरस दिखाओ।।
जौं तू पंडित करु पंडिताई। चरन रेनु हृदय तै आई।
चरन रेनु का करहुँ जनेऊ। तौ तू पंडित पावहु भेऊ।।
जो यह अचरज देइ बुझाय। सोई सतुगुरु अगम कहाय।।
अगम जोति का धारै ध्यान। 'बूला' बोलहि शब्द निदान।।19।।

सोरठा

प्रभु निरधर अघार उज्ज्वल बिन्दु बिराजई।
अद्भुत रूप स्वरूप मो पै बर्नी न जवाई।।20।।

बाँधि पवनहि साधि गगनहिं गर्जि-गर्जि सुनावई।
तहँ हन्स मुनि जन चुँगत मनि रस परसि-परसि अघावई।।
बिना कर मुख बेनु बाजै, बिना श्रवनन गुँजई।
बिना नयनन दर्श देखो, अविगति गतिहिं जनावई।।
चाको जाति पाँति ने नेम धर्महुँ, भर्म सकल गवावई।

06:30

ओढ़ो चूँदरी ततसार।
अचल अमर अपार अँगिया खाँडे की ज्यों धार।।
नाहिं मारे मरै बिनसै ऐसो है ब्रह्म तार।
उमगि सोहं अधर चढ़िया बहुर नहिं औतार।।
एकां येकी होत अवि गति साधु यह व्योहार।
दास 'बूला' मारो बाज़ी जानय क्या सवँसार।।22।।

राग बिहाग

मैं तो पहिरों सतुगुरु बागा, ओढ़नियाँ ओढ़ि रे।
काम क्रोध तुमहूँ मन अपने, पवन पीउनियाँ, लपेटु रे।।
सुषमन बैठि में ही सुत कातों सुरति सोनरिया भरै हो।।
भँवर गुफा में करिगह माँडी दसयें ठीक दिए हौं हो।
कातत सूत बहुत निक लागै आठ पहर अरुझेरा ।।
जन 'बूला' कातहिं तन मन दे यारी दास को चेरा।।23।।

भजु मन मूढ़ मुर्ख गँवार।
चक्र सुदर्शन फिरै शीश पै भक्तन को रखवार।
जाको भजु हनुमन्त कबीरा औरो देव मुरारी।।
रैदासहुँ कहँ किरपा किन्हों भक्ती भाव बिचारी।
सोई दिस नानक जी बोलहिं आदिहुँ के ब्रह्मचारी।
सोई दिस सतुगुरु यारी बोलहिं केशव दास तिवारी।।
सब दासन के दास प्रभु जी 'बूलहिं' आस तेहारी।
जब लगि प्राण रहै घट भीतर तब लगि प्रभुहिं पुकारी।।24।।

रमैनी

उलटै पवन पौन होय रहई। धरै ध्यान निर्गुन तत गहई।।
झलक झलकि निर्गुन कै जोती। कोटिक भानु उदय छबि होती।।
बाजत अनहद गगन अघोरा। मगन भयो तहँवाँ मन मोरा।।
जन 'बूला' कहँ इहैं अधारा। राम नाम कर करहिं पुकारा।।
ऐसी विनय सुनहु अविनासी। अबकी बार काटु जम्ह फाँसी।।
जन 'बूला' बोलहिं प्रभु दास। सुन्य मदिल ज्यों दीप प्रकाश।।
भया प्रकाश मिटा अँधियारा। आदि अन्त मध्य उँजियारा।।

जटा बिभूत वैराग योग तप यह तो योगी न भावई।
सुन्य निरन्तर योगी बोलैं आपा उलटि समावई।।
आपा योगी आपा भोगी आया सर्व समान।
वा जोगिया के दर्स पर्स पर दियो हैं सीस कुर्बान।।
गगन मँडल अनहद ध्वनि बाजै तहँवा वाको फेरा।
जन 'बूला' बौरा योगी पर सत्य शब्द को चेरा।।
मनुआँ जोगी नाम भिखारी। ताते लोक वेद ते न्यारी।।
मनुआँ के अंगने चन्दन कै बारी[5]। तेहि तर भक्ति पसारी।।
कहैं 'बूला' हम अगुन अनारी। दीजै दर्स जाउँ बलिहारी।।31।।

राग सोरठा

राजा राम मिलैं सच पाया है।
बिसरी देहँ गेह[6] सुख सम्पत्ति, जोतिहि जोति समाया है।
जीतो नग्र नवो दर मूँदों, ब्रह्म अग्नि तन लाया है।।
दसयों द्वार की ताली खोलो, गगन मण्डल मठ[1] छाया है।।
जहँ नहिं अवनि गवनि को चिन्ता, आनन्द भयो घर पाया है।
साधु सन्त मिल खेलन लागे, दर्सन का फल पाया है।।
सतगुरु मोपै अलख लखाओ, आदि अन्त यक साया है।
जन 'बूला' याही बिध खेलैं, तब अप आप कहाया है।।32।।

दौड़

यक साई जग न्यारा है, मेरा यक साई जग न्यारा है।
सो मुझमें मैं। वाही मांह हौं, ज्यों जल मद्धे तारा है।।
वाके रूप रेख नहिं काया, नहि माया विस्तारा है।
अगम अपार अमर अविनासी, सो सन्तन को प्यारा है।।
अनन्त कला जाके लहर उठतु है, परम तत्त्व निरंकारा है।
जन 'बूला' ब्रह्म ज्ञान बोलतु हैं, सतगुरु शब्द अधारा है।।33।।

ताहि देखि मन मोर रहल है निहारी।।
गगन मण्डल नाथ रहत हैं मगन।
तहाँ न देखो नाथ दिन अरु रैन।।
सरन आयों नाथ मोहि लीजिए सम्हारी।
राम राम रमे 'बला' गावहीं बिचारी।।39।।

पुरुष छोड़कर आवहि ब्रह्मा, आप भयल अवधूता हो।
अपरम पार पारब्रह्म बम्हना, आया भरि गृह अगना।।
परम तत्त्व लै पुजिया पसरलन्ह, गावहिं अनहद तनना।
रज गुन तम गुन सत गुन सारस, हारल तन मन दोऊ।।
गगन मण्डल में हरि रस चाखल, बूझे विर्ला कोऊ।।
ज्ञान तरकस करि शब्द तीर भरि, प्रेम धनुष धरि तानल हो।।
सूरति कसि-कसि मारल निसाना, भवका भंडा फोरल हो।।
निरभौ जन एक निर्गुन गावल, स्वासा सर्गुन भावल हो।
जन "बूला" बिना साँस हि जावैं, सत्य प्रकाश समावल हो।।40।।

दया बिनु छार सब माया, कबहिं नहिं राम नाम आया।
पोखरा खनावहिं बाग लगावहिं, पावहिं मन माया।।
आतम राम न नीके जानहिं ज्यों जाया।
समझ न परत साधु को मारग, जिन हरि नाम न गाया।।
जन बूला रामजी को सेवक, मिथ्या जान तू माया।।41।।

राग इराक

मोर सुमति भयल मन जन तन जानी रे।
मूल बाँधी सूर साधी पच्छिम बिचारी रे।।

ऐसा अद्भुत मन में जाना। जहाँ दस द्वारा घनो रखाना।।
पंच लोग तहँ बसै प्रधाना। मन राजा तहँ बड़ेई सयाना।।
तीनिउ जने त्रिषेनी आना। चौथे घर पर कियो पयाना।।
गंगा यमुना कियो स्नाना। पर्म तत्त्व पर लागो ध्याना।।
जन 'बूला' बोलहिं ब्रह्मज्ञाना। तन छूटै साहेबहि समाना।।48।।

राग सोरठ

जन कहँ सूझि परी यहि बारी। देओ शब्द बिचारी।। टेक।।
मन को मारि मुँदो नव द्वारी। जीतो पाँचो नारी।।
पर्म तत्त्व निराकार ध्यान धरि। बहुरि नहीं औतारी।।
जन 'बूला' चर्नन बलिहारी। जिन यहि गतिहि सवारी।।
तन मन धन नेवछावरि वारी। यम सों लियो सम्भारी।।49।।

मन तू सत्गुरु चरन समाजी। अविगति गति ब्रह्म राजी।।
अजरो जरो बरो है अधरम। परम जोत छवि छाजी।।
घरनि अकास तहाँ नहि देखी। अगम पुरुष एक गाजी।।
आवै न जाय मरै नहिं जीवै। अनहद धुनि तहँ बाजी।।
जन 'बूला' जी उहै बिराजी। उलटि पवन घर साजी।।
अर्ध उर्ध अरु मध्य निरन्तर। सोहं सुरति धराजी।।50।।

राग अरिल

कोटि झुलै ध्रुव पौन हिए नहिं आइया।
राम नाम को ध्यान धरो मन लाइया।।
बिना ध्यान नहिं मुक्त पिछे पछताइया।
हरिजन 'बूला' हृदय विचार राम गुन गाइया।।51।।

श्याम घटा घनघोर चहूँदिश आइया।
अनहद बजै अघोर तब गगन सुनाइया।।
दामिन दमकि जे चमकि त्रिवेनी जनाइया।
'बूला' हृदय विचार तहाँ मन लाइया।।52।।

सुषमन शीतल सेज हेतु ताही सों कीजै।।
गगन गुफा में बैठ दरस नारायण दीजै।।
हरिजन 'बूला' हृदय बिचारि प्रेम अमर पद पीजै।।

शामहिं उगवैं सूर भोर शशि जागई।
गंगा जमुना संगम अनहद बाजई।।
अजपा जाप सुजाप सोहं डोरी लागई।
हरि हाजन 'बूला' तामें पैठि जोति में गजाई।।53।।

झूठा यह संसार झूठ सब कहत हैं।
सत्य शब्द की रहनि कोई नहिं गहत हैं।।
बिना सत्य नहिं गत्य अगति में परत हैं।
'बूला' हृदय विचार सत्य में रहत हैं।।54।।

मुर्गी यह संसार चेहुँ-चेहुँ करत हैं।
राम जीव को नाम हृदय नहि धरत हैं।।
बिना राम नहि मुक्ति झूठ सब कहत हैं।
'बूला' हृदय विचार राम संग रहत हैं।।55।।

ऐसी बनिज हमारि राम को लेन को।
मन पवन दोऊ दाम साहु को देन को।।
पाँच पचीस तीन लहि आपमें पैठि कै।
'बूला' दियो हाँक जोति में बैंठि के।।56।।

क्या भयो ध्यान किए हाथ मन ना हुआ।
माला तिलक बनाय देत सबको दुआ।।
आशा लागी डोरि कहत भला हुआ।
हरिजन 'बूला' कहै विचार झूठ से भरा हुआ।।57।।

का भयो ध्यान के किए हाथ मन ना हुआ।
माला तिलक बनाय देत सबको दुआ।।
आशा लागी डोरि कहत भला हुआ।
हरिजन 'बूला' कहै विचार झूठ से भरा हुआ।।57।।

का भयो शब्द के किए बहुत करि ज्ञान दे।
मन परतीत नहि ताकहँ जम जान दे।।

निर्गुन दयाल दानी। मन ही माँह जानी।।
शशि सूर एक आनी। रैनि दिवस सानी।।
बाज अनहद सुनि भइहै देवानी।
उलटी बहन लागै त्रिपुनी तट पानी।।

करि स्नान हंसा अगम समानी। धरत अधर ध्यानी।।
मिट गयो आवा जानी। भइहै उज्ज्वल खानी।।
जन 'बूला' यहि पद हि समानी। मोक्ष धुजा लागी फहरानी।।64।।

सर्व स्वरूपी गोविन्दा मोहिं ऐसी रहन रहाउरी।
बिनु आसा बिनु उद्यम बिनु रसना गुन गावरी।।
बिना जोग बिनु भोग अखंडित साँचा लाद लदावरी।
बिना नाव अरु बिनु केवटा बिन खेये तीर लगावरी।।
बिनु दरियाव भव पार उतरना बहुर न इत ही के आउरी।
बिनु माला बिनु तिलकही बिना जाप को ध्यान।।
अष्ट याम धुन लगइ रहतु है अनहद बाजु निशान।
सन्त सभा तहाँ देखिए महा उज्ज विश्राम।।
बिनु प्रयास भव निधि तरहिं ले राम जी को नाम।।65।।

सइयाँ जी के नाम को बलि जाऊँ।
सुमिरत नाम बहुत सुख पाओ, अनत कतहुँ नहिं ठाऊँ।
नाम बिना मन स्वान मंजारी, घर-घर चित लै जाऊँ।।
बिन दर्शन पर्सन मन कैसो, ज्यों लोली को गाऊँ।
पवन मथानी हृदये ढूँढ़ो, तब पाओ मन ठाऊँ।
जन 'बूला'' बोलहि कर जोरे, सतुगुरु चरन समाऊँ।।66।

गोपाल राम गाढ़े दिन के मीत।
संकट हरन भरम भौ नासन, याही प्रभु की रीत।।
जो कोऊ कहै कि मैंने किया है, सोई कुटिल कुबीत।
''जन बूला'' बिनवै कर जोरी, तुम हो सर्वोजीत।।67।।

शब्द

सुख मनि सुरति के डोरि बनाउ।
मेटिहै सब कर्म जियको, बहुरि इत नहिं आउ।।
पैठि अंदर देखु कंदर, जिय को बास।
उलटि अपान पान में राखै, स्वेत शब्द में बास।।
गंगा यमुना मिली सरोस्वति, उमगी शिषर बहाव।

तीन लोक में गम है जाको, द्वार सेवा लाय।
जन 'बूला' कह अगम मेला, बिरला जन कोई पाय।।73।।

वैरागी तुम कौन वैराग घर लिया, ताते सर्व त्याग तुम किया।।
कित वै जोग है कित वै मुद्रा, कौन घाट वै रस पिया।
तन वैराग मन हि मन मुद्रा, बंक नाल होय रस पिया।
जन 'बूला' वैराग ब्रह्म बुन्द, अचल अमर घर किया।।74।।

पवन उलटि के भजन निज करबो, सुषमन सेज बिछैबो।
प्रेम विलास आस साधुन में, निर्गुन रूप कहैबो।
पाप पुन्य दुख सुखहि बहैबो, अमृत नाम पिऔबो।।
दया धर्म मेरे ध्यान खजना, ज्ञान रतन में रतैबो।
अद्भुत बुन्द कहाँ लगि बरनो. अनहद माँह देखैबो।।
सुरति सोहागिन चरन मनावहिं, खसम आपनो पैबो।
जन 'बूला' वह प्यारी खसम की, रहसि रहसि गुन गैबो।।75।।

ऐसी आरति मेरे मन भावै। रबि शशि पवन भवन मन लावै।।
ब्रह्म बिष्नु महेश ले आवै। एक मते होय दर्श दिखावै।।
गंगा यमुना अर्ध दिआवै। स्तुति शोभा प्रभुहि मनावै।।
सुरति निरति लेई घंट बजावै। जगमग जोति परम पद पावै।।
जन 'बूला' जी सरन बलि आवै। रंग महल बिच नाम जगावै।।76।।

ऐसी आरति करूँ मन भाई। महा प्रसाद ठाकुर को चढ़ाई।।
प्रेम कै पातरि प्रीति लगाई। भाव कै व्यंजन रुचिर-रुचिर बनाई।
संत साधु मिलि आरति गाई। प्रभु जी के सिर पर चौंर डोलाई।।
सुर नर मुनि सब आस लगाई। गिरा परा कँण बिन-बिन खाई।।77।।

आनन्द उदित अखंडित सोह। मानो गगन द्वार गति जोह।।
सिध मुरी मूल मत पावन। जावन उलटि जमावन।।
अर्ध उर्ध के मध्य निरन्तर। जगमग-जगमग जोति जगावन।।
देख देखाव कहाव अकेला। मेला अलख पुरुष संग खेला।।
जन 'बूला' याही बिधि खेला। अनहद डंक निशंक सो देला।।78।।

जगमग जोति प्रकाश होत है। उजल दरस बलि जाय।।
झूलैं हंस कलोल करि कै। सखियन संगहिं लाय।।
तहाँ मिले बिरही संत जन कोऊ। दियो अगम लखाय।।
'बूला' तहाँ कियो सत संगति। रहो चरन समाय।।
आवा गवन निवारो स्वामी। बहुरि इतै नहिं आय।।79।।

कोटि झुलै ध्रुव ज्ञान हिये नहिं आइया।
राम नाम को ध्यान धरो मन लाइया।।
बिना ध्यान नहिं मुक्ति पिछे पछिताइया।
'बूला' हृदय बिचार राम गुन गाइया।।
श्याम घटा घनघोर चहूदिस आइया।
अनहद बाजे घोर जो गगन सुनाइया।।
दामिन[3] दमकि जो चमकि त्रिबेनी नहाइया।
'बूला' हृदय बिचारि तहाँ मन लाइया।।
सुषमन शीतल सेज हेत ताही सों कीजै।
गगन गुफा में पैठि दस सतगुर का लीजे।।
आवागवन न होय ब्रह्म कबहूँ नहिं छीजै।
'बूला' हृदय प्रेम भरी अम्मर पद लीजै।।
सामहिं उगवे सूर भोर ससि जागई।
गंग यमुन के संगम अनहद बाजई।।
अजपा जापहिं जाप सोहं डोरि लागई।
'बूला' तामें पैठि जोति में गाजई।।
झूठा यह संसार झूठ सब कहत है।
सत्य शब्द की रहनि कोऊ नहिं गहत है।।
बिना सत्त नहिं गत्त कुगत्त परत है।
'बुला' हृदय बिचारि सत्त सों रहत है।।
मुरगी यह संसार चेहुँ-चेहुँ करत है।
आतम राम को नाम हृदय नहिं धरत है।।
बिना राम नहिं मुक्ति झूठ सब कहत है।
'बूला' हृदय बिचार राम संग रहत है।।
ऐसी बनिज हमार राम को लेन को।
मन पवना दोउ दाम साहु को देन को।।
पाँच पचीस तिन लादि आपु में बैठि के।
'बूला' दीन्हों हाँकि जोति में पैठि के।।
क्या भयो ध्यान के किए हाथ मन ना हुआ।
माला तिलक बनाय देत सब को दुआ।।
आसा लागी डोरी कहत भला हुआ।
'बूला' कहै बिचारि झूठ सेमरघुआ[3] ।।
का भयो शब्द के कहे बहुत करि ज्ञान दे।
मन परतीत नहीं तो कहा यम जान दे।।
का भयो तीरथ किए हिए नहिं आवई।
'बूला' कहै बिचार खाली सब जावई।।
मन माने की बात बहुरि नहिं बोलना।

अविनाशी से प्रीति कबहुँ नहिं डोलना।।
बनि आई मोरी प्रीति तो आतम राम से।
'बूला' नयनन देखि बैठु आराम से।।
सनमुख धरै ध्यान तो कर्म नसावई।
निर्गुन जपै धरै अपार परम पद पावई।।
तन छूटे गति होई बहुरि नहिं आवई।
'बूला' हृदय बिचारि बोलि हरि भावई।।80।।

राग शहाना

भोरे सुरति साहोगिन ललकी। तिरबेनी संगम झलकी।।
भोरे गुरु दियो यक मटुकी। तब लटकि-लटकि प्रेम गटकी।।
जब मूल मन्त्र घर सोधा। चढ़ि बंक नाल घर बोधा।।
जब भँवर गुफा में गूँजा। तब दसौ द्वार घर पूजा।।
तब 'जन बूला' बोलै बोरा। घर स्वेत बरत कियो ठौरा।।81।।

भोरे मन्शा हृदय बिचारी। तब तन मन धन सब वारी।।
जब अर्ध उर्ध मधि जानी। तहाँ जगमग जोति निशानी।।
जब चंद सूर घर आनी। तब अभिगति गति पहिचानी।।
जब गंग यमुन भरि पानी। तब बोलत अमृत बानी।।
बोलैं 'जन बूला' ब्रह्म ज्ञानी। तब आवा गवन रहानी।।82।।

राग बसंत

मन बसंत खेलै अगम फाग। चरन कमल अनुराग जाग।।
खेलहिं ब्रह्म और महादेव। खेलहिं नारद और जैदेव।।
खेलहिं ध्रुव प्रहलाद जानि। सुखदेव जी खेलहिं गति बिलोय।।
हनुमान जो खेलहिं सेवक होय। अर्जुन खेलहिं गति बिलोय।।
सहदेव जी खेलहिं अगम गाय। पर्म योति में रहे समाय।।
खेलहिं नामा और कबीर। खेलहिं नानक बड़ हैं धीर।।
यारी खेलहिं ब्रह्म हीर। केशव पायो चरन नीर।।
सब साधुन के पीछे लागी। चढ़ो राम ब्रह्म मुल पागी।।
दसयें द्वार पर दर्शन होई। 'बूला खेलहिं' आपुहिं खोई।।83।।

त्रिबेनी के घाट राम रंग होरे होरी।
चाँद सूर यक नास भयउ रँग होरे होरी।।
रैन दिवस गए बीत राम रँग होरे होरी।
गंगा यमुना उलटि बहो रँग होरे होरी।।
हंस करै स्नान राम रँग होरे होरी।

मोहि खेलत फाग सो होरिया ये मान भावनो
जब ते कृपा करी या जम पर मुक्ष मुक्ति फल पावनो।।
बाजत ताल मृदंग झाल डफ सुरस राग सुर गावनो।
नाचहिं सखिया पाँच यहि वृज में तत्त्व गुलाब उड़ावनो।।
देत दान तन मन निबछावर पामर सन्त सुजावनो।
जन 'बूला' ऐसी होरी खेलहि अद्‌भुत कला समावनो।।86।।

हरि होरी खेलैं रँग भरे हो अहो मोरे ललना, सब सखियन सँगलाई।
फागुन आयो मास अंग भरि खेलि लेहु नर नारि।।
ऐसो समय बहुर नहिं पैहो जैहो जन्म जुवा हार।
बाजत ताल मृदंग झाँझ डग, शब्दन की झंकार।।
रिझि-रिझि गावहिं सब युवती लेहि राम बलिहार।
त्रिबेनी तट होरी खेलहिं अद्‌भुत कला बनाई।।
ब्रह्मा बिश्नु महेश तीनों जन रहो चरण चित लाई।
बनि-बनि आवै दरश दिखावै अनहद डंक बजाई।।
जन 'बूला' बलि-बलि सत्‌गुरु की जिन यह युक्ति बताई।।87।।

मेरु दण्ड अखण्ड महिमा बंक नाल सोहावनं।
दसौ द्वार होत जगमग जन बूला तहँ भावनं।।
इँगला पिंगला उलटि राखो सुषमना गृह आवनं।
तहँ होत अनहद बाज गह-गह निरंकार सोहावनं।।
योग युक्ति समाधि मन्दिर गंग यमुन नहावनं।
तहँ उठत निर्मल सदा बानी जन बूला सत्य गावनं।।88।।



चन्द्र सूर्यो एक गृह रैन दिवस मिटावनं।
एका-एका है निर्मल स्वेत दीप बसावनं।।
तीन तिर्गुन मातु करि लें पंच तत्त्व बिचारनं।
तँह उठत लहरि अनंत महिमा जन बूला ताहि बारनं।।89।।

आदि अन्त जो मध्य यकसाँ ब्रह्म बिश्नु शिवा शिवं।
पर्म जोति सोरह निबनिया जन 'बूला' बिराजितं।।90।।

अचल स्थिर होत युग-युग, बहुरि इवहिं न आवनं।
जन 'बूला' बलिहारि सत्गुरु, जिन्ह यह पंथ लखावनं।।
सुरति डोरि लगल गगनहिं, मन पवन दोउ बन्धनं।
सूनि नग्र बसाव यहि बिधि, जन बूला दह चन्दनं।।
तहाँ आवागवन न होत कबहीं, मान सरोवर हंसनं।
चुगत मुक्ता मोति निशु दिन, जन बूला ब्रम्व रूपनं।।
तहँ वेद भेद न नेम पूजा, धर्म पुण्य जापनं।
सहज में गति आइ उपजी, जन बूला सो भाखनं।।
कोटि तीर्थ नहाय देखो, कोटि देव हर दर्शनं।
हरि बिना नहिं मुक्ति पैहो, खाली यह सब परसनं।।
आपु-आपु विचारि देखो, इहै प्रभु को दर्शनं।।
आस मन्शा पूजि यहि महँ, जन 'बूला' सच पर्सनं।।91।।

झिलमिल-झिलमिल बर्षत नूरा। नूर जहूर सदा भरि पूरा।।
रुनझुन-रुनझुन अनहद बाजै। भँवर गुंजार गगन चढ़ि गाजै।।
रिमझिम-रिमझिम बर्खत मोती। भयो प्रगास निरन्तर जोती।।
निर्मल-निर्मल-निर्मल नामा। कहि आरती लियो विश्रामा।।92।।

सवैया

देह पवित्र सो नेह करो, जह राम बसै नित आतम धारी।
मूल में गाँठि परी दृढ़ सों, जहँ सुषमन सेज की राह सँवारी।।
द्वारि दसों पर जोति बरै, जहँ पै निरकार है ब्रह्म अपारी।
जन 'बूला' हृदय में बिचारि के बोलैं, ज्ञान की बातैं सुनो हो हमारी।।104।।

गाजतु हैं छबि छाजतु हैं, उतौ नाम निरंजन की गति हेरी।
राज लियो पर्मारथ की, तव स्वारथ संयम संत की चेरी।।
बोलहिं बानी बिलास यक में, मरबो जियबो जहँ भौंह की फेरी।
जन 'बूला' हृदय बिचार के बोलहिं, ऐसो है ध्यान निरंतर मेरी।।105।।

रमैनी कल्यान

आव रे पियरवा हौं तो भई जग नियरवा।
महि मथि कमल बिकसि कच चखा, चाहत नयन रुचि सखा।।
जन 'बूला' बोलै अगम अपरवा, बहुरि नहीं लेव अवतरवा।।106।।

राग कान्हरा

मन तू हरि चर्नन चित लाउ।
मिटि हैं सकल कर्म या तन को। बिमल बिमल यश गाउ।।
करहु सुमति साधु संगति की। और छोड़ि सब चाउ।।
त्रिवेनी में आसन मारो। गगन मण्डल मठ छाउ।।
ऐसी अमल कमाहु रइन दिन। सहजे शुन्य समाउ।।
जन 'बूला' सत्गुरु को चेला। जगमग जोति जगाउ।।107।।

राग कल्याण

राम नाम जपि उधरो रसना। राम नाम जपि उधरो।।
शब्द विवेकी गगन निरेखी। साधु संगति से सुढरो।।
मूँदो मनहिं जतन करि संयम। इहै ज्ञान को मेला।।
निरगुन नाम निरंतर पेखिया। तहवाँ गुरु न चेला।।
विद्या वेद भेद नहिं जानो। जानो एक अकेला।।
आवै न जाय मरै नहिं जीवै। सो सत्गुरु सत् चेला।।
जो कछु कहौ नहीं कहि आवै। जो रे कहूँ तो बेला।।
जन 'बूला' रामजी को सेवक। अर्ध उर्ध मधि खेला।।108।।

सोइ सोहं इंसा लगलि डोरि। सुरति निरति चलु मनुआं मोरि।।
झिलमिल झिलमिल त्रिकुटि ध्यान। जगमग-जगमग गगनतान।।
गह-गह-गह गहज अनहद निशान। प्राण पुर्ष तहँ रहल जान।।
लहरि-लहरि दउठै पछिव घाट। फहर-फहर चलै उतर बाट।।
स्वेत बरन तहँ आपै आप। जन 'बूला' सोई माई बाप।।118।।

मैं कैसे के राखों पाँच नारि। बर्जे नहिं बड़ि खुआर।।
जिन आपु अपन घर कियो जारि। कबहूँ नहिं सुमिरै देव मुरारि।।
अब के उजरले छाइ न जाय। कासों कहूँ यह गति बनाय।।
मनुआँ मकरी रहु समाय। लै-लै जात है सँग लाय।।
भोग बिलास आस बनाय। फिरि फिरि नर्कहिं महँ महाय।।
भला भयो मनु चलु कोहाय। बीचहिं मिलि गयो राम राय।।
तुमको हम है सदा सहाय। जन 'बूला' बलि तोहरि जाय।।119।।

राग मुरली बसन्त

मुरली धुनि सुनि मन मगन भाय। नृत काल तिरबेनी धाय।।
उलटि पवन ब्रह्मांड गाय। गंगयमुन तहँ संगम भाय।।
चाँद सूर्य दिन रैन थाय। स्वेत बरन घर प्रगट भाय।।
मिटि गयो अंधकार भयो भोर। जन्म-जन्म दुख मिटल मोर।।
जन 'बूला' जी कै बन्दी छोर। करहु कृपा गति लाबहु भोर।।120।।

राग हिंडोला

हिंडोलना झूलहिं आतम नारि।। टेक।।
काम क्रोध जे कर्म पटरी, मन पवन डोरी लाई।
तहँ चंद सूरज खंभ गड़िया, गंग यमुन बधाई।।
पौढ़िया ब्रह्माण्ड चढ़ि कै, गगन गरजि सुनाई।
जग मगजोति प्रकाश उज्ज्ल, दरश की बलि जाई।।
झूलै हँस कलोल करि के, सखिन को सँग लाई।
तहँ मिते बिरही संतजन कोऊ, अगम दियो है लखाई।।
तहँ दास 'बूला' कियो संगति रह्यो चरण समाई।
आवागौन निवारू स्वामी, बहुरि नहिं इत आई।।126।।

गाजत है छबि छाजत हैं, उतो नाम निरंजन की गति हेरी।
राह लियो परमारथ की तब, स्वारथ संजम सत्य की चेरी।।
बानी बोलै कबिलास की आनि सो, जीवन मरन नहीं भव फेरी।
जन 'बूला' हृदय बिचारि बोलै, ऐसो ध्यान निरंतर राम सो मेरी।।127।।

देखु बिचारि के आपुहिं आपु को, देह को नाता सो छोड़ि दियो है।
तहँ पाप न पुन्य न माया मोह, न योग अधार सों खेत लियो है।।
जन 'बूला' हृदय बिचारि बोलै, हरि नाम निरंजन आप थियो है।।

जौं पै कोई ध्यान धरि ध्यान में सदा रहै,
लहै ब्रह्म ज्ञान तब साधु जा कहाई है।
मूल को सोधि के पवन को बाँधि के,
त्रिकुटी में आइके गगन द्वार जहाई है।।
जोति सों जोति मिलो पवन सों पानी मिलो,
धरती सों आकाश मिलो अनहद जा गहाई है।
तब दास 'बूला' कहै अगम गति तौ लहै,
गुरु के बचन सो अचल धर रहाई है।।128।।

गगन के मण्डल मगन मन में हुआ, अर्ध से उर्ध भरि परी वेरी।
श्वेत परकाश आकाश अल्लि रहो, वस्यो है प्राण सुख चैन हेरी।।
कहँ कया अरु मया नहिं मरन अरु जीवन नहिं एक साहेब की भई चेरी।
तब दास बूला 'कहै' अगम गति तौर लहै, धन्य सत्‌गुरु महिमा तेरी।।134।।

परवाह बड़ी परमेश्वर की, जिन ईश्वर मीन मनोरथ दियो।
वाह नहीं तब और की जब, गौर जोग जोगारथ लियो।।
जियो जीव नयन भरि देखो, उज्ज्वल नाम निरंज थियो।
तन 'बूला' हृदय विचार बोलै, अमरपुर डेरा किया।।135।।

जिन सों हरि नाम सों नेह लगी, तिन को अब गेह को काहे की आशा।
पिरतीत बनी निज साधुन सों, जिन गगन गुफा महँ दीन है वासा।।
जगमग जोति अपार विराजत, यम जालिम को जिन काटि है फाँसा।
जन 'बूला' हृदय बिचारि बोलै, बंद छोड़ि निरंजन देखु तमाशा।।136।।

देह पवित्र सो नेह करो, बसते जहँ राम हैं आतम धारी।
मूल में गाँठि परो दृढ़ सो, जहँ सुषमन सेज की राह सँवारी।।
द्वार दसों पर जोति बरै, उहँ तो निरकार है ब्रह्म अपारी।
जन 'बूला' हृदय बिचारि बोलै, गुरु ज्ञान की बातै सुनो है हमारी।।137।।

भारे सुरति सोहागिन ललकी, तिरबेनी संगम झलकी।।टेक।।
भारे गुरु ने दियो यक मटकी, तब लटकि लटकि प्रेम गटकी।
जब मूल मंत्र घर सोधा, चढ़ि बंक नाल गहि बोधा।।
जब भौंर गुफ़ा में गुंजा, तब दसयें द्वार पर पुञ्जा।
तब जन 'बूला' बोलै बौरा, घर स्वेत बरन कियो ठौरा।।138।।

भारी मनसा हृदये बिचारी, तब तन मन धन सब धारी।।टेक।।
जब अर्ध उर्ध मध्य जानी, तब जगमग जोति निशानी।
जब चाँद सूर्य घर आनी, तब अविगति गति पहिचानी।।
जब गंग यमुन भरि पानी, तब बोलत अमृत बानी।
बोलै जन 'बूला' ब्रह्म ज्ञानी, तप आवागमन रहानी।।

आरती

पूजबों मैं निरंकार बहु भाँती, जेकरे पुजत शितल भई छाती।
जेकरे न चाँद सूर दिन राती, नेम धर्म अरु नहिं दिया बाती।।
जेकरे न ब्रह्म बिश्नु संघाती, ये कला निरंकार अधिक सोहती।

केशव दास साहेब

निर्गुन नाम देखै कोई आतम ध्यानी।
त्रिकुटी संगम तट मति दीसैं झिलमिल जोति निशानी।।
जाको नित खोजत फिरैं गन गंधर्व मुनि ज्ञानी।
सोई अविगति पाइया मिट गयो आवाजानी।।
रबि शशि दोनों सम भये द्वादस उलटि समानी।
निर्झर झरत दसो दिश बरखै अमृत बानी।।
कोई सिद्ध आनन्द सराहत है यहि चारिउ खानी।

गरजत गगन अनन्त गति अनहद नाना बानी।।
मिट गया तिमिर अन्धेरा निश को और रबि प्रात बिहानी।
'केशव' सत्‌गुरु को पाईया जिन्दा करु कुरबानी।।

राग सोरठ

हरि जो से जोरली सगाई हो।
तन मन धन प्रान दान देइ, पिय के सहज स्वरूप रमाई हो।।
अर्ध उर्ध के मध्य निरन्तर, सुषमन चौक पुराई हो।
रबि शशि कुंभ में अमृत भरिके, गगन मडल मठ छाई हो।।
पाँच सखी मिल मंगल गावहिं, आनन्द तूर बजाई हो।
प्रेम तत्व दीपक उँजियारो, जगमग जोति जगाई हो।।
साधु सन्त मिलि कियो बसीठी, सत्‌गुरु लगन लगाई हो।
दर्श पर्स पतिबर्ता पिय की, शिव घर शक्ति बसाई हो।।
अमर सोहाग भाग उँजियारो, पुरुष प्रति प्रगटाई हो।
रोम-रोम नख सिख रस बस भई, 'केशव' पिय मन भाई हो।।

राग मंगल

सत्‌गुरु पर्म निधान, ज्ञान गुरु ते मिलै।
पावै पद निर्वाण, पर्म गति सोदिलै ।।
अर्थ धर्म अरु काम मुक्ष, चारिउ फल होय।

काम अरु क्रोध को लोभ अरु मोह को ज्ञान को वान सों मारि लीता।
जानि जन केशव मानि मन में रहा 'यारी' मिले सत्गुरु भेद दीता।।

सोई निज सन्त जिन सन्त आपो लियो जियो युगयुग बुधि गगन जागी।
पान अपान आसमान में थिर हुआ शुन्य के शिखर पर जिक्र लागी।।
रहतघरबास बिनु स्वाँस का जीव है शक्ति मिलो शिव सों सुरत पागी।
अगह आलेख आदेख को देखियत पेखिया 'केशव' भयो ब्रह्म रागी।।

गगन मगन धुनि लगन लगी, सुनत सुनत तन तस गई।
जगर मगर नहिं सुघर नगर नहिं डगर बगर नहिं रबि शशि भवई।।
प्राण गवन हरि पवन भवन करि मिलि सम्मुख पिया बाँह गही।
सत्य रति सत्य पति पावल 'केशव' सदा अनन्त सोहाग सही।।

वासर वस्तु विचार सदा मुख साँच हिए करू सो धन है।
निग्रह संग्रह धर्म कथानि परिग्रह साधुन के गन है।।
'केशव' भीतर योग जगै इत बाहर भोग मई तन है।
हाथ भयो जिनके तिनके बन ही घर है घर ही बन है।।
दौलति निशान बान धरे खुदी अभिमान,
करत न दाया काहू जीव और जनक में।
जानत है नीको यह फीको है सकल रंग,
गहे फिरै काल फन्द मारैगो छनक में।।
घोड़ा डेरा गज वाजि झूठो है सकल साज,
भूलो हरि नाम तजि कामिनी कनक में।
बार-बार कहौं तोहिं छोड़ मन माया मोह,
काहे करै लोभ छोभ पड़ि के सनक में।।1187।।

साखी

सुरति समानी ब्रह्म में दोबिधा रहा न कोय।
केशव संभल खेत में परै सो संभल होय।।1188।।

सात दीप नव खंड में ऊँचे अगम अवास।
कमल नयन को जो भजै सो जन पावै वास।।1189।।

आस लगो बासा मिलो जाकी जैसी आस।
एक आस जग बास है एक आस हरि पास।।1190।।

आसा मनसा थकि रहो मन निज मनै मिलान।
ज्यों सरिता सिंधुहिं मिली छूटो आवा जान।।1191।।

(झ) झूलबे झूलना झूलिए यार तू,
अर्ध औ उर्ध हिंडोल डारा।
सुरति के डोरि को निरति झुलावती,
नारि कोऊ गावती राग प्यारा।।
श्रवन सुनि मस्त भये प्रेम छकावता,
बन्द कर लीन्ह छ तीन द्वारा।
'अजब दास' जौहरी सन्त के पास महँ,
पवन को थामि होई जात पोरा।।8।।

(ट) टारू बे टारू कष्ट की टट्टियाँ,
नयन के कोर से दुख नासा।
नाम से नेह तब देह की शुद्धि नहीं,
शब्द के सन्धि पर कीन बासा।।
दीप औ चन्द जहाँ मन्द करि जानिए,
भोर ही भानु जो है तमाशा।।
जानिबे होय तौ जानि ले यार तूं,
भेद कहि देत है अजब दासा।

(ठ) ठीक सिपाह सों सन्त को जानिए,
तत्त्व बन्दूक दम दीन दारू।।10।।
नाम नीशान घहरात गढ़ बीच में,
कूर औ कादरो नाहि चारो।।
चन्द्र के गैल होय द्वार से घेर लिया,
पाँच पचीस जहँ करत झारू।
'अजब दास' संत कोई सूर को काम है,
बाजता डंक दिन रात मारू।।11।।

(ड) डोल बे डोल उस कौल के डाल को,
डालि दे भर्म अरु जक्त लाजा।
बात को मानता पौन को छीनता,
पीउ पीऊष तुम खूब नाजा।।
सन्त कोई शूर तहाँ पूर भरि पावता,
कादर होय सो छाड़ि भाजा।
'अजब दास' पंथ ओह देश को दूर है,
जहाँ बाजते आपु छ चारि बाजा।।12।।

(ढ) ढारु ढारु यह पास जो पास है,
टेक दे मुक्ति की लाव बाजी।

मूढ़ तू खोजता क्यों किनारा।।
गंग और यमुन को होत संगम जहाँ,
जाय के कूदि परु मध्य धारा।
'अजब दास' कछु हाथ भी लगि जाएगा,
मानिहो शब्द जो तू हमारा।।18।।

(न) नाम की आस करि चित को धारिए,
शेष औ गनेश गुन जासु गावै
वेद औ पुरान में सार सो जानिए,
शंभु जेहिं नाम को ध्यान लावै
दीन दयालु गुरू मोहिं दया करि,
काहू की नाहिं अब त्रास आवै
'अजब दास' ध्यान धरि चीन्ह ले आप में,
फेर संसार कोउ नाहिं आवै।।19।।

(प) पार को जान जौ चाहिए यार तू,
सत्य यहि बात के मानिए जी।
फन्द भ्रम तोरि के नयन को जोरि के,
दृष्ट को उलटि करि तानिये जी।।
मन्द मति बैठि के शब्द में पैठि के,
पलक पर झलक पहिचानिए जी।
'अजब दास' बास वहि देश में पाइये,
बेस तब तत्त्व की जानिए जी।।20।।

(फ) फूलना फूल उस फूल को देखिए,
अलख की बास है दूर भाई
कोऊ तो नयन उलटि त्रिकुटी तके,
कोऊ तो नाशा की ध्यान लाई।
कोई तो मुनै और कोई त्राटक करै,
आपनी आपनी बात गाई।
'अजब दास' करन दां बूझै नहीं,
सन्त कोई महरमी भेद पाई।।21।।

(ब) बक्र औ चक्र छ बेधिया साधु कोई,
जाइ के गगन बिच ध्यान धारै
खेचरी भूचरी चाचरी साधिया,
यार पापील को भेद न्यारै।

पासही राम के नाहिं चीन्हा
'अजब दास' मूढ़ पछिताएगा,
अमिय को छोडि विष मोल लीन्हा।।26।।

(य) चार औ पार तौ सूझता है नहीं,
लोभ दरियाव अति जानु भारी
तासु प्रवाह में जातु है जग वहा,
बूड़ते आई ज्यों लेइ तारी
लेत उसाँस गम्भीर तेहिं बीच में,
योगी औ जंगम औ ब्रह्मचारी
'अजब दास' सन्त कोऊ बाँचि भी जातु है,
राम की कृपा की है बात न्यारी।।27।।

(स) साँस उसाँस को भेद सो सार है,
नाभि औ नासिका एक लावै
बारहूँ बार अनहद उधार करि,
पौन ब्रह्माण्ड के खण्ड जावै
बीण मृदंग गति भेरि जहँ बाजती,
शब्द र रंकार लै राग छावै
'अजब दास' ध्यान धरि चीन्ह ले आप में,
फेरि संसार को नाहिं आवै।।28।।

(ह) हारि तू आपनी मानता है नहीं,
और के बात की काह चालो
नाम सों चित्त तौ लागता है नहीं,
लोग देखावता फेरि माला
मान गुमान अज्ञान भुलाऊ का,
जक्त में दीन रहु छोड़ि गाला
'अजब दास' अन्त में नाम ही ढाल है,
काल जो मारिया आनि भाला।।29।।

(ॐ) उठत ॐकार की शोर श्रवनन सुनै,
प्रेम आनन्द सुख होत भारी
शैल के शिखर पर भँवर गुँजारता,
करत कलोल छबि लगत प्यारी।
सूर्य और चन्द्र एक द्वार है बन्द जो,
मकरी को तार मग है न्यारी।।30।।

(अ) अर्ध उर्ध को भेद जो पाइया,
पवन के गवन ते सन्धि खोला।
शब्द अनहद लै घूमि पश्चिम दिशा,
बैठि आशंक आस्मान डोला।।
होत अँजोर चहुँ ओर झिलिमिलि झरै,
वस्तु एक जानु तहाँ है अमोला।
'अजब दास' दर्श को देखि लेने परि,
मूढ़ करु आपनो सुफल चोला।।31।।

(ई) इन्द्र के समान जौं होयगा मूढ़ तू,
और उपाय नहिं पार पाइहौ।
गुरु के सरन बिनु युक्ति कोटिन करो,
जाय यमलोक में धका खाइहौ।
नर्क अघोर में डारि भी देयगा,
मीज के हाथ तब बहुत रोइहौ
'अजब दास' जानकी नाथ के नेह बिनु,
जन्म तू ऐसही बादि खोइहौ।।32।।

(ऊ) ऊर्ग के बुद्धि को छोड़ि दे यार तू,
शुद्धि करु आपु में हेरु कर्ता
दृष्ट को जोरि के सृष्टि छूटै नहीं,
लागता लोक नयन मीर भर्ता
फेरि आगे चला देखता यों कला,
होत अँजोर नहिं पलक परता
'अजब दास' अलख है यहीं झलक से दूर है,
भानु अखण्ड जहाँ कान्ति वर्ता।।33।।

(ए) एक ही दाव की जीत है यार,
दिन बीति गयो ताहिं त नाहिं जाना।
साँचि को छाड़ि के काँच मन होय रहा,
झूठ ही बात का ठान ठाना।।
पोस्त हाथे लिया डारि हीरा दिया,
हानि और लाभ कछु नाहिं जाना।
'अजब दास' भूल की रीति यह देखिए,
सिंह के बालक करि भेड़ माना।।34।।

उठत धुनि नाभि सों भारी। सोहंगम नाद फन कारी।।
रमी रहै सन्त कोउ ध्यानी। जिन्है गुरु लीन पहिचानी।।
खुलै ब्रह्माण्ड दरवाजा। विविध बिध बाजते बाजा।।
वहाँ नहीं दीप अरु बाती। रहत उँजियार दिन राती।।
गगन को गैल जो पावै। अगम को ख्याल बतलावै।।
धरै हरि ध्यान अविनाशी। गिरे तेहिं सँग के बासी।।
बिना कर बीच कर छेड़ै। बिना मुख बाँसुरी टेरै।।
बिना ऋतु फल है फूला। भँवर तेहिं देखि कै भूला।।
बिराजत आपु जहँ करता। भरम बस सूझ नहिं परता।।36।।

भुवन चहुँ ओर फिर आवै। बिना सत संग ना पावै।।
अलख यह भेद है न्यारा। लखै कोई राम को प्यारा।।
कहत कोई है 'अजब दासा'। अहै गुरु चर्न की आसा।।37।।

पिया कै खोज नहिं पाई। दरस बिनु प्रान अकुलाई।।
करौं का जोर नहिं चलता। बिरह के ज्वाल में जलता।।
बरै नहिं पावै सरीरा। बुझावै नयन को नीरा।।
लगै जब बान या तन में। उठी धुनि कहर की मन में।।
नगारा नाम को बाजा। पवन असवार मन राजा।।
वही है संत औ शूरा। मिला गुरु जाहि को पूरा।।
भयो वहीं देश को बासी। न आवै फेरि कै काशी।।
ठेकाना साधु बतलावै। बिना कोई भाग्य नहिं पावै।।
'अजब' हरि भेद नहिं जानी। कहत सुनि साधु की बानी।।38।।



शाह फकीर साहेब

नदिया ज़ोर बहै री हम कैसे उतरव पार।
ना मोरे नइया ना मोरे भइया, ना मोरे खेवन हार।।
सुरति निरति की नाव बनाओ, यहि बिधि उतरो पार।
नाभी कमल ते पवन चलाओ, मन लावहु त्रिपुनि द्वार।।
यह मति में कोई यक जानै, रहनि बिहंगम सार।।
ज़ोर जो यमुना अतिहिं भयावन पनियां बहै ना थीर।
बिना नावरी बिना पाँवरी उतरै शाह "फ़क़ीर"।।1।।

राग कान्हरा

हैफ़ तेरा रँग मीयाँ हैफ़ तेरा रँग।
गगन चढ़ायो जोति जगायो तहँ मिलायो सँग।।
आगे चलै यों बूझै जोई सोई सतुगुरु धीर।
भाई यारो हम तुम पाई गावैं शाह "फ़क़ीर"।।
मीयाँ हैफ़ तेरा रँग।।2।।

साख़ी

अजब अजब के पाँचों मारे किया पचीस सों नाता।
सोरह हेलो वाको खेलों तीन मिलों तेहि जाता।।
चाँद सूर्य को उलटि बेधि के बीचहिं बीच समाई।
बारह अंगुल जेकरे पैठै सोई सो तहँवा जाई।।
शाह फ़क़ीरा ज़िन्दा देहियाँ इहवाँ गैवब बनाई।।31।।

शब्द

ध्यान लगावहु त्रिपुनी द्वार। गहि सुषमन्ना बिहंगम सार।।
पैठि पताल में पश्चिम द्वार। चढ़ि सुमेरु भव उतरहु पार।।
हफ्त़ कमल नीके हम बूझा। अठयें बिना एको नहिं बूझा।।
शाह 'फक़ीरा' यह सब धंद। सुरति लगाउ जहाँ वह चन्द।।4।।

गुलाल साहेब

राग नट

जौ कोई साँचि लगन हिय आवै।
काटै सकरम का फन्दा, आनद पुर घर छावै।।
पाँच पचीस तीन बसि करि कै, सुषमन सेज बिछावै।
सुरति सोहागिन उड़ै गगन मुख, तब चन्दा दर्सावै।।
मूल चक्र गहि कै दृढ़ बान्हो, बंक नाल चढ़ि धावै।
अविगति सों यह खेल बनी है, आवागवन रहावै।।
रीझि-रीझि दसहूँ दिस पूजे, अपरम ब्रह्म समावै।
जन 'गुलाल' भई प्यारी खसम की, रहसि-रहसि गुन गावै।।1।।

उलटि देखो घट में जोति पसार।
बिनु बाजे शब्द ध्वनि होवै, कमल कचनार।।
पैठि पताल सूर शशि बाँधो, साधो त्रिकुटी द्वार।
गंगा यमुना वार पार बिच, भरत हैं अमिय करार।।
इँगला पिंगला सुषमन सोधो, बहत शिषर मुख धार।
सुरति निरति ले बैठो गगन पर, सहज उठय झंकार।।
सोहँ डोरि मूल गहि बाँधो, मानिक बरत लिलार।
कहैं 'गुलाल' सतुगुरु बर पायों भरो है मुक्ति भँडार।।2।।

मन में निर्गुन गति जौ आवै।
हानि न होय जीव कै कबहीं, गगन मंडल घर छावै।।
राजा रँक छत्र पति भूपत्ति, गर्विहिं गर्व न भावै।
नाना सुख तजि भयो है दिवाना, पंडित वेद न भावै।।
संन्यासी वैरागी तपसी, तीरथ रटि-रटि धावै।
आतम राम न जानहि पापी, तन कहँ त्रास दिखावै।।
संसय मेटि करहु सत संगति, प्रेम पंथ पर धावै।
शुन्य नग्र में आसन माँडे, जगमग जोति जगावै।

11:38
many sant bani hindi boo...

... काऊ पावै ।3।।

मन तुम नेक गहो चित राम।
जासु नाम सुर नर नहिं पावहिं, संत महा सुख धाम।।
पाँच पचीस तीन हैं मुर्शिद, उन्ह कहँ ग्राम न ठाम
जारहिं शहर लुटहिं बिनु लश्कर, निसु दिन आठहुँ याम।
काज़ी मौलाना पीर अरु पंडित, धै मारत लै खाम
ज़ालिम ज़ोर नेकु नहिं मानत, प्रजा दुखित बे राम।
सत्य संतोषक या गढ़ भीतर, सुरति सुरंग सुनाम।
उर्ध पवन ले घरहु गगन में, चाँपि करहु विश्राम।
यम जीतो घर नौबत बाजै, किया है जोति दिवान
दास 'गुलाल' करहिं बदशाही, नूर तजल्ली नाम।।4।।

मन सुन्य सहज चढ़ि करु निवास।
रूप रेख तहँ जाति-पाँति नहिं, अक्षै अमूरति करति बास।।
बिनु करताल पखाउज बाजै, बिनु रसना गुन गाई।
बिनु बाजे शब्द ध्वनि होई, बिनु पग नाच नचाई।।
चाँद सूर निसु बासर नाहीं, तीन देव नहिं वेदहु चारि।
कहैं 'गुलाल' तहँ मारू बाजी, घर आओ मन सहजहिं मारि।।5।।

जब हम प्रभु पायो बड़ भागी।
तन मन धन नेवछावर बारो, हरि चरनन चित लागी।।
काम क्रोध ममिता मन त्यागो, अभय अगम पद जागी।
अर्ध उर्ध बिच भाटी साजो, पियत करारी पागी।।
त्रिवेनी में लगी खुमारी, टरत नहीं मन टारी।
गंग यमुन के मध्य निरंतर, तहवाँ देव मुरारी।।
उठत लहरि मुक्ता मणि मानिक, निझर झरि तहँ लागी।
श्वेत सिंहासन बैठक पायो, जन 'गुलाल' बैरागी।।6।।

उड़ि चलहु बिहंगम अगम बास, जहं आवा गवन नहिं प्रभु रास।
बिनु पद चोंच पक्ष बिनु तहवाँ, गयो घर पायो अमर अकास।।
ऊठति जोति सुधारस धारा; पीयत ब्रह्म सुबास बास।
मगन भयो पिय के रंग राते जन 'गुलाल' जी की पूजी आस।। 7।।

जो पै कोई उलटि निहारै आप।
निरखि-निरखि अन्तर लै लाओ, बिनु माला को जाप।।

मन में प्रीति करहु निज नाम।
यह संसार अगम भौ सागर बहत हैं आठो याम।।
अपने घर की सुधि नहिं जानत जल पत्थर पर मान।
इनकी ओट जन्म जहँड़ायहु मनुआँ फिरत हैं होय हैवान।।
पाँच पचीसों प्रबल चोर हैं, तीन देव को मान।
कुल की कानि अन्ध नहिं सूझत, मुअले कहाँ समान।।
अगम निगम जिन पंथ निहारो पक्षिम उगायो भान।
कहैं 'गुलाल' सतुगुरु बलिहारी निकस गयो स्मान।।13।।

राग काफ़ी

अबिनाशी दुलह हमारा है।
जीतो जोग भोग सब त्यागो, भवसागर सों न्यारा है।।
कृपा कियो सतुगुरु बर दीन्हों, उलटा चौक पसारा है।
तन मन धन नेवछावर वारों, कंत मिलै प्रभु यारा है।।
सुषमन सेज निरन्तर डासो, सोहंग चवर सुढ़ारा है।
ताहि पलँग पर पिय मोर बैसहिं, करूँ वै मंगल चारा है।।
अगम अपार अनभो अनमूरति, लोक बेद से न्यारा है।
कहैं 'गुलाल' भागेहुँ हम पायो, कियो है चरन अधारा है।।14।।

अघ तारन श्रीपति राया हैं।।
असरन सरन जाहि की बाना, सन्तन सदा सहाई है।
चौरासी पालन प्रति पालन, पल-पल पलक में छाई है।।
अनेक दुखी के दुख को हारन, गर्बिन गर्भ नसाई है।
सुर नर नाग[5] सिद्ध मुनि ध्यावहिं, थाह कहूँ नहिं पाई है।।
ध्रुव प्रह्लाद विभीषण को पन, पंडव जरत बचाई है।
प्रभु पग पर तन मन जिन दीन्हों, सकल हँकार अड़ाई है।।
ताके ऊपर आप बसतु है, दुःख निकट नहि आई है।
गगन मण्डल जिन आसन मार्‌यो, जगमग जोति जगाई है।।
कहैं 'गुलाल' मिले परमेश्वर, निसु दिन डंक बजाई है।।15।।

11:42

जोगी देखत अब जइसन मुरारि।
जंगल-जंगल फिरौ मिलै नहिं ठाँव।
औघट घाटी पर जोगिया कै गाँव।।
कहैं 'गुलाल' हम पिया के पियारी।
जोगियै हर्षि बाह धयल हमारी।।25।।

हरिपुर चलु या बिध सो जहाँ सन्तन बास।।
सतुगुरु सत्य लखावल, पावल मति मूल।
प्रेम प्रीति चित लावल, उन्हैं देखल स्थूल।।
चाँद सूर घर आयल तिरबेनी के तीर।
निरखि-निरखि गति साजल दर्सन रघुबीर।।
सुरति निरति लै जाइब घर अगम अबास।
तहवाँ प्रान अनन्दि यम काटल फाँस।।
लोक वदे तीरथ ब्रत सब राखहि आस।
जन 'गुलाल' सति बोलहि उन हो मोरे पास।।26।।

मैं तो राम की चकरिया मन लाऊँगा, ताते सहज स्वरूप समाऊँगा।
उन मुनि धुनि में सुरति समाऊँ, उलटी गंग बहाऊँगा।।
सुषमन के घर ताड़ी लगाओ, अमिय अलूफा पाऊँगा।
आठो पहर करूँ असवारी, ज्ञान कै खंग लगाऊँगा।।
तरकस पवन बन्द लाओ, पकरि भौ आस ले आऊँगा।
साहेब रीझो नौबत बकसो, निसु दिन डँक बजाऊँगा।
जन 'गुलाल' भए दफ्तर दाखिल बहुरि न भव जल आऊँगा।।27।।

राग काफ़ी

उठि चलु मनुआँ बैरागी हो, हरि पुर परलि धमार।
चेतहु-चेतहु सतुगुरु हो मनसा पूरन तोहारि।।
मेरु दण्ड में जायहु हो भँवर गुफा के द्वार।
तहँवाँ जोति जगायहु हो जीव उतरेहु पार।।
जहँवाँ बसहि सहोदर तहँवाँ करेहु संभार।
दिन-दिन लगन लगायहु बहुर न आवनहार।।
जीव ब्रम्ह के यारी गाँठि परल बरियारी।
बाझ बझल नहिं छूटै, गहि कै बाँधि ले तारी।।
जब हम भइली पिया कै देखि जरै संसार।
कहैं 'गुलाल' जम्ह जीतल के अब खोजनिहार।।28।।

सजूद मर्द यारा जिन्ह आप को बिचारा।
ज्ञान ध्यान करि संधान, उलटि बान मारा।।
अर्ध उर्ध मध्य नभ निकरि गयो पारा।
परम तत्त्व गति अनन्त, सिद्धन गुन गाया।।
और कोई क्या जानै अपर्बल प्रभु माया।
उमगी सोहं ब्रह्म, बिकसि कमल छाया।।
कहैं 'गुलाल' अतीत रूप जोति में समाया।।29।।

भाई राम नाम लै लीजै।
प्रभुही प्रीति करु प्रभुही प्रीति धरू, आपु सम्हारा कीजै।।
साहेब सेवा सन्त निरंजन, मंजन त्रिपुनी कीजै।
बिमल-बिमल बानी धुनि होवै, साधुन संग करीजै।।
नाम रटत शिव गज मुनि उधरे, नामै नाम अधारा।
नाम रटत गोरखदत्त उधरे, नामै जपत चमारा।।
वंश निशाचर भये बिभीषण, ताको राजा कीजै।
हनूनान भक्ति बर पायो, ध्रुव को पदवी दीजै।।
है कोई भाई प्रेम पियारा, राम नाम गुण गावै।
कहैं 'गुलाल' तिन्ह की बलिहारी सोई सन्त कहावै।।30।।

शब्द

पावल प्रेम पियरवा, अहो राम ताही रे रूप।
ज्ञान गछावल गावल, अहो राम ताही रे तर।।
मनुआँ हमरो बिआहल, अहो राम ताही रे रूप।
मन मति कइल बधावर, अहो राम ताही रे तर।।
ऊँच अटरिया[7] पिया मोर छावल, अहो राम ताही रे पर।
गुर गम गाँठि[9] दियावल, अहो राम ताही रे पर।।31।।

अगम धुनि बजना बजावल, अहो राम ताली रे पर।
मोतिअन चउक पुरावल, अहो राम ताली रे पर।।
दुलहिन दुलहा भावल, अहो राम ताली रे मन।
भुज भरि कंठ लगावल, अहो राम ताली रे मन।।
दास 'गुलाल' प्रभु पावल, अहो राम ताली रे पद।
मनुआँ प्रिति लगावल, अहो राम ताली रे पर।।32।।

राग काफ़ी

मैं बलि-बलि जाऊँ, मेरो मन लागल प्रभु पंथा।
प्रेम नेम लै लावल हो, पावल गुरुतीत।।



पुलकि-पुलकि छबि देखल, गावल निर्गुन गीत।।
या तन समै सोहवन हो, जानहु परतीत।
राम बिना कैसे जीवन हो, बालू ज्यों भीत।
सासु सोहागिन बेलसहिं हो, ननदी विपरीत।।
गाँव कै लोग नहिं आपन हो, सवती कै चीत।
सुनहु सखिया सहेलर हो, जौ कहल हमार।।
भव जल नदिया भयावन हो, कैसे उतरब पार।
उलटि पवन घर सोधल हो, सब रहा लजाय।।
जगमग-जगमग त्रिकुटी हो, देखि रहल लोभाय।
गंग यमुन बिच मंडप हो, तहाँ भूख न प्यास।
बिनु पर हंसा उड़ि मौने हो, वहाँ भूख न प्यास।
पाप पुन्य नहिं दुख सुख हो, नहिं रोग न सोग।।
सुषमन सार अमिय रस हो, तहाँ जोग न भोग।
गगन मगन धुनि गाजै हो, देखि अधर अकास।।
जन 'गुलाल' बँसहरिया हो, तहाँ करहु निवास।।33।।

हम पावल लरि जन जोति हो।
पुलकि-पुलकि मन लावल। प्रेम लगल धुनि सोति हो।।
रटत नाम निसु बासर। छत्र फिरै दिन राति हो।।
पति पावल हम अविगति। तहँ मिललैं वुन्द सेवाति हो।।
पति पावल हम अविगति। आनद उदित रंग राति हो।।
जन 'गुलाल' बसह हरिया हो। तहँ बैठे हरि पर पाती हो।।34।।

मन राम नाम हृदय जपु संतन सुख दाई।।
जासु नाम जपत शेष मुनिन लियो उपदेस।
शिव समाधि धरत नित्य केवल गुण गाई।।
शुन्य शिखर बरति जोति प्राण पुरुष चुँगत मोति।
सिद्ध ध्यान धरत तहाँ निर्मल चित लाई।।
उदित चन्द भय अनन्द विकसि कमल करत कंत।
भँवर भेद सुख मना में अमिय रस अघाई।।
अचल अमर किया भेष छोड़ि दियो यम देश।
जन 'गुलाल' रहत प्रभु चरन में समाई।।49।।

महाराज राम सुयश कौन सकत गाई।
इन्द्री है अति प्रवाह मन ना समाई।।
सुर नर मुनि नाग देश स्तुति हैं करत शेष।
विमल-विमल सुर समेत करत सुजस साई।।
त्रिभुवन त्रैलोकनाथ तारे केतिक अनाथ।
चरण रेणु लागत शिल गणिका गति पाई।
योगी जोगेश पाल केतिक ठाढ़े भुपाल।

शिव सकति रटत नाम रिष मुनि समुदाई।
धरि अधार कर पुकार कोऊ न पाव पार।।
तुम्हारो जो दास पतित करत है बड़ाई।
जल थल जीव प्राण पूरि रहो घट समान।
कहाँ लो करीं ब्यान उक्ति ना समाई।।
कहैं 'गुलाल' मिनतिदार सुनिए सन्तन पियार।
अबकी बार चरन सरन राखिए लगाई।।

मन मोन हरि-हरि बोलत राम। और देव से नाहीं काम।।
प्रेम प्रिति नितहीं चित लाय। रैन दिवस कतहूँ नहिं जाय।।
पाँच पचीस ले बैठु अकास। केलि करै कोई सँग न पास।।
सुन्य सहज घर कर बहु रंग। दसो दिशा में उठत है रंग।।
कृपा कियो गुर भयो निस्तार। जन 'गुलाल' भजि उतरे पार।।50।।

राम भक्ति में जो पगै। आवा गवनिन होवै।।
यम बपुरा तव का करै। पातक सब जब धोवै।।
जो नर कमल चरण रते। ममिता मन की खोवै।।
ताकी दशा और भई। हरि-हरि हरदम जोवै।।
सन्त सभा में बैठही। जग के सँग न आवै।।

निस बासर हाज़िर रहहि। अबधू तक कहवावै।।
यह रस साधु सँगति लियो। हरि नाम भिखारी।।
जन 'गुलाल' सत बोलहीं। हमहीं मिलहिं मुरारी।।51।।

अवचक आयल पिय कै सँदेसवा, तब हम उठि सँगवा लगली हो।
बढ़लि लाज शरम धै खायल, छुटल बंधु परिवार हो।।
रिम छुटल गति औरै भइली, हँसत सकल संसार हो।
राम बान हृदयें गहि मरलन, बिनु सर निकल्यो पार हो।
धुमि-धुमि घायल ज्यों, घुमत गिरत परत मतचार हो।।52।।

घर हम फूकि भये बौराहे, जरली मठ उए तारा हो।
बिकसेउ कमल भँवर रस लुबधो, पियत अमिय रस धारा हो।।
गाँव कै लोगवाँ हँसि-हँसि खेदैं, घर कै भूत पछारा हो।
कहैं 'गुलाल' जब ब्रह्म अग्नि लगी, तब घर में मन मारा हो।।53।।

शब्द

पिया मिलबे कहँ उठि चली सोहागिन नारि।
आप अपन सों भाखनो हरि रूप सँवारि।।
अर्ध उर्ध के अन्तरे तहँ सेज सँवारि।
सुख मन चौर डोलावहीं प्रभु की बलिहारि।।
अष्ठ कमल के भीतरे स्थित बनवारि।
गुर गम होय मेला करै। तन मन धन वारि।।
उलटि चलो आनन्द पुर जहँ चलत नसारि।
डक देत निर्भो भयो मृग चरत न वारि।।
हाट बाट नहिं आवई तहँ भरत करारि।
जन 'गुलाल' रस पीवही सत्गुरु बलिहारि।।54।।

झूठी सेवा करत आस। राम बिना मोह पहा बा[illegible]
तीरथ बरत देवता अधार। कोऊ नहिं पूछहिं यम के द्वार[illegible]
यहि विश्वास भूलहिं मत कोय। माँझधार में बोरहिं सोय।।
लोक वेद महँ रत संसार। राम न चीन्हहि मूर्ख गँवार।।
ऐसहि समय गयो दिन बीती। बार न दहत बालु कै भीती।।
कहैं 'गुलाल' मूढ़ हम भाई। सबै स्यान हमहिं बोराई।।55।।

ससि औ सूर यवन भरि मेला। दृढ़ कै आसन बैठु अकेला।।
उलटि नाल गगन घर जावै। बिकसै कमल चन्द दरसावै।।

यह संसार सकल जग अन्धा। गर्बहिं गर्ब भुलाए।।
सूझत नहिं सनमुख हैं साहेब। घर तजि घर बूताए।।
गगन मँडल अनहद धुनि बाजैं। सुन्य नगर में समाए।।
कहैं 'गुलाल' यह अगम मुक्ति है। बिरला जन कोऊ पाए।।81।।

रे मन राम सुमिरन करे।
अजपा जाप हृदय लय लाओ। पाँच पचीस तीन मरै।।
अष्ट कमल में जीव बसतु हैं। द्वादस बल न करै।।
सोरह ऊपर बानी उठत हैं। दुइ दल अमृत झरै।।
पच्छिम दिश होई गगन मण्डल में। काल बली सो लरै।।
यम जीतो है परम पद पायो। जोति जगमग बरै।।
कहैं 'गुलाल' सोई पूरन साहेब। हरदम मुक्ति फरै।।82।।

मन तू कपट दूर अड़ाव।
भटक की तुम कथा छोड़ो। सुरति शब्द समाउ।।
करत चाल कुचाल चालैं। मकर मेलु सुभाउ।।
तीन त्रिगुन है तपत दिनकर। कैसहूँ न बुताउ।।
अति मलीन अधीन माया। मोह में चित लाउ।।
अगम घर की खबर नाहीं। मूढ़ ताकत पाउ।।
शुन्य शिखर सरोज फूल्यो। बँक नाले जाउ।।
कहैं 'गुलाल' अतिथ पूरन। आपनो घर पाउ।।83।।

चित धरि करहु आप सम्हार।
सुरति डोरी लगाव गगनहिं। उठत है झंकार।।
चन्द सूरज रैनि दिसु नहिं। धर्म नाहीं अचार।।
मरन जीवन सँग साथी। ऐसोई ब्योहार।।
यहाँ कौन देखत सुनत को है। गुन न वार न पार।।
अगम घर पर जाय बैठो। घर न होय पगार।।
प्रेम आगे नेम कैसो। बस गयो जार छार।।
कहैं 'गुलाल' जो नाम न लिया। अक्षर नाहीं विस्तार।।84।।

जिभ्या तूँ राम नाम गुन गाव।
खटरसहूँ को कौन महातम। जिन नर हरि रस पाव।।
प्रेम प्रिति हिए रीत चित्त धरु। नाद में लपटाव।।
झूठ कपट बिचार डारो। जाय एक सयाउ।।
डोल डम्भ मुँह कारन। भूलेहू नाहीं पाउ।।
फिरत-फिरत तन थकित पैड़ै। अब तुम्हारो दाव।।

अद्भुत रूप अपार बिराजै, सदा रहे भरि पूरा।
कहैं 'गुलाल' सोई जन जानैं, जाहि मिलैं गुरु पूरा।।101।।

अबधू सो योगी गुरु ज्ञानी।
भजैं राम जक्त होय न्यारा, ब्रह्म स्वरूप पचिहानी।
काम को मारि क्रोध को जारै, धोखा दूरि बहावै।।
मन गयन्द ज्ञान करु सीकर, पकरि जंजीर भरावै।
शील सन्तोष कै आसन मारो, सत्य स्वरूप विचारो।।
जीव ब्रह्म जब मेला होवै, आवागवन नेवारो।
अक्षै अमर अनभो अन मूरति, कोई सन्त जन पावै।।
कहैं 'गुलाल' सतगुरु बलिहारी, फिर यहि लोकन आवै।।102।।

राग विलावल

आली री पिया मोर अलख अलेखा।
यह दिल ढूँढ़ि सकल दिल ढूँढों, बसत हैं साहब एका।।
यह मति साधुन कै मन माना, छुटत नहीं जिय टेका।
अर्ध उर्घ के मध्य निरन्तर, उलटी सुषमन देशा।
कहैं 'गुलाल' शिव ब्रह्मा नाहिन, अचल अमर कियो भेषा।।103।।

राग धनाश्री

नर से कहूँ समुझै नहिं भाई।
झूठी सब बिश्वास करत हैं, धोख धन्धा लपटाई।।
त्रिदेवा तिन मता चलावै, धर्म वेद जो दिढ़ाई।
याही मता लोक मन माना, अरुझि रहा सब भाई।।
जन्म मरन को ख्याल बनो है, विषया में लपटाई।
जैसे कृम कोवा में लुबुधे, यों लुबधे दुनियाई।।
नर्क से स्वर्ग स्वर्ग से नर्कहि, काल के हाथ बिकाई।
मरकट मुट्ठी धरैं जो भ्रम कै, धरत फिरत जहँड़ाई।।
कहैं 'गुलाल' जौं सुनै हमारी, यम से लहु बचाई।
अब को गवना बहुर नहिं औना, अजर अमर घर पाई।।104।।

करु मन सहज नाम व्योपार। छोड़ सकल व्योहार।
निस बासर दिन रैनि डहत है। नेकु न धरत करार।
धन्धा धोख रहत लपटानी। भ्रमत फिरत संसार।
मातु पित सुत बन्धु नारी। कुल कुटुम्ब पलिवार।
माया फाँस बांधि मत डूबहु। छन में होइहौ संघार।
हर की भक्ति न कीन्हों कबहूँ। सन्तन गए जरि छार।

अहंकार मद गर्भ भुलाने। जन्म गए जरि छार।
अनभौ घर कै सुधि नहिं जानत। कासे कहौं गँवार
कहैं 'गुलाल' सबै नर ग़ालिफ़ल। कौन उतारै पार।।105।।

राग कल्यान

देखो सन्तों सुरति चढ़ी अस्मान, दूजा और न आन।
जगमग जोति बरत अति निर्मल, देखि दरस कुर्बान।
निरखि रूप मन सहज समानो, यम कै मर्दल मान।
जन 'गुलाल' पिया प्रेम लगन लगो, दियो है सी को दान।।106।।

राग गंधार गौर

राम नाम हृदय जौं ध्यावै। यम दुत ताके निकट न आवैं।।
पाँचहिं बाँधि पचीसहु बाँधै। साधै सुरति गगन आराधै।।
सोहं शब्द उठत जो तरंगा। बरत है जोति तहाँ मन सँगा।।
और न बर्ण न जाति-पाँती। चाँद सूर नहिं दिवस न राती।।
तन मन मेटि कै रहा समाई। सूरा होई कै पैठै जाई।।
जन 'गुलाल' बोलैं अमृत बानी। जो जानै सोई ब्रह्मज्ञानी।।107।।

राग गौरी

सहज स्वरूप भइलो मोरे मना। निर्मल निर्गुन निरन्तर धना।।
बिमल-बिमल बाणी धुनि गावै। शीतल शब्द सुनत बिनु काना।।
गगन मँडल में आसन मारो। धुनि सुनत अब भयो दिवाना।।
उमगि उमगि मुक्त तहाँ बर्खत। हंस रूप तहाँ चुगत अघाना।।
कहैं 'गुलाल' यह लगन हमारि। छोड़ि मया हरि जोति समाना।।108।।

मना अभि अन्तर ही लय लाव।
ना तौ जन्म जन्म जँहड़ाव।।
धन दारा सुत देखि कै काहे बौराय हो।
काल अचानक मारिहे कोउ सँग न जाय हो।।
धीरज धरु सन्तोष सत्य गुरु बचन सहाई हो।
पद अम्बुज को करु नवका, भवसागर तर जाई हो।।
अबकी बार हारि हारो मन, कहाँ लगि कहउँ बुझाई।
जन 'गुलाल' अनभो पद पायो, छुटल सकल दुनियाई।।109।।

राग मंगल

एकै नाम अधारा हो।।
परखि-परखि निर्खत निस बासर, जग ते भयो निनारा हो।
अष्ट कमल में जीव बसुत है, सतगुरु शब्द बिचारा हो।।
लै कै पवन हंस जब गवनेउ, त्रिकुटी भौ उँजियारा हो।
पैठि पताल मूल बन्द बाँधी, सुषमन सेज सवारा हो।।
निझर झरत अमिय तहँ बर्खत, मनुआँ पियत हमारा हो।
गगन मंडल में नौबति बाजै, आठ पहर एक तारा हो।।
मारेउ ममिता चित समानेउ, चौमुख दीपक बारा हो।
छूटो देह नेहँ रहै एक सो, आदौ ब्रह्म बिचारा हो।।
कहैं 'गुलाल' साहेब हम पायो, यम का करिहैं हमारा हो।।114।।

राग शंकरा भवन

लागलि गुरु कैं साट एक मोरि सखिया।
हम भइलीं मन भावन ए मोरि सखिया।।
पाँच सखी मिल मंगल गावहिं, मोतियन चउक पुराई।
तारी दै-दै भाँवरि फेरहिं, दुलहा बरनि नहिं जाई।।
चौका चारि चतुर्जन बैठे, आनन्द भेद बनाई।
चन्द्र लगन सिर सेंदुर सोभित, अमर सोहाग बनाई।।
नौबत धुनि चहुँओर दसहुँ दिश, माँड़ो, उदित सोहाई।
रोम-रोम मनसा पूरन भयो, दुलहिन पिया मन भाई।।
भाँड़व जारि बरिय तिन्ह मारल, खायल गाँव कै लोग।
कहै 'गुलाल' हमहीं संहारल, पुरन भयल तब जोग।।115।।

दीनानाथ अनाथ है कोई पार न पावै।
बरनो कवनी युक्ति सों कछु उक्ति न आवै।।
यह मन चंचल चोर है निस बासर धावै।
काम क्रोध में मिल रहो इहवै मन भावै।।
कृपा करहु करुना मई चरनन चित लावै।
अबकी बार यहि अन्ध के कछु दाया कीजै।।
जन 'गुलाल' बिनती करहिं अपनो कर लीजै।।116।।

राग काफ़ी

परस नारायण को मोहिं लागे।
लोह ते कनक, कनक ते पारस भयो आगनित अनुरागे।।
काष्ठ ते चन्दन, चन्दन ते मलयज मोल अनमोलन्ह लागे।
भृंग ते कीट कीट भृंग भयो, योगी युक्ति समाधे।।
काग ते हंस हंस परमहंस भयो, योगी युक्ति समाधे।
जीतो जोग भोग सब त्यागै, सो नर मन को बाँधे।।
चढ़ि पहार निर्धार' जोति मिलो, उलटि गयो है सुभागे।
एकै ब्रह्म एक भयो साहब, कहै 'गुलाल' मन पागे।।

राग विलावल

ऐसो ध्यान लगावहु सना, शून्य शिखर चढ़ि छोड़हु तना।
पाँच पचीस करो बसि अपने, तीन देव त्रिवेणी ध्याना।।
जोग जोति बरै निशि बासर, निर्खत मनुआँ भयो है देवाना।
बिकसेउ कमल अमिय तहँ बर्षत, सुषमन के घर पिअत अधाना।।
चन्द्र झिलमिल दामिन दमके, धुनि-धुनि सुनि प्रान रहत है समाना।
गगन मण्डल में ताड़ी लाओ, आसन दिढ़ कै हो चहु पाना।।
उमगि-उमगि मानिक मनि बर्खत, चूँगत ब्रह्म मिल्यो तहँ ज्ञाना।।
यम जीतो घर नौवति बाजै, अनको रूप मिल्यो तहँ जाना।।
कहै 'गुलाल' दासन को दास हम, जीतो जोग भोग तजि नाना।

राग सारंग

हे नर जानि लेहु हरि नाम।
ऐसो समय बहुरि नहिं पैहो, जनम जात निकाम।।
पाँच पचीस प्रबल तन में हैं, मनुआँ बसत देवान।
निसु बासर बिकल होइ धावहीं, भूलो फिरत दिवान।
आसा डोरी लिए सँग डोलहिं, जल पत्थल परवान।।
राम च चीन्हहिं ग़ाफिल बन्दा, यम लीहहिं गहि प्रान।
घट में साहब चीन्हत नाहीं, भ्रमत फिरत संसार।।
कहै 'गुलाल' गुर नाव में बैठो, तब हम उतरब पार।।

राग विलावल

नयनहुँ आगे खड़े आज हरि, नयनहुँ आगे खड़े।
सुर नर मुनि जाको खोज न पावहिं, केतिक यज्ञ करैं।।
कहा बरनों छबि बरनि न आवै, आनन्द सिद्ध भरे।
निरखि रूप भई है दिवानी, कोटिन चन्द्र हुए।।

अरे हो भरत मुक्ति करखा, तहँ ज्ञान कै लूटि।
तब पिय हमहिं निरेखल, अब नाहिन छूटि।।
पिया कै भइलीं पियारी, और सिंगासन रानि।
कहै 'गुलाल' बर पावल, अब सारंग पानि।।

राग सारंग

गुन्हि के हार ले आव रे मालिन।
अच्छै अमर आनन्द अनमूरति, भाव से कंठ लगाव।।
सुषमन सूत धरि बंक नाल गहि, प्रेम कै धगा बँधाव।
सुरति निरति लै हरिदम भरि, भरि, ज्ञान कै सूई चलाव।।
हारि-हारि मन थकित भयो है, बानक बनि-बनि आव।
अन्नौ उदित साहेब हम पायो, जन गुलाल बनि जाव।।

भाग बड़ो बनि आयो हमार, भाग बड़ो धनि आयो।
जल ते कृपा किया सत्‌गुरु ने, उलटि गगन चढ़ि धायो।।
योग यज्ञ सबै हम छोड़ल, ममिता मइल बहायो।
एक नाम मन में जब आयो, हरिदम हरि हरि गायो।।
सहज स्वरूप सक्ति शिव बाधो, तामे सुरति बसायो।
यह गति ज्ञान सिद्ध कोई जानै, आनद डंक बजायो।।
अति आनन्द भयो मोरे जिव, मानिक मोल करायो।
कहै 'गुलाल' राम साहु आयो, घरही बैल लदायो।।

राग मंगल

गुन जानी गुनवन्ती नारि, तौ कन्त मनाइला हे।
अहो राम सुदिन लगन सोचाई, तबहि मन लाइला हे।।
अर्ध उर्ध के मध्य तौ चौक पुराइला हे।
अहो राम मुक्ता भरि-भरि थार, तौ आरती बनाइला हे।।
गंग यमुन के घाटे, कलसा धराइला हे।
अहो रामा मानिक बरै दिन राति तो चँवर सोहाइला हे।।
चौमुख दीपक वारि तौ माड़ो छाइला हे।
अहो शमा निरक्षर झरि-झरि लाय अमृत कस पाइला हे।।
गावहि सखिया सहेलरि, दुलहिन नागरि हे।
अहो राम जन 'गुलाल' सोहागिन प्रभु सँग भाइला हे।।

राग हमेज़

अँखिया खोल देखु, दुनिया है रँग बोर।।
यह तन जीवन दिवस चारि कै, धन योवन कत जोर।

नर खेलहु फाग बनाय मगन मन झूमरिया।।
अष्ट कमल बिकसित भयो रस झूमरिया।
भँवर करै रस पान रस झूमरिया।।
अर्ध उर्ध मधि खेलई रस झूमरिया।
सुषमन सहज निवास रस झूमरिया।।
बंक नाल चढ़ि गयो रस झूमरिया।।
आयो प्रभु जी के द्वार राम रस झूमरिया।
कुंज गलिन में रंग रचो रस झूमरिया।।
बैठो गगन में जाय रस झूमरिया।
जगमग ज्योति लगन लगो रस झूमरिया।
कोटि चन्द छबि बार राम रस झूमरिया।।
मुक्ता झरि बर्षन लागि रस झूमरिया।
दशो दिशा झनकार राम रस झूमरिया।।
समय जानि नर खेलहु रस झूमरिया।
फिर पाछे पछताय राम रस झूमरिया।।
जन 'गुलाल' तन मन दियो रस झूमरिया।
पूरी खेप हमार राम रस झूमरिया।।

राग मनोरा

करि संजम हम जाइव हो, सुन्य नग्र जहँ ठाँव, मनोरा।
तीनीहुँ गुनहिं मिटाइब हो, चौथे पद ही निवास, मनोरा।।
स्वेत सिंगासन बैठब हो, बहु बिधि मंगल चार, मनोरा।
जन 'गुलाल' गुन गाइब हो, सत्य लोक समाय, मनोरा।।

हृदय राखि गुन गाइब हो, अनुभव रूप बनाय मनोरा।
मूल चक्र गहि बान्हब हो, बैटब गगन में जाय मनोरा।।
सुन्य नगर में समाइब हो, मृत करत जहँ आपु मनोरा।
निशु बासर गुन गाइब हो, सेज सहज में जाय मनोरा।।
जन 'गुलाल' तहँ भाइव हो, छोड़ि दियो संसार मनोरा।।

याघट ज्योति जगाइब हो, निशुबासर उँजियार मनोरा।
पाँच पचीस तीन बाँधल हो, साधौ सुरति अकाश मनोरा।।
बिनु बाजे धुनि गाजै हो, अधर महल के द्वारा मनोरा।।
तहँ देखत रूप सोहावन हो, स्वेत छत्र मनिआर मनोरा।।
कहै 'गुलाल' आनन्द भयो हो, प्रभु कै बलिहार मनोरा।।

20:49 Vo)) LTE1

राग होरी

मन या घट होरी खेलो हो, त्याग सकल परिपंच।। टेक।
पाँच सखी मिलि चाँचरि गावहिं, अनहद प्रीति लगाई।।
नारि नवल पल-पल ता उलटहि, सनमुख प्रभुहिं रिझाई।।
अर्ध उर्ध मधि होरी खेलहि, तिरबेनी तट जाई।।
अगर गुलाब कुमकुमा केर, छिरकहिं डंक बजाई।
परी हाँक चहुँओर चतुर दिस, फगुवा बर्नि न जाई।।
थकित भई सकल बृज बनिता, बलि बलि यादोराई।
अब खेलो मन महा मगन होई, सतुगुरु शब्द समाई।
फगुआ दान अमर पुर पायो। जन 'गुलाल' गुन गाई।।

राग भरिताल

मैं करों का मन मैला।
ई मन मइल भयल जंजाल। आठ पहर हिए मारैं साल।।
मैं करों का मन मैला। किछु कहल न मानै मन मैला।।
किछु सुधियो न जानै मन मैला। पाँच पचीस लेइ गइलैं हाट।।
लुटत फिरत कोऊ सँग न साथ। यक घरि आवै दुइ घरि जाय।।
निशुबासर को विष फल खाय।
कहै 'गुलाल' यह जानै कोय। आपुहिं करत निश्चै होय।।

कवित्त

दीन दयालु कृपालु दया निध, सन्तन के पति साहेब सोई।
सुन्दर रूप सरूप बिराजत, राखत है हिए माँझ में जोई।।
दानी महा बरदानी बिसम्भर, लोचन लहर सिन्ध सम होई।
'गुलाल' कहै सोई साहेब सेवक, भर्म भुलेव नहिं चीन्हत कोई।।

लालन लाल बिसालन मूरति, भालन की छबि बर्नि न जाई।
कोटिन सूर अरु चन्दहु की छबि, कोटिन नाग मुनी गुन गाई।।
सून्य में जोति और जोति में मानिक, जोतिहुँ जोति रहो है समाई।
'गुलाल' कहै ऐसो पूरन साहब, अन्ध भयो जग सूझत नाई।।

फूल अनुभव फुला भँवर ताम मिला,
फूल नाहीं भँवर नाहीं गति है न्यारी।
शब्द सोहं उठो जीव तामें बसो,
सुषमना सहज तहाँ बहत नारी।।
पैठि पाताल आसमानहूँ को छेद कियो,
ब्रह्म सो ब्रह्म भयो ब्रह्म भारी।।

कहै 'गुलाल' सतगुरु सो पार है,
छत्र सिर फेर दियो कर्म यारी।।

मन युक्ति सों ध्यान लगाई के तब जाय बैठो अगम छाया।
तहाँ वार नाहीं पार नाहीं और दरियाव नाहीं थाह पाया।।
अगम अपार कहँ देख केरे हरष, हरष को खेल अनमोल भाया।
कहै 'गुलाल' यह खेल मेरे खेलत अरु, खेलत ही खेलत मेंटो काया।।

जहँ मूल न डार न पात तहाँ, जोति सो जोति मिल खेल भाया।
'गुलाल' कहै कोई सन्त जना, रसना बिनु तान गगन गाया।।
पौन पताल में बैठि केरे, उलटि के कवल फुलो काया।
भँवर फिरै बहुपान करै, पियो अमिय तब स्वाद भाया।।

गगन केवारी खोलि के रे अगम अपार में जाय छाया।
'गुलाल' कहै साहब सूरत बरनों कहाँ हौं तो सठ जीम पाया।।
बिना रूह के नूर जगाई के रे वा नूर की योति अनन्त छाया।
उहाँ जल बिना दरियाव में रे दरियाव सुरति को घर पाया।।

साख़ी

दुनिया मेला देह को, शब्द को मेला नाहिं।
कहै 'गुलाल' सुन भाई, यह गति सन्तन पाहिं।।

हिंडोला

बिपरीत रचल हिंडोलवा, गुरमुख बचन सुबोल।
रबि ससि दूनों बाधल, तब हम झुलब हिंडोला।।
त्रिकुटी खम्भवा गड़ावल, शुन्य शहर झकझोर।
सुरति निरति चित लावल, झूलब झकोर-झकोर।।
गंग यमुन तट झूलब, सुषमन के घर पान।
जगमग जोति जगावल, यम कर मर्दल मान।।
चान सूर दुनों तानल, बीचहि बिच संधान।
उड़ो हंसा घर गवनेउ, निकल गयेउ स्मान।।
शिव घर शक्ति बसावल, फूलेउ ब्रह्म ज्ञान।
कहै 'गुलाल' घर पावल मिललहिं सन्त सुजान।।

राग होरी

काया नग्न में जोरि, होरी खेलहु।
राम राय के फाग परो है, सुनि चकृत उठि दौरी।।

देत दान सखिया सब लेवहिं, होरी पांय परो सो।।
चाँद सूर थकित भयो हैं, बिभ्रम होत ढको सो।
ऐसो फाग फाग कोऊ-कोऊ पावै, जाहि देहु पावै सो।।
जापर कृपा कियो सतुगुरु ने, पुरन फाग दियो सो।
कहै 'गुलाल' सो नागरि राधे, होरी फाग पायो सो।।

श्याम आई हो होरी खेलो नई।
अति आनन्द उमंग भरो, काकर पुर्ष काकर पति सांई।
ब्याकुल होय चलो दसो दिश, प्रभु मिलबे को युक्ति बनाई।।
ज्ञान ध्यान तन मन भै रीते, लागलि लगन लगन रामे लपटाई।
लेत रँग अनवन सुगन्धता, केसरि पिचुकारिहुँ छाई।।
ऐसो खेल खेली है सुरस सों, बृज यमुना सब ठौर भराई।
अबकी बार श्याम गाफ़िल भयो, सुधि बिसरि गयो आनन आई।।
दास 'गुलाल' प्रभु तुम्हारी सरन तें, अब का करी गोहार गोहराई।

हारिया मैं खेलों खेलाओ, प्रभु सँग जाई।
उत नहिं घात चलत लजाई, अगर कुंकुमा अबीर उड़ाई।
चारिहुँ ओर बाजन बजवाई, हम धनि रहलीं जाति लपटाई।।
सखिया सहेलरि झूमि के गाई, झूमि-झूमि रहों रँग समाई।
तिहुँ पुर रहो फाग भरि छाई, दसो दिशा परो फाग दोहाई।।
देखी देखा रहल लगाई, समय गए फिर फाग पछिताई।
कहै 'गुलाल' हम सत्य पर पाई, फाग खेलल हरदम मन लाई।।

प्रेम नेम चाँचरि रचो रँग होरे होरी।
पुलकि-पुलकि प्रभु पास राम रँग होरे होरी।।
चाँद सूर उलटे चलेउ रँग होरे होरी।
उड़त अबीर अकाश राम रँग होरे होरी।।
इंगला. पिंगला खेलन लागो राम रँग होरे होरी।
सुखमन सहज निवास राम रँग होरे होरी।।
त्रिवेनी फगुवा बने रँग होरे होरी।
मणि गँण झरि चहु पास रँग होरे होरी।।
कुंज कुंजनि रति परो रँग होरे होरी।
चन्द्र बदनि हरि साथ राम रँग होरे होरी।।
कहै 'गुलाल' आनन्द ध्वनि सो ध्यान लगाइए रँग होरे होरी।।

मन खेलहु हरि सो होरी। अनहद बाजन लागे।।
ध्वनि सुनि थकित भई बृज बनिता। काम धाम सब त्यागे।।

अष्ट याम यह रहे भुलाय। ऊँच नीच काल धै खाय।
वेद पुराण कितेब कोरान। याहि मते संसार भुलान।।
न कछु आवै न कछु जाय। घर जारत है घूर बुताय।
यह मन चंचल चोर प्रधान। चोर कपट साँच नहिं जान।।
कहै 'गुलाल' जिनई न कैपाय। का जग जन्मो मूल गँवाय।।

राग मंगल

अचरज यक हम देखल पंडित करहु बिचार।।
का हम कथब का हम सूनब, काह करब ब्योहार।
जगमग अचल देखल, पंडित भयल बिचार।।
ज्ञान कथब धुनि सूनब, नाम करब ब्योहार।
कहाँ से जिण आयल, कहाँ जिव कर बास।।
कहँवा शक्ति समाइल, कहँवा शक्ति निवास।
ब्रह्महि से जीव आयल, नाभी कमल में बास।।
शुन्यहिं शक्ति समाइल, शिधर शक्ति निवास।
कहँवा शिवकर आसन, कहवाँ शिवकर ध्यान।।
कहवाँ शिव कै मंडप, कहवाँ शिव स्थान।
अगमै शिव कर आसन, अगमै शिव स्थान।।
कहवाँ से मन आयल, कहवाँ परल भुलाय।
शक्तिहिं लेई मन गवन हैं कीन्हे, सहजेहिं घर ठहराया।।
कवन शब्द गुन गावल, कैसे बिन्दु मिलाप।
कौन द्वार होय जाइब, कौन करब तहँ जाप।।

अगम शब्द गुन गावल, नादहि बिन्दु मिलाप।
पश्चिम द्वार होई जाइब, आपु करब तहं जाप।।
कहै 'गुलाल' यह अनुभव, सक्तिहिं कयल बिचार।
जो यहि पदहिं बिचारै, सोई सतगुरु सार।।

राग बसन्त

मेरो गुर बसन्त हरि दमहि लागु, वाही कृपा घर फाग जागु।।
छओ ऋतु जब फूलेउ फूल, त्रिबिध पवन सँग भँवर भूल।
अति आनन्द तहँ भयो हुलास, फूल-फूल में पछि अपास।।
कायर कुटिल नहिं पावै ठाम, ढोल बजावत फिरत ग्राम।
हरपुर सुरपुर लिए भार, कासो कहौं यह गति बिचार।।
आगा पीछा मधि न होय, लोक बेद उहाँ नाहिन कोय।
कहैं 'गुलाल' सतगुर बलिहार, प्रभु बसन्त भयो हमार।।

राग बिलावल

सइयाँ मोर सहज भयल जिब ध्यनियाँ।
पाँच पचीस तीन धई बाँधि लो, ठुमकति चलल चिकनियाँ।।
बिनु पगु चाल, बिनु चलबो, दिन रूप भइलो खेखनियाँ।
बिनु रसना, गुन कोटिन गइबो, बाकी अकथ कथनियाँ।।
बिनु करताल बजाइबो घंटा, तौलै रतन नित बनियाँ।
कहै 'गुलाल' हम पिया संग भइली, चेरी भइल अब रनियां।।

आली री पिया मोर अलख अलेख।।
यह दिल ढूँढ़ि सकल दिल ढूँढ़िलो। बसत हैं साहेब एका।।
यह मत साधुन के मन मानो। छूटत नाहीं जिय टेका।।
श्रर्ध उर्ध के मध्य निरन्तर। उलटि सुषमना देशा।।
कहै 'गुलाल' शिव ब्रह्म नाहीं। अचल अमर कियो मेशा।।

साख़ी

योति सरूपी चरन है, तहाँ है मन को ठाम।
नहीं चरन नहि योति है, नाहीं मन विश्राम।।
मन्शा बाचा कर्मना, राखै जो हरि आस।
कहैं 'गुलाल' सत्गुरु मिलैं, सो जन पावै वास।

चेतावनी

परी प्रेम प्रीति, ढहि भर्म भीति।
सभै सुख सानी, नयन रूप जानी।।
लगो तब ध्याना, कर्म गयो नाना।
लहो जब साई, सभो बिसराई।।
महो जब काया, गई तब माया।
तब औरै बिचारा, उलटि बहो धारा।।
गंगे यमुने, चले रस दूने।
गगन जब जावै, लगन जब हुलावै।।
उहाँ बाजै नादा, घण्टा धुनि बाजा।
सुनी बिनु काना, उठै धुनि नाना।।
सुरति ले सम्भारै उहाँ सो निकारै।
महो तब देहाँ, उदै तब नेहाँ।।
उहाँ करहु बिचारा, फिर उलटि सम्भारा।
उगो तब चन्दा, उगे द्वार बन्दा।।
झरत तहाँ मोती, अनन्द तहँ जोती।

दुआ धोख जो दुर्मति छोड़े। त्रिगुण ताप बहावै।।
सुरति निरति ले आसन मारो। सकल सन्तोष जो आवै।।
तिया त्रिकुटी मन जो राखै। झिलमिल जोति जगावै।।
उनमुनि लागे बन्द सहज धुनि। चन्द मण्डल घर छावै।।
चौथे पद पर पग जो नावै। अनभो डंक बजावै।।
गगन मण्डल में बाजी मारो। वंक नाल चढ़ि जावै।।
पचएँ पर्म तत्त्व जो जानय। शुन्य भवन मन लावै।।
पाँच पचीस तीन बस करिकै। सेत छत्र सिर छावै।।
छए छमा शील जो उपजै। सत्य सन्तोष बढ़ावै।।
नव दर दसहूँ दिश में धावै। सहज समाधि जो पावै।।
सतये सदा सरन मन राखै। शब्द कै भेष बनावै।।
कोटि चन्द निछावर वारो। मानिक जोति जगावै।।
अठयें अगम जोति जौं बारै। दरसि परसि चित लावै।।
सोहंग सुरति रहै निशु वासर। अनत कतहुँ नहिं जावै।।
नउपे नाम निरंजन नउका। कन हरिगुन चलावै।।
साँचे कहे झूठ नहिं आवै। भवसागर तरि जावै।।
दसयें द्वार की ताली खोलै। अविगति गतिहिं समावै।।
सकल कामना पूरन मन कै। मउजै मउज मिलावै।।
कहैं "गुलाल" तब सतुगुरु चीन्है। घर ही में घर छावै।।

राम रमो राम रमि रहो, पूरन ब्रह्म रहो छाय।
अविगति गति को जनाई, शिव सनकादि धाय।।
सुर नर मुनि सब गावहीं, काहू न पायो पार।
जो जन सरन गए प्रभु, तिन पायो पद सार।।
अक्षय अमर आनन्द है, ज्ञान उदित आलेख।
सर्व भूत में पुरि रहो, सो प्रभु छन छन देख।।
निशु दिन नौबत बाजई, निर्झर झरै तहँ नूर।
उमगि-उमगि तहँ भावहीं, कोई बैठे साधू सूर।।
कहैं 'गुलाल' सोई पायउ, सतुगुरु सत गुरू की परतीत।
हेलि तबै जिय निश्चै आवैई तबै भयो सब मीत।।

शब्द

सन्तो कठिन अपर्बल नारी।।
सब वर दुलहिन भोग कियो है, अजहु कन्या कुमारी।।
जननी होई कै सब जग पाला, बहु बिधि दूध पियाई।
सुन्दर रूप सरूप सलोना, जोई हरि जग खाई।।
मोह जाल सों सबैई बझायो, जहँ तुक है तन धारी।

जोड़ा

ख़लक जाय सभ ग्रहन नहाय। देह कै ग्रहन कोऊ नहिं पाय।।
दस बिस सँगिन सँग बनाय। संगेहि ग्रहन लगवले जाय।।
बूढ़ कै मर लिन्ह मन कै आस। करम बटोर लिन्ह सेइ सँग पास।।
सँगिन साथिन कैलिन रंग। घर मुख चललिन केहू न सँग।।
कहै 'गुलाल' हम चलली पराय। ऐसन गहन नहन को जाय।।

श्री गुलाल साहेब का अरिल छन्द

प्रान चढ़ो असमान सहज घर जाइया।
सुन्न सहर झकझोर सुरति ठहराइया।।
योग युकित सों नेह ब्रम्ह में समाइया।
कहै 'गुलाल' अतीथ सत्य तब पाइया।।1।।

सुन्न सरोवर घाट फूल इक पाइया।
बिनु डांड़ी का फूल केतिक मन भाइया।।
अमिय पियाला पिया भँवर रस पाइया।
कहै 'गुलाल' अतीथ राम गुण गाइया।।2।।

अष्ट कमल जब फुल्यो उलटि के धाइया।
बंकनाल भयो सूध अगम घर जाइया।।
दसो दिश परै जोति तहाँ समाइया।
कहै 'गुलाल' सत सूर अनन्द तब पाइया।।3।।

उनमुनि बन्द लगाय सुरति ठहराइया।
चाँद सूर दोउ बाँधि उर्ध मुख धाइया।।
सुषमन शीतल स्वाद चुभुकि रस पाइया।
कहै 'गुलाल' हरि नाम रब्त तब पाइया।।4।।

अलह इमान लगाय सितून बढ़ाइया।
रब्त सिफ़त की बातै इल्म लखाइया।।
रोज रहो मुश्ताक कबहु नहिं सोइया।
कहै 'गुलाल' अबधूत यार तब पाइया।।5।।

परखि साहब सों रीति नाम लव लाइया।
सब घट पूरन सोई तहाँ मन लाइया।।
कोटिन चन्द उगाय मोति झरि लाइया।
कहै 'गुलाल' सोइ हंसा परसि अधाइया।।6।।

तिरगुन तेल बराई कै जोति जगावई।
पाँच पचीस को लादि ब्रह्म घर छावई।।
अनहद बजाई अघोर अगम गुन गावई।
कहै 'गुलाला' हरि नाम परम पद पावई।।7।।

अष्ट कँवल फुलाय पवन लै धावई।।
सोरह कला सँपूर तहाँ मन लावई।
घटत बढ़त नहिं जोति शीतल सत गावई।
कहै 'गुलाल' सत लोक तबहिं नर पावई।।8।।

योग युक्ति जो जानि कै जमहि नचावई।
सतुगुरु के परताप गगन चढ़ि धावई।।
जीव ब्रह्म सों नेह सो तबहिं समावई।
कहै 'गुलाल' तब ज्ञान अचल पद पावई।।9।।

सुन्दर साहब जानि के प्रेम लगावई।
अजपा जपै सुजाप सुरति ठहरावई।।
रबि ससि दूनों बाँधि निरन्तर ध्यावई।
कहै 'गुलाल' अतीथ तत्त्व घर छावई।।10।।

निर्मल रूप अपार सों सुरति लगाइया।
बिनु पग चलो चाल अनदपुर जाइया।।
देत दमामा ढोल सो यमहिं नचाइया।
कहै 'गुलाल' सोई शूर सहज घर पाइया।।11।।

अकबति अलह सों जानि सुबुक सों बोलना।
हरदम हक्क ही लाय रब्त नहिं डोलना।।

सब घट साहब बोल सत्त ठहरावई।
निसु बासर मौजूद भिश्त की चलावई।।
साफ साहब सों रफत पाक तब पावई।
कहै 'गुलाल' फकीर खूब घर छावई।। 14।।

ब्रह्म भयो जब पूर सूर सर लावई।
बाजै अनहद घंट निशान समावई।।
भरो पदारथ नाम परखि अघ जावई।
कहै 'गुलाल' प्रभु हेतु सोई नर पावई। 15।।

आपु करहु नर साफ साहब सत भावई।
निसु बासर करि प्रेम राम गुन गावई।।
जोग युक्ति सों नेह सों परखि समावई।
कहै 'गुलाल' मन जीत निशान बजावई। 16।।

अर्ध उर्ध को खेल कोऊ नर पावई।
चाँद सूर को बाँधि गगन ले जावई।।
इंगला पिंगला बांधि सहज तब आवई।
कहै 'गुलाल' हर रोज अनन्द तब आवई।। 17।।

रहित भयो घर नारि तत्त्व मन थीरा।
ब्रह्म भयो तब जीव गयो तब पीरा।।
निसु दिन लायो ध्यान झरत मणि हीरा।
कहै 'गुलाल' सोइ सत्य अनन्द फकीरा।। 18।।

साहेब दायम प्रगट ताहि नहिं मानई।
हरदम करहि कुकर्म भर्म मन ठानई।।
झूठ करहिं ब्योहार सत्य नहिं जानई।
कहै 'गुलाल' नर मूढ़ हक्क़ नहिं मानई।। 19।।

अजर अमरपुर देश सन्त रन साजिया।
मन पवन होउ साज नौबति धुनि बाजिया।।
द्वादस चढ़ि मैदान युद्ध तब लाइया।
कहै 'गुलाल' मन सूरत पर चढ़ि गाजिया।। 20।।

राम रहे घर माहिं ताहि नहिं मानई।
पूजहि पत्थल भीति मया मन सानई।।
झूठ रहत हरि हाल करम बहु ठानई।
कहै 'गुलाल' जड़ भूल आपु नहिं मानई।। 21।।

सुन्न सहर आजूब सहज धुनी लागई।।
इंगल पिंगल को खेल अमिय तब पागई।।
पुलकि-पुलकि करि प्रेम अनन्द छबि छाजई।
कहै 'गुलाल' कोई सन्त ताहि पथ लागई।। 22।।

इश्क अली सों साफ़ अदल सोई पाइया।
रोज़ रहै मुश्ताक़ सकूनत आइया।।
क्योंकर बूझै आपु सभै नर रोइया।
कहै 'गुलाल' फ़क़ीर सत जिन जोइया।। 23।।

तीरथ दान को आस अन्ध नर धावई।
राम न चिन्हत साँच सो जन्म गँवावई।।
तिरगुन गुन महँ डोलत सबै नचावई।
कहै 'गुलाल' नर भरमि भरमि जहँड़ावई।। 24।।

झिलिमिलि झलकत नूर नयन पर नूरा।
हरदम होत अघोर बजत तहँ तूरा।।
रबि ससि दूनों सँग रखत पूजत पूरा।
कहै 'गुलाल' आनन्द गति बोलत सूरा।। 25।।

निर्मल हरि को नांम ताहि नहिं मानहीं।
भर्मत फिरैं सब ठाँव कपट मन ठानही।।
सूझत नाहीं अन्ध ढूँढ़त जग सानही।
कहै 'गुलाल' नर मूढ़ साँच नहिं जानहीं।। 26।।

माया मोह के साथ सदा नर सोइया।
आखिर खाक निदान सत्त नहिं जोइया।।

झूठि लगन नर ख्याल सबै कोई धाइया।
माया सों हरदम रीति सत्त नहिं आइया।।
बहत फिरत हर रोज़ काल धरि खाइया।
कहै 'गुलाल' नर अन्ध धोख लपटाइया।। 35।।

ऐसा बचन हमार सत्त जो मानिया।
चेत करहु नर आपु बृथा सब जानिया।।
लोभ लहर संबूह ताहि सँग सानिया।
कहै 'गुलाल' नर अन्ध धुन्ध मन आनिया।। 36।।

रबि शशि दूनों बाधि के सुरति लगाइया।
अजया जपै सुजाप सोहं डोरी डोरी लाइया।।
लगन लगो निरंकार सुरति सँग पाइया।
कहै 'गुलाल' अतीत सत्त गुन गाइया।। 37।।

यह संसार सयान आपु नहिं जानई।
तुरत होव विज्ञान ख़बरि नहिं मानई।।
लोभ भरी हर रोज़ राम नहिं जानई।
कहै 'गुलाल' जम हाथे सबै बिकानई।। 38।।

सीतल साहब नाम पियत नहिं कोई।
माया सों निसु दिन हेतु पलक महं रोई।।
दिन दिन ग़ाफ़िल होई काहु नहिं जोई।
कहै 'गुलाल' हरि हेतु ग़ाफ़िल नर सोई।। 39।।

सुषमन सुन्दर राज करत नहिं प्रानी।
भटकत फिरै संसार साँच नहिं आनी।।
मरि-मरि रह-हर हाल झूठ सँग सानी।
कहै 'गुलाल' तत ज्ञान आपु पहिचानी।। 40।।

उदित भयो जब ज्ञान कर्म मन नासई।
भरो पदारथ नाम अचल पद पावई।।
दिन-दिन पूरन सन्त सोई मोहिं भावई।
कहै 'गुलाल' हरि हेतु कोई नर पावई।। 41।।

दोज़ख़ दुनिया भोग सबै नर सोइया।
पाँच पचीस के फेर फिरत मति खोइया।।

21:07

प्रभु कै आरति गाव महेश। सुर नर नाग अरु गावहि शेष।।
प्रभु कै आरति ब्रह्म गाई। नवो नाथ सिद्धिन मन लाई।।
नामदेव आरति प्रभु गाई। धना सेनि कबीर मीराबाई।।
रैदास नानक कान्हा दास। प्रहूलादहि ध्रुव हृदय विश्वास।।
कहै 'गुलाल'इन सब हम दासा। करहु देहु कृपा चरन में बासा।।

आरति करु मन आरति करु हो।
गुरु परताप साधु के संगति। आवागवन से छूटि परो हो।।
अनहद ताल आदि सुधि बानी। बिनु जिभ्या गुन वेद पढ़ो हो।।
आपा उलटि आतमा पूजा। त्रिकुटी ओन्हई सुमेरु चढ़ो हो।।
सारंग सेत सुरति सो राखो। मन पतंग होय अजर जरो हो।।
ज्ञान को दीप बरै बिनु बाती। कहै आरति तहँ ध्यान धरो हो।।

आनन्द आरति करु मन लाई। जा को गुन त्रिभुवन महँ छाई।।
ब्रह्म बिष्णु महेशहु गाई। सुर नर नाग देव मुनि ध्याई।।
पश्चिम दिश जब पवनहु जाई। सुषमन के घर ताली लाई।।
नाद सुरति जोति यक ठाई। ऐसी आरति बिरलहु पाई।।
निशु दिन नौबत बाजै तूरा। सिर पर साहेब सदा हजूरा।।
मन क्रम बचन सत्य उर आई। जन 'गुलाल' तब आरति पाई।।

आरती

हिन्दू हर आरति जौ पावै। राम नाम कै मसल चलावै।।
गगन मण्डल में आरति बारै। तबही जीव नेवछावर डारै।।
शुन्य कै थार सत्य कै बाती। सुरति निरति बारै दिन राती।।
सुषमन भाँवर दै दै गावै। ब्रह्म बिष्णु सिव सँग न भावै।।
अचल अमूरति आरति तारी। थकित भयो घर नौ दस नारी।।
रोम-रोम आरति बलिहारी। सकल मनोरथ आरती उतारी।।
अजर आसन आरति धरि जोरा। सत्य आसन मन थकित भा मोरा।।
तन मन धन निवछावर वारी। मोह मया त्यागो सब झारी।।
आरति सहज जो सुमिरन करई। आरति चरन सरन तर परई।।
आरति फिर जब नृत समाई। मुक्ता अछर ते सुदुकनाई।।
आरति जब घर बरल बनाई। रोम-रोम पद आरति पाई।।
कहै 'गुलाल' आरति हम पाई। जन्म मरन कै संसै मिटाई।।

मुसलमान जो आरति करई। अलः इमाने बानी फरई।
आरति बैत आपु जो करई। दुरमति छोड़ि असल चित धरई।।
आरति एक एक्रीन बिचारी। भल मन्दा जानिय किसमत कारी।

चित धरि करहु आपु संभार।
सुरति डोरि लगाव गगनहिं उठत है झनकार।।
वहाँ चन्द सूरज रैन दिन नहिं धर्म नाहीं अचार।
वहाँ मरन जीवन न संगी साथी ऐसोई ब्योहार।।
वहाँ कौन देखै कौन सूनै गुन न वार न पार।
अगम घर पर जाई बैठो घर है नाहीं पगार।।
प्रेम आगे नेम कैसा सबै गयो जर छार।
कहै 'गुलाल' अनमिलिया अच्छर नाहीं वहाँ बिस्तार।।

साँकरि खोरिया चढ़ला अटरिया,
धनि सतगुरु जिन्ह युक्ति बतावल, तिन्ह की हय चलि जाइब हो।
दास 'गुलाल' परम पद पावल, सतगुरु बूलै लखावल हो।।

राग धवलश्री

ननद होता मोरे पिया कर बास।
अनहद बाजा पिया गढ़ बाजै, तहाँ मोरे पिया कर बास।।
सखिया सहेलरिमंगल गावहिं ननद हो, ठयियाँ रचल धमारि।
चुनि-चुनि कलिया सेज विछावल ननद हो, पिय बिनु सेज अँधियार।।
बहुत यतन करि ननद उठावल ननद हो, पिया मोर देहु बुलाय।
कहै 'गुलाल' हम नागरि भयिलीं, ननद हो, पिया सँग सेज सोहाय।।

राग बिलावल कामोद

आजु घर लागी शब्द सनेह।
पुलकि-पुलकि मन रत भयो। नेवछावर करि देहु।।
पाँच पचीस तीन लेयि चलो। रटत नाम अलेह।।
मन्दहि-मन्दहि पवनहिं लियोरी। उड़ि गयो तन कर खेह।।
गगन गुफा में अमिय चुअत है। सुषमन भरि-भरि लेह।।
अष्ट कमल दस कुलिस भयो है। सोहं शब्द उठेह।।

साखी

पोथी सतगुरु शब्द कै रामु नाम धरि शीश।
जन गुलाल लीखत रहै दंभ दंम दम जगदीश।।

राग शहाना

मौजी तनहि सँवारो।।
हरखि-हरखि खेलन लगे। उठत जोति बिनु वारे।।
पाँच पचीस सखिया मिल जुलि लिए। तिरगुन खेल पसारो।।
अर्ध उर्ध मधि भौंरा गुंजहि। झरत अमिय रस धारो।।
उलटि कमल त्रिकुटी गयऊ। सून्य शहर झनकारो।।
ग्वाल बाल खेलन लगो। उगे कोटि ससि तारो।।
गँग यमुन तट रँग यमुन तट रँग रचो है। घना शब्द निवारो।।
भाँवरि दै दै सँगहि रतो है। काहू को उन सँभारो।।
गगन मगन धुनि बाजै गाजै। दुलहिन रूप सँवारो।।
गठि बन्धन प्रभु सो बनो हो। सनमुख बदन निहारो।।
तत्त्व तिलक स्वामी दियो है। अम्बर पहिरि बिहारो।।
दसो दिशा में जगमगि-जगमगि करु। मंगल बृज की नारी।।
सतगुरु सत्य दयालु भयो है। पूरन पुन्य हमारी।।
जन 'गुलाल' तहं मिलो मगन होय। यम जीतो मन मारो।।

आजु बिदुर घर पाहुन आए।।
सकृत सजूद निरखि पद परसत। पूरन प्रेम बढ़ाए।।
श्याम स्वरूप सलोनी सूरति। उज्ज्वल क्षेम कहाए।।
आनन्द मंगल उठत बधावर। चन्दन चौक पुराए।।
सहज कै थाल सत्य कै बाती। नूतन आरति लै धाए।।
बरन ब्रछा लियो चरनोदक। आदर कै बैठाए।।
भाजी राजी सो प्रभु रीझो। सिर धरि आनि चढ़ाए।।
कृपा सिन्धु सन्तन के नायक। रुचि सों भोजन पाए।।
जै जै शब्द उठत तिहूँ पुर में। सुर नर नागन गाए।।
धन्य भाग प्रभु कृपा बिदुर को। 'जन गुलाल' बलिजाए।।

21:10

परमेश्वर सहाय करिया। 'गुलाल' कहैं परमेश्वर सर्ब सुख को अधार।
अविनाशी तारिया अविनाशी सुख अविनाशी सार।।
अविनाशी ज्ञान अपार। अविनाशी सर्व पूरा पाइया।।
अविनाशी रूप अन्यास। जाप जपिया।।
तब उतरौ भवसागर पार, 'गुलाल' अविनाशी रूप उतरब पार।।
आनन्द सुख पाइया।। आनन्द मुकित ध्यान।।
आनन्द मान, आनन्द समान। आनन्द पुर्ष साँच।।
आनन्द आइया, आनन्द गाइया। तब पाइया, पद निर्बान।।
आनन्द साहेब, आनन्द ध्यान। आनन्द सर्व प्रान।।
'गुलाल' भजई, आनन्द। आनन्द आनन्द रूप समान।।
सर्ब नाम जाप जापिया तो तारिया। सर्व भर्म नसाइया।।
हरी हरी हरी नाम पूरा। परमेश्वर जाप पूरन।।

आरती

आरति मनुआँ करहु मुरारी। दुख सुख मोहन आवै गारी।।
मन बैराग जौ असान जानै। पाँचों चोर बाँधि पर आनै।।

या घट भीतर मढ़िया सँवारी। एकै पुर्ष उहै नवनारी।।
उलटै पवन अरु पश्चिम धावै। परै नाद जोति घर छावै।।
थकित भयो जब मन कै माया। कहै 'गुलाल' तब आरति पाया।।





देत दान भक्ति बर डारी। अविरल आरति बकसु मुरारी।।
कहै गुलाल सतगुरु बलि हारी। संतन सँगे रहनि हमारी।।

राम राम राम राम आरती हमारी दुनिया सबै हैवान देव पूजै झारी।
सतगुरु जब कि दियो करार, श्रवनन सुनो धरो आचार।।
बाकी सुदुक है जीव हमार नेम व्रत चारी।।
योग युक्ति औ मन है हमार, तापर रहै पवन कै भार।
काया, थार में जोति धरिकै तृकुटी लेइब बारी।।
उनमुनि घन गरजि जोर, सुषमनि करि-करि झकोर।
बंकनाल चुभक मेरु दण्ड अलख पुर्ष भारी।।
शेष फनि मन आनन्द, प्रान चुभक करत कन्द।
जीती जोग रोग सोग करम भरम डारी।।
अति अथाह थाह नाहिं, परस भयो गुर की बाहिं।
नाहिं आदि अन्त मध्य एकही निहारी।।
कहै 'गुलाल' सुनो यार, आरती पूरन हमार।
राज करो दसो दिशा छत्र सिरे धारी।।

मन मानवै मन को जानु, आरति सोई ज्ञानी।
द्वादश में सुरति तानि उठत तत्त्व बानी।।
सूर साधि मूल बाँधि, उलटि चाल ठानी।
गली-गली ब्रह्म मिलो अलख पुर्ष जानी।।
वेद भेद सब खुआर, पथल जल मानी।
राम नाम हेतु नाहिं पशु समान ज्ञानी।।
आपु-आपु चीन्हत है नाहिं, फिरत है भुलानी।
कहै 'गुलाल' सत्य फ़कीर दुनिया है बौरानी।। 626।।

साख़ी

राम नाम की मसि करो, शुन्य कै काग़ज बनाय।
चित की कलम लिए लिखै, जन 'गुलाल' मन लाय।।

छन्द पंचपदी

मण्डल में निह मण्डल देखै, साहेब सत्गुरु गति आवै।
पाँच पचीस तीन धरि बाँधै, त्रिपुनी बैठ गगन धावै।।
बाजत अनहद घंट तहाँ ध्वनि, सुनत-सुनत मन घर आवै।
निरझरि झरि बर्खतत तहँ मोती, चुँगत-चुँगत हंसा पावै।।
'गुलाल' भजहिं मन मानिक मोती, देखि स्वरूप लगन लावै।। 629।।

मेरुदण्ड है करहु पयानो, पश्चिम दिश द्वारा पावै।
सोहं शब्द उठै तहँ अनभौ, जागै जोति गगन छावै।।
शशि नाहीं है सूर दिवस नहिं, रैन कुहुकि मन मिलि जावै।
आपु अपन आपु महँ देखै, अवरि कहीं नहिं चित जावै।।
'गुलाल' कहे सतुगुरु तहँ देख्यो स्वेत साई पावै।।

बैत

या गवार की आपसार। करता तूँ दौर दार।।
हरगिज है है नकार। इस मो मनो बेकार।।

साख़ी

इन्द्रादिक जौं राज होय, ब्रह्मा बिष्णु शिव भूप।
पाँच पचीस तिन ना छुटै, जौं न मिलै हरि रूप।।
रूप समानेउ सहज घर, छूटो जक्त को फेर।
पाप पुण्य सबई थको, पूर भयो तब सेर।।

रेखता

राम के काम में काम नाहीं करत नर।
फिरत संसार चहुँ ओर धाया।।
करत सन्ताप पाप सिर पर लिए।
साधु अरु संत नाहीं नेह लाया।।
बांधिहै काल जंजाल जम्ह जाल में।
रहत नाहीं सुधि सब चेत हेराया।।
कहै 'गुलाल' जो जो राम कहँ जानि है।
जीत के काल सोई ज्ञान पाया।।

गुरु के प्रताप जब साधु संगति करै, फूलो तब ब्रह्म सन्तोष आयो।
आपना जाप ते जाप अजपा जपै, चाँद और सूर्य को बाँधि नाया।।
सहज नारि बहै शब्द अनभौ गहै, सुरति सों निरति मिल नाम गाया।
नयन बिनु सूझिया पिण्ड बिनु जूझिया, जीत के काल अनहद बजाया।।
परी आन्दक चहुँ ओर दसो दिसा, गेब का ज्ञान अदल चलाया।
कहै 'गुलाल' वह साफ साहेब हुआ, अपना काज आपुहिं बनाया।।

अष्ट दल कमल में जीव का बास है, मन और पवन सुमृत बनाया।
हाड़ अरु माँस चाम अरु रोम मिल, रचो है देह मानुष बनाया।।
पाँच अरु तीन पचीस तामें भरो, गर्भ ते काढ़ि बाहर लाया।।
कियो करार कर्तार को जानिबो, भूलि गई बात सब सुधि हेराया।।
फैलि रहो हाट सब साथ माया लियो, कियो है याह जोरू लाया।।
भयो फ़रजन्द सब धन्ध आगे परो, भाई अरु बाप को संग लाया।।
कहै 'गुलाल' जड़ जानु नर राम को, सबै अरुझाय नहिं हाथ आया।।

श्याम सख्य अनूप बिराजत, देखत रूप लगो मन जाई।
शीतल भवन प्रेम रस भरि भरि, उदित उजल आमय रस पाई।।
योग भोग नहिं माया मोह नहिं, जाति-पाँति नहिं पुर्ष बड़ाई।
दास 'गुलाल' पगो प्रभु सों अब, अनतहिं जावै मोर बलाई।।

साख़ी

राम नाम जहँ राजा, सो पुर बरनी न जाय।
अणिमादिक सुख सम्प्रदा, रही अवधपुर छाय।।
ब्रह्म ज्ञानी नेम धरम नाही, एक ब्रह्म के आस।
कहै 'गुलाल' ब्रह्म बासी सोई, जाको ब्रह्म में बास।।

रेखता

ब्रह्म भरिपूर सत्गुरु की कृपा से, सहज भरि पूर मन जीत पाया।
उठत अनहद घनघोर दसो दिस, चाँद अरु सूर लै सन्धि मिलाया।।
उठत अनन्त गति प्रान तामें, स्वेत सम तूल छत्र छाया।
कहै 'गुलाल' हजूर साहेब मिलो, हुक्म चलैं रोज आदिल फिराया।।

अजर जरै पूर मन शूर तबहीं भयो, काम अरु क्रोध को धरि जलाया।
सीस का खेलना सुरति का मेलना, नूर सत्गुरु का मनि बरा पाया।।
योग अरु युक्ति सो साफ साहेबा मिलो, भयो आनन्द सब दुख बहाय।
कहै 'गुलाल' साहेब दाखिल कियो, रोज फरै मुक्ति सत्य लोक छाया।।

सहज सों ध्यान करि प्रेम सत रूप भरि।
निरखि तब चलो उनमुनि लगाया।।
नओ द्वारा झरै पवन बन्दे करै।
निकलु नाहिं सन्धि तम तीर धाया।।
मुलुक मवास सब साफ अमल कियो।
खास भयो सबै मन खूब आया।।
अमर आसान करै आम कलिमा धरै।
नाम दौलति भरै राम राया।।
रहत निरद्वन्द आनन्द पुर घटत नाहिं।
कबहुँ जात नहिं धन पुर पाया।।
कहै 'गुलाल' मौजें करो रोज।
जो जीव जो चलै सोई सबै पाया।।

अलह अक़बति करै सिफ़त हरदम धरै।
असल के रूह से खेल पाया।।
बैन साफ़ी करो साँच हृदय धरो।
अमल इमान सो सिफ़त गाया।।
राजा अकबति करै भिस्ती को क्या करै।
दून बे चून का छत्र छाया।।
मोती मुक्ता झरै नूर चश्मों धरै।।
हैफ़ के ख्याल सो खूब खाया।
कहै 'गुलाल' मिसाल साहेब मिलो।।
दौर को करै इश्क समाया।।

उनमुनि बन्द करि उलटि को सुरति धरि।
उठत तहँ गुञ्ज नींद मगन भाया।।
बिमल बानी गरै जोति अगम बरै।
ब्रह्म बिचार सत्य पुर आया।।
अजर आसन करै जीवत उलटि मरै।।
पाक होय दिल दीदार पाया।
सुबह अरु शाम इस काम स्थिर रहै।।
मन मौला माफिक है जो पाया।
कहै 'गुलाल' हर रोज आनन्द भरै।।
प्रान भयो सरस तिलोक पाया।

प्रेम प्रतीत करि शब्द सोहंग धरि।
सुखमन सेज सुन्दर बनाया।।

राग बिहाग

काया दह फूलेउ वृगसि कवल रघुनाथ।
एका एक अमल जौं पावै तब साचा सत्‌गुरु भावै।।

प्रेम पदारथ हिय में राखै सुमिरतही सुख पावै।
दुआ दोष जौ दुरमति छोड़े तृगुन ताप बहावै।।
सुरति निरति लेई आसन मारो सकल सन्तोष जौ आवै।
तीयाँ त्रिकुटी जौ मन राखै झिलमिलि जोति जगावै।।
उनमुनि लागै बन्द सहज धुनि चन्द्र मण्डल घर छावै।
चौथे पद पर पग जौ नावै अनभौ डंक बजावै।।
गगन मण्डल में बाजी मारो बंक नाल चढ़ि धावै।
पचमें पर्म तत्त्व जौ जानै शुन्य भवन मन लावै।।
पाँच पचीस तीन बसि करि के सेत छत्र सिर छावै।
छठयें छमा शील जौ उपजै सत्य सन्तोष बढ़ावै।।
नव दर छोड़ि दसो दिश धावै सहज समाधि सो पावै।
सतये सदा सरन मन राखै शब्द को भेष बनावै।।
कोटि चाँद निवछावर वारो मानिक जोति जगावै।
अठयें अगम जोति जौ बारै दर्स पर्स चित लावै।।
सोहं सुरति रहै निश बासर अन्तहिं कतहुँ नहिं जावै।
नवयें नाम निरंजन नवका कनहरि गोन चलावै।।
साचै कहै झूठ नहिं आवै भव सागर तरि जावै।
दसयें द्वार का ताली खोलो अविगति गतिहि समावै।।
सकल कामना पूरन मन कै मौजहि मौज मिलावै।
यकादस नाम जौ पूरन पावै अगम निगम नहिं भावै।।
कहै 'गुलाल' तब सतगुर चीन्है घरही में घर छावै।

राग बिलावल

कब तुहँ हीन भैलो राम, सुनियत भक्तन लुटिला धाम।
नाम देव कै गाय जियायो, दास कबीर डुबन नहिं पायो।।
प्रह्लाद अम्बरीष प्रतिज्ञा राखी, कहहु तो और बलाओं साखी।
गज को ग्राह छोड़ाए जहिया, पाण्डव जरत बनायेहु रहिया।।
जहँ-जहँ गाढ़ भक्तजन पाई, तहँ-तहँ प्रभुजी भयहु सहाई।
पइठ पताल संखासुर मारो, हृनाकुश कर ओद्र विदारो।।
बाराह रूप हृणाक्ष बिदारी, कहाँ न तुम कयल मुरारी।

21:15

राग अखेध

मन भजि लेहु साहेब मुरारी।
मूँदो नयन सहज लब लायो, थकित भयो नव नारी।
निशु बासर अगम गम गाजै तहाँ बैठे छवि अनुहारी।।
सुषमन सार अमिय रस भरि-भरि, संतुन चुँगत अँगारी।
कहै 'गुलाब' मेरी याही लगन है, घर आयो मन मारी।।

राग पंचम

तुम यहि बिधि सासुर जाहु हो, मय ममिता तन डारि कै।
सासुर सुरति तहाँ लेई राखहु, नैहर निकट न आव री।।
धीरज प्रेम टरत नहिं टारे, याही अचल सनेह री।
तिरबेनी तिर आसन मारो, छबि निर खेउ उतर जाय री।।
सासुर नैहर भई कुलवन्ती, चलो है निशान बजाय री।
सत्‌गुरु बूला अगमपुर बासी, जन 'गुलाल' बलिहार री।।

राग हिंडोला

उलटि पवन सुषमन सोधवा ना, बिनु डोरी चढ़ब अकास हो।
त्रिकुटी खम्भवा गड़ावल ना, झूलब गगन में जाई हो।।
झूलत-झूलत मनुआं रातल, सखि सब करहिं बधाव हो।
प्रेम नेम लेई बइठ बना हो, छूटल जग संसार हो।।
उदित उजल तहवाँ सोभित हो, सन्तन प्रान पियार हो।
दास 'गुलाल' सत्‌गुरु भेटल ना, सोइ कन्त हमार हो।।

राग मंगल

बिनु दीपक कर मानिक, सेन्दुर बँधल लिलार।
बेंदी झलक तहँ जगमग, दुलहित मुअल भतार।।

राग धनाश्री

जन्म है जात सिराई रे नर, जन्म है जात सिराई।
राम नाम हृदय नहिं आयो, निशु दिन फिरत बहाई।।
हित मित मातु पिता सुत नारी, इनके गर्भ भुलाई।
कालबली सिर ऊपर ठाढ़ो, करबों कबनि उपाई।।
या तन चोर पाँच प्रबल हैं, मनुआँ संग लगाई।
या बिध लूटै कोऊ नहिं छूटै, डाण्ड लेत गरुआई।।
साधु संगति कीन्हों नहिं कबहीं, ममिता में दिन जाई।
कहै 'गुलाल' अन्ध भयो प्रानी, रुचि सो नरक नहाई।।

राग मलार

मन में जागेव प्रेम मुरारी।
अर्ध उर्ध में बैसल पण्डित, सुषमन दै दै तारी।।
चाँद सूर मगु थकित भयो है, ब्रह्म अग्नि पर जारी।
उलटि निरन्तर निरखि बिचारो, स्वेत सहज उँजियारी।।
उमगि-उमगि मुक्ता झरि लायो, गगन गरज धुनि भारी।
पाँच पचीस सखी गन गावहिं, अपनी-अपनी पारी।।
तन मन धन नेवछावरि वारो, प्रभु दर्शन बलिहारी।
जन 'गुलाल' अनुभव पद पायो, कन्त मिलो बनवारी।।

आए प्रभु मंगल समय हमारी।
उमगि-उमगि घन-बरखन लागे, रुचि से सेज सँवारी।।
पाँच सखी मिलि मंगल गावहिं, उठत गुंज नभ भारी।।
लवकत बिजुली चमकि चहूँ लिए। लागेउ चरन मुरारी।।
चाँद सूर निस बासर नाहीं, सुषमन जोति पसारी।
बिकसेउ कमल अमिय रस धारा, भरि-भरि लेत करारी।।
गगन मण्डल में मगन भयो मन, सतुगुरु की बलिहारी।
जन 'गुलाल' पायो है परम पद, यारी कियो बनवारी।।

चौपाई

तुम्बा तीन भाँति बनायो। चौथ नीर मारिया लगायो।।
सुषमन शीतल पियत नीर। निकलि दसो दिश आनन्द फीर।।

कुबरी कर्म काट लै आई। ज्ञान खरादे रचो बनाई।।
सत्गुरु के घर बैठक दीन्हा। मनुआँ तहाँ रहत लव लीन्हा।।

तिलक तत्त्व कर दियो लिलार। अगम भेद बनो टकसार[illegible]
एकादश तिलक दियो धीर। कहै 'गुलाल' अलमस्त फ़कीर[illegible]

असन बटी सन ताली लावै। द्वादस पैठ गगन घर धा[illegible]
गगन जोति में रहै समाई। कहै 'गुलाल' आवै नहिं जाई।।

कंठी काठ कर्म जौ डारै। अजपा जपै जोति तब बारै।।
सुमिरन जोति वैश्नव होई। कहै 'गुलाल' अतीय है सोई।।

कोपिन माल बाँधो जब द्वार। उलटै पवन उठै झनकार।।
अष्ट कमल फूलै जब-जब फूल। जन 'गुलाल' हिंडोला झूल।।

मुरछल मन फेरै मन लाई। अगम जोति दसो दिश छाई।।
सत्य शब्द लै मुरछल बाँधै। कहै 'गुलाल' फिरत सब धाधै।।

पउआ प्रेम पगन जौ नावै। उनमुनि लाई गगन चढ़ि धावै।।
रिमझिमि बर्षत मानिक मोती। कहै 'गुलाल' पउआ चढ़ु सेती।।

कमर बस्ता होय अगम गति जोवै। उलटि सुषमना गतिहिं बिलोवै।।
अजर फाँड़ बाँधो तत सार। कहै 'गुलाल' यह रहनि हमार।।

मूढ़ह रे निरफल दिन जाई, मानुष जन्म बहुरि नहिं पाई।
कोई काशी कोई प्रयाग नहाई, पाँच चोर घर लुटहिं बनाई।।
कै स्नान राखहिं सब आसा, फिर फिर नरक कुण्ड में बासा।
खोजहु आप चित्त कै ज्ञान, सतगुरु सत्य शब्द परवान।।
समय गए पीछे पछताव, कहैं 'गुलाल' जात है दाव।।

श्लोक

अगम ज्ञानी ब्रह्म मूरति, कर्म सबई बेवरि जितं।
बिमल बानी रुचिर सोभा सोहंग, सत्य दिगाम्बरं।।
भभूति भूषन जोति लपटेउ, पदुम आसन राजितं।
उनमुनि में लागु ताली, पर्म सोई सन्यासियं।।
जटा जूटि न जोति जगमग, गंग यमुन नेवामनं।
गगन गुफा में रहनि उनमुनि, यह संन्यासी लच्छनं।।
चाँद बाँधो सूर बाँधो, बृकसि कवल सोहं चढ़ं।
त्रिकुटि आसन शुन्य डासन, 'गुलाल' सोई अवधूतनं।।

बैराग ब्रह्म को भेद जानै, सहज शुन्य नेवासनं।
तहाँ ज्ञान ध्यान न नेम पूजा, सो बैरागी साहिबं।।
सत्य कंठी जाप मुद्रा, सेल्हि प्रेम हिये गलं।
तत्त्व ताखी तिलक सिर दिए, जोति झिलमिल नित बरं।।
ज्ञान गुदरी मउज मन में, बीसर्जनं अविगति रतं।
नयन भरि-भरि अधर बर्खत, कोटि चन्द्र सुधा झरं।।
बैराग रूप अकार अद्भुत, प्रेम पद पर चित धरं।
'गुलाल' ऐसो गुरकरो नर पाप पुण्य सबै तरं।।

सत्य हिंडोलवा सतगुरु नावल ना, झूलब हम मन लाय।
पाँच पचीस सोहागिन, झूलहिं गगन में जाय।।
झुलत-झुलत सुख मन भेंटल, चहुँदिश उठे झनकार।
गंग यमुन तट मठ छावल, तहाँ प्रान लोभान हमार।।
स्वेत सोहावन निर्मल देखल, हरखि-हरखि गुन गावल ना।
सहज स्वरूप प्रभु पावल, जन 'गुलाल' झूलें हिंडोलवाना।।

अहो झूलहिं अनहद तूर बजाई।
बिनु जल कवल बृगसेउ हो, भँवर फिरहिं मन लाई।।
चकवा शब्द सुनि व्याकुल, पिया बिनु सहो न जाई।
रवि शशि खम्भवा गड़ायेउ हो, सुरति की डोरी लगाई।।
झूलहिं सोहागिन हो, हंसा गवन मिलो जाई।
सोहं शब्द सोहावन हो, उठत आनन्द बधाव।।
बिरहिन मनहिं आनन्द भयो छूटो जक्त के चाव।
प्रेम मगन मन मानेउ हो पुलकि-पुलकि गुन गाव।।

शुन्य भवन में समाइब आनँद उदित प्रकाश।
बिनु बाजे धुनि बाजई गाजै गगन में जाय।।
तीनों गुन तहँ गाबहिं जै जै करहिं मुरारि।
प्रेम हिंडोललवा रतन बनाई झूलहिं आतम नारि।।
झूलि झूलि तन त्यागल पलटि रहो प्रभु जाय।
यम कै देस हम छोड़ल जन 'गुलाल' सति गाय।।

हिंडोला करो आनन्द मंगलचार।
प्रथम सुकृत नाम को धरिकै प्रेम पदहिं हिय लाय।
सतुगुरु शब्द जे पुरिहै दिन्हों शोकहिं सबई नसाय।।
पाँच पचीस तीन को त्यागो चौथे पद पर जाय।
तहँ उठै लहरि अनन्त बीना को सखिया देत झुलाय।।
चाँद सूर्य जो खम्हा रोपो सुरति की डोरी लगाय।
मूल चक्र बिचार के बाँधो सूनी नग्र समाय।।
प्रेम पेटारी में जा बैठ कै झूलहु गगन में जाय।
हारि-हारि मन हारि के बैठो और कहीं नहिं जाय।।
तहाँ न ज्ञान न ध्यान पूजा अगम घरे पर जाय।।
तहाँ उठति है गति को प्रेम भरि लपटि चहूँ दिश धाय।
काम क्रोध जौं मोह को त्यागो जीव रहो है समाय।।

सन्त सभा में जाय के बैठो बहुरि न इतही आय।
दसहु दिशा में फूल है फूलो जोति जगमग पाय।।

झूलहिं आनन्द जोति जगाय।
सावन सहज सोहावन मुक्ता झरि तहँ लाय।
बिनु जल कवल तहँ बिकसेउ भँवर आनन्दित भाय।।
भोरहि चन्दा उगवै रैनि उगावै सूर।
मूल में सुरति समावई उड़ि बसै घर पूर।।
त्रिकुटी तट हम झूलब शुन्य शहर झकझोर।
मनि मानिक तहँ बरई झूलब चरन कमल कर जोर।।
आदि अन्त अरु मध्य नहीं निशु बासर नहिं होय।
जन 'गुलाल' गुन गावहिं दीहल डंक जग रोय।।

नइहर गर्भ गुमानी फरली कर्म की डार।
ससुर संगति नहिं चललिउँ करबों कौनि बिचार।।
सासु ननद कर झगरा सवति हमरी अपार।
सैइयाँ बड़ जे कुबजा, हम धन अल्प सुकुमार।।
गाँव कै लोगवा निरेखै छिन-छिन देहँ हमार।
पार परोसिन जरहीं निशु दिन करत कुफ़ार।।
घर कर मर्म न जान्यों महा कठिन दुख भार।
अँचरा पसारि धन बिनवहिं कबधो मुइहैं भतार।।
भोर भयल मन मानेउ छूटेउ जग संसार।
जन 'गुलाल' गुन गावहिं मिलिहैं कन्त हमार।।

गावहु गुन अब निगुन उलटि गहहु असथूल।
गुरु कै बचन हिय राखहु प्रेम नेम लेइ झूल।।
मूल चक गहि बाँधहु चाँद सूर समतूल।

बिनु पग तहवाँ पँवढ़इ अष्ट कमल दल फूल।।
त्रिकुटी खम्हवा गड़ावहु सुषमन बाजै तूर।
गंग यमुन तिर बैठहु मानिक झरत है नूर।।
चलहु शिखर गुरु ज्ञानी हँगल पिंगल भरपूर।
सोहंग डोरी लगायो चढ़यो गगन भ्यो शूर।।
अनभव पद पर भावे है गयो प्राश्चित दूर।
जनर 'गुलाल' ऐसें झूलहिं संतत रहहि हजूर।।

राग कान्हरा

बन्सी तू बौरी कइली मोरि देह।
तन मन गृह बन कल ना परतु है, छूटलि जगकर नेह।।
बिनु बाजे धुनि लगई रहतु है, हरिदम हरि-हरि येह।
ख्याल बनेउ बेहाल भयो है, रट पटि पचि पति लेह।।
पिया सँग रँग रस माती, सखिन गहो पट लेह।
कहै 'गुलाल' हम भयो है नायका, उड़लि पाप कै खेह।।

लागो री मन मेरो प्रभु पद रेन अधार, भरि-भरि लेत करार।
छिन छिन पल पल रटत रहतु है, खुलो है कर्म हमार।।
ख्याल बनो सतुगुरु हम पायो, कैसहुँ नाहीं टार।
भक्ति दान माँगों प्रभु दीजै, जन 'गुलाल' मिलो यार।।

साखी

जोति स्वरूपी चरण है, तहाँ है मन को ठाम।
नहीं चरण नहिं जोति है, नाहिन मन बिश्राम।।
बिश्राम भयो जब मौज में, छूटि सकल की आस।
कहै 'गुलाल' सतगुरु मिलो, सो जन पायो बास।।

राग कान्हरा

प्रभु हम पूरन पायो धना, अभै अमर पुर पायो मना।
शील सन्तोष कयाघर भीतर, सन्तन सँग चित अना।।
कै करार तन मन धन दीन्हों, धुनि सूनत अब भयो है दिवाना।
अजपा जाप जपत बिनु जिभ्यो, गावत अनहद ताना।।
सुर नर मुनि जाको खोजत धावहि, सो प्रभु आइके सहजे बना।
अधर कटोरी पियत सिद्ध कोई, अष्टयाम मस्ताना।।
दसहु दिशा में जोति जगामग, कहँ लगि करौं बयाना।
जन 'गुलाल' चर्मन लपटानो; यम जीत्यो लग्यो ध्याना।।

सोहं सुरति रहै निशु बासर टरत नहीं कितहूँ टारी।
छकि-छकि मनुआँ पियत अमिय रस, सन्तत चुअत करोरी।।
धनि सत्गुरु जिन्ह युक्ति बतावल, तिन्ह की मैं बलिहारी।
सन्त सभा में बैठक पायो, कहै 'गुलाल' भिखारी।।

बसन्त

काया पुर खेलहु रितु बसन्त, उन्मत यौबन फिर काल अन्त।
उर्ध अर्ध बिच उठत फाग, सुषमन के घर अनहद बाज।।
उठत तरंग आनन्द धमारि; उमगि-उमगि गुन गावहिं नारि।
अष्ट कमल जब फूलेउ फूल, आदि अन्त भरि मिलेउ मूल।।

आदि आनन्द अमर स्थान, मन राजा तहूँ परस ज्ञान।
ज्ञान भयो जब दसा द्वार, मिलो जोति तब कन्त हमार।।
कहै 'गुलाल' तब मिलो इयार, अनतहि ज्ञान फिरत मंजार।।

राग बिलावल

तन में राम और कत जाई। घर बैल भेंटो रघुराई।।
जोगी यती बहु भेष बनावै। आपन मनुआँ नहिं समुझावै।।
पूजहिं पत्थर जल को थान। जोखत धूरि कहत हैं पिसान।।
आशा तृष्णा नहिं करै थीर। दोबिधा मातल फिरत सरीर।।
लोक पुजावहि घर-घर धाई। दोजख कारम भिश्त गवाह।।
सुर नर नाग मानुषं औतार। बिनु हरि भजन न पावहिं पार।।
कारन धई-धई रहत भुलाय। ताते फिरि फिरि नर्क समाय।।
अबकी बार जौ जानहु भाय। अवधि बिते कछु हाथ न आय।।
सदा सुखित निज जानहु राम। कहै 'गुलाल' न तो यम पुर धाम।।

राग बसन्त

खेलत बसन्त मन मगन मोर, उमगि-उमगि चित प्रभु की ओर।
आतम फूलो भयो भोर, रितु बसन्त मिलो मनुआँ मोर।।
तिहूँ पूर मध्ये भयो शोर, दसो दिशा हरि-हरि हिलोर।
बिमल-बिमल गावै सुर सुराग, उठत ध्यानिन गुप्ति अनुराग।।
आनन्द मंगल बोलत मोर, निरखि-निरखि छबि नयन कोर।
धन्य भाग जाको मिलो बसन्त, अपने-अपने खेलत कन्त।।
कहै 'गुलाल' भयो कर्म मोर, प्रान पिया सँग मिलल जोर।।

सुनत बसन्त चित चकृत जाग, खेलत बसन्त फिरि लागु फाग।
रुनझुन रुनझुन करत कोड़, झिलिमिलि-झिलिझिलि चलत गोड़।।

अति आनन्द तहँ उठै अघोर, मन मुरीद तब भयल मोर।
लोक लाज और चारि गारि, सुनत बसन्त सब गयो हमारि।।
नाहिं ताहि जन्म मरन कुल कानी, धनि सतुगुरु खेलहिं।।
घरहीं लागो रितु बसन्त, धन्य भाग सँग खेलै कन्त।।
कहै 'गुलाल' सतुगुरु बसन्त, सोई सूर कोई खेलत कन्त।।

साखी

सकल स्वरूपी पवन को, तीनों लोक भरि अण्ड।
कवन पवन के चलते, गर्जत है ब्रह्माण्ड।।
सुषमन द्वारे आसन मारो, मूल पवन चलै मेरु दण्ड।
निरति सुरति सों ताड़ी लाओ, गरजै पश्चिम तब ब्रह्माण्ड।।
राम-राम मन से कहै, दूजो भाव न होय।
सतुगुरु साँचा जेहि मिलै, इह गति पावै सोय।।

राग मनोरा

राम नाम गुन गावल गुन गावल हो, भावल जहँ नाम।
अति अद्भुत तहँ देखल तहँ देखल हो, भोर वहाँ नहिं शाम।।
चरन कमल चित रातल चित रातल हो, सुफल भयल मनो काम।
सन्त सभा में तहँ बैठक तहँ बैठक हो, निशु दिन आठो याम।।
कहै 'गुलाल' मनोरवा मनोरवा हो, उठत रामै राम।। 773।।

राग बिलावल

जेकरे मन प्रभु चर्नन लागे, तिन्ह प्रभु लागि सबै रस त्यागे।
हिरणाकुश सुत ताड़ै गारी, राम छोड़ि नहिं टेक बिसारी।।
प्रहूलादहि के राम पियारे, भजहिं राम शिवजी भी न हारे।
बलि के गृह बावन होय आए, तब शुक बलिहिं कही समुझाए।।
तब बलि कहँ गुरु तुम नहिं जानी, चरन परसि रज सारंग पानी।
रामचन्द्रहिं पिता बन दीना, नग्र अयोध्या सबै मलीना।।
भरत शत्रुहुन सुनल न जारी, ऐसन राज जरो महतारी।
जब सीताहिं रावन हरि लीन्हा, तब रघुनाथ शोच बहु कीन्हा।।
राम प्रताप सदा सुखदाई, रावन छोड़ि बिभीषण आई।।

राग बिलावल

आज मोरे घर साहेब आए।
कोटि चन्द निवछावर वारों, मन्शा मालिन चँवर डोलाए।।
प्रेम के पीढ़ा बैठक दीन्हों, चरण पखारि कै शीश चढ़ाए।
परदक्षिण करि भाँवरि लीन्हों, रीझि-रीझि के मंगल गाए।
सुरति निरति मिलि करत रसोई, नाना भाँति के व्यंजन बनाए।
अमित भाँति लेइ पर्सन लागे, रुचि भोज प्रभुहिं पवाए।।
मन क्रम बचन भये मन पूरण, ज्ञान रतन लै आगे चढ़ाए।
दास 'गुलाल' रामजी को सेवक, कृपा कियो प्रभु अंकम लाए।।

राग उधवा

चाँद सूर दोऊ सम करि हो, बाजत जहँ तूर।
निरझर झरै तहँ अनुभव हो, वहाँ सत्य हजूर।।

अर्ध उर्ध कै बटिया हो, त्रिकुटी के ठाँव।
बाजन बाजु गहागह हो, उठत तहँ नाव।।
गंग यमुन तहाँ साजल हो, तहँ उलटि नहाव।
निरझरि झरै तहँ मोती हो, जाय गगन समाव।।
सोहंग सहज झुलावल हो, उठत है नूर।
शिव शक्तिहिं गहि बाँधल हो, तब भौ सूर।।
अष्ट कमल बिकसेउ हो, आनन्द बधाव।
फूल फुलल तहाँ अविगति हो, भौंरा लोभाव।।
अबकै गयल नहिं आवन हो, रहो अगम समाय।
तब हंसा भयल परम हंसा हो, सब कर्म नसाय।।
सन्त सभा महँ बैठक हो, सतगुरु कर गाँव।
कहै 'गुलाल' प्रभु उधवा हो, अब मेटल नाँव।।

राग सोरठ

अनभवे उठत सांई।
निरक्षरि झरत उठत निशु वासर, संतन मन लपटाई।।
यह संसार कायर कुटिल है, मोह मया लपटाई।
अपनी-अपनी सुधि नहिं आवै, हरिदम गंदा खाई।
एक नाम सों प्रीत न राखत, बहुत धर्म मन लाई।
केवल कर्म तयागी न भोंदू, लोक पसारे धाई।।
मन क्रम बचन तिनोहुँ रस धावत, पलक नहीं ठहराईं।
हर घड़ी पाप बटोरत, भोंदू, मुर्दा गंदा खाई।।
संत साधु बोलत है बानी, ताहि नहीं चित लाई।
कहै 'गुलाल' राम रस मूढ़ो, लेत नहीं पछताई।।

राग सारंग

आजु घर आनंन्द़ उठत भारी।
बिनु बाजे नौबति धुनि होवै, अजर जरै बिनु बारी।।
पाँच पचीस कै झगर मिटायो, तीनि तुफानी मारी।
अर्ध उर्ध मधि नूर झरत है, चुअत है नाम अंगारी।।
सुषमन सेज सुन्दर बर साहेब, परम तत्त्व रस भारी।
पुलकि-पुलकि कै आनन्द कीन्हों, थकित भयो नव नारी।।
अब के गवन बहुरि नहिं आवन, सन्त सभा महँ डारी।
कहै 'गुलाल' साहेब सों मेला, दिन-दिन आनन्द वारी।।

साखी

हिन्दू तुरुक सबई है भूलो, अपनी लाज।
कहै 'गुलाल' दुई नहिं छूटै, कैसे होवै काज।।

पाँच चोर पचीस पाय, यक एकड़ि जेल भराइया।
रहो निश्चल बानी बोलतहिं, औ योग युक्ति लगाइया।।
परी पूरण निरखि दुहुँ दिश, अनन्द मंगल गाइया।
प्रेम पावक दाप करि कै, आपु रूह जगाइया।।
भोर साम न होत कबहीं, प्रीति फल रस आइया।
हद छोड़ि बेहद बैठो, कबहिं इत नहिं आइया।।
जोग भोग से मानु ता दिन, ज्ञान फल तब पाइया।
अचल अविगति नेह मिलिया, सबै सुख घर आइया।।
कहै 'गुलाल' अतीथ पूरन, नाम डंक बजाइया।।

आनन्द मूरति ज्ञान भरिलो, नाम नेह लगाइया।
चेत चितवत आपु निर्खत, जोति रूप समाइया।।
अर्ध उर्ध के मध्य सुषमन, सहज सुरति लगाइया।
बृगसि कमल चढ़ो है गगनहिं, नाम लज्जत आयिया।।
तीन देव को बाँधि बैठो, मूल मन्त्र जौं पायिया।

राग बसन्त

ऐसे मन रहु चरन पास। चित चकोर जैसे चन्द [illegible]
गुरु मरजादा कहि न जाय। कोटि जतन जौं रचो [illegible]
जिन जानो गुरु चरन रेनु। गुरु कै बचन जैसे [illegible]
अष्टयाम जाको बरत जोति। बिमल-बिमल धुनि उदि[illegible]
गगन मण्डल में बाजत तूर। धनि सतुगुरु वहाँ [illegible]
बानी आनन्द वहाँ उठत बसन्त। गुरु को शब्द लेई खेल[illegible]
कहै 'गुलाल' मोरी पूजल आस। सतुगुरु बूलहिं [illegible]

छप्पै

तिय आखर यक नाम, बेद चहुँ ताहि बखानी।
निसि धर पति सो होय, सकल सुर ताको मानी।।
प्रथम हीन जौ करिए, ताहि बिनु जिए न कोई।
अन्त हीन जौ करिए, मुक्ति मरि सब की होई।।
प्रथत हीन करि उलटि पढ़ि, शिव भालहिं शोभा करन।
गुन गुंनहु पण्डितहु गुनि, जन अर्थ कहो कोई बरन।।
रबि ससि पवन मेलि, शुन्य घर नाम जो जानै।
हरि गुन तबहीं होय, ताहि त्रैलोकहुँ मानै।।
अन्त एक जो रहै, सहज गति पाँव समोई।
सर उलटि जो उदय करि, सीव शक्ति मिल यक करन।।
जानहु सन्त यह ज्ञान रस काहे के भटका फिर परन।।

तीनिहुँ जन त्रिबेनि आनु मन पवनहुँ साथी।
गगन मण्डल में खेल बनाय के चढ़ मन हाथी।।
घन गरजत बर्खत मुक्ता मनि चमकत जोती।
सहजहिं सुरति लगाव पाव तब हंसा मोती।।
नीरंजन बानी उठत हरिदम तूरा बाजई।
मूल बाँधि स्थूल लखु पद पूरा तब पावई।। 24

बिकसि अष्ट दल कमल डोरि रहो सोहं लाई।
भँवरा उड़ो अकास गुंज रहो चहुँ दिश छाई।।
चित चंचल तब थको छुटो सब जग को फेरा।
पाप पुण्य तब थको पूर्ण भयो तबहीं शेरा।।
स्थिर लव अरु गुरु बचन जेहिं लागै सम तूल है।
गगन मण्डल में सो समय स्पष्ट चक्र स्थूल कै।। 25

हे हरि हर तुम सो कहूँ, बिन्ती सुनिए मोर।
मोर तोर अन्तर नहीं, धागा डालो तोर।।
कहै 'गुलाल' प्रभु सत बचन, जाननिहार न कोय।
आपु मिटावै मन धरै, पाँचों मारै सोय।। 26

छप्पै

चाहत मम रस भरेउ परेउ पर प्रेम गगन लस।
तहाँ उठति है लहरि रूप हम देखु नयन अस।।
बिना मूल मठ उठेउ निशान ऊपर तहँ पेखेउ।
बिनु दह फूल्यो कमल ताल नन्द नदी न देखेउ।।
तहँ दह गृह नहिं मन तन सौतुंक देखियत सर्ब जस।
जानहिं सन्त अरु पण्डितहुँ ज्ञान बिरह यह योग अस।। 27

चाहत हरिजन मुदित गिरो जाको जैसो जस।
मन क्रम बचन प्रमान चहत प्रभु के चर्नन रस।।
पाँच तीनि धरो चोर त्यागि सोई जन शूरा।
रहत अचल सब ठौर पाक धर्नीधर पूरा।।
बलि-बलि बर्नत हौं तेही जेहिं सों लोक सबई भयो।
कृपा सिन्धु रघुबंसमणि दुखित देखि आपन कियो।। 28



थकित उधारन पार करन जुग जुग्य अचल फर।।
जेहि कारन तन मन दियो जीत धरो है पाँच।
सोई सुकृती सूर है कहै 'गुलाल' सोई साँच।। 29

इंगल पिंगल जबै होय यक तारी लागै मनि बरै।
सत्य रूप सरूप समावै मानिक मुक्ता सो झरै।।
परमातमा है पूरन स्वामी सरनागति सबई फरै।
बेद भेद यह नाहीं जानै नर अधीन कैसे धरै।।
यह मति आपु बिचार जानि कै कह 'गुलाल' साँची करन।
चन्द सूर पानी पवन गंग यमुन रबि ससि धर।। 30

पाप पुन्य अरु दया धरम सबई तरि जावै।
तन मन सों करै प्रीति अडोल अभय पद पावै।।
शील क्षमा रहै हृदय छुटै नहिं कबहिं सन्तोषा।
भक्ति भाव अरु सरस बनि धारै परतोषा।।
हरि प्रसाद सन्तन गहनि प्रेम प्रीति हृदये धरै।
राम ढरनि जापर अहै सतूगुर कृपा साँची फरै।। 31

येतना कहि-कहि पचि रहो, सठ नहिं मानत बैन।
कहै 'गुलाल' सठ प्रानी, अन्ध भयो सब नयन।।

चौपाई

ब्रह्म बिचार मिलत अब भारी। पान आपन थकित नव नारी।।
सतुगुरु कृपा जबहिं सत्य होई। आपु बिचारहु कारन सोई।।
पूरब मन्त्र देवस परवाना। सतुगुरु बचन चलावहु बाना।।
द्वादस मूल में जबहीं जाई। पान अपान तबहिं सुधि पाई।।
उलटै नालहिं ब्रह्म दुआरा। अष्ट कमल बिकसै बहु तारा।।
गर्जै गगन अरु बर्षै मोती। जोति जगामग निर्मल होती।।
लै लाओ जैसे कछु भाऊ। अपने साहेब को बिलगाऊ।।
यह गति जे जन जानु अपारा। सो सतुगुरु मिलि सबहिं बिसारा।।
सुधि बिसरै मन रहै समाई। पूरन घर महँ आपु बनाई।।
अनन्त कला जब बरै लिलारा। पूरन ब्रह्म सत्य टकसारा।।
रोग सोग नहिं नेम न पूजा। एकै साहेब और न दूजा।।
जब जानेउ मन आपु बिचारा। तब को पावै अन्त हमारा।।
अगम अगोचर बनि रहु स्वामी। सब जीवन के अन्तरयामी।।
बोल न डोल न अवै न जाई। ब्रह्म बिचारै सहज समाई।।
आनन्द मंगल बोलत बानी। एक राम भजि भर्म नसानी।।
रमिता राम न जानु पसारा। सबई भयो जब आपु बिचारा।।
को जानै ता गती अपारा। शिव ब्रह्म आदि न पावहिं पारा।।

साख़ी

दुनियां देखत आपु नहिं, बहुत कथत है ज्ञान।
कहै 'गुलाल' भटकत अहहिं, यम सिर बाट मसान।।

योग करम है भाव अनूपा। जेहि जाने जिव उबरू सरूपा।।
उलटै पवन गगन स्थाना। सुरति निरति लै जोति समाना।।
ससि अरु सूर महँ रहु चितलाई। उठई बिहंगम फल तब खाई।।
मती बिहंगम सार अनूपा। कोउ जन जानत गुरु की किरपा।।
सिद्धन के मति इहई जाना। दुनिया के मति कोटिक नाना।।
अब अष्टांग कहतु है जानी। बूझै कोऊ सत्‌गुरु ज्ञानी।।
गरजि-गरजि बाजत धुनि बानी। इन्हहीं सुनि जनि भूलहु ज्ञानी।।
चाँद सूर उलटि कै लेई। फेरि बिचारहु मनहिं समोई।।
पैइठै पवन मूल के द्वारा। उलटै कमल त्रिकुटि झनकारा।।
सुरति सम्हारि चढ़हु पुनि गगना। जोई बिचारत आवा गवना।।
आनन्द प्रभा ताहि महँ होई। निरखि बिचारहु ज्ञानी सोई।।
कहँलगु शोभा बर्नि न जाई। योग युक्ति से रहहु समाई।।
लोभ भरो तब चारिउ खानी। ओवा गवन रहित तब जानी।।
आठौ अँग वहाँ मनिरस भोगी। प्रेम समानेउ तेउ-तेउ जोगी।।
आनन्द मंगल बानी बोलै। एक शब्द कबहूँ नहिं डोलैं।।
सुरति समाने ब्रह्म बिचारा। लोक बेद सबई ते न्यारा।।
योग यज्ञ वहाँ बरन न जाती। सहज सरूपी और न पाती।।
निरखि निरंज, गतिहि बिचारी। अपनेह बन्ता करता तारी।।
तिरगुन गुन कर भा सब नासा। जोति जोग भोग भौ नासा।।
सत्य सरोवर शब्द कै खानी। अगम अगोचर मुनि तब ज्ञानी।।

साखी

छत्रि क्षमा छत्रसिर, काल न तानै सोय।
कहै 'गुलाल' सोई क्षत्री है, हानि कबहुँ नहि होय।।

चौपाई

ब्राह्मन सोई जो ब्रह्म समाई। अजर जरै धुनि नाद बजाई।।
सहज सुषमना तारी लावै। पाँच तीन धरि पकरि जलावै।।
तिर बिधि ताप दहन नहिं होई। रोग सोग सब डारैं धोई।।
योग युक्ति सों तारी लावै। नव दर मून्दि गगन चढ़ि धावै।।
गर्जै गगनहुँ नाना बानी। सुनत सुनत मन सहज समानी।।
अति आनन्द उठत तहँ बानी। महा महा सिद्धिन के खानी।।
रूप रेख उहाँ अवे न जाई। हरिदम बोलत गगन समाई।।
रोग सोग उहाँ किछहू नाहीं। सदाँ अखंड नहिं अयेहिन जाहीं।।
रबि शशि दूनों एक समाई। आपा चीन्हत भर्म मिटाई।।
अति अनन्द तहँ बर्नि न जाई। सुरति समावे नाम समाई।।
उन मुनि लावे शब्द समावै। बिकसे कमल अचल धर छावै।।
अनहद जोति उठत जहं बानी। तहवाँ सुरति और नहिं जानी।।
ब्रह्म बिचार कोई नर जाने। सबै बिसारे और न माने।।
नहिं तहाँ नेम ब्रत अरु पूजा। नहिं तहाँ और भर्म मन दूजा।।
जे जन जानै आपु शरीरा। ताकी गति कोउ जानु फकीरा।।
गुप्त प्रगट होय सबै बखानै। साहेब चीन्है और न जानै।।
नेम धर्म औ करै न साँसा। आपु बनावै तब है पासा।।

साख़ी

ब्राह्मण सोई जानिए, जो एक ब्रह्म सो खेल।।
कहै 'गुलाल' ओई ब्राह्मण, और न जानेउ मेल।।

चौपाई

बयस सोई जो बोलत चीन्है। रहै निशंक रामगति लीन्है।।
योग युक्ति बैठै ले तारी। अपनेहि मनुआँ अपने मारी।।
रबि शशि दूनो सबै चलाई। उलटि गगन चढ़ि तान बजाई।।
सोहं शब्द बजावै सोई। अवै न जाय बैस तब होई।।
ब्रह्म बिचार करत निरवारा। सोई बयस उतरु भवपारा।।
प्रेम प्रीति चरनन तब लावै। निराधार करि शुन्य बसावै।।
जाति सरूपी रूप बनावै। निरमल ज्ञान निरंतर लावै।।
शक्तिहि जब गाँठी जोरावै। सोई बैस परम पद पावै।।
सहज देश बसावै सोई। अवे न जाए बैस भा सोई।।
गंग यमुन में राह बनावे। यक अधार होय सिन्धु मिलावे।।
नहिं तहाँ जाति-पाँति कै आसा। परब्रह्म में कीन्हों बासा।।
घटे न बढ़े मरे नहिं जीवे। हरिदम नाम अमिय रस पीवे।।
पर्म तत्त्व से नेह लगावे। रहै निशंक बैयस सोई भावे।।
इंगला पिंगला सुषमन जागे। गरजे गगन जोति तब छाजे।।
शब्द सरूपी देह बिराजे। हरिदम नाद सत्य धुनि बाजे।।
ममिता सबही समानेउ जाई। निर्मल ज्ञान परम पद पाई।।
यम जीते मन मौज चलावे। सुरति निरति लै घन्ट बजावे।।
प्रेम पदारथ दिन-दिन होई। सदा निशंक कबहुँ नहिं रोई।।
धोख न परै देह नहिं धरई। औवल बैस कबहुँ नहिं मरई।।
सब बिसरावे अपने होई। निरंकार निरंजन सोई।।
जब ऐसी गति साँची धरई। सोई बयस नाम ते तरई।।

साखी

मोलना मजहम होय के, रहै साहेब सों पाक।
कहे 'गुलाल' सोई मोलना, औरी फिरत निफ़ाक।।

चौपाई

सो सन्यासि जो भर्म मिटावै। नौ दर मूँदि गगन चढ़ि धावे।।
सत्य कै भेष बनावै सोई। ताको आवागमन न होई।।
चाँद सूर के रहमति करई। दाम दिरिम टूट न परई।।
लाभ बिभूत लगावै सोई। सदा अखंडित कबहिं न रोई।।
प्रीत कै जटा बढ़ावहु भारी। अगम भेष काहु नहिं टारी।।
मुद्रा डालि कै रूह जगावै। सो संन्यासी अनभुत गावै।।
पुलकि पितम्बर राखहु जानी। कबहुँ न होवै जीत कै हानी।।
भेष संन्यासी धर्म चलावै। उनमुनि लावे जोति जगावै।
बंक नाल रस पीवे सोई। सुरति मिलैं संन्यासी होई
पान अपान करहु यक संगा। गगन मँड़ल होय नाद तरंगा
सुन्य पगे मन निर्मल होई। अवै न जाय संन्यासी सोई।
ज्ञान उदित जब आनन्द भयऊ। सोई संन्यासी परायन गयऊ।
युक्ति योग कै जानै सोई। नाम निरंजन नाम समोई।।
रीझि-रीझि के लावे ध्याना। सहज के बारी नाम बखाना।।
कबहीं अवय न जा़वै सोई। सो संन्यासी ज्ञानी होई।।

बाजत अनहद हरिदम बानी। महा-महा सिद्धिन कय खानी।।
सबै बिसारे एक समाई। सो संन्यासी सत्य पद पाई।।
सो संन्यासी सत्य पद पाई। पूरन भयो कहिं और न जाई।।
सत्य कहै तब काल न खाई। बहुत रूप करि भेष बनाई।
माया हेतु करि घर-घर धावे। भेष कप लज्जा सबे नसावे।।
मया हेतु सब सुधि बिसराई। करत कपट संसार भुलाई।।
अपने डूबे कल नहिं खाई। ज्ञान ध्यान सब मया भुलाई।।
सुमति कुमति एकौ नहिं जाने। मया हेतु राम नहिं माने।।
यह माया सुर नर मुनि खाई। का भुलाहु मरि मरि के भाई।।
भेष बनाइ न जानहु आपू। मन नहिं साच बटोरत पापू।।
आन सिखावहि आपुन जानें काल फाँस यम हाथ बिकाने।।
दोजक धरई जन्म बहुतेरा। भारत काल केहु आब न नेरा।।
सबै करे यहि काज न कोई। भटक भुलान माया महँ रोई।
संन्यासी मन जानहु सोई। आपु भुलानो सब मति खोई।।
कर्म संन्यासी है जानु न भेऊ। कहै 'गुलाल' भयो जग देऊ।।

साख़ी

सन्यासी सोई मानिए, जाहि ब्रह्म को सार।
कहै 'गुलाल' माया रत, भटकत फिरै गँवार।।

चौपाई

ब्रह्म बिचार बैरागी लहहीं। पाँच पचीस उलटि के गहहीं।।
द्वादस सम कय मगन जो रहै। सो बैरागी अनुभव कहै।।
पान अपान करे यक सँगा। गगन उठय ध्वनि लहर तरंगा।।
सुनत-सुनत मन निरमल होई। पाप पुन्य मेटय सब कोई।।
नवदर मून्दय दसयें रहै। सो बैरागी मजहम कहै।।
अर्ध उर्ध कय खबरे जाने। सुन्य सरोवर तम्बू ताने।।
रबि शशि दूनाँ सम करि पीवे। सो बैरागी युग-युग जीवे।।
बंक नाल कप खबरें जाने। रहे निशंक कपट नहिं ठाने।।
उनमुनि लावे बोले बानी। भरल पदारथ चारिउ खानी।।
जीव ब्रम्ह जब मेला भयऊ। पर्ज विचार अगम गति पयऊ।।
योग युक्ति जबब जानु शरीरा। सो बयरागी सतय फक़ीरा।।
नेम धर्म तथ काहु न करई। जेकरे जोति रइन दिन थरई।।
लहरि उठत तब ज्ञान बिचारा। त्रिविधि ताप भव उतरेउ पारा।।
बोल डोल वहाँ बबरन न जातीं अपने साहेब बरि रहु पाती।
सहज स्वरूपहिं पद तब होई। तेहि महँ मिलय बयरागी सोई।।
राम नाम कय अदल चलावे। सो बयरागी संत कहावे।।

साखी

बयराग भयो जब साहेबा, सबय मिटानो दुख।
कहै 'गुलाल' बयरागी जोई, हरिदम ताको सुख।।

योगी युक्ति जोग कय जाने। पाँचों चोर बाँधि घर आने।।
रबि शशि जानि एक घर मेलय। योगी युक्ति निरन्तर खेलय।।
अर्ध उर्ध कय तारी लावय। द्वादश उलटि गगन चढ़ि धावय।।
ब्रह्म द्वार होय रहो समाई। योगी युक्ति ताहि घर आई।।
वेद कितेब को पढ़ि-पढ़ि गोवै। केतो यज्ञ करि करि रोवै।।
यक साहेब सो रहै मुश्ताक। सो योगी युक्ति में पाक।।
प्रेम प्रीति सों साफ़ी धरे। सो जोगी कबहीं नहिं मरे [illegible]
सुन्य सरोवर लावे तारी। रूप सँवारे आपु बिचारी [illegible]
भजन भक्ति कै राह सँवारे। और देव सपने न निहा[illegible]
सुरति निरति कै कर्म बहु होई। बांचै काल कबहुँ नहिं [illegible]
कर्म धर्म नहिं जाने सोई। जोगी सोई निरन्तर [illegible]
रामहिं नामहिं हित सँभारी। सत्य प्रतीत टरत नहिं [illegible]
दुख सुख मोह उन्हें नहिं ब्यापै। सदा अखंड़ित त्रिबि[illegible]
पूरन रहै घटि नहिं होई। साहेब मिलि रहु [illegible]
सहज स्वरूप जगत महँ रहई। ताकी गति कोऊ [illegible]
सुन्दर रूप बिराजत काया। रह निर्द्वन्द नि[illegible]
अवध न जाय राम रस पीवे। युग-युग योगी [illegible]
चर्म दृष्ट उनके फिर नाहीं। सदा राम मन [illegible]
जीवन मरदन न कबहीं होई। दोजक धरे जन्म [illegible]

साख़ी

सहज सरोवर नाम को, जन जानो जब धीर।
कहै 'गुलाल' यंगम वही, सोई सत्य फ़कीर।।

चौपाई

दण्डी सोई जो डग नहिं नावे। बिनु मुख तान गगन चढ़ि गावे।।
सत्य कै भेष बनावै सोई। निर्गुन जानै मनहिं समोई।।
अर्ध उर्ध वै मसले जानै। रहै निशंक मया नहिं मानै।।
मन कर कर्म अहै बहुतेरा। सतगुरु मिलै तो हो निबेरा।।
ब्रह्म बिचार सतगुरु कै दाया। सब संसय कहँ नाशि बहाया।।
लोक बेद कै नाहीं आसा। हरिदम साहेब नाम में बासा।।
रूप धूप वहाँ काहू न होई। सत्य ते दण्डि कहावे सोई।।
शुन्य सरोवर तारी लावै। रहै निशंक काल नहिं पावै।।
दण्डी डिम्भ आपु ते छोड़े। रहै निशंक कर्म सब मोड़े
इंगला पिंगला रहै हजूरा। दण्डी सोई बजावै तूर
बिमल-बिमल तहँ बानी होई। दण्डी सोई कबहुँ नहिं
अवै न जाय मरे नहिं जीवे। दण्डी सोई राम रस
थकित करे घर के बहु लोगा। निरभय होय के जान
साफ होय सब काज सँवारी। अगम अगोचर ला
सबै सामने एकै सोई। हरिदम साहेब कबहिं
थरन बिबेक वहाँ कछु नाहीं। रहै आनन्द सोच
अवय न जाय मगन रस पीवे। दण्डी सोई पर्म
बहुत कर्म है यह संसारा। राम बिना भव पाव
प्राकृत कर्म वहाँ कबहूँ न होवे। दोजक धरे जन्म न
सुधि बिसरे संसार न ब्यापै। जन्म मरन कबहीं नहिं

साख़ी

जरे जीव सिवहिं मिलै, महा युक्ति को धाम।
कहै 'गुलाल' दण्डी सोई, हरिदम बोलत राम।।

चौपाई

निर्बानी जो सत्य समोधे। पाँच पचीस तीन धरि सोधे।।
नूर निरंजन रूह बनावे। निरबानी सोई अगम कहावे।।
अष्ट कमल कय बाग लगावे। बिनु जल फूल मूल बिनु भावे।।
सींचत मूल समावे सोई। निरबानी असल तब होई।।
रबि शशि दोनों राम करिपीवे। सो निरबानी युग-युग जीवे।।
अर्ध उर्ध कै सुधि जब जाने। सो निरबानी काहु न माने।।
बैंक नाल जब चढ़ै अकासा। सो निरबारनी मन पुर बासा।।
सत्य अनाहद पद तब होई। निरबानी सोई मौज समोई।।
सत्य शब्द कै रहनि सुभाऊ। छूटल लोक बेद कै चाऊ।।
अवै न जाय रहै घर पूरा। सोई निरबानी बजावत तूरा।।
राम प्रताप तबहिं मन होई। सदा अनन्दित कबहिं न रोई।।
अक्षै वृक्ष नाम स्थाना। ताहि समावे पद तहँ नाना।।
त्रिबिध ताप है नाहिं शरीरा। ब्रह्म अखंड सदा रहु पूरा।।
निर्बानी सोई सहज समाई। प्रेम बिचारे अनुभव गाई।।
सुरति निरति कै रहनी धरई। सो निरबानी अमर नहिं मरई।।
सुधि बिसरो संसार न ब्यापै। चौरासी फिर कबहुँ न तापै।।
प्रेम प्रीति कै लगन लगावे। सुधि बिसरे भव कबहुँ न आवे।।
अगम अगोचर मिलुर हुस्वामी। अनुभव उदित अचल पद गामी।।
गुप्त सुपथु कै रहनी धरई। निरबानी सत लोक में तरई।।
लोभ मोह उनके नहिं होई। सदा निकल्प मगन रहु सोई।।
सत्य साहेब जब मनहिं समोई। कहै 'गुलाल' निर्बानी सोई।।

02:14

साखी

तेली तेज जो मारई, तेल पैरै हरि नाम।
कहै 'गुलाल' सोई तेलि है, और तेली बेकाम।।

चौपाई

कर्म कलवार के नासा करई। पाँचो बाँधि गगन चढ़ि धरई।।
अर्ध उर्ध के भाठी लावे। रबि शशि फूँक के अग्नि जलावे।।
ब्रह्म अग्नि उदगारा भयऊ। मते मोह लेते सब गयऊ।।
तिर बिधि ताप गयो तब भारी। मगन भयो मन लागु खुमारी।।
रीझि-रीझि मन बोलत बानी। अपनेहिं साहेब और न मानी।।
भाँति-भाँति मन रँग समाई। सुधि बिसरो संसार सगाई।।
मौज होय रस नाम चढ़ाई। सो कलवार काल नहिं पाई।।
निरभय होई पाक शरीरा। झतर है मानिक मोती हीरा।।
चुभुन्नी चित समाहु सोई। निझरि झरे झरि माफ़िक़ सोई।।
सुरति निरति कै रहमति करई। सो कलवार काल नहिं धरई।।
मोह बझा संसार बझाई। निशु दिन काल धरत धै खाई।।

02:15

चौपाई

मूल चक्र बाँधै चित्त लाई। बिकसे कमल दसहु दिश छाई।।
अर्ध उर्ध मधि सोहं गावे। सुनि धुनि मनुआँ धै ले आवे।।
ज्ञान गुफा जहँ सिद्ध न बासा। गगन मंडल में नृत तामासा।।
बिनु शिर बैठल देखै सोई। निशु बासर दिन रैन न होई।।
शुन्य शिखर तह उठै अघोरा। सतुगुरु शब्द बचन हिय मोरा।।
प्रेम प्रकाश भयो उजियारा। मिटो कर्म तब जग ते न्यारा।।
कहै 'गुलाल' तब हंस कहावे। आनंद उदित अगम घर छावे।।

साख़ी

अगम अगोचर अचल है, निरखत निरखि न जाय।
कहै 'गुलाल' सत सूर होय, रहो चरन लपलय।।938

चौपाई

लगी लगन मन भयो बैरागी। काम क्रोध ममिता मन त्यागी।।
धीरज धय तहाँ करत बिचारा। झरत अधर अमृत रस धारा।।





साखी

अलख निरंजन अविगति, पर्म जोति जगदीश।
जन 'गुलाल' निशु बासरै, लियो रहत है शीश।।

चौपाई

चाँद सूर्य एकै गृह आनी। तिरबेनी तट निर्मल पानी।।
उलटेउ पवन तब चढ़ेउ अकाशा। सहज शुन्य दीपक परकाशा।।
उठत गुञ्ज तहँ अनहद बाजा। लै कै जाति छत्र सिर छाजा।।
स्वेत सिंगासन अनुभव गाजा। अनन्त रूप निर्गुन तहँ राजा।।
प्रेम प्रीत कै नेह लगाऊ। सुरति निरति मिल पद तहँ पाऊ।।
जोग युक्ति करहु नर जानी। साफ भयो मन बोलत बानी।।
कहै 'गुलाल' सतुगुरु तहँ मेला। एक भयो तहँ गुरु न चेला।।
देख रूप मन चित तहँ लाया। सुभग स्वरूप निर्मल भयो काया।।
काम क्रोध अरु मया न मोहा। उदित नूर सिर ऊपर सोहा।।
अनभूती अनभूत है देवा। तीन लोक जाकर करु सेवा।।
सेवत नहिं अन्तर जानी। भटकत फिरत मुअत नर प्रानी।।
प्रेम प्रीत प्रभु चरनन लावहिं। पूजहिं पत्थर जन्म गँवावहिं।।
दान पुन्य कर करत है आसा। मरत जिवत चौरासी बासा।।
वनखंड भूख पियास जे मरई। करत कपट माया मन धरई।।
एक नाम जिन नहिं पहिचाना। भ्रमत फिरत सब भये दिवाना।।
दुरमति मन ते सब बिसराऊ। कहै 'गुलाल' करु जोग कै चाऊ।।

साखी

चाव करो नर अलख पति, धरो न दूजो नाँव।
कहै 'गुलाल' सतुगुरु मिले, बसहु अमर पुर गाँव।।

चौपाई

गाँव कियो छै पुर तब छाया। जीव न सीव न काल न काया।।
शब्द स्वरूप अखंड सो बानी। अगम बेद बर्नत का जानी।।

02:16

साख़ा

अजर जरै जिव सिव मिलो, एक ब्रह्म को आस।
कहै 'गुलाल' सत्गुरु मिलै, तब छूटै जग बास।।

चौपाई

या तन नेह पवन लव लावै। सत्गुरु शब्द अगम जौं पावै।।
सहज शुन्य तहँ उठै अघोरा। सुनि धुनि थकित भयल मनमोरा।।
पैठि पताल नाभि तहँ सोधो। शशि अरु शूर उलटि कै बोधो।।
बिकसेउ कमल भयउ परगासा। काटि कर्म भयो जोति में बासा।।
कहै 'गुलाल' तहँ चित्त समाई। उदित चन्द छबि बर्नि न जाई।।
सुषमन सहज बहै तहँ नारी। गगन गुफा में लागी तारी।।
झरत अधर अमृत रस धारा। मनुआँ भरि-भरि लेत करारा।।
नाम समुद्र तहँ उठै अपारा। लोक बेद दोनों ते न्यारा।।
सुरति जहाँ तहवाँ ले जाई। मनिगन भूषण रतन लदाई।।
उनमुनि धुनितह रेखन स्वासा। होत निरंजन रूप अकासा।।
कहै 'गुलाल' सो प्रभु हमारा। एक भयो तब कौन बिचारा।।
कै बिचार मन सहज समाई। तन मन डालि रहो लव लाई।।
चारिउ फलहिं अभै तहँ पाई। नवधा भक्ति हृदय तब आई।।
कै बैराग ब्रह्म मन लावै। निशु दिन नौबति ढोल बजावै।।
मृत होत तहं बाजत तूरा। कय संग्राम जीव भा शूरा।।

साख़ी

शूर भयो दावा गयो, मारि चढ़ो मैदान।
कहै 'गुलाल' सोई सन्त है, निसि करि उगवै भान।।

साखी

नैनों लौ लिव लाइ, राम नाम हिय ध्यान।
कहै गुलाल मन थकित है, शीघ्र कियो कुरबान॥

चौपाई

चाँद अरु सूर्य मूल महँ बासा। उलटि कमल करि चढ़ै अकासा॥
झिमिझिम बरै मानिक मोती। झिलमिलि नूर अनूपम जोती॥
गरजै गगन दामिनी दमकै। तहँ शब्द ज्यों दीप चमकै॥
बाजै अनुभव लगन तहँ बाढ़ै। अनुभव उदित फूल वह पटै॥
सेत नात नाल कै धानी। बिमल-बिमल मन बोलै बानी॥
उठै शब्द तहँ अनहद गाजै। पाँच पचीस तीनि उलटि बिराजै॥
एकै ब्रह्म और नहिं भासा। आनन्द रूप मिलै अविनासा॥
कहन की गति बरनि न जाई। कहै गुलाल मानौं बौराई॥

साखी

एक नाम बिन नहिं जपैं, खुद्द कहैं हैरान।
कहै गुलाल जानै नहीं, भूलत फिरहिं मसान॥

चौपाई

यह संसार सकल जग अन्धा। माया मोह कर्म ते बन्धा॥
नेम धर्म आचार में रहहीं। आशा जानि अन्त के कहहीं॥
अछत दिखत मर्द बनेऊ। सत्य वस्तु महल नहिं भेऊ॥
धर्म मर्म नहिं सूझत अन्धा। पाप अरु पुन्य कर्म ते बन्धा॥
धर्म कुकर्म न चीन्हत बैन। राम बिना नहिं पावहु चैन॥
सकल सयाना है सब नाना। घट घट मद्धे अंधार में बाना॥
बिन गुरु भेद नहीं पहिचाना। औंधे माटि मिलहिं नहिं आना॥
यह संसार सयानप छाना। कहै गुलाल इन्हैं बौराना॥
अब ते रहत राम की आश। सतगुरु कृपा किए अपनाए।
[illegible]



चौपाई

ज्ञान गौर गगन महँ रहई। बिकसै कमल उलटि कै गहई।।
इंगला पिंगला सुषमन सोधो। मन अहमक धै कै पर मोधो।।
पाँच नारि गावहिं तेहिं बानी। भरल सरोवर अमृत खानी।।
नाम निरंजन जानेउ तबहीं। शुन्य में जोति जगायउ जबहीं।।
जोति लहरि अति बर्नि न जाई। दसो दिशा में पूरन छाई।।
छत्र धरेउ तहँ मानिक बारा। अगम राम तहँ कोटिन तारा।।
ब्रह्म उजागर दिब्य सरूपा। तीन लोक के साहेब भूपा।।
परखि-परखि सत्य टकसारा। मिले प्रभुहिं कहँ ओई इयारा।।
आपु अपन में मन बैठायो। सोह शब्द रैन दिन गायो।।
गावन हार है देह न काया। गाँव न मोह न माया।।
मन बैरागी आतम धारी। कहै 'गुलाल' साहेब बलिहारी।।

साख़ी

रहसि-रहसि क्रीड़ा कियो, प्रभु अपनो लियो साथ।
कहै 'गुलाल' भाग्य बड़, बर पायो रघुनाथ।।

चौपाई

साखी

भेष की लज्जा नहिं करहिं, सेहँतत फिरंत हैं घूर।
अमृत फल कहँ छोड़ि के, सेवत काठ बबूर।।

चौपाई

बाई तत्त्व महँ बाई। सतुगुरु मिलै भेद जौं पाई।।
बाई पर्बत बहै जल धारा। पियत नीर बाई धरि मारा।।
शशि अरु सूर भयल जब पूरा। उलटि कवल बाजै तहँ तूरा।।
तत्त्व बाई मिलि चढ़ेउ अकासा। शुन्य नगर बैठक कबिलाशा।।
गगन गरज अनहद तहँ बानी। तत्त्व बाई मिलि रहत समानी।।
उदित चन्द छबि निरखि अकासा। बाई तत्त्व भयल तहँ नासा।।
बंकहि नाल चढ़ेउ जब हाथा। पैठि पताल शेष तब नाथा।।
कहै 'गुलाल' यह योग अपारा। जो बूझै सो गुरु हमरा।।
द्वादस मात्रा रहनि हमारी। सुषमन बैठ यंत्र नौ नारी।।
ज्ञान गूदरी भजन मुरारी। मेखलि माला कंठा डारी।।
तरंग ताखि और शोभा भारी। सहजहिं सेल्ही शुन्य कै तारी।।
मुद्रा मगन औ चलन अपारी। चन्द्र तिलक कच्छ चक्र बिचारी।।

मगन मन झूमरिया, नर खेलहु फागु बनाई।
अष्ट कमल फूलित भयो, रस झूमरिया।।
भँवर करै रस पान, राम रस झूमरिया।
अर्ध उर्ध मधि खेलहिं, रस झूमरिया।।
सुषमन सहज निवास, राम रस झूमरिया।
बंक नाल चढ़ि गयो, रस झूमरिया।

बिन जल कमल बिकसेउ बिकसेउ हो।
बिन भँवर गुञ्जार राम रस झूमरिया।।
नाभि कमल जोति बारब जोति बारब हो।
तिरबेनी उँजियार राम रस झूमरिया।।
सुषमन सेज बिछायउ सेज बिछायउ हो रस झूमरिया।
पौढ़ै प्रभु जी हमार राम रस झूमरिया।।
सुरति निरति लै जाइब लै जाइब हो।।
दसो दिशा के द्वार राम रस झूमरिया।।
जन 'गुलाल' तहँ भाइब तहँ भाइब हो।
यम का करिहै हमार राम रस झूमरिया।।

यम जीतो जब पवना रस झूमरिया, रस झूमरिया।
महा शुन्य समाधि रसम रस झूमरिया।।
सुखमन जोति सँवारब रस झूमरिया।
बरि-बरि होत प्रकाश राम रस झूमरिया।।
ऊँकार समायल रस झूमरिया।
जोति सरूपी नाम राम रस झूमरिया।।
स्वेत सोहावन जगमग रस झूमरिया।
जीव मिलल सत्य नाथ राम रस झूमरिया।।
जिन यह ब्रम्ह विचारल रस झूमरिया।
सोई गुरु हमार राम रस झूमरिया।।
झूठ फिरै संसार राम रस झूमरिया।।

मन खेलै फागु बनाप कपापुर झूमरिया गति झूमरिया।
मन राजा खेलै फाग राम रस झूमरिया।
पाँच पचीस सखिया लिये गति झूमरिया।।
त्रिपुनी रचो धमारि कया पुर झूमरिया।
तीन जना यक मति भयो गति झूमरिया।।
हाँक रहा नभ छाप कया पुर झूमरिया।
शुन्य शिखर बैठक कियो गति झूमरिया।।
धुनि-धुनि प्राण हुलास कया पुर झूमरिया।
अष्ट कमल विकसित भयो गति झूमरिया।।
पायो जोति में बास कया पुर झूमरिया।
चाँद सूर तहवाँ नहीं गति झूमरिया।।
स्वेत रबन तहँ आपु, कया पुर झूमरिया।।
सन्त सभा तहँ देखिए, गति झूमरिया।।

कहँ जहों घर मिलल भोग। भ्रमत फिरत सब रहत लोग।।
सहज सरोवर झुलल फूल। बिकसित कमल रस भँवर भूल।।
पिय पियत जब भयो है शूर। अनभौ बाजा बजत तूर।।
पायो घट जब छुटल फेर। नाम ख़जाना मिलल ढेर।।
रिद्ध सिद्ध मोरे कौने काज। लोक बेद कै छुटल लाज।।
थकित भयो जब पाँच पचीस। तीनों देव मिलो जगदीश।।
कहै 'गुलाल' मन मिलल भाव। ज्ञान लहरि सिन्धुहिं समाव।।

खेलत बसन्त आनन्द धमारि। शिव ब्रह्म जहँ मिलो मुरारि।।
उठत तरंग तहँ बरति जोति। बिमल-बिमल धुनि बानी होत।।
तन मन डारि के रहो समाय। गंग यमुन लियो शिखर धाय।।
फेर फिरत तहँ करत कोड़। बैठो भवन महँ थकित गोड़।।
गगन मण्डल में लगो समाधि। शशि अरु सूरहिं राखु बाँधि।।
कहै 'गुलाल' मोरि पुजल आस। चरन कमल में लियो बास।।

हरि चेतहु रे नर जन्म बादि। डहत फिरत काहे मयहिं लागि।।
नर भूलो करि-करि पुन्य पाप। जन्म-जन्म होवै सन्ताप।।
पांच पचीस तिन घरहीं लागि। निशु बासर जरै अपनी आग।।
तीरथ ब्रत करै देवता मानि। सबहीं भुल्यो करि कुल कै कानि।।



सतगुरु सँग होरी मन खेलै हो।
अहो मेरे ललना अनहद तूर प्रेम बजाई।। टेक।।
काया नग्र में होरी खेलो, प्रेम की परलि धमारि ललना।।
पाँच सखी मिलि चाँचरि गावहिं, प्रभु जी की बलिहारी।।
सहज कै फागु परो निशुबासर, भरि छूटै पिचुकारि ललना।।
नाद बिन्दुहिं गाठि परो जब, परलि परस्पर मारि।।
तारी देइयाँ देइ भाँवरि नावहिं, एक ते एक पियारि ललना।
तत्व अबीर उड़ावत कर धरि, कहूँ कोउ न सम्भारि।।
अब खेलो मन महा मगन होय तन मन सर्ब सँवारि ललना।
कहै 'गुलाल' हम प्रभु सँग खेलल, पूजलि आस हमारि।।

मोर पियवा नाहिंन गाँव। होरिया से कैसे खेलन जाँव।।
हाथेलै पिचु काके सरिया भरि के लै-लै धाँव। भल जोब नवाँ में डाल तल जाँव।।
छैला न मानत डहरिया धरै ठाँव। ऐसन नगरिया मैं कैसे के समाँव।।
गाँव लोगवा मसखरिया धरै नाव। उड़त अबिरिया फगुनवाँ धै लैजाव।।
कहै 'गुलाल' सत्य पिया मन भाव। फागुन दिहल प्रभु अपने हो नाव।।

खेलोंगी फागु लगाय, अपने सइयाँ सँग।। टेक।।
नयन बयन दूनों कहँ गहाय, सुरति पिचुकरिया रे रँचा भिजैलाबनाय।
प्रेम अबीर जगर मगर लगाय, झूम-झूम रहो रँग समाय।।
सखिया सहेलरि झूमक नाय, सेऊ न रहल थिर परो मुरझाय।
कहै 'गुलाल' मोरे कहल न जाय, ऐसन फगुनवाँ अरे सबै समाय।।

मनुआँ मोर भयल रँग बाउर, सहज नगरिया कयल गई ठाउर।
उदित चन्द झरै ले तहाँ मोती, जरत अमिय आवा नाम कै जोती।।
अँगना बोहार कै बाँधल केशा, कैलो सिंगार गैलों पिया के देशा।
आनन्द मंगल बाजत तूरा, फरल लिलरवा भइलिउँ पिया के हजूरा।।
कहै 'गुलाल' नाम रस पाय, मग्न भयल जिव गइल बलाय।।

होरी खेलो प्रभु जी से प्रीत लगाय।।
सब सखियन एक मता मति कियो है, फागुन बर्नि न जाय।
काया नग्न में होरी खेलों, ससि अरु सूर समाय।।
प्रेम जड़ित पिचुकारी छूटत, नौबति दै-दै गाय।
दसों दिशा चाँचरि धुनि होवै, तत्त्व अबीर उड़ाय।।
इंगला पिंगला दोउ रास बनावै, सो सुख बर्नि न जाय।
थकित भयो सुधि बुधि हरि लीन्हों, तन मन सबै भुलाय।।
कहै 'गुलाल' हम होरी खेले, हरि सों गांठि बँधाय।।

राम होरी

राम रँग होरी खेलो जाई फिर पाछे पछिताई।। टेक।।
यह तन फगु रचो पर्मारथ अवधि बदो दिन ठाई।
काल अग्नि जब मस्तक जरि है छुटि है सब चतुराई।।
अगर गुलाल कुम्कुमा केसरि चेत अबीर उड़ाई।
इंगल पिंगल दोनों भरत उर्ध मुख छिरकत प्रभुहिं बनाई।।
दुइ बिधि फगु बनो या बृज में जिन जैसो तैसो भाई।।
कहै 'गुलाल' यह अगम फगु है बिनु सतगुरु नहिं पाई।।

अधर रँग फगुआ मन खेलै हो।
अहो मोरे ललना रबि शशि दोनों सँग मेलो।। टेक।।
मन बैराग चित चोर जे धैके नेह निरन्तर लाई ललना।
पाँच पचीस तीन मौआसी पकरि गगन लै जाई।।
शुन्य नगर आसन मार्‍यो अद्‌भुत भेख बनाई ललना।
ब्रह्म बिश्नु शिव तहाँ नहीं है फगु बरनि नहिं जाई।।
नादहिं बिन्दहिं गाँठि परो है ज्ञान कै जोति समाई ललना।।
उठत लहरि अनन्त राग तहँ अनभौ चाँचरि गाई।।
आवागवन रहित जबहीं भयो यम सिर डंक बजाई ललना।।
कहै 'गुलाल' काल जग खैहै मरिहै हमरि बलाई।।

प्रेम नेम चाँचरि रचो रँग होरे रँग होरी।
पुलकि-पुलकि प्रभु पास राम रँग होरे होरी।। टेक।।
चाँद सूर उलटेउ चलेव रँग होरे होरी।

हृदय राखि गुन गाइब गुन गाइब हो।
अनभव रूप बनाय मनोरा झूमकरा।।
मूल चक्रगहि बाँधव गति बाँधव हो।
बैठिब गगन में जाय मनोरा झूमकरा।
शुन्य नगर समाइब समाइब हो।।
नृत्य करत तहँ आप मनोरा झूमकरा।
निशु बासर गुन गाइब गुन गाइब हो।।
सेत सहज समाय मनोरा झूमकरा।
जन 'गुलाल' तहं भाइब तहं भाइब हो।।
छोड़ि दियो जग बास मनोरा झूमकरा।

नर फागुन समै सोहावन-सोहावन हो।
खेलो औसर जाय मनोरा झूमकरा।।
यह तन बालू मन्दिल-मन्दिल हो।
धोखे माया लपटाय मनोरा झूमकरा।।
अंजुलि जल घटता है जल घटता हो।
नेकु नहीं ठहराय मनोरा झूमकरा।।

पाँच पचीस बड़ी दारुण बड़ी दारुण हो।
लूटहिं शहर बनाय मनोरा झूमकरा।।

हिण्डोलना झूलै गुरमुख शिष्य।। टेक।।
चन्द सूर जो खम्भ रोपो। सुरति डारि लगाय।।
मन्द-मन्द जो पौढ़ गगनहि। रहो जाय समाय।।

तहँ होत अनहद नाद धुनि। सुनि सहज चित्त लगाय।।
बृगसि कमल अनन्त शोभा। भँवर रहै लोभाय।।
अर्ध उर्ध को उलटि चलिए। सुखमना ठहराय।।
गंग यमुना मिलि सरस्वत। पद्य दरशन पाय।।
शुन्य शिखर समाधि बैठो। योग युक्तिहिं पाय।।
डालि तन मन चढ़ो सिर दै। जोति लहरि नहाय।।
अति अथाह अपार देखो। नयन नाहिं समाय।।
पाँच तीन पचीस त्यागो। वाणि निर्गुन गाय।।
आदि अन्त औ मध्य छोड़ो। अगम गति जो आय।।
चौथे पद पर बैठ योगी। मौज ढोल बजाय।।
जग्यो प्रेम जो नेम चरणन। साधु संगति पाय।।
त्यागि कर्म सन्ताप तन को। पाप दियो बहाय।।
मारि ममता मन बिचारो। हँस रूप कहाय।
कहै 'गुलाल' अतीत सोई। जो यह रहनि समाय।।

हिण्डोलना कर्म झुलावन हार।। टेक।।
पाँच तीन पचीस ध्यावहिं। नेक नहिं ठहराय।।
पाप पुन्य को बीज लै करि। बोवहिं खेतं बनाय।।
जन्म उत्तम पाय करिहो। माया परल भुलाय।।
रामनाम न जान भोंदू। चल्यो मूल गँवाय।।
पुहुमि नीर अकाश झूलहिं। झुलहिं मारुत चन्द।।
ब्रह्म बिष्णु महेश झूलहिं। झूलहिं सूर फणिन्द।।
तैतिस कोटि देव झूलहिं। मोह में लपटाय।।
बज्र बाँध को बाँध बाँधो। सबै बाँधि नचाय।।
जोगी यती औ सिद्ध झूलहिं। दसो दिसा में छाय।।
झूलहिं जे नारद आदि मुनिवर। पार काहु न पाय।।
सावित्री लक्ष्मी गौरि झूलहिं। मया को फैलाय।।
हन्स बृखभ औ गरुण झलूहिं। थीर कबहुँ न आय।।
अर्ध उर्ध और मध्य धारा। झूलो त्रिकुटी जाय।।
गगन मध्ये सुरति माण्डो। जोति दियो है जगाय।।
झूल-झूलि न जाय प्रभु जी। अब मोहिं झूलाय।।
जन 'गुलाल' जी शरण आए। राखु चरण लगाय।।

हिण्ड़ोलना झूलहिं निर्गुन अषार। झूलत उठै झनकार।।
ज्ञान कै रचो है खटोलना हिण्ड़ोलना। सुरति कै डोरि लगाय।।
अर्ध उर्ध दोउ खम्भ हिण्डोलना। पौढु गगन में जाय।।
पौढु जे गगन हिण्डोलना। नाम कै ·डंक बजाय।।



गुरु परताप जब साधु संगति करै,
फुलो तब ब्रह्म सन्तोष आया।
आपना जाप ते जाप अजपा जपै,
चाँद अरु सूर्य को बाँधि नाया।।
सहज नारी बहै शब्द अनभौ गहै,
सुरति औ निरति मिलि नाम गाया।
नयन बिनु सूझिया पिण्ड बिनु जूझिया,
जीति के काल अनहद बजाया।।
परो आडंक चहुँओर दसौ दिशा,
गैब के ज्ञान सों अदल चलाया।
कहै 'गुलाल' सो साफ साहेब हुआ,
आपना काज आपुहिं बनाया।।

साख़ी

अचरज यक हम देखल, पंडित करहु बिचार।
काह कथब औ का सुनब, काह करब व्योहार।।
जगमग अचरज देखल, पंडित भयल बिचार।
ज्ञान कथब और धुनि सुनब, नाम करब व्योहार।।
कहवाँ से जिव आयल, कहवाँ जिव कर बास।
कहवाँ आई समायल, कहवाँ सक्ति निवास।।
ब्रह्मै से जिव आयल, नाभी कमल में बास।
शुन्यहिं शक्ति समायल, शिव घर शक्ति निवास।।
कहवाँ शिव कर आसन, कहवाँ शिव कर ध्यान।
कहवाँ शिव कर मण्डप, कहवाँ शिव स्थान।।
अगमै शिव कर मण्डप, कहवाँ शिव स्थान।
अगमै शिव कर आसन, निगमै शिव स्थान।।
कहवाँ से मन आयल, कहवाँ परल भुलाय।
कहि लेइ मन घर गवनल, कैसे मन ठहराय।।

कहै 'गुलाल' सतगुरु कृपा कियो,
हाथ लियो मन तब काल मारा।
मन मुक्ता होवै राम रस नित्त लेवै,
हंस होवै रूप तब दर्श पावै।
मोती मुक्ता चुँगै कीट में नहीं पगै,
सदा चैतन्य नहीं भर्म आवै।
देखि दीदार सम्भारि लेवै आपु को,
और फेरि में न कहूँ दौरि धावै।

आदिमूल यक रूखवा हो, तामें लागो तीन डार।
ता बिच यक स्थूल है, शाखा बहु बिस्तार।।
और न बर्नी आवै हो, छाया अपरंपार।
माया मोह व्यापक भयो, सूझै वार न पार।।
सत्गुरु नावल हिण्डोलवा हो, सुरति निरति गहेसार।
झूलहिं पाँच सोहागिन हो, गावहिं मंगलचार।।
पौढ़ेव अगम हिण्डोलवा हो, सत्य शब्द निरधार।
झूलत झूलत सुख उपजै हो, केवल ब्रह्म बिचार।।
अबकी बार यह अवसर हो, मिलै न बारंबार।
फिर पीछे पछतैहो, हो, होत छूटै बिकरार।।
योग युक्ति हिण्डोलवा हो, ताहि मिलै करतारं।।
आवागवन निवारहु हो, फिर न होय औतार।
साधु संगति को मेला हो, झूलै नाम अधार।।
योग युक्ति कै हिण्डोलवा हो, सत्गुरु सहज लखाव।
चाँद राखि सूर चड़ावल हो, पव के डोरि धई पाव।।
अर्ध उर्ध मुख धावल हो, पुलकि पुलकि छबि भाव।
गगन मण्डल गुन गावल हो, सुरति निरति समाव।।
यहि बिधि 'भीखा' मन लावल हो, आतम रूप दर्शाव।।

सत्गुरु शब्द हिण्डोलवा हो, सुनि मन अनुराग।
झुलत गुनत रुचि भावल हो, जिय चकृत उठ जाग।।

झूठ में साँच यक बोलता ब्रह्म है,
ताहि को भेद सतसंग पावै।
धन्य सो भाग्य जो सरन सेवा टहल,
निशु दिन ना प्रीति लवलीन लावै।।
बचन ले युक्ति सों सिद्धि आसन करै,
पवन सँग गवन करि गगन जावै।

प्रगट प्रभाव गुर गम्य परचै है,
'भीखा' अनहद पहिले सुनावै।।

दूजे वह अमल दस्तूर दिन-दिन बढ़ो,
घटो अँधियार उँजियार भाया।
अर्ध से उर्ध भरि जाय अजपा जपो,
चाँद अरु सूर मिलि त्रिकुटि आया।।
झर तहाँ नूर जहूर आसमान लों,
रूह आफ़ताब गुरु कीन्ह दाया।
'भीखा' यह सत्य सो ध्यान पखान है,
शुन्य धुनि जोति परकाश छाया।।

शब्द परकाश के सुनत अरु देखतहिं,
छुटि गई विषै बधि बास काँची।
सुरति गयो निरति घर रूप आयो दृष्ट पर,
प्रेम की रेख परतीत खाँची।।
आतमा राम भरिपूर प्रगट रहै,
खुलि गई ग्रन्थि निज नाभ बाँची।
'भीखा' यों पगि गयो जीव सोई ब्रह्म में,
शीव अरु शक्ति की मिलन साँची।।

सकल बेकार की खानि यह देंह है,
मल अरु दुर्गन्ध भरो ताहि माही।
मन अरु पौन यह जोर दूनो बड़ो,
इन्हीं को जीति के पार जाहीं।।
जाहि गुरु ज्ञान उनमान अनभौ करै,



योग की युक्ति पाय सुरति औ निरति लाय,
नाद बिन्द में समाय 'भीखा' लायो आसना।।

आदि अन्त मध्य एक नाद बिन्दु सम कै टेक,
सब घट शुद्ध ब्रह्म देखत अकाश है।
काहे को भर्म करै जन्मि जन्मि के मरै,
भजत नाहिं हठि करिके जौ लों तन सास है।।
निज सुख यही जानो दोबिधा नहिं भाव मानो,
अलख अलेख देखो आपुही में बाद है।
चित्त ज्यों चकोर लेवैं चन्द्रमा को दृष्ट देवै,
आतमा प्रकाशी ज्ञान 'भीखा' निजु पास है।।

ज्ञान उनमान करि चीन्ह ले अमान धरि,
गुर परताप खुलो भर्म को कपाट है।
चाँद सूर एक सम सुरति मिलाय दम,
इंगल पिंगल रँग करि सुषमन माठ है।।
पूरब पवन जोय पश्चिम की राह होय,
गंग अरु यमुन संगम त्रिकुटी की घाट है।
पान औ अपान आसमान ही में थी होवै,
'भीखा' शब्द ब्रह्म को अकाश शुन्य हाट है।।

02:40
many sant bani hindi boo...

साख़ी

मन बसि सत्गुरु ज्ञान ते, सकल क्रिया होय सिद्ध।
भीखा युक्ति अनेक है, मन माया करि बिद्ध।।

दया करैं गुर जाहि पर, कृपा कटाक्षै होय।
'भीखा' जोग सकल भयो, मन कै दुरमति खोय।।

सुरति निरति मेला भयो, जीव सीव भयो एक।
मन माया धावन छुटै, केवल ब्रह्म विवेक।।

चौपाई

सुरति निरति को भेद बताओ। कैसे सुरति निरति लयलाओ।
सुरति मिलै जब निरति हो जाई। सुरति कै खोज कहाँ तब पाई।।





साखी

भीखा दूसर है नहीं, केवल एकै नाम।
दूसर माया मूढ़ है, मन उनमेख निकाम।।

एक पवन के थकि गए, सकल क्रिया थकि जाय।
तब लग मन धावन रहै, जब लगु पवन समाय।।

चौपाई

'भीखा' यही सुरति मन जानो। सत्य एक दूसर मति मानो।।
हे प्रभु जी यक करते ढिठाई। कहत बात जिव बहुत डेराई।।
योग मता नहिं मुनि ठहरावैं। यामें भर्म सन्देह बतावैं।।
साच कहैं कि मिथ्या जानी। सहित बिचार कहिए निज बानी।।
सहज समाज सुगम ठहरावैं। शब्द स्वरूप आत्मा बतावैं।।
शुध स्वरूप सो केहि बिधि जानी। सहज समाधि कैसे पहिचानी।।

साख़ी

बिनु श्रम युक्ति बताइए, कहत कष्ट नहिं होय।
भीखा को जिए काँच है, सहज मिलावहु सोए।।

शुध स्वरूप अकाशवत, अविचल लायो ध्यान।
किए हमारी होय नहिं, 'भीखा' को लघु ज्ञान।।

चौपाई

सुन्य सिवाय न दूसर कोई। जानब ब्रह्म अखंडित ओई।।
सुन्यै पृथ्वी सुन्य अकासा। सुन्यै पाँच तत्त्व कै बासा।।
सुन्यै बोलता जीव कहावै। गंगा यमुना सुन्य बहावै।।
सुन्यै चाँद सूर्य दिन राती। इंगला पिंगला सुन्य सोहाती।।
सुन्यै पाँचो मुद्रा कहिए। सुन्यै योग धार्ना लहिए।।
नाड़ी चक्र कमल तन जेते। सुन्यै बास करत हैं तेखे।।
सुन्यै त्रिकुटी भृकुटी नामा। कुम्भक पूरक रोचक धामा।।
पूरक लेन ब्रह्म को जानो। कुम्भक भरण सतो गुण मानो।।
जो कछु पवन छुटै तन माहीं। सो है रेचक, तमो गुण पाहीं।।
पूरक कुम्भक रेचक नामा। तीनों सुन्य निरन्तर धामा।।
प्रथमहिं तो कोउ दूसर नाहीं। पुर्ष पुरान निरन्तर माहीं।।
आदि अन्त सो सुन्य पसारा। माया खोल जक्त बिस्तारा।।
चारिव खानि लक्ष चौरासी। ज्यौं बूल्ला उठि जल मिल जासी।।
यह चरित्र सब कर्ता केरा। उपजत बिनसत त्रास घनेरा।।
बझो कर्म बस बूझि न जाई। दिब्य आतमा निकट छपाई।।
आतम सुन्य स्वरूप बिचारै। नाम महातम शब्द बिचारै।।
सोई आत्मा चेतन्य बासा। सुन्य निरन्तर करत तमासा।।
तेहिते सुन्य ब्रह्म है नाहीं। ब्रह्म मिलैं सो सुन्य समाही।।
आतम जीव एक करि मानो। ब्रह्म पवन मन सुन्य बखानो।।

साख़ी

भीखा येतना फेर है, भर्म पर्‍यो जिव माहिं।
नहिं तो केवल शुन्य है, जीव मया कछु नाहिं।।

गुरु दयालु जब सत्य बसन्त। यहि सिवाय मति है अनन्त।।
श्री पंचमी है पाँच नारि। सब गावहिं यक सुर धमारि।।
धुनि अकास भरि रहलि छाय। सुनत मगन उर नहिं समाय।।
धन्य भाग्य जाके यह संजोग। मिलो पदारथ नाम भोग।।
जीव बसायो बल के अंस। बकुला ते भयो परम हन्स।।
माघ मकर तन सुफल जानि। मिलो पदारथ नाम खानि।।
नाद बिन्दु को जूह होय। वै साहेब यह सेवक सोय।।
शुन्य मण्डल घर भयोउ भोर। सुद्ध रूप चन्द चित चकोर।।
'भीखा' मन मुक्ता चुँगति आगि। गुरु गुलालजी के चरन लागि।। 1031

खेलत बसन्त रुचि अलख राय। रहनि निरन्तर समय पाप।।
नाम बीज फैलाव कीन्ह। जक्त खेत भरि पैर दीन्ह।।
जामेउ आक अकार नेह। दिन दिन बढ़त है कर्म संदेह।।
पेड़ एक लागो तीन डारि। उप शाखा सुठि बहु तुमार।।
कलियाँ बैठु गुरु ज्ञान मूल। किसि बदन फूलो अजब फूल।।
फल प्राप्ति भयो ऋतु नसाया। पर्म जोति निज मति समाय।।
पक्कु भयो रस अमिय खान। चाखात दृष्ट सरूप जान।।

जाई आदि अन्त मध्य सोय। जीव पवन मन रहो न कोय।।
शब्द ब्रम्ह भयो सुन्ध लीन। 'भीखा' राति न तहवां दीन।। 1032

चेतत बसबंत मन चित चेतन्य। योग युक्ति गुरु ज्ञान धन्य।।
उर्ध पखारेउ पवन घोर। दृष्ट पलानेउ पूरब ओर।।
उलटि गयो थकि मिटल दाह। पश्चिम दिशा कै खुलल‍ि राह।।
सुन्य मँडल में बैठु जाय। उदित उजल छवि सहज पाप।।
जोति जगामग झरत नूर। वहाँ निशु दिन नौबति बाजततूर।।
झलक झनक जिय एक होय। मति पान अपान को मिलन सोय।।
रूह अलख नभ फुलेउ फूल। सोइ केवल आतम मूल।।
देखत चकृत अचरज आहि। जो वह सो यह कहौ काहि।।
'भीखा' निज पहिचान लीन। वह साकि ब्रम्ह सरूप चीन।। 1033

बोलो मन मैना राम राम। जौ निज सुख चाहो अराम।।
तजु बिषया करू भजन साज। काल धरे सिर रूप बाज।।
झपट करैगो एक दिन। जौं न होहु हरि के अधीन।।
राम राम सम बली न कोय। कोटि सुभट महाबीबर होय।।
आ भक्ति जितो कबब भक्तिहारि। हरनाकुश मारो ओद्र झारि।।
भक्त विभीषण गात गात। तेहि रावण मारेउ कूदि लात।।
चलन कियो हरि पास जोग। जो कहु भयो सो जानत लोग।।
ग्राह ग्रसेउ गजरात पाप। दुखित भयो जल नाक आय।।
आरत है हरि हरि पुकार। 'भीखा' तेहि काढ़ो मुरारि।। 1034।।

खेलत बसन्त मन ब्रह्म योज। सहज मउज बड़ि करत रोज।
कबहुँ के लघु कबों बड़ अकार। कबहुँ सुक्षम कबों मोट भार।।
कबहुँ निडर कबों डर के बीच। गुप्त कबों-कबों प्रगट नगीच।।
कबहुँ मौन कबों बोलत माहिं। श्रवन को सुख सो तो नगन नाहिं।।
कबहुँ अधर मुसुकात गात। दृष्ट को सुख सुख क़हि न जात।।
रमिता रमि रहो सकल ठौर। आपे आपु न दूजो और।।
कहुँ श्याम गौर पित ललित भेष। निज 'भीखा' सोई रँग रूप देख।। 1034।।

योग युक्ति करि परिखन लागो समुझत बार न पार ललना।
नेकु दृष्ट में आव जवहीं तब पिरा में खभार-।।
उधि-उधि घुमि-घुमि उलटी गयो है धुनि सुनी चढ़त पहार ललना।
शुन्य शिखर पर जाप चढ़ो है खुलि गयो भरम केवार।।

निशु बासर नहिं चन्द उगो है, अचरज रूप हमार।
ज्ञान ध्यान तहवाँ न लगो है 'भीखा' गुरू चरन समाय।। 1055।।

सत्य शब्द उठन लगे है अनभव घर्निन जाप ललना।
अति आनन्द उमंग भयो है ता पद् जिय लगल बनाय।।
सुनत सुनत तन ताप गयो है छुटि गयो कर्म बलाय।
नाँद बिन्दु की जूह भयो है मनुआँ तहाँ लोभाय।।
पृथ्वी गगन सब एक भयो है आपै त्रिभुवन राय।
दूसरे दुष्ट न आवै 'भीखा' चरन समाय।। 1056।।

जग नाम प्रकाश अकार धरे जड़ आतम राम खेले होरी।
काम क्रोध मद् लोभ ग्रसित ना आपु नरक बोरी।।
गति विषयारत भक्ति भाव जहँ ज्ञान ध्यान रस रँग घोरी।
सन्तन सभा चोआ अरू, कुमकुम प्रेम वचन छिरकत रोरी।।
सतुगुरु हाट बिकाय लियो प्रभु दान दियो बन्धन छोरी।
योग युक्ति अभ्यास भरो लैं अर्ध उर्ध सुषमन झोरी।।
सुरति निरति, लवलीन भयो सम जीव सीव दोनों जोरी।
ब्रह्म सरूप अनूप दृष्ट भरि निज पति देखि मिलो गौरी।।
अगम अगोचर नूर झलाझल सोहं तार लगो डोरी।
कहै 'भीखा' मेरो ऐसो साहेब मन माया अँखुआ तोरी।। 1057।।

यक पुर्ष पुरान चहूँ युग में मिलि आतम रात खेलें होरी।
रँग लगो फगुआ रस बसि भयो माया ब्रह्म दुओ जोरी।।
जग परिपंच करम अरुझो नर सबई कहत मोरी मोरी।
नाम पदारथ भूलि गयो है ग्रीवा फँसेउ भरम डोरी।।
कोउ योग युक्ति रस भेष पाइकै सुरति निरति रँग लै बोरी।
बाजत अनहद ताल पखाउज उमगि प्रेम आनंद चोरी।।
सतुगुरु शब्द अवीर कुमकुमा भाव भरी झोरी-झोरी।
'भीखा' दिव्य दृष्टि करि छिरकत पलकन नूर चुअत ओरी।। 1058।।

होरी सो खेले जाके सतगुरु ज्ञान विचार।
यहि सिवाय जो और करत हैं ताकों जन्म खुआर ।। टेक।।

इंगला पिंगला होय शुन्य मिटानो सुषमन भयो उँजियार ललना।
नूर जहूर बदन पर झलकत वर्षत अधर अधार।।
बजत अनहद घंटा तहाँ ध्वनि अविगति शब्द अपार ललना।
पुलकि-पुलकि मन अनभव गावत पवत अलख दिदार।।
अगर अबीर कुमकुमा केसरी उमगो प्रेम पुखार ललना।
राम नाम रत रंग भयो गत का क्रोध अंहकार।।
व्यापक पूरन अगम अगोचर निज साहेब विस्तार ललना।
बोलता एक 'भीखा' सबइन को है जग सकल हमार।। 1059।।

यहो हो होरी गाई ये जू मधुर-मधुर सुरगाई।
समै सोहावन देखत मानों गयो बसन्त फागु ऋतु आई।।
तन मन धन चरनन पै चारों नाम प्रताप गगन ध्वनि छाई।
सुनत-सुनत मन मग्न भयो है सुरति निरति मिली रास बनाई।।
हौं तो सर्णागत माँगत हौं अब दीजै प्रभु सन्त दोहाई।
जल थल जीव जहाँ लगु देखों मनहि बोध नहि आई।।
काया गढ़ के गगन भवन में धुधकि-धुधकि ध्वनि नाम सोहाई।
'भीखा' के मन भर्म देखि कै गुरु गुलाल जिव राह चढ़ाई।। 1060।।

हरि हिए ध्याऊँ साधु मति होरी।
सुमिरन भजत विचारत कबहुँ के, चित चंचल थिर पाऊँ।।
योग अबीर युक्ति रँग लेकै, पवन उर्ध भरि जाऊँ।।
सुरति सुभाव निरित लपटानी, दृष्टि रूप अरुझाऊँ।।
अनहद ताल बजावत गावत, भाव कै सम हर्षाऊँ।।
कहै 'भीखा' तन फागु सुफल भी, जहाँ को तहाँ समाऊँ।। 1064।।

होरी खेलन को जाइये, सत्य सुकृत सँग लाई।
यह माया परिपंच फागु में, मति कोई परै भुलाई।।
सत्गुरु ज्ञान अबीर रँग लेई, हद भरि दमहि चढ़ाई हो।
इंगल पिंगल पिचुकारी छुटत, सुषमन अँग भिगाई हो।।
सुनत मगन मन पवन लसित भयो, सुरति निरति अरुझाई।
पाँच सखी तहुँ चाँचरि गावहि, अनहद डँक पजाई हो।।
ब्रह्म स्वरूप चेतन्य अँग लेई, दुरमति महल बहाई हो।
'भीखा' ता छवि कहिए कौन मुख, उक्ति यको नही आई हो।। 1065।।

हरि होरी गाइले तनु धारी।
ऐसी समय बहुरी नहिं पैहो, काहे के कर्म अकर्म करो री।।
सत्गुरु शब्द डँक देत सिर ऊपर, काहे न सुरति निरति मिलि जोरी।

मानुष जन्म यहि करि आयो, नाम न भजहु सबेरा।
बालकुमार जुबा विरधा पन होई होई जात अबेरा।।
चेतनि पान अपान सो जद उध्यान ब्यान महँ डेरा।
करत है और कहत है औरे बलकत फिरत अनेरा।।
यह मन कठिन कठोर अपरबल किया सकल जग जेरा।
माया मोह में फँसी गयो है, सुत कलत्र धन चेरा।।
आई घटत बढ़त तन देखत, लाभ लोभ तन घेरा।
आवत जात चर्ख चौरासी, करम न करत निबेरा।।
सिर पर काल करत निशु बासर मारत चरित चबेरा।
काहे न बाँधवु भव उतरन कहँ सत्य शब्द को बेरा।।
कहत हैं वेद वेदान्त सन्त पुनि गुरु को नामहिं टेरा।
"भीखा" भाग बिना नहि देखत निकरहि दीप अँधेरा।।

मन तुम नाम न भजहु सवेरो।
पहर दुपहर तीसरे ऊपर हे होय जात अवेरो।।
लागो खड़ा होय जीव जमा सों है केवल हित तेरो।
भर्म घुघट पट खोलि बिचारों सहजहिं मिटै अधेरो।।
सत्‌गुरु नयन सयन को परचो होत न लागत देरो।
अंचरज महा अलौकिक रचना देखत निकटहिं नेरो।।
सहज समाधि कै चाह करो तौ आपा परहि निबेरो।
खोजत-खोजत कोउ पार न पावहि सुर-नर बहुँतेरी।।
तुरिया शब्द उठत अभि अन्तर सोहं-सोहं टेरी।
पुरवहि लिखेउ अक्षर अनमूरति आपहि चित्र चितेरो।।
स्वर्ग जहाँ लगु रूप तुमारों जल थल बन गिर हेरो।
कहै "भीखा" यक धन्य तुम्ही हौ तट पर देवँ केहि केरो।।

राग सोहर

निर्गुन अरम्पार सो रहत निरन्तर हे।
ललना सगुन विदित भए आई कहूँ नहि अन्तर हे।।

छन्द

अन्तर कहूँ नहिं सर्व पूरन एक छत अमले कियो।
थपन उथपन जासु काल प्रताप डर सब के हियो।।

हे मन राम नाम चित धौवे।
काहे इत उत धाई मरतु है, अवशि भजन प्रभु कौवे।।
गुरु प्रताप साधु की संगति, नाम पदारथ खौवे।
हरिदम सोहं शब्द उठतु हैं, विमल-विमल धुनि गौवे।।
सुरति निरति अन्तर लै लाओ, अनहद नाद गगन गर्जौबे।
रमिता राम सकल घट व्यापक, नाम अनन्त एक ठहरौबे।।
जहाँ गयो जग सोयर टूटो, तीन तान गुनये गुन नौवे।
जन्म स्थान खानपुर बोहना, सेवत चरन भिखा नन्द चौवे।।

राम जन्म मन असकति कैसी।
आजुहिं कालि समै बीतत है, अभय छोड़ि भय भरम लेवै सी।।
आतम पुरुष दृष्ट पतिवर्ता, औरि देवा सेवा घर पैसी।
सकल सन्त को मति याही है, आप कुष्ण दरसाई जैसी।।
शास्त्र मत को ज्ञान कहत है, मत विज्ञान कहा गुरु तैसी।
'भीखा' पलखत परैं कबों नहिं, पायो भक्ति संजीवन ऐसी।।

ऐसो राम कवनि विध जानी।।
दृष्ट मुष्ट कबहूँ नहिं आवत। जन्म मरन जुग बहुत सिरानी।। टेक।।
अगम अगोचर बसत निरन्तर। जाके शीश पाप नहिं पूनी।।
निर्गुन निर्विकार सुख सागर। अपरम्पार अखंडित बानी
ईश्वर कै कोई नहिं मूरति। थाके सकल खोज मुनि ज्ञानी।
अलख को लखै अदेख को देखै। व्यापक पूरन चारिउ खानी
निरंकार निरू पाधि निरामै। "भीखा" रँग न रूप निशानी।

जो कछु हौ सो हौ प्रभु तुमही।
दूसर मुख नहिं कहही न गुननी ।। टेक।।
स्वारथ बस काम अंध न सुनही।
विषै धनुष सर आतर धुनही।।

समय जुन आवन सो आई। मन कहेहु ते नहिं पतिआई।।
युग वर्ष मास दिन पहर धरी। छन देह अवधि नियराई।।
मुर्ख तदपि नहिं चिन्ता मानो। करतल भौ अमराई।।
सुर नर मुनि गन्धर्व अरू दानव। काल कर्म दुख पाई।।
ब्रम्हा विश्नु शिव सनकादि आदि दे। प्रभू डर को न डेराई।।
अमर चिरंजिव लोमस समता। दिन पर त्रास जनाई।।
'भीखा' निभौं राम सरन यक। का कियो बहुत सिधाई।।

मौज हरि जानत को जानी। मन समुझ नहिं अभिमानी।।
निर्गुन ब्रह्म निरंजन देवा। सेवा पर पहिचानी।।
योग जाप तप दान नेम करि। थकि मुनिवर ज्ञानी।।
पान अपान उद्यान ब्यान करि। बिसरेउ सारंग पानी।।
अपरम्पार पार परमेश्वर। अविगति अकथ कहानी।।
अवढर ढरन ढरे प्रभु जापर। ताकर भाग्य बखानी।।
'भीखा' व्यापक रूप सकल घटी। पूरन चाखि खानी।।

तुम धनि-धनि साहेब आपै हो। तहवाँ पुण्य न पापे हौ।।
जत निर्गुन तत सरगुन केवल। व्यापक तुम पर तापे हौ।।

रमिता राम तूँ अन्तर जामी। सोहं अजपा जापे हौ।।
ए द्वै ब्रम्ह निरन्तर बासी। प्रगट रूप निरापे हौ।।
चहुँ युग कृत्य कृत्य किया तुम। जेहि सूकर सिर थापे हौ।।
'भीखा' शिशु अवलम्ब राबरो। तुमहिं मया मम खापे हौ।।

मन बसि लेहू अगम अटारी।
नव नारिन को द्वार निरोधो, सहज सुषमना झारी।
अजब अवाज नगारा बाजै, गगन गरज धुनि भारी।।
जहाँ बरै बाती दिवस नहिं सती, अलख पुर्ष मठ धारी।
घर नीको मन कहल न मानै, तब झ्यिे हनो है कटारी।। 296

मन तुम भज लेहू आतम रामैं।
यह माया विस्तार बड़ो है, जग परिपंच हरामै।
सुत कलत्र धन विषय सुखद दुख, अन्त मया को कामैं।।
दिन-दिन धरि पल समय जातु है, तन काँचो सुठि खामैं।
हाड़ माँसु नस रुधिर को बेठन, रूप रँगीलो चामै।।
ताको वेद वेदान्त प्रसंसत, घट-घट केवल नामै।
सत्गुरु कृपा गयो कोउ तहँवाँ, जहवाँ छाहँ न घामैं।।
जहँ जैसो तहँ तैसोई साहेब, लाल गोर कहुँ श्यामैं।
अबलो कहु हरि रूप बैठ कै, शुन्य निरन्तर धामै।।
व्यापक ब्रह्म चहूँ जुग पूरन, है सब में सब तामैं।
जोइ आगे पीछे अर्ध उर्ध, जोइ दहिने सोइ बामै।।
"भीखा" भजन को दाम बनो है, इह इद मइ है दामैं।। 297

दृष्ट ते आदृष्ट देखो सुरति निरति बसाव।
आतमा निर्धार निर्भो बानि अनभौ गाव।।
अचल स्थिर ब्रह्म सेवो भाव चित अरुझाव।
'भीखा' फेरि न कबहु पैहौ बहुरि ऐसो दाव।।322।।

जौ पै कोऊ राम नाम चित धरै।
तन मन धन नेवछावरि वारो, सहज सुफल फल फरै।।
गुरु प्रताप साधु की सँगति, योग युक्ति उर भरै।
इंगला पिंगला सुषमन सोधै, ज्ञान अग्नि उदगरै।।
चन्द सूर्य्य यक ग्रह करि, उलटि उर्ध अनुसरै।
माद बिन्द का जूह गगन में, मन माया तब मरै।।
आठ पहर नौबति धुनि बाजै, नेकु पलक नहिं टरै।
'भीखा' शब्द यह सुनत अबुध बुध, हर्ब को अमरख करै।।323।।

शब्द

येरी मन चाहत दृष्ट निहारी।
सुरति निरति अन्तर लय लाओ, निज स्वरूप अनुहारी।।
जोग युक्ति करि परिषन लागो, पूरन ब्रह्म बिचारी।
पुलकि-पुलकि आपा महँ चीन्हत, देखत छबि उँजियारी।।
सुषमन के घर आसन मारो, इंगला पिंगला सुढारी।
सुन्य निरन्तर साहेब आपे, सब घट बसते न्यारी।।
प्रेम प्रीति तन मन धरि अरपो, प्रभु जी की बलिहारी।
गुरु गुलाल जी के चरण कमल रज माथ भिखारी।।343।।

शब्द

जढ़ आजु आजु कहत कालि काली।
सुमिरन नाहिं कर पापी कपटी जंजाली।।
उतरत पर चढ़त नाहीं कर्मना के काँधे।
यतनो पर पँवर चाहे पाय बाँधे।।

भव जल दरियाव देखो महा अगम गहिरा।
राम नाम नउ का सुनि चढ़त नाहिं नवहिरा।।
बार बार देत सिषा मूद न मन मानै।
नाम देव तव तरै जब राम नाम जानै।।344।।

गुरु राम नाम कैसे जानो मन करत विषै कुटिलाई।
काम क्रोध मद लोभ मोह ते, सँवस कबहुँ नहिं पाई।।
पाप पुन्य युग वृक्ष लगो है, जन्म मरन फल भाई।
हार पात के फिरत फेर में, चेतन्य नाम गँवाई।।
जग परिपंच को जाल पसारो, चारिउ खान बझाई।
याही फन्द से सोई बचै, जेहि आपु से लेहि छोड़ाई।।
भारत होय जन बिनय करत हैं, सरन-सरन गोहराई।
कहै 'भीखा' यह कुफुर टूटै तब, जब साहेब करहिं सहाई।। 345।।

हमरो मनुआँ बड़ा अनारी। साहेब सों नहिं करत चिन्हारी।।
प्राणायाम न युक्ति बिचारी। अजपा जाप न लायो तारी।।
भ्रमते अजर न खोल केवारी। निज स्वरूप नहिं देखु मुरारी।।
पान अपान मिलन सँवारी। गगन गवन नहिं शब्द उचारी।।
सुन्य समाधि न चेत बिसारी। यह लालसा उर बड़ी हमारी।।
सर्ब दान गुरु दाता भारी। जाचक शिष्य सो लेत 'भिखारी'।। 357

मन छोड़हु सकल उदासी।
राम को नाम तीर्थ घटही में, दिल द्वारिका काया काशी।।
करते जग अपनो कर बांधो, त्रिगुन डोर की फाँसी।
भिन-भिन निज गुरु बरतावत, काहु कै कछु न सिरासी।।
तेहिते कनक कामिनी अरुझो, हरि सो सदा निरासी।
अनतै नयन श्रवन अनतै है, रसना अनतै साँसी।।
ब्रह्म सरूप अनूप भूप वर, शोभा शिव कै रासी।
केवल आतम राम बिराजत, परमातम अविनासी।।
अपरम्पार अखण्डित पूरन, अकथ कथो नहिं जासी।
सो प्रभाव प्रगट सत संगति, योग युक्ति अभ्यासी।।
सत्गुरु ज्ञानवान जेहि मारो लगो मर्म अरु गाँसी।
घायल घुरमित उलटि गयो त्यों चेतनि उदित प्रकासी।।
जग समुद्र नउका नर देही कन हरि गुरु बिश्वासी।
अमृत हरि को नाम संजीवन, चाखत छकि न अघासी।।
वेद वेदान्त सन्त मुख भाषहि, धन्य जो नाम उपासी।
मन क्रम बचन जो हरि रँग राते, तजो जक्त उपहांसी।।
जो एकै व्यापक आतम तौ, को ठाकुर को दासी।
ब्रह्म स्वरूप है साहेब सेवक, दिब्य दृष्ट है खासी।।
अलख राम को लखय सोई, जो, भर्म भीत को धासी।
साई योग योगेश्वर ध्यानी, जाकी रहन अकासी।।
हरि सों प्रीति निरन्तर दिन-दिन, छूटी भूख प्यासी।

पहाड़ा

एका एक मिलें गुर देवा, शिष्य सोई जो लावै सेवा।
तन मन वारि चरन चित धारा, एक दहाई दसयें द्वारा।।
दुआ दोय दोइत जो तजई, योग युक्ति करि आपा भजई।
सुरति बिचारि निरति पहँ गयऊ, दुई पर सोन्य बिसुगुना भयऊ।।
तीयाँ तृबिधि ताप मन मेटा, जबही जीव नरायन भेंटा।
मका मदीना घट में खोजा, तीन दहाई तीसो रोजा।।
चौथे चारि खानि हैं जेते, सब घट ब्रह्म बोलता तेते।
घटी कहूँ नहिं हाल हजूरा, चार दहाई चालिस पूरा।।
पँचयें पाँचों मुद्रा साधे, ससि अरु सूर अकासे बाँधे।
प्रानायाम पवन परगासा, सुन्य पाँच पर भए पचासा।।
छठयें चक्र कठिन मति आही, सो निबहै जेहि राम निबाही।
हे शिष्य, नाभी में एक कुण्डली नाम की नाड़ी है। इस नाड़ी समझने से, आइडम्बर के आरम्भ की सौजी होती है। यह सोजी से ही प्राप्त होती है।

प्रश्न

हे गुरु, देव आप पार ब्रह्म हैं, और आप ही मुझे इस भव साग पार निकालने वाले है। सो है गुरु देव जी, कृपा करके, मुझे कुडली नाड़ी को साझने की युक्ति प्रदान करें।

उत्तर

हे शिष्य, अब मैं तेरे पर बहुत दयाल हूं। और तेरी सेवा पर मैं ब खुश हूँ। इसलिए हे शिष्य अब मैं तेरे को इसका भेद पृथक-पृ खोल कर बताता हूं तू ध्यान से सुन समझ। हे शिष्य, इस शरीर इला, पिगंला नामकी दो नाड़ियां है। जो चांद, सूरज के नाम से प्रसिद्ध है। इन दोनों नाड़ियों के बीच में सुखमन नाड़ी है। अ योगाभ्यास साजने की यही एक सुखमन नाड़ी है जिस समय सुखम आती है। उस समय भजन करने की टेम बनती है। उस समय निरन्त स्थान में कोमल आशन लगाकर ज़हाँ किसी का भी खड़का धड़ न हो, वहां एकत जगह बैठ कर अपनी सारी बारी बन्द कर, फि धीरे-धीरे नाभी में जो कुंडली नाम की नाड़ी है वहां से शब्द खीं कर भ्रकुटी में चढ़ाया जाता है। फिर रोम-रोम में और नाड़ी-नाड़ में रोशनी पैदा हो जाती है। और फिर दशवें द्वार हंस पहुंच कर जह अखी देश (सन्तों का दोश

वहां हंस पहुंच जाता है। जहां पर काल नहीं पहुंच सकता और जीव कल्पना से छुट्कारा पा जाता है। और परम गति को प्राप्त होता है।

प्रश्न

हा : मेहर करो गुरुदेव जी, कियो भर्म को नाश।
ा नाथ गुरु वचन मैं पाया अमर घर वास॥

रुदेव जी, मैं आप को वार-वार नमस्कार करता हूँ। और आपने दीन को भवसागर में डूबते हुए को पार किया। और ज्ञान रुपी

Scanned with CamScanner

कमी, कसर, दुराव। **काई**=रंचमात्र भी, किसी प्रकार का भी, कोई भी।

भावार्थ– मुमुक्षू की विनय-प्रार्थना स्वीकार करके दीन दयाल सतगुरु देव ने अन्तर्भेष का अन्तर्भेद विचार सहित जो कुछ दिया और जैसा समझ कर प्राप्त किया। उनकी सम्पन्न विगत व्योरे सहित विवरणिका समझा कर कहता हूँ, इस में रञ्चमात्र भी कोई अन्तर्भेद नहीं रखूँगा।

श्वास उश्वास सुमिरणा सारी, दृढ़ आसन कर ममता मारी।
भेद विभूति विचार चढाई, अनुभव बात अगम की पाई ॥8॥

शब्दार्थ– **श्वास-उश्वास**=नाभि से नाक तक, इडा-पिंगला नासिका छिद्रों से श्वास (रात-दिन में 21,600) लेने की क्रिया। जो पुरक, कुम्भक, रेचक द्वारा सिद्ध-साधन किया जाता है। अष्ट-कुम्भक-प्राणायाम निम्न हैं –

सूर्यभेदनमुज्जायी सीत्कारी शीतली तथा।
भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा प्लाविनीत्यष्टकुंभका॥

(हठयोग प्रदीपिका 2/44)

(1) सूर्य भेदन, (2) उज्जायी, (3) सीत्कारी, (4) शीतली, (5) भस्त्रिका, (6) भ्रामरी, (7) मूर्च्छा,

Scanned with CamScanner

ज्ञानी ओम रु सोहम् ध्यानी, भक्त जपे सत राम निशानी।
ओउम् सोहम् राम जप तीनो, गुरु गम मुक्ति पद को चीनो ॥15॥
नाना संशय काम भ्रम मूरा, डार टार कर चित ते दूरा।
रंचक भेद न विस्मत होऊ, राम ओह्म सों एक, न दोऊ ॥16॥
'अमर पट्टा' निर्भय निर्वांणी, मिटे चौरासी चारो खाणी।
'अमर पट्टा' से राखे हेता, ताको यम दगा नहिं देता ॥17॥
हंसा पकड़े सत का डोरा, तब यम करे नहिं कुछ तोरा।
सोहं सुरती तार मिलावो, त्रिवेणी तख्त में ध्यान लगावो ॥18॥
इड़ा पिङ्गला सुषमण सोजो, ओम सोहं संग स्वासा खोजो।
स्वासा सुमिरण ध्यान लगावो, सहजे दर्शन ब्रह्म मिल जावो ॥19॥
अब हंसा आवे ना जावे, अगम देश में उलट समावे।
यथा साधना प्रकट सुनाई, भव का भय व्यापे ना काई ॥20॥

अथ हृदयोल्लास वाणी सुधा निरूपण

सतगुरु 'अचलराम' अनकरता, जम जोरावर जासें डरता।
सतगुरु वचन निर्भय का भाखा, 'उत्तमराम' कहूँ सत साखा ॥21॥
सतगुरु स्वामी युक्ति बताई, सत प्रतीत पलक में पाई।
सतगुरु दीवी युक्ति ऐसी, करी साधना गाऊँ तेसी ॥22॥
सतगुरु देव दीया फरमाई, करुं साधना मन चितलाई।
यह दृढ़ धार करी दृढ़ फेरी, सोहं शब्द स्वास में टेरी ॥23॥

Scanned with CamScanner

'सतगुरु' सोहं नाम सुणायो, सो निज सहजे हरदम ध्यायो।
युक्ति युत सोहं निज ध्याया, जासे हंसा पार पठाया ॥24॥
इड़ा पिंगला सुषमण सीधी, सुरत शब्द तीनो में बींधी।
पांचो मिल एकता पाई, सत नाम की फिरी दुहाई ॥25॥
नाभि कँवल में लागी डोरी, स्वासा सुरत चढी तब मोरी।
गुरु प्रसाद खुली उर ताड़ी, सुरती पकड़ त्रिकूटी चाड़ी ॥26॥
पूरक कुम्भक रेचक भीना, प्राणायाम युक्ति सब चीना।
त्रिवेणी कँवल में ज्योति जागी, दर्शण होते दुर्मति भागी ॥27॥
सत देश का दर्शण पाया, उज्वल हंसा निर्मल थाया।
सत नाम की डोरी झेली, हंसा खेलत निर्भय हेली ॥28॥
'अमर पट्टा' कस कमर बाधा, अगम देश का मार्ग लाधा।
यासे हंस चल्यो जब आगो, अगम देश के रस्ते लागो ॥29॥
अगम देश का रस्ता आदू, निगम देश में पहूँचे सादू।
गगन मण्डल का मार्ग बंका, वहाँ भी जाय लगाया डंका ॥30॥
गगन मण्डल में निर्भय पूगा, सुन में भानू असंख्य ऊगा।

पद–७४

परमानंद परकाशका, आनंद कह्या न जाय ।।टेर।।
विसवै भासै ब्रह्मतैं, ज्यूं वृच्छ तोयतैं होय।
उलटा देख्या तोयमें, ज्यां वृच्छा नहीं कोय ।।१।।
तरवर ज्यूं माया सवै, यामैं तिरगुण जाण।
पाणि ज्यूं चेतन सदा, निरविकार निरवाण ।।२।।
सोहं शुद्ध स्वरूप हैं, जां मायाकी हाण।
वां सपंद निसपंद कहां, यूं कहैं वेद पुराण ।।३।।
चेतन में हूँ तू नहीं, ज्ञेय ज्ञाता नहीं ज्ञान।
बनानाथ निरभेद है, सरवातीत विज्ञान ।।४।।

***

पद–७५

सतगुरु सत समझाविया, सत चित आनंद अपार ।।टेर।।
आसत गही तजी ना सती, लिया सतोगुण सार।
रज तम दोऊ सम किया, प्रगट्या ज्ञान विचार ।।१।।
सत गुणतैं निरगुण लख्या, सो निरगुण सब पार।
वाईतै सब जग चलै, शुभ अशुभ व्यवहार ।।२।।
सबमैं साखी एकसा, ज्यूं नीर बिरछके साथ।
पानीमें लाधे नहीं, बीज वृच्छ अरु पात ।।३।।
शुभ अशुभ गुण तां नहीं, नहीं कोई जीतनहार।
बनानाथ निश्चै लख्या, टूटा विष हँकार ।।४।।

***

पद–७६

नित पूरण अद्वैत मैं, द्वैत न दीसै कोय ।।टेर।।
परमानन्द परमात्मा, सो कैणीमें नाय।
वाकी सत्ता शुध रूपतैं, रची त्रिगुण मनमायँ ।।१।।
उतपति चेतन आसरे, आप निरंतर धाम।

पद–१८

नाभमें निजार वासा, सुसमवेद उचार स्वासा।
सोहं हंस मिलाय अवधू, निजरूप दरसाया भाई।
सुरत शबद मिलाय।।१।।
उठत शबद अपार धारा, उरध मुख जिमि मीन पारा।
स्वासोस्वास समीर सारा, छेद चक्कर होय न्यारा।
अछर अधर उजास भाई।।२।।
मणी पूर घर अखंड ऐसो, अनन्त सूर उद्योग जैसो।
नाडी चक्र जाल कैसो, तज बहत्तर हजार है सो।
सब आतमको आभास भाई।।३।।

चराचरमें आप देखो, आतमा अज एक लेखो।
सुसम सोहं प्रकाश गुरुपद, नवलनाथ भज तास भाई।
वेद सुसम संचार।।४।।

***

पद–१९

आदि एक अविचल अविनासी, दूजा किम दरसाया।।टेर।।
अनन्त जुगांकी मैं आगम वरणूं, जिमि संत सास्तर गाया।
आपोही आप पुरुष प्रभु केवल, मूल न दरसे दूजी माया।।१।।
पांच पचीस न तिरगुण हंकारा, रैणी सहजे ध्यान समाया।
आप आपणी सगति चेत, चेतक दूजा दरसाया।।२।।
अपणी सगति मैं आप बंधाणा, प्रकृतीगत आया।
शुध बुध भूल सूल तिरये धारी, जद जीव मान भरमाया।।३।।
सुपन मांय सुपनीसम स्वामी, कर दूजा दुख पाया।
स्वस्वामी भाव सगत संबंधा, विधि अनेक बणाया।।४।।
सहज समाधि भूल जग रचिया, लगी समाधी समाया।
नवलनाथ आपका आपा, गुरु बनानाथ देखाया।।५।।

***

पद–२०

सुसमवेद सचियार सोजो, आतमा दिनरैण खोजो
विषयारस सिरसें त्याग बोजो, आपसे धुन लाय।
अवधू आपो केवल थाय भाई।।टेर।।
नाभमैं निरवाण जोवो, सुरत सुखमण वीच पोवो।
योगनिद्रा अभै सोवो, अरध ऊरध मिलाय।
अवधू सहज अरस समाय भाई।।१।।
विषम नाली वंक हेरो, उलट पवना पिच्छम फेरो।
चूर अरिदल गिगन घेरो, सूर शशि घरलाय।
अवधू दमोदम हर पाय भाई।।२।।

पद–२०

सुसमवेद सचियार सोजो, आतमा दिनरैण खोजो
विषयारस सिरसें त्याग बोजो, आपसे धुन लाय।
अवधू आपो केवल थाय भाई ।।टेर।।
नाभमैं निरवाण जोवो, सुरत सुखमण वीच पोवो।
योगनिद्रा अभै सोवो, अरध ऊरध मिलाय।
अवधू सहज अरस समाय भाई ।।१।।
विषम नाली वंक हेरो, उलट पवना पिच्छम फेरो।
चूर अरिदल गिगन घेरो, सूर शशि घरलाय।
अवधू दमोदम हर पाय भाई ।।२।।

कर चकर सुलटा प्राण पेरो, सोहं हंस एक सार टेरो।
शिखर सीधा ठाय मेरो, सगत सिव घर जाय।
अवधू बहुर जन्म न आय भाई ।।३।।
प्राण तन मन सीस तेरो, चरण रहै नवलनाथ चेरो।
नहीं बंधण करम केरो, बनानाथ गुरु ध्याय।
अवधू दियो पूरण ब्रह्म दरसाय भाई ।।४।।

***

इति श्रीनवलनाथजी महाराज कृत वाणी संपूर्ण।

*****

ड़ ड़ाड़ मिटि जब हुआ नबेड़ा, कहे रविदास किया अमर घर डेरा

सोहंग शब्द मन किया बसेरा। मेट दिया चौरासी का फेरा।

ओंकार बावन का पैंतीस में जपयो है सार।
सर्व देव संतन को करें हैं नमस्कार।
पैंतीस मात्रा प्रेम से सिमरें हैं निज दास।
जिन सिमरियो सो मुक्त हैं कहे सद रविदास।
ओंकार पैंतीस मात्रा प्रेम से निसवासर कर जाप।
रविदास कहे जो सिमरते, मिट गये तीनों ताप।
ओंकार पैंती मात्रा प्रेम से सिमरण कीयो मन वैराग।

॥श्री गुरु रविदास बाणी हफ़तावार ॥

सोहंग सतिनाम धियाओ॥ ऐतवार अमृत दा भरिआ बोले अमृत बैन॥ गुरु का शब्द जपो दिन राती ता आवे सुख चैन॥ ऐतवार वी सफल है हरि का सिमरन सार॥ रविदास जो नाम उचारिए पाया मुख दुआर॥१॥ टेक॥ सोमवार सभ ठोर में जले थले भगवान॥ महिमा प्रभु गाईए तब होवे कलियाण॥ गोबिन्द गोबिन्द जाप से आवै सदा अनंद॥ सोमवार सुख दा जपो जपो रविदास मुकंद॥२॥ टेक॥ मंगलवार आवै सदा होवे मंगलचार॥ रल मिल सखीआं सिमरलो हरि हरि नाम अधार॥ प्रीतम चरनी लागिया कभी न आवै हार॥ मंगलवार

श्री गुरु रविदास बाणी पन्दरां तिथी

सोहंग सतिनाम धियाओ॥ अमावस जो है भाखिया जानो मीत॥ श्रृष्ट मुनी सभ गावदे गीत॥ अमावस है छूत सदा बसै है जग जीत॥ बिरलै बिरलै पीवगे सोहंग रस सुरजीत॥१॥ भगता सेती गोष्टी जाए सभी बिहाय॥ आउना उसका सफल है जो जाते लाभ उठाय॥ अमावस है जो आंउदिआ आवन जावन रीत॥ कहि रविदास विचारके राखो हरि से प्रीति॥२॥१॥ टेक॥ एकम एक परमात्मा संसारै है प्रकाश॥ सवास सवास तू सिमरलै तोड़े जम की फास॥१॥ दीन बंधू दिआल जो सोय है सिमरन सार॥ जगत सदा

हरि भगत कहंदिया, निहचल मिल है ज्ञान॥ कहे रविदास लग चरन गुर, मन का हर अभिमान॥ वैसाख सुहावा तिनां है, हरि, हरि जपे सुजान॥

"जेठ"

जेठ तपत बहु घाम कर, शांत ना होवत मीत॥ क्रोध अगनि कर तपत, मन लोभी लोभ परीत॥ सोहंग नाम मुख्ख जपत, जन कीरत करैह नीत॥ संतां संग निवास कर, शांत भयो तिन चीत॥ उतपत करे आप सभि, करे पालणा नीत॥ प्रभू बिन दूजा नांहि को, कर निहचे परतीत॥ तिस प्रभू को तूं जप सदा, होकर मनो नाचीत॥ प्रभू सिमरन गुर दया ते, नष्ट होत जम

सदा विच आज्ञा, एहो भगत महान॥ दासा भगती ऐही है, दासन दास बिखान॥ बुध्ध सुध्ध तब्ब होए है, पावै निरमल ज्ञान॥ अस्सू पूरन आस सब, गुरूदेव विखियान॥ रविदास गुरू चरनन का, सदा करत है ध्यान॥

"कतक"

कतक कर्म त्याग कर, भगत करो गुरदेव॥ सोहंग सोहंग जपंदिया, कर संतन की सेव॥ मात, तात और भ्रात ते, प्रिय जान गुरदेव॥ और सखा नहि जगत में, जैसे है गुरदेव॥ सखा भगत ऐह अशटमी, कीती अर्जन देव॥ सखा जान गुर भगत कर, त्याग करो अहंमेव॥ काम क्रोध हंकार तज्ज, तब्ब कछू

माघ विचार ॥ जंन गुरुदेव हरि भेटिया, भवजल उतरे पार ॥

"माघ"

माघ महीना धर्म का, दृढ़ कर तूं सतसंग ॥ संतां संग प्रीत कर, कदी ना होवे भंग ॥ धूड़ संत के चरन की, सोई श्रेष्ट है गंग ॥ पापां की मल्ल उतरे, चढ़े नाम का रंग ॥ मनमुख्ख संग ना कीजीए, पडत भजन में भंग ॥ दु:ख बिनसे सुख लाभ होवे, गुरमुख्ख जिन के संग ॥ नाम जपो मिल गुरमुख्खां, जो है सदा आसंग ॥ तूं वी प्रभ ते भिन्न नहीं, जिऊं जल मांहि तारंग ॥ सोहंग नाम रग रग रचे, नाम का चड़े जब रंग ॥ पंचो वैरी त्याग कर, तब

आदू राय जोगका योई॥अगम अरु निगम साख कह दोई॥ टेर॥
सतगुरू मोपर कृपा कीजे ॥ पारब्रह्मकी सोजी दीजे ॥
भूला बहुत जुगनका प्यासा ॥ दया करे पूरो गुरू आशा॥१ ॥
सतगुरू दया करी अब ऐसी ॥ शब्द साधना कहिहै जैसी ॥
सोहं शब्द दिया तत् सारा ॥ सो निश्चै हम उरमें धारा ॥२॥
ज्यामे सुरत धरी एक सारा ॥ हरदम सास उस्वास संभारा ॥
मन पवनाका बेला बाधा ॥अरध उरध जुगती कर साधा॥३॥
द्वादश खोज सरोधे लाया ॥ इडा पिंगला दोनूं धाया ॥
चन्द सूर एकण घर लाया ॥ सुषमणके घर हंस मिलाया ॥४॥

ऐसे चढया त्रिकूटी घाटी ॥ अखंड जोत जले विन वाटी ॥
निरभै जाय गगन घर लिया ॥ बैठ गगन पर डंका दिया ॥५॥
सुंन मांय सहज मिल्या सुख धारा॥ज्यांतो जीव पीव नहि न्यारा॥
सधर सरोवर है इक सारा ॥ परसे गुरूमुख संत पियारा॥६॥
वनानाथ गुरू सार बताई ॥ निश्चै जाण परमपद पाई ॥
उमाराम भरम नहिं काई॥ कर महरम आसोजी गाई॥७॥१५॥

पद राग ॥

सॉभलो सन्त समझरी वार्ता॥ हरी आप अदेख रहवाया ॥
सतगुरू जाण दीवी महा झीणी॥ कर निरणे दरसाया ॥ टेर ॥
अणघड अलख निरञ्जन देवा ॥ नहीं जहां जगत पसारा ॥
आपोई आप अलोगत स्वामी ॥ नहिं कोइ खिलका धारा॥ १ ॥
आदू खेल अमावस थरप्या ॥ सुरत सरोधे लाया ॥
सास उस्वास लग्या मन मेरा॥ समझ करे ठहराया ॥ २ ॥
पडवा पहल पिछाणी काया ॥ ॐकार जगाया ॥
देखत आप आपके भीतर ॥ दुरमत दूर हटाया ॥ ३ ॥
बीजम बीज हुवा प्रकाशा ॥ चेतन तार लगाया ॥
रोजो रोज सवाया दरसे ॥ आप अकाश बहवाया ॥ ४ ॥
तीजम तंत मिल्या त्रिवेणा ॥ झलकत जोत अखंडा ॥
हद बेहद लग हुवा उजाला ॥ सब संशयकूं खंडा ॥ ५ ॥
चौथम सुरत निरत मिल चाली॥ गगना रास रचाया ॥
आदू पीव रीझायो सुन्दर ॥ अनहद नाद घुराया ॥ ६ ॥
पंचम आतमदेव परसिया ॥ सुन घर शहर बसाया ॥

सदा निराश लेश नहिं वाके ॥ निरबंधण किरतार ॥ ३ ॥
वो किरतारा सबमें थाया ॥ सबहीका दातार ॥
हाण लाभ न्यारा नहिं भेला ॥ आपोई आप अपार ॥ ४ ॥
वाकी शोभा कथी न जावे ॥ अगम निगम गई हार ॥
भेद अलेदा वचन न पहुँचे ॥ निरालम्ब निराधार ॥ ५ ॥
नाम रूप मन भाव मिटावे ॥ तजे विपैकी सार ॥
उमाराम केवल जब दरसे ॥ सही पुरुप दीदार ॥६ ॥२७ ॥

पदराग ।

पायाहै जी सतगुरू श्यामका ॥ दीदार मैं पायाहै ॥ टेर ॥
सोहं भेद दिया मेरे सतगुरू ॥ जाका सिवरण गया ॥
जागी जाण धरी धुन उनमें ॥ दुरमत दूरा भया ॥ १ ॥
अखी उजाला सबके पारा ॥ सन्मुख दरशण किया ॥
नूर अखंडित निहचल वासा ॥ सो तो गया न आया ॥ २ ॥
आदि रु अंत मध्य तिहुंमाहीं ॥ रह चेतन एक राया ॥
सो समझ्या सतगुरूकी सैना ॥ जो जन महरम पाया ॥ ३ ॥
वनानाथ गुरू सतस्वरूपा ॥ नित निरवाण अथाया ॥
उमाराम सोई निज केवल ॥ मैं तूं भेद विलाया ॥४॥२८॥

प्रदराग ।

अबमैं जाण्या हैजी ॥ सत् पतिम सम भाव ॥
अब मैं जाण्या ॥ टेर ॥
मेरा पीव पीतका गाढा ॥ पीत बिना नहिं पावै ॥

पलटद्या सब दीसे सो मिथ्या ॥ सागे वेण सुणाया ॥ ३ ॥
आपणी जाण आपही जांणे ॥ ज्यूं गूंगे सैन चलाया ॥
नहिं दूजा दूजाका पाईये ॥ आपोइ आप रहवाया ॥ ४ ॥
भेद आपका भेद नें कोई ॥ ऐसे जाण जणाया ॥
उमाराम आप बिन आपे ॥ सैनीसैन पजाया ॥ ५ ॥ १०५ ॥

रागा आसा ।

साधो भाई कर मेहरम दरसाई ॥ उपजे रह मिटे मायाई ॥
भूल कहीजे आई ॥ टेर ॥
पारब्रह्म का सत शब्द है ॥ सो आतम है सांई ॥
शब्द ब्रह्मतें सवी फोरणा ॥ आप अफुर रहवाई ॥ १ ॥
शब्द ब्रह्मतें शब्द अनंता ॥ नाना भांत दिखाई ॥
आप अभांती भांत न राखे ॥ सोहं ब्रह्म अथाई ॥ २ ॥
सबी कलेश करमतें न्यारा ॥ सबमें रहत अचाई ॥
अकल स्वरूपी आप अनादी ॥ वेद संत आ गाई ॥ ३ ॥
सोहं शब्द निज ज्ञान कहीजे ॥ भेद नहीं ता मांई ॥
शब्द ब्रह्म पारब्रह्म एकहै ॥ सूर घाम दुइ नाई ॥ ४ ॥
सच्चिदानंद आनन्द अपारा ॥ मुखसूं कह्या न जाई ॥
आपोई आप अवर नहिं दूजा ॥ उमाराम लख थाई ५॥ १०६॥

राग आसा ।

साधो भाई पागी पारख लाया ॥ प्रगट जाण कह्या परवाणा ॥
साचा खोज बताया ॥ टेर ॥

सोहं ब्रह्म अमर अविनासी ॥ पूरण सुते प्रकाश ॥
परखण वाला मैंई चेतन ॥ आपोई आप निरास ॥ १ ॥
कारण लिंग थूल तिहुं देहा ॥ मेरी सतातें भास ॥
तिर्गुण भाव सताके सारे ॥ मैंई अकरता खास ॥ २ ॥
मेरी सता सतहै सई ॥ जाण हमारे पास ॥
सता हमारे रोम ने अतर ॥ सदा रह्या एक रास ॥ ३ ॥
सबी क्लेश गुणमें कहिये ॥ गुण तीनूंई नास ॥
निर्विकल्प सत् चेतन आनन्द॥नहिं गुण गुणी विलास ॥ ४ ॥
अविगत भेद हमारा कहिये ॥ अगम निगम थकी वाच ॥
तुरीया अतीत उमाराम चेतन॥ मेरा किया अभ्यास॥५॥१२५॥

राग एली ।

चेतनका स्वाल है योईरे साधो॥ परखणवाला आप ॥ टेर ॥
हमहीं निरालेप निरद्वंदी ॥ नहिं कोइ देख अदेख ॥
दूजा लेश नही मो मांहीं ॥ हमहीं निकलंक एक ॥ १ ॥
पांच ततगुण तीन आददे ॥ हमी दिखाई देख ॥
सबी भावना मोतें भ्यासे ॥ मेरा भाव अलेख ॥ २ ॥
अचल अखंड सबीको द्रष्टा ॥ मेरा सई विवेक ॥
नाम रूप सब मोमें मिथ्या ॥ हमहीं सत् विपेक ॥ ३ ॥
शुद्ध स्वरूप सदा सुखदाई ॥ योई हमारी टेक ॥
उमाराम निरबंधण नितही ॥ निर्गुण थया अभेक ॥४॥ १२६ ॥

19:42
Nage Sanyasisyo ka Itihas.p...

अथ विज्ञान स्तोत्र

ॐ शब्दो स्वरूपी अनादो अगादो, चलेमान बाजी जो उपज्या पसारा। निहचल निराकार, निर्गुण अपारा ॥१॥ उदासी अकासी निवासी, अलंकार आया। रूपो न रेखो न धूपो न छाया ॥२॥ थानो न मानो न ज्ञानो न ध्यानो। लिखता न बकता न रखता न वेदो पुरानो ॥३॥ तालो न ख्यालो न मालो न मेला। उपजे न विनसे न गुरुवा न चेला ॥४॥ काया न छाया न माया न मूलं। शाखा न वृक्षो न पतरो न फूलं ॥५॥ वृद्धो न बाला विशाला न पीतं। निहचल निराकार रहता प्रीतम ॥६॥ कर्मो न भर्मो न शंका न डरनी। लेखा अलेखा न करनी न भरनी ॥७॥

जीवो न सीवो न कालो न जालो। जौंरा न जूनी न जम का न सालो ॥८॥ देवी न दुर्गा न भैंरों न भूता। मसानी भवानी प्रानी न दूता ॥९॥ धामो न द्वारा भंडारा पसारा न जाती। देवा न सेवा न पूजा न पाती ॥१०॥ शेषो महेशो गणेशो न गौरा। हंसा न बंसा न कमला न भौंरा ॥११॥ ब्रह्मा न वेदो न विष्णौं न बांनी। निर्गुण निरालंब रहता बिनांनी ॥१२॥ कंछो न मंछो न धौलो न धरनी। स्वर्गो न मृतो पतालो न वरनी ॥१३॥ नादो न बिंदो न पवनो न पानी। अचल तत्त रहता निरालंब जानी ॥१४॥ कर्मो न धर्मो न पापो न पुन्यं। शुन्यं न बसती न वसती न शुन्यं ॥१५॥ माला सुहंगम बिहंगम अपारी। अचल तत्तथीरं जु हलका न भारी ॥१६॥ नादू न तूरा न मुरली न शंखा। अभय तत्त अग है अजब देश बंका ॥१७॥ खाटा न मीठा न फीका न खारी। हिंदू न तुरका न पुरुषा न नारी ॥१८॥ खावै न पीवै न सोवै न जागै। निरंतर निराशा अचल तत्त रागै ॥१९॥ मौंनी न वक्ता न कथता न ज्ञानं। जापो न थापो न धरता न ध्यानं ॥२०॥ लेवै न देवै न खेवै न खेवा। हारै न जीतै निराकार देवा ॥२१॥ सेली न सींगी न मुंद्रा न कानं। करुवा न फरुवा न भेषो न बानं ॥२२॥ ऐसा तत्त झीना पुष्प गन्ध गलता। ऊठे न बैठे नहीं पंथ चलता ॥२३॥ कुरांनो पुरांनो नहीं साखि चर्चा। मारै न त्यारै नहीं प्राण परचा ॥२४॥ स्वांतो न सीपो न हंसा न मोती। अगम नूर अगहै सु झलकंत जोती ॥२५॥ निराकार निर्गुण निरंतर निराला। नहीं शुन्य शक्ति नहीं प्रेम प्याला ॥२६॥ सकल संग रहता सकल से नियारा। नहीं आदि अंतो अनूपो अपारा ॥२७॥ आवै न जावै न ध्यावै न कोहं। ऐसा तत्त चीन्हो निरालंब सोहं ॥२८॥ गलत नूर गैबी असंख कोटि किरणं। नाचै न काछै नहीं भेष वरणं ॥२९॥ थीरो गंभीरो न इंच्छ्या अचाहीं। माता न पित्रो न बंधू न भाई ॥३०॥ गावै न ध्यावै नहीं सो जमाती। मेला न चेला नहीं संग साथी ॥३१॥ निरसंध नीका सकल है अवाजी। रहै ब्रह्म बीना बिलोवान बाजी ॥३२॥ बाजी भंडारा पसारा न रहसी।

अनुराग मेला महल भेद लहसी ॥३३॥ महल भेद पाया चिताया अपारा। परम शुन्य मेला जु सत्य लोक म्हारा ॥३४॥ सत्त लोक चलिये बिरह अग्नि जलिये, जलै सो निमांना। जैसे नून पानी मिला यौं बिनांनी, परम धाम जान्या ॥३५॥ परम धाम पाया समाया सलेसं। गुलजार गैबी जो निहतंत नेशं ॥३६॥ आशा न वासा निराशा निहकामी। अगम से अगम है जु सत्य लोक धामी ॥३७॥ निरसंध नूरं जहूरं मिलाया। जहां का तहां है जु खोया न पाया ॥३८॥ सप्त अंड तोरी अक्षर धाम डोरी, मक्रतार झीना। बोलै न डोलै अलल पंख हेला, ऐसा तत चीन्ह्या ॥३९॥ खाखी न नूरी न सुरता न निरता। अधरि नांच नांचे बिना बांस बरता ॥४०॥ गुदरी न धागा विहागा न खंथा। मांगै न सांगै नहीं भेष पंथा ॥४१॥ खंध्या न संध्या न सांचे न बांचे, जु रहता निराशा। रमता न भमता न हरषों उदासा ॥४२॥ अगम रास रासी बिलासी अपारी। धोती न पोथी नहीं सो अचारी ॥४३॥ अचारी विचारी भंडारी न महता। डेरा न भेरा सकल सुधि लहता ॥४४॥ नहीं मृगछाला गले नाद माला, जो धूंमी न धामां। जांचै न द्वारा अखारा भंडारा न सामां ॥४५॥ नहीं गोत नाती अजाती अनाथा। पढ़ावै गुनावै समांने समाता ॥४६॥ गुलजार गैबी गलत है सृष्टि में, सकल सिंधि थीरं। बन्दी छोड जान्या पिछान्या, जु अदली कबीरं ॥४७॥ नैंनो न बैंनो न सैंनो न सीख्या। नजरि में अजर है जु गुरु भेद दीख्या ॥४८॥ दीख्या दिखाया सकल में समाया, जु गुरु भेद महली। मिले पाख दरिया अटल पीव बरिया, सकल रूह गहली ॥४९॥

दोहा :- गरीब, विनांनी विज्ञान स्तोत्र, नेश निरन्तर थीर। अविगत महल अगाध है, जहां तखत खवास कबीर ॥५०॥ सोहं हँसा हेरि ले, सुरति समागम कीन। दासगरीब महल मिले, अनरागी ल्यौलीन ॥५१॥

अथ बिलास बोध

महल की खबर लखि भाई क, छाडो ज्ञान चतुराई। बाई बिन्द कूँ कर ठौर, फूले केतकी दर मौर ॥१॥
कमल उलटि हंसा जोय, पट्टन घाट धोबटि धोय। परी है प्रेम की फांसी क, मनुवा गगन के वासी ॥२॥
लगी है उनमुनी तारी क, झिलमिल नूर गुलजारी। बाजैं गगन मंडल तूर, दामिनी दरश झिलमिल नूर ॥३॥
कूरंभ कच्छ मच्छा धौल, तापर शेष की है पौल। ब्रह्मा वेद की ध्वनि होय, विश्वंभर विष्णु चीन्हौ सोय ॥४॥
दरशै नील कण्ठ कैलाश, ता पर देख शिव का बास। सुरनर मुनी जन मैदान, सनकादिक धरत हैं ध्यान ॥५॥
आसन अमर गुटका बंध, मेला सुष्मणा घर सिंध। बामां गुदा में दे जान, तातैं उलटि पांन अपांन ॥६॥
दहना वज्र ऊपर राख, मन कूँ ले चढ़ावौ चाक। कूवा कंकरी कैलाश, डोरी बिना भरते दास ॥७॥
द्वादश पवन परचे फेर, हंसा चढ़ो शिखर सुमेर। लै की लाव है भाई, सलाई शील की लाई ॥८॥
मरुवे हैं मुलायम मेल, प्रेम की पाटि ऊपर खेल। गाडो गूडरी गलतांन, धुरां धरि ध्यान का प्रवान ॥९॥
चंद्र सूर हैं दो बैल, गगनी गगन कूँ कर सैल। कीली कुलफ जूड़ि जूहारि, गम की गौंन मैहनै द्वारि ॥१०॥
चित्त का चड़स दिल दरियाव, बारा नूर का भरि ल्याव। बाइ बिहंगमी बेला क, क्यारी भरत है चेला ॥११॥
अर्शी बाग है नूरी क, मेवा अजब अंगूरी। अमर फल आदि है अनादि, जहां कोई खाहिं बिरले साध ॥१२॥
झंडा त्रिकुटी के तीर, चौसठ सिन्धु सरोवर नीर। ऊंचा मेरु पर्वत जान, सूरज ऊग्या पश्चिम भान ॥१३॥
चंदा झिल मिला झंमकार, देखो उलटि पूरब द्वार। तारे तंतनी उजियार, देखो त्रिकुटी चमकार ॥१४॥
दामिनी खिमैं है उजियार, छ्यानवैं कोटि मेघ मलार। बादल बिना ऊठैं लोर, कोयल कुहुकते हैं मोर ॥१५॥
शीशी प्रेम के प्याले क, पीवै संत मतवाले। प्याले खुरदनी है खीर, हंसा मान सरोवर तीर ॥१६॥

चलि हंसा कलाली कुंज, झलकै तेज नूरी पुंज। अमली अमल में हैरांन, सोफी नहीं पावैं जांन ॥१७॥
चवता फूल जित चोखा क, पीवत हंस होंहि मोखा। जलाबिंब नूर की धारा, जहां है नाम नवारा ॥१८॥
बेड़े पड़े कोटि अनंत, साधु पार उतरैं संत। बरदवानं अकाशी बांध, चिल्ला खैंच उलटा सांध ॥१९॥
भौंहों की चढ़ी है कमान, निशाना रोप्या है मैदान। बेझे विलंब ना कीजे क, ग्यासी खैंचि कसि लीजे ॥२०॥
रतनागर चक्र की ओट, बेझे लगत नांही चोट। चकरी खोल्हि ले खिड़की, बटक सा बीज है बटकी ॥२१॥
खूल्ही पवन से चक्री, अनाहद लगी है जिकरी। चंपा चांदनी शिंभ द्वार, खूल्हे वज्र पौल किवार ॥२२॥
दो दल कँवल की घाटी क, उघरी वज्र की टाटी। अक्षर धाम का धागा क, पौंहचे हंस वीतरागा ॥२३॥
मक्रतार मैंदाना क, अगमी अगम कूँ जाना। बिन पग पंथ है भाई, खबरदार उलटियो नांही ॥२४॥
शंकर शेष पौंहचे नांहि, ब्रह्मा विष्णु कहो कित जांहि। शुन्य में करै को सैली क, बंकी बाट है गैली ॥२५॥
गाजै शब्द सिन्धु आवाज, अदली अदलि सतगुरु राज। गवनी गवन है बारी क, शुन्य में गुमट अटारी ॥२६॥
बिलावल बंग है अरसी क, महली महल हैं सरसी। कंगूरे झिलमिले झांई, निरालंब नूर है सांईं ॥२७॥
कंगूरे नूर के नीके क, चौदह तबक हैं फीके। दुंद न दोष दरिया पाख, सतगुरु कहैं चेला साख ॥२८॥
सलहली सैल है गादी, कला नट तिहरि ज्यूं साधी। डिगे तो पड़े चकनाचूर, नीचे धर्मराय की हूर ॥२९॥
हिरंबर हेत हिल मिल शुन्य, कर्म न धर्म पाप न पुण्य। हीरे झिलमिला झमकंत, लाल अमोली दूलह कंत ॥३०॥
गुलजारी गली बैजार, सतगुरु का तहां व्योपार। सराफा है सही सतलोक, पारस लाल हैं अनजोख ॥३१॥
मोती झिलमिलै झमकार, ऐसा सिन्धु वार न पार। कंद कपूर की टोडी क, बालद भरैं हैं बौडी ॥३२॥
मेर कुबेर है भंडार, अगमी अगम वार न पार। कोटि वैकुण्ठ पाठ पुरांन, यज्ञ अश्वमेध सतगुरु दांन ॥३३॥

संखौं मुक्ति चंपी चूर, आगे मल्ल अखारा हूर। योगी जोगिया ध्यानी क, वाणी पढ़ै ब्रह्म ज्ञानी ॥३४॥
मौनी बीतरागा संत, वहां कोई वार पार न अंत। मेला भर्‌या है बरियाम, सौदा करैं हैं निःकाम ॥३५॥
गलीचे गगनि में हैं गैब, वहां नहीं जाति पायत ऐब। अजाति हैं अनाहद रास, सतगुरु का निश्चल वास ॥३६॥
बिलौरी सेज है सोहं, चंपी करत है ॐ। फुहारे छुटत हैं गगनी क, बेले बाग हैं रंगनी ॥३७॥
असमानी अलंकारी क, गूंजैं भँवर भणकारी। अविगत गुमट है गलतान, फरके श्वेत ध्वजा निशान ॥३८॥

पिंड न काल काया कर्म, जा दिन पुण्य पाप न धर्म। सुख दुःख नहीं था दरवेश, कूरंभ कच्छ धौल न शेष ॥६॥
नेम न धर्म ज्ञान न ध्यान, जूनी जीव मृत्यु न हांन। रिद्धि सिद्धि नहीं था बैराग, श्रोता नहीं लापत राग ॥७॥
लहमी लहम दरिया लैल, ना था ख्वाब मेला खेल। चौबीसौं नहीं अवतार, धरणी नहीं अठारा भार ॥८॥
तेतीस कोटि ना देवा क, अठासी सहंस ना भेवा। नारद नहीं त्रिकाली क, तरुवर मूल ना डाली ॥९॥
सनकादिक नहीं थे च्यार, वाणी कहूँ धूं धूं कार। सूरज चंद्र ना थे पवन, चौदह तबक ना थे भुवन ॥१०॥
तीनौं लोक ना लिलाठ, पांच न तीन सिरजे आठ। जम दम नहीं था लेखा, लिखी नहीं कर्म की रेखा ॥११॥
शक्ति न मुक्ति थी माया क, धूंधूंकार गुरुराया। ना था महाकाल कुलीन, नाद न बिंद सिरज्या सीन ॥१२॥
महत न लोक थे बैकुंठ, च्यार न मुक्ति सिरजी कंठ। दोजिख बहिश्त ना थे दीन, अविगत आप है ल्यौलीन ॥१३॥
बीजक कित रह्या कर्तार, अविगत अलख सिरजनहार। बिश्वंभर कित रह्या मांही, तूंही गति जानता सांई ॥१४॥
निरंतर बीज की खानी, कँवल दल गंध समानी। सृष्टि का भार है केता क, सतगुरु भेद सब देता ॥१५॥
सलहली सैल है सैली, जहां कोई पंथ ना गैली। बीते अनंत जुग अन जोख, सतगुरु रहत है सत्य लोक ॥१६॥
सूरति अजब नगरी ऐंन, शुन्य मंडल अनाहद गैंन। निश वासर नहीं तिथि बार, जा दिन रवन धूंधूंकार ॥१७॥
रवनं रूप रेख न जांन, ता दिन भये थे न जिहांन। अधर ध्वनि गगन गाजत है, अखंडत नाद बाजत है ॥१८॥
दिव्य दृष्टि अलेख अल्लाह, मढ़ी न महल पंथ न राह। योग न भोग था भाई, समुंद्र शब्द बे थाही ॥१९॥
अगम और निगम दोनौं नांहि, माया मूल वृक्ष न छांहि। कथनी कथा कीर्ति काज, सिकल न बिकल शरम न लाज ॥२०॥
सूक्ष्म रूप का रासा, कँवल दल में लिया वासा। बट की बटक बीज विचार, ऐसे कमल दल संसार ॥२१॥
सुहंगम हंस हैं सोहं, इच्छा वासना दोवं। दरीबा दीप है दरियाव, सतगुरु खेलता है दाव ॥२२॥

बांका भगल है भाई, कोई जन भेद जित पाई। जल थल नहीं था निसतूक, पांचौं तत्त सरवर सूक ॥२३॥
ॐकार बाज्या नाद, अविगत आप पूरया साध। कँवल दल सुरति धरि कीन्हा क, ॐकार रंग भीना ॥२४॥
चेला तीन कर तत्काल, शक्ति रची विश्वंभर ख्याल। पांचौं तत्त की ताखी क, त्रिगुण मध्य में राखी ॥२५॥
आरंभी कीया आरंभ, एकै शब्द रोप्या खंभ। सूवा पवन पर संच्या क, बीजक रख्या मन इच्छा ॥२६॥
धर्म का पुत्र उपज्या धर्म, जाकै कौन लावै कर्म। सिरजे च्यार अंड अनादि, जा मध्य जगत की है आदि ॥२७॥
खानी च्यार के सब जीव, मन और पवन संचे पीव। वाणी च्यार का सब ख्याल, काया कर्म सिरजे काल ॥२८॥
विभूती शंभू कूँ साज्या, जलाबिंब थीर कर काजा। पर्वत अस्थि मध्य दीन्हें क, पांचौं खेल मिल कीन्हें ॥२९॥
कूरंभ कीया है कर्तार, कच्छ अरु मच्छ धौल अधार। सहंस फुनि शेष रटता है, अखंडित नाम छुटता है ॥३०॥
चंद्र सूर्य सैलांनी, रचें हैं पवन और पानी। तारे गगन ध्वनि गैंनार, सिरज्या पलक में संसार ॥३१॥
गुपतारी गुइंदर बीज, खेलैं अनंत जुग नहीं छीज। काया कर्म हैं झांई, बिटंबी काल तिस लाई ॥३२॥
सूवा संचर्‌या है पवन, ता पर लग्या आवा गवन। गैबी गैब का भौंरा क, कालं खात हैं जौंरा ॥३३॥
फोरे भ्रम की मुटकी क, जौंरा काल है पुटकी। मरता नहीं है महबूब, हंसा अजब मूर्ति खूब ॥३४॥
सुरति और निरति निश्चल राख, अविगत सिन्धु सोहं साख। सोहं सुरति का निर्बान, निरति तो धसी महलौं जांन ॥३५॥
खेलैं हैं खिलारी ख्याल, शुन्य संदूक मध्य है लाल। भ्रम की भीर है भौंदू क, भूले तुरक और हिन्दू ॥३६॥
सहंस दल कँवल मध्य हैं बास, पट्टण घाट रोको श्वास। चंबेली चांदनी हैं सेज, सुष्मण द्वार सोहं बेझ ॥३७॥
अविगत नगर अदली नेक, घट नहीं धारता है भेष। बहु रंग बिनती सुनिये क, ताना सुरति का बुनियें ॥३८॥
पटंबर पीठ चलना है क, हम कूँ चैन पल ना है। निगम के नाद से न्यारा, सहंस पंखडी प्यारा ॥३९॥

जूनी नहीं जन्म धरता है क, सौदा अजब कर्ता है। सतगुरु की चलो नै हाट, हंसौं की करत हैं साट ॥४०॥
नैनों में बसंता है क, वहां नहीं आदि अंता है। गैबी अजब साजन संग, लाया है निरंतर रंग ॥४१॥
झिलमिल नूर का मेला क, भवजल बिचरिया चेला। मदन की मढ़ी पूरे नाद, मेटै सकल द्वंद्व उपाध ॥४२॥
नीर और खीर छानै है, चरित्र कौन जांनै है। समझि ले सैंन साजन की क, अति चोखा अमी रस पी ॥४३॥
मुलक है मालवे महली, करो नै दूर बद फैली। सहंस जाप का एक जाप, सोहं सुरति का सुनि लाप ॥४४॥
सुरति नैनों में नीका है, अजपा जाप टीका है। दास गरीब सत्य उपदेश, हर दम निकट रहना पेश ॥४५॥

अथ गैंद उछाल के सवैये

है दिलदार अपार निरंजन, योग जुगति समूल सुनावै। मूल कूँ बंधि बिलावल पंथ है, लिंग शरीर का भेद बतावै ॥१॥ दम की धार सुमार सुजीवन, नागी के शीश पै नाद बजावै। भौंरी उलटि लिलाट का घाट है, दण्ड सुमेर सूधा कर ध्यावै ॥२॥ नैंन के बान कमान कूँ खैंचि के, पैठि पताल शेषा गहि ल्यावै। चंद सूरज इला पिंगुला मधि, सुषमन घाट कूँ सुरति लगावै ॥३॥ शुन्य सुमेर कुमेर की राह है, गंग सहंस मुख प्रबी ही नहावै। मूल में पैठि पसाव करै तहां, तापर शाला ही कर्म रचावै ॥४॥ मूल उच्चार गणेश गायत्री है, नौ तत्व के कूँ भिरंग उडावै। चंद्र सूर समोय के सिद्धि करै, नाद सूं नाद कूँ आंनि मिलावै ॥५॥ नाभ कि ताब में बंक की बाट है, औघट घाट कूँ हंसाई जावै।

मेर सुमेर कूँ छेदि के धाईये, सहंस कँवल दल पैठि समावै ॥६॥ जहां जोति अपार कला गुलजार है, तेज रु पुंज के चौंर दुरावै। हीरे लाल बिसाल मोती मुक्ताहल, मानसरोवर हंस चुगावै ॥७॥ शुन्य में शेष बदेस विश्वंभर, ताहि पै सूक्ष्म रूप लखावै। अष्ट भुजा पर मूल सहंस, अक्षर धाम की डोरि बंधावै ॥८॥ मक्रतार अपार है पंथ पुरातम, बिन सतगुरु तहां को ले जावै। संख भुजा परमानंद का देश है, दास गरीब बहुरि नहीं आवै ॥९॥१॥
पांन अपांन उद्यांन बियांन कूँ , खैंचि असमांन न आलस कीजै। बायर बिंद सलेस कर नाद स्यूं , सतगुरु ज्ञान विचार सुनीजै ॥१॥ दुरगुन दीप बंका गढ़ भाई जी, योग जुगति की राह परीजै। खेत मंडे शूरे सार झडैं जहां, सतगुरु आगेई यौह सिर दीजै ॥२॥ ऐसे जन्म कूँ काट न लाईये, साके बिना कहो कौन पतीजै। भूख रु प्यास तिरास सरीकति, खड्ग के धार की चोट में सीझै ॥३॥ शत्रु कूँ मार निछत्र का पूरा तूं , चौदह ही कोटि से जंग करीजै। खेत पड़े सिर पीठ न दीजिये, ताहि पै मौला ई मुरशद रीझै ॥४॥ सुखमन सिन्धु में चंद्र अपार है, प्रीत से प्रेम का प्यालाई पीजै। बंक नाल के घाट में आठ फुहारे हैं, भौंर गुफा मध्य भौंरा ही भीजै ॥५॥ मानसरोवर से गंग जो आई है, मान तलाई उलटि भरीजै। अर्थ धर्म काम हौंहि मोक्ष मुरारी से, कल्प वृक्ष नाम है ध्यान हरीजै ॥६॥ शूरयौं की चोट चुटाल का काम है, लावैं सुरति की चोट निशानें। आत्मराम स्वरूप में सैल है, गगन मंडल में तंबू ही तानें ॥७॥ दीप परदीप दिवाना ही देश है, सतगुरु नीर रु क्षीर कूँ छानें। ऋग यजु साम अथर्वण थाके हैं, ब्रह्मा विष्णु रु शंभू दिवानें ॥८॥ धन्य जननी जगदीश भक्त की, शेष पै सूक्ष्म रूप पिछानें। बावन कोटि कंगूरे अपार हैं, ताहि पै अनहद नाद घुरानें ॥९॥ अविगत नगर में आरती होत है, तहां उहां रहत हैं हंस अमानें।

प्रीत की रीत छिपै न छिपाई जी, नैंन रु बैंन रु सैंन से जानें ॥१०॥ आदि रु अंत है मध्य चिदानंद, सतगुरु खोल्हे हैं गैबी खजानें। दास गरीब उड़े सतलोक कूँ, जैसे अलल पंख कीन्ह पियानें ॥११॥२॥
अजपा ई जाप जपौ जगदीश कूँ , सुरति सुहंगम तार संनेही। तालू न कंठ हलै नहीं रसना जी, देही के मांहि रटे हैं विदेही ॥१॥ शब्द की गाज अवाज सी होत है, बोलनहार चिदानंद येही। खांड रु खीर हमीर का खान है, अन्ध नरा भूले चाटत रेही ॥२॥ तीरथ बरत विश्वास विश्वंभर, धौरी हि जानि के खाई है खेही। बारू की भीति में भात धरें कौन, मूढ नरा सेती न्यारा परेही ॥३॥ मूढ के ढूंढ में डांमाई डोल है, पांच पचीस पिशाच पुकारै। कंठ से नाम न गाम गलीज है, जाप अजपा कहो कैसे धारै ॥४॥ खान रु पान का द्वारा ही दूत है, आप मरे देखो और कूँ मारे। पांच परौसी प्रेतों का साथ है, कीर नरा भूंडे ही किलकारै ॥५॥ स्वाफ शरीर खमीर खुलास है, अष्ट कँवल दल नाम उचारै। रूंम ही रूंम अखंड धुनि ध्यान है, जाप अजपा कूँ संत विचारै ॥६॥ सतगुरु सन्त मिलें अविनाशी जी, आप तिरें अरु और कूँ त्यारै। जूंनी जिहान में फेर न आवहीं, लख चौरासी का भार उतारै ॥७॥ धर्मराय की बंधि समूल छुटावत, चित्रगुप्त का कागज पारै। रूप न रंग अभंग बिराजत, त्रिकुटी पाट पै है दिलदारै ॥८॥ कोटिक सिद्धि खड़ी कर जोरहीं, मेर कुमेर भरें हैं भंडारें। दास गरीब अजपा का ख्याल यौह, पल पल प्रबी है जगि जौंनारें ॥९॥३॥
हाल हजूर चिदानंद साहिब, मौले मुरारी विश्वंभर आया। ना पैद से पैद किया नर मूरख, पिण्ड रु प्राण रची जिन काया ॥१॥ जैसे का तैसा जहां का तहां मौला, खोज करो देखो खोया न पाया। दीद बरदीद जो नूर जहूर है, नैंन की रेख में सुरमा समाया ॥२॥ कुरबान जुगा जुग जाऊँ मैं तास की, जिन्ह महबूब अलेख लखाया। दम सुदम की माला सुहंगम, छत्र श्वेत पर चौंर दुराया ॥३॥

भँवर भारी ज्ञान लावता हूँ ॥४॥ अग्र मूल में पैठ कर आये यारो, जहां नागनी नाथ कर उलटि मारी।

सुर खैंचि कमान का बान मार्‌या, लाग्या पौंन का दण्ड प्रचंड भारी ॥५॥ वामां पैर गुदा की जो सिंध लाया, मूल चक्र का घाट मुंधा विचारी। दहना पैर अंबरी पर जो चूर दीन्हा, बैठे सिद्ध आसन कला जोग सारी ॥६॥ पेचा खोल्हि कर नागनी नैंन मूंदे, जोग नेस क्रिया लील चक्रधारी। देखो नाभि कूँ फेर सुमेर ध्याये, संतों पकर आनी गही ऊँनकारी ॥७॥ हिरदे नाद की गुंजि गुंजार घोरें, कंठ कँवल में पैठ बैराट पारी। इला पिंगुला सुषमना सूत लाया, बजर पौर की जाई खोल्ही किवारी ॥८॥ मोती मुक्ति माला देखी चित्रसाला, हंसा देख रे देख झिलमिल अटारी। सहंस दल कँवल के महल में किया लटका, जहां जोग और जुगति की लगी तारी ॥९॥ भौंरा उजल अलील बिन परों उड़ते फिरें, अछे जो वृक्ष की बैठ डारी। जहां गंग निरबांन असनांन आशा मुखी, हंस बेदी रचै कलाधारी ॥१०॥ परमहंस का लोक परलोक घर अगम है, याह तो सुन्न शक्ति ॐकार नारी। ब्रह्मा विष्णु महेश अरु शेष जाकूँ रटैं, दूर औह देश भुज संख धारी॥११॥ शिव शक्ति मिल सेहरा पुरुष का गूंदही, कोटि कोटि अनभै मिली छंद गावैं। ब्रह्मा कोटि कलधूत के लोक मांही, जहां कृष्ण और विष्णु मुरली बजावैं ॥१२॥ शिव कोटि संगीत जो इन्द्र गिनती कहां, पुरुष प्रवांन अविगत कहावैं। अलख अवधूत संजूत सतगुरु कहैं, दास गरीब ऐसे लखावैं ॥१३॥१०॥ जल थल के बीच में रमि रह्या, तूं देख दीदार दरहाल है रे। औह सेत सुभांन जिहांन मांही, जो अजब महबूब अकाल है रे ॥१॥ पारस की खांनि तो मूत्र की धार में, कहाँ मोती हीरा लाल है रे। गलतांन असमांन में अजब मौला, एक सृष्टि त्रिलोक का माल है रे ॥२॥ जल बूंद से जूंनि जिहान सब होत है, एक पलक के बीच पैमाल है रे। पाखंड कूँ पूज पाखंड परलौ गया, सृष्टि सूवा ठग्या जाल है रे ॥३॥ पत्थर के फैन से फैज पाई नहीं, शीश जम दूत का साल है रे। कौन मारै कहौ कौन मरि जात है, छाडि हंसा चल्या खाल है रे ॥४॥

अगर मूल के फूल की बासना कहत हूँ , झिलमिला रंग रिसाल है रे। सेत ही हंस जहां सेत सरवर सरु, सेत ही कमल जहां ताल है रे ॥५॥ बुदबुदे संख कहां राव और रंक है, नजरि दर नजरि निहाल है रे। दरियाव की लहरि दरियाव ल्यौलीन है, भँवर और फील जल झाल है रे ॥६॥ भरम के बुरज और सीत के कोट हैं, अजब ख्याली रच्या ख्याल है रे। दास गरीब औह अजब निज ब्रह्म है। एक ही फूल फल डाल है रे ॥७॥११॥ एक बटक के बीज में सकल संसार है, बटक का बीज निहबीज भाई। छुछिम सा रूप अनूप निज सार है, निकटि निरबांन निर्गुण समाई ॥१॥ अलख अलेख के भेख बपु हैं नहीं, गर्भ औजूद जानें न माई। चंद में सूर और सूर में चंद है, शरद और गरम दो देह दिखाई ॥२॥ छिपै नही चंद और सूर ऊगै नहीं, रात और दिवस किन्हें बनाई। सुरग पाताल मिरत लोक मौला रचे, अलख इलाम बाजी उपाई ॥३॥ बटक के बीज में बटक सौ संख हैं, बटक का बीज सौ संख राई। वेद बंदूख अवाज सी होत है, नहीं दीदवांन में सुरति लाई ॥४॥ कलम के काम कलधूत पावैं नहीं, मूढ नर अंध कहां घोल स्याही। किले और कोट पर चोट एक होत हैं, लाय कर मोरचे ढाहि खाई ॥५॥ तत की तोब तो दहूँ दिश दगत हैं, सुरति और निरति दो सुरंग लाई। किला अचांन असमान कूँ उड़ि गया। सपतपुर सुंन नौबत बजाई ॥६॥ मन मैंदान में पकरि जोधा लिया, किला कलधूत का दीया ढाही। सफर के बीच में नफर का काम है, जोगिनी मंगलाचार गाई ॥७॥ किले संजूत अनभूत के में बड़े, अरस और कुरस में नूर झांई। अलख महबूब खुद खूब खालिक धनी, दम के बीच दीदार पाई ॥८॥ रैदास चमार और नामा छीपा कहूँ, गया परलोक सदना कसाई। सवा मन सूत जहां तोर पंडित चलें, कनक जनेऊ रैदास ल्याई ॥९॥ जुलहदी जंग दहूँ दीन से रोपिया, तहां नौ लाख बोडी उपाई। करत केशो किया हुकम कबीर से, आन जौंनार काशी जिमाई ॥१०॥

चले जद मगहर कूँ, लखै कोई डगर कूँ , चदर और फूल अधके बिछाई। खड़े दहूँ दीन तिहूँ लोक साका भया, शब्द में शब्द ल्यौलीन थाई ॥११॥ गीध गनिका देखो भीलनी कौन थी, तास के झूठे फल आप खाई। सेऊ और संमन मनियार मौला मिले, हुकम हजाम था सैंन नाई ॥१२॥ मूंज अरु बांस सर खूब चोखे लीये, नामदेव छांनि तहां खूब छाई। पातशाह मसक जद बांधि नामा लिया, गऊ तत्काल बेगहि जिवाई ॥१३॥ पीपा रजपूत और धन्ना था जाट का, तास का खेत साहिब निपाई। बूझ्या चंदुवा और सिंघ दीक्षा दई, ऊँच और नीच में भेद काई ॥१४॥ पंडों की जगि में सुपच साका किया, चौदहूँ भुवन शंखा सुनाई। सहदेव

श्रोता कोटि अनंत हैं, बिरले साधु संत।। ५९।।
गरीब, जिन मिलते सुख ऊपजे, मेटै कोटि उपाध।
भुवन चतुरदस ढूंढ़िये, परम सनेही साध।। ६०।।
गरीब, राम सरीखे साध है, साध सरीखे राम।
सतगुरु कूँ सिजदा करूँ, जिन दीन्हा निज नाम।। ६१।।
गरीब, भक्ति बंदगी जोग सब, ज्ञान ध्यान प्रतीत।
सुंन शिखर गढ़ में रहै, सतगुरु शब्द अतीत।। ६२।।
गरीब, ऐसा सतगुरु सेईये, पार उतारे हंस।
भक्ति मुक्ति की दाति से, मिल है सोहं बंस।। ६३।।
गरीब, सोहं बंस बखानिये, बिन दम देही जाप।
सुरति निरति से अगम है, ले समाधि गरगाप।। ६४।।
गरीब, सुरति निरति मन पवन परि, सोहं सोहं होय।
शिव मंत्र गौरिज कह्या, अमर भई है सोय।। ६५।।
गरीब, ररंकार तो धुनि लगै, सोहं सुरति समाय।
हद बेहद परि वास होय, बहुरि न आवै जाय।। ६६।।
गरीब, गुझ गायत्री नाम है, बिन रसना धुनि ध्यान।
महिमा सनकादिक लही, शिव शंकर बलिजांव।। ६७।।
गरीब, अजब महल बारीक है, अजब सुरति बारीक।
अजब निरति बारीक है, महल धसे बिन बीक।। ६८।।
गरीब, राम नाम के पटतरे, देवे कूँ नहीं और।
सो उदम ता दिन भये, अमर करी जद गौर।। ६९।।
गरीब, शुकदेव सुख में ऊपजे, राई सींग समोय।
नव नाथ अरु सिद्ध चौरासी, संगि उपजे थे दोय।। ७०।।
गरीब, ऐसा राम अगाध है, अविनाशी गहर गंभीर।
हदि जीवों से दूर हैं, बे हदियों के तीर।। ७१।।
गरीब, ऐसा राम अगाध है, बे कीमत करतार।
शेष सहंस फुनि रटत है, अजहुँ न पाया पार।। ७२।।
गरीब, ऐसा राम अगाध है अपरंपार अथाह।
उर में कृतम ख्याल है, मौले अलख अलाह।। ७३।।
गरीब, ऐसा राम अगाध है, निर्भय निश्चल थीर।
अनहद नाद अखंड धुनि, तन मन नहीं शरीर।। ७४।।
गरीब, ऐसा राम अगाध है, बाजीगर भगवंत।
निरसंध निर्मल देखिया, वार पार नहीं अंत।। ७५।।
गरीब, पारब्रह्म बिन परख है, कीमत मोल न तोल।
बिना उजन अनराग है, बहुरंगी अनबोल।। ७६।।

कुंज कमल में बैठ कर, माला फेरे सोय।। ६४।।
गरीब, सुरति सुमरनी हाथ ले, निरति मिले निरबान।
ररंकार रमता लखै, असलि बंदगी ध्यान।। ६५।।
गरीब, अष्ट कँवल दल सुंन है, बाहिर भीतर सुंन।
रोम रोम में सुंन है, जहां काल की धुंन।। ६६।।
गरीब, तुमही सोहं सुरति हो, तुम ही मन और पौन।
इनमें दूसर कौन है, आवै जाय सो कौन।। ६७।।
गरीब, इन में दूसर कर्म है, बँधी अविद्या गांठ।
पांच पचीसौं ले गई, अपने अपने बांट।। ६८।।
गरीब, नाम बिना सूना नगर, पर्‌या सकल में शोर।
लूट न लूटी बंदगी, हो गया हंसा भोर।। ६६।।
गरीब, अगम निगम कूँ खोजिलै, बुद्धि विवेक विचार।
उदय अस्त का राज दे, तो बिना नाम बेगार।। १००।
गरीब, ऐसा कौन अभागिया, करै भजन कूँ भंग।
लोहे से कंचन भया, पारस के सत्संग।। १०१।।
गरीब, पारस तुम्हरा नाम है, लोहा हमरी जात।
जड़ सेती जड़ पलटिया, तुम को केतिक बात।। १०२।
गरीब, बिना भक्ति क्या होत है, ध्रुव कूँ पूछो जाहि।
सवा सेर अन्न पावते, अटल राज दिया ताहि।। १०३।।
गरीब, बिना भक्ति क्या होत है, भावै काशी करवत लेह।
मिटे नहीं मन बासना, बहु बिधि भरम संदेह।। १०४।।
गरीब, भक्ति बिना क्या होत है, भरमि रह्या संसार।
रत्ती कंचन पाया नहीं, रावण चलती बार।। १०५।।
गरीब, संगी सुदामा संत थे, दारिद्र का दरियाव।
कंचन महल बख्स दिये, तंदुल भेंट चढ़ाव।। १०६।।
गरीब, दो कौड़ी का जीव था, सैना जाति गुलाम।
भक्ति हेत गृह आइया, धर्‌या सरूप हजाम।। १०७।।
गरीब, नामा के बीठ्‌ठल भये, और कलंदर रूप।
गऊ जिवाई जगतगुरु, पादसाह जहां भूप।। १०८।।
गरीब, पीपा कूँ परचा हुवा, मिले भक्त भगवान।
सीता सुधि साबित रहै, द्वारामती निधान।। १०६।।
गरीब, धन्ना भक्त की धुनि लगी, बीज दिया जिन दान।
सूका खेत हरा हुवा, कांकर बोई जान।। ११०।।
गरीब, रैदास रंगीला रंग है, दिये जनेऊ तोड़।
जग जौनार चोले धरे, एक रैदास एक गौड़।। १११।।

गरीब, अठारह खूंहनि खपि गई, दुर्योधन बलवंत।
पंडौं संग समीप हैं, आदि अंत के संत।। ११८०।।
गरीब, तिबरलंग हुम्यौं रहै, मन में कछु न चाह।
मौज मेहर मौला करी, दीन्हा तख्त बैठाय।। ११८१।।
गरीब, हिंद जिंद सब ही दई, सेतबंध लग सीर।
गढ़गजनी ताबे करी, जिंदा इसम कबीर।। ११८२।।
गरीब, सात सहीसल नीसली, पीछै डिगमग ख्याल।
नौरंगजेब अरु तिबरलंग, इन पर नजरि निहाल।। ११८३।।
गरीब, अगले सतगुरु शेर थे, पिछले जंबुक गीद।
यामे भिन्न न भांति है, देख दीद बरदीद।। ११८४।।
गरीब, पिछला टांका रहि गया, उतर्या हुकम हजूम।
तिबरलंग कहो कौन है, आये मौलवी रूम।। ११८५।।
गरीब, गाडा अटक्या कीच में, ऊपर बैठे तुम।
बेलनहारा राम है, धोरी आप धर्म।। ११८६।।
गरीब, धर्म धसकत है नहीं, धसकैं तीनूं लोक।
खैरायत में खैर है, कीजे आत्म पोष।। ११८७।।
गरीब, धर्म बिना ऐसा नरा, जैसी बंझा रांड।
बिन दीन्हा पावै नहीं, चाटै चाकी ग्रांड।। ११८८।।
गरीब, साधु संत सेये नहीं, करी न अन्न की साट।
कुतका बैठया कमरि में, बिचतें पाटी राठ।। ११८९।।
गरीब, धर्म बिना धापै नहीं, यौह प्रानी प्रपंच।
आश बिरानी क्यूं करै, दीन्हा होय तो संच।। ११९०।।
गरीब, धर्म किया बलिराय कों, ठानी इकोतरि जगि।
तहां बावन अवतार धरि, लिये समूचे ठगि।। ११९१।।
गरीब, कंपे स्वर्ग समूल सब, ऐसी यज्ञ आरंभ।
आसन सुरपति के डिगे, पान अपानं संभ।। ११९२।।
गरीब, हवन किये हरि हेत से, जप तप संयम साध।
बलि के बावन आईया, देख्या अगम अगाध।। ११९३।।
गरीब, एक यज्ञ है धर्म की, दूजी यज्ञ है ज्ञान।
तीजी यज्ञ है हवन की, चौथी यज्ञ प्रणाम।। ११९४।।
गरीब, च्यार वेद का मूल सुनि, सुषम वेद संगीत।
बलि को ये चारौं करी, बावन उतरे प्रीति।। ११९५।।
गरीब, अमर किये आसन दिये, सिंहासन सुरपति।
ऐसी जगि जगदीश की, ताहि मानियौं सत्त।। ११९६।
गरीब, दान किये देही मिलै, नर स्वरूप निरबान।

गरीब, पलकौ के छज्जे बने, भौंह महल मंडेरे।
जै जै जै जगदीश तूं, धंनि साहिब मेरे।। ६१।।
गरीब, गूदा हाडी रुधिर में, ले संधि मिलाई।
ऊपर चाम लपेटि करि, नख रूंम बनाई।। ६२।।
गरीब, तलवे एडी आंगुली, पींडी प्रवाना।
गोडे जांघ बनाईयां, कादर कुरबाना।। ६३।।
गरीब, कमर करंक करीम कूँ, क्या जोड़ लगाया।
नस नाड़ी का बंध दे, गृह गांठि बंधाया।। ६४।।
गरीब, पेट पीठ पूर्ण किये, परमानन्द स्वामी।
भुजा खवे कुंहनी बनी, सुमरथ घण नामी।। ६५।।
गरीब, आंत उदर में राखि कर, क्या पड़दा कीन्हा।
एक द्वार दों देहरी, अन्न जल का सीना।। ६६।।
गरीब, अष्ट कँवल दल आरती, हरदम हरि होई।
नाभि कँवल में प्राणनाथ, राखे निरमोही।। ६७।।
गरीब, माया की भुरकी पड़ी, मारग नहीं पावै।
दस इन्द्री लारे लगीं, अब कौन छुटावैं।। ६८।।
गरीब, बड़वानल का द्वार है, नाभी के नीचे।
जे सतगुरु भेदी मिलै, तहां अमृत सींचे।। ६९।।
गरीब, जठर अग्नि जाकूँ कहै, जो खुध्या लावै।

अवतार स्थान श्री रामपुर धाम

जल से तृषा ना मिटै, कोई भेदी पावै।। ७०।।
गरीब, तीन पेच है कुंडलनी, नाभी के पासा।
जाके मुख से नीकसे, झल अग्नि अकाशा।। ७१।।
गरीब, मल मूत्र की कोथली, दो न्यारी कीन्हा।
दम का दगड़ा गगन कूँ, ऐसा प्रवीना।। ७२।।
गरीब, मन माया मौजूद है, काया गढ़ मांही।
बीच पुरंजन बसत है, सो पावै नांहीं।। ७३।।
गरीब, पांच भारजा आदि हैं, जाके संग डोलै।
तीन लोक कूँ खाय गई, मुख से नहीं बोलै।। ७४।।
गरीब, बड़ी कुसंगन सुपचनी, सुध बुध बिसरावै।
चिन्ता चेरी चूहरी, नित नाद बजावै।। ७५।।
गरीब, महा दलिद्र की गांठ बांधि, आगे धरि देवै।
तीन लोक की चिन्त कूँ, निश बासर सेवै।। ७६।।
गरीब, काम क्रोध रसिया जहां, मद मोह मवासी।
लोभ लंगर जहां बटत है, वहां बारह मासी।। ७७।।

डिंभ सुरति डर लागे, कपट सुरति है कूड़ी।
कहा योग बैरागे, जानी सुरति न रूड़ी।। १३०।।
पाखण्ड सुरति पतिजाई, त्रिलोकी नहीं ठौरा।
सत्रह सुरती गाई, सोहं सुरती भौंरा।। १३१।।
सोलह सुरती त्यागै, सोहं सुरती नेहा।

अवतार स्थान श्री रामपुर धाम

सो हंसा जुग जागे, पावै पुरुष बिदेहा।। १३२।।
साखीः–गरीब, सोलह सुरती काल है, धमराय की फांस।
सत्रह सुरती कूँ लखे, ताका कबहुं न नाश।। १३३।।
अक्षय वृक्ष में बसत है, सोहं सुरति हनोज।
सो सुरती लखि लीजियो, डारो कृत्रिम बोझ।। १३४।।
रमैणीः–सोलह सुरती की अगवाना, सोहं सुरती मूल बखाना।
जे ते नाद नाभि के तीरा, सोहं सुरती मध्य शरीरा।। १३५।।
सोलह सुरती रमै बपु देशा, सोहं सुरती गावै शेषा।
ऊँ शब्दी मूल उचारा, सोहं सुरती रच्या पसारा।। १३६।।
सुन द्वादस का कहूँ बखाना, सोलह सुरती है दरबाना।
पांच पचीस तीन गुन तूरा, मन राजा संग रहै हजूरा।। १३७।।
तीन लोक जाकी ठकुराई, डिंभ पाखण्ड वजीर बनाई।
आशा तृष्णा ताहि खवासा, मनसा नारी से घर बासा।। १३८।।
पाप पुण्य जाके दरबाना, लोभ मोह दो हाकिम जाना।
कामदार जाके काम हजूरी, क्रोध रूप सब सैना पूरी।। १३९।।
ममता माया लेत इजारे, पकरि किसान सर्व से डारे।
दुर्मति खड़ी कुदूया पुकारे, आत्म जीव कूँ बहु विधि मारे।। १४०।।
कैसे टूटे ये बन्धाना, मन राजा कर है तलबाना।
अग्नि रूप है सैना सारी, आत्म जीव कूँ ल्यौह उबारी।। १४१।।
सुनो फिलाद देवन के देवा, तुम्है उतारो भवजल खेवा।
मैं समर्थ का चाकर चेरा, भवजल पार उतारो बेरा।। १४२।।
गरीबदास यह अरजी भाषै, जठराग्नि से सतगुरु राखै।।

अथ कर्म डण्ड मोक्ष पुराण

रे दुरमती दुराचारी। सठसंगी मूढ़ मुगधं। निष्ट धर्मं। जंबकी जाति सिंह शेरं। मरकबं मलागीरं। भाव अभाव न बञ्चते।। बलम वेदं भावई भारं। किरम कींट शिला पानं धोवते। नदीनायचः। राजानायचः। नारीनायचः। अग्नि नायचः। कलमली कालं। कला हीनं। मोक्ष मुद्रा जनांसती।। सुरहीनं गुदाभ्रिष्टं। सुरसरी सैना। बहे जातं। किंगायत्री ज्ञान ध्यानं। इन्द्र देवादि सुरपतं।। बारू बिरञ्च

07:30

गणपत गौरि कूँ सौंरि संजम करै,
श्री गणेश प्रथम मनावैं। ब्रह्मा और विष्णु शिव मदति संगीत ले,
अलख जगदीश के सिर चढ़ावे।। १।।
प्रथम गायत्री जाप अजपा जपै, नाम निरबान ऊँ उचारै।
पांच पच्चीस मन पौंन कूँ बांधि करि, त्रिकुटी कोट में ध्यान धारै।। २।। नाभ का पवन जब गवन गगने करै, त्रिकुटी भृकुटी खुल्हैं तारा। नैंन मुख मूंदि कर सरवन समोय ले। सुरति और निरति लखि शम्भू द्वारा।। ३।। सर्पनी मारि कर श्वास पीवत रहे, पदम आसन करें मेरे सूधा। सुरग वैकुण्ठ की वासना छांडि करि, जोगिया जुगति कर पद बिरूधा।। ४।। खेचरी भूचरी चांचरी उनमुनी, अकल अगोचरी सबै साधी। अधर ही धार अपार का खेल है, भगल विद्या चढ़ो व्रत वादी।। ५।। चिसम दुरबीन दरबार लागे रहैं, इंगुला और पिंगुला मध्य फुहारा। सुषमना सिंध की जाय परबी लई, सहंस मुख बहै जहां गंग धारा।। ६।। हदफ का तार सुमार दम की करै, पंख बिन हंस गगनें उड़ावै। अष्ट दल कँवल पर सहंस दल कँवल है। जोगिया भँवर मन ले चढ़ावे।। ७।। मानसरवर जहां कँवल फूले तहां, कली दर कली जाय भँवर छ्यावै। कोटि निशान जहां छत्रपति ब्रह्म है, आदि अनादि अनहद बजावै।। ८।। ब्रह्मण्ड में पिण्ड है पिण्ड ब्रह्मण्ड में, पिंड ब्रह्मण्ड किन्हें बनाया। कोटि ही शुन्य जहां कोटि बैराठ है, तास का भेद कहु किन्हि लखाया।। ६।। नाद में बिन्द है बिन्द में नाद है, नाद अर बिंद कर एक भाई। अलल का ध्यान धरि सुरति समूल है, लोक प्रलोक दिव दृष्टि आई।। १०।। अर्श में कुर्श है कुर्श में अर्श है, अर्श और कुर्श से

भिन्न सोई। सुरति में निरति है निरति में सुरति है, सुरति और निरति से अगम जोई।। ११।। बीज में बिरछ है बिरछ में बीज है, बीज और बिरछ का सुनि बयाना। मूल में फूल है फूल में मूल है, डाल फल पान सब एक जान्या।। १२।। सलहली सैल जहां पंथ मारग नहीं, अगमपुर धाम गढ़ हूँठ मांहीं। संख दल कँवल जहां जगमगै जोगिया, तास परि चढ़े नौबति बजाहीं।। १३।। जीव में ब्रह्म है ब्रह्म में जीव है, जीव और ब्रह्म बीचि भ्रम कालं। दास गरीब जो परम गति कूँ गये, मिले दरहाल सतगुरु दयालं।। १४।। २।।

पलक पहर में कूँच तुम्हारा, हो गये राज बिराजी।
शब्द हमारा मानि गंवारा, क्यों समझत नहीं पाजी।। २।।
मन में मुलनां बंग देत है, तेरे दिल ही अंदरि काजी।
करि ले पूजा दूर कर दूजा, टुक देखि ले नेम निवाजी।। ३।।
धनि वै बंदे सतगुरु जिन्दे, जो परसे अरस अवाजी।
दास गरीब पलक कर पलना, चौंर ढुरैं उपराजी।। ४।।
घट घेरै नींद निमानी घट घेरै।। टेक।।
सतगुरु मिलैं तो बेगि छुटावैं, छानैं दूध रु पानी।
पांच पच्चीस शीश चढ़ि खेलैं, ज्यों नाचैं भूत भवानी।। १।।
निंदरा काल जाल है भाई, हो गई तांनम तांनी।
जिंदे से मुरदा करि डारै, भटकत फिरै प्रानी।। २।।
जो जागै सो पद स्यौं लागै, पावै अकथ कहानी।
उलटि पवन षट चकरे बेधै, जा परि मैं कुरबानी।। ३।।
पवन डंड नागनि कूँ मारै, नाभ फिरै तुरफानी।
इला पिंगला सुषमन सेझा, चलि मानसरोवर न्हानी।। ४।।
है बहुरंगी अचल अभंगी, वै तो हैं हंसों के दानी।
कहै दास गरीब अमर होय सुनि करि, तूं मानि हमारी बानी।। ५।।
हंसा उतरैंगे पार नौका नावरी।। टेक।।
लंबे रे बरदवान गहरी जिहाज, नीके रे उतरियौ लागी साज।
डिगै न डोलै कोडी न होय, उस नौका चढ़ि सकै न कोय।। १।।
उस नौका परि जगमग फूल, जा नौका कूँ पलक न भूल।
हीरे मोती जड़िया लाल। वाह नौका है नजरि निहाल।। २।।
त्रिलोकी तिल मांहि सुमेर, उस नौका का ऐसा ही फेर।
पृथ्वी प्रदछिनां दे आवै, एक पलक प्रलोके जावै।। ३।।
सुरग नरक की करैं न कांन, अरसी नौका अजब विमान।
स्वर्ग नरक की करै न भिंन, जा के जरिया कोटि रतन।। ४।।
ब्यौमी से सुरगापुरी जाव, सुर नर मुनिजन धरैं न पाव।
है हिरदे के मध्य त्रिकुटी के तीर,
दास गरीब भजि अविगत कबीर।। ५।।
गाहक फिर फिर जांहि सौदा जोरि है।। टेक।।
तन मन अरपि चढाईयो शीश, सौदा करियो बिसवे बीस।
हाटि पटण जो चलता गाम, बहुरि कौन तेरा लेगा नाम।। १।।
हाटि पट्टन होयगा बारा बाट, बहुरि कौन तेरी करि है साटि।
हिरसि हवा के हैं बजार, जम किंकर की खाहिगा मार।। २।।
मारे रावण मारे कंस, जिन्हि के कहीं न पाये बंस।

धर्मराय की बंध तोर्या, सुखदे संग लेही।। ६।।
सुलतानी बादशाह थे, तज्या बलख बुखारा।
ऐसे सतगुरु बेलिया, भल औगन गारा।। ७।।
गेपीचंद और भरथरी, भल योग बिजोगी।
रामथली रोशन करी, शीतल रस भोगी।। ८।।
गोरख दत्त कबीर हैं, रैदास कमाला।
दादू दर्श पर्श भये, पिया प्रेम पियाला।। ६।।
केते अमली अमल में, उस देश दिवाने।
ऊँचे कुल कूँ कोसना, होंहि धूर समाने।। १०।।
कौन ऊँच कौन नीच है, चढ़ो नाम निवारे।
गरीबदास आजिज तिरे, बूडे बट पारे।। ११।। १३।।
नजर निहाल दयाल है, मेरे अंतरयामी।
सोलह कला संपूर्णा, लख बारह बानी।। टेक।।
उलट मेरदंड चढ़ गये, देख्या सो देख्या।
संख कोटि रवि झिलमिलैं, गिनती नहीं लेखा।। १।।
वर्ण वर्ण के तेज हैं, पचरंग प्रेवा।
मूरति कोटि असंख्य हैं, जा मध्य एक देवा।। २।।
जाकै ब्रह्मा झारू देत हैं, शंकर करि पंखा।
शेष चरण चंपी लगे, अगमी गढ़ बंका।। ३।।
धर ऐनक दुरबीन कूँ, ध्वनि ध्यान लगावै।
उलट कँवल अरशां चढ़ै, तब नजर्यौं आवै।। ४।।
सूक्ष्म मूरत सोहना, अगमी एक रासा।
रहता रमता राम है, घट पिंड न श्वासा।। ५।।
जो देख्या सो किस कहूँ अचरज एक ख्याला।

भजन - 16

र : बारह पेड़ी बावन कचेड़ी, हूकूम झरोकांऊ लागे ।
नौ पेडी ऊं लागे नसाणी, आगे अनगढ़ सागे ।।

परा वाणी नाम की निसाणी, प्रशन्ती ऊँ प्रशन जागे ।
मदा पान फूलड़ा छाई, फल बेकरी के लागे ।।

परा पशन्ति मदा बेकरी, ऐ आऊँ के रागे ।
वाणी ने धार बिचार देखलो, भजन नाभ कंवल मूं जागे ।।

आवत-जावत पावन पिछाणे, शिल तेज घर जागे ।
5 - 25 - 52 ओर 12, ओहंग सोहंग लेखे लागे ।।

सांसम सांस, उसांसम सांसा, हर दम डंका लागे ।
मनमानी डंका मिट जावे शंका, सांसा का सिवरण सागे ।।

राचक रिचा पूरक पूरा, कूम्भक भरवा लागे ।
मन का मणिया पावन का धागा, अब सुरतीऊं रटबा लागे ।।

उठत बेठत आद अन्त देखो, पीव परण के पागे ।
झीणी - झीणी मन्दूरी वाणी, ह्रदय में हूंकरो लागे ।।

अजपा सिवरण सेन बताऊं, तार बंकनाल लागे ।
लागो तार तरबीणी के आगे, भजन त्रिकूटी में जागे ।।

भंवर गूफा में भजन गुंजारे, तार के तिरगुण आगे ।
दे रंणुकार राग चढ़ियो ऊंचो, बिना श्रवण सुणियो सागे ।।

अखण्ड भजन प्रखण्डा में गाजे, बाजा अनहद बाजे ।
अनहद उपरे होवे अवाजा, आठ पहर धून लागे ।।

गेबी गोप अनोप फरती माला, बिना मणिया बिना धागे ।
न अन्छर न नरभे हो रही रटना, अखण्ड लहर धून लागे ।।

मन पावन ऊठे सुरती नहीं पूंगे, ऊठे अंक लेख न लागे ।
शशि भाण तारा ऊठे न पूगे, ऊठे छाया धूप नहीं लागे ।।

नाम का नाम पूनः पहली का, कांई म्हांका भाग आगला जा
गुर्जर गरीबीऊ कनीरामजी बोले, सतगुरू परस्या सागे ।।

15:22

श्वांसों की महिमा तथा महत्त्व पृथ्वी लोक पर है। स्थूल शरीर के लिए आक्सीजन यानि शुद्ध वायु की आवश्यकता है। सूक्ष्म शरीर में प्राण (श्वांस) काम करता है। सतलोक में शरीर श्वांसों से नहीं अध्यात्म शक्ति से चलता है।

काल लोक में भक्ति करके सत्यलोक प्राप्ति करनी होती है। स्थूल शरीर से साधना करनी है। स्थूल शरीर मानव का जब प्राप्त होता है, तब ही मोक्ष का मार्ग खुलता है। इसलिए इस अध्याय में श्वांस का जो महत्त्व बताया है, वह पृथ्वी लोक पर साधना से सम्बन्ध रखता है।

कबीर, श्वांस-उश्वांस में नाम जपो, व्यर्था श्वांस ना खोय।
ना बेरा इस श्वांस का, आवन होके ना होय।।
श्वासा पारस भेद हमारा, जो खोजै सो उतरे पारा।
श्वासा पारस आदि निशानी, जो खोजे तो होय दरबानी।।
हरदम नाम सोहं सोई। आवागवन बहोर न होई।।
श्वांस गुंजार पृष्ठ 94(1672) पर भी प्रमाण है:-
श्वासा सार गहै सहिदानी। शशि के घर महं सूर्य उगानै।।
श्वासा सार गहै गुंजारा। जाप जपै सतनाम पियारा।।
अजपा जाप जपै सुखदाई। आवै न जावै रह ठहराई।।

इस प्रकार श्वांस का महत्त्व बताया है। श्वांस से स्मरण करने से यानि जाप की धुन (लगन के साथ जाप करने) से जीव मोक्ष प्राप्ति करता है।

यह श्वांस (शब्द) गुंजार है। अध्याय का सारांश सम्पूर्ण हुआ।

Previous << अध्याय कमाल बोध का सारांश **||**
अध्याय अगम निगम बोध का सारांश **>> Next**

एतिक श्वास दोइ दलमें आवै । पल बाहर पल भीतर धावै ॥
दूसर कमल झलाझल माँहा । झलकै ज्योति अर्धधुनि ताँहा ॥

सहस्र पंखुरी कमल अनूपा । तहां वसै मनज्योति स्वरूपा ॥
ताहि कमल पर बाजन बाजै । बानी अधर मधुर धुनि गाजै ॥
कूर्म कमल मकरंदी राजा । तहां विराजति शोभित साजा॥
तहां घरनि घरियार बजावै । घनी घनी टंकोर लगावै ॥
दश और पचहत्तर श्वासा । इतना एक घरी परकासा ॥
एतिक श्वासा सहज घर आवै । तहां घरनि घरियार बजावै ॥
छसै पचहत्तर की सहदानी । एक टंकोर टोकावै जानी ॥
इहि विधि चारि टंकोर टोकावै । ताकर भेद सन्त कोई पावै ॥
राहु केतु सँग व्यालिन रोकै । ताको मर्म कोइ जनि अलोकै॥
एक पहर मारै विधि पूरा । गहन गरासै शशि औ शूरा ॥
गहन गरासत निरखै श्वासा । रवि शशि राहु केतुपरकाशा ॥
ताहि संग एक नागिनी रहै । घड़ी घड़ी वह जीवहि गहै ॥
श्वासा सोहंगम गहन गरासै । आगम जानिके जीवहि त्रासै॥
श्वासा सोरह गहन लगावै । छठये मासहि काल सतावै ॥
श्वासा परख घरीकी राखै । दमहि चलै सो आगम भाखै ॥
एहिविधि श्वासचलैपुनिजबही । दुइ हजार सातसै तबही ॥
पुजे घरि पूरण होय जबही । पहरके टोर मारै पुनि तबहीं ॥
एतिक श्वासा प्रहर प्रमाना । घरि चारि गरज बंधाना ॥
आठ घरी दुपहरि जब आवै । टोकै गहर गहन नहिं लावै ॥
चारि घरी चारिउ युग मूला । चारि प्रहर चारिउ समतूला ॥
चारिउ युग एक पहरके माहीं । चारि प्रहर चारि युग ताहीं ॥
प्रथम प्रहर सतयुग परवाना । तापर प्रथम घरी निर्वाना ॥
सतयुगमें युग चारि अपारा । चारिउ युगको नाम निरारा ॥
प्रथमहि सतयुग रोपै थाना । चारों युग तेहि मांहि समाना ॥
सतयुग प्रथम घरी निर्बाना । कीलक युग तेहिमांहि समाना॥

में कर लेने से शेष दो स्वतः वश में हो जाते हैं। बिन्दु के स्खलन को रोकर उसे ऊर्ध्वमुख कर ऊपर उठाने से सहजानन्द की प्राप्ति होती है और मन, प्राण भी अचल हो जाते हैं। ब्रह्मचर्य और प्राणायाम से ही ऐसा सम्भव होता है परन्तु इसके लिये हठयोग के षट्कर्म से नाड़ी शोधन की आवश्यकता होती है ये षट्कर्म हैं- धौति, वस्ति, नेति, त्राटक, नौलि और कपालभाति।

नाड़ी शुद्धि होने से प्राणादि वायुओं का शमन सहज हो जाता है नाना प्रकार के आसनों और प्राणायामों से सुषुम्ना मार्ग खुल जाता है। शरीर के दक्षिण में व्याप्त नाड़ियाँ सूर्य का अंग है और वामांग वाली चन्द्रमा का अंग। इन दोनों के बीच सुषुम्ना है। नाना प्रकार के अभ्यासों से साधक इन दोनों मार्गों को बन्द कर देता है तब उनमें बहने वाली शक्ति संयमित होकर योनिकन्द के मूल में स्थित सुषुम्ना की मध्यवर्तिनी ब्रह्मनाड़ी के मुख को खुला पाकर उस मार्ग से ऊपर उठती है तो वस्तुतः कुण्डलिनी ही ऊर्ध्वमुख होती है। प्राणायाम इसमें साधक होता है।

कुण्डलिनी के उद्‌बुद्ध होने पर प्राण स्थिर हो जाता है और साधक शून्यपथ से निरंतर ब्रह्माण्ड में ध्वनित होने वाले अनहद नाद को सुनने लगता है जिसके अन्तर्गत क्रमशः समुद्रगर्जन, मेघगर्जन, भेरी, झर्झर, मर्दल, शंख, घण्टा, काहल, किंकिणी, वंशी और वीणा की झंकार सुनाई देती है। साधक के चित्तस्थैर्य के साथ इन शब्दों का सुनाई देना बंद होता जाता है क्योंकि तब आत्मा अपने स्वरूप में क्रमशः स्थिर होता जाता है।

इस प्रकार हठयोगी साधक प्राणवायु को निरुद्ध करके कुण्डलिनी को उद्‌बुद्ध करता है जो क्रमशः षट्चक्रों-मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्धि और आज्ञा चक्र- भेदन कर अंतिम चक्र सहस्रार में शिव से मिलती है। इन चक्रों के स्वरूप का वर्णन भी बताया गया है इनमें मूलाधार में चार दल है स्वाधिष्ठान में छः मणिपूर में १०, अनाहत में १२ और विशुद्धिचक्र में १६ दल बताये जाते हैं इनके ऊपर भ्रूमध्य में जो आज्ञाचक्र है उसमें केवल दो ही दल होते हैं। सबसे ऊपर

'सिद्धे बिन्दौ महादेवि किं न सिद्धयति भूतले' शिवसंहिता का यह कथन बिन्दु सिद्धि से सर्वसम्भव की बात को स्वीकार करता है पातञ्जल योग दर्शन में भी कहा गया है- 'ब्रह्मचर्य-प्रतिष्ठायां वीर्यलाभ:।' ब्रह्मचर्य की निष्टा से वीर्य 'बिन्दु' की स्थिरता, ऊर्ध्वगति का लाभ प्राप्त होता है। हठयोग प्रदीपिका में कहा गया है-

ऊर्ध्वरेता भवेद्यावत् तावत् कालभयं कुतः?

जब तक साधक बिन्दु को ऊर्ध्वगामी रखता है तब तक उसको काल-मृत्यु प्राणक्षय का भय नहीं है। अथर्ववेद में भी कहा है कि- 'ब्रह्मचर्येण तपसा देवा मृत्युमुपाध्नत' अर्थात् ब्रह्मचर्य रूप तप से देवों ने मृत्यु को मार डाला। दूसरी ओर ब्रह्मचर्य के पालन बिना योग का साधन करना अपने को रोग और मृत्यु के मुख में भेजना है अर्थात् ब्रह्मचर्य से हीन साधक योगमार्ग में सफलता नहीं पा सकता है। ब्रह्मचर्य ही योग में सफलता की कुंजी है। इतना ही नहीं ब्रह्मचर्य ही विश्वमात्र की सफलताओं का बीज है वह सफलता चाहे भौतिक हो अथवा आध्यात्मिक।

वस्तुत: ब्रह्मचर्य का अर्थ आजन्म क्वारा रहना या जटाजूट आदि भेष बनाकर फिरना मात्र नहीं होता। स्थूलार्थ में ब्रह्मचर्य का अर्थ वीर्यनिरोध या काम दमन से ही है परन्तु इतना समझने से भी ब्रह्मचर्य का अर्थ पूरा नहीं होता। वस्तुत: वीर्य को रोकना, वेद ज्ञान को पाना, सत् चित् आनन्द ब्रह्म में समाना ब्रह्मचर्य हैं। वीर्य एक दिव्य तेज का नाम है।

'वीर्यं वै भर्ग:' वीर्य ही तेज, आभा, प्रकाश है। इस वीर्यरूप ब्रह्म के दीपन से ही ब्रह्म वेद के तत्त्वज्ञान का दर्शन और वेदतत्त्व के ब्रह्म दीपक से सत् चित् आनन्द ब्रह्म का साक्षात्कार हुआ करता है। यह ब्रह्ममंत्रसंयम ही ब्रह्मचर्य का पूरा तत्त्वार्थ है। इस ब्रह्म त्रिवेणी का स्नाता पुरुष ही योग का सच्चा अधिकारी होता हैं।

हमारे शास्त्रों में वीर्य के बीजत्व, वीरत्व, ओजस्, बल, तेज, शुक्र, रेत, रेतस् कान्ति, बिन्दु, भर्गादि नाम कहे गये हैं और उसे सृष्टि का उत्पादक, पालक, संहारक कहा है किन्तु हठयोग के ग्रंथो में वीर्य को ब्रह्म बिन्दु, ब्रह्म बीज तक कहा है। शिव कहते हें 'अहं बिन्दुः रज: शक्ति:' अर्थात् मैं [शिव] बिन्दु हूँ और शक्ति रज है। साधक के नाभिस्थान में रज और मस्तक के मध्य केन्द्र में वीर्य बिन्दु रहा करता है। रज का सिन्दुर वर्ण और वीर्य का श्वेत वर्ण है। रज रूप पार्वति को नाभि से उठाकर मस्तक में मिला देना ही योग सिद्धि का सफल रहस्य है। ऐसा कर पाने वाले ब्रह्मचारी ऊर्ध्वरेता कहलाते हैं। ब्रह्मचर्य का ब्रह्मशब्द भी वीर्य और ब्रह्म के अभेद्य सम्बन्ध को बताता है। इस ब्रह्मचारी का अहं बिन्दु अपने स्वभाव सिद्ध स्वरूप ब्रह्म में ही स्थिर रहा करता है अर्थात् उन्हें यह भी ज्ञात नहीं होता कि हमारे वीर्य तन्तुओं में संसार से सम्बन्ध रखने वाला कोई वीर्य रूप पदार्थ है या नहीं। उनका ब्रह्म बिन्दु सब तरह के कम्पनों से रहित सदा स्थिर रहा करता है। ये ब्रह्मचारी प्रथम कोटि के होते हैं। ब्रह्मचर्य साधकों की एक और श्रेणी है जिनके ब्रह्मबिन्दु में जो सृजन कम्पन उठा करते हैं, उन्हें वे ईश्वर का सृष्टि सृजन आदेश समझकर सन्तानोत्पत्ति में बदल देते हैं। वे ब्रह्मं की उस ब्रह्मबिन्दु में होने वाली 'एकोऽहं बहुस्याम्' की सांकेतिक सूक्ष्मान्तर दिव्यवाणी को सुना करते हैं जो उन्हें कार्य हेतु प्रेरित करती है। ईश्वरीय

वायु के भेदों की चर्चा पूर्व में की गई थी इसके मुख्य भेदों में प्राण का निवास स्थान हृदय, अपान का मूलाधार तथा समान का नाभि है। पूरक प्राणायाम में प्राण वायु नाभि से नीचे जाकर अपान के साथ मिलता है और रेचक में अपान समान [नाभि] के ऊपर जाकर प्राण से मिलता है। अतः योग में प्राण और अपान के संयोग को भी प्राणायाम कहा गया है। गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है-

अपाने जुह्वति प्राणं प्राणेऽपानं तथापरे
प्राणापानगतीं रुद्ध्वा प्राणायामपरायणाः। ४/२९

गोरक्ष संहिता और घेरण्ड संहिता में कुम्भक प्राणायाम के आठ भेद बतलाये गये हैं-

सहितः सूर्यभेदश्च उज्जायी शीतली तथा।
भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा केवलीचाष्टकुम्भकाः॥ गो.स. ९५

हठयोग प्रदीपिका[१] में प्राणायाम करने के कुछ तरीके बताये गये हैं। रीढ़ में स्थित सुषुम्ना मध्य नाडी है उसके बाई ओर है इडा और दाहिनी ओर पिंगला इन्हें क्रमशः चन्द्रनाडी और सूर्यनाडी भी कहा जाता है। बद्ध पद्मासन में बैठकर योगी चन्द्रनाडी [बाँए नथुने] से प्राण खीचें फिर यथाशक्ति अन्दर धारण [कुम्भक] करें फिर सूर्यनाडी [दाहिने नथुने] से रेचक कर दें। उसके बाद इसका क्रम उलटा हो जायेगा अर्थात् दाहिनी नाक से प्रश्वास छोड़ने के बाद फिर उसी से श्वास भरे यथाशक्ति कुम्भक के बाद बाईं ओर से प्रश्वास छोड़े। इस प्रकार सूर्य एवं चन्द्र नाड़ी से अभ्यास करने पर तीन मास के बाद नाड़ियाँ शुद्ध हो जाती है।

इस प्रकार कुम्भक का अभ्यास प्रातः मध्याह्न सायं और अर्धरात्रि में चार बार करना चाहिये। प्रत्येक बार कुम्भक की संख्या अस्सी होनी चाहिये। प्रारंभ में इस अभ्यास से पसीना आता है मध्यम अवस्था में कम्प होता है उत्तम प्राणायाम होने पर स्थिरता आने लगती है। पसीना आने पर उसे शरीर में ही मल लेना चाहिये।

जिस प्रकार सिंह, गज और व्याघ्र भी धीरे धीरे वश में हो जाते हैं उसी प्रकार धीरे धीरे अभ्यास से वायु भी संयमित होती है शीघ्रता अथवा बलात् अभ्यास से साधक को हानि भी हो सकती है।

महामुद्रा :

मूलबन्ध के साथ बायीं एड़ी से सीवन को कसकर दबाते हुए दाहिनें पैर को फैलाकर शनैः शनैः पूरक करके मूल और जालन्धर बन्ध लगाते हुए दायें पैर के घुटने पर मस्तक को जमाकर यथाशक्ति कुम्भक करें।

कुम्भक के समय पूरक की हुई वायु को कोष्ठ में धीरे धीरे फुलावें और ऐसी भावना करें कि प्राण कुण्डलिनी को जाग्रत् करके सुषुम्ना में प्रवेश कर रहा है, तत्पश्चात् मस्तक को घुटने से शनैः शनैः रेचक करते

हुए उठाकर यथास्थिति में बैठ जायें। यह बामांग हुई। इसी प्रकार दक्षिणांग में इस मुद्रा को करना चाहिये। प्राणायाम की संख्या एवं समय बढ़ाते रहें।

हठयोग प्रदीपिका में कहा है कि कंठ में जालन्धर बन्ध लगाकर पूरक से भरी वायु को अन्दर धारण करने से शक्ति कुण्डली सहसा सीधी हो जाती है जिस प्रकार दण्ड की चोट खाकर सर्प सीधा दण्ड के समान हो जाता है। तब वह इडा और पिंगला दोनो नाडियों को छोड़कर सुषुम्ना नामक मध्यनाड़ी में प्रवेश करती है। तब धीरे धीरे रेचक करना चाहिये, वेग से नहीं। इस महामुद्रा के करने से महान् क्लेश, दोष तथा मृत्यु आदि नष्ट हो जाते हैं। इस मुद्रा के अभ्यास से सारे रसों का हानिकर प्रभाव नष्ट हो जाता है यहाँ तक कि विष का प्रभाव भी कम हो जाता है। क्षयरोग, कुष्ठरोग, मन्दाग्नि, अजीर्ण आदि उदर रोग तथा प्रमेह आदि रोग भी नष्ट हो जाते हैं, अतः महामुद्रा का अभ्यास अवश्य करना चाहिये। इस मुद्रा को मनुष्यों के लिये महासिद्धि प्रदान करने वाली कहा गया है। इसे जिस किसी को नहीं बता देना चाहिये अपितु प्रयत्नपूर्वक गोपनीय रखना चाहिये।

खेचरी मुद्रा :

कपाल कुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी॥ गो.प. १/६२

जीभ को उलट कर ऊपर की ओर तालु कुहर में प्रविष्ट करने से वह भ्रूमध्य से स्पर्श करने लगती है। अन्दर जहाँ भ्रूमध्य के पास दोनों ओर नासिका मूल के गड्ढे होते हैं तीन रास्ते बनते हैं-उसी स्थान पर स्थित हो जाती है इसे खेचरी मुद्रा अथवा व्योमचक्र भी कहते हैं। इस मुद्रा का बड़ा माहात्म्य वर्णित है। इसके सिद्ध हो जाने पर योगी विष, व्याधि, मृत्यु और जरा आदि से विमुक्त हो जाता है। उसे रोग मरण, तन्द्रा, निद्रा, भूख, प्यास, मूर्च्छा, आदि नहीं होते हैं। सिद्ध जन इसे खेचरी इसलिये कहते हैं क्योंकि उसके अभ्यास के फलस्वरूप साधक

मूलबन्ध :- हठयोग प्रदीपिका में इसका वर्णन है-

पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुंचयेद्गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते।।

अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते बलात्।
आकुञ्चनेन तं प्राहुर्मूलबंधं हि योगिनः।। ३/६०-६१

अर्थात् मूलबन्ध योनि और गुदा के आकुञ्चन पर आधारित होता है ऐसा करने से स्वाभाविक रूप से अधोगति वाली अपान वायु ऊपर की ओर आकृष्ट की जाती है। मूलाधार पर बलात् आकुञ्चन के कारण इसे मूलबन्ध कहते हैं। एडी के द्वारा गुदा को सम्पीड़ित करके भी बलात् वायु को ऊपर की ओर खींचा जाता है जिसमें अपान की गति उलट कर ऊपर की ओर खींचा जाता है जिसमें अपान की गति उलट कर ऊपर की ओर हो जाती है। इस प्रकार अपान प्राण से नाद और बिन्दु एकता को प्राप्त करते हैं और योग में सफलता मिलती है अपान और प्राण का ऐक्य करने तथा मूत्र और पुरीष का क्षय [कमी] करने वाला होने से मूलबन्ध के सतत अभ्यास से वृद्ध व्यक्ति भी युवा हो जाता है। अपान के ऊर्ध्वगामी होकर अग्नि मण्डल में प्रवेश कर लेने पर वायु के द्वारा आहत हुयी अग्नि शिखा दीर्घ हो जाती है। तब यह वह्नि और अपान प्राण से मिलते हैं। जो स्वयं उष्णस्वरूप होते हैं इससे देह में जलन अनुभूत होती है। तब सोती हुई कुण्डलिनी संतृप्त होकर जाग जाती और दण्ड से पीटी गई श्वास छोड़ती सर्पिणी के समान सीधी होकर ब्रह्मनाडी या सुषुम्ना में प्रवेश करने लगती है। अतः योगी को नित्य मूलबन्ध कर अभ्यास करना चाहिये। सिद्धासन के साथ यह बन्ध अच्छा लगता है अन्य आसनों के साथ एड़ी को सीवनी पर बिना लगाये हुए भी मूलबन्ध लगाया जा सकता है।

इससे अपानवायु का ऊर्ध्वगमन प्राण वायु के साथ एक होने पर कुण्डली के ऊपर चढ़ने के अतिरिक्त कोष्ठबद्धता दूर होती है। जठराग्नि

को प्रदीप्त करने और वीर्य को ऊर्ध्वरेतस् बनाने में यह बन्ध अति उत्तम है। सिद्ध सम्प्रदाय में साधकों को सलाह दी जाती है कि साधना के अतिरिक्त भी हर समय मूलबन्ध को लगाये रखने का अभ्यास करना चाहिये।

उड्डीयान बन्ध :

दोनों जानुओं को जोड़कर पैरों के तलुओं को परस्पर भिड़ाकर पेट के नाभि से नीचे और ऊपर के आठ अंगुल हिस्से को बलपूर्वक खींचकर मेरुदण्ड से ऐसे लगा दें जिससे कि पेट के स्थान पर गड्डा सा दिखने लगे जितना पेट को अन्दर की ओर अधिक खींचा जायेगा, उतना ही अच्छा होगा। इसमें प्राण पक्षी के सदृश सुषुम्ना की ओर उड़ने लगता है, इसलिये इस बंध का नाम उड्डीयन रखा गया है[१]। पैरों के तलुओं को बिना भिड़ाये भी इस बन्ध को किया जाता है। हठयोगप्रदीपिकाकार ने इस विषय में लिखा है-

उड्डीयानं तु सहजं गुरुणा कथितं सदा।
अभ्यसेत्सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणायते।। ३/५७

इस बन्ध के अनेकानेक लाभ हैं प्रमुखतः प्राण और वीर्य का ऊपर की ओर दौड़ना मन्दाग्नि का नाश, क्षुधा की वृद्धि, जठराग्नि का प्रदीप्त और फेफड़ों का शक्तिशाली होना। इतना ही नहीं छः मास के अभ्यास से मृत्यु को जीता जा सकता है अतः सारे बन्धों में उड्डीयान उत्तम बन्ध और मुक्ति प्रदाता है।

जालन्धर बन्ध :

> कंठमाकुञ्चय हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम्।
> बन्धो जालन्धराख्योऽयं जरामृत्यु विनाशकः।।[२]

अर्थात् गले को सिकोड़कर चिबुक को हृदय पर दृढ़तापूर्वक लगाने को जालन्धर बन्ध कहते हैं। यह नाड़ी समूह के खुलने वाले भाग को

१. हठयोगप्रदीपिका ३/५५।
२. वही–३/६९।

बन्द कर देता है जिससे शून्य गगन से गिरता हुआ स्राव नीचे नहीं गिर पाता है। गले से सम्बद्ध सारे दुःख कष्ट नष्ट हो जाते हैं। अमृत अग्नि में नहीं गिरता और वायु प्रकोप नहीं होता। कण्ठ के संकोचन से दो नाड़ियाँ कस कर बन्द हो जाती हैं। इसे मध्यचक्र कहते हैं और यह सोलह आधारों को रोक देता है। ये सोलह आधार हैं- अंगुष्ठ, गुल्फ, जानु, उरु, सीवनी, लिंग, नाभि, हृदय, ग्रीवा, कण्ठदेश, जिह्वा, नासिका, भ्रूमध्य, ललाट, मूर्धा और ब्रह्मरन्ध्र।

मूलस्थान का आकुञ्चन करके उड्डीयान बन्ध करना चाहिये जिससे कि इडा और पिंगला को बांध कर वायु का प्रवाह सुषुम्ना की ओर बहने लगे। इस साधन से प्राण वायु लीन होती है मृत्यु बुढ़ापा और रोगादि नहीं होते। इन तीनों बन्धों को श्रेष्ठ मानते हुये महासिद्ध इनका अभ्यास करते हैं, सोम [चन्द्र] से झरने वाले दिव्य स्राव को यदि सूर्य ग्रहण कर लेता है तो व्यक्ति बूढ़ा हो जाता है। इसका उपाय यही है कि सूर्य के मुख को बन्द किया जाये। इसका उपदेश सहस्रों शासकों से भी नहीं होता, गुरु मुख से प्राप्त उपदेशों से होता है।

महाबन्ध :

बाँए पैर की एड़ी को योनिस्थान में लगायें फिर दक्षिण चरण को बाँए के ऊपर रखकर, श्वास खींच कर हृदय पर चिबुक को कसकर लगाके मन को भ्रूमध्य या सुषुम्ना में लगायें। यथाशक्ति वायु को धारण करके रेचक कर दें। बाँए अंग मे अभ्यास करके फिर दक्षिणांग में अभ्यास करें।

कुछ लोगों का मत है कि कण्ठबन्ध न लगायें, जिह्वा को दांतों के ऊपरी तले में लगाने से ही अच्छा बन्ध लग जाता है इसका तात्पर्य खेचरी से प्रतीत होता है। यह बन्ध सारी नाडियों की ऊर्ध्व गति को निरुद्ध करने वाला होने से महाबन्ध है और महासिद्धि का देने वाला है। मृत्यु के बन्धन को काटने वाला और त्रिवेणी [इडा, पिंगला, सुषुम्ना,] संगम पर ले जाकर चित्त को केदार [भ्रूमध्य] पर, जो शिव का स्थान है, पहुँचा देता है।

महावेध :

हठयोग प्रदीपिका कहती है कि जिस प्रकार रूप लावण्य से संपन्न स्त्री पुरुष के बिना निष्फल होती है उसी तरह महामुद्रा और महाबन्ध महावेध के बिना निष्फल होते हैं। महाबन्ध में बैठा योगी स्थिर चित्त से पूरक करके कंठ मुद्रा से वायु की गति को रोक दे।

दोनों हाथों को बराबर दूरी पर रखके स्वयं को ऊपर उठाकर धीरे धीरे नितम्बों की पृथ्वी पर ताडना दें, ध्यान करें वायु इडा पिंगला को छोड़कर सुषुम्ना से प्रविष्ट हो रही है। इडा और पिंगला का संयोग अमृतत्व की प्राप्ति के लिये होता है। जब मृतावस्था उत्पन्न होने लगे रेचक कर देना चाहिये।

अभ्यास करने से महावेध महासिद्धि प्रदान करता है, बुढापे, श्वेत बालों, झुर्रियों को नष्ट करता है उत्तम साधक इसका सेवन करते हैं ये तीनों [महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध] बहुत गोपनीय, ज़रा मुत्यु के विनाशक, क्षुधा वृद्धि करने वाले और अणिमा आदि सिद्धियों के प्रदाता होते हैं। प्रतिदिन के आठ प्रहरों में आठ बार करने से पुण्य संचयकारी और पाप नाशक होते हैं। थोड़ा थोड़ा अभ्यास प्रारंभ करके धीरे धीरे बढ़ाना चाहिये।

शक्ति चालिनी मुद्रा :

सिद्धासन अथवा पद्मासन से बैठकर हाथों की हथेलियाँ पृथ्वी पर जमा दें। बीस-पच्चीस बार शनैः शनैः नितम्बों को पृथ्वी से उठा उठा कर ताड़न करें। यह वर्णन बड़ा अटपटा प्रतीत होता है। वस्तुतः नितम्बों का यहाँ कुछ गुप्त और सांकेतिक अभिप्राय है जिसे गुरुमुख से ही जाना जा सकता है। तत्पश्चात् मूलबन्ध लगाकर दोनों नासिकाओं से अथवा वाम से अथवा जो स्वर चल रहा है उस नासिका से पूरक करके प्राण वायु को अपान वायु से संयुक्त करके जालन्धर बन्ध लगाकर यथाशक्ति कुम्भक करें। कुम्भक के समय अश्विनी मुद्रा करें अर्थात् गुह्य प्रदेश का आकर्षण विकर्षण करते रहें। तत्पश्चात् जालन्धर बन्ध खोलकर यदि

शक्ति चालिनी मुद्रा :

सिद्धासन अथवा पद्मासन से बैठकर हाथों की हथेलियाँ पृथ्वी पर जमा दें। बीस-पच्चीस बार शनैः शनैः नितम्बों को पृथ्वी से उठा उठा कर ताड़न करें। यह वर्णन बड़ा अटपटा प्रतीत होता है। वस्तुतः नितम्बों का यहाँ कुछ गुप्त और सांकेतिक अभिप्राय है जिसे गुरुमुख से ही जाना जा सकता है। तत्पश्चात् मूलबन्ध लगाकर दोनों नासिकाओं से अथवा वाम से अथवा जो स्वर चल रहा है उस नासिका से पूरक करके प्राण वायु को अपान वायु से संयुक्त करके जालन्धर बन्ध लगाकर यथाशक्ति कुम्भक करें। कुम्भक के समय अश्विनी मुद्रा करें अर्थात् गुह्य प्रदेश का आकर्षण विकर्षण करते रहें। तत्पश्चात् जालन्धर बन्ध खोलकर यदि

दोनों नासिकापुट से पूरक किया हो तो दोनों से अथवा पूरक के विपरीत नासिकापुट से रेचक करें और निर्विकार होकर एकाग्रता पूर्वक बैठ जायें।

घेरण्ड संहिता में इस मुद्रा को करते समय बालिश्त-भर चौड़ा चार अंगुल लम्बा, कोमल, श्वेत और सूक्ष्म वस्त्र नाभि पर कटिसूत्र से बाँधकर सारे शरीर पर भस्म मलकर करना बताया है।

हठयोग प्रदीपिका में इसे विशेष रूप से कुण्डलिनी प्रबोधित करने वाला माना है। जिस मार्ग से ब्रह्म स्थान पर पहुँच सकते है उसके मुख को ढक कर परमेश्वरी सोई रहती है। योगियों को मोक्ष प्रदान करने के लिये और मूढ़ व्यक्तियों के बंधन के लिये ही यह कुण्डलिनी शक्ति कन्द के ऊपर सोई है इसे जान लेने वाला ही योग को जानता है। उसका स्वरूप सर्प के समान कुटिल आकार वाला बताया जाता है जो योगी उस शक्ति को चालित करता है वह मुक्त हो जाता है। गंगा और यमुना संज्ञा से अभिहित इड़ा और पिंगला के मध्य में स्थित इस बाल ब्रह्मचारिणी तपस्विनी को बलात् ही पकड़ना होता है। वह विष्णु का परम पद है सर्पिणी के समान ही इस को पूँछ से पकड़कर सोते से जगाना चाहिये उसकी निद्रा टूट जाये तो वह शक्ति हठात् ऊपर की ओर चलती है इस सर्पिणी को प्रातः और सांय आधे प्रहर के लिये नित्य चलाना चाहिये इसके लिये परिधान विधि से सूर्य नाडी अर्थात् पिंगला में वायु भरकर चलाया जाता है। वज्रासन अथवा पद्मासन में दोनों पैरों को रखकर उन्हें हाथों से दृढतापूर्वक पकड़ें तब कन्द की स्थिति एडी के जोड़ के पास होगी जहाँ एड़ी से कन्द को दबाया जाये। योगी को चाहिये कि वह वज्रासन में बैठकर कुण्डली को चलाये उसके बाद भस्त्रिका करे जिससे कुण्डली शीघ्र जागृत् हो जायेगी। नाभि के निकट सूर्य का संकोचन [नाभि के संकोचन से] करके कुण्डली को चलाये फलतः मुत्यु के मुख में गये योगी का भी मुत्यु भय दूर हो जाता है। दो मुहूर्त तक निर्भय होकर संचालन करने से वह सुषुम्ना में प्रवेश द्वारा कन्द छोड़ देती है और प्राण स्वतः सुषुम्ना में प्रवेश कर जाते हैं।[१]

१. हठयोग प्रदीप्रिका ३/९७-१११।

इसलिये सुख से इस कुण्डली शक्ति का नित्य चालन करना चाहिये इससे योगी रोगों से छुटकारा पा लेता है। अधिक क्या कहा जाये वह काल को ही जीत लेता है। जो योगी ब्रह्मचर्यपूर्वक रहता है और परिमित भोजन करता है उसे [चालीस दिन] कुण्डली चालन का अभ्यास करने से सिद्धि प्राप्त हो जाती है। इसके बाद भस्त्रिका को विशेष रूप से करना चाहिये-इस अभ्यास के परिणाम स्वरूप उसे यमराज का भय नहीं रहता है। बहत्तर हजार नाड़ियों के मल शोधन में शक्ति चालन के अभ्यास के सिवाय और उपाय क्या है। वह मध्यमा नाड़ी में योगियों के दृढ़ अभ्यास से आसन प्राणायाम और मुद्राओं के द्वारा सरल [सीधी] हो जाती है।

'हठयोग' शब्द की विभिन्न व्याख्यायें मिलती हैं,

यथा-

ह+ठ+योग = सूर्य+चन्द्र+योग

ह+ठ+योग = प्राण+अपान+योग

ह+ठ+योग = दक्षिण+वाम+योग

ह+ठ+योग = यमुना+गंगा+योग

ह+ठ+योग = पिंगला+इडा+योग

ह+ठ+योग = रजस+रेतस्+योग[१]

सिद्ध सम्प्रदाय को षडंग योग माना जाता है क्योंकि इसमें पतञ्जलि विहित अष्ट योगांगों मे से बाद के छः अंग स्वीकृत हैं यम नियम को सामान्यतया अनिवार्य समझकर छोड़ दिया गया है। आसन सिद्धि के बाद प्राणायाम के अभ्यास का विधान है। इस प्राणायाम का नाड़ी शोधन से घनिष्ठ सम्बन्ध है। प्राणायाम के चार लक्षण हैं- रेचक, पूरक, कुम्भक ओर संघट्टीकरण।[२] प्राणायाम के अभ्यास से यदि पवन को गगन में प्रेरित किया जाये तो घंटा वाद्यादिकों की ध्वनियाँ उत्पन्न होती हैं तथा सिद्धि की प्राप्ति की सम्भावना होती है।[३] इसमें नादानुसन्धान सिद्ध होता है आसन और प्राणायाम के पूर्णाभ्यास मे सम्पन्न होकर धारणा का अभ्यास करने का विधान किया गया है।[४] गोरक्षसंहिता, योगबीज आदि ग्रंथों में प्राणायाम के साथ मुद्रा, बन्ध, वेध का भी वर्णन है। प्राणायाम में ओंकारसाधन तथा अजपाजप दोनों अन्तर्भूत हैं। ऊँकार की प्रतीकात्मक व्याख्या की गयी है तथा सिद्धाचार्यों ने प्रणव को वेद का सार ही नहीं वेद ही माना है। यही शिवशक्ति साधन है यह अनाहत और अखण्ड है। इसका अनुसन्धान ही नादानुसन्धान है। यह नादब्रह्म है।

---

१. हठयोग प्रदीपिका १.१ तथा उसकी टीका, वही ३.१५ तथा उसकी टीका योग बीजम् १. ८३-९०, नाथ सम्प्रदाय, पृ० १०३।

२. सि.सि. प, पृ० २.३५।

३. गो.सं. २.१८-२०, योगमार्त्तण्ड १०८।

४. गोरक्षसंहिता, २.२१, ५२।

सरल साधना है माता के गर्भ से भूमि पर आने के समय से लेकर प्रयाण करने तक सारे जीवन में जो स्वाभाविक श्वास की क्रिया चलती है, यही अजपा साधन है यह जागृत् स्वप्न सुषुप्ति सभी समयों में समान रूप से चलती रहती है। सारा जीवन श्वास प्रश्वासमय है। मनुष्य आत्मविस्मृत अवस्था में श्वास प्रश्वास के अधीन रहता है और निरन्तर काल की प्रेरणा से इड़ा पिंगला नामक बाँए और दाँये भाग से संचरण करता है 'हम्' ध्वनि करता हुआ जो श्वास बाहर निकलता है उसका नाम प्रश्वास और 'स:' ध्वनि करता हुआ जो भीतर जाता है उसका नाम श्वास है। 'हंकारेण बर्हियाति स: कारेण विशेत् पुन:।' जीवनिरन्तर श्वास प्रश्वास के बहाने 'हंस' इस मंत्र का जप करता है किन्तु अन्य जीवों से मनुष्य में भेद यह है कि मनुष्य अपने पौरुष द्वारा ऐसी सामर्थ्य अर्जित कर सकता है, जिससे श्वास प्रश्वास ही इस स्वाभाविक गति में विपर्यय हो सकें अर्थात् साधना के बल पर 'हंस:' गति को सोऽहम् गति में परिवर्तित कर सकता है। तब आत्म ज्ञान का पथ खुलता है और इड़ा पिंगला में संचार करने वाले वायु की वक्रगति सुषुम्ना की सरलगति के रूप में बदल जाती है। सुषुम्ना ब्रह्म मार्ग हैं वायु इड़ा और पिंगला के मार्ग से हटकर जितना ही सुषुम्ना में प्रविष्ट होती है उतना ही विकल्प का शमन होता है। निर्विकल्प आत्मज्ञान का बन्द मार्ग धीरे धीरे खुलने लगता है। यही साधक के अन्तिम लक्ष्य तक पहुँचने का साधन है। इसके बिना वायु और मन की ऊर्ध्व गति नहीं हो सकती और ऊर्ध्वगति के बिना विकार का त्याग कर चित्त साम्य भाव में नहीं पहुँच सकता। इसी ऊर्ध्व गति से कुम्भक की सिद्धि होती है प्राणों की बाह्य गति की निवृत्ति इस साधन का उद्देश्य है। प्राणों की बाह्य गति की न्यूनता होते ही अलौकिक शक्तियों का विकास होता है। प्राणों में शान्ति आना आरम्भ होने पर चित्त में निष्काम भाव प्रकट होता है। उसके बाद आनन्द की अभिव्यक्ति होने लगती है।

इस साधना में बड़ा भारी काम यह है कि साधक कुछ न करें, केवल अपने श्वास प्रश्वास की गति का निरीक्षण करता रहे। इसमें

'अर्ध'-'ऊर्ध्व' लय-साधना — यद्यपि योगमार्तण्ड में 'अर्ध-ऊर्ध्व' प्राणापान के प्रतीक भी है[5] तथापि इस साधना में शरीर के अर्ध अर्थात् नीचे भाग में स्थित जीव

---

१. कबीर ग्रंथावली, पृ० २२३ ।
२. सन्त कबीर, पृ० ८२ ।
३. कबीर ग्रंथावली, साखी ५,११, पृ०१२,१३।
४. बीजक, साखी १८६ ।
५. योगमार्तण्ड, श्लोक ३० ।

रूप कुण्डलिनी शक्ति को 'अर्ध' तथा शरीर के 'ऊर्ध्व' भाग में निवास करने वाले ब्रह्म को 'ऊर्ध्व' नाम दिया गया है । इन दोनों लय ही इस साधना का मुख्य उद्देश्य है । 'बावन अखरी' में कबीर इस साधना का वर्णन करते हुए कहते हैं कि " 'अर्ध' और 'ऊर्ध्व' का निर्णय करते करते तुम देखोगे कि अर्ध भाग (जीव) ऊर्ध्व भाग (ईश्वर) में निवास करना चाहता है । किन्तु यदि अर्ध भाग के बदले ऊर्ध्व भाग मिलने के लिये गतिशील हो तो दोनों का मिलन तथा उन्हें सुख प्राप्त हो सकता है ।[1] एक रमैणी में उन्होंने उसे तीनों लोकों में प्रिय शैल कहा है जो इस अर्ध भाग को उस ऊर्ध्व भाग तक ले जा सकने में समर्थ होता है ।[2] एक पद में उन्होंने हरि से एकता प्राप्त करने के लिये अर्ध-ऊर्ध्व की क्यारी बनाने का उपदेश दिया है ।[3] अन्यत्र उन्होंने देह में 'अरध उरध' बाजार की भी चर्चा की है ।[4] इसी प्रकार 'अर्ध उरध की गंगा जमुना' आदि अन्य प्रकारों से भी उन्होंने इसी साधना की ओर संकेत किया है ।[5]

ज्योतिर्लय योग — इस साधना में आत्मतत्त्व को ज्योतिस्वरूप मानकर ज्योति का बृहद् ज्योति में लय करने का प्रयत्न किया जाता है । गीता में परमात्मा को ज्योतियों की भी ज्योति कहा गया है ।[6] पातंजल योगसूत्र में 'विशोका ज्योतिष्मती' प्रवृत्ति को मानसिक स्थिति का कारण बताया है ।[7] अद्वयतारकोपनिषद् में जिस तारक योग का वर्णन है वह भी एक प्रकार से ज्योतिर्लय योग ही है । वहाँ सुषुम्ना मध्यस्था कुण्डलिनी को 'तड़ित्कोटि समान कान्ति' कह कर आदेश दिया है कि - " 'भ्रूयुग मध्यबिल' तथा 'तालुमूलोर्ध्वभाग' में भी 'ज्योतिर्मयूख' विद्यमान है । इस ज्योतिर्मयूख को ब्रह्म समझना चाहिए - जिसको योगीजन ध्यान द्वारा देखते हैं ।[8] ज्योतिस्वरूपा कुण्डलिनी अथवा जीवात्मा का इसी ज्योतिर्मय ब्रह्म में लय किया जाता

---

१. संत कबीर, पृ० ८१ ।
२. कबीर ग्रंथावली, पृ० २२३ ।
३. वही, पद २१४, पृ० १६१ ।
४. वही, साखी ३१, पृ० ४ ।
५. वही, पृ० ६४, १६६, २२६; संत कबीर, पृ० २२७.
६. गीता १३।१७.
७. पातंजल योगसूत्र १।३६.
८. अद्वयतारकोपनिषद् ५,११ ।

नादबिन्दु-साधना — इस साधना का परिचय पीछे दिया जा चुका है।[6] भीखा साहब ने सुरति और निरति को ही नाद और बिन्दु नाम दिया है। कुछ लोग नाद से नादरूप ब्रह्म तथा बिन्दु से जीवात्मिका शक्ति[7] अर्थ ग्रहण करते हैं अथवा बिन्दु-साधना ब्रह्मचर्य-साधना से सम्बन्धित मानते हैं।[8] कबीर ने इस रूप में कोरी बिन्दु-साधना की निन्दा की है। परन्तु गोरखनाथ ने एक स्थान पर बिन्दु का प्रयोग

---

१. कबीर ग्रंथावली,साखी३०,पृ० ७।
२. वही,पद १८६, पृ०१५२।
३. वही, पृ० २२६।
४. वही, साखी १६, पृ० ६।
५. सन्त कबीर, सलोक २०४।
६. भीखा साहब की बानी,पृ० ३४।
७. हठयोगप्रदीपिका ४।७२.
८. कबीर ग्रंथावली,पद१२२,पृ०३००।

शिव के अर्थ में भी किया है।[1] प्रस्तुत नादबिन्दु-साधना में कबीर द्वारा बिन्दु का यही अर्थ गृहीत है। अपने वास्तविक स्वरूप में तो वह निर्गुण ब्रह्म न नाद है न बिन्दु।[2] फिर भी कबीर द्वारा किये गये वर्णनों से स्पष्ट है कि वे नाद-बिन्दु-साधना को सुरति-शब्द-साधना से कोई पृथक् वस्तु नहीं समझते थे। एक पद में उन्होंने नाद और ब्यंद (बिन्दु) को नाव का रूपक माना है। जिसके खिवैया राम नाम हैं। राम के गुणों को गाते हुए इस नाव द्वारा संसार-सागर से पार उतरा जा सकता है।'[3] एक अन्य पद में उनका कथन है कि 'मिट्टी का यह पिण्ड स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होता है (और लीन हो जाता है) जैसे नाद ब्यंद (बिन्दु) में समा जाता है।'[4] 'जगत् गुरु अर्थात् परमेश्वर ने अनाहत किंगुरी बजा दी है। वहाँ दीर्घ नाद द्वारा उस बिन्दु रूप ब्रह्म से ल्यौ लगने लगी है।'[5] अवधूत को सम्बोधन करते हुए वे कहते हैं-' हे अवधूत! गगन अर्थात् ब्रह्मरन्ध्र में नाद-बिन्दु की गर्जना होने लगी है, अनाहत ध्वनि गूंजने लगी है।[6] 'पवन बिन्दु को लेकर गगन में समा गया है'।[7] नाद बिन्दु-साधना की दृष्टि से उनका वह पद बड़ा महत्त्व-पूर्ण है जिसमें उन्होंने स्पष्टतापूर्वक नादबिन्दु-सम्मिलन तथा उसके द्वारा गोविन्द-प्राप्ति की चर्चा की है। उनका कथन है कि '(इस बात का निर्णय करना बड़ा कठिन है कि) नाद में बिन्दु का लय होता है या बिन्दु की नाद में पूर्ण स्थिति होती है। (पर इतना निश्चय है कि) नाद-बिन्दु लय होते ही गोविन्द अर्थात् निर्गुण ब्रह्म की प्राप्ति हो जाती है।'[8] इस संसार के चक्र में पड़कर मनुष्य इस 'ब्यंद' (बिन्दुरूप ब्रह्म) के ग्रहण की ओर ज़रा विचार नहीं करता।[9] इस साधना का अन्तिम परिणाम है अभेद की स्थिति - 'जो इस नाद-बिन्दु साधना द्वारा सिद्धा-

---

१. गोरख बानी, पृ० १००।
२. कबीर ग्रंथावली, पृ० २४३।
३. वही, पद १८, पृ० ६४।
४. वही, पद ५७, पृ० १०६।
६. वही, पद १६६, पृ० १५४।
७. वही, पद ३२५, पृ० १६८।
८. वही, पद ३२६, पृ० १६८।
६. वही, पृ० २३०।

वस्था में पहुँच जाता है वह स्वयं ही गुरु तथा चेला, मंत्र और मंत्रेला (मंत्रजापक), पूजा और पुजेला (पुजारी) बन जाता है, स्वयं ही गाता-बजाता है, अपना किया आप ही प्राप्त करता है । वह धूप, दीप, आरती सब कुछ स्वयं हो जाता है अर्थात् भिन्नता की स्थिति समाप्त हो जाती है ।[1] उस बिन्दु रूप ब्रह्म से ही समस्त पिण्ड-ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति होती है ।[2] अत: जब साधक उस बिन्दु (कुण्डलिनी) का उस महाबिन्दु (ब्रह्म) से मिलन कराता है तब दोनों बिन्दुओं के मिलने से पुन: कभी वियोग की अवस्था नहीं आती ।[3] नाद-बिन्दु लय होने पर साधक की अवस्था का एक अन्य चित्र भी दर्शनीय है - 'गगन की नगरी में इस समय एक बून्द की भी वर्षा नहीं होती । वह नाद (नादरूपा कुण्डलिनी) न जाने कहाँ समा गया । जो बाबा पहले बोलते-चालते थे, देही के सदा साथ रहते थे - अब वे उस पारब्रह्म परमेश्वर, माधव परमहंस में लीन होकर तद्रूप हो गए हैं ।[4] अनुभूति की इस चरम अनुभूति में पुन: नाद और बिन्दु की पृथक् सत्ता अनुभूत नहीं होती । समुद्र-शिखर, धरती-गगन, रवि-ससि, पवन-काल-काया कुछ भी प्रतीत नहीं होता । प्रतीति होती है केवल उस गोविन्द और निरंजन की, जिसकी रूपरेखा, मुद्रा-माया कुछ भी नहीं है अर्थात् जो निर्गुण ब्रह्मरूप है ।[5] अनुभव की इस अवस्था का जहाँ नाद-बिन्दु, दिन-रात, नर-नारी, कुल-जाति किसी का कोई अन्तर नहीं रहता, कबीर ने एक अन्य पद में भी वर्णन किया है ।[6]

<u>शक्ति-शिव-साधना</u> — शक्ति-शिव-साधना नादबिन्दु-साधना का ही अपर अभिधान है । शारदा तिलक तंत्र तथा हठयोगप्रदीपिका में नादबिन्दु को ही शक्ति-शिव भी कहा गया है ।[7] कबीर ने कुछ स्थानों पर शक्ति-शिव-साधना का भी उल्लेख किया है, पर उनका इस साधना से क्या तात्पर्य है ? एक पद में उन्होंने मन को ही शिव-शक्ति नाम दिया है, इस रूप में शक्ति-शिवसाधना को मन-उन्मनयोग का ही दूसरा

---

१. कबीर ग्रंथावली, पृ० २४४ ।
२. वही, पद ६१, पृ० २८२ ।
३. सन्त कबीर, पृ० ८१ ।
४. कबीर ग्रंथावली, पद ५७, पृ० २८१ ।
५. वही, पद २१६, पृ० १६२ ।
६. वही, पद २६७, पृ० १८६ ।
७. हठयोगप्रदीपिका, ४।१०२.

हिन्दू तांत्रिक नादलय-साधना

तांत्रिक योग-साधना के अन्तर्गत पीछे इस साधना के स्वरूप तथा प्रभाव-निर्देश की सम्यक् तथा विस्तृत विवेचना की जा चुकी है। इस साधना का कुछ तंत्रों (शारदा तिलक तंत्र आदि) में वर्णन तो उपलब्ध होता ही है, उसके साथ साथ योगशिखोपनिषद् तथा योगकुण्डल्युपनिषद् के तृतीय अध्यायों में भी उसका सुन्दर विवेचन किया गया है। शारदा तिलक तंत्र के अनुसार शब्दब्रह्मरूपिणी कुण्डलिनी से शक्ति, शक्ति से ध्वनि, ध्वनि से नाद, नाद से निरोधिका, निरोधिका से अर्धेन्दु, अर्धेन्दु से बिन्दु और तब परा का जन्म होता है।[५] इस प्रकार कुण्डलिनी से शक्ति उत्पन्न होकर क्रमशः सूक्ष्मावस्था से स्थूलावस्था में अथवा अव्यक्तावस्था से व्यक्तावस्था में परिणत होती है। बिन्दु उसकी पूर्ण व्यक्तावस्था है। इस बिन्दु

---

१. हठयोगप्रदीपिका ४।७०-७१.
२. वही ४।७५-७६.
३. वही ४।८४-८५.
४. हठयोगप्रदीपिका ४।६१-६२,६२.
५. शारदातिलक तंत्र १।११०-१२.

से ही परा, पश्यन्ती, मध्यमा और अन्त में वैखरी वाणी की उत्पत्ति होती है। कुण्डली इच्छा, ज्ञान, क्रियारूपा, तेजोरूपा तथा चिदात्मिका है और गुणरूपा होती हुई भी वर्णमाला उत्पन्न करती है।[१] तात्पर्य यह है कि कुण्डलिनी केवल प्रकाशरूपा है। उससे उत्पन्न शक्ति से क्रमशः परा की उत्पत्ति होती है। परा मूलाधार में प्राणवायु अथवा इच्छा शक्ति को उत्पन्न करती है। जब यह इच्छा शक्ति ऊर्ध्वगामिनी होकर स्वाधिष्ठान में पहुँचती है तब इसका सम्बन्ध मन से होता है और पश्यन्ती कही जाती है। अनाहत में पहुँच कर बुद्धि से संयुक्त होकर वह मध्यमा कही जाती है जिसका श्रवण केवल योगी ही कर सकते हैं। आगे चल कर भिन्न भिन्न ध्वनि यन्त्रों द्वारा वर्णमाला के रूप में वह प्रकट हो जाती है जिसे वैखरी कहते हैं। यह वैखरी ही श्रव्य होती है। इन अक्षरों से ही पद और वाक्य रूप होकर सामान्य मन्त्र, वेद, शास्त्र, पुराण, काव्य, विविध भाषाएँ, स्वर तथा गाथाओं का निर्माण होता है। इसलिए इस वैखरी शक्ति को स्वात्मा में अनुभव करने वाला योगी सरस्वती के प्रसाद से शीघ्र वाक्सिद्धि प्राप्त कर लेता है तथा वेद-शास्त्र और पुराणों का स्वयं कर्ता बन जाता है। इसीलिए श्रुति में वाक् के चत्वारि पदों में से तीन पद गुहा-निहित कहे गए हैं[२] - केवल चतुर्थ पद (वैखरी) ही मनुष्यों की वाणी द्वारा प्रकट होती है।

हठयोगप्रदीपिका तथा शारदा तिलक तंत्र के अनुसार बिन्दु (शब्दब्रह्म) का स्थान सहस्रार है। कुण्डलिनी नादस्वरूपा है जो नीचे मूलाधार में रहती है। इस नाद रूपा कुण्डलिनी का बिन्दु स्वरूप शब्दब्रह्म में लीन करना नादबिन्दु साधना या लययोग है। नाद-बिन्दु क्रमशः शक्ति और शिव रूप भी है, अतः इन दोनों का सम्मिलन ही तांत्रिक लययोग है।[३] यह मिलन अनेक उपायों द्वारा सम्भव है। हठयौगिक साधना में प्राणायाम को महत्त्व दिया गया है परन्तु अन्यत्र मंत्रों का महत्त्व

---

१. दी गारलैन्ड आफ लैटर्स - सर जान वुडरफ , पृ० २०४ ।
२. ऋग्वेद १।१६४।४५ ; अथर्व० ६।१०।२७.
३. हठयोगप्रदीपिका ४।१०२ ; शारदा तिलक तंत्र : प्रथम अध्याय ।

अजपा-जपयोग तथा हंसयोग

डा० विश्वम्भरनाथ उपाध्याय ने संतों के अजपा-जपयोग को तांत्रिक प्रभावान्तर्गत स्वीकार किया है,[1] किन्तु हमारी यह स्पष्ट धारणा है कि सन्त कबीर के अजपा-जपयोग पर औपनिषादिक (योगोपनिषद) तथा नाथपंथी प्रभाव अधिक है । एक स्थान पर कबीर ने इस सुमिरन की तुलना में तंत्र मंत्र को हेय भी बताया है ।[2] गत पृष्ठों में योगोपनिषद् के आधार पर हंस तथा अजपा-जप योग का जो स्वरूप निर्धारित किया गया है - बहुत कुछ वैसा ही रूप कबीर-साहित्य में भी उपलब्ध होता है । वास्तव में कबीर जिस मंत्रयोग (नाम जपयोग)-साधना के इतने पक्षपाती हैं, अजपा-जाप उसकी ही अगली तथा आन्तरिक अवस्था है । राम नाम जपते जपते एक स्थिति वह आती है जब कि जाप की वह अवस्था अत्यन्त स्वाभाविक हो जाती है, साधक को मुंह में जीभ अथवा कर में माला चलाने की भी आवश्यकता नहीं रहती, जीवन की प्रत्येक दशा में चाहे हम बैठे हों, चलते हों, खाते हों, पीते हों अथवा अन्य किसी कार्य में व्यस्त हों - सुमिरन की यह क्रिया निरन्तर स्वाभाविक गति से चलती रहती है - तब इसी आभ्यन्तर सहज जाप को अजपा अर्थात् बिना बाह्य जप के भी होने वाला जाप कहते हैं । बीजक के एक शब्द में उन्होंने इसकी इसी विशेषता का वर्णन किया है ।[3] इसी को कबीर 'बाहर के पट देकर भीतर के पट खोलने के रूप में व्यक्त करते हैं, यही उनकी वह अन्तर धुनि

---

१. सन्त वैष्णव काव्य पर तांत्रिक प्रभाव, पृ० २७६-८० (मूल प्रबन्ध)

२. सन्त कबीर, पृ० १८५ ।   ३. कबीर बीजक, शब्द १६ ।

है जिसके श्रवण के लिए वे बड़े उत्सुक तथा व्यग्र दिखाई देते हैं,[1] यही जाप के मरने पर अजपा के उदय की अवस्था अथवा अजपा में जाप का समाना है ।[2] इसे ही उन्होंने मन की माला फेरने के रूप में भी अभिव्यक्त किया है ।[3] होठों वाले जप की अपेक्षा वे इस मानसिक जप के इतने अधिक समर्थक हैं कि इसके अभाव में जप की अन्य समस्त क्रियाओं को ढोंग मात्र समझ कर उनकी निन्दा तथा खण्डन करते हैं ।[4] यह स्वयं किया जाने वाला अपना जाप है जिसमें साधक सदा प्रवर्तित रहता है ।[5]

हम पीछे कह आए हैं कि योगोपनिषदों में प्रतिदिन सांस की स्वाभाविक गति के साथ साथ सम्पन्न होने वाले २१ हजार ६ सौ जप का उल्लेख हुआ है । संत कबीर ने भी एक पद में जहाँ अपने सहज योगी के वास्तविक स्वरूप का वर्णन किया है - इस तथ्य को 'सहस इकीस छ सै धागे' फिराने के रूप में व्यक्त किया है ।[6] 'सोऽहं' 'सोऽहं' ध्वनि ही इसका स्वरूप है, जिससे साधक फिर पुण्य-पाप किसी में लिप्त नहीं होता -

'सोहं हंसा ताको जाप, ताहि न लिपै पुन्य न पाप ।' -क०ग्रं०,पृ०१६६.

साधक के जीवन में इस हंसयोग या अजपा-जाप का अत्यन्त महत्त्व है । समस्त प्रकार की आध्यात्मिक सिद्धि, भ्रम-विनाश तथा मुक्ति की प्राप्ति इस

विविध योगशास्त्रों में मंत्रयोग का जो स्वरूप वर्णित है उसमें सर्वत्र एकता नहीं दिखाई देती - प्राय: नाम-जप या अजपा-जाप को इनमें प्रधान स्थान दिया गया है। पातंजल योगशास्त्र के कुछ सूत्रों में प्रणव-जाप के रूप में इस साधना का संकेत प्राप्त होता है।[1] योगोपनिषदों में इसका कुछ अधिक विस्तार है। योगशिखोपनिषद् में कहा है - 'हकार के साथ बाहर सांस छोड़ते हुए तथा सकार के द्वारा अन्दर सांस लेते हुए जीव सदा 'हंस' मंत्र का जाप जपते रहते हैं परन्तु जब गुरु के वाक्य से सुषुम्ना में यह जप विपरीत अर्थात् 'सोऽहम्, सोऽहम्' रूप हो जाता है तब वह मंत्रयोग कहा जाता है।'[2] योग तत्त्वोपनिषद् में मंत्रयोग को अधम उपाय कहा है — 'जो मात्रा युक्त बारह सौ जप करता है वह क्रम से अणिमा आदि का ज्ञान प्राप्त करता है। पर इस प्रकार के योग को अल्पबुद्धि जन करते हैं और वे अधम श्रेणी के साधक होते हैं।'[3]

नामजप के अतिरिक्त मंत्रयोग में भक्तियोग, प्रेमयोग, प्रणवयोग, वाक्-योग, अजपाजाप, हंसयोग आदि का वर्णन भी किया जाता है। संत कबीर की साधना में भक्तियोग का जो स्वरूप है, वह उनके प्रेम-योग से अभिन्न है। दूसरे शब्दों में कबीर की भक्ति प्रेम-प्रधाना भक्ति है, प्रेम-साधना उनकी भक्ति-साधना की तरह सहायिका एवं अविभाज्य अंग है। अत: दोनों में कोई तात्त्विक अन्तर नहीं समझा जा सकता।

हंसयोग मंत्र जपयोग से अगली अवस्था है जिसका वर्णन योगोपनिषदों में प्राप्त होता है। गीता में भगवान् कृष्ण ने इसे नित्य होने वाला सतत अनन्य स्मरण कहा है।[4] यह योग एक प्रकार से मंत्र-जपयोग का अव्यवहित परिणाम है।

---

१. 'तस्य वाचक: प्रणव: ।।२७।। तज्जपस्तदर्थभावनम् ।।२८।।'
- पातंजल योगदर्शन १।२७-२८.

२. योगशिखोपनिषद् १।१३०-३१.

३. योगतत्त्वोपनिषद् २१-२२। ४. गीता ८।१४.

हंसयोग मंत्र जपयोग से अगली अवस्था है जिसका वर्णन योगोपनिषदों में प्राप्त होता है।[४] गीता में भगवान् कृष्ण ने इसे नित्य होने वाला सतत अनन्य स्मरण कहा है। यह योग एक प्रकार से मंत्र-जपयोग का अव्यवहित परिणाम है।

---

१. 'तस्य वाचकः प्रणवः ।।२७।। तज्जपस्तदर्थभावनम् ।।२८।।'
- पातंजल योगदर्शन १।२७-२८.

२. योगशिखोपनिषद् १।१३०-३१.

३. योगतत्त्वोपनिषद् २१-२२ । ४. गीता ८।१४.

जब मंत्रसाधक बाह्य मंत्र का जाप करते करते इस स्थिति में पहुँच जाता है कि उसका होठों वाला बाह्य जाप छूट जाता है तथा बिना जीभ और माला की आभ्यान्तरिक साधना स्वतः होने लगती है, जब चलते-फिरते, उठते-बैठते अर्थात् जीवन के समस्त कार्य-कलापों में बिना किसी बाधा के सोऽहं रूप से मन इस जाप को जपता रहता है, तब इस स्थिति को अजपा-जाप कहा जाता है। मन की मस्ती के कारण इस अवस्था में मुख से किसी भी प्रकार के शब्दोच्चारण की आवश्यकता नहीं रहती आराध्यदेव के प्रेम का अधिकार मन पर इतना अधिक हो जाता है कि शरीर का प्रत्येक रोम मानों उसकी ही ध्वनि का उच्चारण करने लगता है।

हंस-योग का वर्णन मुख्य रूप से योगोपनिषदों में पाशुपत ब्रह्मोपनिषद्, ब्रह्म विद्योपनिषद् तथा हंसोपनिषद् में प्राप्त होता है। यहाँ 'हंस' के स्वरूप, अर्चन-विधि, विस्तार तथा महिमा के विस्तृत उल्लेख हैं। हंस की व्यापकता का दिग्दर्शन कराते हुए हंसोपनिषद् में कहा है कि 'सारे शरीर में हंस उसी प्रकार व्याप्त रहता है जिस प्रकार अग्नि काष्ठ में और तिलों में तैल व्याप्त रहता है। हंस के इस स्वरूप को जानकर साधक मृत्यु को प्राप्त नहीं होता।[१] यह हंस क्या है ? उसके लिए ब्रह्म विद्योपनिषद् में कहा है —' हंस सत् अच्युत ब्रह्म का ही नाम है जो प्राणियों के हृदय (देह-मध्य) में निवास करता है। वही परम सत्य है, परम वैदिक वाक्य है, परात्पर रुद्र भी वही है तथा उसी को समस्त देवताओं में निवास करने वाला महेश्वर भी कहते हैं। पृथ्वी से लेकर शिव तक ५१ भेदों में वही[२]

सर्वदु:ख बहिष्कृत तथा ज्ञानमय हो जाता है ।[1] योग की सफलता पर मन का लय हो जाता है, मन के संकल्प-विकल्प शान्त हो जाते हैं, पुण्य-पाप दग्ध हो जाते हैं तथा सदाशिव, सर्वत्र व्यापक, स्वयंज्योति, शुद्ध, बुद्ध, नित्य, निरंजन, शान्ततम, एकात्मा प्रकाशित होने लगता है ।[2]

अजपा-जाप ही मंत्रयोग तथा हंसयोग का मूल आधार तथा प्रमुख साधन है । अत: प्राचीन ग्रन्थों-योगोपनिषद् आदि में जहाँ कहीं भी मंत्रयोग का वर्णन है वहाँ प्राय: अजपा के द्वारा ही उसके स्वरूप का स्पष्टीकरण करने का प्रयत्न किया गया है । योगशिखोपनिषद् के मत का इस सम्बन्ध में पीछे उल्लेख किया जा चुका है । मंत्रयोग का यह स्वरूप ही वास्तव में अजपा-जाप है, जिसका अन्यत्र अजपा-जाप के नाम से वर्णन भी हुआ है - 'हंस सभी प्राणियों के शरीर में निवास करता है । यह प्राण और अपान की ग्रन्थि ही अजपा कही जाती है । एक दिन में २१६०० बार इस की आवृत्ति स्वत: होती जाती है । योगी को चाहिए कि वह इस के विपरीत रूप 'सोऽहं' का नित्य जाप करे तथा मूलाधार स्थित अधोलिंग, अनाहत स्थित आत्मलिंग और भ्रूमध्य स्थित ज्योतिर्लिंग पर अपना ध्यान केन्द्रित करे ।'[3] ध्यानबिन्दूपनिषद् (श्लोक ६१-६५) तथा योगचूडामण्युपनिषद् (श्लोक ३१-३६) में भी अजपा गायत्री के स्वरूप तथा महिमा का वर्णन है, पर उस में अजपा-जाप के उपर्युक्त वर्णन से कुछ विशेषता नहीं है ।

कबीर पंथियों में ब्रह्म के अन्य नामों की अपेक्षा राम नाम को सबसे अधिक महत्त्व दिया गया है । स्वयं कबीर ने भी राम जप पर अधिक बल दिया है । अत: विश्वनाथ सिंह की बीजक की टीका में उपर्युक्त अजपा-जाप में हंस के स्थान पर राम नाम को स्वीकार किया गया है तथा ध्यान बिन्दूपनिषद् और योगचूडामण्युपनिषद् के मूल श्लोक को कुछ परिवर्तित रूप में ऐसा कर लिया गया है -

---

१. ब्रह्मविद्योपनिषद् ५७-५९ ।

२. हंसोपनिषद् २१ ।

३. ब्रह्मविद्योपनिषद् ७८-८० ।

५९—उन्मनी या मनोन्मनी सूर्य और चन्द्रमा के सयोग या सामरस्य से प्राप्त होती है।[1] गोरखनाथ ने इस बात को कई बार कहा है। उनकी एक सबदी है—'उलटंत नादं पलटत ब्यद, बाई के घरि चीन्हसि ज्यद। सुनि मडल तहा नीझर झरिया, चद सुरचि लै उनमनि घरिया।[2] इसमें गोरखनाथ ने सूर्य-चन्द्र के मेल या सामरस्य से उन्मनी का उत्पन्न होना बताया है। उनका कहना है कि यदि सूर्य और चन्द्र के योग से उन्मनी धारण कर ली जाय तो विश्वब्रह्माण्ड में व्याप्त नाद उलट कर अन्तर्मुख हो जाता है, अधोमुख विन्दु (अर्थात् झड़ना या पतित होना ही जिसकी व्यापक वृत्ति है ऐसा वीर्य या शुक्र) ऊर्ध्व-मुख हो उठता है। वीर्य की ऊर्ध्वमुखता ही चूँकि कुण्डलिनी शक्ति के जागरण का उपाय है अतः उसके ऊर्ध्वमुख होने से प्रसुप्त कुण्डलिनी जाग्रत होकर सहस्रा-रस्थ परमशिव से सामरस्य के लिये षट्चक्रों को भेदती हुई ऊपर उठ जाती है, प्राणायाम द्वारा ब्रह्माण्ड में चढ़ाया हुआ प्राणवायु अपना असल घर पहचान लेता है और अमरतादायक चन्द्ररस शून्य मण्डल में निर्झर की तरह प्रस्रवित होने लगता है। इसी प्रकार महादेव जी नामक नाथसिद्ध का कहना है कि चन्द्र

१—दे० योग और हठयोग, पैरा ३८-४७

२—गोरखबानी, सबदी, ५५, पृ० २०

मण्डल में अगर सूर्य को संचरित कर दिया जाय और इस प्रकार ध्यान धारण करके उन्मनी लगाई जाय तो काल और विकाल सभी अपवारित हो जाते हैं अतः अपनी 'सहज वाणी' में ध्यान धारण करने और उन्मनी को प्राप्त करने का सीधा तरीका बताते हुए वे सूर्य को चन्द्रमण्डल में सचरित करने की सलाह देते हैं।[1] गोरखनाथ ने एक अन्य सबदी में चाँद और सूर्य के विलीन हो जाने पर गगनमण्डल में स्वप्रकाश रूपा उन्मनी की सेज के चमकने की बात की है और अवधू को सम्बोधित करके कहा है कि दभ को वश में करके, जहाँ अनह-दतूर (अनाहतनाद) निरन्तर बजता रहता है ऐसी उन्मनी अवस्था में रहना चाहिये।[2]

६०—नाथ सिद्धों ने उन्मनी की प्राप्ति के लिये प्राणायाम का उल्लेख सकेत किया है। प्राणायाम मन और प्राण के संयमन की सर्वाधिक मान्य हठयोगी विधि है। गोरखनाथ ने इन मन और प्राण का सयमन करके उन्मनी धारण का आदेश देते हुए कहा है कि सयम से रहना देवकला है और आहार के पीछे पड़े रहना भूतकला[3]। तत्वसार को जाननेवाला योगी तो वह है जो मन और पवन को एकस्थ करके उन्मनी धारण करे।[4] एक अन्य सबदी में उन्होंने स्पष्ट रूप से प्राण और अपान वायु को उदरस्थ अर्थात् अन्तर्मुख करने और इस प्रकार नवद्वारों को बन्द

१—नाथसिद्धों की बानियाँ, महादेव जी की सबदी १२, पृ० ११६।
'चन्द्रमडल मधे सूरीयो सचारि, काल बिकाल आवता निवारि।
उनमनि रहिबा धरिबाधयान, सकर बोलति सहज बानि॥

२—गोरखनाथ, सबदी ५१, पृ० १९।
अवधू दभ को गहिबा उनमनि रहिबा ज्यू बाजबा हनहदतूर।
गगन मडल मै सेज चमकै चद नहीं तहा सूर।

३—गोरखनाथ भरि-भरि खाने के बहुत खिलाफ हैं। उनका विश्वास है कि भरि-भरि खाने से शुक्रक्षरित होता है और शुक्रक्षय उनकी दृष्टि से भयकरतम अपराध है। अमरदेह की कामना करने वाले हठयोगी के लिये यह भरि-भरिखाना, झरि झरिजाना पिशाचकर्म है। गोरख इसीलिये बताते हैं कि अगर-सदैव निरोग रहना है तो आहार को तोड़ो, निद्रा को मोड़कर उसे वश में करो। दे० सबदी ३०-३३, पृ० १२-१३।

(अमरता) भी मिल जाता है ।[१] गोरख ने मन पवन को प्राणायाम द्वारा मिला कर उन्मनी साधने और इस प्रकार सत्व, रज, तम नामक तीनों गुणों को वाधित करके जीवन-मरण, की सधि स्वरूप अखण्ड अजर-अमर पद को प्राप्त करने की सलाह दी है ।[२]

६१—नाथसिद्धों ने उन्मनी-साधना के मार्ग मे पड़ने वाले खतरों का भी उल्लेख किया है । गोरखनाथ का कहना है कि जब तक उन्मनी की डोरी टूटी हुई हो चन्द्रमडल से प्रस्रवित होने वाला अमृत-रस कैसे बह सकता है ? वह तो उन्मनी की तारी लगने पर ही प्रवाहित होता है । उन्मनी के लगने से ही स्थिरता आती है और आनन्द मिलता है । लेकिन अगर उन्मनी की तारी टूट जाय तो तत्क्षण शरीरपात हो जाता है ।[३] गोरखनाथ ने इसके लिये दसवें द्वार को बन्द करने की नई रीति का सधान बताया है । उनका कहना है कि उन्मनी लगाने वाला योगी दशमद्वार (ब्रह्म रंध्र) मे समाविष्ट होता है और नाद तथा बिन्दु के मेल से धूँधूँकार रूपी अनाहतनाद का साक्षात्कार करता है लेकिन गोरख ने एक और ही रास्ता खोज लिया है । वह रास्ता है दसवें द्वार को भी कपाटबद्ध करके निरन्तर स्थिर रहने वाली उन्मनी लगाना ।[४]

नाथों ने यदाकदा उन्मनी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारियाँ भी दी हैं । अपने एक पद में उन्मनी द्वारा तृष्णाक्षय की बात करते हुए गोरख ने प्रेमपाश में बद्ध योगी योगिन के रूपक के सहारे काफी विस्तार से उन्मनी

१—खिमा जाप सील सेवा । पच इन्द्री हुतासनम् ।
उनमनि मडप निरबान देव । सदाजीव न भाव न भेव ॥
वही, पृ० ५८ ।

२—गोरख बानी, पन्द्रह तिथि ८, पृ० १८२,
सातन, सत रज तम गुण बधि, पावौ जीवन मरण की सधि ।
अविहड़ अजर अमर पद गहौ, मन पवन ले उनमन रहौ ॥

३—तूटी डोरी रस कस बहै । उनमनि लागा अस्थिर रहै ।
उनमनि लागा होइ अनद । तूटी डोरी बिनसैकन्द ॥
गोरखबानी, सबदी, १२८, पृ० ४५

४—उनमन जोगी दसवें द्वार । नाद ब्यंद ले धूधूकार ।
दसवें द्वारे देइ कपाट । गोरष षोजी औरे बाट ॥
वही, सबदी १३५, पृ० ४७ ।

(५६)

७८—हठयोग की साधना में सोम और सूर्य पर पूर्ण अधिकार प्राप्त करके उन्हें संयुक्त करना ही मुख्य उद्देश्य माना जाता है। ऊपर के विवरण में हमने सोम सूर्य की रजवीर्य सम्बन्धी व्याख्या का विवरण दिया है। सूर्य-चन्द्र की और भी कई व्याख्याएँ मिलती हैं। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने किन्हीं ब्रह्मानन्द के मत का उल्लेख करते हुए बताया है कि सूर्य से प्राणवायु का तात्पर्य होता है और चन्द्र से अपानवायु का। प्राणायाम द्वारा इन दोनों का निरोध या योग कराना ही 'हठयोग' है[४]। हठयोग प्रदीपिका ३, १५ में एक अन्य व्याख्या

तयोर्मध्ये परा तेज उभयानन्द सुंदरम्।
अवतारः स विज्ञेय उभाभ्यां व्यापकः शिवः॥
परस्पर समाविष्टो चन्द्रोग्निष्टी टिमेशशी।
चन्द्रसृष्टिं विजानीयादग्निः संहार उच्यते॥
अवतारो रवि प्रोक्तो मध्यस्थः परमेश्वरः।
—तन्त्रालोक ३,६७ की टीका में उद्धृत।

१—विस्तार के लिये दे० 'कैलास (२) पर मेरी टिप्पणी, हिन्दी साहित्यकोश, भाग १ संस्करण २, पृ० २६९।

२—कालाग्नि के लिये दे० 'कालाग्निरुद्र' पर मेरी टिप्पणी, वही, पृ० २४८, तथा नाथसंप्रदाय पृ० १७२।

३—सपुनर्द्विविधोबिन्दु, पाण्डुरोलोहितस्तथा।
पाण्डुरः शुक्रमित्याहुर्लोहिताख्यो महारजः॥
नाभिः देशेवसत्येको भास्करोदहनात्मकः॥
अमृतात्मास्थितोनित्य तालुमूले च चन्द्रमाः॥
वर्षत्यधोमुखचन्द्रो ग्रसत्यूर्द्धमुखोरविः॥
ज्ञातव्या करणी तत्र यथा पीयूषमाप्यते॥—गोरक्षपद्धति, सन् १९५४, पृ० ३५।

४—नाथ सम्प्रदाय, पृ० १२३।

मिलती है जिसके अनुसार सूर्य इड़ा नाड़ी को कहते हैं और चन्द्र पिंगला नाड़ी को। इसलिए इड़ा और पिंगला नाड़ियों को रोककर सुषुम्ना-मार्ग से प्राण-वायु के सचारित करने को भी 'हठयोग' कहते हैं[१]। ग्रन्थों में इन इड़ा और पिंगला के और भी अनेक नाम मिलते हैं। इड़ा को ललना, चन्द्र, शशिन्, अपान, धमन, आली, नाद, गंगा, शुक्र, तमस, अभाव, निर्माण, प्रकृति, ग्राहक तथा स्वर कहकर बहुधा स्मरण किया जाता है और पिंगला को रसना, सूर्य, रवि, प्राण, चमन, काली, बिन्दु, यमुना, रक्त, रजस, भाव पुरुष, ग्राह्य तथा व्यजन कहकर।[२] इन नाड़ियों को प्राणायाम द्वारा अवरुद्ध करके सुषुम्नामार्ग से प्रवाहित करना ही सूर्यचन्द्र का सामरस्य है। इस सामरस्य की प्राप्ति के लिए षट्कर्म[३] द्वारा नाड़ी-शोधन आवश्यक है क्योंकि नाड़ियों के शुद्ध होने पर ही सुषुम्नामार्ग साफ होता है, प्राण और मन क्रमशः स्थिर हो जाते हैं और शक्तिरूपा परमेश्वरी कुण्डलिनी प्रबुद्ध होकर षट्चक्रों का भेदन करती हुई सहस्रारस्थ शिव से सामरस्य प्राप्त कर लेती है और योगी को उसका चरम प्राप्तव्य मिल जाता है। नाड़ी-शुद्ध के बाद प्राणायाम कुण्डलिनी को सुकरतापूर्वक उद्बुद्ध कर सकता है। चूँकि प्राणनिरोध ही कुण्डलिनी के उद्बोध और फिर शिवसामरस्य का हेतु है अतः हठयोग में प्राणायाम या प्राणनिरोध का बहुत अधिक महत्व है।

देने लगता है। यह आधार या सुषुम्ना ही समग्र सृष्टि का आधार है और इस में सभी देवता विराजमान रहते हैं, इसी लिये योगी इसका आश्रय लेने की सलाह देता है। इस आधार के पश्चिम भाग मे त्रिवेणी का सगम है। अगर व्यक्ति वहाँ स्नान कर ले या जल पी ले तो वह सभी पापों से मुक्त हो जाता है। इसी आधार में पश्चिमलिंग है जिसका कपाट सदैव बन्द रहता है। अगर उस कपाट को योग द्वारा खोल दिया जाय तो व्यक्ति भवबधन से छूट जाता है। इस आधार के पश्चिम भाग में ही सूर्य-चन्द्र की स्थिति है। वहीं विश्वेश का भी आसन है जिनका ध्यान करके योगी ब्रह्ममय हो जाता है।[1] इड़ा और पिंगला इस सुषुम्ना के बाएँ और दाहिने स्थित हैं और बारी-बारी साँस लेने में सहायता पहुँचाती हैं। नाक के दाएँ छेद से जब साँस चलती है तो उस समय इड़ा काम करती रहती है और जब साँस दाहिने छेद से चलती है तब पिंगला। सामान्य स्थिति में ये दोनों नाड़ियाँ ही श्वास-प्रश्वास को चालित रखती हैं। सुषुम्ना सुषुप्त अवस्था में पड़ी रहती है। सुषुम्ना का शाब्दिक अर्थ ही है 'सुषुप्त' या 'सोई हुई'। योग-साधना के द्वारा ही इसे जगाया जाता है। जब यह जगती है और इड़ा पिंगला के मार्ग से प्रवाहित होनेवाले प्राणापानादि वायु सुषुम्ना से होकर प्रवाहित होने लगते हैं तो मन की सारी चचलता नष्ट हो जाती है, सूर्य चन्द्र-आपस में लय हो जाते हैं और योगी की समाधि लग जाती है। हम उन्मनी के प्रसंग में काफी विस्तार से देख आए हैं कि वायु के मध्यमार्ग (सुषुम्नामार्ग) से संचारित होने पर जो मनःस्थैर्य आता है हठयोगी उसी को 'मनोन्मनी' अवस्था

१—योगशिखोपनिषद् २२–३३, ईशाद्यष्टोत्तरशतोपनिषद्, पृ० ३७१–७२।

कहता है। योगशिखोपनिषत् का कहना है कि जब सुषुम्ना में पहुँच कर प्राण-स्थिर हो जाते हैं सूर्य चन्द्र का सामरस्य या मेल तभी होता है। उस समरस भाव को जानने वाला ही सच्चा योगी होता है। अगर योगी सुषुम्ना में एक या आधे क्षण के लिये भी स्थिर हो जाए और उस में नमक-पानी की तरह एकमेक हो सके तो उसकी सभी ग्रन्थियाँ खुल जाती हैं, सारे संशय परमाकाश में पहुँचकर समाप्त हो जाते हैं और योगी को परमगति प्राप्त हो जाती है। गगा या गंगासागर में स्नान करके तथा मणिकर्णिका घाट पर दण्डवत् करके जो पुण्य और सुख मिलता है वह सुषुम्ना में अधिष्ठित होने से प्राप्त सुख के सोलहवें अंश की भी बराबरी नहीं कर सकता। योगी इस सुषुम्ना को ही परम जप, परम ध्यान और परागति मानता है। ब्रह्मरन्ध्र के महास्थान में जो शिवा वर्तमान रहती है मध्यमा में प्रतिष्ठित ये शिवा ही चित्शक्ति और परमादेवी है। हाथ के आघात से जैसे गेंद चचल हो उठता है प्राणापान की गति से जीव उसी तरह चंचल रहता है पर यदि प्राण सुषुम्ना में प्रवेश कर जाएँ तो वे स्थिर हो जाते हैं।[1] उद्बुद्ध कुण्डलिनी इसी मार्ग से होकर षट्चक्रों को भेदती हुई सहस्रारस्थ परमशिव से सामरस्य स्थापित करती है।

१२१—सन्तों ने अपनी साखियों, सबदियों, पदों आदि में जिस सुखमनी या सुखमनि नारी का बहुश: उल्लेख और गुणगान किया है वह मूलतः योग की उक्त सुषुम्ना नाड़ी का ही अर्थ देती है। उनके अधिकाश प्रयोग और यदि आग्रहपूर्वक समझा जाय तो सारे प्रयोग इसी अर्थ में हुए हैं। उदाहरण के लिये हम दो एक पदों को ले सकते हैं।

(१) सतों धागा टूटा गगन विनसि गया सबद जु कहा समाई।
एहि ससा मोहिं निस दिन व्यापै कोई न कहै समझाई॥
नही ब्रह्मण्ड पिंड पुनि नाहीं पचतत्त भी नाहीं।
इला पिंगला सुखमनि नाहीं, एक गुण कहाँ समाहीं॥[2]—कबीर

(२) ऐसा ध्यान धरो वरो बनवारी, मन पवन दै सुखमन नारी।
सो जप जपो जो बहुर न जपना, सो तप तपौ जो बहुरि न तपना॥[3]

(३) बक नाळ जब सहजि समाय। नानक पेट दिया नाड़ी की जाय।
इड़ा पिंगला नाड़ी कीआ। सुषमन के घर जाय समीआ॥[4]

१—योगशिखोपनिषत् ३५–५२, वही, पृ० ३७२।
२—कबीर ग्रन्थावली पद ११३, पृ० ६६–६७।
३—रैदास जी की बानी, पृ० २६।
४—श्री प्राण संगली, पूर्वार्द्ध प्रथम भाग, पृ० ६८।

वस्थाया तुरीयस्य चातुर्विध्यं तुरीयविश्वस्तुरीयतैजसतुरीयप्राज्ञस्तुरीयतुरीय इति। ते क्रमेण षोडशमात्रारूढाः अकारे जाग्रद्विश्व उकारे जाग्रत्तैजसो मकारे जागत्प्राज्ञ अर्धमात्रायां जाग्रतुरीयो बिन्दौ स्वप्नविश्वो नादे स्वप्नतैजसः कलाया स्वप्नप्राज्ञः कलातीते स्वप्नतुरीयः शान्तौ सुषुप्तविश्वः शान्त्यतीते सुषुप्त तैजस उन्मन्यां सुषुप्तप्राज्ञो मनोन्मन्या सुषुप्त तुरीयः तुर्या तुरीय विश्वो मध्यमाया तुरीय तैजसः पश्यन्त्या तुरीयप्राज्ञः पराया तुरीयतुरीयः। जाग्रन्मात्रा चतुष्टयमकारांशं स्वप्नमात्रा चतुष्टय मुकारांश सुषुप्तिमात्रा चतुष्टय मकारांश तुरीयमात्रा चतुष्टयमर्धमात्राशम्। अयमेव ब्रह्मप्रणवः। सपरमहंसतुरीयातीतावधूतैरुपास्यः। तेनैव ब्रह्म प्रकाशते तेन विदेह मुक्तिः।"

ॐयोगशिखोपनिषत्[1]

[प्रस्तुत उपनिषद् के छठें अध्याय का प्रारम्भ इस प्रश्न के साथ होता है—'उपासनाप्रकार मे ब्रूहि त्वं परमेश्वर। येन विज्ञातमात्रेण मुक्तो भवति संसृतेः॥ १॥' इस प्रश्न का उत्तर देने के पूर्व एक वन्दना की गई है जिसमें सुषुम्ना, कुण्डलिनी, चन्द्रमण्डल से स्रवित होने वाली सुधा मनोन्मनी तथा चिदात्मना महाशक्ति को नमस्कार किया गया है—

"सुषुम्नायै कुण्डलिन्यै सुधायै चन्द्रमण्डलात्।
मनोन्मन्यै नमस्तुभ्य महाशक्त्यै चिदात्मने॥"

अध्याय के अन्त में मन पर विचार किया गया है और प्रतिपादित किया गया है कि—

चित्ते चलति ससारो निश्चल मोक्ष उच्यते।
तस्माच्चित्तं स्थिरीकुर्यात्प्रज्ञया परया विधे॥ ५८॥

चित्त कारणमर्थाना तस्मिन्सति जगत्त्रयम्।
तस्मिन्क्षीणे जगत्क्षीणं तच्चिकित्स्य प्रयत्नतः॥ ५९॥

मनोह गगनाकार मनोह सर्वतोमुखम्।
मनोह सर्वमात्मा च न मनः केवल परः॥ ६०॥

मन कर्माणि जायन्ते मनोलिप्यति पातकैः।
मनश्चेदुन्मनीभूयान्नपुण्यं न च पातकम्॥ ६१॥

---

१ वही, पृ० ३७३ से उद्धृत।

कबीर ने ऐसे ही सुमिरन को जगत का सार कहा है। मन से जब ऐसा सुमिरन होने लगता है तब किसी अन्य देवता के समक्ष शीश झुकाने की आवश्यकता नहीं रह जाती[1]। दादू नाम लेने की सार्थकता इसी में समझते हैं कि नाम ही तन-मन में समा रहे और मन उसमें ऐसा एकरस हो जाय कि फिर एक क्षण भी नाम का विस्मरण न हो[2]। चरण दास प्रियमिलन के लिए अजपा

---

[1] मेरा मन सुमिरै राम कूं, मेरा मन रामहिं आहि।
अब मन रामहिं ह्वै रह्या, सीस नवावौं काहि ।। ८।।
(कबीर ग्रंथावली, पृष्ठ-४)

[2] संत सुधासार, खण्ड -१, पृष्ठ- ४५५

जाप पर जोर देते हैं[1]। दयाबाई ने पद्मासन पर बैठकर अजपा जाप करने पर सर्वाधिक जोर दिया। उनका कहना है कि जो अर्ध-उर्ध के मध्य सुरति लगा कर अजपा जाप करता है, वह अपने धाम को प्राप्त करता है और उसके सारे संताप दूर हो जाते हैं। यही नहीं यह जप करते करते मन ऐसे स्थान पर पहुंच जाता है, जहा बिना बिजली के प्रकाश हो रहा है और बिना मेघ के फुहार पड़ रही है। मन ऐसे दृश्य को देख कर वहीं निमग्न हो जाता है[2]।

जैन कवियों में अजपा

नाथ सिद्धों तथा संत कवियों के सदृश जैन मुनियों ने भी बाह्य साधना की अपेक्षा आभ्यान्तरिक साधना पर जोर दिया है, पाखंड की निन्दा की है और समस्त बाह्याडम्बरों का विरोध किया। चित्त शुद्धि को ही ब्रह्मत्व प्राप्ति का एकमात्र साधन माना है। उनका विश्वास है कि सभी प्रकार की कलुषताओं से रहित मन किसी बाह्य उपादान की अपेक्षा नही रखता। इसीलिए मुनिराम सिंह ने कहा कि जब तक आभ्यान्तरिक चित्त मलिन है, तब तक बाह्य

---

[1] संत सुधा सार , खण्ड -२, पृष्ठ-१३

[2] पद्मासन सूं बैठ करि अंतर दृष्टि लगाव।
दया जाप अजपा जपौ सुरति स्वांस में लाव ।।३।।
अर्ध उर्ध मधि सुरति धरि जपै जु अजपा जाप।
दया लहै निज धाम कू, छूटै सकल संताप ।।४।।
बिन दामिन उजियार अति बिन घन परत फुहार।
मगन भयो मनुवा तहा दया निहार निहार ।।२२।।
(दयाबाई की बानी, पृष्ठ-१२-१४ बेलवेडियर प्रेस , सन्,१९०९)

तप से कोई लाभ नहीं अतएव निर्मल चित्त में ही निरंजन को धारण करने की आवश्यकता है। इसी से सभी मलों से छुटकारा मिल जाता है।[1] नाथ योगियों तथा संत कवियों के सदृश जैन कवियों ने भी सोहं शब्द के उच्चारण पर जोर दिया है। द्यानत राय का कहना है कि निरन्तर श्वासोच्छ्वास के साथ सोहं सोहं का ध्वनन् होता रहता है। यह सोहं तीन लोकों का सार है। इस सोहं के अर्थ को समझ कर जो लोग अजपा की साधना करते हैं, वे श्रेष्ठ हैं :—

सोहं सोहं होत नित, सांस उसास मझार।
ताको अरथ विचारियै, तीन लोक मे सार ॥
तीन लोक में सार, धार सिव खेत निवासी।
अष्ट कर्म सौं रहित, सहित गुण अष्टविलासी ॥
जैसो तैसो आप, थाप निहचै तजि सोहं।
अजपा जाप संभार, सार सुख सोहं सोहं ॥

(धर्म विलास, पृष्ठ-६५)

मुनि राम सिंह के ही सदृश संत आनंदघन ने भी कहा कि जो व्यक्ति आशाओं का हनन करके अन्तर में अजपा जाप को जगाते हैं वे चेतन मूर्ति निरंजन देव का साक्षात्कार करते हैं।[2] इस अजपा की अनहद ध्वनि उत्पन्न होने पर आनन्द के मेघ की झड़ी लग जाती है और जीवात्मा सौभाग्यवती नारी के सदृश भावविभोर हो उठती है।[3] इसीलिए संत आनदघन सोहं को संसार का सार

---

[1] अब्भिंतर चित्ति वि मइलियइ बाहिरि काइ तवेण।
चित्ति णिरंजणु को वि धरि मुच्चहि जेम मलेण ॥६१॥

(पाहुड़ दोहा, पृष्ठ-१८)

[2] आसा मारि आसन धरि घट में, अजपा जाप जगावै।
आनंदघन चेतनमय मूरति, नाथ निरंजन पावै ॥ ७॥

(आनंदघन बहत्तरी, पृष्ठ-३५६)

[3] उपजी धुनि अजपा की अनहद, जीत-नगारेवारी।, (आनदघनबहत्तरी-
झड़ी सदा आनंदघन बरखत बन मोर एकनतारी ॥२०॥ पृष्ठ-३६५)

तत्व मानते हैं :

चेतन ऐसा ज्ञान विचारो।
सोहं सोहं सोहं सोहं सोहं अणु नबी या सारो ॥८१॥

(आनदघन बहत्तरी, पृष्ठ- ३६५)

के आधार पर योगियों के इसी श्वास-प्रक्रिया के द्वारा 'ब्रह्म' के बिना प्रयास के स्वाभाविक चिन्तन का समर्थन किया है। श्वास-प्रक्रिया में 'सोऽहं' अथवा 'हंस:' का बिना उच्चारण किये या बिना बोले निरन्तर उत्पन्न होने वाली ध्वनि ही 'अजपाजय' कहलाता है।

....

१- साखी- ७१, सुमिरण कौ अंग, दादू दयाल (ग्रंथावली), पं० परशुराम चतुर्वेदी, पृ० २२।

डॉ० बड़थ्वाल के अनुसार 'अजपाजय' से आत्मा उद्‌बुद्ध होकर भीतरी ईश्वरी भावना के समक्ष अपने आप को प्रत्यक्ष एवं अबाधित रूप से समर्पित कर देती है।[१]

सिद्धों ने 'अजपाजय' को वज्र जप या सहज जप कहा है, उनके अनुसार-साधना के प्रारम्भ में यदि 'एवं' शब्द का ध्यान कर लिया जाय तो वह स्वत: श्वासोच्छ्‌वास द्वारा ध्वनित होता रहता है। यहाँ 'एं' बुद्ध का एवं 'व' उनकी शक्ति का परिचायक है। 'नाथपंथी' भी 'सोऽहं' का अजपाजय करते है। गोरखनाथ का कथन है कि मन लगाकर जाप करों कि 'सोऽहं' का उच्चारण बिना वाणी के भी होने लगे। इसी से आसन, ध्यान, पंच इन्द्रियों के निग्रह और ज्ञान के चिन्तन पर नाथ-पंथियों ने जोर दिया है-

"अजपा जपै सुनि मन धरै।
पाँचू इन्द्री निग्रह करै।।
ब्रह्म अगिन मैं होवै काया।
तास महादेव बंदै पाया।।"[२]

संत कबीर 'राम' नाम अजपाजय की साधना करते हैं, परन्तु आसन लगाकर, शरीर को कष्ट देकर या माला लेकर वे जप करने में विश्वास नहीं करते। 'रामनाम' में ध्यान लगाकर श्वसन प्रक्रिया द्वारा बिना बोले 'रामनाम का जाप करना संत कबीर का 'अजपाजय' है और इस जप में वे सुरति को अनिवार्य मानते है। वे राम में प्रेम से चित्त को लगाने पर जोर देते है-

"अजपा सुमिरन होत है, सुन्न मण्डल अस्थान।
कह जिह्वा तहाँ ना चले, मन पंगु तह जान।।"[३]

....

१- हिन्दी काव्य में निर्गुण सम्प्रदाय, पृ० २२३।

२- गोरखवाणी, नाथ सिद्धों की वाणियाँ, पृ० ११३, ११५।

३- कल्याण साधनांक, पृ० ६०१-२।

साधना पर काफी जोर दिया है तथा बाह्य साधना एवं आडम्बरों का विरोध किया है । मन की शुद्धि ही ईश्वर प्राप्ति का एकमात्र साधन है । इन जैन ऋषियों ने भी "सोऽहं" शब्द को ध्यान में लाने पर जोर दिया है । उनका कहना है कि "सोऽहं" के अर्थ को समझ कर जो लोग "अजपाजप" की साधना करते है, वे श्रेष्ठ है -

सोऽहं सोऽहं होत नित, सांस उसास मझार,
ताको अरथ विचारिए, तीन लोक मे सार ।।
तीन लोक मे सार, धार शिव खेत निवासी,
अष्ट कर्म सों रहित, सहित गुण अष्ट विलासी ।।
जैसो तैसो आप, थाप निहचै तजि सोऽहं ।
अजपा जाप संभार, सार सुख सोऽहं सोऽहं ।।[1]

आनन्दघन ने भी कहा है कि जो व्यक्ति आशाओं का हनन करके अन्तर में "अजपाजप" जगाते है, वे चेतन मूर्ति निरंजन का साक्षात्कार करते है ।[2] अजपाजप की "अनहद ध्वनि" उत्पन्न होने पर आनन्दमेघ की झड़ी लग जाती है और जीवात्मा सौभाग्यवती नारी के सदृश्य भाव-विभोर हो उठती है -

उपजी धुनि अजपा की अनहद, जीत नगारे वारी ।
झड़ी सदा आनन्द घन बरखत, बने मोर एक न तारी ।।[2]

---

1. धर्म विलास, पृ0 65
2. आनन्दघन बहोत्तरी - पृ0 359

४५—राग बंगला—ठुमरी ।

इक जोगी असन बनावै, तसु भखत अलन, अचन सन होत ।। टेक
ज्ञान सुधारस जल भरलावे, चूल्हा शील बनावै ।
करम काष्ठकूं चुन चुन बाले, ध्यान अगिनि प्रजलावै जी ॥ १ ॥
अनुभव भाजन, निजगुण तंदुल, समता क्षीर मिलावै ।
सोहं मिष्ठ, निशंकित व्यंजन, समकित छौंक लगावै जी ॥ २ ॥
स्याद्वाद, सतभङ्ग मसाले, गिणती पार न पावै ।
निश्चय नयका, चमचा फेरे, विरध भावना भावैजी ॥ ३ ॥
आप पकावै, आपहि खावै, खावत नाहिं अघावै ॥
तदपि मुक्ति, पद पंकज सेवै, नयनानन्द सिरनावैजी ॥ ४ ॥

४६—रागधना श्री अथवा सोरठ ।

सतगुरु परम दयाल जगत में, सतगुरु परम दयाल ॥ टेक ।
सब जीवनि की संशय मेटैं, देत सकल भय टाल ।
दुख सागर में डूबत जनकों, छिन में देत निकाल ॥ १ ॥
सुरग मुकति को पंथ बतावें, मेटि करम भ्रम जाल ।
धरम सुधारस प्याय हरैं अघ, छिन में करत निहाल ॥ २ ॥
स्वान सिंह सतगुरु ने तारे, तारे गज विकराल ।
सुगुरु प्रताप भये तीर्थंकर, अरु तारे श्रीपाल ॥ ३ ॥
पांच शतक मुनि कोल्हू पेले, दंडक नृप चांडाल ।
होय जटायु सुगुरु पद सेये, पायो सुरग विशाल ॥ ४ ॥
कलि से दुष्ट सुपंथ लगाये, सतगुरु विष्णु दयाल ।
नयनानन्द सुगुरु सम जग में, कौन करै प्रतिपाल ॥ ५ ॥

योगी श्वास प्रश्वास में अपनी मन की सम्पूर्ण वृत्ति 'ओ३म्' पर लगा कर उसी में लय हो जाता है—

प्रणवो धनुः शरो ह्यात्मा ब्रह्मतल्लक्ष्यमुच्यते।
अप्रमत्तेन वै वेद्धव्यं सर्वस्तन्मयो भवेत्॥

प्रणव परमेश्वर शब्द ही उस ब्रह्म रूपी लक्ष्य के बींधने के लिये मानो धनुष है, जीवात्मा मानो बाण है और वही ब्रह्म परमात्मा मानो निशाना है। उस ब्रह्मरूपी लक्ष्य को अप्रमादी हो कर अर्थात् चित्त को सम्पूर्ण वृत्तियों को विषयों से हटा कर केवल परमात्मा के ध्यान में ठहरा कर जीवात्मा स्वयं लक्ष्य में लगे हुये बाण समान और सदाचार वृत्ति वाला हो कर बींधे। भूलकर भी अपने ध्यान को विचलित न होने दे।

गुरुदेव उपर्युक्त मंत्र शिष्य को देता है। जैसे चतुर वैद्य रोगी का रोग पहचान कर रोग निर्णय करता है, वैसे ही सद्गुरु शिष्य को निर्वाचन करता है और उपर्युक्त महामंत्र शिष्य को प्रदान करता है। गुरु का दायित्व बड़ा भयंकर है। शिष्य का सारा भार गुरु के ऊपर आ पड़ता है। गुरु यदि भ्रम में पड़ जाय तो शिष्य का अनिष्ट हो सकता है हमारी प्रकृति और बल के अनुरूप से ही मन्त्र मिलना चाहिये, यदि गुरु हो हम विपरीत मंत्र दें तो हमारे चक्र में विरोधी तड़ित उत्पन्न होगा। इससे हमारे शरीर में उत्कट रोगोत्पत्ति की संभावना है। गुरु के दोष से शिष्य पागल तक हो जाते हैं। विरोधी मन्त्र के जपने से कोई २ यक्ष्मा

शीश धर दीयो, प्यालो भर पीयो ।
रोम रोम सारो आनन्द उर थायो ॥२॥

प्यालो जब जरयो, कारज सब सरयो ।
जनम मरण को रोग मिटायो ॥३॥

राम रंग लागो, त्रिगुण तूटो तागो ।
चित चेतन में उलट समायो ॥४॥

उत्तमराम ! कहता, आनन्द में रहता ।
सत को प्यालो दाय मुझ आयो ॥५॥

भजन सख्या (२०१) राग सारग-मलार, झफोटी, पद सगीत ।

धन धन हंस गुरू पार पठायो ॥टेर॥

दरशण गुरू दीयो, अपणो करलीयो ।
भव से गुरूजी आप बचायो ॥१॥

सतगुरू जाणी, दीवी मुक्त निशाणी ।
'सोहं' सतगुरू शब्द सुणायो ॥२॥

वचन बाण मारयो, डूबत मुझ तारयो ।
कर्म जाल सूँ तुरंत छुड़ायो ॥३॥

कुण्डलिनी जागरण की यात्रा को तय करने में व्यक्ति को सात चक्रों से गुजरना पड़ता है। इन सातों चक्रों की यात्रा को पार करना ही आनन्द की यात्रा है, पूर्णता है।

कुण्डलिनी साधना में प्रतिदिन ब्रह्ममुहूर्त में उठकर सिद्धासन या पद्मासन में बैठ जाएं। पहले प्राणायाम एवं भस्त्रिका का अभ्यास आवश्यक है।

फिर सद्गुरुदेव का विधि विधान से पूजन करें और गुरु मंत्र की 4 माला जप करें।

इसके बाद ही इस साधना को सम्पन्न करें।

साधना सामग्री - कुण्डलिनी जागरण यंत्र एवं स्फटिक माला।

संकल्प- इष्ट देवता-स्वरूपा-कुल-कुण्डलिनी -प्रीत्यर्थे अमुकक्षर कुल-कुण्डलिनी मन्त्रस्य पुरश्चरणमहं करिष्ये।

यहाँ पर इष्ट देवता शब्द के स्थान पर अपने इष्ट का उच्चारण करना चाहिए।

विनियोग -

अस्य सर्व-सिद्धिद-श्रीकुण्डलिनी-महा-मन्त्रस्य भगवान श्री महाकाली ऋषि:, विश्व महाशक्ति -श्रीकुण्डलिनी देवता, त्रिष्टुप् छन्द:, माया (ह्रीं) बीजं, सिद्धि: शक्ति:, प्रणव (ॐ) कीलक, चतुर्वर्ग-जपे विनियोग:।

ऋष्यादि-न्यास

श्रीमहाकाल-ऋषये नम: शिरसे।
विश्व-व्यापिनी-महा-शक्ति-श्रीकुण्डलिनी-देवतायै नम: हृदि।
त्रिष्टुप्-छन्दसे नम: मुखे।
माया-बीजाय नम: लिंगे।
सिद्धि-शक्तये नम: नाभौ
प्रणव-कीलकाय नम: पादयो:।
चतुर्वर्ग-प्राप्तये जपे विनियोगाय नम: सर्वांगे।

षडंग न्यास	कर-न्यास
ह्रां	अंगुष्ठाभ्यां नम:
ह्रीं	तर्जनीभ्यां स्वाहा
ह्रूं	मध्यमाभ्यां वषट्
ह्रैं	अनामिकाभ्यां हुँ
ह्रौं	कनिष्ठिकाभ्यां वौषट
ह्र:	करतल-करपृष्ठाभ्यां फट्।

अंग-न्यास

हृदयाय नम:
शिरसे स्वाहा
शिखायै वषट्
कवचाय हुँ
नेत्र-त्रयाय वौषट्
अस्त्राय फट्।

ध्यान

सिन्दूरारुण-विग्रहां त्रि-नयनां माणिक्य-मौलि स्फुरत्।
तारा-नायक-शेखरां स्मित-मुखीमापीस-वक्षोरुहाम्।
पाणिभ्या मणि-पूर्ण-रत्न-चषकं रक्तोत्पलं विभ्रतीम्।
सौम्यां रत्न-घटस्य-सव्य-चरणां ध्यायेत् परामम्बिकाम्।।

कुण्डलिनी मंत्र

।। ॐ ऐं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्र: कुल-कुण्डलिनी जगन्मात: सिद्धि देहि-देहि स्वाहा।।

उपरोक्त मंत्र का स्फटिक माला से नित्य 11 माला मंत्र 11 दिनों तक करना है। जप समाप्ति के बाद इसके फल को कुण्डलिनी देवी को समर्पित करें-

गुह्यति-गुह्य गोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्-कृतंजपं त्वत्प्रसादान्मे देवि सिद्धिर्भवति महेश्वरि।।

इसके बाद कुण्डलिनी शक्ति को हाथ जोड़कर प्रणाम करते हुए उसकी स्तुति करें।

कुण्डलिनी स्तुति

ॐ नमस्ते देवि-देवेशि! योगीश-प्राण-वल्लभे सिद्धदे! वरदे! मात:! स्वयम्भू-लिंग-वेष्टिते ॐ प्रसुप्त-भुजंगाकारे! सर्वथा कारण-प्रिये काम-कलान्विन्ते! देवि! ममाभीष्टं कुरुष्व मे ॐ असारे घोर-संसारे भव-रोगात् कुलेश्वरि सर्वदा रक्ष मां देवि! जन्म-संसार-सागरात्।

वस्तुत: कुण्डलिनी साधना जीवन की सौभाग्यदायक साधना है और इस साधना को पूर्णता के साथ सम्पन्न करने पर साधक सिद्ध योगी बन कर सम्पूर्ण विश्व पर अपना आधिपत्य स्थापित करने में सफल हो पाता है।

साधना सामग्री-550/-

झूँठी तीन काया, मिथ्या सब माया ।
अखै निर्गुण है निराधारो ॥१॥

माया सारी, असत असारी ।
सत सत सत सत सिरजणहारो ॥२॥

नित उठ जागो, भजन में लागो ।
ओम सोहं सोहं उचारो ॥३॥

उत्तमराम! बोले, हरदम हरि जोले ।
हरदम हरदम देव दीदारो ॥४॥

भजन संख्या (१६४) राग सारग-मलार, झझोटी, पद संगीत ।

हरदम साधो भजन में लागो ॥टेर॥

सिमरण सारो, मन कों मारो ।
जोगी ऊठ जुक्त से जागो ॥१॥

हरिजन होवो, ध्यान धर जोवो ।
निर्गुण पद तिर्गुण से आगो ॥२॥

आपा मेटो, सोहं सत भेटो ।
हाण लाभ ठोड़ नहिं ठागो ॥३॥

'सोहं' समाया, उलट थिर थाया ।
उत्तमराम ! लेश नहिं दागो ॥४॥

भजन संख्या (१६५) राग सारग-मलार, झम्फोटी, पद संगीत।

ब्रह बाण मेरे दिल में लागो ॥टेर॥

सतगुरू बायो, बाण पूरो आयो ।
तूटो मोह जाल को तागो ॥१॥

ब्रह चोट साले, हिये बीच हाले ।
जैसी विध घुण काठ को लागो ॥२॥

विषय रस सारा, लागे मुझ खारा ।
तज्यो जग झूँठो-झूँठ को ठागो ॥३॥

पाई फकीरी, तजी दिलगीरी ।
पहन्यो राम नाम को वागो ॥४॥

ब्रह भाल सीधी, मेरी दिल बींधी ।
उत्तमराम ! को भर्म सब भागो ॥५॥

भजन संख्या (१६६) राग सारग-मलार, झंफोटी, पद संगीत।

धन धन साधो नींद को तगड़ो ॥टेर॥

माया सब झूँठी, सत आतम अखूटी।
शुद्ध स्वरूप गुरूदेव लखायो ॥४॥

उत्तमराम ! सारी, गुरू की महिमा भारी।
शहस्र मुख गाय के पार नहीं पायो ॥५॥

भजन सख्या (२०२) राग सारग-मलार, झझोटी, पद संगीत।

धन धन हंस कोयो अगम ठिकांणों ॥टेर॥

सत की डोर झालो, सूधे मारग चालो।
वृति खींच एक घर आंणों ॥१॥

वृति खींच आणी, गुरू की गम जाणी।
टूटो अज्ञान तिर्गुण को तांणों ॥२॥

सोवे नहिं जागे, लेश नहिं लागे।
एसो भेद उलट कोई जांणों ॥३॥

डिगे नहि डोले, बंधे नहिं खोले।
सदा सुख रूप लाभ नहिं हांणों ॥४॥

निरभै वर मेरो, डिगे नहिं डेरो।
माया जाल को नहिं कमठांणों ॥५॥

शीश दिया नशा लिया, चढो ब्रह खुमारी ॥टेर॥

सत नशा सत नाम का, लेवे संत हुशियारी ।

शिर का सांगा छोड़ के, तुरंत करे तईयारी ॥१॥

सत नशे सूँ सूधरे, होवेला भव पारी ।

असत नशे से आखड़े, पड़सी नरक मंझारी ॥२॥

प्रेम पियाला भर पीया, ममता रोग निवारी ।

विषय वास की जड़ जली, तन मन हो सुखियारी ॥३॥

सत कूँची सत नाम की, खोली अगम की बारी ।

उत्तमराम ! गुरू ज्ञान से, सन मुख सत दीदारी ॥४॥

भजन संख्या (२४२) राग राम गिरि प्रभाती पद संगीत ।

अब मन जागो जुक्त सू, जाग जपो मुरारी ।

वेला आई भजन की, हरिजन हंस पुकारी ॥टेर॥

प्रभाते उठ जागिये, गावो गोविन्द गिरधारी ।

निश दिन सुमरण सारतों, कबहुक देवे दीदारी ॥१॥

सुमरो स्वास उश्वास में, हर दम हो हुशियारी ।

सोहं सिमरण सारतां, अमृत बोल उचारी ॥२॥

शुभ करणी सत नाम संभावो, भला होवे जगजीका रे ॥३॥
सत नाम की डोर संभावे, चाकर सोई धनीका रे।
उत्तमराम! अगम घर पावे, निरभै नगर नित नीका रे ॥४॥

भजन संख्या (२५२) राग राम गिरि प्रभाति पद संगीत।

अब मन जागो ज्ञान दिन ऊगो, दशू दिश भया उज्वालारे।
अज्ञान अंधारा मिट गया सब ही, दरस्या दीन दयाला॥टेर॥
अब मन जाग्या भर्म सब भाङ्गा, खुल्या भर्म का तालारे।
आतम देव दरस्या घट मांहि, मिटङ्गा जम जंजाला रे ॥१॥
व्यापक ब्रह्म वेरंग निरोगा, वृद्ध तरुण नहिं बाला रे।
सदा सुख रूप अनूप अनंत अज, स्वेत पीत नहीं कालारे॥२॥
निहः कामी निर्वाण नित्ता नित, नहिं नदी नहिं नालारे।
काल न जाल कर्म नहिं काया, निर्मल निज निकालारे ॥३॥
सोहं ब्रह्म सदा सुख सागर, स्वयं प्रकाश सुखालारे।
उत्तमराम! मै मन नाहि, निर्गुण नित निराला रे ॥४॥

भजन संख्या (२५३) राग सारग मगल, प्रभाति पद संगीत।

शुद्ध चेतन निर्वाणा साधो, वचनों अतीत रहायारे ॥टेर॥

भजन सख्या (२५५) राग सारंग मगल, प्रभाति पद सगीत।

एमी बात सुणो इक मनवा, बात सुणो मन मालीरे ॥टेर॥

एसी बाडी अमल उमंदा, खूब लगी है डाली रे।
इस बाड़ी में मेवा निपजे, साचो होवे कोई हालीरे ॥१॥

बाडी देखत माली भूलो, करमी मन कंकाली रे।
सत्य मेवे का मर्म न जाणे, पड़ियो जीव जंजालीरे ॥२॥

इस बाडी में अमर जड़ी है, वांकी करो संभाली रे।
अमर जड़ी सें अमर होवेगा, मिटे ताप त्रिकालीरे ॥३॥

साचा सत गुरु माली भेटे, रोज करे रख वाली रे।
जब ही माली मेवा पावे, यही बात हम भाली रे ॥४॥

गुरू उपदेश समझ मन माली, खोल भर्म की नालीरे।
उत्तमराम ! सब सफल होवेगा, मेवा पावे जब मालीरे ॥५॥

भजन सख्या (२५६) राग सारग मगल, प्रभाति पद सगीत।

एमा सुमरण सहजे करिया, देही में दीदारा रे।
गुरू कृपा सें दर्शन पायो, देव देही सें न्यारारे ॥टेर॥

नाभ कँवल पर नाम विराजे, सरधा सहित निहारारे।
अर्ध उर्ध दोनों ही मिलिया, कृपा करी करतारा रे ॥१॥

इला पिङ्गला दोनूँ मिलके, हुई सुषमणा इकसारा रे।
सुरत शब्द की भई एकता, या विधि सिमरण सारारे ॥२॥
आज्ञा चक्र में इचरज देख्या, ज्योति का चमकारारे।
गगन मंडल में अनहद गाजे, नौबत नाम नगारारे ॥३॥
दशवें में कोई दर्शण पावे, सोई गुरू का प्यारा रे।
उत्तमराम ! हरि आप विराजे, सोहं सिरजण हारारे ॥४॥

भजन संख्या (२५७) राग मगल प्रभाती पद सगीत।

याका अर्थ करो भाई माधो, धन संतो धन कारी वे ॥टेर॥
दोय पुरुष पलक में पलट्या, वाकी भई इक नारी वे।
नारी पलट के नर भयो है, नर जाई फिर नारी वे ॥१॥
बिन नेणों इक नगर देख्यो, महिमा नगर की भारी वे।
कर बिन बाजा मधुरा बाजे, राग छतीसूँ न्यारी वे ॥२॥
बिन घन बादल बूँदो छिटकी, वर्षे अमृत धारी वे।
गुरू का प्यारा उत्तम जिज्ञासी, पीवे संत सचियारी वे॥३॥
देही बिना वहाँ देव बिराजे, वासू लगी है यारी वे।
र ! कहै सुणजो संतो, मैं वांकी बलिहारी वे ॥४॥

भजन सख्या (२५८) राग मगल, प्रभाती पद सगीत।

गगन मंडल में मढ़ियों साधो गगन मंडल में मढ़ियोरे ॥टेर॥

गुरू उपदेश दीया जब जाड्ञा, तोड़ी मोह की कड़ियोरे ।
आलस औंवासी निन्द्रा नाठी, लागी ब्रह की छड़ियोरे ॥१॥

नाम की डोर लगी दिल अन्दर, सुरत शब्द संग अड़ियोरे।
जब प्रकाश भयो घट मांहि, खुली ज्ञान आँखड़ियोरे ॥२॥

गगन मडल अब गरजण लागो, लगी प्रेम की झड़ियोंरे ।
हीरा माणक मोती वर्षे, सत गुरू की ओटड़ियोंरे ॥३॥

गगन मंडल में धर बिन बाड़ी, अजब फूल पातड़ियोंरे ।
प्रेमी भँवरो परमल लेवे, कहत संत बातड़ियों रे ॥४॥

जब ही ओट गुरू की आया, खुली भर्म गांठड़ियों रे ।
उत्तमराम ! अवधूता खेले, ब्रह्म ज्ञान की दड़ियोंरे ॥५॥

भजन सख्या (२५६) राग सारग, मगल, प्रभाति पद संगीत ।

मान वचन तूँ सत को मनवा, मान वचन तूँ सत कोरे ॥टेर॥

औ संसार असत है सारो, घड़ी पलक को खिलकोरे ।
माया रूप दर्शे मो मिथ्या, ज्यूँ भोडल को भलकोरे ॥१॥

सुन्दर देही ये चोखी दीखे, ज्यूँ ही काच को मटकोरे ।

मैं तो शरण बैठा सत गुरू के, जगत जाणे नहिं कागीरे ॥
चरण शरण बैठा सत गुरू के, द्वैत भाव सब दागी रे ।
मम द्रष्टी देखे ब्रह्म सब में, वही संत बड़ भागी रे ॥५॥
सत गुरू अचलराम ! ब्रह्मज्ञानी, परम पुरुष वैरागी रे ।
उत्तमराम ! कर जाड़ पुकारे, मेरी लगन उसी से लागीरे॥६॥

भजन संख्या (२६४) राग मंगल, प्रभाती पद संगीत ।

बात गुरू की साची साधो, बात गुरू की साची रे ॥टेर॥
प्रेम पोशाक पहनी है सुरता, गुरू आगे धी नाची रे ।
सत उपदेश गुरू का मान्या, और बात सब काची रे ॥१॥
गुरू वचनो की सुरता प्यासी, फेर फिरे नहिं पाछीरे ।
सहजे सहजे सत सत जाण्या, योही बात है आछी रे ॥२॥
सोहं डोर भेली है सुरता, जग से भई उदासीरे ।
आठ पहर ब्रह में भूले, एमा उत्तम जिज्ञासी रे ॥३॥
सत गुरू मेरा दीन दयालू, दीनों ज्ञान अवाचीरे ।
उत्तमराम ! सत गुरू की बातों, वेरवेर है साची रे ॥४॥

भजन संख्या (२६५) राग मंगल प्रभाती पद संगीत ।

धन संतो धन कारा साधो, धन संतों धन कारारे ॥टेर॥

शुभ करणी सत नाम जपे नित,
पांच पची सूं वश मे करे।
पांच जणी पशरती रोके,
काट कूट कटका करे ॥३॥
ब्रह्म बादल अरू प्रेम फुँवारा,
सत संगत में झरे झरे।
प्रेमी होवे सोई प्रेम पिछाणे,
दिल अन्दर दिल ठरे ठरे ॥४॥
सोहं संत सतों सत समझे,
दुतियां दुर्मति दूर करे।
शील शन्तोष दया दिल साची,
जीवत ही मन मांय मरे ॥५॥
ब्रह्म अग्नि लागी अंग अंग में,
विषय वासना जलै जलै।
जलै झी घर मूल मन सारो,
लख चौरासी टलै टलै ॥६॥

भव सागर से पार पठाता ॥४॥

उत्तमराम ! संत उलट समाता,

उलट समाय परम पद पाता ॥५॥

भजन सख्या (२७२) राग नट कल्याण आरती पद ।

आरती ! कीयों भरम सब भागी,

ज्ञान वैराग जांत उर जागी ॥टेर॥

कलह कल्पना मन की त्यागी,

शरण गुरू की आयो बड़ भागी ॥१॥

तन मन शीश दीयो गुरू आगी,

सोहं जाण दीवी गुरू सागी ॥२॥

सुरता लगन शब्द में लागी,

सत गुरू मिल्या अगम का पागी ॥३॥

तीन लोक को तूरंत उलांगी,

तापर खेलत परम वैरागी ॥४॥

उत्तमराम ! रंग लगो वेरंगी,

वेरंग ब्रह्म लख्यो सर्वंगी ॥५॥

राम रोम सत गुरू रग दीनो। तूटा तिमिर तिगुंण कातीनो ॥३॥
भाव भक्ति से हृदय भीनो। चेतन निज चिदानन्द चीनो ॥४॥
जुगो जुग जीव जुगत से जीनो। ब्रह्म विचार समझे परवीनो ॥५॥
मोह् सिमरथ सदा समानो। समझे रमझ सत सत सुज्ञानो ॥६॥
महरम लख्यो मुक्त को म्यानो। गुरू गम उत्तमराम' कहै ज्ञानो॥७॥

भजन सख्या (२७७) राग नट कल्याण आरती पद।

गुरू गम ज्ञान आरती' गाई, प्रेम प्रीत से परम पद पाई ॥टेर॥
फिकर मेट सत करी सफाई, विषय वास की वाश विलाई ॥१॥
काया कोट में करत कमाई, दिल में दीदार निज देव गोशांई ॥२॥
चित को चन्दन चित सूँ चढाई, तन मन शीश अरपीया ताई ॥३॥
करणी केशर तिलक कराई, भाव को भोजन थाल भराई ॥४॥
ध्यान कर धूँप धणी कूँ ध्याई, सुरत सेवादि करत सदाई ॥५॥
ज्ञान दीपक गुरू गम सूँ जगाई, देह देवल में दीयो दिराई ॥६॥
आतम देव दृष्टि में आई, लाधी लाल लगन लिव लाई ॥७॥
"सोहं" शुद्ध स्वरूप सदाई, निगुंण सब घट नभ की न्याई ॥८॥
सर्वातीत सर्व का साई, सत गुरू दीन दयाल परसाई ॥९॥
सुरत उलट सत माहि समाई, उत्तमराम। सत चित अथाई ॥१०॥

ॐ शाति! शांति!! शाति!!!

इति श्री स्वामी उत्तमरामजी महाराज कृत ग्रन्थ

श्री उत्तमराम-भजन प्रकाश सम्पूर्णम्।

गुरू के वचन संग तरिया साधो, गुरू के वचन संग तरियारे ॥
श्रोता चित शांति कर बैठा, मन गुरू शब्द उचरियारे ।
सोहं श्रवण सुणतां सुणतां, ले हृदे थिर धरिया रे ॥५॥

गुरू फरमायो नाम सुणायो, निर्मल नाम अजरियारे ।
मेरी सुरत लगी शब्द में, वचन गुरू का गृहियारे ॥२॥
सत गुरू सूरत हृदे विराजे, ध्यान त्रिवेणी धरियारे ।
गगन मंडल में जाकर बैठा, बाजा अनहद घुरिया रे ॥३॥
सहजे शिखर मे घटा घन मडियो, बादल ब्रह का भरियारे ।
तीनू ताप मिट्या मन केरा, दिल में दिल ही ठरियारे ॥४॥
सुन सागर में सहजे पहूँच्या, नीर बिना सर भरिया रे ।
उत्तमराम ! संत उलट समाया, बूँद रली ज्यूँ दरियारे ।५

भजन संख्या (२६३) राग सारग मंगल,प्रभाति पद सगीत ।

प्रीत गुरू से लागी साधो, प्रीत गुरू से लागी रे ॥टेर॥
प्रेम पियास लगी है घट में, अन्दर ओचती जागी रे ।
मुक्ति कारण दोनू कर जोड़े, शीश दीयो गुरू आगीरे ॥१॥
कर कृपा गुरू नाम सुणायो, सोहं भजन सत सागी रे ।
नाम प्रवेश कीयो जब घट में, विष्य भर्मना भागी रे ॥२॥
प्रेम प्रीत लागी सत गुरू सें, और वासना त्यागी रे ।
शुभ करणी के संग से न्यारा, करणी अशुभ अलागीरे॥३॥
कोई कहै औ भयो बावरो, कोई कहै अभागी रे ।

नर पशु पक्षी सारे, काल ही के मुख माहिं।
राम ही प्रकाश ! रहे, आदि मध्य आन लो ॥१७॥
ब्रह्म को स्वरूप सत, चिदानन्द एक हरि।
अचल अखण्ड निज, अनव्य अविनाशी है ॥
अस्ति भाति प्रिय जीव, आत्म स्वरूप ब्रह्म।
इल्म सरूर हस्ति, विश्व को प्रकाशी है ॥
अनही अपार शुद्धी, अव्यय सो लक्ष्यार्थ।
घट मठ घनानन्द, मौन नहीं गाशी है ॥
भेद नहिं भ्रांति कछु, कर्म न क्लेश रंच।
राम ही प्रकाश ! निज, निज को विकाशी है ॥१८॥
एक ब्रह्म आर पारे, व्यापक जहान सारे।
माया भ्रान्ति कार्य भारे, रञ्च न दर्शात रे ॥
सोहं सोह एक रूप, सत चित प्रिय नूप।
सर्व माहिं घन गूप, सोह * लखात रे ॥
अचल अखड अति, शुक्ष्म थूल नाहिं गति।
वाणी गोचर नाहि मति, मौन नहिं गात रे ॥
निश्चय योई अधिष्ठान, राम ही प्रकाश ! गान।
परमानन्द सत्य ज्ञान, खोय नहिं पात रे ॥१९॥

※ दोहा छन्द मिश्रत दृश्य ※

मत सग जहाज जगत में सत खेवैया जान।
चढे जिज्ञासु शीश दे, पल में पहुँच कल्यान ॥२०॥

* दृष्टिं ज्ञान मयीं कृत्वा पश्येद् ब्रह्म मयं जगत्। श्रुति०

[२]

दु:खी नहीं होना रे लड़के, दुखी नहीं होवना।
एक रस रहना रे अवधू, समता धारना ॥१॥
काया नगर में लड़के, सकल संसार है।
माहिं विचरना रे अवधू, खेल अपार है ॥२॥
उनमनि धुनि में रे लड़के, सदा तल्लीन हो।
भेद नहीं देना रे अवधू, लवलीन हो ॥३॥
शून्य शिखर में रे लड़के, सुधा का ताल है।
बूँद २ टपके रे अवधू, पाते सुजान है ॥४॥
घाट त्रिवेणी रे लड़के। अगम सा वाट है।
सन्त शूर चढतेरे अवधू, अनोखा ठाठ है ॥५॥
सहस दल कमल में लड़के सुषुम्ना सेज है।
वचन में न आवे रे अवधू अनोखा तेज है ॥६॥
क्रिया कर्म नहीं रे लड़के, वर्ण नहीं जात है।
रूप नहीं रेखा रे अवधू, पिता नहीं मात है ॥७॥
सत गुरु लखावे रे लड़के, लखे शत शिष्य है
'अमृत' मिले है रे 'शंकर' बदले मे शीप के ॥८॥

[३]

नयन नासिका रे लड़के, गगन में ध्यान है।
श्वास माहिं थ्रान्ति रे अवधू आतम ज्ञान है ॥१॥
मूल कमल का रे लड़के, नाभि मे मेल कर।
कुण्डली उठा लेरे अवधू, मेरू के पन्थ से ॥२॥

स्वास २ जपना रे लड़के, अजपा जाप है।
आवागमन का रे अवधू, रहे सन्देह ना ॥३॥
पाप. पुण्य नाहीं रे लड़के, नहीं सुख दुःख है।
व्याधि ना उपाधि रे अवधू अचल आनन्द है ॥४॥
तन, मन, वचन से लड़के, सदा सत् बोलना।
गुरु की आज्ञा में रे अवधू रैन दिन चालना ॥५॥
सहज समाधि रे लड़के, नहीं मन डोलता।
वासना मिटा दे रे अवधू, यही सन्यास है ॥६॥
सुरति सहेली रे, लड़के आतम भूप है।
पाँच पचीसों रे अवधू, सदा सेवा करे ॥७॥
जाय नहीं आवे रे, लड़के, सदा एक रस रहे।
अमृत' रमे है रे 'शंकर', पद निर्वाण में ॥८॥

नाभि . से उठाले रे लड़के लेजा शून्य में।
भ्रमर गुफा में रे अवधू, अचल आनन्द है ॥१॥
ताल है सुधा का रे लड़के, ...
मुक्ति की ...

नवधा भक्ति की बाती कर, आरती सजाओ हे।
अनहद घण्ट बजाय कर, उनमनि धुनि लाओ हे ॥५॥
अमी झरे दिन रैन, ताहिका भोग लगाओ हे।
धार दीनता प्राण वायु का, चँवर ढुलाओ हे ॥६॥
शिखर महल के माहिं, सुषुम्ना सेज बिछाओ हे।
मोहं सोहं गाय कर, गुरु देव रिझाओ हे ॥७॥
'अमृत' भेद अपार है, सहज ही लख पाओ हे।
सुरति ठिकाने लाय कर, 'शंकर' गुण गाओ हे ॥८॥

सतगुरु शब्द सम्हाल, दूर भव व्याधि हो।
चञ्चल मन थक जाय, सहज समाधि हो ॥१॥
जन्म मरण दुख मिटे, योग सहज ही स[illegible]।
निर्मल होवे बुद्धि, ज्ञान का बल बधे ॥२॥
मूलाधार सुधार, नाभि की सुधि करे।
मेरु दण्ड के मार्ग, शिखर में श्रुति धरे ॥३॥
भ्रमर गुफा के माहिं, अनोखा ख्याल है।
अद्भुत होता नाद, सुधा का ताल है ॥४॥
कोटि सूर्य सम तेज, सहस दल रूप है।
रहे सदा ऋतु एक, गुरु तहँ भूप है ॥५॥
तुरिया तत्व विलास, सुषुम्ना सेज है।
अमृत रूप अखण्ड, ब्रह्म का तेज है ॥६॥

आलख शबद गुरमुख विचारी। सत मारग का भया वापारी॥
गृहस्ती विरक्ती जो कोई होए। मारग बूझ भरम चित खोए॥
बन्ध खुलासी का मारग एका। गुरमुख परसे धर विरत विवेका॥
अपान पवन को प्रान में मेले। ले प्रान अपान में खेले॥
नित अश्वमेध करे मुनी ज्ञानी। शबद अखण्ड पाए पुरख निर्वानी॥
शबद भेद जब पूरन पाए। तब जीवन नर सुख वरताए॥
धन्न सतगुर जिस मारग दिखलाया। अजर पुरष का दर्शन पाया॥
धरती पदम शीश धरे अरशे। आलख शबद निस बासर बरसे॥
गुर का शबद बिमल तत्तसार। **'मंगत'** बूझे होए भ्रम छार॥**272**
ऐसे शबद की कथा अनूप। करे बखान कोई सतगुर रूप॥
जिस सूझा तिस पाई जुगत। विचरे जग में सो जीवन मुकत॥
बिना योग नहीं मनसा ठहराए। बिना योग नहीं तृप्ती आए॥
सतगुर मिले तब सार को पाया। अमरलोक में जाए समाया॥
तीन भवन सुख सहज अस्थाना। विचरे शबद आलख निर्वाना॥
गंग जमन सरस्ती बन्ध। अबगत पुरख का प्रगटयो सन्ध॥
सुर नासका मद्ध सुरती ठहराए। सार शबद को सो जन पाए॥
उलट सुरत घट पवन को पीवे। अछल अछेद अर्थ को लेवे॥
रमज़ गुपत जाने कोई सूर। ऊँचा शिखर बजावे तूर॥
चंचल मन को कीजे घात। अमरत पीवे सुन्न के घाट॥
सहज सुन्न में वास नित करी। अचल समाध शबद रस भरी॥
पावे कोई गुरमुख भेद। आद निरंजन पुरख अछेद॥
नाम बिना नहीं पावे योग। पावे नाम सतगुर संजोग॥
योग पाए मन मल हरया। अखण्ड दीपक कपाट में धरया॥
खुले कपाट भया उजियारा। **'मंगत'** योगी सत जुगत विचारा॥**273**

आसन धरती सुरत आकासे, लखे ज्ञान निर्वानी।
उपजे शबद जोत दरसावे, सुरत भई इकलानी॥
तन मस्जिद प्रान मुसल्ला, तिस पर पढ़े नमाज़ हकानी।
तरक ख़ुदी दा सजदा कीजे, घर बूझे रमज़ रूबानी॥

ा अंग - समदर्शन योग 239

॥ चौपाई ॥

बालापन में गुरु अपनाई । जग में पगन नेक नहिं पाई ॥
हरि रंग में गुरु रंग दीनी । ज्ञान ध्यान में पूरण कीनी ॥
प्रेमा परा भक्ति प्रगटाई । श्री हरि गुरु से लगन लगाई ॥
सर्व सुलक्षण जगत उजागर । शील क्षमा जत सत की सागर ॥
दयाबोध शुभ ग्रंथ बनायो । संत महन्तन के मन भायो ॥
दोहा चौपाई की रचना । अमृतमई मनोहर वचना ॥
प्रथम अंग गुरु वर्णन कीनो । सुमिरन को पुनि रचो नवीनो ॥
सूरातन को अंगहु गायो । प्रेम अंग उत्तम प्रगटायो ॥

॥ दोहा ॥

वैरागहु को अंग शुचि, कथन कियो निरधार ।
श्रवण करे से स्वप्न सम, दीख पड़े संसार ॥
साधु अंग आनँदमई, वर्णन कीनो खूब ।
सन्तन की सेवा किये, मिले कृष्ण महबूब ॥
अजपा जप के अंग में, दई बात सब खोल ।
सुरति श्वास से होत है, सुमिरन अति अनमोल ॥
कर माला मुख की करी, तासे ना कछु काम ।
लगो रहे इकरस सरस, निश दिन आठों याम ॥

॥ चौपाई ॥

पढ़े सुने जो प्रेमी प्यारा । उपजे हिय आनँद अति भारा ॥
सूक्ष्म वाणी अर्थ अपारा । वेद पुरान शास्त्र को सारा ॥

॥ अजपा का अंग ॥

॥ दोहा ॥

चरनदास गुरदेव ने मो सूँ कह्यो उचार ।
"दया" अहर[1] निसि[2] जपत रहुं सोहं सुमिरन सार ॥ १ ॥
नासा आगे दृष्टि धरि स्वाँसा मैं मन राख ।
"दया" दया करिकै कह्यो सतगुर मो सूँ भाख ॥ २ ॥
पद्मासन सूँ बैठ करि अंतर दृष्टि लगाव ।
"दया" जाय अजपा जपो सुरति स्वाँस में लाव ॥ ३ ॥
अर्ध उर्ध मधि सुरति धरि जपै जु अजपा जाप ।
"दया" लहै निज धाम कूँ छुटै सकल संताप ॥ ४ ॥
स्वाँसउ स्वाँस बिचार करि राखै सुरत लगाय ।
"दया" ध्यान त्रिकुटी धरे परमातम दरसाय ॥ ५ ॥
"दया" कह्यो गुरदेव ने कूरम[3] को ब्रत लेहि ।
सब इंद्रिन कूँ रोकि करि सुरत स्वाँस मैं देहि ॥ ६ ॥

(१) दिन । (२) रात (३) कछुआ जो सुरत ध्यान से अंडा सेता है ।

बिन रसना बिन माल कर अंतर सुमिरन होय ।
'दया' दया गुरदेव की बिरला जानै कोय ॥ ७ ॥
अजपा सोहं जाप तैं त्रिविधि ताप मिटि जाहिँ ।
'दया' लहै निज रूप कूँ या मैं संसय नाहिँ ॥ ८ ॥
हृदय कमल मैं सुरति धरि अजपा जपै जो कोय ।
बिमल ज्ञान प्रगटै तहाँ कलमख डारै खोय ॥ ९ ॥

॥ सोरठा ॥

'दया' सकार[1] हँकार[2] अच्छर को जो जप करत ।
अंतर ह्वै उजियार तिमिर अविद्या सब हरत ॥ १० ॥
नाभि नासिका माहिँ गाजै सोहं सब्द धुनि ।
या मैं संसै नाहिँ 'दया' सुमिरि भव तरत मुनि ॥ ११ ॥

॥ दोहा ॥

सतगुर के परताप तैं 'दया' कियो निरधार ।
अजपा सोहं जाप है परम गम्य निज सार ॥ १२ ॥
प्रथम पैठि पाताल सूँ धमकि चढ़ै आकास ।
'दया' सुरति नटिनी भई बाँधि बरत[3] निज स्वाँस ॥ १३ ॥
छिन छिन मैं उतरत चढ़त कला गगन मैं लेत ।
'दया' रीझि गुरदेवजू दान अभय पद देत ॥१४॥
चरनदास गुरु कृपा तैं मनुवाँ भयो अपंग ।
सुनत नाद अनहद 'दया' आठौ जाम अभंग ॥ १५ ॥
घंटा ताल मृदंग धुनि सिंह गरज पुनि होय ।
'दया' सुनत गुरु कृपा तैं बिरला साधू कोय ॥ १६ ॥
गगन मध्य मुरली बजै मैं जु सुनी निज कान ।
'दया' दया गुरदेव की परस्यो पद निर्बान ॥ १७ ॥

(१) सवेरे । (२) पुकार कर । (२) रस्सी ।

पावक नाम जलाइ है, पाप ताप दुख दुन्द।
राम सुमिर सहजो कहै, जो बिसरै सो अन्ध ॥ १२ ॥
कनक दान गज दान दे, उनन्चास भू दान।
निस्चै करि सहजो कहै, ना हरि नाम समान ॥ १३ ॥
मेंह सहै सहजो कहै, सहै सीत और घाम।
पर्बत बैठो तप करै, तौ भी अधिको नाम ॥ १४ ॥
चरनदास हरि नाम की, महिमा कही अपार।
सो सहजो हिरदे धरी, अचल धारना धार ॥ १५ ॥
सहजो सुमिरन कीजिये, हिरदे माहिँ दुराय*।
होठ होठ सूँ ना हिलै, सकै नहीं कोइ पाय ॥ १६ ॥

---

* छिपाकर, गुप्त।

राम नाम यौँ लीजिये, जानै सुमिरन हार।
सहजो के कर्तार ही, जानैं ना संसार ॥ १७ ॥
बैठे लेटे चालते, खान पान ब्यौहार।
जहाँ तहाँ सुमिरन करै, सहजो हिये निहार ॥ १८ ॥
जागत में सुमिरन करै, सोवत में लौ लाय।
सहजो इकरस ही रहै, तार टूटि नहिँ जाय ॥ १९ ॥
आठ पहर सुमिरन करै, बिसरै ना छिन एक।
अष्टादस और चार में, सहजो यही बिसेष ॥ २० ॥
सहजो सुमिरन सब करैं, सुमिरन माहिँ बिबेक।
सुमिरन कोई जानि है, कोटौं मद्धे एक ॥ २१ ॥
जन्म मरन बन्धन कटै, टूटै जम की फाँस।
राम नाम ले सहजिया, होय नहीं जग हाँस ॥ २२ ॥
चौरासी के दुख कटैं, छप्पन नर्क तिरास।
राम नाम ले सहजिया, जम पुर मिलै न बास ॥ २३ ॥
गर्भ बास संकट मिटै, जठर अगिन की आँच।
राम नाम ले सहजिया, मुख सूँ बोलो साँच ॥ २४ ॥
सील छिमा संतोष गहि, पाँचो इन्द्री जीत।
राम नाम ले सहजिया, मुक्ति होन की रीति ॥ २५ ॥
काम क्रोध लोभ मोह मद, तजि भज हरि को नाम।
निस्चै सहजो मुक्ति है, लहै अमरपुर धाम ॥ २६ ॥
काम क्रोध मोह लोभ तन, ले सुमिरै हरि नाम।
मुक्ति न पावै सहजिया, ना रीझैंगे राम ॥ २७ ॥
कामी मति भिष्टल* सदा, चलै चाल बिपरीत।
सील नहीं सहजो कहै, नैनन माहिँ अनीत ॥

सहजो मुख हाँसी छुटै, कबहू टपकै नैन ॥ ५ ॥
प्रेम दिवाने जो भये, जाति बरन गइ छूट।
सहजो जग बौरा कहै, लोग गये सब फूट ॥ ६ ॥
प्रेम दिवाने जो भये, नेम धरम गयो खोय।
सहजो नर नारी हँसैं, वा मन आनँद होय ॥ ७ ॥
प्रेम दिवाने जो भये, सहजो डिगमिग देह† ।
पाँव पड़ै कितकै किती, हरि सम्हाल जब लेह ॥ ८ ॥

* मन और ३ गुण और ५ प्रकृतियाँ। † शरीर।

कबहूँ हकधक हो रहै, उठै प्रेम हित गाय।
सहजो आँख मुँदी रहै, कबहूँ सुधि हो जाय ॥ ९ ॥
मन में तो आनद रहै, तन बौरा सब अंग।
ना काहू के संग है, सहजो ना कोइ संग ॥ १० ॥
प्रेम लटक दुर्लभ महा, पावै गुरु के ध्यान।
अजपा सुमिरन कहत हूँ, उपजै केवल ज्ञान ॥ ११ ॥

अजपा गायत्री का अंग

ऐसा सुमिरन कीजिये, सहज रहै लौ लाय।
बिनु जिभ्या बिन तालुवै, अन्तर सुरत लगाय ॥ १ ॥
हन्सा सोहं तार कर, सुरति मकरिया पोय।
उतर उतर फिरि फिरि चढ़ै, सहजो सुमिरन होय ॥ २ ॥
बरत† बाँध कर धरन में, कला गगन में खाय।
अर्ध उर्ध नट ज्यौं फिरै, सहजो राम रिझाय ॥ ३ ॥
लगै सुन्न में टकटकी, आसन पदम लगाय।
नाभि नासिका माहिं करि, सहजो रहै समाय ॥ ४ ॥
सहज स्वाँस तीरथ बहै, सहजो जो कोइ न्हाय।
पाप पुन्न दोनोँ छुटैं, हरि पद पहुँचै जाय ॥ ५ ॥
हक्कारे* उठि नाम सूँ, सक्कारे होय लीन।
सहजो अजपा जाप यह, चरनदास कहि दीन ॥ ६ ॥
सब घट अजपा जाप है, हन्सा सोहं पुर्ष।
सुरत हिये ठहराय के, सहजो या बिधि निर्ख ॥ ७ ॥
सब घट व्यापक राम है, देही नाना भेष।
राव रंक चंडाल घर, सहजो दीपक एक ॥ ८ ॥

* रस्सी। † पुकारे।

मावस

ममा ररा दो अंक कूँ राखो हिरदे माहिँ ।
धर्मराय जाँचे नहीं लेखा माँगे नाहिँ ॥
लेखा माँगे नाहिँ जाय नहिँ जमपुर बंधा ।
ऐसे निर्मल नाम को बिसरै सो अंधा ।

टीका चारो बेद का महिमा कही न जाय ।
औसर बीत्यौ जात है सहजो सुमिर अघाय ॥

पड़िवा

पानी का सा बुलबुला यह तन ऐसा होय ।
पीव मिलन की ठानिये रहिये ना पड़ि सोय ॥
रहिये ना पड़ि सोय बहुर नहिँ मनुखा देही ।
आपन ही कूँ खोज मिलै जब राम सनेही ॥
हरि कूँ भूले जो फिरैं सहजो जीवन छार ।
सुखिया जब ही होयगो सुमिरैगो करतार ॥

दूज

दोयज धंधा जगत का लागि रहै दिन रैन ।
कुटुँब महा दुख देत है कैसे पावै चैन ॥
कैसे पावै चैन बिना साधू की संगत ।
दुनिया रंग पतंग मजीठी गुरु की रंगत ॥
जन्म मरन ता सूँ छुटै सहजो दरसै राम ।
चौरासी के दुख मिटैं पावै निज पुर धाम ॥

तीज

तीज तनिक सुख कारने बहुत फसाये जीव ।
लालच लगि ऐसो गिरै जैसे मक्खी घीव ॥
जैसे मक्खी घींव डूब करि निकसै नाहीं ।
ऐसे यह नर बूड़ि रहै कुनबे के माहीं ॥
मनुखा देही पाय कै सहजो डारी खोय ।
जमपुर बाँधे वे चले चौरासी दुख होय ॥

चौथ

चौथ चहूँ दिस तिमिर है महा घोर भयमान ।
मूरख जन सोवत तहाँ मिथ्या ते अज्ञान ।

चौपाई।

श्रीगुरु महिमा अनुपम गाई। सुन गुन साधू करें बड़ाई॥
हरि सुमरन को बरनो अंग। नानाभांति न कहै प्रसंग॥
अजपा गायत्री पुनि गाई। सोहम् सुरति रीति समुझाई॥

साधू महिमा सब मनहरनी। अतिविचित्रअनुपमसोईबरनी॥
सूरातन को अंगहु गायो। सन्त महन्तन के मन भायो॥
बिरह अंग पुनि बरनन कीनों। सुन प्रगटत हरि प्रेम नवीनों॥
पतिव्रता अंग प्रभुता भाखी। अति अनन्यता रीति सुराखी॥
सतगुरु कृपा अंग अति पावन। बरनो भक्तन के मनभावन॥

दोहा।

पुनि वैराग चितावनी, बरनी महा अनूप॥
पढ़ै सुनै समुझै सोई, परै न फिर भवकूप ३५
भक्ति ज्ञान के अंग की, अद्भुत बरनी रीत॥
अगुन सगुन दोउ रूप में, प्रकटै प्रेम प्रतीत ३६
बारहमासा में कह्यो, बिरह अवस्था अंग॥
श्री गुरु कृपा दयालुता, अनगिन कथे प्रसंग ३७
पारख को अँग सोहनो, रच्यो रहस्य दरसाय॥
गुरु शिष्य लक्षन कथे, समझ भूल भ्रमजाय ३८
श्री शुक मुनि के जन्मकी, लीला ललित अनूप॥
भारत में जा विधि लिखी, सो बरनी सुखरूप ३९

चौपाई।

चौपाई ।

गावन बिंद्या सीखे कोई । लै सुर ताल बतावें सोई ॥
सातों स्वर अरु तीनों ग्राम । सब सिखलाय बतावें नाम ॥
नृत्य करन की बिद्या न्यारी । सीखे ताहि सिखावें सारी ॥
सारंगी तबला तम्बूरा । सिखलावें फन सबको पूरा ॥

दोहा ।

संस्कृत बिद्या सकल, अरबी तुरकी आद ॥
उर्दू बोली फारसी, सिखा करें दिल शाद १२७
मुसलमान सबही कहें, उन्हें वली अल्लाह ॥
हिन्दू गुरु माने जिन्हें, दोउ दीन के शाह १२८

चौपाई ।

निशि दिन रहैं प्रेम मतवारे । स्वामी रामरूप के प्यारे ॥
इक दिन मन्दिर माहिं बिराजे । गावैं संत बजावैं वाजे ॥
निजकर आप सितार बजाया । तान तरंग रंग बरसाया ॥
नूपुर निज पद बांध सुभागे । हरिके सन्मुख नृत्तन लागे ॥
गावन लगे बिरह पद जबहीं । गद गद कंठ भये पुनि तबहीं ॥
दशम द्वार हो प्राण निकारे । अमर लोक में आप पधारे ॥
बिजुरी की ज्यों भयो प्रकाशा । अनहद धुनि छाई आकाशा ॥
जाय परम पद कीनो बासा । जुगुलबिहारी जी के पासा ॥

दोहा ।

श्री सतबादीराम ने, या विधि तज निज देह ॥
सरसमाधुरी धाम जा, हरि सों कियो सनेह १२९

चौपाई।

एक समय सँग ले बहु संत। सिद्धराम ले साथ महंत॥
श्रीस्वामी दिल्ली से आये। कुछ दिन बेरीग्राम रहाये॥
निशि दिन रहै ध्यान लौलाई। जुगल रूप में सुरति समाई॥
मगन मानसी सेवा माहीं। देह गेह की सुधि बुधि नाहीं॥
तन जग में मन हरिपद दीने। स्वामी रामरूप रँग भीने॥
तदाकार हरिछबि भये लीना। जल अगाधमें जिमि रहैं मीना॥
अठारह सौ अरु सैंतालीसा। सम्बत विक्रम बिस्वेबीसा॥
जेठ सुदी बारस तिथि जानी। बुद्धबार दिन लिया पिछानी॥
देह तजन स्वामी मन आई। सिद्धराम शिष्य निकट बुलाई॥
शीश हाथ धर दई अशीशा। कृपा रहै तुम पर जगदीशा॥
अब हम परमधाम निज जावें। कुछ दिन बीते तुम्हैं बुलावें॥
सबको जय महाराज हमारी। सेवक संत सकल नर नारी॥

दोहा।

पद्मासन सो बैठके, श्रीस्वामी महाराज॥
सुख मन मारग प्राण तब, चढै गगन में गाज १५३
दशम द्वार टूटा तभी, तड़दे भई अवाज॥
बिजली सी चमकी तभी, बाजे अनहद बाज १५४

चौपाई।

स्वामी सिद्धराम तेहि बारी। गुरु बियोग दुख माना भारी॥
पुनि बिचार मन धीरज धारी। देहकृत्य मनमाहिं बिचारी॥
गुरुभाई अरु साधू संत। सेवक बेरी ग्राम अनंत॥
आये सिमट सकलतेहिबारी। संज बिमान सुन्दर अतिभारी॥

दोहा।

श्री स्वामी की देह को, दइ विमान वैठाय॥
कन्धे धर साधू चले, भजन करत हरषाय १५५

चौपाई।

रामरूप कोइ ऊबरा, सतगुरु शरणा पाय ६४
सब जग बांधा कपटने, कपट धसा सब अंग ॥
रामरूप कोइ ऊबरा, सतगुरु शब्द प्रसंग ६५

चौपाई ।

सतगुरु वचन बीज है भाई। प्रान पुहुमि में बोवो ताई ॥
यतन प्रीति कर धारै कोई। मन बांछित ताकूं फल होई ॥
जो हित सूं गुरु वचन रमावै। युग युग सुखी नाहिं दुखपावै ॥
फल अनन्त काटै पुनि कर्मा। या सम बड़ा और नहिं धर्मा ॥
तन मन के सब मिटैं विकारा। सतगुरु बचन मिलै करतारा ॥
गोपीचन्द भर्तृहरि भारा। गुरुके वचन उतरिगये पारा ॥
गुरु वचनों बिन करनी थोथी। बेद पढ़ो कह बांचो पोथी ॥
जो गुरुमुख गुरु वचनों पागे। रामरूप सोई बड़ भागे ॥

दोहा ।

जल माया मन दूध है, मिले परस्पर आय ॥
रामरूप गुरु हंस ने, लीन्हों पय निरताय ६६
जीव देह के रूप हो, मिला पचीसों हेत ॥
रामरूप गुरु ज्ञान सूं, न्यारे किये सुचेत ६७
अजपा जाप जपाइया, अनहद शब्द सुनाय ॥
अलख लखाया सतगुरू, अमृत प्याला पाय ६८
इति गुरुदेव अंग ॥

अजपा गायत्री अंग

इस अंग में ग्रन्थकर्ता ने श्वास के साथ के जो प्रत्येक मनुष्य के नासिका द्वारा विना जिह्वा के जपे अखण्ड सुमरण हो रहा है उसका लक्ष करा कर इस श्वास के साथही मनही मन में गुप्त भगवत् भजन करने की रीति को कई प्रकार से बतलाया है गुरु कृपा से जिज्ञासू और मुमुक्षु पुरुषों को इस अखण्ड सुमरण की सिद्धि प्राप्त होजाती है और सोते जागते इस अजपा जाप से परम सिद्धि प्राप्त होकर जीव तत्त्वदर्शी और त्रिकालज्ञ होजाता है॥

दोहा॥

कर माला मुख जीभ सूं, कौन जपै हो खेद॥
राम रूप सत गुरु दियो, अजपा जाप अभेद १
पाव घड़ी हिरदे जपे, हंसा सोहम् जाप॥
राम रूप नासैं सबै, चौरासी संताप २
देशों की बोली जुदी, पंथों जाप अनेक॥
राम रूप कहैं सब घटैं, अजपा सोहं एक ३

नाम गगन डोरी तणी, सुरती आवै जाय ॥
रामरूप ज्यों वरत में, नटणी रहै समाय ४
सोहं सोहं होत जो, यही ख़्याल है खूब ॥
रामरूप कहै देख लो, घटही में महबूब ५
यही अजपा ब्रह्मा जपा, शिव नारद सनकादि ॥
रामरूप यही परम जप, यही गायत्री आदि ६
अजपा जपिया भरथरी, गोरख गोपीचंद ॥
रामरूप जिन यह जपा, जाके छूटे फंद ७
सोहं अजपा आतमा, यही देह का जीव ॥
रामरूप करै ध्यान जो, सोई होत है सीव ८
लख चौरासी देह में, सोहं दीपक सार ॥
रामरूप याके बुझै, तुरत होत अंधियार ९
बाल युवा बूढ़ा भये, सोवत जागत ठांहि ॥
सोहं सोहं एक रस, रामरूप घट मांहि १०
ऊंच नीच छोटा बड़ा, यह देहों का ज्ञान ॥
सोहं सब घट एकसा, रामरूप धरि ध्यान ११
सोई सूरज चांद में, सो जग चींटी मांहि ॥
रामरूप एकै रम्यो, दूजा कोऊ नांहि १२
परम हंस अजपा जपै, बैठे ठौर इकंत ॥
आठ पहर लागे रहैं, राम रूप सो संत १३
सो कहि भीतर जात है, ऊपर आवैं हंग ॥
सुरत मकड़िया तार करि, रामरूप रहु संग १४

रामरूप रामत करै, नाभि नासिका मांहि॥
बिरला जानें देश यह, हरि काहू सुधि नांहि १५

अरिल्ल।

सोहं सोहं होत सकल घट मांहिरे॥
वह मैं हू यों कहे भेद कुछ नांहिरे॥
जमकी फांसी कटें किये यह जापरे।
अरेहां रामरूप हो मिलै आप मैं आपरे १६
अजपा याको नाम आपहि जप होयरे॥
करमाला मुख जीभ हलै ना कोयरे॥
ब्रह्मसिंधु जो आप तास की लहर है।
अरेहां रामरूपधरि ध्यान मिटै जम कहर है१७
तेल तिलौं के मांहि दूध में घीव ज्यों।
अगन काष्ठ में जान पिंड में जीव त्यों॥
नीच ऊंच सब धरो एकही दीवरे।
अरेहां रामरूप घट बीच देख ले पीवरे १८
आसन पद्म लगाय हिंडोले झूलिये।
सोहं सुरति रमाय जगत कूं भूलिये॥
सब सखियां ले संग पीव गुण गाइये।
अरेहां रामरूप या भांति मुक्ति पद पाइये १९
चरनदास गुरु दियो गुपत निज भेद है।
यह अजपा जपसार पाप सब छेद है॥

जगत् व्याध छोड़ जाय पर्म धाम छये ॥ ८ ॥
सतगुरु श्रीचरणदास राम नाम दियो ॥
रामरूप राम जपत रामरूप भयो ॥ ९ ॥

राग गौरी ।

सोई भले जिन नाम लिया ।
जोग दान सन्ध्या तर्पन शुभ
कारज तिन सर्वस्व किया ॥ १ ॥
सोई बड़ा सोई कुलका ऊंचा
हरिके मारग चित्त दिया ॥
लोक परलोक भई धनि धनिही
उन पुरुषोंका सुफल जिया ॥ २ ॥
पातक थे सो रहन न पाये
निर्मल हुवा शुद्ध हिया ॥
ररा ममा दोऊ अंक रसीले
ताही का रस काढ़ पिया ॥ ३ ॥
अमल चढ़ा तब आनन्द हूये
जन्म मरन तज रहित भया ॥
लख चौरासी बन्धन छूटे
भवसागर का सोग गया ॥ ४ ॥
राम नाम निज मंतर दीनौं
चरणदास गुरु करी मया ॥
रामरूप निश्चय कर धारा

हिरदय उपजा नेह नया ॥ ५ ॥

दोहा।

कर माला मुख जीभ सूं, कौन जपै होय खेद ॥
रामरूप सतगुरु दियों, अजपा जाप अभेद ॥

राग आसावरी।

साधो वह सुमरण है न्यारा ॥
जासु मरण सूं पाप कटत हैं
भवसागर हो पारा ॥ १ ॥
माला कर मुख जीभ न हालै
आपहीं होत उचारा ॥
जाप अखण्ड तार नहीं टूटै
सोहम शुद्ध विचारा ॥ २ ॥
सबही के घट रटना लागी
समझत नाहिं गँवारा ॥
ज्ञान आँख जब सतगुरु खोलै
जानै साधू प्यारा ॥ ३ ॥
आशा धार फिरत बौराना
चहूं दिशि पचहारा ॥
जो खोजा निकटै ही पाया
दिल अन्दर दीदारा ॥ ४ ॥
चरणदास महाराज दयाकर
भर्म अज्ञान निवारा ॥

राग सोरठ।

चल पीजे अमीरस प्याला रे।

गगनमण्डल में वासा कीजै हूजै अतिमतवाला रे ॥ १ ॥
तिरवेनी में नित असनाना सोहं सोहं माला रे ॥
विना धीव जहां जगमग जोति पहुँचे ना वहां काला रे॥२॥
मान सरोवर अमृत भरिया मोती चुगै मराला रे ॥
अनहद शब्द महाकौतूहल सुन सुन होहि निहाला रे ॥३॥
सहस कमलदल दीप पुरुष को जित कीजै धर्मशाला रे ॥
सिद्ध साधक दोऊ करनी त्यागैं हो बैठैं जहां ठाला रे ॥ ४॥
लगै समाधि व्याधि जहँ नाहीं छूटै जग जञ्जाला रे ॥
रामरूप चरणदास दया सूं होय मुक्त तत्काला रे ॥ ५ ॥

राग सोरठ।

साधो अजब अचम्भा देखा।

पाँचों नारी उलट पलट कर वही पुरुष के भेषा ॥ १ ॥
उलटा कूंआ उलटी नेजू उलटी जल की धारा ॥
पीवनवारा उलट चला है सकल वासना हारा ॥ २ ॥
अग्नि जलै पानी के माहीं विना नैन जहँ सूझै ॥
गुर्गम होय सवै गति पावै विन गुरु गम क्या बूझै ॥ ३॥
चन्द सूरज जहां पहुँचे नाहीं अद्भुत अधिक उजाला ॥
जहां जीव सूं ब्रह्म होत है छूटैं जगत तिमाला ॥ ४ ॥
चरणदास महाराज दया सूं अचरज भेद निहारा ॥
रामरूप कहै देखो साधो चिड़िया बाज पछारा ॥ ५ ॥

राग सोरठ ।

साधो देखा अचरज भारी ॥

पांच सर्प मुख दादुर भखिया पुरुष बरा चढ़ि नारी ॥१॥
मूसे पकर बिलाव सिंहारो मृग ने चीता खायो ॥
उलट सिन्धु गङ्गा में आवै बांझ बाल सुत जायो ॥ २ ॥
बहरा सुनै आँधरा देखे लूला दौरत धाया ॥
रैयत बाँध भूप कूं डन्डै चेले गुरु समझाया ॥ ३ ॥
बाज डरै चिड़िया के भय सूं पिता पुत्र कूं त्यागै ॥
सास बहू के पैर लगत है सिंह गऊ से भागै ॥ ४ ॥
सोवै साह चोर दे चोकी वस्तु जान नहिं पावै ॥
रामरूप सोइ ज्ञानी पण्डित याका अर्थ बतावै ॥ ५ ॥

दोहा ।

मैं बालक हूं ब्रह्म का ब्रह्म ही मेरी जात ॥
ब्रह्म ही सूं उत्पति हुवा ब्रह्म ही माहिं समात ॥

राग सोरठ ।

सांचा सो ब्राह्मण कहलावै ॥

आशा तृष्णा होम हिये मैं मन देवत ठहरावै ॥ १ ॥
गायत्री अजपा कूं जानै त्रिकुटी भूमि लिपावै ॥
लकड़ी कर्म एकठी करके पावक ज्ञान जलावै ॥ २ ॥
षट कर्मों को साध सबेरे संजम सदा सँवारे ॥
पाठ करै अस्तुति ईश्वर की सबही पाप निवारे ॥ ३ ॥
पढ़ै बिचारै चित में धारै औरन कूं समझावै ॥

राग मङ्गल ।

सतगुरु की ले सरनि करो हरि ध्यान ही ।
काम क्रोध मोह लोभ विड़ारो मानही ॥
त्याग जगत की गैल अमर पद कूं चलो ।

कागनकी मति छोड़िं साध संगति रलो ॥
उत्तम है निज नाम रटन निस दिन करो ।
सोहं सोहं होय सुरति हिरदे धरो ॥
जित अनहद का देस बास ह्वां किजिये ।
झिलमिल जोति अपार निरख सुख लिजिये ॥
आगे सुन्न अस्थान काल को भै नहीं ।
परमहंस कोई संत जु पहुँचत है तहीं ॥
रामरूप गुरुदेव लखायो देस है ।
सिद्धराम रल मिले रहो नहीं भेस है ॥ ४३ ॥

राग काफ़ी ।

देखा अजब तमासा जोर अगिनि जल माहिं लगी ॥
तेल वाति विन दीपमालिका बिन सूरज भया भोर ॥
गूंगा राग छतीसौं गावैं बहरा सुन सुख पावै ॥
पिंगल निरत करै अति छवि सों आंधा लख मुसकावे ॥
ऊपर कूप तले खड़ी मालन विन नेजू जल काढ़ैं ॥
सींचै बेल फलै बिन फूलों जड़ काटे सूं बाढ़ैं ॥
सुता पिता की जोय भई जहां माकूं पूत खिलावै ॥
समझैगा कोई संत विवेकी मूरख भेद न पावै ॥
मुरदे मौति करी बस माहीं बाड़ि खेत कूं खाई ॥
सिद्धराम या पद की करनी गुरु रामरूप बताई ॥ ४४ ॥

राग सोरठ ।

म्हारे सतगुरु जुगति बताई हो ।
औघट घाट चले बिन पैरों जहां काल नहीं खाई हो ॥

राग सोरठ।

म्हारे सतगुरु जुगति बताई हो।
औघट घाट चले बिन पैरौं जहां काल नहीं खाई हो॥

प्रथम मूल बंध कसि दीनौ उलटी पवन चढ़ाई हो।
षष्ठकवल औंधे किये सूधे जब आगै गम पाई हो॥
इड़ा पिंगला मार्ग थाके सुखमन सहज समाई हो।
भँवर गुफा में अजब तमासा सोभा कही न जाई हो॥
कई कोट रबिसिस परकासे दीपमाल दरसाई हो।
झुक रही घटा दामिनी दमकैं अमृत झड़ी लगाई हो॥
सहस कंवल दल सेत सिंहासन तेज पुंज छवि छाई हो।
अनहद नाद झरै बहु भांती सुन्न धजा फहराई हो॥
जहां सतगुरु रामरूप बिराजैं सिद्धराम मिले जाई हो।
पाय अमरपद आनंद हूये आवागवन मिटाई हो॥ ४५॥

राग जैजैवंती।

गगन मंडल की सैल गुरु गम कीनी भाई॥
देखा अद्भुति खेला जीव सीव हुवा मेला॥
जहां नहीं राति द्यौस लखी छवि झीनीं॥
बाजे अनहद तूरा सुनैं कोई साधू पूरा॥
रागदोप नास भये ध्यान सुरति दीनी॥
इंद्री मन कैद किये बिषै भोग त्यागदिये॥
कर्म की काटी बेड़ी पैनी ज्ञान छैनी॥
जनम मरन नासो आपही में आप भासो॥
सोई रामरूप जानौं बोध बुधि भीनी॥
जीव भाव मिटा दूजा एक ब्रह्म सारै सूझा॥
सिद्धराम हूवा जब नित्य आतम चीन्हीं॥ ४६॥

कुंडलिया ॥

आठ मास मुखसूं जपै सोलह मास कँठ जाप ।
बत्तिस मास हिरदै जपै तनमें रहै न पाप ॥
तनमें रहै न पाप भक्ति का उपजै पौधा ।
मन रुकजावै जहां अपरबल कहिये योधा ॥
शुकदेव कही चरणदास सूं यही भेद ततसार ।
बहुरु आवै नाभिमें ताका कहूं विचार ॥

दो० पांच बरष जंप नाभिसों, रग रग बोलै राम ।
देह जीव निज भक्तहो, पहुँचै हरिके धाम ॥
त्रिकुटी में जप रामकूं, जहां उजाला होय ।
श्वासा माहीं जपेते, द्विविधा रहै न कोय ॥
गगन मँडलमें जापकरि, जितहै दशवांद्वार ।
चरणदास यों कहत हैं, सो पहुँचै हरिदरबार ॥
नासा अग्रे जापकरि, देखै नूर अगाध ।
बहुतकअचरजअरुखुलै, चरणदास कहेसाध ॥
नाम उठाकर नाभिसूं, गगन माहिं लैजाय ।
जहां होय परकाशही, शुकदेव दिया बताय ॥
मनही मनमें जापकरि, दरपण उज्ज्वल होय ।
दरशन होवै रामका, तिमिर[1] जाय सबखोय ॥
कूककूक-कर नाम जप, छुटै सात अरु पांच ।
जासों मन ठहरा रहै, चरणदास कहैं सांच ॥
सुरत माहि जो जप करै, तन सूं न्यारा जोन ।
मिलै सच्चिदानन्द में, गहे रहै जो मौन ॥
सकलशिरोमणि नामहै, सब धर्मन के माहिं ।

---

1 अँधेरा ॥

इड़ा पिंगला सुषमना, केलि करै परबीन ॥
करते प्राणायाम के, पावै आतम भेख।
अनहद ध्वनि के बीचमें, देखै शब्द अलेख ॥
पूरक करि कुंभक करै, रेचक पवन उतार।
ऐसे प्राणायाम करि, सूक्ष्म करै अहार ॥
धरती वन्ध लगाय करि, दशौ वायु को रोक।
मस्तक प्राण चढ़ायकै, करै अमरपुर भोग ॥
पांचौ मुद्रा साधिकै, पावै घट को भेद।
नाड़ी शक्ति चढ़ाइये, षटौ चक्रको छेद ॥
नासाध्यान दृष्टि भृकुटी में, सुरति श्वासके माहिं।
आतम देखो जातहै, यामें संशय नाहिं ॥
योगयुक्ति कै कीजिये, कै आतम को ध्यान।
आपा आप विचारिये, परम तत्त्व को ज्ञान ॥
शूद्र वैश्य शारीर है, ब्राह्मण और रजपूत।
बूढ़ा बाला तू नहीं, चरणदास अवधूत ॥
काया माया जानिये, जीव ब्रह्म है मित्त।
काया छुटि सूरति मिटै, तू परमातम नित्त ॥
पाप पुण्य आशातजो, तजौ मान अरु थाप।
काया मोह विकारतजि, जपै सु अजपा जाप ॥
आप भुलानो आपमें, बँधो आपही आप।
जाको ढूंढ़त फिरतहो, सो तुम आपहि आप ॥
इच्छा हुई विसारिकै, क्यों न होय निर्वास।
तूतो जीवन्मुक्त है, तजौ मुक्तिकी आस ॥
आपा खोजै आपलखि, आप अपनको देख।
चरणदास तुहि ब्रह्महै, तूही पुरुष अलेख ॥

जैसे कछुवा सिमिटिकै, आपहि माहिं समाय ।
तैसे ज्ञानी श्वासमें, रहै सुरति लवलाय ॥
सबघट रमो सो राम है, आदि पुरुष निर्गम्य ।
लखचौरासी योनिमें, एक समानो सम्य ॥
दृष्टि मुष्टि आवै नहीं, रूप न देखो जाय ।
बिन सूरति बिननामको, घट घट रहो समाय ॥

छप्पय ॥

इच्छा दुइकर दूर आप तू ब्रह्म ह्वै जावै ।
और सो द्वितिया कौन तासुको शीश नवावै ॥
माला तिलक वनाय पूर्व अरु पश्चिम दौरा ।
नाभि कमल कस्तूरि हिरण जंगल भो बौरा ॥
चरणदास लखि दृष्टि भरि एक शब्द भरपूरहै ।
निरखि परखिले निकटहीं कहन सुननकोदूरहै ॥
झूठी सी यह दृष्टि जगत सब झूठो दरशै ।
मूरख जानै सत्य तासुसों फिर फिर परशै ॥
चंद सूर थिर नहीं नहीं थिर पौन न पानी ।
त्रैदेवा¹ थिर नहीं नहीं थिर मायारानी ॥
नवनाथचौरासीसिद्धजोचरणदास थिर ना रहै ।
ब्रह्म सत्य सर्वज्ञहै आत्म विचार क्यों ना गहै ॥

दो० जो मुख सेती बोलिये, अरु सुनियत है कान ।
जो आंखिन सों देखिये, सबही माया जान ॥
एकै सबतन रमि रह्यो, चेतन जड़के माहिं ।
मायादर्शत है सभी, ब्रह्म लखतहै नाहिं ॥
जैसे तिलमें तेलहै, फूल मध्य ज्यों बास ।

---

[1] ब्रह्मा, विष्णु, महेश ॥

भर्मभूल सांची लगै, समझै सांच न होय॥
सोने को गहनो गढ़ै, कहन सुननको दोय।
गहनो ना सोनो सबै, नेक जुदो नहिं होय॥
झूठ सांच दो नावहै, झूठ मिटै इक सांच।
नाम मिटै सूरत मिटै, भूषण को लग आंच॥
जाको माया कहतहैं, सो तू नेक निकास।
जैसे हींग कपूरकी, नेक जुदी कर बास॥
जल समान तो ब्रह्महै, माया लहर समान।
लहर सबै वह नीरहै, लहर कहै अज्ञान॥
खेल खिलौना खांड़के, कीजे लाख पचास।
सकल खिलौना खांड़है, ऐसे गहि विश्वास॥
चरणदास खिलौना खांड़के, भाजन राखे खांड़।
बिन विनशेभी खांड़है, विनशिजाय तौ खांड़॥
माटी के भांड़े भवैं, सूरति अरु बहुनाम।
बिगसिफूटि माटी भई, बासन कहुकेहि ठाम॥
ऐसेहो माया नहीं, समझि देखु मनमाहिं।
जो दीखै सो ब्रह्महै, रंचक माया नाहिं॥
इच्छा मेटै दुइ तजै, एकै मन विश्राम।
ब्रह्मज्ञान विज्ञान है, समझ परमपद धाम॥

सवैया॥

श्वास उसास चलै जप आपहि है जु अखण्ड टरै नहिं टारो।
भीतर वाहर है भरिपूर सों ढूंढ़ौं कहां नहिं नाहिंन न्यारो॥
चरणदास कहैं गुरुभेद दियो भ्रम दूरि भयो जुहुतो अतिभारो।
दृष्टि अदृष्टि जु रामको देखत राम भयो पुनि देखनहारो॥
दो० आप आपमें आपहै, खेलौ बहु विस्तार।

अमर अडोल निरीच्छन भेखा । त्रिगुण रहत रूप नहिं रेखा ॥
चेतन आनँद नित निराधारा । निराकार निर्लिप्त निरारा ॥
निराकार आकार बिवरजाति । निरगुण अरुसरगुणतेरीगति ॥
हाथ पाँव अरु शीश घनेरे । कैसे आरती करूं प्रभु मेरे ॥
सोहं बाती घीव अखण्डा । एकहि ज्योति बलै ब्रह्मण्डा ॥
तुही थाल तुहि आरति साजै । तुहि घंटा तुहि झांझरिबाजै ॥
चरणदास शुकदेव लखायो । सुरति थकी पै पार न पायो ॥
गगन मँडल में आरति कीजै । उत्तम सौंज सकल सजिलीजै ॥
सुखमन अमृत कुम्भ धरावै । मनसा मालिनि फूल चढावै ॥
घीव अखण्डा सोहंबाती । त्रिकुटी ज्योति बलै दिनराती ॥
पवन साधना थाल करीजै । तामें चौमुख मन धारदीजै ॥
रविशशि हाथगहौ तिहिमाहीं । खिन दहिनो खिन बायें लाईं ॥
सहसकमळ सिंहासन राजैं । अनहदझालरि नितही बाजैं ॥
इहिबिधि आरति सांचीसेवा । परम पुरुष देवन को देवा ॥
चरणदास शुकदेव बतावैं । ऐसी आरति पार लगावैं ॥
ऐसें आरति करि हुलसावै । दै परिक्रमा शीश नवावै ॥
तनकोथालअरुमनको चौमुख । ज्ञान ध्यान की बाती लावै ॥
भक्तिभावको घी भरि तामें जगमग जगमग ज्योति जगावै ॥
अर्ध ऊर्ध हितसूं करि फेरै रचना रचै ल बर्षावै ॥
सुरति मृदंग अरु निरति तँबूरा झेंगड़ झेंगड़ झांझ बजावै ॥
ताल बीण मुरचंग शंखध्वनि प्रेम मगन ह्वै हरिगुण गावै ॥
सोरन कलशा जलको राखै धूपरु अगर सुगन्धि धरावै ॥
या बिधि सों शुकदेव श्यामकी गाय आरतीको फलपावै ॥
युगलकिशोर निरखि नैननसों चरणदासि सखिबलि बलिजावै ॥

राग हिंडोलनो ॥

झूलत हरिजन सन्तभक्ति हिंडोलने।
ररा ममा दृढ़खंभ रोंपे प्रेम डोरी लाय।
टेक पटरी बैठि सजनी अतिअनन्द बढ़ाय॥
ध्यानके जहाँ मेघ बरसैं होय उमँग हुलास।
गुरुमुखी जहाँ समझ भीजैं पूरण हरिके दास॥
बुद्धि विवेक विचारि गावैं सखी सहेली साथ।
अगमलीला रटैं सजनी जहां ब्रह्मविलास॥
परमगुरु श्रीजनक झूलैं झूलैं गुरु शुकदेव।
चरणदासी सखी सदा झूलैं कोइ न पावै भेव॥

राग हेली ॥

और न मेरे कोय हेली।

प्राणपियारे लालजी॥ रोम रोमरोम वेई रमेरी अरी हेली तन मन व्यापक सोय॥ जित देखों तित लालकोरी अरी हेली दूजा नाहीं और॥ आदि अन्त है लालजी सर्वमयी सबठौर॥ देश काल सबलालहैं री अरी हेली अर्धऊरध है लाल। दहिने बायें लालजी दशोंदिशा में लाल॥ सोवतही में लालहैं री अरी हेली जाग्रतहीमें लाल। माहिं सुषोपति लालजी तुरियाही में लाल॥ ज्ञान ध्यान सब लाल हैं री अरी हेलीलालही गुरु शुकदेव चरणदासी है लालकी बिरला जानै भेव॥

जो होवै हो हरिदास हेली एते कुलतारै वही॥ फल न मुक्तिचाहे नहींरी अरी हेली भक्ति करै निर्वास॥ बीस चार कुल ददा केरी अरी हेली बीस नाना के जान। सोलह कुल ससुरारके द्वादश सुता बखान॥ बहनी के ग्यारह तरैरी अरी हेली दश भूवा के पार। मौसी के कुल आठही वेद कहत हैं चार॥ अष्टादश

सम्बन्ध मन तथा आत्मा से, उनकी दृष्टि में अधिक महत्त्व नहीं रखता। कबीर, दरिया आदि ने हठ-योग को कहीं-कहीं 'पिपीलक'-योग कहा है।[३] पिपीलक चींटी को कहते हैं; वह वृक्ष पर धीरे-धीरे चढ़ती है, चढ़कर मधुर फल खाती है, किन्तु कुछ देर बाद वह नीचे जमीन पर उतर जाती है और मधुर रस के आस्वादन का तन्तु विच्छिन्न हो जाता है। निरा हठयोगी भी क्षणिक एकाग्रता प्राप्त कर योग-विरहित पूर्वावस्था में बार-बार लौट आता है और निरन्तर परमानन्द के आस्वादन से वंचित रहता है। इसके विपरीत जो ध्यान-योग है, उसे सन्तों ने 'विहंगम-योग' कहा है। जिस प्रकार विहंगम अथवा पक्षी वृक्ष की डाल पर लगे हुए मीठे फलो का रसास्वादन बार-बार करता है, उड़ता भी है तो, इसके पहले कि रसानुभूति का तार टूटने पावे, पुनः डाल पर बैठकर उस रस का आस्वादन आरम्भ कर देता है; रसास्वादानुभूति की शृङ्खला पलमात्र के लिए भी छिन्न नहीं होती, उसी प्रकार ध्यानयोगी अपने आनन्द-लोक में निरन्तर विचरता रहता है। चींटी के समान उसे वृक्ष के नीचे अर्थात् दुःख-सुखमय मर्त्य-लोक में उतरना नहीं पड़ता है। 'वह शून्य गगन में विचरण करते हुए अमृत पान करता है और अमृत पान करते हुए शून्य गगन में विचरता रहता है';[४] उसे चित्त-वृत्ति-निरोध के लिए हठ-योग की अपेक्षा नहीं होती।

किनाराम ने ध्यान-योग को अध्यात्म-योग भी कहा है,[५] किन्हीं-किन्हीं पदों में इसे 'सहज योग' भी कहा है।[६] ध्यान का ही नाम 'सुरति' है, अतः इसे सुरति-योग या सुरति-शब्द-योग भी कहते हैं। सन्त मेंहींदास ने सुरति-योग या 'सुरत-शब्द-योग' को 'नादानु-संधान'-योग की संज्ञा दी है। गोपालचन्द्र आनन्द ने इसे 'आनन्द-योग' का भी नाम दिया है। चंपारण-परंपरा के कर्ताराम ने यह लिखा है कि योग दो प्रकार के होते हैं—'हठ-योग' और 'राजयोग'। हठ-योग से राजयोग श्रेयस्कर है। हठ-योग के 'नेती', (नेति), 'धोती' (धौति), 'बस्ती' (बस्ति), 'त्राटक', 'नौली' और 'कपालभाँति' ये छह प्रकार हैं। इसके अतिरिक्त अनेक आसन, और पूरक, कुंभक तथा रेचक प्राणायाम आदि विहित हैं। किन्तु जबतक राजयोग द्वारा चित्तवृत्ति अन्तर्मुख नहीं होती और हृदय में अमर-ज्योति नहीं चमकती, तबतक मोक्ष नहीं होता।[७]

योग-विज्ञान के विशेषज्ञ पाश्चात्य विद्वान् पॉल ब्रन्टन (Paul Brunton) ने योग के तीन क्रमिक तथा उत्तरोत्तर स्तरों का निर्देश किया है। प्रथम स्तर वह है, जिसमें साधक एकमात्र शारीरिक साधना, अर्थात् आसन, मुद्रा, प्राणायाम आदि के द्वारा हठात् चित्त-वृत्ति का नियन्त्रण करता है। इससे उच्चतर वह द्वितीय स्तर है, जिसमें उसकी साधना शरीर की सतह से ऊपर उठकर भावनाओं के क्षेत्र में पहुँचती है और वह विना आसन, प्राणायाम आदि माध्यम के भी अपने अन्तर के आनन्द और मानसिक शांति की अनुभूति करता है। ब्रन्टन के विचार से इस अनुभूति-योग से भी ऊँचा जो तीसरा स्तर है, वह 'ज्ञान-योग' का है। इस स्तर पर आसीन होकर साधक, जो हठ-योग और ध्यान-योग अथवा अनुभूति-योग के सोपान से होकर उसे पार कर चुका है, अपनी विवेक-बुद्धि के साथ अनुभूति का समन्वय करता है और आत्मतत्त्व तथा बाह्य जगत् के रहस्य में बुद्धिपूर्वक अवगाहन करता है। यह 'ज्ञान-योग' 'कर्म-योग' का विरोधी नहीं होता,

भिनक राम कहते हैं कि मुझे त्रिकुटी घाट का बाट नहीं सूझता है और वहाँ पहुँचना मेरे बूते की बात नहीं है जबतक कि सद्गुरु की दया न हो।[२९] वे 'सुन्दरी सोहागिन' को आमन्त्रित करके उसे उस त्रिकुटी के घाट पर जाने को कहते हैं, जहाँ संत सौदागर बहुमूल्य सौदा लेकर उतरा है, जहाँ 'हंसो की कचहरी' लगी है, जहाँ सोहावन पोखरी है, जिसमें से वह अमृतरस की 'गगरी' भर सकती है; वहाँ अमरपुरी है, जहाँ वह ब्रह्म को नयन भर देख सकती है।[३०] वे एक पद में रूपक बाँधते हुए कहते हैं कि तुम पवन की उल्टी गति करके भवन में घुस जाओ, वहाँ एक ऐसा तराजू बनाओ, जिसमें प्रेम के 'पलरे' हों, 'धीरज' की डंडी हो और सुरति की 'नाथ' पहनाई हुई हो। ऐसे तराजू से दिन-रात 'सुन्न सहर' में निर्गुण नाम का सौदा तौलो। इससे अमरपद की प्राप्ति होगी।[३१] सुरति और पवन की स्वाभाविक गति बहिर्मुखी है, किन्तु योग में उनको उलटकर अन्तर्मुख किया जाता है, इसलिए कई स्थानों पर इस उलटी गति का वर्णन है। आनन्द ने लिखा है—

आँख मूँदि के उल्टा ताके,
ताड़ी रहै जमाया रे।
शून्य देश में जहाँ कोय नही,
पच्छी तहाँ लुकाया रे।[३२]

गोविन्दराम ने कहा है कि साधक मूल द्वार से पवन को खींचकर 'उल्टा पंथ' चलाता है और मेरुदंड की सीढ़ी से चढ़कर शून्य शिखर पर चढ़ जाता है।[३३] भिनकराम कहते हैं—मूलचक्र की शुद्धि करो, त्रिकुटी में श्वास नियंत्रित करो और द्वादश 'गुड्डियाँ' उड़ाओ।[३४] सुहागिन वही है, जिसके लिए गगन की किवाड़ उलटी खुल जाय, जिसमें कि इडा, पिंगला के संतुलन द्वारा वह 'सुरधाम' चढ़ सके, जहाँ पर उसके सद्गुरु हैं और जहाँ त्रिकुटी-मदिर के भीतर अखंड ज्योति प्रज्वलित है।[३५]

अनेक संतो के पदो में षट्चक्र, अष्ट-दल-कमल, द्वादश दल-कमल, षोडश दल-कमल, सहस्र दल-कमल आदि के उल्लेख मिलेंगे। इन पदो में षट्चक्र-शोधन का तात्पर्य पिंडगत मूलाधार आदि चक्रो का भेदन कर सुप्त कुण्डलिनी के जगाने से है, और कमल-दल-प्रवेश से तात्पर्य सुरति का आँखो से होकर ब्रह्माण्डगत अन्तर्लोक में पहुँचकर दिव्यदृष्टि की प्राप्ति से है। कहीं-कहीं सभी चक्रो के, आँखो में ही निवास की कल्पना की गई है। रामस्वरूप राम लिखते हैं कि जीवात्मा का निवास मूलचक्र पर है, जहाँ चार दलोवाला कमल प्रकाशित हो रहा है। जहाँ षड्दल-कमल है, वहाँ ब्रह्मा का; जहाँ अष्टदल-कमल है वहाँ शिव-शक्ति का निवास है।[३६] गोविन्दराम बताते हैं कि साधक स्नान करके पद्मासन मारे और उन्मुनी मुद्रा में ध्यान करे, गढ़ के भीतर प्रवेश कर छह चक्रो को पार करे और षोडश रस का आस्वादन करे। गढ़ में दस दरवाजे हैं और हरएक पर एक-एक थानेदार है। उन्मुनी मुद्रा के बल से इन दसो द्वार की किवाड़ियाँ खुल जायँगी और एक विमल अग्निचक्र दीख पड़ेगा।[३७] योगेश्वरदास बाह्य संसार को 'नैहर' और आभ्यंतर जगत् को ससुराल कल्पित करते हुए सुहागिन से कहते हैं कि त्रिकुटी-मध्य में दोनो नयन लगाकर पवन को उल्टी गति

ड़ेगा।[37] योगेश्वरदास बाह्य संसार को 'नैहर' और आभ्यंतर जगत् को ससुराल कल्पित करते हुए सुहागिन से कहते हैं कि त्रिकुटी-मध्य में दोनों नयन लगाकर पवन को उल्टी गति

चलाकर मकड़ी के तार के समान अविच्छिन्न सुरति की डोर के सहारे चढ़कर वहाँ चलो जहाँ पिया मिलेंगे।[38] एक अन्य सत कहते है कि अष्टदल-कमल अधोमुख रहता है। सुरति जब-जब जिस-जिस दल पर जाती है, तब-तब उस पर एक विशेष प्रभाव पड़ता है। जब पूर्व दल पर जाती है तब जीवदया, जब अग्निकोण के दल पर जाती है तब निद्रा और आलस्य, जब दक्षिण दल पर जाती है तब मात्सर्य और क्रोध, जब नैऋ़ॅत दल पर जाती है तब मोह, जब पश्चिम दल पर जाती है तब जड़ता, जब वायव्य कोण के दल पर जाती है तब त्रिदोष, जब उत्तर दल पर जाती है तब भोग और जब ईशान कोणवाले दल पर जाती है तो अभिमान की वृद्धि होती है। साधना से इन दोषो पर विजय पाई जा सकती है।[39]

योग की प्रक्रिया की अवस्था में 'सोहं' का जप आवश्यक होता है। वस्तुतः सोहं की अन्तर्ध्वनि का एक निरन्तर तार बँध जाता है।[40] अलखानन्द कहते हैं कि इस प्रकार की सोहं ध्वनि जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति अवस्था में नही, किन्तु उससे भी परे तुरीयावस्था में ही सुन पड़ती है। जबतक सोहं जप का अभ्यास न होगा, तबतक दैहिक, दैविक और भौतिक ताप नहीं मिटेंगे; सागर के तीर पर रहते हुए भी साधक को नीर नहीं मिलेगा, कल्पतरु के तले निवास करते हुए भी दारिद्र्य नहीं नष्ट होगा।[41] ध्वनि अथवा शब्द कालान्तर में स्वतः और सहज हो जाता है, साधक स्वय शब्दमय हो जाता है, और शब्द ही ब्रह्म है, अतः वह ब्रह्ममय हो जाता है। इसलिए शब्द का संतमत में बहुत बड़ा स्थान है।[42] इसी शब्द अथवा अनाहत नाद की प्रधानता को ध्यान में रखते हुए योग की क्रिया को 'अनाहत योग' (अनहद योग) भी कहा गया है।[43] ब्रह्माण्ड के जिस अनुभूति-लोक में योगी अपनी दिव्यदृष्टि द्वारा चित्त-वृत्ति की स्थिरता प्राप्त करता है और आनन्द का रसास्वादन करता है, उसे अनेक संज्ञाएँ दी गई हैं—'सुन्न महल', 'सुन्न सहर', 'गगनगुफा', 'गगन मंडल', 'गगन अटारी', 'सुन्न सिखर', 'अमरपुरी', 'गगन महल', 'ध्रुव-मंदिर' आदि। टेकमनराम की निम्नलिखित पंक्तियाँ देखिए—

> सुन्ने आया सुन्ने जायगा, सुन्ने का विस्तार।
> सुन्ने सुन्न सहज धुन उपजे, कर बन्दे निरवार॥[44]

समाधि का यह शून्यलोक घट में ही है। भक्तिन भौजाई माई कहती हैं कि—'ऐ ननदी! मैंने घर में ही अपने 'पिया' को पा लिया है। मैंने बहुत तीर्थ और व्रत किया, जोगिन बनकर वन-वन ढूँढा, लेकिन मेरा समय व्यर्थ गया[45]। स्पष्ट है कि यहाँ घर से तात्पर्य ब्रह्माण्डगत शून्यलोक से है। रामटहल राम कहते हैं कि—

> सुन्न सिखर से अम्रित टभके
> हंसा पिये अघाय।[46]

किनाराम ने शून्यलोक की समाधि की अद्वैतता तथा स्थिरता का विश्लेषण करते हुए कहा है कि जिस तरह घट के भीतर का सीमित आकाश उसके फूटने से असीम आकाश में मिल जाता है, उसी प्रकार समाधि की अवस्था में श्वास प्राण में, शब्द शब्द में,

का विवरण दिया जाता है, जिसे गोपालचन्द्र 'आनन्द' ने अपने 'आनन्द-योग' में भक्तो के कल्याण और सुगमता के लिए सरल शब्दो में लिखा है। यहाँ उनके विवरण में से कुछ चुने हुए अंश उन्हीं के शब्दो में उद्धृत किये जा रहे हैं :—

"लीजिये बात ही बात में युक्ति भी बता दी गई, अर्थात् मन को वश में करने के लिये केवल सुरत-शब्द-योग का अभ्यास कीजिये।

"आँख, कान, ज़ुबान को बाहर की ओर से बन्द करके उन्हें अन्दर की ओर खोलिये। यहाँ आन्तरिक जगत् में अपूर्व सुख और आनन्द मिलेगा। इसी प्रकार आँख अन्तर में प्रकाश देखती है। जिह्वा अन्तर का नाम जपती है। तीनो इन्द्रियो के लिये तीन काम मिल गये। अब तो मानेगा कि अब भी नही। इधर से हटे उधर को लगे। आन्तरिक जगत् के सुहावने दृश्य को देखकर, मनोरंजन बाजे को सुनकर अजपा जाप की मधुर वाणी में लीन होकर हृदय प्रफुल्लित हो जाता है। वहाँ के मधुर गान, मनोहर दृश्य तथा अजपा जप 'सोऽहं' 'सोऽहं' शब्द श्रवण करते ही सुरत सनसनाती हुई ऊपर की ओर उठी और आकाश में लीन हो गयी। वहाँ का अनुपम दृश्य अकथनीय है, केवल अभ्यासी लोग ही उस सत्+चित्+आनन्द का दर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

सहजे ही धुन होत है, हरदम घट के माँह।
सुरत शब्द मेला भया, मुख की हाजित नाँह॥

जाग्रत में स्वप्न का और स्वप्न में जाग्रत का दृश्य देखकर इस श्रेष्ठ मार्ग में जो आया वह फिर वापस नहीं जाता, और न तो उसे जन्म-मरण का खटका रहता है। अब प्रश्न केवल यह है कि जब अन्तर में तीन इन्द्रियाँ काम करने लग गयीं तो फिर उन पर बन्द कहाँ लगा? हालत तो पहले जैसी थी वैसे ही अब भी रही, केवल स्थान बदल गया। संसार में तीन प्रकार के ज्ञान अर्थात् प्रमाण, अनुमान और शब्द होते हैं। प्रमाण तो इन्द्रियों का ज्ञान है। (देखना, सुनना, चखना यह प्रमाण ज्ञान है)। अन्दाजा लगाना, नतीजे को देखकर कारण सोचना या विचारना अनुमान कहलाता है। इसका संबंध दिल से है। शब्द गुरु का वचन और आप्त पुरुष का कथन है, बाहिरी जगत् में ज्ञान इसी तरह प्राप्त होता है। आन्तरिक जगत् में इनके संस्कार दिल में रहते हुए अपना काम करते हैं परन्तु भेद केवल इतना ही है कि कान जहाँ बाहिरी जगत् के शब्दो को सुनता था अब आन्तरिक जगत् में प्रवेश कर अनहद-शब्द को सुनता है, आँख जहाँ और दृश्यो को देखती थी अब आन्तरिक जगत् में उस प्रकाशमय ज्योति को देखती है।

ज़ुबान केवल अजपा जाप के सिवा किसी से संबंध नही रखती है। ये तीनो इन्द्रियाँ धीरे-धीरे इधर से चुप हो जाती हैं, वहाँ पहुँचने पर आँखो को दूर से चिराग की रोशनी दिखाई देती है। कानों में घण्टे की आवाज दूर से सुनाई देती है और ज़ुबान तो दिल के साथ मिली हुई मन में लय हो जाती है। आपने देखा होगा संध्या समय जब मंदिरो में आरती होती है तो मंदिर में चिराग ही दिखाई देता है और घण्टे का शब्द सुनाई देता है। वह हजारो रोशनी की धारो का केन्द्र (मरकज) है क्योंकि हर स्थान पर धारो ही की रचना है। जिस प्रकार किसी कालेज में प्रवेश पाने के लिये इन्ट्रेन्स पास करना जरूरी है इसी प्रकार यहाँ भी है। इन्ट्रेन्स का अर्थ ही प्रवेश होने का फाटक है। अब आन्तरिक मंदिर में प्रवेश करें। मंदिर क्या है? यह आपका सर ही तो मंदिर है। क्या आप नहीं देखते कि शिवजी के मंदिर में अथवा मसजिद में गुम्बद है (ऊपरी गोल हिस्सा) यह बाहिरी मंदिर असली मंदिर की नकल है। सच्चा और असली मंदिर तो तुम्हारा सर है। हर मंदिर के बीच में आप एक त्रिलोनी (त्रिशूल) वस्तु देखते हैं, इसे संत मत में 'त्रिकुटी' कहते हैं। आन्तरिक जगत् में प्रवेश कर गुरु की प्रकाशमय लाल रंग की प्रतिमा का दर्शन कर जहाँ दूर से घंटे और शंख की आवाज सुन रहे थे, अब मृदंग या पखावज तथा मेघनाद के शब्द को दिल दो। यह अन्तरी शब्द है। कोई इसको 'ॐ, ॐ' कहते हैं, कोई-कोई 'बम', 'बम' बोलते हैं। मुसलमान फकीर इसे 'हूँ', 'हूँ' कहते हैं। गुरु नानक साहब के भक्त लोग 'वाह गुरु' कहते हैं। यह गुरु ही का स्थान है। यही ब्रह्म है, यही अनलहक है जो यहाँ आया वही सच्चा गुरुमुख या पीरमुर्शिद हुआ, और जो बाहरी जगत् के आडम्बरो में फँसा रहा वह मनमुखी होता है। इस आन्तरिक जगत् में प्रवेश करने पर ध्यान एवं ज्ञान की समाधि की अवस्था प्राप्त होती है, इस समाधि में अत्यन्त अँधेरा है। इस अवस्था का नाम 'सुन्न' और 'महासुन्न' है, यह परब्रह्म पद है। इस आन्तरिक जगत् में प्रवेश करने पर रंग-रूप का भेद दूर होकर आत्मा (रूह) और परमात्मा (खुदा) में लीन होकर 'ॐ' या 'हू', 'हू' की आवाज को सुनकर त्रिकुटी, भँवर गुफा, आनन्द लोक तथा ब्रह्मलोक की सैर करता हुआ सत्+चित्+

मन पवना को संगम कोई नर पाइया ।
अनहद बजे अपार तो अलख लखाईया ।।[1]

उन्होंने एक स्थल पर त्रिवेणी के तीर पर चन्द्र एवं सूर्य के मिलने को बताया है।[2] एक अन्य स्थान पर वे चांद, सूर साधना का वर्णन अर्ध-उर्ध के खेल तथा इंगला -पिंगला को बांधकर बतलाया है।कुछ संतों में अर्ध-उर्ध के स्थान पर अरध और उरध भी मिलता है, ये प्राणायाम के बाचक है ।

अर्ध- उर्ध को खेल कोउ नर पावई । चांद सूर को बांधि गगन ले जावई ।।
ईंगल पिंगल दोउ बांधि सहज तब आवई । कहै गुलाल हर रोज आनन्द तब आवई[3]।।

बुल्ला साहब ने एक स्थान पर वायु साधना से सम्बन्धित प्राणायाम के पूरक, कुभक, रेचक आदि अंगों का उल्लेख किया है ।

लै कुंभक पूरक घर रखना रेचक संजम देई ।[4]

संत भीखा साहब ने प्राणायाम के सन्दर्भ में लिखा है कि - बाई नासिका की चन्द्र नाड़ी पिंगला और दाहिनी नाड़ी इंगला के साथ बीच की सुषुम्णा नाड़ी का शोधन करके ज्ञान- अग्नि को जगावे, प्रज्ज्वलित करें । इन्हीं इंगला पिंगला तथा सुषुम्णा को एकाग्र करके उलटकर उर्ध्वमुखी कर दे। इस क्रिया द्वारा गगन - गुफा के गगन मण्डल में अनाहद नाद और प्राण का संयोग होता है[5]। एक दूसरे स्थान पर उन्होंने दृष्टि को उलाट करके प्राणायाम करने का उपदेश दिया है[6]।

भीखा साहब को हम कबीर की भांति हठयोगियों के कठोर साधना की तीखी आलोचना करते हुए पाते हैं -

पान अपान उदान व्यान करि विसरेउ सारंग पानी ।
अपरम्पार पार परमेश्वर अविगति अकथ कहानी ।।[7]

योगी लोग पान, अपान, व्यान, उद्धान तथा समान वायु को साधने में विश्वात्मा रूप परमतत्व को त्याग देते हैं ।

संत गोविन्द साहब ने 'पवन' साधना की सहायता से सुरति - निरति को पार करने का उपदेश दिया है ।[8] संत पलटू साहब ने लिखा है कि बांई नासिका की चन्द्र नाड़ी पिंगल और दाहिनी नासिका की सूर्य नाड़ी इंगला के बीच की सुषुम्णा से त्रिकुटि में मिला देने पर सोहं शब्द सुनाई पड़ने लगता है ।[9] एक स्थान पर उन्होंने पवन साधना का भी संकेत किया है -

इंगला माहिं सहज समानी, पिंगल पवन अहारी हो[10]

रामचरन साहब ने पान-अपान वायु को शोधने का उपदेशं दिया है -

'रामचरन गोविन्द भजु। शोधेउ पान अपान ।।[11]

---

1. गुलाल साहब की बानी, पृ0 51 ।
2. चंद सूर घर आयल तिरबेनी तीर ।
   निरखि - निरखि गति साजल दरसन रघुवीर - वही, पृ0 26 ।
3. वही, पृ0 46 ।
4. बुल्ला साहब का 'शब्दसार', पृ0 3 ।
5. चन्द्र सूर्य एकाग्रह करि, उलटि उर्ध्व अनुसरै। नाद विन्द का जूह गगन में, मन माया तब टेरे।।
   -संत भीखा की मर्मभेदी पुकार, पृष्ठ 93
6. बैसाख मास फल पूरन, योग युक्ति प्रानायाम।
   दृष्टि उलटि कै लगि रहै, निसुदिन आठो याम ।। वही, पृष्ठ 165
7. वही, पृष्ठ 54
8. पवन पयाना करि गया। सुरति निरति के पार।। गोविन्द साहब की हिन्दी रचनायें, पृष्ठ 25
9. बायें चन्द सुर है दाहिने, सुखमन सुरति समानी हो।
   सोहं सोहं सुन में बोलै, वही शब्द की खानी हो- पलटू साहब की वानी, भाग 3, पृष्ठ 28
10. वही, पृष्ठ 28
11. श्री रामचनर साहब के शब्द, पृष्ठ 2 (हस्तलिखित)

संत थानदास ने पान, अपान, उद्धान को मिलाने का संकेत दिया है[1]। संत देवकीनन्दन साहब ने अष्टांग योग की महत्ता बतलाई है[2]। आगे उन्होंने पान, अपान, उद्धान, व्यान को उलाट कर भरने का उपदेश दिया है[3], तो कहीं पर मात्र पान, अपान को मिलाने की बात कही है[4]। हुलासदास ने इड़ा पिंगला को शोध करके सुषुम्णा में समाने को बतलाया है --

इड़ा पिंगला सोधि के सुख मन रहे समाय । त्रिकुटि दास हुलास गे, कौन सकै अलगाय ।।[5]

स्वामी गैबानन्द ने अष्टयाम के आठो नियमों का नामोल्लेख निम्न प्रकार से किया है

औरहु एक उपाय सुनु, नाश विक्षेपहिं हेत ।यम अरू नियमासन कही, प्राणायाम समेत ।।

प्रत्याहार पुनि धारणा, ध्यान समाधी जान ।यही योग अष्टांङ्ग है, करत विक्षेपहिं हान[6]।।

बावरी पंथ के संत कवियों ने कहीं भी योग का क्रमबद्ध रूप नहीं प्रस्तुत किये हैं। ये लोग प्राणायाम साधना का संकेत मन, पवन साधना के रूप में अधिकतर किये हैं। जो पलटू साहब तक आते-आते हठयोग का प्रभाव क्षीण-सा दिखाई पड़ने लगता है । कुछ संतों ने अष्टांग योग की साधना का भी उल्लेख किये हैं ।

विपरीतकरण मुद्रा से योगी लोग सूर्य को ऊपर कर देते हैं और चन्द्र को नीचे कर देते है ।यह क्रिया प्रत्याहार और प्राणायाम के द्वारा ही सिद्ध होती है।[7] विपरीतकरणी मुद्रा ही आगे चलकर संतों में विपरीतकरणी सूर्य चन्द्र साधना के नाम से प्रसिद्ध हुयी है । बावरी पंथ के संत यारी साहब ने विपरीतकरणी मुद्रा का संकेत करते हुए लिखा है - भगवान की कृपा से ही साधक चन्द्र को अधस्तात स्थिर करने में और सूर्य को उर्ध्वमुखी करने में समर्थ होता है ।

अैन-इनायत हरि की बढ़े। चन्द उतारै सूरज चढ़ै।[8]

प्रत्याहार की साधना में सहायक प्रणव जप भी है, ये जप एक लाख बीस हजार संख्या में बताएं गये हैं, किन्तु बावरी पंथ के संतों ने जप को बहुत महत्व दिया है। फिर भी एक लाख बीस हजार जप, संख्या का उल्लेख किसी ने नहीं किया है ।

ये लोग प्रणव जप के स्थान पर सोहं के अजपाजाप को ही विशेष महत्व देते हैं । यारी साहब ने अजपा-जाप की ओर संकेत करते हुए लिंखा है-

गगन गुफा में बैठि के रे, उलटि के अपना आप देखे।
अजपा जपै विन जीभि सो रे, बिन नैन निरंजन रूप लेखै ।।[9]

बावरी साहिबा ने भी अजपा - जाप के महत्व का प्रतिपादन किया है -

अजपा जाप सकल घट बरतै, जो जानै सोइ पेखा ।
गुरू गम जोति अगम घर बासा, जो पाया सोई देखा।।[10]

केशवदास ने निर्गुण ब्रह्म की उपासना के लिये साधना में अजपाजाप करने का उपदेश दिया है ।

निर्गुन राज समाज है, चँवर सिंहासन छत्र ।
तेहि चढ़ि यारि गुरू दियो, केसोहिं अजपा मंत्र ।।[11]

बुल्ला साहब ने त्रिवेणी में स्नान करने का उपदेश दिया है -

तीनिउ जना त्रिवेणी आना, गंग जमुन कीन्हों अस्नाना ।।[12]

बुल्ला साहब ने सोऽहं जप की ओर भी संकेत किया है [13]। प्रत्याहार के साधक के लिये शब्द सुरति योग की साधना भी जरूरी है।

---

1. पान-अपान उदान मेलि एक अन्तर हो।। थान साहब के शब्द, पृष्ठ 9
2. अष्ट जाम विह्वल व्याकुल तन प्रेम अभये मदमाती।- देवकीनन्दन साहब की हिन्दी रचनायें। पृष्ठ 3
3. पान अपान उदान व्यानहि उरध भरनि भरै। वही, पृष्ठ 9
4. पान अपान मिलान करो तहां मेरूदण्ड को धार । वही, पृष्ठ 10
5. हुलासदास कृत 'ब्रह्म विलास' पृष्ठ 53
6. स्वामी गैबानन्द कृत अध्यात्मसुधा, पृष्ठ 9
7. हठयोग प्रदीपिका- तृतीय पटल, 3/79
8. यारी साहब की रत्नावली, पृष्ठ 11
9. यारी साहब की रत्नावली, पृष्ठ 21
10. महात्माओं की वानी, पृष्ठ 1
11. केशवदास् की अमीघूट, पृष्ठ 2
12. बुल्ला साहब का 'शब्दसार', पृष्ठ 15
13. वही, पृष्ठ 27

सुरति निरति लै घंट बजावै, जगमग जोति परम पद पावै ।।[1]

संत गुलाल साहब ने भी अपने गुरू की भांति अजपाजाप के महत्व की ओर संकेत किया है[2] आगे उन्होंने चन्द्र सूर्य साधना के द्वारा त्रिकुटि द्वार को साधने का उपदेश दिये हैं

पैठि पताल सूर ससि बांधौ, साधौ त्रिकुटि द्वार ।
गंग जमुन के वार पार बिच, भरतु है अमिय करार ।।[3]

गुलाल साहब ने सुरति- निरति की ओर संकेत करते हुए लिखा है -

सुरति निरति लै सखि सब गावहिं, घरहि नव निधि पाई।[4]

भीखा साहब के साहित्य में सोऽहं जाप की झलक मिलती है।[5] उन्होंने त्रिवेणी के सम्मुख सिर झुकाने का उपदेश भी दिया है।[6] सुरति निरति का संकेत करके उन्होंने लिखा है-

सुरति सुभाव निरति लपटानो, दृष्टि रूप अरूझाऊ।।[7]

जगजीवन साहब ने त्रिकुटि के बीच् में ताड़ी लगाने का उपदेश दिया है[8]। गोविन्द साहब गंगा, यमुना एवं सरस्वती को पवन साधना के द्वारा सुषुम्णा पर चढ़ाने को बतलाया है[9]।

बावरी पंथ के संत सदा जटिलता को सरलता एवं अनेकता में एकता लाने के लिये प्रयासरत थे। इसीलिये इस पंथ के संत पलटू साहब हठयोग साधना की आवश्यकता पर बहुत अधिक बल नहीं दिया है। उन्होंने उसी प्रकार की साधना को अपनाया है, जिसे साधक सहज भाव से उसका आचरण कर सकता है। इसी ओर संकेत करते हुए पलटू साहब ने लिखा है कि योगी का कर्तव्य है कि सदाचार पूर्वक साधु-जीवन व्यतीत करते हुए, आठों पहर पद्मासन में बैठा रहे। उसे दसों द्वार बन्द कर लेना चाहिये और प्रयत्लपूर्वक त्रिकुटि में वायु आकृष्ट करके स्वासोच्छ्वास की गति रोक देनी चाहिए ।[10] संत पलटू ने मुद्रा एवं भेष की जगह अजपा-जाप के ही महत्व का प्रतिपादन किया है।[11] आगे उन्होंने चाँद एवं सूर्य दोनों को ऊपर उठाने की ओर संकेत किया है[12]।

श्री रामचरनदास जी ने इंगला, पिंगला और सुषुम्णा के ऊपर उस परमतत्व को बतलाया है।[13] थानदास ने अर्ध-उर्ध संगम के बीच अजपाजाप करने का उपदेश दिया है।[14] देवकी नन्दन साहब ने लिखा है कि सहज भाव से सि़द्धासन लगाकर इंगला, पिंगला और सुषुम्णा को एक सिद्ध में करके त्रिकुटी में षट्चक्र भेदन को बताया है।1[15] देवकीनन्दन साहब ने अजपाजाप में ही ब्रह्म की स्थिति को माना है।[16] परसाद साहब ने इंगला, पिंगला एवं सुषुम्णा को साधना के द्वारा बंकनाल पर चढ़ाने का उपदेश दिया है।[17]

---

1. बुल्ला साहब का शब्दसार, पृष्ठ 18
2. गुलाल साहब की वानी, पृष्ठ 43
3. गुलाल साहब की वानी, पृष्ठ 34
4. वही, पृष्ठ 24
5. रमिता राम तू अन्तरजामी, सोहं अजपाजापै हौ- संत भीखा की मर्मभेदी पुकार, पृष्ठ 55
6. मध्य सरस्वती गंगा यमुना, सन्मुख शीश नवावै। वही पृष्ठ 88
7. वही, पृष्ठ 201
8. त्रिकुटि मध्य दृष्टि करू नैनन ताड़ी तहां लगाव।- जगजीवन साहब की वानी, भाग 1 पृष्ठ 47
9. गंगा जमुना और सरस्वती, सुखमन चढै निसैनी, पावन पवन अनल जल बरसत सरसत फेनी।- गोविन्द साहब की हिन्दी रचनायें। पृष्ठ 39
10. पलटू साहब की वानी, भाग 3, पृ0 53 ।
11. वही, पृ0 19 ।
12. वही, भाग- 3, पृ0 28 ।
13. श्री रामचरन साहब के शब्द, पृष्ठ 9
14. थानदास के शब्द, पृष्ठ 11
15. संत देवकीनन्दन साहब की हिन्दी रचनायें, पृष्ठ 11
16. वही, पृष्ठ 72
17. बावरी पंथ के हिन्दी कवि, पृष्ठ 354।

त्रिकुटि संगम जोति है रे, तहं देखि लेवै गुरू ज्ञान सेती [1]।।

आगे यारी साहब ने सूक्ष्म ध्यान की ओर भी संकेत किया है[2]। उन्होंने दो प्रकार के ध्यानों का उल्लेख किया है। नाद ध्यान और शून्य ध्यान । ये दोनों ध्यान सूक्ष्म ध्यान के अन्तर्गत ही आएंगे। नाद ध्यान को स्पष्ट करते हुए यारी साहब ने लिखा है।

नाद वरन जो लावे ध्यान। सो जोगी जुग-जुग परमान।।[3]

इसी प्रकार शून्य ध्यान की ओर संकेत करते हुए यारी साहब ने लिखा है ।

दृष्टि सम करि सुन्न सोवो, आपा मेटि उड़ाव ।[4]

इसी शून्य ध्यान को संतों ने निर्गुण ध्यान भी कहा है, यारी साहब ने लिखा है कि शून्य में ध्यान करने से ही निर्गुण के दर्शन हो सकते हैं -

सुन्न तें नित तारी लावों, सूझि है निर्गुन।।[5]

अपने गुरू यारी साहब की भाँति बुल्ला साहब ने भी ज्योतिर्ध्यान का उल्लेख किया है -

झिलमिल झिलमिल त्रिकुटी ध्यान।[6]

गुलाल साहब ने शून्य ध्यान की ओर संकेत किया है -

सुरति सो निरति मिलि ध्यान अजपा जपै, ज्ञान का घोड़ा लै सुन्न धावै ।।[7]

बावरी पंथ के संतों में समाधि के रहस्यात्मक वर्णन पर्याप्त मात्रा में मिलते हैं । संत बुल्ला साहब ने समाधि के सन्दर्भ में लिखा है --

ममता मान जान तन बारो। ब्रह्म विस्नु समाधी धारा ।।[8]

संत गुलाल साहब ने भी समाधि की ओर संकेत किया है-

सहज समाधि हृदय महँलावहु, ज्ञान ध्यान सुचि दृढ़ करना ।।[9]

संतों ने एक प्रकार की और समाधि का वर्णन किया है। उसको उन्होंने सहज समाधि का नाम दिया है । इसका सम्बन्ध उनकी सहज-योग साधना से है। उनकी चर्चा 'सहजयोग' प्रसंग में किया जायेगा। समाधि के रहस्यपूर्ण एवं भावमय वर्णन करते हुए भीखा साहब ने लिखा है

नैन सेज निज पिय पौढ़ाई, सो सुख मौजे दिलहि जनाई ।
बोलता ब्रह्म आत्मा एकै, भाव मिलन को सकै दुराई ।
अगम अगोचर अबर अकथ, प्रभु, ता से कहौ कौन मुँह लाई।।[10]

बावरी पंथ के संतों का रूझान अष्टदल कँवल की साधना की ओर था । यारी साहब ने लिखा है

-- अष्टदल के कमल भीतर, बोलता इक सुआ।।[11]

इसी प्रकार से बुल्ला साहब ने भी अष्टकंवल दल का उल्लेख किया है[12]। अष्टदल कमल की व्याख्या गुलाल साहब ने भी किया है।[13]किस कमल की कहां स्थिति है, इस सम्बन्ध में बावरी पंथी संतों ने संकेत दिया है। भीखा साहब का मत है कि सतवें सहस्रार चक्र के बाद आठवां सुरति कमल है, जो अष्टदल वाला है, वहां पहुँचने पर ज्योति स्वरूप ब्रह्म का दर्शन होता है।[14] जगजीवन साहब का मत है कि अष्ट कमलदल के भीतर परमतत्व निवास करते है।[15] पलटू साहब ने लिखा है।

1. यारी साहब की रत्नावली, पृष्ठ 2
2. भंवर गुफा ब्रह्माण्ड मेखला, जोग जुगति बनि आई।
   बांबी उलटि सर्प को खाई, ससि में मीन नहाई। वही, पृष्ठ 4
3. वही, पृष्ठ 9
4. वही, पृष्ठ 4
5. यारी साहब की रत्नावली, पृष्ठ 6
6. बुल्ला साहब का शब्दसार, पृष्ठ 30
7. गुलाल साहब की वानी, पृष्ठ 79
8. बुल्ला साहब का शब्दसार, पृष्ठ 18
9. गुलाल साहब की वानी, पृष्ठ 8
10. संत भीखा की मर्मभेदी पुकार, पृष्ठ 66
11. यारी साहब की रत्नावली, पृष्ठ 6
12. निरखि त्रिवेनी छोडि दे तनुंवा।अष्ट कंवलदल उलटि फुलनुवां।-बुल्ला साहब का शब्दसार, पृष्ठ 11
13. अष्ट कमल पर फूलिब हो, दसो दिस उगे भान।।
    गगन मण्डल गुन गाईब हो, निझर झरे असमान।।- गुलाल साहब की वानी, पृष्ठ 20
14. आंठवें अष्ट कमलदल फूला, जोति रूप देखि जियरा भूला।-संत भीखा की मर्मभेदी पुकार, पृष्ठ 156
15. अष्ट कमलदल भीतर राजा, पांच तत्त को राव।।, जगजीवन साहब की वानी, भाग 1, पृष्ठ 47

रामानन्द की योग-प्रभावित हिन्दी रचना 'रामरक्षा' है।[1] इसमें पांच मुद्राओं का उल्लेख किया गया है, वे इस प्रकार हैं:—

१. चाचरी ३. खेचरी
२. भूचरी ४. अगोचरी
५. उन्मुनी[2]

तुलसी साहब ने योग वर्णन के अन्तर्गत जिन पंच मुद्राओं का उल्लेख किया है, वे इस प्रकार हैं:—

(क) न्यारा न्यारा नाम बताऊं। पाँचो मुद्रा पुनि दरसाऊं॥
खेचरि भूचरि चाचरि सोई। और अगोचर उनमुनि होई॥
उनमुनि बसै अकाश के माहां। जोगी बास करै तेहि ठाहीं॥[3]

(ख) चाचरि भूचरि अगोचर, खेचरि खेह लगाई।
उनमुनि उभै अकास के ठाई, प्रान विधी बतलाई॥

(ग) स्वांसा साधि गगन मन धावा। उनमुनि साधि कै गगन लगावा॥
चाचरि भूचरि अगोचरि जानी। खेचरि मिलि यों पांच बखानी॥[5]

उपर्युक्त उद्धरणों से संत तुलसी ने पंच मुद्राओं के निम्नलिखित नाम बताये हैं:—

१. चाचरी ३. खेचरी
२. भूचरी ४. अगोचरी
५. उन्मनी

१—रामानन्द की हिन्दी रचनायें पृ० ५।

२—चाचरी, भूचरी, अगोचरी, खेचरी,
उन्मुनी पांच मुद्रा साधते सिद्ध राजा॥
—रामानन्द की हिन्दी रचनायें, पृ० ५।

३—घटरामायण, द्वितीय भाग, पृ० १३७।

४—वही, वही, पृ० ७।

५—वही, वही, पृ० ४३।

(१) मंत्रयोग:—'योग बीज' में वर्णित मंत्र योग की चर्चा हम इस प्रसंग के प्रारम्भ में कर चुके है। उसमें प्रतिपादित किया गया है कि प्राणवायु हकार से बाहर जाता है एवं सकार से भीतर प्रवेश करता है। हंस रूपी इस अजपा गायत्री मंत्र का सब जीव सर्वदा जप करते हैं। गुरु वाक्य जान लेने से सुषुम्ना मार्ग में यही मंत्र उल्टी दिशा में उच्चरित हो सोऽहं हो जाता है।[1] इस प्रकार योगी 'वह' (स:) के साथ 'मैं' (अहम्) का अभेद अनुभव करने लगता है। यही मंत्र योग है। तुलसी साहब ने मंत्रयोग का वर्णन इस शास्त्रीय पद्धति पर नहीं किया है किन्तु 'योगबीज' में प्रतिपादित मंत्रयोग के तत्वों का उन्होंने स्पष्ट उल्लेख किया है:—

> वंकनाल पल पल नल खोली, गति अजपा नहिं बोली हो।
> ओहंग तत सोहंग मत जानी, पवन शब्द संध आनी हो।।[2]

यहाँ ओहंग (हंस मंत्र) का सोहंग (सो हं) में उच्चरित होना मंत्रयोग की अवस्था का ही सूचक है। इस प्रसंग के अतिरिक्त मंत्रयोग सम्बन्धी अन्य कोई उल्लेख संत तुलसी के काव्य में उपलब्ध नहीं है।

(२) लययोग:—'गोरक्षनाथ' ने 'अमरौघप्रबोध' में चित्त के सतत लय को लययोग कहा है।[3] 'योगबीज' में भी चित्त के विलय को लययोग का लक्षण माना गया है।[4] इसी ग्रन्थ में यह कहा गया है कि चित्त लय के समय पवन ब्रह्मरन्ध्र में स्थिर हो जाता है और योगी को आत्मानन्द परम पद प्राप्त होता है।[5] 'हठयोग प्रदीपिका' में चित के लय की विधि का वर्णन करते हुए कहा गया है कि चित की प्रवृत्ति के दो कारण हैं, एक वासना या मन और दूसरा पवन। वासना (मन) और पवन में से एक के नष्ट होने पर दोनों नष्ट

१—योग बीज, श्लोक १४६।१४७।

२—घटरामायण, प्रथम भाग, पृ० ३१।

३—अमरौघप्रबोध, श्लोक, ४।

४—योग बीज, श्लोक, १५०।

५—योग बीज, श्लोक १५१।

हो जाते हैं ।[1] जिसमें मन का लय होता है, वहीं पवन का लय होता है। और जहाँ पवन का लय होता है वहीं मन का लय होता है ।[2] अतएव सुषुम्ना नाड़ी के भेदन को भली भाँति जानकर और प्राण या पवन को उसमें गत करके ब्रह्मरन्ध्र में निरुद्ध करे ।[3] पवन का ब्रह्मरन्ध्र में निरोध ही लय है तथा इस प्रकार पवन के लय के साथ मन का लय भी हो जाता है ।[4] तुलसी साहब ने लययोग के निम्नलिखित वर्णन में उपर्युक्त योग शास्त्र में वर्णित लययोग की सब मुख्य विशेषताओं का उल्लेख किया है:—

गगन वृच्छ के बीच में पंछी पवन चुगाय।
पंछी पवन चुगाय जाय सोइ भेद लखावै ।
वंकनाल के पार पवन के भवन समावै ।
इंगल पिंगल बिच राह करै जोगी सोई जानै ।
तत अकाश के बीच मूल मन से पहिचानै ।
मन सूरत और पवन को तुलसी दीन लखाय ।
गगन वृच्छ के बीच में पंछी पवन चुगाय ।[5]

अर्थात् गगन रूपी वृक्ष के मध्य (ब्रह्मरन्ध्र) में पवनरूपी प्राणवायुमन रूपी पक्षी को चुगा रही है । इड़ा एवं पिंगला नाड़ियों की मध्यवर्ती सुषुम्ना नाड़ी

१—हेतुद्वयं तु चित्तस्य वासना च समीरणः ।
तयोर्विनष्ट एकस्मिंस्तौ द्वावपि विनश्यतः ॥
—हठयोगप्रदीपिका, ४।२२ ।

२—मनो यत्र विलीयते पवनस्तत्र लीयते ॥
पवनो लीयते यत्र मनस्तत्रविलीयते ॥
—हठयोगप्रदीपिका, ४।२३ ।

३—ज्ञात्वा सुषुम्नासद्भेदं कृत्वा वायुं च मध्यगम् ॥
स्थित्वा सदैव सुसंस्थाने ब्रह्मरंध्रे निरोधयेत् ॥
—हठयोगप्रदीपिका, ४।१६ ।

४—हठयोग प्रदीपिका, ४।१६ की टीका ।

—शब्दावली, प्रथम भाग, पृ० ३८ ।

नाथों की वाणी में सुरति का अत्यधिक महत्व है। प्रायः सुरति को स्मृति से व्युत्पन्न माना जाता है। किंतु नाथवाणी में 'सुरति' शब्द 'श्रुति' और स्मृति दोनों से व्युत्पन्न प्रतीत होता है। जहाँ 'सुरति' का अर्थ श्रुति है, वहाँ उस स्थूल वेद का तिरस्कार है जिसका कानों से श्रवण किया जाता है। सूक्ष्मतः उसका अर्थ केवल प्रातिभज्ञानमात्र होता है। परमतत्व केवल अनुभवगम्य है। 'स्मृति' से उत्पन्न सुरति में स्पष्टतः स्मरण का अर्थ है। बिना व्युत्पत्ति का विचार किये ही सरलतापूर्वक 'सघन रति या प्रवृत्ति' का अर्थ लिया जा सकता है। बताया गया है कि सुरति के उन्मुख रहने से ही तुरीयावस्था की उपलब्धि होती है। गोरक्षमच्छिन्द्रबोध में 'सुरति-निरति' को ही साधनात्मक जीवन का सब कुछ कहा गया है। उसी सुरति में जीवन की सारी जागतिक क्रियाओं—बैठना, चलना, बोलना, मिलना को निविष्ट कर देने

[१] गोरखबानी, पृ० १२९-१३१, ५५, पृ० १५०।

का उपदेश दिया गया है।[१] सुरति और निरति के अर्थ में विवाद है। डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने बाहरी प्रवृत्ति की निवृत्ति को 'निरति' तथा अंतर्मुखी वृत्ति को 'सुरति' कहा है। निरति वस्तुतः अभावात्मक है तथा सुरति भावात्मक। आचार्य क्षितिमोहन सेन के प्रमाण पर उन्होंने बतलाया है कि सुरति का अर्थ प्रेम है तथा निरति का अर्थ है वैराग्य। 'जब बाह्यमुखी वृत्ति अन्तर्मुखी वृत्ति में लीन होती है तो जीव और ब्रह्म के अभेद की प्रतीति होती है।' किंतु डा० बड़थ्वाल को ये दोनों अर्थ स्वीकार नहीं हैं। उन्होंने सुरति को तीन शब्दों का परिवर्तित रूप माना है—स्मृति, सुरत (रति क्रीड़ा), सु-रति। उन्होंने बताया है कि संतों ने इन शब्दों का प्रयोग स्मृति के अर्थ में किया है। 'स्मरण अगम से आती सृजन की धारा को—जहाँ तक व्यक्ति का संबंध है—उलटे अगम में पलटना है।' 'वहाँ की सुरति उसे अंतर्मुख बनाती है।' 'इस स्मरण की चरम सीमा अजपाजाप है जिसमें साधक का एक क्षण भी परमात्मा के प्रेम के बिना नहीं बीतता। उसका सारा अस्तित्व परमात्मा की स्मृति से पूर्ण सुरतिमय हो जाता है। जिह्वा से रामनाम कहने से लेकर, अजपाजाप तक सब स्मरण ही है और सुरति की उल्टी धार है।' निरति को उन्होंने 'निरतिशय रति' कहा है। इसमें जीवात्मा का परमात्मा से संबंध स्मृतिरूप से नहीं तदात्म रूप से हो जाता है। इसी अवस्था को निरति कहते हैं। इस अवस्था में जीव काल से छूट कर स्वयम् परमात्मा हो जाता है तथा आध्यात्मिक आनंद में निमग्न होकर नाचने लगता है। यह सुरति की निरति दशा है। यहाँ 'निरति' शब्द 'नृत्य' का परिवर्तित रूप है और ब्रह्मानन्द का द्योतक है।[२] स्पष्ट ही इन दोनों मतों में अंतर है। प्रथम मत यह मानता है कि निरति वैराग्य है जबकि दूसरा मत इसे सुरति की पूर्ण विकसित ब्रह्मानन्द की द्योतक अवस्था मानता है तथा नृत्य शब्द का परिवर्तित रूप मानता है। प्रथम के अनुसार निरति से सुरति की उत्पत्ति तथा विकास में सहायता मिलती है। दूसरे के अनुसार निरति सुरति की पूर्ण परिपक्वावस्था है। डा० बड़थ्वाल ने कबीर का उदाहरण देकर निरति को 'निरधार' कहा है। गोरख के नाम से प्रसिद्ध रचनाओं में 'निरति' को 'निरालंब' कहा गया है।[३] यहाँ डा० बड़थ्वाल का अर्थ अधिक उचित प्रतीत होता है।

[१] वही, पृ० १९४, १९६।
[२] कबीर, ह० प्र० द्विवेदी, पृ० २४३, २४४; योगप्रवाह, बड़थ्वाल, पृ० २४, २९, ३१-३३।
[३] वही, पृ० ३२। गो० बा०, पृ० १९६। क० ग्रं०, परचा कौ अंग, पृ० १४।

गोरखबानी में शब्द गुरु को तथा सुरति चेला को बताया गया है। अर्थात् गुरु का मुख्य तत्व शब्द है तथा शिष्य या साधक का मुख्य तत्व सुरति या स्मृति। सुरति के आश्रयण से साधकत्व तथा शब्द के आश्रयण से सिद्धि की प्राप्ति होती है। सुरति तथा सिद्धि, माया और ऋद्धि इन दोनों का अस्तित्व निरति में नहीं रहता।[१] इस प्रकार 'सुरतिसाधन' नाथपंथियों को मान्य है। भक्ति के एक प्रकार के रूप में स्मरण की महत्ता है। वैष्णवमताब्जभास्कर, नारद भक्तिसूत्र, भक्तमाल, सुंदरदास, निरंजनी संत—सबमें यह 'सुरति साधन' प्रकृष्ट रूप में मिलता है। यह सुरति गोरखबानी में समाधि का सहायक है। कबीर में सुरति ढीकुली है, लौ रस्सी है तथा नित्य ही डोलने वाला मन कमलकूप के प्रेमरस का पान करता है। यह सुरति भी दो प्रकार की है। सांसारिक स्मृतियाँ जलरूप हैं। इनका निवारण करना चाहिए। दूसरी स्मृति प्रेम की सहायिका है। इसी स्मृति में मन लीन हो जाता है। आनन्द पद काल से मुक्त होता है। सुरति उसी सुखमयी अवस्था में लीन हो जाती है।[२] सुरति का एक प्रयोग कबीर में ऐसा है जिससे स्मृति से उसकी भिन्नता प्रकट होती है। वहाँ सुष्ठु प्रवृत्ति का अर्थ उचित प्रतीत होता है। सुरति और स्मृति दोनों ही साधन में सहायक हैं।[३] अतः सुमिरण और सुरति में भिन्नता है। हरिनामस्मरण जप है। किन्तु सुरति ईश्वर के प्रति सुष्ठु प्रवृत्ति है। जप किसी नाम का सुरति के साथ बार-बार उच्चारण है। किन्तु संतों को केवल मुख से उच्चारण का जप प्रिय नहीं है और न उसका बाह्य प्रदर्शन ही प्रिय है। किसी विशेष नाम में भक्त की सुरति से गुण, क्रिया, रूप आदि का आरोप हो जाता है। इस प्रकार जप, स्मरण का माध्यम है, यद्यपि वह भी सूक्ष्म है, मानसिक है। बाह्य जप में सारा जग बौराया हुआ है। इस प्रकार का किया हुआ जप माया है। अजपाजाप ही उत्तम है। यह जप तो साधन है। साध्य की निर्गुण स्थिति में जप, तप कुछ भी नहीं रहते। यह जप भी उसी में लीन हो जाता है।[४] जपमाला आदि तो बाह्याडंबर हैं। उनके धारण से कुछ भी नहीं होता। उनके धारण से गोपाल का मर्म नहीं जाना जाता।[५]

---

[१] गो० बा०, पृ० १८७, २००।

[२] क० ग्रं०, पृ० १८, ३२, ५७, ९०।

[३] वही, पृ० १८६।

[४] वही, पृ० ९९, १२६, १६२, १९५।

[५] वही, पृ० १३१।

पहले देखा गया है कि सुरति के रूप में सुष्ठु प्रवृत्ति गोरखबानी में है। इसी प्रकार जप के संबंध में भी विचार मिलते हैं। संतों की तरह ही यहाँ भी अजपाजाप ही ग्राह्य है। ऐसे जपमाला का जप करना चाहिए जिससे जपने का फल मिल सके। यह जप अगम है। सभी संतों को जपमाला का प्रयोग प्रिय है। प्रत्येक साँस, पवन पुरुष में जपमाला का प्रयोग होना चाहिए। जप ऐसा होना चाहिए जिससे 'सोहं सोहं' का अजपा गान होने लगे। पशुवृत्ति के लोगों से यह जप संभव नहीं और न उन्हें उससे मुक्ति ही मिलती है। इस क्रिया में दृढ़ आसन से अहर्निश ब्रह्मज्ञान का स्मरण करना चाहिए। इसमें मनोयोग आवश्यक है।[1] इस प्रकार का अजपाजाप कबीर में भी मिलता है, जिसके विषय में पहले कहा जा चुका है। अभी तक जो कुछ कहा गया है, उससे स्पष्ट है कि मानसिक लगाव या प्रवृत्ति या सुष्ठु प्रवृत्ति दोनों को स्वीकार है। इस प्रवृत्ति की आवश्यकता सुमिरण में पड़ती है। गोरख में ब्रह्मज्ञान का स्मरण किया गया है जिसका वाचक शब्द 'सोहं' है। आगे योग के प्रसंग में इस 'सोहं' की विस्तार से व्याख्या की गई है। कबीर में यह प्रवृत्ति भगवान् के प्रति है, उनके ज्योतिरूप, अलौकिक गुण, क्रिया आदि के प्रति है। इन सबका समारोप उपास्य में ही, सघन प्रवृत्ति के कारण हो जाता है। अतः प्रत्येक साँस में नाम के जप के साथ रूप, गुण, क्रिया आदि का स्मरण होने लगता है। इस प्रकार सुरति, स्मरण, जप इन सबकी एक सूत्रबद्ध प्रक्रिया स्पष्ट हो जाती है। 'सोहं' का जप कबीर को भी मान्य है। वह भावात्मक अद्वैतानुभूति के रूप में है। अंतर यह है कि गोरख का सुमिरण, सुरति, जप योगपरक हैं तथा योगज समाधि के उपकारक हैं जबकि कबीर में ये सभी भक्ति के पोषक हैं। कबीर के अजपाजाप की प्रक्रिया के संबंध में आगे विचार किया गया है।

कबीर और गोरख दोनों ही 'परचा' को साधन के रूप में स्वीकार करते हैं। कबीर में 'परचा' साक्षात् की अवस्था है। इस अवस्था में अनन्त सूर्य-श्रेणियों का दिव्य दर्शन होता है। यह तेज शोभापूर्ण होता है। यह उदय या साक्षात्कार 'अंतरकँवल' में ही होता है। इसी अवस्था में हिम के जल में विलीन होने की तरह एकांत विलीनता का अनुभव होता है। यह नमक और जल की विलीनता है। इस परचा या साक्षात् की अवस्था में, जो विलीनता की अनुभूति की अवस्था है, वही उन्मनी की अवस्था है। यह मन की

[1] गो० बा०, पृ० ९५, १०१, १२४, १७७।

प्रणव को ही साध्य माना गया है। गोरख इस ओंकार या प्रणव को ही मूल मानते हैं (अर्थात् वायु-मंत्र-साधन का मूल ओंकार है)। इस ओंकार मूल मंत्र की धारा सकल संसार में व्याप्त है। वही विभिन्न महत्वपूर्ण (नाभि, हृदय आदि) चक्रों में (विभिन्न वर्णों के रूप में) स्थित है। बिना इसकी उपलब्धि के गोरख सिद्धि की उपलब्धि संभव नहीं मानते। उसे वे निराकार मानते हैं। कहते हैं कि यह न सूक्ष्म है न स्थूल। यह स्वयं ज्योतिस्वरूप है।[1] प्रणव, ओंकार, सूक्ष्मवेद या स्वसंवेद्य आदि शब्दों को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि गोरखवानी में प्रणवसाधन का कोई विस्तृत रूप विवेचित नहीं मिलता। केवल दो विचार मिलते हैं—(१) नाथ लोग केवल सूक्ष्मवेद प्रणव को स्वीकार करते हैं तथा (२) यह तत्व परमतत्व की भाँति संपूर्ण सृष्टि में व्याप्त है। इसके अतिरिक्त कोई स्पष्ट विस्तृत परिचय नाथपंथी रचनाओं में नहीं मिलता।

अजपाजाप का शास्त्रीय रूप पहले उपस्थित कर चुके हैं। अजपाजाप का श्वास-प्रश्वास ही आधार है। प्राणायाम प्राण का साधन है। हिन्दी रचनाओं के प्राणायाम के संबंध में हम प्राणायाम विवेचन के प्रारम्भ में ही कह चुके हैं। संस्कृत रचनाओं में नियम के अन्तर्गत ही 'जप' का विधान मिलता है। किंतु साधनक्रम में अजपाजाप का स्पष्टीकरण प्राणायाम के प्रसंग में ही संभव है। फिर भी नाथपंथियों को जप का कौन सा रूप ग्राह्य है, इसका परिचय देते हुए प्रणवसाधन और अजपाजप दोनों का ही विवेचन हिन्दी रचनाओं में उपलब्ध 'नियम के अन्तर्गत ही कर दिया गया है।

प्राणायाम के इस विस्तृत विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि नाथपंथी हिन्दी रचनाओं में संस्कृत रचनाओं की अपेक्षा प्राणायाम को अधिक महत्ता दी गई है। पूर्व वर्णित क्रम के अनुसार प्राणायाम के बाद क्रमशः प्रत्याहार, धारणा ध्यान और समाधि के साधनांग आते हैं।

१६—प्रत्याहार

कहा गया है कि षडंग योग का तृतीय अंग प्रत्याहार है जिसका प्रमुख लक्षण है—मानस का सभी विकारों से प्रत्याहरण। वस्तुतः प्रत्याहार शुद्ध रूप से मानस साधन है। पहले बताये हुए विभाजन के अनुसार प्रत्याहार मानस साधन होने के कारण आध्यात्मिक साधन है। आधिभौतिक (प्राण) और

---

[1] गो० बा०, पृ० ९८ छं० १७; १२९.१; १९८.९१।

२०—प्राणायाम, प्रणवसाधन, अजपाजाप, नादानुसंधान और सुरति-शब्द-योग

प्राणायाम का प्रणवसाधन, नादानुसंधान आदि से भी संबंध है। संतों के इस प्रकार के साधन का विचार करते हुए डा० बड़थ्वाल ने जप, अजपाजाप, और नादसाधन को सुमिरन का ही प्रकारभेद माना है। उनके अनुसार सुमिरन तीन प्रकार का होता है—'जाप' (बाह्य क्रिया), 'अजपाजाप' (बाहरी जीवन का परित्याग तथा आभ्यंतरिक जीवन में प्रवेश), अनाहत (आत्मा के गूढ़तम अंश में प्रवेश)। सुमिरन एक प्रकार की प्रेमसाधना है, इस संबंध में हम भक्ति के प्रसंग में भी लिख चुके हैं। उन्होंने बतलाया है कि 'नाद-सुमिरन' जिसे हम 'मन्त्रयोग' भी कह सकते हैं, 'सुरति-शब्द-योग' का ही एक दूसरा रूप है। इस प्रकार वह सारे योगों का भी योग है। भक्तियोग, राजयोग, मंत्रयोग कर्मयोग, लययोग, हठयोग, एवं ज्ञानयोग भी उसी के विविध रूपान्तर कहे जा सकते हैं। अपनी प्रारम्भिक दशा में यह मन्त्रयोग है, जो राजयोग द्वारा

---

[१] क० ग्रं०, पृ० १०९ पद ६९, पृ० १५८ पद २०६, पृ० १६२ पद २१७।

[२] सुन्दरसार, पृ० २८–२९, छं० ६४ तथा टिप्पणियाँ।

[3] क० ग्रं०, पृ० ९८ पद ३१।

अनुप्राणित रहा करता है और अपनी अंतिम दशा में यही ज्ञानयोग है जिसमें उस निर्विकार के वास्तविक स्वरूप की अनुभूति प्राप्त होती है।···इन सबकी सिद्धि एक प्रकार की प्रेमसाधना द्वारा होती है।[१] हम पहले सुन्दरदास के अनुसार बतला चुके हैं कि संतों के अनुसार भी प्राणायाम सबीज और समन्त्र होना चाहिए। तांत्रिक योग के प्रकरण में हम इसका सविस्तर वर्णन कर चुके हैं। नाथपंथियों ने तथा अन्य संप्रदायों ने भी ओंकार, प्रणव को इस दृष्टि से अत्यधिक महत्ता दी है। ओंकारसाधन भी एक प्रकार से अद्वैत साधन है। अ—उ—म का विवेचन करते समय हम इसे स्पष्ट कर चुके हैं। जैसा हम कह चुके हैं कबीर ने परमतत्व के अनेक नामों का प्रयोग करते हुए भी 'राम' नाम को विशेष महत्व दिया है तथा उसके प्रति विशेष अनुराग सूचित किया है। 'ररां' और ममां' का भी हम विवेचन कर चुके हैं। सुमिरन के लिये वे बार-बार इसी नाम का उपदेश देते हैं। जैसे यही उनका मन्त्र है। कबीरदास ने सुमिरन के उपर्युक्त तीन प्रकारों की ओर संकेत कर बताया है—'जाप मर जाता है, अजपा जाप भी नष्ट हो जाता है और अनाहत भी नहीं रह जाता, जब सुरति शब्द से लीन हो जाती है, तब उसका जन्म व मरण के चक्कर का भय छूट जाता है।[२] इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि वस्तुतः एक मूल नाद अथवा शब्द ही साधन की विभिन्न अवस्थाओं में विभिन्न रूपों में साक्षात्कृत होता है। नाथों के योग के विवेचन में इसी तथ्य की ओर संकेत किया गया है। इस प्रकार नामस्मरण, अजपाजाप, नादानुसंधान और प्रणवसाधन अथवा ओंकारसाधन, सभी मंत्रयोग के अन्तर्गत गृहीत हैं और एक ही साधन की विभिन्न अवस्थाएँ हैं। संतों के सुरति-शब्द-योग का परिचय देते हुए डा० बड़थ्वाल ने बताया है कि वह योग जिसके द्वारा सुरति एवं शब्द का संयोग सिद्ध होता है और उक्त सीमाएँ शब्द में फिर लीन हो जाती हैं, शब्दयोग अथवा सुरति-शब्द-योग कहलाता है और वह शब्द सर्वप्रथम भगवन्नाम के रूप में मुँह से निकलता है और अन्त में स्वयं शब्द रूप ब्रह्म हो जाता है।[3] इन सभी साधनाओं का प्राणायाम से संबंध है। प्राणायाम के विषय में हम पहले ही कह चुके हैं कि यह व्यष्टिप्राण और समष्टिप्राण का संयोगसाधन है। पिण्डब्रह्माण्डवाद इसका भी मूलाधार है। संतों की साधना में गृहीत शब्द-

---

[१] हिं० का० नि० सं०, पृ० २२५-२२६, २२८।

[२] वही, पृ० २१७, २१८, २२०, २२५।

[3] वही, पृ० २२९।

योग में भी इसी प्रक्रिया एवं सिद्धान्त को ग्रहण किया है। अतः इसमें भी षट्चक्र आदि की पूरी साधना गृहीत है।[१] इस विवेचन से स्पष्ट है कि 'निर्गुणियों के लिये प्राणायाम एक सहायक साधन है, जो नामस्मरण के पूरक के रूप में किया जाता है और उन्हें प्रत्येक निश्वास व प्रश्वास के साथ इसे करते समय, ईश्वर का नामस्मरण करना पड़ता है।[२] पं० परशुराम चतुर्वेदी के अनुसार संतों ने इस साधन का उपयोग मानसनियमन के लिये किया है। उनके अनुसार भी 'इस योग की साधना में अपनी 'सुरति' को अपने भीतर निरन्तर उठते रहनेवाले 'अनाहत नाद' के साथ सद्गुरु की बतलायी युक्ति द्वारा जोड़ना पड़ता है। वह अनाहत नाद ही वस्तुतः भगवन्नाम है और अपन का ही एक सूक्ष्म रूप वह सुरति भी है जिसे उसके साथ जोड़ना आवश्यक होता है।'[३] इस प्रकार के विवेचन से नाथों के उपर्युक्त साधनों से संतों के इस साधन का वैलक्षण्य भी स्पष्ट हो जाता है। संतों ने सुमिरन, प्रेम, भक्ति के लिये प्राणायाम तथा तत्संबंधी अन्य साधनों का विलक्षण समन्वय किया था।

बतलाया गया है कि अष्टकुंभक का साधन हो जाने पर और मुद्राओं का भी अभ्यास हो जाने पर दस प्रकार के नाद क्रमशः सुनाई देते हैं। इसी को अनाहत नाद कहते हैं, जो बिना कारण, प्रमाण वा उद्योग के स्वयम् भासता है। सुंदरदास ने ये दस प्रकार के नाद बताये हैं—भ्रमरगुंजार, शंखध्वनि, मृदंगवाद्य, ताल शब्द, घंटानाद, वीणाध्वनि, भेरिनाद, दुंदुभिनाद, समुद्र-गर्जना, मेघघोष।[४] नाथों ने भी मृदंग, घड़ी, भ्रमर, मर्द्दल, शंख आदि के विभिन्न नादों अथवा शब्दों का वर्णन किया है। कबीरदास ने इन विभिन्न शब्दों को सुना है। शून्यमंडल में मर्द्दल के वादन को सुनकर उनका मन नाच उठता है। वे कमल के प्रकाशित होने पर, निर्मल सूर्य के उदित होने पर अज्ञान-निशान्धकार के मिट जाने पर अनाहद तूर्य का वादन सुनते हैं। इसी प्रकार उन्होंने गगन में 'दमांमा' (नगाड़ा), घंटा आदि के शब्दों का भी वर्णन किया है।[५] कबीर ने इन नादों में अनवरत रूप से मन को लगाये रखने के लिये

---

[१] वही, पृ० २२९-२३०।
[२] वही, पृ० २४३।
[३] कबीर साहित्य की परख, पृ० १०३।
[४] सुंदरसार, पृ० २८-२९।
[५] क० ग्रं०, १६.४७, ६८.६, ९०.६, १६.४३, ११०.७२।

उत्पत्ति मानते हैं। वही आदि है, मूल है।[१] कबीर के ओंकार सम्बन्धी विचारों पर नाथों से तुलना करते हुए डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने कहा है कि 'स्थूल वेद यज्ञ-याग का विधान करते हैं, योगियों को इससे कोई वास्ता नहीं। उनका मतलब समस्त वेदों के मूलभूत ओंकार मात्र से है। क्योंकि ओंकार ही वेद का सार है। कबीरपंथ में भी स्थूल वेद और सूक्ष्म वेद की कल्पना की गई है।......'ज्ञानचौंतीसा' के आदि में कबीरदास ने मानों इसी मत का समर्थन करते हुए कहा है कि जो ओंकार या प्रणव को जानता है, वह उस परा-शक्ति को जानता है जो लिखकर मिटा सकती है अर्थात् जो सब कुछ करने में समर्थ है। और इसके बाद ही शायद ओंकार पर बहुत अधिक जोर देनेवाले इन योगियों को लक्ष्य करके कहा है कि ओंकार की बात तो सभी किया करते हैं, पर इसे समझ सकनेवाले बिरले ही हैं।[२] संतों के साहित्य में, विशेषकर कबीर के साहित्य में प्रणवसाधन का विस्तृत निरूपण उपलब्ध नहीं। अजपा-जाप का वर्णन पहले ही हो चुका है। 'सोऽहं' वस्तुतः हंसपवन का ही सिद्ध रूप है। 'हंस' का 'सोऽहं' में परिवर्तन अथवा विपरीतकरण भी साधन है और इसके साथ भी साधक की भावसाधना संबंधित है। अद्वैतानुभूति के लिये इसकी व्याख्या में कहा जाता है कि हं और स दो प्रकार के पवनों की ओर संकेत करते हैं। हंस पवन का 'लौ' में क्रीड़ा करना 'सोऽहं' में परिवर्तन है जिसमें प्रपंच, प्रसारित हाट का संहार होता है, मेल होता है।[३] श्वास की दोनों क्रियाओं में 'हं-स' की ध्वनि होती है किन्तु साधन करने पर इसी ध्वनि का परिवर्तन अथवा दिव्यान्तर होता है। 'हंस' सांसारिक प्रक्रिया की ओर संकेत करता है और 'सोऽहं' पारमार्थिक प्रक्रिया की ओर। पलटू ने 'सोहंगम' शब्द की ध्वनि का उदय आठवें महल में माना है। यह आठवाँ महल सात चक्रों से भी ऊपर परमपद का स्थान प्रतीत होता है। अन्यत्र उन्होंनें 'सोऽहं' वाणी का उदय भँवर गुफा में माना है।[४] कबीर ने इसी 'सोऽहं' का जप करने के लिये कहा है। सुंदरदास (छोटे) ने प्राणायाम के साथ 'सोऽहं'साधना का उल्लेख गोरख के मत के अनुसार किया है।[५]

---

[१] क० ग्रं०, पृ० १२६-१२७ पद १२१; पृ० २४४।

[२] कबीर, पृ० ३४; बीजक, पृ० २४६, टीका भी द्रष्टव्य।

[३] क० ग्रं०, पृ० १८८-१८९ पद २९६।

[४] संतकाव्य, पृ० ५२७,५२९।

[५] संत कबीर, पृ० २२६-२२७, पद १९ तथा उसकी टीका; सुंदर ग्रंथा-वली, भाग १, पृ० ४७-४८।

हठ प्रदीपिका में प्रयुक्त यही सहजानन्द कबीर साहब तथा अन्य सन्तों के यहाँ पहुँचते-पहुँचते ज्ञान के साथ भक्ति साधना से जुड़ गया है । सन्तों ने इसे विशेष रहनी भी कहा है ।

सुरति निरति -

वस्तुत: सन्तों के यहाँ सुरति शब्द चित्त प्रवाह के लिये प्रयुक्त हुआ है । कई जगह कबीर तथा अन्य सन्तों ने श्रुति और वेद के लिये भी इसका प्रयोग किया है । पर सामान्यतया चित्त की स्थिरता के लिये प्रयुक्त है । गोरख नाथ ने इसे सोचित अथवा सूचित रूप में भी व्यवहृत किया है । अत. चित्त प्रवाह को सुचित कर देना ही सुरति हुआ । कबीर साहब कहते हैं ---

सुरति समाँणी निरति मैं निरति रही निरधार ।
सुरति निरति पर चान्भया, तब खूले स्वँभू द्वार ।।[१]

और बुला साहब कहते हैं --

सुरति निरति ले जाइब हो, पाइब गुर रीति ।
बहुरि न यह जग आइब हो, गाइब निर्गुन गीत ।।[२]

और निरति शब्द का जहाँ तक प्रश्न है समाधि की, सहज समाधि की अथवा शून्यावस्था की द्योतक है । इसीलिये चित्त की दशा को समाधि की स्थिति में लगा देने को सुरति निरति के रूप में व्यक्त करने का सन्तों का अभ्यास है ।

१- कबीर ग्रन्थावली, पृष्ठ- १४ ।

२- बुला शब्द सार, पृष्ठ- २० ।

तत्व बिचारै मन को मारै घाइ चढ़ै सो अक्कर है ।
रसना बिना वेद धुनि लावै, सोइ लाल बुभक्कर है ।।
उलटि के आपा आप में देखै, काम तजे सो सक्कर है ।
लोक वेद की राह को छोड़े, जुदा चले से कक्कर है ।।[3]

१- डा० भगवती प्रसाद शुक्ल, बावरी पंथ के हिन्दी कवि, पृष्ठ-३४५ (परिशिष्ट से) ।

२- डा० भगवती प्रसाद शुक्ल, बावरी पंथ के हिन्दी कवि, पृष्ठ- ३४७ ।

३- वही, पृष्ठ- ३४६ ।

जिनके नहिं रूप न रेखा, उन्ह से प्रीति लगाया है ।
जन्म बिना जन्मी जेंह बापे, सोंइ शब्द सुनाया है ।।
गगन महल की खिरकी छोड़ा, दसयें द्वार खोलाया है ।
कहैं परसाद सुनो भाई पलटू, यह घर घाट लखाया है ।।[1]

उपर्युक्त पद को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि परसाद साहब पलटू साहब के आत्मीय मित्र की तरह थे । और जहाँ तक उनकी साहित्य साधना का प्रश्न है, वे पंथ के अन्य सन्तों के प्रतिपाद्य से भिन्न जाकर उनका अपना कोई अलग आधार नहीं है ।

१- डा० भगवती प्रसाद शुक्ल- बावरी पंथ के हिन्दी कवि, पृष्ठ- ३४८ ।

-0-0-0-0-0-
-0-0-0-0-
-0-0-0-
-0-0-
-0-

यारी साहेब की चौपाई

घट में पान अपान दुई भाई। अर्ध उर्ध आवैं अक जाई।।
लेके पान अपान मिलावै। वाही पवन गगन गरजावै।।
गरजै गगन औ दामिन दमकै। मुक्ताहल रिमझिम तहँ वर्षे।।
ता मुक्ता महँ सुरति पिरोवै। सुरति शब्द मिल मानिक होवै।।
मानिकजोति उहुत उँजियारा। कहै 'यारि' सोई सिरजन हारा।।
साहेब सिरजनहार गोसाई। जामे हम सोई हम माही।।
जैसे कुम्भ नीर बिच भरिया। बाहर भीतर खालिक दरिया।।
उठै तरंग तहँ मानिक मोती। कोटिन चन्द सूर कय जोती।।
एक कीर्ण कै सकल पसारा। अगम पुरुष सबई ते न्यारा।।
उलटि कीर्ण जब सूर समानी। तब आपन गति आपुहिं जानी।।
कहै यारि कोउ और न दूजा। आपुहिं ठाकुर आपुहिं पूजा।।
पूजा सत्य पुर्ष की कीजे। आपा मेटि चरम चित दीजे।।
उन मुनि रहनि सकल का त्यागी। नवधा प्रीति बिरह बैरागी।।
बिनु बैराग भेद नहिं पावै। केतो पढ़ि-पढ़ि रचि रचि गावै।।
जो गावै वाको अर्थ बिचारै। आपु तरै औरहुँ को तारै।।
तारनहार समर्थ है, और न दूजा कोय।
कहै 'यारी' सतुगुरु मिलै, अचल अमर तब होय।।930।।

चौपाई

सतुगुरु सत्य पुरुष है अकेला। पिण्ड ब्रह्माण्ड ते बाहर मेला।।
दूरि ते दूरि ऊँच ते ऊँचा। बाट न घाट गली नहिं कूचा।।

आदि अन्त मध्य नहि दूरा। अगम अपार अति गहिर गँभीरा।।
कच्छ दृष्ट तहँ ध्यान लगावै। पल में कीट भृंग ह्व जावै।।
जस चकोर चन्दन कै पासा। दीखै धरती बसै अकासा।।
कहै 'यारी' ऐसे मन लावै। तब चात्रिक स्वाती रस पावै।।
निर्मल सन्त कन्त हम पाया। कोटि सूर्य जेहि, निर्मल काया।।
प्रेम बिमल अमृत रस भरिया। अनभव चँवर रैन दिन ढरिया।।
आनन्द मंगल सोहं गावै। सुख सागर प्रभु कंठ लगावै।।
स्वेत पुरुष धनि अति उँजियारी। कोटि भानु शशि छबि पर वारी।।
तेज पुँज निरगुन उँजियारा। कहै 'केशव' सोई कन्त हमारा।।
है हम मैं हम हूँ ते न्यारा। हम बिनु हमरे सकल पसारा।।
हमहीं स्वर्ग नर्क कैलासा। हमहीं ठाकुर हमहीं दासा।।
हमहीं पंडित बेद पुराना। हमहीं काज़ी कुतुब को राना।।
हमहीं राम रहीम कहाई। गुप्त प्रगट है हमहीं आई।।
हमहीं ब्रह्म बिश्नु महेशा। हमहीं बलि बावन धरि भेषा।।

क़ाफ़ क़िनायत हृदयें मानहु। काम अरू क्रोध झूठ कै जानहु।।
गाफ़ गुरु का सिर पर हाथ। लाम लाज तुम छाड़हु साथ।।37।।

मीम सकून जक्त को तारै। नून नाम सब दुख निवारै।।
वाव वही भजु स्वाँसा जाई। हे हरिबंस राखु लव लाई।।38।।

लाम अलिफ़ लाम मन धरहू। हम जाना हनि सुमिरन करहू।
ये यारीं हरि हिय में राखहुं बड़ी पाप सो सत्यै भारवहु।।39।।

रमैनी

घट में पान अपानहु भाई। अर्ध उर्ध आवै अरु जाई।
लेकै पान अपान मेरावै। वाही पवन गगन गरजावै।।
गरजै गगन ओ दामिन दमकै। औ मुक्ता हल रिम झिम वर्षै।।
वा मुक्ता मँह सुरति पिरोवै। सुरति शब्द मिलि मानिक होवै।।
मानिक जोति बहुत उँजियारा। कहैं यारि सोइ सिर्जनहारा।।
साहेब सिर्जनहार गोसाई। जामें हम सोई हम माहीं।।
जैसे कुआँ नीर खिचै भरिया। बाहर भीतर ख़ालिक़ दरिया।।

उठत तरंग तहँ मानिक मोती। कोटिन सूर्य चन्द की जोती।।
एक कृष्ण का सकल पसारा। अगम पुरुष सबहिन सों न्यारा।।
उलटि कृष्ण जब सूर समानी। तब आपनि गति आपहि जानी।।
कह 'यारी' कोई न दूजा। आपुहिं ठाकुर आपुहिं पूजा।।
पूजा सत्य पुरुष का कीजै। आपा मेटि चरन चित दीजै।।
उन मुनि रहनि सकल को त्यागी। नवधा प्रीति बिरह बैरागी।।
बिनु बैराग भेद नहिं पावै। वो तो पाढ़े पढ़ि रचि-रचि ध्यावै।।
जो गावै ताको अर्थ विचारै। आपु तरै औरन को तारै।।

साखी

तारनिहार समर्थ हैं, और न दूजा कोय।
कहैं 'यारि' सत्गुरु मिलैं, अचल अमर तब होय।।

चौपाई

सत्गुर सत्य पुरुष हैं अकेला। पिण्ड ब्रह्मांड के बाहर मेला।।
दूरि ते दूरि ऊँच ते ऊँचा। बाट न घाट लगी नहि कूँचा।।
आदि न अन्त मध्य नहिं तीरा। अगम अपार अतिगहिर गँभीरा।।
कच्छु दृष्टि तहँ ध्यान लगावै। पल महँ भृंग कीट होय जावै।।

सीन सुषमना नौबति बाजै। अनहद घोर गगन मर्मे गाजै।।
धर बर सावै अम्बर भरै। ताकी सेवा गोरख करै।।12।।

शीन शोर का नाहिन काम। इँगला पिंगला बोलहिं राम।।
तारी लागी दसयें द्वार। तत्त्व निरंजन ओ ॐकार।।13।।

साद सब्र सिदूक़ जौ होई। अजरा जैर सो अमरा होई।।
नौ नाड़ी का जानै भेव। तौ ताको बन्दै सुकदेव।।14।।

ज़ाद ज़रूरत सुषमन जोई। चाँद सूर्य बिच भाठी होई।।
पीवै अमृत मन परचंड। खेलै एक एक ब्रह्माण्ड।।15।।

तो तौं औरै खेलै ख़्याल। नाथै नाग पइठ पाताल।।
बामी उलटि सर्प को खाय। मंत्री दीसैं सहज समाय।।16।।

जो जालिम कछु पूछै गम। बंक नाल को राखै सम ।।
फूटैं चक्र मिटै सब छूत। चौमुख दीसै जगमग जोत।।17।।

ऐन एनायत हरि की बढ़ै। चन्दा उतरे सूरज चढ़ै।।
बिकसै कमल भँवर मँह आई। मँहकै बास गगन को जाई।।18।।

ग़ैन गुसा तजिधारै ध्यान। पश्चिम दिशा उगावै भान।।
भँवर गुफा मँह रहै समाई। होइ अमर फिर काल न खाई।।19।।

फ़े फ़र्मान कुमति को पेलु। आपा मेटि अलख होई खेलु।।
दुर्मति मरन एक करि जान। सतुगुर बोलहि पद निर्बान।।20।।

काफ करार सही है मेरा। सतुगुर साहेब बन्दा तेरा।।
दे उपदेश मिलावहिं पाम। हौं बलिहार गुरु के नाम।।21।।

ते तत्त्व सोधि कै लीजै। मथन करत सोच नहिं कीजैं।।
सुरति निरति जौं राखै कोई। तौ लव लगे परांगति होई।।3।।

से साबित दिल खोजे देह। बोलनि हार जक्ति गुरु येह।।
घट-घट बोलैं रमिता राम। नाद बरन नारायण नाम।।4।।

जीम युक्ति बिनु योग न होई। वा तन प्रेम न उपजे कोई।।
नाद बरन जो लाव ध्यान। सो योगी युग-युग परमान।।5।।

हे हद में हद क्यों करि रेलु। बेहद में मुक्ता होय खेलु।।
सुन्य सहज में रहै समाय। ताको आवा गवन नसाय।।6।।

ख़े ख़ाविन्द को जो कोई ध्याव। अर्ध उर्ध बिच ताड़ी लाव।।
साँस उसाँसे सुमिरन मंडै। कर्म कटे चौरासी खंडै।।7।।

दाल दसो दिश खोजे ताही। मूल द्वार बाधैं चित जाही।।
ब्रह्म अग्नि तब ही उपजाई। तीन लोक सुमिरो रे भाई।।8।।

जाल जौक पाँचों का भानु। बाहर जाति भीतर आनु।।
मेलि दसो दिश यक मन करैं। सो साधू कहु कैसे मरै।।9।।

रे राउत होय पूरे आसन। बैठे प्रेम तत्त्व सिंगासन।।
त्रिकुटी लोक मेलि कर जोरै। सहजहिं में लंका गढ़ तोरै।।10।।

जे जारै सो सिद्ध चलावै। गंग यमुन सरोसती मिलावै।।
त्रिवेनी मन में स्नान। हरि जल भीजहिं सन्त सुजान।।11।।

यारी साहेब

योगी योग युक्ति कमाव।
सुषमना पर बैठि आसन सहज ध्यान लगाव।। टेक
दृष्ट सम करि सुन्य सोधो आपा मेटि अड़ाव।
प्रगट जोति अकार अनुभव शब्द सोहं गाव।।4।।

छोड़ि मठ को चलहु योगी, बिना पर उड़ि जाव।
"यारी" कहैं यह मति बिहंगम, अगम चढ़ि फल खाव।।5।।

मन मेरा सदा खेलै नटबाज़ी , चरण कमल चित्त राजी।।टेक।।
बिनु करताल पखाउज बाजै, अगम पंथ चढ़ि गाजी।
रूप बिहून सोस बिनु गाव, बिनु चरनन गति साजी।।
वास सुमेरू सुरति कै डोरी, चित्त चेतन्य सँग चेला।
पाँच पचीस तमाशा देखहि, उलटि गगन चढ़ि खेला।।
"यारी" नट ऐसी विधि खेलै, अनहद ढोल बजावै।
अनत कला अवि गति अनमूरति, बात कथन विधि आवै।।6।।

इसका उत्तर देते हैं गुलाल साहब, कहते हैं ---

मीरा प्रेम नाम रस पागो, समझो मुक्ति परम सब त्यागो ।
पुरुष प्रमात्म आदि है सोई, दुविधा भाव अकारन कोई ।
इच्छा अविगति बोलत भयऊ, शब्द पवन ते बने दोण भयऊ ।
शब्द सो ब्रह्म पवन मन माया, तामें तिरगुन खेल बनाया ।
तिरगुन शब्द ब्रह्म अरु पवना, नाम अकार रचे पुर तौना ।
चित चैतन्य सकल घटमाहीं, ताको आदि अन्त कछु नाहीं ।
जब घट रचना सृष्टि बनाई, पान अपान तबै बिलगाई ।
जीव ब्रह्म बिच मर्म समाई, ताते जीवन अपान कहाई ।
कर्म भर्म के बस जिव परेऊ, माया मोह ग्रसित तन घरेऊ ।
पान सो आतम राम कहावै, जीवन अपान मन माया लावै ।
चेतन ब्रह्म आप सो पाना, जाको धरे योगेश्वर ध्याना ।
सोहं पान एक करि मानो, यामहं मति दूजो नहिं जानो ।
अपने कर्म बस जीव कहावे, माया बस परि भोग भोगावै ।
मुदा जबहिं सत्संगति करिये, सतगुर शब्द हिये महं धरिये ।
मूल अपान जब उलटि चलावै, अर्ध उर्ध के सुधि तब पावै ।
बंकनाल चढि मारग सोधै, पान अपान मिलन तब बोधै ।
मेरुदण्ड होय पच्छिम ध्यावै, पैठि सुषमना रूप निहारै ।
मीरा जानहुं भेद विचारा, सोहं आतम है रूप हमारा ।।

१- महात्माओं की वाणी, पृष्ठ- १३० ।

पान अपान को मिल जहां, जीव ब्रह्म को भाव ।
मीरा अन्तर कुछ नहीं, जापै सोहंग पाव ।।
जोति है ज्वाला पीय की, फैलि रही सब अंग ।
चेतन अंश प्रकाश है, मन पवना के संग ।।
परम जोति है आत्मा, शुद्ध रूप उजि जाव ।
सो पर कासिक जन भयो, दिव्य दृष्टि दर्साव ।।
मीरा यह मति कठिन है, संतन सहज विचार ।[१]
दूरहिं ते बडि दूर सों, देखहु निकट दिदार ।।

21:16

रव डोला रव डोला रव क्यों करिया नीके बोला।
पाँच पचीस तीन खुटिया में ता विच करत कलोला।।
क्या जोगी क्या मौनी तपिया डोला बिच-बिच सबई भोला।
जन 'बूला' जी के इहै मलोला बिनु दर्शन हिय रहत अलोला।।

राम पढ़न को या तन पावै। बाँचत अंक-अंक नहिं आवै।।
आदि अन्त मध्य अंक बहूता। कोई पढ़ा कोई रहत है सूता।।
जोई पढ़ा सोई नर जीता। बहुरि जन्म नहिं लेता।।
यह अक्षर अब धरो सम्हारी। ॐकार ब्रह्म औतारी।।
'बूला' बोलै हृदय बिचारी। चारि वेद को अंक उघारी।।

बूझहु पंडित अचरज एक। स्वेत बरण जहँ सदा अलेख।।
साधि पवन षट चक्र छोड़ाओ। त्रिवेनी के घाटे आओ।।
उन मुनि मुद्रा लगी समाधी। रबि शशि पौनहिं राखो बाँधी।।
चाचरि मुद्रा प्रीति लगावै। भोचरि मुद्रा प्रीति बढ़ाई।।
गोरी मुद्रा अनभव गाओ। खेचरि मुद्रा दरस दिखाओ।।
जौं तू पंडित करु पंडिताई। चरन रेनु हृदय लै आई।
चरन रेनु का करहुँ जनेऊ। तौ तू पंडित पावहु भेऊ।।
जो यह अचरज देइ बुझाय। सोई सत्‌गुरु अगम कहाय।।
अगम जोति का धारै ध्यान। 'बूला' बोलहि शब्द निदान।।19।।

सोरठा

प्रभु निरधर अघार उज्ज्वल बिन्दु बिराजई।
अद्‌भुत रूप स्वरूप मो पै बर्नी न जवाई।।20।।

बाँधि पवनहि साधि गगनहिं गर्जि-गर्जि सुनावई।
तहँ हन्स मुनि जन चुँगत मनि रस परसि-परसि अघावई।।
बिना कर मुख बेनु बाजै, बिना श्रवनन गुँजई।
बिना नयनन दर्श देखो, अविगति गतिहिं जनावई।।
चाको जाति पाँति ने नेम धर्महुँ, भर्म सकल गवावई।

रामजी हौं तब चरण अधारी, तुम काट्हु कर्म केवारी ।।टेक।।
माँगत कछू न चाहत हौं कछु चाहौं दया तुम्हारी।
तुम प्रतिपाल दोऊ कुल तारन केतकि लाज हमारी।।
जौं प्रभु राज सिंगासन देवै मेरे काम न कोई।
हमरे राम नाम सों मिलना होनी होय सो होई।।
चरण प्रताप रहों जग माडे छाड़ों तन मन दोऊ।
सहजहिं दर्शन दिया नरायन अविगति लखै न कोऊ।।
भई है प्रति मेरे मन महियाँ बहियाँ गुर गम होऊ।
जन 'बूला' तहँ चले मगन होय रैन दिवस नहिं दोऊ।।16।।

गुरु बोलै अधर धरेइँया।।
गुरु मेरा हो चेरा। सतूगुरु अधर बसेरा।।
गुरु जगमग योति जगावै। तासे जन 'बूला' तहँ सच पावैं।।
जोगी बोलैं गगन गुफैयाँ ।। 60 ।।

अर्ध उर्ध की बटिया में कहि गैइला जोग जोगैइयाँ।
गंग यमुन रबि शशि मँह योगी एकै राह चलैइयाँ।।
जोगी को घर अगम है कोऊ जानै साधु संगैइयाँ।
जन 'बूला' होय निर्भय बोलै देख लों राम दोहैइयाँ।।17।।

हरि नाम निशानी हौं जानी।
यदि जानी तदि भई दिवानी। लोग कहैं यह भर्म भुलानी।।
जन 'बूला' कै इहै निशानी। सुरति निरति लिए जोति समानी।।

21:13

बूला साहेब

कौने द्वारा देखैं आपू। कौने द्वारा सुमिरै जापू।
कौने द्वारा आवैं जायँ। कौने द्वारा रहैं समायँ।।
त्रिकुटी द्वारा देखै आपू। शुष मन द्वारा सुमिरै जापू।
इँगला पिंगला आवैं जायँ। दसयें द्वारा रहैं समायँ।।

भजन

गोविन्द सों करु प्रीत मन गोविन्द सों करु प्रीत।।
स्रवन सुनि लो नाद प्रभु को नयन दर्शन पेखु।।
उपनिषद् अरु वेद गावत अचल अमर अलेखु।।
भाव से तू भक्ति करि ले प्रेम सों लवलीन।।
सुरति सों तुम बेड़ा बाँधो, मुलुक तीनों छीन।।
अधम अघिन अजाति 'बूला' नाम सों लवलीन है।।1।।

अर्थ धर्म अरु काम मुक्षहुँ अपनो पद मोहिं दीन।।
सतुगुरु युक्ति बतावल पावलि जिव कर भूल।
सुमिर-सुमिर सुख वेलसहिं सुक्षम गुन स्थूल।।2।।

एसन अद्भुत बुन्द है जुग-जुग अचल अपार।
आवै जाय न बिनसय सदा रहै यकतार ।।
मन माने की कहिए तौ लहिए औतार।
अपने-अपने रंग में रंगि रहा संसार।।
मनसा बाचा कर्मना दूजा नाहिंन भाव।
जन 'बुला' गुन गावहीं आनद मँगल बधाय।।3।।

मंगल

मोतियहुँ की झरि झलकत फूलन फुलि फुलवारि।
प्रान भँवर होय बेलसहिं अनहद उठै झंकार।।
बिनु बारिहिं बिनु मालिहु बिन सींचे रंग होय।

आँधेरे को हाथी हरि हाथ जाको जैसे आयो,
बूझो जिन जैसो तिन तैसोई बतायो है।
टकाटोरि दिन रैन हियहूँ को फूटै नयन,
आँधेर को आरसी में कहाँ दर्शायो है।।
कुल सों खबरि नाहिं जासों यह सब भयो,
मूल को बिसार भोंदू डारि अरुझायो है।
आपनो स्वरूप रूप आपु माहिं देखै नाहिं?
कहै 'यारी' आँधरे ने हाथी कैसे पायो है।।

गावै गगन तान सुनियत बिना कान,
बिनु नयनन देखियत अलख मकान है।
सुरति चढ़ी कमान छेदि गयो आसमान,
ला मकान का मकान उदै अस्त भान है।।
कहै 'यारी' सुजान मेरो कहौ लीजै मान,
सोई सुर ज्ञानी जाके हृदय सदा ध्यान है।
आँख कान नाक मुँह को निहार देखु,
शुन्य में प्रगट जोति याही गुरु ज्ञान है।।

त्रिकुटी में ध्यान धरि देखु तहाँ दामिन दमकै,
चाँचरि मुद्रा को तब याही स्थान है।
भोचरी मुद्रा सोहाग जागै मस्तक भाग,
पायो है सकल निरन्तर की खान है।।
पदुम झलकै शीश जगमग जगदीश आगे,
गोचरि मुद्रा गावै अनहद तान है।
गगन गुफा में पैठि अधर आसन बैठि,
खेचरि मुद्रा आकाश फूलै निर्बान है।।1179।।

धरती-मिली अकाश को रे, ऊँचे महल में बास पाया।
समुन्द्र में केलि करै, मच्छी पहार ऊपर जाय घर छाया।।
फूल सेती कली भई, मिलि चाँद सूर्य दोऊ घर आया।
'यारी' कहै देखो जीभ बिना, अनहद को तान गगन गाया।।

ज़मीन बरषै असमान भीजै, बिनु तेल बाती जलाइए जी।
वहाँ नूर तजल्ली बीच है रे, बेरंगी रंग देखलाइये जी।।
फूल बिना यदि फल होवै, तदि हीर की लज्जत पाइए जी।
'यारी' कहै यह कौन बूझै, यह कासों बात जनाइए जी।।

इस दरे में मात मात है रे, तहकीक करै आरिफ सोई।
पूरब मलकूत पश्चिम जबरूत, उत्तर के रुख़ लाहूत सोई।
दक्षिण तरफ नासूत है रे, जुलमति में मति रहै कोई।
मते मात सबै अवश्य 'यारी' वह जात सोई जो खुद जोई।।

सूली के ऊपर-मेहर पेखा, मलकूत जबरूत लाहूत तीनों।
लाहूत सेती नासूत है रे, याहूत के रस के रंग भीनों।।
धुआँ होय के ऊपर चढ़ो, मुतलक़ मोती का नूर चूनो।
आँखों चितै के बैठ 'यारी' माते माते माते बीनो।।

गुरु की चरन रज लेइ के, दोउ नयन बिच अंजन दिया।
मिटा तिमिर उँजियार हुआ, निरंकार पिया को देखि लिया।।
तहँ कोटि सूर्य छपे छूने, तिहुँ लोक धनि धनि पा पिया।
सत्गुरु कृपा किया मरि के, 'यारी' फेरि से युग युग जिया।।

रूह हमारो आफ़ताब, आफ़ताब के सामने होते हैं।
कल्प नाम को एक रूख है, उसकी ताई बहते हैं।।
आशिक और माशूक बनाय के, 'यारी' दुई न भनते हैं।
नूर तजल्ला खुद बाखुद है, ऐन अल्लाह उसे कहते हैं।।

हमहीं चाँद सूर अवतारा। हमरइ रूप है सकल पसारा।।
हमहीं आदि अन्त मधि सोई। हम बिनु दूसर और न कोई।।

राग होरी

हौंतो खेलों पिया सँग होरी।
दरस परस पतिबर्ता पिया की। छबि निर्खत भई बौरी।।टेक।।
सोरह कला सम्पूरन देखो, रबि अरु ससि यक ठौरी।।
जबते दृष्ट परो अविनासी, लागो रूप ठगौरी।।
रसना रटत रहत निशु बासर, नयन लगौ यहि ढौरी।
कहै 'यारी' भक्ति करु हरि की, कोउ कहै ऐसो कहोरी।।1035।।

बिना बन्दगी इस आलम जनि, खाना तुझे हराम है रे।
बन्दा करै सो बन्दगी, ख़िदमत में आठोयाम है रे।।
'यारी' मौला बिसारि के, क्या तू लगा बेकाम है रे।
कछु जीवते बन्दगी कर ले, आख़िर गुरु मोकाम है रे।।1151।।

आँखों से तू जो देखिए रे, सो आलम सफ़ानी है रे।
कानों से जो तू सुनिए रे, सो ऐसी कहानी है रे।।
इस बोलते को उलटि देखै, सोई आरिफ सोई ज्ञानी है रे।
'यारी' कहै यह बूझि देखा, और सबै नदानी है रे।।1152।।

दोऊ मूंदि के नयन अन्दर देखा, नहिं चाँद सूर्य दिन राति है रे।
रोशन शमा बिनु तेल बाती, उस जात सों सब सिफ़ात है रे।।
गोता मारि देखो आदत्त मुनि, कोऊ और नहिं संग साथ है रे।
'यारी' कहै तहक़ीक़ किया, मुतलक़ मोती की जात है रे।।1153।।

आँखों चितै के पाग बाँधा, और साधा गगन को रे।
उत्तर दिशा गौन किया, फिर जाय देखा उस बन को रे।
सागर के बी में बुन्द को लाय के, उलटि मारा इस मन को रे।
'यारी' कहै अकल कला बिनु, नयन देखा दर्शन को रे।।1154।।

जहँ रूप न रेख न रंग है रे, बेरंग सिफ़ात में आपु फूला।
फूल बिना जहँ बास है रे, निर बास के बास भँवर भूला।।
वहाँ दह बिना कमल है रे, कमल की जोति अदल तूला।
'यारी' अल्त मलूल नहिं तहँ फूल देखा बिनु डार मूला।।1155।।

वैरागी तुम कौन वैराग घर लिया, ताते सर्व त्याग तुम किया।।
कित वै जोग है कित वै मुद्रा, कौन घाट वै रस पिया।
तन वैराग मन हि मन मुद्रा, बंक नाल होय रस पिया।
जन 'बूला' वैराग ब्रह्म बुन्द, अचल अमर घर किया।।74।।

पवन उलटि के भजन निज करबो, सुषमन सेज बिछैबो।
प्रेम विलास आस साधुन में, निर्गुन रूप कहैबो।
पाप पुन्य दुख सुखहि बहैबो, अमृत नाम पिऐबो।।
दया धर्म मेरे ध्यान खजना, ज्ञान रतन में रतैबो।
अद्भुत बुन्द कहाँ लगि बरनो अनहद माँह देखैबो।।
सुरति सोहागिन चरन मनावहिं, खसम आपनो पैबो।
जन 'बूला' वह प्यारी खसम की, रहसि रहसि गुन गैबो।।75।।

ऐसी आरति मेरे मन भावै। रबि शशि पवन भवन मन लावै।।
ब्रह्म बिष्नु महेश ले आवै। एक मते होय दर्श दिखावै।।
गंगा यमुना अर्ध दिआवै। स्तुति शोभा प्रभुहि मनावै।।
सुरति निरति लेई घंट बजावै। जगमग जोति परम पद पावै।।
जन 'बूला' जी सरन बलि आवै। रंग महल बिच नाम जगावै।।76।।

ऐसी आरति करूँ मन भाई। महा प्रसाद ठाकुर को चढ़ाई।।
प्रेम कै पातरि प्रीति लगाई। भाव कै व्यंजन रुचिर-रुचिर बनाई।
संत साधु मिलि आरति गाई। प्रभु जी के सिर पर चौंर डोलाई।।
गगन गुफा में रहनि उनमुनि, यह संन्यासी लच्छनं।।
चाँद बाँधो सूर बाँधो, बृकसि कवल सोहं चढ़ं।
त्रिकुटि आसन शुन्य डासन, 'गुलाल' सोई अवधूतनं।।

बैराग ब्रह्म को भेद जानै, सहज शुन्य नेवासनं।
तहाँ ज्ञान ध्यान न नेम पूजा, सो बैरागी साहिबं।।
सत्य कंठी जाप मुद्रा, सेल्हि प्रेम हिये गलं।
तत्त्व ताखी तिलक सिर दिए, जोति झिलमिल नित बरं।।
ज्ञान गुदरी मउज मन में, बीसर्जनं अविगति रतं।
नयन भरि-भरि अधर बर्खत, कोटि चन्द्र सुधा झरं।।
बैराग रूप अकार अद्भुत, प्रेम पद पर चित धरं।
'गुलाल' ऐसो गुरकरो नर पाप पुण्य सबै तरं।।

चौपाई

तुम्बा तीन भाँति बनायो। चौथ नीर मारिया लगायो।।
सुषमन शीतल पियत नीर। निकलि दसो दिश आनन्द फीर।।

कुबरी कर्म काट लै आई। ज्ञान खरादे रचो बनाई।।
सत्गुरु के घर बैठक दीन्हा। मनुआँ तहाँ रहत लव लीन्हा।।

तिलक तत्त्व कर दियो लिलार। अगम भेद बनो टकसार।।
एकादश तिलक दियो धीर। कहै 'गुलाल' अलमस्त फ़कीर।।

असन बटी सन ताली लावै। द्वादस पैठ गगन घर धावै।।
गगन जोति में रहै समाई। कहै 'गुलाल' आवै नहिं जाई।।

कंठी काठ कर्म जौ डारै। अजपा जपै जोति तब बारै।।
सुमिरन जोति वैश्नव होई। कहै 'गुलाल' अतीथ है सोई।।

कोपिन माल बाँधो जब द्वार। उलटै पवन उठै झनकार।।
अष्ट कमल फूलै जब-जब फूल। जन 'गुलाल' हिंडोला झूल।।

मुरछल मन फेरै मन लाई। अगम जोति दसो दिश छाई।।
सत्य शब्द लै मुरछल बाँधै। कहै 'गुलाल' फिरत सब धाधै।।

पउआ प्रेम पगन जौ नावै। उनमुनि लाई गगन चढ़ि धावै।।
रिमझिमि बर्षत मानिक मोती। कहै 'गुलाल' पउआ चढ़ु सेती।।

कमर बस्ता होय अगम गति जोवै। उलटि सुषमना गतिहिं बिलोवै।।
अजर फाँड़ बाँधो तत सार। कहै 'गुलाल' यह रहनि हमार।।

राग मलार

मन में जागेव प्रेम मुरारी।
अर्ध उर्ध में बैसल पण्डित, सुषमन दै दै तारी।।
चाँद सूर मगु थकित भयो है, ब्रह्म अग्नि पर जारी।
उलटि निरन्तर निरखि बिचारो, स्वेत सहज उँजियारी।।
उमगि-उमगि मुक्ता झरि लायो, गगन गरज धुनि भारी।
पाँच पचीस सखी गन गावहिं, अपनी-अपनी पारी।।
तन मन धन नेवछावरि वारो, प्रभु दर्शन बलिहारी।
जन 'गुलाल' अनुभव पद पायो, कन्त मिलो बनवारी।।

आए प्रभु मंगल समय हमारी।
उमगि-उमगि घन-बरखन लागे, रुचि से सेज सँवारी।।
पाँच सखी मिलि मंगल गावहिं, उठत गुंज नभ भारी।।
लवकत बिजुली चमकि चहूँ लिए। लागेउ चरन मुरारी।।
चाँद सूर निस बासर नाहीं, सुषमन जोति पसारी।
बिकसेउ कमल अमिय रस धारा, भरि-भरि लेत करारी।।
गगन मण्डल में मगन भयो मन, सत्गुरु की बलिहारी।
जन 'गुलाल' पायो है परम पद, यारी कियो बनवारी।।

राग बिहाग

काया दह फूलेउ वृगसि कवल रघुनाथ।
एका एक अमल जौं पावै तब साचा सत्गुरु भावै।।

प्रेम पदारथ हिय में राखै सुमिरतही सुख पावै।
दुआ दोष जौ दुरमति छोड़े तृगुन ताप बहावै।।
सुरति निरति लेई आसन मारो सकल सन्तोष जौ आवै।
तीयाँ त्रिकुटी जौ मन राखे झिलमिलि जोति जगावै।।
उनमुनि लागै बन्द सहज धुनि चन्द्र मण्डल घर छावै।
चौथे पद पर पग जौ नावै अनभौ डंक बजावै।।
गगन मण्डल में बाजी मारो बंक नाल चढ़ि धावै।
पचमें पर्म तत्त्व जौ जानै शुन्य भवन मन लावै।।
पाँच पचीस तीन बसि करि के सेत छत्र सिर छावै।
छठयें छमा शील जौ उपजै सत्य सन्तोष बढ़ावै।।
नव दर छोड़ि दसो दिश धावै सहज समाधि सो पावै।
सतये सदा सरन मन राखै शब्द को भेष बनावै।।
कोटि चाँद निवछावर वारो मानिक जोति जगावै।
अठयें अगम जोति जौ बारै दर्स पर्स चित लावै।।
सोहं सुरति रहै निश बासर अन्तहिं कतहुँ नहिं जावै।
नवयें नाम निरंजन नवका कनहरि गोन चलावै।।
साचै कहै झूठ नहिं आवै भव सागर तरि जावै।
दसयें द्वार का ताली खोलो अविगति गतिहि समावै।।
सकल कामना पूरन मन कै मौजहि मौज मिलावै।
यकादस नाम जौ पूरन पावै अगम निगम नहिं भावै।।
कहै 'गुलाल' तब सतगुर चीन्है घरही में घर छावै।

राग बिलावल

कब तुहँ हीन भैलो राम, सुनियत भक्तन लुटिला धाम।
नाम देव कै गाय जियायो, दास कबीर डुबन नहिं पायो।।
प्रह्लाद अम्बरीष प्रतिज्ञा राखी, कहहु तो और बलाओं साखी।
गज को ग्राह छोड़ाए जहिया, पाण्डव जरत बनायेहु रहिया।।
जहँ-जहँ गाढ़ भक्तजन पाई, तहँ-तहँ प्रभुजी भयहु सहाई।
पइठ पताल संखासुर मारो, हनाकुश कर ओद्र विदारो।।
बाराह रूप हृणाक्ष बिदारी, कहाँ न तुम कयल मुरारी।

प्रेम प्रतीत करि शब्द सोहंग धरि।
सुखमन सेज सुन्दर बनाया।।



झरत तहँ अमिय पियत मन साफ भयो।
उठत अनहद आनन्द भराया।।
भर्म तबहीं गयो ज्ञान अनभव भयो।
योग के युक्ति सो जोति छाया।।
लोभ अरु मोह को मारि बाज़ी लियो।
ज्ञान की शक्ति सों अमर काया।।
कहै 'गुलाल' हरि हाल साहेब मिलो।
काल का करै सत्य सूर राया।।

इंगल पिंगल जबै होय यक तारी लागै मनि बरै।
सत्य रूप सरूप समावै मानिक मुक्ता सो झरै।।
परमातमा है पूरन स्वामी सरनागति सबई फरै।
वेद भेद यह नाहीं जानै नर अधीन कैसे धरै।।
यह मति आपु बिचार जानि कै कह 'गुलाल' साँची करन।
चन्द सूर पानी पवन गंग यमुन रबि ससि धर।। 30

पाप पुन्य अरु दया धरम सबई तरि जावै।
तन मन सों करै प्रीति अडोल अभय पद पावै।।
शील क्षमा रहै हृदय छुटै नहिं कबहिं सन्तोषा।
भक्ति भाव अरु सरस बनि धारै परतोषा।।
हरि प्रसाद सन्तन गहनि प्रेम प्रीति हृदये धरै।
राम ढरनि जापर अहै सत्गुर कृपा साँची फरै।। 31

हे मन कुटिल कुकर्मी सबै जानत है तोही।
कर्महीन लिए सँग साफ गति आव न तोही।।
लोभी बिषई करत रहत हठ युक्ति न जानै।
यह आदत अव छोडु राम को सच कर मानै।।
बिमल-बिमल बानी उठत तहाँ सुढारहु नेह ही।
पाखण्ड भेद मत त्यागहू अन्त धूर की खोह ही।। 32

सकल पदारथ सर्ब सुखहिं आलस करि खोवै।
लोभ छोह रहो ब्यापि मोह निद्रा पड़ि सोवै।।
जौ मन चर्नन लागु राम बिनु कौन छोड़ावै।
स्वारथ में सब भूल नाम कबहूँ नहिं आवै।।
प्रेम पदारथ अमृत बचन हरिदम तू नितहीं गहै।
साँच राचु मन राम सों कोऊ तेरा नहीं अहै।। 33

दयावन्त सब दीन रहै सब
एक

राग उधवा

चाँद सूर दोऊ सम करि हो, बाजत जहँ तूर।
निरझर झरै तहँ अनुभव हो, वहाँ सत्य हजूर।।

अर्ध उर्ध कै बटिया हो, त्रिकुटी के ठाँव।
बाजन बाजु गहागह हो, उठत तहँ नाव।।
गंग यमुन तहाँ साजल हो, तहँ उलटि नहाव।
निरझरि झरै तहँ मोती हो, जाय गगन समाव।।
सोहंग सहज झुलावल हो, उठत है नूर।
शिव शक्तिहिं गहि बाँधल हो, तब भौ सूर।।
अष्ट कमल बिकसेउ हो, आनन्द बधाव।
फूल फुलल तहाँ अविगति हो, भौंरा लोभाव।।
अबकै गयल नहिं आवन हो, रहो अगम समाय।
तब हंसा भयल परम हंसा हो, सब कर्म नसाय।।
सन्त सभा महँ बैठक हो, सतूगुरु कर गाँव।
कहै 'गुलाल' प्रभु उधवा हो, अब मेटल नाँव।।





अति आनन्द तहाँ उठै अघोर, मन मुरीद तब भयल मोर।
लोक लाज और चारि गारि, सुनत बसन्त सब गयो हमारि।।
नाहिं ताहि जन्म मरन कुल कानी, धनि सतगुरु खेलहिं।।
घरहीं लागो रितु बसन्त, धन्य भाग सँग खेलै कन्त।।
कहै 'गुलाल' सतगुरु बसन्त, सोई सूर कोई खेलत कन्त।।

साख़ी

सकल स्वरूपी पवन को, तीनों लोक भरि अण्ड।
कवन पवन के चलते, गर्जत है ब्रह्माण्ड।।
सुषमन द्वारे आसन मारो, मूल पवन चलै मेरु दण्ड।
निरति सुरति सों ताड़ी लाओ, गरजै पश्चिम तब ब्रह्माण्ड।।
राम-राम मन से कहै, दूजो भाव न होय।
सतगुरु साँचा जेहि मिलै, इह गति पावै सोय।।

राग मनोरा





सोहं सुरति रहै निशु बासर टरत नहीं कितहूँ टारी।
छकि-छकि मनुआँ पियत अमिय रस, सन्तत चुअत करोरी।।
धनि सत्गुरु जिन्ह युक्ति बतावल, तिन्ह की मैं बलिहारी।
सन्त सभा में बैठक पायो, कहै 'गुलाल' भिखारी।।

बसन्त

काया पुर खेलहु रितु बसन्त, उन्मत यौबन फिर काल अन्त।
उर्ध अर्ध बिच उठत फाग, सुषमन के घर अनहद बाज।।
उठत तरंग आनन्द धमारि; उमगि-उमगि गुन गावहिं नारि।
अष्ट कमल जब फूलेउ फूल, आदि अन्त भरि मिलेउ मूल।।

आदि आनन्द अमर स्थान, मन राजा तहूँ परस ज्ञान।
ज्ञान भयो जब दसा द्वार, मिलो जोति तब कन्त हमार।।
कहै 'गुलाल' तब मिलो इयार, अनतहि ज्ञान फिरत मंजार।।

भोर भयल मन मानेउ छूटेउ जग संसार।
जन 'गुलाल' गुन गावहिं मिलिहैं कन्त हमार।।

गावहु गुन अब निगुन उलटि गहहु असथूल।
गुरु कै बचन हिय राखहु प्रेम नेम लेइ झूल।।
मूल चक गहि बाँधहु चाँद सूर समतूल।





बिनु पग तहवाँ पँवढ़इ अष्ट कमल दल फूल।।
त्रिकुटी खम्हवा गड़ावहु सुषमन बाजै तूर।
गंग यमुन तिर बैठहु मानिक झरत है नूर।।
चलहु शिखर गुरु ज्ञानी हँगल पिंगल भरपूर।
सोहंग डोरी लगायो चढ़यो गगन भ्यो शूर।।
अनभव पद पर भावे है गयो प्राश्चित दूर।
जनर 'गुलाल' ऐसे झूलहिं संतत रहहि हजूर।।

राग कान्हरा

अहो झूलहिं अनहद तूर बजाई।
बिनु जल कबल बृगसेउ हो, भँवर फिरहिं मन लाई।।
चकवा शब्द सुनि व्याकुल, पिया बिनु सहो न जाई।
रबि शशि खम्भवा गड़ायेउ हो, सुरति की डोरी लगाई।।
झूलहिं सोहागिन हो, हंसा गवन मिलो जाई।
सोहं शब्द सोहावन हो, उठत आनन्द बधाव।।
बिरहिन मनहिं आनन्द भयो छूटो जक्त कै चाव।
प्रेम मगन मन मानेउ हो पुलकि-पुलकि गुन गाव।।

शुन्य भवन में समाइब आनँद उदित प्रकाश।
बिनु बाजे धुनि बाजई गाजै गगन में जाय।।
तीनों गुन तहँ गाबहिं जै जै करहिं मुरारि।
प्रेम हिंडोललवा रतन बनाई झूलहिं आतम नारि।।
झूलि झूलि तन त्यागल पलटि रहो प्रभु जाय।
यम कै देस हम छोड़ल जन 'गुलाल' सति गाय।।

हिंडोला करो आनन्द मंगलचार।
प्रथम सुकृत नाम को धरिकै प्रेम पदहिं हिय लाय।
सतुगुरु शब्द जे पुरिहै दिन्हों शोकहिं सबई नसाय।।
पाँच पचीस तीन को त्यागो चौथे पद पर जाय।
तहँ उठै लहरि अनन्त बीना को सखिया देत झुलाय।।
चाँद सूर्य जो खम्हा रोपो सुरति की डोरी लगाय।
मूल चक्र बिचार के बाँधो सूनी नग्र समाय।।
प्रेम पेटारी में जा बैठ कै झूलहु गगन में जाय।
हारि-हारि मन हारि के बैठो और कहीं नहिं जाय।।
तहाँ न ज्ञान न ध्यान पूजा अगम घरे पर जाय।।
तहाँ उठति है गति को प्रेम भरि लपटि चहूँ दिश धाय।
काम क्रोध जौं मोह को त्यागो जीव रहो है समाय।।
सन्त सभा में जाय के बैठो बहुरि न इतही आय।
दसहु दिशा में फूल है फूलो जोति जगमग पाय।।

साख़ी

मोलना मजहम होय के, रहै साहेब सों पाक।
कहै 'गुलाल' सोई मोलना, औरी फिरत निफ़ाक।।

चौपाई

सो सन्यासि जो भर्म मिटावै। नौ दर मूँदि गगन चढ़ि धावे।।
सत्य कै भेष बनावै सोई। ताको आवागमन न होई।।
चाँद सूर के रहमति करई। दाम दिरिम टूट न परई।।
लाभ बिभूत लगावै सोई। सदा अखंडित कबहिं न रोई।।
प्रीत कै जटा बढ़ावहु भारी। अगम भेष काहु नहिं टारी।।
मुद्रा डालि कै रूह जगावै। सो संन्यासी अनभुत गावै।।
पुलकि पितम्बर राखहु जानी। कबहुँ न होवै जीत कै हानी।।
भेष संन्यासी धर्म चलावै। उनमुनि लावे जोति जगावै।।
बंक नाल रस पीवे सोई। सुरति मिलैं संन्यासी होई।।
पान अपान करहु यक संगा। गगन मँड़ल होय नाद तरंगा।।
सुन्य पगे मन निर्मल होई। अवै न जाय संन्यासी सोई।।
ज्ञान उदित जब आनन्द भयऊ। सोई संन्यासी परायन गयऊ।।
युक्ति योग कै जानै सोई। नाम निरंजन नाम समोई।।
रीझि-रीझि के लावे ध्याना। सहज के बारी नाम बखाना।।
कबहीं अवय न जावै सोई। सो संन्यासी ज्ञानी होई।।

उलटि कमल जोति महँ होई। सतय सोनरई पाकी सोई।।
सुरति निरति कर सौदा करई। जीव जमा कप थाती धरई।
लेत देत कर साफी करई। खरा माल महक नहिं धरई।।
पचीसौ रत्ती साधि धराई। काँटा बहई न खोज सवाई।।
सबई सयाने खोटी करई। धर्मो जाय नर्क सो परई।।
जाति सोनार कप कर्म न करई। भाड़ो होइही नाहक मरई।।
आन धात कय खबरि न लखे। तत्त्व माल लय जिव महँ रखे।।
सोई सोनार रहै मुश्ताक। तब होवे सोनरई पाक।।
सुन्य कय संज्ञा बातें करे। रहै सचेत जीव नहिं टरे।।
जोरि-जोरि सब माल बनावे। पंच फरिश्ते पकरि जरावे।।
इ सब खोटी चुगुली करई। जमा जोर महँ बात बिगरई।।
रहो सचेत चोर नहिं लेई। जाति बिगारिह गारी होई।।
अपनहिं कर्म और नहिं जाई। पाक होय तब काल न खाई।।
गगन गवन सोनरई करई। लाभ लेइ बिश्वास न टरई।।
सत्य नाम कय मोल चलावे। अवइ न जाय सोनार कहावे।।
पूरा होय जगत् महँ रहो। एकै बाति झूठ मति कहो।।
जप्ति जमाने बहुते होई। रहै निशंक भर्म सब खोई।।
इंगला पिंगला सुखमन लेई। सर्ब सँवारे अपनी कहै।।
सुगम कुगम कय रहि रहै। सर्ब सँवारे अपनी कहै।।
योग युक्ति कय मसले जाने। राम छोड़ि और नहिं माने।।
रूह बेकार मुशक़ति लेई। काहू कहँ टोटा नहिं देई।।
सुगम कय सौदा हरिदम करै। सोई सोनार कबहूँ नहिं मरे।।
रूप सँवारे आपुहि बने। रहै निशंक और नहिं गने।।
सुरति कय बानी हरिदम कहै। सो सोनार काल पंच महँ लहै।।
अवई न जाय जन्म नहिं लेई। होई सोनार काल धई खोई।।
ढोभ भरी सब राशि भराई। कहै 'गुलाल' सोनार भौ भाई।।

साख़ी

सिफति रिफ़ति कै बातें करई। सर संकोच नहीं सो टरई।।
योग युक्ति खत्री जब जानै। सुन्य बसावै मध्यहिं आनै।।
नेम धर्म कै आसन करई। एकै बर्त नरायन धरई।।
पाँचहिं मारि पचीसहु मारै। मन राजा कबहूँ न बिगारै।।
इंगला पिंगला सुखमन जागै। तृमृ मेंटि कै सत्यहिं लागै।।
लोभ भरल जब आपन काजा। छूटलि जाति-पाँति कै लाजा।।
हम जीतै औ निशान बजावै। खत्री सोई सत्य घर छावै।।
जरा मरन कबहीं नहिं होई। सदा चिरंजिव खत्री सोई।।
सिफ़त सलूकी एकै करै। पाक होय दोजक नहिं धरे।।
रहित भइल जब पाँचो बाई। हरिदम हाजिर नाद बजाई।।
आठ पहर की मसले करै। योग युक्ति कबहूँ नहिं टरै।।
सबई सयाने त्यागी होई। खत्री कर्म जानि लेहु सोई।।
सबई समावै मारफ़ति करै। बहुत खजाना नामहिं भरे।।
भर्म कर्म के आसा त्यागे। सत्य धर्म मन में तब लोगे।।
जनम कर्म कै खोटि न होई। सदा अनन्द कबहुँ न रोई।।
आन देव कय आस न करई। खत्री सोई पलक महँ तरई।।
मोर मया कप ममिता त्यागे। सबई विसार नरापन जागे।।
निर्मल ज्ञान जाहिं सों होई। सबई बिसारे खत्री सोई।
जरा मरन नहिं कबहीं होप। अबई न जाय अमर भा सोय।।
शुभ अरु अशुभ न जाने भर्मा। निशु दिन सत्य अचल करु धर्मा।।
सहज सुमति तब आपन होई। पार न पावे खत्री कोई।
निर्मल नाम अनन्दित होई। सदा निशंक कबहुँ नहिं रोई।।
थकित भयल जब मन कर कर्मा। सोई खत्री चलावे धर्मा।।
खत्री कर्म सांच जौं जानै। कहै 'गुलाल' खत्रो तब मानै।।

साखी

साख़ी

ब्राह्मण सोई जानिए, जो एक ब्रह्म सो खेल।।
कहै 'गुलाल' ओई ब्राह्मण, और न जानेउ मेल।।

चौपाई

बयस सोई जो बोलत चीन्है। रहै निशंक रामगति लीन्है।।
योग युक्ति बैठै ले तारी। अपनेहि मनुआँ अपने मारी।।
रबि शशि दूनो सबै चलाई। उलटि गगन चढ़ि तान बजाई।।
सोहं शब्द बजावै सोई। अवै न जाय बैस तब होई।।
ब्रह्म बिचार करत निरवारा। सोई बयस उतरु भवपारा।।
प्रेम प्रीति चरनन तब लावै। निराधार करि शुन्य बसावै।।
जाति सरूपी रूप बनावै। निरमल ज्ञान निरंतर लावै।।
शक्तिहि जब गाँठी जोरावै। सोई बैस परम पद पावै।।
सहज देश बसावै सोई। अवे न जाए बैस भा सोई।।
गंग यमुन में राह बनावे। यक अधार होय सिन्धु मिलावे।।
नहिं तहाँ जाति-पाँति कै आसा। परब्रह्म में कीन्हों बासा।।
घटे न बढ़े मरे नहिं जीवे। हरिदम नाम अमिय रस पीवे।।
पर्म तत्त्व से नेह लगावे। रहै निशंक बैयस सोई भावे।।
इंगला पिंगला सुषमन जागे। गरजे गगन जोति तब छाजे।।
शब्द सरूपी देह बिराजे। हरिदम नाद सत्य धुनि बाजे।।
ममिता सबही समानेउ जाई। निर्मल ज्ञान परम पद पाई।।
यम जीते मन मौज चलावे। सुरति निरति लै घन्ट बजावे।।
प्रेम पदारथ दिन-दिन होई। सदा निशंक कबहुँ नहिं रोई।।
धोख न परै देह नहिं धरई। औवल बैस कबहुँ नहिं मरई।
सब बिसरावे अपने होई। निरंकार निरंजन सोई।
जब ऐसी गति साँची धरई। सोई बयस नाम ते तरई।

साख़ी

दुनियां देखत आपु नहिं, बहुत कथत है ज्ञान।
कहै 'गुलाल' भटकत अहहिं, यम सिर बाट मसान।।

योग करम है भाव अनूपा। जेहि जाने जिव उबरू सरूपा।।
उलटै पवन गगन स्थाना। सुरति निरति लै जोति समाना।।
ससि अरु सूर महँ रहु चितलाई। उठई बिहंगम फल तब खाई।।
मती बिहंगम सार अनूपा। कोउ जन जानत गुरु की किरपा।।
सिद्धन के मति इहई जाना। दुनिया के मति कोटिक नाना।।
अब अष्टांग कहतु है जानी। बूझै कोऊ सत्गुरु ज्ञानी।।
गरजि-गरजि बाजत धुनि बानी। इन्हहीं सुनि जनि भूलहु ज्ञानी।।
चाँद सूर उलटि कै लेई। फेरि बिचारहु मनहिं समोई।।
पैइठै पवन मूल के द्वारा। उलटै कमल त्रिकुटि झनकारा।।
सुरति सम्हारि चढ़हु पुनि गगना। जोई बिचारत आवा गवना।।
आनन्द प्रभा ताहि महँ होई। निरखि बिचारहु ज्ञानी सोई।।
कहँलगु शोभा बर्नि न जाई। योग युक्ति से रहहु समाई।।
लोभ भरो तब चारिउ खानी। ओवा गवन रहित तब जानी।।
आठौ अँग वहाँ मनिरस भोगी। प्रेम समानेउ तेउ-तेउ जोगी।।
आनन्द मंगल बानी बोलै। एक शब्द कबहूँ नहिं डोलैं।।
सुरति समाने ब्रह्म बिचारा। लोक बेद सबई ते न्यारा।।
योग यज्ञ वहाँ बरन न जाती। सहज सरूपी और न पाती।।
निरखि निरंज. गतिहि बिचारी। अपनेह बन्ता करता तारी।।
तिरगुन गुन कर भा सब नासा। जोति जोग भोग भौ नासा।।
सत्य सरोवर शब्द कै खानी। अगम अगोचर मुनि तब ज्ञानी।।

साख़ी

येतना कहि-कहि पचि रहो, सठ नहिं मानत बैन।
कहै 'गुलाल' सठ प्रानी, अन्ध भयो सब नयन।।

चौपाई

ब्रह्म बिचार मिलत अब भारी। पान आपन थकित नव नारी।।
सतुगुरु कृपा जबहिं सत्य होई। आपु बिचारहु कारन सोई।।
पूरब मन्त्र देवस परवाना। सतुगुरु बचन चलावहु बाना।।
द्वादस मूल में जबहीं जाई। पान अपान तबहिं सुधि पाई।।
उलटै नालहिं ब्रह्म दुआरा। अष्ट कमल बिकसै बहु तारा।।
गर्जे गगन अरु बर्षे मोती। जोति जगामग निर्मल होती।।
लै लाओ जैसे कछु भाऊ। अपने साहेब को बिलगाऊ।।
यह गति जे जन जानु अपारा। सो सतुगुरु मिलि सबहिं बिसारा।।
सुधि बिसरै मन रहै समाई। पूरन घर महँ आपु बनाई।।
अनन्त कला जब बरै लिलारा। पूरन ब्रह्म सत्य टकसारा।।
रोग सोग नहिं नेम न पूजा। एकै साहेब और न दूजा।।
जब जानेउ मन आपु बिचारा। तब को पावै अन्त हमारा।।
अगम अगोचर बनि रहु स्वामी। सब जीवन के अन्तरयामी।।
बोल न डोल न अवै न जाई। ब्रह्म बिचारै सहज समाई।।
आनन्द मंगल बोलत बानी। एक राम भजि भर्म नसानी।।
रमिता राम न जानु पसारा। सबई भयो जब आपु बिचारा।।
को जानै ता गती अपारा। शिव ब्रह्म आदि न पावहिं पारा।।

साख़ी

कर्म कलवार न जानई, पाँचहिं मारै धीर।
कहै 'गुलाल' कलवार सोई, होवै सत्य फ़कीर।।

चौपाई

मूल चक्र बाँधै चित्त लाई। बिकसे कमल दसहु दिश छाई।।
अर्ध उर्ध मधि सोहं गावे। सुनि धुनि मनुआँ धै ले आवे।।
ज्ञान गुफा जहँ सिद्ध न बासा। गगन मंडल में नृत तामासा।।
बिनु शिर बैठल देखै सोई। निशु बासर दिन रैन न होई।।
शुन्य शिखर तह उठै अघोरा। सतुगुरु शब्द बचन हिय मोरा।।
प्रेम प्रकाश भयो उजियारा। मिटो कर्म तब जग ते न्यारा।।
कहै 'गुलाल' तब हंस कहावे। आनंद उदित अगम घर छावे।।

साख़ी

अगम अगोचर अचल है, निरखत निरखि न जाय।
कहै 'गुलाल' सत सूर होय, रहो चरन लपलय।। 938

चौपाई

लगी लगन मन भयो बैरागी। काम क्रोध ममिता मन त्यागी।।
धीरज धय तहाँ करत बिचारा। झरत अधर अमृत रस धारा।।

साख़ी

तेली तेज जो मारई, तेल पेरै हरि नाम।
कहै 'गुलाल' सोई तेलि है, और तेली बेकाम।।

चौपाई

कर्म कलवार कै नासा करई। पाँचो बाँधि गगन चढ़ि धरई।।
अर्ध उर्ध कै भाठी लावे। रबि शशि फूँक कै अग्नि जलावे।।
ब्रह्म अग्नि उदगारा भयऊ। मते मोह लेते सब गयऊ।।
तिर बिधि ताप गयो तब भारी। मगन भयो मन लागु खुमारी।।
रीझि-रीझि मन बोलत बानी। अपनेहिं साहेब और न मानी।।
भाँति-भाँति मन रँग समाई। सुधि बिसरो संसार सगाई।।
मौज होय रस नाम चढ़ाई। सो कलवार काल नहिं पाई।।
निरभय होई पाक शरीरा। झतर है मानिक मोती हीरा।।
चुभुक्की चित समाहु सोई। निझरि झरे झरि माफ़िक़ सोई।।
सुरति निरति कै रहमति करई। सो कलवार काल नहिं धरई।।
मोह बझा संसार बझाई। निशु दिन काल धरत धै खाई।।

साख़ी

जरे जीव सिवहिं मिलै, महा युक्ति को धाम।
कहै 'गुलाल' दण्डी सोई, हरिदम बोलत राम।।

चौपाई

निर्बानी जो सत्य समोधे। पाँच पचीस तीन धरि सोधे।।
नूर निरंजन रूह बनावे। निरबानी सोई अगम कहावे।।
अष्ट कमल कय बाग लगावे। बिनु जल फूल मूल बिनु भावे।।
सींचत मूल समावे सोई। निरबानी असल तब होई।।
रबि शशि दोनों राम करिपीवे। सो निरबानी युग-युग जीवे।।
अर्ध उर्ध कै सुधि जब जाने। सो निरबानी काहु न माने।।
बैंक नाल जब चढ़ै अकासा। सो निरबारनी मन पुर बासा।।
सत्य अनाहद पद तब होई। निरबानी सोई मौज समोई।।
सत्य शब्द कै रहनि सुभाऊ। छूटल लोक बेद कै चाऊ।।
अवै न जाय रहै घर पूरा। सोई निरबानी बजावत तूरा।।
राम प्रताप तबहिं मन होई। सदा अनन्दित कबहिं न रोई।।
अक्षै वृक्ष नाम स्थाना। ताहि समावे पद तहँ नाना।।
त्रिबिध ताप है नाहिं शरीरा। ब्रह्म अखंड सदा रहु पूरा।।
निर्बानी सोई सहज समाई। प्रेम बिचारे अनुभव गाई।।
सुरति निरति कै रहनी धरई। सो निरबानी अमर नहिं मरई।।
सुधि बिसरो संसार न ब्यापै। चौरासी फिर कबहुँ न तापै।।
प्रेम प्रीति कै लगन लगावे। सुधि बिसरे भव कबहुँ न आवे।।
अगम अगोचर मिलुर हुस्वामी। अनुभव उदित अचल पद गामी।।
गुप्त सुपथु कै रहनी धरई। निरबानी सत लोक में तरई।।
लोभ मोह उनके नहिं होई। सदा निकल्प मगन रहु सोई।।
सत्य साहेब जब मनहिं समोई। कहै 'गुलाल' निर्बानी सोई।।

चौपाई

दण्डी सोई जो डग नहिं नावे। बिनु मुख तान गगन चढ़ि गावे।।
सत्य कै भेष बनावै सोई। निर्गुन जानै मनहिं समोई।।
अर्ध उर्ध वै मसले जानै। रहै निशंक मया नहिं मानै।।
मन कर कर्म अहै बहुतेरा। सत्गुरु मिलै तो हो निबेरा।।
ब्रह्म बिचार सत्गुरु कै दाया। सब संसय कहँ नाशि बहाया।।
लोक बेद कै नाहीं आसा। हरिदम साहेब नाम में बासा।।
रूप धूप वहाँ काहू न होई। सत्य ते दण्डि कहावे सोई।।
शुन्य सरोवर तारी लावै। रहै निशंक काल नहिं पावै।।
दण्डी डिम्भ आपु ते छोड़े। रहै निशंक कर्म सब मोड़े।।
इंगला पिंगला रहै हजूरा। दण्डी सोई बजावै तूरा।।
बिमल-बिमल तहँ बानी होई। दण्डी सोई कबहुँ नहिं रोई।।
अवै न जाय मरे नहिं जीवे। दण्डी सोई राम रस पीवे।।
थकित करे घर के बहु लोगा। निरभय होय के जानहु योगा।।
साफ होय सब काज सँवारी। अगम अगोचर लागी तारी।।
सबै सामने एकै सोई। हरिदम साहेब कबहिं न रोई।।
थरन बिबेक वहाँ कछु नाहीं। रहै आनन्द सोच कछु नाहीं।।
अवय न जाय मगन रस पीवे। दण्डी सोई पर्म पद जीवे।।
बहुत कर्म है यह संसारा। राम बिना भव पाव न पारा।।
प्राकृत कर्म वहाँ कबहूँ न होवे। दोजक धरे जन्म नहिं लेवे।।
सुधि बिसरे संसार न ब्यापै। जन्म मरन कबहीं नहिं तापै।।

साखी

बयराग भयो जब साहेबा, सबय मिटानो दुख।
कहै 'गुलाल' बयरागी जोई, हरिदम ताको सुख।।

योगी युक्ति जोग कय जाने। पाँचों चोर बाँधि घर आने।।
रबि शशि जानि एक घर मेलय। योगी युक्ति निरन्तर खेलय।।
अर्ध उर्ध कय तारी लावय। द्वादश उलटि गगन चढ़ि धावय।।
ब्रह्म द्वार होय रहो समाई। योगी युक्ति ताहि घर आई।।
वेद कितेब को पढ़ि-पढ़ि गोवै। केतो यज्ञ करि करि रोवै।।
यक साहेब सो रहै मुश्ताक। सो योगी युक्ति में पाक।।
प्रेम प्रीति सों साफ़ी धरे। सो जोगी कबहीं नहिं मरे।।
सुन्य सरोवर लावे तारी। रूप सँवारे आपु बिचारी।।
भजन भक्ति कै राह सँवारे। और देव सपने न निहारे।।
सुरति निरति कै कर्म बहु होई। बांचै काल कबहुँ नहिं रोई।।
कर्म धर्म नहिं जाने सोई। जोगी सोई निरन्तर जोई।।
रामहिं नामहिं हित सँभारी। सत्य प्रतीत टरत नहिं टारी।।
दुख सुख मोह उन्हें नहिं ब्यापै। सदा अखंड़ित त्रिबिधि न तापै।।
पूरन रहै घटि नहिं होई। साहेब मिलि रहु योगी सोई।।
सहज स्वरूप जगत महँ रहई। ताकी गति कोऊ जान न कहई।।
सुन्दर रूप बिराजत काया। रह निर्द्वन्द निकट नहिं माया।।
अवध न जाय राम रस पीवे। युग-युग योगी पद इमि जीवे।।
चर्म दृष्ट उनके फिर नाहीं। सदा राम मन धोखा जाहीं।।
जीवन मरदन न कबहीं होई। दोजक धरे जन्म नहिं लेई।।

साख़ी

सन्यासी सोई मानिए, जाहि ब्रह्म को सार।
कहै 'गुलाल' माया रत, भटकत फिरै गँवार।।

चौपाई

ब्रह्म बिचार बैरागी लहहीं। पाँच पचीस उलटि के गहहीं।।
द्वादस सम कय मगन जो रहै। सो बैरागी अनुभव कहै।।
पान अपान करे यक सँगा। गगन उठय ध्वनि लहर तरंगा।।
सुनत-सुनत मन निरमल होई। पाप पुन्य मेटय सब कोई।।
नवदर मून्दय दसयें रहै। सो बैरागी मजहम कहै।।
अर्ध उर्ध कय खबरे जाने। सुन्य सरोवर तम्बू ताने।।
रबि शशि दूनाँ सम करि पीवे। सो बैरागी युग-युग जीवे।।
बंक नाल कप खबरें जाने। रहे निशंक कपट नहिं ठाने।।
उनमुनि लावे बोले बानी। भरल पदारथ चारिउ खानी।।
जीव ब्रम्ह जब मेला भयऊ। पर्ज विचार अगम गति पयऊ।।
योग युक्ति जबब जानु शरीरा। सो बयरागी सतय फक़ीरा।।
नेम धर्म तथ काहु न करई। जेकरे जोति रइन दिन थरई।।
लहरि उठत तब ज्ञान बिचारा। त्रिविधि ताप भव उतरेउ पारा।।
बोल डोल वहाँ बबरन न जातीं अपने साहेब बरि रहु पाती।
सहज स्वरूपहिं पद तब होई। तेहि महँ मिलय बयरागी सोई।।
राम नाम कय अदल चलावे। सो बयरागी संत कहावे।।

चौपाई

तन मन सोधै धैके ज्ञानी। सत्‌गुरु शब्दहिं बचन प्रमानी।।
निरगुन की गति कैसे जानै। शशि अरु सूर एक घर आनै।।
सूर्य अन्त कै संझा आनैं। चन्द उदय तब राति पहिचानै।।
गर्जै गगन अरु उठई बानी। निशु दिन बरषै अमृत पानी।।
छकि-छकि अमल छकेउमन माता। पियत-पियत राम रस राता।।
माति रहो मन नाम अधारा। पुनि जनमै नहिं फिर संसारा।।
यक साहेब सो लायउ ध्याना। भै अडोल डोलत नहिं ज्ञाना।।
ज्ञान लहरि जोतिन कै धारा। समुद्र समानेउ कोटिन भारा।।
का बर्नो छबि शोभा भारी। कोटिन सर चन्दन बलिहारी।।
तीन लोक निशुदिन जेहिध्याया। सत्‌गुरु कृपा ते आपै पाया।।
ऐसो साहेब पायो जबहीं। समुद्र समानो अवगति तबहीं।।
पगल नाम मनुआँ बैरागी। रामहिं रँग रमेउ तन त्यागी।।
सदा अखंडित रहै निरासा। छोड़ेव जक्त ब्रह्म में बासा।।
सहज समानेउ कोउकोउ दासा। कहै 'गुलाल' तेहि यम नहिं पासा।।

साख़ी

स्वर्ग नर्क दुनियाहिं को, साधुन को नहिं काल।
राम कृपा सत्‌गुरु दया, जीतो दास 'गुलाल'।।

चौपाई

ज्ञान गौर गगन महँ रहई। बिकसै कमल उलटि कै गहई।।
इंगला पिंगला सुषमन सोधो। मन अहमक धै कै पर मोधो।।
पाँच नारि गावहिं तेहिं बानी। भरल सरोवर अमृत खानी।।
नाम निरंजन जानेउ तबहीं। शुन्य में जोति जगायउ जबहीं।।
जोति लहरि अति बर्नि न जाई। दसो दिशा में पूरन छाई।।
छत्र धरेउ तहँ मानिक बारा। अगम राम तहँ कोटिन तारा।।
ब्रह्म उजागर दिब्य सरूपा। तीन लोक के साहेब भूपा।।
परखि-परखि सत्य टकसारा। मिले प्रभुहिं कहँ ओई इयारा।।
आपु अपन में मन बैठायो। सोह शब्द रैन दिन गायो।।
गावन हार है देह न काया। गाँव न मोह न माया।।
मन बैरागी आतम धारी। कहै 'गुलाल' साहेब बलिहारी।।

साख़ी

रहसि-रहसि क्रीड़ा कियो, प्रभु अपनो लियो साथ।
कहै 'गुलाल' भाग्य बड़, बर पायो रघुनाथ।।

चौपाई

थकित भयो तब नौ दस नारी। अलख पुर्ष सों लागी तारी।।
रोम-रोम अति विकसित काया। बोलत बानी अनुभव गाया।।
उमगेउ ज्ञान रतन तहँ झरई। आनन्द जोति रैन दिन बरई।।
ऐसी रहनि धरो गुन ज्ञानी। सदा अखंडित अन्तर जानी।।
नेम धर्म उनके का करई। जिनके जोति रैन दिन बरई।।
बरन बिवेक जाति नहिं पाँती। एके जोति और नहिं खाती।।
थीर भयो मन घर में जबहीं। कारन ताको लागु न कबहीं।।
सत्य सरूप रहै जग माहीं। उनके शोच काहु की नाहीं।।
हरषि-हरषि गावहिं बहु बानी। गलि-गलि मिलरहु सारंग पानी।।
माना रूप धरहि वै छाया। मिलो ब्रह्म निकट नहिं माया।।
अलख पुर्ष सों कीन्ह इयारी। फरेउ कर्म भयो नाम भिखारी।।
कहै 'गुलाल' हम कछु नहिं जाना। सत्गुरु कृपा मिलो भगवाना।।

साखी

चौपाई

काया परचै जानहु प्रानी। अजपा जाप मुक्ति कै खानी।।
सिधि अरुसाधुज पहिं मन लाई। निशु दिन जपत है अनभौ गाई।।
जपत है ब्रह्म अरु बिष्णु महेशा। सुर नर नाग जपतु हैं शेशा।।
रामचन्द्र जपेहु सुख देवा। जपो है कृष्ण पाण्डु कर सेवा।।
जिन यह जाप जपो गुरु देवा। गुरु मिलै तब साहेब सेवा।।
निशु दिन अमृत बोलै बानी। अगम अगोचर नव निधि खानी।।
शीतल बचन बोलहिं वै बैना। पल-पल निर्खत साहेब नयना।।
उनकी कथा कही नहिं जाई। देखत साहेब और न भाई।।
पल-पल नामहिं रहत सँभारी। कहै 'गुलाल' उनकी बलिहारी।।

साख़ी

राझि राझि नामहि रती, सत सन्तोष अहार।
कहै 'गुलाल' सत रूप होय, उतरि गयो भव पार।। 978

चौपाई

प्रेम पन्थ में जो नर चढ़ई। एकै ब्रत तेहि हृदये धरई।।
धै अनुराग लगन धुनि लावै। अनहद धुनि-धुनि घंट बजावै।।
जप तप संजम नेम न काजा। प्रेम दीप जागै मन गाजा।।
तिरबेनी तिर लावहु ध्याना। द्वादस उलटि के गगन समाना।।
सत्य सरूप बोलै तहँ बानी। सिर बिनु बैठल देखै ज्ञानी।।
निरखि निरंजन लै तहँ लावै। मिलत-मिलत जिव ब्रह्म मिलि जावै।।
मिलेऊ ब्रह्म एक तब भयऊ। प्रेम लगल तब को बिलगयऊ।।
लागल प्रेम भयल जिव थीरा। धधकत जोति झरत तहँ हीरा।।
राम रमै यहि बिधि जो जानै। कहै 'गुलाल' मनुआँ धै आनै।।

चौपाई

शशि अरु सूर्य मूल नहिं बाता। उलटि अमरपुर चढ़ै अकाला॥
झिमिझिम बरसै मानिक मोती। झिलिमिलि नूर अनमपुर जोती॥
गरजै गगन दामिनी दमकै। तँह शब्द दसौं दिश चमकै॥
करि अनुराग लगन तँह लावै। अनुभव उदित फूल वह पावै॥
हंस नाम रतन कै खानी। बिमल-बिमल मन बोलै बानी॥
उठै शब्द तँह अनुभव गाजै। पाँच पचीस तीनि उलटि बिराजै॥
एकै ब्रह्म और नहिं सत्ता। आनन्द रूप मिलै कविलासा॥
सन्तन की गति बरनि न जाई। कह 'गुलाल' मानौं ठकुराई॥

साखी

एक नाम बिन नहिं जपै, खलक सबै हैरान।
कहै 'गुलाल' जानै नहीं, भ्रमत फिरहिं मसान॥

चौपाई

यह संसार सकल जग अन्धा। माया मोह कर्म ते बन्धा॥
नेम धर्म आचार जो करहीं। आशा लागि कल्प के मरहीं॥
उपजत बिनसत मर्द बखेड़ा। पलटत बस्त महल नहिं पेड़ा॥
जन्म मरन नहिं सूझत अन्धा। पाप अरु पुन्य कर्म ते बन्धा॥
कर्म सुकर्म न चीन्हत चैन। राम बिना नहिं पावहु चैन॥
सकल सयानप है सब नाना। सब स्व नर्क अघोर में बासा॥
जिन गुरु भेद नहीं पहिचाना। औंधे गति मिलिहैं नहिं आना॥
यह संसार सयानप धना। कहै 'गुलाल' इन्हैं बौराना॥
अब ते सन्त राम की आए। सतगुरु कृपा किए अपनाए॥
तब सन्तन के सेवा कीन्हा। प्रेम मकरन्द निति चढि चीन्हा॥
जिन के संग मिलो अविनाशी। सब जीवन के घट-घट बासी॥
साधु संगति किमि कहौं भाई। जिन के संग अगम गति पाई॥

चौपाई

या तन नेह पवन लव लावै। सत्‌गुरु शब्द अगम जौं पावै।।
सहज शुन्य तहँ उठै अघोरा। सुनि धुनि थकित भयल मनमोरा।।
पैठि पताल नाभि तहँ सोधो। शशि अरु शूर उलटि कै बोधो।।
बिकसेउ कमल भयउ परगासा। काटि कर्म भयो जोति में बासा।।
कहै 'गुलाल' तहँ चित्त समाई। उदित चन्द छबि बर्नि न जाई।।
सुषमन सहज बहै तहँ नारी। गगन गुफा में लागी तारी।।
झरत अधर अमृत रस धारा। मनुआँ भरि-भरि लेत करारा।।
नाम समुद्र तहँ उठै अपारा। लोक बेद दोनों ते न्यारा।।
सुरति जहाँ तहवाँ ले जाई। मनिगन भूषण रतन लदाई।।
उनमुनि धुनितह रेखन स्वासा। होत निरंजन रूप अकासा।।
कहै 'गुलाल' सो प्रभु हमारा। एक भयो तब कौन बिचारा।।
कै बिचार मन सहज समाई। तन मन डालि रहो लव लाई।।
चारिउ फलहिं अभै तहँ पाई। नवधा भक्ति हृदय तब आई।।
कै बैराग ब्रह्म मन लावै। निशु दिन नौबति ढोल बजावै।।
मृत होत तहं बाजत तूरा। कय संग्राम जीव भा शूरा।।

साख़ी

शूर भयो दावा गयो, मारि चढ़ो मैदान।
कहै 'गुलाल' सोई सन्त है, निसि करि उगवै भान।।

चौपाई

चाँद सूर्य एकै गृह आनी। तिरबेनी तट निर्मल पानी।।
उलटेउ पवन तब चढ़ेउ अकाशा। सहज शुन्य दीपक परकाशा।।
उठत गुञ्ज तहँ अनहद बाजा। लै कै जाति छत्र सिर छाजा।।
स्वेत सिंगासन अनुभव गाजा। अनन्त रूप निर्गुन तहँ राजा।।
प्रेम प्रीत कै नेह लगाऊ। सुरति निरति मिल पद तहँ पाऊ।।
जोग युक्ति करहु नर जानी। साफ भयो मन बोलत बानी।।
कहै 'गुलाल' सतुगुरु तहँ मेला। एक भयो तहँ गुरु न चेला।।
देख रूप मन चित तहँ लाया। सुभग स्वरूप निर्मल भयो काया।।
काम क्रोध अरु मया न मोहा। उदित नूर सिर ऊपर सोहा।।
अनभूती अनभूत है देवा। तीन लोक जाकर करु सेवा।।
सेवत नहिं अन्तर जानी। भटकत फिरत मुअत नर प्रानी।।
प्रेम प्रीत प्रभु चरनन लावहिं। पूजहिं पत्थर जन्म गँवावहिं।।
दान पुन्य कर करत है आसा। मरत जिवत चौरासी बासा।।
वनखंड भूख पियास जे मरई। करत कपट माया मन धरई।।
एक नाम जिन नहिं पहिचाना। भ्रमत फिरत सब भये दिवाना।।
दुरमति मन ते सब बिसराऊ। कहै 'गुलाल' करु जोग कै चाऊ।।

साखी

चाव करो नर अलख पति, धरो न दूजो नाँव।
कहै 'गुलाल' सतुगुरु मिले, बसहु अमर पुर गाँव।।

चौपाई

गाँव कियो छै पुर तब छाया। जीव न सीव न काल न काया।।
शब्द स्वरूप अखंड सो बानी। अगम बेद बर्नत का जानी।।

झूलहिं बावरि योग परिचै शुन्य में धुनि लाय।
झूलहिं थीरू भक्ति सँगे सुरति निरति समाय।।
झूलहिं यारी जीव हरिदम लगो सोहं तार।
झूलहिं केशव भाई बूला नाद के झंकार।।
झूलहिं गुरु गुलाल जी निज आतमा दर्शाय।
झूलै भक्त अनन्त प्रभु के नीर छीर बिलगाय।।
सकल सन्तन बिनय सुनिए करहु यह उपकार।
भक्ति अबिरल झुल दीजै 'भीखा' रुचि अधिकार।।

आदिमूल यक रूखवा हो, तामें लागो तीन डार।
ता बिच यक स्थूल है, शाखा बहु बिस्तार।।
और न बर्नी आवै हो, छाया अपरंपार।
माया मोह व्यापक भयो, सूझै वार न पार।।
सत्गुरु नावल हिण्डोलवा हो, सुरति निरति गहेसार।
झूलहिं पाँच सोहागिन हो, गावहिं मंगलचार।।
पौंढ़ेव अगम हिण्डोलवा हो, सत्य शब्द निरधार।
झूलत झूलत सुख उपजै हो, केवल ब्रह्म बिचार।।
अबकी बार यह अवसर हो, मिलै न बारंबार।
फिर पीछे पछतैहो, हो, होत छूटै बिकरार।।
योग युक्ति हिण्डोलवा हो, ताहि मिलै करतारं।।
आवागवन निवारहु हो, फिर न होय औतार।
साधु संगति को मेला हो, झूलै नाम अधार।।
योग युक्ति कै हिण्डोलवा हो, सत्गुरु सहज लखाव।
चाँद राखि सूर चड़ावल हो, पव के डोरि धई पाव।।
अर्ध उर्ध मुख धावल हो, पुलकि पुलकि छबि भाव।
गगन मण्डल गुन गावल हो, सुरति निरति समाव।।
यहि बिधि 'भीखा' मन लावल हो, आतम रूप दर्शाव।।

सत्गुरु शब्द हिण्डोलवा हो, सुनि मन अनुराग।
झुलत गुनत रुचि भावल हो, जिय चकृत उठ जाग।।

सुरति सों निरति मिलि ध्यान अजपा जपो,
ज्ञान को घोड़ लै शुन्य धावै।
स्वेत परकाश अकाश में झूलि रहो,
चित्त भँवर तहँ जाय पावै।।
वहाँ गुञ्ज अनहद गूँजै नाम तबहीं गूँजै,
प्रेम भरिपूर नाहिं अनत जावै
कहै 'गुलाल' फकीर सोई सूर है,
मौज कै खेल में खेल पावै।।

भक्ति परताप तब पूरि सोई जानिए,
धर्म औ कर्म से रहत न्यारा।
राम सों रमि रहो जोति में मिलि रहो,
द्वन्द संसार को सहज उतरा।
भर्म भव मारि कै क्रोध को जारि कै,
चित्त धरि चोर को कियो यारा

शुन्य के मोकाम जिकिर सौदा करै,
गरजि घन गरजि घन गरजि भारी।
फूल अनभव फुलै भौंर तामें झुले,
फूल नहिं भौंर नहिं गति न्यारी।
शब्द सोहं उठै जीव तामें बसै,
शुषमना सहज तहँ बनत नारी।
पैठि पाताल आसमान को छेदि कै,
ब्रह्म सों ब्रह्म भयो ब्रह्म भारी।
रहत आशंक ताडंक अनभौ दियो,
ज्ञान भौ पूर नहिं सुरति टारी।
कहै 'गुलाल' सतूगुरु सो पूर हैं,
छत्र सिर फिरो दिया कर्म यारी।।

तहँ होत अनहद नाद धुनि। सुनि सहज चित्त लगाय।।
बृगसि कमल अनन्त शोभा। भँवर रहै लोभाय।।
अर्ध उर्ध को उलटि चलिए। सुखमना ठहराय।।
गंग यमुना मिलि सरस्वत। पद्म दरशन पाय।।
शुन्य शिखर समाधि बैठो। योग युक्तिहिं पाय।।
डालि तन मन चढ़ो सिर दै। जोति लहरि नहाय।।
अति अथाह अपार देखो। नयन नाहिं समाय।।
पाँच तीन पचीस त्यागो। वाणि निर्गुन गाय।।
आदि अन्त औ मध्य छोड़ो। अगम गति जो आय।।
चौथे पद पर बैठ योगी। मौज ढोल बजाय।।
जग्यो प्रेम जो नेम चरणन। साधु संगति पाय।।
त्यागि कर्म सन्ताप तन को। पाप दियो बहाय।।
मारि ममता मन बिचारो। हँस रूप कहाय।
कहै 'गुलाल' अतीत सोई। जो यह रहनि समाय।।

हिण्डोलना कर्म झुलावन हार।। टेक।।
पाँच तीन पचीस ध्यावहिं। नेक नहिं ठहराय।।
पाप पुन्य को बीज लै करि। बोवहिं खेत बनाय।।
जन्म उत्तम पाय करिहो। माया परल भुलाय।।
रामनाम न जान भोंदू। चल्यो मूल गँवाय।।
पुहुमि नीर अकाश झूलहिं। झुलहिं मारुत चन्द।।
ब्रह्म बिष्णु महेश झूलहिं। झूलहिं सूर फणिन्द।।
तैतिस कोटि देव झूलहिं। मोह में लपटाय।।
बज्र बाँध को बाँध बाँधो। सबै बाँधि नचाय।।
जोगी यती औ सिद्ध झूलहिं। दसो दिसा में छाय।।
झूलहिं जे नारद आदि मुनिवर। पार काहु न पाय।।
सावित्री लक्ष्मी गौरि झूलहिं। मया को फैलाय।।
हन्स बृखभ औ गरुण झलूहिं। थीर कबहुँ न आय।।
अर्ध उर्ध और मध्य धारा। झूलो त्रिकुटी जाय।।
गगन मध्ये सुरति माण्डो। जोति दियो है जगाय।।
झूल-झूलि न जाय प्रभु जी। अब मोहिं झूलाय।।
जन 'गुलाल' जी शरण आए। राखु चरण लगाय।।

हिण्ड़ोलना झूलहिं निर्गुन अषार। झूलत उठै झनकार।।
ज्ञान कै रचो है खटोलना हिण्ड़ोलना। सुरति कै डोरि लगाय।।
अर्ध उर्ध दोउ खम्भ हिण्डोलना। पौढ़ु गगन में जाय।।
पौढ़ु जे गगन हिण्डोलना। नाम कै डंक बजाय।।

होरी बिलावल

सहज धुनि होरी खेलो भाई ताते जन्म मरन नहिं पाई।।
होत अघात अकाश महामह दसो दिशा रहु छाई।
आतम नारि सखिन सँग गावहिं अनहद ढोल बजाई।।
बिकसित बदन निहारे प्रभुजी को आनन्द नाहिं समाई।
कहे 'गुलाल' हम प्यारी प्रभु सँग घरही होरी आई।।

राग होरी

राम रँग होरी खेलो जाई फिर पाछे पछिताई।। टेक।।
यह तन फागु रचो पर्मारथ अवधि बदो दिन ठाई।
काल अग्नि जब मस्तक जरि है छुटि है सब चतुराई।।
अगर गुलाल कुमकुमा केसरि चेत अबीर उड़ाई।
इंगल पिंगल दोनों भरत उर्ध मुख छिरकत प्रभुहिं बनाई।।
दुइ बिधि फागु बनो या बृज में जिन जैसो तैसो भाई।।
कहे 'गुलाल' यह अगम फागु है बिनु सतगुरु नहिं पाई।।

अधर रँग फगुआ मन खेलै हो।
अहो मोरे ललना रबि शशि दोनों सँग मेलो।। टेक।।
मन बैराग चित चोर जे धैके नेह निरन्तर लाई ललना।
पाँच पचीस तीन मौआसी पकरि गगन ले जाई।।
शुन्य नगर आसन मार्यो अद्भुत भेख बनाई ललना।
ब्रह्म बिश्नु शिव तहाँ नहीं है फागु बरनि नहिं जाई।।
नादहिं बिन्दहिं गाँठि परो है ज्ञान कै जोति समाई ललना।।
उठ्त लहरि अनन्त राग तहँ अनभौ चाँचरि गाई।।
आवागवन रहित जबहीं भयो यम सिर डंक बजाई ललना।।
कहै 'गुलाल' काल जग खैहै मरिहै हमरि बलाई।।

प्रेम नेम चाँचरि रचो रँग होरे रँग होरी।
पुलकि-पुलकि प्रभु पास राम रँग होरे होरी।। टेक।।
चाँद सूर उलटेउ चलेव रँग होरे होरी।

सतगुरु सँग होरी मन खेलै हो।
अहो मेरे ललना अनहद तूर प्रेम बजाई।। टेक।।
काया नग्र में होरी खेलो, प्रेम की परलि धमारि ललना।।
पाँच सखी मिलि चाँचरि गावहिं, प्रभु जी की बलिहारी।।
सहज कै फागु परो निशुबासर, भरि छूटै पिचुकारि ललना।।
नाद बिन्दुहिं गाठि परो जब, परलि परस्पर मारि।।
तारी देइयाँ देइ भाँवरि नावहिं, एक ते एक पियारि ललना।
तत्त्व अबीर उड़ावत कर धरि, कहूँ कोउ न सम्भारि।।
अब खेलो मन महा मगन होय तन मन सर्ब सँवारि ललना।
कहे 'गुलाल' हम प्रभु सँग खेलल, पूजलि आस हमारि।।

मोर पियवा नाहिंन गाँव। होरिया से कैसे खेलन जाँव।।
हाथेलै पिचु काके सरिया भरि के लै-लै धाँव। भल जोब नवाँ में डाल तल जाँव।।
छैला न मानत डहरिया धरै ठाँव। ऐसन नगरिया मैं कैसे के समाँव।।
गाँव लोगवा मसखरिया धरै नाव। उड़त अबिरिया फगुनवाँ धै लैजाव।।
कहै 'गुलाल' सत्य पिया मन भाव। फागुन दिहल प्रभु अपने हो नाव।।

खेलोंगी फागु लगाय, अपने सइयाँ सँग।। टेक।।
नयन बयन दूनों कहँ गहाय, सुरति पिचुकरिया रे रँचा भिजैलाबनाय।
प्रेम अबीर जगर मगर लगाय, झूम-झूम रहो रँग समाय।।
सखिया सहेलरि झूमक नाय, सेऊ न रहल थिर परो मुरझाय।
कहै 'गुलाल' मोरे कहल न जाय, ऐसन फगुनवाँ अरे सबै समाय।।

मनुआँ मोर भयल रँग बाउर, सहज नगरिया कयल गई ठाउर।
उदित चन्द झरै ले तहाँ मोती, जरत अमिय आवा नाम कै जोती।।
अँगना बोहार कै बाँधल केशा, कैलो सिंगार गैलों पिया के देशा।
आनन्द मंगल बाजत तूरा, फरल लिलरवा भइलिउँ पिया के हजूरा।।
कहै 'गुलाल' नाम रस पाय, मग्न भयल जिव गइल बलाय।।

होरी खेलो प्रभु जी से प्रीत लगाय।।
सब सखियन एक मता मति कियो है, फागुन बर्नि न जाय।
काया नग्न में होरी खेलों, ससि अरु सूर समाय।।
प्रेम जड़ित पिचुकारी छूटत, नौबति दै-दै गाय।
दसों दिशा चाँचरि धुनि होवै, तत्त्व अबीर उड़ाय।।
इंगला पिंगला दोउ रास बनावै, सो सुख बर्नि न जाय।
थकित भयो सुधि बुधि हरि लीन्हों, तन मन सबै भुलाय।।
कहै 'गुलाल' हम होरी खेले, हरि सों गांठि बँधाय।।

07:38

साख़ी

भेष की लज्जा नहिं करहिं, सेहँतत फिरंत हैं घूर।
अमृत फल कहँ छोड़ि के, सेवत काठ बबूर।।

चौपाई

बाई तत्त्व महँ बाई। सत्‌गुरु मिलै भेद जौं पाई।।
बाई पर्बल बहै जल धारा। पियत नीर बाई धरि मारा।।
शशि अरु सूर भयल जब पूरा। उलटि कवल बाजै तहँ तूरा।।
तत्त्व बाई मिलि चढ़ेउ अकासा। शुन्य नगर बैठक कबिलाशा।।
गगन गरज अनहद तहँ बानी। तत्त्व बाई मिलि रहत समानी।।
उदित चन्द छबि निरखि अकासा। बाई तत्त्व भयल तहँ नासा।।
बंकहि नाल चढ़ेउ जब हाथा। पैठि पताल शेष तब नाथा।।
कहै 'गुलाल' यह योग अपारा। जो बूझै सो गुरु हमरा।।
द्वादस मात्रा रहनि हमारी। सुषमन बैठ यंत्र नौ नारी।।
ज्ञान गूदरी भजन मुरारी। मेखलि माला कंठा डारी।।
तरंग ताखि और शोभा भारी। सहजहिं सेल्ही शुन्य कै तारी।।
मुद्रा मगन औ चलन अपारी। चन्द्र तिलक कच्छ चक्र बिचारी।।

मगन मन झूमरिया, नर खेलहु फागु बनाई।
अष्ट कमल फूलित भयो, रस झूमरिया।।
भँवर करै रस पान, राम रस झूमरिया।
अर्ध उर्ध मधि खेलहिं, रस झूमरिया।।
सुषमन सहज निवास, राम रस झूमरिया।
बंक नाल चढ़ि गयो, रस झूमरिया।

जाई आदि अन्त मध्य सोय। जीव पवन मन रहो न कोय।।
शब्द ब्रम्ह भयो सुन्ध लीन। 'भीखा' राति न तहवां दीन।। 1032

चेतत बसबंत मन चित चेतन्य। योग युक्ति गुरु ज्ञान धन्य।।
उर्ध पखारेउ पवन घोर। दृष्ट पलानेउ पूरब ओर।।
उलटि गयो थकि मिटल दाह। पश्चिम दिशा कै खुललि राह।।
सुन्य मँडल में बैठु जाय। उदित उजल छवि सहज पाप।।
जोति जगामग झरत नूर। वहाँ निशु दिन नौबति बाजततूर।।
झलक झनक जिय एक होय। मति पान अपान को मिलन सोय।।
रूह अलख नभ फुलेउ फूल। सोइ केवल आतम मूल।।
देखत चकृत अचरज आहि। जो वह सो यह कहौ काहि।।
'भीखा' निज पहिचान लीन। वह साकि ब्रम्ह सरूप चीन।। 1033

बोलो मन मैना राम राम। जौ निज सुख चाहो अराम।।
तजु बिषया करू भजन साज। काल धरे सिर रूप बाज।।
झपट करैगो एक दिन। जौं न होहु हरि के अधीन।।
राम राम सम बली न कोय। कोटि सुभट महाबीबर होय।।
आ भक्ति जितो कबब भक्तिहारि। हरनाकुश मारो ओद्र झारि।।
भक्त विभीषण गात गात। तेहि रावण मारेउ कूदि लात।।
चलन कियो हरि पास जोग। जो कहु भयो सो जानत लोग।।
ग्राह ग्रसेउ गजरात पाप। दुखित भयो जल नाक आय।।
आरत है हरि हरि पुकार। 'भीखा' तेहि काढ़ो मुरारि।। 1034।।

खेलत बसन्त मन ब्रह्म योज। सहज मउज बड़ि करत रोज।
कबहुँ के लघु कबों बड़ अकार। कबहुँ सुक्षम कबों मोट भार।।
कबहुँ निडर कबों डर के बीच। गुप्त कबों-कबों प्रगट नगीच।।
कबहुँ मौन कबों बोलत माहिं। श्रवन को सुख सो तो नगन नाहिं।।
कबहुँ अधर मुसुकात गात। दृष्ट को सुख सुख क़हि न जात।।
रमिता रमि रहो सकल ठौर। आपे आपु न दूजो और।।
कहुँ श्याम गौर पित ललित भेष। निज 'भीखा' सोई रँग रूप देख।। 1034।।

तुम बगि भजन क्यों न कीजे आय, छजित छम छमे।
होरी जात है समय मानुष, फिर न पैहो अस तन तने।। टेक।।
गत विषयारति भक्ति भाव में, नव नूतन छवि खन खने।
राम को नाम फांग परि पूरण, सत संगति रस बन घने।।
सतुगुरु भयो है दयाल जाहि पर, सो सुख सोवहु जन जने।
ज्ञान विवेक विचारत निशु दिन, योग युक्ति कर सन सने।।

राग कान्हरा

करतार आपे उदार प्रभु तूँ, अकल काल कला करी।
आपुहिं जलन, आपुहिं थलन, आपुहिं पवन, बोलत मउन।।
आपुहिं देवत, आपुहिं सेवत, आपुहिं रिझत, आपुहिं खिझत।
आपुहिं सृजत, आपुहिं नसत, प्रभु खाली तूँ आपुहिं भरी।।
आपुहिं चरित्र बिचित्र ऐसो, 'भीखा' न पहुँचे कोऊ कैसो।
प्रभु सरन हौं मैं आ परी, कीजै दया हे नरहरी।।403।।

भजि लेहु सुरति लगाय, ककहरा नाम का।।टेक।।
क–काया में करत कलोल, रैनि दिन सोहं बोलै।
ख–खोजै जो चित लाय, भरम को अन्तर खोलै।।
ग–ज्ञान गुरु दाया कियो, दियो महा परसाद।
घ–घुमड़ि घहरात गगन में, घटा अनाहद नाद।।
न–नैन सों देखो उलटि कै, ठाकुर को दरबारी।
च–चमत्कार वह नूर, पूर सन्तन हितकारी।।
छ–छिन माँ भनि तिन कर्म गयो है, जीव ब्रह्म के पास।
ज–जै जै शब्द होत तिहुँपुर में, सुद्ध सरूप अकाश।।
झ–झकोरि झपाक झपटि, नर समय गँवाई।
न–नहिं समुझत निज मूल, अन्ध है दृष्टि छिपाई।।
ट–टंड संकट में ग्रसित है, सुत दारा रह साई।
ठ–ठठाय मुसकाय हँसत है, मनहु परल निधि पाई।।
ड–डावांडोल का फिरहु, नेकु तुम समुझहु भाई।
ढ–ढरके जबहीं बुन्द बपूश की, खबरि कतहुँ नहिं पाई।।
न–नमो नमो चरनन नमो, धरो नाम कै ओट।
त–तन्त माल सब राखि लीजिए, कबहुँ परत नहिं टोट।।
थ–थकित भयो थहराय, ज्ञान जब हृदये आया।

चौपाई

भीखा नाम सो एक कहावै। दूजो सब कछु भर्म बहावे।।
राम नाम परमातम कहिए। आतम रूप अनन्त न लहिए।।
अन्त सो एक अनन्तन माया। माया ते रम एक समाया।।
एक अनन्त अनन्त सो एका। माया धारै रूप अनेका।।
भीखा नाम भजन सो कहई। राम भजन में कोउ-कोउ लहई।।
नाम अनादि एक स्थूला। दूजे अविगति शब्द है मूला।।
तीजे भये अनाहद तुरिया। त्रिगुन तहाँ पवन मन गुनिया।।
नाम को आदि अन्त कछु नाहीं। भीखा लाभ सो सत्गुरु पाहीं।।
सत्गुरु जाको नाम लखावे। सोहं शब्द सो अविगति पावै।।
नाम अनाहद आदि अकासा। पाँचो मुद्रा नाम प्रकासा।।
नाड़ी कमल जहाँ लगि कहिए। एकै नाम सकल तन लहिए।।
आतम राम नाम सो जापे। दूजो भर्म कै दे नहिं तापे।।
भीखा निकट नाम दर्साई। कहाँ भरमि बहुते दुर जाई।।
निज स्वरूप सो नामै अहई। बोलत नाम सो आतम कहई।।
सत्गुरु शब्द सुनै जो सरना। राम नाम परे नाम न ज्ञाना।।
रमिता राम बोलता नामा। जो रमता सो बोलत धामा।।
राम सो एक नाम बहुतेरा। नाम एक रमिता को फेरा।।
अबिगति शब्द सन्त पहचानै। यहि बिधि राम नाम को जानै।।

साख़ी

राम नाम कछु अन्त नहिं, एक ब्रह्म आधार।
देह भर्म के सँग ते, दोबिधा नाम अकार।।

नाम राम ते अधिक को, राम धरी निज देह।
तब देखो जो दृष्टि भरि, राम धाम गयउ तेह।।

अन्तर ध्यान प्रभू भयो, तब देखब को नाहिं।
भीखा नाम सदा रहै, जपैं सन्त मन माहिं।।

शब्द ब्रह्म एकै जब भयऊ। जीव आत्मा कहाँ तब गयऊ।।
हे सतगुरु कहि ब्रह्म मिलावहु। आतम जीव सहित समुझावहु।।

साख़ी

सुरति मिलाओ निरति में, जीव सीव को मेल।
दोबिधा भाव मिटाइए, एक अलख को खेल।।

चौपाई

जब गुरु संज्ञा युक्ति बतावै। सहजै सुरति निरति को पावै।।
जैसे सागर बुन्द समाना। सागर भयउ अकार बिलाना।।
तैसहिं शब्द समुद्र कहावै। जीव बुन्द को अन्त न पावै।।
शब्द ब्रह्म जब आतम माहीं। नाम समुन्द्र दुतिय कोउ नाहीं।।
'भीखा' संसय मन कै व्याधी। ब्रह्म रूप निज लाव समाधी।।
दूजा कपट छोड़ि चतुराई। आपै आप निरंजन पाई।।

साख़ी

भीखा दूसर है नहीं, केवल एकै नाम।
दूसर माया मूढ़ है, मन उनमेख निकाम।।

एक पवन के थकि गए, सकल क्रिया थकि जाय।
तब लग मन धावन रहै, जब लगु पवन समाय।।

चौपाई

'भीखा' यही सुरति मन जानो। सत्य एक दूसर मति मानो।।
हे प्रभु जी यक करते ढिठाई। कहत बात जिव बहुत डेराई।।
योग मता नहिं मुनि ठहरावैं। यामें भर्म सन्देह बतावैं।।
साच कहैं कि मिथ्या जानी। सहित बिचार कहिए निज बानी।।
सहज समाज सुगम ठहरावैं। शब्द स्वरूप आत्मा बतावैं।।
शुध स्वरूप सो केहि बिधि जानी। सहज समाधि कैसे पहिचानी।।

'भीखा' यह मन है बड़ भारी। ताते एक युक्ति उर धारी।।
प्रानायाम ते मन बसि होई। तन में संसै रहै न कोई।।
जब लग पौन तबै मन मानौ। साँस बिना मन ब्रह्मै जानै।।

साख़ी

मन बसि सतूगुरु ज्ञान ते, सकल क्रिया होय सिद्ध।
भीखा युक्ति अनेक है, मन माया करि बिद्ध।।

दया करैं गुर जाहि पर, कृपा कटाक्षै होय।
'भीखा' जोग सकल भयो, मन कै दुरमति खोय।।

सुरति निरति मेला भयो, जीव सीव भयो एक।
मन माया धावन छुटै, केवल ब्रह्म विवेक।।

चौपाई

सुरति निरति को भेद बताओ। कैसे सुरति निरति लयलाओ।
सुरति मिलै जब निरति हो जाई। सुरति कै खोज कहाँ तब पाई।।



योग की युक्ति पाय सुरति औ निरति लाय,
नाद बिन्द में समाय 'भीखा' लायो आसना।।

आदि अन्त मध्य एक नाद बिन्दु सम कै टेक,
सब घट शुद्ध ब्रह्म देखत अकाश है।
काहे को भर्म करै जन्मि जन्मि के मरै,
भजत नाहिं हठि करिके जौ लों तन सास है।।
निज सुख यही जानो दोबिधा नहिं भाव मानो,
अलख अलेख देखो आपुही में बाद है।
चित्त ज्यों चकोर लेवैं चन्द्रमाँ को दृष्ट देवै,
आतमा प्रकाशी ज्ञान 'भीखा' निजु पास है।।

ज्ञान उनमान करि चीन्ह ले अमान धरि,
गुर परताप खुलो भर्म को कपाट है।
चाँद सूर एक सम सुरति मिलाय दम,
इंगल पिंगल रँग करि सुषमन माठ है।।
पूरब पवन जोय पश्चिम की राह होय,
गंग अरु यमुन संगम त्रिकुटी की घाट है।
पान औ अपान आसमान ही में थी होवै,
'भीखा' शब्द ब्रह्म को अकाश शुन्य हाट है।।

भूलो हाट ब्रह्म द्वार काम क्रोध अहंकार,
रहत अचेत नर मन मया गागो है।
अलख अलेख रूप आतमा है भेख धरे,
कस न पुलकि जीव ताही पन्थ ही में लागो है।।
अकथ अगाधि ओय अनभव फल होय जोय,
निशही में भोर मानो सोय उठि जागो है।
बाजै अनहद मारू उभै दल मोक्ष झारु,
सुरा खेत मारि रहो 'भीखा' कूर भागो है।।

जौ पै कोऊ राम नाम चित धरै।
तन मन धन नेवछावरि वारो, सहज सुफल फल फरै।।
गुरु प्रताप साधु की सँगति, योग युक्ति उर भरै।
इंगला पिंगला सुषमन सोधै, ज्ञान अग्नि उदगरै।।
चन्द सूर्य्य यक ग्रह करि, उलटि उर्ध अनुसरै।
माद बिन्द का जूह गगन में, मन माया तब मरै।।
आठ पहर नौबति धुनि बाजै, नेकु पलक नहिं टरै।
'भीखा' शब्द यह सुनत अबुध बुध, हर्ब को अमरख करै।।323।।

शब्द

अस साहेब दीन दयाल कहूँ कोउ नाहीं।
बड़ा प्रभुत्त प्रताप बली प्रभु अचरज किम कहि जाहीं।।टेक।।
माया ब्रह्म ब्रह्म कै माया, हरि तरि असल की छाही।
महा प्रलय प्रभु सुन्य निरन्तर, निद समाचि सुख माहीं।।
बहु काल बितेऊँ फार उठो प्रभु, मौज सकल फैलाहीं।
प्रथम आप ब्रह्मा तन धारी, शिव आप बिशनु गुण पाहीं।।
चाँद सूर तारा सुमेर प्रभु, नयन रोम नख बाहीं।
पृथ्वी तेज पवन पानी नभ, सागर त्रासत डेराहीं।।
चारि खानि चर अचर रटा प्रभु प्रगट निज न देखा हीं।
मानुष रूह चेतन्य पाई जड़, जल बुन्द होय बिनसाहीं।।
हरि अनन्त हरि एक आत्मा, व्यापक सम दरसाहीं।
'भीखा' सोई एक राम कृष्ण की, भजन बिना पछताहीं।।

करि कर्म हरिहि परवानो फल सानो न।
प्रभु मिलन हेतु प्रगटानो काहू मानो न।।
सब साहेब आपु आपनो काहू जानो न।
प्रभु अनहद धुनि घहरानो काहू कानो न।।
प्रभु प्रेम भक्ति को बानो काहू गानो न।
प्रभु ब्यापक पुर्ष पुरानो काहू ज्ञानो न।।
प्रभु सर्व रूप भगवानो कोउ आनो न।
मन 'भीखा' भर्म भुलानो काहू पहिचानो न।।225।।

समय जुन आवन सो आई। मन कहेहु ते नहिं पतिआई।।
युग वर्ष मास दिन पहर धरी। छन देह अवधि नियराई।।
मुर्ख तदपि नहिं चिन्ता मानो। करतल भौ अमराई।।
सुर नर मुनि गन्धर्व अरू दानव। काल कर्म दुख पाई।।
ब्रम्हा विश्नु शिव सनकादि आदि दे। प्रभू डर को न डेराई।।
अमर चिरंजिव लोमस समता। दिन पर त्रास जनाई।।
'भीखा' निभौं राम सरन यक। का कियो बहुत सिधाई।।

मौज हरि जानत को जानी। मन समुझ नहिं अभिमानी।।
निर्गुन ब्रह्म निरंजन देवा। सेवा पर पहिचानी।।
योग जाप तप दान नेम करि। थकि मुनिवर ज्ञानी।।
पान अपान उद्यान ब्यान करि। बिसरेउ सारंग पानी।।
अपरम्पार पार परमेश्वर। अविगति अकथ कहानी।।
अवढर ढरन ढरे प्रभु जापर। ताकर भाग्य बखानी।।
'भीखा' व्यापक रूप सकल घटी। पूरन चाखि खानी।।

तुम धनि-धनि साहेब आपै हो। तहवाँ पुण्य न पापे हौ।।
जत निर्गुन तत सरगुन केवल। व्यापक तुम पर तापे हौ।।

रमिता राम तूँ अन्तर जामी। सोहं अजपा जापे हौ।
ए द्वै ब्रम्ह निरन्तर बासी। प्रगट रूप निरापे हौ।
चहुँ युग कृत्य कृत्य किया तुम। जेहि सूकर सिर थापे हौ।
'भीखा' शिशु अवलम्ब राबरो। तुमहिं मया मम खापे हौ।

हे मन राम नाम चित धौवे।
काहे इत उत धाई मरतु है, अवशि भजन प्रभु कौवे।।
गुरु प्रताप साधु की संगति, नाम पदारथ खौवे।
हरिदम सोहं शब्द उठतु हैं, विमल-विमल धुनि गौवे।।
सुरति निरति अन्तर लै लाओ, अनहद नाद गगन गर्जौबे।
रमिता राम सकल घट व्यापक, नाम अनन्त एक ठहरौबे।।
जहाँ गयो जग सोयर टूटो, तीन तान गुनये गुन नौवे।
जन्म स्थान खानपुर बोहना, सेवत चरन भिखा नन्द चौवे।।

राम जन्म मन असकति कैसी।
आजुहिं कालि समै बीतत है, अभय छोड़ि भय भरम लेवै सी।।
आतम पुरुष दृष्ट पतिवर्ता, औरि देवा सेवा घर पैसी।
सकल सन्त को मति याही है, आप कृष्ण दरसाई जैसी।।
शास्त्र मत को ज्ञान कहत है, मत विज्ञान कहा गुरु तैसी।
'भीखा' पलखत परैं कबों नहिं, पायो भक्ति संजीवन ऐसी।।

ऐसो राम कवनि विध जानी।।
दृष्ट मुष्ट कबहूँ नहिं आवत। जन्म मरन जुग बहुत सिरानी।। टेक।।
अगम अगोचर बसत निरन्तर। जाके शीश पाप नहिं पूनी।।
निर्गुन निर्विकार सुख सागर। अपरम्पार अखंडित बानी।
ईश्वर कै कोई नहिं मूरति। थाके सकल खोज मुनि ज्ञानी।।
अलख को लखै अदेख को देखै। व्यापक पूरन चारिउ खानी।
निरंकार निरू पाधि निरामै। ''भीखा'' रँग न रूप निशानी।।

जो कछु है सो है प्रभु तुमही।
दूसर मुख नहिं कहही न गुननी ।। टेक।।
स्वारथ बस काम अंध न सुनही।
विषै धनुष सर आतर धुनही।।

मन तुम नाम न भजहु सवेरो।
पहर दुपहर तीसरे ऊपर हे होय जात अवेरो।।
लागो खड़ा होय जीव जमा सों है केवल हित तेरो।
भर्म घुघट पट खोलि बिचारों सहजहिं मिटै अधेरो।।
सत्गुरु नयन सयन को परचो होत न लागत देरो।
अंचरज महा अलौकिक रचना देखत निकटहिं नेरो।।
सहज समाधि कै चाह करो तौ आपा परहि निबेरो।
खोजत-खोजत कोउ पार न पावहि सुर-नर बहुँतेरी।।
तुरिया शब्द उठत अभि अन्तर सोहं-सोहं टेरी।
पुरवहि लिखेउ अक्षर अनमूरति आपहि चित्र चितेरो।।
स्वर्ग जहाँ लगु रूप तुमारों जल थल बन गिर हेरो।
कहै "भीखा" यक धन्य तुम्ही हौ तट पर देवँ केहि केरो।।

राग सोहर

निर्गुन अरम्पार सो रहत निरन्तर हे।
ललना सगुन विदित भए आई कहूँ नहि अन्तर हे।।

छन्द

अन्तर कहूँ नहिं सर्व पूरन एक छत अमले कियो।
थपन उथपन जासु काल प्रताप डर सब के हियो।।

श्री राम जी के नाम का

क - कहरा

सन्तो भजि लेहु सुरति लगाई क-कहरा नाम को

(क) कयाम करत कलोल रइन दिन सोहँ बोलै।
(ख) खोजै चित लाय भरम को अन्तर खोलै।।
(ग) ज्ञान गुरू दया कियो दियो महा परसाद।
(घ) घमंड घहरात गगन में घंटा अनहद नाद।।
(न) नयनन से देख उलटि ठाकुर दरबारा।
(च) चमत वह नूर पूर सन्तन हित कारा।।
(छ) छेमान त्रिन कर्म पायो है जीव ब्रह्म के पास।
(ज) जै जै शब्द होत तिहुँ पुर में सुध स्वरूप आकास।
(झ) झ-झकोर झबार झपटि नर समैं गँवाई।

योग युक्ति करि परिखन लागो समुझत बार न पार ललना।
नेकु दृष्ट में आव जवहीं तब पिरा में खभार-।।
उधि-उधि घुमि-घुमि उलटी गयो है धुनि सुनी चढ़त पहार ललना।
शुन्य शिखर पर जाप चढ़ो है खुलि गयो भरम केवार।।

निशु बासर नहिं चन्द उगो है, अचरज रूप हमार।
ज्ञान ध्यान तहवाँ न लगो है 'भीखा' गुरू चरन समाय।। 1055।।

सत्य शब्द उठन लगे है अनभव घर्निन जाप ललना।
अति आनन्द उमंग भयो है ता पद् जिय लगल बनाय।।
सुनत सुनत तन ताप गयो है छुटि गयो कर्म बलाय।
नाँद बिन्दु की जूह भयो है मनुआँ तहाँ लोभाय।।
पृथ्वी गगन सब एक भयो है आपै त्रिभुवन राय।
दूसरे दुष्ट न आवै 'भीखा' चरन समाय।। 1056।।

जग नाम प्रकाश अकार धरे जड़ आतम राम खेले होरी।
काम क्रोध मद् लोभ ग्रसित ना आपु नरक बोरी।।
गति विषयारत भक्ति भाव जहँ ज्ञान ध्यान रस रँग घोरी।
सन्तन सभा चोआ अरू, कुमकुम प्रेम वचन छिरकत रोरी।।
सतुगुरु हाट बिकाय लियो प्रभु दान दियो बन्धन छोरी।
योग युक्ति अभ्यास भरो लैं अर्ध उर्ध सुषमन झोरी।।
सुरति निरति, लवलीन भयो सम जीव सीव दोनों जोरी।
ब्रह्म सरूप अनूप दृष्ट भरि निज पति देखि मिलो गौरी।।
अगम अगोचर नूर झलाझल सोहं तार लगो डोरी।
कहै 'भीखा' मेरो ऐसो साहेब मन माया अँखुआ तोरी।। 1057।।

यक पुर्ष पुरान चहूँ युग में मिलि आतम रात खेलें होरी।
रँग लगो फगुआ रस बसि भयो माया ब्रह्म दुओ जोरी।।
जग परिपंच करम अरुझो नर सबई कहत मोरी मोरी।
नाम पदारथ भूलि गयो है ग्रीवा फँसेउ भरम डोरी।।
कोउ योग युक्ति रस भेष पाइकै सुरति निरति रँग लै बोरी।
बाजत अनहद ताल पखाउज उमगि प्रेम आनंद चोरी।।
सतुगुरु शब्द अवीर कुमकुमा भाव भरी झोरी-झोरी।
'भीखा' दिव्य दृष्टि करि छिरकत पलकन नूर चुअत ओरी।। 1058।।

होरी सो खेले जाके सतगुरु ज्ञान विचार।
यहि सिवाय जो और करत हैं ताकों जन्म खुआर ।। टेक।।

चौपाई

चन्द्र सूर्य को मत कह दीजै। घर कौने पर सुमिरन कीजै।।
चन्द्र अरु सूर्य कहत हैं काको। सहित युक्ति समझात्य ताको।।
रैन दिवस जे आवहिं जाहीं। ऊगै चन्द्र सूर्य की नाही।।
हे सतगुर मैं निपट अनारी। योग कठिन सुनि डरत भिखारी।।

साखी

कहौ कृपा करि भेद प्रभु, चन्द्र सूर्य को भाव।
जेहि प्रकार साधक लहै, गहै तुम्हारो पाँव।।

जेहि बिधि मन को बोध है, तौन युक्ति ठहराई।
केवल तुम्हरे चरण को, 'भीखा' आस लगाई।।

चौपाई

सुनिए चन्द्र सूर्य को भेवा। आसन नाक पुरे पर सेवा।।
चन्द्र सूर्य ब्रह्माण्ड के बासी। रैन दिवस वहि करत प्रकासी।।
नाक के पूरे दोउ अस्थूला। वाम चन्द्र सुर दाहिन मूला।।
चन्द्र राखि के सूर्य चढ़ावै। इंगला पिंगला सुखमन जावै।।
यक थाभै करि कोशिश लाई। सुन्य भए पर जिए अकुलाई।।
मेंटे सुन्य भयो उँजियारा। बासर सूर्य लियो अवतारा।।
भयो प्रकाश जीव सुखदाई। अन्धकार डर सकल बहाई।।
सूर्य बिसैगै बासर मन्दा। निसि में आनि उग्यो तब चन्दा।।
'भीखा' वह मति मैं नहिं मानों। रैनि में सूर्य उगै तब जानो।।
उगै चन्द्रमा बासर माहीं। आगे योग युक्ति कछु नाहीं।।

साखी

चन्द्र सूर्य को खेल यह, बिरला जानै भेव।
'भीखा' राति दिवस तहँ, चन्द्र सूर्य नहिं केव।।

केवल ब्रह्म प्रकास है, आतम बोध बिचार।
'भीखा' जानहु मर्म यह, सोहं नाम हमार।।

श्रीगुरु दया

चौपाई

योग अगम गम गरु सों मेला। समुझत कहत सो करत सुहेला।।
स्वाँस असाध्य साधि यों आवै। चन्द्र राखि के सूर चढ़ावै।।
तब लग थम्है स्वाँस जब फूलै। फूल देखि मन भँवरा भूलै।।
अन भौ फूल अनाहद बाजा। ध्वनि सुनि मगन जीव होय राजा।।
फूल घोंटि जब फलहिं समावै। यहि बिधि योग पुरुष को पावै।।
योगी यहि बिधि युक्ति बिचारै। फल प्रापति ध्वनि नाद उचारै।।
'भीखा' यहि बिधि हिर्स नसाई। मन उन मेष छूटि तब जाई।।

साख़ी

ध्यावै यहि विधि ब्रह्म को, निर्गुन मति निरधार।
भीखा मानहु सत्य करि, जिय करि तजो खभार।।

देखहु आपै आप में, ब्रह्मरूप समुदाय।
दिव्य दृष्टि करि देखिए, अंग अंग समुझाय।।

दसकन्धर सिर काटन हारा। बीभीषण को प्रान पियार
नामै आदि नाम है अन्ता। 'भीखा' तव अबहूँ बरतन्ता

साखी

योग युक्ति अभ्यास करि, सोहं शब्द समाय।
'भीखा' गुरु परताप ते, निज आतम दरसाय।।

नाम पढ़ै जो भाव सों, ताकहँ होहि दयाल।
'भीखा' को कृपा कियो, नाम सुदिष्ट गुलाल।।

चौपाई

नामै चाँद शूर दिन राती। नामै कृतम कै उतपाती।
नाम सरोस्वति यमुना गंगा। नामै सात समुद्र तरंगा।
नामै गहिर अगूढ़ अथाहा। असरन सरन के चरन निहारा।
मूल गाइत्री औ ॐकार। ताम तुरिया सम सुछमसार।
पलक दरियाव परो हरिनाम। नामै ठाकुर सालिग्राम।।
शिव ब्रह्मा मुनि सब के नायक। बिठल नाथ साहेब सुखदायक।।
नामै पानी नामै पवना। र रंकार मंगल सुख खना।।
नामै धर्ती नाम अकास। नामै पावक तेज प्रकास।।
नाम युक्ति गुर नामै दाता। नामै अज विज्ञान विधाता।।
नाम सुमेर महा गम्भीर। नामै पारस मलयागीर।।
नाम अशोक शोक सों रहिता। कलपद्रुम नामै को कहिता।।
नामै रिद्धि सिद्धि को करता। नामै कामधेनु होई भरता।।
नाम अर्ध उर्ध होई आए। चारि खान महँ नाम समाए।।
धन्य राज धननजै सोई। नामहिं अगन गनै कोई।।
नामै प्रानायाम कहाए। सोहं-सोहं नामै गाए।।
नामै सुन्दर नूर जहूर। नामै लामें निकट हजूर।।
नाम अनाद एक को एक। 'भीखा' शब्द सरूप अनेक।। 499।।

साखी

हमरो मनुआँ बड़ा अनारी। साहेब सों नहिं करत चिन्हारी।।
प्राणायाम न युक्ति बिचारी। अजपा जाप न लायो तारी।।
भ्रमते. अजर न खोल केवारी। निज स्वरूप नहिं देखु मुरारी।।
पान अपान मिलन सँवारी। गगन गवन नहिं शब्द उचारी।।
सुन्य समाधि न चेत बिसारी। यह लालसा उर बड़ी हमारी।।
सर्ब दान गुरु दाता भारी। जाचक शिष्य सो लेत 'भिखारी'।। 357

मन छोड़हु सकल उदासी।
राम को नाम तीर्थ घटही में, दिल द्वारिका काया काशी।।
करते जग अपनो कर बांधो, त्रिगुन डोर की फाँसी।
भिन-भिन निज गुरु बरतावत, काहु कै कछु न सिरासी।।
तेहिते कनक कामिनी अरुझो, हरि सो सदा निरासी।
अनतै नयन श्रवन अनतै है, रसना अनतै साँसी।।
ब्रह्म सरूप अनूप भूप वर, शोभा शिव कै रासी।
केवल आतम राम बिराजत, परमातम अविनासी।।
अपरम्पार अखण्डित पूरन, अकथ कथो नहिं जासी।
सो प्रभाव प्रगट सत संगति, योग युक्ति अभ्यासी।।
सतुगुरु ज्ञानवान जेहि मारो लगो मर्म अरु गाँसी।
घायल घुरमित उलटि गयो त्यों चेतनि उदित प्रकासी।।
जग समुद्र नउका नर देही कन हरि गुरु बिश्वासी।
अमृत हरि को नाम संजीवन, चाखत छकि न अघासी।।
वेद वेदान्त सन्त मुख भाषहि, धन्य जो नाम उपासी।
मन क्रम बचन जो हरि रँग राते, तजो जक्त उपहांसी।।
जो एकै व्यापक आतम तौ, को ठाकुर को दासी।
ब्रह्म स्वरूप है साहेब सेवक, दिब्य दृष्ट है खासी।।
अलख राम को लखय सोई, जो, भर्म भीत को धासी।
साई योग योगेश्वर ध्यानी, जाकी रहन अकासी।।
हरि सों प्रीति निरन्तर दिन-दिन, छूटी भूख प्यासी।

सदा तुम साहेब दीन बन्धु सुखदाई।
निर्गुन निरंकार निरंजन, अंजन धरि बपु आई।।
गोपी जन मन हरन कृष्ण जू, सब अभिलाष पुराई।
सेवरी को फल जूठो पाए, लय बैकुंठ पठाई।।
राम रूप होय रावण मारो, लंक बिभीषण पाई।
भक्त बछल करुणा मय केशो, ग्राह ते गजहि छोड़ाई।।
जहाँ-जहाँ गाढ़ परै हरिजन को, तहँ-तहँ करहु सहाई।
सभा माँह कियो अनट दुशासन, द्रोपति चीर बढ़ाई।।
ध्रुव को ध्यान अचल करि दिन्हों, सकल सन्देह मिटाई।
जा पर करहु कटाक्ष दयानिध, सुजस तिहूँ पर गाई।।
अजपा जाप सकल घट बरतै, चेतनि ब्रह्म कहाई।
सोईं सन्त अचल पद पावे, जाकहँ देहु देखाई।।
सोहं शब्द उठत निशु बासर, अपनी पैज बढ़ाई।
तुम कर्ता गुरु गोबिन्द साहेब, जाकहँ उदय कराई।।
अगम अपार निरन्तर बासी, अन्त कतहु नहिं भाई।
जन 'भीख' तेहिं भजै कवनि बिध, सरन-सरन गोहराई।।

येरी मन चाहत दृष्ट निहारी।
सुरति निरति अन्तर लय लाओ, निज स्वरूप अनुहारी।।
मंत्र किसी देवता का ध्वनि स्वरूप है, और यंत्र उसका आरेखीय निरूपण है। मूल मंत्र अजपा है, यानी वह जिसका उच्चारण नहीं किया जाता। श्वास लेते समय हम सूक्ष्म ध्वनि 'सह' उत्पन्न करते हैं, और श्वास छोड़ते समय सूक्ष्म ध्वनि 'हम' उत्पन्न करते हैं। ये दोनों ध्वनियाँ मिलकर अजपा मंत्र 'सोहम' या 'हंसा' बनाती हैं, जो निरंतर उच्चारण से उलट जाती है। इस बिना उच्चारण वाले मंत्र का मौन उच्चारण करने के लिए किसी विशेष प्रयास की आवश्यकता नहीं होती। सोहम को प्रणव मंत्र 'ॐ' के समान माना जाता है। ॐ में तीन अक्षर होते हैं: 'अ', 'उ' और 'म'। यद्यपि इन तीनों अक्षरों का उच्चारण हमेशा एक साथ 'ॐ' के रूप में किया जाता है, इसलिए इसे एक अक्षर मंत्र भी कहा जाता है।

मूलार (पारंपरिक हंस के स्थान पर) ओम को अजपा के रूप में मानते हैं। संस्कृत में, सामान्यतः ओम को एकअक्षर माना जाता है; परन्तु जैसा कि पाणिनि ने बताया है, इस शब्द में 'अ' और 'उ' का संयोजन, सामान्य नियम का अपवाद है, इसलिए इसका उच्चारण 'औ' होता है, जो एक द्विकवाच है। तमिल भाषा में यही सामान्य नियम है।

अजाप: प्रत्येक व्यक्ति की श्वास लेते समय 'सह' की ध्वनि उत्पन्न होती है और छोड़ते समय 'हम' की ध्वनि। ये दोनों ध्वनियाँ मिलकर 'सोहम' बनाती हैं - 'मैं और वह' या 'हंस:', जिसका अर्थ है 'महान हंस'। दिन-रात में ऐसी 21,600 श्वासें होती हैं (अर्थात प्रति मिनट 15)। प्रत्येक जीव अचेतन रूप से, लेकिन निरंतर इस जप का अभ्यास करता है। इसे अजाप गायत्री कहते हैं। यह अजाप जप मूलाधार, अनाहत और आज्ञा में किया जाता है। सभी जीव प्रतिदिन एक निश्चित संख्या में इस अजाप मंत्र का निरंतर और अचेतन रूप से जाप करते हैं। परन्तु योगी को इसका सचेतन रूप से जाप करना चाहिए और संख्या गिननी चाहिए। अजाप की संख्या दोगुनी करने से (अर्थात प्रति मिनट 30 श्वासें बढ़ाकर) मनोन्मिणी (मन की स्थिरता) की अवस्था प्राप्त होती है। इस प्रक्रिया में कोई नियमित रेचक और पूरक नहीं हैं।" देखें घेरंडा संहिता, वी 84-96, हठ योग में उद्धृत, थियोस बर्नार्ड द्वारा, पृ. 55, 56 पी.

1. अजपा

'अजपा' शब्द सहज ध्यान की एक विशेष विधि को संदर्भित करता है। श्वास की गति से उत्पन्न 'हम' और 'सह' ध्वनियाँ ही मंत्र का निर्माण करती हैं, इसलिए कुछ भी बुदबुदाने की आवश्यकता नहीं होती... एन.एन. भट्टाचार्य, तांत्रिक धर्म का इतिहास, पृष्ठ 403

English ⇄ Hindi

Send to Translate Home Select all Listen

Are these results useful? Yes No

रहस्यत्वात् सङ्केतभाषयोपासकानुजिघृक्षया विवृणोति-

हंसः सोऽहं मन्त्रमयैः श्वासनिकायै-
यां गायत्री जन्तुषु सर्वेषु पिनद्धा ।
सन्नाविरभूद्वासनया य-
स्तं सन्मार्गं मत्तमयूरं गुरुमीडे ॥ १॥

हंस इति । प्राथमिकसृष्टौ यद्बिन्दुत्रयं प्रादुरभूत् । तत्र बिन्दुः पुमान्; विसर्गः प्रकृतिः; ताभ्यां क्रमेण स्वस्य विशिष्टौ हकारसकारावुत्पन्नौ । सोऽहं हंसः, स त्वजपानामको मन्त्रः । तस्यैव वैपरीत्यकथनेन सोऽहमितिपरमात्ममन्त्रः; परमात्मनि योगे तु, "पराप्रासादमन्त्रः" इत्यादिशारदायां चरमपटलेऽन्यत्र चोक्तम् । तदिदं परस्परभिन्नमन्त्रपञ्चकमुच्छ्वासनिश्वासरूपम् ।

"उच्छ्वासे चैव निःश्वासे हंस इत्यक्षरद्वयम् ।" इति वचनात् ।
स च मन्त्रः सर्वैः प्राणिभिः अहोरात्रसंमिते काले षड्शताधिकैकविंशतिसहस्र(२१६००)मावर्त्यते । सोऽयमनायासेन जपः तथात्वेन ज्ञानमात्रेण मोक्षप्रदत्वात्सर्वमन्त्रोत्तमः । तदुक्तम्-
"हंसः पदं परेशानि प्रत्यहं जपते नरः ।
मोहान्धो यो न जानाति मोक्षस्तस्य न विद्यते॥

श्रीगुरोः कृपया देवि ज्ञायते जप्यते ततः ।
तस्माच्छ्वासैश्च निःश्वासैस्तदा बन्धक्षयो भवेत्॥

अजपा नाम गायत्री योगिनां मोक्षदायिनी ।
तस्या विज्ञानमात्रेण नरः पापैः प्रमुच्यते॥

अनया सदृशी विद्या चानया सदृशो जपः ।
अनया सदृशं पुण्यं न भूतं न भविष्यति ॥"
इति च तदुपासनेतिकर्तव्यता शारदायां चतुर्दशे पटले, अन्यत्र च विस्तृतेति नेहोच्यते । गुरुदेवतामन्त्राणामैक्यं च, ते सर्वे श्वासाः नाथरूपा एव ।

कहे जीवाराम धाम निज पावे, उतरे परली पार॥4

भजन राग माण्ड

अवसर बीता जाय तमाम, नर तज आलस भज राम॥ टेक
नौ दस मास गर्भ में झूले, मल मूत्र में मुकाम।
माता कष्ट बन्ध्यो तन तेरो, रात दिवस एक धाम॥1
रक्त बिन्दु का पिण्ड बना है, ऊपर जड़ रही चाम।
कदर करे तो अमोलक हीरो, नहीं तो धूल निकाम॥2
लख चौरासी में भटकत भटकत, नरतन मिला विश्राम।
यज्ञ योग पुन्न दान भजन कर, यो मुक्ति को ठाम॥3
भक्ति करो भूल सब छोड़ो, जो चाहिए आराम।
कहे जीवाराम धाम निज पावे, कर सुकृत शुभ काम॥4

कुण्डली

शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध, चित मन बुद्धि अहंकार।
इनका सुभाव सुधार के कर स्मरण हर बार॥
कर स्मरण हर बार तार त्रिकुटी लागे।
खुले भर्म का पाट जोत दसों दिस जागे॥
पांच विषय अन्तःकरण इन्द्रियां बैठे हार।
जीवाराम निज स्वरूप का तब पावे दीदार॥

भजन इमन ध्वनि

योगी साधे योग ध्यान को, निशदिन ध्यान लगाता है॥टेक
मूल कमल का मज्जन करके, आसन पदम लगाता है।
खट चक्कर का मार्ग सोधे, नाभि कमल पर आता है॥1
हृदय-कमल में शिव शक्ति है, शिव स्मरण धुन ल्याता है।
कंठ कमल कला कुदरत की, उलटा प्राण चढ़ाता है॥2
गंगा जमुना बहे सरस्वति, ता तीरथ में नहाता है।
त्रिकुटी में झिलमिल झलके, जिनका दर्शन पाता है॥3
सुन्न महल में जाय बिराजे, तन की सुध बिसराता है।
जीवाराम ऐसा वो योगी, फेर जन्म नहीं पाता है॥4

कुण्डली

अपान वायु गुदा में, समान नाभी जान।

ईश्वर है गुरुदेव मृग वाहनो 2।
गन्ध सुगन्ध दो अहार रहना छानो॥
चौपाई– गोल आकार आठ अंगुल चाले।
साठ श्वास बीस पल हाले॥
नकशा जान द्वार दो भाई।
तिरछी चाल समझ चितलाई॥
शेर– चलना बलना ध्यावना स्पर्शना अकुंचना।
वायु की प्रकृति पांच यह इनमें कुछ भूल ना॥
समझ यह (यं) बीज सुशब्द रटौ ओंकारा है।
चलता है स्वभव लिखे तत्व सार है॥
मिलान– मिला यह वायु तत्व का अर्थ सुनो तुम ज्ञानी॥2
मरहठी– तेज तत्व का पित्ते में स्थाना 2।
रुद्र इनका गुरु लाल रंग माना॥
या चार अंगुल की नाप ऊपर को जाना 2।
है लोभ मोह दो अहार कहूँ बखाना॥
चौपाई– शब्द स्पर्श रूप है भाई।
ये तीन गुण तेज तत्व के माई॥
नव्वे श्वास तत्व का होई।
तीस पल श्वास में रहाई॥
शेर– आलस्य निद्रा कान्ति क्षुधा तृषा भाई।
यह पांच प्रकृति तेज की लिखी शास्त्र माई॥
(र) बीज त्रिकोन आकार स्वाद चरपरा जोई।
भक-भक इनका शब्द है समझे भेद जन कोई॥
मिलान– इनका जलता बलता स्वभाव करें यह हानी॥3
मरहठी– जल का बासा भाल सफेद बखाना 2।
विष्णु हैं गुरुदेव (बं) बीज कर जाना॥
मैथुन अहार शील स्वभाव पाई 2।
शब्द स्पर्श रूप गुण जल माँई॥
चौपाई– खारा स्वाद चुल चुल बोले।
समझे सन्त शब्द कोई तोले॥
ऐसा अर्ज सुनो चितलाई।

भजन राग रसिया ताल

माने सतगुरु देव दयाकर, सच्चा ज्ञान बताया रे॥टेक
प्रथम विवेक वैराग बताके, अति समझाया रे।
खोली गांठ अज्ञान की, सत राह बताया रे॥1
खट सम्पति कर-कर निर्णय, वो दरशाया रे।
शम दम श्रद्धा समाधान, आदि सुन पाया रे॥2
मुख्य मारण दो मुक्ति के,. यह बतलाया रे।
एक कर्म और ज्ञान, भर्म तम दूर हटाया रे॥3
श्री भजनानन्द सतगुरु मिलिया, सोता ने जगाया रे।
जीवाराम कृपा सतगुरु की, स्वरूप समाया रे॥4

भजन राग रसिया ताल

मने सतगुरु सामरथ पाया, आत्म ज्ञान लखाया रे॥टेक
जनम भरण देही को धर्म, यूं समझाया रे।
आत्म अचल सदा अविनासी, यूं बतलाया रे॥1
भूख प्यास प्राणों का धर्म, यूं स्वरूप नशाया रे।
हर्ष शोक सब मन का संकल्प, चित भरमाया रे॥2
शब्द, स्पर्श, रूप रस, गन्धा, यह दरशाया रे।
पांच तत्त्व से अलग आत्मा, रूप लखाया रे॥3
अनन्त जुगा का सुता जीव को, आन जगाया रे।
जीवाराम भयो नित आनन्द, निज पद पाया रे॥4

भजन राग पूर्वी

म्हारा सत गुरु बड़ा ही, दयाल दया कर स्वामी सैन दई॥टेक
करुणा कर निज दास पे, बहता की पकड़ी बांय।
अपना कर बैठावियो, चरण कमल की छांय॥
सुधि सत घर की दई॥1
मल विक्षेप आवरण हृदा में, तीनो दोष विचार।
कर्म उपासना ज्ञान दुवारे, भाग्या भर्म में अंधार॥
परख तत्व पद की भई॥2
घट घट आत्म सोहं आत्म, नहीं बात यह झूठ।
अखण्ड भान सम भयो उजालो, गई कवड़ियां खूट॥

प्राण वायु उर बसे, उदान नाग कंठ में मान॥
उदान नाग कंठ में मान, कूर्म वायु नेत्रों के माहीं।
कृकल दिल के बीच, देवदत्त छाती के ठाहीं॥
धनञ्जय वायु शरीर को सदा फुलाता है।
जीवाराम लिख व्यान वायु देही को घुमाता है॥

भजन राग इमन वा ध्वनि

पांच मुद्रा योग भल साधे, सोही परम पद पाता है॥ टेक
जिभ्या उलट खेचरी मुद्रा, तालू बीच लगाता है।
गगन मंडल से अमृत झरता, सो योगेश्वर पीता है॥1
नासिका स्थान भूचरी, साँसा में सोहं ध्याता है।
अगोचरी स्थान श्रवना, ररंकार धुन धरता है॥2
चाचरी स्थान में नेत्रां, उलटी दृष्टि जमाता है।
अखण्ड उजाला होये भवन में, तिमिर नजर नहीं आता है॥3
उनमुनी स्थान ब्रह्माण्ड, सुख सुपने सम छाता है।
जीवाराम अमर वो जोगी, अभय अमर घर पाता है॥4

भजन राग भैर स्थाई वा राधेश्याम

परा प्रशन्ति मध्यमा बेखरी, इनका अर्थ सुनो भाई।
चारों बाणी बिरले जाणी, ये सतगुरु से हम पाई॥टेक
बाणी बेखरी नेत्रों में है, स्थूल भोग हैं तत्व सार।
क्रिया शक्ति रजोगुण गुण है, ओ३म् मात्रा है अकार॥
शुभिच्छा तनु मानसा, तीजी भूमि बिचारना बिचार।
विश्वे अभिमानी ब्रह्मा देवता, ऋग वेद का है विस्तार॥
जाग्रत अवस्था बाणी बेखरी, मुक्त सलोक्या इसमें थाई॥1
मध्यमा बाणी कंठ में समीप, मुक्त का है उपकार।
सतोगुण है विष्णु देवता, ओ३म् मात्रा है उकार॥
सत्वापति भूमि तेज से अभिमानी, सूक्ष्म भोग कहे उचार।
स्वप्न अवस्था यजुर्वेद है, इनको लिखे सन्त हुशियार॥
यही अर्थ सन्त सब भाषे, सोही सत्य कहूं गाई॥2
हृदय स्थान प्रशन्ति बाणी, आनन्द भोग सुषुप्ति लार।
द्रव्य शक्ति तमोगुण कहिये, ओ३म् मात्रा है मकार॥

बल्कि संत मत में जो प्रेम और भक्ती का मारग है इसमें अकसर औरतें ज़ियादा जल्दी फ़ायदा उठाती हैं क्योंकि उनमें कुदरती प्रेम और भाव अंग ज़ियादा है। इस वास्ते जैसे कि हर एक काम को स्त्री और पुरुष मिल करके करते हैं और शास्त्र में स्त्री को अर्धांगी कहा है इसी तरह संत मत में भी स्त्री और पुरुष का बराबर अधिकार है। और आज कल हुज़ूर राधास्वामी दयाल की ऐसी भारी दया जीवों पर है कि वह स्त्री और पुरुष दोनों को बराबर उपदेश देते हैं। पुरुष को सतसंगी और स्त्री को सतसंगिन कहते हैं। और बाज़ी इज़्ज़तदार नेक और पाक स्त्रियाँ इस वक्त़ में बहुत ऊँचे दरजे पर पहुँची हुई हैं॥

प्रश्न ४६—सुरत शब्द जोग का अभ्यास किस तरह किया जाता है॥

उत्तर—जो शब्द ऊँचे देश से नीचे देश को घट में आ रहा है और जिसकी आवाज़ हर एक मनुष्य के अन्तर में हर वक्त़ जारी है उसमें सुरत यानी रूह को साथ तवज्जह के जोड़ कर ऊपर को चढ़ाते हुए पिंड और ब्रह्मांड के पार दयाल देश में पहुँचाना सुरत शब्द जोग का अभ्यास करना है॥

प्रश्न ४७—जब शब्द की धार नीचे आ रही है तो उसके सहारे सुरत की धार ऊपर को किस तरह चढ़ेगी॥

और सचौटी के साथ जितनी दफ़ा और जितनी देर बन सके ज़रूर करना। सतगुरु वक्त की सेवा उनकी मरज़ी के मुवाफ़िक़ सच्चे मन से सच्चा भाव लेकर करना। माँस, मदिरा और दूसरी नशे की चीज़ों को काम में हरगिज़ न लाना। जहाँ तक हो सके सतसंग में हुज़ूर राधास्वामी दयाल के हाज़िर होना और जो ऐसा सतसंग न मिल सके तो अकेले बानी का थोड़ा पाठ बिचार २ कर और उसको अपने ही ऊपर घटा कर ऐसा ख़याल करके कि सतगुरु हमसे ही कह रहे हैं करना। कुसंग यानी संसारियों के संग से हमेशा बचते रहना। समय यानी फ़ुरसत के वक्त को व्यर्थ न खोना, जितना और जहाँ तक जल्दी हो सके बाहरमुखी बातों से हट कर अन्तरमुख बृत्ती करना और फ़ज़ूल और नामुनासिब चाहें संसार के धन, मान और भोगों की प्राप्ती के वास्ते न उठाना॥

प्रश्न ५३—अंतरमुखी और बाहरमुखी बृत्ती किस को कहते हैं॥

उत्तर—सुरत जो इन्द्री द्वारे बाहर के संसारी पदार्थों में लिपायमान हो रही है उसको बाहरमुखी बृत्ती कहते हैं, उसको अंतर में उलटाना और संसारी पदार्थों से हटाना और मालिक के चरनों में सच्चे हो कर प्रेम प्रीत और भाव करना और उसके नाम और धाम और स्वरूप की हर वक्त याद करना इसको अंतरमुखी बृत्ती कहते हैं॥

है यह मत न फ़ायदा करेगा और न उनकी समझ में आवेगा—संतों ने इस मत को सुरत शब्द जोग कहा है॥

प्रश्न २—सुरत किस को कहते है॥

उत्तर—जैसे संतमत अथवा राधास्वामी पंथ सब मतों की जान है ऐसेही सुरत सब पिंडों और पदार्थों की जान है—इसी को रूह या जीवात्मा कहते हैं—इसी के बल से सब पिंड, मन, इन्द्रियाँ वग़ैरह अपना अपना काम कर रहे हैं—इसी में सारे संसार की विद्या और कारीगरी भरी हुई हैं—जो जिस तरफ़ सच्चे मन से और मिहनत करके तवज्जुह करता है वह उसी तरफ़ से अनगिनत अद्भुत शक्तियाँ हासिल करके अपनी मनोकामना पूरन करता है—पिंड के अन्दर सुरत का असली स्थान और ठहराव आंखों के पीछे है और उसका भंडार आदि शब्द में है॥

प्रश्न ३—आदि शब्द किस को कहते हैं॥

उत्तर—आदि शब्द सब का करता और मालिक है—इसी को आदि नाद और आवाज़ ग़ैब कहते हैं—वेद के स्थान से जो शब्द प्रगट हुआ है उसको अनहद और शब्द ब्रह्म कहा है—फ़ारसी में हुक्म मालिक का और क़ुदरत कुल कहा है—ईसाई मत में लिखा है—कि आदि में कलाम अथवा शब्द था—शब्द मालिक के साथ था—और शब्द ही मालिक था—शब्दकी महिमा सब मतों में है—पर उसका भेद किसी मत के ग्रन्थों में नहीं है—संतों ने शब्दों की तफ़सील, उनका भेद

३—तीसरा सोहं पुरुष का शब्द ॥

४—पारब्रह्म का शब्द जिसकी सहायता से तीन लोक की रचना ठहरी हुई है ॥

५—ब्रह्म शब्द जो कि प्रणव है और जिससे सूक्ष्म यानी ब्रह्मौंडी वेद और ईश्वरी माया प्रगट हुई ॥

६—माया और ब्रह्म का शब्द जिससे तिरलोकी की रचना का मसाला तैयार हुआ ॥

माया शब्द के नीचे बैराट पुरुष का शब्द और जीव और मन का शब्द प्रगट हुआ ॥

आज कल अव्वल तो अभ्यास ही नहीं है और जो कहीं कहीं है तो नीचे के शब्दों का—अकसर अभ्यासी बैराट शब्द को ही करता शब्द मानते हैं ॥

प्रश्न ४—ऊपर लिखे हुये घट के अंदर के शब्द और बैखरी यानी ज़बानी शब्द मैं कुछ फ़र्क है या नहीं ॥

उत्तर—हां फ़र्क है-पहिला सूक्ष्म दूसरा स्थूल शब्द है-पहले को धुन्यात्मक और दूसरे को वर्णात्मक कहते हैं—पहली आवाज़ ब्रह्माण्डी यानी आंखों के ऊपर के स्थानौं से प्रगट होती है--दूसरी आवाज़ नाभी के स्थान से उठती है—उस जगह उसका नाम परा बानी है फिर हिरदे और कंठ मैं होकर जहां उसको पश्यंती और मध्यमा कहते हैं जिह्वा पर आती है और बैंखरी कहलाती है और उसके सबब

७—सहसदलकँवल, सेत श्याम, आठ दल का, जोत निरँजन का बासा—यहाँ से दो आवाज़ आसमानी निकलती हैं—यानी शब्द प्रगट होता है—उसको पकड़ कर सुरत ऊपर को चढ़ती है ॥

८—त्रिकुटी—चार दल का कँवल—ओम् का बासा—यह त्रिकुटी संतों की है—जोगेश्वरों की नहीं है—इस को हंस मुखी कहते हैं—इन दोनों कँवलों यानी सहसदल और त्रिकुटी को मुसलमान जबरूत और लाहूत कहते हैं ॥

९—सुन्न या दसवाँ द्वार—एक दल का कँवल—पारब्रह्म का बासा—मुसलमान फ़क़ीर इसको हाहूत कहते हैं—यहाँ उलवी स्थान ख़तम हुए ॥

१०—महासुन्न मैदान—यहाँ चार शब्द और पाँच स्थान गुप्त हैं ॥

११—भँवर गुफा—मुसलमान इसको हूतलहूत कहते हैं—सोहं पुरुष का बासा यह सोहं स्वाँसा का सोहं नहीं है—यह दो स्थान यानी महा सुन्न और भँवर गुफा दयाल देश की हद्द में हैं ॥

१२—सत्तलोक—मुसलमान इसको हूत कहते हैं सत्त पुरुष का बासा—इसके ऊपर तीन पद और हैं—पिछले संतों ने उनको प्रगट करके बयान नहीं किया—अब मौज से इस ज़माने में राधास्वामी दयाल ने उनको साफ़ साफ़ प्रगट करके बयान किया है ॥

निरन्तर गूँज रही है :

पूरे गुर की साची बाणी। सुखमन अंतरि सहजि समाणी।
(म.३, ६६३)

शब्द गुरु है : 'सबदु गुरू सुरति धुनि चेला।' (म.१, ९४३), शब्द अमृत है : 'अंमृतु सबदु पीवै जनु कोइ' (म.५, ३९४) और यही वाणी है : 'बाणी गुरू गुरू है बाणी विचि बाणी अंमृतु सारे' (म.४, ९८२)। सो गुरु का असली रूप वाणी या शब्द होता है। शब्द और वाणी दाता की एक ही दया के लिये प्रयुक्त दो नाम हैं। इस तरह ज़रा भी शंका नहीं रह जाती कि गुरु साहिबान की भाषा में वाणी और शब्द समानार्थक हैं :

सचु बाणी सचु सबदु है जा सचि धरे पिआरु। (म.३, ३३)
सचु बाणी सचु धुनि सचु सबदु वीचारा। (म.३, ५६४)
सचु बाणी सचु सबदु है भाई गुर किरपा ते होइ। (म.३, ६३८)
इका बाणी इकु गुरु इको सबदु वीचारि। (म.३, ६४६)

हरि-कीर्तन :

संसार के जीवों के लिये इस जग में सब करनियों में से श्रेष्ठ करनी का प्रश्न उठने पर गुरु रामदास जी ने बताया है कि वह करनी नाम है, नाम भी कौन-सा ? संगीतमय नाम, अनहद शब्द के रूप में नाम। और हमें इसी नाम के कीर्तन की सहायता से हरि को अपने हृदय में धारण करने का यत्न करना चाहिए : 'जगि सुकृतु कीरति नामु है मेरी जिंदुड़ीए हरि कीरति हरि मनि धारे राम' (म.४, ५३९)

अगर कोई कहे कि यह तो हुआ आम समय में की जानेवाली भक्ति का रूप, आज का युग अपनी विशेष परिस्थितियाँ साथ लेकर आया है, उनके सामने जिज्ञासु को अभ्यास की क्या कोई और युक्ति अपनानी नहीं पड़ेगी ? इस प्रश्न का भी गुरु साहिब की ओर से यही उत्तर मिलेगा : 'हरि कीरति उतमु नामु है विचि कलिजुग करणी सारु' (म.४, १३१४)।

साधारण लोगों की बोली में कीर्तन का अर्थ तीन या चार व्यक्तियों के धार्मिक भावनापूर्ण किसी छन्द-बद्ध पद के गाने से लिया जाता है, और वे केवल गाये ही नहीं जाते बल्कि उनके साथ हारमोनियम, सितार, सारंगी, तबले जैसे साज़ भी बजाये जाते हैं। यह बिलकुल सही है कि संगीत की सहायता मिलने से बात अधिक रस देती और प्रभाव डालती है। संगीत का आकर्षण सभी मानते

सोहं आपु पछाणीऐ सबदि भेदि पतिआइ। (म.१,६०)

हालाँकि यह छलांग हरएक नहीं लगा सकता, लेकिन जो भी शब्द को भेदने में सफल हो जाता है, उसे सचखण्ड का स्वामी अवश्य अपने महल में बुला लेता है :

सबदि भेदि कोई महलु पाए महले महलि बुलावणिआ। (म.३,११७)

शब्द (प्रभु) की पहचान :

प्रभु अभ्यासी के सामने आकर खड़ा हो जाये, वह तो भी नहीं जान सकेगा कि यह प्रभु है, क्योंकि जैसा हमें बताया गया है, उसका न कोई चिन्ह है, न रंग-रूप है, न वर्ण या जाति : 'चकर चिहन अर वरण जात अर पात नहिन जिह। रूप रंग अर रेख भेख कोउ कहन सकत किह' (पातशाही १०)। सो उसकी पहचान तब ही हो सकती है जब कोई पास खड़ा होकर बताये कि यह 'वह' है और बतानेवाले ने खुद उसे देखा हो। गुरु खुद शब्द का रूप होता है, प्रभु में समाया होता है, इसलिये ऐसी पहचान उसी से मिल सकती है :

गुरमुखि सबदु पछाणीऐ हरि अंम्रित नामि समाइ। (म.३,२९)

शब्द का अर्थ है परमेश्वर। उपरोक्त पहचान हो जाने पर जीवात्मा और परमात्मा का भेद समाप्त हो जाता है। आत्मा नामी से, उस प्रभु से, समरूप हो जाती है :

हरि अंम्रित नामि समाइ। (म.३,२९)

शब्द अमृत :

हरि-रस, नाम-रस, शब्द-अमृत की महिमा में बहुत कुछ कहा गया है, सुना-सुनाया नहीं, उन महापुरुषों द्वारा जिन्होंने इसका स्वाद लिया है, इसे जी भर कर पीया है।

सांसारिक लोगों द्वारा बड़ी से बड़ी इच्छित वस्तु राज अथवा सत्ता है, क्योंकि राज से बहुत कुछ अपने आप मिल जाता है; जैसे, अपार धन, बहुमूल्य वाहन, आलीशान निवास-स्थान, नौकर-चाकर आदि सुख-सुविधाएँ, मान, ऐश्वर्य। इसके विपरीत, रूहानी पथ के पथिक विशेषकर मुक्ति माँगते हैं, क्योंकि मुक्ति जन्म-मरण और जन्म-मरण से सम्बन्धित अनेक दुःखों, झंझटों से सदा के लिये छुटकारा दिला देती है। पर जिन हरि के जनों को उसके चरण-कमलों का प्यार मिल जाता है, वे राज और मुक्ति दोनों को ठुकरा देते है, क्योंकि कोई किसी

और कबीर साहिब ने कहा है :

राम पदारथु पाइ कै कबीरा गाठि न खोल्ह। (कबीर, १३६५)

भाई गुरदास निश्चित ही अपूर्व कमाई वाले उच्च कोटि के सिख थे, गुरु साहिबान के अनुज भी ; फिर भी वे नम्रता के पुंज थे तथा आदर्श श्रेणी के आज्ञा-पालक। इसलिये वे कोई गुस्ताखी या अवज्ञा करने की भूल नहीं कर सकते थे। इसीलिये उनकी रचना में जब भी उच्च मण्डलों के अनुभव का वर्णन आया है, इशारों के रूप में आया है, खोलकर नहीं। आप अपने अट्ठाइसवें कबित में लिखते हैं :

शबद सुरति लिव गुरसिख संधि मिले
ससि घरि सूर पूर निज घरि आइ है।
उलटि पवन मन मीन त्रिबैनी प्रसंग
त्रिकुटी उलंघि सुख सागर समाए है।

इस वचन की व्याख्या करते हुए ज्ञानी नरैणसिंह ने कहा है :

इस कवित्त में गुरु-शिष्य सम्प्रदाय की सुमिरन की युक्ति—जिसे कि आजकल के गुरु-सिक्ख छोड़ते जा रहे हैं, या यों कहें कि सहज योग का तरीका या अजपा जाप के अभ्यास का वर्णन किया है :

"अभ्यासी पुरुष अमृत वेले (प्रातःकाल) स्नान आदि क्रिया से निवृत्त होकर, कोई नरम आसन बिछाकर पालथी मारकर बैठ जाये। जिस आसन (बैठक) में तकलीफ न हो, उस बैठक में बैठकर मन को एकाग्र करो, जब मन ठहर गया तो एक प्रकार का शब्द सुनाई देगा, वह शब्द कोई स्पष्ट नहीं होता, केवल साँ-साँ या घूँ-घूँ की ही आवाज़ मालूम होती है, उस शब्द को सुनने के लिये सुरत जोड़ दो, पर यह याद रखना कि जब आसन पर बैठो तो पीठ मुड़नी नहीं चाहिये, दोनों जांघों पर अपनी दोनों हथेलियाँ सीधी टिकानी चाहियें, ठोडी को छाती से चार अंगुल की दूरी पर अडोल रखना चाहिये ; जब शब्द सुनाई देने लगे तो सुरत को शब्द के सुनने में जोड़ देना चाहिये और आँखों की नज़र को भ्रकुटियों के बीच के स्थान में स्थिर रखना चाहिये, इस कर्म का नाम 'सबद सुरति संधि मिले' कहा है।"

आध्यात्मिक मार्ग वालों के लिये तिल विशेष अर्थ रखता है, क्योंकि जब वे सफलता की दिशा में चलते हैं तो अपना पहला कदम इस ठिकाने पर वृत्ति एकाग्र करने के रूप में उठाते हैं। जब सतगुरु की शिक्षा के अनुसार किये नाम के

एहु सोहिला सबदु सुहावा।
सबदो सुहावा सदा सोहिला सतिगुरू सुणाइआ। (म.३, ९१९)

सतगुरु शब्द को प्रकट ही नहीं करता, सत्संगी के हृदय में वह पक्की तरह खुद ठहराता भी है : 'गुर का सबदु गुर थै टिकै होर थै परगटु न होइ' (म.३, १२४९)।

शब्द गुरु की रहमत या दया के बिना सार्थक होना तो दूर रहा, जीव के द्वारा अनुभव भी नहीं किया जा सकता इसलिये हर समय उसके अन्दर बजते रहने के बावजूद शब्द का वर्णन अक्सर गुरु के शब्द के तौर पर किया जाता है।

अकथ कथा, नाद, वाणी, कीर्तन आदि शब्द के ही अन्य नाम हैं।

जैसे-जैसे इसके अभ्यास में प्रगति होती है, शब्द का रंग पक्का होता चला जाता है। यह रंग कुसुंभे का कच्चा रंग नहीं होता, एक बार चढ़ता है तो मजीठ की तरह सदा के लिये चढ़ता है और अन्त तक साथ निभाता है। अर्थात् , केवल शरीर त्यागने तक ही आत्मा के अंग-संग नहीं रहता, बल्कि उसके अपनी यात्रा सम्पूर्ण करके परमात्मा में मिल जाने तक, उसके खुद परमात्मा बन जाने तक, उसकी बाँह थामे रखता है : 'गुर की दाति सबद सुखु अंतरि सदा निबहै तेरै नालि' (म.३, १२५९)

संक्षेप में :

संक्षेप में 'शब्द' (धुनात्मक नाम) से तात्पर्य अनहत या अनहद शब्द है, वह शब्द जो प्रभु का पैदा किया हुआ है और जो बिना किसी साज़, यन्त्र आदि की सहायता के, दिन-रात निरन्तर हो रहा है।

इस शब्द में—जोकि सत्पुरुष का अपना ही विस्तार है—ध्वनि के अलावा प्रकाश का भी गुण है और ये दोनों (आवाज़ और प्रकाश), आँखों के पीछे, भौंहों के बीच में, उस स्थान पर अनुभव किये जाते हैं जिसे घर-दर, मुक्ति का द्वार, तिल, शिव-नेत्र आदि नाम दिये गये हैं।

शब्द की ध्वनि को सुनना या उसकी ज्योति देखना केवल निजी उद्यम से सम्भव नहीं होता। इसके लिये किसी पूर्ण गुरु से दीक्षा (नामदान) ली जाती है, और बताई गई युक्ति के अनुसार इसका अभ्यास किया जाता है। नाम के सुमिरन में प्रगति होने पर शब्द प्रकट होता है और स्थिर हुआ शब्द, सुरत या आत्मा को उच्च आध्यात्मिक मण्डलों की ओर खींचने लगता है। फिर एक समय आता है जब आत्मा मन और माया के बँधन से मुक्त हो जाती है, अपने आपको

जाते हैं और किसी तकिया-कलाम गाली की भाँति, बहुत सोच-विचार के बिना, काफी हद तक अपने आप ही होते रहते हैं। इसलिये मन को कभी काल का एजेंट कहा जाता है, कभी मदमस्त हाथी कभी बेलगाम ऊँठ, और तो और कभी प्रेत भी।

मन पाँच तत्वों से बना होने के कारण जड़ है, और हर जड़ वस्तु की अपनी अलग-अलग कमज़ोरियाँ होती हैं। दूसरी ओर, यह चाहे जड़ हो, इसका सृजन तो चेतन ने किया है, इसलिये यह हर कण-कण में बुरा भी नहीं हो सकता। जब यह 'धर्मा' होकर कार्य करता है तो उस चेतन के कारण ही।

जब मन प्रेमपूर्वक अभ्यास में जुड़ जाये, ऐसी एकाग्रता, लगन और गम्भीरता से कि आत्मा उस हरि-प्रभु में जा मिले जिसके लिये वह जल से बिछुड़ी मछली की भाँति तड़प रही थी, तो वही सदा का शत्रु मन, जीव का प्रिय मित्र कहलाने का पात्र बन जाता है :

मन पिआरिआ जीउ मित्रा हरि प्रेम भगति मनु लीना।
मन पिआरिआ जीउ मित्रा हरि जल मिलि जीवे मीना। (म.५,८०)

चौथी पातशाही गुरु रामदास जी ने गउड़ी राग के एक श्लोक में (म.४, २३४) इसे मेरे प्रीतमा, मीत मेरा, मेरे प्राण, प्यारा, साजना जैसे लाड-भरे शब्दों से सम्बोधित किया है।

जब गुरु अमरदास जी कहते हैं : 'मन तूं जोति सरूपु है आपणा मूलु पछाणु' (म.३,४४१) तो वे अपने स्वयं को, अपने सम्पूर्ण अस्तित्व को सम्बोधित करते हैं, उस मानवी इकाई को जिसमें मन के साथ बुद्धि और आत्मा भी शामिल हैं। यह सम्बोधन उसी तरह का है, जैसे हम कई बार खुद को कहते हैं, "उठ ओ मना, पराये धना।" सन्त-सतगुरुओं ने अपने वचनों को साधारण लोगों को आसानी से समझाने के लिये 'मन' शब्द को कई स्थानों पर उपरोक्त 'स्वयं' के अर्थ में प्रयुक्त किया है।

जब मन पूरी तरह शब्द-धुन से बँध जाता है, बिंध जाता है, तो प्रभु अपने आप सम्मुख होकर मिल जाता है :

गुरसबदी मनु बेधिआ प्रभु मिलिआ आपि हदूरि। (म.३,३७)

मन के बिंध जाने से भाव है कि शब्द मन के कण-कण में समा गया है, उसकी कोई तह या गहराई शब्द से रहित नहीं रही, उसकी ज्ञात, अर्द्ध-ज्ञात, अज्ञात सभी अवस्थाएँ शब्द से परिपूर्ण हो गई हैं। जब कान बींधे जाते हैं, सूई

(२)

लागि रह्या निज[६] नेह, दशमें द्वारि दा।
द्वारी दा द्वारी दा, औघट वारी[७] दा। [illegible]।।
घट[८] में औघट[९] यूँ बसै बे, जैसे तिल में तेल।
नैड़ा जबही जानिया बे, शब्दां लागां सेल।।१।।
शशि में सूर समाइया बे, भागा है अंधकार।
दीपक हुवा निर्मला बे, विन बाती अंगार।।२।।
रतन प्रज्ञान प्रकासिया बे, मिटिया सांसा मोह।

---

१ सुषुमणाद्वार। २ स्वयंनाद-आपसे। ३ वीणा, वचन। ४ सज्जन। ५ पलक, समयांग। ६ अपना। ७ वलिहारीजाना। ८ शरीर। ९ परमात्मा।

(२६)

।।राग गूजरी।।

मेरो प्रीतम यार[४] बसै तनमें।।टेर।।

दर्शन दीया गगन मग कीया, मगन भयो मन ही मन में।
जा कारण मैं बन बन ढूढ़्या,सोइ लह्या दिल ही दिल में।।
निशिवासर नैंणा में निरख्या, ध्याय रह्या धुनि ही धुन में।
ब्रह्मा पियाला है मतवाला, पी रु छक्या छिन ही छिन में।।
दर्पण में दीसै यों दर्शन, त्यों ही है घट ही घट में।
इला पिंगला सुषुमणि संगे, तिरवेणी के तट ही तट में।।
साँचा सांई (मेरा) सहज सरूपी, सूझि रहया सुन ही सुन में।
जैमलदास भया तब राजी,(पाया) रामरतन तन ही तन में।।४।।

(३४)

मेरे हिरदे में राम वस्योरी, पांच पचीसूँ तीस नस्योरी।।टेर।।
सुषमण नालि अमी रस भरना, चंद सूर ले भेला करना।।
धरणी बंध ऐसी विध लावै, सहजाँ पवन अगम कूँ आवें।।
अनहद चक्र अजपा बोलै, तासु विचार और नहिं डोलै।।
जैमलदास करो निज सेवा, निर्मल जोति विराजे देवा।।४।।

08:38
Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

जीवन जीवे जाये काल का भरम। स्वास सुरत जो राखे इक धरम॥
अंतरगत बाहर रंग एके। भेद पछाने पाये शबद अलेखे॥

स्वासगति की गत लखे, ध्याये नाम तत्त सार।
'मंगत' परगट पाइये, तब साखी शबद आपार॥ 672

उट्ठत बैठत राखे इक चित्त। स्वास सुरत प्रभ नाम जपत्त॥
ज्ञान विज्ञान के खुले भंडार। निर्मल जुगत मन स्वास में धार॥
देह ज्ञाता स्वास गत जान। निर्मल जुगत ये मुकत निधान॥
स्वास को खोजे सहज के भाये। अंतर बाहर सतनाम कमाये॥
ज्यों ज्यों सुरती स्वास में धारे। कोट पाप मन का भयो छारे॥
निर्मल विचार घट में प्रगटाई। अबगत ज्ञान जो स्वास लखाई॥
स्वास की धार मुकत का बँध। मुकत पहचाने जो परसे संध॥
अजर पुरष अबनाशी देवा। स्वासगती में नित रमेवा॥
मिल सतगुर जिस जुगत पहचानी। आलख शबद की कथे कहानी॥
स्वास सुरत जब एका होई। शबद ब्रह्म तब घट प्रगटोई॥
शबद पहचान कलह सब जाये। आनन्द सरूप की रसना खाये॥
पल पल हरजन जुगत समाई। स्वास सुरत सतनाम कमाई॥
अखण्ड ध्यान स्वास में धारे। गवन विनास पाये ज्ञान अपारे॥
प्रेम प्रीत का रंग रँगाई। आलख शबद परमेश्वर पाई॥
दिवस रैन मन स्वास परबीना। गुरमुख विरले ये खेल परखीना॥
नित सतनाम का टाँक लगाई। स्वास सुरत का जोड़ जुड़ाई॥
निर्मल जुगती ये बूझे कोए। काल त्याग अमर धाम बसोए॥
पूरन पुरख तब घट परगासे। स्वास स्वास जब नाम उपासे॥
गुनी पुरष कोट मद्धे कोई। गुपत ज्ञान का भेद लखोई॥
मन अपने में मगन समाई। सिमर सिमर सतनाम प्रभताई॥
चेतन बुद्ध भई नाम रस खाये। अन्तर बाहर सम रूप समाये॥
करम विकार से मुक्ता होई। पल पल साचा नाम परोई॥
नाम आधार जीवन को पाई। तब ये मनुवाँ शान्त समाई॥
भरमन त्याग निज रूप पछानी। दुर्मत नासे सब गवन निशानी॥

भवसागर जल दुस्तर आपारा। बिन प्रयत्न ना पाए छुटकारा॥
अधिक प्रेम केवल हर नाओं। सिमर सिमर के पावे ठाओं॥
तन मन मिथ्या कर जब जानी। भयो बैराग भई दुःख हानी॥
काम क्रोध अगन सब जाए। साचे नाम की प्रीती पाए॥
उट्ठत बैठत सतनाम को आहारी। स्वास सुरत का भयो वापारी॥
मनुवाँ इकागर बुद्ध इस्थिरे। करम भरम के मिटे बखेड़े॥
नित चाहो इक दर्शन देवा। गुर परसाद पाये ये सेवा॥
आसा तृष्ना भरम जलाई। केवल माने रब रज़ाई॥
तब उरध कँवल परगासा होई। **'मंगत'** शोभा परसे जन कोई॥715
सत वस्तू का भया वापारी। सत सरूप निरंतर धारी॥
बाँधी पवन केवल हरनाम। अन्तर बाहर निश्चल बिसराम॥
प्रान अपान की जुगती भोग। गुर परताप मिटे सब रोग॥
जड़ काया से भये अतीत। उपजी चेतन तत्त परतीत॥
अनहद गरज पवन के सन्ध। नाभ कँवल का खोले बन्ध॥
उलटा नाद चढ़े आकास। छेदे चक्कर भये उदास॥
धुर कपाली उपजे तान। **'मंगत'** साधू सो कुरबान॥716
नौ दरवाज़े सहज बँधाये। पूरन गुर की सेव कमाये॥
धीरे धीरे मन निर्मल होई। दसवें घाट में सुरत परोई॥
आलख पुरख का देखे चमकार। दमके दामन दसवें द्वार॥
सो जोगी गुनातीत। दसवें घाट लागी प्रीत॥
जाप अजपा होए दिन रात। अखण्ड नाद मन माहीं समात॥
पूरन मिल मन पूरा होई। आवागवन की दुबधा खोई॥
कर सतसंग सतगुर की सेव। अबनाशी पुरख पाए निज देव॥
सहज धुन आतम परगास। पाए गुरमुख शबद निवास॥
अंतर का पट खोलया, लीना साचा नाम।
अगन मिटी संसार की, जीव पाए बिसराम॥
नित ही हर को सिमरयो, नित ही कर साधू सेव।
'मंगत' बंधन से छूटे, सहज मिले गुरुदेव॥717
नाम सिमर जग जीवन सार। साध-जनाँ ने करी पुकार॥

नाम सिमरन शान्त परगासे। नाम का सिमरन भव बन्धन नासे॥
उट्ठत बैठत जप अंतरयामी। विगन निवारे पावें सुखथामी॥
बिन सिमरे मन अधिक डोलाए। मिथ्या भोग में नित तिरखाए॥
शास्तर वेद करें पुकार। सत सरूप सिमर निरंकार॥
तन मन धन का सो ही स्वामी। सरब आधार सो पारगरामी॥
जो सिमरे सो ही सुख भाखे। अखण्ड अबनाशी तत्त को लाखे॥
मानुष देही सुकृत जान। जो चित आवे रूप भगवान॥
करम का संशय अधिक विकार। दुस्तर माया नहीं पारावार॥
साचा नाम जिस हिरदे ध्याया। अकरम रूप परमातम पाया॥
डोलन से मन निश्चल होई। अन्तर शबद की सूझ लखोई॥
प्रभ का सिमरन बड़ा परताप। आनन्द को देवे हरे सन्ताप॥
जिस जन अन्तर सार पछानी। अगोचर पुरष पाया निर्वानी॥
सुरत नाद में भई लवलीन। सरब ब्रह्मण्ड में एको चीन॥
जीवन मुक्त महा सुख भाखे। मिल सतगुर हरनाम जो चाखे॥
नाम की महमा अपरम आपार। जो जो सिमरे पावे छुटकार॥
अमरत नाद नाम निर्वान। गुरमुख बूझे पाए कल्यान॥
हर का नाम विचारयो मीता। साध-जनाँ की निर्मल रीता॥
विखे वासना सब जीव जलाए। हर की सेव से सरब दुःख जाये॥
चार पदारथ जे को लोड़े। साचे नाओं में मनुआँ जोड़े॥
मिटे तृष्ना चिंता सारी। आलख पुरख के भये पुजारी॥
गुर उपदेश जुगत कर साधे। मोह माया से मनुआँ काढे॥
आतम तत्त में बुद्धी परवेशे। मिट गये भरम घाल गुर उपदेशे॥
अन्तर आई बाहर जाई। पवन पुरख खेड रचाई॥
बारह आये सोलह जाये। स्वास सुरत इकत्तर मिलाये॥
नौ दर बाँधे दसवाँ घाले। पारब्रह्म निरन्तर भाले॥
बाँधे पवन सोध कुंड बठाई। पच्छम देश की सोझी पाई॥
पच्छम से फिर चढ़े सुमेर। पूरब दिशा के लागे फेर॥
गरजे अनहद उरध कपाली। सुरत समाए विच तिरनाली॥

दीनदयाल तब नज़री आया। गुर परसाद हरी सब माया॥
इरध उरध में पवना थामे। परसे पारब्रह्म अखण्ड अनामे॥
सुर नासिका जाने भेद। निराकार मिले गुरदेव॥
उलट पलट पवन को देवे। गुर के शबद में नितप्रति जीवे॥
मोह माया अँधेरा जाये। पारब्रह्म संग जाये समाये॥
निर्मल धारा एह योग की बानी। **'मंगत'** कोउ बूझे ब्रह्मज्ञानी॥718
स्वास सुरत सतनाम विचारे। जनम जनम मल सकल निवारे॥
उरध कँवल परगासत होई। नाभ कँवल जब सुरत समोई॥
प्रान अपान जुगत से मेले। गुर परसाद आतम तत्त खेले॥
उलटी धरती आकास समाई। शबद गुरु चित रह्या समाई॥
मीठी धुन विच गगन में बोले। निहचल मनुँवा अमरत तोले॥
नित नित शबद में सुरती धाये। गुर परसाद अमरपद पाये॥
उट्ठत बैठत सतनाम विचारे। अनन भगत चित माई संचारे॥
प्रभ की आज्ञा नित नित सोधे। चेतन पुरख निरंतर बोधे॥
शरधावान गुरु भगत विवेकी। अन्तर की गत सो जन लेखी॥
मन जाए विच आनंद समाया। द्वैत मिटे इक सार लखाया॥
कही ना जाये मुख से ज्ञाना। ब्रह्म आनंद अखण्ड निर्वाना॥
सहज सुभाओ गुरु आन मिलाया। अगम निगम का भेद लखाया॥

काचे तन का मान त्यागी। बिरह विवेकी सच्चा बैरागी।
नित नित मन शबद में थामे। अनहद गरजे अखण्ड अनामे।
पूरन सेवा पूरन किरया। सुरत गम्भीर शबद रस भरया।
आस तृष्ना अगन निवारी। नाम सिमरन दी शोभा भारी।
जिस मन साचो नाओं ध्याया। पूरन करम अमरपद पाया।
जप तप योग का सुनो सार। स्वास सुरत सत शबद विचार।
और बंधन से मनुवाँ ठाके। गुर का शबद ले अंतर राखे।
छिन छिन शबद कमावे ज्ञानी। अद्‌भुत कौतक लखे सो ध्यानी।
नेचल मनुवाँ विरत त्यागी। अखण्ड शबद घट बेला जागी।
सो ही रूप सत आप निरंजन। सिमर सिमर नित सो भवभंजन।
डोलन से मन एका होई। अमरत नाम ले हिये परोई।
एह परशाद संतन से चाखा। अद्वैत पुरख घट भीतर लाखा।
साधन सेवा पूरी होई। गुर का शबद जब हिये परोई।
धरम करम में सो नर पूरा। जिस घट खोजयो आप हज़ूरा।
संशे शोक भरम दु:ख जाये। निर्मल बुद्धी सतनाम कमाये।
ज्ञान ध्यान मन मगन सरीरा। हर का नाम सब मेटे पीड़ा।
शान्त शान्त मन अमरत पीवे। पारब्रह्म रस पी पी जीवे।
दुर्मत मिटे एक घर जाई। अखण्ड नाद मन रिह्यो समाई।

एही योग और तप है, एही साधना ज्ञान।
'मंगत' साचे नाम को, नितप्रति हिये विखान॥748

तीसरा अंग : समता स्थिति योग
समाप्त हुआ

सत् आज्ञा निरंकार
ब्रह्म सत्यम् सर्वाधार

समता अपार शक्ति

ब्रह्म सत्यम् सर्वाधार

ओ३म् ब्रह्म सत्यम् निरंकार अजन्मा अद्वैत पुरखा
सर्व व्यापक कल्याण मूरत परमेश्वराय नमस्तं

चौथा अंग

चिरंजीव गोष्ट

पहला विवेक - अध्यात्म बोध

सतसरूप अगम आपारा। जिससे उपजा ये संसारा॥
मिल सतगुर ये सार लखाई। निज घर बासा सहजे पाई॥

गुरु आचारज आद वड ज्ञानी। केवल शबद मिल शोभा पानी॥
सुन्न कपाली तिस शबद का थाना। रग रग भीतर परकाश बखाना॥
उलट सुरती घट सोधन कीजे। अगम शबद की सिमरत लीजे॥

अच्छर अद्वैत आगम आनादी। शून्यंगकार अखण्ड समाधी॥
घट में रहे पर नित निरदोखा। बिस्माद पुरष जुगाद अनोखा॥
जिस देखा तिस बन्धन नासे। शबद अनहद घट माहीं परगासे॥
जनम जनम की इच्छया नासी। केवल शबद संग सुरत बिलासी॥
नाभ पवन घर आसन लीना। बिचरत शबद को अनुभव कीना॥
बाँधी सुरती पवन की धारा। आसन जाये पाताल सुधारा॥
उलट पलट पवन को दीजे। निरबिख नागन सीधी कीजे॥
खुली सुखमना गगन को धावे। सहज सरूप सत शबद लखावे॥
सतनाम नित पवन सम्भाले। जाप अजपा में मनुवाँ गाले॥
शबद चढ़े उठ गगन में बोले। अच्छर अद्वैत की रसना तोले॥
सत जुगत मन शबद कमाए। इच्छया भरम सकल मिट जाए॥
बोले पवन गगन के तीर। बूझनहार सो कामिल फ़क़ीर॥
जाँ से उपजा तिस घर कियो मेला। पूरे सतगुर बतायो खेला॥
नित ही नर तत्त को बूझो। जनम कदारथ पद निर्मल सूझो॥
चौधाँ भवन में और रस नाईं। जाँ से मनुआँ तृपत हो जाईं॥
केवल शबद अगम अबनासी। खोज खोज सब मिटी तिरासी॥
पूरन भाग कोई गुरमुख आए। आलख शबद की सेव कमाए॥
आप भये मुक्त औराँ निस्तारे। तिस पुरख से जाऊँ बलिहारे॥
अमरत शबद मन माहीं समाया। गुर परशाद हरी सब माया॥
इन्द्रीजीत मन भये निष्कामी। अगम शबद का हूआ गामी॥
नित ही शबद में सुरती राखे। काल को मूँड अकाल घर भाखे॥
सीप स्वाती ज्यों अधिक प्यासा। तैसे शबद संग करो बिलासा॥
मन अपने की दुबधा टारो। साचे शबद का लेख विचारो॥
शबद की खोज अति दुर्लभ काज। शबद आधार ये सकल समाज॥
सकले भरम क्लेश विनास। साचा शबद घट करे परगास॥
निर्मल जुगत कमावे योग। आलख शबद का होवे संजोग॥
नित ही मन परम तत्त लागे। ब्रह्म शबद घट अन्तर जागे॥
तिस शबद की महमाँ आपार। सरब कला का आप आधार॥

जो सिमरे सो सरब जीत। सरजनहार दीनी परतीत॥
ऐसा समरथ पुरष आगाहे। स्वांस स्वांस नित रहो ध्याये॥
उत्तम कीरत शोभा आपार। नित ही सिमरो आलख निरंकार॥
गुनी ज्ञानी दानव देव। सब ही लागे तिसकी सेव॥
सकल मनोरथ देवनहार। रिद्ध सिद्ध का सो दातार॥
सदा निरंतर करे बिसराम। नित ध्याओ दुखभंजन राम॥

सकल पदारथ आ मिले, एक शबद के प्यार।
'मंगत' मन पूरन भयो, जीत लयो संसार॥ 751

जम की त्रास सकल मिट जाए। तत्त परकाश घर जाए समाए॥
ये अहसास रख ये विश्वासा। साचा शबद पियो स्वाँस स्वासा॥
गुरमुख जुगती योग कमाओ। सतगुर सेव अमरपद पाओ॥

पूरन को पूरा मिले, पूरा बूझे बोल।
'मंगत' परसे नाम को, जाँ का मोल ना तोल॥ 752

दूसरा विवेक - सतमार्ग की पहचान

जब से जीव इस लोक में आया। अधिक प्यासा विच अनवरचित माया॥
बाल जोबन और जरा बिताए। संशे माहीं सब औसर जाए॥
अनेक जुगत को साधन धारे। बिन सत मारग निहफल विचारे॥
जप तप संजम यज्ञ और दाना। सार बिना सब मिथ्या जाना॥
तीरथ नहावे ब्रत बहु राखे। बिना ज्ञान अन्धमत भाखे॥
पच पच मरे सार नहीं सूझे। जनम अमोल अकारथ लूझे॥
पन्थापन्थी बाद बधावे। मिथ्या कल्पत सार ना पावे॥
साध सन्त पाखण्डी पाए। सत मारग गम कौन लखाए॥
धरम सरूप सब भया अलोपा। अन्धकार व्यापक त्रैलोका॥
जहाँ जहाँ देखा गरब गुबारा। सार बिना डूबा संसारा॥
उठ रे गुनिया कर विचार। सत मारग से पावें पार॥
सो है गुरमुख सो वेद आचारी। **'मंगत'** जिस घट सत जुगत विचारी॥**753**
परम पुरष जिस मारग से पाये। सत मारग सो नाम कहलाये॥
ना प्रभ धरनी ना प्रभ आकाश। ना प्रभ पावक नीर बिलास॥
वो तो बसे इस काया माहीं। सत जुगत बिन पावे नाहीं॥
निराकार निरालम बोले। अगम निगम की रसना तोले॥
रोम रोम करे परकाशा। दृष्ट ना आवे पुरख निरबासा॥
आवे जावे ये जीव भरमाए। बिन परतीत कुछ सार ना पाए॥
काया सरोवर तत्त प्रान परगासे। तिसको खोज सत मारग भासे॥
काया खोजे मन नेहचल होये। अमरत सार पीवे जन सोए॥
काया खोजे सो संत ज्ञानी। आतम रसना घट माहीं पछानी॥
काया खोजे सो वेद का वादी। अटल पन्थ में लगी समाधी॥

काया खोजे सो सतगुर पूरा। सकल निवारे करम की खूरा॥
अजर अमर पुरष परकाशा। इस काया में करे बिलासा॥
छोड़ काया मूरख कहाँ धाए। काशी काबे ना साहब पाए॥
मिल सतगुर सत सेव कमाओ। **'मंगत'** दुर्लभ जीवन पाओ॥**754**
नौ द्वारे परगट दिखलाए। दसवें सोध कोई गुरमुख पाए॥
दसवें द्वार पुरष अमर बिराजे। सहज धुन वहाँ अनहद बाजे॥
सतगुर मिले तब गमता पाई। खोल किवाड़ जोत दिखलाई॥
गुरमुख जुगती सुनयो मीता। सत मारग से होए पुनीता॥
जनम जनम की दूषना हरे। तत्त परगास सुरती में चढ़े॥
मिथ्या कल्पना अन्धकार विनासे। सतसरूप में लीना बासे॥
डोलन धावन मन का जाए। गुरमुख जुगती योग कमाए॥
गुपत वस्तु घर परगट होई। अच्छर पुरष संग सुरत बगोई॥
जाँ को खोजे धरन आकासे। सो मिलया घट अन्तर बासे॥
जाँ को खोजत कई जनम विताए। गुर परताप सो सहज मिलाए॥

मज़हब मज़ाहब सोधे बहु बार। बिन सतगुर नहीं पावे पार॥
पूरा सतगुर जब मेल मिलाया। तब सतधाम का मारग पाया॥
सुरती बाँधी तृष्ना के वेग। घट ना सोधे मिटे ना खेद॥
चंचल मनुवाँ जीव दु:खाए। अगनी तृष्ना कीजे घाए॥
कही ना जाए मन की त्रासा। कह बिध पावे निज घर बासा॥
सहज भाय गुर जुगत लखाई। बाँधे मनुवाँ अमरपुर जाई॥
आवे जावे पवन की धारा। काची काया करे संचारा॥
नौ द्वारे को नित परकासे। सब के माहीं ये पवन बिलासे॥
तिस पवन संग मेल मिलाए। तब अन्तर की शोभा पाए॥
अन्तर जाये नाभ के थाईं। वहाँ से पलट बाहर को आईं॥
उलट पलट का करे ब्यौहार। अचरच लीला लखी करतार॥
आवागवन में सुरती राखे। सतगुर दया अमरफल चाखे॥
उरध कँवल भया परगास। **'मंगत'** मिटया गरभ निवास॥**755**

सतसरूप की सूझ मन होई। उल्टी आकास में जाए समोई॥
नित ही जापे सतनाम मीर। आनन्द गावे पवन के तीर॥
अमरत उमडे उल्ट जोत परगासे। गुरमुख जुगती योग बिलासे॥
गुनी ज्ञानी नबी रसूल। घट को खोजे मिटे सब भूल॥
जनम जनम की प्यास बुझावे। सत मारग की खोज को पावे॥
प्रान उपान सुरती बन्ध राखे। अजरपुरष की रसना चाखे॥
नाभ कँवल घर बोले पवना। गुर परशाद मिटावे गवना॥
खुली सुखमना जीव घर जाए। सुन्न नाद में जाए समाए॥
चार वेद और सिद्ध मुनी आद। साधे नाम सब मिटे व्याध॥
उठ ज्ञानी चतर बुद्धधारी। इस काया की सोध विचारी॥
हाड मास का धारा कार। जिसमें बोले आप निरंकार॥
सतगुर सेव मन बिखया त्याग। सहजे उठे आतम रस जाग॥
मानुष जनम का भया पूर करम। निहचल भया पाए निर्मल धरम॥
लख चौरासी जीव जो आए। केवल भोग में जनम गँवाए॥
मानुष तन चतुर बुद्ध धार। परसे ठाकर मिटे बकार॥
मिथ्या कल्पना सकल वंजाए। सतसरूप मिल शोभा पाए॥
दुर्लभ देह का ये ब्यौहार। **'मंगत'** पावे ज्ञान तत्त सार॥**756**
सबसे ऊँचा ये विचार। खोजे काया मिटे अन्धकार॥
सबसे उत्तम करी पछान। मिथ्या काया में पेख भगवान॥
तिससे परे नहीं और विचार। अपने माहीं आप को मार॥
ज्ञान ध्यान तब शोभा पाये। जब ये जीव सतरूप समाए॥
कही ना जाए महमा आपार। जिस घट परगट आप निरंकार॥
रोम रोम में ठाँड उपजाई। परमानन्द घट रह्यो समाई॥
जनम मरन का भय सब नास। निर्भय पुरष संग कियो बिलास॥
ये ही कथना कथ मन माईं। सत मारग में जीव ठहराई॥
ऋषि मुनी गुनी अवतारा। काया खोज भए निस्तारा॥
उत्तम दीप ये काया जान। नित परगासे आप सुजान॥
कारन कर्ता आपे सोई। तिसे पछान परमगत होई॥

तिसके बचन से बन्धन छूटे। सतसरूप मिल गवना टूटे॥
कमल नाभ उरध परकासा। प्रान उपान संग कियो बिलासा॥
सतनाम संग प्रान को जोए। इक दृष्ट बाहर अन्तर होए॥
खुले कपाट दसवाँ दर भाखे। अबनाशी पुरष की रसना चाखे॥
नित ही नित ये सोधन कीजे। अकथ कथा में सुरता सीजे॥
गुरमुख ज्ञान होवे परकासू। तृखा मिटे तृपत घर बासू॥
अधिक वडयाई तिस जन ने जानी। जिस सत मारग में सिमरत ठानी॥
गुनी ज्ञानी सोही नबी रसूला। अबगत नाद जिस घट में फूला॥
उपरस जीव पद निर्मल पाये। **'मंगत'** बिमल शबद मिल सेव कमाये॥783
वस्तू अगोचर अन्तर में पाई। सत सरूप की देखी प्रभताई॥
नित ही मंगल उनमुन बरखे। अबगत जोत निरन्तर नरखे॥
होए परकाश मन मगन समाये। निज घर बसे नहीं आवे जाये॥
उनमुन घाटी पन्थ अनूपा। जाने कोई जोगिन्दर भूपा॥
सकल कला होए तिसके हाथे। उनमुन माहीं जो सुरता राखे॥
नाद अखण्डत परम धुनकार। अपने आप में देखे उज्जयार॥
पूरन जुगती पूरन पाये धाम। खावे पीवे केवल सतनाम॥
उनमुन पुरख का अजब पसारा। गुनी ज्ञानी नहीं पावें पारा॥
असंख नाम सो पुरखा धारी। निसदिन गावें गुनी गुनकारी॥
अपने आप में रहे अलेपा। नित परबीन सो पुरख अलेखा॥
अपने आप में सो बलवाना। निराधार पुरख निर्वाना॥
अपने तेज में तेज परकासे। सकल जगत की सिमरत राखे॥
अपने आप में नित समाये। परम तत्त अगम अथाहे॥
लखी ना जाये लीला आपारी। उनमुन दरसे जोत निरंकारी॥
धन्न भाग उस जन के मीता। जिस जानी एह निर्मल रीता॥
मिटे गवन उनमुन बिसरामी। परस्यो साचा पार स्वामी॥
आती जाती पवन को बाँधे। साचा नाम निरन्तर साँधे॥
स्वास सुरत का कीजे मेला। **'मंगत'** सोधे पावे तत्त खेला॥784
नौ दर बाँधे पवन चित जोड़े। गुर प्रसाद दर दसवाँ फोड़े॥

धरती पलटे नीर परकासे। पीवे नीर सब मिटे प्यासे॥
उलटा नीर ले गगन चढ़ाई। उनमुन मन्दर की शोभा पाई॥
अघट नाद सुन्न मन्दर बोले। अच्छर अबगत की रसना तोले॥
जुगती बूझे योग कमाये। साचे सतगुर के लागे पाये॥
सतसरूप में निश्चय धारे। तिमर नाशे होवे उजयारे॥
प्रन अपने को सम कर राखे। सतनाम की रसना चाखे॥
करूँ पुकार सुनिये मुनी ज्ञानी। अजरपुरष दी अजब कहानी॥
उलटे मारग में सो दिखलाया। उलटे नियम सो आनन्द घर पाया॥
जीवत मरे ताँ सब कुछ पेखे। धरम करम आवे सब लेखे॥
पुरख अनन्त परसयो घट माहीं। सकली माया तिसकी परछाईं॥
नित कर यतन सतरूप विचार। साचे सतगुर करें पुकार॥
वहाँ में गये जीव सुख भाखे। अबगत जोत घट माहीं परकाशे॥
जनम जनम का अँधेरा जाए। पूरे सतगुर के लागे पाए॥
धन्न सतगुर सत मारग वादी। सतसरूप पाये हरी उपाधी॥
आनन्दसरूप नित चित राखे। काल करम नहीं अन्तर भाखे॥
बल बल जाऊँ सद हूँ बलिहार। **'मंगत'** जो जग में पावे ये सार॥785
गुनी ज्ञानी सो ही जानो। अन्तर की जो सार पछानो॥
सतधाम का खोजनहारा। सत को साधे सत करे ब्यौहारा॥
सतपुरख से सिखया लेवे। सकल बिकार में चित नहीं देवे॥
अबनाशी धाम अधिक परकाश। पावे कोई गुर का दास॥
देह विकार में चित नहीं राखे। आतम तत्त की प्रभता चाखे॥
सर्वज्ञ ठाकर देखे पूरा। सरब जीवों की बाँछे धूड़ा॥
आपा मान सकला बिख हरे। तब सतज्ञान में सुरता चढ़े॥
आठ पहर ये सार चित्त पीये। सिमरन ज्ञान में जीवन जीये॥
अखण्ड विरत चित नाम आहारी। ताको मिले सो साच मुरारी॥
मन अपने की डोलन त्यागे। सतसरूप में दृढ़ अनुरागे॥
सो ही ज्ञानी परम तत्तवेता। जिसने धारी ये निर्मल रीता॥
नित ही नित संजम हरनाम। उट्ठत बैठत ये ही बिसराम॥

निर्मल जुगत मन अन्तर राखे। निर्भयधाम की रसना चाखे॥
रहत इकान्त सत तत्त विचारी। आसा त्याग मन ममता करे छारी॥
काल करम का भय निवारे। तत्तज्ञान घर सोध विचारे॥
अपने आप में रहे गम्भीर। ज्यों तरंग जाये मिलया नीर॥
अपने भरम का किया विनास। सतसरूप देखा अबनास॥
शबद अगोचर की माल परोये। उनमुन घाटी में जाकर सोये॥
प्रान उपान का नाका बाँधे। गुर का शबद घट अन्तर साँधे॥
भरम ग़ुबार सकला मिट जाये। **'मंगत'** साधू सो कहलाये॥**794**
जतन जतन कर बिख माया त्यागे। सतसरूप में गुरमुख जागे॥
आनन्द परसे आनन्द वरताये। साधू की शोभा वरनी ना जाये॥
सार ज्ञान तत्त बूझे मूल। शबद समाये बिनसे सब भूल॥
उलट सुरती पिन्ड को खोजे। परम आनन्द घट अन्तर सूझे॥
उलटे मारग शिखर घर बास। चेतन पुरष संग कियो बिलास॥
नौ द्वार से सुरता बाँधे। केवल नाम में जुगती गाँडे॥
उरध कँवल भयो परगास। धन्न जोगी सत जुगत निवास॥
पूरन सेव पूरन भयो कार। सतसरूप परसे तत्त सार॥
नित ही नित शबद कमाये। पाखण्ड त्याग निर्भय घर जाये॥
परकिरती दोख ना मन में लागे। ज्ञान ध्यान फल पाये वडभागे॥
गुर की जुगत तन मन विचारे। सत कला घट परगट धारे॥
पूरन नीती पूरन तत्त वादी। सतसरूप मिल हरी उपाधी॥
नित उपरस सतरूप आहारी। सो साधू कुल जगत निस्तारी॥
आप समावे सचखण्ड बानी। निर्मल रसना घट माहीं बखानी॥
केवल प्रेम आतम तत्त सार। जुगती जोवे सतनाम आहार॥
दृढ़ निश्चे मन बुद्ध को आये। हरे बकार सतरूप समाये॥
धन्न आया जग में सो प्रानी। अखण्ड पुरष की शोभा जानी॥
सोही साधू सोही अवतार। सकल जीयाँ का करे निस्तार॥
सच वरताये कूड़ मल हरे। **'मंगत'** ऐसे साध की चरनी नित पड़े॥**795**
कपटी साधू करे धरम को भंग। अन्ध ग़ुबार ना कीजो संग॥

कपटी साध मिले जाये विश्वास। भरम प्रगटे होये धरम का नाश॥
सत को त्यागे पाखण्ड दिखलाये। मड़ी मसान की पूज कराये॥
तन्तर जादू का देवे उपदेश। काम क्रोध बिख धरे कलेश॥
खिमा ग़रीबी नहीं चित बीच आये। धरे अभिमान सरसों तली जमाये॥
वली औलिया जाने अपने आप। पलक पलक में वरतावे सन्ताप॥
जम का रूप सो साधू जानयो। भूत प्रेत का मन्तर चित ठानयो॥
डायन चुड़ेल बीर बैताल। बैठ मसान घाले तन घाल॥
अती लोभी कामी आपार। परधन लूटे हरे पर-नार॥
बाहरों भेख धरे अतीत। कपट बिकार अधिक धरे नीत॥
पाखण्ड करे नहीं शानत आवे। आप भरमे कई लोक भरमावे॥
चोर ठग कई शिष बनाये। लोक लूटन का राह बतलाये॥
धृग साधू करें भेख का नास। सकल जीवों को देवें त्रास॥

वक़्त जात है बावरे, रस्ता है बहु दूर।
अटपट औखत घाट हैं, चढ़ कर होएं मनूर॥
जेता पढ़ना नर पढ़े, एता मन दु:ख पाए।
अनक सिद्धान्त माँह भरमत फिरे, ठौर हाथ ना आए॥
पढ़ना एको नाम का, और पढ़न दे त्याग।
'मंगत' निश्चल चित होवे, प्रेम हरी रस लाग॥8

ऐसा जन कोई हो मस्ताना............
मूल द्वार की कुंजी खोले, राखे ग़ैब निशाना।
सुरत निरत दोये पंख हिलाए, उडे हंस अंजाना॥
प्रेम प्रीत चोग नूँ चुगिया, ना अपना भया बेगाना।
मुरशद मेहर सीख को पाया, लखया निगम ठिकाना॥
छिन छिन वाट तक्काँ मैं तिसदी, जिस दे नाल याराना।
लोक लाज को मार कर, पाया अजब घराना॥
छोड़ दुरंगी भया निशंगी, छिन छिन सार कमाना।
'मंगत' बोले संत कोऊ बूझे, पंथ अगम दिव्य ज्ञाना॥8

ऐसा ज्ञानी, विचरे जग माँह।
राग द्वेष तृष्ना नहीं कोए, हिरस ख़ुदी नहीं ताँह॥
आप मेट भयो निर्द्वन्दी, दिव अच्छर जिन पाया।
छर अछर इच्छया को त्यागा, सतगुर शरनी आया॥
भूत भविषत की आशा त्यागी, जोग जुगत को पाए।
ईड़ा पिंगला सम कर पीवे, अगम कला अर्थाए॥
आवत जावत भरम को त्यागे, चाढ़े सुरत लगाम।
आसन दृढ़ अन्तर कियो, पायो अगम पंथ दा प्याम॥
आसा मनसा सकल त्यागी, चित में रहे उदास।
आठ पहर तृप्ते नहीं मनुवाँ, इक साचे नाम प्यास॥
गूढ़े नैन नीर बहावे, सुद्ध बुद्ध भई दीवानी।
'मंगत' त्रैगुन मेट भयो जन निर्मल, घट सुनी अनहद बानी॥8

❖चौथा अंग चिरंजीव गोष्ठ सहित पवित्र जीवन समाप्त हुआ❖

समता अपार शक्ति
त्यम् सर्वाधार
ओ३म् ब्रह्म सत्यम् निरंकार अजन्मा अद्वैत पुरखा
सर्व व्यापक कल्याण मूरत परमेश्वराय नमस्तं

ईड़ा पिंगला सुखमन नाड़ी। समकर सोधे पवन अपारी॥
इरध उरध सुरती बन्ध राखे। परगट नाद अन्तर रस चाखे॥
छिन छिन मन की मैल को धोवे। सहज जुगत बुद्ध नाद को जोवे॥
बोले नाद गगन के तीर। मान सरोवर तट पीवे छीर॥
बिन मध पिये भयो मतवारा। परसे शबद आलख आपारा॥
सुन्न शिखर घर सुरत समाई। साच नाद की गमता पाई॥
पूरन भाग कोई गुरमुख आया। आलख नाद के भेद को पाया॥
पाया भेद भयो उजियारा। साहब दरसया एक ओंकारा॥

पूरन पुरख मिलाया, भई गवन चित नास।
'मंगत' अन्तरगत माहीं, अबगत भयो परगास॥ 830

साचे नाम की लागी प्रीत। सिमर सिमर लयो भवजल जीत॥
अकथ कथा सुरती लवलीना। अंतरगत में हर रस चीना॥
गुपत रूप परगट दिखलाया। गुर परसादी जीवन पाया॥
मन की दूषन छिन में त्यागे। अमरत नाम में विरती जागे॥
धाराकार मंडप एह साजा। अबगत नाद निरंतर बाजा॥
तिसका रूप रेख नहीं वरना। सकल स्वामी सो कारन करना॥
नित आनन्द अखण्ड अछेदा। मिल सतगुर पाओ तिसका भेदा॥
आद अन्त ना तिसका कोई। जरा मरन सो आवे नाहीं॥
सकल सृष्ट में समकर परगासा। ऊँच नीच नहीं विगन विगासा॥
जल थल महिय्यल पूरन पूर। अनहद नाद बाजन्त तूर॥
कोट पिंड ब्रह्मण्ड को साजे। कोट वरंच को पल माहीं निवाजे॥
कोट विषन महेशर ध्याए। वार पार तिसका ना पाए॥
अपार शक्त अगोचर गामी। नित नित सिमरो पारगरामी॥
जो जन सिमरे मन कलह विनासे। आनन्दसरूप घट माहीं परगासे॥
छिनभंगुर ये भोग विकारा। तृप्त भयो हर नाम विचारा॥
छिन छिन मन का डोलन जाए। सतसरूप में निहचल समाए॥
आसा तृष्ना जाये ग़ुबारा। अखंड नाद घट माहीं विचारा॥

जुग जुग शोभा भई भरपूर। आलख नाम जो सिमरे हज़ूर
अनंक ताप से मन भयो मुक्ता। एक नाम जप प्रेम संजुगता
नाम बिना बुद्ध नित भरमावे। मिथ्या भोग में नित तिरखावे
जतन करे नहीं जाए जीव प्यासा। अन्तकाल लयो जम घर वासा
कूड़ भरवास में नित भरमावे। नाम परतीत बिन आवे जावे
आस अँदेसा माहीं जनम गंवाये। अद्भुत माया का पार नहीं पाये
बिनसनहार जग से करी प्रीती। अन्तकाल सब भई कुरीती

सकली सम्पत छाड के, चले निमाना अन्त।
'मंगत' भरमत ना मिटे, बिन सिमरे भगवंत॥ 831

मुकत पदारथ महासुख मीता। होवे परापत सतगुर की रीता॥
मनमुखता मन की निवारे। गुरमुख जीवन चोला धारे॥
आस अंदेसा विखाद निवारे। प्रभ की आज्ञा नित नित विचारे॥
अपनी हिकमत दलील त्यागे। एक नाम में नित जीवे वडभागे॥
सकले करम प्रभ इच्छया में छोड़े। गुरमुख जुगती सतनाम चित जोड़े॥
स्वास स्वास प्रभ नाम कमावे। मन की भरमत सकल हरावे॥
छिन छिन मन की दुबधा त्यागे। एक नाम में धरे दृढ़ अनुरागे॥
प्रान उलट उपान को पीवे। उपान उलट प्रान में लीवे॥
करे अश्वमेध दिन और राती। ब्रह्ममुख आहूती मन माहीं समाती॥
आदी यज्ञ नाद निर्वाना। उर्ध कँवल घट करी पहचाना॥
नाभ कँवल में पवन नित गरजे। मुकन्दसरूप परगट सरजे॥
विरत रहित मन इकागर होई। सूक्ष्म धुन्न सँग सुरत परोई॥
जाप अजपा घट अन्तर चीना। अद्‌भुत शबद में भयो लवलीना॥
शबद सुरत का एका कीजे। गुर परसाद मुकतरस पीजे॥
तत्त अनूप सरब अतीता। भयो परगास अखण्ड सुखरीता॥
नित नित सुरती शबद बिरोले। अमरत नाम मन अन्तर तोले॥
मुकतसरूप परसे निज धामा। आठ पहर चित भयो निष्कामा॥
काया शुद्ध शबद अबनाशी। सूक्षम धुन्न घट माहीं परगासी॥
तीन भवन में नाद उठ बोले। धन्न योगी तत्त जुगत को तोले॥
अखंड सुरत शबद रस पीवे। काल त्याग परम सुख लीवे॥
सहँस हज़ार दल कँवल परगासा। अखंड नाद संग सुरत बिलासा॥
करम रहत मन भयो परिपूरा। बिमल शबद पाए रूप हजूरा॥
शिव कहे सुन गौराँ विचार। अमरकथा घट नाद आपार॥
बन्धन रहित मन भयो सुखरासी। केवल शबद संग करे बिलासी॥

जाँ से उतपत होया, ताईं भया लवलीन।
'मंगत' मारग मुकत का, कोई गुरमुख लेवे चीन॥ 839

समता अपार शक्ति

गुपत सरूप सो सब में व्यापे। परगट होवे सतगुर परतापे
छीर माहीं ज्यों घिरत समाई। बिना मिथन के हाथ ना आई
फूल माहीं ज्यों सुगन्धी बासा। मेंहदी में ज्यों रंग निवासा
काठ माहीं ज्यों अगन रहाई। एह बिध ठाकर घट रह्यो समाई
सतपुरषारथ सत जुगती बूझे। सत साधन ले सो घर सूझे
मारग भेदी सतगुर मिलावे। सरब सार की जुगत लखावे
दृढ़ अनुराग सत मारग सोधे। मुकत सरूप तब ठाकर बोधे
मज़हब मज़ाहब का बाद निवारे। सार भगत मन माहीं चितारे
सरब जीयाँ में इक ठाकर पेखे। ऊँच नीच नहीं पड़े भुलेखे
साची करनी ऊँच गत देवे। कथ कथ मरे नहीं सार को लेवे
अपने मन की कल्पना निवारे। साचा मारग मिल गुर विचारे
लोभ मोह मन तजे अहंकारा। सत संतोख निर्मान मन धारा
अपने मरन की दिसा विचारे। कौन वस्तू होवे अंत सुखारे

शबद अनहद पहचानयों, जो अन्तर करे पुकार।
'मंगत' सो निज रूप है, सब में पूरन सार॥ 856

साधू तो सब ही भले, अपनी अपनी थाईं।
जो सत शबद के पारखू, सो ही संत कहलाईं॥
आध व्याध सब मन की नासी। निर्मल शबद घट सुरत निवासी॥
धंदा धावन मन जाए बिकारा। घड़िए शबद अन्तर टकसारा॥
सत विश्वास श्रद्धा धारी। अधिक प्रीत गुर बचन विचारी॥
मन के भरम का करे उपाये। सत मारग में प्रेम बढ़ाये॥
पाप पुन्न की करे पहचाना। मन को ठाके करे करम सुजाना॥
साचा त्याग जभी चित आवे। सतगुर परताप शबद रस पावे॥
नित नित सोधे शबद अगामी। जोग का जुगता परसे सो स्वामी॥
जप तप संजम पर-उपकारा। धारे करम होवे सचयारा॥
एको नाम मन माहीं कमावे। परम परकाश शबद रस पावे॥
अन्तर बाहर पवन की धारा। बारह सोलह सम कर विचारा॥
बाहर जाए हकार सो कहिए। भीतर आए साकार सो लहिए॥
हकार साकार का मेल मिलाए। अद्भुत शबद का परगट पाए॥
पवन आरम्भे ले नाम का खण्डा। अकथ कथा कथ जोत परचण्डा॥
साचा शबद मन माहीं परोवे। कोट जनम की मैल को धोवे॥
दृढ़ अभ्यास नाम कमाए। शबद का निरना सो गुरमुख पाए॥
बैठ इकान्त प्रभ भगत कमावे। करे अभ्यास गृहस्ती तर जावे॥
गृहस्ती विरक्ती दोनों हैराने। जब तक सार शबद नहीं जाने॥
शबद ही पार लँघावनहारा। जो जन सोधे उतरे पारा॥

शबद ध्याए भयो जनक निरदेही। शबद विचार राम त्याग चित लेई॥
शबद खुमारी में कृष्न मतवाला। निष्काम विरत में नित रवाला॥
शबद ध्यान शिव समाध अखण्डी। शबद में विचरे साध सन्यासी डण्डी॥
परगट शबद करे विगन का नासा। जरा मरन मिटे काल की त्रासा॥
शबद परगासे सो अनुभव ज्ञाता। अकथ कथे खुले ज्ञान कपाटा॥

सरब ज्ञान का मूल है, सरब जगत आधार।
'मंगत' परसे शबद जो, पावे जग का पार॥ 857

वस्त अमोल जगत में भारी। मिल सतसंग लयो शबद विचारी॥
अपरम मानक ये शबद आनंदा। कोट रवि सम जोत परचंडा॥
लाख उपाये करे दिन राती। बिना शबद मन तृखा समाती॥
शबद नीर जब घट माहीं पीना। मूल पछान तब इस्थिर थीना॥
ग्रन्थ वेद गुनी करें विचारा। घाल शबद उतरें नर पारा॥
मानुष जनम का एह ही फल मीता। शबद ज्ञान नित रमे रमीता॥
शबद पहचाने सो देवन का देवा। अबनाशी पुरष की करे नित सेवा॥
कठिन जंजाल माया बिस्तारा। शबद पहचाने उतरे जन पारा॥
पूरन योग रिद्ध सिद्ध दाता। एक शबद मन जपे अजापा॥
साध के चरनी नित डण्डवत कीजो। सेव टहल नित मन में सीजो॥
साध के बचन मन तन धारो। शबद अगोचर मिले निर्धारो॥
मन की व्याध जब अन्तर रहाई। युग युग भरमे नहीं मिले शबद सुखदाई॥
खिमा ग़रीबी जो मरन विचारी। श्रद्धा सेवा भाओ भगत आचारी॥
सतपुरषन के सुने इतिहासा। गुरू के बचन रखे अधिक विश्वासा॥

बार बार विचारया, सब जग बिख की खान।
'मंगत' शबद कमावना, जग जीवन सार निधान॥ 858

एक नाम की रखे परीत। परसे शबद परम सुखरीत॥
ज्यों ज्यों मन सतनाम कमाए। मिटे अन्धकार सत शबद लखाए॥
अच्छर जपे निरअच्छर होई। आनन्दसरूप में सुरत भगोई॥
नाभ कँवल है अचरज थाना। जाँ में वसया श्री भगवाना॥
सतगुर जुगत मिल नाम कमाए। उरध कँवल परगासत पाए॥
खुले सुखमनी जीव तृखा विनासे। परगट शबद तब अन्तर भासे॥
छिन छिन तिस में सुरत परोए। मनसा लीन मन निर्मल होए॥
अखण्ड सुरत जब नाम प्रभ चीने। काल करम की व्याध तब छीने॥
गरजे पवन खुले कपाट। परसे शबद उनमुन के घाट॥
उनमुन घाटी अजब समाजा। निराकार वहाँ रह्यो बराजा॥
जाप अजपा सुरत इकागर। ब्रह्मसरूप परसे उजागर॥
एक धुन्न सुरत परोई। तब ये काया निर्मल होई॥
जीवन मरन का निरनय पाया। उनमुन पुरष अकाल ध्याया॥
आपा तजे पछाने आप। एको शबद उनमुन व्याप॥
धन्न योगी जो जुगत विचारे। अनहद परसे पुरख आपारे॥
नित नित शबद में करे कुलेले। इच्छयाचारी सदा अडोले॥
निर्मल दिसा गुरदेव दिखलाई। अद्भुत बानी अन्तर पाई॥
गरजे मेघ बजे खड़ताल। दमके दामन अजब रवाल॥
उमढे जोत बाजे घट तूर। गुरमुख जीवे जप नाम हज़ूर॥
ग़ैब की बानी घट करी पछान। अबगत चानन देखा भगवान॥
अपने मन में रीज रिजाया। गूँगे गुड़ ज्यों नहीं सार जिताया॥

जेस जाना सो तृपत को भाखे। जुग जुग जीवे हर रस चाखे॥
वेषे विकार से मन भयो अतीता। सत शबद घर दर्शन लीता॥
रस परस से अत भयो निहाल। जप जप जीवे इक नाम किरपाल॥

अबगत शबद पहचानया, जम काल की मिटी तरास।
'मंगत' आठ पहर रीजत रह्यो, मन एके शबद निवास॥ 859

शबद को पीवे भयो गुरमुख मतवाला। अद्भुत दर्शन जोत उजयाला॥
अमरत कुआँ गगन में फूटा। गुह्य ध्यान में अमीरस लूटा॥
देव दानव करें अरदासा। अजरपुरष मिल अखण्ड सुख भासा॥
जुग जुग खोजें जिसको गुनी ज्ञानी। सो शोभा गुर पल दिखलानी॥
लोमस ध्याए मारकण्डे मन ध्यान। जुग जुग पूजे भसुण्ड निर्वान॥
मुनी सनकादिक नारद चिताए। तिस शबद की महमा वरनी ना जाये॥
चतुर्मुख ब्रह्मा नित उस्तत कीजे। नेती नेती परमान लखीजे॥
शेष सहँसमुख करे नित जाप। लखा ना जाई प्रभ का परताप॥
कपल कनाद करे गौतम ध्यान। अष्टावक्र करे जनक पछान॥

09:59

उलटा मारग ज्ञान का, सन्तो करो विचार।
'मंगत' देख के हंसया, जब कीटी खा गई पहाड़॥887

सो अबधूता सरब सिरताजा। बिना शरीर सुने नित बाजा॥
इकादस द्वादस का बन्धी कीना। चौदस परगास चन्दर घर लीना॥
द्वादस आये खोड़स जाये। समकर खेले खेल अगाहे॥
उत्तर दक्खन सुरती बन्ध राखे। पच्छम देश में अमीरस चाखे॥
पवन मधानी दधि मथे आपारा। रोल बरोल माखन काढ डारा॥
बिन जिभ्या बिन दन्ताँ के खाए। बड़वा अगन गई नीर समाए॥
उधर दीप मद्ध आसन धारी। उलटी धरती कथा विचारी॥
धरती फोड़ी हंसा उपजाया। नीर छीर का निरनय पाया॥
नीर को त्यागे छीर को खाए। गुर का पूत कथा अर्थाए॥
बिना रबाब के बजे पखावज। बहरा सुने तत्त भेद लखावज॥
उल्टी गंगा जमना उल्टाए। उल्टी सुरसती ब्रह्म घाट में आए॥
सूरज चन्दर दोनों को बाँधे। महाबली गढ़ अन्तर साँधे॥
पाँच पच्चीसी कीजे आहारा। तीनों मार धरनी पर डारा॥
बिख को खाए अमरत प्रगटाए। विरला गुरमुख उलट भेद को पाए॥
बिना शरीर इक पुरख को पेखे। बिना नैन के सब कुछ देखे॥
बिना आहार के नित बलधारी। बिना बोले सब कथा विचारी॥
विखमी संधी भ्रमगढ़ तोड़ा। एक दृष्ट चलायो घोड़ा॥
मन तरंग पर करे असवारी। सतगुर पूजे सब काज सँवारी॥
चौरासी सिद्ध नौ नाथ ध्याये। कथा अवधूत कोई विरला पाये॥
इरध गृह चन्द उरध ग्रह सूर। गुरमुख जुगती उपजे घट तूर॥
बिन जननी के पूत इक जाया। रलमिल सन्ताँ मंगल गाया॥
समाँ काल नहीं रुत पख मासा। रास ग्रह नहीं नखत्तर बिलासा॥
बिना शरीर वोह बालक देखा। संत-जनाँ ने लिखया तिस लेखा॥
घर में बालक नाच नचाए। निरत लखे अमरपद पाए॥

अद्भुत लीला घट रची, खेडन बालक आए।
'मंगत' कहे समझाए के, कोई विरला अर्थ लगाए॥888

अगम देस का सुन परवाना। हंसा बूझे होए निर्वाना॥
शिंघ शिकारी रमे बीबाने। शिंघ को मार रन जीते घमसाने॥
जब शिंघ को शिकारी मारे। फूल पड़े फुलवाड़ी अपारे॥
अगन लागी दरया में भारी। सरब जीव भए भयकारी॥
अगन बुझावे अमरत वरखावे। उलट भेद को विरला अर्थावे॥

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

10:00

अमरत कथा बखानी, ज्ञान ध्यान तत्त सार।
'मंगत' परसे जो गुनी, सो सतगुर बलिहार॥890

ऐसी जुगत पछाने जोई। साच जोगिन्दर कहलावे सोई॥
मूल द्वार में बन्ध लगाना। आसन सहज जुगत से लाना॥
उलट अपान प्रान में लेवे। सतगुर मेल जुगत सत सेवे॥
परम जतन नित्यानित राखे। उल्ट बुद्धी घर अमरत चाखे॥
छिन छिन पवन का सोधन कीजे। विखमी सिन्ध खुले अमीरस पीजे॥
भौरा लुगध्या शबद के माहीं। उरध कँवल परगास लखाईं॥
अष्टदल कँवल को छीना। उलट पलट पवन को दीना॥
सुरत इकागर पाताल समाई। उलट पवन घर गरजत रहाई॥
सूक्षम सुर धुन नाद गुंजारे। उदर दीप में खेल अपारे॥
आसा मनसा से भयो विरक्ता। सतगुर जुगती जोग संजुगता॥
दृढ़ विश्वास पवन को सोधा। खटचकरन से भया निरोधा॥
उलट नाद तरबैनी बोले। चौथी सुन्न कोई गुरमुख खोले॥
धन्न योगी जिस योग लखाया। झुनतकार अनहद घर पाया॥
छिन छिन नाद बोले तिरनाली। दमके दामन अजब रवाली॥
गरजे मेघ ब्रह्मण्ड को फोड़े। सतसरूप चित चरनी जोड़े॥
आलख रूप का लेख लखाया। निराकार का दर्शन पाया॥
पंच शबद धुनकार बजावे। धन्न योगी जो जुगत लखावे॥
ईड़ा पिंगला मथ कर लीजे। सुखमना माहीं पवन भरीजे॥
उल्टे नेत्तर धरे ध्यान। धन्न योगी जुगता परवान॥
पवन का मिथना खोले किवाड़ा। उल्टी नागन शबद विचारा॥
स्वास सुरत इक तार परोई। शबद कला तब परगट होई॥
शून्यंगकार नाद निर्वाना। बन्धी छूटे सुन मुकत निधाना॥
परगट शबद भरम जलाए। छाया माया सब कलह वँजाए॥
रोम रोम में ररंगकारा। उठ जोगी घर सुन पुकारा॥

शबद खोज ब्रह्मा थके, सुर नर मुनी और देव।
'मंगत' शबद पछाने सोई, ले सच जुगती गुरदेव॥ 891

पूरन पुरख सोई गुर मेरा। जो इस पद का करे नबेड़ा॥

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

अमरत कथा बखान करी, जो खोजे पावे जीत।
'मंगत' ये तत्त सार है, पद निर्वान पुनीत॥ 894

ऐसा ज्ञान विचारे जोई। जीवन मुकत कहावे सोई॥
सत विचार करे गुर की संगत। हरे भरम होवें संशे खण्डत॥
सत असत का निरनय पावे। सत को खोज तिरखा मिटावे॥
बिन रसना के अमीरस खाये। साचा नाम मन माईं ध्याये॥

मन पवन की जुगता बूझे। मिथना करे ज्ञान तत्त सूझे॥
आतम महल के खुले किवाड़ा। तन मन प्रान करें विचारा॥
तन से सूक्षम इन्द्री विकारा। इन्द्री परे मन का बिसतारा॥
मन के परे बुद्ध ठहराई। बुद्ध के परे रतन सुखदाई॥
जब लग बुद्धी विखयों की भुगता। जनमे मरे ना परसे मुकता॥
अनुभव ज्ञान जब योग लखाया। गुरमुख मनुआँ जाए पवन समाया॥
मन पवन भयो इक रूपा। परगट अनुभव शबद सरूपा॥
प्रान तत्त में सुरती राखे। मिल सतगुर सत जुगत को लाखे॥
होवे निहचल मनुआँ तजे चतुराई। तीन लोक की सम्पत घर पाई॥
शबद पछाने सुन्न लावे ताली। सुन्न समाध हरे करम की जाली॥
उल्टी पवन का आहार करीजे। भूक प्यास निद्रा सब छीजे॥
तीन गुन माया पर पावे जीत। पंजकोश से होवे अतीत॥
सुक्षम कारन जाए माया बिकारा। अस्थूल भरम का मिटे गुबारा॥
शबद सार जीवन को पाए। सतगुर मारग इयों दिखलाए॥
गुर का पूत लखे ये भेदा। अन्तर पवन कँवल को छेदा॥
मन पवन कठन कठार। तिसको जीते पाए शबद आपार॥
जो कर पवन की जुगत नहीं जानी। पच पच मरे क्यों अज्ञानी॥
मिल पूरन गुर को तत्त लखाओ। अजर पुरष का दर्शन घर पाओ॥
पवन सुरत का एका कीजो। सार ज्ञान भेद को लीजो॥
मुकत महाँसुख परसे सार। साची जुगत करे निस्तार॥

स्वास सुरत एका भया, मनसा भई लवलीन।
'मंगत' शबद परगासया, कोट भान छबी चीन॥ 895

सो सन्यासी सन्यास पहचानी। सुन्न कन्दरा में करे ठिकानी॥
सकल परकिरत पर पावे त्याग। निहकर्म सरूप आतम संग लाग॥
मूल भगती करे नाम आहारा। सरब अतीत घट रूप विचारा॥
शुद्ध विवेक की भसम रमाई। खिमा ग़रीबी का चोला गल पाई॥
सत विश्वास का आसन धारे। गुपत सरूप की जुगत विचारे॥

अकथ कथा घट में होवे, उमडे शबद हलोल।
'मंगत' भेदी तत ज्ञान का, परसे मन अडोल॥ 903

हर का भगत भया मतवाला। जिसके अन्दर भया उजियाला॥
मूल द्वार में सुरती को गाढ़ा। अन्तर पवन का लखा पसारा॥
सतनाम को छिन छिन ध्याया। परम परगास घट अन्तर पाया॥
उलट सुरती चढ़ी आकासा। बिमल शबद संग कियो बिलासा॥
तीन भवन शबद अखण्डा। अद्भुत परगास जोत परचण्डा॥
गुरमुख देखे अपरम आपारा। मन तन का सब मिटा ग़ुबारा॥
अजब मस्तान रहे मतवारा। घूँघट नाद घर करी विचारा॥
जिसको खोजे बहु जतन कर धारी। जिसको पूजे बहु रंग पुजारी॥
जिसके ताईं करे नित तपस्या। दुख सुख में नित रहे उपरस्या॥
सो परमानन्द परम सुख खानी। अनहद नाद घर करी पछानी॥
त्रिकुटी आसन सुरत अडोले। जाप अजपा हिरदे में तोले॥
एक सुरत निज नाद समाई। ब्रह्म जोत घर में दरसाई॥
अजब कथा घर मंगल हूआ। उठ सुनो जोगिन्दर मिटे भ्रम दूआ॥
नाद निरत सुरत करे एका। पूरन भाग जाँ विरत विवेका॥
कड़के नाद अधिक आपारी। कम्पे काया मन शान्त विचारी॥

उलट कँवल भयो परगासा। पूरन भाग तत्त योग निवासा॥
खल बुद्धी जड़ता सब नासी। परम कला आतम परगासी॥
दु:ख नाठे मन भया गम्भीरा। साची जुगत परसे तत्त छीरा॥
नित मतवाला मन गगन निवासी। पंजम सुर धुन नाद परगासी॥
बादल गरजे बहु रंग की ताना। हर का भगत भया मस्ताना॥
ग़ैब ख़ज़ाना मानक इक पाया। नाद निरंजन मेल मिलाया॥
पूरन मनुआँ रह्या पूर समाए। पूरन भगती मन तन कमाए॥
करम जंजाल तृष्ना बिख नासा। अद्भुत कौतक देख निरवासा॥
ज्ञान ध्यान भयो सुफल विचारा। ऊँची दृष्ट घर शबद विचारा॥

अमृत पीवे अमृत वरखाए, हर का भगत सुजान।
'मंगत' परसे निज रूप को, तिस में रहे ग़लतान॥ 904

नाम प्रभ का परम सुखदाई। सिमर सिमर सब कलह वँजाई॥
दुस्तर रचना अधिक ग़ुबारा। आवे जावे जीव अंधयारा॥
बिन तत्त ज्ञान नहीं भरमन जाए। कोट विचार करें उपाए॥
करम की इच्छया जम का रूपा। सभी बन्धावें रंक और भूपा॥
तृखा ना जाए ना मन सुख भासे। आस आस में लयो काल गरासे॥
गुरमुख सिखया सुन बिमल विचारा। जल थल पेख एक करतारा॥
साचा ठाकर जो जगत परगासी। भगत कमाओ होवो सुख वासी॥

अन्धे के हाथ में देवे आरसी स्वरूप नजर नहीं आवे।
दर्पण साफ दोष आंखों में भटक भटक दुःख पावे॥2
दो दो आंख सब जीवों के पढ़ तीजी खुल जावे।
धार्मिक पुरुष के सात आंख हैं ज्ञानी के अनन्त खुल जावे॥3
ज्ञान का अंजन सार आंख में भर्म जाल हट जावे।
कहे जीवाराम कृपा सतगुरु की सहस भान दरसावे॥4

भजन राग आसावरी

अन्धों के ईश नजर नहीं आवे।
कला कुदरत लीला नहीं जाने भर्म भर्म दुःख पावे॥टेक
मन बुधि अहंकार कहिये तत्व पांचों कहावे।
यह ईश्वर की अपरा प्रकृति गीता ग्रन्थ सुनावे॥1
परा प्रकृति चेतन सकल में सब घट माहि समावे।
दोनों से ही रचना है सारी चराचरी में पावे॥2
ज्ञान कला से लिखो यथार्थ भांति भांति से दरसावे।
रोम रोम रग रग में व्यापक कर खोज पत तब पावे॥3
ईश्वर जीव प्रकृति तीनों अनादि बतलावे।
कहे जीवाराम समझ कर देखो वेदों में फरमावे॥4

भजन राग आसावरी

वो पद वेद भेद से ही न्यारा।
मन वाणी इन्द्रियों से अगोचर तत्व प्रकृति पारा॥टेक
गुणातीत निरन्तर न्यारा रंग वर्ण के बारा।
तीन काल से कहिये अलहदा कलेस रहित करतारा॥1
आदि अनादि नहीं प्रमादि निरालेप निरंकारा।
पांच कोश से पार कहीजे निर बन्धन निराधारा॥2
लिखता लेख अक्षर में नाहीं सब ही पच-पच हारा।
कैसे लिखे लिखा नहीं जावे विना अंक ह्नि सारा॥3
सोहं आप सर्व का साक्षी न कोई मैल विकारा।
कहे जीवाराम परम गत पूर्ण दुई पार दीदारा॥4

भजन राग आसावरी

वेदान्त शास्त्र का बजे नकारा तू सबका सिरदारा।

बकरी के गलस्ताना, दूध मूत नहीं धार॥5
राम भजे बिन जिन्दगी, ज्यूं पूंछ स्वान की।
तन ढके न मछर उड़े, ज्यूं सदा बेकाम की॥6
राम राम भजते रहो, निश दिन लगा के ध्यान।
भजत भजत भगवान को, पावे पद निर्वान॥7
राम नाम के सुमरते, तर गये जीव अनन्त।
पापी जीवों को भी मिल गया, निज मुक्ति का पंथ॥8
राम भजन सब से भला, चार वर्ण के मायं।
वोही बड़ा सब जगत से, भेद भाव कुछ नाय॥9
निर्भय होके राम भज, कर कर मन में उमेद।
सकल कामना सिद्ध हों, मिटे जो मन की खेद॥10
सरियादे से शिक्षा मिली पायो सत्य विवेक।
तां दिन भगत प्रहलाद ने लई राम की टेक॥11
राम रटत प्रहलाद को, पिता ने दई त्रास।
प्रीत पाली भगत की कियो दुष्ट को नास॥12
राम नाम के प्रताप से, पायो विभीषण राज।
द्रोपदी की सभा में, राखी प्रभो लाज॥13
राम नाम सम कुछ नहीं, जोग जग आचार।
कंचन कर नित दान तू, नाम बिना बेकार॥14
निश्चय निर्भय मन करो, राखो घट विश्वास।
राम भरोसे जो रहे, पूर्ण हो सब आस॥15
वेद पुराण में सब लिखे, मुक्ति नहीं बिन नाम।
नाम से सिल्ला तरी, निश्चय दिल में धाम॥16
ओ३म् कहो चाहे सोहं कहो, चाहे कहो नित राम।
वस्तु एक की एक है, यह सांची कर धाम॥17
ज्यां के घट निश्चय भया, ज्यां का सरगया काम।
नाम के प्रताप से, पाया सुभ ही धाम॥18
धुरू भगत प्रहलाद ने, भज्यो नाम एक राम।
सैन सदन अजामल नाम दे, पायो निज विश्राम॥19
राम नाम का दीपक जो, धरले मुख के भांय।
भीतर बाहिर रोशनी, रजनी तम भग जाय॥20

दर्शन करते दुविधा भागी चित्त चरणों में ल्याया।
लख चौरासी में चलते फिरते, अबके सतगुरु पाया॥
हरे हर अबके सतगुरु पाया॥1

पूर्व पुन्य से सतगुरु मिलया, अपने भाग सराया।
अपनो करके ज्ञान सुनावे, दिल का भ्रम हटाया॥
हरे हर दिल का भ्रम मिटाया॥2

बिन सतगुरु मोही जातो जमारो जन्म मरण भटकाया।
अब तो शरणों लियो सतगुरु को, सुख स्वरूप लखाया॥
हरे हर सुख स्वरूप लखाया॥3

महर करी निज पद के दाता, सोता आन जगाया।
जीवाराम कहे क्या महिमा, नर तन का फल पाया॥
हरे हर नर तन का फल पाया॥4

भजन राग पीलू ताल कव्वाली

मेरे सतगुरु सैन बताई मुझे॥टेर
प्रथम आसन पदम शुद्ध कीना, दुविधा भाव दूर धर दीना।
मूल कमल शुद्ध आई मुझे॥1
साधिष्टान शोध शुद्ध नाभी, हृदय कमल पे अनुभव छागी।
कण्ठ कमल कलियां पाई मुझे॥2
बंक नाल का मार्ग झीना, भंवर गुफा में डेरा दीना।
परम ज्योति का दर्शन पाया मुझे॥3
जीवाराम कहै समझाई, बिन सतगुरु कोई पहुँचत नाहीं।
आनन्द स्वरूप सुवाया मुझे॥4

भजन राग पीलू ताल कव्वाली

सतगुरु आनन्द रूप लखाया मुझे॥टेर
सत मिथ्या का भेद बताया, जनम मरण का भय मिटाया।
सत्य ब्रह्म बोध समझाया मुझे॥1
जड़ चेतन का किया निमेड़ा, जीव ईश का मिटे बखेड़ा।
गुरु व्यापक स्वरूप बताया मुझे॥2
निराकार निरबन्धन न्यारा, शुद्ध स्वरूप नहीं मैल विकारा।
गुरु आत्म अचल दरशाया मुझे॥3

गया करोड़ों वीर शूरमा खप जासी॥2
कर जतन चेत कर चाल मुक्ति पा जासी।
जो चूके अब की बार फेरूं दुख पासी॥3
पद गावे जीवाराम भावपुरा निज वासी।
चलना होगा जरूर वासना रह जासी॥4

भजन राग रंगत बहर चौकरी

निश दिन भजले नाम राम को प्यारा।
वह हरदम तेरे पास कभी नहीं न्यारा॥टेर
राम ही सब जग में रमता है भाई।
राम ही पूर्ण ब्रह्म चेतन शुद्ध सांईं॥
राम ही सबका स्वामी मान मन माहीं।
राम बिना नहीं धाम सन्त फरमाहीं॥
घट घट बोले राम लिखो ततसारा॥1
परमेश्वर का नाम अनन्त जग माहीं।
अनन्त नामों में मुख्य तीन कहाहीं॥
ओ३म् सोहं राम रटो लव लाई।
हो भव सिन्धु से पार झूंठ या में नाहीं॥
है आदि शब्द रंकारा जपो धुन धारा॥2
तरे पशु पक्षी ले राम नाम का सहारा।
तरे भालू कपि और गिद्ध ग्रन्थ पुकारा॥
राम नाम से ही सिला तरी भई पारा।
एक जीव का तरना तुच्छ सुमर हर बारा॥
है चार वेद का सार नाम तत्सारा॥3
लाखों पापी तरे जगत के माहीं।
कर राम नाम का सुमरण मुक्त पद पाई॥
राम ही तारक मन्त्र वेद दरसाही।
पद गावे जीवाराम गुरु से गम पाई॥
रट नाम रट लिया सहज किनारा॥4

भजन राग जिला दादरा रेखता

सुरत भर देखले दिल में दिलदार है।

भजन राग आसावरी

सुमर मन आदि शब्द ओंकारा।
स्वास उसास में भजो निरन्तर सहज होय भवपारा॥टेक
ओंकार की तीन मात्रा अकार ओकार मकारा।
सो ब्रह्म ज्योतिस्वरूप सकल में कर देखो निरधारा॥1
ओंकार से ही वेदों की रचना गायत्री मन्त्र उचारा।
ओंकार से ही सारी विद्या नभ वायु तत सारा॥2
धूनी और ध्यान तपो उमर चार जटाजूट सिर धारा।
ओंकार बिन सिद्ध न होवे जोग जग अधारा॥3
निज नाम ओम् प्रभु का करोड़ों सन्त पुकारा।
कहे जीवाराम गुरु से गम पाई हरदम रट मन प्यारा॥4

होली राग कसूरी ताल रसिया

सखी सजलो सब सिंगार पिया संग खेलो होरी॥टेर
पांच पच्चीसो होकर भेली फाग रचाओरी।
ज्ञान गुलाल घोल शब्द पिचकारी लगाओरी॥1
योग युक्त की झांझ बनाकर चंग बजाओरी।
राम नाम की टोपी लगाकर हरि रसिया गावोरी॥2
हो होशियार पिया के सन्मुख प्रेम मिलाओ री।
होय दीन आधीन चूक सारी बकसाओ री॥3
दिनड़ा गिनता फागुन आयो भाग्य सराहो री।
जीवाराम भयो तब आनन्द निज घर पावो री॥4

भजन राग आसावरी

आत्मा का सुनों स्वरूप चित धारा।
अमर अनादि आप जुगादी जन्म मरण से न्यारा॥टेर
देश काल वस्तु नहीं लागे नहीं अवस्था चारा।
अवस्था अतीत गुण से आगे निराकार निराधारा॥1
सत चित आनन्द सदा नर बंधन माया प्रकृति पारा।
अखण्ड अकाल चेतन सुख रासी काल मौत से पारा॥2
नाम रूप वाणी नहीं खाणी नहीं अचार विचारा।
धर्म अधर्म कर्म नहीं क्रिया साखी शब्द सब वारा॥3

असंग अभोक्ता है अतर्कता कूटस्थ है ततसारा।
कहे जीवाराम ऐसा शुद्ध आत्मा मेरा हैं प्यारा॥4

भजन राग आसावरी

ईश्वर का सुनो स्वभाव यह प्यारा।
सत चित आनन्द है अविनाशी सर्व देशी एक सारा॥टेर
अजन्मा अनादि केवल, सर्वाधार निराकार।
अजर अनन्त अन्त नहीं ताको न कोई वार न पारा॥1
सर्वेश्वर सर्व में व्यापक, नहीं आकार विकारा।
स्वतः प्रकाश सदा परिपूर्ण जन्म मरण से न्यारा॥2
अखण्ड अकाल सर्व का दृष्टा शुद्ध ब्रह्म तत्व सारा।
मुक्त स्वरूप सदा सुख राशी जाने जानन हारा॥3
अन्तर्यामी सब का स्वामी सहज स्वरूप विस्तारा।
कहे जीवाराम भेद भजा दूरा एक अरूप निज सारा॥4

भजन राग आसावरी

साधो भाई सुणों निर्णय धर ध्याना।
ईश्वर हेर देख दिल अन्दर, बाहर क्यों भरमाना॥टेर
मूल कमल में गनपति देवा, सर पे ब्रह्मा बखाना।
नाभि कमल पे विष्णु विराजे, हृदय शिव का थाना॥1
कण्ठ कमल में कला कुदरत की उलटा प्राण चढ़ाना।
त्रिकुटी में परम ज्योति है जिनका दर्शन पाना॥2
सात जन्म आगला सुधरे, महरम हो सो जाना।
दसवां द्वार असि पद ईश्वर तो मैं जाय समाना॥3
कर नर जगत कथन सुणा सांचा जीतो आना जाना।
कहे जीवाराम कृपा सतगुरु की पाया पद निर्वाना॥4

भजन राग परज ताल

जगत में आज देखलो विद्या का ही राज है॥टेर
विद्या से ही गांधी ने पाया सकल स्वराज है।
विद्या के ही कारणे नेहरू सिरताज है॥
विद्या से ही हाकिम होवे मिले सर्व सुख साज है।
विद्या से ही देखलो चलें हवाई जहाज है॥

भली बुरी वासना रहेगी जग दुनिया बखान किया।
आया पंछी चला गया सारा ढंग दुनिया का छोड़ गया॥3
सब जीवों का धर्म यही है हरि सुमरो और राखो दया।
जीवाराम कहे पद पूरण भाव भक्ति करी सो पार भया॥4

भजन राग आसावरी (प्रश्न)

साधो भाई सुण लटका निर्गुण का।
जो तू भेदी है निर्गुण का करो अर्थ अक्षर का॥टेर
सत लोक पे चार धाम हैं नाम बताना उनका।
एक फूल गुल चार कहिये करो अर्थ अक्षर का॥1
अगमपुरी के चार चरण हैं नाम सुनाओ उनका।
अनहद की तो माता कौन है पिता बताओ उनका॥2
बिन पिंड का पुरुष कहिये स्वांस बिना अक्षर का।
पहिले मेरा उत्तर देना पीछे करना खुड़का॥3
साजबाज को रख देना करो अर्थ अक्षर का।
जीवाराम के प्रश्न चार हैं मेटो इनकी शंका॥4

भजन राग आसावरी (उत्तर)

साधो भाई सुनो उत्तर प्रश्न का।
कान लगाके सुनो भजन को मिटे तिमिर अन्दर का॥टेर
महा संसय मैदान संसय अन्धकार महाकाल का।
सतलोक पे यह चार धाम हैं पुगे पास गुरु का॥1
शब्द फूल गुल चार पदार्थ यही अर्थ गुलों का।
अनहद की मात सुकमण कुम्भक पिता अनहद का॥2
ररंकार ओंकारा अमी रूप सही सत का।
चार चर्ण यह अगमपुरी का खोलो द्वार गगन का॥3
आर्यपुरुष अखण्ड अविनासी श्वास बिना अक्षर का।
कहे जीवाराम लिखो पद पूर्ण हट जाय दिल की शंका॥4

शब्द राग राधेश्याम (प्रश्न)

जो जू बात घमंड की करता मेरा सुन प्रश्न बानी।
इस बानी का भेद बताना जब समझूं पूरा ज्ञानी॥टेर
प्रथम कहो एक क्या है दूजा कौन लगा है साथ,

याही से उत्पन्न पहले सकल संसारा।
जो पिण्ड से भये प्रानी, वह पिण्डज खानी मानी॥
जो अण्ड से पैदा होई, सो अण्डज खानी सोई।
जमीं से जग में भई उत्पन मेघ जलधार॥
जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति हुआ भई अवस्था चार।
गुरु ने यो समझायो मोय॥1

ब्रह्म वाक् परा भई बानी, ईश्वर वाक् प्रसन्ती ठानी।
माया बीच बेखरी जानी, जीव बीच मध्यमा पानी॥
सतयुग त्रेता द्वापर कलयुग चारा।
साम अथर्व ऋग् यजुर्वेद पुकारा॥
तत्व तम परम ऐसी पद प्यारा।
चित मन बुध अहंकार लिखो यह सारा॥
अर्थ धर्म और कामा, निज मोक्ष पदार्थ धामा।
अब पांच तत्व सुनाऊं, तेरा मन का भ्रम मिटाऊं॥
आकाश वायु तेज है चौथा नीर निहार।
अब पांचवां तत्व पृथ्वी भई ऐसा अर्थ विचार।
यह गुरु से मालूम होवे॥2

शब्द स्पर्श रूप रस गंधा, पांचों जीव के हैं यह फन्दा।
अन्न मन प्रान ज्ञान आनन्दा, जाने हरिजन गुरु सुखी बंधा।
कहूं पांचों मुन्दरा का भेद मिटे सब खेद सुनो तुम ज्ञानी।
है जिभ्या कमल पर खेचरी मुन्दरा ठानी।
अगोचरी स्थान समझलो कान सुनो चितलाई।
हे त्रुसरी स्थान नाक के माहीं।
मुंदरा चाचरी नेत्रा थाई उनमुन ब्रहाण्ड माहीं॥
अब पांचों मुक्त सुनाऊं, तोपे निज पत भेद बताऊं।
समीप सरूपा सालोक्या सायोज्या जीवन मुक्त विचार।
मुक्त बंध में वो नहीं है वो तो इनसे पार॥
वो तो निबन्धन निर्भयो॥3

शिक्षा व्याकरण ज्योतिष है भाई, छंद कल्प निरुक्त कहाई।
छऊ अंग वेद के गाई, छः दर्शन अब कहुँ समझाई॥
सांख्य विशेष भी मानसा भाई,

साख०—ब्रह्म जगत में एक है, नाम अनन्त अपार।
मन मांगे सो ही लीजिये, कहे कबीर बिचार॥
तीन नाम है ब्रह्म का, ओ३म् सोहं राम।
इष्ट भेद से जपत हैं, न्यारा-न्यारा नाम॥
ज्ञानी सोहं कहते हैं, योगी कहे ओ३म्कार।
भगत कहत है राम ही, तीनों एक बिचारा॥
राम नाम निज मूल है, चार वेद को सार।
जो सुमरण करे राम का, सहज होय भव पार॥
नाम प्रताप तैर गया, पानी पर पाषान।
नर तरना क्या दुर्लभ है, जो सुमिरे भगवान्॥

प्रश्न—हे स्वामीजी! क्षर अक्षर ना अक्षर है सो क्या है?

उत्तर—दोहा—क्षर देही को कहते हैं, गीता में भगवान्।
अक्षर है जीव आत्मा, जाने ताहि सुजान॥
न अक्षर जिन आत्मा, रंग रूप न ही रेख।
हैं सबमें सबसे परे, सब मिट रहा वो एक॥

प्रश्न—हे स्वामीजी! प्रथम कौन अक्षर है?

उत्तर—प्रथम ओ३म् अक्षर, ओ३म् से अ, अ से आ, आ से इ, इ से ई, ई से उ, उ से ऊ, ऊ से ऋ, ऋ से ए, ए से ऐ, ऐ से क, क से ख, ख से ग, ग से घ, घ से ङ, ङ से च, च से छ, छ से ज, ज से झ, झ से ञ, ञ से ट, ट से ठ, ठ से ड, ड से ढ, ढ से ण, ण से त, त से थ, थ से द, द से ध, ध सें न, न से प, प से फ, फ से ब, ब से भ, भ से म, म से य, य से र, र से ल, ल से व, व से श, श से ष, ष से स, स से ह, ह से क्ष, क्ष से त्र, त्र से ज्ञ।

गिनती—1-2-3-4-5-6-7-8-9-10।

मात्राएं—। ि ी ु ू े ै ो ौ ं :

बारह खड़ी—क का कि की कु कू के कै को कौ कं कः।

अर्थ—इसी तरह इतिहासों में शास्त्रकारों ने शास्त्रों में लिखा है। मन बुद्धि दोनों मिला के बावन अक्षर होते हैं, इन्हीं बावन अक्षरों द्वारा चारों वेदों की महर्षि दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश में पृष्ठ नं०129 में, (मनु०-1-23) लिखा है कि महर्षियों में ब्रह्मा ने प्रकट चारों वेदों को किया है।

प्रश्न—हे स्वामीजी! उन चारों महर्षियों का क्या नाम है तथा कौन-कौन ऋषि ने किस-किस वेद की रचना की है?

भजन राग आसावरी

शिष्य सुनो हमारी वाणी।
सुरती सन्त शब्द की शाखा प्रकट कहे बखाणी॥टेक
तू तो पुरुष प्रकृति नाहीं न तू जाण अजाणी।
न तू गुण इन्द्र भी नाहीं नहीं तू पवना पाणी॥1
तू तो स्थूल सूक्ष्म नाहीं, न कोई कारण बखाणी।
न तू विश्व तेज से प्राग्य न तू चारों खाणी॥2
नहीं तू मन बुद्धि भी, नहीं तू चारों वाणी।
अनुभव सदा एक रस कहिये कहूं बचन प्रमाणी॥3
देह मरे तू अमर रहे त्यागी भर्म भुलाणी।
सुण सन्तोष हृदय कर धारण कह जीवाराम तत छाणी॥4

भजन राग आसावरी

पाई मैं हरि सुमिरण सुख धारा।
श्वास-श्वास में लगी टिकटिकी, की अष्ट पहर इकसारा॥टेक
सतगुरु देव दया करे दाता दिया भेद ततसारा।
आसन मार ध्यान में बैठ्या रंक काट धुन्धधारा॥1
महर करी जब महरा पाया कहा श्वास निरधारा।
ईड़ा पिंगला ज्यों ही सुखमणा कर दर्शन दीदारा॥2
परम प्रकाश हुआ चोहूं दिशि मिट्या तिमर अंधेरा।
बाहर भीतर एक ही व्यापक आप स्वरूप इकसारा॥3
जीवारामजी सतगुरु मिलिया भाग्या भर्म अन्धेरा।
कहे सन्तोष सुनो भाई साधो सोही इष्ट हमारा॥4

भजन राग आसावरी

शिष्य भगवत भक्ति करना।
भक्ति बिना भर्म नहीं भागे नहीं होगा भव जल तरना॥टेक
एक दिन जन्म लियो जननी के एक दिन होगा मरना।
बारम्बार नहीं मिले मनुष्य तन वेद सन्त सब बरना॥1
नर तन मिल्या राम भज बानी ध्यान हरि का धरना।
चूके वक्त पड़े चौरासी रात दिवस होगा फिरना॥2
भगवत कृपा हो जिन ऊपर मिटे जन्म और मरना।

सकल उपाधि छोड़ जगत की ले प्रभु की शरणा॥3
जा विधि ताप मिटे भव बन्धन संकट सारा हरना।
कहे जीवाराम सुनो शिष्य सन्तोष यही पथ प्रवीना॥4

भजन राग पंजाबी

भज दीनबन्धु भगवान् भव तर जावे रे।टेक
आयो नर लख चौरासी काट, नर तन मिल्यो सारो ठाठ।
यह निज मुक्ति घाट परम पद पावे रे॥1
भरले बोल भलाई प्रेम, ले सत सुमरण का नेम।
फेर मिले ना ऐसा टेम अवसर जावे रे॥2
देखो हरि भक्ती बाग, जिसमें रहे हैं मेवा लाग।
भोग अपने-अपने भाग किया फल पावे रे॥3
पद गावे जीवादास, लग रही भजन की आस।
श्रीनगर भावपुरा वास हरि गुण गावे रे॥4

भजन राग आसावरी

साधो भाई यही उपदेश मन भाई।
लोक लाज सब छोड़ जगत में हरि सुमिरण धुन लाई॥टेक
सास उसास में नाम हरि का तन्त तार धुन लाई।
सहजे सुमरण होत घट भीतर यूं कर आनन्द पाई॥1
सकल कामना पूर्ण होवे मानस तन के माहीं।
जगत जंजाल में रीतो रह गयो यूं ही सब दिन खोई॥2
सास उसास का कर निरधारा तीनों ताल मिलाई।
ईला पिंगला बहे त्रिवेणी चढ़ तीर्थ में नहाई॥3
जीवाराम मिल्या गुरु पूरा सांची सेन दरसाई।
सन्तोषदास कृपा सतगुरु की आनन्द रूप समाई॥4

भजन राग आसावरी

साधो भाई वो ही देश मन भाई।
आवे न जावे मरे नहीं जन्मे आत्म नगर बसाई॥टेक
उत्पत्ति प्रलय तामें नहीं न कोई जननी जाई।
काल मौत नहीं कोई उनमें बिरले पारख पाई॥1
अथाह अतोल अमर अविनाशी भूल भर्म कुछ नाहीं।

प्रथम सन्ध्या सुमरण सारूं। उसी कर्त्ता पर तन मन वारूं॥
दूजी सन्ध्या दिल में धारा। विषय विकार मिटे दुःख सारा॥
तीजी सन्ध्या त्रिविध देवा। रक्षा करें आप गुरु देवा॥
चौथी सन्ध्या चिन्ता भागी। कलह कल्पना दुर्मत त्यागी॥
पांचों सन्ध्या परम पद पूरा। जन्म मरण से होवे दूरा॥
छठी सन्ध्या जपे जन कोई। काल जाल व्यापे नहीं तोही॥
सातों सन्ध्या ऐसी होई। काग रूप से हंसा होई॥

अर्थ—सन्ध्या का पिता दिन है और माता रात्रि है।

(सातों सन्ध्या इस प्रकार है)

सातों सन्ध्या का रंग, वर्ण, वासा और सुमिरण

ओ३म् रैन दिवस जो सन्ध्या करता,
भव दुःख संकट सारा हरता॥1
प्रभात की सन्ध्या पूरब वासा,
पीत रंग सोहं जप सोहं प्रकाशा॥2
मध्याह्न की सन्ध्या स्वर्ग से छटकी,
भगवां रंग भृकुटी अटकी॥3
बे पार की सन्ध्या ब्रह्माण्ड से उतरी,
सुवरन रंग सोहं वाणी ले उचरी॥4
श्याम की सन्ध्या पश्चिम से आई,
लाल रंग सोहं वाणी लाई॥5
अर्ध रैन की सन्ध्या पाताल से आवे,
लीला रंग सोहे नाद बजावे॥6
ब्रह्म मुहूर्त की सन्ध्या बहु रंग वाणी,
इष्टदेव दरसा निरवाणी॥7
सातों सन्ध्या अखण्ड एक लारी,
भव सिन्धु ले उतरे पारी॥8

अतः सात सन्ध्या के नाम निम्न प्रकार हैं—

1. संज्या, 2. मंज्या, 3. त्रिकाली, 4. प्रभात, 5. श्री, 6. शंकरी, 7. श्यामा।

यजुर्वेद गायत्री मन्त्र

ॐ भुर्भूवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।

होती है, फिर आगे कर्म करते हैं और किया जाता है। प्रमाण साबित है, महात्मा कबीर साहब ने एक भजन में गाया है—

राग केरवा

कर नैनों में दीदार महल में प्यारा ॥टेक
मूल कमल गणपति स्थाना, केलंग जाप लाल रंग माना।
पहले थारा मूल सुधारो, सिद्ध कारज होय सारा ॥1
नेती, धोती, बस्ती पावो, आसन पदम जुगत सुध लावो।
मेरू, दण्ड सुध ले आये पावन चौधारा ॥2
गगन मंडल ऊर्ध मुख कूंवा, ताका नीर हरीजन पीवा।
नुगरा जाय पियासा, जाके हिया अन्धेरा ॥3
कहे कबीर सुनो भाई साधो, जागी नागिन इसको डाटो।
हो ज्ञान घोड़ले असवार, निज भ्रम करो न्यारा ॥4

राग आसावरी

साधो भाई प्रथम गणपति ध्याया।
जिस से ज्ञान बुद्धि हम पाया ॥टेक
मूल कमल पर बसे गणेश निश दिन ध्यान लगाया।
ऋषि मुनि सुमरे ईश देव को वेद ग्रन्थ में गाया ॥1
ता कमल के चतुर्थ पंखड़ी रक्त बरण दर्शाया।
सुधि बुधि दो शक्ति कही जे देखो रूप सवाया ॥2
षट कमल पर ब्रह्मा विराजे रंग पितल्या पाया।
नाद वायु संचार होत है लिखे सन्त निरधाया ॥3
श्रेष्ठ पुरुष नाभी कमल जहां विष्णु दर्शन पाया।
जागी जुगत नाम सुधि पाई उर में आनन्द छाया ॥4
भदुराम जी सामर्थ मिल गये सच्चा भेद बताया।
जीवादास आस चरणों की सन्त समागम पाया ॥5

अर्थ—ऐसा है कि पहले मूल कमल का संशोधन करके फिर शाधिष्टांन यदि षट कमल का किया जाता है, वहां ब्रह्मा राजसी रहते हैं और नाभी कमल पर विष्णु रहते हैं और हृदय कमल में आनन्दघन में लय हो जाते हैं।

राग आसावरी

साधो म्हारे राम भजन को चालो।

म्हारो खुल गयो भ्रमना को तालो॥टेक
गजानन्द मैं तोय मनाऊं पुत्र गवरजा वालो।
मात-पिता गुरुदेव मनाऊं सृष्टि रचाने वालो॥1
ज्ञान चौंतरे आकर बैठा तन तंबूरो सम्भालो।
कुण्डी कर्म, घोड़ी जुगत, निर्गुण ही सहारो॥2
पांचों प्राण तार हैं पांचो सोहं राग मिलालो।
मेहरम मोरणां गाड़ा खींचा सटदे भया उजालो॥3
ऊर्ध शूर्ध दो बाजे मंजीरा सुरता डोर मिलालो।
अकल कला से आनन्द पद में गहरी गांठ लगालो॥4
सब कोई लागो राम भजन में कूड़ कपट धो डालो।
जो कोई द्रोही राम भजन को उनको मुखड़ो कालो॥5
सहजे धुन जब लागी भजन में खुल गयो गुरगम तालो।
कहे जीवादास सुनो भाई साधो सन्त मिलो मतवालो॥6

अर्थ—ऐसा है कि अज्ञान हट के ज्ञान हो जाने से ये वृत्तान्त मालूम होते हैं कि स्थूल शरीर के शुभ-अशुभ कर्मों रूपी कुण्डली और जुगती रूपी घोड़ी पांच प्राण रूपी तार। मैहरम रूपी मौरणा, ऊर्ध-शूर्ध रूपी मंजीरा अर्थ ये ऐसा है कि गुदा से अपान प्राण और नाभि से समान प्राण और दय में प्राण कण्ठ, उदान और बयान प्राण--ये पांच तार हैं और उठती सांस को ऊर्ध बोलते हैं और बैठती सांस को शूध र्ा बोलते हैं और सुवास-उसास से ही सोहं सुमरना अजपा चुप होते हैं। साखी साबित है, महात्मा कबीरजी ने कहा है—

साखी

सांसा की कर सुमरणी अजपा का जप जाप।
परम तत्व का ध्यान धर सोहं आपु आप॥1
सोहं बोये पवन में और बांधे मेर सुमेर।
ब्रह्म गांठ हृदय धरो या विधि माला फेर॥2
माला है निज सांस की फेरेंगे कोई दास।
चौरासी बन्धन कटे पड़े न जम की फांस॥3

राग पीलू

साधो भाई हर भज आनन्द पाया।
मिटा तिमिर भाग मेरा जागा सतगुरु शब्द लिखाया॥टेक
गौरी का पुत्र गणेश मनाया अनुभव ज्ञान बताया।

शंका होती है; क्योंकि प्राचीन साखी साबित है—

साखी—पहले दाता शिष्य भये, तन-मन अरप्यो शीश।
पीछे दाता गुरु भया, किया नाम बखशीश॥

अर्थ—ऐसा है कि नाम शब्द के दाता तो सतगुरु हैं और बिना नाम शब्द मुक्ति का अधिकार नहीं हो सकता है। शिष्य तो झूठे पदार्थों का दान करने वाले हैं और काया माया झूठा ही है और झूठा ही माना है और झूठा पदार्थ वो भी कहने मात्र को ही है और सचमुच तो कोई लाखों में बिरला ही मिलेगा और सतगुरु ऐसे दाता होते हैं कि कुछ कहने मात्र में महिमा नहीं कही जा सकती; क्योंकि गुरु की नजर भेंट में धन-माणिक-लाख करोड़ यदि तन-मन-धन सर्व अर्पण करे, तब भी बराबर नहीं होवे। कहा है एक साखी साबित है।

साखी—गुरु समान दाता नहीं, याचक शिष्य समान।
तीन लोक की सम्पदा, सो गुरु दीनी दान॥

अर्थ—इतना-सा है कि जो कुछ सेवा-बन्दगी हो सकती है और वह मुमुक्षु जनों का कारण भी ये ही है। एक साखी के विषय में कहा है—

साखी—मात पिता मिल जायेंगे, लख चौरासी माहिं।
गुरु सेवा और बन्दगी, फिर मिलन की नाहिं॥

अर्थ—मुमुक्षुजनों को सेवा का ही अधिकार है और सोचा जाता है कि गुरु तीन लोक की सम्पदा देते हैं, तो अब चेला गुरु को कौन धन-माल वस्तु देगा?

राग आसावरी

धन्य गुरु ऐसी बुद्धि बताई।
ऐंचातानी मेट मेरे मन की, तत्वज्ञान दर्शाई॥टेक
सोता बहुत जुगों से भोला, सतगुरु आन जगाई।
करी कृपा गुरुदेव जी स्वामी, शुद्ध स्वरूप लखाई॥1
आशा तृष्णा दोनों थक गईं, निर्भय ध्यान धराई।
सांसा सुमरण हरदम हिलती, अजपा जाप जपाई॥2
गुरू मिला गोविन्द जब दरशा, दिल में दर्शन पाई।
इड़ा ऊर्ध बिच आप निरंजन, महरम बिरला पाई॥3
भदुराम समरथ मिल गये, दुतिया डायन छुड़ाई।
जीवादास महर सतगुरु की, भगती डोर हिलाई॥4

अर्थ—ऐसा है कि तत्त्वज्ञान सतगुरु के बिना नहीं पा सकते हैं, तत्त्वज्ञान आत्मज्ञान को कहते हैं और यथार्थ में जब तक आत्मा का अनुभव नहीं होवे, तब

कुछ ज्ञान ध्यान का पता नहीं, ऐसी अंधाधुन्ध में गम थी नहीं॥1
जब सतगुरु मिला तो सहन दई, तब लेते ही सहन तो पांचो मुई॥2
भागा घमंड गरूर मगरूर नहीं गया, काफर क्रोध अब सोच नहीं॥3
अटक मिटी कोई खटका नहीं, जीवादास पर कृपा सतगुरां की भई॥4

राग जिला ठुमरी

मैंने पाया दीदार गुरां की सही, जहां पर काल मौत विकार नहीं॥टेक
देखा नूर जूहर अपार वही, देखी शोभा अपार ताको पार नहीं॥1
न कोई काया वहां माया नहीं, वहां पर न कोई धूणी भभूत नहीं॥2
वहां नूर प्रकाश वहां सूर्य नहीं, जिनकी खुली किस्मत पहुंचे वहीं॥3
जीवादास दास पर दया जो भई, सतगुरु लिया चरणों में दुर्मत गई॥4

राग ठुमरी

मैंने ऐसा ज्ञान अब पाया सही, जैसे जीव ईश और ब्रह्मा मैं ही॥टेक
सुन संग अविद्या को जीव रही, सुन ईश माता संग भासा वही॥1
अब जीव जीव की भ्रमना गई, जब गल गया पाला तो पाणी थई॥2
हो अचल अब चलता नहीं, अब गया भ्रमना तौ निर्भय भई॥3
जीवादास दास पर दया जो भई, गुरु भदुराम जी मिले सन्त सही॥4

राग लम्बी

सुमरन सतगुरु भाया, कट गया पाप जासे आनन्द पाया॥टेक
प्रथम उलट सोहं को रोका, पलट सोहं के बैठ झरोखा।
खुल गई अटारी गगन महल की, प्रेम उर जोत जगाया॥1
बिना हाथ के बाजे बाजा, घण्टा शंख घड़ियाल बजाया।
बिन मुख बिन गायन गाया, बिन अक्षर का शब्द सुनाया॥2
बिना नैन निरखे जगमाया, क्या अद्‌भुत रास रचाया।
गरहर गरहर बादल गरजा, बिजली चमके मेह बर्षाया॥3
गुरु भदुराम जी समरथ पाया, मोय सत सुमरण समझाया।
रटते रटते दुरमति भागी, जीवादास गुरु चरणों आया॥4

राग ताल

गुरु साहेब शरण तुम्हारी, कर किश्ती पार हमारी॥टेक
पड़ा बीच भव जल धारा, गले जाल विषय ने डारा।
गुरु दीजिये मोही सहारा, पकड़ूं मैं शरण तुम्हारी॥1

शब्द राग आसावरी

धन्य गुरां सोई शब्द मैं पाऊं।
बारबार मैं शरण आपकी अरज आपने सुनाऊं॥टेक
तत शब्द के लुक नहीं मात्रा क्या कहके समझाऊं।
सोहं शब्द मुझको दीजे शब्दा में शब्द समाऊं॥1
बावन अक्षर से वो नहीं कईजे नहीं लिखने में आऊं।
छर अक्षर दोनों से न्यारो सब में रहा समाऊं॥2
सहज समाधि लगे शब्दों में सुन्न में बास बसाऊं।
झिलमिल झिलमिल ज्योति झिलके ज्योति में मिल जाऊं॥3
उन्हीं शब्दों संग चढूं मगन गढ़ अनहद डंक बजाऊं।
कहै जीवादास गुरां थारे शरणां भोर जन्म नहीं आऊं॥4

शब्द राग आसावरी

गुरां शाह सार शब्द मोय बताना।
सार शब्द ले पहुंचे परमपद येही सार निज ज्ञाना॥टेक
सार शब्द सम सबही तुल्य है सोही देवो गुरु दाना।
कृपा करके देवो स्वामी सोहं शब्द छिटकाना॥1
आप दयानिधि करुणा सिन्धु मेटो तिमिर निशाना।
क्षमा करो सब दोष हमारा चरण कमल लिपटाना॥2
गुरु कृपा से सब सुख उपजे किट जाय जम ठिकाना।
दुर्गुण सारा पल में धोवें सतगुरु सन्त सुजाना॥3
हरदम याद समर्थ का सुमरण कबहूं नहीं भुलाना।
कहै जीवादास गुरां के शरणा छाप शब्द की लगाना॥4

शब्द राग ताल

अरज आधीन से टेरी, बता गुरु ज्ञान की सेरी॥टेक
बिना गुरू ज्ञान के पाये, नहीं है मुक्ति भी तेरी।
कहते वेद पद नैना, यही है अरज अब मेरी॥1
नहीं है राग रोने में, न मुक्ति द्रव्य, खोने में।
मुक्ति तो गुरु चरणन में, सही ये बात तत्व हेरी॥2
हुआ मैं अब दास तेरा, करो दुःख दूर सब मेरा।
मेट दो योनि का फेरा, हुआ मैं शरण में मेरी॥3

दे दरशन दुविधा सब मेटी सत उपदेश दरशायो ये।
सुमरन दीना निज नाम का आनन्द रूप लखायो ये॥1
कृपा करी गुरुदेवजी स्वामी आपने आन चितायो ये।
ओहं उलट सोहं दीनी गुरुगम ज्ञान जगायो ये॥2
जागो ज्ञान मान मिटी ममता दुतिया भाव हटायो ये।
राम रस पाय समझ दी ऐसी हंसा लोक पठायो ये॥3
भदुराम जी हरिजन हरि का सत्य का भेद बताओ ये।
जीवादास कदम सतगुरु के सब सुख आनन्द पायो ये॥4

शब्द राग आसावरी

सैंयो सतगुरु है कृपाला ये।
तपत बुझावत मूढ़ जीव की मेटे भ्रम जंजाला ये॥टेक
सतगुरु शरण रहें जन कोई वाका कट जाय जाला ये।
पल मांही पार करे गुरुदेवा हैं ऐसे दीन दयाल ये॥1
सन्मुख हो, गुरु आज्ञाकारी पावो नजर निहाला ये।
सहज होंय ब्रह्म सम मेलो सत शब्दारा सुवाला ये॥2
धीरज ढाल देवो गुरु दाता सत्य नाम का भाला ये।
ज्ञान घुड़ले चढ़ बढो अगाड़ी मार हटावो जम जाला ये॥3
भदुराक जी सतगुरु स्वामी पिलाया प्रेम का प्याला ये।
जीवादास शरण सतगुरु की गुरु गम बिड़द सम्हाणा ये॥4

शब्द राग आसावरी

सैंयो गुरु पद आनन्द रासी ये।
जब तक पद पावे नाहीं, ना होवे मुक्ति उनकी ये॥टेक
मत अनेक में भटकत डोले नहीं मिटे संशय उनकी ये।
गुरु कृपा बिन पावे नाहीं निज आत्म की झांकी ये॥1
गुरु पथ पन्थ दीजे स्वामी तहां का हरिजन साकी ये।
सहन समझ रमज गुरुगम की न्यारी पड़दा में राखी ये॥2
वेद भेद पावे नहीं मूरख पीरं पैगम्बर थाकी ये।
भेद जिन्होंने पा लीना है गुरु चरणां चित राखी ये॥3
भदुराम जी गुरु दयाल स्वामी महिमा कहूं मैं उनकी ये।
जीवादास आस चरणों की सतगुरु आप अलेकी ये॥4

॥ गुरुमहिमा समाप्त ॥

कहत कबीर परतीतकर बावरे, रामका रूप तो कोई विरले ने ही जाना॥

शब्द राग आसावरी

साधो माई राम रूप हमारा।
हम राम के राम हमारा, रोम रोम चमत्कारा॥टेक
ज्ञान दृष्टि सब मांहि दृश्या, ज्यूं दीपक उजियारा।
भूला जीव भटकता ही डोले, जिनके घट अंधियारा॥1
भेद बिना नर फिरे भटकता, उलझाया जग सारा।
रमता राम सकल मांहि व्यापक, नहीं किसी से न्यारा॥2
तत्व प्रकृति तिरगुण माया, ये चेतन पूर्ण है अधारा।
खंड ब्रह्मण बाहर भीतर, चेतन पूर्ण है करतारा॥3
भदुराम जी सतगुरु मिल गया, दूजा मिला लगारा।
कह जीवदास सुनो भाई साधो, यह सिद्धान्त हमारा॥4

रेखता (प्रश्न)

राम राम संसार पुकारे, कहो जी राम का रूप कैसा।
कौन सुन्दरी सेज बिछावे, कौन सुन्दरी दीपक जोया॥
कौन सुन्दरी तत्व सारा, कह कमाल राम प्रीति कर।
ऐसा भेद बताओ हमको, प्राणी सहज ही होवे भव पारा॥

रेखता (उत्तर)

नाभि कोठरी में ज्ञान का मूल है, त्रिकुटों महल में राम रहता।
सरता सुन्दरी सेज बिछावे, निरता सुन्दरी दीपक जोया॥
सुकर्मणा सुन्दरी तत्व सारा, इस विधि उतरो भव पारा।
त्रिकुटी महल में झरे अमी फुवारा, कह कमाल कबीर का बालका
राम के रूप से कौन है न्यारा॥4

शब्द राग आसावरी

साधो भाई यही हमारा कहना।
रामजन पंथ में आओ, मेरा भाई पावो पद निरवाना॥टेक
रामजन पंथ है अमृत बूंटी, तुप्त होकर पाना।
पीवत बूंटी प्रेम सुख उपजे, मिट जाय आना जाना॥1
नहीं मनांदि किसी मनुष्य की, खुला हुआ मैदाना।
ज्ञान चौतरे बैठ बराबर, प्रेम पद परवाना॥2

सब दुःखों से छूटकर स्वर्ग धाम को चले गये।

शब्द राग आसावरी

साधो म्हारे लगन लगाई गुरु देवा।
भक्ति बाग लगाया जिसमें, बहुत तरह की मेवा॥टेक
ओहं अंगूर लगा हद भारी, सोहं शरीफा हेवा।
ओ३म्कार अमरूद अनोखा, रस अमृत झरेवा॥1
दया दाख नाम नारंगी, सत्य का सेव करेवा।
ओम् आम छाया सब घट में, जानत सन्त सुनेवा॥2
चेतन छुवारा बहुत ही मीठा, गुरुमुख ज्ञानी पेवा।
लौ लागी लौकाट फल मीठा, प्रेम प्रकाश पलेवा॥3
भदुराम जी बाग लगाया, जहां फूल रहे फूल फरेवा।
जीवादास खास फल पाया, गुरु सेवा से मिलेवा॥4

शब्द राग आसावरी

साधो बिना लगन नहीं पावे।
जागे न जोग भ्रम नहीं भागे, जुगां जुगां दुःख पावे॥टेक
लगन लगी प्रहलाद भक्त के, राम नाम लौ लावे।
नाना कष्ट दिया दुष्टों ने, प्रेम की पदवी पावे॥1
हरिश्चन्द्र मोरध्वज बलराजा के, सोहं यज्ञ रचावे।
बवना रूप धरो कर्ता ने, बली बैकुण्ठा जावे॥2
ध्रुव भक्त के लगन लगी भारी, राज तज बन जावे।
दर्शन देकर दुविधा काटी, अचल पदवी पावे॥3
भदुराम जी सत वैरागी, म्हारा सोता जीव जगावे।
जीवादास विनय कर जोरी, गुरु चरणां चित लावे॥4

शब्द राग आसावरी

धन गुरू ऐसी लगन लगाई।
सर्व व्याधा से दिल को हटा कर, अण विधि ध्यान धराई।
मूल कमल पद एड़ी लगा के, गहरा बन्ध लगाई।
प्राण अपान गुदा से जाग्या, षट चक्कर पर लाई॥1
दश दल कमल नाभि कहिये, विष्णु भोम बसाई।
सांस उसांस की तारी लागी, मरण सदा सवाई॥2

इड़ा पींगला एक घर ल्याई, सुष्मणा जाय मिलाई।
उलटी सहन बंक में चढ़ गई, गगन महल गरनाई॥3
खुली अटारी अगम महल की, चमका नूर इलाही।
जीवादास शरण सतगुरु की, सहन गुरां से पाई॥4

॥ इति लगन महिमा का अंग समाप्त॥

॥ इति॥

॥ श्री ॥

रामजन बोधसागर

हरि-महिमा का अंग

प्रारम्भ

साखी

जगतपति परमात्मा सबका पालनहार।
कोई घट खाली नहीं सब में भरा इकसार॥1
धन तुम्हें परमात्मा तेरी महिमा अगम अपार।
दया भई मुझ दास पर दिया मनुष्य अवतार॥2
क्या तेरी महिमा कहूं प्रभु थके वेद मुनिराज।
नाना विधि रचना रची किया अनोखा काज॥3
निराकार निर्लेप निरंजन निर्बन्धक निर्वाण।
दृष्टि में आता नहीं लिखें किस विधि वेद पुराण॥4
चार खूंट में फिर चुका अड़सठ तीर्थ धाम।
सब जगह तुम एक हो प्रभु पूरण संकट राम॥5

राग वेदान्त आसावरी

हरि जी मुझे तेरी कथा मन भाई।
हरि कथा से सब सुख उपजे, जगत कथा दुःखदाई॥टेक
वेद पुराण शास्त्र गीता जी, मिल हरि कथा सुनाई।
सन्त समागम हरि कथा, जगत में दुर्लभ बताई॥1
वेद पुराण की बाणी सुनी जब, मन में गई समाई।
तेरा नाम सदा दुःख भंजन, साधू संत सब गाई॥2
तेरी सत्ता सकल में व्यापक, तुझ बिन जगह न पाई।
ज्ञानी जान रहा मन मांही, अज्ञानी के मन नाहीं॥3

शब्द राग आसावरी

साधो भाई इस विधि हरि जी को ध्याया।
सहजे सुमरण होत घट भीतर, सामर्थ भेद बताया॥टेक
स्वांस उसांस की तसवीह बना, सतनाम धुन लगाया।
धीमा धीमा सांस फिरे दिल अन्दर, तीनों ही तार मिलाया॥1
स्वांसा सुमरणी हरदम हिलाया, उलट बंक पलटाया।
सोहं शब्द का उड़े हिलोरा, हिया बीच आनन्द छाया॥2
कुमती छोड़ सुमती घर आया, दुरमती दूर नशाया।
ज्ञान की लहर उठी उर मांही, सुखसागर में न्हाया॥3
सांचा शब्द मेरा गुरु लिखाया, बिन रूप वर्ण बिन काया।
जीवादास शरण सतगुरु की, सत निश्चय कर ध्याया॥4

॥ इति हरि–महिमा का अंग समाप्त ॥

॥ इति ॥

॥ श्री ॥

रामजन बोधसागर

उपदेश का अंग

प्रारम्भ

रेखता

लख चौरासी योनि में, भुगते दुःख अपार।
मनुष्य योनि मुक्ति की, चेते क्यों ना यार॥
चेत हो चेत प्राणी, अब तरने का वार।
अब की बारी चूकते, फिर डूबेगा मझधार॥
भदुराम गुरु मिल गये, भवसागर हो पार।
जीवादास धुन ध्यान में, धरे नहीं अवतार॥

साखी—चेत रे चेत बन्दे, क्यों कर पड़ा अचेत।
फिर पीछे पछतायगा, जब चिड़ियां चुग जायं खेत॥

शब्द राग धुन गजल

चेतना हो तो चेत प्राणी, सतगुरु आन चेताया है॥टेक
गर्भवास में भजन का, वह भी भजन भुलाया है।

अपनी स्त्री से कहकर स्वांस चढ़ा ली। स्त्री ने चुपचाप जल्दी खीर बनाकर परावठा-खीर खाई और बचे हुए को छींके पर धर दिया, खा-पीकर रोना शुरू किया। रोना सुनकर माता-पिता कुटुम्ब परिवार सब आ जमा हुए। पूछने लगे कि कैसे मर गया! रामचित्र पड़ा-पड़ा सुनता रहा; क्योंकि स्वांस चढ़ाने वाला कानों से सुनता रहता है। रामचित्र की बहू कहने लगी कि दर्द-दर्द करता मर गया और मरते-मरते यह कहा कि मुझे महात्माजी को बुला के उठाना। उसी वक्त महाराज को बुलाया और माता-पिता, स्त्री और कुटुम्ब कहने लगे, चाहे हम मर जावें, रामचत्रि जी जावे। महात्माजी ने कहा—अच्छा, सवा सेर गाय का दूध लाओ। दूध मंगाकर और इक्कीस बार ऊपर वार कर कहा लो, जो इसको पीयेगा वह मरेगा और रामचित्रजी जायेगा। माता-पिता और स्त्री सबने इनकार कर दिया। महात्माजी ने कहा—हम पी जायें और मर जायें? सेठ-सेठानी और स्त्री सब कहने लगे महाराज! बड़ी अच्छी बात है, बहुत द्रव्य लगायें, आपकी चकडोल पालकी निकालें, बगीचे बीच समाधि आदि छत्री बनवायें। महात्माजी ने दूध पीकर खुद सोकर लड़के रामचित्र को बैठा कर दिया। सेठ-सेठानी मीठे-मीठे शब्दों से बेटा-बेटा कहके पुकारने लगे। रामचित्र ने कहा—दूर-दूर, तुम सब झूठे हो, इतना प्यार करने वालों में से मेरी बाबत में मेरा तो कोई नहीं। अन्त में साधु भी बैठा हो गया और उस समय जितने आदमी वहां मौजूद थे, उन सबको भक्ति वैराग्य का उपदेश हो गया। सोचना चाहिए, दुनिया में अपना कोई नहीं है।

राग धुन ताल गजल कव्वाली

सतगुरु हमको भाया साधो, सच्चा भेद बताया है॥टेक
सतगुरु आया है हमें चिताया, कर महरम समझाया है।
उल्टी कला खेल कुदरत का, सोहं जाप जपाया है॥1
कुबुद्धि कंस को मार भगाया, धीरज दलीचे आया है।
अभिमान की लगी कचहरी, सत्य का न्याय चुकाया है॥2
मिटा तिमिर भाग मेरा जागा, भक्ति भूमि बसाया है।
इड़ा पिंगला बहै त्रिवैणी, तहां जा तीर्थ में न्हाया है॥3
सत्य का घाट पाट सतगुरु का, बरसे नूर सवाया है।
पहुंचा जो मुक्ति फल पाया, चौरासी नहीं आया है॥4
भदुराम जी सामर्थ दाता, जिन अनुभव ज्ञान बताया है।
जीवादास शरण गति तोरी, निज मुक्ति पदार्थ पाया है॥5

जीवादास मेहर सतगुरु की, पाये भक्ति पद निर्वाण।
निज घर मांही हुआ बसेरा, हरि भक्ति मन में भाई॥5

शब्द राग कसूरी

जग में हरि भजन ही सार, जासे भव जल होवे पार॥टेक
जन्म मरण की मिटे कल्पना, छूटे दुःख व्यवहार।
काल जाल का भय न होवे, यम की पड़े न मार॥1
चार धाम सब तीरथ न्हाते, करते दान अपार।
नाम बराबर नहीं त्रिलोकी, कहते शब्द पुकार॥2
जप तप व्रत नियम और पूजा, करते यत्न हजार।
हरि सुमरण बिन गोता खाते, भवसागर की धार॥3
सहजे सुमरण होई घट मांही, रात दिवस इकसार।
जीवादास पलक नहिं बिसारूं, लग रहा सोहं तार॥4

शब्द राग कसूरी

घट में फिर रही सुमरण माला, रट रही नाम दीन दयाला॥टेक
कर बिन माला फिरे है मेरी, पल पल नाम संभाला।
सुमरण सार पार भवसागर, जम कर जावे टाला॥1
आपा मांही आप फिरत हैं, कुदरत खेल निराला।
रोम रोम प्रभु रटे सदा ही, प्रकट ब्रह्म उजियाला॥2
सुमरण तार सोहं सत भंणया, धन्य पटवा पोवाला।
इस माला को फेरत मेरा, कटा कर्म का जाला॥3
भदुराम जी भेद बताया, विमल साधु मतवाला।
जीवादास कथे पद भाषा, नगर भाफरे वाला॥4

शब्द राग कसूरी

प्रभु तेरो रूप अपारा, कोई बिरला पावे पार॥टेक
तीन लोक विष्णु ने थापी, ब्रह्मा वेद विचार।
अष्ट योग शिवजी ने रचया, तो न बंधा शुमार॥1
खट पाखण्ड जग तीर्थ थापा, पेट तणां रुजगार।
स्वार्थ कारण पड़ा जाल में, उलझा सब संसार॥2
राजा परजा पड़े भूल में, भवसागर मझदार।
पाप कपट के बीच फंसा है, कैसे उतरे पार॥2

पात-पात और फूल-फूल में, साहिबा का चमकारा॥8
मंगसिर मेहर भई मुरशद की, दृश्या ज्ञान विस्तारा।
अचल पद में हुई स्थित, भागा तिमिर अंधियारा॥9
पोह पाला शरद ऋतु भारी, तन मन रहो हुशियारा।
ज्ञान गुदड़ी ओढ़ के बैठा, चले न यम का चारा॥10
माह में मौज भई अब मेरी, जन्म मरण से न्यारा।
अहं ब्रह्म आत्म अविनाशी, सोहम स्वरूप इकसारा॥11
फागण फाग रचा बेहद में, बहु रंग उड़े फुवारा।
जीवादास पुष्प मांही खूशबू, लिखा गुरु जी प्यारा॥12

शब्द राग आसावरी

साधो भाई येही सन्देहवा आवे।
जे पत्थर प्रेतों ने ध्यावे, मूरख मुक्ति नहीं पावे॥टेक
भैरों भूत भवानी पूजे, बजरंग बालाजी मनावे।
यह सब ढोंग अज्ञान कहावे, अन्त गती नहीं पावे॥1
बकरा काटे भैंसा मारे, कुक्कड़ मुर्गी भेट चढ़ावे।
उन पापियों को दया नहीं आवे, नैया ही बैर बसावे॥2
जोत जलाकर सन्मुख बैठें, बड़बड़ामे बंकारे मूंड हिलावे।
आप हुआ नरक अधिकारी, औरां ने बहकावे॥3
सबका साहिब सदा सुखदायक, उनको क्यों नहीं ध्यावे।
ध्यावे सोही प्रेम पद पावे, भव सागर तर जावे॥4
सत पुरुषां की शिक्षा न माने, ये जीवादास समझावे।
जो नित्य ध्यान धरे ईश्वर का, जम की मार न खावे॥5

सवैया

अपनी करनी से होत बड़ा नहीं जाति बड़ी कर्म नीच किया।
कूप से कूप समाय नहीं ताके सुत अर्पण समुद्र किया॥
गणिका सुत है रघुनाथ गुरु धिंवरीसुत व्यास अवतार लिया।
मरकण्डे सुत मारकण्डेऊ भया दासी का पुत्र बताय दिया॥
हेड़ी सुत भया बाल्मीकि जाने चार सम्पदा गाई दिया।
चमरा सुत भया रैदास भगतां के गोद सालिगराम भया॥
मैहतर सुत भया सरगरा पांडव सिर से ताका पांव छुया।

सतगुरु मिले ज्ञान जब पावे, मिट जाय भ्रम अंधियारा।
कह जीवादास सुनो भाई साधो, उतरो भवजल पारा॥4

॥ राम महिमा का अङ्ग समाप्त॥

॥ इति॥

॥ श्री ॥

रामजन बोधसागर

मन प्रमोद का अंग

प्रारम्भ

राग आसावरी

समझ मन सुमरो सृजनहारा।
ऐसा वक्त फेर नहीं आवे, मिले न दूजी बारा॥टेक
लख चौरासी भव दुःख भारी, भवसागर की धारा।
जो तू भव जल तिरना चाहे, ले सुमरन का सहारा॥1
महा पुरुषों की संगत करले, सुन तू ज्ञान विचारा।
भ्रम जाल का परदा फाटे, खुल जाय मुक्ति दुवारा॥2
जब तू था गरभ के अन्दर, कीना कौल करारा।
भगवत भूल बहुत दुःख पावे, पड़ेगी यम की मारा॥
भादुराम जी समरथ दाता, यूं कह बचन उचारा।
कह जीवादास मान मन मेरा, भज तू बारम्बारा॥4

राग आसावरी

अब मन हरि आनन्द पाले, थारो दोजख दोष मिटाले॥टेक
हरि नाम निज सार जगत में, उर बीज खूब जमाले।
होय अण रोग नहीं व्यापै, सुरती नाम में लाले॥1
पांचों प्राण एक घर ल्यायो, तीनों तार मिलाले।
प्राणायाम की योग युक्ति से, सांसां चक्र सुलझाले॥2
गंगा जमुना बहे सरस्वती, घाट सुकर्मणा न्हाले।
तीनों धीरा बहे एक सारा, ब्रह्म मुख दर्शन पाले॥3
जो कोई भेदी मिले तुम्हारा, उस संग भेद मिलाले।
भेदी नहीं बकवादी मिल जाय, उससे चुप लगाले॥4

प्राणी को चाहिए कि मन से हर समय होशियार रहे।

राग आसावरी

साधो भाई पहले थारो मन समझावो।
जब तक थारो मन नहीं समझे, निरभय पद नहीं पावो॥टेक
गति मति लिखो सब मन का, पकड़ एक घर लावो
ज्ञान ग्रन्थ को बांच सुनाओ, ब्रह्म भेद समझाओ॥1
समझाया से जो नहीं समझे, मार मार समझाओ।
स्वांस स्वांस पड़े मनवा को, सुमरण ध्यान लगाओ॥2
स्वांस स्वांस में सोहं बोले, अजपा जाप जपाओ।
हर दम जाप जपै मन मेरा, भवसागर तिर जाओ॥3
दिल दरया लहर जहांरी, अनुभव गोता ले न्हाओ।
कह जीवादास सुनो भाई साधो, आनन्द रूप समाओ॥4

राग गजल

मन तज माया का ख्याल जाल भव सारा।
हर दम रट 'निज नाम' होय निस्तारा॥टेक
मन माया जगत में जाल विषय की झारा।
जो करते इनका संग डूबें मझधारा॥1
ये पांचों पुत्र समझ विषयों का प्यारा।
यह गेर दिया मोह का जाल जीव भ्रमारा॥2
ले ज्ञान खड़ग हथियारा होय हुशियारा।
पांचों की गरदन काट होय जयकारा॥3
भदुराम जी सतगुरु सन्त मिले दातारा।
कह जीवादास कर विचार रटो ओंकारा॥4

राग आसावरी

समझ मन सार शब्द सुख राशी।
लख चौरासी का मिट जाय लेखा, मिटे जमड़ारी फांसी॥टेक
सार शब्द सतगुरु पावो, बिन गुरु भेद नहीं पासी।
शब्द कला सब घट में व्यापक, सतचित आनन्द रासी॥1
सार शब्द से भ्रम दशा छूटे, प्रकट कहूं प्रकाशी।
सांची बात मान मन मेरा, नहीं झूठ नहीं हांसी॥2

विनश गई गगन कहां रहे सांई, झूठा विश्वास लगाई॥3
धन-धन जागा भाग्य पूर्वला, मुझे भदुराम गुरुपाई।
जीवादास चरण मांही लोटे, गुरु मिलाया गम पाई॥4

राग आसावरी

मन तू भयो ब्रह्म बैरागी, थारे सहन गुरां गम जागी॥टेक
आचार-विचार त्याग तप तीर्थ, झूठी कल्पना लागी।
इनको छोड़ बसो बेहद में, मौज अगम की पागी॥1
जो खोजे श्रोता आपा मांही, बाहर भटके नर अभागी।
आप उलट आप मांहि देखा, ज्योति दशों दिशि जागी॥2
जैसे तेल रहे तिल अन्दर, ज्यूं पत्थर में आगी।
ऐसे ही साहेब रहे सब मांही, लख लीना बड़ भागी॥3
भदुराम जी गुरु समझाया, तब म्हारी दुर्मत भागी।
कह जीवादास सुनो भाई साधो, सुरत शब्द में लागी॥4

राग आसावरी

अब मन मुक्ति पदार्थ हीले।
सतगुरु साहेब मिला सचयारी, घुन्डी खोल बतलाले॥टेक
विषय भ्रम की छोड़ भ्रमना, त्रिगुण ताप मिटाले।
स्वांस उस्वांस की कर निरधारा, ऊर्ध सुर्ध सुलझाले॥1
षट चक्कर को छेद जुगत से, संग ध्यान लगाले।
त्रिवेणी के रंग महल में, सन्मुख दृष्टि जमाले॥2
पारस पद की कर उलखाई, सहन में सहन मिलाले।
गैवी गुफा में निर्भय बैठो, न कोई डिगे न हाले॥3
हो अचल चलो मत कबहूं, छल प्रपंच से मन हटाले।
कह जीवादास पलट मन मेरा, आत्म नगर बसाले॥4

साखी

मैं जानूं मन पत्थर है, अब मैंने पाई जान।
टांकी मारी शब्द की, तब निकाली कंचन खान॥1
मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।
नाम देव को हरि मिले, भाई मन ही के प्रतीत॥2

॥ मन प्रमोद महिमा का अंग समाप्त ॥

शब्द राग सोरठा

नर धोके में धक्का खावे, कोई भेद बिरला जन पावे॥टेक
आसन मार धरे नित्य ध्याना, रणुंकार धुन्न लगावे।
धुन्न की आवाज लगे सुन्न मांही, मन ही मन मुसकावे॥1
भजन करे भेद नहिं जाने, खाली ही होठ हिलावे।
गाना बजाना सीख जगत में, झूटा ही जगत रिझावे॥2
आर न पार सार नहीं जाने, मरजी मत ठहरावे।
आपा भूल अन्त मांही भटके, भेद बिना भय खावे॥3
भदुराम गुरु कृपा निधि स्वामी, भिन्न भिन्न कर समझावे।
जीवादास पुकारूं हेला, गुरु मिला ही गम पावे॥4

शब्द राग सोरठा

सब गम बेगम हो भूला, उनकी नहीं देही अस्थूला॥टेक
उलटा सीधा धरे नित्य ध्याना, कर कर ऊपर कूला।
धूनी लगा तपै नर कितना, डाल वृक्ष पर झूला॥1
अष्ट अंग योग का करके, मन अन्दर हद फूला।
आत्म बोध हुआ बिन भोंदू, झूठा सब ही असूला॥2
पीर पैगम्बर अली औलिया, काजी पण्डित मुल्ला।
कोई कोई सन्त हुए धरणी पर, पाया निज पथ मूला॥3
भदुराम गुरु ताज हमारे, हम चरणों की धूला।
जीवादास महर सतगुरु की, फूंका भ्रम का भूला॥4

राग आसावरी

सुनाऊं तोय ब्रह्म ज्ञान को लटको।
आवागमन की संशय मिट जाय, मिटे भ्रम को खटको॥टेक
पहली धारणा करो सेवा की, गुरु चरणों में लिपटो।
मान गुमान छोड़ सब मन का, अभिमान का पटको॥1
दूजी धारणा कर सत संगत की, पावे ज्ञान को गुटको।
पाप कर्म थारा सारा ही धुल जाय, फूटे पाप को मटको॥2
तीजी धारण करो नाम की, ज्यूं चढ़े बांस पर नटको।
ऐसे ही सूरत नाम पर मेलो, मिट जाय यम को झटको॥3
चौथी धारणा चेतन रहना, माया देख मत अटको।

शब्द राग आसावरी

हल तो ऐसो मिलो मेरा भाई, सतगुरु दिया समझाई॥टेक
ओंम्कार हल गाड़ गांगड़ा, आनन्द हाल लगाई।
ज्ञान ध्यान दो बैल जोत कर, काया खेत बुवाई॥1
सत की सिमल जैन को जूड़ा, जुगत जोतड़ों भाई।
नाड़ी निरभय की ऐसी बांधी, गहरी गांठ लगाई॥2
चेतन चाऊं कर्म कुश समझो, करनी कांटी जड़ाई।
भाव बीज ले बोया खेत में, मेहरम मोती पाई॥3
लगन लावणी करे भ्रम की, कुबध काट भगाई।
कह जीवादास सुनो भाई साधो, ये बिधि गुरु से पाई॥4

शब्द राग गजल

अब तुम दया करो गुरुदेव जी, निज वचन लिखाने वाले॥टेक
प्रथम मूल को बन्द लगवाया, फिर उलटी पवन चढ़वाया जी।
शुद्ध ध्यान बताने वाले॥1
सब द्वार बन्द करवाय, नाभी में सुरत लगवाया जी।
प्राणायाम करवाने वाले॥2
दिया दरश हृदय के मांही, वहां गुरु गम ज्ञान जगाई जी।
अनुभव अर्थ लिखाने वाले॥3
बेसुधि चक्कर सुलटाया, तालु विच रसना लगवाया जी।
अमीरस को पिलाने वाले॥4
सब रकार मकार हटवाया, फिर त्रिकुटी भवन खुलवाया जी।
नूर में नूर मिलाने वाले॥5
भदुराम जी सतगुरु पाया, यह जीवादास गुण गाया जी।
भव दुःख मिटाने वाले॥6

शब्द राग आसावरी

सतगुरु मोहे तार दिया मेरे दाता।
जन्मा जन्म कबहुं नहीं भूलूं, बार ही बार गुण गाता॥टेक
सोता जीव जगत के मांही, सतगुरु आण जगाता।
पार ब्रह्म की झांकी देकर, शुद्ध सुख रूप दिखाता॥1
भव जल मांही अटकी नय्या, फिर फिर गोता खाता।

लाया तणो खेल सब झूठो, बेहद खेल सच्चयो री।
जीवादास तजो विषयन को, अमृत रस चखयो री॥4

शब्द राग आसावरी

धन गुरु मैं रहूं आप संग, मुझे काल जाल गम नाहीं॥टेक
जैसे तरंग उफने जल अन्दर, जल मांही जाय समाई।
अष्ट पहर रहूं पास आपके, ज्यूं सोना सुहागा मांही॥1
दुतिये भाव मिटे सब झगड़ा, अविद्या दूर नशाई।
अकल कला पर आसन कीना, चेतन रहूं सदा ही॥2
जाग्रत स्वप्न सुशुप्ती तुरया, यह मिट एक हो जाई।
जीव-शीव की मिटी फोरणां, स्वयं प्रकाश सुहाई॥3
स्वयं प्रकाशी सर्व का द्रष्टा, उर अन्दर ठहराई।
प्रीति पुरबली से पायो प्रीतम, अपना भाग सराई॥4
भाग बिना भगवत नहीं, मिलते श्रुति सन्त सुनाई।
जीवादास विनय कर जोरी, हरि गुरु अन्तर मिट जाई॥5

॥ इति बसन्त का अंग समाप्त ॥

॥ श्री ॥

रामजन बोधसागर

फकीरी का अंग

प्रारम्भ

राग सारंग आसावरी

फकीरी सतगुरु दई बताई।
मान गुमान छोड़ सब मन का, गुरु चरणां चितलाई॥टेक
मेहर भई जब महरम पायो, दिया सब भ्रम नशाई।
जागी सुरत तिमिर सब भागा, फिर पार ब्रह्म लखाई॥1
चारुवाणी चारुखाणी, आर पार दिख रहे खुद सांई।
सत शब्दां का मानों इतबारा, अनादि अखण्डी भाई॥2
जिसने अनादि शब्द को चीना, मस्त फकीरी हो जाई।
ऊर्ध सूर्ध बीच डोरी लागी, सहजे सुमरण लाई॥3
कर सुमरण सोहं गढ़ चढ़ कर, अनहद नाद बजाई।

अनन्त भानू सुन्न की शोभा, जहां काल जाल ना खाई॥4
असल फकीरी ऐसे होती, समझ सन्त जन पाई।
आवागमन की संशय मिट जाय, जीवादास फरमाई॥5

शब्द राग फकीरी आसावरी

फकीरी है मेरी मुझ मांहीं।
फिकर कपट मेटा सब मनका, ऐसी अदल चलाई॥टेक
मूल कमल के बन्द लगाकर, आसन पदम जंचाई।
षट चक्कर का महरम कीना, नाथ प्यारा वहां ही॥1
नाभी कमल पर निष्कलंक निरखा, सांसा डोर हिलाई।
ओहं सोहं सांसा मांहि सोधि, पूरी जुगत लगाई॥2
हृदय आकाश से दूर आकाश है, शिव स्थान वहां ही।
कण्ठ कमल से आगे देखो, त्रिकुटी महल के ठांई॥3
पुरुष पुरातन सब का द्रष्टा, रूप बरना नहीं जाई।
जीवादास फकीरी अन्दर, मिल जाये सच्चे सांई॥4

शब्द राग सारंग

फकीरी आत्म तत्व निर्वाण।
लिखतां ही लैन कटे करमों की, छूटे चारु खाण॥टेक
शील पोशाक पहर सुख सुमरण, छोड़ो सन की कांण।
अधर दलीचे आसण लावो, बैठा मौजां तांण॥1
सत का डंडा जुगत की झोली, रक्खो नाम कृपाण।
ज्ञान मसाल जगे दिन राती, हुई भ्रम की हाण॥2
गुरु गम टोप शब्द की सेली, दया ढाल कर जाण।
काल बली से सन्मुख झूजे, जद माचे घमसाण॥3
हर्ष आड़ बन्द सहज लंगोटा, खींचों खींचा ताण।
जीवादास फकीरी अलमस्ता, पाया पद निर्वाण॥4

शब्द राग सारंग सोरठा

फकीरी ज्यूं बरछी की भाल।
डरता डूब गयो भव जल में, डटता हो गया निहाल॥टेक
कच्चा जीव जगत के मांहि, ज्यूं रजका की बाल।
थोड़ा ही दिन सोभा रजका की, आखिर खा जाय काल॥1

भगबां वस्त्र पहर जगत में, बन गया वीर विकराल।
आत्म तत्व चीना बिन भोंदू, भटकत फिरे कंगाल॥2
सोही फकीर हुआ भव पारा, निज पद लिया संभाल।
जिन चट भूल भ्रम नहीं भासे, जगती ज्ञान मसाल॥3
भदुराम जी फकीर अलमस्ता, किया पार तत्काल।
जीवादास फिकर भया दूरा, गुरु मिल गया दीनदयाल॥4

शब्द राग सारंग फकीरी

फकीरी ऐसे करो मेरे भाई।
मान गुमान छोड़ सब मन से, कुकर्म देवो छिटकाई॥टेक
क्रोध अभिमान अहंकार ईर्षा, तज झूठी गुमराही।
सतगुरु सन्मुख रहो सदा ही, यम की मार न खाई॥1
प्रेम प्याला पिया नाम का, अलमस्त रहो सदा ही।
सोहं सत्य जपो लौ लाई, सहज ही मोक्ष हो जाई॥2
शील स्वभाव अमृत मुख बाणी, अन्तःकरण शुद्धताई।
जीवाघात करो नहीं कबहूं, दया धर्म चितलाई॥3
ढोंग फितूर पाखण्ड सब त्यागो, सुमरण में सुधि धाई।
जीवादास कठिन वो मन्जिल, पहुंचे बिरला जाई॥4

शब्द राग सोरठा सारंग

साधो भाई हम हैं सन्त प्रवीना।
जष्ट पहर जाग्रत और सोवत, सदा भक्ति रस पीना॥टेक
शम कूं साधि काल बस कीना, पाया शब्द नगीना।
मद भोंदू को ऐसा पकड़ा, ज्यूं फंसी जाल में मीना॥1
कुबुध कंस को मार हटाया, क्रोध कैद कर लीना।
हरि दुहाई फिरो शहर में, अनुभव राज हम कीना॥2
धीरज दलीचे आकर बैठा, सत का हुकम दे देना।
सत में रहना सत ही कहना, सत में जाय बसीना॥3
जीवादास कहे कर जोरी, गुरु भदुराम हम कीना।
ज्ञान घोड़ा पर कर असवारी, राह अगम घर लीना॥4

शब्द राग चलती परोज

फकीरा प्रभु! सब घट मांही रहता।

जागृती संपादून एका क्षणात शब्दब्रह्मभेद करून इंद्रियांना काही कळण्यापूर्वीच प्रमेयरूप किंवा शिवरूप व्हावे म्हणून जेव्हा श्रीज्ञानेश्वरमहाराज सांगतात तेव्हा त्यांनी श्रोत्यांकडून जी अपेक्षा केली आहे ती इतकी मोठी आहे की, त्यासाठी महायोगी श्रीनिवृत्तिनाथांसारख्या किंवा महायोगी श्रीगुळवणीमहाराजांसारख्या असामान्य, लोकोत्तर व शिवस्वरूप सद्गुरूंचीच गाठ पडणे आवश्यक आहे याची खात्री पटते.

अशा प्रकारे या कुंडलिनी जगदंबेचे स्वरूप असल्याने "योगरहस्य" या ग्रंथात श्रीगुलाबरावमहाराज "कुंडलिनी जगदंबा" या प्रकरणात "ते कुंडलिनी जगदंबा ॥६.२७२॥" या ओवीवर टीका करून तिचा भावार्थ स्पष्ट करताना असे म्हणतात की–

सकल योगाचिया शक्ती । पार्था जेथ एकवटती ।
जियेते ब्रह्मवेत्ते वेदांती । स्तवनें बोलती शुद्ध बुद्धी ॥६॥
मांत्रिक बोलती अलौकिक शक्ती । जन्मसिद्ध अलोट बुद्धी म्हणती ।
जी प्रणवाची जन्मदाती । कुंडलिनी म्हणती योगी तिये ॥७॥
कुंडलाकार जिचे शयन । यालागीं कुंडलिनी अभिधान ।
कुंडल म्हणजे वर्तुळ पूर्ण । प्रणवाकार सिद्ध तो ॥८॥
प्रणवाची आद्य रेषा । तो कुंडलाकार वीरेशा ।
तेवीं कुंडलिनीचा ठसा । जाण विशेषां आदिपुरुषीं ॥९॥
प्राणप्रतिष्ठा करिता मूर्ती । जैसें देव आविर्भवती ।
कीं शून्य दाखवावया निश्चिती । बिंदु उपाधी करणें पडे ॥१०॥
कीं रूप दाखवावया जाण । पदार्थाचा आकार पूर्ण ।
उपाधि होय संपूर्ण । जयापरी ॥११॥
कां शब्द जरीं व्यक्त होवावा । तरी मुख उपाधि लागावा ।
उपाधिवांचोनी आघवा । शक्ति समुदायो व्यक्त नव्हे ॥१२॥
कीं अग्नि जरी व्यक्त करणें । तरी इंधनाची उपाधि घेणें ।
त्यावीण एवढा तेवढा म्हणणे । अग्निसी न लगे ॥१३॥
तैसी हृदयाची सत्त्वशक्ती । ते सूक्ष्म असे निश्चितीं ।
ती आणावया अभिव्यक्ती । एक नाडीची आकृती घेतली ॥१४॥
कंदावरी कुंडलाकार । नाडीचा असे आकार ।
तोचि तेथ करूनि ज्ञान् प्रकार । शक्ति साचार व्यक्त करिती ॥१५॥
जैसे काष्ठ तंव आधीं श्वेत । परी अग्निसंगे होत आरक्त ।
तेवीं नाडीच पैं निश्चित । ध्यानसंगे कनकमय ॥१६॥
जी नाडीमय होती पूर्वीची । ती ध्यानें जाहली सुवर्णाची ।
सत्त्वगुणें चैतन्याची । अभिव्यक्ति ही ॥१७॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सूर्यकांतामाजीं जाण । प्रतिबिंबे अदितिनंदन ।
तेवीं नाडीच सत्त्वमय होता जाण । श्रीपरमात्मा प्रतिबिंबे ॥१८॥

पद: – सुंदर कनकसमान । अंबा । सुंदर कनकसमान ॥धृ॥
योगी सांडुनी विषय कचाटे । ध्याती गत अभिमान ॥अंबा॥
प्रवण जपुनि निज अंतरीं । मिळविती प्राणापान ॥अंबा॥
माया कुंडलिनी ही नांवे । केवळ शब्द प्रमाण ॥अंबा॥
ज्ञानेश्वरगुरुचरणप्रसादें । कीजे अमृतपान ॥अंबा॥

दोहा:–हृदय–कमल अति पावुनी जपती सोहं नाम ।
वश करोनी निज शक्तीतें पावती दक्षिण वाम ॥२॥
एवं आदि पुरुषाची माया । जिच्या योगें धनंजया ।
तो अवतार घेवोनिया । जन उद्धरी ॥१९॥
आतां पौराणिक मतें । जे पृथ्वी शेषावरी वसते ।
आणि पहातां ज्योतिषमतें । पृथ्वी उभी आकाशीं ॥२०॥
पृथ्वीस धर्ता सहस्रफणीं । ऐसें बोलिलें असे पुराणीं ।
आणि सिद्धांत शिरोमणी । नान्याधार म्हणोनि सांगे ॥२१॥
येथें दोघांचा समन्वय । म्हणाल कोण्या रीति होय ।
तरी ऐका तेही सोय । निश्चितपणे ॥२२॥
कटीस्थानीं असे धरणी । कंदस्थानीं कुंडलिनी ।
ती जेवीं कां सहस्रफणी । तेवींच असे ॥२३॥
म्हणोनि शेषावरी धरणी । ऐसें बोलिलें पुराणी ।
किंवा उपपत्ति व्याख्यानी । दुसरीही असे ॥२४॥
व्यष्टि पृथ्वीचा शेष कुंडलिनी । समष्टि पृथ्वीचा सहस्रफणी ।
ती ही जाणिजे कुंडलिनी । महाशक्ति ॥२५॥
व्यष्टी देहांत कुंडलिनी सर्पिणी । विराट देहांत कुंडलिनी सहस्रफणी ।
एवं गुप्तरूपें ज्ञान पुराणीं । दृश्य ज्ञान सिद्धांत शिरोमणी बोलला ॥२६॥
ऐशी ती कुंडलिनी विश्वजननी । विश्व बीजाचिया कडसणी ।
विश्ववृक्षउभारणी । निकी करी ॥२७॥
पाणी आकाशाचिया येवढें करणें । तरी तयाचे बाष्प होणें ।
आणि पाणीयाचा संकोच करणें । तरी तुहीन होणें तयाचे ॥३१॥
तेवीं ब्रह्माकाशीं विचरणें । तरी कुंडलिनीसही सूक्ष्म करणें ।
आणि कुंडलिनीपासोनी सिद्धी घेणें । तरी येणें सृष्टि आंत ॥३२॥
पावावया ब्रह्मस्थानीं । मध्यस्त हीं कुंडलिनी ॥३३॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

मेरुदण्ड के निचले भाग के अन्त में एक लिङ्ग, बन्द कली के समान है और उसमें सूक्ष्म छिद्र है जिसे सुषुम्णा नाड़ी का मुख कहते हैं तथा इस बन्द कली के समान लिङ्ग को "स्वयंभू" लिङ्ग कहते हैं (Conus Medullaris)। इस स्वयम्भू लिङ्ग के चहुँओर साढ़े तीन चक्कर में कसकर लिपटी हुई, अत्यन्त महान् तेजस्वी, स्वर्ण प्रदीप्त ज्योतिर्मय स्वरूप, सर्प के सदृश अपनी पूँछ को मुख में लिये, सुषुम्णा नाड़ी के छिद्र को रोके हुई जो जीव शक्ति विराजमान है उसे "सुप्त कुण्डलिनी" कहते हैं। (Dormant Cosmic Energy)

१ यत्कुमारी मन्द्रयते यथो विद्य पतिव्रता अरिष्टं यत्किञ्चक्रियते अग्निस्तदनु वेधति। कुण्डलिनीशक्तेरवस्थात्रयं विद्यते।

यद्यस्मिन् चक्रे कुमारी कुमारावस्थामापन्ना प्रथमं सुप्तोत्थिता मन्द्रयते मन्द्रं स्वरं करोति।

पुरं हिरण्यमयीं ब्रह्मा विवेशो पराजिता। (यजुर्वेद)

२ कुण्डले अस्या स्तः इति कुण्डलिनी ॥
मूलाधारस्य वह्न्यात्मतेजोमध्ये व्यवस्थिता।
जीवशक्तिः कुण्डलाख्या प्राणकाराय तैजसी ॥
महाकुण्डलिनी प्रोक्ता परब्रह्मस्वरूपिणी।
शब्दब्रह्ममयी देवी एकानेकाक्षराकृतिः ॥
शक्तिः कुण्डलिनी नाम विसतन्तुनिभा शुभा।

(योगकुण्डल्युपनिषद्)

३ ॐ नमस्ते परमं ब्रह्म कुण्डलिनि स्वरूपिणे ॥
निर्गुणाय नमस्तुभ्यं सद्रूपाय नमोनमः। (महानिर्वाण)

४ अथ कुण्डलिनीं ध्यात्वा स्तोत्रं शृणु तत् कथयामि तेः—
नमस्ते देवदेवेशि ! योगीशप्राणवल्लभे !।
सिद्धिदे वरदे मातः स्वयम्भूलिङ्गवेष्टिते ॥

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

प्रसुप्तभुजगाकारे सर्वदा कारणप्रिये।
कामकलाह्विते देवि ममाभीष्टं कुरुष्व च॥
असारे घोरसंसारे भवरोगान् महेश्वरि।
सर्वदा रक्ष मां देवि! जन्मसंसारसागरात्॥ (यामल)

५ मूलाधारे मूलविद्यां विद्युत्कोटिसमप्रभाम्।
सूर्यकोटिप्रतीकाशां चन्द्रकोटिद्रवां प्रिये॥
विसतन्तुस्वरूपां तां विन्दुत्रिवलयां प्रिये। (ज्ञानार्णवतन्त्र)

६ यदोल्लसति शृङ्गार-पीठात् कुटिलरूपिणी॥
शिवार्कमण्डलं भित्वा द्रावयन्तीन्दुमण्डलम्। (वामकेश्वर तन्त्र)

७ अष्टधा कुण्डलीभूतामृज्वीं कुर्यात्तु कुण्डलीम्॥ (योगशिखोपनिषद्)

८ मूलाधारे आत्मशक्तिः कुण्डली परदेवता।
शयिता भुजगाकारा सार्द्धत्रिवलयान्विता॥
यावत्सा निद्रिता देहे तावज्जीवं पशुर्यथा।
ज्ञानं न जायते तावत् कोटियोगं समभ्यसेत्॥ (घेरण्डसंहिता)

९ कन्दोर्ध्वे कुण्डलीशक्तिरष्टधा कुण्डलाकृतिः।
ब्रह्मद्वारमुखं नित्यं मुखेनाच्छाद्य तिष्ठति॥
कुण्डलिन्यां समुद्भूता गायत्रीप्राणधारिणी।
प्राणविद्या महाविद्या यस्तां वेत्ति स वेदवित्॥ (गोरक्षपद्धति)

१० आधारकमले सुप्तां चालयेत्कुण्डलीं दृढाम्।
अपानवायुनारुह्य बलादाकृष्य बुद्धिमान्॥ (शिवसंहिता)

११ पराशक्तिः कुण्डलिनी विसतन्तुतनीयसी। (ललितासहस्रनाम)

१२ शक्तिः कुण्डलिनीति विश्वजननी व्यापारबद्धोद्यता॥ (लघुस्तुतिः)

१३ शक्तिःकुण्डलिनी नाम विसतन्तुनिभा शुभा।
मूलकन्दफणाग्रेण दृष्ट्वा कमलकन्दवत्॥ (सौन्दर्यलहरी)

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

१४ मूलाधारे तु या शक्तिर्भुजगाकाररूपिणी।
जीवात्मा परमेशानि तन्मध्ये वर्त्तते सदा॥ (मातृकाभेद तन्त्र)
१५ कन्दोर्ध्वं कुण्डली शक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम्।
बन्धनाय च मूढ़ानां यस्तां वेत्ति स योगवित्॥
कुण्डली कुटिलाकारा सर्पवत् परिकीर्तिता।
सा शक्तिश्चालिता येन स मुक्तो नात्र संशयः॥
सशैलवनधात्रीणां यथाऽऽधारोऽहिनायकः।
सर्वेषां योगतन्त्राणां तथाऽऽधारो हि कुण्डली॥ (हठयोग प्रदी०)
१६ ध्यायेत्कुण्डलिनीं देवीं स्वयम्भूलिङ्गसंस्थिताम्।
श्यामां सूक्ष्मां सृष्टिरूपां सृष्टिस्थितिलयात्मिकाम्॥
विश्वातीतां ज्ञानरूपां चिन्तयेदूर्ध्ववाहिनीम्।
हूँकारवर्णसम्भूतां कुण्डलीं परदेवताम्॥ (शाक्तानन्दतरङ्गिणी २५)
१७ ध्यायेत्कुण्डलिनीं देवीं स्वयम्भूलिङ्गवेष्टिताम्।
चित्कलां यां कुण्डलिनीं तेजोरूपां जगन्मयीम्॥ (यामल)
१८ मूलपद्मे कुण्डलिनी यावन्निद्रायिता प्रभो।
तावत् किञ्चिन्न सिध्येत मंत्रयंत्रार्चनादिकम्॥
जागर्ति यदि सा देवी बहुभिः पुण्यसंचयैः।
तदा प्रसादमायाति मंत्रयंत्रार्चनादिकम्॥ (तंत्र)

जो समस्त जगत् को चलाती है उसे महा कुण्डलिनी कहते हैं और व्यष्टिरूप से मानव जीव को चलाने वाली को कुण्डलिनी कहते हैं (योग कुण्डल्युपनिषद्)। यह कुण्डलिनी ही ॐ कार स्वरूपा व्यापक परब्रह्म की शक्ति स्वरूपा, व्यष्टिरूप से मानव देह में केन्द्रीभूत जीवनी शक्ति है जो कि ७२००० नाड़ियों का षट्चक्रों द्वारा सञ्चालन करती है। समस्त योगों का आश्रय कुण्डलिनी ही है। "सर्वेषां योगतन्त्राणां तथाऽऽधारो हि कुण्डली" (हठयोग प्रदीपिका उ० ३ श्लो० २)। बिना इसके प्रबोध के सर्व क्रियायें

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

स्पर्शान्कृत्वा बहिर्बाह्यांश्चक्षुश्चैवान्तरे भ्रुवोः।
प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तरचारिणौ॥ २७॥

जो वैराग्यकी शक्तिसे सारे विषयोंको निकाल फेंकते हैं और अपने शरीरमें मनके वृत्तिको एकाग्र कर लेते हैं, वे अपनी दृष्टिको उलटकर उस सन्धि-स्थानपर लगा लेते हैं, जहाँ दोनों भौंहें मिलती हैं और तब दायें और बायें घ्राणेन्द्रियके दोनों छिद्र बन्द करके प्राणवायु और अपानवायुको एकमें मिला लेते हैं तथा उन्हें अपने चित्तके साथ चिदाकाशकी ओर ले जाते हैं। (१५१—१५३)

यतेन्द्रियमनोबुद्धिर्मुनिर्मोक्षपरायणः।
विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदा मुक्त एव सः॥ २८॥

जिस प्रकार गंगा नदी रास्तेमें पड़नेवाले नदी-नालोंसमेत समुद्रमें मिलती है, ठीक उसी प्रकार वे लोग भी परब्रह्मके साथ इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि फिर उन्हें पृथक् करनेका सवाल ही नहीं उठता। हे अर्जुन! जब समाधिकी अवस्थामें प्राण और अपानवायुसे चिदाकाशमें मनका लय हो जाता है, तब सारी वासनाओंके विचार स्वतः ही बन्द हो जाते हैं। जिस मनरूपी वस्त्रपर यह संसाररूपी चित्र चित्रित होता है वह इस अवस्थामें विदीर्ण हो जाता है। जैसे सरोवरके सूख जानेपर उसमें पड़नेवाली प्रतिच्छाया स्वतः नष्ट हो जाती है, वैसे ही इस समाधिकी अवस्थामें मनका भी बिलकुल सफाया हो जानेपर अहंभाव आदि वृत्तियोंका फिर भला कहाँ ठिकाना! इसीलिये जिन लोगोंको इस ब्रह्मसुखका अनुभव प्राप्त हो जाता है, वे लोग देहके होते हुए भी ब्रह्मरूप हो जाते हैं। (१५४-१५७)

भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम्।
सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति॥ २९॥

ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे कर्मसंन्यासयोगो नाम पञ्चमोऽध्यायः॥५॥

मैं अभी यह बतला चुका हूँ कि जो लोग शरीरके रहते हुए भी ब्रह्मत्व-

तूं ही तू ही तब लग कहिये, जब लग मैं मैं आगे ।
मैं मैं मैं मैं होय विलय जब, सोहं सोहं जागे ॥१॥

सोहं सोहं कहै जबै लग, तब लग दूजा कहिये ।
'सुन्दर' एक न होय तहां कुछ, ज्यों का त्यों ही रहिये ॥२॥

(११) परम सुख का अधिकारी

मन मेरे सोय परम सुख पावै,
जाग प्रपंच[1] माहिं मत भूले, यह औसर नहिं आवे ॥टेक॥ संसार[1]
सोवै क्यों न सदा समाधि में, उपजै अति आनन्दा ।
जो तू जागे[2] जग उपाधि में, क्षीण होय ज्यों चन्दा ॥१॥ भोग भोगन में[2]

सोय[3] रहैते हो अखंड सुख, तो तू जुग जुग जीवे । समाधि में[3]
जो जागे[4] तो पड़े मृत्यु मुख, बाद वृथा विष पीवे ॥२॥ भोगों हित[4]

सोवे जोगी जागे भोगी, यह उलटी गति जानो ।
'सुन्दर' अर्थ विचारे याका, सोई पंडित ज्ञानी ॥३॥

(१२) ब्रह्म स्वरूप घर की स्थिति

सन्तो ! घर ही में घर[1] न्यारा, शरीर रूप घर में ब्रह्म रूप घर अलग[1]
पिंड ब्रह्मांड तहां[2] कुछ नाहीं, निरालम्ब निरधारा ॥टेक॥ ब्रह्म घर में[2]
दिवस न रैनि सूर नहिं ससिहर, अग्नि पवन नहिं पानी ।
धर आकाश तहां कुछ नांहीं, ता घर सुरति समानी ॥१॥

वेद पुराण शब्द नहिं पहुंचे, मन ही मन में जाना ।
उलटा पंथ मीनका मारग, शून्य[3] शून्य पयाना ॥२॥ निरविकार हो[3]

आदि अन्त मध्य तहां नांही, उतपति प्रलय न होई ।
तीनोंह गुण में अगम अगोचर चौथा पद है सोई ॥३॥

सदा निरंजन है अविनाशी, आपै आप अकेला ।
दादूदास जाय तहां सोया, जीव ब्रह्म से मेला ॥४॥

(१३) हरि का भेद विरला पावे

12:43
2015.540691.Sundar-Gr...

निश बासर भरमे अति भारी, कहा न माने बडा विकारी ।।१।।
भटकत डोले बिन ही काजा, बेशरमी को नैंकु न लाजा ।।२।।
मेरा वश नाही कुछ याते, बारबार पुकारत ताते ।।३।।
आपही कृपा करे हरि सोई, तो 'सुन्दर' थिर काहे न होई ।।४।।

(२) जोगी अवधूत को उपदेश

अवधू आतम काहे न देखे,
जाहि हते सोई तुझ माही, कहा लजावत भेखें ।।टेक।।
हिंसा बहुत करे अपस्वारथ, स्वाद लगा मद[1] मासै । मदरा[1]
महामाइ भैरू को शिरदे, आप हि बैठा ग्रासै[2] ।।१।। खाबे[2]
गोरख भाग भखी नहिं कबहू, सुरापान नहिं पीया ।
झूठ हि नाम लेत सिद्धन का, नरक जायगा भीया[3] ।।२।। भाई[3]
कान फाड के भस्म लगाई, योगी किया शरीरा ।
सकल वियापी नाथ न जाना, जन्म गमाया हीरा ।।३।।
नाटक चेटक जत्र मत्र कर, जगत महा भरमावै ।
'सुन्दरदास' सुमर अविनाशी, अमर अभय पद पावै ।।४।।

(३) शरीर के उद्धार का साधन करो

साधो साधन तन का कीजे,
मन पवना पचो वश राखै, शून्य[1] सुधा रस पीजे ।।टेक।। विकार शून्य[1]
चन्द[1] सूर[2] दोउ उलट अपूठा, सुषमन के घर लीजे । ईडा[1] पिंगला[2]
नाद विन्दु जब गाठ[3] पडे तब, काया नैंकु न छीजे ।।१।। स्थिर हो[3]
राजस तामस दोऊ छाडै, सात्विक बरतै तीजै ।
चौथा पद मे जाय समावै, 'सुन्दर' जुग जुग जीजे ।।२।।

(४) निज गुरु स्थिति परिचय

मेरा गुरु दो पख रहित समाना,
पिंड ब्रह्म निरतर खेले, ऐसा चतुर सयाना ।।टेक।।
पाप पुण्य की बेडी काटी, हर्ष शोक नहिं आना[1] । हृदय मे नही आते[1]
राग द्वेष से भया विवर्जित, शीतल तपति बुझाना ।।१।।
हिन्दू तुरक दुहू से न्यारा, देखे वेद कुराना ।
मैं तै मेट तजा आपा पर, नीच ऊच सम जाना ।।२।।
दिवस न रैनि सूर नहिं शशिहर, आदि अत भ्रम भाना[2] । नष्ट[2]
जन्म मरण का सोच न कोई, पूरण ब्रह्म पिछाना ।।३।।
जागि न सोवे, खाय न भूखा, मरे न जीवे प्राना ।
'सुन्दरदास' कहै गुरु दादू देखा अति हैराना ।।४।।

छादन = पहनने के लिए वस्त्रादि । ज्यां...पीर = जिसे आत्मानुभूति हो गई, जिसने पूर्ण तत्त्व का अनुभव कर लिया । अवगत = अविगत, अज्ञात । खाली = पोपला, भीतर शून्यवत् । दरियाव = समुद्र, जलराशि ।

चौपाई

जाग्यो प्रेम नेम रह्यो नांहीं । पाई राम धाम घट मांहीं ॥
उर अस्थान पाय बिश्रामा । सब्द किया जाय नाभि मुकामा ॥१॥
नाभि कमल में सब्द गुंजारै । नीसै नारी मंगल उचारै ॥
रोम रोम झुणकार झुणक्कै । जैसे जंतर तांत ठुणक्कै ॥२॥
माया अच्छर इहां बिलाया । ररंकार इक गगन सिधाया ॥
पच्छिम दिशा मेरु की घाटी । बीसों गांठ घोरसें फाटी ॥३॥
त्रिकुटी संगम किया सनाना । जाय चढ़्या चौथे अस्थाना ॥
जहां निरंजन तख्त बिराजै । ज्योति प्रकास अतन रवि राजै ॥४॥
अणहद नाद गिणंत नहि आवै । भांति-भांति की राग उपावै ॥
सुवै सुषुमना नीर फुंहारा । सून्य सिखर का यह बिवहारा ॥५॥

जंतर तांत = किसी वाद्ययंत्र में लगी चमड़े की तांत । उपावै = उत्पन्न करता है ।

अरिल्ल

बिरह घटा घररात नैंण नीझर झरै ।
चित चमंकै बीज कि हिरदो ओल्हरै ॥
बिरहिन हूं बेहाल दया कर न्हालियो ।
परिहां, रामचरण कूं राम बेग सम्हालियो ॥१॥

बिरहा कर ले करद कलेजा काटिहै ।
पीव न सुणै पुकार कि हिवरा फाटिहै ॥
सबै बटाऊ लोग न पूछै पीडरे ।
परिहां, रामचरण बिन राम करै कुण भीडरे ॥१॥

बिरह सपीड़ा सास वहै उर करद रे ।
घाव गयो है फाटि बध्यो अति दरद रे ॥
निस दिन करे पुकार बैद्य हरि आवही ।
परिहां, रामचरण बिन राम मरै नहिं पाव ही ॥

सूई कर निज सार सूर हित कीजिये ।
अपना हाथां आप घाव सी लीजिये ॥
अब नहिं कीजै ढील घाव अति बिस्तरे ।
परिहां, रामचरण बेहाल बिरहनी दुखभरे ॥

गुरां बताया निकट दूर कैसे भया ।
मोहा माया की बाड़ आसरे होय रह्या ॥
मैं निर्बल निरधार न टूटे बाड़ जी ।
परिहां, तुम समर्थ बल जोर की पड़दा फाड़ जी ॥

घररात = घहराती है । बीज = बिजली ।

08:39

न सूर्य का उदय होता है और न चन्द्रमा ही उदित होता है। ऐसे स्थल पर वह आदि निरंजन पुरुष आनन्दपूर्वक निवास करता है जो कुछ ब्रह्माण्ड में है उसको पिण्ड में जान लो। इस अमेद ज्ञान रूप मुक्तावस्था को प्राप्त करते जो आत्म स्वरूपी मन मानसरोवर में स्नान करते हैं, निमग्न हो जाते है ज्ञान स्वरूप (जीव ईश्वर के अमेर द्वार व्यंजित चैतन्य) का शाश्वत् ध्यान करते हैं वे पाप पुण्य में लिप्त नहीं होते हैं अर्थात् वे कर्म बन्धन से परे लगते हैं। उसे शरीर में ही समझो, जो शरीर में बोलता है, वही आत्मा राम है, इसी ज्योति में जो मन स्थिर करता है वह भव सागर को पार हो जाता है।

अनहद सबद होत झनकार, तँह पउढ़े प्रभु श्री गोपाल ॥
अखंड मंडल मंडित मंड, त्री असनानं करै त्री खंड ।

X X X

ऊहां सूरज नांहीं चंद, आदि निरंजन करै अनंद ॥
जो ब्रह्मांडि पिंडि सो जांनु, मांनसरोबरि करि असनांनु ।
सोहं हंसा ताकौ जाप, ताहि न लिपै पुन्नि अरु पाप ॥
अबरन बरन धांम नहिं छांहां, दिवस न राति कछु है तहाँ ।
टार्‍यौ टरै न आवै जाइ, सहज सुन्नि महिं रह्यो समाइ ॥
मन मद्धे जांनैं जे कोइ, जो बोले सो आपै होइ ।
जोति मांहि मन असथिरु करै, कहे कबीर सो प्रानीं तरै ॥[1]

कबीर का मानना है कि निर्गुण–निराकार ब्रह्म वाणी से परे है, वह अनुभूति का विषय है और अनुभूति का वर्णन सम्भव नहीं है – 'कहहु निरंजन कौने बानी।'[2]

---

१. कबीर वाङ्मय, सबद ४३.

२. वही, सबद ६९.

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

प्राण संचरित होता रहता है और शून्य चक्र में पूर्णता का फल लगता है। सहस्रार अथवा शून्य चक्र में कुण्डलिनी के पहुँचने पर जीवात्मा अपने वास्तविव स्वरूप का अनुभव करता है अर्थात् अपनी अन्तर्ज्योति का साक्षात्कार करता है। मूलाधार (धरती) में स्थित शक्तिपुंज जलाशय के समान है, जिसके द्वारा वह पेड़ सिंचा जाता है। साधना द्वारा प्राण (इड़ा) और अपान (पिंगला) वायु के तुल्यबल हो जाने पर उदान

वायु के प्रतिघात से कुण्डलिनी का जागरण होता है। वह सहज समाधि है। इसमें कुण्डलिनी सुषुम्ना मार्ग से ऊर्ध्वमुखा प्रसरण करती हुई सहस्रार अथवा शून्यचक्र में जा मिलती है। इसके आनंद–रस से सारा पेड़ सिंचा जाता है।"[1]

कबीर के अनुसार सहजभाव से ईश्वर की प्राप्ति होने पर कुण्डलिनी का जागरण हो जाता है, तब अनहत नाद की अनुभूति होती है और जीव आनन्द–पद को प्राप्त कर लेता है। कबीर कहते हैं कि जिन्होंने सहजभाव से भगवान् की अनुभूति कर ली है, वही उस अनुभूति के मर्म को समझते हैं, उस अनुभूति के अनन्तर उस साधक के माया–वृक्ष के विषय–भोग रूपी फल फूल, मोह रूपी पल्लव, वासना रूपी अंकुर और अविद्या रूपी बीज नष्ट हो जाते हैं। गुरू के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने से ज्ञान रूपी प्रकाश प्रकट हो जाता है, ब्रह्म ज्ञानाग्नि प्रज्वलित हो जाती है। इड़ा और पिंगला, जो एक दूसरे से दूर हैं – एक बांयी ओर है, दूसरी दायीं ओर, उनमें प्रवाहित प्राण और अपान वायु का योग या मिलन हो जाता है तथा समाधि लग जाती है। तब उदान वायु नीचे से ऊपर की ओर चलता है और उसी के साथ सुप्त कुण्डलिनी का जागरण होता है, जो मूलाधार, मणिपूर, स्वाधिष्ठान, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा आदि षट्चक्रों का बेधन करती हुई, ऊपर सहस्रार तक चली जाती है और सुषुम्ना (मेरुदण्ड) अनहद नाद से पूरित हो उठती है। परिवेष्टित आकाश में नाद ध्वनित होता है और चित्त शून्यचक्र (सहस्रार) में समा जाता है। अनहद नाद की आनन्दमयी तुरही बजने लगती है। कबीर विचार कर कहते हैं कि इस प्रकार सारा शरीर सुबुद्धि से व्याप्त हो गया और आज्ञाचक्र (त्रिकुटी अर्थात् दोनों भौंहों के मध्य में वह स्थान जहाँ तीनों नाड़ियों – इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना का मिलन

१. सहज समाधि बिरिख यहु सींचा, धरती जलहरु सोखा।
कहै कबीर तासु मैं चेला, जिनि यहु बिरवा पेखा ।।
–कबीर वाङ्मय, खण्ड २, सबद ११९.

06:29

प्रभ अपने को प्रन से ध्याई। अन्तरगत नित प्रीत कमाई॥
महमा प्रभ की अधिक विचारी। साचे नाम की चित चढ़ी खुमारी॥
उट्ठत बैठत कियो ब्यौहारा। घट घट सिमरूँ सरजनहारा॥
प्रान उपान देही का ताला। सतगुर मिले तब कियो उजाला॥
सूरज चन्दर रूप को धारी। पवन पछान होवे सुखकारी॥
पांच तत का सकल तमाशा। सकल जगत का मूल स्वाँसा॥
मिल सतगुर जिस जुगत पछानी। पवन कमाये सो ही ब्रह्मज्ञानी॥
जनम जनम की मलन विनासी। प्रान पुरख संग कियो बिलासी॥
पवन सखा संग साक सुहेला। पवन ने रचया सकला मेला॥
दृढ़ विश्वास ये जुगत पछान। सतगुर पूरे करें बखान॥
अन्तर नाम बाहर जप नाम। सम कर राख पावें बिसराम॥
परम परकाश पवन की धार। गुरमुख परचे होये सचयार॥
इरध उरध पवन को थामे। सतगुर जुगत जपे सतनामे॥
बिना मूल के फुली फुलवाड़ी। लीन समावे जो करे रखवारी॥

अन्तरगत जिस चीनया, सत निरंजन देव।
'मंगत' सो ही सिद्ध भया, पूरे गुर की सेव॥1022

सुरती बाँध पवन में धार। साचे नाम का करो वापार॥
पवन को पीवे नाम परगासे। जुगती योग सतनाम बिलासे॥
भरम ग्रन्थी अन्तर से टूटी। जुगत योग जो नाम रस लूटी॥
बारम्बार मन नाम कमाई। पवन धार संग करे टकराई॥
विरती त्याग मनसा भई लीन। शबद समाध अन्तर में चीन॥
उरध कँवल भया परगास। पीवे पवन होवे निरवास॥
स्वाती सीप निहों ज्यों धारी। चातक वरखा नीर ज्यों प्रीत विचारी॥
चन्द चकोर ज्यों प्रेम लवलीना। एह बिध साजन सतनाम जपीना॥
एक पलक ना विसरन पाये। चौसठ घड़ी मन माहीं ध्याये॥
चंचल विरती मन की नासे। सतनाम जो गुनी उपासे॥
कर्ता हर्ता ठाकर जानी। आज्ञा पल पल तिसकी पछानी॥

मन अपने को नेहचल कीजे। सतनाम पवन संग पीजे॥
पाप कुपथ से मन को राखे। सतकरम की रसना चाखे॥
स्वारथ त्याग होवे उपकारी। अन्तरगत सतनाम विचारी॥
सब जीवों की सेव कमाये। पूरन प्रीत हर चरनी पाये॥
मान मध का हरे गुबार। कौडी मूल बिके संसार॥
दीन ग़रीबी चित आसन धारी। साचा नाम पल पल पुकारी॥
दुर्मत गई भया परगासा। अखण्ड नाद में लयो निवासा॥
पूरन भाग अबनाशी घर पाया। साध की सेव सब ताप मिटाया॥

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

06:30

नाम नीर से धोइये, मन के सकल विकार।
'मंगत' निर्मल होये के, दरस पाइये करतार॥1024

साचे नाम की प्रीत कमाई। दुर्लभ जीवन जग में पाई॥
सत सेवा हिरदे पहचानी। अन्तर नाम जपत निरवानी॥
स्वास सुरत नित नाम ध्याई। अबगत शबद परापत पाई॥
करम वासना मन से त्यागी। आज्ञा प्रभ में मनुआँ लागी॥
छिन छिन पाप कूप को त्यागे। आज्ञा बूझ प्रभ चरनी लागे॥
दृढ़ निश्चय मन में नित धारी। सतनाम जपे सुखकारी॥
मूढ़ जिया तेरा कोई ना साथी। भज करतार सरब का साखी॥
झूट माया में मत ललचायें। अन्त छाड होवें बेथायें॥
पूरन पुरख परमेश्वर चेत। जनम मरन की मिटे विखेप॥
प्रान पुरख का करो विचार। आवत जावत में सुरता धार॥
अंजन माहीं निरंजन पेख। एह बिध जुगती योग की लेख॥
अष्ट कँवल दल अमरत भरया। पवन मथे तब कारज सरया॥
इन्द्री त्याग मनुआँ रस खाई। भयो इकागर गुर सरनाई॥
अखण्ड जाप जपे दिन राती। अरूढ़ ध्यान करे परभाती॥
पल ना विसरे प्रान की धारा। एक नाम जपे बारम्बारा॥
ऐसी रहनी अन्तर धार। परगट पावें शबद आपार॥
सदा जीवावनहार सो स्वामी। तिस की प्रीत परम सुखधामी॥
अन्तरगत नित नाम सम्भाल। पवन पुरख संग जपो दयाल॥
गुपत जाप जापे जन जोई। काल त्याग अकाल समोई॥

मन बाँधे सतनाम संग, नाम पवन में धाए।
'मंगत' दृढ़ विश्वास से, गुरमुख जुगत कमाए॥1025

अन्तर नाम मनुआँ जब जापे। बन्धन त्याग अधिक संतापे॥
देह विकार से उपरस होवे। साची प्रीती जो नाम परोवे॥

प्रन अपने को निश्चल राखे। सतपुरषों की रसना चाखे॥
अठसठ तीरथ अन्तर नहाई। निर्मल जुगत जो नाम कमाई॥
भरमन त्याग अन्तरमुख आओ। परम आनंद ठाकर घर पाओ॥
करम जाल में क्यों गरसाया। सतनाम सिमर परम सुखराया॥
वेद कुतेब सकल का मूल। साचा नाम पलक ना भूल॥
संकट हरे देवे जयकार। अन्धकार विनासे करे उजियार॥
अज्ञान हरे तत्त ज्ञान परगासे। अनुभव बानी घट करे बिलासे॥
जग संशे की सार लखाई। सतनाम घट परगट ध्याई॥
अबगत नाम ना पलक विसार। मन को बाँध इक नाम की धार॥
मनमुख मनुआँ करे ख़्वारी। अधिक पाप इक पलक विचारी॥
सिमरो नाम राखो मन हाथ। साची करनी का लेख लखात॥

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

शबद सरूप जिस कथा विचारी। जीवन मुकत निर्भय पद धारी॥
अन्तर जुगत मनुआँ नित राखी। प्रान उपान को सम कर चाखी॥
इरध उरध में सुरता जोड़ी। परगट शबद तत्त सार निचोड़ी॥
बिना फूल फल बृख को आया। आलख शबद घर माहीं ध्याया॥
गगन की खेती नित संचारी। निर्वान सरूप फुली फुलवाड़ी॥
ताँ में सुरती रहे समाए। काल करम सब भरम चुकाए॥
बिमल नाद घनघोर करीना। गुरमुख जीवन जग में लीना॥
रहे अकान्त शबद को पीये। निज सरूप में जीवन जीये॥
सहज सुन्न का घाट पछाता। अनहद नाद रमत सुख पाता॥
निर्मल ध्यान वहाँ सुरत परोई। तब ये काया निर्मल होई॥
अमरत नीर में कियो अश्नाना। अमर भयो जन मुकत समाना॥
घर में साचा कंत मिलाई। शबद पुरख के चरन समाई॥

अगम पंथ में नित परबीना। बानी अगोचर नित नित चीना॥
अभेद रूप ठाकर घर पाया। सिमर सिमर के मंगल गाया॥
स्वपन समान रचना जग भई। सत परकाश जोत घर लई॥
घर आओ निज अपने मीत। परमानन्द घट बसे पुनीत॥
झिलमिलकारी सुरत उठ धाई। भरम बुरज को सहज उड़ाई॥
चढ़ी आकास पाया परगासा। जनम मरन का बन्धन नासा॥
सुकृत कीरत विरले जन पाई। घर विच साचा कंत मिलाई॥

राम रतन को पाये के, मन तन भयो परसन्न।
'मंगत' अन्तरगत माहीं, प्रभ पारस पायो धन॥ 1046

पारस परस निर्भयपद पाया। राम रतन सन्तन दिखलाया॥
जंगल बेले फिरूँ बियाबाना। भाँतक भाँत सुने विख्याना॥
रंग रंग के पुन्न दान करीने। जतन अनेक चित अन्तर कीने॥
बिन सत साधू के मेल मिलाये। राम रतन नहीं हिरदे आये॥
पूरब जनम का करम सत जागा। सत साधू पायो वडभागा॥
निर्मल जुगती सतनाम दखाई। ताँ को परस रतन प्रभ पाई॥
मन मनोरथ पूरन होए। शबद पुरख में लीन समोए॥
अन्तर शबद करे परगास। ज्ञान दृष्ट से कीजे वास॥
सुरत अडोल जब अन्तर आई। पूरन पुरख शबद अर्थाई॥
खट चक्रन का मारग छेदा। ऊँची दृष्ट मन को बेधा॥
पवन का झाड़ू घट अन्तर दीना। शुद्ध सरूप शबद तब चीना॥
भाँतक भाँत घर खेल विचारी। आपे खेले पुरख मुरारी॥
खुली बंकनी शबद पछाना। अनहद नाद पुरख निर्वाना॥
सहज योग जुगत घर पाई। आलख शबद पाया सुखदाई॥
धन्न साधू जिस मारग दिखलाया। पूरन पुरख ठाकर घर पाया॥
अबगत नाद बजावे तूरा। गुरमुख परचे विरला सूरा॥
ईड़ा पिंगला सुखमन धार। त्रिकुटी मन्दर खोल किवाड़॥
परगट शबद नित ही परगासे। सतगुर मेल करो अरदासे॥

साखी पुरष सरब परकासी। निर्मल चित से करो उपासी॥
अन्तर में नित पूजा कीजो। पूरन प्रभ के दर्शन लीजो।
संतोख का थाल प्रेम की जोती। सुरत अडोल चुन मानक मोती॥
भाओ भगत की निरत कमाई। सत ठाकर के चरन समाई॥
अन्तर खोज अन्तरगत पाई। अन्तर में ही मिली प्रभताई॥
अन्तर ठाकर अन्तर पूजा। सतगुर मेल परम पद सूझा॥
अन्तर मनुआँ नाम सम्भाले। नज़री आया दीनदयाले॥
उत्तर से पच्छम को धाया। पच्छम से पूरब गत पाया॥
नौ दर बन्द दसवाँ परगासा। पूरन पुरख पाया अबनासा॥
गंग जमन सरस्वती का एका। राज प्रयाग का लख तूँ लेखा॥
अबगत शबद आलख बिसमाद। अन्तर ध्यान पद परस आगाध॥

निर्मल सुरती धार के, खोज गगन की बाट।
'मंगत' दीनदयाल प्रभ, दरसयो दसवें घाट॥ 1050

मारग गुपत सतगुर दिखलाया। घर विच घर का दर्शन पाया॥
शबद घनघोर बजन्तर बाजे। सत सुलतान ठाकर बिराजे॥
सुरती खैंच अन्तरगत धारी। पायो ठाकर पार मुरारी॥
पाँच शबद मिल परगट भयो तूरा। रमज़ पछाने गुरमुख सूरा॥
कहन नहीं आवे कथा ना जाई। आलख पुरख भेद आगाही॥
जाप अजप्पा नित ही जापे। सदा अरोग नहीं काल व्यापे॥
अन्तर माहीं भया लवलीना। साचा मारग सतगुर दीना॥
नित नित सुरती खेले खेल। प्रभ चरनी संग कीजे मेल॥
साचे सेवक सेवा जानी। पारस परस पाया निरवानी॥
साचे सेवक कथा विचारी। सतगुर सीख अन्तर में धारी॥
पूरन प्रीती प्रभ चरन ध्याया। साचे सेवक अमरत फल पाया॥
प्रभ की सेवा ने बन्धन काटे। निज सरूप भया रँगराते॥
ऐसी करनी निर्मल सार। अन्तर में सतनाम विचार॥
पूरन पुरख की करो अरदास। मोह माया की काटे फाँस॥

ॐ ग्रन्थ श्री समता प्रकाश

06:48

नौ द्वार से सुरती ठाकें। बान्ध पवन नाम रस चाखें॥
इरध उरध करें निगरानी। सिमरें नाम अखण्ड निरवानी॥
पवन गुंजार गगन में करी। दसवें द्वार की सोझी पड़ी॥
झिलमिल जोती का चमकार। नज़री आया पुरख निर्धार॥
ताँ में सुरती लीन समाई। करम त्याग शबद रस खाई॥
वारापार नहीं पायें भेद। अगम शबद कथ थाके वेद॥

अन्तरगत में सोधया, आलख शबद पुनीत।
'मंगत' तिस के ध्यान से, काल करम लयो जीत॥ 1136

सत शबद जिस घट परगासा। पूरन पुरख पूरन पाई आसा॥
ब्रह्म ज्ञानी सो ही तत्तवेता। सो समदरसी पुरख निरभेखा॥
साचा शबद पाया निर्वान। निश्चल हूआ करके ध्यान॥
सुरत समाई एके रंग। करम जाल भयो सब भंग॥
अन्तर बाहर कीरत सत गाई। सत शबद में ध्यान लगाई॥
मिथ्या रोग गयो सन्ताप। सत ठाकर का कीना जाप॥
मन को राखे पवन आधार। पीवे साचा नाम करतार॥
पल पल निर्मल जुगत कमाये। नेहचल हो के आवे जाये॥
सुन्न सरूप हो अन्तर में जाई। सुन्न हो के बाहर आई॥
अन्तर बाहर दो सम कर राखी। आलख शबद की परसे साखी॥
सुन्न गुफ़ा में करे ध्यान। अनहद गरजे सहज की तान॥
मूल बिना बरिच्छ परगासे। फूल बिना फल करें बिलासे॥
ताँ में सुरती खेल खिलाई। करम रोग सब दोख मिटाई॥
ठाकर साचा शबद घर पाया। सहज समाध सतनाम कमाया॥
मूल द्वार में पवन को बांधा। साचा नाम निरन्तर सांधा॥
विरत त्याग मन भयो इकागर। साखी शबद घट भयो उजागर॥
सहज सहज ताँ ध्यान लगाई। दुर्मत रोग मैल उतराई॥
सिमर सिमर सत शबद सुखरासी। भव बन्धन की काटी फाँसी॥
निर्भय धाम में जाये समाया। शून करम का सब भेद लखाया॥

शबद सुरत एका भई, सच खण्ड कीना वास।
'मंगत' दुबधा सब मिटी, काल करम की प्यास॥1137

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

करम मैल प्रभ नाम से जाई। जो धोवे सो गुनी अधिकाई॥
सुरती बाँध नाम के संग। मारग मुकत सुनो परसंग॥
ईड़ा पिंगला सुखमन नाड़ी। बहती पवन करो विचारी॥
अन्तर बाहर की गत जान। विचरत पवन करो पहचान॥
नाम को जाप पवन को बेध। नाम ध्यान हरे सब छेद॥
अन्तर बाहर जुगत कमाओ। बारह सोलह सम कर गाओ॥
सोलह चन्दर बारह सूर। सिमर नाम पावें हज़ूर॥
सम कर पवन नाम कमाई। मनमुख मनुआँ अन्तर आई॥
पवन बिन्ध भया परगासा। शबद अखण्ड में लयो निवासा॥
आलख शबद आकाश उठ धाया। सुन्न कन्दरा में डेरा लाया॥
गुरमुख सुरती चढ़ी आकास। प्रभ के चरनी लयो निवास॥
अनहद नाद बाजे घट तूरा। होई चमकार सत चरन हज़ूरा॥
खिमा दया सील चित आई। सत ठाकर घर परगट ध्याई॥
एक दृष्टी सुन्न ध्यान लगाया। जगत का ठाकर नज़री आया॥
दरस पायो मन भयो निहाल। काल करम काटा जम जाल॥

अन्धकार विनासया, दिव्य भयो परकाश।
'मंगत' काया कोठरी में, पायो दरस अबनाश॥ 1163

अबनाशी का दर्शन पाई। तब ये मन गयो लीन समाई॥
मन लीन भयो सुख भया आपार। रंचक दु:ख की रही नहीं सार॥
द्वन्द त्याग निरद्वन्द समाई। करम त्याग निहकरमत पाई॥
काल त्याग निर्भय समाया। साखी पुरष का लेख लखाया॥
चंचल त्याग पाया संतोख। बन्धन नास पाया तत्त मोख॥
वैर त्याग खिमा चित पाई। सरब जीयाँ संग साँझ बनाई॥
मोह त्याग पायो बैरागा। घर में परसयो शबद अनुरागा॥
उदे अस्त का भरम मिटाई। दिव्य परकाश अखण्ड लखाई॥
जनम मरन का चक्कर त्यागा। निश्चल ध्यान साहब में जागा॥
भूख प्यास गये देह विकारा। शबद खाये मन तृपत विचारा॥

06:56
Vo)) LTE1

ऊँच झाई नाद की, पारावार ना कोए।
'मंगत' जिस जन सोझी पड़ी, तिसके चरन नित धोए॥1181

निर्मल नाम कीरत जिस गाई। गुपत भेद सोही अर्थाई॥
अन्तर की गत करी विचार। मारग सूझा पार मुरार॥
प्रान अपान पवन को जाता। एक नाम तिस में रँगराता॥
मुख होंट जीभा नहीं चाले। अखण्ड जाप अन्तर में घाले॥
धीर धीर से पवन को पीवे। नाम सिमर के नित जन जीवे॥
दिन दिन गुनी करें अभ्यास। बिनसे भरम पावे परगास॥
आहार ब्यौहार करे शुद्ध नीती। परहक खाये नहीं धरे पलीती॥
तमोगुन आहार नित करे त्याग। बुद्ध निर्मल पाये नाम अनुराग॥
अन्तर ऊँची पवन को खैंचे। ऊँची से फिर नीचा हो बैठे॥
नीचे से ऊँचा हो आई। लख तू लेखा अगम आगाही॥
मूल द्वार में सुरता गाड़ी। आवत जावत भेद लखारी॥
मन के संशे शोक विनास। मूल द्वार में कीजे वास॥
भयो इकागर नाम रस खाई। पवन पुरख का लेख लखाई॥
ज्यों ज्यों अन्तर राखे मनुआँ। शान्त आगाध परसे तनुआँ॥
अनेक विकार विगन सब नासी। साचा नाम जो गुनी उपासी॥
दृढ़ निश्चय जिस जुगत कमाई। मन पवन इक ठौर लगाई॥
नाभ कँवल से अमरत झरया। सुखमन नाली में सो भरया॥
सो अमरत उठ चढ़े आकास। गुरमुख विरले कियो बिलास॥
चढ़े आकास करे टंकोर। नाद ध्यान पावे जन सूर॥

अन्तर जुगत कमाया, प्रभ का नाम अगाध।
'मंगत' कंवल परगासया, नाद पाया बिसमाद॥1182

अन्तर जुगत जब नाम कमाई। तीन भवन की सोझी पाई॥
सुखमन नाड़ी करे हलोल। अनहद नाद की सुनी कलोल॥
शबद गुंजार करे अत भारी। तिरवैनी अत लेख विचारी॥
चंचल मनुआँ सहजें घर आया। नाद पुरख को परगट ध्याया॥
कर्ता पुरख भयो परगासा। हरजन कीनी चरन अरदासा॥

ग्रन्थ श्री समता प्रकाश ॐ

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

मारग धरम पहछान के, जीव भया परसन्न।
'मंगत' काटी करमगत, सिमरा नाम रतन्न॥ 1355

नाम साहब का हिरदे ध्याई। बैठ इकान्त सेव कमाई॥
निश्चल आसन सुरती धारी। साचे नाम की रसना विचारी॥
सरजनहार सकल का स्वामी। सरब व्यापक अन्तरयामी॥
सो परमेश्वर है सुखसीरा। नित नित सिमर हरे सब पीड़ा॥
निर्मल निश्चय प्रभ चरनी राख। सतगुर बचन की रसना चाख॥
परम परीती गुर के चरना। निस्चे से रहे गुर की सरना॥
पाप करम नित ही भागे। साचे नाम में उठके जागे॥
निर्मल नाम इस बिध कमाई। बौहड़ गवन संसार ना पाई॥
होंट मुख जिभ्या को बाँधे। साचा नाम हिरदे में साँधे॥
आवत जावत पवन को देखे। नाम सिमर के मिटे भुलेखे॥
मन पवन राखे इक चीत। दुर्मत त्याग होवे पुनीत॥
पल पल ऐसी जुगत कमाये। मन पवन इक थाँ लगाये॥
नाम सिमर मन बांधे नीत। प्रान की डोरी में राखे चीत॥
मन पवन इक रूप समाई। साचे नाम की कीमत पाई॥
भरमन त्याग निज घर आया। सत ठाकर का मारग पाया॥
नाम रतन से लागी प्रीत। पल पल साधे दिशा पुनीत॥
निर्मल बुद्धी नाम कमाई। प्रान पवन में लीन समाई॥
विरत त्याग मन निर्मल होया। जनम जनम का भरमन खोया॥
सुखमन खुली शबद घर जागा। साध सीख पाई वडभागा॥

अन्तर शबद परगट भया, साची भगती पाये।
'मंगत' साध की सीख से, फिर गवन नहीं आये॥ 1356

दुर्मत रोग की औखद खाई। साचे नाम की कीरत गाई॥
अन्तर सुरत निरन्तर धारी। जाप अजपा नित विचारी॥
अष्ट-कँवल दल भया परगासा। बिमल नाद वहाँ करे बिलासा॥

वासना त्याग भयो निरवासी। साचा शबद मन माहीं उपासी॥
मन पवन की जुगती तोले। विरत त्याग मन भया अडोले॥
विज्ञान सरूप पाया परसाद। साचा नाम निरन्तर साध॥
जनम जनम की मलन विनासी। सतगुर सीख सतनाम उपासी॥
तृष्ना त्याग भया निष्कामी। पायो दरबार साचा प्रभ स्वामी॥
नित नित उस्तत चित से गाऊँ। पल पल तिसका ध्यान कमाऊँ॥
अखण्ड सुरत नित जाप जपाये। नाम की रसना पल पल खाये॥
उलटा शबद आकास गुंजारी। मारग अगम का भेद लखारी॥
सुरती चढ़ी आकाश में आये। साचे शबद का धाम लखाये॥
निर्भय नाद अन्तर नित बोले। तीन भवन का ताला खोले॥
ताँ में सुरत करे निगरानी। झिलमिल जोत दरसे निर्वानी॥
दरस पाये मन तृपत समाई। दुर्मत रोग व्याध गँवाई॥
पूरन भाग सतगुर मिलाये। अगम निगम का भेद लखाये॥
पाया भेद आया विश्वासा। प्रभ की चरनी लयो निवासा॥
संकट धारी मूरख जीया। नाम सिमर के भया तृपतीया॥
नित नित सुरती नाम उचारी। आवत जावत पवन विचारी॥

मन सिमरे सतनाम को, नाम पवन समाये।
'मंगत' साची साधना, बिन गुर भेद नहीं पाये॥ 1357

16:12
shri-samta-prakash.pdf

महमा तेरी चित रसे, दूजी विसरे आस।
'मंगत' निर्मल नाम को, पल पल करूँ उपास॥ 1480

प्रभ विश्वास सब हरे विकारा। निर्मल भगत मिले जयकारा॥
भरम चक्कर से भयो उदास। निर्मल नाम करूँ उपास॥
देह देवल का पाऊँ विचार। साची जुगत लखूँ सत सार॥
नौ द्वारे का देही कोट। जीवन शकत घट पसरे जोत॥
बुद्ध सकाम बाहर भरमाई। देह देवल की सार नहीं पाई॥
सत संगत से निर्मल भयो। साची सार अन्तर लख लयो॥
गुरमुख मारग पाया योग। निर्मल नाम की रसना नित भोग॥
अन्तर बाहर सतनाम कमाई। मन पवन इक धार लखाई॥
उलट पवन घर सोधे नाम। दुबधा दूर पाया बिसराम॥
गुप्त सरूप प्रभ परगट भयो। अनहद नाद पुरख सुखदयो॥
विरत अडोल धर कीना जाप। सत शबद में सुरती थाप॥

अलप आहार करम निषकामा। जो जन धारे ले बिसरामा॥
तीन भवन में सुरता राखी। प्रान पवन की रसना चाखी॥
निर्मल ध्यान सुनी टंकोर। साची रसना पायो हज़ूर॥
बहुरंग नाद करे गुंजार। एक दृष्ट हो पाया उजियार॥
करम बन्धन आसक्ता नासी। निष्काम भाओ में विरत बिलासी॥
अन्तर सुरती चढ़े आकास। सत सरूप में ले निवास॥
शबद अखण्ड पाया निर्वान। मनुआँ लागा सहज ध्यान॥
काम क्रोध इच्छया मोह नास। अन्तरगत पाया प्रभ परगास॥

साची जुगती धार के, सतनाम पाया परसाद।
'मंगत' मिली सत शान्ती, सब मन के मिटे विखाद॥ 1481

अन्तरगत में नित समाओ। साची भगती की रसना पाओ॥
इरध उरध में सुरता राखो। नाम नारायन रसना चाखो॥
भरमन जाये होये परकास। अनहद शबद पुरख निरवास॥
कर्ता पुरख केवल जग सार। साचा शबद घट करो विचार॥
अन्तर सुरती नित ठहराओ। एक नाम की रसना खाओ॥
स्वास सुरत का एका कीजो। जनम जनम की भरमन छीजो॥
दुर्मत त्याग भयो इक रंग। पायो शबद पुरख निहसंग॥
निर्मल चित से ध्यान कमाई। कर्ता भाओ भरम चुकाई॥
निहकरम सरूप शबद निर्वान। अंतर पाया निर्मल ध्यान॥
ऊँचे शिखर होवे किलकार। गुरमुख सूझे ज्ञान निरधार॥
पिण्ड ब्रह्मण्ड का पायो भेद। अंतर परगट पुरष अछेद॥
अपने आप में भयो परसन्न। शबद परापत निर्मल धन्न॥
सरब सिद्धि का सोही दाता। सरब जगत का सो ही बिधाता॥
सब जीवों की सो कल्यान। अनहद शबद पुरख निर्वान॥
जो जो पूजे निर्मल देवा। मुकत परापत बिनसे
प्रभ के रूप में मेल मिलाई। प्रभ की शोभा अन्तर
प्रभ के रूप में पाया आधार। जीवनमुक्त पद परसा

16:22

द्वादस

दुबधा त्याग सत नाम चित धार। गुरमुख मारग ज्ञान विचार॥
अपने आप का तत्त लेख पहचान। कौन रूप सत तत्त कल्यान॥
क्यों भरमाया दुर्मत घाटी। अपने आप को करें नित घाती॥
सत मारग सत रूप विचार। परसें शांत परम सुख सार॥
अन्तर चित नाम जप सार। पावें शबद पुरख निरधार॥
तत्त निरंजन घट माईं समाई। मारग भेद लखो सुखदाई॥
अन्तर सुरती नित ही गाढ़। मूल द्वार का लेख विचार॥
प्रान उपान का एका करी। अन्तर मारग की सोझी पड़ी॥
शबद सरूप आलख आपार। पाईये भेद मिल गुर दातार॥
सुरती मूल द्वार समाई। मन पवन इक ठौर लगाई॥
उलट पवन अन्तरगत धारी। द्वादस कँवल का भेद विचारी॥
शबद परकाशे अन्तर के तीर। वास करे कोई गुनी गहीर॥
उलटा शबद आकाश उठ धाए। नित ही हरजन सेव कमाये॥
गरजे शबद भीतर त्रैभवना। सत परापत मिटे सब गवना॥
ठाकर साचा घर परगट पायो। रोम रोम में तत्त सार ध्यायो॥

दुबधा दुर्मत त्याग के, सत मारग नाम आराध।
'मंगत' शबद पहचानया, नित परसी ज्ञान समाध॥ 1543

तिरौदस

त्रैकाल समता तत्त बूझ। द्वन्द विकार की हरो सब सूझ॥
मारग मुकत नित ही चित धार। करम विलक्खन से पाओ उद्धार॥
प्रभ आज्ञा में सत निश्चय राख। दीन ग़रीबी की नित रसना चाख॥
साची रास सतनाम प्रभ चेत। सिमर सिमर के हरो विखेप॥
त्रैकाल मन नाम संभाल। सत शरधा भज दीनदयाल॥
औगन हरे निर्मल बुद्ध देवे। भाओ भगत से जो जन सेवे॥
समता योग में रहो परबीन। दु:ख द्वन्द नहीं हिरदे चीन॥
करम फल इच्छया त्याग दु:ख मूल। करनहार प्रभ पलक नहीं भूल॥
अन्तर चित करो नित अरदास। मोह माया की मिटे प्यास॥
हरख शोक का तजो मान गुमान। मित्तर शत्रु धारो इक परमान॥
दु:ख सुख चिन्ता भय और भरम। प्रभ की आज्ञा में त्यागो नित करम॥
मनमुखता अन्धकार विनास। सहज भाये सत शबद परगास॥
बिन रसना के मरजीवा होई। अत परगास सतनाम परोई॥
साची दरगाह भयो मन्ज़ूर। जप जप साचा नाम हज़ूर॥
भेद भरम सब खेद निवारी। प्रभ दाते के चरन पधारी॥

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

16:33 Vo)) LTE1

खोज खोज कर परसया, अबगत शबद अनाद।
'मंगत' परम आनन्द में, लागी सुन्न समाध॥ 51

प्रभ अपना सिमरन किया, मन तन होए परसन्न।
करम विलक्खन सब मिटे, हरि नाम का पायो धन्न॥
सत सील संतोख का, आए भया घर बास।
खेम कुशल आनन्द हुआ, घर परगट पुरष अबनास॥
जनम जनम की भरमना, सहज होई चित की दूर।
आलख शबद पहचानिया, घट में उपजा तूर॥
अबनासी संग जा मिला, दुर्मत छाड विखाद।
सतगुरु दया साध की संगत, छूट गया परमाद॥
इन्द्री विषे की लालसा, मन से भई दूर।
मन लागा सतनाम में, आए मिला हज़ूर॥
स्वास स्वास सिमरन करूँ, अबगत पुरख अलेख।
एक नाम विश्वास धर, पाए लिया सच भेख॥

क्या गृहस्ती क्या विरक्ती, क्या डंडी सन्यास।
प्रेम बिना ना हर मिले, चाहे धरनी नाप आकास॥
प्रेम पाए सतसंग से, सुन गुरमुख परताप।
अपना मरन विचारया, तब पाए नाम तत्त जाप॥
साचे नाम की सिमरनी, हिरदे लई लटकाए।
शबद पहचाना घर माईं, द्वैत भरम फटकाए॥
सागर ज्यों गम्भीर है, ऐसा पाया धीर।
कूड़ कपट सब उतरा, पिया शबद का नीर॥
मन में पाया चानना, शबद सुनी धुनकार।
अपना आप सँवारिया, पाए ज्ञान तत्त सार॥
काम क्रोध की अगनी में, जलें चराचर भूत।
क्या गुनी क्या मुनी, क्या रंक क्या भूप॥
चार वेद का वक्ता, पंडत रोए नीत।
अगन तृषना खा गई, सब का कलेजा मीत॥
तीरथ नहावे ब्रत बहु राखे, रैन को जागे नीत।
बिना ज्ञान ना पावे, एह मूढ़ा मन परतीत॥
अरब खरब धन आ मिला, चौधाँ भवन का राज।
सकल अकारथ जात है, बिना शबद समाज॥
भोग मिथ्या भोगता मिथ्या, अनर्थ जीव कलेश।

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

16:35

देख देख सब भूल गए, अपना निज घरबार।
'मंगत' माया मोहिनी, हर भगत से हो छुटकार॥ 58

सतसंगत मिल गाइयो, आलख पुरख अगाध।
बिन सिमरे तत्त ज्ञान के, कोटक मन व्याध॥
अन्तर सिमरो निरन्तर धरो ध्यान। पवन को साधो सुन अनहद की तान॥
उरध पवन पच्छम को जाई। रवि शशी इक तार मिलाई॥
पच्छम से उठ चढ़े समेर। लागे पूरब दिशा के फेर॥

मूल द्वार लगावे बन्ध। उलट पवन की साधे सन्ध॥
साचा नाम संग पवन के खेले। गुप्ती बानी कोई गुरमुख मेले॥
इरध उरध में सुरती जोड़े। ब्रह्ममुख योगी दर दसवाँ फोड़े॥
उरध कँवल घट भयो परगास। मूल बंकनी में कीना वास॥
ईड़ा पिंगला सुखमन धार। सम कर पीवे हो सचयार॥
पवन की निरोध सरोध कमावे। बारह सोलह इक धार मिलावे॥
उलट पवन का लंगर खैंचे। सोती नागन उठ अमरत सैंचे॥
गुर का पूत कोई जुगत कमावे। मर के जीवे सत गत पावे॥
नीर पाताल आकास चढ़ावे। आलख पुरख का खेत भीजावे॥
गगन खेत सोध कुण्ड का नीर। उपजे पुरष बिना शरीर॥
मानसरोवर तट बोले नाद। कहे मछन्दर सुन गोरख बिसमाद॥
छिन छिन वरखे अमरत धार। बैठी पीवें पाँचों पनिहार॥
निरगुन सरगुन तोले एक चीत। बानी गुपत परगट भई मीत॥
इक्कीस हज़ार छे सौ मनियां। इक तार परोवे निस दिन गुनियां॥
सुरत की सूई प्रेम का धागा। खिनता ज्ञान सीवे बैरागा॥
जत लंगोट त्याग भभूत। विश्वास की मात्रा धारे अबधूत॥
सत की सेली सिर छतर बिराजे। बिरह विवेक की मुंद्रह साजे॥
खिमा दया का पीवे नीर। निरभेख वास में रमे फ़कीर॥

गुर की जुगत का, कीजे नित आहार।
'मंगत' गुरमुख पाए, शबद ब्यौहार॥ 59

आसन दृढ़ता नित मन विचारे। पुरषारथ चोला कफ़नी धारे॥
परहित चित में माला फेरे। नाम की ओट पाए सुख घनेरे॥
इकन्त बाज़ार में नित रमाए। अमरत शबद का भोग लगाए॥
द्वन्द बकार का करे शिकार। निज घर वास पाए गुनकार॥

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

गुर की महमाँ आपार है, जाने कोई गुर सन्त।
'मंगत' गुर साचा सो ही, जाँ को नहीं भरमन्त॥ 72

गुर सो ही जिसकी जुगत आपार। सुन उपदेश मिले सरजनहार॥
गुरमुख युगता ज्ञान विवेकी। अन्तरगत धारे विरत अलेखी॥
साची जुगत कमावे योग। मिटे उपाध तिस गुर संजोग॥

परविरत निरविरत पछाने कार। बन्धन मोक्ष की लाखे सार॥
करम अकरम का जाने भेद। निष्काम विरत ले मनसा छेद॥
साचे नाम का कीजे आहार। भुख प्यास निंद्रा निवार॥
इरध उरध पवन का धाम। साची जुगत पाए जापे सत नाम॥
नाभ कँवल उरध परगास। विखमी सन्ध में कीजे वास॥
खुली सुखमन गगन में बोले। सो ही सतगुर जो यह गत तोले॥
अमरत कुण्ड का मुख उगाड़े। पी अमरत सतधाम पधारे॥
बारह सोलह सम कर राखे। जोत निरालम अन्तर भाखे॥
आसन दृढ़ता परम अनुरागी। सत विशवाशी सो गुर बैरागी॥
मन पवन का खैंचे तान। शबद पछाने होए कल्यान॥
नित आनन्द विरत उदास। अनन प्रेम गुर सचखण्ड वास॥
काल करम का बन्धन तोड़े। उल्टी सुरत सत मारग फोड़े॥
त्रिकुटी आसन अनहद वादी। मानसरोवर लगी समाधी॥
सुन्न गुफा घर शबद किलकार। रमज़ पछाने तिस गुर तों बलिहार॥
ज्ञान ध्यान का बकतर धारे। समता खड़ग ले सब शत्रू मारे॥
मुकत मैदान में खेले चौगान। साचे नाम की ताने नित तान॥
काम क्रोध का सीस उतारे। हंगता ममता नित चूर कर धारे॥
आठों पहर करे निगरानी। अखण्ड जोत दरसे निर्बानी॥

मन अपना निर्मल करे, कमावे सत शबद की सेव।
'मंगत' नित आदेस है, वडभाग से मिलें सो गुरदेव॥ 73

सिख सो ही जो गुर सिखया लेवे। मनमुख भरम सकल हर लेवे॥
बाद मुबाद में चित नहीं लाए। गुरमुख धरम को सहज कमाए॥
गुर के बचन पर धरे विश्वासा। गुर के चरन का होए नित दासा॥
तन मन धन गुरचरन पै वारे। जीवत मरे गुर शबद उचारे॥
गरब गुमान मन का त्यागे। सहज सुभाए गुर चरनी लागे॥
अमरत नाम गुरदेव से लेवे। मन बच करम से उसको सेवे॥
दु:ख सुख सकल रज़ा पै छोड़े। गुरसंगत मिल सब विगन को तोड़े॥

16:39

अधिक वडाई नाम की, मन तन दे आनन्द।
'मंगत' विसरे ना पलक एक, साचा शबद अखण्ड॥ 92

सत सरूप की करो अरदास। जनम मरन की जाए फास॥
ओहंग ब्रह्म शूनियंगकारा। ओहंग ब्रह्म सरब आधारा॥
ओहंग ब्रह्म पुरख अनामी। ओहंग ब्रह्म अपार गरामी॥
ओहंग ब्रह्म नित अनादी। ओहंग ब्रह्म निर्वान बिसमादी॥
ओहंग ब्रह्म शबद धुनकार। ओहंग ब्रह्म गरजे दसवें द्वार॥
ओहंग ब्रह्म सरब अतीता। ओहंग ब्रह्म सरब रमीता॥
ओहंग ब्रह्म अखण्ड अजूनी। ओहंग ब्रह्म समाध सगूनी॥
ओहंग ब्रह्म सब अन्तर साजे। ओहंग ब्रह्म नाद घट बाजे॥
ओहंग ब्रह्म नित अकारन। ओहंग ब्रह्म धारे सब धारन॥
ओहंग ब्रह्म देवन का देवा। ओहंग ब्रह्म आलख अभेवा॥
ओहंग ब्रह्म नित समदरश। ओहंग ब्रह्म नित आपको परस॥
ओहंग ब्रह्म नित निराकारी। ओहंग ब्रह्म नित निरधारी॥
ओहंग ब्रह्म कलह विनास। ओहंग ब्रह्म शान्त परगास॥
ओहंग ब्रह्म अखण्ड आनन्दा। ओहंग ब्रह्म घट जोत परचण्डा॥
ओहंग ब्रह्म सरब स्वामी। ओहंग ब्रह्म सरब अन्तरयामी॥
ओहंग ब्रह्म सरब में सिद्धी। ओहंग ब्रह्म ज्ञान गुन निधी॥
ओहंग ब्रह्म अबगत सरूपा। ओहंग ब्रह्म सरजे चराचर भूता॥

ओहंग ब्रह्म अजात अवरना। ओहंग ब्रह्म सरब कारन करना
ओहंग ब्रह्म नादसरूप। ओहंग ब्रह्म परसे गुरमुख भूप
ओहंग ब्रह्म सरब का ठाकर। ओहंग ब्रह्म तीन लोक उजागर
ओहंग ब्रह्म ठौर ठौर निवास। ओहंग ब्रह्म चारखानी परगास
ओहंग ब्रह्म ग्रन्थ वेद का मूल। ओहंग ब्रह्म व्यापे सूखम अस्थूल

भय भरम संकट हरे, मन तन शबद ध्याए।
सार अर्थ निरनय करे, फेर गरभ ना आए॥
रलमिल संगत गायो, अपरम पुरख अपार।
विजय होए संसार से, ले साची जुगत विचार॥

साचे सतगुर मिल के, कीजो नित अरदास।
'मंगत' अमरत पान करे, निर्भय ले निवास॥ 93

अक्षर ब्रह्म अद्वैत अनादी। सिमरो नाम अगम अगाधी

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

20:14

अमरत खानी शबद टंकोर। नाम ध्यान जप पावे कोई सूर॥
स्वास सुरत का कीजे मेला। गृहस्ती विरक्ती का एके खेला॥

साची जुगत जिस मन करी विचार। मानुष जीवन का भए उद्धार॥
सोलह कला सम्पूरन स्वामी। अनहद नाद सत खण्ड का गामी॥
सिमरन सेवा ध्यान विवेक। सत विश्वास से मिले सत लेख॥

मन तन अन्तर परगासिया, आलख पुरख आपार।
'मंगत' सिमरे पल घड़ी, ले जीवन रूप मुरार॥ 94

आलख पुरख की आरती कीजो। सतगुर चरन माहीं चित दीजो॥
सुरत अलबेली पवन पखारे। बारह सोलह सम कर धारे॥
अन्तर करे पाताल अशनानी। उलट जाए आकास समानी॥
मानसरोवर लागे तीर। निर्मल भयो हंस सुख सीर॥
सत सुकृत कर नाद वजाए। बानी अखण्ड चित रही समाए॥
जाप अजपा निरगुन बानी। निज घर बूझे अमरत खानी॥
चार दिसा का नाका बाँधे। मन बिकराल को अन्तर साँधे॥
पवन संघासन पर रहे बराज। उलट पलट का परचे साज॥
नौ नाटका बन्धी कीना। अजर पुरष का दर्शन लीना॥
अखण्ड परकाश जोत निर्वानी। नाद अखण्डित सुरत समानी॥
विखे विखाद सकल निवारे। आलख पुरख के चरन पधारे॥
मन बच करम ये आरती गाए। **'मंगत'** ताँ के नित चरन समाए॥**95**
आरती कीजो अनुभव बानी परगासे। सत सरूप में लयो निवासे॥
पूर मनोरथ कलह निवारे। अनुभव बानी मन करो विचारे॥
नित आनन्द अनुपम जोती। तीन भवन लो मानक मोती॥
जोती अन्दर शबद धुनकार। दमके दामन दसवें द्वार॥
प्रेम पुष्प ले सुरत उद्यानी। उनमुन परसे अमरत खानी॥
बजे रबाब मरदंग नफ़ीर। घण्टा शंख धुन अमरत छीर॥
चित इकागर सत बानी को पूजे। सकल सामिग्री का निरनय सूझे॥
विरत त्याग मन एका होई। शबद ध्यान पाए दुर्मत खोई॥
अजर संघासन पुरष निर्वान। सहज भाए घट उपजी तान॥
दृढ़ पुरषारथ मन ले परोई। पलक ना विसरे सच बानी सोई॥

पूरन आशा सब संकट नासी। अखण्ड आरती चित करे बिलासी॥
गुपत दीप की आरती कीजे। **'मंगत'** जीव की गवना छीजे॥**96**

Lock Horizontal Eye Protect Bookmarks Listen

साचे शबद का सुनयो सत भेदा। जिसको ध्यावें नित चारे वेदा॥
काया अन्तर सदा बिराजे। सदा निरालम सरब निवाजे॥
देव दानव सिद्ध मुन ध्याएँ। तिस पुरख का पार ना पाएँ॥
अपने आप में रहे परबीन। नित निरन्तर आप में लीन॥
अधिक वडयाई अधिक परताप। सरब व्यापे सो निरालम आप॥
आवत जावत पवन की धार। मूल द्वार करे संचार॥
गुरमुख खोजे तत्त पहचाने। पवन को सोधे अन्तर बिध जाने॥
मूल द्वार में बन्ध लगाए। उलट पवन सतनाम कमाए॥
अल्प आहार सूक्षम निंद्रा। तत्त बिरोले नित जोगिन्द्रा॥
इरध उरध में सन्धी कीजे। अमरत नाम घट अन्तर पीजे॥
खुले ग्रन्थी नाद उपजाए। मनमुख मनुआँ सहज ठहराए॥
छिन छिन नाद की सेवा कीजे। नाद घनघोर कँवल को छीजे॥
खट चक्रन को नाद प्रभ छेदे। चढ़े आकास तिरकुटी को बेधे॥
सूक्षम धुन तरबेनी बोले। गुरमुख हंसा नित करे कलोले॥
मन अपने की करे निगरानी। नित ही राखे विच अमरत बानी॥
बिरह वैराग का चोला धारी। सत विश्वास कर सिफ़त विचारी॥
इन्द्री विखे से रहे अतीत। मन में राखे एक शबद परीत॥
निर्मल मनुआँ सतनाम का आहारी। द्वैत भरम बिकार को टारी॥
दीन ग़रीबी सत भेख को लीना। आलख शबद की सार को चीना॥
अन्तरमुख मन शबद ध्याए। घोर शबद जाए शिखर समाए॥
अधिक घनघोर शबद की तान। परगट भई जोत आलख निर्वान॥
जाँ से बिछड़ा ताँ जाए मिलाई। शबद भेद जाने जानाई॥

आसा तृष्ना जेवड़ी, बाँधा कुल संसार।
'मंगत' छूटे गुरमुख, पावे शबद निरंकार॥ 99

शबद को पूजे सो साचा पुजारी। शबद ध्यावे सो बड़ा आचारी॥
शबद सुरत कमावे योग। सुरत निरत ले अमरत भोग॥
शबद ध्यावे सतगुर की जुगती। शबद पहचाने लेवे जन मुकती॥
अन्तर शबद निरन्तर मुद्रा। तत्त विचारे गुरमुख जोगिन्द्रा॥
शबद सार जिस जन लखाई। दुर्मत त्याग सहज तृप्ताई॥
शबद कीरत शबद ध्यान। शबद से पावे जीव कल्यान॥

ताँ पूरन गुर परम तत्तवादी। देवें विचार पुरख आगाधी॥
कैसे पवन का नाका बाँधा। मूल द्वार को कैसे साँधा॥
बंकनाल को कैसे खोला। किस जुगत कर शबद घर बोला॥
क्योंकर चले आकास की धार। कैसे बाँधा मन गँवार॥
किस घर आसन कहाँ सुरत लगाई। किस शत्रु पर घात चलाई॥
भूख प्यास को कैसे जीता। कह बिध भेख लयो अतीता॥
कैसे खोला अगम द्वारा। क्या देखा वहाँ क्या विचारा॥
किस नीर का मज्जन कीना। कौन देही के मल को छीना॥
किस घर चन्दर सूरज की धारा। आलख जोत कैसे उजियारा॥
चार दिसा को कैसे सोधा। काल करम किस भाँत निरोधा॥
नीर छीर कह बिध निरनाए। कह जोगिन्दर सुन **'मंगत'** तपराए॥138
साचे नाम संग पवन को बाँधा। उल्ट पवन मूल द्वार को साँधा॥
उलट पलट पवन को दीना। खुली बंकनी शबद को चीना॥
शबद की धार चले आकास। शबद परतीत मन भयो रास॥
पाताल आसन सुरती आकास। ममता शत्रु का कीना घात॥
उलट पवन अन्तर को धारी। भुख प्यास सहज निवारी॥
शबद भेद ले भयो अतीता। सुनो जोगिन्दर योग सरूपा॥

आलख शबद से खोला अगम द्वारा। कोट भान सम देखा उजियारा॥
पवन नीर संग मज्जन कीना। सुरत देही को निर्मल कीना॥
इरध गृह चन्द उरध गृह भान। अनहद उपजी जोत की तान॥
पवन संकोच अन्तर को बोधे। चार दिसा को ऐसे सोधे॥

गुरमुख बुद्धी, नीर छीर निरनावे।
कह 'मंगत' सुन अवधू, अन्तर भेद लखावे॥ 139

सार जुगती करो पहचान। सुनो जोगिन्दर सार तत्त ज्ञान॥
आलख रूप अन्तर कर वासा। बिना जुगत ना होवे परगासा॥
दृढ़ विश्वास चित में धारी। सो जन पावे जोग की कारी॥
जीवन मरे मर के जीवे। सार जुगत योग को पीवे॥
मन पवन इक धारा कीजे। सत सरूप अन्तरगत लीजे॥
जब लग मन पवन नहीं एका। तब लग पाए नहीं विरत विवेका॥
मन पवन दो बाँधे बन्ध। उल्ट पवन कर नाद परचण्ड॥
पलक पलक हर नाम चितारे। एको नाम में जीवन धारे॥
पाँच इन्द्री अन्तरमुख कीजे। शबद अनहद ताल लखीजे॥
छिन छिन मन के बिख को काढे। सत जोगिन्दर भरम को बाढे॥
झूठी देह का गरब त्यागे। सत पुरख के चरनी लागे॥
नाद निरत सुरत इक कीजे। करम भरम सकलो चित छीजे॥
जत का आसन नित मन में राखे। तप का भोजन अन्तर में भाखे॥
सदा अतीत गुर जुगत विचारे। सहज नाम की धूनी उजियारे॥
पर-उपकार मित्र चित राखे। ज्ञान भभूत मन अंग में भाखे॥
एक निस्चय की कंठी धारे। प्रेम नाद का शबद विचारे॥
बिरह विवेक की मुद्रा धारे। तिस जोगिन्दर सों बलिहारे॥
अन्तर का सब पाट कर दूरे। केवल शबद रग रग में पूरे॥
ध्यान की मदरा में रहे मस्तान। अखण्ड नाद का कीजे पान॥
अपने आप करे पहचान। कलह त्याग होवे निर्वान॥
भाओ भगत का चोला धारी। अन्तर विरत कर लागी ताड़ी॥

साचा शबद अनहद धुन्न, अन्तर करे परकास।
'मंगत' मन निर्भय हुआ, पाए शबद घर वास॥ 189

सत सरूप का करो विचारा। जनम जनम का जाए अन्धकारा॥
सत विश्वास ले मन पावे शान्त। सत की खोज सब जाएँ भरान्त॥
सत ही विद्या परम तत्त मान। सत की सेव पावे कल्यान॥
अन्तरयामी रूप आपारा। जो जन खोजे पावे निस्तारा॥
अगम निगम तिस का बरतान्त। तत्त ज्ञान ये सार सिद्धान्त॥
तिस बिन मनुआँ नित डहकाए। गरब ग़ुबार में आवे जाए॥
नाना जतन करे दिन राती। तो भी अन्तर भरम की टाटी॥
करम की फाँसी जाए ना मीत। अन्तरगत ना जानी रीत॥
अठसठ तीरथ अन्तर जारी। काया देवल की कर ख़बर गुज़ारी॥
भरम जाए सत रूप परकाशे। अनहद नाद सब गवन विनाशे॥
इरध उरध में सुरती राखे। बन्ध प्रान सतनाम रस चाखे॥
विरत त्याग मन निहचल होए। सत सरूप का निरनय चित जोए॥
अखण्ड अद्वैत निर्मल धारा। साखी शबद किया विचारा॥
गुपत भेद की सार पहचानी। अजर नाद परसे निरबानी॥

मन पवन सुरती बन्ध धारे। अगोचर शबद खोज निरधारे॥
अमरत जीवन तिसका होई। नाम निरंजन सुरत परोई॥
उट्ठत बैठत घाले घाल। पर-उपकार दीपक चित बाल॥
सरब निरन्तर एक पहचाना। दुबधा त्याग होए कल्याना॥
सेव सेव मन की मल खोए। अजर पुरष परापत होए॥
सार जुगत ये ही पहचान। इक चित राखें नाम ध्यान॥
सकली इच्छया प्रभ हेत में छोड़े। सत सरूप चरन चित जोड़े॥
बसे आकाश शबद सँग वास। निर्मल ज्ञान में कियो निवास॥
जीवन मिरतक सतनाम का आहार। सत कला परसे करतार॥

दुबधा दुर्मत सब जाए, मन राखे सत विश्वास।
'मंगत' पावे परम पद, साधे तत्त अवनाश॥ 190

अबनाशी खोज करो नित मीता। दुरलभ देह की निर्मल रीता॥
बिन सोधे नर पशु समान। तीन ताप में तपे अनजान॥
अगोचर पुरष परम सुखदाई। जो सेवे सो ताप वँजाई॥
कल्पत जाए पावे सतधामा। आलख पुरख केवल सतनामा॥
सत विसार नित ही दु:ख धारी। छाया प्रीत से भई ख़वारी॥
सद वरखां का जीवन पाया। तो भी अन्धमत रहे तिरखाया॥
तृखा ना जाए लख करे उपाए। दुस्तर माया निस्तरनी अथाहे॥
सतपुरष का भेदी आवे। ज्ञान ध्यान दीपक जगावे॥
अजर पुरष की भगत करावे। ले भाओ परम गत पावे॥
मन पवन का मथना कीजे। जुगती योग अमीरस पीजे॥
उल्टी सुरती घर अन्तर आए। तीन भवन की सोझी पाए॥
सत सरूप अबनाशी देवा। प्रेम प्रीत से कीजे सेवा॥
सरब जगत का बिन्द विचारी। पिण्ड खोज के मिले मुरारी॥
अमरत रूप पुरख निर्वानी। खोजे विरला पण्डत ज्ञानी॥
इत उत सकल की सोझी आवे। एके वस्त सब माहीं दिखावे॥
नेम धरम का पावे पार। निष्काम करम कर होवे सचियार॥

अनन प्रीत सिमरन करो, साचा पुरख आपार।
'मंगत' पावे परम गत, नित चरनी बलिहार॥ 197

स्वास स्वास सुरत इक नाम को जापे। उलटी सुरती अन्तर में थापे॥
निमख निमख कर सेवे दयाल। एक स्वास नहीं पलक चित टाल॥
दृढ़ निस्चय धारे इक नाम। उरधकँवल परगासे अनाम॥
नाभकँवल में धन्दूकारा। उलटी नागन करो विचारा॥

प्रान अपान दोऊ सम कर राखे। केवल सुरती नाम प्रभ चाखे॥
अखण्ड चित परसे ब्रह्म नाद। ऊँच दृष्ट देखे बिसमाद॥
सुखमन नाड़ी घर नाद नित बोले। चढ़े आकास अमरत रस तोले॥
तीन भवन का खोले द्वार। अटल जोत देखे नरंकार॥
गरजे मेघ उनमुन के तीर। जो जाए रमया सो ही फ़कीर॥
पाँच तत्त का सूल सब हरया। शबद ब्रह्म अन्तर चित धरया॥
शबद बोले सुन्न शिखर की धार। निरदेह रूप का लखा पसार॥
केवल शबद अखण्ड आनन्द। अदभुत जोत भई परचण्ड॥
छिन छिन पुरख अनूप अपारे। सब कुछ तिसका हुआ विचारे॥
आपा मिटे परम तप धारी। साचे शबद की सोध विचारी॥
एक सुरती शबद रस पीवे। सतनाम तब ही परखीवे॥
उट्ठत बैठत करे अरदास। गुनातीत पुरख निरवास॥
ईड़ा पिंगला सुखमन नाली। तीनों मिलें ऊपर तिरनाली॥
निस दिन साचा योग कमावे। माया दुर्मत रोग वँजावे॥
साचा रूप अखण्ड आनाद। सरब घट रमया अनन्त बिस्माद॥
उलटी सुरती ब्रह्मण्ड को फोड़े। शबद योग दर दसवाँ तोड़े॥
अनहद नाद गरजे उरध कपाली। दमके दामन कोट भान उजयाली॥
चानन देख मन होए परसन्न। सतनाम का पायो सत धन्न॥
खिमा दया सत सील घर आया। सत सरूप आतम तत्त पाया॥

परम पुरख को पाया, हरया कूड़ विकार।
'मंगत' साचे रूप सों, नित जाऊँ बलिहार॥ 198

दर्सन पाए परसन्न होवे। दुर्मत गुबार सकलो चित खोवे॥
जाँ से बिछड़ा ताँ जाए मिलाए। परम आनन्द के नित गुन गाए॥
काल कल्लो से भयो अकाल। आप त्याग के भयो निहाल॥
सकली आपद इच्छया दु:ख नास। सत सरूप संग सुरत बिलास॥
अगन जाए मन ठाँडा होए। एको शबद चित बुद्ध परोए॥
भरम कल्पना से भए अडोल। सतनाम का पावे जब तोल॥

संसा सब संसार है, साचा नाम अगाध।
'मंगत' सिमरे प्रेम से, विरला गुरमुख साध॥ 216

उठ सिमरो साचे नाम को, भाओ प्रीत के संग।
जग में ये ही सार है, सुन साचा परसंग॥

नाम बिना मन धावे नित नीत। नाम बिना नहीं पावे परतीत॥
अक्षर ब्रह्म मूल निरधार। मिल सतगुर कर साचा विचार॥
रोम रोम में नित सो रमनीक। साखी पुरष अनाद अनन्त पुनीत॥
जो सिमरे सो पाए मन धीर। बिमल शबद नित पीवे जन छीर॥
सरब निधान जप एको नाम। गवन विनास पाए सतधाम॥
परचण्ड माया का वेग अपार। मोहे बड़े गुनी गुनकार॥
कोई जन पावे सत विवेक। मर जीवे इक नाम दी टेक॥
झूट काया का छोड़े मान। विच ग़रीबी करे नाम पहचान॥
स्वास स्वास जप सरजनहार। **'मंगत'** गुरमुख पावे तत्त सार॥**217**
खेम कुशल पाए प्रभ सँग मेल। सुरत निरत का परसे खेल॥
मन पवन बाँधे इक धार। साचा नाम कर गुपत विचार॥
जीभा होंट लगावे बन्ध। हिरदे जापे सतनाम अखण्ड॥
पवन की धारा में सुरत लगावे। नागन सोई को सहज जगावे॥
सुखमन नाली में पवन भरीजे। उमगे नाद माया गढ़ छीजे॥
उलटा नीर आकास चढ़ावे। खेती नरंकार को पी जावे॥
सुरत निरत उनमुन घर वास। धन्न योगी मन जुगत निवास॥
मिटे बकार पाई काल पर जीत। साचे नाम की आई परतीत॥
गोरख दत्त मछन्दर आद। सब ही खोजें ये जुगत बिस्माद॥

काया दीप में कीना अचरज खेल। **'मंगत'** गुर का पूत पावे प्रभ मेल॥**218**
पवन को सोधे सो ही तत्तवादी। पवन का खेल अगम अगाधी॥
आवे जावे इरध उरध परगास। मनुआँ बाँधे गुर जुगत बिलास॥
उलटा कुआँ का मुख उगाड़े। निरगुन सरगुन की राहट विचारे॥
निरगुन भरे सरगुन पीवे। धरती पलट आकास को लेवे॥
सूखे सरोवर उठे हल्लोल। आदी पुरख वहाँ करे कल्लोल॥
पाँच दूत करें डण्डौत। तू सरजनहार सब तेरी औट॥
बड़वा अगन नीर सुखावे। जीव जन्त आकास उठ धावे॥
शिखर आकास मेघ गरजे अपार। दमके दामन कर गहरा उज्यार॥
जीया जन्त सब शून समाए। **'मंगत'** भेद कोई गुरमुख अरथाए॥**219**
काया दीप का करो विचार। जाँ में रमया सो सरजनहार॥
गंग जमन सुरसती का तीर। औघट घाट रम रहो फ़क़ीर॥
अगम नाद पुरख अनूप। तीन भवन में पेख सरूप॥
इरध उरध पवन की धार। गुर उपदेश कर जुगत विचार॥
मन पवन कीजो नित एक। उलटे मारग का लक्खो विवेक॥
तीन बन्ध अन्तर मुख वास। नाम कमावे उरध कँवल परगास॥
मूल द्वार में लगावे बन्ध। पवन को पीवे धर सुरत अखण्ड॥
खुले सुखमन गगन में बोले। अच्छर अबगत की रसना तोले॥
सुरत निरत इक माल परोवे। दसवें द्वार सत शबद को जोवे॥
सहँसदल कँवल भया उजियार। पूरे गुर की सुन जुगत अपार॥
जाप अजपा सुरत निरत का भेद। गुर का शिष मटावे मन खेद॥

चार दिसा चौधां भवन को, बाँधे एके साथ।
'मंगत' गुर की ज़ुगत से, सतनाम अमीरस खाट॥ 220

पूरन करम पूरन परताप। पूरन रसना नाम प्रभ जाप॥
अखय पद निर्मल अती परगास। अन्तर गगन में करे बिलास॥
अन्धकार नासे अन्तरगत सूझे। अजर पुरष को प्रीत से पूजे॥
सो पूजारी सरब ज्ञात। अन्तर माहीं जो सुरती थाप॥
गंग जमन सरस्वती सिन्ध। राज प्रयाग खोजे बिन्ध॥
चन्द सूरज इक थाँ सम्भाल। अबगत शबद परसें दयाल॥
इरध उरध सुरती ठहराए। जोग निर्वान की गमता पाए॥
कोट भान कँवल परगास। तत्त निरंजन सिमरो अबनास॥
जुग जुग जीवे नहीं काल व्यापे। जाप अजपा अन्तर माहीं जापे॥
सुरत निरत की चौसर खेले। सुगढ़ खिलाड़ी चरन चित मेले॥
विमल शबद घर करे किलकार। गुरमुख पाए साची देहकार॥
परमानन्द तत्त विज्ञान। पूरन करमी करे पहचान॥

मिरतक इस संसार से, अजर पायो बिसराम।
'मंगत' सिमरन नाम का, देवे परम पद धाम॥ 235

सत करम सत धरम विचार। मानुष देह की सुन साची कार॥
जत का खण्डा तत्त डण्डा लेवे। दीनदयाल चरन चित देवे॥
झूट विकार ये मन तुरंग। नित ही भरमे जड़ माया संग॥
सत साधू का सुन सत बोल। पुरख निरंजन हिरदे में तोल॥
पूरब जनम का लेखा पाओ। साध बचन हरी नाम कमाओ॥
लोक कटुम्ब कुल जात गुमान। सब ही दु:ख की जानो खान॥
दीन ग़रीबी बन्दगी पाओ। खेम कुशल हरीचरन समाओ॥
महमा तिसकी नित चितार। नित दयाल सो सरजनहार॥
माँगो रसना साहब दरबार। जापो नाम अबचल भंडार॥
सो ही धन तेरी मीरास। साचे नाम का लीजो चित वास॥
देख माया ना साहब भूल। सत साधू का सुन बचन अनुकूल॥
बारमबार नर करूँ पुकार। झूट जगत सत सरजनहार॥
अपने अन्तर की खोलो पाट। चंचल मनुआँ आवे वाट॥
प्रेम हरी का चोला धारो। अनक जीवों के संकट टारो॥

ध्रुव लोक से पवन को बाँधे, सुरत पाताल पठाए।
इरध उरध में आसन करके, गुरमुख योग कमाए॥
बाहर सोलह पवन की गमता। सम कर पावे तत्त समता॥
पवन सम्भाल आरम्भत करे। धरती उलट आकासें चढ़े॥
उपजे नाद सारंग तार। धन्न योगी गत लखी अपार॥
निरगुन सरगुन जाने भेद। सतगुर मिलें मिटावें छेद॥
निरगुन सरगुन दोई बन्धाए। तत्त निरंकार तब परगट पाए॥
नौ दवारे बन्धे नीत। पवन को पीवे सो चरंजीत॥
पवन को सोधे उपजे नाद। अगम निगम की खेड अगाध॥
ऐसी जुगती जाने जोई। अनुभवी समाध में सुरत परोई॥
मन की विरती होई लवलीना। आलख शबद घट अन्तर चीना॥
उपजे शबद बहु रंग की तार। अमरत धुनत बाजन्त सार॥
त्रिकुटी भीतर शबद किलकारी। तब जोगिन्दर इच्छयाचारी॥
त्रिकुटी ऊपर परस सुखसीर। भँवर गुफ़ा के लागे फेर॥
नानां रंग जोती दरसाई। कोट भान छबी गिनी ना जाई॥
ज्यूँ ज्यूँ नाद गरजत करे। त्यूँ त्यूँ जोती से रस झरे॥
दमके दामन नाद रस पीवे। **'मंगत'** विरला कोई मर के जीवे॥**267**
सहँस हज़ार दल कँवल को फोड़ी। अजपा जाप की लाई झकझोरी॥
अगम जोत अखण्ड अनूप। परसे कोई गुर का पूत॥

पाँच शबद रंग उपजे नाद। सुरत समाई वड बिस्माद॥
बूझे शबद मन मगन समाए। होए निरास परम पद पाए॥
तिस ते परे ना कोई योग। मन पवना शबद रस भोग॥
तीनों बन्ध लगावे ताली। ब्रह्म कपाट खुले तिरनाली॥
निस दिन सोधे गुर का पूत। पाँच-पच्चीस बाँधी इक सूत॥
मनुआँ ठाके विरत रजाए। प्रन अपने को सम कर पाए॥
पवन पखारे शबद गुर जुगता। एह बिध उरध कँवल मुख खुलता॥
जब लग पवन ना सोधे मीत। तब लग पाए ना मन परतीत॥
काची काया करो विचार। ब्रह्मरूपनी पवन रीजार॥
पवन को सोधे मनुआँ ठहराए। नाम को सोधे पवन शुद्धाए॥
मूल नाम सतगुर बतलाया। अगम निगम की गम को पाया॥
चन्द सूरज का करे आहारा। सो योगी पावे भरतारा॥
ऐसा नाम कमावे जन कोए। जीवन जीवे सत रूप समोए॥

चन्दर सूरज दो ही बाँधे, पच्छम दिशा के घाट।
'मंगत' कँवल परगासिया, निर्मल सूझी बाट॥ 268

दिन दिन पवन को बाँधे योगी। अमरत पीवे ज्ञान संजोगी॥
चार उंगल आकास फैलाओ। गुरमुख ताँ में आसन लाओ॥
आसन आकास सुरत मतवाली। अमरत शबद पियो सुखसाली॥
अखण्ड नाद परगट तिरबैनी। जीवे योगी गुर की कहनी॥
मन पवन जब मेला होए। सुखमन बोले गगन धुर जाए॥
ऐसी करे कमाई जोए। गोरख ताँ के चरन को धोए॥
गगन गृह खेत उरध गृह माली। उल्टा फूल लगा बिन डाली॥
बिन फूले फल परगट होए। **'मंगत'** बोले सूझे जन कोए॥**269**
सोध कुण्ड में नीर बहंता। तिसको बांध आकास चढ़ंता॥
सिद्धाँ पुरखाँ की ये ही कार। धरती उलट आकास बठार॥
जब लग धरनी आसन नाहीं। तब लग आकास की गम कछु नाहीं॥
सतगुर मिले घर आसन पाया। बांधी पवन शबद रस ध्याया॥
उलटी पवन करे हलोल। बिन चंद चकवा करे कलोल॥

बोले पवन गगन गराजे। अनहद सुन बहु भाँत से बाजे॥
बजे बजन्तर सुने सब तार। तब ही नासियो मन विकार॥
विखे त्याग मन भया निर्वानी। घर में सूझे अकथ कहानी॥
नाम पवन सुरत त्रै बाँधे। गुर परतीत चौरासी खाँडे॥
अलप आहारी सूखम निद्राई। गुरमुख बूझ मन गत पाई॥
उल्ट पवन का करे नित आहारा। सदा तृपत नित नित जयकारा॥
भुख प्यास निद्रा जब गई। अगम शबद तब सोझी भई॥
सदा मतवाल शबद के संग। नाम ध्यावे परसे आनन्द॥
शबद सुरत मिलावे इक बन्ध। चढ़ी समाध नित अखण्ड॥
गुपत योग ये सार लखाई। सतगुर मिले तब परचे भाई॥
क्योंकर मन की मनसा जाए। क्योंकर सुरती ठौर को पाए॥
क्योंकर भरम गण्ठी जड़ टूटे। क्योंकर जीव दुर्मत से छूटे॥
बोले **'मंगत'** करे विचार। बूझे कोई गुरमुख गुनकार॥**270**
पवन को बाँधे मनसा ठहराई। शबद को बूझे सुरती गत पाई॥
इरध उरध पवन को बेधे। भरम गण्ठी का कीनो छेदे॥
खुली गण्ठी इक अण्डा थाया। गगन गुफा में जाए नाद वजाया॥
बूझे नाद दुर्मत मैल हरया। पारगरामी तब नज़री पड़या॥
चंचल मनुआँ पाए बिसराम। आवागवन का टूटे जाम॥
ऐसी कमाई करे जोए। तिस जन कोई बिगन ना होए॥
भी मैं ही हूँ और उस जीवनको गतिशील बनानेवाली जठराग्नि भी मैं ही हूँ। अब ऐसी स्थितिमें मैं अपनी व्यापकताका चमत्कार तुम्हें कहाँतक बतलाऊँ! वास्तविकता यह है कि इस जगत्‌में मेरे अलावा और दूसरी कोई चीज है ही नहीं, एकमात्र मैं ही सर्वत्र विद्यमान हूँ। सम्भव है, तुम्हारे अन्तःकरणमें यह प्रश्न उठ खड़ा हो कि यदि यही बात है, तो फिर क्या कारण है कि कुछ जीव तो सदा सुखी रहते हैं, और कुछ दुःखके सागरमें ही गोता लगाते रहते हैं? यदि पूरे नगरमें एक ही दीपकका प्रकाश है तो फिर कुछ जगहोंमें घोर अन्धकार तथा कालिमा क्यों दृष्टिगोचर होती है? अतएव अब मैं तुम्हारे इस प्रश्नका भी समाधान कर देता हूँ। यदि वास्तविक दृष्टिसे देखा जाय तो सर्वत्र एकमात्र मैं ही हूँ और इस संसारमें कोई ऐसी वस्तु नहीं है जो मुझसे अलग हो। किन्तु मैं प्राणियोंको उनकी बुद्धिके अनुसार ही भासता हूँ। आकाश ध्वनि नामक गुण एकरूप ही है, पर वाद्योंके भेदानुसार स्वतः भिन्न-भिन्न प्रकारके नाद होते हैं। लोगोंके व्यवहारोंसे एकदम अलिप्त तथा पृथक् रहनेवाला सूर्य उदित होता है और वह सबसे एकदम दूर रहता है, पर फिर भी वह लोक-व्यवहारको संचालित करनेमें उपयोगी सिद्ध होता है। बीजोंके धर्मानुसार ही जल किसी वृक्षके रूपमें रूपान्तरित होता है। ठीक इसी प्रकार मेरा स्वरूप भी जीवके रूपमें परिणत होता है। एक व्यक्ति जड़-बुद्धिका है और दूसरा बुद्धिमान्। दोनोंके समक्ष दो लड़ीवाला हार रखा है। जड-बुद्धिवाले व्यक्तिको तो वह हार सर्प जान पड़ता है तथा उसको भयग्रस्त करनेका कारण होता है; परन्तु बुद्धिमान्‌की समझमें उसका वास्तविक स्वरूप आ जाता है और वह हार उसके लिये आनन्द देनेवाला होता है। जैसे स्वाती नक्षत्रका जल सीपीकी कुक्षिमें पहुँचकर मोतीका रूप धारण करता है, परन्तु सर्पके मुखमें पहुँचकर वही जल विष बन जाता है, ठीक वैसे ही मैं ज्ञानियोंके लिये सुखरूप हो जाता हूँ तथा अज्ञानियोंके लिये दुःखरूप बन जाता हूँ। (४०७—४२०)

नाद आकाश तत्वका गुण है। यह दो प्रकारका होता है। एक आघात-जन्य दूसरा बिन आघातके। हृदय चैतन्यका स्थान है। इसीमें शुद्ध-आकाशका एक स्थान है। वहां सदैव बिना आघातके ही नाद गूंजता रहता है। किंतु बाह्य-विषयोंमें फंसा हुवा मनुष्य उसको नहीं सुन सकता। योगी लोग इंद्रियोंको अंतर्मुख करके वह नाद सुननेका अभ्यास करते हैं। कुंडलिनी शक्ति जगने पर ही यह ध्वनि आने लगती है।

कुंडलिनी शक्ति हृदय कमलके पास-अनाहत चक्रके पास-आनेपर, दस प्रकारसे यह अनाहत ध्वनि सुनाई देती है। चिणी, चिणचिणी, घंटा, शंख, तंत्री, ताल, वेणु, मृदंग, भेरी, और मेघ ध्वनि। इसके बाद, आज्ञाचक्रके पास जाने पर वही सोऽहम् शब्द, ओंकार नादमें परिवर्तित होता है।

नाद अथवा ध्वनि अव्यक्त परतत्वके व्यक्तिकरणकी सूचना है। परा-वाणीमें सूक्ष्म रूपसे निहित यही शब्द अपरावाणीमें आकर सदैव हृदयमें गूंजने लगता है। इसका रूप ॐ है। यही ब्रह्मांडका मूलतत्त्व है। यह नाद अनाहत रूपसे व्यक्तिके हृदयाकाश तथा विश्वाकाशमें एकरूपसे गूंजता रहता है। इस गूंजनकी एकताका अनुभव ही सोऽहं भाव है। सदैव इस सोऽहं भावमें डूबा रहना ही अद्वैतस्थिति अथवा ब्राह्मी-स्थिति है जो सब प्रकारकी साधनाओंकी परम-सिद्धि है।

अपान—मनुष्यमें पांच प्रकारके प्राण होते हैं। इन्हें पंच-प्राण कहा जाता है। (१) प्राण (२) अपान (३) व्यान (४) उदान (५) समान ये उनके नाम हैं। शरीरमें उनका भिन्न भिन्न स्थान और काम है। हठयोगमें इसका विस्तृत विवेचन किया गया है। अपान वायू अधोमुखी होता है। मलमूत्रादि बाहर ढकेलना इसका सामान्य काम है। उपनिषदोंमें इसका स्थान नाभी कहा गया है। अन्नादिके निस्सार भागको नाभीके नीचे ढकेलना, मूत्र शुक्रादिको बहाना इसका कार्य है। किंतु योगी, योग विद्यासे इसको ऊर्ध्वमुख करके अपनी सुप्त शक्तिको जगाते हैं। अपानको ऊर्ध्वमुख करके प्राण और अपानको मिलानेसे मनुष्योंमें नयी शक्ति जगती है।

अमृत—जिसको पीनेसे मृत्यु नहीं होती वह अमृत। इसको पीयूष, सुधा आदि भी कहा गया है। समुद्र मंथनसे अमृतकी प्राप्ति हुई। यद्यपि देव और दानव दोनोंने समुद्र मंथन किया था अंतमें देवोंको ही अमृत मिला। दैत्योंको नहीं मिला। यह पौराणिक कथा है। किंतु वैदिक "ऋषिकी प्रतिभा=अमृत" रहस्य जाननेके लिये स्वर्ग-मृत्यु पातालका अतिक्रमण करती है। उपनिषद "मृत्योर्मामृतं गमय" कहते हैं। उपनिषद अमृत न कहकर अमृतत्व कहते हैं। वह है जन्म मरणका अतिक्रमण करके पानेवाली स्थिति। जिसे पीनेसे मरण ही नहीं तब भला पुनर्जन्म कैसे? अर्थात् ज्ञानेश्वर या ज्ञानेश्वरीका अमृत या अमृतत्व जन्म-मरण रहित मुक्तावस्था है।

अरणी—दो लकडीके टुकडोंके घर्षणसे यज्ञाग्निका निर्माण किया जाता है। इसके लिये पीपलकी लकडी काममें लायी जाती है। इन लकडीके दो टुकडोंमेंसे जो नीचेका टुकडा रहता है उसे अधरारणी कहते हैं तो ऊपरके टुकडेको उत्तरारणी कहते हैं। अधरारणीमें खांच करके जो लकडीका टुकडा बिठाते हैं उसको मंथा कहते हैं। ऋग्वेदमें इस प्रकारके अग्निस्फोटका वर्णन आता है।

अर्धमात्रा—ॐकारकी साडेतीन मात्राओंमें अर्धमात्रा। योग-शास्त्रमें परा ब्रह्मांडमें मूर्धन्याकाशका भाग। आज्ञाचक्र, जो भृकुटीमध्यमें होता है और सहस्रार ब्रह्मरंध्र सहस्रदल-तालूमें होता है, इसकी मध्यसंधि है। ज्ञानेश्वरीके छठे अध्यायमें इसका विस्तृत विवेचन है।

है। अपने आपको जानना ज्ञान है। "मैं" यह शरीर है क्या? तो हम मेरा शरीर स्वस्थ है कहते हैं। तब शरीरसे भिन्न यह मैं कौन? मन है क्या? नहीं; आज मेरा मन प्रसन्न है कहता है मनुष्य! मेरा मन कहनेवाला मैं कौन? वैसे ही "मेरी बुद्धि" और "मेरी भावना" कहनेवाला मैं कौन? मनुष्य जब सोता है तब उसे इस "मैं" का भान नहीं होता किंतु उठते ही कहता है "मैं" सो गया था! सो जानेवाला मैं कौन? कौन? और क्या? प्रश्न पूछते पूछते हम ऐसी एक स्थितिमें पहुंच जाते हैं "जहां कुछ भी (उत्तर) नहीं है। जहां कुछ भी नहीं वहीं स्थिर रह कर देखनेसे वहां जो कुछ "है" का बोध होगा वही आत्मबोध है। "कुछ भी नहीं है" "मैं" "है" पाना ही आत्मबोध है! आत्मबोध मौन होता है। वह मौन अनुभव है। जैसे "मरा हुवा मनुष्य मैं मरा" नहीं कह सकता वैसे आत्मबोध पाया हुवा मनुष्य आत्मबोध क्या है यह नहीं कह सकता। पानीमें घुला हुवा नमक अपना रूप खोकर केवल "खारा पन" से रहता है वैसे है आत्म-बोध। केवल अनुभव गम्य!

आत्मा—सतत सर्वव्यापी गतिशील, अर्थात् जो सर्वव्यापी है, सर्वग्राही है, सदैव जिसका अस्तित्व रहता है उसे आत्मा कहते हैं। यह आत्मा शब्दका शब्दार्थ है। वैसे अन्यान्य दार्शनिकोंने इसका भिन्न भिन्न अर्थ किया है। ऋग्वेदमें "मर्त्य शरीरसे अमर्त्य संलग्न" इस प्रकार इसका वर्णन किया गया है। वायुके अर्थमें भी इसका उल्लेख है। यह "अहम्" का बोधक भी रहा है। किंतु उपनिषदोंमें इसका अर्थ बदला है। सर्व प्रथम उपनिषदोंमें फिर जागतिक दार्शनिक ग्रंथोंमें आत्माकी कल्पना विकसित हुई है। मनुष्यने अपनी जीवन शक्तिको "मैं" कहते हुए उस "मैं" को आत्मा माना। अर्थात् आत्माका अर्थ है मैं। अहं ब्रह्मास्मि, अथवा सोऽहं शिवोऽहम्! "मैं ही विश्व शक्ति हूँ!" अथवा "विश्व शक्ति मैं है!" यह दर्शानेवाले महावाक्य हैं। इस एकात्म-भावका बीज वेदमें भी देखनेको मिलता है। "विश्व-शक्ति ही आत्मा है और मनुष्य विश्व-शक्तिका रूप है" यह उपनिषदोंका अंतिम निर्णय है। उपनिषद मानव मात्रको कहते हैं तत्=वह विश्व शक्ति त्वम् असि=तू है। और "सोऽहमस्मि" "वह मैं हूं" उपनिषद् गानेवालोंका अनुभव है। इसीलिये वह "पूर्ण है वह पूर्ण है यह" कहते हैं। यह अनुभव मनुष्यको निर्भय बनाता है। द्वंद्वातीत बनाता है। सदैव आनंद विभोर रखता है। "विश्वमें मेरे बिना कुछ भी नहीं। यह सारा केवल मैं हूं" ऐसे अनुभव आनेके बाद किसका भय? किसका द्वेष? किससे प्रेम या काम? अपनेमें इस विश्व शक्तिका अनुभव करना आत्म-दर्शन है तो विश्वमें अपनेको देखना विश्वरूप दर्शन है। उपनिषद, गीता, ज्ञानेश्वरी इसीको कहते हैं। अपनेको विश्वमें विलीन करके संपूर्ण विश्व स्वयं बन जाना आध्यात्मिक जीवनका अंतिम साध्य है! उपनिषदादि ग्रंथ इसका साधन भी सिखाते हैं और साध्यकी ओर इंगित भी कहते हैं।

आत्मानंद-आत्मसुख—सारे विश्वमें जो एक शक्ति अखंड रूपसे व्याप्त है वही शक्ति मनुष्यमें भी विद्यमान है। उस शक्तिको आत्मा कहते हैं। इसी शक्तिको मनुष्य "मैं" कहता है। यह "मैं" ही आत्मा है। यह मैं विश्वाकार है। वही विश्वका भी संचालन करता है। इस विश्व संचालक शक्तिको परमात्मा अथवा ब्रह्म कहा है। जब मनुष्य अपना सीमित मैं भूलकर विश्व-संचालक शक्ति ही मैं हूं अथवा—विश्व-शक्ति और मैं एक हूं" यह अनुभव करने लगता है तब

20:19
2015.480063.Gyaneshware...

कुंडलिनीका वास यहीं होता है। योग, भक्ति, ज्ञानादि साधनासे यह सुप्त कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है। हठयोगमें सिद्धासनसे इसपर दबाव लाकर--मूलबंध-क्रियासे-आधार मुद्रा देखें-इस सुप्त-शक्तिको जागृत करनेका विधान है। इस आधारचक्र अथवा आधारकमलकी चार पंखुडियां होतीं हैं। यह आधारकमल लाल रंगका होता है। इस कमलकी-पंखुडियों पर वं. शं. षं. सं. ये बीज होते हैं। प्रत्येक मंत्र तथा देवताका बीज-मंत्र होता हैं । इस बीजमें देवता शक्ति है। अन्यान्य मंत्रोंके साथ इन बीजोंको जोडनेसे शरीरस्थित उन उन देवताओंसे संबंध जुडकर विश्वकी उसी देवतासे साधक समरस हो जाता है। भिन्न भिन्न बीजसे जुडी देवता शरीरके भिन्न भिन्न स्थान पर स्थित है। इसीलिये उस स्थानको बीजके नामसे जाना जाता है।

आधारमुद्रा——हठयोगकी प्रणालीमें कई प्रकारके बंध हैं। इनको मुद्रा भी कहा गया है। अन्यत्र षट्चक्रोंका विवेचन किया गया है। इन चक्रोंको जागृत तथा कार्यक्षम बनानेके लिये हठयोगमें अन्यान्य क्रियायें हैं। उन क्रियाओंमें यह बंध अथवा मुद्राएँ हैं। इस आधारमुद्राका दूसरा नाम मूलबंध है। मूलबंध एक प्रकारका प्राणायाम है। मूलबंधका अर्थ गुदद्वारसे अपानको अंदर खींचना। मूलबंध क्रिया करते समय सिद्धासन-वज्रासन सबसे अच्छा है। प्राणायाम करते समय जब नाकसे अंदर श्वास लिया जाता है उसी समय गुदद्वारसे अपानको भी अंदर खींचा जाता है। ऐसे करनेसे प्राण और अपानके दबावमें कुंडलिनी जागृत होती है। प्राण और अपानका मिलन भी होता है। जिससे अपानसिद्धि होती है। अपानसिद्धि इंद्रिय-जयमें महत्त्व-पूर्ण कार्य करती है। हठयोगमें बंधत्रय मूलबंध, उड्डियानबंध तथा जलंधरबंध अत्यंत महत्त्वके माने गये हैं। शरीर निरोग रखनेके लिये बंधसह प्राणायाम महान् वरदान माना गया है।

आनंदत्रय——ब्रह्मानंद। वासनानंद। विषयानंद।

आसन——योगाभ्यासके लिये सहज स्थिरतापूर्वक बैठनेकी प्रक्रिया। मनकी एकाग्रताके लिये आसनका अत्यंत उपयोग होता है। हठयोग और राजयोग दोनों योगमें आसनका महत्व कहा गया है। योग-सूत्रमें जिससे स्थिर रहकर मनको सुख मिलता है, अधिकसे अधिक समय बैठनेकी इच्छा होती है उसको आसन कहा गया है। किसी भी महान् कार्यके लिये, साधन अथवा योगाभ्यासके समय पृथ्वीकी प्रार्थना करके बैठनेकी क्रियाको आसनविधि कहा गया है। कहीं कहीं भिन्न भिन्न प्रकारके कार्यके भिन्न भिन्न प्रकारसे बैठनेकी भी विधि है। ज्ञानेश्वरीके छटे अध्यायमें आध्यात्मिक साधनामें बैठनेकी आसनविधिका विस्तृत विवेचन देख सकते हैं

आहार——यह सभी जानते हैं कि आहरका अर्थ है खाना। आहारका शब्दार्थ अंदर लेना है। संभवतः इसी परसे जगद्गुरु श्रीशंकराचार्यजीने आहारका अर्थ करते समय "किसी भी इंद्रियकी ओरसे किया जानेवाला विषयसेवन" ऐसे किया है। देखना आंखोंकी भूख है और सुनना कानोंकी भूख जैसे चखना जिव्हाकी भूख है! अर्थात् प्रत्येक इंद्रियकी ओरसे अपनी अपनी भूख मिटानेके लिये "अपना विषय सेवन" करना भी आहार है। इस गहरे अर्थको ग्रहण करके ही गीताके "युक्ताहारविहार" का भाव ग्रहण करना चाहिए।

आवाहन-विसर्जन——आवाहन पूजाके लिये किसी देवताको बुलाना। देवतागमनके लिये जो प्रार्थना की जाती है उसे आवाहन कहते हैं, और पूजाके बाद देवताको लौटाया जाता है

माध्वमतके अनुसार भक्ति ही मुक्तिका साधन है। केवल परमात्मकृपासे ही मुक्ति मिलती है। यह मुक्ति चार प्रकारकी है। सामीप्य, सालोक्य, सारूप्य, सायुज्य। माध्वोंमें मुक्तिको भी जीवका भोग माना है। मुक्तजीव संसारमें नहीं आते। ब्रह्मादि भी मुक्त हो जाते हैं और तब उनको सृष्टी आदिका व्यापार नहीं रहता।

वेदांतियोंकी मोक्षावस्थामें सारूप्य, सालोक्य, सामीप्य, सायुज्य, ऐसी चार अवस्थायें हैं। जिस समय मनुष्य अपना मानवी रूप भूलकर उपास्य देवता रूप हो जाता है तब सारूप्यावस्था कहलाती है। वैसे ही वह अपने आपको मैं ईश्वरीय लोकमें हूँ ऐसे अनुभव करने लगता है तब सालोक्यावस्था कहलाती है। और वह अपनेको ईश्वरके समीप मानने लगता है तब सामीप्यावस्था कहलाती है तथा जब वह अपनेको ईश्वरमें लीन मानता है तब सायुज्यावस्था कहलाती है।

मुद्रा——योगविद्यामें कमरके ऊपरके भागको विशिष्ट स्थितिमें रखनेकी क्रियाको मुद्रा कहा गया है। प्राणायाममें उत्तम सिद्धि प्राप्त करनेमें इन मुद्राओंकी आवश्यकता कही गयी है। साथ साथ धार्मिक विधि विधानोंके समय अवयवोंका विशिष्ट आकारमें रखना भी मुद्रा कहलाता है। मुद्रा शब्द मुद् आनंदित करना इस धातुसे बना है। ऐसा माना जाता है कि ये मुद्राएँ १०८ हैं किंतु ये सब प्रचलित नहीं है। योग-संहिताओंमें सिंहमुद्रा, ब्रह्ममुद्रा, शांभवी मुद्रा, योगमुद्रा, काकीमुद्रा, महामुद्रा, षण्मुखीमुद्रा, अश्विनीमुद्रा, शक्तिचालन, खेचरी, भूचरी, चाचरी, अगोचरी आदि मुद्राएं प्रचलित हैं। योग-साधनामें इनका बडा महत्व कहा गया है।

मूलबंध——अपानवायूको ऊर्ध्वमुख करके प्राण वायूके साथ मिलाना इसका उद्देश्य है। सिद्धासनमें बैठ करके बाईं पैरकी एडीसे सीवन दबाते हुए गुदद्वारका संकोच करके जहां तक हो सके गुदद्वारको ऊपर खींचना चाहिए जैसे घोडा मलोत्सर्गके बाद ऊपर खींचता है। इससे प्राण अपानका संयोग होकरके सुषुम्नामें प्राणकी गति तीव्र होनेमें बडी सहायता मिलती है। प्राणापानके संयोगसे नाभीके नीचे जो त्रिकोणाकृति-वैश्वानर अग्निमंडळ-अग्निस्थान है वहां अपानका प्रवेश होता है। तथा जठराग्नि प्रदीप्त होता है। साथ ही साथ इस अग्निके प्रदीप्त होनेसे, प्राणापानके साथ वैश्वानरके सुषुम्नामें प्रवेश होता है जिससे सुप्त कुंडलिनी जागृत होती है।

प्राणापानका संयोग, अग्निस्थानका उद्दीपन, मलमूत्रका क्षय, सुप्तकुंडलिनीकी जागृति, अपानसिद्धि ये इस बंधके उद्देश्य हैं।

मेरुपर्वत——पुराणोंमें स्थान स्थान पर मेरु पर्वतका उल्लेख आता है। यह स्वर्ग मृत्यू पाताल इन तीनों लोगोंका आधार है। यह विश्वके मध्यभागमें होनेका भी उल्लेख है। इसको स्वर्ण-पर्वत भी कहा गया है। इस पर्वतके अंतिम शिखरको स्वस्तिक कहा गया है।

योग——अलग अलग लोगोंने अथवा व्यक्तियोंने इस शब्दका अलग अलग अर्थ किया है। जैसे गीतामें-योगको " कर्म कुशलता " कहा है। " आत्म-बुद्धिसे साम्य-दर्शनको योग " कहा है। पतंजलने " चित्तवृत्तिके निरोधको ही योग " कहा है तो योग शब्दका धात्वर्थ " जुडना " है। किंतु साधनाकी दृष्टिसे साधक अपनी अन्यान्यशक्तियोंके सहारे आत्मदर्शन कर सकता है और इन भिन्न भिन्न पद्धतियोंके कारण अनेक प्रकारके अलग अलग योग कहलाते हैं। जैसे (१) प्राण-शक्तिके निरोध द्वारा शरीर और प्राण शुद्ध करके तद्द्वारा आत्मसाक्षात्कार करना हठयोग अथवा प्राणयोग कहलाता हैं। (२) क्रिया शक्ति-द्वारा निष्काम कर्मकरके आत्मानुभूति करना कर्मयोग

श्रोत्रादीनीन्द्रियाण्यन्ये संयमाग्निषु जुह्वति।
शब्दादीन्विषयानन्य इन्द्रियाग्निषु जुह्वति॥ २६॥

धारणा, ध्यान, समाधिरूप संयम, यही कोई अग्निहोत्र करनेवाले कित्येक मूलबंधादिक तीन बंधरूप मंत्रद्वारा, इन्द्रियरूपी पवित्र द्रव्यसे यज्ञ करते हैं। दूसरे कित्येक वैराग्यरूप सूर्यके उदय होनेके साथ संयमरूप कुण्डकी अर्थात् यज्ञवेदीकी रचना करते हैं फिर उस कुण्डमें इन्द्रियरूप अग्नि प्रकट होता है। जिस समय वैराग्यरूपी ज्वाला प्रज्वलित हो जाती है, उस समय उसमें विकाररूपी ईंधन जलने लगते हैं और अन्त:करण पंचकरूपी पंच-कुण्डोंको छोड़कर आशारूपी धूम्र बाहर निकल जाता है, जिससे वे कुण्ड स्वच्छ हो जाते हैं। तब इस प्रकारके लोग '**अहं ब्रह्मास्मि**' को उच्चारण करते हुए अन्त:करणके कुण्डमें इन्द्रियरूपी अग्निके मुखमें विषयोंकी आहुति देते हैं। (१२७—१३०)

सर्वाणीन्द्रियकर्माणि प्राणकर्माणि चापरे।
आत्मसंयमयोगाग्नौ जुह्वति ज्ञानदीपिते॥ २७॥

हे पार्थ! कुछ ऐसे लोग भी हैं जो इसी प्रकार संयमका अग्निहोत्र करके पापोंसे सर्वथा शुद्ध हो गये हैं अर्थात् इस प्रकार कई एक अपने सब दोषोंका प्रक्षालन करते हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो हृदयरूपी अरणीका घर्षण कर अग्नि उत्पन्न करनेके लिये विवेकको मथानी बनाते हैं। वे मथानीको शांतिसे सुदृढ़ पकड़ लेते हैं और ऊपरसे सात्त्विक धैर्यके साथ मजबूतीसे पकड़कर गुरु-उपदेशरूपी डोरीसे जोरसे मंथन करते हैं। इस प्रकार अनवरत भलीभाँति मंथन करते रहनेपर तत्काल ही उसका फल भी प्राप्त हो जाता है; क्योंकि ज्ञानाग्नि प्रकट हो जाती है। पर इस ज्ञानरूपी अग्निके प्रज्वलित होनेसे पूर्व जो थोड़ा-सा धुआँ निकलता है, वही ऋद्धि-सिद्धियोंका मोह है। यह धुआँ जब अति शीघ्र ही निकल जाता है, तब पहले ज्ञानरूपी अग्निकी अत्यन्त सूक्ष्म चिनगारी उत्पन्न होती है। यम, दम इत्यादिसे सुखाये जानेके कारण जो मन पहलेसे ही हलका हुआ है, वही मन इस चिनगारीके

लिये ईंधनका काम देता है अर्थात् ज्ञानरूप चिनगारीको प्रज्वलित करता है। जब इससे तीव्र ज्वाला उत्पन्न होती है, तब भिन्न-भिन्न वासनाएँ ईंधनके रूपमें ममतारूपी घीके साथ भस्मीभूत हो जाती हैं। उस समय दीक्षित व्यक्ति 'सोऽहम्' मन्त्रका उच्चारण करते हुए प्रज्वलित ज्ञानरूपी अग्निमें इन्द्रियोंके कर्मोंकी आहुति देते हैं।

तदनन्तर, प्राण-कर्मरूपी स्रुवा नामक दर्भपात्रसे उस अग्निमें पूर्णाहुति दी जाती है और तब अन्तमें ब्रह्म-तादात्म्यकी एकरूप अवस्थामें अवभृथ-स्नान होता है। इसके बाद वे यज्ञकर्ता संयम-अग्निमें इन्द्रिय-आदि होमद्रव्यसे हवन करके इस संयमरूपी यज्ञका बचा हुआ हविर्भाग, जो आत्मज्ञानका आनन्द है, पुरोडाशके रूपमें ग्रहण करते हैं। अनेक लोग इस प्रकारका यज्ञ विधान करके तीनों लोकोंसे मुक्त हो गये हैं। अबतक मैंने जो यज्ञ-विधान बतलाये हैं, वे देखनेमें भले ही पृथक्-पृथक् जान पड़ें, पर उन सबका साध्य एक ही है और वह साध्य ब्रह्मके साथ समरसता प्राप्त करना ही है। (१३१—१४०)

द्रव्ययज्ञास्तपोयज्ञा योगयज्ञास्तथापरे।
स्वाध्यायज्ञानयज्ञाश्च यतयः संशितव्रताः॥ २८॥

स्पर्शान्कृत्वा बहिर्बाह्यांश्चक्षुश्चैवान्तरे भ्रुवो:।
प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तरचारिणौ॥ २७॥

33 जो वैराग्यकी शक्तिसे सारे विषयोंको निकाल फेंकते हैं और अपने शरीरमें मनके वृत्तिको एकाग्र कर लेते हैं, वे अपनी दृष्टिको उलटकर उस सन्धि-स्थानपर लगा लेते हैं, जहाँ दोनों भौंहें मिलती हैं और तब दायें और बायें घ्राणेन्द्रियके दोनों छिद्र बन्द करके प्राणवायु और अपानवायुको एकमें मिला लेते हैं तथा उन्हें अपने चित्तके साथ चिदाकाशकी ओर ले जाते हैं। (१५१—१५३)

यतेन्द्रियमनोबुद्धिर्मुनिर्मोक्षपरायणः।
विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदा मुक्त एव सः॥ २८॥

जिस प्रकार गंगा नदी रास्तेमें पड़नेवाले नदी-नालोंसमेत समुद्रमें मिलती है, ठीक उसी प्रकार वे लोग भी परब्रह्मके साथ इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि फिर उन्हें पृथक् करनेका सवाल ही नहीं उठता। हे अर्जुन! जब समाधिकी अवस्थामें प्राण और अपानवायुसे चिदाकाशमें मनका लय हो जाता है, तब सारी वासनाओंके विचार स्वतः ही बन्द हो जाते हैं। जिस मनरूपी वस्त्रपर यह संसाररूपी चित्र चित्रित होता है वह इस अवस्थामें विदीर्ण हो जाता है। जैसे सरोवरके सूख जानेपर उसमें पड़नेवाली प्रतिच्छाया स्वतः नष्ट हो जाती है, वैसे ही इस समाधिकी अवस्थामें मनका भी बिलकुल सफाया हो जानेपर अहंभाव आदि वृत्तियोंका फिर भला कहाँ ठिकाना! इसीलिये जिन लोगोंको इस ब्रह्मसुखका अनुभव प्राप्त हो जाता है, वे लोग देहके होते हुए भी ब्रह्मरूप हो जाते हैं। (१५४-१५७)

भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम्।
सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति॥ २९॥

ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे कर्मसंन्यासयोगो नाम पञ्चमोऽध्यायः॥५॥

मैं अभी यह बतला चुका हूँ कि जो लोग शरीरके रहते हुए भी ब्रह्मत्व-

हे पार्थ! अपने चित्तमें यही भाव रखकर मैंने पहले तुम्हें यह बतलाया है कि कर्मोंसे ही समस्त यज्ञ उत्पन्न होते हैं। सारे जीवोंके विश्रान्तिका यह निष्काम ब्रह्म-सुखका गुप्त भाण्डार मैंने आज तुम्हारे सामने खोलकर रख दिया है। सर्वप्रथम वैराग्यरूपी ईंधन लगाकर इन्द्रियरूपी अग्नि प्रज्वलित करनी चाहिये और तब उसी प्रज्वलित अग्निमें शब्दादि विषयरूपी द्रव्योंका हवन करना चाहिये। फिर वज्रासनरूपी पृथ्वीका शोधन करके इस शरीररूपी मण्डपमें मूलबन्धकी मुद्रारूपी यज्ञवेदी बनानी चाहिये। इस प्रकारकी सिद्धि प्राप्त हो जानेपर इन्द्रिय-निग्रहरूपी अग्निकुण्डमें योगरूपी मन्त्रका घोष करते हुए यथोचित अनुपातमें इन्द्रियरूपी द्रव्योंको समर्पित करना चाहिये,

फिर मन और प्राणवायुके निग्रहको ही इस यज्ञ-विधानका शुभारम्भ मानकर निर्मल ज्ञानरूपी अग्निको सन्तुष्ट करना चाहिये। जिस समय इस प्रकार ज्ञानाग्निमें सर्वस्व समर्पित कर दिया जाता है, उस समय वह ज्ञान सम्पूर्ण ज्ञेय वस्तुओंमें विलीन हो जाता है और तब केवल ज्ञेयवाले स्वरूपमें ही सर्वत्र अवशिष्ट रह जाता है। इस ज्ञेयको ही अधियज्ञ नामसे पुकारते हैं।" इस प्रकार सर्वज्ञ श्रीकृष्णने जो-जो बातें अर्जुनको बतलायीं, वे सब-की-सब बातें शीघ्र ही बुद्धिमान् अर्जुनके समझमें आ गयीं। यह जानकर देवने कहा—"हे पार्थ! तुम ठीक तरहसे मेरी बातें सुन रहे हो न?" श्रीकृष्णके इन शब्दोंको सुनकर अर्जुनने स्वयंको कृतकृत्य माना। बालककी सन्तुष्टि देखकर माता भी सन्तुष्ट होती है और शिष्यका समाधान देखकर गुरुका भी समाधान होता है; और इस चीजका ठीक-ठीक अनुभव उस माता अथवा उस गुरुको ही हो सकता है; किसी अन्यको नहीं। यही कारण है कि अर्जुनके शरीरमें सात्त्विक भावोंकी लहर उठनेसे पहले ही श्रीकृष्णके शरीरमें सात्त्विक भावोंकी इतनी प्रबल लहर उठी कि वह रोके नहीं रुकती थी। परन्तु फिर भी देवने जान-बूझकर उसका निग्रह किया और फिर उन्होंने पूर्णताको प्राप्त परिमलके सदृश अथवा अमृतकी शीतल तरंगोंकी तरह कोमल और सरस वचन कहना आरम्भ किया। भगवान्ने कहा—"हे श्रोता-शिरोमणि, तात धनंजय! सुनो। जिस समय एक बार माया इस प्रकार जलने लगती है, उस समय उसे जलानेवाला ज्ञान भी जलकर भस्म हो जाता है। (३०—५८)

अन्तकाले च मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम्।
यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः॥ ५॥

जिसे लोग अधियज्ञके नामसे पुकारते हैं और जिसका निरूपण मैंने अभी तुमसे किया है, उस अधियज्ञके विषयमें जो लोग यह जानते हैं कि वह आदिसे अन्ततक मैं ही हूँ, वे अपने देहको उसी मठके सदृश समझते हैं जो आकाशको अपने अन्दर भी समेटे रहता है और स्वयं भी बाहरके उसी आकाशमें रहता है। बस, इसी प्रकार वे लोग ब्रह्मरूप

पहुँच नहीं सकता अथवा जैसे तेजमें अन्धकार प्रविष्ट नहीं हो सकता, जो पूर्णरूपसे निर्मल किये हुए सूर्य-रश्मियोंका पुंज है, जो ज्ञानिजनोंके लिये नित्य उदित होनेवाले सूर्यके सदृश है और जिसके लिये लक्षणसे भी अस्तमान शब्दका प्रयोग नहीं किया जा सकता, (८६—९०)

प्रयाणकाले मनसाचलेन भक्त्या युक्तो योगबलेन चैव।
भ्रुवोर्मध्ये प्राणमावेश्य सम्यक्स तं परं पुरुषमुपैति दिव्यम्॥ १०॥

उस परिपूर्ण ब्रह्मको जो मृत्युके समय शान्तचित्तसे ज्ञानपूर्वक स्मरण करता है, जो इस बाह्यशरीरसे पद्मासन लगाकर उत्तराभिमुख बैठता है, जो कर्मयोगका शाश्वत सुख पूरी तरहसे स्वयंमें भरकर भीतर-ही-भीतर एकत्रित मनकी शक्तिसे और ब्रह्मस्वरूपकी प्राप्तिके प्रेमसे अतिशीघ्र आत्मस्वरूप पानेके लिये सिद्ध किये हुए योगके सहयोगसे, सुषुम्नाके बीच-वाले मार्गसे, जब अग्निचक्रसे ब्रह्मरन्ध्रकी ओर जाने लगता है और जब प्राणवायु महदाकाशमें संचरण करने लगता है, तब शरीरादिका और चित्तका संयोग जिसे अत्यन्त तुच्छ और ऊपरी दृष्टिगत होता है,पर जो मनकी शान्तिसे सँभला रहता है, भक्तिकी भावनासे परिपूर्ण रहता है और योगबलसे भलीभाँति सिद्ध हुआ रहता है, वही जड़ (अचेतन) और अजड़का (चेतन) लय करता है और भौंहोंके बीचमें घूमता रहता है। जैसे घण्टा-नादका लय घण्टेमें ही हो जाता है अथवा जैसे घटके नीचे दबाकर रखे हुए दीपकके विषयमें किसीको यह मालूम ही नहीं पड़ता कि वह कब बुझ गया, वैसे ही हे पाण्डव! जो इस प्रकारकी शान्त अवस्थामें यह देह त्याग देता है, वही पूर्ण परब्रह्म होता है। परम पुरुष नामका जो मेरा स्वयंसिद्ध तेजस्वरूप है, ठीक वही स्वरूप होकर वह रहता है। (९१—९९)

यदक्षरं वेदविदो वदन्ति विशन्ति यद्यतयो वीतरागाः।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति तत्ते पदं सङ्ग्रहेण प्रवक्ष्ये॥ ११॥

जो सर्वोत्तम ज्ञान सब प्रकारके ज्ञानोंका अन्त और चरम सीमा है, उसी सर्वोत्तम ज्ञानकी खान ज्ञानिजनोंकी बुद्धिने जिसे 'अक्षर' नामसे पुकारा है और जो प्रचण्ड वायु-वेगसे भी कभी उड़ नहीं सकता, वही वास्तविक

सर्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च।
मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योगधारणाम्॥ १२॥

परन्तु यह बात तभी होगी, जब इन्द्रियरूपी दरवाजोंको संयम ठीक तरह

बन्द कर देगा। उस स्थितिमें मन सहजमें ही भीतर-ही-भीतर दबकर जम जायगा और वह दबाया हुआ मन हृदयमें ही स्थित रहेगा। जैसे लूला-लँगड़ा व्यक्ति अपना घर छोड़कर कहीं अन्यत्र नहीं जाता, ठीक वैसे ही हे पाण्डव! जब चित्त भी भलीभाँति अन्दर बन्द हो जाय, तब व्यक्तिको प्राणवायुके द्वारा प्रणव (ओंकार)-ध्यान करना चाहिये और तब क्रमशः उस प्राणवायुको ब्रह्मरन्ध्रतक ले आना चाहिये। जिस समय प्राणको ब्रह्मरन्ध्रमें ले आते हैं, उस समय धारणाकी शक्तिसे उसे वहाँ इस प्रकार स्थिर रखनेकी जरूरत होती है कि वह वहाँ इस तरहसे रहे कि ब्रह्माकाशमें मिलता हुआ-सा हो। इसके बाद ओंकारकी तीन मात्राओं (अ,उ,म)-का जबतक अर्धमात्रामें विलय न हो जाय, तबतक प्राणवायुको चिदाकाशमें स्थिर करना चाहिये, इससे ऐक्य प्राप्त होते ही वह ओंकार मूल ब्रह्ममें भरा हुआ दृष्टिगोचर होता है अर्थात् वह प्राण मूर्ध्नि-आकाशमें विलीन होता है। (११२—११६)

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन्।
यः प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमां गतिम्॥ १३॥

इससे ओंकारका स्मरण भी बन्द हो जाता है और प्राणवायुका विलय भी हो जाता है। तत्पश्चात् ओंकारसे भी परे रहनेवाला एकमात्र शुद्ध ब्रह्मानन्द-स्वरूप ही शेष रहता है। अतएव प्रणव ही जिसका नाम है तथा जो एकाक्षर ब्रह्म है, वह मेरा मुख्य स्वरूप है। जो मेरे इस शुद्ध स्वरूपका स्मरण करता हुआ शरीरका परित्याग करता है, वह निःसन्देह मेरा ही शुद्ध शरीर प्राप्त करता है; और जिस समय वह स्वरूप मिल जाता है, उस समय इससे आगे कुछ पाना शेष नहीं रह जाता। हे अर्जुन! यदि तुम्हारे चित्तमें यह आशंका उठ खड़ी हो कि यह कैसे जाना जाय कि देहावसानकालमें वह स्मरण होगा ही, जिस समय सारी इन्द्रियाँ सुस्त हो गयी हों; जीवनका समस्त सुख और समाधान चला गया हो, इस प्रकारके साफ-साफ लक्षण दीखने लग गये हों कि बाह्याभ्यन्तर दोनों ओर मृत्युने अपना शिकंजा कस लिया है? उस समय आसन लगाकर कौन बैठ सकता है और इन्द्रियनिग्रह कौन कर सकता है तथा व्यक्ति किसके अन्तःकरणसे ओंकारका स्मरण करे? ये सब बातें तो सम्भव ही नहीं हैं।'' तो तुम्हें इस

चीजका खयाल रखना चाहिये कि जो नित्य अखण्डरूपसे मेरा चिन्तन करते रहते हैं, उनके अन्तिम समय मैं स्वयं ही सेवकोंकी भाँति उनकी सेवामें जुट जाता हूँ। (११७—१२३)

09:11
Shri Geeta Gy...

सन्नियम्येन्द्रियग्रामं सर्वत्र समबुद्धयः।
ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्वभूतहिते रताः॥ ४॥

जो वैराग्यरूपी प्रचण्ड अग्निमें विषयसमूहको भस्म कर देते हैं तथा इन्द्रियोंकी तपी हुई स्थितिमें धैर्यपूर्वक नियन्त्रित रखते हैं और फिर इन्द्रियनिग्रहके बलपर जो लोग अपनी इन्द्रियोंको मोड़कर अपने हृदयरूपी गुफामें बन्द कर रखते हैं, अपना द्वार भलीभाँति बन्द करके और ठीक तरह आसनमुद्राका साधन करके मूल बन्धका किला बाँध लेते हैं, जो आशासे सम्बन्ध-विच्छेद कर लेते हैं, भयका अन्त कर डालते हैं तथा अज्ञान-निद्राका अन्धकार हटा करके उसका नाश कर डालते हैं; जो मूल बन्धकी अग्निकी ज्वालाओंसे शरीरस्थ सप्त धातुओंको भस्म कर व्याधियोंके मस्तकपर षट्-चक्रकी तोपें चलाते और स्फुरित होनेवाली कुण्डलिनीकी तेजस्वी दीपक आधार चक्रपर रखकर उसकी प्रभासे मस्तकपर्यन्त अपना पूरा शरीर देदीप्यमान कर लेते हैं और तब इन्द्रियोंके नव द्वारोंपर निग्रहरूपी अर्गला लगाकर केवल सुषुम्ना नाड़ीकी खिड़की खुली रखते हैं। प्राणवायुकी शक्तिरूपी चामुण्डा देवीके लिये संकल्परूपी मेढ़े काटकर मनरूपी महिषासुरके मुण्डका बलिदान करते हैं, जो चन्द्र (इडा) और सूर्य (पिंगला) नाड़ियोंका मिलाप करके नाद-घोषकी सहायतासे सत्रहवीं पूर्णामृत कलाका जल शीघ्रतासे अपने अधीन कर लेते हैं और तब मध्यमा यानी सुषुम्ना नाड़ीके विवररूपी रास्तेसे चलकर अन्तिम

ब्रह्मरन्ध्रतक जा पहुँचते हैं, सिर्फ इतना ही नहीं अपितु जो मकार यानी सुषुम्नाके विवरकी सीढ़ियाँ चढ़कर तथा महदाकाशको बगलमें दबाकर ब्रह्ममें जा मिलते हैं और इस प्रकार समबुद्धि होकर जो लोग तत्क्षण ब्रह्म-साक्षात्कार प्राप्त करनेके लिये योगका दुर्गम मार्ग अपने अधीन कर लेते हैं और जो अपने मनोभावके बदलेमें निर्गुण, निराकार शून्यस्वरूप ब्रह्मको प्राप्त कर लेते हैं, हे किरीटी! वही लोग आकर मुझमें मिलते हैं। ऐसा नहीं है कि इसके अलावा उन्हें योग-बलसे कुछ और अधिक प्राप्त होता हो। हाँ, यदि कुछ अधिक प्राप्त होता है, तो वह है सिर्फ कष्ट। (४६—५९)

क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम्।

सदा भयभीत रहता है कि यदि मेरे इस बालकका नाम भी कामरूपी हउवेके श्रवणेन्द्रियमें प्रवेश कर जायगा अथवा आशारूपी डाकिनीकी नजर इसे लग जायगी तो इसकी जान ही निकल जायगी अथवा जैसे अपनी व्यभिचारिणी स्त्रीको जबरदस्त पति सदा अपने अंकुशमें रखता है, वैसे ही जो अपनी प्रवृत्तियोंको अपने अधीन रखता है, जो उस समय भी अपनी इन्द्रियोंको अच्छी तरह निग्रहमें रखता है, जिस समय सजीव देह अत्यन्त कृश हो जाता है और प्राण जानेकी नौबत आ जाती है, जो अपने मनके प्रमुख द्वारपर अथवा वृत्तिके पहरेपर अपने शरीररूपी दुर्गमें शम-दमको निरन्तर पहरेदारोंकी भाँति नियुक्त और जाग्रत् रखता है, जो मूलाधार, मणिपूर या नाभिस्थान और विशुद्ध या कण्ठस्थानके तीन चक्रोंमें वज्र, उड्डीयान और जालन्धर नामक तीनों बन्धोंकी गस्त बैठाकर अपने चित्तको इडा और पिंगला—इन दोनों नाड़ियोंकी सन्धिमें प्रविष्ट करता है, समाधिकी शय्यापर अपने ध्यानको अच्छी तरह सुलाये रखता है और जिसका चित्त चैतन्यके साथ एकाकार होकर सदा उसीमें रमण करता रहता है, उसके बारेमें तुम यह अच्छी तरह जान लो कि उसने अपने अन्त:करणका पूर्णतया निग्रह कर लिया है। अन्त:करणका इस प्रकारका निग्रह मानो ज्ञानकी विजय ही है। जिस व्यक्तिकी आज्ञा उसका अन्त:करण सम्मानपूर्वक शिरोधार्य करता है, उस व्यक्तिको मूर्तिमान् ज्ञान ही जानना चाहिये। (१८४—५११)

इन्द्रियार्थेषु वैराग्यमनहङ्कार एव च।
जन्ममृत्युजराव्याधिदु:खदोषानुदर्शनम् ॥ ८ ॥

जिस व्यक्तिके मनमें विषयोंके प्रति पूर्ण विरक्ति बनी रहती है, वही ज्ञानी होता है। जैसे वमन किये हुए अन्नको देखकर किसीकी जिह्वासे लार नहीं टपकती अथवा जैसे किसी मृतकको गले लगानेके लिये कोई उद्यत नहीं होता; विषको जैसे कोई नहीं खाता अथवा जलते हुए घरमें कोई प्रवेश नहीं करता, व्याघ्रकी गुफामें कोई अपना डेरा नहीं डालता, अथवा गले हुए लोहेके खौलते हुए रसमें कोई नहीं कूदता, तथा अजगरको तकिया बनाकर कोई उसपर नहीं सोता, वैसे ही विषयकी चर्चाएँ जिसे

योगिराज **श्री श्यामाचरण लाहिड़ी महाशय** मुख्य रूप से **क्रिया योग** के पुनरुद्धार के लिए जाने जाते हैं। हालाँकि सोहं साधना (Soham Sadhana) एक स्वतंत्र वैदिक तकनीक है, लाहिड़ी महाशय की शिक्षाओं में इसका गहरा आध्यात्मिक संबंध मिलता है।

Kriya Yoga Lahiri +1

लाहिड़ी महाशय और सोहं का संबंध

- **क्रिया योग का आधार**: लाहिड़ी महाशय के अनुसार, क्रिया योग का आधार प्राणायाम और श्वास पर नियंत्रण है। सोहं साधना, जिसे **'हंस साधना'** भी कहा जाता है, श्वास के साथ चलने वाली एक प्राकृतिक क्रिया है जो क्रिया योग के प्रारंभिक चरणों के समान ही मन को शांत करती है।
- **प्राण और ध्वनि का अनुभव**: लाहिड़ी महाशय की साधना में सुषुम्ना नाड़ी में प्राण के प्रवाह और आंतरिक ध्वनियों को सुनने पर जोर दिया गया है। सोहं साधना में भी साधक को अपनी श्वास में **"सो"** (अंदर आती श्वास) और **"हं"** (बाहर जाती श्वास) की सूक्ष्म ध्वनि का अनुभव करने का अभ्यास कराया जाता है।
- **आंतरिक त्याग**: लाहिड़ी महाशय ने सिखाया कि मुक्ति बाहरी संन्यास के बजाय आंतरिक त्याग और ईश्वर के साथ निरंतर जुड़ाव से मिलती है। सोहं मंत्र ("वह परमात्मा मैं हूँ") इसी अद्वैत भाव को पुष्ट करता है。 kriyaoflahirimahasa... +8

परमहंस योगानन्द जी की शिक्षाओं में "सोहं" (Soham) साधना को विशेष रूप से "होंग-सौ" (Hong-Sau) तकनीक के रूप में सिखाया गया है। हालाँकि दोनों का अर्थ "मैं वही (ब्रह्म) हूँ" है, योगानन्द जी ने इस प्राचीन संस्कृत मंत्र के **'होंग'** और **'सौ'** उच्चारण पर अधिक बल दिया है क्योंकि यह श्वास की प्राकृतिक ध्वनि के अधिक निकट है। Scribd +2

योगानन्द जी के अनुसार इस साधना की मुख्य विधि और महत्व नीचे दिए गए हैं:

होंग-सौ (Soham) साधना की विधि

- **प्रार्थना और शुद्धि:** साधना शुरू करने से पहले ईश्वर से प्रार्थना करें और शरीर को तनावमुक्त करने के लिए "दोहरा प्रश्वास" (मुँह से हह-हह की आवाज़ के साथ सांस छोड़ना) करें।
- **आसन:** रीढ़ की हड्डी को सीधा रखकर बैठें, हाथ जांघों पर हथेलियाँ ऊपर की ओर रखें, और अपनी दृष्टि को दोनों भौहों के बीच (कूटस्थ चैतन्य) स्थिर करें।
- **मंत्र का मानसिक जाप:**
  - जब श्वास **अंदर** आए, तो मन में **"होंग" (Hong)** का उच्चारण करें।
  - जब श्वास **बाहर** जाए, तो मन में **"सौ" (Sau)** का उच्चारण

3. 'हंस' से 'सोहं' की यात्रा

युक्तेश्वर जी के अनुसार, जब साधक श्वास की इस गति को निरंतर देखता है, तो श्वास अत्यंत सूक्ष्म हो जाती है।

- **हंस (Hansa):** यह वह अवस्था है जहाँ जीव स्वयं को शरीर मानता है।
- **सोहं (Soham):** निरंतर अभ्यास से जब श्वास स्थिर होती है, तो 'हंस' पलटकर 'सोहं' बन जाता है, जिसका अर्थ है— **"मैं वही (ब्रह्म) हूँ।"**

4. क्रिया योग की भूमिका

युक्तेश्वर जी इस साधना को **क्रिया योग** की उच्च अवस्थाओं के लिए 'मानसिक शुद्धिकरण' (Mental Purification) का सबसे प्रभावी साधन मानते थे। उनके अनुसार, जब तक मन श्वास के साथ एकाग्र नहीं होता, तब तक उच्च आध्यात्मिक अनुभूतियाँ संभव नहीं हैं।

स्वामी युक्तेश्वर जी के इस मार्ग को विस्तार से समझने के लिए उनकी पुस्तक **'कैवल्य दर्शनम' (The Holy Science)** एक प्रामाणिक स्रोत है।

क्या आप युक्तेश्वर जी द्वारा बताए गए **'युग चक्र'** या **'क्रिया योग'** के अन्य अंगों के बारे में जानना चाहेंगे?

स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरि जी की **सोहं साधना** उनके शिष्य परमहंस योगानन्द द्वारा सिखाई गई **"होंग-सौ" (Hong-Sau)** तकनीक का ही मूल रूप है। युक्तेश्वर जी, जो स्वयं लाहिड़ी महाशय के शिष्य थे, इस साधना को **"हंस" (Hansa)** या **"सोहं"** के वैज्ञानिक स्वरूप में सिखाते थे।

युक्तेश्वर जी की पद्धति के अनुसार सोहं साधना के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं:

1. वैज्ञानिक आधार (The Science of Sound)

युक्तेश्वर जी ने अपनी पुस्तक **'द होली साइंस' (The Holy Science)** में बताया है कि 'सो' (So) और 'हं' (Ham) केवल शब्द नहीं हैं, बल्कि ये श्वास के आने और जाने की **प्राकृतिक ध्वनियाँ** हैं।

- **सो (So):** श्वास के भीतर जाने की ध्वनि।
- **हं (Ham):** श्वास के बाहर निकलने की ध्वनि।

2. अभ्यास की विधि

- **स्थिरता:** रीढ़ की हड्डी को बिल्कुल सीधा रखकर बैठें। शरीर को पूरी तरह शिथिल (relax) छोड़ दें।

Bhupendra Nath sanyal ki Soham Sadhana

श्री **भूपेंद्र नाथ सान्याल** (Bhupendra Nath Sanyal) जी की **सोहं साधना** उनके गुरु **योगिराज श्यामाचरण लाहिड़ी महाशय** की क्रिया योग परंपरा का ही एक अभिन्न अंग है। सान्याल महाशय लाहिड़ी जी के उन गृहस्थ शिष्यों में से थे जिन्होंने क्रिया योग को अत्यंत शुद्ध और वैज्ञानिक रूप में प्रचारित किया।

सान्याल जी की पद्धति में सोहं (Soham) साधना के मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं:

1. हंस और सोहं का विज्ञान

सान्याल जी अपनी व्याख्याओं (विशेषकर उनकी गीता व्याख्या) में बताते हैं कि प्रत्येक जीव स्वाभाविक रूप से दिन-रात **'हंस'** मंत्र का जप कर रहा है।

- जब श्वास बाहर जाती है, तो **'हं'** की ध्वनि होती है।
- जब श्वास अंदर आती है, तो **'स' (सो)** की ध्वनि होती है।
- इसे **'अजपा गायत्री'** भी कहा जाता है। सान्याल जी के अनुसार, क्रिया योग के अभ्यास से जब यह 'हंस' पलटकर **'सोहं'** (वही मैं हूँ) बन जाता है, तब साधक को आत्म-साक्षात्कार होता है।

10:52
AI Mode All Images Videos News Maps SI

क्रिया योग (Kriya Yoga) की परंपरा में **सोहं साधना** (Soham Sadhana) को आधारशिला माना जाता है। महान गुरुओं जैसे **लाहिड़ी महाशय**, **स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरि** और **परमहंस योगानन्द** ने इसे आध्यात्मिक प्रगति का पहला और अनिवार्य चरण बताया है।

क्रिया योग के अंतर्गत सोहं साधना की मुख्य विशेषताएं और विधि नीचे दी गई हैं:

1. सोहं का अर्थ और विज्ञान

संस्कृत में **'स:'** का अर्थ है "वह" (परमात्मा) और **'अहम्'** का अर्थ है "मैं"।

- जब हम सांस लेते हैं, तो सूक्ष्म रूप से **'सो'** की ध्वनि होती है।
- जब हम सांस छोड़ते हैं, तो **'हं'** की ध्वनि होती है।
- क्रिया योग में इसे **'अजपा-जप'** कहा जाता है, क्योंकि यह जप बिना किसी माला या प्रयास के चौबीसों घंटे हमारी सांसों में चलता रहता है।

2. क्रिया योग में अभ्यास की विधि (Steps)

क्रिया योग की परंपरा (विशेषकर योगानन्द जी की 'होंग-सौ' पद्धति) में इसे इस प्रकार किया जाता है:

Ask anything
Home Search Notifications Activity

12 sites

स्वामी पूर्णानंद परमहंस के अनुसार **सोऽहम् साधना** (Soham Sadhana) और **अजपा साधना** अनिवार्य रूप से एक ही हैं। यह साधना श्वास की स्वाभाविक लय में छिपे मंत्र को पहचानने की प्रक्रिया है। स्वामी जी इसे हिमालय के **सिद्धाश्रम** से प्राप्त कर समाज के कल्याण के लिए लाए थे।

सोऽहम् साधना का अर्थ और दर्शन

- **मंत्र का अर्थ:** "सोऽहम्" दो शब्दों से बना है—'सो' (वही/ब्रह्म) और 'हम्' (मैं)। इसका अर्थ है "वह ब्रह्म मैं हूँ"।
- **अद्वैत भाव:** यह साधना जीव और ब्रह्म के एकत्व (Unity) का प्रतीक है।
- **स्वाभाविक जप:** प्रत्येक मनुष्य अनजाने में सांस लेते समय 'सो' और छोड़ते समय 'हम्' की ध्वनि उत्पन्न करता है। इसे सचेत होकर महसूस करना ही सोऽहम् साधना है।

साधना की विधि (स्वामी पूर्णानंद परंपरा के अनुसार)

यह एक सूक्ष्म विज्ञान है जिसे **हंस योग** भी कहा जाता है:

साधना की विधि (स्वामी पूर्णानंद परंपरा के अनुसार)

यह एक सूक्ष्म विज्ञान है जिसे **हंस योग** भी कहा जाता है:

1. **आकर्षण (Inhalation):** श्वास को भीतर खींचते समय 'सो' ध्वनि का मानसिक चिंतन करना। यह परमात्मा के प्रकाश को धारण करने का प्रतीक है।
2. **विकर्षण (Exhalation):** श्वास को बाहर छोड़ते समय 'हम्' ध्वनि का चिंतन करना। यह अहंकार और वासनाओं के विसर्जन का प्रतीक है।
3. **कुंभक (Retention):** श्वास को भीतर या बाहर रोकना, जहाँ जीव और शिव के मिलन का अनुभव होता है।
4. **पूर्ण सजगता:** अभ्यास के दौरान एक भी सांस बिना जागरूकता के नहीं होनी चाहिए।

मुख्य लाभ

- **मानसिक शांति:** यह तनाव को दूर कर मन को स्थिर करती है।
- **आत्म-साक्षात्कार:** निरंतर अभ्यास से साधक 'देह भाव' से ऊपर उठकर आत्म-बोध प्राप्त करता है।
- **प्राण शक्ति का संतुलन:** यह शरीर की नाड़ियों को शुद्ध कर प्राण

स्वामी **भुमानंद परमहंस** की "सोऽहम्" साधना (Soham Sadhana) आध्यात्मिक जागृति और आत्म-साक्षात्कार की एक सूक्ष्म विधि है। यह मुख्य रूप से **हंस योग** और **अजपा-जप** के सिद्धांतों पर आधारित है, जिसका उद्देश्य श्वास के माध्यम से स्वयं को परमात्मा से जोड़ना है।

स्वामी भुमानंद की परंपरा में इस साधना के प्रमुख अंग इस प्रकार हैं:

- **सोऽहम् का अर्थ:** यह दो शब्दों 'सो' (वह/परमात्मा) और 'हम्' (मैं) से बना है। इसका अर्थ है "वह ब्रह्म मैं हूँ"। यह मंत्र जीव और ब्रह्म की एकता को दर्शाता है।
- **साधना की प्रक्रिया:**
  - **आकर्षण (Inhalation):** जब आप सांस अंदर लेते हैं, तो मन में 'सो' ध्वनि का अनुभव करें। यह परमात्मा की शक्ति और प्रकाश को स्वयं में धारण करने का प्रतीक है।
  - **विकर्षण (Exhalation):** जब आप सांस बाहर छोड़ते हैं, तो 'हम्' ध्वनि का अनुभव करें। यह अपने 'अहंकार' और विकारों को त्यागने की प्रक्रिया है।
- **अजपा-जप (Natural Chanting):** भुमानंद जी के अनुसार, यह जप माला से नहीं बल्कि श्वास की स्वाभाविक गति से होता है। एक स्वस्थ व्यक्ति दिन में लगभग **21,600** बार यह

स्वामी जनार्दन परमहंस (1888–1980) की **सोऽहम् साधना**, जिसे वे **अजपा योग** (Ajapa Yog) भी कहते थे, एक अत्यंत प्राचीन और वैज्ञानिक पद्धति है। उन्होंने अपने गुरु स्वामी भुमानंद परमहंस से यह विद्या सीखी और इसे विश्वभर में प्रसारित किया।

उनकी साधना पद्धति के मुख्य अंग और सिद्धांत निम्नलिखित हैं:

1. सोऽहम् का अर्थ और दर्शन

- **अद्वैत भाव:** "सोऽहम्" का अर्थ है—"वह (ब्रह्म) मैं हूँ"। यह साधना साधक के अहंकार को मिटाकर उसे अनंत परमात्मा के साथ एकरूप करने का माध्यम है।
- **हंस योग:** इसे 'हंस योग' भी कहा जाता है क्योंकि श्वास की 'हं' और 'स' ध्वनियाँ मिलकर 'हंस' शब्द बनाती हैं, जो आत्मा का प्रतीक है। AWGP Store +2

2. साधना की विधि (अजपा योग)

यह साधना श्वास-प्रश्वास की स्वाभाविक गति पर आधारित है:

- **आकर्षण (Inhalation):** नाक से श्वास भीतर खींचते समय 'सो' (So) की सूक्ष्म ध्वनि का मानसिक अनुभव करना।
- **विकर्षण (Exhalation):** श्वास बाहर छोड़ते समय 'हम्'

Ask anything

Home Search Notifications Activity

17:54

AI Mode All Images Videos News Maps Sl

स्वामी **गुरु प्रसाद परमहंस** की **सोऽहम् साधना** (जिसे **अजपा योग** भी कहा जाता है) उसी प्राचीन सिद्धाश्रम परंपरा का हिस्सा है जिसे स्वामी पूर्णानंद परमहंस और स्वामी जनार्दन परमहंस ने आगे बढ़ाया। गुरु प्रसाद जी वर्तमान में इस परंपरा के मुख्य मार्गदर्शक हैं।

उनके अनुसार सोऽहम् साधना के मुख्य सिद्धांत निम्नलिखित हैं:

1. साधना का वैज्ञानिक आधार

गुरु प्रसाद जी इस साधना को केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि एक **"जैविक विज्ञान" (Biological Science)** मानते हैं। उनका कहना है कि हर जीवित प्राणी जन्म से मृत्यु तक 'सोऽहम्' का जप कर रहा है (सांस लेते समय 'सो' और छोड़ते समय 'हम्'), बस हम इसके प्रति सजग नहीं हैं।

2. साधना की विधि और प्रभाव

- **स्वाभाविक ध्वनि:** यह साधना किसी कृत्रिम मंत्र के जाप के बजाय श्वास की प्राकृतिक लय को सुनने पर आधारित है।
- **प्राण और अपान का संतुलन:** सांस भीतर लेते समय ('सो') हम ब्रह्मांडीय ऊर्जा ग्रहण करते हैं, और बाहर छोड़ते समय ('हम्') हम अपने 'अहं' का विसर्जन करते हैं।

Ask anything

Home Search Notifications Activity

3. संत ज्ञानेश्वर और नाथ संप्रदाय

महाराष्ट्र के संत ज्ञानेश्वर और गुरु गोरखनाथ ने इसे **'हंस मंत्र'** कहा है:

- उनके अनुसार, श्वास अंदर जाते समय **'स'** और बाहर निकलते समय **'ह'** की ध्वनि होती है। इसे उल्टा करने पर **'हंस'** या **'सोऽहम्'** बनता है।
- *"अहोरात्रं जपेन्मन्त्रं हंस इत्यक्षरद्वयम्।"* (दिन-रात जीव 'हंस' मंत्र का जप करता है)।

4. संत पलटू साहिब की वाणी

पलटू साहिब ने इस साधना की निरंतरता पर जोर दिया है:

> *"अजपा जाप जो जपै, सोई संत सुजान। बिन जिह्वा के नाम ले, श्वास-श्वास पर ध्यान।"*

- **अर्थ:** वही सच्चा ज्ञानी संत है जो बिना जीभ हिलाए, अपनी हर सांस पर ध्यान रखकर परमात्मा का नाम लेता है।

संतों के अनुसार अजपा योग की विशेषताएँ:

अनहद बाजै नीझर झरे उपजै ब्रह्म गियान ।
अविगत अंतरि प्रगटै लागै प्रेम धियान ।।[1]

संत जनों द्वारा वर्णमाला के अक्षरों के अनुरूप अपनी साधना पद्वति की व्याख्या की गई है । रविदास जी की वाणी में भी ऐसी एक पट्टी उपलब्ध होती है । रविदास जी ने इसमें हठयोग के लगभग सभी तत्व समाहित कर लिये हैं । परन्तु इसे वर्णमाला के केवल पांच अक्षर क्रमशः अ,इ,उ,म, तथा र ही दियें गए है, फिर भी गुरु रविदास जी की समग्र साधना पद्वति इसमें आ गई है ।

अ- अज्ञान छाँडि मन मूरिष आ- आसन अचल लगाऊं ।
इ- इला पिंगला खोलि किवरिया, सूनि समाधि रहाऊं ।।
उ- उर मंहराम हि राखों नैननि माहिं बसाऊं ।।
म- मेरि तजि राम नाम मिलि, परम तत को पाऊं ।।
र- रं राम मोहि गुरु रामा दीन्हीं, नहीं इहु मन्त्र विसराऊं ।
कहे रविदास ररंकार जपतहिं भौ सागर तरि जाऊं ।।[2]

हठयोग की साधना द्वारा जब योगी सहस्रार में प्राण और अपान को मिला देता है तब वहां ब्रह्म नाद गूंजने लगता है । रविदास जी ने अपने निम्न पद में अनहद नाद को भ्रमर गुंज कहा है :

इला, पिंगला, सुषम्णा नारी, जा में चित्त न धरे ।
सहस्रार मंह भ्रमर गुफा है भवंरा गुंज करे ।।[3]

---

1. कबीर वाड्मय खण्ड-3, साखी-पृ. 78.
2. गुरु रविदास जीवन एवम् दर्शन, धर्मपाल सिंहल, पृ. 130 वाणीपद-140.
3. सन्त गुरु रविदास वाणी : वेणी प्रसाद शर्मा, पृ. 132.

अर्थात् अक्षरातीत अविनाशी परमात्मा के दर्शन करके भय, भ्रमणा दूर हो जाती है । अंतर का अंधकार दूर हो जाता हैं । ऐसा अनुभव किसे होता है ? इसका जवाब देते हुए दासीजीवण कहते हैं कि :

''सोहम घर जावे संत सुभागी बीक कछुवे नाय !

➢ निणियापंथी बानी :

निणियापंथ यानी निर्गुण उपासना पद्धति को अपनानेवाला संप्रदाय । कबीरजी ने निर्गुण काव्यधारा के प्रवर्तक के रूप में पूरे हिन्दी साहित्य को प्रभावित किया । इतना ही नहीं गुजरात के संतों ने भी कबीरजी की साधना को अपनाकर निर्गुण परब्रह्म की आराधना की हैं । खीमसाहब भाणपंथी थे अतः गुरुज्ञान से जो आत्मज्ञान मिला, उससे अपने भक्ति मार्ग को प्रस्थापित किया । जैसे.....

''श्वास उच्छवासा दोउ नहीं पोंचे, वहाँ ले लागी मेरी :
तुरते सुरते नाम नीरख ले, सुखमन भाका फेरी ।''

इसके अलावा :

''आ कायामा प्रगट गंगा, शीद फरो छो पंथपाका
इ रे गंगामां अखंड नाहिल्यो मत नाव नदियु नाका
आ दिल अंदर बुद्धि समुद्र चलत नाव चौ धारा
इ रे नावमां हीरा माणेक भरीआ खोजे खोजन हरा ।''

अर्थात् ईश्वर को बाहर ढूँढने की आवश्यकता नहीं । उनके दर्शन के लिए तीर्थाटन, गंगास्नान आदि बाह्याचारों की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इसी शरीर में साक्षात गंगा प्रवहमान है, जिसमें आत्मा स्नान कर लेती है, बाद में किसी नदी में स्नान करने की ज©रत नहीं है और कहीं पर जाने की भी ज©रत नहीं है । समुद्र में मोती मिलते हैं किंतु उन्हें ढूँढने के लिए ठेठ समुद्र में जाने की ज©रत नहीं है, क्योंकि अगर दिल (द्रव्य) समुद्र होगा तो मोती अपने आप ही मिल जाते हैं । इस प्रकार निर्गुण साधना भक्ति के द्वारा खीम साहब ने ईश्वरानुभूति प्राप्त की थी ।

'शशि सूर में, सूर शशि में अणसारे उलटावे,
नीरखे पल पल नूर निरंतर, अनहद नाद बजावे ।'

सर्व प्रथम प्राण को स्थिर करके उसकी गति को जान लेना चाहिए । इडा–पिंगला में@बहते हुए प्राण को गुरु के संकेत द्वारा उलटा करके उसे सुषुम्णा में प्रवेश कराके, मेरुदंड में से गुजरते हुए ऊँचे परबत पर ब्रह्मरन्द्र तक पहुँचना है । सदगुरु के शब्द के इशारे त्रिवेणी में तार मिलाके घट के भीतर बजते अनाहत नाद को सुनने का अनुभव करना है –

'शब्द शब्द जयां सुरत समाणी, सतनाम पहिचान रे,
दास मोरार दया सदगुरु की, चिंता मटी चोखाना रे ।'

सदगुरु के वचन के अनुसार सतवृत्त का पालन करते हैं । अंतरात्मा की आराधना करते हैं । चंचल मनको नामस्मरण में स्थिर रखकर आत्मस्वरूप की पहचान कराई गई है –

'सतगुरुए सतनाम सुनायो, सोहम शब्द में सुरत पायो,
जागृत ज्योति ज्योत जगायो, तेजमा तिमिर गिया टली रे ।'

योगवाणी के साथ में संतों ने मर्म वाणी का उच्चारण किया है, मोरारसाहेब की मरमीवाणी लोकप्रिय वाणी रही है –

'अचरज नजरे आया संतों जलमे.ं ज्योति जगाया,
बना मुल एक तरुवर ठाडा, डाळ पान नहीं छांया,
फळ बीन फूल बीन फलीया तीन लोक छवराया ।''

'जल–ब्रह्मरन्ध्र में ज्योति प्रकाश रही है । इस देहरूपी वृक्ष में मूल, डाल, पान, फूल, फल नहीं हैं । फिर भी मानवरूपी फल तीनों लोक में फैला हुआ है । इस आत्मारूपी पक्षी के पंख नहीं है, फिर भी वह विहार कर रहा है । इस रहस्य को समझाते हुए रवि साहेब ने कहा है –

'पांव विना चलना, चांच विना चुगना, पंख विना उड जाय,
बीना सुरत की नूरत हमारी, अनल न पहोंचे त्यांइ ।'

को मूलाधार– चक्र से दबाकर साधना की स्थिति में बैठकर प्राण की गति को पलटकर मणिपुर चक्र में से प्राण को ऊपर उठाकर नाभि के पास लगाकर स्वाधिष्ठान चक्र में साधक प्रवेश करके नाभि से पश्चिम की ओर जाना । यानी कि मेरुदंड में स्थित सुषुम्णा को शून्य शिखर ब्रह्मरन्ध्रा में जहाँ पर परमसत्ता का स्थान है, वहाँ तक पहुँचना ।

साधक का जब सुषुम्णा द्वार खुल जाता है तब पंचमहाभूत का बना हुआ यह शरीर अपनी पाँच मात्राओं, पाँच ज्ञानेन्द्रियों, पाँच कर्मेन्द्रियों के बंधन टूट जाते हैं और तब निर्गुण राम नजर आते हैं । त्रिकुटी पर ध्यान लग जाने पर परम ज्योति के दर्शन होते हैं । इस साक्षात्कार को रवि साहब ने जान लिया था ।

रवि–भाण संप्रदाय के अन्य कवियों की बानियों में भी यह भव्य दिखाई देता है ।

''नाभि कमल थी उलच्यो आवें, गगन धून गरभना ।
तंकनाक की खडकी खोली, उलटा राह चलाया रे ।।

–दासी जीवण

ओहम–सोहम के श्वास–प्रश्वास के द्वारा नाभिकमल में अर्धसर्पाकार रूप में रहती कुंडलिनी शक्ति की साधना पर प्रकाश डाला है । इंगला, पिंगला, सुषुम्णा नाडियों त्रिवेणी घाट की तरह हैं । वहाँ ध्यान धर के सुरा को सुषुम्णा में रखनी है । नामस्मरण की महिमा को कबीर साहेब की तरह रवि–भाण संप्रदाय के संतों ने गाया है ।

''सत्नामनुं सुमरण साचुं, काचुं नहीं लगार रे भाई,
शहस्त्र फेण शेषनाग गये, रसनाए झंकार भाई ।''

– रवि साहेब

'' श्री सद्गोर ब्रम्हा वाचा'' (३७)

नर नाथ ना घरनी खबर न जाणी, संसारमा जीव भूल्यारे,

पांच तत्व का महेल बनाया, त्रिगुण कीधा प्रकाश रे.

संसार सागर महाजळ भरीया, प्राणी तेना मांहे बुडारे.

नाभी कमळ थी दम उठत हे, स्मरण श्वास उश्वास रे.

शीव शक्तिका मेळा करना, बंकनाळ रस पीनारे.

06:08

Undated -Imam Shah B...

'' श्री सद्‌गोर ब्रम्हा वाचा'' (४२)

दिल तुं क्या देखते है दूर, हृदयमां धणी छे हाजरा हजुर. टेव
लिखा लेख सो नहि मिटने का, क्या मरता झूर झूर.
खबर वीना नर के खप गये, मांया केहो मजुर.
गुरु विना ज्ञान कथे बहु तेरा, भेद न समजे अबूज.
तुंही तुंही तो स्वामी बोले, भीतर है भरपूर.
नाभी कमळसे नेह लगावो, सुरत नुरत मजबुत.
स्वास उस्वासे शब्दकु पकडो, मिंटे जनम की भुल.
प्रेम पिऊसेपीवो प्याला, केफ चढे चकचूर,
उलटा सुलटा जई असमाना, सुनमे उगा सूर.
अनहद वाजा भीतर बाजे, निर्मळ वरसे नूर.
चंद्र से ज्योत करे चमकारा, अनहद वरसे नूर.
आरे जगतमां खुली कलीया, कईक हजार भरपूर.
माया के मांय न्यारो के न्यारों, जळमां कमळनुं फुल.
कहेत ईमामशाह प्रभुने भजीलो, दीधेल वचन करोने कबुल.
जब लालन की लाली पावे , अे वस्तु छे अमुल. दिल तुं

पद ३४—राग वही

अलख नाम धुन लागी गगन में, मगन भया मन मेरा जी। टेक
आसन मारी सुरत दृढ धारी, दिया अगम घर डेरा जी ॥ १
इंगला पिंगला दोनु छांड के, सुक्ष्मणा मध्ये धारा जी।
तरवेणी मे तार मेलाइ, अजपा नाम उचारा जी ॥ २
जंत्र अनाहद बाजे अहोनिश, होत नाद झनकारा जी।
घन बिन अद्भुत होत गर्जना, बरसे अमृत धारा जी ॥ ३
कोटि-कोटि रवि शशि की शोभा, झगमग ज्योति उजाराजी।
जन छोटम सद्गुरु प्रतापे, दरस्या अलख दीवारा जी ॥ ४

—वही, पृ० २६१

पद ४८—कीर्तन राग वही

समरण सोहं का सोंहं का, ज्यां बजे अनहद डंका। टेक
आसन बांधी सुरती सांधी, चतुर दिल चित लाया।
मुलाधार पृथ्वी रङ्ग पीला, देव गणपति राया ॥ समरन० १
अक्षर चार विचारो ईन मे, वंश षस वरणा।
खट सो जाप अजपा जपकं, उनकुं अरपण करणा ॥ समरन० २
उतपत द्वारा खटदल सारा, श्वेत रङ्ग जल जान्या।
चतुरानन की ज्योति जगाइ, खटहजार दीया दाना ॥ समरन० ३
खटदल में खट अक्षर देखो, बं भं मं का वासा।
से हं लक लखो लक्ष सें, खेल वन्या है खासा ॥ समरन० ४
नाभि सरोजा दस दल खोजा, तेज तत्त्व का तापा।
लाल रङ्ग में लक्ष्मी नायक, खट हजार जहाँ जापा ॥ समरन० ५
ड ढं णं तहाँ अक्षर दरशा, तं थं दं धं वासा।
नं पं फं कु फिरकर पेख्या, कट्या कर्म का पासा ॥ समरन० ६
हृदे विचारा द्वादश आरा, शिव शक्ति का ठारा।
नील रङ्ग मारुत का मांही, झगमग ज्योति उजारा ॥ समरन० ७

भजन २३
अजब बना एक तारा

साधु अजब बना एक तारा हो जी,
जाका अलख बजावनहारा, मेरे संतो। अजब० टेक
साधु सुरता का तार नुरत की है खुंटी,
यामें सोहं शब्द जणकारा, मेरे संतो। अजब० १
साधु संत का है तुंबा सुखमण की है नालो,
यामें निश्चे नखी को समारा, मेरे संतो०। अजब० २

शिष्ट—१

साधु शील की खाल संतोष की मेखा,
यामें ज्ञान घोडी का सहारा, मेरे संतो०। अजब० ३
साधु भजन का रंग भाव की है कलगी,
जामें हरि जनने ज्ञान विचारा, मेरे संतो। अजब० ४
साधु तार मिला के बजावन लागे,
बाजा तु ही तुंही का रण कारा, मेरे संतो। अजब० ५
ज्ञानी इस ही राग में मगन होइ रहेते,
पीते प्रेम रस मन धारा, मेरे संतो०। अजब० ६

—व

"તીન દેવકા મરમ ન પાવે, નાભીએ પવન ઠરાવે,

એ નાભીએ નહિ હે પવનકા મૂળ બાહેર ભીતર હે ભરપુર

કહો પંડિતો કહાં પાવનકા બાસા એ સબ કે સાહુવા પ્રકાશ,

આવે જાવે ઘાટમાં કરે તમારા ઘાટ અઘાટ જયોત નિરંજન પ્રકાશ."[૧૧]

યોગમુખી વાણી નથુરામ પણ કહે છે કે :

"આસનવાળી સુરતાથી દ્રઢ કીયા દિયા અગમ ડેરા,

ઈંગલા પિંગલા દોનું સાધકે, સુષ્મણા ચિત્ત ધર્યા"[૧૨]

યોગ સાધનામાં પ્રાણવાયુનું સુષુમણામાં પ્રવેશતા જ્ઞાનનાં પ્રકાશ થાય છે. 'સોહમ' અજયાજયથી પરમાત્માનાં અખંડ ધામમાં નિરંજનનું બ્રહ્મ તેજ વરસી રહે છે. જેનું ભકતે દર્શન કરવાનું હોય છે. આ જલમયી પ્રકૃતિમાં મનુષ્ય શરીરરૂપી કમળ ખીલ્યું છે. એ કમલમાં જ તેને ફરી કળી જેવું રૂપ આપનાર તત્વ છે. તેમાં અલખ–પુરૂષ બિરાજમાન છે. તેના સૌંદર્યના વખાણ થઈ શકે તેમ નથી. તેની જયોતિ ચારે તરફ ઝળહળે છે.

આ હરિજન સંત ભકતોની વાણીમાં યોગ છે. ઈડા, પિંગલા ને સુષુમણા સાધીને ત્રિવેણીના ઘાટ ઉપર અલખ જગાવીને કુંડલિનીને જાગૃત કરી ચક્રો ભેદવાની ક્રિયા તેમાં વર્ણવવામાં આવી છે. આ અનાહત નાદને આ સંતોએ સાંભળેલ છે. આ બધા ભાષા સંકેતો આનંદ સમાધિના સૂચક છે. ગગનમંડળ, ઝણકાર ઝાલેરી અનહદ, તૂરાના નાદ એ બધી યોગની ક્રિયાઓની પરિભાષા છે. જે તેઓની વાણી થકી વ્યકત થાય છે.

"ઓહમ્ – ઓહમ્" ના શ્વાસોશ્વાસ થકી નામનું સ્મરણ કરતાં ડાબી ઈંગલા ચંદ્રનાડીને જમણી પિંગલા સૂર્યનાડીની વચ્ચે આવેલ સુષુમણા નાડીને

સાંધતા સુલટા પવન ઊલટા કરતાં સુષુપ્ત અવસ્થામાં પડેલી કુંડલિની જાગૃત થતાં બ્રહમરંદ્રમાં બ્રહ્મજયોતનાં દર્શન થતાં અક્ષરાતીત નરને આ દેહમાં ઓળખી શકાય છે. એમ આ ભકત કવિઓનું દર્શન છે.

म्नलिखित है --

सुरति समानी सार शब्द में, प्रिति रही लवलाई ।
प्रेम पियारी रटै पिया को, यह जिव पुलकित जाई ।।[1]

\+ + +

लगावो मन शब्द मे सुरति मकुरिया ।
झीनी डगरिया उरध लागे डोरिया, अनहद शब्द फसावे मकरिया ।
बायें व दहिने लो फोरैना रस्यिा, मध्ये सुरंग चढी चलि जइया ।
सुरति मकरिया चढी है अटरिया, मनही के जाल मने लिपटइया ।।[2]

\+ + +

अपना पिया के मै होइबो सोहागिन- अहे सजनी ।
मन्ना तजि सइया संगे लागवि - रे की ।।
मइया के दुअरिया अनहद बाजा बाजे- एहे सजनी
नाचे ले सुरति सोहागिन --- रे की ।
गंग जमुन केरा अवघट घटिया हो- अहे सजनी ।
देखहु सतगुरु सुरति क नइया हो- अहे सजनो ।।
जोगिया दरसे देखे जाइब - रे की ।।
दास कबीर यह गवले लगनिया हो- अहे सजनी ।
सतगुरु अलख लखावल ---- रे की ।।[3]

\+ + +

सबद के निशाना मार, नाम की दोहाई हो ।
कहे दर्शन जीव, लोक चलि जाई हो ।।[4]

1- धर्म दास शब्दावली, पृ0 2
2- प्रेम तरंगिनी, भाग 3, शब्द 12
3- कबीर शब्दावली, भाग 4, पृ0 19 ।
4- भजन रत्न माला, पृ0 12- टेकमन राम ।

10:35

Bhojpuri sant sadhana

88/90

सन्त शिवनारायण ने भी इस योग साधना का यत्र- तत्र वर्णन किया है -

इगला पिंगला दुइनारी सुधारी आठ पहर नौ नरिया ।
गंगा यमुना बीच बहे सरस्वती प्रेम के उठत लहरिया ।।[1]

सन्त धरम दास के विचार से पाच और पच्चीस को वश में करने के साथ-साथ इगला, पिंगला और सुषुम्ना को सोधने के बाद ही प्रभु का चरणोदक प्राप्त किया जा सकता है, जैसा कि अधोलिखित पंक्तियों से प्रगट है -

पाचे पाच पचीसो बस करि साचे होइ ठहरावै ।
इंगला पिंगला सुखमनि सोधै, तब चरनोदक पावै ।।[2]

सन्त पलटू दास ने अत्यंत ही प्रभाव शाली रूप में प्रतीकात्मक शैली के द्वारा इस योग-साधना का उल्लेख किया है -

इगला पिंगला पलरा दूनौ, लागि सुरति की जोती ।
सत्त सबद की डाडी पकरौ, तौलो भरि भरि मोती ।
चाद सुरज दोउ करै रखबारी , लगी तत्त की ढेरी ।
तुरिया चढि के बेचन लागे, ऐसी साहिबी मेरी ।।[3]

1- शब्दावली, चदवार की प्रति, पृ0 13, पद 32 ।

2- धरम दास की शब्दावली, पृ0 71

3- पलटू दास की बानी, भाग 3, पृ0 28

सुरति रहै गागरि के मंझा। यौं जन लय लावै दिन संझा॥ (1)
जैसे गाइ जंगल कौ धावै। पानी पिवै घास चरि आवै
चित्त रहै बछरा के पासा। ऐसी लय लावै हरिदासा॥ (2)

संत सुन्दरदासजी का कथन है कि इस योग से

'आवागमन सकल भ्रम भागै।' (3)

लय प्राप्त होने से जन्म - मरण क्रम तथा भ्रम से छुटकारा मिलता है।

संत सुन्दरदासजी इस योग की विशेषता प्रगट करते हुए कहते हैं कि -

यह लय योग अनूप है करै ब्रह्म सामान।
भाग्य बिना नहिं पाइये सत्‌गुरू कहै सुजान॥ (4)

अर्थात लय योग अनूपम है लय योग साधक को ब्रह्म समान बना देता है। यह सहज प्राप्त नहीं है। इसकी प्राप्ति भाग्य की बात है। कोई ज्ञान सत्‌गुरू ही कह पाता है।

चर्चा योग -

ब्रह्म तत्त्व की चर्चा करना ही चर्चा योग है। संत सुन्दरदास का यह आग्रह है कि साधक के लिए चर्चा योग की आवश्यकता है।

हठयोग -

हठयोग के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए सुन्दरदास जी ने कहा हैं।

रवि शशि दोऊ एक मिलावै। याही तें हठयोग कहावै। (5)

अर्थात् शरीर में सूर्य नाडी (इडा) तथा चन्द्र नाडी (पिंगला) को सुषुम्ना के साथ मिला देना ही हठयोग हैं।

अष्टांग - योग -

संत सुन्दरदासजी प्रतिपादित करते हैं -

---

(1) सर्वांगयोग प्रदीपिका - द्वितीय उपदेश - छंद 34
(2) वही - छंद 35
(3) वही - छंद 29
(4) वही - छंद 39
(5) सर्वांग योग प्रदीपिका - तृतीया उपदेश - छंद 1

07:02

सद्गुरु **सदाफलदेव जी महाराज** की शिक्षाओं में **सोहं साधना** विहंगम योग का एक महत्वपूर्ण चरण है। इसे 'अजपा-जाप' भी कहा जाता है क्योंकि यह श्वास-प्रश्वास के साथ स्वाभाविक रूप से चलती है।

यहाँ सोहं साधना के मुख्य बिंदु दिए गए हैं:

1. अर्थ और दर्शन

- **सो + हम**: 'सो' का अर्थ है 'वह' (परमात्मा) और 'हम' का अर्थ है 'मैं' (आत्मा)। इसका संयुक्त अर्थ है— **"वह (ब्रह्म) मैं हूँ।"**
- सदाफलदेव जी के अनुसार, एक स्वस्थ मनुष्य दिन भर में लगभग **21,600 बार** अनजाने में इस मंत्र का जाप करता है। साधना का उद्देश्य इसे होशपूर्वक (जागरूकता के साथ) करना है।

2. साधना की विधि

- **श्वास पर ध्यान**: साधक अपनी आती-जाती सांसों पर एकाग्र होता है।
- **सो (So)**: सांस अंदर लेते समय मन ही मन 'सो' की ध्वनि का अनुभव करना।
- **हं (Ham)**: सांस बाहर छोड़ते समय 'हं' की ध्वनि का अनुभव करना।
